वाशिंगटन, 23 जुलाई (रायटर)। राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने रवांडा के शरणार्थियों के लिए अमेरिकी सहायता में तत्काल व्यापक वृद्धि का निर्देश दिया है और कहा है कि अमेरिका शरणार्थियों की स्वदेश वापसी में सहायता के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति प्रहरियों की तैनाती का समर्थन करेगा। श्री क्लिंटन ने कल व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि रवांडा में हमें दो मुख्य काम करने हैं पहला काम है शरणार्थियों की भीषण तकलीफों को यथाशीघ्र दूर करना और ऐसा माहौल कायम करने के लिए कदम उठाना जिससे शरणार्थी अपने घरों को लौट सकें।

इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव बुतरस गाली ने रवांडा में जातीय नरसंहार बीमारी और भूख प्यास के शिकार लोगों के लिए विश्व समुदाय से मानवीय आधार पर 43 करोड़ 40 लाख डालर की सहायता देने की अपील की है। श्री गाली ने आज कहा कि रवांडा की स्थिति हम सभी के लिए त्रासद है। इस आपदा से पीड़ित लोगों की मदद करना पूरे विश्व समुदाय की जिम्मेदारी है।

उ. कोरिया और अमेरिका वार्ता

वाशिंगटन, 23 जुलाई (डीपीए)। उत्तर कोरिया के नेता किम इल सुंग के निधन के कारण बाधित अमेरिका के साथ उसकी बातचीत पांच अगस्त से जिनीवा में दोबारा शुरू होगी। अमेरिकी विदेश विभाग ने कल इस बात की पुष्टि की। बातचीत में अमेरिका के सहायक विदेशमंत्री राबर्ट गल्सी ही फिर अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी प्रथम विदेश उपमंत्री कांग सुक जू करेंगे। वार्ता की कार्यसूची पहले दौर की ही होगी, जिसमें परमाणु तथा सुरक्षा संबंधी अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

सरायेवो में तनाव बढ़ा

सरायेवो, 23 जुलाई (रायटर)। बोस्निया में शांति बहाली प्रयासों के भविष्य को लेकर अमेरिका और रूस के बीच मतभेद ने सरायेवो में तनाव को और बढ़ा दिया है। इस तनाव का ही नतीजा है कि कल रात संयुक्त राष्ट्र के एक विमान पर उड़ान भरने के बाद गोलीबारी की गयी। साथ ही बोस्नियाई सर्बों और मुसलमानों के बीच बोस्नियाई राजधानी में एक यहूदी कब्रगाह के निकट हल्के हथियारों राकेट प्रक्षेपित बमों से गोलीबारी हुई। अमेरिका ने रूस के दृष्टिकोण को दरकिनार किया है कि बोस्नियाई सर्बों ने पूर्व युगास्लावियायी गणराज्य के लिए ताजा अंतरराष्ट्रीय शांति योजना के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाया है। सर्बों ने कहा कि ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और अमेरिका के तथाकथित 'संपर्क समूह' द्वारा तैयार की गयी शांति योजना बातचीत का आधार बन सकती है, लेकिन उन्होंने योजना का स्पष्ट शब्दों में समर्थन नहीं किया। रूस ने सर्बों के इस जवाब को 'अपेक्षतया सकारात्मक' बताया लेकिन अमेरिकी रक्षामंत्री विलियम पैरी ने सर्ब उत्तर को निराशाजनक बताया और कहा कि यह कहना गलत है कि सर्बों ने योजना स्वीकार कर लिया है।

व्यापार संगठन का मुख्यालय

जिनीवा, 23 जुलाई (भाषा)। विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय अब जिनीवा में होगा। संगठन के तैयारी आयोग ने कल यह जानकारी दी। संगठन तटकर और व्यापार पर आम सहमति (गैट) का स्थान लेगा। इसके पूर्व इस सप्ताह गैट के सभी सदस्यों ने अनौपचारिक बातचीत में प्रकट किया था कि उनमें से 90 प्रतिशत चाहते हैं कि व्यापार संगठन का मुख्यालय जिनीवा में ही बरकरार रहना चाहिये। इसके पूर्व मुख्यालय को जिनीवा से हटाकर जर्मनी में बनाने का प्रस्ताव रखा गया था।

बांग्लादेश में संपादक पर हमला

ढाका, 23 जुलाई (भाषा)। बांग्लादेश के एक विपक्षी दैनिक 'आजकेर कागोज' के संपादक पर कल रात जानलेवा हमला किया गया। हमले में वह सुरक्षित बच गये। आज यहां किसी खबर के अनुसार संपादक श्री शाहिद अहमद कल जब दफ्तर से लौट कर अपने धानमंडी स्थित आवास का दरवाजा बंद कर रहे थे तब मोटर साइकिल पर आये कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उन पर बम से हमला किया। हमले में वे सुरक्षित बच गये। उन पर यह दूसरा हमला था। श्री अहमद का अखबार इस्लामी कट्टरपंथियों के खिलाफ जेहाद छेड़े हुए हैं। उन्होंने स्वयं कुछ माह पूर्व कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख गुलाम आजम पर 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान उनके (श्री अहमद) भाई की हत्या के लिए लोगों को उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दायर किया है।

दुबई की उस साजिशाना' बैठक में संजय दत्त भी था

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इतना बड़ा षड्यंत्र एक दिन का काम नहीं हो सकता है। पूरी योजना बनाने में पर्याप्त समय लगाया गया। पाकिस्तान से विस्फोटक प्राप्त करना और उसे भारत भेजना कोई आसान काम नहीं था। इसमें काफी समय लगा। पुलिस को प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय दत्त को योजना के हर पहलू और हर बारीकी की जानकारी हमेशा मिलती रही।

बारपेटा की हिंसा में मरने वालों की संख्या 21 हुई

गुवाहाटी, 23 जुलाई (एजेंसियां)। असम के बारपेटा जिले में छह और शव मिलने के बाद यहां बुधवार को शुरू हुई जातीय हिंसा में मरने वालों की संख्या 21 हो गयी है। जिले में अभी भी तनाव बरकरार है और हजारों लोगों का

बच्चों और अन्य लोगों ने कब्जा कर रखा है। शिविरों में रह रहे कुछ लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि उनके अन्य साथी जिनका अभी तक कोई पता नहीं चला है, संभवतः मारे गये होंगे।

इस बीच, राज्य के मुख्यमंत्री हितेश्वर

9 अरब डालर के निर्यात का लक्ष्य

विशेष संवाददाता

नयी दिल्ली, 23 जुलाई।

अगले वित्तीय वर्ष में भारत से नौ अरब डालर (करीब 28 हजार करोड़ रुपये) के कपड़े के निर्यात का लक्ष्य है। इस साल (93-94) भारत ने लक्ष्य से अधिक अर्थात 7.97 अरब डालर (करीब 25 हजार करोड़ रुपये) के कपड़े, सिलेसिलाये वस्त्र, जूट, दस्तकारी के कपड़े, हैंडलूम के कपड़े और क्वायर का निर्यात किया है। पिछले साल के निर्यात का लक्ष्य 7.4 अरब डालर रखा गया था।

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री जी. वेंकटस्वामी ने आज संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए उम्मीद व्यक्त की कि अगले साल निर्यात का नौ अरब डालर का लक्ष्य भारत पार कर लेगा। उन्होंने कहा कि 'गैट' (व्यापार और चुंगी पर आम सहमति) पर हस्ताक्षर के बाद विश्व व्यापार के नये माहौल में भारत दूसरे प्रतिस्पर्द्धी देशों के साथ मुकाबला करने के लिए अपने उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने और नयी रणनीति अपनाने पर जोर दे रहा है। साथ ही उन देशों को भी निर्यात बढ़ाने की कोशिश की जा रही है, जहाँ कपड़ा उत्पादों के निर्यात का कोई कोटा नहीं है। श्री वेंकटस्वामी ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देशों में निर्धारित कोटे के अनुरूप भारत पूरा निर्यात कर लेता है और अब लक्ष्य गैरकोटा वाले देशों को निर्यात बढ़ाने का है, जिसकी भारी गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका, चिली ब्राजील जैसे देशों में भारत के निर्यात की काफी गुंजाइश है। दक्षिण अफ्रीका में निर्यात के लिए श्री वेंकटस्वामी अगले महीने दक्षिण अफ्रीका की यात्रा भी करने वाले हैं।

संवाददाता सम्मेलन में कपड़ा मंत्रालय से सम्बन्धित सवालों का जवाब देने के लिए मौजूद मंत्रालय के शीर्षस्थ अधिकारियों ने कपड़ा आयात-निर्यात पर अमेरिका से होनेवाली बातचीत के बारे में कहा कि हम इस मामले को दोनों पक्षों के संतोष के अनुरूप निबटाना चाहते हैं ताकि हम व्यापार प्रतिबंधों से बच सकें। मंत्रालय के सचिव ने कहा कि अमेरिका भारत में अपने कपड़ा उत्पादों को बेचने के लिए अधिक छूट चाहता है। इस बारे में अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत चल रही है तथा अगले दौर की वार्ता शीघ्र ही होगी।

कपड़ा सचिव ने कहा कि हमारे यहाँ आयात शुल्क की दरें काफी अधिक रही हैं और इसे हमे अन्तरराष्ट्रीय दरों के बराबर लाना होगा। गैट के तहत हमारा कहना था कि भुगतान संतुलन की स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण हम उपरोक्त

हमारी भुगतान संतुलन की स्थिति अच्छी हो गयी है इसलिये अह हमसे यह कहा जा सकता है कि आयात शुल्क में कटौती करें।

कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों के मुद्दे पर पश्चिमी देशों में उठाये गये सवालों और निर्यात पर रोक की आशंका के बारे में कपड़ा मंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सभी सम्बद्ध लोगों को इस आशय का कड़ा निर्देश दिया है कि बाल श्रमिकों को अपने व्यवसाय में नहीं रखें। उन्होंने कहा कि सरकार इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कपड़ा मंत्री ने कहा कि कुछ भारतीय लोग ही भारत के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं।

राष्ट्रीय कपड़ा मिलें (एनटीसी) के बारे में कपड़ा मंत्री ने कहा कि 'एनटीसी' की 122 मिलों में से 76 मिलें बीमार हैं। इन मिलों का हम आधुनिकीकरण करना चाहते हैं। इसके लिए हम त्रिपक्षीय बातचीत करने के बाद मंत्रिमंडल के सामने प्रस्ताव ले जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मिल यूनियनें इन मिलों के आधुनिकीकरण के लिए तैयार हैं। कपड़ा बुनकरों की दयनीय हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए कपड़ा मंत्री ने कहा कि इन बुनकरों की औसत मासिक आय तीन सौ रुपये ही है। ऐसी हालत में हम इनसे बेहतर उत्पाद की आशा नहीं कर सकते हैं। उन्होंने इन बुनकरों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा भी की और सवालों के जवाब में यह भी कहा कि बुनकरों के कल्याण के लिए दिया जाने वाला पैसा अधिकारियों के पेट में नहीं चला जाये इसलिए अब यह पैसा बुनकरों के सहकारी संगठनों को ही सीधा दिया जा रहा है।

इफको

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड

वाहनों की बिक्री

दो एम्बैसेडर कारों, एक राजदूत मोटर साइकिल एवं पुक हीरो एक मोपेड (जो क्रमशः 1986, 1988, 1984 एवं 1988 मॉडल की है) के निपटान हेतु 'वाहनों हेतु निविदा' से विधिवत शीर्षांकित मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदाएं महाप्रबंधक (पी एंड ए) को संबोधित करें। इच्छुक पार्टियों से अनुरोध है कि वे अपनी निविदाएं निविदा प्रपत्र पर जमा करें। निविदा प्रपत्र 10.8.94 को अथवा पूर्व किसी भी कार्य दिवस में अप. 3 बजे तक प्रबंधक (पी एंड ए), इफको, 34, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली से प्राप्त किए जा सकते हैं। वाहनों का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में पूर्वा. 11 बजे से अप. 3 बजे के मध्य किया जा सकता है। धरोहर राशि सहित प्राप्त निविदाएं 10.8.94 को अप. 3.30 बजे खोली जाएंगी

इफको के पास बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

सैनी हर्बल हेयर ऑयल

गंजेपन तथा सुन्दरता में अन्तर

दिल्ली अनुसूचित जाति वित्तीय एवं विकास निगम लि.

(दिल्ली सरकार का उपक्रम)

कमरा नं. 86, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

विज्ञापन संख्या टी. एस. आर.-2/94

दिल्ली क्षेत्र में निवास करने वाले अनुसूचित जाति के सदस्यों को जिनकी सभी साधनों से पारिवारिक वार्षिक आय 11850/- रु. है, तिपहिया स्कूटर खरीदने हेतु ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इस योजना के तहत 5000/- रुपये अनुदान राशि तथा 31,000/- रुपये का ऋण (यह राशि तिपहिया स्कूटर की वास्तविक कीमत पर निर्भर) रियायती दर पर जो कि 60 मासिक किस्तों में जमा करना है तथा जिसमें 6 माह का विलम्ब काल शामिल है, प्रदान किये जाते हैं। जिसकी पात्रताएँ निम्न हैं।

1. दिल्ली परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार द्वारा जारी चालक का वैध लाईसेंस तथा बैज होना आवश्यक है।

2. उपायुक्त दिल्ली द्वारा जारी अनुसूचिंत जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

3. खाद्य एवं सम्भरण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार द्वारा जारी राशन कार्ड आवश्यक है।

4. प्रार्थी की आयु 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5. प्रार्थी कम से कम 3 वर्ष तक दिल्ली में रहने वाला हो।

6. चुने हुए प्रार्थी को अंश का 5000/- रुपये जमा कराना होगा।

आवेदन पत्र कमरा नं. 157 पुराना सचिवालय स्थित निगम कार्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस पर निःशुल्क उपलब्ध होंगे। पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र उपरोक्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपियों सहित इस कार्यालय में जमा किये जायेंगे। आवेदन पत्रों का जारी करना तथा जमा करना इस विज्ञापन की तिथि से आरम्भ होगा।

(एस. के. मल्हारी)
महा प्रबंधक

सूप्रनि.-1072/94

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

२६ मई १९९२

—परिदृश्य

पुनि पुनि चन्दन पुनि पुनि पानी

विद्यानिवास मिश्र

बड़ा से बड़ा भक्त यदि कहीं [illegible] अभिमान मन में कर लेता है कि राम मेरे हैं, राम उसको अनुभव करा देते हैं, नहीं ऐसे मेरेवाला [illegible] कोई नहीं। हां जो यह सोचता है मेरे तो और कोई नहीं। तुम्हारा ही भरोसा है, तुम्हीं माता-पिता [illegible], सखा, स्वामी, सब कुछ हो, तुम्हारा मैं अकिंचन सेवक हूँ, सेवक भी नहीं निर्लज्ज [illegible] का दरवाजे पर एक ओर बस बैठे रहने वाला दुराग्रही हूँ। राम उसी के अधीन होते हैं जो अ[illegible] को केवल राम के अधीन मानता है, जो राम से नहीं कुछ चाहता, केवल राम को चाहता है।

अयोध्या मंदिर प्रकरण को जिलाये रखने के अनेक कर्मकांड होते रहते हैं, एकाध अभी अभी होने जा रहे थे, फिर किन्हीं दैवी या मानुषी कारणों से स्थगित हो गया है। इस खेल को देखकर एक कहानी याद आ रही है। एक भक्त ठाकुर की पूजा करते थे। शालग्राम की गोलमटोल बटिया ही ठाकुर होती है। सातेक दिनों के लिए उन्हें बाहर जाना था, उन्होंने अपने किसी भक्त से कहा तुम इस बीच इन्हें नहलाना, चन्दन लगाना, फूल चढ़ाना, इन्हें भोग लगाना तब भोजन पाना। भक्त के भक्त थे नौसिखुआ, ठाकुर जी का सम्पुट रात में खुला रख दिया, चूहा कुछ भोग्य द्रव्य समझ कर अपने बिल में ले गया। भक्त ने सुबह देखा ठाकुर जी नहीं थे, मौसम जामुन के फलों के पकने का था, उसने सुन्दर काला-सा जामुन का फल जो ठाकुर जी की आकृति और रूपरंग का था, उनका स्थानापन्न बनाकर रख दिया। पर जामुन का फल तो फल, पत्थर तो है नहीं, दो-तीन दिनों में गल कर गुठली मात्र रह गया। भक्तराज लौट कर आये और पूजा करने बैठे तो देखा ठाकुर जी का रूपरंग बदल गया, आकृति सिकुड़ गयी। उन्होंने अपने भक्त से पूछा, ठाकुर जी का यह क्या किया। वह चटपट बोला :

पुनि पुनि चन्दन पुनि पुनि पानी।
ठाकुर गलिगे हम का जानी।।

बार-बार चंदन लेपा जायेगा, बार-बार नहलाया जाएगा, अब ठाकुर जी इसी कारण गल गये तो मैं क्या जानूं।

बहुत कुछ राम जन्मस्थल के साथ ऐसा ही हुआ है, चन्दन का कर्मकांड तो कम पर पानीवाला कर्मकांड भरपूर हो रहा है। मंदिर तो बनता नहीं, कभी शिलान्यास का कर्मकांड होता है, कभी शिलापूजन का, कभी शिलाओं को सरयू के जल से धोने का, और सबके साथ अपरिहार्य रूप से कोई न कोई यज्ञ जुड़ा रहता है। यज्ञ तो खैर बेगारी के जमाने में कुछ लोगों को अस्थायी रोजी-रोटी की व्यवस्था कर देता है, इसलिए हो, कोई बात नहीं। पर जब ठाकुरजी ही बदल दिये गये हैं, उनका स्थान मौसमी फल ने ले लिया है तो कुछ न भी होता तो भी फल को तो गलना ही था। वह मौसमी फल कांग्रेस की राजनीति का हो या भाजपा की राजनीति का या सपा की राजनीति का, वह जब ठाकुर जी का स्थानापन्न होगा तो उसकी यही गति होगी। मंदिर बनाने से अधिक महत्वपूर्ण उन ठाकुर को खोजना है, वे कहां गये?

वे तो विलक्षण ठाकुर, राजगद्दी के स्थान पर निर्वासन लेकर वन चले जाते हैं, रथ छोड़ देते हैं, राजसी वस्त्र आभूषण छोड़ देते हैं, नंगे पैर चल पड़ते हैं और उनके पीछे जनमानस हिलोर लेता हुआ चलता है। उनके पूर्वज भगीरथ एक ही गंगा को अपने पीछे-पीछे सागर तक ले गये और ये ठाकुर बार-बार हजारों गंगाओं को हजारों वर्षों से अपने पीछे अनुधावन करा रहे हैं। ऐसे ठाकुर को तलाशना भी आसान नहीं। वे हाथ में किसी के आते नहीं, जहां बहुत तामझाम होता है, वहां से या तो स्वयं चले जाते हैं या फिर वह तामझाम उनकी प्राणसहचरी को रास नहीं आता, वही फिर गंगा की हिलोर लेने वाल्मीकि के आश्रम में चली जाती है। उस ठाकुर के उपयुक्त जो भक्तिभाव चाहिए, उसमें बैरागी के बाने से अधिक रामरस रागी का भाव जरूरी है। उन्हें भाव की भूख रहती है, भक्त के धार्मिक मद की प्यास रहती है। बड़ा से बड़ा भक्त यदि कहीं यह अभिमान मन में कर लेता है कि राम मेरे हैं, राम उसको अनुभव करा देते हैं, नहीं ऐसे मेरेवाला [illegible] कोई नहीं। हां जो यह सोचता है मेरे तो और कोई नहीं। तुम्हारा ही भरोसा है, तुम्हीं माता-पिता, बन्धु, सखा, स्वामी, सब कुछ हो, तुम्हारा मैं अकिंचन सेवक हूँ, सेवक भी नहीं निर्लज्ज किस्म का दरवाजे पर एक ओर बस बैठे रहने वाला दुराग्रही हूँ। राम उसी के अधीन होते हैं जो अपने को केवल राम के अधीन मानता है, जो राम से नहीं कुछ चाहता, केवल राम को चाहता है।

ऐसे ठाकुर की [illegible] हो, इस पर कुछ वर्ष पूर्व विचार हुआ [illegible] सरकारी वास्तुविद् ने डिजनीलैंड के [illegible] देने वाला नक्शा प्रस्तुत किया था। उसी समय [illegible] एकड़ जमीन राज्य सरकार ने अधिकृत की थी, उसे वे लोग राम लीला पार्क कहना चाहते थे। इस पर बहुत से लोगों को राय देने के लिए बुलाया गया। इन पंक्तियों का लेखक भी उनमें से एक था। तब भी उसने यही राय दी कि [illegible] के अनुरूप सबको राम के जनमन को रमाने [illegible] वाटिका बने, कंक्रीट की नहीं, सजीव वृक्षों की, क्षेत्र में आने वाले टीलों का उपयोग हो, सरयू से [illegible] निकाल कर उस क्षेत्र में घुमा दी जाय, कुंजों से बड़े-बड़े वृक्षों को ऐसे लगाया जाय कि उनके बीच-बीच में राम के चरित की झांकियां, कहीं चित्रों के द्वारा, कहीं शिल्प के द्वारा, कहीं समय-समय पर तरह-तरह के अभिनय द्वारा दिखायी जाती रहें। बीच-बीच में विश्राम के लिए पत्थर की चौकियाँ हों, वहीं पत्थर पर रामचरित मानस, रामायण, रामायण के विविध रूपान्तर से चुने हुए पद्य अंकित हों। लोगों ने यह सुझाव स्वीकार किया। सरकार ने एक कार्य दल गठित भी किया। कुछ खानापूरी हुई, पर फिर टाँय-टाँय फिस्स।

इसके बाद के तो जो कुछ तमाशे हुए, उन पर टिप्पणी की आवश्यकता नहीं। मजे की बात है सब राम के प्रति अपने-अपने ढंग से आस्था व्यक्त कर रहे थे। हां कुछ लोग हर पार्टी में ऐसे थे, जिनके ऊपर राम भूत की तरह सवार थे, राम से अधिक रामचरितमानस उनकी छाती पर चढ़ा हुआ था। उसको उठाकर फेंक देना चाहते थे। पर ऐसे लोग अधिक नहीं थे, और वे ठाकुर की दृष्टि में शायद उतने गुनहगार भी नहीं थे, पर जो लोग केवल राम का स्वांग कर रहे थे, उनके मन के तार असंख्य जनता के भक्तिभाव के साथ मिले नहीं थे, तो भी वे अपनी आस्था का दावा कर रहे थे। कोई राम का होकर मस्जिदनुमा इमारत बचाना चाहता था, कोई उसे ढहाना चाहता था, पर कोई भी राम के घर के बारे में नहीं सोचता था। राम का घर तो वहीं होगा, जहां दुराव नहीं होगा। छल-कपट नहीं होगा, झूठ नहीं होगा। राम चित्रकूट उस सूधेपन की तलाश में गये, जो उन्हें अयोध्या की जनता में नहीं मिला। राम सहज में रहते हैं, यह सहज-सी बात अधिकतर राजनीति के ठेकेदारों ने नहीं समझी और वे अपने-अपने ढंग से मंदिर बनाने की नहीं, मंदिर का नक्शा बनाने की बात करते रहे।

किसी ने नहीं सोचा कि ईंट-पत्थर से काम न शुरू करके पेड़-पल्लव से शुरू करते। पहले पंचवटी बनाते, वहां घासफूस ही तो लगता, चित्रकूट बनाते, पर्णकुटी बनाते। राम का वहां आविर्भाव अच्छे भावपूर्ण कार्यक्रमों से कराते। लोग एक खुली जगह से राम में साथ रमते, अपने आप कुछ परिवर्तन होता और राम हर प्रकार की राजनीति से ऊपर उठ जाते। एकदम एकछत्र राज्य होते हुए भी वर्तमान सत्ता का ध्यान इस ओर नहीं। वह हर बात में अदालती फैसले की प्रतीक्षा करती है, शायद इस मामले में भी कोई पहल हो तो मुकदमा दाखिल करके या कराके ऐसा उलझाया जा सकता है कि लोग मुकदमों के लम्बे चलते रहने से ऊब कर राम का नाम ही लेना छोड़ दें, शायद राम का नाम लेना ही कोई जुर्म हो जाय, यह भी किसी समुदाय की धार्मिक भावना को चोट पहुंचा जाय। हां, यज्ञ करवाने के पीछे यह सरकार रहेगी, इसके पहरुए पूरी व्यवस्था करेंगे, क्योंकि यज्ञ के द्वारा चमत्कार घटित होगा।

क्या यह बतलाने की जरूरत है कि उनके ठाकुर महलों, गद्दियों के वैभव के मुहताज नहीं। वे तुलसीदल के भोग से संतुष्ट रहने वाले हैं, पत्तों के दोने में पानी पीकर अघाने वाले हैं। वह बाबाओं के आसरे नहीं, बाबा उनके आसरे भले हों, वे आसरे रहते हैं गृहस्थ महिलाओं और पुरुषों के स्मरण के, जो चक्की पीसने से लेकर हरेक श्रम में, हर एक उत्सव में, जन्म से लेकर विवाह तक के उत्सव में, हरेक दुःख में, हरेक तीर्थ यात्रा में राम का स्मरण करते रहते हैं, राम की उपस्थिति का अनुभावन कराते रहते हैं। वे जहां स्मरण करते हैं, वहीं राम उपस्थित होते रहते हैं। उन गृहस्थों से भो कभी पूछा गया होता, तुम राम का जन्मस्थल कैसा चाहते हो। जो राम का है, वह सबका है, वह दुःख नहीं पहुंचाना चाहता, पर सबको दुःख पहुंचाने वाले को दंड देना भी जानता है। कुछ लोग इस समय आस्था करने वालों की हंसी उड़ाते हुए दुख पहुंचाने का प्रयत्न करते रहते हैं। वे नहीं समझते वे अपनी ही जड़ खोद रहे हैं। इस देश में आस्थावान नहीं रहेंगे तो उसी पर टिकी संस्कृति नहीं रहेगी और संस्कृति पर आधारित जीवन का उत्साह नहीं रहेगा।

इसलिए बजाय दिखावटी चन्दन के लेप और गंदले पानी से अभिषेक के, पहले ठाकुर को तलाशें, कौन चुरा ले गया है, ऐसा सलोना प्यारा ठाकुर जो नदी के मन में बहते हुए धारा के हाथों आकार ग्रहण करते हुए बना है, उसी धारा में डुबकी लगाने से वह फिर मिलेगा और जब मिलेगा तो सारे कर्मकांड अकारथ हो जायेंगे, जनजन की कल्पना में राम मंदिर घूमने लगेगा। पर धारा से डर तो लगता ही है। बड़ी सुरक्षित जिन्दगी जीने वाले लोग कहां हिम्मत करते हैं, ऐसा जोखिम लेने की कि हम खुद न बह जाएं। पर जोखिम लिए बिना तो ऐसे दुर्लभ ठाकुर कहां सुलभ होते हैं?

होने न होने के बीच शमशेर

अशोक वाजपेयी

उसने मुझसे पूछा, तुम्हारी कविताओं का क्या मतलब है।
मैंने कहा : कुछ नहीं।...
मैं समय की एक लम्बी आह
मौन लम्बी आह...
होना था-समझना न था कुछ भी
शमशेर...
आत्मा है
अखिल की हठ सी...

लगभग शुरू से ही शमशेर बहादुर सिंह की कविता में अपने लगभग न होने या बहुत कम होने का अहसास है। अब जब वे सचमुच नहीं है और उनका प्राणान्त हो चुका है, उनके होने और न होने के गहरे और स्थायी आशयों को समझने की कोशिश करना जरूरी है। अपनी कमतरी के सच्चे और अचूक अहसास से शायद ही किसी ने खड़ी बोली में ऐसी कविता लिखी [illegible] कि शमशेर ने। उनका स्वाभाविक संकोच, अपनी अनुभूति और स्मृति की जटिलताओं को कविता में प्रायः अनसुलझा ही छोड़ देने की उनकी आदत, उनका कविता या अन्यत्र भी कम से कम बोलना और अक्सर कविता और जीवन में भी वाक्यों और पदों को बीच में ही या अधूरा छोड़ देने की लाचारी इस अहसास के जीवन और कविता में लगातार मौजूद रहने के सबूत रहे हैं। शमशेर यहाँ के जीवन और कविता में जो तदाकारिता है वह अपने आप में एक प्रतिमान ही है।

और कवि बहुत कुछ करते हैं कविता के अलावा गृहस्थी बसाते हैं, नौकरी करते हैं, मकान बनाते हैं, सन्तान के लिए रुपया जोड़ते हैं वगैरह। शमशेर ने ऐसा प्रायः कुछ नहीं किया : शुरू से आखिर तक एक फक्कड़ पारदर्शिता के साथ समूचा लम्बा जीवन जिया। गरबीली गरीबी, सादगी और अभाव के लंबे सिलसिले के बावजूद और बावजूद इसके कि शमशेर ने जीवन में कभी मध्यवर्गीय सुरक्षा तक नहीं पायी, उनकी जीवनासक्ति सदा अक्षय रही और उनकी कविता, जैसा कि जीवन में सामान्य व्यवहार भी, हमेशा किसी तरह की कटुता या पछतावे से सर्वथा मुक्त है। आश्चर्य यह है कि ऐसे व्यक्ति ने, जिसके जीवन में किसी तरह का तारतम्य या सुरक्षा नहीं थी, अपनी कविता में इतने अथक प्रयोग किये—किसी और हिन्दी कवि में रूपाकारों की ऐसी प्रयोग-बहुलता नहीं है जितनी शमशेर में। उन्होंने बाकायदा गीत, छन्दबद्ध पद्य, गजल, रुबाई आदि लिखी और मुक्त छन्द भी—मुक्त छन्द में लगभग गद्य के पूरे हिस्से ढाले—स्वराघात, लय और पंक्तियां तोड़ने की न मालूम कितनी नयी युक्तियां गढ़ीं और बरतीं। संस्कृत, तत्सम से लेकर बोलियां और उर्दू तक उनकी काव्यभाषा का विस्तार बहुत है। हिन्दी कविता की भाषा पर पिछली अर्धसदी में जिन तीन कवियों का सबसे गहरा और दूरगामी प्रभाव है, उनमें अज्ञेय, शमशेर, और रघुवीर सहाय ही आते है। बल्कि स्वयं रघुवीर सहाय पर शमशेर की छाप कम नहीं है।

जो जीवन में नहीं मिला या मिल पाया उसे कविता में पाने की, कविता से जीवन की क्षतिपूर्ति करने की चेष्टा शमशेर ने नहीं की। इन दिनों अपने जीवन-संघर्ष को बहुत दिखा-दिखाकर गाने, उसका भावात्मक शोषण करने का जो सफल लटका है उसे शमशेर की काव्य नैतिकता कभी उचित मान ही नहीं सकती थी। यह नहीं कि उनके जीवन-संघर्ष के अक्स या नक्श उनकी

छायावाद की रूमानियत से मुक्ति के संघर्ष में शमशेर अपने समवयस्कों में सबसे पहले हैं पर छायावाद की ऐन्द्रिकता का उत्तराधिकार सबसे अधिक शमशेर को ही मिला।



[illegible] शेर : डायरी, उंगलियां और रोशनाई

कविता में नहीं है या कि उन्हें ढांकने-दबाने की कोई कोशिश कवि ने की है। वे सब हैं, अपने सहज क्रम में, बिना किसी भावुकता के, किसी तरह की कविता से इतर करुणा जगाने के लिए जतन करते हुए नहीं। शमशेर के यहां कोई होशियारी नहीं है—लेकिन उनकी सारी रूमानियत के बावजूद एक तरह का क्लैसिकल अनुशासन हर समय मौजूद है। सर्वथा निजी को भी किसी भावस्फीति या वस्तुस्फीति के सहारे कविता में हस्तक्षेप करने की इजाजत शमशेर नहीं देते। शमशेर के यहां अज्ञेय या मुक्तिबोध जैसी बौद्धिक सख्ती भले न हो, वे भावात्मक सख्ती के कवि हैं। उनकी रूमानी संवेदना जब-तब के अतिरेक और तथाकथित [illegible] बिखरेपन के बावजूद बुनियादी तौर [illegible] अल्पकथन और मितव्ययिता के माध्यम से [illegible] होती है।

यह नहीं है कि शमशेर के पास कहने को कम है—उनका रेंज बहुत [illegible] है। प्रेम, चाहत, प्रकृति, कविता, भाषा, [illegible] के लोग, अन्य कलाकार लेखक मित्र, [illegible] कलायें विभिन्न जीवन स्थितियां, घटनायें, [illegible] आदि उनकी कविता के विषय रहे हैं। [illegible] समय में कविता को जरूरत से ज्यादा [illegible] का लालच शायद इसलिए होता है कि चारों [illegible] के शोरगुल में बिना ऊंचे और ज्यादा बोले [illegible] बात कौन सुनेगा। पर शमशेर को सुने जाने का मोह नहीं था। उनके यहां वैसे भी 'बात बोलेगी/हम नहीं' का आग्रह था। पर उन्हें पता था कि कहना सिर्फ शब्दों से ही नहीं उनके बीच के मौन से भी संभव है। शमशेर की कविता विलक्षण रूप से शब्द और मौन, कथन और यतियों की कविता है। शमशेर की आवाज को सुनना इस मौन को, उन खाली पर विन्यस्त जगहों को ध्यान में लेना भी है जो वे पूरी सुघरता से छोड़ते-गढ़ते थे। शमशेर शब्द पर अडिग आस्था के कवि थे : उनके यहां 'शब्द की दिशा स्वयं परिष्कार है।' यों तो घोषित रूप से उनकी दृष्टि मार्क्सवादी और प्रगतिशील थी पर उनकी जटिलता और सौन्दर्यरुचि उन्हें आसानी से कलावादी भी बनाती थी। दरअसल यह द्वन्द्व अगर किसी कवि के लिए बिल्कुल अकारथ लगता है तो शमशेर के लिए : उनकी दृष्टि को उनकी कला से अलग रिड्यूज करना या प्रगतिशीलता या कलाकार के जड़ हो चुके मुहावरों में समझना या सामान्यीकृत करना शमशेर की कविता को ठीक से पढ़ने-समझने के

शमशेर से अधिक ऐन्द्रिक कविता, पिछले पचास वर्ष में किसी ने नहीं लिखी है और अज्ञेय के साथ वे इस दौर के ही नहीं, हिन्दी कविता के सबसे बड़े प्रेमकवियों में हैं।

उद्यम से बचना है। शमशेर की दृष्टि उनकी भाषा है—वह अपनी अद्वितीय शमशेरियत के अलावा किसी और ढंग से ग्रहण की या समझी नहीं जा सकती। आत्मकेन्द्रण, आत्मरति और आत्मदया से सर्वथा मुक्त रहते हुए भी, शमशेर ने शमशेर को लिखा : कुछ-कुछ वैसे ही जैसे संगीत संगीत को गाता है। समय, समाज, सचाई आदि सबकी इस शमशेरियत में भूमिका है—लोग और जीवन-छवियां हैं, चीजों की धड़कती हुई दुनिया है। पर इन सबको जतन और सावधानी से विन्यस्त करती है यही शमशेरियत—अनेक अंतर्विरोधों में से एक यह भी है कि एक स्तर पर बिल्कुल आत्मविलोपित न होने की हद तक जाने वाले शमशेर इस काव्यसंसार में अचूक उपस्थिति है। उनका न होना इस होने से ही मुमकिन हो पाता है। वे हैं क्योंकि वे नहीं हैं : अपने को ओझल करना, अपने शब्द को मौन करना शमशेर को आता है।

छायावाद की रूमानियत से मुक्ति के संघर्ष में शमशेर अपने समवयस्कों में सबसे पहले हैं पर छायावाद की ऐन्द्रिकता का उत्तराधिकार सबसे अधिक शमशेर को ही मिला। शमशेर से अधिक ऐन्द्रिक कविता, पिछले पचास वर्ष में किसी ने नहीं लिखी है और अज्ञेय के साथ वे इस दौर के ही नहीं, हिन्दी कविता के सबसे बड़े प्रेमकवियों में हैं। हर रोज कुछ और भोंथरे होते जाते समय में शमशेर की कविता चीजों की दुनिया, उसकी ऐन्द्रिय मौजूदगी, उनका धड़कता अहसास करानेवाली कविता भी है। शमशेर का न होना, या कम से कम होना इस अनेक तरह से होने के विराट-विपुल अनुभव से अपना सत्यापन पाता है। शमशेर के यहाँ चीजें दिखती हैं, बोलती हैं, चुप रहती हैं, घेरती हैं : शायद ही किसी और हिन्दी कवि में दूसरे कलामाध्यम इतने घुले-मिले हों। उनकी कविता को निरे काव्य संसार से पूरी तरह पकड़ पाना मुश्किल है। वह इतनी बार चित्रलिखित है, उसमें इतनी बार स्पेस का विभाजन-संतुलन है, आकारों का खेल है, गूंज-अनुगूंज का संपुंजन है कि शमशेरियत की सघनता, उसका संश्लेष और भी दुस्साध्य हो जाते हैं।

यह समय जटिलता से मुंह चुराने का है, बौद्धिक सख्ती से बचकर कुछ लोकप्रिय सामान्यीकरणों से अपने समय को समझने की हिमाकत का। शमशेर की कविता इस जड़ीभूत विचारहीनता का प्रतिलोम है। यह बात याद करने की है कि अस्तित्व और अनुभव की, प्रेम और वस्तुजगत की जटिलताओं से निपटने, उनसे दो-चार होने के जो सबसे भरोसेमंद तरीके हिन्दी में हैं उनमें शमशेर एक हैं। उन्हें 'कवियों का कवि' कहकर हाशिये पर नहीं रखा गया था। वे निश्चय ही ऐसे कवि रहे हैं जिनमें जटिलता से निपटने के कितने ही ढंग और तरीके सीखे गये और जा सकते हैं। शमशेर में सादगी है पर सरलीकरण नहीं : उनकी कविता अंत तक 'अखिल की हठ सी' अपनी जमीन पर खड़ी रही। उनके आत्मविलोपन में अपनी आस्था का अडिग सम्बल था। व्यक्तित्व का एसर्शन नहीं था पर उसकी दृढ़ता थी।

यों तो पिछली आधी सदी हिन्दी आलोचना में कवि-आलोचकों की प्रमुखता की रही है, आम तौर पर शमशेर को अज्ञेय या मुक्तिबोध की श्रेणी का कवि-आलोचक नहीं माना गया है। उन्होंने बाकायदा आलोचना बहुत कम लिखी है यह सही है पर उनके जब-तब के लेख, समीक्षाएं, टिप्पणियाँ और डायरियाँ आदि मिलकर ऐसी सामग्री है जिनके आधार न केवल उनकी कविता का बल्कि समूची आधुनिक कविता का एक मुकम्मल और समावेशी काव्यशास्त्र गढ़ा जा सकता है। शमशेर की दूसरों में, दूसरों की कविता में गहरी दिलचस्पी थी और उन्होंने अनेक बार बड़ी सटीक बातें कहीं और नयी अवधारणायें प्रस्तुत की हैं। अपनी वैचारिक दृष्टि से भिन्न या विरोधी दृष्टिवाले की रचना को भी समझने-सराहने की इच्छा और शक्ति उनके पास अनायास ही थी : यह उनकी अन्यथा बहुचर्चित उदारता या प्रियदर्शिता के कारण नहीं थी। एक सच्चे कवि-मनुष्य की यह अचूक ईमानदारी थी। गलत समझे या समझे जाने का जोखिम शमशेर ने जीवन भर, बिना किसी तरह की दीनता या असहायता का प्रदर्शन किये सहज भाव से उठाया पर अपनी जमीन, अपनी ही शर्तों पर कविता और अन्यत्र जिन्दा और मौजूद रहने की जिद नहीं छोड़ी।

जब-तब तुमुल कोलाहल थमेगा तब-तब एक कांपती हुई आवाज, शमशेर की अलग से साफ सुनायी देगी : उसमें हम अपनी 'आत्मा का कल्पतरु' देख पायेंगे। न होकर भी शमशेर होंगे—'बोली हुई अनहोनी और होनी की उदास रंगीनियों में' पर अद्वितीय, काल से होड़ लेते 'सच्ची सुख-शान्ति का बहुत आदिम, बहुत अभिनव राग' गाते हुए।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

में नये सेना प्रमुख

ीनाम में 1980 में सैनिक विद्रोह में हिस्सा लेने वाले ड अधिकारी आर्थी गोरी को देश की सेना का कमांडर ा गया है। श्री रोनाल्ड वेनेशियन को सरकार और सेना चल रही रस्साकशी इस नियुक्ति से समाप्त हो गयी है। न सेना की कमान संभाले जाने के तुरंत बाद इवान ापत्र सौंप दिया। अब तक इवान ही सेना की कमान की उच्च कमान के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने भी श्री इस्तीफे सौंप दिये। सूरीनामी लोगों को उम्मीद है कि युक्ति से राजनीति में सेना के हस्तक्षेप की घटनाओं का श्री गोरी श्री वेनेशियान की पसंद भले ही हों, लेकिन गों का मानना है कि वह इस पद के योग्य नहीं हैं।

ता पर समझौते की आशा

बिल क्लिटंन ने राष्ट्रपति पद के चुनाव अभियान के दौरान अमेरिकी सेना में समलैंगिकता पर लगा प्रतिबंध हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब उनका प्रशासन इस पेचीदा मसले के हल के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं लगता। प्रशासन चाहता है कि किसी तरह कोई समझौता भर हो जाये। पचास सदस्यों का पेंटागन पेनल इस मसले के हल के लिए गठित किया गया है। इस पेनल ने दो विकल्पों का सुझाव दिया है। इसमें से एक सुझाव बहुत लोचदार नहीं है, क्योंकि समलैंगिकता पर लगे प्रतिबंध की अनेक व्यवस्थायें इससे बाहर नहीं रखी गयी हैं। दूसरे विकल्प के तहत घोषित समलैंगिक सेना में अपनी नौकरी में बने रहेंगे, लेकिन समलैंगिक कार्यों में लिप्त नहीं हो सकेंगे। रक्षामंत्री को सम्भवतः ,अगले दस दिन के भीतर अंतिम नीतिगत रिपोर्ट मिल जायेगी। 15 जुलाई तक इस संबंध में कोई न कोई फैसला होने की उम्मीद भी है।

...के किसी व्यक्ति ने खरीदा। सन् 1952 में महारानी एलिजाबेथ द्वारा चार्ली चैपलिन के सम्मान में आयोजित समारोह में उन्होंने जो सूट पहना था, वह 12 हजार 400 डालर में नीलाम हुआ। एक फिल्म द फ्रीक का सीनेरियो 22 हजार 800 डालर में नीलाम हुआ। चैपलिन यह फिल्म कभी नहीं बना सके।

चीन में तूफान से नुकसान

पेइचिंग: चीन में पिछले महीने आये तूफानों और बाढ़ से 129 लोगों की मृत्यु और लाखों एकड़ में लगी फसल नष्ट हो गयी। नागरिक मामलों के मंत्रालय ने आज बताया कि मध्य अप्रैल में आये तूफानों और भारी वर्षा की वजह से इमारतें और पुल भी नष्ट हुए और हजारों पशु मारे गये। इन प्राकृतिक विपदाओं में लगभग 47 करोड़ 10 दस लाख डालर सम्पत्ति का नुकसान हुआ।

मानवाधिकार की स्थिति पर दुःख

वाशिंगटन: अमेरिका ने सउदी अरब में मानवाधिकारों की स्थिति पर दुख व्यक्त किया। वाशिंगटन पोस्ट ने आज काहिरा स्थित सउदी अरब के निर्वासित मानवाधिकार समर्थकों के हवाले से कहा कि अमेरिकी दूतावास के दो अधिकारियों ने सउदी अरब के प्रतिबंधित मानवाधिकार ग्रुप के नेता शेख अब्दुल्ला मगारी से भेंट की तथा सउदी अरब में मानवाधिकार की स्थिति पर दुख व्यक्त किया। वाशिंगटन पोस्ट ने अनुसार रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने काहिरा की बैठक पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। विदेश विभाग की सउदी अरब संबंधी ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि सउदी अरब में 1992 से मानवाधिकारों के मामले में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

संयुक्त राष्ट्र गार्डों की वापसी

सुलेमानिया (इराक): संयुक्त राष्ट्र ने कल अनिच्छा से घोषणा की कि उसने उत्तरी इराक को राहत सामग्री ले जाने वाले जहाजों की रक्षा के लिए तैनात 228 गार्डों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है, क्योंकि इससे उत्तरी इराक की कुर्द आबादी की सुरक्षा को खतरा पैदा होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के 50 गार्ड बृहस्पतिवार और शुक्रवार को इराक के हबीनिया हवाई अड्डे से रवाना हो गये। कुर्द बहुल उत्तरी इराक को पर्याप्त पैसे के अभाव में नियंत्रण में रखना कठिन है। संयुक्त राष्ट्र सूत्रों के अनुसार अगर अप्रैल में किये गये 50 करोड़ डालर के संयुक्त राष्ट्र के आग्रह को स्वीकार नहीं किया गया तो शेष गार्डों को बगदाद से वापस लिया जायेगा। इराक में संयुक्त राष्ट्र के सहायक को आर्डिनेटर ने अरबिल शहर में कहा कि कुछ गार्डों को बुलाने से कार्यक्रम पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को धन की सख्त जरूरत है।

करिअप्पा: संक्रमण काल का एक सफल

उपेंद्र प्रसाद

फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा के निधन से देश ने एक ऐसा व्यक्तित्व खो दिया, जो एक सैनिक होते हुए भी आम जनता में इतना जाना जाता था, जो अनेक रणनीतिज्ञों को भी सुलभ नहीं होता। श्री करिअप्पा पर राजनैतिक मंशा पालने के भी आरोप लगे, लेकिन सेना तथा बाद में राजनयिक की सेवा से रिटायर होने के बाद राजनीति से उनका उतना ही लगाव था, जितना कि एक सजग भारतीय नागरिक का होना चाहिए। राजनीतिज्ञों की धनलोलुपता से उन्हें चिढ़ थी, और उन्होंने समय-समय पर उस चिढ़ का इजहार किया। उस चिढ़ में यदि उनकी राजनैतिक महत्वाकांक्षा के बीज की तलाश की गयी तो यह तलाश करने वाले की मानसिकता को उजागर करनी थी, न कि देश के उस सैनिक की जिसके नाम को अनेक 'प्रथम' विशेषण सुशोभित करने थे।

श्री करिअप्पा ने 15 जनवरी 1949 को भारतीय सेना के प्रधान सेनापति (कमांडर-इन-चीफ) का पदभार संभाला था तथा इस पद पर वे 14 जनवरी 1953 तक बने रहे। उनके कार्यकाल में ही 26 जनवरी 1950 को भारतीय गणतंत्र का जन्म हुआ। वे संक्रमण काल के सेनापति थे। आजादी के पहले भारतीय सेना ब्रिटिश साम्राज्यवाद के हितों का पोषण करती थी। आजादी के बाद सेना को आवश्यक रूप से राष्ट्रवादी होना था। श्री करिअप्पा ने एक औपनिवेशवादी सेना को राष्ट्रवादी सेना में रूपांतरित करने में खासा योगदान किया। राष्ट्रवादी ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय रूप भी सेना को प्रदान करना जरूरी था। सिख, राजपूत, जाट इत्यादि रेजिमेंटों में बँटी भारतीय सेना को राष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए उन्होंने गार्ड ब्रिगेड का गठन किया जिसमें सभी रेजिमेंटों के प्रतिनिधि थे। सेना की धुनों में भी उन्होंने राष्ट्रीय तत्वों का समावेश करवाया।

जनरल करिअप्पा को 1986 के जनवरी महीने में फील्ड मार्शल के मानद पद से अलंकृत किया गया। सेना से सेवानिवृत्ति के 33 साल बाद दिया गया यह पद उस भारतीय सिपाही के योगदान के महत्व की विलम्बित स्वीकृति थी। सेवानिवृत्त होने के बावजूद वे सेना के घटनाक्रमों से उनकी नजर नहीं हटी। जिस राष्ट्रवादी सेना के निर्माण में उन्होंने अपनी सारी काबिलियत लगा दी थी, 1962 में हुई उसकी पराजय से उनका दुखी होना अत्यंत स्वाभाविक है। दुखी तो बहुत सारे लोग हुए, लेकिन उस पराजय के बाद उन्होंने एक नया मिशन शुरू किया। वे भारत तथा पाकिस्तान के बीच मैत्री की कोशिशों में लग गये। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यक्रमों में भी शरीक होते थे। इसके कारण उनके इर्द-गिर्द एक विशेष प्रकार के विवाद की धुंध छायी रहती थी। पाकिस्तान की उनकी यात्राओं ने उनको और विवादास्पद बना दिया। पाकिस्तान की अपनी यात्राओं को वे 'एक पुरुष एक सदस्यीय शांति मिशन' के नाम से पुकारते थे। जनरल अयूब खान से उनकी ... थे। पाकिस्तानी जनरल कभी उनके ... भारतीय सेना में काम कर चुका था, इसलिए उन्हें लगता था कि दोनों देशों में सद्भाव ... जा सकता है तथा चीन से मिली पराजय ... को कुछ हद तक समाप्त किया जा सकता है। पाकिस्तान से मैत्री के पीछे उनका यह तर्क ... एक साथ दो दुश्मन नहीं रखने चाहिए। ... कर दुश्मन नम्बर एक था, उसके खिलाफ पाकिस्तान का सहयोग लेने से वे परहेज नहीं रखना चाहते थे। 1965 में भारत तथा पाकिस्तान के बीच युद्ध हुए। तब पाकिस्तान की राजसत्ता सैनिक जनरल अयूब खान के हाथ में थी। जाहिर है, करिअप्पा धारा के विरुद्ध तैरने की विफल कोशिश कर रहे थे। उनके शांति मिशन दोनों देशों के बीच की लड़ाई को टाल नहीं सके।

फील्ड मार्शल करिअप्पा जनता तथा सेना दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे। जनता के बीच उनकी लोकप्रियता का कारण जनता से उनका सतत संवाद था। आजाद भारत में सेना असैनिक तथा सामाजिक कार्यों को भी अपने हाथ में ले सकती है, यह उन्होंने साबित करके दिखाया। वैसे वे आंतरिक कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए सेना के बार-बार उपयोग के खिलाफ थे लेकिन शिक्षा का प्रचार प्रसार तथा अन्य सामाजिक कार्यों में सेना की सक्रियता के खिलाफ नहीं थे।

फील्ड मार्शल करिअप्पा व्यक्तिगत यात्राओं में सरकारी गाड़ियों के उपयोग के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने स्वयं कभी ऐसा नहीं किया। एक बार एक मेजर जनरल का कोर्ट मार्शल उन्होंने मात्र इसीलिए कर दिया उसने सेना की दरियों का दुरुपयोग किया था। आज जब भ्रष्टाचार को सामाजिक व्यवस्था का अभिन्न अंग मानने की भूल समाज का एक अभिजात तबका कर रहा है वैसे समय में स्वर्गीय करिअप्पा भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अच्छा उदाहरण बन सकते हैं।

फील्ड मार्शल करिअप्पा सेना में अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते थे। यही कारण है कि ब्रिटिश सेना में भी उन्होंने एक जिम्मेदार अधिकारी की भूमिका निभायी और आजादी के बाद भी उन्होंने एक राष्ट्रवादी सैनिक का उदाहरण पेश किया। सैनिकों को उनकी सलाह थी कि 'अच्छा मालिक बनने के पहले अच्छे सेवक बनों। यानी दूसरों को वही अनुशासित रख सकता है, जो स्वयं अनुशासन में रहना सीखे।

चन्द्रास्वामी के यज्ञ को लेकर तनातनी

वी.एन. दास

फैजाबाद, 15 मई।

चंद्रास्वामी के यज्ञ को लेकर, इसके समर्थक व विरोधी धर्माचार्यों के बीच जोर आजमाइश अब जोर पकड़ रही है। यज्ञ समर्थक धर्माचार्यों का प्रयास है कि सारे देश से महत्वपूर्ण धर्माचार्यों व साधु समाज की बड़ी जमात यहां इकट्ठा की जाये जबकि विरोधी विहिप कैंप के धर्माचार्यों का प्रयास है कि आम साधु समाज इस यज्ञ का बहिष्कार करे। उनका तर्क है कि सोम यज्ञ की असली मंशा राजनीति प्रेरित है। इसकी आड़ में धर्माचार्यों व हिन्दुओं को बांटने के प्रयास किये जा रहे हैं।

यज्ञ के समर्थक धर्माचार्य स्वामी सीताराम शरण दास जी महाराज (लक्ष्मण किलाधीश) इसी आंशय से बिहार के दौरे पर हैं। वे बिहार के प्रमुख मठों व मंदिरों के महंतों को यज्ञ में शामिल होने के लिए तैयार करेंगे। किलाधीश जी का बिहार के महंतों व साधु समाज पर अच्छा प्रभाव है। बताया गया कि नेपाल से भी कई धर्माचार्यों को बुलाया जा रहा है। उधर चंद्रास्वामी ने भी प्रमुख धर्माचार्यों को इकट्ठा करने की मुहिम तेज कर दी है। यज्ञ के आयोजकों का कहना है धर्माचार्यों को विभिन्न कोने से यहां लाने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। सात सौ बसों का इंतजाम इसी के लिए किया जा रहा है। आयोजक बसों की व्यवस्था पर ही 25 लाख रु. का बजट बना चुके हैं। बसें दक्षिण से लेकर उत्तर तक के प्रमुख धार्मिक स्थलों से महंतों व धर्माचार्यों को अयोध्या लाने के लिए आरक्षित की जायेंगी। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयाग आदि धर्मस्थलों से भी संतों को लाने की कोशिशें शुरू हो गयी हैं। विहिप विरोधी धर्माचार्यों को हर हाल में एकजुट करने की कोशिश की जा रही हैं।

इधर, अयोध्या में भी सभी मठों व मंदिरों के महंतों को यज्ञ का समर्थन करने के लिए मनाया जा रहा है। अंदरूनी तौर पर कांग्रेसी नेताओं की टीम भी इसमें योगदान कर रही है। पूर्वराज्यमंत्री सीताराम निषाद का जातीय मंदिरों पर अच्छा प्रभाव बताया जाता है। निषाद मंदिर, कर्मी मंदिर जैसे अन्य जातीय मंदिरों के पुजारियों व साधुओं को भी यज्ञ में शामिल करने की कोशिश वे कर रहे हैं। इधर, कांग्रेसी नेताओं से सम्पर्क रखने वाले व विहिप के विरोधी धर्माचार्यों को भी एकजुट करने की कोशिश हो रही है। विहिप विरोधी राजनैतिक दलों के लोग भी यज्ञ के आयोजन में खासी भागीदारी निभा रहे हैं, जिसमें बसपा नेता फूलचंद यादव प्रमुख हैं।

बताया गया कि यज्ञ के आयोजन में एक करोड़ के आसपास धनराशि व्यय होगी। प्रचार पर ही 4 लाख के कम का अनुमान लगाया गया है। इसी प्रकार आवासीय व पंडाल व्यवस्था पर 15 लाख रु. व्यय का आकलन किया गया है।

नकली बंदूक पकड़ ली

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनका कहना है कि सुरक्षाकर्मी बहुत दबाव में रहते हैं। उन्हें लगभग 600 व्यक्तियों की प्रतिदिन जांच करनी पड़ती है। 'फ्रिस्किंग' में प्रत्येक व्यक्ति के साथ दो बार ऊपर-नीचे होना पड़ता है। इसके अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की संख्या में भारी कमी है। एयर बस टर्मिनल बनाये जाने के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 1984 में 432 सुरक्षाकर्मियों का अतिरिक्त बल मांगा था लेकिन उसमें से अभी हाल में केवल 124 पद स्वीकृत किये गये। वे भी रातों-रात मिलने संभव नहीं हैं।

दिल्ली पुलिस के इस वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार हवाई अड्डे पर सुरक्षा के लिए आवश्यक कुल सुरक्षाकर्मियों की तुलना में इस समय 30 प्रतिशत सुरक्षाकर्मी कम हैं। एक्सरे स्क्रीनिंग की 13 में से केवल सात यूनिट काम कर रही हैं जिनमें से तीन घरेलू उड़ान परिसर में और चार अंतरराष्ट्रीय उड़ान परिसर में हैं।

उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने के लिए विशेष उपकरणों के प्रस्ताव सरकार को भेजे हुए हैं लेकिन अब तक वे उपकरण नहीं मिले हैं जबकि अन्य देशों के हवाई अड्डों पर वे उपकरण काम कर रहे हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण शरीर के अंदर छिपी वस्तुओं की जांच के लिए 'बाडी स्कैनर' है। इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के लिए तीन 'बाडी स्कैनर' की मांग की गयी है। इसके अतिरिक्त 19 ऐसी वस्तुओं की सूची तैयार की गयी है। जिन्हें ले जाने के लिए विमान में चढ़ने से पहले विमानचालक को देना पड़ता है और 9 ऐसी वस्तुएं हैं जिन्हें ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। यात्रियों की सुविधा के लिए ये सूचियां काउंटरों पर भी रख दी गयी हैं।

जाली कागजात पर विदेश जाने के मामलों पर टिप्पणी करते हुए श्री डडवाल ने कहा कि लोग पासपोर्ट में फोटो बदल कर या वीजा में हेराफेरी कर विदेश जाने की कोशिश करते हैं। हवाई अड्डा थाने में दर्ज मामलों में 1991 में 536, 1992 में 567 और इस वर्ष के पहली तिमाही में 142 मामले पासपोर्ट व विदेश जाने के अन्य कागजात में हेराफेरी करने के मामले शामिल थे।

We Buy Used

Music System, Colour T.V., Camera, A.C., Fridge, Portable Generator, Cordless Phones, T.V. Games. All kinds of Electronics. Ph: 604567, 6482993.

दुकान उपलब्ध है

मेन निकॅलसन रोड कश्मीरी गेट, साइज 360 वर्गफुट, मोटर पार्ट्स व्यापारियों के लिए उपयुक्त। सम्पर्क करें: सुनील कुमार, फोन: 2916840, 2923630

• शानदार उपहार •

• P B NO. 115 MORBI-363 641 •

हर मौके के लिए,हर ...

मिले या लिखे

परामर्श का समय: सुबह 10 से 1 और शाम 5 से 7 तक रविवार सुबह 10 से 1 तक

ज्ञानवर्धक पुस्तक 'नवजीवन' मुफ्त मंगाये।

KIRYA

With profound grief we inform you that Kirya Ceremony of our beloved mother

SHRIMATI RAM PIARI CHOPRA

W/o Late Shri Mohan Lal Chopra (of Peshawar) has left for her heavenly abode on 4th May, 1993.

KIRYA CEREMONY will take place on Sunday the 16th May, 1993 between 5.00 P.M. to 6.00 P.M. at **SHRI SANATAN DHARAM SABHA, LAL MANDIR,** East Patel Nagar, New Delhi.

DEVI SAHAI CHARAN DASS ASSOCIATES
Katra Rathi, Nai Sarak, Delhi-6.
37, Rajindra Park, New Delhi.
Phones: 5713071-5785427

SHAM-ARUNA CHOPRA
PRABHA-RADHEY SHAM CHANDOK
SUJATA-SANJEEV BHASIN

के साथ 3200* कि.मी. मुफ्त

दिल्ली** में 16 मई से 30 जून तक, कभी भी, हीरो होन्डा खरीदिए और 3200* किलोमीटर तक पेट्रोल का ख़र्च भूल जाइए.

पुल्स पार्टी के सूत्रों ने बताया कि उनके डाक्टर ने की जांच करवाने की सलाह दी है। पित्ताशय की भुट्टो को पिछले कुछ समय से काफी दर्द हो रहा ई सप्ताह भर तक ही रहेंगी लेकिन आपरेशन होने य तक भी रुक सकती हैं। परिवार के सूत्रों के ने यह भी जानकारी दी है कि सुश्री भुट्टो को तक एक और संतान की प्राप्ति की उम्मीद है। बेटी बख्तावर की माँ हैं।

का आदेश ठुकराया

की सरकार ने कहा है कि पूर्व जर्मनी के पूर्व को जर्मन की एक अदालत में उपस्थित करने का ावी नहीं होता है और न ही बीमार होनेकर इसे िन की अदालत ने 8 फरवरी को एक मामले में आदेश दिया है। चिली के गृह मंत्री एनरिक क्राउस का अनुरोध चिली के कानूनों के अनुरूप नहीं है नहीं है।

में समलैंगिकों की भर्ती

का के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने आज यह आदेश की भर्ती के समय उनसे उनकी यौन प्राथमिकता समलैंगिकों को नौकरी से निकाला जाये। श्री बिल अंतिम आदेश 15 जुलाई तक जारी करने का टन के इस आदेश से उनके और सीनेट के कुछ कुछ कम हुआ है। सीनेट के कुछ सदस्य और क्लिंटन द्वारा सेना में समलैंगिकों की भर्ती पर निर्णय का विरोध कर रहे थे। श्री क्लिंटन के सेवा समिति के अध्यक्ष डेमोक्रेटिव सीनेटर सैन ध्यक्ष जनरल कॉलिन परवेल ने स्वागत किया है। रिपब्लिकन पार्टी के सभी सदस्य खुश नहीं हैं।

के जुर्म में पिता को सजा

ाफ): पांच साल की बेटी लीसा को शैतान े पिता को सुप्रीम कोर्ट ने 30 वर्ष की कैद की माकोस मॉरेल्स और उसकी पत्नी 57 वर्षीय ी पांच वर्षीय बेटी लीसा को नहाने के टब में इनके वकील ने सुनवाई के दौरान बताया कि को सीढ़ियों से गिरा देने पर ये लोग मानने लगे में है। इन लोगों ने लीसा को स्नानघर में बिना ंगे रखा और अंत में नवंबर 1978 में उसकी शव प्राप्त नहीं हो सका। लीसा की बड़ी बहन ाया कि माँ बाप ने लड़की का शव मेक्सिको ले र दफना दिया।

में क्षेत्रीय बैठक होगी

शांत क्षेत्र के देशों में सुरक्षा और विश्वास की ाए नेपाल में 1 फरवरी से तीन दिवसीय क्षेत्रीय ायेगी। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय र विचार विमर्श किया जायेगा। इस बैठक का क निरस्त्रीकरण मामलों से सम्बद्ध विभाग के केन्द्र द्वारा किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय और निरंतर हो रहे परिवर्तनों के मद्देनजर इस बैठक में राजनीतिक, सैनिक समस्याओं और चुनौतियों । एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र के आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस बैठक में और अनुसंधान संस्थाओं तथा सरकारी और गैर ब चालीस प्रतिनिधि भाग लेंगे।

का पाठ

शिव सेना पर प्रतिबंध विचाराधीन

बंबई, 30 जनवरी (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री एस.बी. चव्हाण ने आज फिर कहा कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाये जाने के संदर्भ में शिव सेना पर प्रतिबंध लगाने पर केन्द्र विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री सुधाकर राव नाईक से वह इस सम्बन्ध में चर्चा करेंगे।

पत्रकारों से बातचीत में आज यहां श्री चव्हाण ने कहा कि शिव सेना प्रमुख बाल ठाकरे खुलेआम यह दावा कर रहे हैं कि 'मेरे लोगों ने इसे (बाबरी मस्जिद ढांचा) ढहाया है और मुझे उन पर गर्व है।' उन्होंने यह भी कहा है कि शिव सेना अब केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं रहेगी।

श्री चव्हाण ने कहा: शिवसेना और विश्व हिन्दू परिषद दोनों ही बाबरी मस्जिद ढहाने का अपना-अपना दावा कर रही हैं। केंद्र और महाराष्ट्र सरकार द्वारा शिवसेना को गैर कानूनी घोषित किये जाने संबंधी एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि वह श्री नाईक से बात करेंगे।

यह पूछे जाने पर कि आर.एस.एस. पर प्रतिबंध के बावजूद उसकी गतिविधियां जारी हैं, इस बारे में केंद्र का क्या रुख है, श्री चव्हाण ने कहा: यह बात उनकी जानकारी में आयी है। हमने उन्हें अनुच्छेद 153 (अ) के तहत गिरफ्तार किया है। लेकिन यह अनुच्छेद उतना प्रभावी नहीं है। हमें और कड़े प्रावधान करने होंगे।

बंबई में दो बार दंगे भड़कने के बारे में पूछे जाने पर श्री चव्हाण ने कहा कि ये अलग-अलग कारणों से हुए थे। उन्होंने पहली बार के दंगों को अयोध्या से सम्बद्ध बताया, लेकिन दूसरी बार के दंगों के बारे में कोई कारण बताने से इनकार कर दिया क्योंकि इस बारे में न्यायिक जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि वह अभी नहीं कह सकते कि इन दंगों में 'विदेशी हाथ' था या नहीं।

पुलिस आयुक्त श्री बापट के स्थानांतरण के बारे में श्री चव्हाण ने कहा: वे अफसर हैं और उन्हें कभी भी स्थानांतरित किया जा सकता है।

चव्हाण ने आज यहाँ कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेतृत्व में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

कृष्णमूर्ति के मामले की बहुविभागीय जांच की मांग

नयी दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। प्रतिभूति घोटालों की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति के एक माकपा सदस्य ने मांग की है कि योजना आयोग के पूर्व सदस्य बी.कृष्णामूर्ति और उनके रिश्तेदारों द्वारा नाजायज तरीकों से दस करोड़ डालर से भी अधिक धन हासिल करने के कथित आरोपों की बहुविभागीय उच्च स्तरीय जांच करायी जाये।

माकपा सदस्य गुरुदास गुप्त ने प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिंह राव को लिखे एक पत्र में कहा है कि जांच की तत्काल आवश्यकता है क्योंकि सबूतों को नष्ट करने और सबूतों के साथ सामने आनेवाले व्यक्तियों पर प्रभाव डालने की कोशिशें की जा रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया है कि हाल में ही एक व्यक्ति को 50 हजार डालर की रिश्वत देने की पेशकश की गयी थी जिसमें कि वह कृष्णामूर्ति और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ कोई भी सूचना मुहैया न करा सके। श्री दास गुप्त ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि कृष्णामूर्ति द्वारा असाधारण किस्म की अनियमितताएं बरती गयीं हैं। उन्होंने पत्र की एक प्रति संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष राम निवास मिर्धा को भी भेजी है।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसे व्यक्ति द्वारा असामान्य रूप से सरकारी पदों के दुरुपयोग का मामला है जो बड़े व्यवस्थित ढंग से प्रशासन में अधिक से अधिक अधिकार और प्रभाव हासिल करने में कामयाब रहा।

महिला के बयान से मुकरने से मामला उलझा

मंदसौर (एजेंसी)। मंदसौर जिले की

संयुक्त राष्ट्र वैज्ञानिक समिति की बैठक कल से

विशेष संवाददाता

नयी दिल्ली, 30 जनवरी।

प्राकृतिक विपदाओं में कमी के लिए अंतरराष्ट्रीय दशक (1990-2000 ई.) के अवसर पर भारत में 1 से 5 फरवरी तक संयुक्त राष्ट्र की वैज्ञानिक एवं तकनीकी समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने यह बैठक बुलायी है।

इस बैठक में प्राकृतिक विपदाओं में कमी के कार्यक्रमों के आर्थिक पहलुओं, एशियाई देशों में अकाल की समस्या से जूझने की तैयारी और दुनिया के विभिन्न देशों के हाल के भयंकर प्राकृतिक विपदाओं के अनुभवों पर विचार किया जायेगा।

संयुक्त राष्ट्र ने प्राकृतिक विपदाओं में कमी के कार्यक्रमों पर दुनिया भर का ध्यान केन्द्रित करने के लिए 1990-2000 ई. की अंतरराष्ट्रीय दशक घोषित किया है। प्राकृतिक विपदाओं की गंभीरता का अनुमान प्रमुख प्राकृतिक विपदाओं में 162,000 लोगों की जान जा चुकी है। 1989 में संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में इस सम्बन्ध में 24 सदस्यीय समिति गठित की गयी है।

दिल्ली की बैठक में प्राकृतिक विपदाओं में कमी के अब तक के कार्यक्रमों की समीक्षा की जायेगी। राष्ट्रीय प्राथमिकताएं तय की जाएंगी। प्राकृतिक विपदाओं में सूखा, भूकम्प, बाढ़ और

कार्यक्रमों की जगह अब प्राकृतिक विपदाओं पर नियंत्रण पर ध्यान दिया जा रहा है।

वैज्ञानिक एवं तकनीकी समिति प्राकृतिक विपदाओं के आर्थिक प्रभावों के मूल्यांकन पर भी जोर दे रही है।

प्राकृतिक विपदाओं में कमी के कार्यक्रमों पर विचार के लिए 1994 में जापान में अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है।

उठावनी

श्रीमती कुसुमलता जैन धर्मपत्नी श्री आनन्द कुमार जैन का स्वर्गवास 30-1-93 को प्रातः 6 बजे हो गया है। उठावनी रविवार 31-1-93 को प्रातः 10 बजे जैन बालाश्रम, दरियागंज, नयी दिल्ली में होगी।

-आनन्द ट्रेडर्स,
1/11-बी, आसफ अली रोड,
नई दिल्ली, फोन: 734569

आनन्द कुमार जैन (पति), प्रमोद कुमार जैन (देवर), संजय जैन (पुत्र), मनीष जैन (भतीजा), श्लोक (पौत्र), फोन नं.: 6425941, 6469454

UNITED AUTOMOBILES / DELHI /

आज ही
सुपर, चेतक, सन्नी
या कावासाकी
खरीदें
(आसान किस्तों पर)*

रविवार खुला है

■ तुरन्त डिलिवरी
■ सभी रंगों में उपलब्ध

	COST	LOAN Amount	12 Months	24 Months	36 Months
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
CHETAK	19,601/-	15,000/-	1469/-	844/-	636/-
SUPER	18,756/-	14,000/-	1371/-	788/-	593/-
KB-4S	33,147/-	28,000/-	2742/-	1575/-	1186/-
SUNNY	10,878/-	8,000/-	783/-	450/-	339/-

UNITED AUTOMOBILES
DELHI / TRUST COMMITMENT CARE

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परिदृश्य

माघ मेला के बहाने

विद्यानिवास मिश्र

प्रयाग के माघ मेले में आज 40 वर्षों से मैं प्रतिवर्ष एक दिन, दो दिन या तीन के लिए जैसा समय मिले, अवश्य जाता हूँ। एक तरह का कोई आकर्षण वहां पर खींच लेता है। कई बार एक प्रश्न का उत्तर पाना चाहता हूँ कि यह कौन-सा आकर्षण है और मुझे किसी उत्तर से पूर्ण सन्तोष नहीं होता, इसीलिए बार-बार जाता हूँ। वैसे तो हर देश में, हर मजहब में जियारत के लिए यात्रा या तीर्थयात्रा का विधान है। पर नदी को तीर्थ के रूप में देखने वाले देश या मत या लोग जितने उत्साह से हिन्दुस्तान में दिखायी पड़ते हैं, उतने कहीं अन्यत्र नहीं। झरनों को, पहाड़ों को पवित्रता का एक अधिष्ठान मानने वाले लोगों के नदी या नदियों के संगम को बड़े तीर्थ के रूप में देखने के पीछे भाव कुछ होना चाहिए, जो यहां की संस्कृति से और यहाँ की प्रकृति से निरन्तर बल पाता रहा होगा। क्या मैं एक पुरातन और सदा नवीन होने वाले प्रवाह से आकृष्ट होता हूँ जो प्रवाह हमारे जीवन की निरन्तरता का साकार रूप है। क्या मैं केवल शास्त्रों के वचनों से प्रेरित होता हूँ कि माघ में संगम में डुबकी लगाना चाहिए, क्या मैं किसी सत्संग के आकर्षण से जाता हूँ, क्योंकि वहाँ संगम तीर्थराज के रूप में सन्त-समाज जुड़ते हैं और क्या मैं केवल भीड़ के सम्मोहन से आकृष्ट हो कर जाता हूँ? मुझे लगता है कि ये सब कारण भी होंगे, पर उतने बड़े कारण नहीं हैं, क्योंकि हर बार मुझे जो कुछ नया अनुभव होता है, वह इन प्रश्नों के उत्तर में समा नहीं पाता।

प्रयाग के माघ मेले को कुंभ का मेला कहते हैं। कुंभ का अर्थ जल से या रस से भरने वाला पात्र है और यह समुद्र मंथन से निकले हुए कुंभ का प्रतीक है। कहानी यह है कि जहाँ-जहाँ अमृत कुंभ लेकर भागते हुए मोहनीरूपी विष्णु ने अमृत कुंभ रखा, वहाँ उस क्षण को पुनर्जीवित करने के लिए कुंभ पर्व की परंपरा चल पड़ी। भारतवर्ष में प्रयाग के अलावा हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में 12-12 वर्ष पर कुंभ लगता है। यह कुंभ ज्ञान के और वाणी के देवता बृहस्पति के संचार के चक्र के अनुसार आवर्तित होता रहता है। इसको और स्पष्ट समझा जाये तो इसका अभिप्राय यही होगा कि समुद्र का मंथन वस्तुतः एक ऐसे दिव्य ज्ञान के लिए मंथन है, जो प्राप्त हो जाता है तो जीना सहज हो जाता है और मृत्यु का कोई भय नहीं रहता, जीवन में अदम्य विश्वास जाग जाता है। यही जीवन का अमरत्व है कि हम मरने से इनकार करें, मरने को अत्यन्त तुच्छ समझें, मरने के बाद भी जीवन की निरन्तरता सूक्ष्म रूप में देखें और मानें कि वस्तुतः जीवन एक पिण्ड में ही समाहित नहीं है, वह अनेक पिण्डों में व्याप्त है। इन पिण्डों को एक करने वाले सूत्र को पहचान लें, यही अमरता का अनुभव है और यही अमृत कुंभ के रूप में रूपायित होता है। तर्कबुद्धि जिनके पास विशेष है, वे इस मेले को हँसकर उड़ा देते हैं, कुछ लोग तो खीझते भी हैं कि यह क्या तमाशा होता है। कितने मानव घंटों का नुकसान होता है, व्यवस्था में कितनी परेशानी होती है। लोग अन्धे हैं कि बस झुंड के झुंड दूर-दूर से चले आ रहे हैं, अपनी गठरी-मठरी लिए हुए। उन्हें न बर्फ की तरह ठंडी बालू की चिन्ता होती है न माघ के ओस से भीगी रात की न किसी अच्छे रेस्तरां की। अधिकतर लोग अपने खाने की बनी-बनायी सामग्री साथ लाते हैं। नहाते हैं, कुछ पाते हैं और अधिकतर उसमें से वहीं किसी को देकर के घर लौट जाते हैं। जितनी गठरी खाली होती है, उतना ही वे भीतर से भरते जाते हैं। उनमें से किसी के चेहरे पर भीड़ की कोई खीज, ठंड का कोई कष्ट या यात्रा की किसी असुविधा का कोई भाव नहीं दिखायी पड़ता। एक चरम उत्कंठा जाते समय और एक चरम तृप्ति लौटते समय। यह सही है कि वहाँ दुकानें लगती हैं, सरकार की व्यवस्था से अपने-अपने प्रकार की जिन्सों की दुकानें लगती हैं। खाने-पीने की जिन्स, धार्मिक पुस्तकें, सिन्दूर, बिन्दी, चूड़ी की दुकानें, फूलमाला की दुकानें और विभिन्न प्रकार के सूचनात्मक प्रचार की दुकानें। इन्हीं दुकानों का एक परिष्कृत रूप समाज सुधार, धर्मोपदेश या सांस्कृतिक गोष्ठियों की दुकानें भी लगती हैं। पर इन दुकानों को लोग एक गुजरते हुए दृश्य, एक पसिंग शो के रूप में लेते हैं, क्योंकि जो आते हैं, उनका मेले की दुकानदारी से अपनी जरूरत भर का सम्बन्ध रहता है। धर्म के लिए उनके पास अपनी पोथी होती है, अपनी जपमाला होती है, बहुतों के पास अपना ठाकुर भी होता है और जो महीने भर का कल्पवास करते हैं, वे अपने शिविरों में कोई न कोई पारायण भी अवश्य सुनते हैं। वहीं होम भी करते हैं। उनको किसी संस्था की आवश्यकता नहीं है। उनकी कोई संस्था उनको बुलाती नहीं, उनके आने के कारण बहुत-सी संस्थाएं चलती हैं जरूर। पर वे स्वयं अपने आप में संस्था है।

यही बात मुझे सबसे अधिक आकृष्ट करती है कि एक ऐसा हिन्दुस्तान ही है जो देश और काल को निचोड़ करके एक महीने को कल्प मान लेता है और गंगा-यमुना-सरस्वती की त्रिवेणी को ज्योति के प्रसार का केन्द्र मान लेता है। जब ये इस प्रकार की स्थिति में पहले तो सामान्य हो जाते हैं, उसमें देशकाल से प्राप्त कोई विशेषता नहीं रह जाती है, वह जमीन पर धान के पुआल पर सोयेगा, कुटिया में रहेगा, ठंडी हवा झेलेगा, दो समय गंगा-स्नान करेगा, भजन करेगा, गायेगा, कभी-कभी मेला भी घूम आयेगा। अपने देश काल में प्रवेश करने के लिए यहां के कुछ स्मृतिचिह्न प्रसाद के रूप में ले जायेगा। अपने भीतर जितना गंगाजल भरेगा। एक से अधिक पात्रों में गंगाजल भर कर ले जायेगा और उन-उन को देगा, जिनके यहां गंगाजल चुक गया है। एक तरह से उनको भी भरेगा। यह सब किसलिए, केवल शास्त्रों के वचन के पालन के लिए, केवल लोक में प्रतिष्ठा के लिए? ऐसा होता तो एक से एक वृद्ध और रोगी भी यहां माघ में आने के लिए इतने उत्कंठित नहीं होते। बहुत से लोग केवल इसीलिए आते हैं कि उनके जीवन का एक नियम बन गया है। जीवन का नियम अपने भीतर की शक्ति से ही बनता है। किसी की घोषणा से नहीं बनता, किसी विधान से नहीं बनता और प्रज्ञा-सम्पन्न लोग इस प्रकार के बाह्य धर्माचरण को बहुत छोटा और तुच्छ भले ही मानते हों और वे केवल अन्दर के साईं में ही और अपने विवेक को ही सबसे बड़ा परमार्थ भले ही मानते हों, पर वे यह भूल जाते हैं कि पेड़ जंगल नहीं है और जंगल पेड़ों का समूह नहीं है। वह भी है पर उसके साथ हजारों चिड़ियों की चहचाहट है, अनेक प्रकार के जीवों की तरह-तरह की पुकार है, अनेक प्रकार की गन्ध से लदी हुई हवाओं का तरह-तरह का मर्मर है, धूप और चांदनी की छनकर आने वाले अनेक आकृतियों का चित्राकार भी है। उसको अनदेखा करके एक भाव को ही सर्वभाव मान लेना, चाहे वह भाव एकेश्वरवाद का हो, चाहे वह भाव बुद्धिवाद का हो, एक तरह की संकीर्णता है। जब आदमी को इन असंख्य मेला यात्रियों के चेहरे के आयनों में नहीं देख सकता, जब नहाते समय असंख्य मनों की पवित्रता को नहीं परख सकता और असंख्य लोगों की तृप्तियों में अपनी तृप्ति का एक आयाम नहीं पा सकता तो निश्चय ही वह अभागा है। कालिदास ने कहा था— उससे भी पहले ऋग्वेद के दसवें मंडल में भी यही आता है कि गंगा-यमुना के संगम पर स्नान करने से शरीर का बन्धन नहीं रहता। सतही तौर पर तो इसका अर्थ यही है कि आवागमन से मुक्ति हो जाये, बार-बार शरीर धारण करने से मुक्ति हो जाये, पर यह अर्थ तो छोटा अर्थ है। इससे गहरा और बड़ा अर्थ यह है कि शरीर की सीमाओं से मुक्ति हो जाती है और शरीर की सीमाएं हैं, जिस कुल में शरीर पैदा होता है, उस कुल से जुड़ना, जिस गाँव में पैदा होते हैं, उस स्थिति से जुड़ना, अपनी अर्जित विद्या से, अपने अर्जित अध्ययन से, अपनी अर्जित प्रतिष्ठा से जुड़ना। यहाँ आकर के, यहाँ स्नान करके, एक क्षण के लिए ही सही, एक क्षण के लिए यह अवश्य ही घटित होता है। ये सब लोग छूट जाते हैं, केवल शरीर के भीतर एक भाव रह जाता है जो गंगा-यमुना से एकाकार तो होता ही है, वह एक क्षण के लिए समस्त सृष्टि की पवित्रता और पवित्र करने की क्षमता बन जाता है।



संगम के किनारे

मैं जब विश्वविद्यालयों में पढ़ता था तो चपल छात्र की हैसियत से उपदेश देने वाले प्रचारकों से छेड़खानी जरूर करता था चाहे वे ईसाई धर्म का उपदेश दे रहे हों, चाहे किसी हिन्दू मत का उपदेश दे रहे हों इतने बड़े उल्लास के उछाल में वह उपदेश मुझे झाग की तरह लगता था। कभी-कभी जरूर ऐसी विभूतियों के दर्शन हो जाते थे, जिन्हें कुछ लेना-देना नहीं था, जो बस अभ्यासवश धूनी रमाने माघ में चले आते थे। अब इस उद्देश्य से सन्त साधना शुरू हुई, उसमें संगठन कोई उद्देश्य नहीं था, संगठन तो नहीं ही था, क्योंकि साधु न चले जमात। हमारे यहाँ साधना एकाकी ही होती है और एकान्त साधक तीर्थ में आता है जरूर, क्योंकि तीर्थों में एक विशेष स्पन्दन होता है और वह स्पन्दन अनन्त काल से अनन्त लोगों की पवित्र अनुभूति के वहाँ अपूर्व ऊर्जा में परिवर्तित होने के कारण होता है। साधना प्रक्रिया होती है और प्रक्रिया का अभिप्राय समझने के लिए सामान्य जन की शुचिता के साथ, सामान्य जन के भावित मन के साथ, साधना का जुड़ना बीच-बीच में आवश्यक होता है। नहीं तो साधना भी अहंकार की रचना करने लगती है। साधक सन्त इसी उद्देश्य से आते हैं। वहाँ कुछ देने नहीं, पाने आते हैं। रामचरितमानस में तुलसी दास ने मानस स्थली को ही रामकथा पारायण का बड़ा स्थल बताया है, जहाँ मार्ग में आये याज्ञवल्क्य से प्रश्नोत्तर के रूप में भारद्वाज ने रामकथा सुनी। यह भूमिका देने का तात्पर्य ही गोस्वामी जी का यह कि राम कथा सही जिज्ञासा से समझ में आती है और जब समझ में आती है, तब समझने वाला स्वयं अकिंचन बनकर के, एक बड़े समुदाय का सामान्य जन बन करके, हिलोर लेने वाले समुद्र की एक बूँद बनकर के और असंख्य-असंख्य तीर्थयात्रियों के चरणों की एक रज बनकर के आये और उस राम के सम्बन्ध में जिज्ञासा का उत्तर दें।

याज्ञवल्क्य राम कथा कहने नहीं आये थे, वे तीर्थराज में नहाने आये थे और आये होंगे, तो वैसे ही कष्ट से आये होंगे, जिस कष्ट से तीस-चालीस वर्ष पहले तक लोग आते थे और कष्ट को कष्ट नहीं मानाते थे। वे इस इच्छा से आये होंगे कि हमारे द्वारा प्राप्त ज्ञान की एक बहुत बड़ी कसौटी है और वह कसौटी है एक जीवन्त धारा और उसकी एक-एक हिलोर। क्या हमारे ज्ञान में वह क्षमता है, जो उस हिलोर को अपने में भर सके, ज्ञान को भाव बना सके। ऐसे याज्ञवल्क्य ने राम की कथा और इस रूप में नहीं कही कि वे अपनी रचना सुना रहे हैं। इस रूप में कही कि उन्हें अगस्त्य ऋषि से मिली थी और फिर परम्परा का वर्णन करते हुए कहा कि पार्वती को सबसे पहले शिव से मिली थी। ऐसी पार्वती को जो प्रमाद करके शिव के द्वारा परित्यक्त हुई, अपने पिता के यहां अपमानित हुई और जिसने अपना उत्सर्ग कर दिया एक अशिव यज्ञ के व्यापार को विध्वस्त करने के लिए। ऐसी पार्वती ने सुनी, जिसने प्रचंड तप किया और शिव को तप से वशीभूत कर लिया। इसी प्रसंग में एक लोककथा है कि पार्वती ने शिव से कहा कि हम भी प्रयाग चलें। शिव पार्वती को लेकर के चले। शिव के मुँह से निकला कि ये जितनी भीड़ जा रही है, उसमें कोई भी तीर्थयात्री नहीं दिखता। पार्वती ने कहा कि मैं नहीं मानती। प्रमाणित करो। शिव कोढ़ी बनकर बैठ गये और रिरियाने लगे: कोई हमको भी प्रयाग तक ले चलो। हर आदमी उपेक्षा करके चला जाता था। एक आदमी आया और उसने कहा कि मैं तुम्हें अपने कंधे पर बैठाकर ले चलूँगा। पार्वती को दृष्टि मिल गयी कि तीर्थयात्रा का भाव क्या होता है। यह कहानी प्रयाग माहात्म्य में इसलिए दी गयी है कि इसको पढ़कर के जो जाये इस भाव से भरकर जाये कि तीर्थयात्रा अकेले की नहीं है, सब की है, सबकी ओर से है। गाँव में लोग तीर्थ के लिए चलते थे, तो घर-घर से अक्षत आते थे कि ये अक्षत भी हमारी ओर से ले जाओ और पूरा गाँव उन अक्षतों के माध्यम से तीर्थ करता था। इसीलिए जब कोई पैदल तीर्थयात्रा करके आता था तो उसके पैर पखराने पूरा गावँ जुट जाता था। पर रामकथा की दृष्टि से यह तो प्रसंगान्तर हुआ कि राम स्वयं तीर्थयात्री हैं। प्रयाग से ही उनकी असली तीर्थयात्रा शुरू होती है और इसके लिए ऐसे राम का स्मरण जो राजा न होते हुए भी राजाओं का राजा है, जो राजा है, शक्ति-सम्पन्न होते हुए भी सामान्य जन की सहायता के अपेक्षी हैं, ऐसे राम की कथा से जुड़ा हुआ प्रयाग और यह बात उन असंख्य लोकगीतों में मुखरित होती है, जिनमें मेले के लिए आते समय राम के वनवास का स्मरण बार-बार किया जाता है, अयोध्या के राम के बिना अयोध्या की उदासी का स्मरण किया जाता है। राम के बिना एक विराट सूनेपन की भावना की जाती है और राम की यात्रा का स्मरण करने से अपनी तीर्थयात्रा की सार्थकता जुड़ जाती है। राम के साथ चलना, राम के चले हुए रास्ते पर चलना, राम के चरणों के स्पर्श से फूल बने कांटों पर चलना, बजरी पर चलना ऐसा लगता है जैसे पंखों के बल पर आकाश में हम तिरते जा रहे हैं। यह उल्लास अन्धविश्वास का उल्लास नहीं है। यह उल्लास एक बहुत बड़े धार्मिक भाव का उल्लास है। कोई उल्लास हमारी समझ में नहीं आता तो हमारा ही कुछ दोष होगा।

हम मनुष्य के अभ्युदय को जिन पैमानों से तोलते हैं, वह पैमाना उस उल्लास को तोल नहीं सकता। अगर हम तोलते हैं तो निश्चय ही हमारी दृष्टि इस देश की जनता के प्रति कुछ दूसरी ही होती। हम अपने को अपरिमित ऊर्जा वाली नदियों को खींच ले जाने वाली गंगा से जोड़ते और पाते कि खींच ले जाने की यह शक्ति बड़े प्यार और अपनाव से आती है और साथ ही साथ आती है असंख्य लोगों के साथ जुड़ाव से। गंगा की धारा तप का पिघला हुआ रूप है, ज्ञान का निखरा हुआ पानी है, श्रद्धा का आवेग है।

माघ मेले में जाता हूँ तो यह सब खोजने जाता हूँ और नये तकनीकी युग की कृपा से एक ओर ध्वनिविस्तारकों पर खोये हुए लोगों की सूचना सुनता हूँ, तो बालसुलभ हँसी आती है, दूसरी ओर मन में आता है कि यह खोना ही तो पाना है। इतने लोग खोते हैं और इतन लोग उन्हें पाने के लिए पुकार लगाते हैं। इसको सुनना ही अपने आप में सबसे बड़ी उपलब्धि है। जब वहाँ आयोजित भाषण दूर से सुनता हूँ, तो हँसी आती है कि किनको ये लोग सम्बोधित कर रहे हैं। वे नहीं जानते कि ये जो आये हुए हैं, वे मतदान करने वाले नागरिक नहीं हैं, मतदान के अधिकार को भूलकर आये हुए किसी बेसुधी में खोये हुए नागरिक हैं। मुझे दया आती है ऐसे लोगों पर, जो इस विशाल मानव महासागर में से घोंघे निकालने के लिए इतनी मेहनत कर रहे हैं। वे न तो डुबकी लगाने के लिए तैयार हैं कि मोती मिले, न चुपचाप इस सागर की हिलोर देखते हुए इसमें खोने को तैयार हैं कि उसकी संस्था का अधिपति होना उसकी देह से अलग हो जाये। माघ मेले में जाना इन सब बातों की सुधियों में जाना है और इसीलिए माघ मेले का हर स्नान एक नया जन्म है एक नये संस्कार का।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उधार वापस मांगा तो गोली मार दी

नभाटा समाचार

गाजियाबाद, 15 जुलाई। गाजियाबाद जिले के गांव नली हुसैनपुर में विजय सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। रिपोर्ट में इसी गांव के रवीन्द्र कुमार को नामजद कराया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रवीन्द्र कुमार ने विजय सिंह से एक हजार रुपये उधार ले रखे थे। वह रुपये वापस करने में आनाकानी करता रहा। विजय सिंह लगातार रवीन्द्र कुमार पर दबाव डाल रहा था। इसी बात से नाराज होकर विजय, रवीन्द्र की हत्या करके फरार हो गया। इस घटना के बाद से गांव में दहशत व्याप्त है। पुलिस ने अभियुक्त की तलाश में अनेक जगह छापे मारे हैं। पुलिस इस वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद नहीं कर सकी है।

एकाउंटेंट की हत्या : शाहदरा निवासी एकाउंटेंट अनिल कुमार की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी। पुलिस ने उसका शव नेहरूनगर स्थित एक मकान से बरामद किया है। शव से दुर्गन्ध उठने पर पड़ोस के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी।

पुलिस का कहना है कि अनिल मित्तल ने नेहरूनगर तृतीय में एक वकील के मकान नंबर एच 42/3 किराये पर ले रखा था। अनिल इस मकान में आकर अकेला रहता था। तीन दिन पहले उसने अपने परिवारजनों से फोन पर बातचीत की थी। उसके बाद से अनिल का कुछ पता नहीं चला था। अनिल के परिवार वालों ने भी उसके बारे में कुछ पता लगाने का प्रयास नहीं किया। अनिल का शव फर्श पर पड़ा मिला है। उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अपहर्ता ने धमकी दी : बालक शील गर्ग का अपहरण करके उसकी हत्या के आरोप में जेल में बंद नरेन्द्र उर्फ बिल्ला ने विनोद गर्ग को गवाही देने पर हत्या करने की धमकी दी है। इसको मद्देनजर रखते हुए अदालत ने पुलिस को आदेश दिया है कि विनोद गर्ग की सुरक्षा का प्रबंध किया जाये। विनोद गर्ग शील गर्ग के पिता हैं। शील गर्ग उनका इकलौता बेटा था।

उल्लेखनीय है कि बालक शील गर्ग की हत्या करने के बाद भी फिरौती के रूप में उसके परिवार वालों से पांच लाख रुपये वसूल लिये थे। नरेन्द्र बिल्ला और उसका भाई इस अभियोग में लगभग डेढ़ वर्ष से जेल में ही हैं। बिल्ला का विनोद गर्ग के घर काफी आना जाना था। गर्ग परिवार ठेकेदारी का काम देकर बिल्ला की मदद करता था।

व्यवसाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन

नोएडा, 15 जुलाई (नस)। उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम ने नयी दिल्ली की फ्रेंड्स कालोनी में व्यवसाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम 18 तथा 19 जुलाई को होगा। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थापित वर्तमान तथा भावी इकाइयों के प्रस्तावों पर विचार करके ऋण स्वीकृति हेतु पंजीकरण किया जायेगा। इसकी अध्यक्षता निगम के प्रबन्ध निदेशक श्री रविमोहन सेठी करेंगे।

उत्तर प्रदेश वित्त निगम के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में पंजीकरण के लिए 40 उद्यमियों ने कुल पन्द्रह करोड़ रुपये ऋण राशि लेने के लिए निगम को अपने आवेदन सहित सम्पर्क किया है। प्रबन्ध निदेशक ने शीघ्र ऋण स्वीकृत तथा वितरण के निर्देश दिये हैं।

सड़क दुर्घटनाओं में बच्चे सहित दो की मृत्यु

नयी दिल्ली, 15 जुलाई (नस)। यमुनापार में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बच्चे सहित दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये। घायलों को स्वामी दयानंद अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार दस वर्षीय पिंकू को कल कोंडली में किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

दूसरी दुर्घटना आनंद विहार क्षेत्र में आज तड़के महाराजपुर चैक पोस्ट के समीप हुई। दो भैंसा बुग्गियों में पाइप लदा हुआ था। उ.प्र. रोडवेज की बस ने आगे निकलने का प्रयास किया तो बस एक बुग्गी से टकराकर पलट गयी। बस चालक भगवान सिंह बस के नीचे ही दब गया।

बिजली संकट बढ़ा

नगर संवाददाता

नयी दिल्ली, 15 जुलाई। दिल्ली के कई क्षेत्रों में बिजली का संकट आज भी जारी रहा। जानकारों का कहना है कि दिल्ली में बिजली का संकट गहराता जा रहा है।

कांग्रेस नेता मदनलाल पाहवा ने बताया कि मानक विहार, अशोक नगर, तिहाड़ गांव फतह नगर, एस.एफ. माया एन्क्लेव एवं जी-8 क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति न होने के कारण लोग अत्यंत परेशान हैं।

पूर्वी दिल्ली के भोलानाथ नगर एवं विश्वासनगर में बिजली कई दिनों तक गायब रही। स्थानीय अधिकारी यह बताने के लिये तैयार ही नहीं हैं कि लगातार दो दिन तक बिजली न आने के क्या कारण हैं।

पानी में मल आ रहा है : हस्तसाल गांव के कुछ हिस्सों में पानी के साथ मल आ रहा है। दूषित पानी के कारण यहां स्वास्थ्य को खतरा हो गया है। स्थानीय निवासी रमेश गोतम ने बताया कि इसकी शिकायत स्थानीय अधिकारियों से की गयी है।

उन्होंने बताया कि यहां पानी के पाइप की लाइन सीवर से मिल गयी है। इससे सीवर का पानी पीने के पानी में मिल कर आ रहा है। स्थानीय किसान मजदूर संगठन ने सरकार से अपील की है कि लोगों को स्वच्छ पानी की व्यवस्था करे।

यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या

नयी दिल्ली, 15 जुलाई (नस)। शकरपुर निवासी 22 वर्षीय मनोज कुमार ने आई.टी.ओ. पुल से यमुना में कूद कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। देर रात तक उसका शव बरामद नहीं हुआ था।

मनोज एडवोकेट एस.एस. भल्ला का ड्राइवर था।

आज शाम वह श्री भल्ला की लड़की को कार में कहीं ले जा रहा था कि अचानक आई.टी.ओ. पुल पर कार रोक दी। लघु शंका के बहाने वह कार से उतरा और यमुना में छलांग लगा दी। मनोज के पिता का कहना है कि उसे लॉटरी खेलने की बुरी आदत थी, जिसके कारण कई लोगों से कर्ज ले रखा था।

B.Ed
Forms being sent
Ph.: 6882835
X.XII.B.A./B.COM (one sitting)
South Delhi Public College
39, Mohammadpur, New Delhi-110066

B.Ed., M.B.A.
Correspondence
B.A., B.Com., M.A., M. Com., LLB.,
Part/Direct & X, XII
LA-ANGEL'S COLLEGE
C4E/275 Janakpuri
Ph.: 5554441, 5557311
742-A, JGII, Vikaspuri Ph.: 5505953

जवाब उन दु:साध्य दिनों का

"मेरे सक्षम, कार्यशील व फुर्तीला बने रहने के कई कारण हैं।
'मैं एक घरेलू, कामकाजी महिला हूँ।'
'ऐसे भी दिन थे जब मैं सुस्त, थकी एवं निढ़ाल महसूस करती थी।'
'मेरे जीवन में अन्तर आया सुन्दरी कल्प के कारण।
'आप भी काबू पा सकती हैं, उन दु:साध्य दिनों पर और सक्रिय रह सकती हैं, "सुन्दरी-कल्प" के साथ।'

बैद्यनाथ झाँसी
सुन्दरी कल्प

हैलो ! अब, बेहतर सेवा के लि...

स्थापना के प्रारंभ से ही, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड, दिल्ली में दूर संचार नेटवर्क में सुधार लाने एवं विस्तार करने के लिए सतत् प्रयत्नशील रहा है। अकेले पिछले वर्ष 1993-94 के दौरान ही म. टे. नि. लि. दिल्ली ने नेटवर्क में एक्सचेंज लाइनों के विस्तार का एक रिकार्ड स्थापित किया है तथा इस तरह 18% की एक उल्लेखनीय उपलब्धि हुई है। 1.4.86 को टेलीफोन कनेक्शन 2.92 लाख थे अब यह संख्या बढ़ कर 8.26 लाख हो गई है।

उपभोक्ता पहुँच को ... गुणवत्ता एवं मात्रा में ... करने के लिए अब ... गया है ताकि उप... और केन्द्रीय क्षेत्र ... नीचे दिया गया है।

एक्सचेंज / क्षेत्र	क्षेत्रीय महा.प्रब.	कार्यालय का पता
केन्द्रीय क्षेत्र ● जनपथ (31,34,334,371,372,3732, 3733,3734,3735,374,375) ● जोरबाग (461,462,463,469,4601,4602) ● किदवई भवन (331,332,335,3724, 3731,3739) ● राजपथ (38,378) ● सेना भवन (301,379) ● लोधी रोड (436)	केन्द्रीय क्षेत्र क्षेत्रीय प्रबंधक (केन्द्रीय) द्वारा नियंत्रित है।	खुर्शीद लाल भवन, जनपथ, नई दिल्ली - 110050.
पूर्व क्षेत्र ● दिल्ली गेट (325,326,327,328) ● ईदगाह (52,751,752,753,777,73)	महाप्रबंधक (पूर्व)	10, दरियागंज, नई दिल्ली - 110002.
यमुना पार क्षेत्र ● लक्ष्मी नगर (220,221,222,223,224, 241,242,243) ● यमुना विहार (226) ● मयूर विहार (225) ● शाहदरा (227,228,229)	महाप्रबंधक (यमुनापार)	-वही-
उत्तर क्षेत्र ● अलीपुर (720) ● बादली (729) ● तीस हजारी (23,251,252,291,292,293) ● शक्ति नगर (711,712,713,714,721, 722,723,724,725,741,742,743) ● नरेला (728) ● केशव पुरम (710,718,719) ● रोहिणी-II (726,7862,7863) ● रोहिणी-I (7260,716,717,727)	महाप्रबंधक (उत्तर)	पाँचवी मंजिल, अन्तर्राज्यीय बस अड्डा भवन, दिल्ली - 110054.

एक्सचेंज / क्षे...
दक्षिण-I क्षेत्र ● चाणक्यपुरी (60... ● हौजखास (65,... ● वसंत कुंज (68... ● छतरपुर (680)
दक्षिण-II क्षेत्र ● नेहरू प्लेस (64... ● ओखला (63,6... ● तेखंड (681)
पश्चिम-I क्षेत्र ● जनक पुरी (55... ● दिल्ली कैंट (3... ● करोल बाग (5... ● नजफ गढ़ (5... ● शादीपुर (57... ● पालम (3295) ● एनआईटीसी ... ● समालखा (55...
पश्चिम-II क्षेत्र ● नांगलोई (547... ● राजौरी गार्डन ● पश्चिम विहार ● हरि नगर (54...

जी हां, आप हमारे पास किसी भी दिन आएं, आपका स्वागत है।

याद रखें, यदि आवश्यकता हो तो अपनी टेलीफोन संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए आप प्रातः से मिलने ...

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संस्मरण – बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

अन्तर्मंथन का मलय-केतु

रामेश्वर शुक्ल अंचल

विक्रम के मुखपृष्ठ पर रंगीन स्याही में छपी यह कविता नवीन को कैसी लगी, यह मुझे ढाई वर्ष बाद विदित हुआ, जब नवीन से मेरी पहली भेंट हुई। नवीन ने मेरे जुड़े हुए हाथों को अलग करते हुए हृदय से लगा लिया। बोले 'खूब लिखते हो अंचल। इतनी प्राणवान कविता। पढ़कर मेरी आत्मा तृप्त हो जाती है। तुमने मुझ पर ऐसी मनमोहिनी कविता लिखी और मैं तुम्हें धन्यवाद का एक पत्र तक न लिख पाया।' मैंने पूछा, 'आपको अच्छी लगी? सुना है आपको प्रशंसा कतई पसन्द नहीं।' नवीन जोर से हंसकर बोले, 'मैं मनुष्य हूं अंचल। सभी तरह की कमजोरियों से भरा और क्षुद्रताओं में डूबा। फिर तुम्हारी कविता तो वीतराग को भी स्वयं पर मुग्ध-मोहित कर दे।'

घरौंदा बनाती, बरसात की नालियों में कागज की नावें बना-बनाकर बहाती, गेंद जैसी कूदती आयु में मेरे भीतर कविता पढ़ने का चाव अपने पिता के काव्य धर्मी अन्तरंग परिवेश से ही फूटा और फैला (बाद में फला भी) होगा ऐसा मानने के सिवाय कोई चारा नहीं है। वह स्वयं भाव-भीने कवि थे और अपने लालित्य भरे राग-बंध से सुनने वाले में भी भावना का वही अभिप्रेय जगा देते थे। मैं माधुरी, 'सरस्वती', चांद में छपी कविता में जोर-जोर से पढ़ा करते थे तब 'सुधा', 'त्यागभूमि' 'विशाल भारत' का जन्म न हुआ था। कुछ मेरे बालक मन को याद हो जाती थी - बाकी बाद - सौंदर्य के काम आ जाती थीं। उन्हीं दिनों (1925) 'माधुरी' में एक कविता छपी : 'मनमीन' जिसके नीचे बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का नाम पहली बार पढ़ा था।

'मछली! मछली जरा बता दो कितना पानी आज
देखूं कितने गहरे में है मेरा जीर्ण जहाज
मन की मछली डुबकी खाकर कह दो कितना जल है
कितने नीचे, कितने गहरे, कहाँ थाह का थल है?'

कविता का बाह्यार्थ समझ में आ गया था - वह अच्छी लगती थी। लगभग दो वर्ष बाद इसी नाम से कवि के भावुक चित्र के साथ 'सुधा' के साहित्यांक में एक कविता पढ़ी, 'नौका-निर्वाण', जो अच्छी लगी। तब तक मैं नवीं क्लास में आ गया था मेरा रोमानी भावबोध बढ़ता जा रहा था :

'गिनता रहता हूँ तारे सूनी कुटिया सोती है
ये तारे हैं अंगारे या थाल भरे मोती हैं
मोती की सुधि आते ही सोती पीड़ा जगती है
ग्रीवा की माल तुम्हारी हिय में डुलने लगती है।'

पाठ्यक्रम में इस कविता से कठिन कविताओं को समझ लेने वाला, हिंदी में (केवल हिंदी में) सदा सर्वोच्च अंक पाने वाला मैं 'सुधा' के इस रंगीन साहित्यांक में मैथिलीशरण गुप्त, माखनलाल चतुर्वेदी और 'नवीन' तीनों की आर्ट पेपर पर सचित्र छपी कविताएँ इतनी बार पढ़ चुका था कि वे याद हो गयी थीं। बाद में पता चला कविता में यही प्रसाद गुण कहलाता है।

अपने राष्ट्रीय ओज के लिए प्रसिद्ध कानपुर से निकलने वाला 'प्रताप' बचपन में पढ़ने को कभी मिला नहीं। लखनऊ में उन दिनों कोई हिंदी दैनिक न था। काशी का दैनिक 'आज' घर पर आता था, क्योंकि पिताजी के लेख कविताएँ उसमें प्रकाशित होती रहती थीं। 'प्रभा' बचपन में (यदा-कदा छोड़कर) देखी हो ऐसा याद नहीं आता। और भी पत्र-पत्रिकाएँ रहीं होंगी जिनमें 'नवीन' की कविताएँ छपी होंगी। कानपुर के 'सुकवि' में तो उन दिनों कवित-सवैये (समस्यापूर्ति या स्वतंत्र) ही छपते थे। नये छंदों में लिखी जाने वाली कविता शायद ही उसमें देखने को मिली हो।

बहरहाल 'नवीन' का कवि-साथ एक प्रकार से छूट गया। यही दो कविताएँ याद रही आईं। भावप्रवणता, रसावेग और सौंदर्य के प्रकाश का जिस प्रकार का रागात्मक तार निराला, पंत और गोपाल शरण सिंह के साथ जुड़ता गया - 'नवीन' के साथ ऐसा कुछ न हो पाया। कानपुर की चर्चा चलने पर गणेश शंकर विद्यार्थी, विशम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक', गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' और नारायण प्रसाद अरोड़ा का ही नाम तब साहित्यिक हवा में गूंजता था। नवीन का उल्लेख यदा-कदा ही कहीं देखा सुना जाता था। पिताजी, निराला जी या घर पर आते किसी साहित्यिक से भी 'नवीन' का कोई काव्यांश कभी सुनने को उन दिनों शायद ही मिला हो पर छायावाद के समर्थन में, ब्रजभाषा की स्थापित परम्परा से हटकर नूतन भावभरी आत्माभिव्यंजक कविता के समर्थन में इधर-उधर छपते लेखों में 'नवीन' की कविता की या टुकड़े अवश्य उद्धृत किये जाते थे। मुझे वे भी याद हो गये थे। छायावादी सुकुमारता और रूप-रंजना से बिल्कुल हटकर 'नवीन' की विद्रोह भरी या मांसल प्यार की काव्यानुभूति से मेरा टूटा-फूटा परिचय इसी प्रकार बढ़ा। विप्लव गायन का यह टुकड़ा मन में तभी का गढ़ा पड़ा है :

'झाड़ और झंखाड़ व्याप्त है इस ज्वलंत गायन के स्वर से, रुद्ध गीत की क्रुद्ध तान निकली है मेरे अंतस्तर से। कण-कण में व्याप्त वही स्वर, रोम-रोम गाता है। वह ध्वनि वही तान गाती रहती है (कालकूट फणि की चिन्तामणि)।

मेरे जीवन की एक बड़ी घटना भगवती प्रसाद वाजपेयी के साथ 1931 से ही शुरू हो जाने वाली मेरी पारिवारिक घनिष्ठता है। लखनऊ आने पर वह कई-कई दिन हमारे यहाँ ठहरते। कानपुर में 'नवीन' का उनका प्रगाढ़ साथ रह चुका था। 'नवीन' के मस्ती भरे आह्लादक संगीत-काव्य पाठ की बातें वह मुझे बताते, उनकी सौंदर्योपासना के प्रसंग सुनाते, उनके भीतर जलती देश भक्ति की प्रखर ज्वाला की बातें करते और सबसे बढ़कर उसी वर्ष शहादत की वेदी बन गये गणेश शंकर विद्यार्थी के 'नवीन' पर अपरिमित स्नेह की चर्चा करते। 'नवीन' के स्वरूप, सत्याग्रही संघर्ष और त्यागी आत्मविसर्जन की अमिट रेखाएँ मेरे मन पर खिंचने लगी। उदीयवानता के गर्भ से जनमने के लिए छटपटाता, लगभग तरुण हो आया मैं तब तक तीन- चार कहानियाँ लिख चुका था, जिनके प्रकाशित होते ही निराला, शिवपूजन सहाय (तब साहित्यिक पाक्षिक 'जागरण' के सम्पादक), चतुरसेन शास्त्री और स्वयं भगवती प्रसाद वाजपेयी ने मुझे आशीर्वाद दिया था। 'मधुकरी' (भाग I) में संकलित नवीन की 'गोई दीदी' कहानी मैंने उन्हीं दिनों पढ़ी तो मन मुग्ध हो गया था। उसमें मिसरी की तरह घुला-घुला भावना का मकरंद मेरे अहसास के पोर-पोर तक छा गया था। यों तो 'मधुकरी' में संकलित कई कहानियां मर्मस्पर्शी थीं, पर इस कहानी में ढली जीवन की विषादाकुल वत्सलता एक विचित्र रस में पगी थी। शांतिप्रिय द्विवेदी द्वारा सम्पादित 'परिचय' में उनकी बह चली आज कैसी बयार, 'टुक रो लेने दो जरा देर' और इतर कविताएँ पढ़ी जिनमें एक जीवंत वेदना का दर्दीला प्रत्यय था और जो आधंत 'फीलिंग' थीं।

मैं इसके बाद साप्ताहिक 'प्रताप' ढूंढ़ कर पढ़ने लगा। 'विशाल भारत' और मासिक 'विश्वमित्र' में भी 'नवीन' की कविताएँ पढ़ीं। न जाने क्यों प्रणय की आकांक्षा और उसकी धीमी-धीमी आँच, सुधि की सुलगन से भरी ये कविताएँ मुझे हथकड़ियों-बेड़ियों में लिखी गयी लगती थी। इन कविताओं में दहकते दुख की तपन जब विप्लाग्नि का, नाश की भट्ठी का रूप ले लेती थी तब इन हथकड़ियों का लोहा पिघलने लगता था। इस पिघलन की उत्तप्त आर्द्रता ने, गाढ़े गलाव ने मुझे अनेक बार छुआ है। अपनी 6 बार की जेल यात्राओं में वर्षों का भरा पूरा यौवन इन्हीं हथकड़ियों-बेड़ियों को पहना देने वाला यह कवि मुझे आख्यानक चरित्र जैसा लगता था। याद था - बचपन में एक बार उन्हें और श्री कृष्णदत्त पालीवाल को 'माधुरी' कार्यालय में देखा था। उसे सोच कर आज बेधड़क बनारसी की पंक्ति 'मैं सुंदर और असुंदर दोनों साथ-साथ', जीती जागती-सी लगती है। पर वह दस वर्ष की आयु का दूरदर्शन था। अब मैं अठारह वर्ष का तरुण था जो उनकी कविता में उमड़ते ओज-माधुर्य में, हथकड़ियों में समा न पाने वाली उनकी छटपटाहटों में डूबता-उतराता था। उस पीढ़ी के मुझे जैसे सभी अनुभूतिप्रवण युवकों का यही अंजाम रहा होगा। बिल्कुल यही लगता रहा होगा कि किसी पराधीन देश की बेचैन कविता लोहे के कड़ों और तसलों में ही लिखी जाती है। इन बेड़ियों की रगड़ से आस्था के स्फुल्लिंग निकलते हैं। प्राणों की आकुलता, भावों की सकुलता और उच्छवासों की विपुलता-अपूरित प्यास और प्यास की तीव्र कसक इन हथकड़ियों को निरंतर मांजती है। राष्ट्रीयता की कत्लगाह में घर-घर देवकी की तरह हर साल अपनी नौजवान संतानों की कुरबानी आततायी ब्रिटिश साम्राज्यवाद को देती, गुलामी की यातना भोगती मातृभूमि की अपने आर्तनाद को पीती रहने वाली लाचारी इन हथकड़ियों को तड़काती रहती है।' नवीन की कविता में पूरे दशक (चौथे) मैंने यही सब सुना और भोगा है। प्रति सप्ताह 'प्रताप' का अंक खरीदता था। 'नवीन' की कविता पढ़कर नयी ऊर्जा अपने में चारों ओर स्पंदित पाता था। 'आडन' और 'स्पेण्डर' के साथ निराला और 'नवीन' की कविताओं से घिरा मेरा बिस्तर अस्त-व्यस्तता में सिहरता रहता था। मैं रात-रात भर इन्हीं चार के साथ सोया-जागा करता था। एक करवट अपने जगह-जगह दरके पड़े अतीत के सपने देखता हुआ तो दूसरे करवट यजुर्वेद में वर्णित (104) हजारों साल पहले कभी हरे-भरे खेतों में गोपद चिह्नित कुटीरों में सुंदर लोकगीतों से गूंजते हुए गांवों में वास करने वाली, सूर्य की किरणों के समान निष्पाप और उज्ज्वल आनंद बिखेरने वाली, अपने देश की महान जनता के भविष्य के सपने, जो विदेशी औपनिवेशिक साम्राज्यवाद और स्वदेशी पूंजीवाद-सामंतवाद के दोहरे शोषण में चुसते चुसते कंकालवत हो गयी थी।

'विक्रम' सम्पादक (स्व.) सूर्य नारायण व्यास ने मेरे प्रथम कविता संग्रह 'मधूलिका' की प्रशंसा में जो लेख (1938) में लिखा था वह किसी भी तरुण कवि को बिना पिये पूरा नशा दे देने के लिए काफी था। 'विक्रम के लिए कविता की उनकी मांग बराबर बनी रहती थी। एक बार कुछ न होने पर मैंने नवीन पर एक 48 पंक्ति की कविता लिखकर भेज दी। चलचित्रों में तैरते अपने नैरा जागरण की सारी उमड़न बताते हुए की' यों सारी रात बिताकर मैं दिन के संघर्षों में आता। कितने अवरोधों से लड़ता, ठुकराता आगे बढ़ जाता। मुझको लगता मेरी चौड़ी छाती में मैं पौरुष - मेरु खड़ा। मेरी बाहों में महावीर्य का जैसे एक सिंधु उमड़ा। ओ तेजवंत। ओ रे दाता। है कितना तेरा ऋण मुझ पर, हैं पड़ी तुम्हारी कविताएँ बिखरी शय्या के इधर-उधर।'

'विक्रम' के मुखपृष्ठ पर रंगीन स्याही में छपी यह कविता नवीन को कैसी लगी यह मुझे ढाई वर्ष बाद विदित हुआ जब 'नवीन' से मेरी पहली भेंट हुई। उत्तर प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन का अधिवेशन इलाहाबाद (अप्रैल 1945) में हो रहा था। मैं उन दिनों उसका मंत्री हुआ करता था। टंडन जी, निराला, सम्पूर्णानंद, कमलापति त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण मिश्र, नंद दुलारे वाजपेयी आदि अनेक नेता-साहित्यकार मंचासीन थे। अध्यक्ष डा. राम प्रसाद त्रिपाठी को जब पता चला कि 'नवीन' इलाहाबाद में हैं तो उन्हें बुलाने मुझे भेजा। रात में होने वाले कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता का आमंत्रण अपनी ओर से उन्हें साग्रह देने को कहा। मैं भाई (स्व.) श्रीकृष्णदास के साथ लूकरगंज में स्थित सरदार नर्मदा प्रसाद सिंह के बंगले चार बजे अपराह्न उन्हें लेने पहुँचा। 'नवीन' शुभ्र खादी का जांघिया और गंजी पहने बाहर आये। श्रीकृष्णदास उनके जेल के साथी थे। मैं कानपुर में उनके घर पर भी उनसे तब तक न मिला था। श्रीकृष्णदास के मुंह से मेरा नाम निकलते ही 'नवीन' ने मेरे जुड़े हुए हाथों को अलग करते हुए हृदय से लगा लिया। बोले, 'खूब लिखते हो, अंचल। इतनी प्राणवान कविता - इतनी प्राणवान। पढ़कर मेरी आत्मा तृप्त हो जाती है।'

इससे पहले किसी काव्य पुरुष ने मेरे मुंह पर प्रशंसा का ऐसा भाव भीना वाक्य न कहा था। मैंने सकुचाते हुए कहा, 'जो सब लिखता हूँ वह आप कहाँ पढ़ पाते होंगे। अपनी कोई किताब भी तो मैं आपको कभी नहीं भेज पाया।' नवीन अपने मुक्त, धवल हास्य से, अपनी प्यारभरी नम्रता से मेरी अधसहमी मुद्रा को उजागर करते हुए बोले, 'तुमने मुझ पर ऐसी मनमोहनी कविता लिखी, मैं तुम्हें धन्यवाद का एक पत्र तक न लिख पाया।' मैंने पूछा 'आपको अच्छी लगी? मैंने सुना है। आपको अपनी प्रशंसा कतई पसन्द नहीं।'

नवीन, और जोर से हँस कर बोले, 'मैं मनुष्य हूँ अंचल। सभी तरह की कमजोरियों से भरा और क्षुद्रताओं में डूबा। तुम्हारी कविता जो है वह तो बड़े वीतराग को भी स्वयं पर मुग्ध मोहित कर दे।' मैंने बात टालते हुए कहा, मेरे पांच कविता संकलन हैं। आपकी सेवा में अर्पित करूंगा। उन्हें पढ़कर कुछ कहियेगा। अभी तो आप तैयार हो जाइये। हमारे अध्यक्ष डा. राम प्रसाद त्रिपाठी ने आपसे तत्काल पधारने को कहा है। आपको भाषण देना है, रात के कवि सम्मेलन में अध्यक्षता करनी है।

सरदार नर्मदा प्रसाद सिंह का मैंने तब तक नाम ही सुना था। पर उनकी साहित्यिकता से परिचित था। पत्र-पत्रिकाओं में उनके छंद पढ़े थे। 'नवीन' से वह बोले, 'जाओ बेटा। रात भर के लिए फुरसत है। तुम्हारे प्राण भी तो कवि सम्मेलन में बसते हैं।' फिर मेरी ओर देखकर श्रीकृष्णदास से बोले, 'यह अंचल जी हैं।'

मैं बोला, 'केवल' अंचल हूँ - 'जी' नहीं। 'जी' हमने आप जैसे अंग्रेजों के लिए आरक्षित कर रखा है। श्रीकृष्णदास ने कहा, 'सुन लीजिए। आप लोग अक्सर कहते हैं - हम 'प्रगतिशील' अविनीत होते हैं। 'नवीन' तैयार होकर बाहर निकल आये। उनके संगीत अकादमी हाल में आते ही मंच पर जिंदगी बरसने लगी। हिंदी-हिंदुस्तानी का तीव्र विवाद चल रहा था। हिंदी के एक और सशक्त समर्थक का आना टंडन जी और सम्पूर्णानन्द जी को बड़ा अच्छा लगा। 'नवीन' का भाषण मैंने पहली बार सुना। पहली बार किसी वाग्मी को मंच पर पूरा घूम जाते (परिक्रमावत) देखा। मेरी यह पहली भेंट थी अपने प्रिय कवि से, जो स्वाधीनता की निर्णायक लड़ाई में लगभग तीन साल जेल में रहकर उन्हीं दिनों छूटा था - जो रसास्वादन से आगे बढ़कर कविता में आत्मा की तृप्ति तलाशता था।

उस दिन से लेकर मरण के दस-पन्द्रह दिन पूर्व तक 'नवीन' से मेरी अनेक बार भेंट हुई। यदि दिल्ली में रहकर नौकरी करने की इच्छा होती राजधानी का ग्लैमर होता, 'कैरियरिज्म' की अफसरी साध होती तो उनका न जाने कितना सान्निध्य पाता। अपने अन्य साहित्यिक बंधुओं की तरह इस दिशा में यदि उनसे संस्तुति और सहायता की याचना करता तो खाली न जाती। पर मैं उनके प्रति अहेतुक भाव लिये ही अनुरक्त रहा आया। दिल्ली का दरबारी जीवन साल में दो-तीन बार जाने और दो-चार दिन भोगने तक ही मुझे बर्दाश्त था। इसलिए दिल्ली, लखनऊ, इलाहाबाद आकाशवाणी द्वारा आयोजित कवि सम्मेलनों में ही अधिकतर 'नवीन' से मिलना होता था। दिल्ली में कम-से-कम एक बार उनके निवास पर। मैं उदयशंकर भट्ट के साथ या अकेला जाता था - अधिक से अधिक उनके पास बैठने की इच्छा लिये हुए। उनसे मेरी भेंट अनेक बार मैथिलीशरण जी गुप्त के आवास पर (जो राज्यसभा के सदस्य हो जाने पर दिल्ली के सारे साहित्य जगत के 'दद्दा' बन गये थे) अनौपचारिक गोष्ठियों में हो जाती थीं जिनमें पंत, नरेन्द्र, नवीन, भगवती चरण वर्मा, उदय शंकर भट्ट, दिनकर के साथ मैं भी घंटों बैठता था - कविता सुनता-सुनाता था। उन दिनों (1952-57) दिल्ली में मैं गुप्त जी के आवास के निकट ही अपने अनुजवत् प्रिय छात्र (स्व.) सुशील कुमार पटैरया के आवास पर ठहरा करता था जो लोकसभा सदस्य थे। सुबह 8-9 बजे मैं गुप्त जी के यहाँ पहुँचकर वह सब देखता जो उन दिनों स्वाधीनता के प्रभात में बड़ा अजीब लगता था - यद्यपि अब चारों ओर राजनीति की शक्ति से मेरे साहित्य के शलाका-पुरुषों के प्रति वही अजसरी दरबारी निष्ठा देखते-देखते उसका अभ्यस्त हो गया हूँ। पहले चौंकता था - अब मेरी चेतना में कोई कंपकंपी नहीं होती। गुप्त जी के दरबार में केशवदास के 'राज' से भी अधिक रोबदाब, अदबी जगमगाहट मुझे नजर आती थी।

(जारी)

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कन्नड़ लेखक यू.आर. अनन्तमूर्ति को 30वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार

कार्यालय प्रतिनिधि

नयी दिल्ली, 7 दिसम्बर।

वर्ष 1994 का ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रख्यात कन्नड़ लेखक और साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष प्रो. यू.आर. अनन्तमूर्ति को दिया गया है। यह तीसवां ज्ञानपीठ पुरस्कार है और प्रो. अनन्तमूर्ति ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित होने वाले छठे कन्नड़ लेखक हैं।

देश के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार का निर्णय आज सुबह भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रवर परिषद के अध्यक्ष डॉ. कर्ण सिंह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक में प्रो. अनन्तमूर्ति को वर्ष 1974-93 की अवधि में कन्नड़ में सृजनात्मक रचना के माध्यम से भारतीय साहित्य में योगदान के लिए तीसवां ज्ञानपीठ पुरस्कार दिये जाने का फैसला किया गया। भारतीय ज्ञानपीठ की प्रवर परिषद के अन्य संदस्य हैं— श्यामाचरण दुबे, विद्यानिवास मिश्र, वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य, नवनीता देव सेन, के.एम. जार्ज, कुरुतुलैन हैदर, शांतिभाई देसाई, लक्ष्मीचंद्र जैन और पांडुरंग राव। इस पुरस्कार के अंतर्गत एक प्रशस्तिपत्र और वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा के साथ ढाई लाख रुपये की राशि समर्पित की जाती है।

आज की घोषणा से पूर्व यह पुरस्कार कन्नड़ और हिन्दी को पांच बार, बंगला को चार बार, मलयालम और उड़िया को तीन बार, मराठी, गुजराती, तेलुगू और उर्दू को दो-दो बार, असमिया, तमिल और पंजाबी को एक बार प्राप्त हो चुका है। दो बार यह पुरस्कार दो-दो भाषाओं (कन्नड़-गुजराती और कन्नड़ उड़िया) को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया है।

प्रो. यू.आर. अनन्तमूर्ति का जन्म 1932



देखें सम्पादकीय
अनन्तमूर्ति को ज्ञानपीठ

साक्षात्कार-पृष्ठ 3

में कर्नाटक के हिमोगा जिले में मेलिगे नामक गांव में हुआ था। उन्होंने कन्नड़ भाषा, साहित्य और संस्कृति को अपनी रचनात्मक कृतियों द्वारा लगभग चार दशकों से प्रभावित किया है। 1955 में उनका कहानी संग्रह 'एंदेंदु मुगियद कथे' प्रकाशित हुआ। पर उन्हें लोकप्रियता 1965 में प्रकाशित उपन्यास 'संस्कार' से मिली। अंतरराष्ट्रीय ख्याति के इस उपन्यास पर 1970 में एक फिल्म बनी जिस पर उन्हें सर्वोत्तम कथा पुरस्कार भी मिला।

अब तक प्रो. अनन्तमूर्ति के तीन कविता संग्रह-चार कहानी संग्रह, तीन उपन्यास और साहित्यिक विवेचना संबंधी चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। 'संस्कार' के बाद उनके दो और उपन्यास प्रकाशित हुए— 'भारतीपुर' (1973) और 'अवस्थे' (1978)। 'अवस्थे' में आज के भारत की राजनैतिक दशा—दिथा की छानबीन की गयी है। स्वातंत्र्योत्तर भारत में व्याप्त सामाजिक-राजनैतिक विकृतियों का यथार्थवादी चित्रण होने के साथ ही उपन्यास में उन स्थितियों का सार्थक चित्रण है जो एक ईमानदार और आदर्शवादी राजनेता के जीवन को प्रभावित करती हैं। 1974-93 की अवधि में प्रकाशित प्रो. अनन्तमूर्ति की कृतियों में महत्वपूर्ण हैं— 'आकाथ मत्तु बेक्कु' (कहानी संग्रह, 1981), 'प्रज्ञे मत्तु परिसर' (1974), 'सन्निवेश' (1974), 'समक्षम' (1980) और 'पूर्वापर' (चारों साहित्यिक आलोचना ग्रंथ)। प्रो. अनन्तमूर्ति 1981 से कन्नड़ साहित्यिक त्रैमासिक पत्रिका 'ऋजुवातु' का सम्पादन कर रहे हैं। मैसूर विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्राध्यापक रह चुके, प्रो. अनन्तमूर्ति ब्रिटेन और अमेरिका के कुछ विश्वविद्यालय परिसरों में भी अतिथि लेखक प्राध्यापक रहे हैं। आयोवा (अमेरिका) के इंटरनेशनल राइटिंग प्रोग्राम में वह कुल मिलाकर लगभग साल भर तक रहे थे। रचनात्मक लेखन के लिए उन्हें होमी भामा फेलोशिप प्रदान की गयी थी।

प्रो. अनन्तमूर्ति से पहले ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले कन्नड़ साहित्यकार हैं— कु.वे. पुट्टप्पा (1967), डी.आर. बेंद्रे (1973), शिवराम कारंत (1977), मास्ति वेंकटेश अय्यंगार (1983) और विनायक कृष्ण गोकाक (1990)।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

का.अ., भवन, नई दिल्ली द्वारा अधोलिखित कार्य हेतु केलोनिवि के स्वीकृत एवं ग्राह्य ठेकेदारों से तथा संअसे. डाक एवं तार की स्वीकृत सूची के समुचित श्रेणीवद्ध ठेकेदारों से **23-12-94 को अप. 3-00 बजे तक मुहरबंद** वस्तुदर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम: सेक्टर-X, आर.के. पुरम्, नई दिल्ली में 294 टाइप-IV क्वार्टर्स (फेज-I:105, टाइप V क्वार्टर्स) का निर्माण। **सबहैंड:** जल आपूर्ति एवं सैनिट्री उत्थापन सहित साइट आफिस एवं सम्मेलन हाल का निर्माण।

अनुमानित लागत: रु. 7,79,371/-

धरोहर राशि: रु. 19,234/-

समापन हेतु अनुमित अवधि: 5 माह

प्रतिभूति राशि: कार्य के निविदा मूल्य का 10%

धरोहर राशि रु. 19,234/- (बशर्ते कि माफ न की गई हो) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में जमा करायें तथा रसीदी चालान प्रत्येक निविदा के साथ संलग्न करें। अधिशासी अभियंता, निर्माण प्रखंड-II, केलोनिवि, नई दिल्ली के पक्ष में देय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रत्याभूत किसी अनुसूचित बैंक की मांग जमा रसीद या ट्रेजरी चालान के रूप में निर्धारित ढंग से धरोहर राशि जमा न कराने वाले ठेकेदारों की निविदाएं तत्काल निरस्त कर दी जाएंगी।

शर्तें एवं निविदा प्रपत्र **21-12-94 तक सभी कार्य दिवसों में पूर्वा. 11-00 बजे से अप. 4-00 बजे तक** रु. 500/- प्रत्येक (अप्रतिदेय) का भुगतान करने पर अधिशासी अभियंता, निर्माण प्रखंड-II, केलोनिवि, नई दिल्ली से प्राप्त किए जा सकते हैं।

अधिशासी अभियंता,
निर्माण प्रखंड-II,
केलोनिवि, आई.पी. भवन,
तीसरी मंजिल, नई दिल्ली
(डी-389278)

इं.गा.न.प., बीकानेर

[illegible] 9 दिसम्बर सन 1994 ईस्वी । शुक्रवार । दक्षिणायन । हेमन्त ऋतु । सप्तमी तिथि अपराह्न 2 बजकर 18 मिनट तक तदुपरान्त अष्टमी तिथि का आरंभ । शतभिषा नक्षत्र सायं 7 बजकर 27 मिनट तक, तदनन्तर पूर्वभाद्र पद नक्षत्र का आरंभ । हर्षण योग प्रातः 7 बजकर 29 मिनट पर तदुपरान्त वज्र योग का आरंभ । वाणिजकरण अपराह्न 2 बजकर 18 मिनट तक तदनन्तर विष्टिकरण का आरंभ । चन्द्रमा दिन रात कुंभ राशि में ।

नहाने का साबुन
नया ओ के
सुनिये जी
महिला जी
अभी बच्चे नहीं उठे हैं
सो के
मैं हूं यहां
और छिपकली एक
जो पीछा कर रही है मेरा
हाथ धो के

- विनय दुबे

राशि

मेष : घर परिवार की कार्य संयत होकर ही उत्तम होगा।
वृष : सुखद समाचार लाभ की स्थिति आप बना सकती है।
मिथुन : शांति और संघर्ष टल सकता है।
कर्क : भोज दावत

आकाशवाणी

दिल्ली-ए

प्रातः 6-30 श्रीराम चरित मानस से, 6-40 विचार बिन्दु : संत योगिनी ललेश्वरी के विचार, 6-55 चिन्तन धारा : सुब्रह्मण्यम भारती की राष्ट्रीय चेतना (कड़ी-4), डॉ. पांडु रंगा राव, 7-10 आज सुबह, 7-45 अपनी धरती : अंतरिक्ष में प्रदूषण, आलेख- स्नेह अग्रवाल, 8-15, 11-05 व 21-00 प्रकाश एन. सक्सेना- बांसुरी, 10-10 शैक्षिक प्रसारण- आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक विज्ञान : वार्ता- संयुक्त राष्ट्र, 10-30 शास्त्रीय संगीत, 11-30 शास्त्रीय संगीत।

दोपहर : 12-15 महिला कार्यक्रम : फोन-इन-कार्यक्रम बौद्धिक विकलांगता की समस्या और समाधान- डॉ. मंजु मेहता, बाल मनोरोग विभागाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अधीक्षक, डॉ. के.सी. विरमानी, दिल्ली प्रशासन।

सायं : 17-50 बाल कार्यक्रम : वार्ता-इतिहास के स्रोत : पुराने सिक्के- डॉ. गायत्री नाथ पंत, 18-20 ग्राम संसार।

रात्रि : 20-00 पुस्तक परिचय : इधर की किताबें : समीक्षक- अजय तिवारी, 20-30 संसद समीक्षा, 21-30 रूपक : बरगद की छांव, लेखक- इन्दु जैन, प्रतिभागी- संतोष रजनीश और वीरेन्द्र गो आकाशवाणी- संगीत

TIMES FM
First in music

टाइम्स एफ.एम.

प्रातः 7-00 सरगम- सदाबहार यादगार हिन्दी गाने, 7-50 इन्वैस्टाइम्स- फाइनेंस और इन्वैस्टमेंट पर विशेष कार्यक्रम, 8-00 टाइम आउट- नए गाने और मनोरंजक कार्यक्रम, 9-00 अमेजर लौंग प्लेइंग आवर इंग्लिश एण्ड हिन्दी ग्रेट ओवर द एजेस डांस हिट- डांस हिट ओवर द एजेस।

दोपहर : 1-00 कल आज और कल (सुरिया) - संगीतकार की जीवनी पर आधारित कार्यक्रम, 1-55 शेयर बाजार- अपडेट ऑन द स्टॉक मार्केट, 2-00 खत आपके गीत हमारे- हिन्दी गानों के लिए खतों से प्राप्त संदेश और अनुरोध पर आधारित कार्यक्रम, 2 बाजार- अपडेट ऑन मार्केट।

शाम : 7-00 वैस्टर्न और बीअर्स- स्टॉक म उपलब्धियों पर कार्यक्र कॉपर केसिस काउंट ड अमेरिकन टॉप 20 का 8-00 स्टॉक वाच- स उतार चढ़ाव पर विश्ले केसिस काउंट डाउन- 20 काउंट डाउन, 9-0 रीच फॉर द स्टार्स (फो 3317255) - योअर क्वेश्चन आंसर डेट- मनपसंद सितारे के सा

दिल्ली-

प्रातः 6-35 एम. बा गायन, 7-30 फ डागर- ध्रुपद।

दोपहर : 13-05 पा

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लेखक और उसका परिवेश

श्रीकान्त जोशी

परिवेश का सीधा अर्थ है वह जो हमारे चारों तरफ है। कोश (कोष) में देखा तो अर्थ मिला घेरा, परिधि, परकोटा, सूर्य या चन्द्रमा के चारों ओर का घेरा जो हलकी बदली में दिखाई देता है। मैं इस विषय को 'लेखक और उसका आसपास' कहना चाहता हूं। यह बड़ा जाना-पहचाना सा विषय लगता है। लेखक होने की छोटी-बड़ी नियति मेरे साथ जुड़ी है अतः शायद यही वजह है कि मुझे लगा यह तो विशेष कुछ नहीं अपने चारों तरफ देखते-बतियाते कुछ दिखाना और बतियाना है। पर जब कलम उठाई तो बात वह न रही। एक बार फिर समझ में आया कि जिसे समझा हुआ समझ रहे थे उसकी समझ है कहाँ?

सब की परिधि हो सकती है, लेखक की भी होती होगी। होती भी है पर उसे क्या उसी तरह की मान्यता दें जो किसी मकान या किले की परिधि को दे सकते है? इन दिनों विश्व के राष्ट्रों में कही भयंकरतम गृह-युद्धों एवं युद्धोपरांत का वातावरण है। दूरदर्शन पर दृश्य आते है। सहस्रों निरपराध व्यक्ति, पुरुष-महिलाएं और बच्चे शवों में और घायलों में प्रतिदिन बदलते जा रहे है, वृद्ध और बच्चे जिनकी असहायता और सुन्दरता को, निराशा और निर्मलता को देखते हुए कलेजा मुंह में चला आता है। इन दिनों मेरे चारों तरफ यही है। मैं इन्हीं के परिवेश में हूं। मुझे खंडवा के अपने जवाहरगंज की बहुत-सी हलचलें निर्जीव और व्यर्थ प्रतीत होती हैं जिन्हें अन्यथा मैंने बड़ी ललक से देखा होता और जिनमें सहज आत्मीयता से सम्मिलित भी होता। अपनी पौत्र व पौत्री के साथ मेरी बड़ी गहरी दोस्ती है। इनकी ललक-मन से किलकती वाणी में और मुद्राओं में मन को बाँध लेने वाली छवि है, किन्तु दमकती हुई वह छवि मुझे छू नहीं पा रही।

इस सबके पूर्व से भी (गत कुछ वर्षों से) मुझे अपना आसपास अनेक बार अजनबी लगा है। हो सकता है कुछ कहें कि यह जो कह रहा हूं, नहीं हो सकता, पर मैं लेखक के रूप में जो कुछ हूं सही या गलत, उसकी बात कर रहा हूं, और मैं सोचता हूं इस वर्ग के मेरे जो कुछ मित्र हैं, वे मुझसे निश्चय ही सहमत होंगे और क्योंकि वे अपने आपको पहचानने की कूवत रखते हैं अतः मुझे भी पहचान सकेंगे कि गत वर्षों में एक बड़ी विचित्र अजनबीयत से मेरा (शायद उनका भी) साबका हुआ है और वह मेरे साथ इस वक्त भी है।

ये आतंकवादी या अलगाववादी लोग कौन है? ये दुनिया भर में है और भारत में तो इनका केन्द्र ही बनता जा रहा है। ये सीमाओं पर, समुद्र तटों पर, पर्वत क्षेत्रों में और राष्ट्र के मध्य में भी कालदूत बने मंडरा रहे हैं। ये हत्याएं करते चले जा रहे है, निरंतर हत्याएं, बड़े-बूढ़ों की, महिलाओं और अबोध शिशुओं की, नवयुवकों और नवयुवतियों की हत्याएं, बार-बार हत्याएं। ये मकानों को जला रहे हैं, विस्फोट कर रहे हैं और धर्मस्थलों को रक्त स्थलों में बदलते जा रहे है। मैंने इनमें से किसी को व्यक्तिशः नहीं देखा है, इनकी कोई पहचान मेरे पास नहीं है, पर मैं गत कुछ वर्षों से इन्हीं के परिवेश में हूं। मेरे पास, मैं सोचता था एक ही हृदय है, एक ही बुद्धि है, पर नहीं शायद ऐसा नहीं है। आपमें से जो लोग बुद्धिजीवी हैं, बुद्धिजीवी यानी भारत के **कुछ विशेष बुद्धिजीवी, वे निश्चय ही मुझसे कहना चाहेंगे, 'इसका दिमाग ठीक नहीं है, यह हर जगह कविता करने लगता है। अरे, वो वहाँ मर रहे हैं तो तेरा क्या ले रहे है? क्यों एक्टिंग कर रहा है? यह तो राजनीति है और यह सब होता रहता है। जो होता रहता है वो होता रहेगा। जरूरत है अपनों को संभालने की, अपनी सुरक्षा करते रहने की, बाकी जायें भाड़ में।'** मैं यहां कहना चाहूंगा कि मैं इस वर्ग का बुद्धिजीवी नहीं हूं और उन जैसा तो हरगिज नहीं। मैं अपनी बुद्धि की सार्थकता इस बात में अनुभव करता हूं कि वह किस सीमा तक भावनामय है, किस अन्तःशक्ति से जुड़ी है, और आंसुओं की थाह लेने में कहां तक समर्थ है? इसी तरह मैं भावना की प्रतिष्ठा तब कर पाता हूं, जब देखता हूं कि वह विवेक के साथ अपने प्रणय का निर्वाह कर रही है या नहीं? उसने उसे क्षण भर के लिए भी परायापन तो नहीं सौंपा है? तो मैं कह रहा था कि अब मेरी समझ में यह आने लगा है कि मेरे पास एक हृदय नहीं है, एक ही बुद्धि नहीं है। मेरी स्थिति इस उपसंहार लिखती हुई बीसवीं सदी में 'एक हुतो सो गयो श्याम संग' जैसी नहीं है। तब की बात और रही होगी यद्यपि 'और' कैसे रही होगी? महाभारत के कृष्ण यदि एक हृदय एक बुद्धि वाले होते तो यह कैसे कहते माता गान्धारी सेः

माता
प्रभु हूं परात्पर
पर पुत्र हूं तुम्हारा, तुम माता हो।
अठारह दिनों के इस भीषण संग्राम में
कोई नहीं केवल मैं ही मरा हूं करोड़ों बार
जितनी बार जो भी सैनिक धराशायी हुआ
कोई नहीं था
वह मैं ही था
गिरता था घायल होकर रणभूमि में।
अश्वत्थामा के अंगों से
रक्त पीप स्वेद बन कर बहूँगा
मैं ही युग-युगान्तर तक
जीवन हूं मैं
तो मृत्यु भी तो मैं ही हूं माँ
शाप यह तुम्हारा स्वीकार है।

(अंधायुग/पृष्ठ 100)

मैं कृष्ण नहीं हूं, न हो सकता हूं, न होना चाहता हूं। मैं, मैं रहना चाहता हूं और अनुभव करता हूं कि जिन्दगी की गांधारी ने मुझे भी कोई शाश्वत शाप दे रखा है, मुझे उसे वहन करना है। यदि लेखक का कोई 'धर्म' जैसा कुछ होता हो तो मैं उसी के अंतर्गत ऐसे दारुण बीभत्स क्षणों की यातना से बच नहीं सकता। मैं प्रतिदिन अखबार पढ़ता हूं और इसके बावजूद अनेक मृत्युओं की जिन्दगी वरण करता हुआ अटूट बना रहना चाहता हूं। मैं लेखकीय निर्वैयक्तिता से कहना चाहता हूं कि जिस दिन मेरे लेखक का (यानी उसमें निहित इस तरह की यातनाजन्य मृत्युओं को वहन करते रहने की क्षमता का) अन्त हो जायेगा, सृष्टि में सचमुच जीवन ढूंढ़े नही मिलेगा। न जन में न विजन में। एक लेखक के लिए विश्वास कीजिए इस तरह की मृत्यु ही जीवन है—वह बीज की तरह होना है। अंधेरी और गहरी मिट्टी में धंस कर और निछावर होकर ही वह वृक्षत्व पाता है, पुष्पमय होता है अभिव्यक्ति बनता है।

किसी भी लेखक के लिए उसके परिवेश से बढ़कर कुछ नहीं है। पर वह परिवेश कहां है, यह सोचने-समझने और परखने की बात है। जीवन का सत्य दूरी और निकटता के भेद नहीं मानता। वह केवल होता है बिल्कुल निकट और अन्तःकरण में समाविष्ट। मुझे लगता है लेखक का परिवेश यही सत्य है। इसी की वजह से वह कुछ चमत्कार उत्पन्न करता सा दिखता है। श्री फणीश्वरनाथ रेणु के प्रसंग में अज्ञेय लिखते हैं, 'कितनी वैविध्यभरी, कितनी समृद्ध और कितनी खरी थी रेणु की यह दुनिया, जिसे वह कितने निरायास ढंग से सामने मूर्त कर देते थे—कैसी निरायास लेकिन कितनी अचूक और दृढ़ थी उनकी पकड़। साईं बाबा लोग, सुना है हवा में से चुटकी भर भभूत ले आते है, पर हर बार ही भभूत तो आती है। और रेणु थे कि हर बार हवा में हाथ बढ़ाते थे और पकड़ लाते थे एक नया और अभूतपूर्व पंछी...और ऐसा पंछी जिसे देखकर हम कहें कि इसे हमनेपहले कभी नहीं देखा, लेकिन पहचानें कि 'अरे, इसे तो हम रोज देखते हैं।' यही तो होती है कारयित्री भावयित्री, रूपयित्री प्रतिभा जो पहचाने को नया और अजनबी को पहचाना करती हुई सामने ला खड़ा करती है।'

(रेणु संस्मरणः श्रद्धांजलि पृ. 3)

मैं कह चुका हूं कि एक लेखक के रूप में मेरे पास एक हृदय और एक बुद्धि नहीं है। मेरी स्थिति 'एक हुतो सो गयो श्याम संग' वाली नहीं है। इस कथन को स्पष्ट करने के लिए मैं पुनः अज्ञेय जी का ही उद्धरण देना चाहूंगा। अपने उपर्युक्त लेख में ही (पृष्ठ 5 पर) वे आगे लिखते है, 'श्रेष्ठ साहित्य का एक लक्षण यह भी है कि वह वस्तु को निर्मम आंखों से देखता हुआ एक निर्मल कारुण्य के रस से अभिषिक्त भी करता चलता है। वास्तव कितना भी कठोर हो, सूखा नहीं होने पाता। वह बेपनाह कारुण्य हमें रेणु की कथा-सृष्टियों में मिलता है, यह उनका सबसे बड़ा गुण है और इसी के कारण वह समाज के हर वर्ग के अपने लेखक है, उनके भी जो रेणु के चरित्रों के दुःख-दर्द के साथ पसीज उठते हैं, रो उठते हैं और उनके भी जो रेणु की भाषा की निरंकुश रंगीली और अनगढ़पन पर खीझते है, झल्ला उठते है और इस गुण की ओर भी गुणवत्ता दे देता है उस कारुण्य में विनोद का पुट। यह उस करुणा को भावुकता से भी बचा लेता है औ बोझीली दया से भी।

अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए अज्ञेय जी ने जो मुझे अयाचित मदद दी है उसके प्रति मैं उनका आभारी हूं। मेरा मानना है, कहना चाहिए मेरा भी जीवनानुभव है, भावुकता और बोझीली दया एक लेखक को किसी काम का नहीं रहने देती, लेखक निश्चय ही बड़ी चीज है। जबकि ये लोग रोते है, सुबक-सुबक कर और चन्द ही पलों के बाद किसी चाय की दुकान पर हुए का अनहुआ करते खड़े मिलते है।

परिवेश को व्यक्त करना सृजन की विवशता है। इस विवशता की अभिव्यक्ति बगैर पुरुषार्थ और साहस के संभव ही नहीं है। लेखक को एक साथ व्यक्त को व्यक्त करना पड़ता है और व्यक्त में निहित अव्यक्त को भी। यहां लगभग सदैव ही सगुण-निर्गुण की समवेत उपस्थिति रहती है। कोई खण्डित व्यक्ति ही इस उपस्थिति को अस्वीकार कर सकता है।

विश्व कवि तुलसीदास ने अपने युग-सत्य को मर्मचीथती भाषा में लिखा था—

खेती न किसान को/न भीख बलि,
बनिक को बनिज न चाकर को चाकरी।
जीविका-विहीन लोग सीधमान सोच
बस कहैं एक एकन सौं कहां जाई का करी।

(कवितावली पृ. 163)

और

ऊँचे-नीचे करम-धरम-अधरम करि
पेट ही को पचत बेंचत बेटा-बेटकी।
तुलसी बुझाई एक राम-घनश्याम ही तें,
आगि बड़वागि तें बड़ी है आग पेट की।।

(वही पृष्ठ 162)

तथा

वेद हूं पुरान कहीं लोक हूं विलोकियत
सांकरे सबै पै राम रावरें कृपा करी
दारिद दसानन दुबाई दुनी दीनबन्धु
दुरित-दहन देखि तुलसी हाहा करी।

(कवितावली 163)

बड़वाग्नि से पेट की आग बड़ी है यह स्वर लोकसिद्धि रचनाकार का है जो अपने परिवेश की धधकों से भी परिचित है और ललकों से भी। वह इस परिवेश की सीमा में वह भी देखता है जो सीमा से परे है। सीमा के बाहर है। सीमा के बाहर देख सकने का सामर्थ्य सीमा से ही प्राप्त होता है क्योंकि वह एक ऐसी परिधि है जिसमें सूक्ष्म संस्कृति जन्म लेती है, जो परिवेश को उसमें स्थित व्यक्ति को सामना देती है। अन्न पेट की आग की बात करते हुए तुलसीदास यह भी समझते हैं दारिद-दसानन दबाई दुनी दीनबन्धु/दलित दहन देखि तुलसी हाहा करी। 'दरिद्रता का रावण समस्त दुनिया को दबाये हुए है', यह समग्र दुनिया की भी चिन्ता है कवि को। उस दमित-दलित दुनिया के लिए वह उतना ही चिन्तित है जितना अपनी दुनिया के लिए। उसकी प्रार्थना वैश्विक है, केवल निजता में आबद्ध नहीं है, पर जन्म उसका निजता में से ही हुआ है।

परिवेश से लेखक को 'अनुभूति' मिलती है जिस पर न समय का अंकुश रहता है न स्थान का। इसी जगह उसका जीवन-दर्शन जन्म लेता है। महादेवीजी के शब्दों में 'जीवन में दर्शन अनुभूति की धरती पर उत्पन्न होता है और बुद्धि की छाया में विकास करता है। विशेष संवेदनशील कवि, लेखक, कलाकार को जीवन-दर्शन और भी कई अर्थ देता है। अनुभूति तो हमें नित्य होती रहती है और यह अनुभूति परमात्मा की तरह निराकार है। **आप काँटे को देख सकते है, काँटे की झाड़ी का भी दर्शन कर सकते है, पर काँटे की कसक को तो कोई नहीं देखता, वह निराकार है। कवि या कलाकार उस कसक को शब्दों में उतारना चाहता है, रेखाओं में उतारना चाहता है, रंगों में उतारना चाहता है...।** यह उतारने का क्रम ही वास्तव में एक प्रकार का मानसिक परिवेश बना देता है। मानसिकता बना देता है, जिसे हम कवि (या लेखक) का दर्शन कह सकते है, उसमें उसके विश्वास भी है, उसकी स्मृति भी है, उसकी उस अनुभूति या संवेदन की रूपरेखा भी है। उसके अंतर्जगत को जानना बड़ा कठिन होता है।

(चिंतन के क्षण पृ. 75)

कह सकते है, परिवेश ही लेखक के व्यक्तित्व निर्माण में योग देता है और उसमें निहित सर्जना को अभिव्यक्ति।

परिवेश की चर्चा करते हुए हम उसे बड़े भूखण्ड को भी नहीं भूल सकते जहां लेखक जन्म लेते है, अपना अस्तित्व प्राप्त करते है। इसे राष्ट्र कहते है। राष्ट्र-बोध की अनुपस्थिति में परिवेश का बोध ही खंडित होकर रह जाता है। पराधीनता के युग में हमारे लेखकों का एक बड़ा अंश परिवेशजन्य उत्तरदायित्वों से मुंह चुराता रहा, वह अपनी ही प्रकृत अनुभूतियों के विरोध में वर्षों बना रहा। ऐसा क्यों हुआ? कारण स्पष्ट है, उसमें उस निर्भीकता ने जन्म नहीं लिया जो किसी भी अस्तित्व की अनिवार्य शर्त है। लेखक के लिए तो सर्वाधिक। परिणाम यह हुआ कि वह परमुखापेक्षी हो गया और आयातित विचारों से आक्रान्त हो उठा। जिन देशों से लेखकों के इस वर्ग ने जीवन-मूल्य प्राप्त किये थे, तथाकथित बहिर्मुखी प्रगतिशीलता के स्रोत उपलब्ध किये थे उन्हें यदि उसने संतुलित चित्त से परखा होता तो वह अनुभव करता कि उन देशों में भी 'स्वाधीनता' एक ऐसा महार्घ मूल्य है, जिसकी किसी भी अन्य मूल्य के समक्ष उपेक्षा नहीं की जा सकती। प्रत्येक मूल्य की तरह निश्चय ही यह मूल्य भी अपनी तरह का बलिदान चाहता है। भारत के राष्ट्रीय परिवेश में बलिदान की अजस्र परम्परा रही है, इसकी इतिहास निर्माण करने वाली उपलब्धियाँ भी है। यह वर्ग इस प्रदीर्घ परंपरा के साक्षात्कार से बचता रहा है। यह यदि केवल स्वयं को ही सुरक्षित रखने की खातिर लुका-छुपी करता रहता तो उसे कोई रोकता-टोकता नहीं। बलिदान आत्मदीप्त चेतना है, इसे बलात् उत्पन्न थोड़े ही किया जा सकता है, पर यह तो उन प्राणवान साहित्य-सृष्टाओं की षड्यंत्रगत अवमानना करता रहा है जो आत्मोत्सर्ग की चेतना का साहित्य ही नहीं दे रहे थे, स्वयं अपना बलिदान करते हुए विचार को जीवन और जीवन को विचार दे रहे थे। जो साक्षात् संस्कृति के प्रतिरूप हो चुके थे। इसने उनके सृजन को सामयिक, अपरिपक्व और पलायनवादी कहना प्रारंभ कर दिया। यह रचनात्मक दुष्टता थी। यह अपनी हीनता को छुपाने का दुष्प्रयत्न था। यह इस ज्वलंत सत्य को न पचा सका कि प्रत्येक राष्ट्र अपने संकटाकीर्ण युग में अपनी वास्तविक रचनात्मक ऊर्जा को व्यक्त करता है। उसका राजनैतिक पराभव हो सकता है, पर उसे उसकी निहित प्रज्ज्वलनशीलता से वंचित नहीं किया जा सकता। संकट न हो तो जीवन भी जीवन नहीं रहता, वह मृत्यु का पर्याय बन जाता है। स्व. डॉ. विजयदेव नारायण साही इंग्लैंड का हवाला देते हुए लिखते है, 'शेक्सपीयर जिस समय लिख रहा था उस समय अंग्रेजों का समाज-संतुलन इतना चंचल था कि कभी भी टूट सकता था, बाद के वर्षों में वह विभाजन का शिकार हुआ और टूट गया।...अगर उसे आधा बदलते और आधा डूबते समाज को देखें तो हम देखेंगे कि उस समाज को अंत तक जोड़े रखने का काम शेक्सपीयर ने और उस समय के लेखकों के प्रभाव ने किया। जैसे इतिहास संबंधी बहुत से नाटक उसने लिखे है वैसे ही बहुत से नाटक श्री जयशंकर प्रसाद ने लिखे है। शेक्सपीयर ने इंग्लैंड के लोगों की एक अपनी ऐसी अस्मिता बनायी ताकि वह अपनी राष्ट्रीयता की तरफ मुखातिब हो।'...श्री साही आगे लिखते हैं—'यह राष्ट्रीयता में बंधे रहने की चिन्ता, यह समाज को एकत्र किये रहने की चिन्ता, विभिन्न प्रकार से भारतेन्दु से लेकर प्रेमचंद में दिखायी देती है। यही निराला में है और परवर्ती रचनाकारों में भी।'

निश्चय ही परिवेशजन्य सीमाओं के बावजूद साहित्य-सृष्टाओं के लिए उनका अर्जित परिवेश बोध और उसके प्रति उनकी संलग्नता उनके समस्त सृजन की जीवन-शक्ति है।



रेखांकनः सुरिन्दर चड्ढा

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दो गुटों के झगड़े में तीन घायल

नयी दिल्ली, 5 अगस्त (नस)। कल्याणपुरी क्षेत्र में एक महिला से छेड़छाड़ करने पर दो गुटों में हुए झगड़े में तीन व्यक्ति घायल हो गये। इस सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। घायलों को लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सरबजीत नामक व्यक्ति ने आनंद की पत्नी से छेड़छाड़ की थी। जिस पर सुरेश और धर्मेंद्र ने सरबजीत तथा उसके साथियों की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट में सरबजीत, धर्मवीर और भागचंद बुरी तरह घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया।

कल्याणपुरी पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में सुरेश और धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच की जा रही है।

राष्ट्रपति को चिकित्सा विज्ञान पर पुस्तक भेंट

नयी दिल्ली, 5 अगस्त (वस)। विश्व की कुछ पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ जोड़ने की आवश्यकता विषय पर आधारित एक पुस्तक 'मेडिकल सिस्टम विद ए हॉलिस्टिक एप्रोच' आज राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा को भेंट की गयी।

इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के पूर्व निदेशक तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर स्व. एस.एन. त्रिपाठी और डा. वाई.बी. त्रिपाठी ने सम्पादित किया है।

यह पुस्तक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और मैक्स मुलर भवन द्वारा आयोजित एक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किये गये लेखों पर आधारित है। पुस्तक में आयुर्वेद, सिद्धा, यूनानी होम्योपैथी, चीनी और तिब्बती की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन किया गया है।

त्रयोदशी पर मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़

नयी दिल्ली, 5 अगस्त (एस)। श्रावण की त्रयोदशी पर चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर की स्तुति की और जल-अक्षत चढ़ाया। अखिल भारतीय सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में बेणी प्रसाद जयपुरिया सत्संग हाल में गोस्वामी देवगिरि ने शिव पुराण की कथा सुनायी। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष श्री प्रेमचंद गुप्त ने कहा कि भगवान शंकर आशुतोष हैं, औघड़दानी हैं और सभी प्रकार की ऋद्धि-सिद्धि प्रदाता हैं।

आज

दिल्ली संस्कृत अकादमी: 'संस्कृत साहित्य में वनस्पति विज्ञान' विषय पर संगोष्ठी, कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल, फेज-3, अशोक विहार, प्रातः 11 बजे। डा. इन्द्रचन्द्र शास्त्री

एक हजार से भी अधिक ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं: खुराना

नगर संवाददाता

नयी दिल्ली, 5 अगस्त।

मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना ने दिल्ली के बिजली संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक हजार चार सौ ट्रांसफार्मर पिछले दो वर्षों से खराब पड़े हैं, जो अभी गारंटी अवधि में हैं। उन्होंने डेसू महाप्रबंधक को निर्देश दिया है कि इन सभी खराब पड़े ट्रांसफार्मरों को 31 अगस्त तक गारंटी अवधि में ठीक कराया जाये। इस मामले में जो कम्पनी ट्रांसफार्मरों को ठीक करने में आनाकानी करती है तो उन्हें नये टेंडरों में एक सितम्बर से शामिल करने के लिए रोक दिया जाये। उनका कहना था कि ये सभी ट्रांसफार्मर दो से पांच साल तक की गारंटी अवधि में हैं।

श्री खुराना ने आज संवाददाता सम्मेलन में फिर स्वीकार किया कि दिल्ली में बिजली संकट में ऐच्छिक सुधार नहीं हुआ है। अनेक बस्तियों में बिजली चार से 48 घंटे तक गुल रहने की शिकायतें मिल रही हैं। इन ट्रांसफार्मरों का वर्तमान बिजली संकट और गर्मियों के शुरू होने से पूर्व ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, आयलिंग किये जाने से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह पूछे जाने पर कि ट्रांसफार्मरों की गारंटी अवधि में मरम्मत नहीं कराये जाने पर वे अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई कर रहे हैं, इस पर मुख्यमंत्री का कहना था कि डेसू अधिकारी पिछले कुछ अर्से से सम्बद्ध कम्पनियों से सम्पर्क बनाये हुए हैं। कुछ ट्रांसफार्मर ठीक भी हुए हैं, पर ऐसे ट्रांसफार्मरों की संख्या ज्यादा है, जिनकी गारंटी अवधि में मरम्मत करायी जानी शेष है।

वर्तमान बिजली संकट की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने आज सुबह इंजीनियर एसोसिएशन सुपरवाइजरी स्टॉफ एसोसिएशन और श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों की बैठक बुलाकर उसमें अपनी चिंता जतायी थी। उनका कहना था कि उन्होंने इन डेसू कर्मियों को स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि अगर उन्होंने बिजली संकट का हल करने में तत्काल प्रभावी कदम नहीं उठाये तो उन्हें बाध्य होकर निजीकरण के केन्द्रीय सरकार के दबाव के सम्मुख अपनी सरकार की स्वीकृति देनी होगी।

विधानसभा सत्र: मुख्यमंत्री ने बताया कि 22 अगस्त से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में लाटरी पर 20 प्रतिशत बिक्री कर लगाये जाने का विधेयक प्रस्तुत किया जायेगा। इस विधेयक को जटिलताओं के बारे में विधि विभाग से सलाह मशवरा कर लिया गया है। उनका कहना था कि एक सप्ताह के सत्र में अन्य विधेयकों में लघु बचत निदेशालय और नशाबंदी निदेशालय गठित किये जायेंगे, किन्तु ये दोनों निदेशालय एक ही विभाग के तहत होंगे। इसके अलावा दिल्ली से बाहर अन्य राज्यों से वाहन खरीदने वालों को दिल्ली में ही वाहन खरीदे जाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा और इस मामले में बिक्री कर को सरल किया जायेगा। इसी पत्र में दिल्ली सरकार लिंग परीक्षण रोक पर भी विधेयक लायेगी। पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के उद्देश्य से एक विधेयक लाया जायेगा।

दो इंजीनियर निलंबित: मुख्यमंत्री ने बताया कि पूसा रोड पर पांच इमारतों के निर्माण कार्य और कम्पलीशन सर्टिफिकेट दिये जाने के मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर दिल्ली नगर निगम के कार्यकारी अभियंता तथा कनिष्ट अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। इनके लिये साढ़े तीन मंजिले भवन बनाने के लिये न तो स्वीकृति थी, पर बिल्डरों ने इस पर सात मंजिले बना दी गयीं और अतिरिक्त एरिया कवर कर लिया।

उन्होंने बताया कि इन सभी इमारतों के कम्पलीशन पर्टिफिकेट के मामले में भी नियमों की अनदेखी की गयी। अतिरिक्त उपायुक्त ने जब कम्पलीशन सर्टिफिकशट देने से इनकार कर दिया तो कार्यकारी अभियंता (भवन) ने स्वतः कम्पलीशन सर्टिफिकेट जारी कर दिया, जो नियम विरुद्ध है। इस सारे मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं। इस सिलसिले में अन्य न्यायालय में चल रहे मामले में सुप्रसिद्ध अधिवक्ता कपिल सिब्बल को नियुक्त किया गया है।

कंझावला में कांवड़ियों पर लाठीचार्ज, अश्रु गैस

नभाटा समाचार

नयी दिल्ली, 5 अगस्त।

कंझावला क्षेत्र में कांवड़ियों की उत्तेजित भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया तथा अश्रु गैस के गोले छोड़े। ये कांवड़िये मारुति कार द्वारा उनके कुछ साथियों को टक्कर मारे जाने से उत्तेजित थे। क्रुद्ध कांवड़ियों ने काफी देर तक कंझावला-बवाना मार्ग को अवरुद्ध रखा और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया।

उत्तर पश्चिमी जिले के पुलिस प्रवक्ता ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि कल रात करीब 12 बजे 30-35 कांवड़िये कंझावला-बवाना मार्ग पर कांवर लिये जा रहे थे। तभी बवाना की ओर जा रही एक कार ने उनमें से कुछ को मामूली रूप से टक्कर मार दी जिससे वे जख्मी हो गये। दुर्घटना के बाद कार चालक कार सहित भाग निकला। इससे कांवड़िये उत्तेजित होकर सड़क के बीचोंबीच बैठ गये। कुछ ही देर में वहां और कांवड़िये आ गये। उनके साथ आस-पास के गांवों के काफी लोग भी सड़क जाम करने में शामिल हो गये।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जब स्थानीय पुलिस ने यातायात चालू करने के लिए लोगों को हटाने का प्रयास किया तो भीड़ पुलिस दल पर पथराव करने लगी। तब पुलिस ने अश्रु गैस के गोले छोड़कर और लाठीचार्ज कर भीड़ को सड़क से हटाया। पुलिस की लगभग एक घंटे की कार्रवाई के बाद ही यातायात पुनः चालू हो सका।

कांवड़िये अंत तक अपनी जिद पर अड़े रहे। वे कार चालक को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही कांवड़िये शांत हुए। पुलिस के अनुसार कार की पहचान कर ली गयी है। कार बवाना के किसी व्यक्ति की है। उसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

रात की घटना के सिलसिले में पुलिस ने दंगा-फसाद का मामला दर्ज किया है पर अभी किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

यमुना का जल स्तर बढ़ रहा है

नयी दिल्ली, 5 अगस्त (नस)। यमुना का जल स्तर खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है। ताजेवाला से लगातार छोड़े जा रहे पानी और नदी के जल ग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण आज शाम तक जल स्तर 204.71 मीटर तक पहुंच गया। देर रात तक जल स्तर के खतरे का निशान पार कर लेने की आशंका है।

बाढ़ नियंत्रण विभाग के सूत्रों के अनुसार आज सुबह जल स्तर केवल 204.58 मीटर था। लगातार बढ़ रहे जल स्तर को देखते यमुना का जल स्तर शुक्रवार की देर रात खतरे का निशान पार कर लेने की संभावना है। खतरे का निशान 204.83 मीटर पर है। शनिवार तड़के तक पानी 204.90 मीटर तक पहुंच जाने की उम्मीद है।

शहीदों की याद में श्रद्धा सुमन अर्पित

नगर संवाददाता

नयी दिल्ली, 5 अगस्त।

नेशनल एक्स सर्विसेन कोआर्डिनेशन कमेटी की ओर से पूर्व सैनिकों ने आज अमर जवान ज्योति पर शहीदों की याद में श्रद्धा सुमन अर्पित किये और एकता और अखंडता के लिए शपथ भी ली। मुख्य अतिथि पूर्व स्क्वाड्रन लीडर राम

अतिरिक्त सुरक्षा पाने के लिए गोलीकांड की योजना बनायी

नयी दिल्ली, 5 अगस्त (नस)। परिवार को अतिरिक्त सुरक्षा दिलवाने तथा प्रचार पाने के लिए स्कीपर कंस्ट्रक्शन कम्पनी के मालिक तेजवंत सिंह के फार्म हाउस पर गोलीकांड की योजना बनायी गयी थी। यह रहस्योद्घाटन इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी से हुआ है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त दीपक मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के नाम मनजीत सिंह उर्फ मिन्ना (निवासी तेलीवाड़ा शाहदरा), उमेश भाटिया (प्रीत विहार, दिल्ली) तथा धर्मवीर गुर्जर (दादरी, गाजियाबाद) हैं। यह गोलीकांड 23 जून को छतरपुर में हुआ था।

पुलिस का कहना है कि तेजवंत सिंह प्रचार पाना चाहते थे और जैड श्रेणी की सुरक्षा पाने का औचित्य सिद्ध करना चाहते थे। अतः उन्होंने अपने विश्वास पात्र मनजीत सिंह के मार्गदर्शन में यह योजना तैयार का। मनजीत सिंह स्कीपर कंस्ट्रक्शन कम्पनी में ही खरखराव प्रबंधक है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मनजीत सिंह ने कुख्यात अपराधी उमेश भाटिया से सम्पर्क किया। उमेश भाटिया ने करनैल सिंह जयंती प्रसाद तथा धर्मवीर गुर्जर को वारदात करने के लिए रुपया देकर तय किया।

कई क्षेत्रों में बिजली संकट जारी

नगर संवाददाता

नयी दिल्ली, 5 अगस्त।

दिल्ली के कई क्षेत्रों में आज भी बिजली का संकट जारी है। बिजली की आपूर्ति न होने के कारण कई क्षेत्रों के निवासियों ने आज विरोध प्रदर्शन किया।

कमला मार्केट में पिछले एक सप्ताह से बिजली नहीं आने के कारण यहां के दुकानदार बेहद दुखी हैं। एक सप्ताह से मार्केट में काम नहीं हो रहा है। यहां मार्केट एसोसिएशन के नेता हरिन्दर पाल ने बताया कि इसकी शिकायत राज्य के मुख्यमंत्री सहित सभी प्रमुख नेताओं से की है। पर कोई भी सुनवायी करने के लिए तैयार नहीं है।

पीतमपुरा, प्रशांत विहार और शालीमार बाग के कुछ क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से बिजली की आपूर्ति नियमित नहीं है। यहां के निवासियों ने बताया कि डेसू के नियंत्रण कक्षों में फोन की घंटिया बजती रहती है पर कर्मचारी गायब रहते हैं। वैसे अक्सर शिकायत दर्ज करने के बाद घंटों ठीक नहीं कराते हैं। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के यहां की गयी शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं होती।

एक से अधिक राशन कार्डों में नाम वाले 21 पकड़े

नयी दिल्ली, 5 अगस्त (वस)। दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने शकरपुर क्षेत्र में 21 ऐसे व्यक्तियों की पहचान की है जिनके नाम एक से अधिक राशन कार्डों में अंकित थे।

सहायक स... बलात्कार के अ...

नगर संवाददाता

नयी दिल्ली, 5 अगस्त।

हौजखास थाने के एक सहायक सब इंस्पे... रतन सिंह को एक महिला के साथ बलात्कार आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसके ... अन्य साथी की तलाश की जा रही है। रतन ... को निलम्बित कर दिया गया है।

बताया गया है कि गत 12 जुलाई को ... वर्षीय एक महिला आई.आई.टी. परिसर में अ... किसी परिचित से मिलने के लिए फरीदाबाद आयी थी। यहां उसे घर नहीं मिला तो वहां सुरक्षाकर्मी ने उसे पुलिस के सुपुर्द कर दि... सहायक सब इंस्पेक्टर लक्ष्मी नारायण ने ... ढूंढ़ने का प्रयास किया लेकिन पता न चलने ... रतन सिंह महिला को अपने साथ पहाड़ गंज थ...

हैजे की रोक... विधान सभ...

नगर संवाददाता

नयी दिल्ली, 5 अगस्त।

दिल्ली विधानसभा में जनता विधायक के नेता रामवीर सिंह विधूड़ी ने चेतावनी दी है ... यदि दिल्ली सरकार ने राजधानी के ग्रामीण और झुग्गी बस्तियों में फैल रहे हैजे की रोक... के लिए कारगर कदम नहीं उठाये तो भारी सं... में झुग्गी बस्ती और ग्रामीण क्षेत्र के निव... मुख्यमंत्री निवास पर धरना देंगे।

श्री विधूड़ी ने यह घोषणा आज ... संवाददाता सम्मेलन में की। उन्होंने कहा ... उनके विधानसभा क्षेत्र बदरपुर में हैजे से ... जानें जा चुकी हैं और सैकड़ों लोग बीमार हैं। विधूड़ी के अनुसार हैजे का प्रकोप बदर... विधानसभा क्षेत्र के मोलड़बन्द विस्तार, सौ... विहार, सरिता विहार, कस्तूरबा गांधी कैम्प, रेल... स्टेशन तुगलकाबाद, गगन विहार, मीठा... विस्तार और साईंबाबा नगर आदि क्षेत्रों में है।

उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी कैम्प ... दो वर्षीय टीना, इंदिरा कल्याण विहार ओख... फेज-एक की आठ वर्षीय अंजू कुमारी, बदर... निवासी 12 वर्षीय असलम, साईंबाबा न... निवासी 6 वर्षीय सुखारी और गोला कुआं तेख... कैम्प की छह वर्षीय बीना की मौत हैजे से हो ... है।

इसी प्रकार रामवीर सिंह विधूड़ी ने भारी व... से हुए विनाश की चर्चा करते हुए कहा ... मीठापुर विस्तार, गगन विहार, साईंबाबा नग... ओमनगर और जैतपुर विस्तार आदि क्षेत्रों ...

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों (बी.एससी. आनर्स/ जनरल) में प्रवेश के लिए जारी पहली न्यूनतम अंक सूची

	बी.एस.सी. (आनर्स)											बी.एस.सी. (जनरल)						
कालेज	भौतिकी	रसायन	वनस्पति	प्राणिशास्त्र	एन्थ्रो	भूगर्भ विज्ञान	जैविक रसायन	माइक्रो	इलेक्ट्रोनिक	गणित	सांख्यिकी	ग्रुप 'ए'	ग्रुप 'बी'	इलेक्ट्रानिक	ए.एम. इन केम.	इंड. साइंस/ रसायन	कम्प्यूटर साइंस	पर्यावरण विज्ञान
आचार्य नरेन्द्रदेव	77	73	76	80						80	74	70					80	
ए.आर.एस.डी.	83	79							86	81-85	77		78-80	75				
कालेज आफ एप्लायड साइंस									बेसिक इलेक्ट्र. 80%		फूड टैक्नोलॉजी 83%							
दौलत राम कालेज		84	82	82		87					79							
दयाल सिंह	82-85	78-80	78-80	81-82						78-80		73	पी.सी.ए.	75 पी.सी.ए.				83-85
दीनदयाल उपाध्याय	79								81	73		74	73				80	
देशबंधु कालेज	82	80	76	78			84			78-80		73	74			70	82	
गार्गी कालेज	82	81	86	85				92-96				75	77					
हिन्दू	91.33	85-89	88	91						89-92	84-85	87		89				
कालिन्दी	77									70		77	71				77	
किरोड़ीमल	88	84	84	86						90	78-85	82	82		82		88.66	
लेडी इरविन						बी.एस.सी. (आनर्स) होम साइंस 35%				बी.एस.सी. (पास) होम साइंस 75%								
लेडी श्रीराम											82							
मैत्रेयी	83	80	80-85	82-85						78-80		76	76					75
मिरांडा हाउस	85	80	82	83						84			80				88	
मोतीलाल नेहरू	76	76								75-80		75					85	
पी.जी.डी.ए.वी.											72-75							
राजधानी	80	75							85	78-75		74			75		72	
रामलाल आनन्द									84-89			70-75						
रामजस कालेज	87	82	86	86						80	75-85	76	82	85				82
एस.जी.टी.बी. खालसा	85	88.3	82	82.6					90	80		83.3	83.6				90.5	
शिवाजी	80	78	78	78			85			72		78	76				85	
श्री अरविन्दो										85			76 पी.सी.एम.	79 पी.सी.एम.				
स्वामी श्रद्धानन्द			78	76.33				86				72	73.3		एग्रो केमि. एंड पेस्ट कंट्रोल 72			

'पूर्वोत्तर की समस्याओं को केंद्र सक्रियता से हल करेगा'

अगरतला, 25 जून (वार्ता)। केन्द्रीय वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने कहा है कि केन्द्र पूर्वोत्तर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए और अधिक सक्रिय भूमिका निभायेगा।

डा. सिंह कल रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात राज्यों में से कई राज्यों में उपद्रव व अशांति के कारण विदेशी निवेश में अड़चनें आयी हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी पूंजी निवेश के लिए शांति और व्यवस्था का कायम रहना जरूरी है।

डा. सिंह ने प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव द्वारा आदिवासियों और पूर्वोत्तर राज्य की समस्याओं के अध्ययन के लिए गठित तीन उप समितियों में से एक का नेतृत्व कर रहे हैं।

डा. सिंह ने पूर्वोत्तर राज्यों में विकास दर में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों में यह भावना है कि उनकी अनदेखी की जाती है और उन्हें अलग-अलग रखा जाता है। उन्होंने कहा कि इस भावना को दूर करना आवश्यक है।

डा. सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों के संगठित प्रयास की बदौलत इस क्षेत्र के लोगों को देश में जारी विकास गतिविधियों में बराबर का हिस्सेदार बनाने की कोशिश कर रही है।

डा. सिंह ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की समस्याओं का अध्ययन करना है। सभी मंत्रिमंडलीय टीमें अपनी रिपोर्ट अपनी सिफारिशों के साथ प्रधनामंत्री और योजना आयोग को सौंपेंगी।

उन्होंने बताया कि केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री तथा योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रणव मुखर्जी के नेतृत्व में एक अन्य मंत्रिमंडलीय दल इसी उद्देश्य से शीघ्र ही मणिपुर और नागालैंड का दौरा करेगा। गृहमंत्री शंकर राव चव्हाण के नेतृत्व मे एक अन्य केन्द्रीय दल पहले ही असम मेघालय और अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर चुकी है।

वित्त मंत्री ने कहा कि नयी आर्थिक नीति से पूर्वोत्तर क्षेत्र को फायदा होगा।

समूह-77 में द. अफ्रीका शामिल

संयुक्त राष्ट्र, 25 जून (रायटर)। दक्षिण अफ्रीका कल विकासशील देशों के समूह-77 में शामिल हो गया। इसके साथ ही समूह की सदस्य संख्या बढ़कर 130 हो गयी।

दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री ने एक समारोह मे कहा कि रंगभेद की नीति के कारण उन्होंने अपने देश में सामाजिक और आर्थिक [illegible]

★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★ टाइम्स संगीत टॉपर्स

सप्ताहान्त 26th June

सप्ताहान्त 26th June	सप्ताहान्त 19th June	गीत	फिल्म	गायक	संगीतकार
1	1	एक लड़की को देखा	1942- एक लव स्टोरी	कुमार सानू	आर.डी. बर्मन
2	2	तू चीज बड़ी है मस्त	मोहरा	उदित नारायण, कविता कृष्णमूर्ति	वीजू शाह
3	3	ओले ओले	यह दिल्लगी	अभिजीत	दिलीप सेन
4	4	राह में	विजयपथ	कुमार सानू, अलका याज्ञनिक	अनु मलिक
5	14	झूले झूले लाल	जय किशन	अरुण बक्शी, पी.टी. मिश्रा	आनंद मिलिंद
6	21	दिल दिल	आतिश	जौली मुकर्जी, अलका याज्ञनिक	नदीम श्रवण
7	5	लव लव हुआ	विजयपथ	अलिशा चिनोए	अनु मलिक
8	6	देखो जरा देखो	यह दिल्लगी	लता मंगेशकर, कुमार सानू	दिलीप सेन
9	7	रिमझिम	1942-एक लव स्टोरी	कुमार सानू, कविता कृष्णमूर्ति	आर.डी. बर्मन
10	8	आई एम वेरी वेरी सॉरी	चांद का टुकड़ा	लता मंगेशकर, विपिन सचदेव	महेश किशोर
11	9	बड़ी मुश्किल है	अंजाम	अभिजीत	आनन्द मिलिंद
12	10	आजा मेरी गाड़ी में	मिस 420	बाबा सहगल, अनु मलिक	अनु मलिक
13	12	दे दे ◆	बॉम्बे गर्ल	अलिशा चिनोए	लेजली लिऊस
14	13	मुस्तफा	आतिश	जौली मुकर्जी, मुकुल अग्रवाल	नदीम श्रवण
15	11	मंजूला ◆	डा. ढिंगरा	बाबा सहगल	चार्ल्स वाज
16	15	ईना को मिल गयी	ईना मीना ढीका	कुमार सानू, पूर्णिमा	आनंद मिलिंद
17	16	तेरे बगैर	आ गले लग जा	कुमार सानू, कविता कृष्णमूर्ति	अनु मलिक
(18)	.	चांद से पर्दा कीजिए	आओ प्यार करें	कुमार सानू	अदेश श्रीवास्तव
19	18	दीवाना दिल	कभी हां कभी ना	अमित कुमार, उदित नारायण	जतिन ललित
20	24	नैन तेरे	अनजाने	कुमार सानू, अलका याज्ञनिक	राजेश रोशन
(21)	.	पायल उतार दूंगी	मोहब्बत की आरजू	ईला अरुण	लक्ष्मीकांत प्यारेलाल
22	22	जादू तेरी नजर	डर	उदित नारायण	शिव हरि
23	23	यह काली काली	बाजीगर	कुमार सानू, अनु मलिक	अनु मलिक
24	19	ए काश के हम	कभी हां कभी ना	कुमार सानू	जतिन ललित
25	25	चेहरा क्या देखते	सलामी	कुमार सानू, आशा भोंसले	नदीम श्रवण

टाइम्स संगीत टॉपर्स विजेता

विजेताओं को बधाई। इस बार का टॉप गाना था, एक लड़की को देखा, फिल्म 1942-एक लव स्टोरी से

Aaiswariya Ritu Gupta

विजेताओ को डाक द्वारा सूचित किया जाएगा

यह सूची रिटेल सेल्स श्रोताओं की फरमाइश और टाइम्स एफ एम द्वारा किए गये शोध पर आधारित है टाइम्स एफ एम1994

◯ नये प्रवेश
➤ दोबारा प्रवेश
→ गीत परिवर्तन
◆ गैर फिल्मी गाने

हर शनिवार सायं 7 बजे टाइम्स एफ एम पर बम्बई (107.1 MHz) दिल्ली (102.6 MHz)



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

दिल्ली सरकार

समाज कल्याण विभाग

बाल कल्याण एवं महिला उद्धार के क्षेत्र मे कार्य करने के अतिरिक्त यह विभाग वृद्ध, अशक्त, शोषित एवं उपेक्षित लोगों, विधवाओं, उनके बच्चों तथा समाज के सभी ऐसे हिस्सों, जिनकी देखभाल पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाना आवश्यक है, की देखरेख के उत्तरदायित्व का निर्वाह भी करता है।

1. चालू वर्ष के दौरान 3.50 लाख की अतिरिक्त आबादी को आई सी डी एस कार्यक्रमों के अंतर्गत लाया जाएगा, जिसमें से 1.13 लाख की आबादी को पहले ही इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाया जा चुका है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भारतीय चिन्तन धारा-1

सबको देखना ही देखना है

विद्यानिवास मिश्र

भारतीय चिन्तनधारा लेखमाला में भारतीय जीवन को प्रभावित करने वाले भावों और विचारों की तथा इनकी भिन्न-भिन्न प्रकार की अभिव्यक्तियों की चर्चा होगी। यह अभिव्यक्ति मनुष्य के रहन-सहन, कला साहित्य, दर्शन तथा सामाजिक उत्सवों में प्रतिबिम्बित होती है। इन सबको समेटते हुए यह लेख माला भारतीय जीवन दृष्टि के मुख्य-मुख्य मुद्दों पर प्रकाश डालेगी। भारत के विपुल वांगमय का तो आधार रहेगा ही, सबसे बड़ा आधार भारत की वर्तमान जीवन पद्धति होगी जो तमाम विकृतियों के बावजूद भीतर से कहीं भारतीय बनी हुई है। वस्तुतः यह लेखमाला भारतीय लोकमन की पैमाइश होगी। पहले लेख में इस लेखमाला की पीठिका दी जा रही है। वह पीठिका यह है कि सबका ध्यान करते हुए, अपने को सबके साथ एकाकार करते हुए सबके लिए सब कुछ करना ही भारतीय जीवन का मुख्य उद्देश्य है।

—प्र.सं.

ज्ञान या चिन्तन या मनन यों तो लगता है किसी एक देश का या किसी एक समुदाय का नहीं होता, वह सार्वभौम होता है, सबका होता है, सबके लिए होता है, परन्तु हर ज्ञान या चिन्तन के पीछे-पीछे ही आती है, उसे शब्दाकार देने वाली भाषा, वह भाषा अलग-अलग होती है। इसलिए ज्ञान की, चिन्तन की धाराएं अनेक होती हैं। यह अनेकता अनेक परिस्थितियों के कारण होती है, उनमें से अधिकांश मानवीय परिस्थितियां हैं अवश्य, पर कुछ न कुछ ऐसी अतिमानवीय, अतर्क्य परिस्थितियां भी कारण होती हैं। संस्कृतियों के परस्पर विभेद में इन दूसरी परिस्थितियों की विशेष भूमिका होती है। वस्तुतः अतिमानवीय परिस्थितियों की भी उद्भावना मनुष्य के ही अतिमानुष तप और साधनाभ्यास से होती है। इन उद्भावनाओं में आते हैं ईश्वरीय कहे जाने वाले ग्रंथ या अपौरुषेय कहे जाने वाले ग्रंथ या इलहाम में आये हुए वाक्य या अपनी गहरी चेतना के स्तर के अनुभव की अपर्याप्त प्रस्तुति के रूप में आये हुए शब्द या वाक्य को गिनाया जा सकता है। इनके अलावा भी मिथक, उपमान, प्रतीक और विचारों के चौखटे, बड़ी और व्यापक साझेदारी के कारण हर मनुष्य की जातीय स्मृति में आकलित, पुनर्व्याख्यायित और पुनः संश्लेषित होते रहते हैं, ये भी विचारधाराओं की विभिन्नता के कारण बनते हैं। जब हम भारतीय विचारधारा कहते हैं, तो भारत से हमारा अभिप्राय न भारत का भूगोल है, न इस भूगोल में घटित ऐतिहासिक घटनाओं का क्रम और उनका प्रभाव है, भारत से हमारा अभिप्राय केवल भारतवंशी से भी नहीं। यहां तक कि भारतीय नाम की कोई न तो प्रजाति या नस्ल है, न नस्लों की स्मृति भीतर संजोने वाली कोई मिश्रित प्रजाति है। भारत को परिभाषित करना हो तो कह सकते हैं, भारत विचारों, कथाओं, वार्ताओं, ऋतुचक्रों और उनसे जुड़े उत्सवों, मेलों, जनसभाओं और उनसे प्रेरित यात्राओं, समस्याओं, साधनों और लोकजीवन के सौष्ठव-प्रकारों की साझेदारी का ही संपुंजित नाम है। इसीलिए भारत के भूगोल के बाहर भी इसका प्रसार संभव हुआ। इसीलिए भारत में विभिन्न देशों से विभिन्न समयों में आने वाले लोगों की इसमें सहभागिता हुई और आगे भी होती रहेगी। यह अलग बात है कि बहुत से सहभागी अपने विचारों को अपने-अपने नये राष्ट्रीय नामों से पुकारने लगे हों, पर वे भी धर्म या प्रकृति-नियम या दिव्य व्यवस्था जैसी केन्द्रभूत अवधारणा की बात करते हैं, तो भारत के सजातीय ही लगते हैं।

इस भारतीय विचारधारा के मुख्य रूप से चार पक्ष हैं। पहला पक्ष है, इसके प्रथम सिद्धान्त, जिसे पुरुष सूक्त में 'प्रथम धर्म' भी कहा गया है। इसके प्रथम सिद्धान्त तीन हैं— सम्पूर्ण जीवन अखंड है और एक है। दूसरा सिद्धान्त है जीवन निरन्तर प्रवाहित हो रहा है, वह ऐसी गति से चला रहा है, जो तमाम स्थितियों को संभाले चलती है। तीसरा सिद्धान्त है कि सारी की सारी स्थितियां, सारे के सारे स्थायीभाव, सारे के सारे तत्व जहां ठहरे हुए हैं, जहां सुप्तप्राय हैं, वहां से विस्थापित होकर जो कुछ होना चाहते हैं, जो कुछ होने की बेचैनी अनुभव करते हैं, वह होने की प्रक्रिया एक है, उसी एक के कारण सब एक-दूसरे से संबद्ध हो जाते हैं, एक-दूसरे से जुड़े हुए सबसे जुड़ने लगते हैं। श्रीमद्भागवत गीता में इसी को सात्विक ज्ञान कहा है—

सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्षते।
अविभक्तं विभक्तेषु ज्ञानं तद् विद्धि सात्विकम्।

समस्त भूतों में (भूतों से तात्पर्य समस्त सत्ताओं से है, जो निष्पन्द पड़ी हुई हैं, ये पंचमहाभूत हों, पंच महाभूतों से बने शरीर वाले प्राणी हों या पांच तन्मात्राओं रूप रस गन्ध स्पर्श शब्द के विभिन्न संयोगों से बनी मन की वासनायें हो या कहीं खोह में पड़ी कोई स्मृति हो, चित्त की कोई सोयी दशा हो, सभी से हैं। एक न चुकने वाला भाव जो देखता है, एक निरन्तर अनथक होने की प्रक्रिया देखता है और यह देखते हुए यह भी देखता है कि पदार्थ प्राणी अलग-अलग बंटे दिखते हैं, पर उनमें कोई एक है जो अनबंटा (अविभक्त) दिखता है, किसी में कम, किसी में अधिक ऐसा नहीं, सबमें बराबर-बराबर बंटा, ऐसा भी नहीं। सबमें समूचा दिखता है, वही सात्विक ज्ञान है, वही शुद्ध ज्ञान है, वही ज्ञान सही माने में प्रकाश है। वही ज्ञान बोझ नहीं है, फूल की तरह हल्का है। वही यहां से वहां शीघ्र गति से पहुंचने में समर्थ है।

इन्हीं प्रथम सिद्धान्तों की कसौटी पर समस्त आचार समस्त विचार परखे जाते हैं। हम कैसे रहें, कैसे घर में बरतें, कैसे गांव में बरतें, कैसे जनपद में, कैसे देश में, इसमें ध्यान इसी पर नहीं रहता है, हम जो कुछ कर रहे हैं, वह समस्त ब्रह्माण्ड के जीवन का ही व्यापार है, यह व्यापार दूसरे व्यापार को निरन्तर प्रवर्तित कर रहा है जैसे दिये की बत्ती से दूसरा दिया जलाया जाता है और हम किस सीमा तक छोटे से निजत्व से हट कर सबके निजत्व बने रहते हैं। यदि हम सावधान नहीं रहते, कहीं चूक जाते हैं, तो फिर यह न चुकने वाला भाव लहर की तरह फिर आता है, हमें अपनी क्षुद्रता का ज्ञान हो जाता है। यह भावरूप ज्ञान (या इसे रसमय प्रकाश कहें) हमारे साथ सर्वत्र सर्वदा रहता है, हम सो सकते हैं, यह नहीं सोता। इसलिए भय की कोई बात नहीं, समष्टि के कल्याण की ओर एक बार पैर उठ जाये, तो दुर्गति नहीं होने वाली, फिर सही रास्ता मिलता रहेगा।

इन्हीं प्रथम सिद्धान्तों की परिणति विश्व को परिवार के रूप में देखने में होती है, जिसमें दूर-दूर का नक्षत्र भी कुटुम्बी हो जाते हैं, आसपास के पेड़-पौधे बन्धु हो जाते हैं। इसकी दूसरी परिणति रूपान्तर में है। जीवन अब अखण्ड है, तो किसी व्यक्ति की मृत्यु कहां होगी, एक रूप में वह नष्ट दिखेगा। दूसरे रूप में वह प्रकट या अप्रकट रहेगा। पदार्थ का नाश होता नहीं, केवल दूसरे पदार्थ के रूप में बादलाव होता है। शिव शव भी हैं, शिव भी हैं, पिण्ड जड़ भी हैं, चेतन भी हैं। ऊर्जा का ही रूपान्तरण पिण्ड है और पिण्ड का ही रूपान्तरण ऊर्जा है। इन सिद्धान्तों की तीसरी परिणति है, अपनी हद से बाहर निकलने की प्रति पिण्ड में संभावना। इसी संभावना के कारण केवल व्यक्ति अपनी हद से बाहर जा कर नया नहीं होता, स्वयं नये का स्रष्टा नहीं होता, उसके कारण सृष्टि और सृष्टि की व्यवस्था भी नयी होती है। इसलिए पूर्व में चले हर मार्ग का महत्व है, पर मार्ग से अधिक महत्व मार्ग बनाने की विधि का है। वह विधि भी प्रथम सिद्धान्तों के अनुसार ही होगी, तब शुद्ध होगी। मार्ग प्रत्येक का अपना होगा और वह उसका पूरा उत्तरदायी होगा। वह स्वतंत्र होगा अपना मार्ग चुने, पर विधि कहती है कि दूसरे के मार्ग की अवहेलना न करे। अपनी स्वतंत्रता की तरह दूसरे की स्वतंत्रता का सम्मान करे, जिससे एक स्वतंत्रता दूसरे की पोषक हो, बाधक नहीं। स्वतंत्रता का अर्थ अपने प्रकाश से आलोकित है, अपने अभ्यास से प्रकट हुई, ज्योति से परिचालित होना ही स्वतंत्र होना है। स्वतंत्र का अर्थ उच्छृंखल नहीं है। स्वतंत्र का अर्थ निरपेक्ष नहीं है, जिसे दूसरे स्व की अनुभूति नहीं होगी, जिसे सबके स्व की अनुभूति नहीं होगी, वह स्व को क्या समझेगा? जब स्व को पूरी तरह नहीं समझेगा, स्वतंत्रता को क्या समझेगा? इन सिद्धान्तों की चरम परिणति है सकल जीवन में श्रद्धा। जीवन जैसा भी हो तिरस्करणीय नहीं है। यह अवधारणा सबल के अतिजीवन (सर्वाइवल आफ द फि टेस्ट) की विलोम अवधारणा है। इसके अनुसार कोई निरपेक्ष रूप से सबल नहीं, हर एक का बल उसके देशकाल और उसके प्रकार्य से निर्धारित होता है और हर एक एक-दूसरे को बल देता है। एक प्रजाति दूसरी प्रजाति को खाती है तो भी वह प्रजाति का नाश नहीं करती, उसकी संख्या का नियंत्रण करती है, संतुलन बनाये रखती है सृष्टि में। नाश तो प्रकृति विजय के अभियान में मनुष्य करता है, जब वह भूल जाता है कि कोई भी सबल नहीं है, मनुष्य भी सबसे सबल नहीं है, उसे भी अपेक्षा है, अनेक स्रोतों से निरन्तर बल और ऊर्जा प्राप्त करते रहने की।

इन प्रथम सिद्धान्तों के स्तर पर हमारी साझेदारी विश्व के अनेक चिन्तन केन्द्रों के बीच-बीच में रही है। नव प्लातोनिक जीवन दृष्टि या मध्ययुगीन मसीही जीवन दृष्टि या कुछ सूफियों की इश्क ए हकीकी की दृष्टि या ताओ जीवन दृष्टि या जेन जीवन दृष्टि इन सबसे किसी न किसी भाग में साझेदारी है। अन्तर आता है क्रियान्वयन में। क्रियान्वयन के तीन स्तर है— पहला स्तर तो इन सिद्धान्तों को शब्द का आकार देना है, बिना उसके कोई भी ज्ञान, कोई भी प्रत्यय बुद्धिग्राह्य नहीं होता। मानव बुद्धि बिना भाषा के कुछ न पकड़ पाती है, न कुछ पकड़ा पाती है। भाषा से अभिप्राय केवल शब्दरचना या शब्द संयोजना से ही नहीं है। भाषा चौखटा है, जिसमें विचार या भाव तस्वीर की तरह जड़े जाते हैं, तो हमें समझ में आता है, इस तस्वीर में यह शीर्ष है, यह पार्श्व है, यह पीठिका है, इस तस्वीर में केन्द्र बीच में है, या दायें हैं, बायें हैं। ये चौखट एक दिन में एक पीढ़ी में नहीं बनते। पीढ़ी-दर-पीढ़ी के अनुभव से ये चौखटे बनते रहते हैं।



दूसरा स्तर है अनुष्ठान। यों तो जीवन की प्रत्येक क्रिया अनुष्ठान है, परन्तु मनुष्य अत्यन्त सार्थक और अत्यन्त सर्जनात्मक क्रियाओं के कुछ प्रारूप बनाता रहा है, इन प्रारूपों के बारे में प्रायः कहा जाता है कि हमारे देवताओं ने इसे पहले बनाया या हमारे फरिश्तों ने बनाया या हमारे अवतारी पुरुष ने बनाया। यह कहना अर्थ रखता है। मनुष्य के भीतर पवित्रता, दिव्यता और सहज निश्छलता जब उभरते हैं, उस समय उसके द्वारा किया गया कार्य दिव्य अनुष्ठान महज बन जाता है। ये अनुष्ठान यज्ञ हो, पूजा हो, तप हो, जप हो, प्रार्थना हो, कीर्तन हो, गान हो, नृत्य हो, क्रीड़ा हो, कुछ भी हो, दूसरी जीवन क्रियाओं से कुछ अलग इसलिए दिखते हैं कि वे अनुष्ठान एक नवसर्जित देशकाल में सम्पन्न होते हैं और ऐसे मनुष्यों द्वारा सम्पन्न होते हैं, जो दीक्षा ले कर या न्यास करके या किसी के शिष्य हो कर या अस्थायी रूप से ही सही अपने सामान्य जीवन से विच्छिन्न हो कर कुछ स्वयं नवसर्जित हुए रहते हैं। ये अनुष्ठान मनुष्य की संभावना को उभारने के लिए सम्पन्न होते हैं। इन अनुष्ठानों के कारण कलाएं विकसित हुईं, विज्ञान विकसित हुआ, इन्होंने अंकगणित, बीजगणित और ज्यामिति को जन्म दिया, इन्होंने ही प्रत्येक संस्कृति में विशालतर को समझने-समझाने के लिए प्रतीक दिये, अभिप्राय दिये। इन्होंने ही संगीत नृत्य नाट्य काव्य चित्र शिल्प और वस्तु के प्रतिरूप दिये।

आज के कुछ बुद्धिजीवी इन अनुष्ठानों का व्यर्थ का आडम्बर समझते हैं, आज भी आपाधापी वाली सभ्यता के लिए अनावश्यक बोझ मानते हैं, परन्तु इस आपाधापी वाले जीवन के अपने अनुष्ठान हैं। यहां तक कि सभ्यता के खिलाफ खड़े होने वाली संक्षुब्ध बिरादरी के भी अपने अनुष्ठान हैं। बच्चा कुछ ही बड़ा होता है कि वह पाता है कि बच्चों का अलग अनुष्ठान है, ऐसे कुट्टी होगी, ऐसे मिलनी होगी। अनुष्ठान जीवन को समझने की दूसरी भाषा है। अनुष्ठानों को ढंग से करने वाले जिस मनोयोग से सब विधि पूरी करते हैं, वह मनोयोग ही मनुष्य की ऊर्जा बनता है और जो सौष्ठव अनुष्ठान के द्वारा पूरा होता है, वही मनुष्य का राग बोध बनता है। तुलना कीजिए विवाह की जयन्ती के नये समारोह की देवोत्थान (डिठवन) एकादशी के दिन पूरे गये चौक से, उस चौक पर बनाये गये गन्ने के मंडप से और उस मंडप के भीतर विराजमान तुलसी और शालिग्राम के गठबन्धन के अनुष्ठान से।

जयन्ती के आयोजन में कितनी तैयारी होती है, कितना नशा-सा रहता है, लोगों के विदा हो जाने के बाद एक लम्बी सांस, खुदा का शुक्र सब निबट गया। तुलसी के विवाह में कुछ विशेष दौड़-धूप नहीं, बस मनोयोग है, जो बने मनोरम बने, तुलसी और शालिग्राम के अनुरूप बने। मधुर बने, सबको आने वाला सरसाने वाला बने। अनुष्ठान जाने बिना जीवन का तालमय नहीं समझ में आता और विश्वजीवन का तालमेल तो बिलकुल समझ में नहीं आता।

क्रियान्वयन का तीसरा स्तर है चिन्तन-पद्धति। कहां से हम शुरू करते हैं, कहां बात समाप्त करते हैं, किसे हम केन्द्र में रखते हैं, किसे परिधि में रखते हैं, हम किसे प्रमाण मानते हैं, किसे नहीं मानते, हम क्या लक्ष्य रखते हैं, हमारी उपपत्तियां हमारे तर्क किस प्रकार एक के बाद दूसरे रखे जाये, हम कितना दूसरे विकल्पों का ध्यान रखते हैं और यदि अपना विकल्प स्थापित करना चाहते हैं, तो दूसरे विकल्पों में कौनसी बात पूरी नहीं हुई, जिसे हमें पूरी करनी है, ये सब बातें मिल कर ही चिन्तन पद्धति बनती है। चिन्तन पद्धति भावात्मक ज्ञान को सक्रिय बनाने-रखने में योगदान देती है। इस चिन्तन पद्धति के साथ जुड़ा हुआ पक्ष है लौकिक व्यवस्था का भी। एक आभ्यंतर पक्ष है, दूसरा बाह्य।

लौकिक व्यवस्था वैसे अलौकिक आधार पर ही बनती है, पर उसके संचालन में अलौकिकता का हस्तक्षेप नहीं होता, जिस प्रकार अलौकिक स्तर पर किये गये अनुष्ठान की आधार पीठिका लोक होती है, पर लोक उसमें हस्तक्षेप नहीं करता। भारतीय राजव्यवस्था और व्यवहार व्यवस्था इसीलिए तो व्यक्ति के रूप में राजा को देवता या देवपुत्र मानती रही, न राजा में नियामक के अबाधित अधिकार देती रही, राजा को राज्य में अन्तर्भूत मानती रही। राज्य के सात क्षेत्रों में राजा का नाम न होना ही इसका सबूत है। उस व्यवस्था ने यह संभव किया कि अलग-अलग विश्वास के लोग साथ रह सकें, लौकिक जीवन में उनका आचार एक-दूसरे का पोषक बन सके। भारतीय राज्य व्यवस्था राज्य प्रसार में विश्वास नहीं करती। उपनिवेश नहीं बने, विनय के बाद भी विजित राजा को पुनः स्थापित करने पर बल दिया गया। इसी का उत्खात प्रतिरोपण कहा गया है। धान के पौधे की तरह एक जगह से उखाड़ कर पास ही खेत में रोपना ही विजय का लक्ष्य है। चक्रवर्ती की अवधारणा शहंशाह की अवधारणा नहीं है, चक्र की अवधारण है, जिसमें चक्र के प्रत्येक अंग उपयोग की भूमिका होती है।

भारतीय चिन्तनधारा की हम ऐतिहासिक विकासयात्रा देने का प्रचार नहीं कर रहे हैं, क्योंकि जैसा कि आगे के लेखों में स्पष्ट करेंगे, इतिहास का रुंधाव न स्वीकारना ही हमारा स्वभाव रहा है। हम समग्र समेकित रूप में भारतीय मन-बुद्धि की निर्मितियों की चर्चा करेंगे। हर खंड काल दूसरे खंड काल में चुपके से आ जाता है और हर आने वाली घटना पहले ही घट चुकी होती है। केवल उसकी तरफ लोगों की दृष्टि नहीं गयी होती है, हमने बात भी एक साथ बीज और वृक्ष से शुरू की है। अभी हमें तने, शाखा, प्रशाखाओं, टहनियों, पल्लवों, पत्तों, पुष्पों और फलों और वृक्ष में आश्रय लेने वाले उड़ते-छलांगते और सरकने वाले जीवों की विशद चर्चा करनी है। यह पहला लेख केवल पीठिका है। जो भी इस पर खड़ा होगा, उसका आकार कैसा होगा, मुझे स्वयं पता नहीं, कितना बड़ा हमारी बुद्धि में निहित आकार से अलग होगा, यह भी नहीं जानता। पर वह आकार विश्वास भानें विश्वनीय होगा। क्योंकि निहायत कमजोर आदमी के द्वारा खड़ा किया जायेगा।

(जारी)

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विदेश

भारत ने प्रतिबंध खत्म किये

वाशिंगटन, 8 अक्टूबर:। भारत ने चालू अंतरराष्ट्रीय खाते में विदेशी मुद्रा लेन-देन पर सभी प्रतिबंध समाप्त कर दिये हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने तत्संबंधी आठवें अनुच्छेद को स्वीकार करने संबंधी सूचना कोष को दी है। विज्ञप्ति मे कहा गया है कि इन प्रावधानों को स्वीकार कर भारत ने विश्व समुदाय को एक बार फिर आश्वस्त किया है कि वह प्रतिबंध मुक्त बहुपक्षीय भुगतान प्रणाली के हित में ऐसी ठोस आर्थिक नीतियां अपनायेगा जिससे ऐसे प्रतिबंधों की जरूरत ही नहीं रह जायेगी। अनुच्छेद आठ के तहत सदस्य राष्ट्रों पर कोष की अनुमति के बिना भेदभावपरक मौद्रिक व्यवस्था या बहुमुद्रा प्रणाली अपनाने पर भी प्रतिबंध है। विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने कोष के समझौता अनुच्छेद की धारा दो, तीन तथा चार के तहत उल्लिखित दायित्वों को गत 20 अगस्त से मंजूर कर लिया है।

नवाज के 11 सूत्री प्रस्ताव

इस्लामाबाद, 8 अक्टूबर: पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के नेता नवाज शरीफ ने पाकिस्तान में राजनीतिक संकट समाप्त करने के लिए एक नयी राजनीतिक व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है तथा राष्ट्रपति फारुक अहमद खान लेघारी और प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से इस्तीफे देकर नये चुनाव कराने की मांग की है। श्री शरीफ ने कल यहां विपक्ष के एक संयुक्त संसदीय समागम में अपने ग्यारह सूत्री एकमुश्त प्रस्तावों को पेश करते हुए कहा कि अगर इस मौके का फायदा नहीं उठाया गया तो उसकी जिम्मेदारी पूरी तरह भुट्टो की सरकार के सिर पर जायेगी।

अपने सरकार विरोधी आन्दोलन के हिस्से के रूप में ग्यारह अक्टूबर को चक्का जाम हड़ताल का आह्वान करने वाले श्री शरीफ ने कहा कि संवैधानिक संशोधनों के बिना कराया गया कोई भी चुनाव देश में सरकार और विपक्ष के बीच टकराव की स्थिति कभी भी खत्म नहीं कर सकेगा। नयी राजनीतिक व्यवस्था के नियम कहे जाने वाले अपने प्रस्तावों का खुलासा करते हुए उन्होंने कहा कि नये चुनावों से पहले इस बात की पक्के तौर पर गारंटी की जानी चाहिए कि विधानसभाएं पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेंगी और किसी भी व्यक्ति को उन्हें भंग करने या उन्हें भंग कराने की मुहिम शुरू करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

तसलीमा ने फ्रांस को आगाह किया

पेरिस, 8 अक्टूबर: बांग्लादेश की चर्चित लेखिका तसलीमा नसरीन ने फ्रांस सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उसने मुस्लिम कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेक दिये तो इससे लोकतांत्रिक आजादी के लिए खतरा पैदा हो जायेगा। इस्लाम की कथित आलोचना करने के आरोप में स्वदेशी कट्टरपंथियों द्वारा जारी मौत के फरमान के कारण गत अगस्त में स्वीडन में शरण लेने वाली नसरीन का यह संदेश कल देर रात फ्रांसीसी टेलीविजन के सांस्कृतिक मामलों के कार्यक्रम में पढ़ कर सुनाया गया। इस कार्यक्रम में पहले खुद नसरीन को पर्दे पर आना था लेकिन फ्रांसीसी प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से उन्हें रोक दिया। कार्यक्रम के निदेशक साहित्यकार एवं आलोचक बर्नाड पिवो द्वारा पढ़े गये इस संदेश में तसलीमा ने कहा: मैं फ्रांसीसी नेताओं को बताना चाहती हूं कि कट्टरपंथी धमकियों के दबाव में अथवा उनके भय से लिया जाने वाला इस तरह का कोई भी फैसला लोकतांत्रिक आजादी के अधिकार के विपरीत होगा। उन्होंने कहा: मैं समझ नहीं पाती हूं कि सदियों से लोगों को आश्रय देने वाले इस देश में मुझे सुरक्षा देना कैसे कठिन होगा। जबकि स्वीडन, नार्वे और पुर्तगाल जैसे छोटे-छोटे देशों को इसमें जरा भी कठिनाई महसूस नहीं हुई।

निर्यात कानूनों में ढील देने की अमेरिका से मांग

वाशिंगटन, 8 अक्टूबर (भाषा)। अमेरिका-भारत व्यवसाय परिषद की बैठक में हिस्सा लेने आये भारतीय व्यवसायियों ने अमेरिकी निर्यात नियंत्रण में ढील देने की मांग की है क्योंकि इससे भारत से उच्च प्रौद्योगिकी के आयात में अड़चन पड़ रही है।

भारत-अमेरिकी व्यवसाय परिषद के सह-अध्यक्ष एल.एम. थापर ने संवाददाताओं से कहा कि भारत के मामले में जिस तरीके से अमेरिकी निर्यात नियंत्रण कानून का उपयोग किया जाता है, वह उचित नहीं है।

श्री थापर ने कहा कि अमेरिका की तरफ से निर्यात नियंत्रण नियमों की जिस ढंग से व्याख्या की जाती है, वह तो हद ही है। खासकर शीतयुद्ध के दौरान अमेरिका इस मामले में गलतियां करता रहा है लेकिन स्थिति अब काफी बदल गयी है।

श्री थापर ने कहा कि उरुग्वे दौर की वार्ता की सफलता के मद्देनजर अमेरिका को चाहिए कि भारत के साथ जो व्यापारिक विवाद है, उन्हें वह बहुपक्षीय आधार पर हल कर ले, न कि वह एकतरफा स्पेशल 301 एवं सुपर 301 जैसे कानूनों का इस्तेमाल कर इन्हें निबटाने का प्रयास करें।

परिषद के अध्यक्ष पाव डी. ग्रीज ने कहा कि पहले भी हम लोग सम्मिलित रूप से इस समस्या के उचित समाधान के माध्यम के रूप में गैट समझौते को करने पर राजी हो चुके हैं।

अमेरिका, कश्मीर पर रवैया बदले: सोलार्ज

वाशिंगटन, 8 अक्टूबर (भाषा)। पूर्व कांग्रेस सदस्य तथा प्रतिनिधि सभा की एशिया प्रशांत उप समिति के अध्यक्ष स्टीफन सोलार्ज ने अमेरिका को सलाह दी है कि वह कश्मीर के स्थायी और कानूनी रूप से भारत का हिस्सा होने की बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार करे।

श्री सोलार्ज यहां प्रमुख भारतीय और अमेरिकी व्यवसायियों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा: यह उचित है कि अमेरिका कश्मीर को 'विवादग्रस्त क्षेत्र' मानने का रवैया त्याग दे। वह सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार करे कि जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय कानूनी है और यह भविष्य में भी स्थायी रूप से भारत में ही रहने वाला है।

श्री सोलार्ज ने कहा कि कश्मीर के समूचे प्रश्न को नये सिरे से देखने का वक्त आ गया है। यह एक ऐसी समस्या है, जिसका समाधान सच्चाई और वास्तविकता के आधार पर होना चाहिए।

बैठक में उपस्थित सूत्रों के मुताबिक सोलार्ज ने कहा, 'सच्चाई यह है कि भारत में कश्मीर का विलय वैध है।'

कश्मीर के भारत विलय का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा पाकिस्तान द्वारा परोक्ष रूप से हमला करने के कारण हुआ था। उन्होंने कहा, अतः किसी भी आधार पर भारत में कश्मीर के विलय की वैधता को चुनौती नहीं दी जा सकती।

श्री सोलार्ज ने कहा: वास्तविकता यह है कि कश्मीर हमेशा भारत का हिस्सा बना रहेगा, क्योंकि भारत की कोई भी सरकार कुछ उग्रवादी गिरोहों आदि के दबाव में आकर कश्मीर को भारत से अलग करने की हिम्मत नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कश्मीर को भारत से अलग करने का परिणाम भयानक होगा। इससे भारत के अन्य हिस्सों में भी पृथकतावादी आंदोलन जोर पकड़ेंगे। इसके अलावा भारत में रह रहे 12 करोड़ 70 लाख मुसलमानों का भविष्य खतरे में पड़ जायेगा।

उन्होंने कहा कि 'कश्मीर के भारत से अलग होने के परिणामस्वरूप वहां ऐसी हालत पैदा होगी कि लोग यूगोस्लाविया की घटनाएं भूल जायेंगे। श्री सोलार्ज ने कहा: अमेरिका को यह स्पष्ट करना चाहिए कि कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है, ताकि यह भ्रांति हमेशा के लिए समाप्त हो जाये कि कश्मीर कभी स्वतंत्र हो सकता है।

उन्होंने कहा कि कश्मीरी जनता एवं जम्मू-कश्मीर का भविष्य भारत में ही निहित है। श्री सोलार्ज ने कहा, कि 'यह कश्मीरी जनता को सोचना है कि उसकी भलाई भारत का शांतिपूर्ण एवं खुशहाल हिस्सा बनने में है या आजादी की गलतफहमी पालने में, जिसकी त्रासदी वह पिछले अनेक वर्षों से भोग रही है।

श्री सोलार्ज ने कहा कि 'भारत को कश्मीर के सवाल का राजनीतिक समाधान ढूंढने का प्रयास जारी रखना चाहिए, क्योंकि यह मसला सिर्फ राजनीतिक प्रक्रिया से ही हल हो सकता है। उन्होंने कहा: 'संभवतः भारत को कुछ अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों के निरीक्षण में कश्मीर में चुनाव कराने पर विचार करना चाहिए।

श्री सोलार्ज ने अनुसार, राजनीतिक समाधान भारत एवं पाकिस्तान के बीच बातचीत की बजाय, भारत और कश्मीर के बीच बातचीत से ही हो सकता है। उन्होंने कहा अमेरिका को चाहिए कि वह पाकिस्तान को आतंकवादी गतिविधियां रोकने को कहे, क्योंकि ऐसा करने का मतलब आग से खेलने जैसा है।

अरुणाचल में कांग्रेस के आह्वान पर बंद

इटानगर, 8 अक्टूबर (वार्ता)। अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस समिति के आह्वान पर 12 घंटे का राज्यव्यापी बंद आज यहां सुबह 0500 बजे शुरू हो गया।

चकमा शरणार्थियों द्वारा हाल में नयी दिल्ली में मुख्यमंत्री गेगोंग अपांग के पुतले जलाये जाने के विरोध में बंद का आह्वान किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि अब तक किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली है।

बंद के कारण दुकानें, बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। महीने का दूसरा शनिवार होने के कारण केन्द्र और राज्य सरकार के सभी कार्यालय तथा शिक्षण संस्थान भी बंद ही थे।

उर्सें हसनी भैसोड़ी शरीफ़

हजरत ख्वाजा सूफी मोहम्मद हसन शाह रहमेतुल्लाय का उर्स-ए-मुबारिक 11 अक्टूबर, 1994 से 14 अक्टूबर, 1994 तक मुर्शिद नगर भैसोड़ी शरीफ, जिला रामपुर में मनाया जा रहा है। दरगाह का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। अकीदतमंदों से गुजारिश है कि उर्स में शरीक होकर फ़ैज हासिल करें। 11 अक्टूबर, सरकारी चादर, 12 अक्टूबर, शब्बेदारी, 13 अक्टूबर, कुल शरीफ और 14 अक्टूबर गुसल शरीफ़।

सरपरस्तः **सूफ़ी लियाकत हुसैन शाह (उर्फ़ मुन्ने मियां),**
सज्जादा नशी दरगाह हसनी अज़ीजी मुर्शिद नगर,
भैसोड़ी शरीफ़, ज़िला रामपुर (उ.प्र.)

फौरन खरीदिये
ड्रॉ में
सिर्फ 5 दिन
शेष हैं

ड्रॉ 14.10.94 शुक्रवार 3 बजे

वीडियोकॉन टर्बो टर्फ 5116 R
51 सें.मी. (20)
• टाइटेनिक स्पीकर्स • हाइ कॉन्ट्रास्ट स्क्रीन • माचो स्टाइल
• फुल ऑटो सर्च मेमरी • सिलेक्टेबल पिक्चर • एन टी एस सी प्लेबैक-पाल पर

वीडियोकॉन 6301 RDx
63 सें.मी. (25)
• 63 सें.मी. लार्ज फ्लैट स्क्रीन • स्टीरियो प्लेबैक सुविधा
• सराउंड साउंड • पर्सनल प्रिफरेन्स • केबल ट्यूनर

वीडियोकॉन टर्बो टर्फ 5310 R
53 सें.मी.(21)
• टाइटेनिक स्पीकर्स • आधुनिक एफ एस टी स्क्रीन
• माचो स्टाइल • फुल ऑटो सर्च मेमरी
• सिलेक्टेबल पिक्चर

परिदृश्य

भारतीय चिन्तनधारा— 16

राग बोध (सौन्दर्य बोध)

विद्यानिवास मिश्र

> “ रागबोध को समझने के लिए आलम्बनों, उद्दीपनों, अनुभावों और संचारियों के द्वारा सुषुप्त भावों के उद्बोधन और सक्रियीकरण की विशद व्याख्या की गयी है। वह व्याख्या निरर्थक नहीं है, पर इतना मानकर ही रसानुभूति के इन घटकों का भेद-प्रभेद समझना चाहिए कि ये भेद प्रभेद रसानुभूति के क्षण में नहीं रहते, न रसानुभूति कराने वाली रचना के क्षण में रहते हैं, इसीलिए नायक-नायिका भेद, चरित्र चित्रण, कथा ये सब केन्द्र में नहीं रहते। केन्द्र में तो इन सबको पीछे का पर्दा बना कर बिजली की कौंध की तरह झलकने वाला एक प्रकाश रहता है। झलकना भी दिखाई पड़ता है, पूरा प्रकाश किसके हाथ में आता है। दुर्भाग्यवश अधिकांश रसमीमांसकों और कलासमीक्षकों का ध्यान इस झलक के तन्त्र पर ही चुक जाता है। ”

चिन्तनधारा का निर्माण दो प्रक्रियाओं से होता है। एक तो आन्तरिक प्रक्रिया है, देश-काल की अवस्थिति ही चिन्तनधारा को मोड़ और आकार देती रहती है, साथ ही बीज के भीतर अपने आप अभिवृद्धि की कुछ संभावनाएँ रहती हैं, वे सामने आती हैं। दूसरी प्रक्रिया बाह्य है, चिन्तनधारा के व्याख्याता और परीक्षकों की क्या भूमिका होती है, यह हम पहले संक्षेप में बतला चुके हैं, इनसे कम महत्वपूर्ण भूमिका कवियों, कलाकारों, गुणवन्तों की नहीं होती। सही अर्थ में चिन्तनधारा को हृदयग्राही बनाने में इन्हीं का योगदान विशेष होता है, क्योंकि चिन्तनधारा का मर्म पहचान कर कथाओं की उद्भावना करते हैं, रूपों की उद्भावना करते हैं, स्वर- सरगमों की रचना करते हैं। इसीलिए हरेक चिन्तन पद्धति में सौष्ठव या मनोरमता की हृदयग्राहिता की पहचान अन्तर्निहित रहती है। सौंदर्य शब्द को ही लें। हमारी वाङ्मय धारा में इसका प्रयोग साहित्यशास्त्र या कलाशास्त्र में बहुत कम है, इसके स्थान पर मनोरम, मनोज्ञ अभिराम, रमणीय, रम्य (जैसे रम् से बने हुए शब्द) प्रयोग में आये हैं, या चारू पेशल (स्निग्ध किया हुआ), सुतष्ट (अच्छी तरह तराशा हुआ), प्रीतिकर, प्रिय, मंगल, शुभ, सुभग जैसे शब्द प्रयोग में आये हैं। वस्तु में सौन्दर्य देखना सर्जकों को व्यर्थ लगता है, क्योंकि जैसा भारवि ने कहा— वसन्ति हि प्रेम्णि गुणा न वस्तुषु। गुण वस्तु में नहीं होते, किस प्यार से वस्तु जुड़ी हुई है, उसी के कारण पदार्थ गुणवान् होते हैं। पश्चिम का एस्थेटिक शब्द ऐन्द्रिय सुख या ऐन्द्रिय प्रीति का ही अधिक वाचक है। इसी से प्रसिद्ध कला-विचारक श्री आनन्द कुमार स्वामी **एस्थेटिक्स** को भारतीय कलादृष्टि के सन्दर्भ में अयथेष्ट मानते हैं। अधिक से अधिक उसके अर्थ का उत्कर्ष करके एक तरह से खींच-तान के उसे रसबोध या रागबोध के समीप लाया जा सकता है। हमारे रचना- संसार में ऐन्द्रिय प्रीति तिरस्कृत नहीं है, परन्तु कला या साहित्य से जो प्रीति होती है, वह ऐन्द्रिय नहीं होती, ऐन्द्रिय विषयों में रमती हुई सी यह प्रीति बहुत कुछ अतीन्द्रिय होती है। इसीलिए बराबर मन से उसका सम्बन्ध है। रागबोध के देवता भी मनोज हैं, मन से ही उत्पन्न हैं। मन बुद्धि भी उस प्रीति को संभाल नहीं पाते, तब वह प्रीति शुद्ध चैतन्य का उद्वेलन बन जाती है, रस बन जाती है। स्थूल से सूक्ष्म, सूक्ष्म से सूक्ष्मतर, अल्प से विपुल, विपुल से विपुलतर यही हमारी चिन्तनधारा की भी दिशा है। इसमें बार- बार आवर्तन प्रत्यावर्तन भी है। स्थूल से परमसूक्ष्म की ओर जाकर फिर नये प्रकार की प्राणशक्ति से संजीवित होकर स्थूल की ओर यात्रा होती है। काव्य और कला भी गोचर स्थूल संसार के भीतर कुछ भीतरी पुकार सुनते हैं और आभ्यंतर जगत् में भी स्थूल संसार की कुछ छायाएँ, रेखाएँ, ध्वनियाँ पहचानते हैं। इस प्रकार वृत्त पूरा होता है, तो अपने आप एक ऐसा निर्माण हो जाता है, जो चित्त पर चढ़ जाता है। इसी को मैं राग बोध या रसानुभूति कहना चाहता हूँ। इसी के स्वरूप को कुछ थहाना चाहता हूँ।

इस सम्बन्ध में दो प्रकार के प्रश्न उठाये जाते हैं। एक तो यह कि क्या कलासृष्टि या काव्यसृष्टि सृष्टि से अलग है और अलग है, तो सृष्टि से इसका सम्बन्ध क्या है? दूसरा यह कि क्या कला या काव्य [illegible] इन्द्रिय- अनुभवों में समाविष्ट नहीं [illegible] और यदि नहीं हो सकता, तो यह अनुभव [illegible] हुआ, और तब लोकरंजक कैसे होगा? पहले एक को लें।

उसका समुचित उत्तर तो हाँ, नहीं में नहीं दिया जा सकता, क्योंकि काव्यसृष्टि या कलासृष्टि सृष्टि से अलग कैसे होगी, जब वह सृष्टि की प्रक्रिया का सघन अनुकीर्तन है, वह हूबहू नकल नहीं है, न उसका गणितात्मक अपकर्षण (रिडक्शन) है। वह सृष्टि के सार- सर्वस्व का अनुभावन है। साथ ही वह सृष्टि के साथ एकरूप कैसे हो सकती है, वह तो समानान्तर सृष्टि है, वह सृष्टि का ध्यान- परिशोधित रूप है, एक तरह से सृष्टि का भाव में तपाया हुआ, निखरा हुआ रूप है। इसलिए काव्यसृष्टि या कलासृष्टि में सृष्टि समाहित है, पर वह दृश्य-सृष्टि से कुछ अलग भी है। वह शुद्ध अर्थ में सृष्टि का पूर्ण यथार्थ है। जो दिखता है, वह अधूरा और एकांगी यथार्थ है। सृष्टि से इन सृष्टियों का गहरा सम्बन्ध है, जैसे सत्ता और भाव के बीच सम्बन्ध गहरा होता है, वैसा ही गहरा। ये सृष्टियाँ परयेष्ठी (जगत् के पितामह ब्रह्मा) का हृदय हैं। दूसरा प्रश्न है क्या काव्यसृष्टि और कलासृष्टि इतनी लौकिक अनुभव के बाहर हैं, तो लोक के लिए उनका महत्व क्यों है? सही बात यह है, इनका अनुभव इन्द्रियों की उपेक्षा करके नहीं होता है, आँख मनोरम दृश्य देखती है, देखते- देखते मन और चित्त कहीं अन्यत्र पहुँच जाते हैं। यह मनोरम्-दृश्य पहले कहीं देखा हुआ है, कहीं अपने से गहरे जुड़ा हुआ है। कान मधुर संगीत सुनते हैं, मधुर कूजन या कलरव सुनते हैं, सुनते-सुनते मन और चित्त स्थानान्तरित हो जाते हैं या और सही कहें, अपने सहज स्थान में लौटा दिये जाते हैं। उनका सहज स्थान है, शुद्ध आत्मदानी भाव साझेदारी का भाव। काव्यपंक्ति पढ़ते हैं, चित्र देखते हैं, मन्दिर का स्थापत्य देखते हैं, संगीत सुनते हैं, नृत्य देखते हैं, नाट्य देखते हैं। हरेक दशा में इन्द्रिय व्यापार से ही इन्द्रियातीत अनुभव शुरू होता है। यह अवश्य है कि ऐन्द्रिय अनुभव से काव्य या कला का अनुभव इस अर्थ में विलग होता है कि यह ऐन्द्रिय अनुभव सुखद लगता भी हो, तो भी अन्त में दुःख ही देता है। कभी सुख की क्षणिकता दुःख देती है, कभी सुख की आसक्ति दुःख बन जाती है। दुःख देने वाले अनुभव तो दुःख हैं ही। इसके विपरीत कला या काव्य में सुख दुःख के वर्णन या अंकन का जो प्रभाव है, वह न सुख है, न दुःख है, गहरी मानवीय संवेदना का रस बन कर बहना है, उसे आनन्द लोग कहना न भी चाहें, पर वह कम-से- कम शुद्ध निर्वैयक्तिक हार्दिक भाव है। इस भाव की स्थिति देर तक व्यक्त न भी रहे, पर वासना रूप में यह चित्त को सुवासित करता रहता है। यह जीवन की भीतरी आवश्यकता की पूर्ति करता रहता है। कर्म रूप में सीधे यह रूपान्तरित नहीं होता, न ही सीधे लोकमंगल का प्रतिष्ठापक होता है, पर लोकमंगल के बीजों को रससिक्त और उत्तप्त करके उन्हें अंकुरित होने की पूरी तैयारी करा देता है। यह उस बीज को ठीक स्थान पर बोने वाले पर निर्भर करता है कि वह उस बीज से कैसी फसल उगाता है। एक माने में काव्य या कला की अनुभूति कुछ अलग है, उन गहरे आध्यात्मिक अनुभवों से, जिनमें विषयों का सम्पर्क एकदम छूट जाता है। उन अनुभवों में ध्यान का केन्द्र बस शुद्ध प्रकाश रहता है। विषयों से चित्त एकदम खींच लिया जाता है। इससे अलग कुछ घटित होता है, इन काव्य और कला से गहरे जुड़ाव के क्षण में। तब विषय तो और स्पष्ट और तीखे होकर उद्भासित होते हैं, पर मानो उन विषयों का संस्कार कर देते हैं, वे विषय ही अनुभव हो जाते हैं, ऐसे अनुभव जिसमें लगता है, यह अकेला मेरा अनुभव नहीं, यह सबका अनुभव है, चर-अचर पूरा जगत् इस अनुभव में मेरे साथ है। इस प्रकार यह विलक्षण अनुभव लौकिक और लोकोत्तर दोनों है और शायद दोनों नहीं है, वह बस शुद्ध अनुभव है। वह अध्यात्म ही है इस अर्थ में वह अनुभव करने वाले का सहज स्वभाव है, अन्यथा अनुभव करने के बाद एक ताजगी कैसे आती, कैसे यह लगता कि कितने झूठे नकाब हमने ओढ़ रखे थे, एक क्षण में सब उतर गये एक घने अनुभव के प्रबल प्रवाह में। थोड़ी देर बाद सब नकाबें फिर जैसी की तैसी चढ़ जाती हैं, परन्तु कहीं न कहीं गूंज, झलक रह जाती है। बरसों बाद भी वह किसी न किसी संवेदना के सघन क्षण में बार- बार लौट आती है। वह ऊपर से भले ही न दिखाई पड़े, पर वह व्यक्तित्व में रच जाती है। इस प्रकार के अनुभव जीवन के परिष्पन्द हैं, यही हमारा भारतीय मानस मानता रहा है।

अब हम इस अनुभव के लगभग अनिर्वचनीय अनुभव के (जिसे हम रागबोध या रसानुभूति कह रहे हैं) कुछ अभिलक्षणों को विस्तार से समझाना चाहेंगे। पहली बात यह है कि यह अनुभव सपाट या समतल नहीं होता, एक सीधी रेखा में यह अनुभव नहीं होता। जैसे नदी कहीं बांकी होकर मुड़ती है, तो पूरी की पूरी नदी कहाँ दिखती, उसी प्रकार कविता या कला पूरी कहां दिखती। वैसे रमणीय पदार्थ मात्र पूरे कहां एक नजर में दिखते हैं। राधा से गोपियों ने कहा— तुम बड़भागी हो, तुमने भरपूर कृष्ण के दर्शन पाये। हम तो उन्हें कभी कभी देख पाते हैं। राधा ने भोले भाव से उत्तर दिया— बड़भागी तुम हो, सखियो, जिन्होंने एक बार उन्हें देखा तो है। मैं तो उन्हें देखने की लालसा लिये मर रही हूँ, कहाँ उन्हें देखना होता है। रमणीयता का स्वभाव है, वक्रता, आरोह-अवरोह, दृश्य रूप में नतोन्नतता, (कुछ उठा होना, कुछ दबा होना, बधुरंता (कई ढलानों वाला) और 'निज मुख मुकुर मुकुर जिमि पानी' (हाथ में आईना, आईने में हाथ) की तरह गहना चाहे, पकड़ना चाहे, गहा न जाना, पकड़ा न जाना।

यह जो गहा नहीं जाना है, वही एक पर्युत्सुक भाव बनाये रखता है। **कालिदास** ने रम्यता की अनुभूति का एक ही परिणाम देखा- एक ही नाम दिया, पर्युत्सुक होने का भाव। कितने भी चैन में आदमी क्यों न हो, रम्य की मधुर की अनुभूति एक विचित्र-सी उत्कंठा पैदा कर देती है, जाने कहां कहां चित्त दौड़ जाता है, जाने कितने रमणीय और मधुर स्मृतियों को समाकलित करके इस नयी अनुभूति करके उससे जोड़ना चाहता है. तो भी लगता है, है यह अनुभूति मेरा ही अंश, मैं इससे बिछुड़ गया हूँ। जो कला या जो साहित्य या जो संगीत इस प्रकार की व्यापक उत्सुकता या बेचैनी नहीं पैदा करते, वे रमणीय नहीं, मधुर नहीं। इस प्रकार पर्युत्सुक करने की क्षमता दूसरा अभिलक्षण है।

रसानुभूति का तीसरा अभिलक्षण है देशकाल- त्याग। नाटक के प्रयोग में पूर्वरंग की विधियों से प्रस्तुत देश-काल को बांधने की विधि होती है और एक प्रकार से एक प्रस्तुत का स्थगन होता है, उसके स्थान पर एक महादेश-महाकाल की स्थापना होती है। नाटक उसी में घटित होता है, भले ही उसकी वस्तु किसी भिन्न काल में घटित वृत्तान्त पर आधारित हो। इसी के कारण यह संभव होता है कि लौकिक अनुभव में गहरा से गहरा, आत्मीय से आत्मीय जन का शोक धीरे- धीरे समय के साथ कुछ सह्य, कुछ मन्द होता जाता है, पर कल्पना कीजिए, जाने कब राम ने सीता को निर्वासित किया, जाने वह स्थान कहां है, उनसे हमारा कोई रिश्ता नहीं, पर कालिदास का यह श्लोक जब हम पढ़ते या सुनते हैं—

नृत्तं मयूराः कुसुमानि वृक्षा दर्भानुपात्तान विजहुर्हरिण्यः।
तस्याः प्रपन्ने समदुः खभावमत्यन्तमासीद्रुदितं वनेपि।।

मोरों ने नाचना बन्द कर दिया, पेड़ों ने फूल झहरा दिये, जैसे आंसू बह चले हों, हरिनियों ने मुंह में ली हुई घास गिरा दी। सब सीता के दुःख में ऐसे दुःखी हुए कि पूरा वन सीता के साथ बिलखने लगा। हम विह्वल हो उठते हैं। यह विह्वलता एक के लिए नहीं, एक की नहीं, सबकी विह्वलता देशकाल को लांघ कर व्यक्ति व्यक्ति में सोयी हुई नदी की तरह जाग उठती है और झुरझुर बहने लगती है। दूसरा उदाहरण अजंटा से लें, एक शोक के प्रसंग का भित्तिचित्र है, अलग अलग लोगों के मनोभाव अंकित हैं। उन्हें देखते हुए हम अपने देशकाल से विस्थापित हो जाते हैं, पर न हम भगवान बुद्ध के देशकाल में स्थापित होते हैं, न कलाकार के देशकाल में। हम सनातन देशकाल में कुछ देर के लिए पहुँच जाते हैं। उसे सनातन वर्तमान कहना चाहें, कह लें, उसे सनातन स्वदेश कहना चाहें, कह लें। अनुभव तो ऐसा ही होता है कि हम वर्णनीय देशकाल और वर्णन करने वाले के देशकाल और अपने देशकाल की सुधि भूल जाते हैं। हम बस ज्योतिषपिंड की तरह अनन्त असीम में तिरने लगते हैं। इस प्रकार के अनुभव से अपना देशकाल कुछ हल्का हो जाता है। उतना बोझ नहीं रहता। हृदय क्षणभर के लिए ही सही, विशालतर हो जाता है। इस प्रकार देशकाल-त्याग कल्पना विहार नहीं है, अपने आसपास और अपने समय की अर्थवत्ता की तलाश है। रागबोध या रसानुभूति को समझने के लिए आलम्बनों, उद्दीपनों, अनुभावों और संचारियों के द्वारा सुषुप्त भावों के उद्बोधन और सक्रियीकरण की विशद व्याख्या की गयी है। वह व्याख्या निरर्थक नहीं है, पर इतना मानकर ही रसानुभूति के इन घटकों का भेद-प्रभेद समझना चाहिए कि ये भेद प्रभेद रसानुभूति के क्षण में नहीं रहते, न रसानुभूति कराने वाली रचना के क्षण में रहते हैं, इसीलिए नायक-नायिका भेद, चरित्र चित्रण, कथा ये सब केन्द्र में नहीं रहते। केन्द्र में तो इन सबको पीछे का पर्दा बना कर बिजली की कौंध की तरह झलकने वाला एक प्रकाश रहता है। झलकना भी दिखाई पड़ता है, पूरा प्रकाश किसके हाथ में आता है। दुर्भाग्यवश अधिकांश रसमीमांसकों और कलासमीक्षकों का ध्यान इस झलक के तन्त्र पर ही चुक जाता है। तन्त्रकौशल तो मुख्य बिन्दु को लेकर है, उसके अनुरूप अनुगुण होने पर ही वह कौशल है, नहीं तो बस तमाशा है। वैसे तमाशे का तमाशे के रूप में कुछ न कुछ महत्व तो होता ही है, उतना है। कौशल भी तब चरितार्थ होता है, जब ध्यान में रहे किसके लिए है, किसका है। कलाकार या कवि से इसीलिए हमारे यहाँ अपेक्षा की जाती है कि वह सीस उतार कर रचना के मन्दिर में आये। अहंकार लेकर आयेगा, तो यह मन्दिर दिखेगा नहीं, किसी दूसरी जगह ही वह चला जायेगा, जो उसे मन्दिर जैसा ही लगेगा, पर वह मन्दिर न होगा, वह मन्दिर का आकार मात्र होगा। इसीलिए हमारे यहाँ पहले की रचनाओं में अधिकांशतः रचने वाला या तो गायब रहता है, रहता भी है, तो दरवाजे पर टुकुर- टुकुर देखता रहता है, कब मेरा वह अंश (रचनाकार) लौटेगा, पर रचनाकार कहां लौट पाता है। बहुत प्रतीक्षा के बाद वह निराश होकर चला जाता है, दूसरे रचना मन्दिर की तलाश में।

भारतीय रागबोध की एक और उल्लेखनीय विशेषता यह है कि भारतीय चिंतनधारा के अनुरूप ही यहाँ समग्र के साथ जुड़े होने पर बल है, संबद्धता पर बल है, अलग- अलग उपादानों के अलग सौष्ठव पर नहीं। शकुंतला का चित्र तभी पूरा होता है, जब हिमालय की तलहटी की झांई, डालियों में वल्कल लटके हुए हैं, सूखने के लिए ऐसे पेड़ की छांह में बैठी हुई हरिणी, अपनी बायीं आंख हरिण की सींग की नोक से खुजला कर सुख पाती हुई, मालिनी नदी, उसके बलुहे तट पर किलोल करती हंसों की जोड़ी, इन सबके साथ पूरा होता है। शकुंतला पक्षियों (शाकुन्तों) द्वारा पाली गयी। वह नये फूल पौधों में आने पर उत्सव मनाती है। अपनी पाली हरिणी को बच्चे होने पर, उसका मंगल संदेश प्राप्त करने की आतुरता दिखाती है। शकुंतला सुंदर है, इन तमाम रिश्तों में जुड़ कर, अकेले नहीं। इसी प्रकार बुद्ध की अकेली प्रतिमा पर्याप्त नहीं, बोधिवृक्ष होना चाहिए, शांत ध्यान-मुकुलित मृग होने चाहिए। अकेले श्रीकृष्ण हमें नहीं चाहिए, यमुनातट हो, वहाँ खड़ा कदम्ब की डाली हो, उस पर बैठे श्रीकृष्ण चाहिए। हमारे नाट्य में, स्थापत्य में, शिल्प में, काव्य में सर्वत्र संधि का या संहिता का (ऐसे जोड़ का, जो दिखता नहीं, किनको जोड़ता है, वे भी अलग-अलग नहीं दिखते) महत्व है। इसलिए हमारे यहाँ शरीर की सुगढ़ता पर उतना बल नहीं, जितना बल उसके सुसंहित होने पर है। एक केंद्र पर नहीं, अनेक केंद्रों के परस्पर संबंध पर बल है। इसीलिए यहाँ शरीर व्यायाम का शरीर नहीं, प्राणों के संधान का शरीर है। यह बात जो नहीं लक्षित करते, वे बहुत कुछ खो देते हैं, उन्हें बाणभट्ट के वर्णन दुर्गम जंगल लगते हैं, अजण्टा के भित्तिचित्र अनावश्यक भीड़ लगते हैं और हमारा संगीत उबाऊ लगते हैं। पर कम-से-कम हमें तो अपने स्वरूप के सौष्ठव का मुख्य बिंदु पहचानना चाहिए।

अंत में इन अभिलक्षणों से अलग एक बात है, हमारे यहाँ कला या काव्य या गीत न जीवन के लिए है, न अपने लिए है, वे जीवन में ओतप्रोत हैं, उनके बिना जीवन अपना सहज छन्द नहीं पहचान पाता।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

काल बोध (2)

विद्यानिवास मिश्र

शैवप्रत्यभिज्ञादर्शन भी प्रत्ययवादी है। वह दर्शनकाल के क्रमात्मक रूप और अक्रमात्मक (महाकाल या निरवधि काल) रूप को एक साथ परम सत्ता में प्रवाहशील देखता है। जैसे किसी चित्र में कई घटनाएं एकसाथ एक समय दिखती हैं, उसी प्रकार परासत्ता रूप शुद्ध चैतन्य में काल की क्रमिकता नष्ट हो जाती है। इसका अर्थ यह हुआ कि काल अपने आप में सन नहीं हैं, वह पारमार्थिक सत्य नहीं है। वह चैतन्य को पाकर ही सत्य रूप से आभासित होता है।

भारतीय चिंतनधारा-7

कालबोध के वैदिक पौराणिक और कुछ स्फुट पक्षों की बात इसके पूर्व की कड़ी में की गयी। अब दर्शन साहित्य और विज्ञान के क्षेत्र में चलें। प्रत्ययवादी (आइडियलिस्ट) दर्शन तो काल की पारमार्थिक सत्ता नहीं स्वीकार करते, यह उनकी स्थापना के अनुकूल ही है। वेदांत मोक्ष की अवस्था में न शरीर की स्थिति देखते हैं, न धर्म-अधर्म की, न उनके कार्य की और न ही काल-त्रयी की।

यत्र धर्माधर्मौ सह कार्येण कालत्रयं न नोपावर्त्तेते तदेतद् अशरीरत्वम्
(शांकरभाष्य 1.1.4)

काल का अतिक्रमण और विजड़ीकरण या दूसरे शब्दों में काल की अप्रासंगिकता स्वप्नावस्था में सबसे अधिक प्रमाणित होती है, जबकि स्वप्न में देखी घटनाओं के काल और व्यावहारिक काल में कोई भी संबंध नहीं दिखायी पड़ता।

शैवप्रत्यभिज्ञादर्शन भी प्रत्ययवादी है। वह दर्शनकाल के क्रमात्मक रूप और अक्रमात्मक (महाकाल या निरवधि काल) रूप को एक साथ परम सत्ता में प्रवाहशील देखता है। जैसे किसी चित्र में कई घटनाएं एकसाथ एक समय दिखती हैं, उसी प्रकार परासत्ता रूप शुद्ध चैतन्य में काल की क्रमिकता नष्ट हो जाती है। इसका अर्थ यह हुआ कि काल अपने आप में सन नहीं हैं, वह पारमार्थिक सत्य नहीं है। वह चैतन्य को पाकर ही सत्य रूप से आभासित होता है।

सांख्यदर्शन काल को अलग तत्व नहीं मानता। युक्ति दीपिका (सांख्यकारिका पर टीका 50वें श्लोक पर) में कहा गया है कि

न कालो नाम कश्चित् पदार्थो अस्ति। किं तर्हि क्रियासु कालसंज्ञा। ताश्च करणवृत्तिः।

काल क्रिया से भिन्न नहीं है और क्रिया इंद्रियों की वृत्ति या चेष्टा मात्र है, काल इसलिए इंद्रियों में ही समाविष्ट है और इंद्रियां अन्ततः प्रकृति तत्व में। माध्यमिक या शून्यवादी बौद्ध और योगाचारवादी या विज्ञानवादी बौद्ध भी काल की निरपेक्ष सत्ता नहीं स्वीकार करते। माध्यमिकों का तर्क है कि यदि अतीत की कल्पना किये बिना वर्तमान और भविष्य की सिद्धि नहीं होती, तो अपने आप वर्तमान और भविष्यकाल की कोई सत्ता नहीं होगी। तब अतीत भी अपने आप निरपेक्ष रूप से असत हो जायेगा।

अनपेक्ष्य पुनः सिद्धिर्नातीतं विद्यते तयोः।
प्रत्युपन्नोनागतश्च तस्मात् कालो न विद्यते।।

माध्यमिक कारिका 19.3

फिर तर्क किया जाता है क्षण के बाद रहने वाला कोई सत् या वास्तविकता है नहीं। तो काल अवास्तविक वायु पर आश्रित होने के कारण अपने आप अवास्तविक हो जायेगा।

बौद्ध दर्शन इस प्रकार काल, आकाश और जीव सबको संवृति या आवरण मानता है, इन्हें शुद्ध रूप से वास्तविक नहीं मानता। काल की केवल व्यावहारिक सत्ता स्वीकार करता है।

इसी प्रकार योगदर्शन, शैव प्रत्यभिज्ञा दर्शन और वेदांत दर्शन भी काल को व्यवहार दशा में ही प्रवर्तमान मानते हैं। शैव प्रत्यभिज्ञा तथा शाक्ताद्वैत दर्शन काल को पांच आवरणों में से एक मानते हैं, पांच आवरण है माया, अविद्या, काल, कला और नियति। ये सभी असीम सत्ता को ढंकने या परिसीमित करने वाले हैं। योगदर्शन काल को केवल क्षणों का क्रम मानता है, क्षणों से बाहर इसकी सत्ता नहीं है। इसके अनुसार उस क्रम की व्यवहारदशा को मानना ही पड़ता है, उस क्रम से गुजर करके ही अक्रम की स्थिति में पहुंचना संभव होता है।

दूसरी ओर शुद्ध व्यवहारवादी दर्शन है, न्याय, मीमांसा, जैनदर्शन, द्वैतवादी, वैष्णवदर्शन, व्याकरण दर्शन और आयुर्वेद दर्शन। ये सभी काल की आत्यंतिक सत्ता किसी न किसी रूप में मानते हैं। न्याय और मीमांसा काल को द्रव्य मानते हैं। आयुर्वेद भी पंचतत्वों, मन काल आत्मा और दिक् को द्रव्य मानता है। (चरकसंहिता 1-18)। व्याकरण महाभाष्य के रचयिता पतंजलि काल को पदार्थों के अपचय, (बढ़ने) और अपचय (घटने) का कारण मानते हैं। इस रूप में उसकी आत्यंतिक भूमिका स्वीकार करते हैं। वाक्यपदीयकार भर्तृहरि ने इसी को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा कि काल की उत्पत्ति स्थिति और विनाश के प्रति कारण हैं। वह स्वयं अविभक्त होते हुए भी भूत, वर्तमान और भविष्यत् रूप में त्रिधा विभक्त है। यही काल लोकयंत्र का सूत्रधार है, यही रोकता है, यही आज्ञा देता है, चलो और लोक चल पड़ता है।

उत्पन्नौ च स्थितौ चापि विनाशे यापि तद्धताम्।
निमित्तं कालमोवाहुर्विभक्तेनात्मनास्थितम्।
तमस्य लोकयन्त्रस्य सूत्रधारं प्रचक्षते।
प्रति वन्धाभ्यनुज्ञाभ्यां तेन विश्वं विभज्यते।।

(वाक्यपदीय 3191 3-4)

मीमांसा दर्शन ने काल को द्रव्य मानने के साथ-साथ समस्त ज्ञान के प्रति कारण माना है। गौड़ीय दर्शन काल को चार शाश्वत सत्यों में से एक सत्य मानता है। जैन आगम उत्तराध्ययन सूत्र में काल को वर्तनालक्षण (परिवर्तन लाने वाला) कहा गया है। (उ.अ.सू. 28/10) उमास्वाति ने तत्वार्थाधिगमसूत्र के भाष्य में इसी की पुष्टि करते हुए कहा कि 'वर्तना परिणामः क्रिया परत्वापरत्वे च कालस्य' (5/21.22)। काल और कुछ नहीं परिवर्तन करने का स्वभाव है, क्रिया का घटित होना है, क्रिया का पूर्ववर्ती और उत्तरवर्ती होना है, गति है। काल की जैन अवधारणा इस प्रकार काल को न तो अस्वीकार करती है, न इसे आत्यंतिक रूप में स्वीकार करती है, इसकी स्थिति बीच में है। यह काल की एक अन्त्य इकाई समय या अद्धा मानती है, जिसको मापा नहीं जा सकता, जिसको विश्लेषित नहीं किया जा सकता।

ज्योतिष शास्त्र तो काल में ही यज्ञ की स्थिति मानती है और वेद यज्ञ के लिए है, अतः उस काल की प्रक्रिया बतलाने के लिए ज्योतिष शास्त्र की आवश्यकता है— इसे जो जानता है, वही पूरी तरह जानता है—

वेदा हि यज्ञार्थमभिप्रवृत्ताः
कालानुपूर्वा विहिताश्च यज्ञाः।
तस्माविदं काल विधानशास्त्रं
यो ज्योतिषं वेद स वेद विद्वान।

(वेदांग ज्योतिष 3)

सूर्यसिद्धांत में भास्कराचार्य ने इसी सिद्धांत को और व्यापक व्यवहार में लेते हुए इस रूप में प्रतिपादित किया, काल के दो रूप हैं, एक है लोकों को समेटने वाला, दूसरा है कलनात्मक (खण्डात्मक, अलग-अलग पटलों में विकसने वाला)। कलनात्मक काल सूक्ष्म और स्थूल दो प्रकार का है, जिन्हें क्रमशः मूर्त्त और अमूर्त्त काल भी कहते हैं। श्वास की अवधि के माप से शुरू होकर जो काल गिना जाता है, वह मूर्त्त है। क्योंकि वह अनुभवगोचर है। उससे सूक्ष्मतर काल की जितनी अवधियां हैं, जिनमें सबसे अन्त्य इकाई त्रुटि है, अमूर्त्त है, वे अवधारणात्मक है।

लोकानायत्रकृत्कालः कालोन्यः कलनात्मकः।
सद्द्विधा स्कूलसूक्ष्मत्वात मूर्तश्चामूर्तसंज्ञकः।।
प्राणादिः कथितोमूर्त्तः त्रुट्याधोमूर्त्तसंज्ञकः।।

(सूर्यासिद्धांत 1/10-12)

इन सभी विचारों को संकलित करें, तो तीन प्रकार की अवधारणाएं हमारी चिंतन परम्परा में मिलती है—

1. काल स्वतंत्र द्रव्य है (न्याय-वैशेषिक, मीमांसा, कुछ संशोधित रूप में जैन दर्शन, ज्योतिष आयुर्वेद तथा कुछ बौद्धदर्शन के संप्रदाय)।

2. काल एक निरपेक्ष सत्ता है (द्रव्यमात्र नहीं) वे जिसे वैष्णव दर्शन मानते हैं। कुछ दर्शन शाक्त और भागवत दर्शन (काल को सर्जनात्मक शक्ति मानते हैं)।

3. काल एक भ्रम है, आभास है। अद्वैत वेदांत और माध्यमिक बौद्ध। पर ऐसा मानने वाले भी काल की व्यावहारिक प्रतीति स्वीकार करते हैं।

इसका निष्कर्ष यह है कि भारतीय चिंतनधारा काल के व्यवहारपक्ष को स्वीकार इसलिए करती है कि कर्म की अपरिहार्यता सभी जानते हैं। इसके साथ सभी इस प्रकार के काल या कालातीत काल या अकाल या महाकाल या महाकाली या महामाया या अनिर्वचनीय स्थिति की कल्पना भी करते हैं, जहां सब क्रियाएं विलीन हो जाती हैं, सब कर्म ज्ञानाग्नि में भस्म हो जाते हैं या भावाग्नि द्रव बन जाते हैं। वेदों में उसे एक ठहरा हुआ सूर्य कहा गया, योगप्रज्ञा में उसे समाधि की चरम अवस्था कही गयी, बौद्ध योग में नासंज्ञानैवसंज्ञासमाधि कही गयी (जहां सत् असत् किसी की स्थिति नहीं होती) भक्तियोग में इसे महाभाव कहा गया, साहित्यशास्त्र, कलाशास्त्र एवं संगीत आदि शास्त्रों में इसे योगी के संवेदन से विलक्षण विषयों में रहते हुए विषयों के विषयी बनाने की स्थिति या दूसरे शब्दों में पूर्ण चैतन्य की रसात्मक स्थिति कहा गया। सामान्य दैनिक जीवन में भी ऐसे क्षण का अनुभव हम करते रहते हैं, हम अनुभव करते हैं, हम हैं नहीं, हम खो गये हैं, हम कुछ दूसरा हो रहे हैं, हम लुट रहे हैं, हम खाली हो रहे हैं, हम भर रहे हैं, हमको पता नहीं हमें क्या हो रहा है, पर हम पूरे होश में हैं, शायद सही होश में हैं, जब और वस्तुओं का, देश का, काल का होश नहीं रह जाता। इसलिए यद्यपि ऊपर से देखने पर विभिन्न काल दृष्टियों में विरोध दिखायी पड़ता है, पर वह विरोध है नहीं, वह अलग-अलग धरातलों से काल को देखने की बात है।

हमारी सर्जनात्मक प्रतिभा काल को निचोड़ कर उसे अमृत बनाती रहती है। इसीलिए वह स्वभाव से आख्यानप्रधान है। साहित्य भी आख्यान (नैरेश्स) है, घटनाओं और पदार्थों का क्रम ऐसे स्थापित करना है कि वे सब मिल कर एक समग्र दिखें। हमारे साहित्य का स्रोत है आख्यान। आख्यान के रूप में ही हमारे मिथक बनते हैं, वे बढ़ते हैं और पूर्णतर होते चलते हैं। आख्यान के सांचे में ही संगीत, नृत्य और नाट्य की प्रस्तुतियां होती हैं। भारतुन सोंची, अमरावती, गान्धार, मथुरा, अजंता, एलुरा महाबलीपुरम या दूर देशांतर में बोरोबुदुर, अंकोरवाट, प्राम्बनम् या थाईलैंड की अयोध्या या अपने देश की लोक-भित्ति कल्पना। सभी जगह आख्यान चाहे रामायण के हों, महाभारत के हों, बौद्धजातकों के हों रूपायित हैं। ये रूपायन घटनाओं को अलग-अलग करके नहीं रखते, बल्कि इस रूप में रखते हैं कि घटनाएं एक प्रवाह में पड़ी हैं, रूपायन प्रवाह का है, अलग-अलग घटना का नहीं। इसीलिए घटनाओं के बीच में हस्तक्षेप भी होता रहता है, कभी कथावाचक आ जाता है, कभी कथा का आगामी सूत्र आ जाता है, कभी कथा की पिछली बिसरी कड़ी आ जाती है। वही बात संगीत-रचना में है, हमारा संगीत पाठाश्रित है, इसलिए अमूर्त्त होता हुआ भी मूर्त रहता है, पाठ भी कोई न कोई आख्यान समेटे रहता है। उदाहरण के लिए मल्हार में पद गाया जा रहा है— 'कुंजन तें दोऊ भीगत आवत। राधा-कन्हाई का भीगते हुए कुंजों से लौटना घटना के रूप में बाद में ही, पर यही मुख्य केन्द्र बन कर पहले आता है। क्रम में कन्हैया द्वारा राधा को बचाने की कोशिश में स्वयं भींगना राधा के ऊपर आंचल उड़ाना और राधा का कन्हैया को बचाने के लिए स्वयं भींगना, कन्हैया के ऊपर ओढ़नी डालना पहले हैं, पर संगीत शुरू होता है और इसी में अंत भी होता है। कारण यह है कि एक-दूसरे के लिए अपने सुख का विसर्जन इसीलिए तो है कि भींगना दोनों का हो, केवल ऊपर की वर्षा से नहीं, भीतर की भावधारा के उमड़ाव से भी, भींगने की क्रिया अलग-अलग दिखे। रामायण, महाभारत और पुराणों की संरचना पर विचार करें, तो देखेंगे कि कई वाचक हैं, कई श्रोता हैं। कहानी के केवल पटल खुलते हैं, कहानी पहले से मौजूद है, कहानी की स्मृति से (जो निश्चय ही कहानी के बाद की स्थिति है) और कहानी की रसमयता से कहानी का आरम्भ या कहानी के अंत से कहानी का आरम्भ (जैसे महाभारत में जनमेजय के नागयज्ञ से या श्रीमद्भागवत में महाभारत युद्ध की समाप्ति और श्रीकृष्ण के द्वारका लौटने से किया जाता है) यही सूचित करता है कि केन्द्र में केवल घटनाक्रम का विवरण नहीं, केन्द्र में है आख्यान, जिसका शाब्दिक अर्थ है पूरे रूप में प्रकाशित करना। हमारे तथाकथित मुक्तक भी मन की अलग-अलग स्थितियों के आख्यान हैं, जहां पूरे प्रसंग की मुआयना न की जाये, तो अर्थ अधूरा रहता है। उदाहरण के लिए श्री चैतन्य महाप्रभु का एक प्रिय श्लोक लें—

न जाने सम्मुखायाते प्रियाणि वदति प्रिये।
सर्वाण्यंगानि किं यात्रि नेत्रतामुत कर्णताम्।।

प्रिय के सामने आने पर उनकी बात सुनते समय यह पता नहीं चलता कि सभी इंद्रियां आंख बन जाती हैं या सभी इंद्रियां कान बन जाती हैं। देखना पहले होता है और सुनना बाद में, पर प्यार की एक ऐसी स्थिति है, जहां क्रम का ज्ञान नहीं रहता, बस प्रिय में मग्न होना ही महत्वपूर्ण रह जाता है।

इस श्लोक में भी घटनाक्रम है, पर उसका महत्व नहीं है। हम कादंबरी या कथासरित्सागर की कहानी पढ़ें, तो ऐसा लगेगा कि घटनाएं (बीती और आने वाली सभी) परस्पर गुंथ गयी हैं, केवल दुर्निवार प्यार की निरन्तरता इस एक दूसरे में लिपटी वनराजि के बीच में बहती जा रही है।

रामचरितमानस में भी ऐसी ही संरचना मिलती है। शिव की कथा में याज्ञवल्क्य आते हैं और याज्ञवल्क्य की कथा में पुनः शिव उपस्थित हो जाते हैं, केवल वाचक बन कर नहीं, कथा के प्रतिभागी बन कर। उदाहरण के लिए सुन्दरकांड में सीता के पास से लौटे हनुमान जब सीता की विपत्ति की अकट कहानी की बात करते हैं, तो राजीवनयन राम की आंखों से आंसू बहने लगते हैं।

हनुमान को लगता है गलती हुई। कहीं राम का ध्यान करने वाला सपने में भी विपत्ति का अनुभव करेगा। वे भूल स्वीकार करते-करते भावविह्वल हो जाते हैं और यह विह्वलता की कथा सुनाते-सुनाते शिव समाधि में चले जाते हैं। कथासूत्र तुलसीदास जी को स्वयं संभालना पड़ता है, क्योंकि शिव की समाधि भी कथा का अंग है। कथा कथा सुनाने में भी है, कथा सुनने में भी है। इस कथा का ओर-छोर नहीं है, 'रामकथा के भिति जग नाहीं।'

काल के सघन क्षण की अनुभूति काल से इस प्रकार बाहर जाती रहती है। इस दृष्टि के रहते इतिहास रहता तो है, पर वह बोझ नहीं बनने पाता। उसके कंधों पर कोई दूसरा निरंतर भावक भाव-सवार हो जाता है। यही कारण है कि राजतरंगिणी जैसे मानक इतिहास ग्रंथ हमारे यहां लिखे गये, पर हमने अपने को इतिहास की प्रतिश्रुतियों से और उन प्रतिश्रुतियों के फलस्वरूप उपजी प्रतिहिंसाओं से अपने को बांधा नहीं। हमने निरन्तर अपने वर्तमान को भरपूर जिया, वर्तमान में जिया, वर्तमान से ही अतीत को प्रमाणित किया और भविष्य को सुनिश्चित किया। हम लोग इतिहास की न उपेक्षा करते हैं, न उसकी ऐसी अपेक्षा करते हैं कि उसे जीवन का केन्द्रीय भाग मान लें। हम उसे उचित स्थान में रखते हैं, जब आवश्यकता होती है, तो वह बस्ता खोल लेते जिसमें इतिहास को हमने बांध कर रखा है। अब हमारा मन ऐतिहासिकता के आतंक से ग्रस्त हो चुका है, उसे सम्पूर्णतर होने के लिए अपनी चिंतनधारा के इतिहास का भी आकलन करना चाहिए।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एक गीत-संगीत प्रधान जोखिम

पटकथा, संवाद और निर्देशन: सूरज बड़जात्या **निर्माता:** कमल कुमार-राज कुमार-अजित कुमार बड़जात्या **संगीत:** रामलक्ष्मण **अभिनय:** माधुरी दीक्षित, सल्मान खान, मोहनीश बहल, रेणुका शहाने, आलोकनाथ, रीमा लागू, बिंदु, अजित वच्छानी, साहिला चड्डा, सतीश शाह, हिमानी शिवपुरी, लक्ष्मीकांत बेर्डे और अनुपम खेर।

सूरज बड़जात्या ने शुरू में 'सारांश' और 'प्रतिघात' जैसी फिल्मों में सह निर्देशक का काम किया था। 29 दिसम्बर, 1989 को निर्देशक के रूप में सूरज बड़जात्या की पहली फल्म 'मैंने प्यार किया' चुपचाप रिलीज हो गयी थी। उस समय सूरज बड़जात्या की उम्र सिर्फ बाईस साल थी। 'मैंने प्यार किया' में दो बिलकुल नये चेहरे थे—भाग्यश्री और सल्मान खान। पर 1990 में इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ दिये। रामलक्ष्मण की कुछ मीठी धुनें काफी लोकप्रिय साबित हुईं।

अब साढ़े चार साल बाद राजश्री फिल्म्स के ही बैनर में सूरज की नयी फिल्म 'हम आपके हैं कौन' एक खास शैली में रिलीज की गयी है। बहुत कम प्रिंट इस फिल्म के रिलीज हुए हैं। दिल्ली में सिर्फ दो सिनेमाघरों में यह रिलीज की गयी है। फिल्म का वीडियो लंबे समय तक बाजार में नहीं आयेगा। फिल्म में चौदह गाने हैं (तीस के दशक की एक फिल्म 'इंद्रसभा' में सत्तर से भी ज्यादा गाने थे!) और 'स्टीरियो आप्टिकल साउंड' से इस फिल्म को बड़े पर्दे का एक चमत्कार बनाने की कोशिश की गयी है। यानी फिल्म का पूर्ण आनंद सिनेमाघर में ही मिल सकता है।

फिल्म में दरअसल कोई कहानी नहीं है। जो थोड़ा बहुत नाटकीय मोड़ आया है, वह अंतिम तीन-चार रीलों में है। अचानक जैसे 'चित्रहार' बंद हो जाता है और फिल्म की कहानी को किसी तरह से एक निर्णायक मोड़ पर लाया जाता है। लगभग पूरी फिल्म में शादी-ब्याह, पुत्र जन्म और उच्च मध्यवर्गीय परिवारों के उत्सवधर्मी रूप को बारीकियों में फिल्माने की कोशिश की गयी है। लेकिन फिल्म की लंबाई जरूरत कम और एक जिद ज्यादा है।

माधुरी दीक्षित फिल्म की केंद्रीय शक्ति है।

नयी फिल्में

सल्मान खान उसके सामने लगभग बच्चे की तरह नजर आते हैं। रेणुका शहाने का व्यक्तित्व छोटे पर्दे के अधिक अनुकूल है। यही भूमिका भाग्यश्री सरीखी अभिनेत्री के पास होती, तो फिल्म में अधिक जान आ जाती। पर रीमा लागू, हिमानी, साहिला आदि को फिल्म में अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा मौका मिला है। बिंदु भी ठीक है। औसत पारिवारिक फिल्मों की तुलना में फिल्म में कई प्रयोग किये गये हैं। 'क्रेडिट टाइटल्स' काले-सफेद में हैं और 'स्टेटिक क्लोज अप' में टाइटल गीत को फिल्माया गया है।

पर फिल्म अंत तक दर्शक को बांध नहीं पाती। दर्शक जब अंत में कुछ भावप्रवण दृश्यों की आशा करता है, तो टेलीफोन पर नायक-नायिका का गाना रसभंग अधिक करता है।

विजय पथ

निर्देशक: फारूक सिद्दीकी **निर्माता:** धीरजलाल शाह **संगीत:** अनु मलिक **अभिनय:** अजय देवगन, तब्बू, सुरेश ओबेराय, रीमा, सिल्क स्मिता, गुलशन ग्रोवर, डैनी।

अजय देवगन की किसी फिल्म का मतलब है—हिंसा, एक्शन, आग, बंदूकें। आधी फिल्म तो इन सब चीजों में खत्म हो जाती है। शेष हिस्सा गीत-संगीत और गानों के फिल्मांकन का होता है।

वैसे 'विजयपथ' के कुछ गानों में नृत्य निर्देशन आकर्षक है—खास तौर पर 'रुक रुक रुक' गाने में। तब्बू की छवि में हल्की सी श्रीदेवी की छाया है। लेकिन नाच-गानों में ही उनकी जरूरत नजर आती है। अजय देवगन और डैनी की टक्कर अंत में उबाने लगती है। गुलशन ग्रोवर एक जोकर बने हैं।

—विनोद भारद्वाज

REGISTRATION & ADMISSION ON FOR
DELHI NURSERY TEACHERS TRAINING INSTITUTE
(RECOGNISED)
2 YEARS DIPLOMA COURSE FOR WOMEN
SOUTH DELHI PUBLIC SCHOOL
D-BLOCK, DEFENCE COLONY
NEW DELHI-110024
PHONE : 4694794, 4626406

ATTENTION SCHOOL STUDENTS* AND GRADUATES !

You don't have to go through engineering college to be a successful engineer.

There are more jobs going for hardware engineers than for software engineers. Because demand exceeds supply.

So, sign up for Jetking's course in Electronics and Computer Hardware Engineering. Through 24 centres countrywide, we teach everything from basic electronics to microprocessor technology to robotics (using an American step-by-step module approach).

To date, we have trained over 5,000 students, many of whom are successfully placed in frontline technology companies. You can join them too. In fact, we guarantee to get you a job.

Jetking
School of Electronic Technology
Number One in Computer Hardware Education

* ADMISSIONS OPEN FOR: 10/10+2 STUDENTS, DIPLOMA HOLDERS, B.E.s AND OTHER GRADUATES.

Cheque payments should be made in favour of "Jetking School of Electronic Technology".

EAST DELHI: Regional Office cum Centre: A-8, Swasthya Vihar, Vikas Marg. Tel: 2213717. • SOUTH DELHI: N-13, Top Floor, South Extension-I, Ring Road. Tel: 4635717/4632098/4623472. • WEST DELHI: A-148, Near Garment Shop, Vikaspuri. Tel: 5502852. • NORTH DELHI: Phase-II, 9 Community Centre, Opp. Satyawati College, Ashok Vihar. Tel: 7218838. • JAMMU: 32 B/C, Gandhi Nagar, Jammu Tawi. • CHANDIGARH: SCO 96-97, 3rd Floor, Sector 34 A, City Centre. Tel: 537114. Franchise enquiries invited from unrepresented areas.

94/J/219

M.B.B.S प्रवेश सूचना
महार्षि दयानन्द वैदिक
मेडिकल रिसर्च इन्सटीट्यूट (स्थापित-1989)
Under M.D.V.E.S. Regd. By Delhi Admn. (Govt. of India)
के-33 निकट राजधानी पार्क स्टैण्ड, मेन रोहतक रोड, नांगलोई, नई दिल्ली-41
कोर्स -M.B.B.S. (BIO) (तीन वर्षीय) योग्यता:- 10वीं/ 10+2
B.E.M.S. (चार वर्षीय)
NO DONATION, LIMITED SEATS
FEE CONCESSION FOR SC/ST/BC/GIRLS.
PROSPECTUS :- Rs. 50/- (By Post Rs. 60/-) PRINCIPAL

UPTO 50% + 10% OFF
LAST DAY TODAY
DELHI GETS HIGH ON PANTALOON
HIGH fashion
HIGH DISCOUNTS
THE PANTALOON SHOPPES AT -
LAJPAT NAGAR
Dangsons
IIE/2, Central Market.
KAROL BAGH
Bhagatjee Garments
5/43, W.E.A. Ajmal Khan Road
Sale is also on at a spot near you look through this paper
Please do not carry bags to the Sale.
PANTALOON
PERCEPT

लगडी द्वारा

20 वर्षों से तीर्थ यात्रा कराने वाले अनुभवी **श्री रमेश कुमार चतुर्वेदी** द्वारा चारधाम बद्रीनाथ धाम, जगन्नाथ पुरी धाम, रामेश्वरम धाम, द्वारकापुरी धाम–गंगासागर, नेपाल–काठमाण्डू (विदेश यात्रा) के साथ ३० अन्य तीर्थ स्थानों के दर्शन व भ्रमण। शुद्ध देशी घी का भोजन, चाय, नाश्ता, बीमा, चिकित्सा, पोस्ट ऑफिस, सत्संग आदि की उत्तम व्यवस्था।

● 39 दिन की यात्रा **17-9-94** को दिल्ली से रवाना होगी

बनारसी दास धवन पी–13, शंकर नगर, गली नं.–1, लाल क्वार्टर कृष्णा नगर दिल्ली – 51,
फोन : 2212519 (24 घंटे)

RITES
(भारत सरकार का उद्यम)
बजाज हाउस, 97, नेहरू प्लेस, नयी दिल्ली-110019

◆ लवली लव स्टोरी
वैशाली, बिहार की नयी सांसद लवली आनन्द की जोखिमभरी प्रेम-कथा
◆ जमनापार, दिल्ली में फैला जहर
पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली में फैले कालगर्ल धंधे की अन्तर्कथा
◆ स्पेनी पति और बच्चों की जुदाई नहीं झेल पायी रेशमा
◆ वहीदा : पाकिस्तान से दुत्कार, भारत से फटकार
नागरिकता के चक्रव्यूह में फंसी युवती की व्यथा-कथा
◆ अमृता का पति
श्रीकान्त सिनकर की अत्यन्त रोचक कथा
◆ केशवानन्द : द्वारका में ऐसे भी स्वामी
सनातन सेवा मंडल के स्वामीजी की पाप-लीलाओं की कहानी
अन्य आकर्षण
◆ आरजू का सफर
◆ मीरा का वनवास
◆ गायिका का प्रेमी
१८ कहानियां एवं अनेक लघुकथाएं
आज ही अखबार विक्रेता से प्राप्त करें

मूल्य: १०.००

अगस्त, 1994

धर्म का बुनियादी सरोकार

विद्यानिवास मिश्र



धर्म का तत्व गुहा में छिपा हुआ है, यह इसलिए कहा गया है कि धर्म का पूरा रूप गहरे ध्यान में ही आता है। गहरे ध्यान में धर्म की व्यापकता ठीक ठीक दिखायी पड़ती है। वैसे कुछ खंडित रूप ही दिखायी पड़ता है और इसी से बहुत से विभ्रम पैदा होते हैं। वैसे धर्म आचार में प्रमाणित होता है, पर धर्म आचार मात्र नहीं है, वह आचार का नियामक और प्रेरक भी है, साथ ही वही सदाचार की कसौटी भी है। अब प्रश्न उठते हैं, वह धर्म कौन है, क्या है, किससे उसे समझने जायें किससे पूछें कि धर्म का सही सरोकार क्या है?

यदि कहें तप है, क्योंकि तप से ही जीवन की सृष्टि हुई तो वह बिल्कुल सही नहीं है। किसी ब्राह्मण ने कठोर तप किया, धूप, वर्षा, शीत सब सहा, एक चिड़िया उड़ती जा रही थी, उसने ब्राह्मण के सिर पर बीट कर दिया। ब्राह्मण क्रोध में भभक उठे, बोले— नन्हीं चिड़िया तुम्हें शाप दे दूं तू जलकर राख हो जायेगी। चिड़िया हंसी, उसने कहा— जाओ ब्राह्मण देवता अभी धर्म क्या है, यह समझो। मुक्त गगन में विचरण करने वाली हल्की-सी जान पर क्या तुम्हारा जोर चलेगा? ब्राह्मण खिसियाये, मामूली नन्हीं-सी चिड़िया पर तप का प्रताप नहीं चलता। ऋषियों-मुनियों से धर्म सीखने गये, उन्होंने कुछ बताया, फिर कहा, असली धर्म सीखना चाहो तो धर्म व्याध के पास जाओ, वह मांस बेचता है, पर वह असली धर्म जानता है। तपस्वी ब्राह्मण झुंझलाये, पर गये धर्मव्याध के पास। उस समय वह दुकान पर मांस तौल रहा था ग्राहकों को उसने अभ्यर्थना की और कहा कि महाराज हमारे घर पधारें, दुकान बढ़ाने का समय आता है, दुकान बढ़ा कर घर आता हूं, फुरसत से आपकी जिज्ञासा शान्त करूंगा। ब्राह्मण को घर पर घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ी, उन्हें आदर-सत्कार कुछ सुहाया नहीं। धर्मव्याध घर पहुंचे, विनीत भाव से क्षमा मांगी, महाराज मैं माता-पिता की सेवा कर लूं, वे बहुत वृद्ध हैं, तब आपके प्रश्नों का उत्तर दूंगा। ब्राह्मण के क्रोध का पारावार नहीं। पर चुप खौलते रहे। व्याध घर के भीतर गया, फिर लौटा, उसने स्नान किया, ध्यान किया, फिर वह ब्राह्मण के चरणों में प्रणाम करते बोला— पूछिए जो भी जानता हूंगा, बता दूंगा। ब्राह्मण बोले— तुमने इतनी देर तक बैठाये रखा, क्या यह धर्म है, क्या मांस बेचकर जीविका चलाना धर्म है? व्याध बोला— महाराज मैं तो जानता ही नहीं, क्या धर्म है? जो मुझे दिया गया है वह ईमानदारी से भली-भांति सावधानी से करता हूं। जांचता रहता हूं कि किसी के साथ छल तो नहीं कर रहा, कर्तव्य निभाता हूं और जांचता रहता हूं कि कहीं मेरे भीतर कोई कर्त्ता का अभिमान तो नहीं है। आपकी सेवा में कोई त्रुटि होती तो मुझे अवश्य ग्लानि होती। रही बात आपके प्रश्न के उत्तर देने की, उसके लिए सब कामों से निश्चिन्त होकर ध्यान करने की आवश्यकता थी, इसलिए इतनी देर हुई। इसलिए भी इतनी देर हुई कि आपने इतनी देर तक प्रतीक्षा करते-करते आपके तप का अहंकार छंट नहीं गया होगा, आप भी सुनने की स्थिति में हैं, मैं भी कुछ निवेदन करने की स्थिति में हूं। महाराज, धर्म वास्तविक यही है। इस कहानी से धर्म का प्रयोजन तप से शक्ति प्राप्त करना नहीं है।

यदि कहें धर्म का सरोकार दान देना है, यज्ञ करना है तो अपने आप में वह भी नहीं। युधिष्ठिर ने अश्वमेध यज्ञ किया, बहुत धन लुटाया, बहुत दक्षिणा दी, यज्ञ समाप्ति के बाद एक नेवला आया, यज्ञभूमि में लोटने लगा, लोगों ने पूछा— क्यों लोट रहे हो? वह बोला— एक भूखा ब्राह्मण कई दिन बाद मिले सत्तू का भोग लगाने जा रहा था कि दूसरा भूखा आदमी पहुंचा, उसने उसकी भूख मिटाने के लिए सत्तू उसके आगे रख दिया, स्वयं जिस पात्र में सत्तू था, उसमें पानी घोलकर पीने चला तो भूखा-प्यासा कुत्ता आ पहुंचा, वह पानी उसने कुत्ते को पिला दिया और स्वयं परम तृप्ति का अनुभव किया। मैं यह सब देखता रहा। वहां जो सत्तू के कण जमीन पर गिरे थे, उन पर मैं लोटा और मेरे शरीर का उतना हिस्सा सोने का हो गया। मैं आज परखना चाहता हूं, यहां इतना दिया गया है, यहां शायद शेष शरीर सोने का हो जाय। कुछ तो नहीं हुआ? यह टिप्पणी दान के भाव पर टिप्पणी है। दान परिमाण से नहीं, भाव से पाया जाता है। अब धर्म का वास्तविक सरोकार क्या होगा? वेदों में कहा गया, प्रथम धर्म है सब होकर सबके लिए सब समर्पित करना, हर काम की जांच करना कि हम यह काम सबकी ओर से कर रहे हैं या नहीं, हम सबके लिए कर रहे हैं या नहीं और इस छोटे से काम में सम्पूर्ण कर्म का मनोयोग लगा रहे हैं या नहीं। यह है तो धर्म है, नहीं तो धर्म के नाम पर छल है। पुराणों में धर्म का सार कहा गया कि सर्वभूतों का हित ही परम धर्म है, क्योंकि वहीं परमात्मा हैं, विराट में अपने को स्थापित करना ही परम धर्म है, धर्मों का धर्म है। भगवान में बसने का या अपने भीतर भगवान के बसने का साक्ष्य भूतहित से ही मिलता है।

सर्व भूतहित की, सभी प्राणियों के हित की बात कल्याण की बात क्यों महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम अकेले मुक्त हो जायं, उसमें क्या रखा है, हम दूसरों की मुक्ति की आकांक्षा बने रहें, यह मुक्ति से बड़ा पुरुषार्थ है। भक्ति ऐसा स्वाद है, जिसमें दूसरे की तृप्ति अधिक महत्व रखती है। इसीलिए इस सर्वभूत हित का भी आधार है। दूसरे को अपनापन देना, दूसरे को दूसरा न रहने देना। यही अनन्यता है। भगवान को सामने देखने का अर्थ ही है, कोई अन्य नहीं, कोई पर नहीं दोनों धर्म है। सब आत्मीय है, सब अपने हैं, अपनापन देना और पाना। इस अपनेपन का विस्तार मनुष्य मात्र तक ही नहीं, समस्त चराचर जगत तक जाता है। जब भगवान को अभिषेक कराने के लिए कन्धे पर रखे गंगाजल को एकनाथ महाराज ने सड़क पर प्यास से मरते गधे को पिलाया तो उस प्यास में अपने आराध्य की प्यास देख रहे थे। छांदोग्य उपनिषद की एक कहानी में घोर आंगिरस ने देवकी पुत्र श्रीकृष्ण को इसी का उपदेश दिया कि सबकी भूख सबका प्यास और सबके अकेलेपन को समझो, अपनी निजी भूख, निजी प्यास, निजी अकेलेपन में सबकी भूख, सबकी प्यास, सबका अकेलापन जोहो, तभी तुम अपना पूरा जीवन आहुति बनाकर अमृत बन जाओगे, सबको दे दे कर भी तुम चुकोगे नहीं, तुम सबके होगे, यह सब तुम्हें चुकने नहीं देगा। यह सबकी चिन्ता ही अव्यय भाव है। यही चुक चुक कर न ,इसलिए दूसरापन अभी कहीं है, वह दूसरापन जब तक नहीं चुकता, तब तक बचे रहना है।

इसीलिए भागवतपुराण में बार बार भारत भूमि में जन्म लेकर सर्वात्मा सर्वभूतहृदय सर्वसुन्दर सर्वेश्वर के साथ रमने की साध ही जीवन की सबसे बड़ी साध है, वही परम अर्थ है, वही परम मूल्य है। उसी से दूसरे मूल्य जांचे जाते हैं, परखे जाते हैं।

सर्व भूतहित की, सभी प्राणियों के हित की बात कल्याण की बात क्यों महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम अकेले मुक्त हो जायं, उसमें क्या रखा है, हम दूसरों की मुक्ति की आकांक्षा बने रहें, यह मुक्ति से बड़ा पुरुषार्थ है। भक्ति ऐसा स्वाद है, जिसमें दूसरे की तृप्ति अधिक महत्व रखती है। इसीलिए इस सर्वभूत हित का भी आधार है। दूसरे को अपनापन देना, दूसरे को दूसरा न रहने देना। यही अनन्यता है। भगवान को सामने देखने का अर्थ ही है, कोई अन्य नहीं, कोई पर नहीं दोनों धर्म है। सब आत्मीय हैं, सब अपने हैं, अपनापन देना और पाना।

भारतीय संस्कृति में उपराम होने का अर्थ

लक्ष्मीकान्त वर्मा

इधर कुछ दिनों से इस बात की चर्चा बहुत चल रही है कि समाज में जो वृद्ध जन हैं, जिनके लड़के और लड़कियां विदेशों में हैं या अलग-अलग नौकरियों में अलग-अलग जगहों पर तैनात हैं, या जिनके कोई नहीं हैं, या जिनके घर में सब कुछ है, लेकिन वह घर के वातावरण से मुक्त होना चाहते हैं, ऐसे लोगों के आवास के लिए सरकार को या समाज को एक ओल्ड मैन बनवाना चाहिए या ऐसे निराश्रित वृद्ध अपना बचा हुआ जीवन व्यतीत कर सकें। वस्तुतः यह विदेशों की नकल में कुछ सौखिया लोग ऐसी योजना बनाना या बनवाना चाहते हैं। भारतीय संस्कृति में जीवन बिताने की मजबूरी कभी महसूस नहीं की गयी। बचपन से लेकर मौत तक के संस्कारों का विश्लेषण और विवेचन करके हमारे देश के मनीषियों ने ऐसी व्यवस्था बना दी है कि यदि इसके अनुसार चला जाय तो सम्पूर्ण जीवन पूर्ण जीवन्तता के साथ जिया जा सकता है और मृत्यु को एक संतुष्ट और पूर्ण जीवन्तता के साथ स्वीकार किया जा सकता है।

हमारा दुर्भाग्य यह रहा है कि हमने कभी अपने इतिहास और अपनी संस्कृति के इन प्रयोगों को गम्भीरता से लिया ही नहीं। नतीजा है कि बचपन से लेकर मौत तक हम केवल एक भूख और प्यास की जिन्दगी बिताते हैं। भोग की इच्छा लिये जनमते हैं और भोग में ही लिप्त और असंतुष्ट मर जाते हैं। आज से पहले हमारे संस्कारों में यह लिप्सा वाली संस्कृति कभी नहीं रही। हमारे पास जीवन को जीने और भोगने का दर्शन तो रहा ही है लेकिन भोग और उपभोग से स्वतः उपराम होने की प्रवृत्ति मनुष्य में कैसे स्वतः उत्पन्न हो सकती है इसका भी विधान रहा है। जिन चार आश्रमों में हमारे यहाँ पूरा जीवन विभाजित रहा है उसे आज के आधुनिक लोग दकियानूसी मानते हैं किन्तु एक नियोजित जीवन कैसे जिया जा सकता है इसकी स्वस्थ और वैज्ञानिक पद्धति संसार में शायद ही किसी संस्कृति ने विकसित की हो।

बहुत से लोग जो भारतीय संस्कृति के सही अर्थों को नहीं समझते, वे प्रायः यह कहते हुए पाये जाते हैं कि भारतीय संस्कृति नकारात्मक है। इसमें जीवन की सहज प्रवृत्तियों और आकांक्षाओं को निरन्तर नकारने की ही दृष्टि मिलती है। किन्तु यदि वास्तविक रूप में देखा जाय तो जितना पूर्ण काम, पूर्ण भोग, पूर्ण त्याग और पूर्ण वैराग्य, भारतीय जीवन संस्कारित करता है उतना शायद ही कहीं मिले। बचपन से ही गुरुकुल में केवल विद्या अध्ययन के लिए रहना और कठिन तपस्या के साथ ज्ञान अर्जित करना और फिर दीक्षित होकर गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करना यह हमारे जीवन की प्रथम भूमिका रही है। बचपन से संन्यासी रूप में रहना या जीवन को नकार कर रहना हमारे यहाँ वर्जित रहा है। वस्तुतः हमारी संस्कृति में यह विधान है कि बिना गृहस्थ आश्रम के कर्तव्यों का निर्वाह किये कोई संन्यासी नहीं हो सकता। यह तो बौद्ध धर्म ने ब्रह्मचारियों को संन्यासी बनाना शुरू किया, और उनकी परम्परा की नकल में अन्य सम्प्रदायों ने भी ऐसे संन्यासी बनाये जो बिना गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किये संन्यासी हो गये। इस क्रमिक श्रृंखला में वृद्धावस्था की समस्या हमारी संस्कृति में अब पैदा हुई है, क्योंकि वह पुरानी जीवन व्यवस्था नष्ट हो गयी है और अब हम उसे आधुनिक परिवेश में वापस लाकर उसका नया रूप विकसित करना चाहते ही नहीं।

वस्तुतः आधुनिक युग में वृद्धावस्था की व्याख्या मजबूरी, अंगों की शिथिलता, शरीर से अपंग हो जाने, चाहते हुए भी कुछ न कर पाने की विकृति अवधारणाओं द्वारा चित्रित की गयी है। यानी भोगने की इच्छा होते हुए भोग न पाना। कर्म करने की इच्छा होते हुए भी कर्म न कर पाना। आयु की मजबूरी आदि से जो व्यक्ति ग्रस्त है वही वृद्ध है। किन्तु भारतीय जीवन दर्शन में जो वृद्ध हैं, उसकी सारी इच्छाएं पूर्ण हो चुकी होती हैं। वह जीवन के समस्त दायित्वों से मुक्त हो चुका होता है। उसकी समस्त कामनायें पूर्ण हो चुकी होती हैं। इसलिये वह निष्काम होता है। वह पूर्ण रूप से जीवन को भोगे हुए होता है इसलिए वह भोग से उपराम होता है। अपने गृहस्थ काल में वह जितना भी अर्थ अर्जित कर चुका होता है उससे वह संतुष्ट रहता है। और ऐसा व्यक्ति मजबूर नहीं होता। वह पूर्ण रूपेण आत्मतुष्ट व्यक्ति होता है। फिर भी हमारे जीवन विधान में ऐसा व्यक्ति संन्यास नहीं ले सकता। इसीलिए गृहस्थ आश्रम के बाद वानप्रस्थ आश्रम का विधान है।

इस आश्रम व्यवस्था में हमें अपनी समस्त इच्छाओं के पूर्ति के बाद एक बार फिर पूरे संसार, पूरे समाज और पूरे घर वैभव, पुत्र-पुत्री, कुल परिवार सबको विकसित करने के बाद उससे तटस्थ होकर उपराम भाव से सबका सर्वेक्षण करने की आदत डालनी पड़ती है। ऐसा वृद्ध निष्क्रिय नहीं होता। ऐसा व्यक्ति निराश नहीं होता। ऐसा वृद्ध मजबूर नहीं होता। ऐसा वृद्ध अपंग नहीं होता। क्योंकि वह स्वतः जीवन की समस्त हलचल से अपने को अपनी स्वेच्छा से हटा देता है और यह देखने की कोशिश करता है। यह देखना भी जरूरी है क्योंकि एक स्वस्थ वृद्ध के पास अनुभवों का बहुत बड़ा खजाना होता है। उसकी कार्यपद्धति में कुशलता होती है। उसके आचार विचार में संयम होता है। इसलिए वह वानप्रस्थ आश्रम में होते हुए भी जिस समाज में पला होता है जिस समाज में उसका विकास हुआ होता है उस समाज को अपने अनुभवों के माध्यम से परामर्श रूप में कुछ न कुछ देता रहता है। लेकिन यह देना भी अहंकार वश या मोह वश नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा है तो फिर इसी अहंकार और मोह के उसमें नयी इच्छायें अंकुरित होने लगेंगी और वह फिर उसी तनाव और लिप्सा में लुप्त हो जायेगा। इसलिए ऐसे वृद्ध की वाणी सुनी जाती है उसके निर्देश को सुना जाता है और उसी के आधार पर उसकी बाद वाली पीढ़ी अपना, अपने घर का, अपने समाज का, अपने राष्ट्र का निर्माण करती है। इसलिये वानप्रस्थ आश्रम में रहने वाले वृद्ध की किसी भी प्रकार की मजबूरी नहीं होती। वह अपने युवा अवस्था में अर्जित धन का एक अंश अपने और अपनी पत्नी के लिए सुरक्षित रखता है और उसी के आधार पर वह संतुष्ट रूप से अपना जीवन व्यतीत करता है। यदि वह ऐसा नहीं कर पाता और वानप्रस्थ और सामूहिक मोह से मुक्त नहीं रहता या उपभोग की लिप्सा में डूबा हुआ है तो वह निकृष्ट भी है और वह ऐसा व्यक्ति है जो जीना नहीं चाहता। क्योंकि वह अपूर्ण होता है, उसकी जिजीविषा बनी रहती है और इसीलिए वह क्षण प्रतिक्षण अपनी मजबूरी अनुभव करता है। प्रकृति के नियम के अनुसार मौत तो आती ही है भले ही हम उसे चाहें या न चाहें। जो मृत्यु नहीं चाहते, वे जीवन के लिए निरन्तर एड़ियां रगड़ते हुए मृत्यु का साक्षात्कार करते हैं। किन्तु जो शरीर से मोह छोड़ चुके हैं, वे मृत्यु को बड़े सहज रूप में स्वीकार करने में समर्थ होते हैं। वस्तुतः वृद्धावस्था उनके लिए अभिशाप बन जाती है जो जीवन के लिए इंच-इंच घिसटते हैं। मन को अपने वश में नहीं कर पाते और शरीर से जुड़े हुए उसकी मानसिकता को अन्तिम सांस तक भोगना चाहिए। मानसिक रूप से ऐसा व्यक्ति चाहे युवा हो या वृद्ध वह हमेशा तनाव और आतंक में जीता है। मजबूरी ऐसे व्यक्ति की यह होती है कि वह अपनी मजबूरी से मुक्त नहीं। जिस वृद्ध ने जीवन की सीमाओं को पहचान लिया है, शरीर की सीमाओं को पहचान लिया है, मन के विकारों पर आवरण डाल दिया है, ऐसा व्यक्ति वृद्ध होते हुए भी भयभीत नहीं होता, मजबूर नहीं होता और न किसी प्रकार की विवशता अनुभव करता है क्योंकि राम, विराम और उपराम होने की मानसिक स्थितियों से गुजर चुका होता है।

भारतीय जीवन दृष्टि में तीन तत्व प्रधान हैं, जिन्हें हमने चार पुरुषार्थों के रूप में विभाजित किया है। तीन तत्व हैं अर्थ, धर्म और काम। जीवन के धर्म का पालन करते हुए अर्थ के लिए प्रयास करना उद्भव है।

राम का अर्थ रमण। रमण का अर्थ है जो भी जीवन हमें मिला उसके सभी पक्षों को मर्यादित ढंग से जीना और दूसरे को भी जीने की प्रेरणा देना। राम का बीज है 'रां' और इस 'रां' का अर्थ है अग्नि तत्व। अग्नि सबको जीवन देती है, लेकिन वह सब में रमते हुए भी सबको खा भी लेती है। अग्नि में सब कुछ समाहित भी होता है और अग्नि से सृष्टि की हर वस्तु पैदा भी होती है। इस अग्नि के आठ रूप हैं जिसमें से ऊष्मता एक है और यह ऊष्मता ही जीवन की संजीवनी है। अग्नि का दूसरा और विकराल रूप है ज्वाला। इस ज्वाला में सबको पचा लेने की क्षमता है, यही अग्नि जठराग्नि में भी है। जो हमारे पेट में है और हमारे भोजन को पचाती है। हमारे शरीर के तापमान को निश्चित करती है। यह अग्नि जब विकृत होती है तो ज्वर और सन्निपात पैदा करती है यह जब मन्द होती है तो हम मंदाग्नि रोग से पीड़ित होते हैं और यह अग्नि जब विराम लेती है या शान्त हो जाती है तो जीवन की समस्त लीला समाप्त हो जाती है। किन्तु फिर भी जो कुछ बच रहता है, वह पुनः अग्नि को ही समर्पित होता है। अर्थात जीवन राम से शुरू होता है उपरामता में स्थित होता है और विराम में समाप्त होता है। राम धड़कन है, गति है, चेतना है और शक्ति है। विराम में सब कुछ स्थिर है, सब कुछ निश्चर है, सारा दृश्य और अदृश्य जहां तक आ चुका है उससे आगे जाने की गति नहीं रखता। यानी विराम मृत्यु है लेकिन इस राम और विराम के बीच में भी एक स्थिति है जिसमें हम उपराम होते हैं यानी हम कर्म करते हुए भी कर्म करने के इच्छुक नहीं हैं। जीवन जीते हुए भी जीवन के प्रति मोहित नहीं हैं। उपराम की स्थिति पूर्ण काम, पूर्ण तृप्ति, पूर्ण सृष्टि और पूर्ण दृष्टि भी होती है। यानी उपराम की स्थिति में हमारी कोई इच्छा नहीं होती। जो कुछ भी होता है बस हम उसके दृष्टा होते हैं। कर्ता की भूमिका समाप्त हो जाती है।

भारतीय संस्कृति में यह तीनों शब्द राम, विराम और उपराम तीन प्रकार की भावात्मक स्थितियों के रूप में ग्रहण किये गये हैं। गुण रूप में यही सत, रज, तम हैं। शक्ति रूप में यही तत्व उद्भव, स्थिति और संहार के रूप में व्यक्त होते हैं और इसी त्रिगुणात्मक सृष्टि में जीने की कला विकसित करना और यह जानना कि जीवन का कौन-सा अंग उद्भव प्रधान है? कौन सा अंग स्थिति प्रधान हैं, और कौन सा अंग ऐसा है जो स्वतः नष्ट होने योग्य है, संस्कृति को अभिव्यक्ति देने में प्रमुख भूमिका निभाती है। जब तक हमारे भीतर यह बोध नहीं होगा कि किस सीमा तक हम उद्भव स्थिति में काम करें और किस सीमा पर हम उद्भव के बजाय स्थिर स्थिति की आवश्यकता को स्वीकार करें और इसी के साथ हम यह जानें कि कब हम इन सबसे उबर कर केवल दृष्टा के रूप में देखें तब तक संस्कृति का पूर्ण स्वरूप समझ में नहीं आयेगा।

भारतीय जीवन दृष्टि में तीन तत्व प्रधान हैं, जिन्हें हमने चार पुरुषार्थों के रूप में विभाजित किया है। तीन तत्व हैं अर्थ, धर्म और काम। जीवन के धर्म का पालन करते हुए अर्थ के लिए प्रयास करना उद्भव है और अर्जित अर्थ के आधार पर तथा अर्थ अर्जन के लिए धर्मयुक्त, कामचेष्टा करना स्थिति है। चूंकि धर्म का योग, अर्थ में भी है और धर्म ही काम का भी प्रेरक तत्व है, इसलिए इस अर्थ और काम से जो चौथा फल मिलता है, वह मोक्ष है। मोक्ष कोई अलग से स्थिति या लक्ष्य नहीं है। अर्थ, धर्म और काम या धर्म प्रधान अर्थ, धर्म प्रधान काम का जिसमें पर्यावसान होता है वह मोक्ष है। दूसरे शब्दों में यही अर्थ, धर्म और काम राम उपराम और विराम के रूप में भी व्यक्त होकर जीवन को संचालित करते हैं। जीवन को सकाम बनाते हैं और उपराम बनाकर मोक्ष की सीमा तक ले जाते हैं। भारतीय संस्कृति में इसीलिए भोग और उपभोग की बड़ी गहरी पहचान करायी गयी है और तब त्याग की है इसका बोध स्वतः पैदा हो ऐसी चेष्टा की गयी है। यही राम, विराम और उपराम, राम, भोग और त्याग के रूप में भी देखे जा सकते हैं और इन्हीं का प्रतिफलन उन चार आश्रमों में देख सकते हैं, जिन्हें ब्रह्मचर्य आश्रम, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ आश्रम और संन्यास आश्रम के रूप में विभाजित किया गया है। ब्रह्मचर्य आश्रम उद्भव की स्थिति है। गृहस्थ आश्रम स्थिति है और रमण प्रधान है इसलिये यह राम है। वानप्रस्थ स्थिति पूर्ण तुष्टि और पूर्ण काम की। इसलिए वह उपराम की स्थिति है और संन्यास में विराम है यानी रमणीयता कुछ नहीं है। हम केवल दृष्टा होकर देखते हैं और राग, भोग से मुक्त होकर कर्म करते हैं। ऐसा करने से ही परम पद की प्राप्ति होती है। अर्थात जीवन मुक्त होकर जीने की शक्ति मिलती है।

स्थित-प्रज्ञता या पूर्ण रूप इसी विराम की स्थिति अथवा संन्यास की स्थिति में पैदा होती है। भारतीय मनीषा ने राग, भोग से लेकर उद्भव स्थिति और संन्यास की अवधारणा तक एवं राम, विराम, उपराम के बोध से लेकर अर्थ, धर्म और काम और मोक्ष तक विकसित किया है और इन तीनों प्रकार के सोच को जब आचरण के रूप में व्याख्यायित किया है तो ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास के रूप में विभाजित करके पूरी रमणीयता, सम्पूर्ण भोग, पूर्ण उपरामता, सम्पूर्ण काम और पूर्ण विराम तक में पूर्ण मोक्ष और संन्यास को परिभाषित करने की कोशिश की है। वास्तविक सांस्कृतिक चेतना तभी आती है जब हम यह जानें कि किस अवस्था में कितना और किस सीमा तक हमें राग, भोग, अर्थ और काम को आत्मसात् करना है और कहां वह सीमा है जहां हमको उनसे मुक्त होकर उपराम होना है। यदि यह पहचान और ज्ञान हमें नहीं है तो विवेकहीन राग और भोग एवं विवेकहीन अर्थ और काम तथा विवेकहीन रमणीयता और उपरामता हमें नितान्त पशु के समान जीने के लिए विवश करेंगी। एक बहुत प्रसिद्ध उदाहरण— गुड़ और चींटे का है। विवेकहीन राग और भोग की परिणति इसी में होती है कि हम विवेकहीन होकर भोग्य वस्तु में अपना जीवन समाप्त कर देते हैं और फिर भी तृप्ति नहीं पाते। तृप्ति के लिए आवश्यक है कि भोग और भोक्ता के मर्यादित सम्बन्धों को भी जानें।

वृद्धावस्था शरीर या जरा की समस्या नहीं है। मूलतः समस्या है मन की। शारीरिक कमजोरी वृद्धावस्था का अनिवार्य अंग है और मन को अनुशासित करके इस कायिक कमजोरी को जीता जा सकता है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जापान से लौटे

...महासचिव बुतरस गाली कल तोक्यो से रवाना ...-दिवसीय यात्रा पर थे। जापानी नेताओं के ...तैयान श्री गाली ने त्वरित तैनाती बल के गठन ...कहा कि शीत युद्ध के खत्म होने के बाद अब ...संयुक्त राष्ट्र के गतिविधियों में परिवर्तन किया ...राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र की सक्रियता बढ़ने से ...बैंकिंग, का प्रभाव कम होगा।

...त देश-जापान

...तेजी से औद्योगिक विकास के नये नये ...ए, उसी तेजी से वह बूढ़ों के देश में भी बदलीन ...न में महत्वपूर्ण उपलब्धियों से देश में औसत ...

...ण की शक्ल ले लेगा, जिसकी आबादी का ...बूढ़े होंगे यानी 65 और इससे अधिक आयु के ...

...कड़ों पर तैयार रिपोर्ट में 1990 के आंकड़ों के ...न गया है कि देश में अकेले बूढ़ों की संख्या दो ...। जापान मेडिकल एसोसिएशन के आधार पर ...कि विकसित पश्चिमी देशों में भी इस तेजी के ...बढ़ रही है। बुढ़ापे के कारण सबको होनेवाली ...क पहुंचने की संभावना है यानी पूरी आबादी का

...हत्या के लिए प्रदर्शन

...विवादास्पद उपन्यासकार सलमान रुश्दी की ...एक बार फिर पुष्टि किये जाने के समर्थन में ...शिया मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। इन लोगों ...नाया तथा उनके और ब्रिटेन के खिलाफ नारे ...संगठन द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन में ...भी भाग लिया। प्रदर्शकारियों का नेतृत्व उनके ...

...भी लिये हुये थे। एक पोस्टर पर लिखा था, ...लिये तैयार हैं।

...ों का अनाचार

...कैथोलिक पादरियों द्वारा लगभग बीस हजार ...करने के घोटाले का मामला प्रकाश में आया ...बावजूद प्रकाशित सरकारी रिपोर्ट में पांच सौ ...साथ अनाचार का आरोप लगाया गया है। ...लेकर 50 बच्चों के साथ अनाचार किया है। इन ...मुकदमे से यह स्पष्ट हो गया है कि वे दोषी हैं। ...लए करोड़ों डालर देने पड़े हैं। वर्ष 2000 तक ...लर से अधिक मुआवजा देना पड़ेगा।

...की सलाह

...हफीज असद से मिलने के लिए दमिश्क रवाना ...होंगे।

श्री क्रिस्टफर का उद्देश्य पश्चिम एशिया शांति ...वार्ता फिर से शुरू करने के लिए अरब देशों और ...इसराइल को राज़ी करना है।

उधर इसराइली प्रधानमंत्री यित्ज़ाक राबिन ने ...निष्कासितों के मुद्दे पर और रियायत देने से इंकार ...किया है। उन्होंने कहा कि वह क्रिस्टफर के ...अभियान की सफलता के इच्छुक हैं, लेकिन ...अमेरिका को अपने विदेश मंत्री की इस यात्रा को ...लेकर बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं रखनी चाहिए।

यूगोस्लाविया में शांति सेना की अवधि बढ़ाई गई

न्यूयार्क, 20 फरवरी (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र ने पूर्व यूगोस्लाविया में शांति सेना के बने रहने की अवधि बढ़ा दी है साथ ही सुरक्षा परिषद को यह भी अधिकार मिल गया है कि पूर्व यूगोस्लाविया में शांति बनाये रखने के लिए वह संयुक्त राष्ट्र शांति सेना को बल प्रयोग का आदेश दे सकती है।

सुरक्षा परिषद ने संयुक्त राष्ट्र शांति की अवधि 31 मार्च तक बढ़ा दी और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत बल प्रयोग का अधिकार हासिल किया। सुरक्षा परिषद के सदस्यों फ्रांस, ब्रिटेन और स्पेन ने इस अध्याय का इस्तेमाल करने का आग्रह किया था।

फ्रांस के राजनयिक ज्यॉं बर्नार्ड मेरिमी ने कहा कि शांति सेना में फ्रांसीसी सैनिकों को कल सारायेवो में निशाना बनाया गया। इस घटना के बाद परिषद के अध्यक्ष ने बोसिनयाई राजदूत को बुलाया और इस घटना पर चिंता प्रकट की।

संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की अवधि बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ लेकिन चीन बल प्रयोग के मामले में राजी नहीं था। सदस्यों के मनाने पर वह प्रस्ताव के समर्थन पर राजी हो गया।

पूर्व यूगोस्लाविया में इस समय 20 हजार सैनिक है और तीन मुख्य क्षेत्रों में तैनात हैं। झगड़े से सम्बद्ध सभी पक्षों ने शांति सेना की भूमिका की आलोचना की है। उनका कहना है कि शांति सेना को कारगर भूमिका निभानी चाहिए।

बोसिनयाई राजदूत के अनुसार प्रस्ताव 770 के तहत शांति सेना को यह अधिकार मिला हुआ है कि वह राहत सामग्री पहुँचाने के लिए हर जरूरी उपाय करे लेकिन यह इस पर अमल नहीं कर रही है। बोसिनया हर्जेगोविना में राहत सामग्री पहुँचाने की कार्रवाई को रोकने के बारे में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग की आयुक्त सादाको ओगाता की आलोचना की।

श्री गाली ने भी इस कदम की सार्वजनिक निंदा की और राहत कार्रवाई फिर से शुरू करने का आदेश दिया।

इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव बुतरस गाली द्वारा पूर्वी बोसिनया और सारायेवो के लोगों को फिर से सहायता पहुँचाने के आदेश की अनेक राजनयिकों ने प्रशंसा की है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त सादाको गाता ने श्री गाली या अन्य अधिकारियों से सलाह लिये बिना गत बुधवार को लगभग सभी राहत कार्यों पर रोक लगा दी थी।

श्री गाली ने इस कदम पर सुश्री सादाको सार्वजनिक रूप से तलाड़ लगाई और राहत कार्य दुबारा शुरू करने का आदेश दिया।

सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद ब्रिटेन के राजदूत सर डेविड हेनी ने कहा कि जरूरतमंद लोग चाहे किसी भी जगह या समुदाय के हों, उन तक सहायता पहुँचाने के लिए सभी पक्षों को हर संभव सहयोग करना चाहिए।

रूस, फ्रांस और अन्य देशों के राजनयिकों ने भी सहायता दुबारा शुरू किये जाने का समर्थन किया।

सुरक्षा परिषद ने पूर्व यूगोस्लाविया के लिए युद्ध अपराध न्यायिकरण गठित करने के लिए एक प्रस्ताव का प्रारूप भी कल तैयार किया जिस पर सोमवार को मतदान होगा।

प्रस्ताव के मसौदे के अनुसार एक जनवरी 1991 के बाद से मानवाधिकार कानूनों के गंभीर उल्लंघन के जिम्मेदार लोगों को यह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय दंडित करेगा। राजनयिकों के अनुसार इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद युद्ध अपराधियों को लंबे कारावास की सजा हो सकती है। बोसिनया के युद्ध में उत्पीड़न के कई आरोप हैं। ये आरोप विशेषकर मुस्लिमों तथा क्रोएटों का सफाया करने की सर्बों की नीति के विरुद्ध है।

आयरन की गोलियाँ बच्चों के लिए खतरनाक

वाशिंगटन, 20 फरवरी (एजेंसी)। अमेरिकी सरकार के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने एक चेतावनी जारी करके कहा है कि गर्भवती महिलाओं द्वारा ली जाने वाली आयरन की गोलियों को यदि बच्चे थोड़ी मात्रा में भी खाते हैं तो यह जहर साबित हो सकती है।

पिछले वर्ष जून से अब तक लॉस एंजिलिस में आयरन की गोलियाँ खाने वाले एक वर्ष की आयु के कम से कम पाँच बच्चों की मृत्यु हुई है। केंद्र का कहना है कि अमेरिका में आयरन की गोली खाने के बाद उसका खराब असर होने की अनेक घटनाएं सामने आ रही हैं।

केंद्र के अनुसार, लाल और हरे रंग की चीनी की परत वाली चमकीली गोलियाँ बच्चों को आकर्षित करती हैं और ये सबसे खतरनाक है। 22 पौंड अथवा उससे कम वजन के बच्चों के लिए इस तरह की छह गोलियाँ भी नुकसानदायक साबित हो सकती है। लॉस एंजिलिस में मरने वाले प्रत्येक बच्चे ने 30 से अधिक गोलियाँ खायी थी।

बाबरी मस्जिद मसले पर ढाका में प्रदर्शन

ढाका, 20 फरवरी (एजेंसी)। लगभग पाँच हजार लोगों ने आज यहाँ भारतीय उच्चायोग की ओर कूच किया और भारत में बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण तथा मुसलमानों की सुरक्षा के लिए धरना दिया।

इस्लामी संविधान आंदोलन के नेता सैयद मौलाना मोहम्मद फजलुल करीम ने एक घंटे के इस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदर्शनकारियों को उच्चायोग से 300 गज दूर रोक दिया गया।

प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव को संबोधित इस ज्ञापन में श्री राव से बाबरी मस्जिद के निर्माण का वादा पूरा करने और मुसलमानों को वहाँ नमाज पढ़ने की अनुमति देने की माँग की गयी है।

समुद्रिपत्र में भारत से बांग्लादेश के साथ नदी जल विवाद सहित अन्य सभी विवादों को हल करने तथा कश्मीर में मुसलमानों के कथित उत्पीड़न को बंद करने और उनकी स्वतंत्रता बहाल करने की माँग की गयी है।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वे दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस) की शिखर बैठक के समय श्री राव को ढाका में प्रवेश करने नहीं देंगे।

SOLAR COOKER
50 Discount | Now available at | Pay Rs. 480/-
SUPER BAZAR
Connaught Place N.D.1
FOR FREE HOME DELIVERY
DIAL — 231932

The Ashok Group

नीलाम सूचना
भारत पर्यटन विकास निगम
होटल कनिष्क
19, अशोक रोड
नयी दिल्ली-110001

प्रयुक्त विखण्डित अप्रयोज्य सामग्री जिसमें एम.एस. कास्ट आइरन, जी.आई.अल्यूमीनियम तथा स्टेनलेस स्टील स्क्रैप्स तथा अन्य सिविल तथा इलैक्ट्रिकल आइटम्स शामिल हैं, लॉट आधार पर सार्वजनिक नीलाम द्वारा 24-2-93 को पूर्वा. 11 बजे होटल परिसर में बेची जाएंगी। बिक्री नकद भुगतान के विरुद्ध जहां है जैसे है आधार पर की जाएगी।

प्रबंधकों के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार कर सकने का अधिकार सुरक्षित है।

नीलामकार: एस.एम.जी. बीटी प्रा.लि.

सुखमय विवाहित जीवन के लिए
मिलें या लिखें
परामर्श का समय: सुबह 10 से 1 और शाम 5 से 7 तक रविवार सुबह 10 से 1 तक
ज्ञानवर्धक पुस्तक 'नवजीवन' मुफ्त मंगायें।
सबलोक क्लिनिक
नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज
नई दिल्ली 2 फोन 3278787

गुमशुदा की तलाश

ललित कुमार त्रिखा

ललित कुमार त्रिखा (दिमागी हालत खराब है) निवासी: 22/137-ए, विक्रम विहार, लाजपत नगर-II, नयी दिल्ली 12-2-93 से लापता है। ललित कुमार त्रिखा की उम्र: 22 साल, कद: 5 फुट 6 इंच, रंग: गेहुंआ, चेहरा: लम्बा, शरीर: पतला है। वह नीली कमीज तथा पैन्ट तथा हवाई चप्पल पहने हुए हैं। वह अपने घर का पता भी नहीं बता सकता है। अता-पता बताने वाले/ पहुंचाने वाले को उचित इनाम। सम्पर्क : फोन नं. 6429200

डिस्ट्रीब्यूटर्स चाहियें

एक सुप्रसिद्ध खाद्य पदार्थ निर्माता कं० को अपने नए उत्पादों के लिए दिल्ली में डिस्ट्रीब्यूटर्स चाहियें। बढ़िया किस्म की विभिन्न प्रकार की दालें, (एक कि० ग्रा० व आधा कि० ग्रा०) की आकर्षक पैकिंग में सप्लाई, उच्च स्तरीय प्रचार, आकर्षक मार्किटिंग नेटवर्क, माल की निरन्तर आपूर्ति आदि। सुदृढ़ वित्तीय स्थिति वाले व्यापारी जिन्हें खाद्य पदार्थों की थोक बिक्री का अच्छा ... सम्पर्क करें।

राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय
(पर्यावरण एवं वन मंत्रालय)
ऑडिटोरियम एवं एयरकंडीशनिंग प्लांट रूम के लिए इन्सुलेशन एवं एकॉस्टिक कार्य हेतु

निविदा सूचना

ऑडिटोरियम्स एवं पैकेज-टाइप एयर-कूल्ड एयरकंडीशनर्स तथा इसके प्लान्ट रूम के इन्सुलेशन एवं एकॉस्टिक ट्रीटमेंट के कार्य का अनुभव रखने वाली प्रख्यात एवं अनुभवी फर्मों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक पार्टियाँ विनिर्देशिनों, नियम एवं शर्तों के विस्तृत विवरण से युक्त निविदा कागजात निविदा शुल्क रु.100/- प्रत्येक का भुगतान करके इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से पाँच दिन के भीतर कार्यालय समय के दौरान कार्यालय अधीक्षक, राष्ट्रीय प्रकृतिक विज्ञान संग्रहालय, फिक्की बिल्डिंग, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001 से प्राप्त कर सकती हैं।

निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि निविदा कागजातों में अभिहित होगी। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता./-
निदेशक

क्र. 5-19/85-92/एनएमएनएच
डीएवीपी 1343/18/92

'नेत्रदान के बारे में अपने माता-पिता/बच्चों से चर्चा करें और घोषणा पत्र भरने के लिए संपर्क करें:'
टाइम्स आई रिसर्च फाउंडेशन
10, दरियागंज, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 3273418

Godrej STORWEL
G·O·L·D·E·N J·U·B·I·L·E·E
ANAND UTSAV
शानदार छूट

छूट 28 फरवरी, 1993 को ख़त्म हो रही है.
जल्दी कीजिए!
फ़ौरन लाभ उठाइए.



गोदरेज स्टोरवेल स्वर्ण महोत्सव ऑफ़र. एक नामी हस्ती के जन्म से लेकर अब तक विश्वास के 50 वर्ष. इस स्वर्ण अवसर को हम चाहेंगे उन लाखों से मिलकर मनाना, जिन्होंने इन सालों में गोदरेज क्वालिटी का भरोसा किया. हमारे लिए आभार जताने का समय.

लाइए, अपने लिए या अपनों के लिए गोदरेज स्टोरवेल का उपहार. उत्सव की छूट का लाभ उठाइए और 50 सालों से जानी-मानी स्टील आलमारी घर ले आइए. देर कैसी? अपने नजदीकी स्टोरवेल विक्रेता के यहां पहुंचिए और उस शानदार ऑफ़र का पता लगाइए, जो हजारों भारतीय गृहिणियों की मुस्कान में झलकेगी.

...सरकार
...विभाग
...र जिला, गाजियाबाद
...र्तित नम्बरों की सूची

...ट 20-2-93 से कार्य करना शुरू कर देगी। अतः मुरादनगर के वर्तमान टेलीफोन नम्बर ...का एस.टी.डी. कोड '05775' होगा। इस नये टेलीफोन एक्सचेंज के सभी उपभोक्ताओं ...डलिंग, हाट लाइन एवं कॉल ट्रांसफर सुविधायें भी उपभोक्ता उपप्राखंडिक अधिकारी, ...लिए सुरक्षित रखी जा सकती है।

पुराना नम्बर	नया नम्बर	पुराना नम्बर	नया नम्बर	पुराना नम्बर	नया नम्बर
2243	51143	3304	51204	3352	51252
2244	51144	3305	51205	3353	51253
2245	51145	3306	51206	3354	51254
2246	51146	3307	51207	3355	51255
2247	51147	3308	51208	3356	51256
2248	51148	3309	51209	3357	51257
2249	51149	3310	51210	3358	51258
2250	51150	3311	51211	3359	51259
2251	51151	3312	51212	3360	51260
2252	51152	3313	51213	3361	51261
2253	51153	3314	51214	3362	51262
2254	51154	3315	51215	3363	51263
2255	51155	3316	51216	3364	51264
2256	51156	3317	51217	3365	51265
2257	51157	3318	51218	3366	51266
2258	51158	3319	51219	3367	51267
2259	51159	3320	51220	3368	51268
2260	51160	3321	51221	3369	51269
2261	51161	3322	51222	3370	51270

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

'दूरसंचार विभाग निगम में नहीं बदला जायेगा'

बेंगलूर, 2 जुलाई (वार्ता)। संचार राज्यमंत्री सुखराम ने आज कहा कि दूरसंचार विभाग को निगम में नहीं बदला जाएगा।

आज यहां संवाददाताओं से बात करते हुए श्री सुखराम ने कहा कि विभाग को निगम का स्वरूप देने से बाद में कई दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। संचार मंत्री ने कहा कि हाल में घोषित नयी संचार नीति से दूरसंचार विभाग का काम और सुधरेगा। उन्होंने कहा कि विभाग को निगम में बदलने की बात पहले जरूर सोची गयी थी। इसका मकसद था कि निगम बना कर पूंजी बाजार से 90 अरब रुपये तक की और व्यवस्था कर ली जाये किंतु अब इसका विकल्प मिल गया है। विभाग को देश के अंदर और बाहर के निजी निवेशकों से आसान शर्तों पर 67 अरब रुपये मिल गए हैं इसके अलावा देशी, विदेशी फर्मों से पट्टे और उधारी पर उपकरण मिलने से भी अतिरिक्त धन की कमी पूरी हो गयी है।

श्री सुखराम ने कहा कि नयी दूरसंचार नीति को लागू करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश हफ्ते भर के अंदर जारी कर दिये जायेंगे। यह ध्यान रखा जाएगा कि निजी और विदेशी कंपनियों के प्रवेश से देश की सुरक्षा के लिए कोई खतरा न हो।

उन्होंने कहा कि निजी और विदेशी कंपनियों को केवल लाभ उठाने का मौका नहीं दिया जायेगा। उन्हें कुछ सामाजिक दायित्व भी उठाना होगा। श्री सुखराम ने यह भी कहा कि नयी नीति में देश की निजी और सरकारी कंपनियों को तरजीह देने की बात नहीं है। फिर भी उन्होंने स्पष्ट किया कि टेलीमेटिक्स विकास केन्द्र सी डाट द्वारा तकनीकी विकास के लिए स्थापित इकाइयों की क्षमता को संरक्षण दिया जाएगा। इस संदर्भ में उन्होंने छोटे और मध्यम आकार के टेलीफोन केन्द्र बनाने की क्षमता का विशेष रूप से उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि देश में इस समय 25 लाख आवेदन प्रतीक्षा सूची में है फिर भी टेलीफोन की मांग अभी कम ही है। देश में दूरसंचार के क्षेत्र में एक क्रांति की जरूरत है इससे राजस्व भी बढ़ेगा। दुनिया भर में दूरसंचार के क्षेत्र में बड़ी कमाई हो रही है यही देखकर भारत में भी कई कंपनियां आ रही हैं। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग को हर साल 20 से 30 लाख नयी लाइनों की व्यवस्था करनी होगी।

➡ इम्फाल, 2 जुलाई (प्रेट्र)। इम्फाल में 15 अज्ञात बंदूकधारियों ने सैकड़ों मतदाताओं से जबरन उनके परिचय पत्र छीन लिये। यह घटना शिगजामेई थाने के तहत ओक्रम चटचेक में हुई।

वर्ष के अंत तक सभी प्रमुख स्टेशनों पर कम्प्यूटर आरक्षण

नयी दिल्ली, 2 जुलाई (विस)। रेल आरक्षण को और सुविधाजनक बनाने के लिए समूचे देश के सभी प्रमुख स्टेशनों को इस साल के अन्त तक कम्प्यूटर नेटवर्क से जोड़ दिया जायेगा। इस सुविधा से कम्प्यूटर नेटवर्क से जुड़े किसी भी स्टेशन से भी रेलगाड़ी से आरक्षण कराया जा सकेगा।

यह घोषणा आज यहां रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अशोक भटनागर ने की। अध्यक्ष बनने के बाद वे पहली बार प्रेस से मिल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय देश में 80 स्टेशनों पर कम्प्यूटर सुविधा उपलब्ध है और उम्मीद है कि शेष 168 स्टेशनों पर भी इसे चालू वर्ष के अन्त तक लागू कर दिया जायेगा। उनके मुताबिक कोशिश है कि 13 घंटे से ज्यादा दूरी वाली हर गाड़ी में खानपान सेवा का डिब्बा भी जोड़ा जाये।

उन्होंने बताया कि दस लाख से अधिक आबादी वाले 17 ऐसे नगरों को छांटा गया है, जहां उपनगरीय तर्ज पर तेज रफ्तार गाड़ियां चलायी जायेंगी। जहां विद्युतीकरण नहीं है, वहां अच्छी किस्म के डीजल इंजन काम में लाए जाएंगे। रेलवे की संचालन लागत में कटौती के प्रयास किए जाएंगे। वहीं रेल सम्पदा का उपयोग औसत भी चार से पांच प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।

गुड़ पर पाबन्दी के लिए कानून शीघ्र : राय

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

श्री राय ने कहा कि इस वर्ष एक करोड़ 80 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ। उम्मीद है सन् 2007 तक इसमें एक करोड़ टन का इजाफा होगा। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में पिछले साल गन्ने की फसल अच्छी नहीं थी। श्री राय ने कहा कि इसका एक कारण यह था कि कम वर्षा हुई और दूसरे इन राज्यों में गन्ने की सरकारी कीमत किसानों के लिए आकर्षक नहीं थी।

श्री राय ने बाद में, संवाददाताओं से बातचीत के दौरान चीनी आयात के विवाद के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि इस संबंध में कार्रवाई करने का फैसला प्रधानमंत्री श्री राव को करना है।

उन्होंने कहा कि वह अपनी ओर से श्री राव को सब कुछ बता चुके हैं और संसद को भी जानकारी दी जा चुकी है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस मामले में जांच बिठाये जाने की आवश्यकता समझते हैं, श्री राय ने कहा कि लोकलेखा समिति जांच कर रही है और वह खाद्य मंत्रालय के कई अधिकारियों के बयान दर्ज कर चुकी है।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय ने चीनी आयात के लिए अंतरराष्ट्रीय निविदाएं आमंत्रित करने का आदेश नहीं दिया था। प्रधानमंत्री कार्यालय स्वयं इस बात से इनकार कर चुका है।

श्री राय ने कहा कि उन्होंने चीनी के आयात के लिए भारतीय खाद्य निगम की ओर से जारी अंतरराष्ट्रीय निविदा इसलिए रद्द की कि लोक लेखा समिति ने 1989 के चीनी आयात घोटाले के बाद इस तरह से आयात का विरोध किया था।

श्री राय ने कहा कि समिति ने पहले की रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया था कि खाद्य मंत्रालय को चीनी का आयात नहीं करना चाहिये और ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि आयात मुनासिब दाम पर हो। लोक लेखा समिति की सिफारिश पर सरकार द्वारा किये गये उपायों के बारे में खाद्य सचिव ने एक रिपोर्ट समिति को दे दी थी। किंतु खाद्य सचिव ने उनकी अनुमति के बिना ही खाद्य निगम को 5 अरब रुपये मूल्य की चीनी के आयात की मंजूरी दे दी। चूंकि यह मंत्रालय के फैसले के खिलाफ था इसलिए उन्होंने निविदा रद्द कर दी।

उन्होंने चीनी उद्योग को लाइसेंस मुक्त करने की संभावना से फिलहाल इन्कार किया और कहा कि सरकार इस मसले पर विशेषज्ञों की एक समिति की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

ब्रिटेन कृष्ण मंदिर विवाद सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करेगा

नयी दिल्ली, 2 जुलाई (वार्ता)। ब्रिटेन ने भारत को विश्वास दिलाया है कि हर्टफोर्टशायर स्थित कृष्ण मंदिर के विवाद को हल करते समय हिन्दू समुदाय की भावनाओं का ख्याल रखा जायेगा।

आज यहां जारी अधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार वन और पर्यावरण राज्यमंत्री कमलनाथ ने ब्रिटेन के पर्यावरण राज्यमंत्री जान गमर और गृहमंत्री माइकल हावर्ड के सामने यह मामला उठाया था।

उल्लेखनीय है कि हट्र्स मीयर बोरो काउंसिल द्वारा मंदिर में सार्वजनिक पूजा की अनुमति वापस ले लिए जाने से विवाद काफी बढ़ गया है और ब्रिटेन में रहने वाले हिन्दू समुदाय के लिए यह चिंता का विषय बन गया है।

श्री कमलनाथ ने गृहमंत्री माइकल हावर्ड के साथ इस मामले में विभिन्न परिणामों के बारे में विस्तार से चर्चा की। श्री हावर्ड ने उन्हें विश्वास दिलाया कि ब्रिटेन सरकार अपने हिन्दू नागरिकों का बहुत सम्मान करती है और भारत के साथ संबंधों को काफी महत्व देती है।

उल्लेखनीय है कि बीस साल पहले इस्कान ने हर्टफोर्डशायर के एक गांव में भक्ति वेदांत भवन के नाम से हिन्दू धर्म की शिक्षा देने के लिए एक कालेज की स्थापना की थी। दस साल बाद इस कालेज ने सार्वजनिक पूजा के लिए मंदिर बनाने की इच्छा जाहिर की।

हिंसा भी नशीली दवा है!

कहानी, संपादन और निर्देशन: राजीव राय **निर्माता:** गुलशन राय **संगीत:** विजू शाह **कैमरा:** दामोदर नायडू **अभिनय:** नसीरुद्दीन शाह, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन, रजा मुराद, परेश रावल, गुलशन ग्रोवर, सदाशिव अम्रापुरकर।

इधर पिछले कुछ वर्षों में किसी एक अत्यधिक लोकप्रिय गाने ने कई फिल्मों को अत्यधिक प्रचार दिया है। 'हम' का गाना 'जुम्मा चुम्मा' और 'खलनायक' का विवादास्पद चोली गीत इस तरह के गाने थे जो फिल्म रिलीज होने से

नयी फिल्म

पहले सुपरहिट साबित हो चुके थे। पिछले दिनों '1942: लव स्टोरी' का गाना 'एक लड़की' और 'मोहरा' का गाना 'तू चीज बड़ी है मस्त मस्त' लोकप्रियता के नये रिकार्ड बना रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से एक बहुत रोमांटिक किस्म का गाना है। (जिसमें जावेद अख्तर ने अपनी शायरी को भी जगह दी है) और दूसरा गाना आज के चालू संगीत की एक चुस्त मिसाल है। बहरहाल 'मोहरा' में यही गाना कुशलता से फिल्माया भी गया है। अक्षय कुमार और रवीना टंडन इस गाने में सहज हैं। बल्कि रवीना टंडन ने शायद पहली बार किसी गाने में अंग संचालन सहजता और कुशलता से किया है।

शेष फिल्म में क्रूर हिंसा की सुपरिचित खुराक है। 'आतिश' के मुकाबले में 'मोहरा' की हिंसा कम है पर पूरी फिल्म नशीली दवाओं के 'अंडरवर्ल्ड' के चित्रण के नाम पर हिंसा से भरी पड़ी है। फिल्म में जगह-जगह पर कहा गया है कि नशीली दवाएं युवा पीढ़ी की नस्ल को बर्बाद कर रही हैं।

राजीव राय 'त्रिदेव' के बाद से नसीरुद्दीनशाह की प्रतिभा पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने लगे हैं। (विश्वात्मा' में वह सफल नहीं हुए। 'मोहरा' में नसीर थोड़ा नयी तरह के खलनायक बने हैं। पर इस खलनायक की जब पोल खुल जाती है, तो कहानी पटकथा दोनों ही भूलभुलैया में फंस जाते हैं।

सुनील शेट्टी (बलवान' के बाद फिल्मों में अपने कसरती जिस्म के बल पर एक जगह बनाने में सफल हुए हैं। 'मोहरा' में विशाल बने हैं जिसकी पत्नी और साली युवा नशेड़ियों की हवस का शिकार हो जाते हैं। विशाल हाथ में तेज चाकू ले कर बेरहमी से चार दोषी युवकों की हत्या करके जेल चले जाता है। रोमा (रवीना टंडन) एक पत्रकार बनी हैं जो इस अपराधी की सजा माफ कराने में सफल हो जाती है। लेकिन विशाल को खतरनाक (नसीर) का मोहरा बनना है। पुलिस अधिकारी अमर (अक्षय) पुलिस का मोहरा है। दोनों आपस में टकराते हैं और फिर समय पर अपने शत्रु को पहचान लेते हैं। पूरी फिल्म में इतनी हत्याएं दिखाई गयी हैं कि दर्शक का गणित कमजोर होने लगता है।

विनोद भारद्वाज

A contest so easy, you'll know the answers before you know the questions.

Finally, a game where your chances of scoring are higher than Pele's in front of an open goal. Presenting Times Football Funtest. A fantastic quiz about football, to which you already

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परिदृश्य

भारतीय चिंतनधारा-2

बीज में वृक्ष: वृक्ष में बीज

विद्यानिवास मिश्र

ज्ञान का कोई विषय लें, कुछ बीज अवधारणा में है, उनका अंखुवाना है, पौधा बनता है, पर तना बनता है, पत्र-पुष्प बनता है, फल बनता है, फल का बीज बनता है। समूचा वृक्ष फिर बीज में समा जाता है, नयी पूर्णता के लिए। अथवा जैसे बरगद ज्यों-ज्यों पुराना होता है, त्यों-त्यों नये बरोह छाती की ओर फैलाता है जो धरती में नयी जड़ बन जाते हैं, उन जड़ों में नये पेड़ बन जाते हैं, पुराने पेड़ का तना खोखला होते होते लुप्त हो जाता है पर हजारों पेड़ खड़े हो जाते हैं, वैसे ही एक व्यवस्था पुरानी पड़ती है, पर वह अनेक व्यवस्थाओं के विकल्प तैयार करती रहती है, फिर उन्हें एक समष्टि-व्यवस्था का आकार देकर स्वयं चुक जाती है। कोई व्यवस्था जड़बद्ध नहीं होने पाती।

भारतीय चिंतनधारा इतिहास के एक विशेष क्रम को केवल अंशतः स्वीकार करती है। साथ ही वह चक्राकार आवर्तन को भी अंशतः स्वीकार करती है। सृष्टि में आवर्तन तो होता है पर हर आवर्तन में पदार्थ का या किसी भी प्राणी का स्थान वहीं नहीं रहता है, जो पहले वाले आवर्तन में था। उसका कारण यह है कि केन्द्र बिन्दु एक नहीं रहता, केन्द्र बिन्दु खिसकता रहता है आवर्तन ठीक गोलाकार चक्र में न होकर शंख के घेरे के रूप में होता है, जहां वृत्त नहीं होता खुला रहता है।

जो संस्कृति एक केन्द्र मान कर चलती है वह यदि चक्राकार गति में आस्था नहीं रखती तो निरन्तर किसी एक प्रस्थान-बिन्दु से ध्यान हटा नहीं सकती और यदि चक्राकार गति में आस्था रखती है तो भी केन्द्र से बराबर दूरी बनाये रखना चाहती है। भारतीय संस्कृति केन्द्र को सापेक्ष मान कर चलती है। इसलिए उसका ध्यान गति पर है, और गति के निरन्तर ऊर्ध्वगामी होने के संकल्प पर है। उसमें पीछे लौटना और अधिक ऊर्जा से आगे बढ़ने के लिए और ऊँचे उठने के लिए होता है। काल की अवधारणा हमारे ज्योतिष में ऐसी नहीं है, काल पीछे लौट नहीं सकता। भांस्कराचार्य ने अपने ग्रंथ में काल के कुछ समयके लिए बीच-बीच में एक झूलने की प्रक्रिया से गुजरने की बात कही है, आधुनिक विद्वान हाकिंस ने भी ऐसी संभावना की बात 'ए ब्रीफ हिस्ट्री आफ टाइम' में की है। दोनों की उपलब्धियां अलग हैं, परन्तु दोनों ने इस काल नामक आयाम को सही समग्रता में देखने की कोशिश की है। पर काल की अवधारणा की बात अभी विस्तारपूर्वक आगे की लेखमाला में करेंगे, अभी यही इंगित करना पर्याप्त होगा कि भारतीय विचारधारा किसी एक आरंभ को महत्व नहीं देती वह निरन्तर नये आरंभों, नये उत्पादनों, नयी रचनाओं को महत्व देती है। इसलिए सृष्टि के किताब को समझने के लिए बीज और वृक्ष, वृक्ष और बीज का रूपक बराबर दिया जाता है। बीज-वृक्ष एक बहुत भरोसे का चौखटा है, बशर्ते कि हम मान कर चलें कि बीज और वृक्ष दोनों बदल जाते हैं। जो नहीं बदलता वह है नये संस्कारों को लेकर नवसंस्कृत के रूप में बदलने का स्वभाव।

ज्ञान का कोई विषय लें, कुछ बीज अवधारणा में है, उनका अंखुवाना है, पौधा बनता है, पर तना बनता है, पत्र-पुष्प बनता है, फल बनता है, फल का बीज बनता है। समूचा वृक्ष फिर बीज में समा जाता है, नयी पूर्णता के लिए। अथवा जैसे बरगद ज्यों-ज्यों पुराना होता है, त्यों-त्यों नये बरोह छाती की ओर फैलाता है जो धरती में नयी जड़ बन जाते हैं, उन जड़ों में नये पेड़ बन जाते हैं, पुराने पेड़ का तना खोखला होते होते लुप्त हो जाता है पर हजारों पेड़ खड़े हो जाते हैं, वैसे ही एक व्यवस्था पुरानी पड़ती है, पर वह अनेक व्यवस्थाओं के विकल्प तैयार करती रहती है, फिर उन्हें एक समष्टि-व्यवस्था का आकार देकर स्वयं चुक जाती है। कोई व्यवस्था जड़बद्ध नहीं होने पाती।

पहले व्यवस्था से शुरू करे क्योंकि व्याकरण भारतीय ज्ञान साधना का द्वार है, उसे वेद का मुख कहा गया है। व्याकरण में कुछ आधारभूत प्रकृति होती है, सबसे आधारभूत धातु होती है, धातु का अर्थ है धारण करने वाला पदार्थ। धातु व्यापार का बोध कराती है। यास्क ने तो शब्द मात्र को धातु से ही निकला माना। बिना क्रिया के स्फुरण के कोई पदार्थ कैसे होगा? इस धातु से शब्द-रचना हजार शाखा-प्रशाखाओं में होती है और क्रिया ही अभी शाखाओं को सम्बद्ध बनाये रखती है। उदाहरण के लिए कृ=करना, धातु लीजिए, इसी से कृति, कार्य, करण, कारण, कर्म, कारक, करणीय, कर्तव्य, कर्ता, क्रिया, क्रियमाण, कृत, कुर्वाण जैसे शब्द बनते हैं और उपसर्गों के योग से संस्कार, विकार, अनुकरण, उपकार, प्रतिकार, आकार, निष्कृति, प्रकृति, प्रकार, अधिकार, अधिकरण, अपकार, सुकृत, दुष्कृत, जैसे असंख्य शब्द बनते हैं। ये सभी करना क्रिया के कारण परस्पर सम्बद्ध हैं। ये सभी अलग अलग अर्थ देकर अलग-अलग रूप धारण करके फिर कृ में समा भी जाते हैं तब तक कृ स्वयं 'कर' हो जाय, 'कि' हो जाय अथवा कुछ और हो जाए पर अवधारणा रूप में कोई सत्ता रहती है। व्याकरण केवल कवियों में विश्लेषण नहीं है। केवल वि-(विशेष) का विवरण नहीं है, वह आकरण भी है, वह सबको समेटता भी है। सृष्टि के भेद को समेटना पूर्व पीठिका है। इन विशेषों के बीच संबंधों के तन्तुजाल को समझना मुख्य लक्ष्य है। अलग-अलग इकाइयाँ केवल समझने की सुविधा के लिए हैं, वस्तुतः उनमें से प्रत्येक के भीतर एक-दूसरे से जुड़ने और जुड़ कर अधिक अर्थवान् होने की आकांक्षा ही वास्तव में मुख्य समझने की बात है। गणित भी बहुत कुछ ऐसा करता है, पर एक मौलिक अंतर है। गणित बांधता है, व्याकरण खोलता है, दोनों समस्त संभावनाओं को अमूर्त आकार देते हैं, दोनों अमूर्त में मूर्त का विकास दिखलाते हैं। किन्तु गणित का अमूर्त कुछ बंधे बंधाये प्रकार्यों (फंक्शन) से बंधा हुआ है, जबकि व्याकरण अनन्तः संभावनाओं को समेटता है। भारत में चिन्तन के जितने प्रकार हैं, वे किसी नियत को नहीं स्वीकार करते, साथ ही वे एक ऐसे परिशेष को मान कर चलते हैं, जो न निश्चित या नियत को अपने में समेट लेता है बिना उस परिशेष या शेष को माने सम्पूर्ण या अशेष की या शेषी की या अंगी की या पुरुष की या परम की कल्पना की नही जा सकती। पुराणों की कहानियाँ इसीलिए शेषशायी विष्णु की बात करती हैं, विष्णु अर्थात् व्यापनशील, सबमें व्याप्त होने वाले प्रकार एक कुंडलित महाव्याल या महाकाल में रहते हैं, दूसरे शब्दों में जो सम्पूर्ण हैं, वे असम्पूर्ण में रहते हैं पर असम्पूर्ण भी सम्पूर्ण की शय्या बनने के लिए है, अपने आप में वह सार्थक नहीं है।

बीज की ओर पुनः लौटें। पुराणों की कहानी है, प्रलय के समय सात ऋषियों ने समस्त बीज एक नाव में रखा और मनु के साथ प्रलय का ज्वार थमने की प्रतीक्षा करते रहे, तब तक उन्हें उभरती हुई धरती दिखी। फिर मनु ने नयी सृष्टि का सूत्रपात किया। यहाँ बीज कोई स्थूल बीज नहीं है, बीज है सोयी हुई इच्छा, सोयी हुई अपने को रचने की इच्छा, सोयी हुई अपने को विभक्त करके अविभक्त को पाने की इच्छा, अपनी स्व रूप में सत्ता की कीमत पर पूर्ण होने की बलवती इच्छा। यही इच्छा क्रिया बनती है और क्रिया की पूर्णता होती है ऐसे ज्ञान में जो इनको समेट कर नयी आकांक्षा से फूटता है, पुराने पत्ते झाड़ देता है, नये फूल लेता है, नये पल्लव बदलता है, पर अन्त में फल इसलिए बनता है कि फल बन कर वह दूसरे का आस्वाद बन सके, उस आस्वाद में अपनी पूरी पहचान पा सके। फल में बीज सोया रहता है, नये वृक्ष का जिसमें पुराना वृक्ष समा गया है। व्याकरण का यह साँचा देखने में द्विदल में विभक्त दिखता है, यह है वस्तुतः त्रिकोणात्मक, क्योंकि वैसे पेड़ में दो शाखायें होंगी तो उन्हें थामने वाला तना होगा और सबको हिलाने वाला होगा त्रिकोण-Δ।

वैसे ही क्रिया पद और कारक पद देखने में दो लगेंगे पर दोनों परस्पर संबंध स्थापित करने वाली किसी अवधारणा से जुड़े हैं, इसलिए वे त्रिकोण बना देते हैं। त्रिकोण दो प्रकार के होंगे, एक में शीर्ष ऊपर होगा, एक में नीचे। शीर्ष का नीचे होने का अर्थ है सृष्टि का विभाजित होना, ऊपर होने का अर्थ है सृष्टि का सिमटना। अधः शीर्ष त्रिकोण शक्ति है, वही आद्या है, वही स्पन्द है, वही क्रिया है, ऊर्ध्वशीर्ष त्रिकोण शिव है, वही संहार है, वह उपशम है, वहीं ज्ञान है, वही समाहित लय है। लोक को समझने के लिए पृथ्वी और आकाश को दो छोर मानते हैं पर अंतरिक्ष से दोनों जुड़े हैं। इसलिए तीन लोक हैं, पृथ्वी को माँ मानें, आकाश को पिता तो अंतरिक्ष रूप संतान के द्वारा दोनों एक बिन्दु से जुड़ते हैं। इसीलिए वाणी के दो छोर मानें, अव्यक्त और व्यक्त, मानस और वाचिक, तो भी किसी मध्यमा के अंतर्वर्ती की आवश्यकता होगी, जहाँ शब्द और अर्थ दोनों विभक्त तो होंगे, पर प्रकट नहीं होंगे।

यही बीज में होता है, पहले बीज एक है, फिर भीतर से दो होने की स्थिति में है, फिर दो दल प्रकट रूप में। सृष्टि को पुरुष और स्त्री दो भावों में विभक्त मानें तो इनको संयोजित करने वाला दोनों से अतिरिक्त कोई ब्रह्म होना चाहिए, जो न स्त्री है, न पुमान्, वह केवल 'है' है। वह 'है' न हो तो स्त्री पुरुष दो रूपों का होना न हो।

जो चिन्तनधारा बीज वृक्ष का चौखटा स्वीकार करता है, वह न तो बीज को केन्द्र में रखती है, न वृक्ष को, वह बीज के वृक्ष होने की और वृक्ष के बीज होने की आकांक्षा को महत्व देती है और अनेक केन्द्रों, अनेक प्रारंभिक बिन्दुओं की अपेक्षा करती है। वह न मनुष्य को विश्व के केन्द्र में रखती है, न देवता को या दूसरे शब्दों में किसी अलौकिक शक्ति को, न प्रकृति को। इसीलिए यहां मनुष्य और देवता के बीच कोई प्रतिस्पर्द्धा या तनातनी नहीं, एक दूसरे को भावित करते रहने का भाव है। वह भाव है दोनों का मिल कर सृष्टि का प्रयोजन चरितार्थ करना। यज्ञ जैसा अनुष्ठान इसी उद्देश्य से किया जाता है तो सकल बनता है, उसकी सामग्री शब्द का अर्थ समग्र के लिए तैयार की जाने वाली वस्तु है। यज्ञ को हमारे यहाँ जीवन के आवर्त्तन के रूप में देखा गया है, बचपन से लेकर जीवन की हर अवस्था स्वयं को निचोड़ना है, मृत्यु निचोड़ते-निचोड़ते निःशेष हो जाना है, निःशेष होकर अनन्त और अमृत बन जाना है। यही पूजा का भी प्रयोजन है, मनुष्य अपने पंचभूतात्मक शरीर को गंध, पुष्प, धूप, दीप नैवेद्य के अर्पण के द्वारा पूरा का पूरा बाँट-बाँट कर निःशेष हो जाता है और वह जिसकी पूजा करता है, उसका पूरी तरह हो जाता है अथवा वह स्वयं दिव्य हो जाता है। दिव्यता कोई जीवन से बाहर नहीं है। इसी शरीर में है, इस शरीर के उचित उपयोग में है। अध्यात्म इस जीवन के सही स्वभाव को पहचानने में है।

स्थूल रूप में देखें तो पता चलेगा कि हमारी वास्तु को भी आकार बीज-वृक्ष के चौखटे से मिला।

मंदिर को देखें उसमें स्तम्भ है और फिर ऊपर मंडप है, वितान है, कहीं-कहीं कई मंडप हैं। मंदिर का बाहरी रूप है और भीतरी रूप है, बाहरी रूप अनेक विविधताओं से भरा पूरा है, पर भीतर जैसे वृक्ष का कोटर होता है, वह एकदम निराकार है, वहाँ कुछ नहीं दिखता सिर्फ अपना अव्यक्त महत्व दिखता है, साधारण भवन में भी पक्ष होते हैं, पेड़ के साथ पक्षी का चित्त भी जुड़ जाता है, उनको थामने वाला कोई बीच में होता है, फिर मकान के ऊपर कलश होते हैं, अधोमुख कलश होते हैं, ऐसी पूर्णता होती है जो भरने के लिए औंधा दी गयी है। कोई भी चित्रांकन देखिए कहीं न कहीं कोई पेड़ या अनेक प्रकार के पेड़। किसी न किसी कड़ी के रूप में बेल दिखाई पड़ेगी।

यह इसलिए कि उसके बीज में, उसके आजू-बाजू उसके नीचे ही जीवन का छंद नाचता है। तथागत की तो उपस्थिति ही बोधिवृक्ष के द्वारा घोषित की जाती रही। वृक्ष की शाखा का आलम्बन लेकर माया ने सिद्धार्थ को जन्म दिया। वृक्ष में देवत्व अभी तक लोकविश्वास में गहरे पैठा हुआ है। हम अपने नैरन्तर्य को समझने के लिए वंश वृक्ष बनाते हैं, हम ज्ञान को शाखा रूप में विभक्त पाते हैं। कमल की नीचे जाने वाली जड़ों का वितान और ऊपर कमल का पत्तों में पसरना, नव पत्तों के बीच में प्रकाश से खिंच कर अनेक दलों का न मिलते हुए ही विकसित होना यह सब ही तो सृष्टि का रूप बनता है, इसकी पूरी आकृति ही संवरते-संवरते पूर्ण कलश का आकार लेती है, वही मंगल का प्रतीक बन जाती है। मंगल का अर्थ है आगे ले जाने वाला। जल से भरा हुआ घर जिसके ऊपर समस्त धान्यों के बीच में दीपित दीपक रहता है, आगे की रचना और आगे की सचेत रचना का उद्बोधक होता है।

इसी वृक्ष पर दो पक्षी एक दूसरे का मुँह देखते हुए अलग-अलग तरीके से वृक्ष के फल का आस्वाद लेते हैं, एक चख कर आस्वाद लेता है, दूसरा दूसरे के आस्वाद मात्र से आस्वाद लेता है। जो स्वयं आस्वाद नहीं लेता, वह भी बाट जोहता है दूसरे की, कब वह जीवन तरू का फल चखेगा, चख कर कब वह अभिमुख होगा मेरे आगे, यह चखना उसके लिए नहीं सबके लिए है। प्रवृत्ति और निवृत्ति, वैराग्य और कर्म एक दूसरे के आमने सामने मुठभेड़ के लिए नहीं रहते, एक दूसरे को समझने के लिए, परखने के लिए होते हैं।

भारतीय चिन्तन धारा में इस प्रकार बीज वृक्ष का संबंध लहरों के आपसी हिलोरे के रूप में घुला हुआ है। यदि भारतीय चिन्तन धारा में किसी को कुछ अन्तर्विरोध दिखायी पड़ता है तो इसलिए लोग बीज और वृक्ष को अलग-अलग बीजों और अलग-अलग वृक्षों को गिनने लगते हैं और उन्हें केवल विषमता ही विषमता दिखती है।

वे नहीं देखते कि लाखों गाँवों से भिन्न-भिन्न वय-लिंग-योग्यता के लोग मेले में मिलते हैं तो वे गिने जाने के लिए नहीं हैं, वे तोले जाने के लिए नहीं हैं, पहचाने जाने के लिए नहीं है, वे भाव रूप में एक होने के लिए हैं। सबकी अलग-अलग मनौतियाँ हैं सब अलग-अलग आये हैं, सब एक मात्र जल में डुबकी नहीं लगाते, लेकिन सबका स्नान एक महाकुम्भ है, महान् मंगल है, क्योंकि इसी प्रकार विषम होते भी सब एक क्षण के लिए सही सम हो जाते हैं, एक ही वृक्ष के जैसे पत्ते हों, फूल हों, फल हों, फल में बोये हुए बीज हो, वे सिर्फ एक पहचान पाना चाहते हैं कि अपने आप वृक्ष नहीं और फिर सब कुछ हैं क्योंकि सब कुछ के भीतर हम डुबकी लगा रहे हैं। हम असंख्य इच्छाओं की पूर्ति की अछोर कल्पवल्ली हैं हम क ख ग के जोड़ नहीं हैं, राशियों की महाराशि नहीं, हम स्वयं शून्य होकर जुड़ने मात्र से पूर्ण हो रहे हैं, क्योंकि शून्यता में ही पूरी तरह पूर्ण भरता है।

इस वृक्ष के इस रहस्य को तो समझना है, जो इसके अव्यय (न चुकने वाले) भाव को समझता है, वह वृक्ष की जीवन के ऊर्ध्वमुखी आरोह की संभावना बन जाता है। हाँ, बरगद की नीचे जाने वाली शाखा की तरह पहले विनम्र होकर उन जड़ों में समा जाता है, जहाँ से रस लेकर फिर वृक्ष बन कर आकाश को छूना है और अपने को दूसरों का आश्रम और अपने अस्तित्व को दूसरों का आश्रित बनना है। एक दूसरे के ऊपर अवलम्बित रहकर एक दूसरे में घुलमिल जाना माला की तरह पिरो जाना, वृक्ष से बन जाना जीवन की परम संभावना है।

जारी



CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देश-काल: लोक व्यवहार में

विद्यानिवास मिश्र

इसके पूर्व हम काल की तीन प्रकार की गतियों का उल्लेख करते हुए यह इंगित कर चुके हैं कि भारत शंख वलयाकार (स्पाइरल) गति को ही विशेष महत्व देता है। देश और काल दोनों की अलग पहचान हमने दिन-प्रतिदिन के व्यवहार में बना रखी है। हम अखण्ड, अनन्त अभेय काल और खण्डकाल की सन्धि पर तथा निरपेक्ष देश (आकाश) और सापेक्ष देश की सन्धि पर अपने को स्थापित करके हरेक कार्य करते हैं। हम एक अछोर ब्रह्माण्ड और अपने छोटे से कुटीर का स्मरण करते हैं, इस रूप में स्मरण करते हैं—अछोर ब्रह्माण्ड में भूमंडल है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, उसमें अमुक नदी के किनारे स्थित अमुक नगर या गाँव है, उसमें एक छोटा-सा घर है, उसमें एक छोटी-सी जगह है, वह ब्रह्माण्ड का ही लघु रूप है, वहीं हम

भारतीय चिन्तनधारा-3

आसीन हैं। इसी प्रकार हम निरवधि अनन्तकाल के पूरे चक्र का स्मरण करते हैं, ब्रह्मा के दिन की अभी शुरुआत है, दूसरी घड़ी चल रही है, श्वेतवाराह कल्प में हम चल रहे हैं, 14 मन्वन्तरों में सातवें मन्वन्तर वैवस्वत मन्वन्तर में चल रहे हैं, चतुर्युगी चक्र में अट्ठाईसवें कलियुग में चल रहे हैं, 60 वर्षों के चक्र में अमुक संवत्सर (वर्ष) में चल रहे हैं, इस वर्ष की अमुक ऋतु, अमुक मास, अमुक तिथि में अमुक समय में हम कोई कार्य करने जा रहे हैं। इस प्रकार साधारण से साधारण संकल्प में हम महाकाल के पटल-दर-पटल उघारते एक विन्दु पर पहुँचते हैं जिसमें सभी पटल समाहित हो जाते हैं। हम अपनी गति को काल के अनन्तप्रवाह के साथ जोड़कर चलते हैं तो हमको पूरा विश्वास रहता है कि कार्य सम्पन्न होगा। हम जहाँ हैं, जब हैं, वह असीम अछोर है और साथ ही प्रमेय है, सीमित है, परन्तु उसका प्रमाण भी अनन्तकाल और देश ही है। हम हद के भीतर रहते हैं, पर हद के बाहर बहुत कुछ है, उसे भूलते नहीं। हम इतिहास में रहते हुए ही इतिहास से बाहर भी सोच लेते हैं, देश के भीतर रहते हुए भी देश से बाहर होकर वस्तुओं को देख पाते हैं। यही कारण है कि देशकाल का बोध हमारे हर व्यवहार में इतना सूक्ष्म है और साथ ही इतना व्यापक है। हमारी व्यापकता के बारे में लोगों को भ्रम होता है कि इन लोगों को समय का बोध ही नहीं है। खण्डकाल की चेतना से ग्रस्त लोग सोच ही नहीं सकते कि खण्डकाल का सौन्दर्य की प्रतीति अनन्त अखण्डकाल से स्थापित होकर आती है। ये लोग सोचते हैं इन्हें इतिहास के काल की कोई स्मृति नहीं है। सब कुछ धुँधला और अन्दाजिया है। एक ही मुनि को कई हजार वर्षों तक चलाते रहेंगे। एक अस्पष्ट देश-अवधारणा को चलाते जायेंगे। क्या होता है यह काल, यह मन्वन्तर यह चतुर्युगी? यह अयथार्थ है, कोरी कल्पना है। क्या होता है यह अपरिभाषित ब्रह्माण्ड, यह जम्बूद्वीप, यह बिना नक्शे का भारतवर्ष, सब पुराणवाचकों का रचा प्रपंच है। इस आक्षेप ने हमारे पढ़े-लिखे लोगों को बहुत झकझोरा है, वे देश की बात भूलकर राष्ट्र की बात करने लगे हैं, अब राष्ट्र को भी भूलकर राज्य की बात करने लगे हैं, वे संवत, तिथि, मास, नक्षत्र सब भूलकर सन् की तारीखों को ही विशुद्ध कालगणना का आधार मानने लगे हैं। सूर्य के उदय से शुरू होने वाला दिन मनुष्य द्वारा बनायी घड़ी के रात के बारह बजने से शुरू होता है, उसकी पहचान का प्रमाण मशीन है। मनुष्य का निजी अनुभव प्रमाण नहीं है। आकाश में नक्षत्रों की सापेक्ष स्थिति से समय का निर्धारण अब व्यर्थ हो गया है, हाथ में या दीवाल पर घड़ी विराज गयी है। यह अलग बात है कभी घड़ी को एक सेकंड आगे बढ़ाने का निर्देश दिया जाता है, कभी घड़ी को देश बदलते हुए मनुष्य की व्यवस्था के द्वारा आगे पीछे किया जाता है। यह भी अलग बात है कि घड़ी मालिक की घड़ी से मिलाने के लिए आगे पीछे की जाती है। पर जहाँ घड़ी नहीं है, वहाँ भी समय की एक सटीक पहचान होती है, शुक्र तारा (सुकवा) उगा, अब रात चार घड़ी रह गयी, यह 'सुकवा उगान' बेला है, कुछ हलका-सा आकाश खुलने लगा, चिड़िया बोल उठी, ठाकुर जी-ठाकुर जी भिनसार हो गया है, संस्कृत में प्रत्यूष बेला आ गयी है। पूरब की ओर ललाई फूटी है, गुदारा लगा है, ऊषा आ रही है, पीछे सूर्य का रथ भी आयेगा। इतने में सूर्य का बिम्ब दिखाई पड़ता है, सूर्योदय हो गया, दिन शुरू हो गया। इस पूरी समयावधि को 'धरम-करम' की बेला और ब्रह्मवेला कहते हैं। धर्म और कर्म में कोई विलगाव नहीं है। किसान का कर्म खेती है, वही उसका धर्म है, घर में रहने वाली घरैतिन का कर्म घर की सफाई करनी है, झाड़ू बुहारी करनी है, वही उसका धर्म है। विद्यार्थी का कर्म स्वाध्याय है, वही उसका धर्म भी है। हम लोग जिस देशकाल में रहते हैं, उसमें रात का अंतिम पहर और दिन का पहला पहर तथा दिन का ढलना और गोधूलि, सन्ध्या और रात का पहला प्रहर ये बहुत महत्व रखते हैं, इसलिए हम इस समय सूक्ष्म से सूक्ष्म परिवर्तन को पकड़ लेते हैं, संख्या में हम समय को नहीं समझते, अपने जीवन के स्पन्द में उसे आँकते हैं, 'जागिये रघुनाथ कुँवर पंछी बन बोले' की प्रभाती गायी जाती है तो गगन बिहारी पक्षी का कलरव, कलरव के साथ उड़ान भरने की तैयारी दोनों हमारे कर्म को संगीत और ताल देते हैं। इसी प्रकार भोर का आह्वान करते समय स्त्रियाँ जब पूरे मन से इस भाव से गाती हैं कि भोर हुई, चिड़िया बोली, मृग वन में तृण चुगने चले, हलवाहा हल लेकर खेत गया, बहू चक्की पर बैठी, ताजा आटा तैयार करना है, किसी को जगाओ, गाय दुहे, किसी को जगाओ, दही बिलोये। इसी के साथ हर मांगलिक कृत्य में अपने निकट अतीत के पितरों और माताओं को आमंत्रित करती हैं कि तुम आओ, सम्मिलित हो, तुम हमसे जुड़ो, हम कुछ अधिक पूरे हों, दूध बहँगियों में आये, दही के पनाले बह निकलें तो यह काल्पनिक सम्पन्नता में भरमना नहीं है। यह भीतर की सम्पन्नता में हुलसना है, क्योंकि यह सम्पन्नता विनम्रता से आती है। यह सम्पन्नता सबके लिए आती है, सबमें बहने के लिए आती है। इसी तरह साँझ होती है, गायें घंटियों की टुनटुन के साथ गाँव में लौटती हैं। धूलि छा जाती है। पश्चिम का दिगन्त लाल बादलों से जैसे भर जाता है, धीरे-धीरे पूरब से धुन्ध फैलती चली आती है। आकाश में पहला तारा दिखता है। यह संझाबाती बेला है, दरवाजे पर आँगन में आलोक पैदा करके रात के अन्धकार को चुनौती देने की बेला है।

हमारे लिए इतिहास का समय महत्व नहीं रखता, ऐसी बात नहीं, पर हम केवल उसी इतिहास को महत्व देते हैं जो केवल स्मृति में नहीं, हमारे प्रत्यक्ष में भी है। इस पेड़ का इतिहास है, यह जब रोपा गया तब मैं बच्चा था, स्कूल जाना शुरू किया था, आज यह इतना छायादार फलदार हो गया है। यह इतिहास हमारे भीतर समा गया है, इसकी बढ़त के साथ हमारी स्मृतियाँ मात्र नहीं हैं, हमारी आत्मीयता की यात्रा भी है। एक बात और है, हम माता-पिता की निधन तिथि का अवश्य स्मरण करते हैं, परन्तु कभी भी और किसी की निधन तिथि या मरण तिथि को महत्व नहीं देते हैं। हाँ जन्मदिन को महत्व देते हैं। पर उनके जन्मदिन को जो सीमित देशकाल से बाहर आ गये होते हैं। वे यशः शरीर बन चुके होते हैं, वे ऐतिहासिक पुरुष मात्र नहीं होते, वे सनातन भाव पुरुष बन चुके होते हैं, इसलिए उनका जन्मदिन न मनाकर उनकी जयन्ती और उनका जन्मोत्सव मनाते हैं। जन्मोत्सव स्मृतिपर्व नहीं है, यह भावपर्व है। श्रीकृष्ण हर भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की आधी रात जन्म ले रहे हैं, यही हमारी भावना होती है, उनका अमुक संख्या का जन्मदिन यह स्मृति नहीं जगायी जाती। इसी प्रकार रामनवमी के दिन राम का, जानकी नवमी के दिन जानकी का, राधाष्टमी के दिन राधा का, वैशाख पूर्णिमा के दिन बुद्ध का, चैत्र कृ. 13 को महावीर का, श्रावण शुक्ल सप्तमी को गोस्वामी तुलसीदास का, ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को सद्गुरु कबीर का, कार्तिक पूर्णिमा को गुरु नानकदेव का, फाल्गुन पूर्णिमा को चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव हो रहा है, यह अनुभव कराया जाता है, उनकी लीला के रूपायन से और गायन से।

श्रीकृष्ण को, श्रीराम को, शिवपार्वती को असीम अनन्त जानते हुए भी अपने बीच इसलिए उपस्थित मानने लगते हैं कि बिना उनके हम अधूरे हैं। इस प्रकार हमारे लिए इतिहास इतिहासता खो देता है, वह हमारे नये रूपान्तर का अंग बन जाता है। अपने भावपुरुषों के साथ रहने का अनुभव अपने को नया ही तो करना है। प्रश्न उठ सकता है तो मुहम्मद साहब और ईसामसीह के जन्म के साथ भी ऐसा होना चाहिए, क्यों नहीं होता? पर हम तो ऐसा मानते हैं कि हिन्दुस्तान में उनका भी जन्मोत्सव मन जाता है। उसी रूप में उत्सव होते हैं, कुछ मजबूरियाँ हैं, आकृति सामने नहीं रहती, अनुष्ठान में उतना खुला-खुला उल्लास न रहता हो, पर भारतीय चिन्तनधारा का प्रभाव स्मृति को प्रत्यक्ष में रूपान्तरित करने के स्तर पर पड़ा ही पड़ा है।

अब देश की बात करें। कोई व्यक्ति प्रवास में चला जाता है और गाँव-घर में कोई आता है तो वह सहज पूछता है—कहो भाई 'देसकोस' का हाल चाल। यह देसकोस अपने सघन अनुभव का देशकाल है जिससे जुड़े बिना प्रस्तुत देशकाल स्वादहीन हो जाते हैं। देश में ममत्व है। कोई विरहिणी जब वसन्त में अपने प्रवासी प्रिय की प्रतीक्षा करती है तो यही प्रश्न उसे मथता रहता है—क्या उस देश में कोयल नहीं बोलती, आम नहीं बौरते, क्या वसन्त का अहसास कराने का वहाँ कुछ नहीं, प्रिय को क्यों नहीं वसन्त के साथ जुड़ी हुई बेचैनी हुई? देश की पहचान केवल भूगोल का नक्शा नहीं है, देश की ऋतुओं के साथ बदलती धजा, उससे जुड़ा असंख्य जीवन-व्यापार और उन व्यापारों के साथ जुड़ा अपने व्यक्तित्व का विकास इन सबसे होती है, इन सबकी समष्टि से होती है। देश चुनाव क्षेत्र संख्या अमुक नहीं, वह नदी, जंगल, पहाड़ी पर्वत, निर्झर, पूजनस्थान, खेत-खलिहान, बस्ती, बस्ती के लोग, विभिन्न व्यवसायों के भिन्न-भिन्न कर्म, उन कार्यों से जुड़े औजार और अन्य साधन, उन कार्यों से जुड़े संलाप-आलाप, यह सब है और इन सबमें निहित हम हैं।

उस अपने देश की पहचान होती है तभी सभी देशों की पहचान होती और अपने देश के लिए लगाव की पहचान होती है। दूसरे शब्दों में महादेश की पहचान होती है। लघु से विपुल की यात्रा ही देश से महादेश में प्रवेश की यात्रा है। यह देश केवल एकनस्ल या जाति या मजहब या एक राज्य व्यवस्था से सीमित अवधारण नहीं है। यह इन सब दायरों का अतिक्रमण करने वाली अवधारणा है। ऐसे देशकाल को हम सब सर्जनात्मक रूप देते हैं तो कई आकार बनते हैं। स्वस्तिक (दायीं ओर निरन्तर मुड़ने वाला स्वस्तिक) खुला कालचक्र ही तो है

डमरू और उसको बजाने वाला उसी की कमर में बँधा छोटा-सा डंडा भी महाकाल और खण्डकाल का साथ-साथ बजने वाला व्यापार ही है। कमलपत्रों के बीच में कमल, आजू बाजू हंस और इनकी अनन्त शृंखला भी अनन्त देश ही का विस्तार है। इसी प्रकार शंख भी काल के आवर्त्तन का प्रतीक होने के कारण मांगलिक है। काल की गतिशीलता में मंगल निहित है। कमल छोटे देश के बड़े देश में विकास और उसमें असंख्य देशों ने बीज के परिपाक का प्रतीक है। वह हर मांगलिक कार्य में रचा जायेगा। कोई बड़ा लोक भित्तिचित्र देखें तो उसमें पूरा ब्रह्माण्ड बहुत ही व्यवस्थित रूप में अंकित मिलेगा। अछोर कल्पवलयी के चौखट में सूर्य चन्द्र सभी के जीव जन्तु, गृह से सम्बद्ध उपकरण, स्त्री-पुरुष, देवी-देवता दो भागों में स्पष्ट रूप से बिना किसी रेखा के विभक्त दिखायी पड़ेंगे। बीच में नीचे की ओर वृक्ष होगा, उसके शिखर पर दो पक्षी आमने-सामने बैठे होंगे, मानो दो संसार एक दूसरे से संवाद स्थापित करना चाहते हों। पूरी अवधारणा संवादी देश की अवधारणा है, प्रतिद्वन्द्वी देश की अवधारणा नहीं। इसी प्रकार हम पूर्ण कलश घर के कंगूरों पर, घर के बाहर, आंगन में मांगलिक अवसर पर सजाते हैं, उसमें त्रिभुवन का, त्रिभुवन के देवताओं का आह्वान करते हैं, उसमें सात स्थानों की मिट्टी डालते हैं, सात नदियों का जल डालते हैं, पाँच पेड़ों के पत्रक डालते हैं, उसके ऊपर भीतरी-भीतरी रस में पूर्ण श्रीफल रखते हैं या सप्तधान्य से पूर्ण ढक्कन रखते हैं, उसके ऊपर प्रकाशित दिया रखते हैं, यह सब देश की और काल की पूर्णता के साथ जुड़ने का ही बहाना है। हम भरपूर देश है, हम भरपूर काल हैं, तभी हम कुछ नया रच सकते हैं, नयी कोई गति संचालित कर सकते हैं। हमारे हरेक कार्य का आरंभ मांगलिक अनुष्ठान है, कोई ट्रक चालक, ट्रक की यात्रा पर निकलने के पहले ट्रक में अगरबत्ती जलायेगा, फूलमाला चढ़ायेगा, अपने को ट्रक की शक्ति के प्रति निवेदित करेगा। खेत के जोतने की शुरुआत धरती की दधि-अक्षत-पृथ्वी में दूब के छिड़कने से होती है। हल-कुदालों की भी हल्दी-दधि-अक्षत से पूजा होती है। नाट्य का आरम्भ भी सम्पूर्ण देशकाल को नाट्य मंडप को नाट्य अवधि तक बाँधने से होता है। आल्हा गाने वाला, लोरिकायन करने वाला या किस्सागो सभी पहले विनती करते हैं, 'सारदा माता तोहें सुमिरौं' शारदा तुम्हारा आह्वान करते हैं, तुम आकर मेरी जीभ पर कुछ समय बस जाओ। मैं जो सुनाऊंगा, वह मेरा नहीं होगा, तुम्हारा होगा। हम घर के चारों ओर पल्लवों की वन्दनवार करते हैं। द्वार पर कुछ अल्पनायें रंगोलियां रचते हैं। उन सबके पीछे भाव यही है कि हद में रहते हुए हम अनहद को जीने का उपक्रम करने जा रहे हैं। हम हद की सार्थकता खोजने चल रहे हैं, सबका सहयोग, सबकी सहभागिता हमें मिले।

ऐसे देशकाल की अवधारणा की शास्त्रीय पीठिका भी इससे कुछ अलग नहीं है। जैसा कि आगे की कड़ी में कुछ विस्तार से समझायेंगे, अन्तर इतना ही है कि लोक व्यवहार में बहुत कुछ अचेत भाव से किया जाता है। इतना भाव वहाँ भी रहता है कि जो कर रहे हैं, वह पूरा उतर जाय, इसलिए हमसे कोई प्रमाद न हो, चूक न हो, जितनी विधि हमें मिली है, वह पूरी निष्ठा से सम्पन्न हो। शास्त्र लोक-व्यवहार को आधार बनाकर ही प्रतिष्ठित होता है। वह लोक व्यवहार का नियामक मात्र नहीं है। वह लोक व्यवहार का व्याख्याता भी है, उसके अर्थ का प्रकाशक भी है। हमारा शास्त्रीय चिन्तन लोक-व्यवहार को व्यर्थ मान कर नहीं चलता, कहीं रूढ़िबद्धता है तो उसे गतिशील बनाने के लिए युक्तियाँ देता है। लोक व्यवहार भी शास्त्र की जड़ता को तोड़ता रहता है। यह परस्पर संशोधक भाव बराबर चलता रहता है।

इस पर आगे हम प्रकाश डालेंगे। यहाँ इतना ही संकेत करना पर्याप्त होगा कि लोकशास्त्र में देशकाल के सजग बोध के धरातल पर कोई भेद नहीं है। भारतीय चिन्तनधारा देशकाल की दोनों प्रकार की स्थितियों (असीम और ससीम) के बीच में बहती चलती है, दोनों को एक-दूसरे के अभिमुख करती चलती है और अपने को कुछ फैलाकर कुछ उथला बनाकर दोनों के बीच में आने-जाने का सुगम तीर्थ और सेतु बनाने का आह्वान देती चलती है।



■■

हमारे लिए इतिहास का समय महत्व नहीं रखता, ऐसी बात नहीं, पर हम केवल उसी इतिहास को महत्व देते हैं जो केवल स्मृति में नहीं, हमारे प्रत्यक्ष में भी है। इस पेड़ का इतिहास है, यह जब रोपा गया तब मैं बच्चा था, स्कूल जाना शुरू किया था, आज यह इतना छायादार फलदार हो गया है। यह इतिहास हमारे भीतर समा गया है, इसकी बढ़त के साथ हमारी स्मृतियाँ मात्र नहीं हैं, हमारी आत्मीयता की यात्रा भी है।

■■

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वैवाहिक

WANTED SLIM, FAIR, GIRL FOR BROAD-MINDED Bengali Kayastha boy only son 31/ 160/ 3800 M.Sc. teaching in reputed public college, own house in Lucknow. Write Box L-70375, Times of India, Lucknow-226001. (TLB3794)

WANTED SUITABLE MATCH FOR ENGINEER BANER-jee boy handsome fair 5'11"/25 yrs. having own business in Madhya Pradesh. Write Box L-854. Times of India, Allahabad-211001 (ATLB55923)

WANTED TALL FAIR AND BEAUTIFUL BENGALI kayastha girl for 30/176, stenographer boy earning Rs. 3500/- own house early marriage. Contact Smt. Amita Guha, 129-D/1, Rajroopur, Allahabad. (ATLB55938)

WANTED PREFERABLY CENTRAL GOVT/ BANK/ LIC employed girl for a Bengali Kayastha boy inspector Central excise 29/ 172/ 3500 reply with horoscope. Write Box 52537, Times of India, NewDelhi-110002. (M74288)

KURMI KSHTRIYA SMART 26/172 M.TECH IPS FROM STATUS FAMILY SEEKS ALLIANCE FROM CHARMING CONVENTED GIRL OF REPUTED FAMILY PROFESSIONALLY QUALIFIED PREFERRED SEND FULL DETAILS WRITE BOX L-70347, TIMES OF INDIA, LUCKNOW-226001. (TLB55352)

STATUS ALLIANCE FOR JAT HANDSOME SMART FAIR EXCEPTIONALLY OUTSTANDING THROUGHOUT GOLD-MEDALIST, SWORD OF HONOUR NATIONAL SPORTSMAN RIMCOLIAN EXNDA 25/171 ARMOURED CAPTAIN FATHER SENIOR ARMY OFFICER RETIRED DELHI BASED HIGHLY EDUCATED CULTURED AFFLUENT STATUS FAMILY. SEND BIODATA "PHOTO RETURNABLE". WRITE BOX 52614, TIMES OF INDIA, NEW DELHI-110002.

(M74657)NTSL

SUITABLE MATCH FOR JAYASWAL BOY 29 / 162 / 4100 B.E. Electrical employed Central Govt. in Delhi. Correspond with photo in first instance to Box 51624, Times of India, NewDelhi-110002. (C80070937)SNGM

WANTED FAIR SLIM BEAUTIFUL MATCH FOR HAND-some Dogra Rajput Army Captain 165 / 29, decent early marriage. Write with photograph to Capt. Chauhan Sode 73 CME Pune (PUN32647)

YADAV BOY 29 / 165 / 5000 PH.D. BIOCHEMISTRY Scientist (ICAR) Class I Central Govt. Professional preferred. Write Box 51151, Times of India, New-Delhi-110002. (C80068902)SNGM

MANGLIK MATCH FOR A SOUTH DELHI BASED Kayastha boy 29 / 172 / 10,000 + p.m. M.Sc. (Physics) running own coaching for XII Engineering / Medical students, qualified beautiful match main consideration. Write Box 51508, Times of India, NewDelhi-110002 (C80070344)SNGM

MATCH FOR AGARWAL MANGLI BOY B.SC. 28 / 172 / 4500 working Junior Officer cadre well known industry hail respectable family. Write Box 51325, Times of India, NewDelhi-110002 (C80069525)SNGM

WANTED CHARMING MEDICO GIRL FOR KAYASTH Mathur Medico boy 29/170 PSC selected family of Doctors. Subcaste no bar. Early marriage. Write Box 52165, Times of India, NewDelhi-110002. (M72869)SNGM

ALLIANCE FOR HANDSOME KUMAONI RAJPUT BOY 31 / 164 1 lac plus p.a. Class II Officer in Govt. Undertaking progressive theatre activist from a beautiful well educated progressive girl preferably working in Delhi. Please respond with returnable recent photograph and bio-data to Box 51415, Times of India, NewDelhi-110002. (C80070012)SNGM

KUMAONI / GARHWALI RAJPUT, TEACHRESS, LEC-turer for Kumaoni Rajput marine Engineer 30/167 income five figures. Send biodata horoscope photograph (returnable). Write Box 50382, Times of India, NewDelhi-110002 (C65644)SNGM

MANGLIK RAJPUT CONVENT BEAUTIFUL GIRL RE-quired for handsome 28/ 170/ 6500 branch manager Bombay based public limited company. Send photo bio-data Kundali A-1102, Indiranagar, Lucknow (TLB101537)

RAJPUT ATTRACTIVE, BEAUTIFUL EMPLOYED QUALI-fied match for handsome, ambitious boy, 26/ 166, MA, dipsystems, clerk, central institute (Lucknow). Write Box L-70332, Times of India, Lucknow-226001. (TLB101430)

WANTED BEAUTIFUL EDUCATED GIRL FROM RE-puted Rajput family for engineer M.Tech. 28/ 163/ 6000 Chandel Rajput boy. Reply with photo bio-data horoscope returnable. Write Box L-62621, Times of India, Lucknow-226001. (TLB101221)

WANTED RAJPUT BRIDE FOR 29/170 SMART RAJPUT boy well settled in computer line an early marriage desirable. Write Box L-61923, Times of India, Lucknow-226001 (TLB100924)

ALLIANCE WANTED FOR FAIR HANDSOME MBA 28-1/2/5'11" Khatri boy from status family working with multinational company girl should be fair beautiful accomplished and professionally qualified from high state only. Write Box L-61999, Times of India, Lucknow-226001. (TLB-ANP)

BEAUTIFUL, FAIR, WELL EDUCATED ALLIANCE FROM Nice family for Punjabi Khatri, B.Tech. (Mechanical) boy, 28/162 doing small business, only son, owns house, Ghaziabad based, father engineer, sister Doctor. Send complete particulars to Box 51732, Times of India, NewDelhi-110002 (C71323)SNGM

SUITABLE BEAUTIFUL SLIM MATCH FOR 25/174 engineer railway class one officer. Write Box L-61291, Times of India, Lucknow-226001. (TLB101045)

BRIDES FOR TWO BROTHERS UP KHATRI 25/ 163/ 3500 working SGPI as assistant accountant cum computer operator & 22/ 170/ 2500 working in LIC father bank officer own house in Lucknow. Girl main consideration. Write Box L-60543, Times of India, Lucknow-226001. (TLB100534)

BRIDES FOR TWO BROTHERS U.P. KHATRI 25/ 163/ 3500 working S.G.P.I. as assistant accountant cum computer operator & 22/170/2500 working in LIC father bank officer own house in Lucknow. Girl main consideation. Write Box L-60543. Times of India, Lucknow-226001 (TLB100534)

MATCH FOR 32/165 ROBUST LAW-GRADUATE khatri senior S.B.I. staff early marriage. Write Box L-61973, Times of India, Lucknow-226001 (TLB101065)

SLIM BEAUTIFUL EDUCATED EMPLOYED GIRL FOR Mehra Khatri M.B.A. Engineer 25 / 167 only son employed in reputed company, father Bank Chief Manager. Write Box 52270, Times of India, New-Delhi-110002 (C80073317)SNGM

WANTED TALL SMART WORKING / PRO-fessionally qualified girl for handsome Khatri Khanna boy M.Sc. 177/29 LIC Officer Udaipur. Write Box 52644. Times of India, NewDelhi-110002. (C74762)SNGM

PARENTS OF SUNNI SHEIKH BOY 25 WELL SETTLED in business fair handsome reputed family of Saharanpur. Early marriage. Write Box 52007, Times of India, NewDelhi-110002 (M72277)SNGM

MARWARI AGRAWAL 24½/167 GRADUATE WELL established share holder boy member recognised stock exchange income five figures seeks beautiful, educated homely girl merit only consideration response with full particulars. Write Box 835, Times of India, Patna-800001 (PT5690)

ALLIANCE INVITED FROM PARENTS GUARDIANS for tall, handsome Ezhava boy 27 yrs. clean habits employed Limited Company Ghaziabad no liabilities. Write Box 52304, Times of India, New-Delhi-110002. (C73455)SNGM

(AGGARWAL) GOYAL 23 / 172 / 5000/- GRADU-ate boy owns business in Delhi required employed beautiful girl. Write with photo. Caste no bar. Contact Asha B-5/2 Krishan Nagar, Delhi-51. Phone 2240896, 2419268. (C80068778)SNGM

AGRAWAL IIT ENGINEER BOY 28/ 170/ 5000 POST-ed s/e respectable service family, links based Delhi looking for fair beautiful educated match. No bar. Write Box 52591, Times of India, New-Delhi-110002 (C74520)SNGM

ALLIANCE FOR HANDSOME SMART FAIR COM-plexion tall Jindal (Jain) intermediate 30 years boy own business earning Rs. 30/40 thousand monthly [illegible]

WANTED BEAUTIFUL QUALIFIED, HOMELY, GIRL FOR Shrivastava graduate Engineer 24/178 boy running his own established industry. Send bio-data photographs at Sumangiam 3/73, Chhatrasai Nagar, Phase-II, Bhopal 462021. (M80067678)BNDN

ALLIANCE INVITED FOR U.P. KSHATRIYA (GAUR) boy 28/ 169/ 4500 p.m. Asstt. grade posted at Doordarshan headquarters. Send horoscope and photograph returnable to Box 52105, Times of India, NewDelhi-110002 (C80072669)SNGM

हिमाचली चौधरी कन्या 26/160, एम.ए., बी.एड. के लिए दिल्ली निवासी सजातीय/विजातीय वर चाहिए। लिखें: बाक्स 52190, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80072967 एसएनजीएम)

जाटव, 29/165/3500/- सरकारी सेवारत युवक हेतु सुन्दर, सरकारी सेवारत वधू चाहिए। अपना मकान, दहेज नहीं। लिखें: बाक्स 51368, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-80069749 जीएनजीटी)

29 वर्षीय, 5'2'', स्नातक, सुंदर, निःसंतान, तलाकशुदा कन्या हेतु वर चाहिए (केवल गुप्ता परिवार) लिखें/मिलें: आर.के. गुप्ता, 46 एच, पाकेट ए-1, मयूर विहार, फेस-3, नई दिल्ली-96 (सी-80074759 एसएनजीएम)

भटनागर 24/164, पतली, सुंदर, गृहकार्य दक्ष, मैट्रिक कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए, दहेज नहीं, शीघ्र विवाह, लिखें: बाक्स 52628, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-74694 एसएनजीएम)

32/160/3500, चौहान राजपूत, अपना व्यवसाय युवक हेतु घरेलू लड़की चाहिए। लिखें: बाक्स 52620, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-110002 (एडी-80074674)

गौड़ ब्राह्मण, कौशिक गोत्र, 24 वर्ष, 5 फुट, स्नातक, सुंदर, सुशील, आकर्षक चेहरा, मृदुभाषी, शाकाहारी, रंग गेहुंआ खुलता हुआ के लिए सजातीय, सुयोग्य वर चाहिए। लिखें: बाक्स 52656, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (सी-80074804)

मित्तल गोत्र, मैट्रिक, 23/170/4000, युवक अपना व्यवसाय दिल्ली में हेतु सुशील, गृहकार्य में दक्ष, सजातीय कन्या चाहिए। लिखें: बाक्स 52619, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-110002 (एडी-80074670)

जैन मित्तल, 22/153, ग्रेजुएट, सुन्दर कन्या हेतु सुयोग्य, बारोजगार वर चाहिए, साधारण विवाह, लिखें: बाक्स 52636, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (एडी-80074731 एसएनजीएम)

अनु. जनजाति इंजीनियर, 36/167, शासकीय सेवारत युवक हेतु वधू चाहिए। लिखें: बाक्स 52197, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-80073008)

सुव्यवस्थित, हमदर्द, निर्व्यसन वर चाहिए, ब्राह्मण, सुंदर, शाकाहारी, भरोसेमंद घरेलू 27/159, दस क्लास, बेकसूर तलाकशुदा चन्द दिन रहने पश्चात, शिक्षित, सज्जन परिवार कन्या हेतु लिखें: बाक्स 52193, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80072992 एसएनजीएम)

45 वर्षीय दोनों टांगों से विकलांग, निजी व्यवसाय, आवास युवक हेतु वधू चाहिए। जाति बन्धन नहीं, दहेज नहीं। लिखें: बाक्स 52233, टाइम्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80073122)

रेडियोग्राफर ग्रेजुएट, कनाडा निवासी, अच्छी आय, सुन्दर युवक हेतु 18-21 वर्षीय सुन्दर, सुशील कन्या चाहिए, दहेज नहीं, धर्म जाति बन्धन नहीं, लिखें: बाक्स 9318-107, AVED MONTON, कनाडा। (सी-80073136 एसएनजीएम)

गौड़ ब्राह्मण 26/165/3500, प्रतिष्ठित, निजी संस्थान में कार्यरत, वाणिज्य स्नातक युवक हेतु सुयोग्य वधू चाहिए। लिखें: बाक्स 52247, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (सी-80073168 एसएनजीएम)

वैश्य (कलवार) गोरी पतली, एम.एससी. फाइनल 22/160 मांगलिक कन्या हेतु वर चाहिए पिता [illegible]

बीसा अ[illegible] गर्ग, [illegible] एन.आई.आई.टी., कम्प्यूटर प्रोग्रामर, 24/176/60 हेतु लम्बी सुयोग्य वधू चाहिए। दाहिनी टांग में मामूली नुक्स, निजी स्वतंत्र बिजनेस। अच्छी आय। लिखें: बाक्स 51219, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80069192)

25/170, पंजाबी खत्री परिवार के आकर्षक इंजीनियर युवक हेतु सुंदर, लंबी, सुशिक्षित, व्यावसायिक योग्यता प्राप्त वधू चाहिए। एन.आर.आई., यू.एस.ए. वाली स्वीकार्य। लिखें: बाक्स 51214, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80069168 एसएनजीएम)

26/150/3400, स्टाफ नर्स, जुलाहासिख, खूबसूरत लड़की हेतु सुयोग्य वर चाहिए। केवल दिल्ली निवासी लिखें: बाक्स-51205, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-110002 (सी-80069136)

पंजाबी अरोरा, सुंदर, स्मार्ट एवं शाकाहारी, 41/180, विधुर निःसंतान, उच्च उद्योगपति, व्यवसायी युवक हेतु सुशील, सुंदर, गृहकार्य दक्ष वधू चाहिए। लिखें: बाक्स-51173, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-110002 (सी-80069000 एमटीजीआर)

28/160 सें.मी., राजपूत कन्या, सुंदर, सुशील गेहुंआ रंग, लेक्चरर शासकीय, स्नातकोत्तर कालेज, म.प्र. शीघ्र विवाह। लिखें: बाक्स-52062, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80072528)

दिल्ली निवासी अग्रवाल, 28/अन्डर मैट्रिक/ शापकीपर/4000, छोटा परिवार, पिता रिटायर्ड टीचर दहेज नहीं कम पढ़ी-लिखी घरेलू कन्या लिखें : पोस्ट बाक्स-8602, दिल्ली फोन: 2528417(एम-80068934)

दिल्ली निवासी, पंजाबी अरोड़ा, 29/163, आय 5000, निजी मकान, कृषि फार्म, इकलौता, शाकाहारी लड़के हेतु सुंदर, घरेलू वधू चाहिए। लिखें: बाक्स- 50733, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-80067116 एसएनजीएम)

सिंधी ग्रेजुएट, बिजनैस मैनों, 25-1/2/172/ मांगलिक और 24-1/2/173/सादा, बहुत गौर वर्ण, स्मार्ट आकर्षक के लिए वधुएं चाहिए। जन्मपत्री अवश्य भेजें। लिखें: बाक्स-52280, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80073324 एसएनजीएम)

गुप्ता दिल्ली वासी, 28/175 सेंटीमीटर, 12 वीं पास इनकम 5000/- माहवार, युवक हेतु कन्या चाहिए। लिखें: बाक्स-52262, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (एडी-80073242)

ब्राह्मण गौड़ भारद्वाज सुदर्शन युवक सरकारी स्टेनो दिल्ली 27 वर्ष/165/3000 हेतु सुन्दर गोरी सरकारी कर्मचारी, विशेषकर अध्यापिका के अभिभावक कृपया 6113213 पर फोन करें: लिखें बाक्स 50863, टाइम्स आफ इंडिया, नयी दिल्ली-110002 (सी-80067620 एसएनजीएम)

आकर्षक मेधावी कुर्मी क्षत्रिय सरकारी कर्मचारी 26/165/5500 युवक हेतु गोरी स्लिम वास्तव में ही सुन्दर कार्यरत/बिना नौकरी वाली वधू चाहिए। कोई उत्तरदायित्व नहीं। जाति बंधन नहीं। पूर्ण विवरण, फोटोग्राफ प्रथम बार में भेजें। वी.आर. कुमार, ई-15, डबल स्टोरी, मोतिया खान, पहाड़गंज, नयी दिल्ली-55 (सी-80068317 एसएचएनआई)

कलात्मक अभिरुचियों वाला मेधावी उद्यमशील गहन बुद्धिवादी (तसलीम, राममोहन राय, कबीर का प्रशंसक) स्नेही सरकारी कर्मचारी, निजी आवास पूर्णतः स्वतंत्र 30/167/4500 गौरवर्ण प्रभावी व्यक्तित्व वाले युवक हेतु वधू चाहिए। वधू स्मार्ट कार्यरत/नौकरी योग्य प्रकृति से सहनशील होनी चाहिए। कोई बन्धन नहीं। लिखें: बाक्स 51080, टाइम्स आफ इंडिया, नयी दिल्ली-110002 (सी-80068647)

आकर्षक 27/167 अपना मकान आय अच्छी बिजनेसमैन युवक हेतु वधू चाहिए सुन्दर, विकलांग, विधवा भी स्वीकार, पूर्ण विवरण सहित लिखें जाति बंधन नहीं [illegible]

[illegible] स्मार्ट, ग्रेजुएट, एजेन्सी व्यवसाय 16000/- प्रति माह (तलाकशुदा पर अविवाहित जैसे) बीसा अग्रवाल लड़के हेतु अति सुन्दर, आकर्षक अग्रवाल अविवाहित कन्या चाहिए। अपनी कार, कोठी, दहेज नहीं। लिखें: बॉक्स-51040, टाइम्स ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली-110002 (सी-80068430)

ब्राह्मण गौड़ भारद्वाज सुन्दर गोरी बी.ए. फाइनल अध्ययनरत 23 वर्ष 150 सें.मी. कन्या हेतु वैवाहिक संबंध आमंत्रित हैं। सरकारी सेवारत युवक के अभिभावक 6113213 पर फोन करें। लिखें: बॉक्स-508862, टाइम्स ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली-110002 (सी-80067618 संगम)।

31/167 पंजाबी ग्रेजुएट व्यापारी, आय चार अंकों में, ओबरा मिर्जापुर में कार्यरत हेतु वधू चाहिए, कोई मांग नहीं। सम्पर्क करें: 7533517, लिखें: बॉक्स-51450, टाइम्स ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली-110002 (सी-70170 एसएनजीएम)

अग्रवाल गोयल मंगली 27/167/ 2000 + मैट्रिक दुकानदार अपना मकान उत्तर प्रदेश निवासी हेतु सुन्दर घरेलू वधू चाहिए। लिखें: बॉक्स-52354, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-80073629)

हिन्दू नाई 25/151/3000/- एम.एससी. बी.एड. सरकारी अध्यापिका सुन्दर सुशील कन्या हेतु सजातीय, सुयोग्य, सरकारी सेवारत वर चाहिए। दिल्लीवासी को प्राथमिकता। लिखें: बॉक्स-52569, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (सी-80074437 जीएनजीटी)

30/157 पंजाबी ग्रेजुएट जिसका तलाक दो महीने बाद हुआ उसको 36 वर्ष से कम आयु का वर चाहिए। विधुर भी आवेदन कर सकते हैं। लिखें: बॉक्स-51449, टाइम्स ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली-110002 (सी-70169 एसएनजीएम)

पंजाबी अरोड़ा 30/180 निजी व्यवसायरत आय उच्च चार अंकीय मध्यम वर्गीय परिवार के युवक हेतु मंगलीक सुन्दर स्लिम घरेलू सुशिक्षित वधू चाहिए। लिखें: बॉक्स-52602, टाइम्स ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली-2 (सी-80074550)

गौड़ ब्राह्मण पीजीटी 27/180/6000 निजी मकान, बड़ी कृषि भूमि पश्चिमी उ.प्र. के प्रतिष्ठित परिवार के युवक हेतु सुन्दर व्यवसाय से टीचर वधू चाहिए। केवल कन्या के गुण ही विचारणीय। लिखें: बॉक्स-52478, टाइम्स ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली-2 (सी-80074067 एसएनजीएम)

स्मार्ट आईएफएस (बी) 27/172/ 4000 + गढ़वाली ब्राह्मण परिवार के युवक हेतु सुन्दर सुशिक्षित समान पृष्ठभूमि वाली वधू चाहिए। पूर्ण विवरण और जन्मपत्री/ फोटोग्राफ (प्रतिदेय) सहित लिखें: बॉक्स-52477, टाइम्स ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली-2 (सी-80074065)

मुस्लिम सुन्नी अन्सारी 35/ 165/ 2800 सरकारी सेवारत युवक हेतु शिक्षित वधू चाहिए। फोटोग्राफ (वापस भेज दिये जायेंगे) सहित लिखें: बॉक्स-52524, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-80074264 एसएनजीएम)



AGGARWAL VAISH MATCH FOR RECENTLY AP-pointed Delhi University Lecturer girl 24/156/47. Write Box 51980, Times of India, NewDelhi-110002. (C72171)SNGM

ALLIANCE FOR UNDER GRADUATE DIPLOMA fashion designing fair, slim, 21 / 160 homely Jain (Mittal) girl. Early decent marriage. Write Box 51839, Times of India, NewDelhi-110002. (C80071690)SNGM

ALLIANCE INVITED FROM OFFICERS CLASS FOR slim smart extremely beautiful gori 25/163 Bisa Agrawal girl doing Ph.D. Father Retired Superintending Engineer PWD decent marriage. Write Box 51968, Times of India, NewDelhi-110002. (M32152)SNGM

ALLIANCE INVITED FOR AGGARWAL GARG SLIM fair cultured homely girl B.Com 21/153 using spects. Write Box 52112, Times of India, NewDelhi-110002. (C80072679)SNGM

23/155 NON-MANGLIK ARORA SLIM FAIR SMART homely girl M.A. Pscho B.Ed. throughout English medium father class I officer seeks alliance from executive officer engineer doctor MBA C.A. professionals preferred correspond with horoscope Mehta Care Oriental Insurance Company Ltd. Hathwa Market Varanasi-10. (100850)

ALLIANCE FOR BEAUTIFUL SLIM FAIR HOMELY Arora girl 28/165 M.A. Father Retired I.I.T. Senior Grade-I Officer. Early marriage. Write Box 51669, Times of India, NewDelhi-110002 (C71086)SNGM

ALLIANCE FOR FAIR PUNJABI MANOCHA GIRL 27/155 M.Sc. settled in Bhopal simple professional, service class preferred caste no bar simple marriage send biodata photograph. Write Box 52518, Times of India, NewDelhi-110002. (M74247)SNGM

ALLIANCE INVITED FROM EDUCATED WELL SETTLED boys for working good looking M.Com. slim girl 29 / 5'1" / 4000/- from cultured family. Contact Box 59621, Times of India, NewDelhi-110002. (M80066680)SNGM

DELHI BASED PUNJABI HINDU FAMILY INVITES proposals from parents of decent, well-settled, professionally qualified young men for their convent educated daughter 25 years / 154.5 cms. BA (Hons.) B.Ed., Undergoing Nursery Teachers Training. Write Box 52155, Times of India, NewDelhi-110002. (C72847)MTMK

WELL ESTABLISHED MATCH FOR BEAUTIFUL convent educated Hindu Arora graduate girl 23/152 father established businessman. Write Box 51746, Times of India, NewDelhi-110002. (C71374)SNGM

FOR BEAUTIFUL KHANNA SISTERS 22/162 B.A. AND 32/157 post graduate early decent marriage. Write box 51059, Times of India, NewDelhi-110002. (M68535)SNGM

FOR GOOD LOOKING PUNJABI SLIM M.COM. B.Ed. girl 29 / 165, father Government Contractor, brother Engineer well settled in South Delhi Businessman — Doctor, Engineer C.A. preferred. Contact 6843347 / Write Box 51741, Times of India, NewDelhi-110002. (C80071350)SNGM

GURSIKH HANDSOME MATCH FOR BEAUTIFUL GIRL 26/162 M.A., B.Ed. professional / businessman preferred. Write Box 51778, Times of India, New-Delhi-110002. (C71483)HMSR

MATCH FOR PUNJABI KHANNA GIRL WHEATISH 22 / 158 B.Sc. doing P.G. Computer course preferably Businessman Delhi based. Write Box 51076, Times of India, NewDelhi-110002. (C80068631)

MATCH FOR VERY FAIR, SOBER PUNJABI BRAHMIN girl 24 / 155 cm. M.A. Geography Computer Diploma preference Engineer Gazetted Officer Defence. Correspond 37, Adarsh Vihar, Raipur Road, Adhoiwaala, Dehradun. (M80071499)SNGM

MEDICO ENGINEER IAS, PCS, MATCH FOR A beautiful slim convent educated MBBS Punjabi girl 26/ 150. Write Box L-62646, Times of India, Lucknow-226001. (TLG101294)

MEDICO MATCH SETTLED IN DELHI MBBS ARORA girl 25/158/5000 doing house job and cleared part 1 DNB. Write Box 51695, Times of India, New-Delhi-110002. (C71165)SNGM

RAMGARIA SIKH CLEAN SHAVE MATCH FOR 23/158 cm fair sharp feature M.A. final respectable family simple marriage. Contact 0512-250686. (KTLG55100)

SUITABLE ARMY AIR FORCE NAVY OR CIVIL OF-ficer Ramgarhia Gursikh match for Central Govt. employee 26 / 160 Ramgarhia girl posted at Chandigarh. Simple early marriae. Correspond Chand Singh, 1595/V, Mohali 160059. (C80073800)

SUITABLE FOREIGN OR INDIAN MATCH FOR sarswat Brahmin (Punjabi) smart boy 26 years 170 c.m. own business father A-class contractor girls residing abroad. Preferred write Box 52579, Times of India, NewDelhi-110002. (C74473)SNGM

SUITABLE GURSIKH MATCH FOR FAIR SLIM BEAUTI-ful Khukrain girl 24 / 158 / B.Ed. Army background. Father retired Senior Army Officer. Write Box 51286, Times of India, NewDelhi-110002. (C80069362)

SUITABLE MATCH FOR BEAUTIFUL CONVENT educated homely Punjabi Arora girl 20/150 studying B.Sc. final. Write Box 51264, Times of India, NewDelhi-110002. (M69333)SNGM

SUITABLE MATCH FOR BEAUTIFUL PUNJABI KHATRI girl 25/ 153/ M.Sc. doing Ph.D. central govt or- [illegible]

HANDSOME SMART BOY FOR GOYAL 21 / 164 very fair beautiful sharp featured homely sweet natured girl 3 years Textile Design recognised diploma. Father Senior Govt. Officer. Delhi based preferred. Write Box 51947, Times of India, New-Delhi-110002 (C80072046FMG)

IDBI OFFICER GUPTA GIRL M.COM. 26/165/52 preference for bank / government office / engineer C.A. Public Sector boy. Write Box 52427, Times of India, NewDelhi-110002 (M73877)SNGM

ALLIANCE INVITED FOR AGARWAL GARG smart good looking fair wheatish slim talented girl 21-1/2 152 M.A. (Eco- nomics) highly cultured educated family from western U.P. decent marriage. Engineers bank officers C.A. preferred. Interested parents of well placed boys may correspond with bio data returnable photograph Box 7049, Times of India, Surat-2 (ADR11777)

MATCH FOR AGARWAL BEAUTIFUL GIRL WHITE, 21 / 170 cms. graduate, interior decoration, convent educated, daughter of Ghaziabad based Businessman. Horoscope first instance. Write Box 51791, Times of India, NewDelhi-110002. (C80071526)SNGM

MATCH FOR AGARWAL BEAUTIFUL SLIM HOMELY girl 158/25/38. Early decent marriage. Write Box 51936, Times of India, NewDelhi-110002. (C72006)SNGM

MATCH FOR AGARWAL GIRL 28/5'3" FAIR M.A., B.Ed. no dowry, decent marriage, caste no bar. Write Box L 61937, Times of India, Lucknow-1. (TLG100957)

MATCH FOR AGARWAL GIRL 25/156 FAIR M.TECH IIT technical officer nationalised bank, monthly income 5500/-. Write Box L-6663, Times of India, Kanpur-1. (KTLG55824)

MATCH FOR AGRAWAL GIRL M.A. ECONOMIC 24/157/45 beautiful fair slim expert households very talented. Write Box 52285, Times of India, New-Delhi-110002 (C73348)SNGM

MATCH FOR BEAUTIFUL SLIM HOMELY BISA agarwal girl 21/160 B.Sc. doing PG diploma, father assistant engineer in UPSEB. Write Box L-61913, Times of India, Lucknow-1. (TLG100904)

SUITABLE MATCH FOR DIGAMBER JAIN GIRL 26/ 150/ M.Sc., B.Ed. fair complexion attractive features. Having done dif- ferent courses of domestic use and adv. PG diploma in computers and information management. In one leg slight white spot. Write Box L-70366, Times of India, Lucknow-226001 (TLG101565)

MATCH FOR EXTREMELY BEAUTIFUL AGARWAL BAMS doctor girl 26/150 slight limp capable in day to day work. Other professions are also preferably. Write Box L-62663, Times of India, Lucknow-1. (TLG101353)

MATCH FOR FAIR SHARP FEATURED BEAUTIFUL girl 26/165/54 convented fashion designer NIFT employed exporters five figure salary with furnished accommodation etc. from status Agarwal family. Dhanesh Goel, 113/186 Swarup Nagar, Kanpur. (KTLG55858)

MATCH FOR FAIR SHARP FEATURED BEAUTIFUL girl 26/165/54 convented fashion designer NITT employed exporters five figure salary with furnished accomodation etc. from status Agarwal family. Dhanesh Goel 113/186 Swarup Nagar Kanpur. (KTLG55858)

MATCH FOR GUPTA GIRL 24½/5'2" M.COM. FAIR beautiful silver medalist Asst. Profe doing C.S. from Vaish preferred. Gahoi Vaish Agarwal Professionals Box No. 310 Vineer, Gandhi Market Piplani Bhopal 462021. (72877)SNGM

MATCH FOR RAJVANSHI AGARWAL ARAN 21/160/46 slim beautiful homely girl M.A. II, computer diploma, father Ist class officer, simple family. Write Box L-61961, Times of India, Lucknow-226001 (TLG101011)

MATCH FOR VAISHYA GIRL 24/155 FAIR COM-plexion slim studying M.Sc. brothers first chemist Saudi Arabia second engineer at Surat, third studying father retired. Write Box L-6677, Times of India, Kanpur-1 (KTLG55851)

MATCH FOR VARSHNEY VAISH 22 YRS/151 CM M.Sc. (chemistry) diplomas in optometry and pathology wheatish sharp homely girl. Correspond H.C. Gupta 2/275, Vikas Khand, Gomti Nagar, Lucknow. (TLG100909)

MATCH NRI/INDIA FOR FAIR BEAUTIFUL JAIN AG-garwal girl 23/162 MBA MBI Computers Holland, highly respectable family. Decent marriage. Box 52018, Times of India, NewDelhi-110002. (M80072301)SNGM

MEDICO MATCH FOR CONVENT EDUCATED DOC-tor preparing for P.G. examination 27 / 5' pretty slim Jain Swetamber girl. Early marriage. Write Box 50991, Times of India, NewDelhi-110002. (M80068157)SNGM

MEDICO MATCH FOR AGARWAL (GARG) BEAUTI-ful slim smart & sweet natured girl 25/5'2" MBBS doing DGO early marriage. Write with full details to Box L-70334, Times of India, Lucknow-226001 [illegible]

ALLIANCE FROM SLIM PRETTY BROADMINDED convent educated Delhi based independent lady midforties self employed for sharing peaceful life with professionally settled handsome Government Officer 172 / 62 cultured modest no bars. Direct response returnable photo Box 50029, Times of India, NewDelhi-110002 (C80064513)SNGM

A SMART WELL SETTLED DELHI BASED AGGARWAL widower Chartered Accountant 46/171 having decent income and two grown children seeks suitable match who is educated, soft spoken, sound health and can be a good house wife. No bar. Early marriage. Genuinely interested may write full details to Box 52367, Times of India, New-Delhi-110002 (C73671)SNGM

CHAURASIA UNMARRIED B.SC. MATHS 39/157/3200 Accountant AGMP paralised right loiner leg due to accident but walk with support no bar except government employed girl. Write Box 52045, Times of India, NewDelhi-110002. (M72432)MTGR

FOR FOREIGN RETURN RAJPUT KAUSHIK DIVORCEE boy as Hindu marriage act after separation of two year 38/168 income five figure having one smart boy unmarried or widow can apply. Write Box 52653, Times of India, NewDelhi-110002. (C74795)SNGM

HIGHLY EDUCATED TALL BEAUTIFUL BRIDE FOR handsome teetotaller 28/ 180 20,000 Punjabi M.Sc. Computer professional parents officers. Write Jaggi 28, Karanpur Dehradun-248001 (M74432)SNGM

HOMELY GIRL FOR 34/180 PUNJABI BUSINESS IN Lucknow divorcee (4 years daughter) caste no bar. Contact 55865-Oberoi 32/8, Sarvapali Mall Avenue, Lucknow (TLB101143)

I AM VERMA 28/180 GRADUATE GEMMOLOGIST. Jewel's business. Self correspondence by girl welcome. Registered Marriage preferred. Write box 51762, Times of India, NewDelhi-110002. (C71432)SNGM

KUSHWAHA, MANGLIK, WIDOWER, LECTURER (Physics) 34/ 175/ 4500/-, one daughter. Kushwaha and M.Sc. preferable but no bars. issueless widow considerable. Contact: 8/140, Harmu Colony, Ranchi 834012, Telephone 201727 (PT(P)7365)

OFFICER GROOM UPTO 38 FOR NEPALI / Gurkhali rajput 34 154 M.A. B.Ed. Central School's Teachers no caste bar. Write Box 52096, Times of India, NewDelhi-110002 (72626)SNGM

WANTED SUITABLE MATCH FOR VERY HANDSOME Hindu Saini boy 27 / 5'10" Mechanical Engineer employed in Chandigarh. Drawing handsome salary. Belongs to status family. Father Chief Engineer. Caste no bar. Write Box 52398, Times of India, NewDelhi-110002 (M80073812)

YADAV BACHELOR 29/168 FLIGHT LIEUTENANT logistics seeks alliance preference convent educated employed virgins no bars. Aaycee, C-763, Indiranagar, Lucknow. (TLB101546)

BEAUTIFUL MATCH FOR ARORA BOY 25/177 WELL settled in wholesale trade in Delhi. Write Box 51210, Times of India, NewDelhi-110002 (C69145)SNGM

BEAUTIFUL MATCH FOR SMART JAGGIA BOY 27/5'8" graduate, well settled in trade in Delhi. Write Box 52652, Times of India, NewDelhi-110002. (C74791)SNGM

SLIM FAIR BEAUTIFUL HOMELY GIRL FOR PUN-jabi Khatri only son graduate 28 / 173 independent properties business income five figures. "8712578". Write Box 52450, Times of India, NewDelhi-110002 (C80073950)SNGM

UP BENGALI PARENTS INVITE ALLIANCE FOR ONLY DAUGHTER, BEAUTIFUL, FAIR, SMART, CONVENTED, HOMELY, DIRECT BANK OFFICER, 26 ½/157/5600 FROM BENGALI MBA / CA / IAS / IPS / ALLIED / ENGINEER / BANK OFFICER. CASTE NO BAR. SC/ST EXCUSE. CONTACT R. K. DAS 17/70A/10, LOKPUR, NAINI AL-

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शब्दों के बारे में दो शब्द

दृष्टिकोण

वास्लाव हावेल

आरम्भ में केवल शब्द था; यह बात सबसे महत्वपूर्ण पुस्तक (बाइबल) के पहले पृष्ठ में कही गई है। पुस्तक में जो कहा गया है, उसका अर्थ यह है कि ईश्वर का वचन सृष्टि का स्रोत है, लेकिन निश्चय ही यह बात लाक्षणिक रूप से प्रत्येक मानवीय कार्य के बारे में कही जा सकती है। और वास्तव में, यह कहा जा सकता है कि शब्द हमारे अस्तित्व के स्रोत हैं, और वास्तव में इस ब्रह्माण्ड में उस जीवन स्वरूप के सार हैं, जिसे मनुष्य कहा जाता है। आत्मा, मनुष्य का अन्तःकरण, हमारी आत्म चेतना सामान्य अनुमान निकालने और विचारबद्ध तरीके से सोचने की हमारी क्षमता, विश्व को अनुभव करना (केवल अपना स्थान न समझना), और अन्त में हमारी यह जानने की क्षमता कि मृत्यु अवश्यम्भावी है— और इस जानकारी के बावजूद जीवित रहना निश्चय ही ये सब शब्दों द्वारा अस्तित्व में लाए जाते हैं या इनका निर्माण शब्दों द्वारा किया जाता है। अगर ईश्वर के शब्द उसकी सम्पूर्ण सृष्टि का स्रोत हैं, तब ईश्वर की सृष्टि का वह भाग, जो मनुष्य जाति है, ईश्वर के एक और चमत्कार— मनुष्य की वाणी अथवा वाक् शक्ति की कृपा का फल है। और अगर यह चमत्कार मानव जाति के इतिहास की कुंजी है तो यह समाज के इतिहास की भी कुंजी है। वास्तव में दोनों अपनी-अपनी जगह पर सच हैं। क्योंकि अगर वे दो या अधिक प्राणियों के बीच संचार (विचारों और संदेशों के आदान- प्रदान के साधन) नहीं होते तो उनका कोई अस्तित्व नहीं होता। हजारों वर्षों से हमें ये सब बातें मालूम हैं अथवा लोगों को इस बात का संदेह था। हमेशा से मनुष्यों ने चेतना में शब्दों के महत्व को स्वीकार किया है।

लेकिन केवल इतनी बात नहीं है। वाणी के चमत्कार के कारण, हम शायद अन्य पशुओं की अपेक्षा, यह बात अधिक अच्छी तरह जानते हैं कि वास्तव में हम कुछ नहीं जानते। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि हम रहस्य के अस्तित्व से परिचित हैं। रहस्य का सामना होने और उसी समय अपने लिए शब्दों की रचनात्मक शक्ति से परिचित होने पर हमने लगातार इस बात की ओर ध्यान देने का प्रयत्न किया है कि रहस्य के पीछे क्या है और उसे शब्दों से प्रभावित किया है। ईश्वरनिष्ठ लोगों के रूप में हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं, जादूगरों के रूप में हम आत्माओं को बुलाते हैं अथवा भगाते हैं, प्राकृतिक या मानवीय घटनाओं में हस्तक्षेप के लिए शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। आधुनिक सभ्यता के सदस्य के रूप में चाहे हम ईश्वर पर विश्वास करें या नहीं— हम शब्दों का इस्तेमाल वैज्ञानिक सिद्धान्तों और राजनीतिक विचारधाराओं के निर्माण के लिए करते हैं और उनसे सफलतापूर्वक अथवा अन्यथा इतिहास की रहस्यपूर्ण गति से निपटते हैं या उसे नई दिशा देते हैं। दूसरे शब्दों में, हम इससे अवगत हों या नहीं, और हम चाहे किसी तरह इसे स्पष्ट करें, एक बात स्पष्ट है: हमने इतिहास को बदलने के लिए शब्दों की सामर्थ्य पर सदैव विश्वास किया है— और यह एक तरह से ठीक ही भी है। 'ठीक ही भी' क्यों है?

क्या मनुष्य के शब्द इतने शक्तिशाली हैं कि विश्व के स्वरूप को बदल सकें और इतिहास को प्रभावित कर सकें और अगर ऐसे युग थे, जब वह ऐसी शक्ति का इस्तेमाल करते थे, क्या उनमें आज भी ऐसी शक्ति है?

मैं आज यहाँ जिस विषय की चर्चा करूँगा, वह कुछ अलग है। मेरा इरादा केवल तानाशाही स्थितियों में अनियंत्रित शब्दों की अविश्वसनीय शक्ति के बारे में चर्चा करने का नहीं है। मैं केवल उन देशों की ओर संकेत करके, जहाँ थोड़े से शब्द एक रेलगाड़ी भरे विस्फोटकों से अधिक महत्व रखते हैं, शब्दों की रहस्यपूर्णशक्ति को प्रदर्शित नहीं करना चाहता। मैं सामान्य शब्दों में अधिक बोलना चाहता हूँ और अपने विषय के व्यापक और अधिक विवादास्पद पहलुओं पर विचार करना चाहता हूँ।

हम ऐसे विश्व में रह रहे हैं, जिसमें यह संभव है कि इंगलैंड का एक नागरिक दूसरे देश के एक शक्तिशाली व्यक्ति के घातक हमले का शिकार हो केवल इसलिए कि उसने एक पुस्तक विशेष लिखी है। और यह हमला सार्वजनिक और निर्लज्ज रूप से किया जाए। शक्तिशाली आदमी ने यह काम अपने धर्म के लाखों अनुयायियों के नाम पर किया। इसके अतिरिक्त , यह संभव है कि इस दुनिया में इन लाखों लोगों में से कुछ लोग— आशा है कि बहुत कम लोग— मौत की इस सजा से सहमत होंगे।

यह क्या हो रहा है? इसका क्या अर्थ है? क्या यह धार्मिक कट्टरवाद की रूह कंपा देने वाली बर्फानी हवा से अधिक कुछ नहीं है? विचित्र बात यह है कि यह सब हेलसिंकी समझौते के युग में हो रहा है। इससे भी विचित्र बात यह है कि यह सब विनाशक यूरोपीय सभ्यता के विनाशक विस्तार के विनाशक परिणामस्वरूप नया जीवन पा रहा है।

यह निश्चय ही सभी कुछ है। लेकिन यह इसके अलावा और कुछ भी है। यह एक प्रतीक है। यह रहस्यपूर्ण रूप से अनेकार्थक शब्दों की शक्ति का प्रतीक है। सच तो यह है कि शब्दों की शक्ति न तो अनेकार्थक होती है और न स्पष्ट होती है। यह न केवल वालेसा के शब्दों की मुक्त करनेवाली शक्ति है अथवा सखारोव के शब्दों की चेतावनी शक्ति है। यह रुश्दी की पुस्तक के गलत अर्थ लगाने की शक्ति भी नहीं है। असली बात यह है कि रुश्दी के शब्दों के साथ- साथ हमारे सामने खोमानी के शब्द भी हैं। स्वतंत्रता और सच्चाई की भावना से समाज को चेतनामय और जागृत करनेवाले शब्दों के साथ हमारे सामने ऐसे शब्द भी हैं, जो सम्मोहित करते हैं, धोखा देते हैं, भड़काते हैं, पागल बनाते हैं, भुलावा देते हैं, शब्द, जो नुकसानदेह हैं, यहाँ तक कि प्राणघातक हैं। शब्द, जो तीर का काम करते हैं।

मैं नहीं समझता कि इस बात की जरूरत है कि मैं, सब लोगों में आपको, विस्तार से समझाऊँ कि कुछ शब्दों में कितनी पैशाचिक शक्ति होती है: आपको हाल ही में इस बात का स्वयं प्रत्यक्ष अनुभव है कि कुछ विशेष राजनैतिक और सामाजिक परिस्थितियों में किस प्रकार औसत निम्न मध्य वर्ग के किसी सदस्य के एक ही शब्द से सम्मोहित और मंत्रमुग्ध करनेवाले, लेकिन उन्मत्त शब्द से कितनी अवर्णनीय दहशत फैल सकती है। निस्सन्देह मैं यह समझ पाने में असमर्थ हूँ कि वह क्या था, जिसके कारण बहुत बड़ी संख्या में आपके माता- पिता आश्चर्यचकित हो गए, लेकिन इसके साथ ही मैं अनुभव करता हूँ कि वह अत्यधिक बाध्यकारी और अत्यधिक कपटपूर्ण होगा, क्योंकि उसने चाहे कुछ ही समय के लिए उस महान प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति को गुमराह किया, जिसने कुछ शब्दों को ऐसे आधुनिक और बेधक अर्थ प्रदान किये।

मैं जो बात कहना चाह रहा हूँ, वह यह है कि शब्द रहस्यपूर्ण, अनेकार्थक और विश्वासघाती चमत्कार हैं। वह, जैसा कि एक बार वेलिंस्की ने आस्त्रोवास्की के 'स्टार्म' (तूफान) का वर्णन करते हुए कहा था अंधकारपूर्ण स्थिति में प्रकाश की किरणें हो सकती हैं। इसी तरह वे प्राणघातक तीर हो सकते हैं। सबसे खराब बात यह है कि वह किसी समय आशा की किरण और किसी समय घातक हो सकते हैं। वह एक साथ दोनों भी हो सकते हैं।

लेनिन के शब्द— वे क्या हैं? मुक्त करनेवाले अथवा, इसके विपरीत भ्रामक, खतरनाक और अन्ततः गुलाम बनानेवाले? कम्युनिस्ट इतिहास के भक्तों के बीच इस विषय में अभी तीव्र मतभेद हैं और यह विवाद अभी कुछ समय तक जारी रहेगा। मेरे विचार से ये शब्द सदैव आवेश में कहे गए।

और मार्क्स के शब्दों के बारे में क्या कहना है? क्या वे सामाजिक यांत्रिकी के किसी छिपे हुए स्तर को प्रकाशित करते हैं अथवा वे भविष्य के भयानक बन्दीगृहों (गुलग) के अप्रकट कीटाणु हैं। मैं नहीं जानता: अधिक संभावना यह है कि वह एक साथ दोनों थे।

और फ्रायड के शब्दों के बारे में क्या विचार है? क्या वे मानव आत्मा के गुप्त ब्रह्म को प्रकट करते हैं अथवा वे भ्रम के मूल स्रोत हैं? उन्होंने आधे से अधिक अमेरिका को चेतनाशून्य कर दिया है। अमेरिका में अब यह संभव है कि आप किसी महंगे विशेषज्ञ से अपने कष्ट- पीड़ा और अपराध की व्याख्या कराकर उनसे मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं।

लेकिन मैं इससे आगे जाऊँगा और इससे भी अधिक एक उत्तेजक प्रश्न पूछूँगा: ईसा मसीह के शब्दों का सही अर्थ क्या है? क्या वे मुक्ति के युग की शुरुआत करते हैं? क्या वे विश्व इतिहास में सबसे शक्तिशाली सांस्कृतिक मनोवेग हैं? अथवा क्या वे क्रुसेडस् (धार्मिक मुद्दों), धार्मिक अदालतों की जाँच, अमेरिकी इंडियंस के सांस्कृतिक उन्मूलन, और बाद में श्वेत जातियों के सम्पूर्ण और व्यापक विस्तार के आध्यात्मिक स्रोत थे? श्वेत जातियों का विस्तार इतने अधिक विरोधाभासों से भरा था और उसके इतने दुखान्त परिणाम हुए। उसी के कारण अधिकांश मानव जाति को उस दयनीय वर्ग में रखा जाता है, जिसे 'तीसरी दुनिया' कहते हैं।

मैं अभी भी यह सोचता हूँ कि उनके शब्द प्रथम वर्ग के अथवा मुक्ति के युग का शुभारंभ करनेवाले थे, लेकिन इसी के साथ मैं उन पुस्तकों की अपेक्षा नहीं कर सकता, जो यह प्रकट करती हैं कि अपने शुद्ध और मूल रूप में भी ईसाई धर्म में अचेतन में कुछ ऐसा संहिताबद्ध था, जिसे यदि मानव प्रकृति के तुलनात्मक अस्तित्व सहित, अन्य हजारों परिस्थितियों से मिलाया जाये तो वह एक तरह से इस दहशत सहित, जिसका मैंने उल्लेखन किया, आध्यात्मिक मार्ग को प्रशस्त कर सकती थी।

शब्दों का इतिहास भी होता है।

एक समय ऐसा था, जब दलितों और पीड़ितों की समूची पीढ़ी के लिए 'समाजवाद' शब्द न्यायपूर्ण विश्व का सम्मोहक पर्यायवाची शब्द था। उस समय यह शब्द, जो आदर्श प्रकट करता था, उसके लिए लोग अपने बहुमूल्य जीवन के अनेकों वर्ष और सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने को

तैयार थे। मैं आपके देश के बारे में नहीं जानता हूँ, लेकिन मेरे देश में उस विशेष शब्द 'समाजवाद' का अर्थ वर्षों पहले एक साधारण लाठी हो गया था, जिसका इस्तेमाल नकचढ़े धनी नौकरशाह उदार विचारों वाले नागरिकों की पिटाई के लिए सुबह से शाम तक करते थे। नौकरशाह इन लोगों की पिटाई से पहले इन्हें 'समाजवाद के शत्रु' और 'समाजवाद विरोधी शक्तियाँ' करार देते थे। यह एक तथ्य है: मेरे देश में, वर्षों से यह शब्द जादू- टोने के अलावा और कुछ नहीं है और कोई सन्देह के घेरे में नहीं आना चाहता तो वह इसे टालता है।

कुछ शब्दों का कैसा रहस्यमय भाग्य होता है? इतिहास के एक काल में कुछ साहसी, उदारमना लोगों को इसलिए जेल भेजा जाता है, क्योंकि एक शब्द विशेष का अर्थ उनके लिए सभी कुछ है, और दूसरे काल में उन्हीं व्यक्तियों को इसलिए जेल भेजा जाता है, क्योंकि वही शब्द अब उनके लिए कोई अर्थ नहीं रखता, क्योंकि वह शब्द एक बेहतर विश्व के प्रतीक के स्थान पर एक तानाशाह का प्रतीक बन गया है।

किसी भी शब्द का कम से कम लाक्षणिक अर्थों में नहीं, जिसमें मैं यहाँ शब्द 'शब्द' का इस्तेमाल कर रहा हूँ, केवल वह अर्थ नहीं होता, जो उसे व्युत्पत्ति मूलक कोश में दिया होता है। प्रत्येक शब्द उस व्यक्ति को प्रतिबिम्बित करता है, जो उसे प्रकट करता है, जिस स्थिति में उसे प्रकट किया जाता है और वे कारण, जिनमें प्रकट किया जाता है। वही शब्द एक समय महान आशा को जन्म दे सकता है; और दूसरे समय घातक किरणें छोड़ सकता है। वही शब्द एक समय सच और दूसरे समय झूठा हो सकता है, एक समय प्रकाश प्रदान कर सकता है और दूसरे समय भ्रम प्रकट कर सकता है। एक अवसर पर यह गौरवपूर्ण क्षितिज खोलता है और दूसरे अवसर पर नजरबन्द शिविरों के द्वीप समूहों का रास्ता बताता है। वही शब्द एक समय शान्ति की आधारशिला बन सकता है, जबकि दूसरे समय उसके प्रत्येक अक्षर से मशीनगन की आग निकलती है।

किसी अच्छे कार्य के लिए अपने नेक इरादों को त्यागना, उनके साथ विश्वासघात करना कितना आसान है— और फिर यह एक शब्द के कारण, जिसके अर्थ की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। इस तरह की बात इतनी आसानी से हो सकती है कि इसका पता भी नहीं चलता: यह अप्रकट रूप से, चुपचाप, छिपे- छिपे होता है— और जब अन्त में आप यह अनुभव करते हैं, आपके सामने केवल एक विकल्प होता है: विलम्बित आश्चर्य का भाव।

तथापि, इसी क्रूर विधि से हमें शब्द दगा देते हैं— जब तक कि हम उनके इस्तेमाल के बारे में लगातार चौकस नहीं रहते। और बार- बार— हाय एक बहुत ही मामूली और इस बारे में क्षण भर की भूल के दुखान्त और अपूरणीय परिणाम हो सकते हैं। ऐसे परिणाम, जो शब्दों की गैरभौतिक दुनिया से परे जा सकते हैं और भौतिक दुनिया में गहरे पैठ सकते हैं।

मैं अब अन्त में सुन्दर शब्द 'शान्ति' की चर्चा करूँगा।

पिछले चालीस वर्षों से मैं अपने देश की प्रत्येक इमारत और प्रत्येक दुकान की खिड़की के सामने लगे इश्तहारों को पढ़ रहा हूँ। चालीस वर्षों से इस सुन्दर शब्द के प्रति मुझे 'एलर्जी' (स्वाभाविक चिढ़ या विरोध) है। मेरे अलावा अन्य सहयोगी नागरिकों को भी इस शब्द से चिढ़ है, क्योंकि मैं जानता हूँ कि पिछले चालीस वर्षों के दौरान इस शब्द का अर्थ रहा है: शान्ति की रक्षा के लिए और अधिक शक्तिशाली सेनाओं का गठन।

'शान्ति' शब्द को व्यवस्थित ढंग से सभी अर्थों से मुक्त करने की लम्बी प्रक्रिया के बावजूद। इससे भी अधिक बुरी बात यह है कि इसे कोश में दिए गए अर्थों से उलटा अर्थ दिया गया— चार्टर 77 के अनेक उत्साही सदस्य और 'इंडिपेनडेंट पीस एसोसिएशन' में उनके कई युवा सहयोगी इस शब्द को मूल अर्थ में प्रयुक्त कराने और उसे बहाल कराने में सफल रहे हैं। यद्यपि निश्चित ही शान्ति शब्द को उसका मूल अर्थ दिलाने की उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी।

असली मुद्दा यह है कि विश्व की सभी महत्वपूर्ण घटनाएँ, चाहे वे प्रशंसनीय हों या निन्दनीय, उनकी शुरूआत शब्दों के क्षेत्र में होती है। जैसा कि मैं पहले ही कह चुका हूँ, मेरी मंशा आज यहाँ आपको उस व्यक्ति के अनुभव बताना नहीं है, जिसने यह पाठ सीखा है कि शब्द महत्वूर्ण हैं और उनके लिए आप जेल भेजे जा सकते हैं। मेरा इरादा आपको एक दूसरे सबक के बारे में बताने का है, जो हमने विश्व के इस भाग में सीखा है। मैं समझता हूँ कि यह पाठ विश्व में सर्वत्र लागू है अर्थात यह कि शब्दों के बारे में शंकालु रहना और चौकस रहना सदैव अच्छा होता है। हम इस विषय में जितने सावधान रहें, उतना ही अच्छा है।

इस विषय में कोई संदेह नहीं है कि शब्दों पर अविश्वास करना उन पर अकारण विश्वास करने से उत्तम होता है।

इसके अलावा, शब्दों और उस संत्रास के प्रति चौकस रहना, जो अप्रकट रूप से उनके भीतर निद्रामय हो जाता है, क्या वह बुद्धिजीवी का सच्चा धर्म नहीं है। मेरे प्रिय सहयोगी आन्द्र ग्लक्समैन ने एक अवसर पर प्राहा में कहा था कि बुद्धिजीवियों को कैसांड्रा का अनुकरण करना चाहिए। शक्तिशाली लोगों के शब्दों को ध्यान से सुनना चाहिए, उनसे चौकस रहना चाहिए, उनके खतरे से सावधान रहना चाहिए और उनके भीषण निहितार्थों को अथवा उस बुराई का, जिसका वह आह्वान कर सकते हैं, घोषणा करनी चाहिए।

प्रत्येक वस्तु के शुरू में शब्द है। यह एक चमत्कार है, जिसके प्रति हम इस तथ्य के लिए ऋणी हैं कि हम मनुष्य हैं। लेकिन इसी के साथ यह एक गड्ढा है, एक परीक्षा है, एक जाल है और एक जाँच है। इसके अतिरिक्त, संभवतः आपको जिन्हें विचार अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता है, यह लग सकता है कि शब्द उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं। वे हैं। वे सभी जगह महत्वपूर्ण हैं। वही शब्द एक अवसर पर नम्र हो सकता है और दूसरे अवसर पर उद्धत हो सकता है और एक नम्र शब्द को आसानी से और बिना कुछ प्रकट किए उद्धत बनाया जा सकता है, जबकि एक उद्धत शब्द को नम्र शब्द में परिवर्तित करना कठिन और दीर्घ कालिक प्रक्रिया है। मैंने इस बात को अपने देश में 'शान्ति' शब्द की दुख तकलीफ की चर्चा करके किया था।

अब हम दूसरी सहस्त्राब्दी के अन्त में पहुँचते हैं। विश्व, विशेष रूप से यूरोप स्वयं को एक अनूठे चौराहे पर पाता है। काफी समय से हम यह आशा करते रहे हैं कि सभी कुछ ठीक हो जाएगा। इसी के साथ, इस आशंका के भी प्रबल कारण हैं कि अगर कुछ गड़बड़ हुई तो विनाश निश्चित है।

यह सिद्ध करना कठिन नहीं है कि आज विश्व के सामने उपस्थित सभी प्रमुख खतरे परमाणु युद्ध से लेकर समाज- सभ्यता और पर्यावरण संबंधी विनाश तक— मेरा अर्थ धनी और निर्धन व्यक्तियों और देशों के बीच बढ़ती हु[ई] खाई से है— सभी के भीतर एक गहरा मूल कारण छिपा है: मूल रूप से एक नम्र संदेश का एक उद्धत सन्देश में अगोचर रूपान्तरण।

घमंड में मनुष्य यह विश्वास करने लगा कि शिखर पुरुष और सृष्टि के निर्माता के रूप में वा[ह] अपनी तर्क बुद्धि के कारण वह अपने इतिहास को पूरी तरह समझ सकता है और सभी के लि[ए] सुखी जीवन की योजना बना सकता है और इससे उसे प्रकट रूप से सभी के लिए बेहतर भविष्य के नाम पर अधिकार मिल जाता है, अपने रास्ते से उन सब लोगों को हटा देने का, जो उसकी योजना का समर्थन नहीं करते हैं।

घमंड में वह यह सोचने लगा कि चूँकि वा[ह] परमाणु का विखंडन कर सकता है, वह अ[ब] इतना पूर्ण हो गया है कि परमाणु युद्ध तो दूर की बात है, परमाणु शस्त्रों की होड़ का भी कोई ख[तरा] नहीं है।

इन सब मामलों में वह भयंकर भूल में था। यह बुरा है, लेकिन हर विषय में अब वह अपनी अलती समझने लगा है। और यह अच्छी बात है।

इस सबसे सबक लेकर, हम सबको मिलकर उद्धत शब्दों के विरुद्ध संघर्ष करना चाहिए और उन शब्दों में जो प्रकट रूप से नम्र हैं, उद्धतता के घातक कीटाणुओं पर नजर रखनी चाहिए। प्रत्यक्षतः यह भाषामूलक कार्य नहीं है। शब्दों के प्रति और उनकी ओर से जिम्मेदारी मूलभूत रूप से नीतिपरक है। इस तरह, तथापि, यह दिखा देनेवाले विश्व के क्षितिज से परे है, उस दुनिया में है, जहाँ मूल शब्द है, जो सृष्टि के प्रारम्भ में है और मनुष्य के शब्द नहीं हैं।

प्रस्तुतिः नवीन पंत

[वास्लाव हावेल को जर्मन पुस्तक विक्रेताओं ने शान्ति पुरस्कार प्रदान किया था। उनका यह भाषण उनकी अनुपस्थिति में पढ़ा गया था, क्योंकि उन्हें उस समय देश छोड़ने की इजाजत नहीं थी।]

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...ने राजा

करवाईः 'जो भी व्यक्ति नरभक्षी को मारने में सफल होगा वह राजकुमारी से विवाह करेगा और राजा के मरने के बाद राज्य का उत्तराधिकारी बनेगा।' राजा को आशा थी कि इतना बड़ा पुरस्कार जीतने के लिए दूर-दूर से प्रसिद्ध वीर आएँगे और शेर का वध कर डालेंगे।

और हुआ भी यही। राजकुमारी परी जैसी सुंदर थी। उसका हाथ जीतने की लालच में असंख्य वीर अपना भाग्य आजमाने निकल पड़े। कइयों की तो जान ही इस प्रयास में जाती रही। मगर दुर्भाग्य, सफलता किसी के हाथ नहीं लगी।

एक दिन बड़ी जोर की बारिश हुई। शेर भोजन की तलाश में नगर में घूम रहा था। भीगने से बचने के लिए उसने एक घर के बरामदे में आश्रय लिया। वह घर राघव का था।

राघव की माँ घर के कामों से निपट कर सोने की तैयारी कर रही थी। तभी उसे याद आया कि राघव अभी तक गधे को नहीं पकड़ लाया है। उसने तुरंत राघव को जगाया और उसे उसकी लापरवाही के लिए डांटकर गधे को पकड़ लाने को कहा। राघव अपनी माँ से बहुत डरता था। इसलिए एक रस्सी हाथ में लेकर वह गधे की खोज में निकल पड़ा।

बरामदे में लेटे शेर को उसने देखा। रात के अंधेरे मे उसे लगा कि वह उसका गधा ही है। रस्सी लेकर राघव उसकी ओर बढ़ने लगा। शेर के मन में पहले यही खयाल आया कि चलो भोजन की तलाश अब खत्म हुई। मगर राघव के रवैये को देखकर उसे आश्चर्य भी कुछ कम न हुआ। उसके अनुभव में अन्य मनुष्य उससे डरकर दूर ही भागते थे, मगर राघव है कि दृढ़तापूर्वक उसकी ओर बढ़ता ही आ रहा है। 'शेर यह कोई शिकारी है जो मुझे पकड़ने आया है', शेर ने सोचा। भोजन का खयाल छोड़कर वह भागने के इरादे से उठा ही था कि राघव उस पर झपटा। उसका अब भी यही खयाल था कि वह उसका अपना गधा ही है।

राघव ने शेर को एक लात जमाई और फुर्ती से उसके गले में रस्सी का फंदा डाल दिया। शेर के मन की शंका अब दृढ़ हो गई और वह भयभीत हो उठा। वह राघव की चंगुल से बच निकलने के लिए चटपटाने लगा। मगर राघव ने भी नहीं छोड़ा। उसने बरामदे में गड़े खूँटे से शेर को बाँधकर ही दम लिया। फिर वह निश्चिंत होकर सो गया।

सुबह होने पर जब राघव की माँ गधे को चारा देने गई तो उसके स्थान पर शेर को बंधा पाकर दंग रह गई। वह तुरंत राघव के पास आई और उससे पूछताछ करने लगी। जब उसे मालूम हुआ कि राघव ही ने शेर को कल रात गधा समझकर पकड़ा था तो राजा के पास दौड़ी। उसने घोषणा के बारे में सुन रखा था।

राजा को प्रणाम करके वह बोली, 'राजन, मेरा बेटा राघव वीर और बलवान है। कल रात उसकी मुठभेड़ नरभक्षी से हुई। मगर उसने शेर को हराकर कैद कर लिया है। कृपया कुछ सिपाहियों को भेजकर शेर को मरवा दीजिए।' राजा को उसकी बातों पर तनिक भी विश्वास नहीं हुआ। उसने तो मूर्ख राघव के बारे में खूब सुना था। जब राघव की माँ ने बहुत जिद की तभी वह माना। सिपाहियों ने शेर को मार दिया और खुशखबरी चारों ओर फैला दी।

जब लोगों को पता लगा कि नरभक्षी का अंत राघव के कारण हुआ है तो उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा। मगर सब प्रसन्न थे। यह एक बहुत बड़ी बला उनके सिर से टली थी। राजा ने भी घोषणानुसार राघव का राजकुमारी से विवाह ...

गिरगिट का रंग बदलना

जीव जगत

यूँ तो प्रकृति के तमाम जीव-जंतु में अपना रंग बदलने की क्षमता होती है। लेकिन उनके रंग बदलने का कारण अलग-अलग होता है। किसी की त्वचा का रंग वातावरण से जुड़ा हुआ है तो कोई नींद की अधिकता से अपना रंग बदलने को विवश है। कोई दुश्मन से बचाव के तौर पर अपनी खाल का रंग बदलता है तो कोई शिकार को फांसने के लिए। इतना ही नहीं कई जीव तो रंग परिवर्तन के जरिए ही संदेशों का आदान-प्रदान तक करते हैं। इंसान भी शर्म से लाल और भय से सफेद या पीला पड़ जाता है।

रंग बदलने की कला में गिरगिट का कोई सानी नहीं है। इंसान की तरह गिरगिट गुस्से में लाल-पीला नहीं होता बल्कि गुस्से की अधिकता से इसका रंग काला पड़ जाता है। उत्तेजना और भय की स्थिति में इसके शरीर पर पीले चकत्ते उभर जाते हैं। दिन की गर्मी में यह काला रंग ओढ़ लेता तो रात की गर्मी में यह हरा हो जाता है। कम गर्मी के रहने पर यह हल्का पीला पड़ जाता है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि गिरगिट कोई जानबूझकर अपना रंग नहीं बदलता है बल्कि प्रकाश, तापमान और हारमोंस या स्नायु-तंत्र की उत्तेजना के चलते इसका रंग खुद-ब-खुद बदलते रहता है। आश्चर्यजनक रूप से गिरगिट की उपरी त्वचा पारदर्शी होती है तथा त्वचा की निचली परत में रंग कोश या पिगमेंट सेल्स पाए जाते हैं। इन कोशिकाओं की संरचना दानेदार होती है। ये दाने गिरगिट के शरीर में चलायमान होते हैं। ये दाने जब एक जगह एकत्रित होते हैं तो शरीर के उस स्थान का रंग गहरा या फिर काला हो जाता है। इनके शरीर में असमान फैल जाने से दूसरा रंग दिखायी पड़ता है। इन दानेदार कोशिकाओं का सिकुड़न या फैलाव स्नायु तंत्रों की उत्तेजना से जुड़ा होता है और यही गिरगिट के रंग बदलने का राज है।

नलिन कुमार

नलिन कुमार

आओ मिलकर खेलें खेल

आओ गप्पू! आओ पप्पू!
आओ टप्पी! आओ लिप्पी!
आओ गुड़िया! आओ लाली!
आओ नेहा! आओ ट्विंकी!
हम सब मिलकर खेलें खेल।

बन जाएँ नन्हीं सी नदिया
बन जाएँ हम ताल तलैय्या
बन जाएँ हम गंगा मइया
हाथ में ले छोटी सी नइया
छप छप पार करें तलैय्या
आओ मिल कर खेलें खेल.....

बन जाएँ छोटी सी छतरी
छतरी, बदरी, चंदा, सूरज
आओ मिल कर खेलें खेल......

हरे-भरे जंगल बन जाएँ
बन जाएँ ऊँचा सा पेड़
बन जाएँ नन्हीं सी चिड़िया
फुर फुर नाचें बन गौरैय्या
बन जाएँ सब पुरवैय्या
आओ मिल कर खेलें खेल....

जब आए कोई अँधियारा
बन जाएँ रौशन उजियारा
और भगा दें अँधियारे को
और हँसा दें इस जगती को

नेशनल बुक ट्रस्ट

पुस्तक मेले का सूत्रधार

नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 11 NEW DELHI WORLD BOOK FAIR
प्रगति मैदान 5-13 फरवरी 1994
Pragati Maidan 5-13 February 1994

बच्चो इन दिनों तुम लोग रोज अखबारों, रेडियो, टी.वी. पर विश्व पुस्तक मेले के बारे में पढ़ व सुन रहे होंगे। इस पुस्तक मेले का आयोजन नेशनल बुक ट्रस्ट करता है। आजकल यह मेला राजधानी दिल्ली में चल रहा है। आओ, तुम्हें नेशनल बुक ट्रस्ट के बारे में बतायें।

इस ट्रस्ट की स्थापना 1957 में हुई थी। यह एक ऐसी प्रकाशन संस्था है जो समाज के सभी वर्गों और आयु के पाठकों के लिए पुस्तकों व अन्य पाठ्य सामग्री का प्रकाशन करती है। इसके अलावा यह पुस्तक मेलों, पुस्तक समारोहों तथा प्रदर्शनियों का आयोजन करती है, ताकि अधिक से अधिक लोगों में पढ़ने की प्रवृत्ति जागृत हो सके।

इस ट्रस्ट की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पाठकों की क्रय सीमा के भीतर ही विविध विषयों की पुस्तकें उपलब्ध कराना है। ट्रस्ट हिन्दी तथा अंग्रेजी के अलावा ग्यारह अन्य प्रमुख भारतीय भाषाओं— असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में किताबें प्रकाशित करता है।

इसके अलावा ट्रस्ट बाल पुस्तकों, विज्ञान व प्रौद्योगिकी तथा नवसाक्षरों के लिए विशेष रूप से प्रकाशन में जुटा है। बाल पुस्तकों के प्रकाशन में ट्रस्ट का बाल साहित्य केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह केन्द्र बाल-प्रकाशन में कई बार संयोजक की भूमिका भी निभाता है और लेखकों, चित्रकारों, प्रकाशकों, शिक्षकों, शिक्षाविदों तथा माता-पिता में समन्वय पैदा करता है। बच्चों में किताबों के प्रति दिलचस्पी जगाने के लिए इसने पाठक मंच की शुरुआत की है।

जो विद्यालय पाठक मंच शुरू करते है, उन्हें पचास रुपये मूल्य की पुस्तकें दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें हर माह केंद्र की ओर से एक बुलेटिन भेजा जाता है, जिसमें रोचक सामग्री, पुस्तकों की सूचना और देश भर के पाठक मंचों की खबरें शामिल होती हैं।

ट्रस्ट ने बच्चों के लिए 'नेहरू बाल पुस्तकालय' के नाम से एक पुस्तक माला शुरू की है।

जिसके अंतर्गत बच्चों के लिए रोचक एवं सूचना प्रधान पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं। यह पुस्तक माला देश भर के बच्चों के लिए उनकी मातृभाषा में इतिहास, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, लोक-कथाएं, साहित्य, तीज-त्यौहार, जीवनियां जैसे विषयों पर रोचक सामग्री उपलब्ध कराती हैं।

इस पुस्तक माला में चार आयु वर्गों अर्थात स्कूल जाने की उम्र से छोटे बच्चों 6-8 साल के बच्चों, 8-11 वर्ष के तथा 11-14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों की रुचि और जरूरत को ध्यान में रखकर पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं। इसके अलावा ट्रस्ट 'लोकोपयोगी विज्ञान' तथा 'नव साक्षरों के लिए' विशेष रूप से प्रकाशित करता है।

'आदान-प्रदान पुस्तक माला' इसका एक महत्वपूर्ण प्रकाशन है। इसमें विभिन्न भारतीय भाषाओं की रचनाओं का दूसरी भाषा में अनुवाद करवाया जाता है। साथ ही भारतीय साहित्य की कुछ कालजयी कृतियों को भी प्रकाशित किया है। यही नहीं, सामान्य पाठकों के लिए ट्रस्ट उच्च स्तरीय तथा ख्याति प्राप्त विदेशी पुस्तकों को भी भारतीय भाषाओं में अनुदित करता रहा है।

1992 से ट्रस्ट पुस्तकों के निर्यात से भी जुड़ा है। अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेलों में हिस्सा लेने के अलावा ट्रस्ट विदेशी भाषाओं में भारतीय पुस्तकों का अनुवाद करवा रहा है। विदेशों में भारतीय पुस्तकों के प्रचार-प्रसार के लिए 'द बुक इन इंडिया' त्रैमासिक का प्रकाशन भी इसने शुरू किया है।

मुकुल

रास्ता बनाओ

गाजर खोजते-खोजते चीकू खरगोश इस जाल में फंस गया है। अगर आप चाहें तो बाहर निकलने में उसकी मदद कर सकते हैं।

ओमप्रकाश शर्मा



CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जोगेन की रेखाएं



मनुष्य आकृतियां, रोजमर्रा जीवन के कार्य-व्यापार, प्रकृति के उपकरण फल – फूल-पत्तियां, लता बेलें और पशु जगत जोगेन को खास तौर पर आकर्षित करते रहे हैं। फूल-पत्तियों-लताओं को लेकर तक एक दौर में रेखांकनों और चित्रों का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसने जोगेन को आच्छादित सा कर लिया।

कला/प्रयाग शुक्ल

सुपरिचित चित्रकार जोगेन चौधरी (जन्म: 1939) की दिलचस्पी रेखांकन-विधा में भी बहुत गहरी है। जब वह कलकत्ता के ललित कला महाविद्यालय के छात्र थे तब से लेकर अब तक उन्होंने सैकड़ों की संख्या में रेखांकन किये हैं। 1960 में उन्होंने कला महाविद्यालय से स्नातक की उपाधि ग्रहण की, फिर 1965 में वह कला-अध्यापन के लिए ही छात्रवृत्ति पाकर पेरिस गयें। 1966-68 के बीच उन्होंने यूरोप के विभिन्न संग्रहालयों में भी काफी वक्त बिताया। यूरोपीय प्रवास में भी वह ढेरों रेखांकन करते रहे। लौटे तो मद्रास के वीवर्स सर्विस सेंटर में उन्हें नौकरी मिली-कला डिजाइनर की। वहां कुछ वर्ष बिताकर वह 1972 में दिल्ली आ गये और राष्ट्रपति भवन की कलाकृतियों के क्यूरेटर बने। 1987 तक दिल्ली में रहे। इसके बाद वह शांति निकेतन चले गए और अभी वहीं हैं। इन सभी जगहों और अवधियों में रेखांकन उनका प्रिय माध्यम रहा है। हर दौर में वह रेखांकन विधा पर गहरा सोच-विचार करते रहे हैं। इसी सोच-विचार का यह परिणाम है कि रेखांकन अपने आप में उनके कला-वक्तव्य भी लगते हैं और इनके माध्यम से हम उनके रुझानों, सरोकारों आदि का एक ग्राफ भी बना सकते हैं।

जोगेन के पिछले पच्चीस वर्षों के सैकड़ों रेखांकनों में से चुने हुए कोई 75 रेखांकनों की एक प्रदर्शनी सीगल (कलकत्ता) ने आयोजित की है। यह कलकत्ता में दिखायी जा चुकी है और अब बढेरा आर्ट गैलरी के सहयोग से 10 अगस्त से 3 सितम्बर तक के लिए यह बढेरा आर्ट गैलरी दिल्ली (40 डी, डिफेंस कालोनी) में लग रही है। यहां से यह बम्बई भी जायेगी और वहां साक्षी गैलरी के सहयोग से, साक्षी गैलरी में ही दिखायी जायेगी।

मनुष्य आकृतियां, रोजमर्रा जीवन के कार्य, व्यापार, प्रकृति के उपकरण फल-फूल-पत्तियां, लता बेलें और पशु जगत जोगेन को खास तौर पर आकर्षित करते रहे हैं। फूल-पत्तियों-लताओं को लेकर तो एक दौर में रेखांकनों और चित्रों का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसने जोगेन को आच्छदित सा कर लिया। इनके अंकन ने उनकी एक निजी चित्र-भाषा भी बनायी। हुआ यह कि इस अंकन ने, उनके आकृति-अंकन को भी प्रभावित किया— जोगेन की आकृतियों के हाथ-पांव भी पत्तियों-लताओं और वनस्पतियों के रूप से एक मेल-सा खाने लगे और फूलों लताओं के अंकन में कहीं मानव आकृति के कुछ रूप भी झांकने लगे। कारण यही था कि जोगेन प्रकृति-उपकरणों का निरा चित्रण नहीं कर रहे थे— वे प्रकृति उपकरणों के स्पंदनों में, उनके मर्म, उनकी धमनियों में उतर रह थे। रचना प्रक्रिया सौंदर्य, जीवनी शक्ति आदि की ही वह एक खोज प्रकृति उपकरणों के माध्यम से कर रहे थे। यही खोज आज भी जारी है। वह कागज पर स्याही से सुस्पष्ट लचीली,प्रफुल्लित रेखाओं को कभी एक फूल के बिंब में उभारते हैं, कभी लताओं-लतरों का एक 'गुंफन' प्रस्तुत करते है, कभी मानव आकृति को अपनी खास शैली में 'थुलथुल' या इकहरे सूखे रूपों में आंकते हैं। आकृतियों को थुलथुल विस्तृत और विशाल रूप में आंक कर जोगेन ने देह को एक नयी तरह से जांचने-देखने का दिलचस्प आधार तैयार किया है।

ऐसी आकृतियां वह रेखांकनों में प्रायः मोमी खड़िया (पेस्टल) से आंकते हैं— यहां जोर रेखाओं पर उतना नहीं रहता जितना कि पेस्टल की रगड़ से उभरने वाली रंगतों, सतहों उभरने वाले आकारों तथा गतियों और निशानों पर। ऐसी स्थिति में कुल आकृति रूप एकाएक हमारे सामने नहीं आता— हम धीरे-धीरे उसका आविष्कार करते है और दबे-ढके रूपों को पहचानने की क्रिया में हम आकृति के वास्तविक मर्म, मनः स्थिति और नाटकीय प्रसंग से परिचित होते हैं।

जोगेन के रेखांकनों का एक रूझान कैरीकेचर और व्यंग्य विनोद का भी रहा है।राजनीतिकों की मुद्राओं के बहाने उन्होंने दिलचस्प टिप्पणियां की है। जाहिर है कि जोगेन के रेखांकनों में एक विविधता भी है। पर इन सबमें उनकी अंकन शैली की विशिष्ट छाप है।

पच्चीस वर्षों के उनके चुने हुए रेखांकनों को देखना एक दिलचस्प अनुभव है। ये सभी श्वेत-श्याम (ब्लैक एंड व्हाइट) हैं। बस कहीं-कहीं एकाध रंग का इनमें प्रवेश है। मसलन नीले का। रेखांकन अपने आप में एक स्वतंत्र विधा है— चित्र की चेरी नहीं। इस पर जोगेन का गहरा भरोसा है। इसी भरोसे का बहुत अच्छा प्रमाण हैं ये रेखांकन।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



सुनील शेट्टी

पूजा भट्ट

प्यार के पींगे बढ़ा रही है। आप पूछेंगे कि इससे उसे फायदा क्या होगा? जाहिर है कि वीनस वाले अपनी फिल्मों में उसे स्थायी हीरोइन बना लेंगे। भले जैन परिवार यह कहता रहे कि वे शिल्पा को अपने परिवार की बहू बनाना चाहते हैं, होगा वही जो शिल्पा चाहती है, है कि नहीं?

* * *

काजोल ममता का झगड़ा

करिश्मा कपूर और रवीना टंडन के झगड़े अब पुराने पड़े गये हैं। जहां इन दोनों का आमना-सामना होगा, वहां तू-तू-मैंमैं तो होगी ही, यह सब मानकर चलते हैं। इसी तरह का छत्तीस का आंकड़ा इन दिनों काजोल और ममता कुलकर्णी में बन रहा है। 'करण-अर्जुन' की सेट पर उन दोनों के बीच जिन और जैसे शब्दों का आदान-प्रदान हुआ, उसे सुन-देख कर सेट पर मौजूद सभी लोगों को शर्म आ गयी, लेकिन ये दोनों कन्याएं बाज नहीं आयीं। अंग्रेजी भाषा में भले ही उनके नंबर कम आये हों, इस भाषा की तमाम गालियां दोनों को ही कंठस्थ हैं। इन दोनों के बीच तनातनी का कोई स्पष्ट कारण तो नजर नहीं आता, सिवाय इसके कि इस फिल्म में एक गाने के दृश्य में काजोल की पोशाक ममता से अच्छी थी और इसे लेकर ममता ने खूब बवेला मचाया था। निर्देशक राकेश रोशन अब उस घड़ी को कोस रहे हैं, जब उन्होंने इन दोनों कन्याओं को अपनी फिल्म में साइन किया था।

* * *

पूजा के रंग-ढंग

पूजा भट्ट का क्या होगा? अगर अभी उससे पूछा जाये कि हे बालिके, मरने से पहले तुम्हारी अंतिम इच्छा क्या है, तो वह यही कहेगी— दओल परिवार की बहू बनना, अब पहले की तरह घड़ी-घड़ी बॉयफ्रेंड बदलने में, तेज कार चलाने में, रात भर डिस्को में धुत्त होकर गुजारने में उसकी कोई श्रद्धा नहीं दीखती। आजकल बॉबी दओल के रंग में रंगी पूजा शालीन कपड़ों में शालीनता बरतती नजर आती है। पूजा के इस परिवर्तन से पापा महेश भट्ट को होना चाहिए खुश, लेकिन वे तो यह मान कर चल रहे हैं कि बेटी अपने हाथों अपनी कब्र खोद रही है। उसका भी वही हश्र होगा, जो साल दो साल पहले नीलम का हुआ था, यानी न रहेगा प्यार और न रहेंगी फिल्में। पापा जी को यह कौन समझाये कि सबकी किस्मत एक-सी नहीं होती, किसी की बुरी होती है, तो किसी की बहुत बुरी।

विलेन बाबा के नखरे

शाहरुख खान के इरादे समझ नहीं आते, अंजाम की असफलता के बाद उसने खलनायकनुमा भूमिकाओं से तौबा करने की कसम खायी थी, लेकिन लगता है कि अब तक ऐसी भूमिकाओं से उनका दिल नहीं भरा है। एक दिग्गज निर्माता जब एक लवर बॉय की भूमिका ले कर शाहरुख के पास पहुंचे, तो अपने विलेन बाबा ने उस भूमिका में हजार खामियां निकालनी शुरू कर दीं— इस रोल में गहराई नहीं है, चरित्र में दम नहीं है, हीरो का काम सिर्फ आशिकी झाड़ना है, अंत में कुछ मजा नहीं आ रहा— वगैरह। जाहिर है कि निर्माता ने भूमिका में हेरफेर करने के बजाय नायक ही बदल दिया। अगर शाहरुख के यही आसार रहे, तो वह दिन दूर नहीं, जब वह मोहनीश बहल नुमा भूमिकाओं में नजर आयेंगे।

* * *

मेरी तस्वीर खींचो

शाहरुख खान के जिक्र से याद आया— आजकल वे 'पत्रकार पटाओ' मिशन पर जोर-शोर से लगे हुए हैं। जिन पत्रकारों से कभी तनातनी हुई थी, उनको भी घर बुलाकर दावत दे रहे हैं। छायाकारों को बुला-बुला कर कह रहे हैं कि मेरी तस्वीर खींचो। अंदर की बात है कि शाहरुख को यह नसीहत अमिताभ बच्चन ने दी है। यह अलग बात है कि इंडस्ट्री में यह हवा फैली हुई है कि बिग बॉस यानी बच्चन साब शाहरुख से इन दिनों नाखुश हैं। अगर नाखुश होकर कोई व्यक्ति इतनी सही नसीहत दे सकता है, तो खुश होने पर क्या करेगा, यह तो आप सोच ही सकते हैं।

* * *

रेखा की नसीहत

अमृता सिंह और रेखा, दोनों में इन दिनों बोलचाल बंद है। रेखा आमतौर पर ज्यादा बोलने वालों में नहीं गिनी जातीं लेकिन एक पार्टी में माहौल का या भीतर गए पदार्थ का असर था या पता नहीं कुछ और-वे अपने वैवाहिक (भावी) जीवन के बारे में उच्च विचार व्यक्त कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सफल औरतों को अपने से उम्र में छोटे आदमी से शादी करनी चाहिए। फिर उन्होंने अमृता सिंह-सैफ और आदित्य पंचोली-जरीना वहाब का नाम इसी सिलसिले में लिया।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रविवार्ता

नवभारत टाइम्स, 14 नवम्बर, 1993

दीपावलीः अपने में पूर्ण प्रकाश का भाव

जमाने के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्वों-त्यौहारों में भी परिवर्तन आया है। फास्ट फूड की तरह हम त्यौहारों को भी आनन फानन निपटा लेना चाहते हैं जबकि ऐसा करने से त्यौहारों के पीछे छिपी भावना ही समाप्त हो जाती है। दीपावली के साथ भी कुछ-कुछ ऐसा ही हुआ है। दरअसल दीपावली पांच दिनों का पर्व है और हर दिन का अपना विशिष्ट महत्व है। यह संपूर्णता में प्रकाश भाव का पर्व है न कि सिर्फ धनलक्ष्मी की पूजा का। यहां प्रस्तुत है इसी संपूर्ण प्रकाश भाव का विवेचनः

विद्यानिवास मिश्र

दीपावली वस्तुतः पांच दिनों का पर्व है। धनतेरस की शाम से यह पर्व शुरू होता है। नये बर्तनों की चमक से बाजार दमक उठता है। नरक चतुर्दशी को मृत्यु देवता यम को दीपे दिये जाते हैं, मृत्यु के अंधकार को जीवन के प्रकाश की ओर अभिमुख किया जाता है। समस्त बाह्य आभ्यन्तर अशुचिताओं को विदा देने का काम सम्पन्न होता है। फिर अमावस्या को बड़े पैमाने पर दीपावली मनायी जाती है। दीपावली की सुबह दरिद्र को स्त्रियां सूप बजा-बजाकर घर से बाहर निकालती हैं। प्रतिपदा को अन्नकूट होता है। छप्पन प्रकार के व्यंजन, बीसियों साग-सब्जियों का पंचमेल गाढ़ा पकता है, उसमें नाना प्रकार के मसाले और छौंक के द्रव्य पड़ते हैं। फिर गोरस के अनेक प्रकार के व्यंजन बनते हैं और ये सभी विश्वव्यापनशील भगवान विष्णु को या उनके पूर्णावतार कृष्ण के गोवर्धनाचल विग्रह को समर्पित होते हैं। द्वितीया को प्रातःकाल स्त्रियाँ गोबर की आकृतियाँ बनाती हैं। नाना प्रकार के अमंगल की और उनके ऊपर नाना प्रकार की आपदाओं के प्रतिरूप कढ़ि बिछाती हैं। उन्हें मूसल से कूटती हैं, फिर सब बटोर कर पिण्डी बनाती हैं, यह दमित अमंगल समृद्धि का उपलक्षण बन कर अनाज के भंडारों में रखा जाता है। वस्तुतः दीपावली का पर्व रोग, मृत्यु पर, मोह पर, अज्ञान पर विजय का पर्व है, अतः इसको अनेक रूपों में मनाया जाता है। समुद्र के मन्थन से धन्वन्तरि के उद्भव के रूप में जो रोग को चिकित्सा का उपाय बतलाये, ज्योतिपर्व के रूप में जो आग के अन्धकार के विरोध में दीप्ति हो, गोधन कूटने के रूप में या गोवर्धन पूजन के रूप में और भ्रातृद्वितीया के दिन स्नेहबन्धन के स्मरण के रूप में, जब बहन भाई से कुछ कद में बड़ी हो जाती है, नारी का जगद्धात्री रूप धरती में सम्बन्ध से बड़ा हो जाता है।

अन्नकूट का त्यौहार (जो कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के दिन पड़ता है) वस्तुतः श्री कृष्ण द्वारा गोवर्धन पूजा की आवृत्ति है, बहुत महत्वपूर्ण है। गोवर्धनधारण के पूर्व श्रीकृष्ण ने ब्रह्मा का मद और अज्ञान हरा, जगत् स्रष्टा को प्रबोधित किया कि सृष्टि आकार के लिए है, सृष्टि आत्मविसर्जन है, श्रीकृष्ण स्वयं बछड़े बने, गोपबालक बने और उनके गायों और ग्वालिनों के वात्सल्य में आवृत्त हुए। गायें और ग्वालिनें श्रीकृष्ण के लिए उमड़ कर श्रीकृष्णमय हो गयीं। ऐसे श्रीकृष्णमय व्रज के आगे इन्द्र छोटे पड़ते हैं। यही दिखलाने के लिए श्रीकृष्ण ने गोवर्धन धारण लीला रची।

भगवान श्रीकृष्ण लीला-प्रसंग में गोवर्धन का महत्व क्यों है, इस पर पर्याप्त चिन्तन कहीं नहीं मिलता। महाप्रभु वल्लभाचार्य ने गोवर्धनधारी श्रीनाथ जी के विग्रह को आराध्य बनाया। लोग कहते हैं, बालकृष्ण के पराक्रमी रूप को वे ध्याना चाहते थे। उन्हें लोक के लिए ऐसे रूप पर ध्यान टिकाना था, जो सहज सुलभ हो और साथ ही अपूर्व पराक्रमशाली हो। भगवान का गोचारण वाला रूप सहज सुलभ और कानी ऊँगली पर गोवर्धन पर्वत उठाने वाला रूप अत्यन्त पराक्रमी है। दोनों एक विग्रह में सबसे अधिक इन्हें मोहक लगी। [illegible]

[illegible] है। भगवान के नंगे पैरों के स्पर्श से धन्य हुई भूमि तो साक्षात् देवताओं की देवता है। यहाँ इन्द्र बापुरो कौन। यह भी उल्लेखनीय है कि गोवर्धन-लीला के पहले ही ब्रह्मा का मोहभंग हो चुका है। वे एक वर्ष तक बछड़ों, गोप-बालकों के शरीरों में भगवान को श्रीकृष्णमय बना कर ब्रह्मा को छका चुके थे। एक प्रकार से व्रजभूमि की नयी पीढ़ी की नयी सृष्टि कर चुके थे, सहस्रों गोमाताओं ने श्रीकृष्ण को दूध पिलाया, सहस्रों गोप-माताओं ने श्रीकृष्ण को गोद में लिया, उबटन लगाया, नहलाया, खिलाया, उनकी बलैया लीं। व्रज के साधारण भी असाधारण हो गये और असाधारण परब्रह्म सर्वजन साधारण हो गये। एक व्यवस्था और है। रासलीला की भूमि तैयार करने का काम करती है गोवर्धन लीला। गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण दो प्रकार समस्त सृष्टि के साकार रूप हो गये हैं: एक तो गिरिराज स्वयं विष्णु हैं, व्यापक हैं, वह आश्रय हैं, वह गोपालकों, गउओं और वनस्पतियों का समष्टि चैतन्य हैं, दूसरे श्रीकृष्ण समस्त गोकुल की गायें, गोपियों, गोपों, गोप-बालकों और बड़ों के साथ, छकड़ों पर रखे समस्त व्रज वैभव के साथ सबके प्राण बनकर, सबकी ऊर्जा बन कर ललित भाव से खड़े मुस्करा रहे हैं, इन्द्र की नादानी पर, गिरिराज फूल की माला की तरह उंगली पर टंगा हुआ है, मानो समस्त ब्रह्माण्ड दो भागों में अपने को बांट कर कोई कौतुक कर रहा हो। ऐसे श्रीकृष्ण के साथ महारास विश्व चेतना को उमड़ाने वाली घटना बन जाती है। वहाँ शरीर शरीरी बन जाते हैं, इन्द्रियाँ आत्मा बन जाती हैं। नृत्य की चेष्टाएँ आनन्द की वृत्तियां बन जाती हैं और श्रीकृष्ण बन जाते हैं ब्रह्म के रस के रूप [illegible]

छाया: प्रभात रॉय

में चंचल द्रव, पानी की तरह हाथ में न आने वाले, कभी यहाँ, कभी वहाँ, कभी कहीं नहीं, सबमें और सबसे छिटक कर अलग। समय यहाँ ठहर सा जाता है, चांदनी में भीगे हुए झाऊ, यमुना पुलिन के रेतकण, यमुना और यमुना की तरह उद्वेलित रूपहला आकाश सब उस रस में नहाकर सिहर उठते हैं। एक तरह से सृष्टि पुलकित हो जाती है। यह साधारण देह-संयोग नहीं है क्योंकि देह-गेह का यहां बोध नहीं रह गया है। ऐसा महारास बिना गोवर्धन लीला की पीठिका के संभव कैसे होता। श्रीकृष्ण को "इनका सान्निध्य सात दिनों तक निरन्तर मिला, श्रीकृष्ण के मुस्कराती दीठ का दुलार, इनकी सहस्र आँखों को मिला। ऐसा [illegible] कारण श्रीकृष्ण हो गये। श्रीकृष्ण का प्यार झरने की ऐसी घटना हुए बिना महारास का आयोजन कैसे होता!

एक और बात सूचित होती है। सिर पर गोवर्धन-धारण का अर्थ है, पूरी जनपदीय उपत्यका की शोभा को महत्व देना, गिरिमाला के साथ जुड़ी हुई सहज जीवन-पद्धति को महत्व देना, सबसे अधिक इसका महत्व इस रूप में है कि श्रीकृष्ण गोवर्धनधारी होने के बाद फिर सदा सदा के लिए व्रज-संस्कृति के ऋणी हो जाते हैं। वह ऋण वे कभी अदा नहीं कर पाते। इसी से वे इतनी बड़ी भूमिकाओं में उलझने के बाद भी अपनी सामान्यता ही बनाये रखते हैं। व्रज का भाव ही उनका मुख्य भाव है। इसी के कारण वे इतने खुले हुए, इतने असीम, इतने निस्संग, इतने उत्कर्ष भाव वाले महापुरुष के रूप में अपनी लीला का वितान रचते जाते हैं।

इन संदर्भों में श्रीकृष्ण के गोवर्धनधारण को देखना सम्भव [illegible] तभी होता है, जब हम इस गोवर्धन के चारों ओर विचरण करें, गोवर्धन की महिमा का स्पर्श करें। भगवान द्वारा प्रकटायी मानसी गंगा में अवगाहन करें और प्रतिक्षण अनुभव करें कि श्रीकृष्ण की उंगली पर छत्र की तरह तना यह गुल्मों का वितान, यह पथरीली धरती, यह हिमालय को ले जाने वाली उपत्यका सबसे विश्वसनीय आश्रम है। इसे रावण ने उठाकर नहीं हिलाया, इसे श्रीकृष्ण ने लीला-भाव से सिर पर उठाया और इसे वह ऐश्वर्य प्रदान किया, जो देवताओं को नहीं मिला क्योंकि यह मनुष्य और देवता के बीच समता स्थापित करने वाला मनुष्य और मनुष्य के बीच सख्यभाव स्थापित करने वाला, मनुष्य और प्रकृति के बीच बन्धुभाव स्थापित करने वाला स्थल है। यह अनुभव अपने आप में श्रीकृष्ण का होने की तैयारी बन जाती है। किसी न किसी कोने में से वे निकल आयेंगे, आँखें मूंद लेंगे, पीछे से छकाकर चल देंगे, [illegible]

अपने भीतर यह सब भाव भर तो ज्योतिपर्व का प्रकाश सार्थक हो।

छाया: राजकिशन नेन

रोशनी रहेगी तो दीये भी रहेंगे

रणवीर दिनेश

दीवाली का अभिन्न हिस्सा रहा है दीया। इस पर्व को पर्व बनाने में तमाम औपचारिकताओं को उतना आवश्यक नहीं माना गया जितना दीये की ज्योति को। कह सकते हैं कि दीवाली का पर्याय है दीया। और दीया सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानों के निमित्त ही अस्तित्व में नहीं आया बल्कि इसकी सामाजिक उपयोगिता हमेशा रही है। आप कह सकते हैं कि पहले चूंकि मनुष्य ने तकनीक का अधिक विकास नहीं किया था इसलिए दीया उसकी विवशता था। लेकिन सैकड़ों वर्षों की लंबी यात्रा तय करने के बाद और तकनीकों का वांछित विकास कर लेने के बाद आज भी दीया प्रासंगिक है। यानी विकसित तकनीकों की अंततः एक उम्र होती है— केरोसिन, गैस, पेट्रोल या डीजल शायद अनंतकाल तक जीवित न रहें— कभी न कभी इन्हें मूर्च्छा आयेगी ही, लेकिन दीया कभी मूर्च्छित नहीं होगा। क्योंकि सरसों का तेल या घी या रूई मनुष्य के साथ-साथ सदा जीवित रहेंगे।

दरअसल दीवाली पांच पर्वों— उत्सवों का एक गुलदस्ता है। दो पर्व पहले आते हैं और दो पर्व बाद में। यानी धन-तेरस और नरक चौदस पहले, फिर दीवाली और इसके बाद गोवर्धन पूजा तथा भैया दूज। दीवाली बीच में है किसी महारानी की भांति। इन पांचों पर्वों में दीया अलग-अलग तरह से अपनी भूमिका निभाता है। यह जितना धार्मिक आस्थाओं से जुड़ा है, उससे कहीं अधिक सामाजिक सुरक्षा से संबद्ध है। परंपरा ने जिसे अपने सीने से लगाया है, उसे पूरी जांच-परख के बाद ही लगाया है।

दीवाली की रात अनेक आकारों वाले दीये जलते हैं। छोटे-छोटे दीये रोशनी करने में प्रयुक्त होते हैं, तो एकमुखी और चारमुखी बड़े दीये पूजा-स्थल पर जलते हैं। चूंकि इन्हें सारी रात जलना होता है, इसलिए ये बड़े होते हैं। पारंपरिक विधान है कि लक्ष्मी-गणेश की मिट्टी की मूरतों के आगे 'सौरती' का दीया सारी रात जलता है।

पूजन के बाद, खील-खिलौने खाने के बाद आरंभ होता है दीवाली का रतजगा। सारी रात कीर्तन-भजन होगा। लोग पौराणिक प्रसंगों को गीतों में पिरोकर ढोलक-मंजीरे की थाप पर गायेंगे और सौरती का दीया सब सुनेगा। यह न सिर्फ लोगों को रोशनी दिखायेगा बल्कि उनकी आँखों को रोशनी भी देगा। बड़ी-बूढ़ी औरतें सौरती के दीये की ज्योति पर चम्मच को उलटा करके रख देती हैं और काजल बना लेती हैं। यह कच्चा काजल छोटे-बड़े सभी की आँखों में डाला जाता है। कहते हैं कि कच्चा काजल डालने से आँखें बड़ी होती हैं और उनके दोष दूर हो जाते हैं। तो, इस तरह सौरती का दीया इस रात रोशनी लुटाता है।

पीढ़ियों से चले आ रहे कुछ हाथ हैं जो दीये बनाते हैं। चिकनी मिट्टी से बने दीये उनकी रोज़ी भी हैं। दीये घरों को पालते हैं और लोगों को रोटी देते हैं। जम्मन लाल पैंसठ वर्ष के हैं। दीयों का व्यापार करते हैं। कहते हैं, 'देखते-देखते दीया भी महंगा हो गया है।

आज से दस वर्ष पहले तक पच्चीस रुपये के एक हजार दीये मिलते थे लेकिन आज सत्तर रुपये के एक हजार दीये मिलते हैं। दुगने से ज्यादा अंतर आ गया है। मिट्टी भी काफी महंगी हुई है। चिकनी मिट्टी का एक ट्रक 500 रुपये का आता है, पहले तो बहुत कम था।'

जम्मन लाल सिर्फ दीये बेचते हैं, बनाते नहीं। बनाने वाले परिवारों से खरीदते हैं और बेचते हैं।

किशन लाल का पूरा परिवार दीये बनाता है। घर के आंगन में चाक है जिस पर एक छोटा-सा बच्चा अपनी उंगलियों की मदद से दीया बनाने में पूरी तरह मग्न है। किशन लाल के अनुसार एक घंटे में डेढ़-दो हजार दीये बन जाते हैं। कच्चे दीये सुखाने के बाद आवा तैयार किया जाता है उपलों का। उसमें दीये पकाये जाते हैं। एक बार में हजारों दीये पक जाते हैं। इस सारी प्रक्रिया में बच्चों और औरतों की पूरी भागीदारी रहती है। लेकिन किशन लाल फुटकर बिक्री कम ही करते हैं। थोक में, कुछ कम दामों पर 'बीच' वाले तिजारतियों को बेचते हैं क्योंकि इससे एकमुश्त हजारों दीये बिक जाते हैं। कम ही सही, किशन लाल को अच्छी रकम मिल जाती है और दीयों की टूट-फूट से मुक्त हो जाते हैं।

* *

दीवाली की रात अनेक आकारों वाले दीये जलते हैं। छोटे-छोटे दीये रोशनी करने में प्रयुक्त होते हैं, तो एकमुखी और चारमुखी बड़े दीये पूजा-स्थल पर जलते हैं। चूंकि इन्हें सारी रात जलना होता है, इसलिए ये बड़े होते हैं। पारंपरिक विधान है कि लक्ष्मी-गणेश की मिट्टी की मूरतों के आगे 'सौरती' का दीया सारी रात जलता है। पूजन के बाद, खील-खिलौने खाने के बाद आरंभ होता है दीवाली का रतजगा। सारी रात कीर्तन-भजन होगा। लोग पौराणिक प्रसंगों को गीतों में पिरोकर ढोलक-मंजीरे की थाप पर गायेंगे और सौरती का दीया सब सुनेगा। वह न सिर्फ लोगों को रोशनी दिखायेगा बल्कि उनकी आँखों को रोशनी भी देगा।

* *

वैसे तो किशन लाल दीयों के अलावा मिट्टी के अन्य सामान भी बनाते हैं जिनसे उन्हें आमदनी कुछ ज्यादा रहती है लेकिन दीये बनाने का जो संतोष है वह पैसों से ऊपर है। गुड्डे-गुड़ियाँ मोटे सेठ जी और सेठानी सूट पहने सिगरेट पीता साहब और बच्चों की गृहस्थी।

बच्चों की यह मिट्टी की गृहस्थी बड़ी रोचक होती है। इसमें एक घर, बरतन, चक्की-चूल्हा सभी कुछ होता है। आजकल चूल्हे के स्थान पर स्टोव या गैस-चूल्हे बनने लगे हैं। किशन लाल मानते हैं— 'समय के साथ चलना पड़ता है। आज के बच्चे झट से पूछ लेते हैं— मेरी गैस कहाँ है?— तो, हमें तो सिर्फ मिट्टी को ही ढालना है, चाहे चूल्हे-अंगीठी में ढालें या स्टोव-गैस में- क्या फर्क पड़ता है।' किशन लाल के लिए तो दीवाली उनकी रोज़ी में चार चाँद लगाने वाला पर्व है।

एक दृष्टि है जो पर्वों के अनुष्ठानों के समांतर जीवित है। यह दृष्टि पर्वों के आर्थिक पक्ष से जुड़ी है। आतिशबाजी बनाने वाले कारीगरों से लेकर दीये बनाने वाले शिल्पकारों तक दीवाली की उपस्थिति उनकी बदहाली दूर करने के लिए आने वाला एक पर्व है— लक्ष्मी-पूजन और राम का वापस अयोध्या लौटना तो उनकी निजी आस्था का धार्मिक अनुष्ठान भर है।

नई इबारत

कहानी

जयशंकर

बचपन

कोई मेरा नाम पुकार रहा था। मैं पद्मा, लीना और अमर के साथ आइसक्रीम की बची डंडियों, सिगरेट और माचिस के डिब्बों की सहायता से छोटे-छोटे घर बना रहा था। मुझे तीसरी बार अपना नाम सुनायी दिया। मां अस्पताल गयी हुई थी। बुआ भी घर में नहीं थी। फिर कौन इस तरह बार-बार बुला रहा था? हम मैदान में खेल रहे थे। चौथी बार मैं मुझे पुकारती आवाज को पकड़ने में नाकाम नहीं रहा।

वह नीला अक्का की आवाज थी।

मैं अपने घरों और दोस्तों को छोड़कर अपने घर की तरफ भागा। मेरे घर के सामने के चौकोर मकान की हल्दी से रंगी गयी दहलीज पर नीला अक्का खड़ी थी। मैं वहां गया। उसने मुझे अंदर बुलाया। उसके गोरे और युवा चेहरे पर हल्दी लगी हुई थी। उसने गुलाबी रंग का लहंगा और पोलका पहन रखा था और उसकी ओढ़नी का रंग लाल था। मांग का सिंदूर और माथे की लाल बिंदी घर के अन्दर के मद्धिम उजाले में भी चमक रही थी।

'तू मेरा एक काम करेगा?'

'क्या मैं खेलने के बाद नहीं कर सकता।'

'मैं तुझे समोसे के लिए पैसे दूंगी।'

समोसे के स्वाद की याद में दोस्तों और घरों के खयाल को छोड़ना पड़ा। अक्का ने मेरे सामने एक चिट्ठी लिखी। चिट्ठी तमिल में लिखी गयी थी और उस चिट्ठी को मुझे अक्का के पति को देना था। पहले तो मेरी समझ में कुछ नहीं आया। उसके पति को शाम को लौटना ही था। फिर इस तरह पति को चिट्ठी लिखने की जरूरत भी क्या थी?

'अम्मी..... मैं खुद को आग लगा रही हूं..... तू किसी से कहना नहीं ..... तेरे सिक्के मेज पर रखे हैं ..... चिट्ठी सम्हालकर रखना.... ।'

उस वक्त मैंने अक्का की बात पर भरोसा नहीं किया। समोसे के स्वाद और सफेद सिक्कों की याद मेरे साथ थी। मैं सीधे वहां से प्लाजा थिएटर की कैंटीन में गया। साबुदाने की खिचड़ी और समोसे का आर्डर दिया। उसके बाद बचे हुए पैसों से छोटी बहन के लिए चाकलेट खरीदी।

प्लाजा से लौटा, तब बस्ती में भागमभाग थी, शोर था और नीला अक्का के मकान की विदेशी कवेलियों से उठता हुआ धुआं। जलते मकान को बुझाया जा रहा था। अक्का के शरीर को काले कम्बल से ढककर रिक्शे में बिठाया जा रहा था। श्रीरंगा के अनुसार वह बहुत ज्यादा जल चुकी थी और उसका बचना मुश्किल था।

श्रीरंगा दर्जी की बात सच साबित हुई। अक्का ने उस रात ही दम तोड़ दिया। उस बीच मैंने वह चिट्ठी मां को उनके अस्पताल जाकर दे दी थी। मैं डरा हुआ था। मां उस चिट्ठी को पढ़ नहीं सकती थी। मैं आज तक नहीं समझ सका कि मां ने उस चिट्ठी को फाड़कर उस टोकरी में क्यों फेंक दिया, जिसमें मरीजों के खाये फलों और अंडों के छिलके थे, खून लगी पट्टियां थीं, अगरबत्ती का खाली पैकेट था।

पता नहीं उस चिट्ठी में क्या लिखा था?

उन बरसों में एक और चिट्ठी मुझे दूसरे इलाके से आयी एक औरत ने अजरा को देने के लिए दी थी। उस अपरिचित औरत ने बुरका पहन रखा था। उसके हाथ बहुत गोरे थे और मैं उससे चिट्ठी लेते वक्त उसके हाथों को देख रहा था।

अगर नीला अक्का की मौत, हमारी छोटी सी बस्ती की बेहद असहनीय घटना थी, उसका दुनिया से चले जाना एक बड़ा हादसा और सदमा था, तो अजरा का, उसकी मां का, बस्ती में रहना बस्ती के लोगों की आंख की किरकिरी थी। चौबीस-पच्चीस बरस की अजरा के घर पर, हर रोज ही एक अधेड़ उम्र का आदमी आता। लोग उस आदमी और अजरा के बारे में अनाप-शनाप बातें करते रहते। उन लोगों में हमारे पड़ोस का श्रीरंगा दर्जी भी था।

'भगवान सब कुछ देखता है.....' यह श्रीरंगा दर्जी की बातें [illegible]

अजरा की मां के पास भी दूसरे इलाके का ही एक बूढ़ा आदमी आता रहता। काम काट कर वह सांवला बूढ़ा, अपनी जवानी में

किसी सर्कस में अपने करतब दिखाता था। बरसों बाद मैंने उस आदमी की पहलवान की मुद्रा में एक तस्वीर मुस्लिम लाइब्रेरी नामक रेस्तरां के काउंटर के पास देखी थी। वह शमी पहलवान ही थे, जिनके फ्री पास के सहारे हम पहली कतार में बैठकर, शहर में आये हुए हर सर्कस को देख पाते थे। अजरा के यहां रिकार्ड-प्लेयर भी था। वे लोग काफी तेज आवाज में कव्वाली, गजलें और पुरानी फिल्मों के गाने बजाया करते थे। पड़ोस की नानी के लिए, उन रिकार्डों को सुनना, उनके मालिकों को देखना, बर्दाश्त के बाहर था। नानी उन दोनों मां-बेटी से परेशान हो चुकी थी। अपनी उम्र, अपनी बीमारी और अपने अकेले होने की वजह से वह सब चुपचाप सहती रहती। कभी-कभी बहुत पहले नदी में डूबकर मरे हुए, अपने इकलौते लड़के को याद करते हुए रोने लगती।

'इन औरतों ने जीना हराम कर दिया है.....' यह नानी कहा करती थी। नानी का मकान बहुत बड़ा और बूढ़ा था। उसके आंगन में ही बच्चे पतंग उड़ाते, कंचे खेलते, लड़कियां रस्सी कूदतीं, लोग गपशप के लिए बैठते, औरतें चूड़ियां और साड़ियां खरीदतीं। नानी का चेहरा मेरे पैंतीस बरस के जीवन में देखा गया, सबसे बूढ़ा चेहरा है। बेंत की कुर्सी पर बैठकर रोजरी हाथ में लिया हुआ बुदबुदाता चेहरा। आंखों पर चश्मा। झरते हुए सफेद घुंघराले बाल। सांवले चेहरे पर फैली झुर्रियां। पोपला मुंह। पुराना मैला फ्रॉक और पुरानी स्लीपर।

अक्सर नानी से हम बच्चों को मौसमी फल, बिस्कुट, केक या पैसे मिलते रहते। जब उनका नौकर चला जाता, तब वह मुझे या मेरी छोटी बहन को मटरू या लीना को बुलाकर कुछ न कुछ देतीं। बीच के कमरे में, खिड़की के करीब के उनके बिस्तर से बीमार और बूढ़े लोगों के बिस्तरों की गंध आती रहती। आल्टर पर जीसस टंगे रहते। करीब की मेज पर उनकी दवाइयां, पानी का जग और गिलास और बहुत पुराना बाइबिल रखा रहता। खाने की किसी चीज को ढूंढ़ते हुए कभी-कभी वह अजीब-सा सवाल पूछती 'तुम्हारा बाप नहीं लौटा..... कितने दिन.....'

'नानी तुम भूल गयीं...' मैं हैरान हो जाता।

'मैं तुम्हारे लिए ही केक ढूंढ़ रही हूं.....'

'तुम समझी नहीं'.... मेरे बाबा को मरे हुए दो बरस हो रहे हैं.....'

'और तुम अम्मी हो..... मैं समझी मैंने मटरू को बुलाया ..... लेकिन गोविंद ने केक कहां रख दिया ..... ।'

अब मैं समझ जाता कि नानी बुढ़ापे के गलियारे में भटक रही है, भूल रही है क्योंकि न ही मटरू के पिता जीवित थे और न तो गोविंद नाम उनके नौकर का था। वह एक के बाद एक डिब्बा खोलने लगती। टीन के उन गोल, चौकोर, पुराने और सुन्दर डिब्बों से, पुरानी चिट्ठियां, दवाइयां, बटन, धागे, नैफ्थलिन की गोलियां जैसी चीजें निकलती रहतीं। जब वह ढूंढ़ते-ढूंढ़ते थक जाती और मैं खड़ा-खड़ा ऊबने लगता, तब वह सिरहाने से मुझे कुछ सिक्के निकालकर दे देती और मैं प्लाजा की तरफ अपने कदम बढ़ाने लगता।

प्लाजा थिएटर की कैंटीन में समोसा खाने के बाद, मैं वहां चल रही फिल्म के स्टिल्स देखने लगता। स्टिल्स में अंग्रेजी फिल्मों का नायक अपने स्वस्थ और लाल घोड़े पर हैट पहनकर भाग रहा होता, उसके पीछे घुड़सवार होते, मैदानों में धूल उड़ती रहती कहीं बन्दूकधारी लोग होते और कहीं समुद्र के किनारे दौड़ती कोई युवा और सुन्दर लड़की। प्लाजा से लौटते वक्त, मैं किसी सर्कस कम्पनी में बहादुरी के कामों का प्रदर्शन करने का ख्वाब देखने लगता। कुछ समय के लिए मैं मटरू और उसके कुत्ते की मदद से, एक छोटी-सी सर्कसनुमा टीम खड़े करने की बात मन में लाता। कभी-कभी इस रास्ते पर से मार्था और उसकी मां कहीं से लौटते हुए नजर आ जाते। नानी के बूढ़े और बदसूरत चेहरे के बाद, मार्था और उसकी मां के सुन्दर स्वस्थ चेहरे को देखना, किसी चमत्कार से कम नहीं था।

'मार्था के लिए मैं अपनी जान भी दे सकता हूं....' मटरू कहता था।

हम दोनों सुबह दूध-डबल रोटी लाने जाते थे। किसी-किसी शाम भी, मैं उसके साथ, उसके चाचा के लिए शराब खरीदने के लिए भी जाता। दूध या शराब के लिए जाते वक्त ही मटरू से मैं मार्था के बारे में बहुत कुछ सुनता। वह अपने और मार्था के बीच के प्रेम की बातें सुनाता रहता। मुझे सर्कसनुमा टीम तैयार करने के लिए उसकी, उसके कुत्ते की, उसके मकान के टेरेस की जरूरत थी। मैं

उसकी छत पर ही पुराने टायर, लोहे की छड़ें, बेंत की टोपियां, रंग की बोतलें और यहां-वहां से जमाये गये हॉलीवुड के सिनेमा के पोस्टर रखा करता।

मटरू हमारे सर्कस में भी मार्था को कुछ कर दिखाने की खातिर ही शामिल होना चाहता था। वह अपने प्रेम को मजबूत और महान बनाने के लिए, आग पर चलना चाहता था, आंखों पर पट्टी बांधे हुए स्कूटर चलाना चाहता था जबकि पन्द्रह बरस की उम्र में भी वह साइकिल नहीं सीख सका था। मैं उसकी गप्पों, देशी शराब की तीखी गंध और भुने हुए मांस और मछलियों की दुकानों को, अपने सर्कस के स्वप्न के लिए सहता रहता।

'अब तू मुझे मटरू के साथ नहीं दीखना.....' मां कहती।

'ये लोग गाय का गोश्त नहीं खाते हैं मां.....' मैं कहता।

'लेकिन उनके घर में लोग शराब पीते हैं..... वहां जुआ खेलते हैं...... श्रीरंगा बता रहा था कि मटरू भी बीड़ी पीता है.....'

'वह झूठ बोलता है..... उसने मेरे सामने आज तक.....'

'मैंने एक बार कह दिया..... मुझे तेरी दलीलें नहीं सुननी हैं.....

उस वक्त मुझे मां और श्रीरंगा दर्जी पर गुस्सा आता। अपने सर्कस का सपना टूटता नजर आता। 'यह दर्जी मरता क्यों नहीं' मैं लालटेन साफ करते-करते सोचता। बारिश में लालटेन तैयार रखनी पड़ती। यह मेरा काम था। छोटी बहन उस समय पिछवाड़े के दड़बे में रखे हुए कबूतरों को दाना डालती रहती। कहीं दूर से गिरजे की घंटियां सुनायी देतीं। गिरजे की घंटियों से मुझे मार्था की मम्मी का खयाल आने लगता। मैं सोचने लगता कि अब वह अपने पियानो पर बैठी होगी। उसकी गोरी और लम्बी अंगुलियां, पियानो पर [illegible] थीं। कभी-कभी नानी के लिए नीम की पत्तियां, जामुन और बेर लेने के लिए मैं मार्था के विक्टोरियन शैली के बंगले में जाता। सुबह का वक्त रहा, तो मार्था और उसकी मां बरामदे में ही चाय, नाश्ता और अखबार के साथ बैठे हुए नजर आते। शाम का समय पियानो का समय होता।

मैं बाहर माली से बातचीत करता रहता और बंगले की एक खिड़की पर शाम की रोशनी और पियानो की आवाज उतरती रहती। फिर कुछ देर के लिए पियानो का बजना बंद हो जाता और बाहर मार्था की सुन्दर, विधवा और युवा मां और उसकी बेहद नाजुक आवाज लौटती। उनकी आवाज में न तो अजरा की आवाज की कर्कशता थी और न ही नानी की आवाज का बुढ़ापा।

'यहां क्या रंडियों का नाच हो रहा है.....' इस तरह अजरा चिल्लाती।

यह अजरा और उसकी मां के बीच की बहस और लड़ाई का वक्त रहता। जैसे-जैसे लड़ाई का शोर बढ़ता, लड़नेवालों का गुस्सा बढ़ता, वैसे-वैसे बच्चों की भीड़ उनके दरवाजे पर और बड़ों की आंखें अपने-अपने दरवाजों पर थमने लगतीं। मटरू का कुत्ता भी भौंकने लगता। श्रीरंगा दर्जी हंसता रहता। नानी कुछ-कुछ बुदबुदाती रहती। अजरा के हाथ में रसोई का चाकू चमकने लगता। उसकी मां रोने लगती। फिर अजरा का क्रोध में डूबा हुआ चेहरा बाहर आता और वह दुबारा चीखकर कहती 'क्या ये छिनालों का घर है ..... तुम लोग अपने-अपने घर में क्यों नहीं मरते ..... अपनी-अपनी मां के ......' अजरा की गालियां, सबके दरवाजों को बंद कर देतीं। धीरे-धीरे सब जगह शांति छा जाती लेकिन मटरू के कुत्ते का भौंकना जारी ही रहता।

'ये लोग बहुत गंदे हैं..... तू उनके घर के सामने क्यों गया था' मां कहती।

जब वह यह कहती, तब कभी-कभी मैं ही नंगा रहता। उसके हाथ मेरी कनपटी और नंगी देह पर साबुन मलते रहते। नल से पानी गिरता रहता। पिछवाड़े कबूतर दाना चुगते रहते। यह मां की छुट्टी का दिन होता। उस रोज मैं घर के बाहर नहीं निकल पाता। मटरू बीच-बीच में खिड़की से झांक जाता। मां रसोई में रहती और अपने वार्ड के मरीजों के बारे में भला-बुरा कहती रहती। मैं आज सोचता हूं कि मां एक सनकी, चिड़चिड़ी और जिद्दी नर्स रही होगी, कभी-कभी मां उनके वार्ड के कमरे में बैठे हुए महसूस करता कि उसे बीमार, बूढ़ों और बच्चों पर भी गुस्सा आने लगता। बूढ़े मरीज मां से डरते थे और बच्चे उसकी उपस्थिति में निराश और नीरस बने रहते।

'यहां सब गांव - खेड़ों से आते हैं ..... अनपढ़ और जाहिल ..... अस्पताल को अपना घर समझते हैं ..... दूध और अंडे को देखकर उनकी आंखें चमकने लगती हैं .....' यह सब मां मेरी छोटी बहन के पास कहती थी। मैं अपना होमवर्क करते हुए, रसोई या बरामदे से उसकी शिकायतें सुनता रहता। मां खुद ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थीं। बाबा की अचानक मौत न होती, तो उसे यह नौकरी भी नहीं मिलती। ऐसा मैं आज सोचता हूं। उन बरसों में मुझमें ही गरीब, देहाती, अनपढ़ और बूढ़ों के लिए कौन-सी सहानुभूति रहती थी? पड़ोस की नानी, मुझे कितना कुछ देती रहती, कितनी बार मैं उनके दिये पैसों से समोसे खाता, बायस्कोप देखता, झूला झूलता लेकिन उनके छोटे-छोटे कामों को न करने के बहाने ढूंढ़ता, उनके लिए मार्था के बगीचे से मिले हुए जामुन और बेर का, एक बड़ा हिस्सा खुद खा जाता।

हम सबको अपने पड़ोसियों की मदद करनी चाहिए... नानी कहती थी।

इस बात के बाइबिल से रिश्ते को मैंने बहुत दिनों के बाद जाना। अब लगता है कि खुद नानी ही अजरा और उसकी मां से मटरू और उसके चाचा से, श्रीरंगा दर्जी और उसके यहां आने वाली औरतों से चिढ़ती थी, नफरत करती थी। मेरी मां को अजरा का मुसलमान होना अच्छा नहीं लगता लेकिन सर्कस के दिनों में फ्री पास के लिए वह मेरी छोटी बहन को उनके घर भेजना नहीं भूलतीं। श्रीरंगा दर्जी भी, सर्कस के दिनों में, अजरा के यहां हालचाल पूछने के लिए जाने लगता। आज इन सब लोगों में से कोई भी जीवित नहीं है। उनकी और उनके साथ बीते बरसों की याद करना, जीवन को जीवन की गहराइयों और सच्चाइयों को समझना भी है।

'जिंदगी में क्या-क्या और कितना कुछ समझना है..... इसका बचपन में किसे होश रहता है..... जब होश आता है तब बचपन रहता ही कहां है.....'

इस तरह की गमगीन और गंभीर बातें, अम्मा के वार्ड में एडमिट एक अधेड़, सांवली, चश्मा पहनी हुई मरीज कहती थी। उस नौकरीपेशा महिला की जवान लड़की हर शाम अपनी मां के लिए टिफिन के साथ-साथ अखबार, पत्रिकाएं, चिट्ठियां और किताबें भी लातीं। मैं जब कभी अपने पलंग पर लेटे हुए उस महिला को पुस्तक पढ़ते हुए देखता तब-तब हैरानी होती कि कोई इतनी बड़ी औरत, इस तरह बीमार होने के बावजूद अपना बहुत-सा समय पढ़ते हुए बिता सकती है। इन बरसों में, किताब का मतलब बस स्कूल की किताबों से था। उस महिला के साथ बीती अपनी पन्द्रह-बीस शामों में ही मैंने किताब के दूसरे अर्थों को, दूसरे आयामों को अपने लिए खोजा था, अपने करीब पाया था। 'मार्था भी खूब पढ़ती है......' मटरू कहता था।

मटरू के हाथ चिकने और महंगे कागज पर छपी एक विदेशी पत्रिका लगी थी। उस बड़ी-सी पत्रिका को हम दोनों ने कैथेड्रल के पिछवाड़े के नीलगिरी के पेड़ों के नीचे बैठकर, डरते-डरते देखा था। मेरे लिए उन गूढ़ दृश्यों को समझना मुश्किल था लेकिन मटरू की उन चित्रों पर कमेंटरी से वह पत्रिका गूढ़ तो नहीं रह गयी किन्तु गंदी, गलीज और गैरजरूरी जरूर हो गयी। मटरू ने कैथेड्रल से लौटते वक्त पैवेलियन के पास पेशाब करते हुए बताया कि वह पत्रिका उसके चाचा के बिस्तर के नीचे रखी रहती है। तब मुझे नानी के बिस्तर के करीब रखे हुए नीले कवर के बाइबिल का, मां के अस्पताल में एडमिट महिला की किताबों का भी खयाल आया था। किताबों की दुनिया में तरह-तरह की किताबें थीं। मनुष्य के संसार में तरह-तरह के मनुष्य थे। यह उस मरीज महिला ने कहा था।

मां के अस्पताल की उस मरीज महिला के अस्पताल से जाते वक्त, मैं चौथी को पीछे छोड़ रहा था। उसके बाद गर्मियों की लम्बी छुट्टियां आयीं। शहर में भयानक दंगे हुए। कितने ही मामूली और मासूम लोगों को दंगों में मरना पड़ा। शहर में कर्फ्यू भी लगा। मकान जलते रहे। गोलियां चलने और जान बचाने के लिए लोगों के चीखने की आवाजें आती रहीं। जब शहर शांत हो गया तो मैंने पब्लिक लाइब्रेरी में जाना शुरू किया। बच्चों की पत्रिकाओं और किताबों की संगत ने मेरी दिनचर्या को ही बदल दिया। [illegible] मुझे बहुत ही भले आदमी थे। [illegible] बहुत खूबी से कितने मीठे हैं, कितने लोग कितना ज्यादा खाना [illegible] के लिए सोचते हैं।

मेरी विधवा बुआ जब कभी हमारे यहां आतीं, हम बच्चों को बाहर की चीजों से बचाने के लिए मां को हिदायतें देती। बाहर की चीजों में जादू टोने, तंत्र-मंत्र, चौराहों पर जलते मिट्टी के दिये, पीले रंग की सात गठानें, रास्ता पार करती बिल्ली, सड़क से गुजरती अर्थियां थीं। बुआ भी अपने साथ बाहर की एक दिलचस्प चीज लाती थी। उस चीज को वह पच्चीसी कहती जिसे दुपहर के भोजन के बाद हम चारों खेलते थे। उस खेल से महाभारत के रिश्ते को बुआ से ही जाना था।

लाइब्रेरी और पुस्तकों से पहचान होते ही, मेरे दोस्त छूटने लगे।

'तू आजकल किस दुनिया में रहता है.....' मटरू कहता।

'तेरे लिए पेस्ट्री रखी थी..... तू आजकल दीखता ही नहीं।' नानी कहती।

'कुछ बहन का भी ख्याल रख....घर में अकेली रहती है.... मां कहती।

किन्तु जब मां ने मेरे अंदर और बाहर के बदलावों को पहचानना शुरू किया, तब वह स्वयं मुझे सैकेण्ड हैंड किताबों की फुटपाथ की दुकानों में साथ ले जाने लगी। उन दुकानों तक पहुंचने के लिए ही मैं पहली बार बस में बैठा। कभी-कभी हम तीनों पुरानी पुस्तकों की उन दुकानों से होते हुए चिड़ियाघर, म्युजियम और पार्क में जाने लगे। हम तीनों की तस्वीर भी उन गर्मियों में खिंचवायी गयी और आइसक्रीम से मेरे गहरे लगाव की शुरुआत भी उन अविस्मरणीय और आत्मीय, गर्मियों और छुट्टियों के दिनों में हुई थी।

अब श्रीरंगा के मकान की मिट्टी की दीवारों, देशी कवेलियों से मेरा गेंद नहीं टकराता था और वह मुझे छोकरा नहीं, बाबा कहने लगा। अब अजरा के यहां कोई नया रिकार्ड आता तो वह स्वयं मुझे बुलाने के लिए आती। फिर बारिश के दिन आये और मैं सिटी बस से दूसरे स्कूल में जाने लगा। दूसरे स्कूल की दीवारें लाल थीं। उसके मैदान में गोल चबूतरों पर बहुत बूढ़े अमलतास के पेड़ थे। स्कूल की शुरुआत गुलमोहर के पेड़ से होती थी, जिसके नीचे एक बूढ़ा और अंधा फकीर बैठा रहता। अब मैं जूते पहनने लगा था। मेरे बालों पर तेल लगाया जाता और वह पहले की तरह अस्तव्यस्त नहीं रहते। मैं अब बहुत कम बोलने लगा। मैं बड़ा हो रहा था। अपनी उम्र के ग्यारह बरस पास कर रहा था।

स्कूल बदलने के बाद के दिनों में, किसी-किसी शाम को जब मैं मंदिर से लौटता रहता तब मार्था को अपने बंगले और बगीचे के गेट पर खड़ी उसे देखकर मेरी आंखें झुक जातीं। मैं एक तरह की शर्म में भीग जाता। मुझे उस तरह मुंह चुराते हुए देखकर, उसे हैरानी होती कि क्या मैं वही शरारती लड़का हूं, जो उनके कुत्ते को छेड़ा करता था, उनके फूलों को बिना इजाजत लिए हुए तोड़ता था, मटरू की सिरफिरी चिट्ठियों को उस तक पहुंचाता था। यह सब मार्था ने ही मुझे बताया था। नानी की मौत के दिन से ही मेरी और मार्था की दोस्ती की शुरुआत हो गयी।

किसी-किसी रविवार की दुपहर को अंग्रेजी का व्याकरण सीखने के लिए मैं मार्था के बंगले में जाता। व्याकरण तो वहां कम ही सीख पाता किन्तु मार्था की बातें, उसकी बहुत कुछ करने की इच्छा, कुछ बन पाने के लिए उसकी निष्ठा मेरे भीतर को गहरे तक छू जाती। मैं उसकी इच्छाओं को अपने भीतर उतरते हुए महसूस करता। मैं भी उसकी तरह देर-देर तक पढ़ता रहता। मां के कामों में हाथ बटाता और छोटी बहन का बराबर खयाल रखता। आज लगता है कि मां के अस्पताल की उस महिला मरीज और मार्था से मेरी पहचान न होती, तो मैं भी मटरू की तरह बीच में ही स्कूल छोड़ सकता था, आवारा बनकर भटकता रहता, बेरोजगारी के बोझ से किसी शराब की दुकान में सेल्समैन हो जाता।

मैं मटरू होने से बच गया। मार्था ने मेरी मदद न की होती तो मैं भी मटरू के रास्ते पर भटक सकता था। आज भी कभी-कभी, अपना गणित का पीरियड पढ़ाकर, कॉलेज के गलियारे से स्टाफ-रूम की तरफ लौटता हूं, तो कहीं से आवाज आती है ..... मार्था ..... मार्था .... मार्था .... और मैं सीढ़ियों की शुरुआत के पास रुककर सोचता हूं कि इस वक्त मार्था कहां होगी..... कैसी होगी? मार्था की याद में पुराने कॉलेज की सीढ़ियों पर दुबारा लगता है कि कोई कह रहा है ..... मार्था मार्था ..... और वहां से यह आवाज आती मालूम होती है [illegible] कबूतर को देख नहीं पाती, सिर्फ उसकी फड़फड़ाहट को सुन पाता हूं। मार्था ..... क्या मैं तुम्हें इस जन्म में कभी भी देख नहीं पाऊंगा ..... कहीं भी सुन नहीं पाऊंगा.......?

कविता

प्रियदर्शन

एक नदी बहती हुई

एक

उदास कुहरे के लिहाफ में
सर्दियों की सुबह में कुनमुनाती
उस नदी से मत पूछना
उसके प्रवाह की कथा
जिससे लिपटी हुई है
अनंत सदियों की यात्रा।
इसके सीने में समाया हुआ
अंतहीन और खुद को बार-बार दुहराता
इतिहास
वर्तमान के किसी कोलाहल में
कहां-कहां व्यक्त होता है
तुम नहीं समझ सकते।
दृश्यों की सीमा से परे जाकर
जो धुंधली-सी स्मृति
क्षितिज की तरह
अपने पूरे विस्तार में पसरी हुई है
तुम्हारे 'होने' पर
उसकी गाथा नदी जानती तो है
कह नहीं सकती।
तुम तो नदी से पूछना
बस उसके सारे पते
वह सारे तटबंध, जिन्हें वह
रोज धोती-बुहारती है
चट्टानों की वह सारी बातें
जिनसे लिपट कर रात के एकांत में
अपने अनंत दर्दों को निचोड़ती
कराहती है नदी
उन्हीं बिछुड़े हुए दर्दों में होंगी।
तुम्हारी अनाम गाथाएं
उन्हें धीरे-धीरे बटोरना
और चुपचाप चले जाना
नदी से दूर, बहुत दूर।

दो

कितनी उदास और अकेली होती है
उन जगहों पर मटमैली पृथ्वी
जहां मनुष्य नहीं होते।
जब काली-अंधेरी रात गहराती है
एक कूबड़ सा उठ आता है
पृथ्वी के उन हिस्सों पर
और अकेले में कलपती है पृथ्वी।
धीरे-धीरे उठता है बूढ़ा समुद्र
और सहलाता है
पृथ्वी का कूबड़
अकेले-चुपचाप खड़े,
अपनी ऊंचाइयों, अपना घनापन और विस्तार खो रहे
आदिम जंगल
बगल में बह रही उदास नदी से पूछते हैं
कहां रहता है वह आदमी
जो बहुत वर्षों पहले
रास्ता भूलकर
इधर चला आया था
जो डोंगियां उतारता है तुम्हारे सीने में

जो पगडंडियाँ बनाता है हमारे बदन पर
जो तुम पर कविताएं और हम पर कहानियाँ लिखता है
जो कभी तुम-सा और कभी हम-सा दिखता है
जो तुम्हें बांधने और हमें काटने की चाह में
खुद बंधता, खुद कटता जाता है।
कुछ नहीं कहती नदी,
वह सिर्फ कुरेदती है अपने बगल की भुरभुरी मिट्टी
कुछ फूल चुनती है किनारे से
और थोड़ा सा अक्षत लेकर बह जाती है
उस तरफ
जिधर से आया था आदमी
वह फेंक आएगी
इन अक्षत फूलों को
उन कूलों पर
जिसके पार रहता है आदमी
और किसी को नहीं बताएगी
कि उसने उसकी आँखों में भी देखी थी
एक नदी बहती हुई।

चुनाव

यश मालवीय

आश्वासन लहराने लगे
झण्डों की तरह
आसमान छूने लगी
नारों की आवाज
इमारतों में निकल आयीं
कई-कई जोड़ा आँखें
पोस्टरों में झगड़ने लगीं तस्वीरें
बोला जाने लगा
सदी का सबसे बड़ा झूठ
कब्रिस्तान के ठीक बगल से निकला
धूल उड़ाता जुलूस,
थरथराती गाड़ियाँ,
उठकर खड़े हो गये
आँखें मलते मुर्दे
ठठाकर हँसने लगे
और फिर
लौट गये
अपनी-अपनी कब्रों में।

क्यों नहीं खरे रह पाये तालाब?

गाँधी शांति प्रतिष्ठान से अनुपम मिश्र की एक नयी किताब हाल में छपी है— आज भी खरे हैं तालाब। (पर्यावरण कक्ष, गांधी शांति प्रतिष्ठान, 221 दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नयी दिल्ली-2, पृष्ठ सं.-120, मूल्य-120 रुपये। यह किताब सामाजिक पत्रकारिता का एक बेहतरीन नमूना है, जो बताती है कि अंग्रेजों के आने से पहले और काफी हद तक उनके शासनकाल में भी भारतीय समाज ने तालाबों के रूप में अपनी जल संबंधी जरूरतों को पूरा करने की कितनी नायाब व्यवस्था कर रखी थी। अनुपम मिश्र का मानना है कि 'जब राज और समाज के बीच संवाद नहीं रहा, बल्कि इन दोनों के के बीच की दूरी सात समन्दर के बराबर हो गयी, तो धीरे-धीरे यह व्यवस्था भी तहस-नहस हो गयी।' तबाही का यह सिलसिला नये भारत में भी बदस्तूर जारी है। 'सैकड़ों-हजारों तालाब अचानक शून्य से प्रकट नहीं हुए थे। इनके पीछे एक इकाई थी बनवाने वालों की तो दहाई थी बनाने वालों की। यह इकाई, दहाई मिल कर सैकड़ा, हजार बनती थी। पिछले दो सौ बरसों में नये किस्म की थोड़ी-सी पढ़ाई पढ़ गये समाज ने इस इकाई, दहाई, सैकड़ा, हजार को शून्य ही बना दिया।'

अंग्रेजों से पहले की भारतीय समाज व्यवस्था को ले कर

••

करीब पांचवीं सदी से पन्द्रहवीं सदी तक के हजार वर्ष तक चली इस समृद्ध परम्परा को हम आजादी के बाद क्यों भुला बैठे, यह एक सोचनीय प्रश्न है? निश्चय ही कहीं न कहीं हमारी विकास नीति, शिक्षा नीति में कोई खोट है, जो हम अपने अतीत को ही खो बैठे। 'समाज ने जिस काम को इतने लम्बे समय तक बहुत व्यवस्थित रूप में किया था, उस काम को उथल-पुथल का वह दौर भी पूरी तरह से मिटा नहीं सका। अट्ठारहवीं और उन्नीसवीं सदी के अन्त तक भी जगह-जगह पर तालाब बन रहे थे।... लेकिन फिर बनाने वाले लोग धीरे-धीरे कम होते गये।'

••

पिछले वर्षों में कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकें आयी हैं, जो बताती हैं कि भारतीय व्यवस्था अपने आप में कितनी मुकम्मल थी और अंग्रेजों ने अपनी स्वार्थसिद्धि के लिए उसे किस तरह छिन्न-भिन्न कर [illegible] 'शिक्षा का सुंदर वृक्ष', रामविलास शर्मा की 'भारत में अंग्रेजी राज और मार्क्सवाद' और सुंदरलाल गुप्त की 'सोने की चिड़िया और लुटेरे अंग्रेज' आदि पुस्तकें महत्वपूर्ण हैं। 'आज भी खरे हैं तालाब' उन अभिव्यक्तियों की दिशा में एक अनूठी किताब है और निश्चय ही धर्मपाल जी के निशान को आगे बढ़ाती है।

करीब पांचवीं सदी से पन्द्रहवीं सदी तक के हजार वर्ष तक चली इस समृद्ध परम्परा को हम आजादी के बाद क्यों भुला बैठे, यह एक सोचनीय प्रश्न है? निश्चय ही कहीं न कहीं हमारी विकास

किताब

गोविन्द सिंह

नीति, शिक्षा नीति में कोई खोट है, जो हम अपने अतीत को ही खो बैठे। 'समाज ने जिस काम को इतने लम्बे समय तक बहुत व्यवस्थित रूप में किया था, उस काम को उथल-पुथल का वह दौर भी पूरी तरह से मिटा नहीं सका। अट्ठारहवीं और उन्नीसवीं सदी के अन्त तक भी जगह-जगह पर तालाब बन रहे थे।... लेकिन फिर बनाने वाले लोग धीरे-धीरे कम होते गये।'

अनुपम मिश्र लिखते हैं, 'तब जोर इस बात पर था कि अपने हिस्से में बरसने वाली एक-एक बूंद इकट्ठी कर ली जाये और संकट के समय में आसपास के क्षेत्रों में भी उसे बांट लिया जाये। वरुण देवता का प्रसाद गांव अपनी अंजुली में भर लेता था।'

आज जिस तरह से मद्रास शहर पेयजल का घोर संकट झेल रहा है, बिहार, उड़ीसा और राजस्थान के अनेक हिस्से पानी के टैंकरों के लिए टकटकी लगाये रहते हैं, उसे देखते हुए लगता है क्या हम उसी देश के वासी हैं, जहां जल संग्रह के प्रति ऐसी आस्था रही है? किताब के मुताबिक आषाढ़ के पहले दिन से भादों के अन्तिम दिन तक कोई 11 से 12 तालाब भर जाते थे और अगले जेठ तक वरुण देवता का कुछ न कुछ प्रसाद बांटते रहते थे।'

जब अंग्रेजों ने शुरू-शुरू में यहां की जल प्रबंध-व्यवस्था को तोड़ना आरम्भ किया, तो उसका विरोध हुआ। सन् 1900 के आसपास के विवाह गीतों में इस विरोध की झलक मिलती है। बारात जब पंगत में बैठती तो स्त्रियां 'फिरंगी नल मत लगवाय दियो' गीत गातीं। लेकिन नल लगते गये और जगह-जगह बने तालाब, कुओं और बावड़ियों के बदले अंग्रेज द्वारा नियंत्रित 'वाटर वर्क्स' से पानी आने लगा।'

दरअसल समस्या यह रही कि जब तक अंग्रेज सत्ता में रहे, उनके निहित स्वार्थ थे। तमाम खूबियों के बावजूद यहां की व्यवस्था उन्हें रास नहीं आती थी। लिहाजा उन्होंने उसे तोड़ा और नयी व्यवस्था दी, लेकिन असली विडम्बना तो आजादी के बाद [illegible] व्यवस्था के पोषक थे। इसलिए, फिरंगी के 'नल' का विरोध आज भले ही हमें अटपटा लग सकता है, लेकिन कहीं नजर नहीं आता। यदि अपनी जड़ों की तरफ झांकने की थोड़ी भी नीयत हमारे योजनाकारों में होती तो देवास शहर को इन्तजार नहीं करना पड़ता, जबकि इसी देवास शहर में 30 वर्ष पहले तक पानी के छोटे-बड़े अनेक तालाब थे और हमारे नये विकास नियोजकों ने उन्हें भरवा दिया और उनकी जगह मकान व कारखाने खुलवा दिये थे।

आज जिस तरह से एक राज्य का पानी दूसरे राज्य में पहुंचाया जा रहा है या सम्पन्न राज्य पानी को खरीद कर अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं और कुल मिला कर 'राष्ट्रीय वाटर ग्रिड' बनाने की मांगें उठ रही हैं, उससे लगता है कि अभी हमारी आंखें नहीं खुली हैं। साधनों के केन्द्रीकरण और विकास को जनता से काट कर देखने की दृष्टि के फलस्वरूप से अभी हमने कोई सीख नहीं ली है।

यह किताब हमारी विकासनीति पर बार-बार प्रहार करती है और हमें यह सोचने को विवश करती है कि हम अपने नजरिये को बदलें और अपनी माटी, अपनी समृद्ध परम्पराओं से अपनी नजर से भी देखें। 'मृगतृष्णा झुठलाते तालाब' शीर्षक अध्याय का वृत्तांत पढ़ कर सहज विश्वास नहीं होता कि महज 16.4 सेंटीमीटर वर्षा वाले जैसलमेर जिले में भी पानी की भरी-पूरी व्यवस्था रही है। यहां साल के 365 में से 355 दिन सूखे के गिने गये हैं' फिर भी 515 गांवों में 675 कुएं और तालाब हैं। जैसलमेर के घड़सीसर तालाब की कहानी अत्यन्त मार्मिक है कि किस तरह वहां के राजा महारावल घड़सी ने स्वयं अपनी देखरेख में यह तालाब बनवाया और तालाब की पाल पर ही उनकी मृत्यु हुई। मृत्यु के बाद भी उनकी पत्नी ने सती होने के बजाय पति के सपने को पूरा करना ज्यादा जरूरी समझा और जैसलमेर की प्रजा ने भी घड़सीसर के लिए अपना सब कुछ लुटा दिया। यहां तक कि टीलों की गणिका-टीलों ने इसका भव्य प्रवेश द्वार बनवाया। इस तरह घड़सीसर राजा प्रजा की जुगलबन्दी का एक अद्भुत गीत बन गया। पूरे राजस्थान के तालाबों के पीछे ऐसी ही प्रेरणाएं काम करती थीं और सूर्य की गर्मी में तपते राजस्थान को जल मिल पाता था।



जैसलमेर का घड़सीसर: राज और समाज की एकता का प्रतीक

किताब पढ़ कर लगता है कि यदि आज भी हमारे योजनाकारों की आंखें खुल जायें तो हमारी जल संबंधी जरूरतें काफी कम खर्च पर पूरी हो सकती हैं। अनुपम मिश्र मानते हैं, 'उपेक्षा की इस आंधी में कई तालाब फिर भी खड़े हैं। देश भर में कोई आठ से दस लाख तालाब आज भी भर रहे हैं और वरुण देवता का प्रसाद [illegible] उनकी मजबूत बनक इसका एक कारण है पर एकमात्र कारण नहीं। तब तो मजबूत पत्थर के बने किले खंडहरों में नहीं बदलते। कई तरफ से टूट चुके समाज में तालाबों की स्मृति अभी भी शेष है।'

किताब की खासियत उसकी सुन्दर सहज भाषा के साथ-साथ खूबसूरत प्रस्तुति और सज्जा है। इससे भी बड़ी गौरतलब बात यह है कि इस किताब से सैकड़ों भूले-बिसरे शब्दों से हमारा परिचय होता है। अनुवाद के इस दौर में यदि ये शब्द हमारी वास्तुकला/इंजीनियरी शब्दावली में आ सकते, तो बड़ा कल्याण होगा।

लघुकथा

ईश्वर

प्रतिभाराय

नेता चुनाव प्रचार का भाषण दे रहे थे: 'सबके सिर पर छत होगी, सबको घर, नौकरी, खाद्य, शिक्षा, स्वास्थ्य मिलेगा... हमारी सरकार आने के बाद यही हमारा पहला काम होगा.... गरीब हटाओ और गरीबी बचाओ... ही हमारा नारा है...'

नेता के पास का आदमी आहिस्ते से बोले, 'सर, आपने बात उल्टी कह दी।'

'कोई बात नहीं, चलेगा, सिर्फ हमारी सरकार ही नहीं, सभी सरकारें जो कहती हैं, उसके विपरीत करती हैं... उसके बाद ये मूर्ख फुटपाथ पर जीने वाले लोग यह गलती समझ नहीं पाएंगे। तुम काहे तिल का ताड़ बना रहे हो?' नेता ने अपने पास बैठे आदमी पर नाराजगी व्यक्त कर फिर से भाषण शुरू कर दिया, 'सबके लिए घर होगा, क्योंकि गरीबों के भीतर ही ईश्वर का निवास होता है... गरीबों की पूजा ही वास्तव में ईश्वर आराधना है। हमारी सरकार खून खराबे की भी परवाह नहीं करेगी... हमारे ईश्वर अभी धूप, बरसात, ठंड में बेघर रह रहे हैं...' नेता की ऊंची आवाज और भी तेज होकर आकाश में प्रतिध्वनित होने लगी।

फुटपाथवासी गरीब लोग 'जिंदाबाद जिंदाबाद' कह कर नेता के स्वर को दुगुना किये जा रहे थे। गरीब जनता आनंदित हो रही थी, अब सरकार गरीबों के लिए मंदिर बनवायेगी, क्योंकि गरीबों के जीर्ण पंजर के भीतर ईश्वर का निवास है, सरकार ईश्वर को पहचान पायी है।

मंदिर के निर्माण में कुछ लोग विरोध कर रहे हैं, क्योंकि वे लोग ईश्वर को पहचान नहीं पाये हैं। मंदिर के निर्माण के लिए

गरीब जनता आनंदित हो रही थी, अब सरकार गरीबों के लिए मंदिर बनवायेगी, क्योंकि गरीबों के जीर्ण पंजर के भीतर ईश्वर का निवास है, सरकार ईश्वर को पहचान पायी है।

घमासान आंदोलन चलेगा। रक्तपात के भय से सरकार पीछे नहीं हटेगी। आंदोलन के लिए योद्धा आवश्यक हैं और इन सैनिकों की आवश्यकता के लिए गरीब जनता सदैव रही है, क्योंकि गरीबों की पूजा निस्वार्थ होती है— उनके पास न धन है और न क्षमता। इसलिए नुकसान की कोई गुंजाइश भी नहीं है। धनवान भीरु हुआ करते हैं— उन्हें धन, क्षमता, आसन (कुर्सी), यश, हर चीज की हानि का भय होता है... इसीलिए डरते— डरते वे लोग हमेशा मरते हैं। तभी तो जुलूस में गरीब लोग आगे होते हैं। और फिर मंदिर अगर उन्हीं गरीबों के लिए बन रहा है, तब तो जुलूस में उन्हें जाना ही होगा।

पीछे— पीछे नेता के शांत ताप, गोला बारूद, बुलेट निरोधक रथ... उनका भाषण चारों ओर फैल रहा था— गरीबों के हृदय के भीतर ईश्वर छिपे हुए थे। उस ईश्वर को तलाशना होगा। उनके लिए मंदिर का निर्माण हमारा संकल्प है। आवश्यक हुआ तो गरीब का हृदय चीर कर हम ईश्वर को दिखा देंगे... खून खराबे से हम नहीं घबराते...

नेता के स्वर से गोलियों की वर्षा होने लगी, मगर गोली निरोधक रथ के भीतर नेता का स्वर अक्षत और अटूट बना हुआ था।

गरीबी हटाने के लिए नेता खून खराबा करने से पीछे नहीं हटेंगे...। रथ आगे बढ़ा जा रहा था। गरीब का हृदय भेद कर खून से लथपथ ईश्वर रथ के चक्के के नीचे चीत्कार कर रहे थे।

'ईश्वर की मृत्यु नहीं है, चलो— बढ़े चलो— घबराते क्यों कोई बात नहीं, नेता ने आदेश दिया और रथ आगे बढ़ गया।

अनुवाद: सिद्धार्थ मानसिंह महापात्र

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सरोकार

केवल आनंद जोशी

श्रीयंत्र: आज के वैज्ञानिक जिसे अजूबा मानते हैं!

जिस प्रकार आज एक सिद्ध पुरुष के पास समय देखने के लिए घड़ी, यात्रा के लिए मोटर गाड़ी, खाना पकाने के लिए कुकिंग रेंज तथा गैस चूल्हा, लिखने के लिए विद्युत चालित टंकण मशीन, अंकगणना के लिए कैलकुलेटर तथा मुद्रण के लिए प्रिंटिंग उपक्रम से लेकर लेजर प्रणाली तथा चित्र खींचने के लिए कैमरा, एक्स-रे से लेकर युद्धों का संचालन करने के लिए राडार, मिसाइल, राकेट जैसे यंत्रों को विज्ञान ने सेवा में ले लिया है, वैसे ही प्राचीन वैदिक युग की सम्पदा है आध्यात्मिक यंत्र, जो कि मंत्र-तंत्र से सिद्ध किए जाते थे और साधक को मनोवांछित फल देते थे। इस श्रृंखला में सबसे पहले आता है श्रीयंत्र, जिसकी ज्यामितीय संरचना वैज्ञानिकों के लिए आज भी एक पहेली बनी हुई है। इसका आध्यात्मिक पक्ष इतना स्वच्छ और अनुकरणीय है कि प्रत्येक आस्थावान परिवार के बीच इसकी उपलब्धि एक वरदान मानी जाती है। आज के वैज्ञानिक यंत्र कुछ ही समय के बाद खराब या अनुपयोगी हो जाते हैं, लेकिन प्राचीनकाल में अनुमोदित यंत्र इस खतरे से बाहर थे अर्थात एक बार का सिद्धि कृत यंत्र सदैव, बिना खराबी के धारणकर्ता को लाभ पहुंचाता रहता था।

यहां श्रीयंत्र के संदर्भ में ही जो बात उठाई जा रही है, उसको हम धीरे-धीरे आध्यात्मिक यंत्र की संज्ञा देकर वैज्ञानिक नाशवान यंत्र से अलग ले जायेंगे। प्राचीनकाल में बाहरी आडम्बरपूर्ण यंत्रों का निश्चय ही अभाव था, किन्तु इसका अर्थ यह कदापि नहीं लगाना चाहिए कि प्राचीनकाल के लोग इस प्रकार के भौतिक यंत्र-ज्ञान से अपरिचित थे, क्योंकि पुराशास्त्रों में ऐसे अनेक प्रमाण मिलते हैं...

...यंत्र कभी-कभी पराश्रयी होने के कारण स्वतंत्रता में बाधक हो जाते हैं तो कभी-कभी उनके प्रयोग से विपरीत परिणाम भी निकल आते हैं, जो अनिष्टकारी सिद्ध होते हैं।

आध्यात्मिक यंत्र आत्मयंत्र पर निर्भर रहते हैं। व्यक्ति अपनी अभिरुचि के अनुसार इनका प्रयोग कर सकता है। ये शुद्ध रूप से स्वाश्रयी होते हैं। स्वयं साधना रूप प्रयत्न से साध्य होने के कारण...

...प्रभाव जान सकें। तद्नुसार कुछ प्रयोग करने पर यह भी देखा गया है कि इन आध्यात्मिक यंत्रों के आधार से उन यंत्रों में शारीरिक और मानसिक प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित हो जाते हैं।

यंत्र केवल रेखाओं और त्रिकोण आदि से बचे ज्यामिती विज्ञान के प्रदर्शक चित्र ही नहीं हैं, उनकी रचना विशेष आध्यात्मिक दृष्टिकोण से की जाती है। जिस प्रकार से विभिन्न प्रकार के देवी...

> यंत्र केवल रेखाओं और त्रिकोण आदि से बचे ज्यामिती विज्ञान के प्रदर्शक चित्र ही नहीं हैं, उनकी रचना विशेष आध्यात्मिक दृष्टिकोण से की जाती है। जिस प्रकार से विभिन्न प्रकार के देवी देवताओं के रंग रूप के रहस्य होते हैं, उसी तरह सभी यंत्र विशेष उद्देश्य से बनाये गये हैं ताकि उसका ध्यान कर सकें। वास्तव में यंत्रों में पिण्ड और ब्रह्माण्ड का दर्शन पिरोया हुआ है।

...फैलती तथा स्थिर करती है। अनेक ग्रह-उपग्रह इसी आकर्षण सिद्धांत से टिके हुए मालूम पड़ते हैं। सारी पृथ्वी और ब्रह्माण्ड उसी बिन्दु रूपी नाभि के चारों ओर घूम रहे हैं। जल में वनस्पति वृक्ष तथा विविध प्राणियों की उत्पत्ति और फिर मानव की उत्पत्ति, आदित्य या अग्नि के कारण है। अतः प्राण-दातृ आदित्य प्राणिमात्र का प्रसविता कहा जाता है। विलयक्रम में पृथ्वी जल में, जल अग्नि में, अग्नि वायु में तथा वायु आकाश में लीन होकर पुनः बिन्दु रूप में आ जाती है...

भविष्यफल

रविवार 14 नवम्बर से शनिवार 20 नवम्बर तक

मेष : इस सप्ताह में आर्थिक मामलों में चिन्तित होंगे। लाभ के स्रोत उपलब्ध होंगे। छोटों से लाभान्वित होंगे। विरोधी प्रबल हैं। छोटों के सम्बन्ध में चिन्तित होंगे। किसी शुभ-कार्य के सम्बन्ध में व्यस्तता बढ़ेगी। व्यय-भार बढ़ेगा। परिश्रम व्यर्थ सिद्ध होगा। व्यस्तता अधिक होगी। परिवार के सदस्य महत्वाकांक्षी हो सकते हैं। यात्रा आवश्यक होगी। धन-संचय करने की सम्भावना है।

वृष : इस सप्ताह भाग्य साथ देगा। किसी महत्वपूर्ण उपलब्धि की सम्भावना है। धन-लाभ होगा तथा परिवार की मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सुख-साधनों में वृद्धि होगी। शुभ आयोजन की भी सम्भावना है। शुभचिन्तक मित्रों का सहयोग मिलेगा, लाभ के लिए काम करेंगे। पारिवारिक विषयों में अर्थ के प्रकरणों पर असन्तोष को भुला देना ठीक होगा, अन्यथा परिणाम विपरीत होंगे। जीवन-साथी की आवश्यकताएं पूरी करना कठिन लग सकता है।

मिथुन : इस सप्ताह में साथियों तथा अधिकारी वर्ग से अपेक्षा व्यर्थ रहेगी। अपना काम स्वयं निपटाएं। कार्यक्षेत्र की स्थिति संतोषजनक नहीं होगी। दाम्पत्य सुख की पूर्ति के लिए अन्य सम्बन्धों का आकर्षण उलझन में डाल देगा। शरीर अस्वस्थ हो सकता है। स्वभाव तथा हृदय रोग के प्रति सावधानी अपेक्षित है। विरोधी बढ़ेंगे। व्यय-भार बढ़ेगा। किसी योजना व्यय में कटौती करना कठिन होगा।

...

आलोचकों और विरोधियों से परेशानी सम्भव है। नियमित कार्य में रुकावट आयेगी। दाम्पत्य जीवन में मतैक्य कठिन होगा।

मीन : इस सप्ताह में शुभ कार्य में व्यस्तता रहेगी। पारिवारिक सुख-सुविधाएं अस्त-व्यस्त होंगी। अशान्ति के कारण लक्ष्य प्राप्ति में बाधाएं आयेंगी। नया अनुबंध होगा, अधिकारी तथा वरिष्ठों का अनुग्रह प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण सूचना भाग्यवर्धक हो सकती है। यात्रा करेंगे और किसी आयोजन में भाग लेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में स्थिरता से काम लें। आय की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा। व्यय में कमी कठिन होगी।

त्यौहार/व्रत

28 नवम्बर— सत्यनारायण व्रत। त्रिपुरोत्सव मेला। पुष्कर राज (राजस्थान), रेणुका तीर्थ मेला आरंभ, गढ़गंगा (उ.प्र.)

29 नवम्बर— पूर्णिमा स्नान दान। पुण्यकाल अपराह्न तक। श्री गुरुनानक देव जयन्ती। भीष्मपंचक समाप्त। मन्वादि मेला पुष्कर राज (समाप्त) मेला रामतीर्थकपाल मोचन (उ.प्र.)

30 नवम्बर— बटेश्वर मेला समाप्त।

3 दिसम्बर— रत्नांकुर मुहूर्त श्रेष्ठ अपराह्न के उपरान्त।

4 दिसम्बर— श्री सुविधिनाथ जयन्ती, दीक्षा दिवस (जैन)।

पं. केवल आनन्द जोशी

दस्तावेज / जवाहर लाल नेहरू

हमारी सांस्कृतिक विरासत

सभ्यता के उषा-काल से लेकर आज तक हिंदुस्तान के मस्तिष्क में, एकता का एक स्वप्न बराबर रहा है। इस एकता की कल्पना इस तरह से नहीं की गई कि मानो यह बाहर से आरोपित वस्तु हो, या बाहरी बातों या विश्वासों तक में एकरूपता आ जाय। यह कुछ और ही गहरी वस्तु थी-इसके क्षेत्र के भीतर रीति-रिवाजों और विश्वासों की ओर अधिक से अधिक सहिष्णुता बरती गई है और उनके सभी अलग-अलग रूपों को स्वीकार किया गया है और उन्हें बढ़ावा दिया गया है।

मैं समझता हूं कि हममें से सभी ने, अपनी जन्मभूमि की अलग-अलग तस्वीर बना रखी होगी और कोई दो आदमी एक-सा विचार न रखते होंगे। जब मैं हिंदुस्तान के बारे में सोचता हूं, तो कई बातों का ध्यान आता है-दूर तक फैले हुए मैदानों का, जिन पर अनगिनत छोटे-छोटे गांव बसे हुए हैं, इन शहरों और...

...परिचित थी। एक-एक घटना और उपदेश उनके मन में टंके हुए थे और इस तरह उनके दिमाग भरे-पूरे थे। अनपढ़ देहातियों को भी सैकड़ों पद्य जबानी याद थे और उनकी बातचीत में इनके या किसी प्राचीन कथा या उपदेश के हवाले... बात पर अचरज होता था कि गांव के लोग आजकल की साधारण बातों को साहित्यिक पैराया देते थे। अगर मेरे दिमाग में लिखे हुए इतिहास और कमोबेश जाने हुए वाक्यों के चित्र भरे हुए थे, तो मैंने अनुभव किया कि अनपढ़ किसान के दिमाग में भी एक चित्रशाला थी ही, इसका आधार परंपरा, पुराण की कथाएं और महाकाव्य के नायक और नायिकाओं के चरित्र थे। इसमें इतिहास कम था, फिर भी चित्र काफी सजीव थे।

एक राष्ट्र की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और चेतन या अचेतन उद्देश्य की यह एक अच्छी कसौटी है कि किस तरह के नेता को वह स्वीकार करती है। पुरानी हिंदुस्तानी सभ्यता, या भारतीय आर्य-संस्कृति में धर्म का विचार एक केंद्रीय विचार था...

अपनों से दूर दीवाली की उदासी

...उस दिन जो मार पड़ी, तलाक के बाद ही जाकर खत्म हुई। चंदा बोलती गयी, वह हर दीवाली पर जुआ खेलते और शराब पीते। जुए में हारकर जब वह घर लौटते तो मुझे मनहूस कहकर मारते-पीटते। अब तो बस सिर्फ यादें ही रह गयी हैं। दीवाली क्या मनाएं।

राजस्थान के रजत दिल्ली में नौकरी के कारण आ बसे। रजत के अनुसार रोटी रोजी कभी-कभी अपनों से बहुत दूर ले जाती है। बताते हैं कि वह हर बार दीवाली पर घर जाने की सोचते हैं लेकिन जा नहीं पाते। क्योंकि दीवाली उन्हें शुरू से ही परिवारवालों के साथ ही मनानी अच्छी लगती है। रजत ने बताया कि शुरू-शुरू में वह दीवाली मनाने अपने मित्र के घर चले जाया करते थे क्योंकि जिस कॉलोनी में वह रहते हैं, वहां एक दूसरे से कोई नातल्ब नहीं रखता। रजत ने बताया कि पिछले चार वर्षों से वह दीवाली नहीं मना पाये हैं क्योंकि मात्र दीये जला लेने को वह दीवाली नहीं मानते। उनके अनुसार दीवाली पर दिये जला लेना तो केवल खानपूर्ति करना है। दीवाली तो वह होती है, जिसे अपनों के साथ मिलकर हंसते हुए मनायी जाये। रजत बताते हैं कि उनके दीवाली के इस शौक को देखते हुए उनके एक मित्र ने उन्हें दीवाली पर अपने घर आने को कहा। इस कारण वह हर दीवाली पर अपने मित्र के बच्चों के लिए ढेर सारे पटाखे व मिठाइयां ले जाते थे। लेकिन मित्र की पत्नी को शायद उनका आना अच्छा नहीं लगा। अब वह शाम को ही घर से बाहर निकल जाते हैं और देर रात लौट कर कमरे में चुपचाप सो जाते हैं...

...अब उसी त्यौहार के आने पर मन उदास हो जाता है क्योंकि हम सब लड़कियां आपस में पैसे इकट्ठा करके दिये व मिठाइयां तो ले आती हैं। लेकिन पटाखे चलाने का शौक बहुत कम लड़कियों को है इसलिए होस्टल में रहकर मैं अपना यह शौक पूरा नहीं कर पाती हूं। दिलप्रीत ने बताया कि दीवाली के दिन मुझे घरवालों की बहुत याद आती है और बिस्तर पर लेटे लेटे मैं यही सोचती रहती हूं कि घर पर इस वक्त दीवाली सब लोग आपस में मिल कर कैसे मना रहे होंगे। और मुझे अपना बचपन की सभी दीवालियां याद आने लगती हैं।

निशा दलाल पिछले छह वर्षों से लंदन में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद दिल्ली के सरोजिनी होस्टल में पिछले कुछ दिनों से रह रही है। निशा ने बताया कि छह वर्षों में उसने दीवाली का दिन बहुत मुश्किल से जिया है लेकिन इस बार निशा ने प्रण किया है कि वह दीवाली पर अपने माता पिता के पास जरूर राजकोट जायेगी। न जाने फिर जीवन में दीवाली मनाने का मौका कब मिले।

निशा का कहना था कि मैं सारी जिंदगी अकेले बिता सकती हूं लेकिन दीवाली का दिन नहीं। यही कारण है कि विदेश में रहने के बावजूद मैं दीवाली पर अपने मित्रों को अपने घर बुला लेती थी। एक बार दिवाली पर मेरी कोई भी सहेली नहीं आ पायी। काफी रात तक मैंने अपने दोस्तों का इंतजार किया लेकिन जब कोई नहीं आया तो मैं अपनी एक सहेली के घर चली गयी। इतनी देर रात आने पर उसकी सहेली को बहुत हैरानी हुई। निशा ने... घर आई थी तो अंग्रेज सहेली की आंखों में भी आंसू आ गये।

सावित्री बलूनी

मनोरंजन

सरदार पटेल — महेश गुडलानी

कथा सरित् सागर

वर्ग पहेली

संकेत बाएं से दाएं

1. व्यवस्थापक (4) लक्ष्मी (2) 6. चटनी के काम आने वाला एक सुगंधित पौधा (3) 7. अभाव, खालीपन (3) 8. जो तेज नहीं है, हल्का (2) 10. बिन्दु जो अंक के दसवें, सौवें आदि अंश को दर्शाता है (5) 12. 'प्यास' जब 'सतानाा' हो जाता है (2) 14. पुख्ता, जिसकी कोई काट न हो (3) 15. कर्नाटक में बहने वाली एक नदी (3) 17. नाशवान (2) 18. प्रभावशाली, असरदार (4)

संकेत ऊपर से नीचे

1. बेटे का बेटा (3) 2. कैदी (2) 3. कुबेर, रुपए-पैसे वाला (4) 4. खून बहना (4) 5. पत्नी (2) 9. विवाद, घटना (3) 10. हस्तशिल्पी (4) 11. चुनौती (4) 13. 'देह' को देखो तो 'नटखट' हो गई है (3) 14. पुरी, नेत्र (2) 16. प्रवाह, तीव्रता (2)

1	2	3		■	4	5
6			■	7		
	■	8	9	■		■
■	10			11		■
■		■	12		■	13
14			■	15	16	
17		■	18			

उत्तर

बाएं से दाएं

1. प्रबंधक 4. रमा
6. पुदीना 7. रिक्तता
8. धीमा 10. दशमलव
12. लाल 14. अकाट्य
15. कावेरी 17. क्षर
18. कारगर

ऊपर से नीचे

1. प्रपुत्र 2. बंदी
3. धनाधीश
4. रक्तस्राव 5. भार्या
9. मामला 10. दस्तकार
11. ललकार 13. शरीर
14. अक्ष 16. वेग

बालवाड़ी

पाँच का नोट

दीवाली की अगली सुबह सोनू की आँख देर से खुली। रात को सब बहुत देर तक पटाखे बजाते रहे। बिस्तर में लेटने के बाद भी देर तक फुलझड़ियों की जगमगाहट तथा बम पटाखों की आवाजें उसे आनंदित करती रहीं। उसका दिल चाह रहा था कि दौड़कर बाहर दरवाजे में खड़ा होकर सारा नजारा देखता रहे...कितना मजा आ रहा था। कभी इधर से बम पटाखों की आवाज आती, तो कभी उधर से। कभी कोई हवाई सरसराती हुई सिर के ऊपर से निकल जाती थी तो कभी सामने अनार चर्खी के फव्वारे की तरह चिंगारियों की रंग बिरंगी छटा बना रहा था। हाथों में फुलझड़ियाँ थामे, बच्चे टोलियाँ बनाये यहां वहां झुण्ड बनाकर खड़े थे। इनमें से कुछ तो रईस परिवारों के थे जिनके पास पटाखों की भरमार थी और यहां वहां बच्चों की टोलियां बना कर बैठा बने धड़ाधड़ बम, पटाखे, अनार छुड़ा रहे थे और कुछ बच्चे एक-आध फुलझड़ी या पटाखा मिलने के लालच में इनके पीछे-पीछे घूम रहे थे।

कुछ बच्चे सम्पन्न परिवारों से थे, जिन्होंने अपने जेब खर्च के पैसे जोड़कर तथा दीवाली की त्यौहारी के पैसों से थोड़े बहुत पटाखे खरीदे थे, जिन्हें वह बहुत सोच समझकर थोड़ी-थोड़ी देर बाद एक-एक कर छुटाते जा रहे थे। डरते थे कि कहीं पटाखे खत्म होने के बाद उन्हें दूसरों का मुंह न ताकना पड़े। इसलिये वे अपनी इस पूंजी को अन्त तक बचाये रखना चाहते थे।

सोनू अपने दरवाजे में चुपचाप खड़ा दूर से ही सारे नजारे का आनंद उठा रहा था।

उसकी मां ने भी लक्ष्मी-पूजन के बाद उसे पांच रुपये देकर कहा था, 'बेटा बड़ी मुश्किल से ये पांच रुपये बचा पाई हूं। कितने अरमानों से एक-एक रुपया करके तेरी मिठाई और पटाखों के लिये सौ रुपये बचाकर रखे थे। सुबह तेरे पिताजी जुआ खेलने के लिए झगड़कर सब छीनकर ले गये। एक पैसा भी नहीं छोड़ा मेरे पास....' कहकर मां सिसकने लगी थी। 'इससे थोड़े से पटाखे खरीद लेना।'

कई बार उसकी इच्छा हुई कि पास जाकर फुलझड़ी हाथ में पकड़कर देखे कैसा लगता है...इतनी तेज चिंगारी छोड़ती है, हाथ नहीं जलता ।...कितना मजा आता होगा... कई बार उसने जेब में हाथ डालकर पांच के नोट को छुआ और फिर वहीं जेब में ही पड़ा रहने दिया।

चारों तरफ जलती फुलझड़ियां तथा पटाखे उसकी उत्सुकता को बढ़ा रहे थे और मन अधीर हुआ जा रहा था। कुछ ही देर में वह पटाखों की दुकान पर खड़ा था। दुकान पर अच्छी खासी भीड़ लगी हुई थी। बच्चे अपने माता पिता के साथ पटाखे खरीद रहे थे। पढ़ चढ़कर फरमाइशें कर रहे थे। 'आपके हुए नौ सौ पचहत्तर रुपये...' दुकानदार ने पटाखों का एक थैला रवि के पिताजी के हाथ में पकड़ाते हुए कहा।

'नौ सौ पचहत्तर....' सोनू बड़बड़ाया और अपनी जेब टटोली। पांच का नोट वहीं सलामत था। उसे समझ में नहीं आ रहा था, पूरी दुकान में कौन सी चीज पांच रुपये की होगी।

'यह फुलझड़ी कितने की है?' उसने डरते-डरते पूछा।

'50 रुपये दर्जन'

'एक कितने की है' उसने डरते-डरते पूछा।

'पांच रुपये की'

सुनकर कुछ राहत मिली। जेब में हाथ डाला पांच का नोट निकाला। उलट पलटकर देखा। 'एक फुलझड़ी...और नोट खत्म....और रंग बिरंगी चिंगारियां छोड़कर पांच मिनट बाद फुलझड़ी भी खत्म... सिर्फ चन्द पलों के आनंद के लिये अपनी सारी पूंजी लुटा दे...नहीं...नहीं...' उसने नोट को तह करके फिर जेब में रख लिया और वहीं अपने दरवाजे में खड़ा होकर दीवाली की जगमगाहट तथा पटाखों का आनंद उठाने लगा। आधी रात बीत जाने के बाद मां ने जबरदस्ती उसे पकड़कर सुला दिया।

तड़के ही उसकी नींद खुल गयी। साथ ही रात की सारी बातें उसके दिमाग में ताजा हो गई। वह दौड़कर दरवाजे में जा खड़ा हुआ....मगर यह क्या?....पूरी गली में बम पटाखों के अवशेषों-सफेद गुलाबी कागजों से भरी पड़ी थी। ऐसा प्रतीत होता था जैसे किसी ने रद्दी कागजों के टुकड़े-टुकड़े कर चादर-सी बिछा दी हो....इतनी बर्बादी....चारों तरफ निस्तब्धता छाई हुई थी। इतनी बरबादी देखकर सोनू की आखें विस्मय से और भी फैल गई।

'बाबूजी आपके हुये नौ सौ पचहत्तर रुपये'-इस तरह पता नहीं कितने परिवारों ने तीन चार घंटों में हजारों रुपए के पटाखे फूंक डाले होंगे।

उसके देखते जमादार सब कुछ इकट्ठा कर बोरों में भरकर ले गया। सड़क पहले की तरह साफ हो गई।

अनायास ही उसका हाथ अपनी जेब में गया। उसका पांच का नोट सुरक्षित था।

मनजीत कौर भाटिया

ब्रह्मांड की चिंता में बच्चे

क्या हम ब्रह्माण्ड में अकेले हैं? अनेक खगोल-वैज्ञानिकों का मस्तिष्क इस प्रश्न से टकराता रहा है, परन्तु अभी तक कोई निश्चित मत स्थापित नहीं हो पाया है। यह प्रश्न इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा दसवीं तक के छात्रों के लिए आयोजित 'राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी' का विषय था। इसका प्रथम चरण इस वर्ष के मार्च मास में प्रत्येक तहसील से आरम्भ हुआ और ब्लाक स्तर, जिला स्तर फिर राज्य स्तर पर आयोजित होने के बाद, प्रत्येक राज्य के विजेताओं के बीच पिछले दिनों दिल्ली के राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र में संपन्न हुआ। विभिन्न राज्यों की पारम्परिक वेषभूषा में सज-धजकर हिन्दी, अंग्रेजी तथा प्रादेशिक भाषा में इस विषय पर 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों ने खगोल वैज्ञानिकों की तरह अपने व्याख्यान दिये। इन बाल-वैज्ञानिकों ने ऋग्वेद में वर्णित 'नासदीय-सूक्त' से लेकर बिग-बैंग सिद्धांत तक का वर्णन करते हुए इस संदर्भ में विभिन्न अन्तरिक्ष कार्यक्रमों पर सारगर्भित जानकारी से सबको आश्चर्यचकित कर दिया। इस संगोष्ठी में परीक्षक के रूप में देश-विदेश के जाने-माने वैज्ञानिकों ने भी भाग लिया।

केरल की कु. शरोम कुरु-विल्ला 'राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी छात्रवृत्ति' में प्रथम स्थान पर रहीं। उन्हें छात्रवृत्ति के रूप में दो सौ रुपये प्रतिमाह दो वर्ष तक मिलेगी जबकि द्वितीय स्थान पर तमिलनाडु की कु. महिमा अशोक तथा तृतीय स्थान पर उड़ीसा के संदिग्ध सेनापति को छात्रवृत्ति के रूप में दो वर्ष तक 100/- रु. प्रतिमाह मिलेगी।

राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक खोजों के संबंध में रचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक

प्रवृति उत्पन्न करना तथा छात्र-छात्राओं में स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना जगाना है। राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र नयी दिल्ली के निदेशक श्री पी.के. भौमिक बताते हैं, इस युग में बच्चों के मानसिक स्तर के साथ-साथ बौद्धिक स्तर भी ऊँचा है, लेकिन पर्याप्त साधन-सुविधाओं के अभाव में कई प्रतिभाशाली बच्चों की जिज्ञासा अन्दर ही अन्दर तड़पती रहती है। इन्हीं प्रतिभाशाली बच्चों की जिज्ञासाओं को प्रस्फुटित करने तथा प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है।

प्रतिवर्ष यह संगोष्ठी एक प्रकार से राष्ट्र की बाल-वैज्ञानिक प्रतिभाओं का अद्भुत संगम होती है। इस संगोष्ठी के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, सेक्टर-V, ब्लाक-जी एन, साल्ट लेक सिटी, कलकत्ता-700091 (पश्चिम बंगाल) या राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, गेट नं.-1 प्रगति मैदान नयी दिल्ली-110002 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ओम प्रकाश हाथ पसारिया

आई दीवाली

दीपों के वंदनवार सजाती, आयी दीवाली
नई चेतना बिगुल बजाती, आयी दीवाली।

लिपे-पुते सबके घर आंगन, अच्छे लगते हैं
मधुर मनोहर राग सुनाती, आयी दीवाली।

होड़ लगी सबको अपना वैभव दिखलाने की
चकाचौंध उल्लास, लुटाती आयी दीवाली।

लगे हुए अम्बार मिठाई और खिलौनों के
बच्चों में हर्ष हिलोर, उठाती आयी दीवाली।

फुलझड़ी पटाखे औ' अनार के दृश्य अनोखे हैं
गुब्बारों पर मन ललचाती, आयी दीवाली।

एटमबम चला रहे धनाधन, शोर मचाते हैं
धरती अम्बर को गुंजाती, आयी दीवाली।

बूढ़े बच्चे, औ' जवान, खुशियों में डूबे हैं
सब के मन-मयूर नचाती, आयी दीवाली।

खील बताशे रोली चन्दन घर-घर में आये
लक्ष्मी पूजन ललक जगाती, आयी दीवाली।

अवधकिशोर सक्सेना

*

यह दीवाली आयी है

यह दीवाली आई है।

राकेट चकरी बम पटाखा
खूब मचाओ धूम धड़ाका
इत्ता इत्ता दीप जलाने
यह दीवाली आयी है।

पापा जी का बटुआ खोलो
एक एक कर सिक्का ले लो
मीठी मीठी चीज खिलाने
यह दीवाली आयी है।

अंधियारे को दूर भगाने
घर घर में खुशियां बरसाने
यह दीवाली आयी है।

उछलो कूदो दौड़ो भागो
छोड़ो झगड़ा गले लगाओ
सबके मन का बैर मिटाने

संजीव ठाकुर

*

अमावस को पूनम

झिलमिल झिलमिल दीप जले हैं
आज दीवाली आयी है
बम-पटाखे और छोंके
खुशी निराली लायी है
घर लौटे थे सियाराम जब
याद उसी की आयी है
घनी अँधेरी रात अमावस
पूनम जैसी छायी है।

ललिता गुप्ता

*

दिये का सिद्धान्त

अहा-अहा आई दीवाली।
घर-घर में छाई खुशहाली।।
मिल जुल कर सब दिए जलाते।
लाई, खील, बताशे खाते।।
[illegible]
ठाँ-ठू ठाँ-ठू चले पटाखे।
जली फुलझड़ी झड़ी लगा के।।
जल कर स्वयं उजाला देता।
यह सिद्धान्त दिए का होता।।
हम सब अगर दिए बन जाएं।
धरती से तम दूर भगाएं।।

आर.एस. रमन

वैज्ञानिक चमत्कारों का लोक

बच्चो, आपने अपनी किताबों में विज्ञान के बहुत-से सिद्धांत पढ़े होंगे और स्कूल की प्रयोगशालाओं में अनेक प्रयोग भी किए होंगे। [illegible] प्रयोगशालाएं भी कई बार समर्थ नहीं होतीं।

चलिए, हम आपको विज्ञान के ऐसे लोक में ले जाएं, जहाँ आप न केवल विभिन्न किताबी वैज्ञानिक सिद्धांतों को विद्युत चालित मॉडलों द्वारा घंटों सक्रिय अवस्था में देख सकते हैं, बल्कि यहाँ इन मॉडलों को स्वयं चला कर खेल ही खेल में इनके विषय में अधिक से ज्ञान भी प्राप्त कर सकते हैं। यह विज्ञान लोक नई दिल्ली क्षेत्र के भैरों मार्ग पर प्रगति मैदान के द्वार एक के आगे स्थित है, जो 'राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र' के नाम से जाना जाता है। इस केन्द्र की स्थापना मानव संसाधन मंत्रालय के संस्कृति विभाग के सौजन्य से की गई। प्रगति मैदान का ही एक हिस्सा होने पर भी यह अपनी अलग पहचान रखता है। पिछले डेढ़ साल से बच्चों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र बना हुआ है।

विज्ञान केन्द्र में पहुँचकर सबसे पहले विद्युत चालित 'ऊर्जा गेंद' मॉडल अपनी ओर आकर्षित करता है। बच्चों की निगाहें मॉडल के तारों से निर्मित घुमावदार रास्तों में एक साथ दौड़ती और जाइलो-फोन, पेंडुलम बजाती सोलह गेंदों का पीछा करती ठिठक सी जाती हैं। इसके बाद बच्चे मॉडल के साथ बनी स्वचालित सीढ़ियों (एस्केलेटर) से ऊपर 'धरोहर दीर्घा' में पहुँचते हैं। चाहें तो वे साधारण सीढ़ियों से भी जा सकते हैं। फिर शुरू होता है दीर्घाओं की भूल-भुलैया का सिलसिला। [illegible] उपयोग हो सकता है [illegible] का अंत भी वहीं होगा, जहाँ से इस भूल-भुलैया में कदम रखा था।

'धरोहर दीर्घा' पहुँचने पर सबसे पहले दिखाई देता है-कोणार्क स्थित सूर्य मंदिर के रथ के पहिये की प्रतिरूप, जिससे पता चलता है कि इसका प्रयोग सूर्य घड़ी के रूप में कैसे किया जाता था। साथ ही भारतीय गणित, खगोल शास्त्र, चिकित्सा शास्त्र, रसायन, धातुकर्म को विद्युत स्वचालित मॉडलों द्वारा दर्शाया गया है। फतेहउल्ला शीराज द्वारा बनाई और अकबर के समय पुनर्निर्मित मशीन 'चारख़' को प्रदर्शित किया गया है, जिसे युद्ध के दौरान में गाड़कर एक बार में कई तोपों की नालें साफ की जाती थीं।

'प्रकाश दीर्घा' में तारे बनने की प्रक्रिया के साथ-साथ प्रकाश से उत्पन्न दृष्टि-भ्रमों का चमत्कार दर्शाया गया है। जैसे-प्लास्टिक के दो [illegible] के दोनों ओर बैठे व्यक्ति प्रत्यक्ष को भ्रम [illegible] करने से शक्ल भूत के समान दिखना।

यहाँ आकर्षण का मुख्य केन्द्र है-'मनोरंजन विज्ञान दीर्घा', जिसमें बने मॉडलों में कोई जादू या चमत्कार नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सिद्धांत छुपे हुए हैं। बच्चे खेल-खेल में जिनके बटन दबाकर या मॉडल से जुड़े उपकरण उठाकर इनमें छुपे सिद्धांतों को समझ सकते हैं।

इसके बाद स्थित है, 'सूचना क्रांति दीर्घा', जहाँ मॉडलों द्वारा भारत में कई युगों से प्रयुक्त सूचना एवं संचार के विभिन्न क्रांतिकारी साधनों से परिचित कराया गया है। 15 अगस्त 1947 की प्रातः बेला में लालकिले के सामने अखबार पढ़ते लोग, कपड़े वाले रस्से की दुकान, डाकघर में काम करते व्यक्तियों को [illegible] बोल उठेंगे।

फिर शुरू होता है प्राचीन पाषाण काल के वैज्ञानिक युग तक का सफर। आगे जाने पर आपको भीम भेटका की पुनर्रचित गुफाओं से गुजरना पड़ेगा। गुफा के खत्म होते ही आपका स्वागत ऋग्वेद के मंत्र कुटिया में बैठा वेद रचयिता ऋषि, मध्ययुगीन खेतिहर किसान के मॉडल करेंगे।

फिर आता है इस भूल-भुलैया का अंतिम पड़ाव- 19 वीं शताब्दी के रेलवे, टेलीग्राफी और मुद्रण जैसे प्रमुख आविष्कार। यहीं पुराने [illegible] सम्पर्क करने वाला शॉर्टवेव रेडियो और पुराने रेडियो स्टेशन में अतीत की आवाजें सुनने की व्यवस्था भी है। इसके साथ ही 20 वीं शताब्दी में सूचना प्रसार के मुख्य स्तम्भ 'कम्प्यूटर' के विभिन्न प्रयोग प्रदर्शित किए गए हैं। 1970 में विकसित किए गए 'डी.सी.एम. 312 मेनफ्रेम' कम्प्यूटर 'पी.सी.' चलाने का अभ्यास भी किया जा सकता है।

इस राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र ने तलघर में ही जुड़ी ही एक कार्यशाला [illegible] (इंजीनियरों) द्वारा केन्द्र के लिए विभिन्न मॉडल बनाए जाते हैं और [illegible] निर्माण प्रक्रिया में हैं। ग्रीष्म एवं शरदकालीन अवकाश के दौरान इस विज्ञान केन्द्र में अल्पावधि प्रशिक्षक कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं जिसमें आप [illegible] करने का प्रशिक्षण पा सकते हैं। इसके अलावा केन्द्र तलघर में बनी कार्यशाला में बच्चे विभिन्न उपकरणों एवं आवश्यक सामग्रियों की सहायता से वैज्ञानिक मॉडल तैयार कर सकते हैं।

दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले बच्चे जो इस विज्ञान केन्द्र की सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाते। विज्ञान केन्द्र अपनी बाल-विज्ञान प्रदर्शनियों के जरिए उन तक स्वयं पहुँचता है। अपने इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु केन्द्र के पास दो मोबाइल वैन हैं, जो समय-समय पर विभिन्न इलाकों में जाती रहती हैं।

यह राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र [illegible] 11-30 बजे से शाम 7-00 बजे तक खुला रहता है। प्रत्येक सोमवार और राष्ट्रीय अवकाश तथा होली, दीपावली के दिन बंद रहता है। केन्द्र में सभी दर्शकों के लिए प्रवेश शुल्क दो रुपये है। लेकिन पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं विकलांगों के लिए प्रवेश की निःशुल्क व्यवस्था है। स्कूली बच्चों को प्रधानाचार्य का पत्र लाने पर निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है।

रजनी सूद

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

साहित्य दृष्टि और इतिहास दृष्टि

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय

मोटे तौर पर 'हित से युक्त के भाव' को साहित्य एवं 'यह ऐसा था' को इतिहास कहते हैं। साहित्य जितना मानव हित से सरोकार रखता है, इतिहास उससे कम नहीं रखता, किन्तु साहित्य-ऊँचा साहित्य, अपने केन्द्रबिंदु के रूप में मात्र मनुष्य को नहीं रखता। अपनी पूर्ण दृष्टि के कारण साहित्य जड़-जंगम की परम्परा सापेक्षता की अविरल दृष्टि के साथ मानवेतर की ओर अधिक उन्मुख होता है। इससे उसे मानव की अपूर्णता का तथा समग्र सृष्टि में उसकी पूर्णता को खोजने का सतत ध्यान बना रहता है। इसके विपरीत इतिहास का केन्द्रबिंदु मानव होता है। विगत के परिवेश और पर्यावरण पर पड़ने वाली इतिहास-दृष्टि जहाँ मानव के पदचिह्नों की छाप और उसके परिवेश का लेखा-जोखा लेकर अपनी गति और प्रगति का मूल्यांकन करती है, वहीं आगामी के लिए अपना मार्ग निर्धारण भी करती है। साहित्य जब विगत पर दृष्टि दौड़ाता है तो स्वार्थ की रुक्षता के विपरीत परम उदात्त हृदय से संवेदना-सान्द्र रहता है। इस दृष्टि के कारण विश्व के पूरे साहित्य में जड़-जंगम के प्रति मानवीय संवेदना की अनुगूंज विद्यमान होती है। यहीं से साहित्य और इतिहास की दृष्टियाँ एक दूसरे से अलग होती प्रतीत होती हैं। किन्तु वस्तुतः साहित्य इतना उदार है कि या तो वह अपनी कोई सर्वथा पृथक दृष्टि नहीं रखता या फिर सारी दृष्टियों के उपयोगी पक्षों को आत्मसात कर ही अपनी दृष्टि बनाता है।

साहित्य की दृष्टि इतनी उदात्त होती है कि उसे कभी देश-काल आदि की सीमाएं नहीं बाँध पातीं। जबकि इतिहास इनसे मार खा जाता है। स्वतंत्रतापूर्व के अखंड भारत के साहित्य और आज के भारत, पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के साहित्य में कोई भी संवेदनात्मक विभेद नहीं मिलता। वहाँ विभाजन न कभी हुआ है न कभी होगा। इसके विपरीत इन देशों की इतिहास दृष्टि बहुत भिन्न मिलती है। वह देशों और उनके हितों से, परिस्थितियों से विमुक्त और सहज न होकर किसी-न-किसी स्वत्व के कोण की दृष्टि है। वह घटनाओं को उनकी पूर्णता में, उनकी समग्रता में देखने में प्रायः असमर्थ है। कई प्रकार के दबावों में वह पिचका-टुचकाकर विकृत सत्य को प्रस्तुत करती है। जबकि साहित्य का मानव निहत्था या संवेदना के लचीले अस्त्र-शस्त्र से विकृतियों को पहचानने के बाद उनके मूल रूप पर वार करता सच के सहारे आगे बढ़ रहा होता है। इसीलिए साहित्य की दृष्टि विश्वजनीन है। पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण—सभी के साहित्य की एक ही दृष्टि है।

साहित्य जब इतिहास को छूता है तो फिर उसे अपने में खूब भिगोता-फींचता है। जबकि इतिहास साहित्य को उठाता है तो उसमें मानव की, उसके समाज की, परिवेश की, उसके कालखंड की प्रकृति को खोजता है। वह तब तो धोखा ही खा जाता है, जब साहित्य के भीतर के सर्जक मनुष्य की कल्पना को, उसके संवेदनात्मक भराव को नजरअन्दाज कर देता है। वह भूल जाता है कि साहित्यकार सर्जक होता है। वह बने-बनाये साक्षात्कार मात्र नहीं करता। वह परम्परा से बहुत कुछ ग्राह्य करके भी सदा प्रयोग करता है और महाकवि प्रसाद की प्रकृति की भाँति नित्य नूतनता के आनन्द के लिए परिवर्तन में टेक लगाये रहता है। इसके विपरीत किसी इतिहासवेत्ता के अनुसार इतिहास अपनी पुनरावृत्ति करता है।

साहित्य दृष्टि सच के भीतर के सच को पकड़ने के लिए उसे मथने-बिलोने में विश्वास रखती है, वह सच को बिलो कर उसका नवनीत सामने लाना चाहती है। इतिहास दृष्टि सच को यथासंभव बिना हिलाये-डुलाये, बिना जरा भी विचलित किये उसके यथावत साक्षात्कार का प्रयास करती है। इस प्रकार साहित्यदृष्टि सच को स्थूल-से-स्थूल और सूक्ष्म से सूक्ष्म रूप के लिए उसे हिलोरती रहती है, किन्तु इतिहास दृष्टि सत्य को स्थूल रूप में ही निस्पंद देखना चाहती है।

साहित्यदृष्टि का आविर्भाव ही साक्षात्कृत प्रत्ययों के चयन और उनके पुनरुत्पादन की दृष्टि से हुआ है, जबकि इतिहासदृष्टि का आविर्भाव किसी चयन को कोई स्थान नहीं देता। वह प्रस्तुत को अप्रस्तुत, स्थूल को सूक्ष्म से भरने की कल्पना को कोई गुंजाइश नहीं छोड़ता, जैसा कि साहित्यदृष्टि करती है। साहित्य की दृष्टि मात्र वस्तुनिष्ठ न होकर मूलतः आत्मनिष्ठ होती है, पर इतिहास जितना वस्तुनिष्ठ होगा, उतना ही स्तरीय हो सकेगा। अर्थात साहित्यदृष्टि आत्मनिष्ठता से वस्तुनिष्ठा की ओर जाती है और इतिहासदृष्टि वस्तुनिष्ठा से आत्मनिष्ठा की ओर।

साहित्य की दृष्टि व्यक्ति के मूल उत्स से अवश्य निकलती है पर वह अपने में समष्टि को इस कदर भर लेती है कि सारी समष्टि का सुख व्यष्टि-सुख के भीतर आ सिमटता है और प्रमाताओं के चित्त-विस्तार द्वारा अपने औदात्त्य की शतशः, सहस्रशः पंखुड़ियों के साथ खिलते-खिलते पूरे ब्रह्माण्ड को अपनी महक भर देती है। इतिहास में ऐसी किसी दृष्टि का पाया जाना असंभव तो नहीं, किन्तु वह तथ्यों और घटनाओं से निर्मित परिस्थितियों के आकलन में बंधे रहने को सर्वथा प्रतिबद्ध है। यह प्रतिबद्धता उसे उतना ही फैलने का अवसर देती है, जितना उसे पारिस्थितिक आधार प्राप्त हो सके। इसीलिए सच्चे साहित्य की विश्व में जहाँ भरमार है, वहीं सच्चे इतिहास के लाले पड़े हैं।

इतिहासदृष्टि की यह सीमा ही मानव समुदाय में बहुत बड़े अपदूषण की जिम्मेदार है। परिणामतः आज तक पूरे विश्व का साहित्य भी अपदूषण की चपेट में आ गया है और साहित्य में भी एकाधिक दृष्टियाँ होने का तथा उसके वर्गों में विभिजित होने का एक भ्रमजाल तक फैल गया है। जबकि साहित्यदृष्टि से स्पष्टतः तात्पर्य है 'संवेदना' और इतिहास दृष्टि से स्पष्टतः तात्पर्य है 'घटित'। यदि ये दोनों दृष्टियाँ अपने इस मूल को न छोड़ें तो भ्रम पैदा करने वाले कुछ भी न कर सकें इतिहासदृष्टि के द्वारा साहित्य नहीं लिखा जा सकता, किन्तु साहित्यदृष्टि के द्वारा इतिहास लिखा जा सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इतिहासदृष्टि के द्वारा लिखा गया साहित्य, साहित्य न होकर मात्र इतिहास ही रह जाता है, जबकि साहित्यदृष्टि द्वारा लिखा गया इतिहास एक अलग इतिहास रच जाता है।

सूट,

नज़रें

नाम

पता

...मैसर्स न्यू बंगाल वस्त्र भंडार, कालकाजी, मैसर्स
मैसर्स फैशन फेब्रिक्स, नेहरू प्लेस, मैसर्स गर्ग,
..., मैसर्स शेल्का सेल्स कॉरपोरेशन, कनाट प्लेस,
..., मैसर्स जनक एजेंसी, करोल बाग, मैसर्स जनक

शिशु सुरक्षा दिवस—5 दिसम्बर 1993

समय पर लगवाया गया टीका, शिशु की तपेदिक, डिप्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, पोलियो और खसरे जैसी जानलेवा बीमारियों से रक्षा करता है।

टीकाकरण—प्रत्येक शिशु का अधिकार है।

टीकाकरण सूची

गर्भवती महिलाओं के लिये

➢ टेटनस-1 का टीका : गर्भावस्था में जितनी जल्दी हो सके।

➢ टेटनस-2 या बूस्टर का टीका : टेटनस 1 के एक माह बाद।

बच्चों के लिए

➢ बी.सी.जी. का टीका : जन्म के तत्काल बाद

➢ डी.पी.टी. का टीका तथा पोलिया की खुराक : डेढ़ माह, ढाई माह तथा साढ़े तीन माह की आयु में

➢ खसरे का टीका : नौ माह की आयु में।

आज ही अपने बच्चों को टीका लगवायें।

निःशुल्क सेवा हेतु कृपया अपने निकटतम प्रसूति एवं शिशु कल्याण केन्द्र से सम्पर्क करें।

आर.ओ. नं. पीआईओ/424/93

—*निगम स्वास्थ्य अधिकारी*

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इन्द्रधनुष

पाक्षिक

वादक ने भी धूम मचा दी। बिस्मिल्लाहखां की शहनाई के बिना कोई संगीत सम्मेलन पूरा ही न होता।

एक कान में नायकों वाली चांदी की मुर्की, चेहरे पर भोली सी मुस्कान, आंखों में सपेरे सी मस्ती, सुर में जादू, बिस्मिल्लाह खां का ध्वनि-नियंत्रण ऐसा था कि शहनाई प्यार से बतियाती, चुहल करती, वेदना से दिल चीर जाती या फिर किसी भोली पनिहारिन की तरह पूरबी धुन की एक अल्हड़ मस्ती से मन को मोह लेती।

और यह बेचारा साज सदियों से केवल मंडप तक सीमित बंधा रहा?

आकाशवाणी ने बिस्मिल्लाहखां साहिब के बहुत से छोटे छोटे राग रिकार्ड किये। अब ह
आकाशवाणी केंद्र शहनाई की मंगलध्वनि
प्रसारण प्रारंभ करता और मंग
वादक-बिस्मिल्लाह जैसा नाम वैसा काम। ह
केंद्र के कार्यक्रम का आदि गणेश शहनाई से हो
लगा। बिस्मिल्लाह और आदि गणेश एक
गये।

भारतीय संगीत को पश्चिमी देशों में पहुंचा
पंडित रवि शंकर ने। रविजी के पास प्रतिभ
साहस और संयोजन-क्षमता सभी थीं। उ
अंग्रेजी पर अधिकार था, फ्रेंच भी आती थी
अपने बड़े भाई उदय शंकर के साथ बार ब
विदेश जाने से उन्हें पाश्चात्य कला जगत के त

•सभी चित्र: अविनाश पसरीचा

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...nd the world

a tremendous come-on for India's English- speaking youth. Many of them fled India in the late '60s and early '70s to American campuses, with no real plans to return to India.

On that winter's night in Delhi's unedifying international airport, as the repatriate wondered if he'd done the right thing, a conversation is replayed in flashback memory. Two decades ago,I as an excited America-bound youth, the repatriate told anyone who'd listen: "If I never come back, it will be too soon." Brave words, which could not stop the tears from flowing in full cry as he said goodbye to family and friends.

The years in America were about growing up, the realisation that the world doesn't owe you a living, you owe it to the world. The very antithesis of the Brahminical mindset common among India's alienated, English-speaking youth in those days, the realisation matures and toughens you.

In the first half of the '80s, India began to loom as a frontier. There were many dramatic events that made people sit up and take note, even across the world in the American hinterland: the return of Indira Gandhi, the death of Sanjay Gandhi, the arrival of Rajiv Gandhi, the assassination of Mrs Gandhi, the youngest Indian Prime Minister with a historic mandate from the people.

The events turned many an Indian eye homeward. For the first time, there was hope that the professional doomsayers from India who talked of repression and plunder were wrong. In the latter half of the '70s, activists and scholars from India crisscrossed America, seeking funds for their developmental activities and projects.

The dramatic events focussed closer attention on Indian realities. It became evident that there was a stirring in India, not so much to redress wrongs but to better things. It was a ray of hope for expatriate minds, tired of balancing stories of disparity and despair with their dream of returning to India.

As the mists of disinformation lifted, the idea of coming back to India began to play on many expatriate minds. Some actually gave shape to the dream and forged a return, including the repatriate at the Delhi airport several years ago.

Before the advent of the NRI repatriate, the notion of "coming back" had a cold finality about it. There were FRIs, "foreign returned" Indians. In the background, you could visualise bridges breaking, friendships being wrought asunder, a chapter ending: images of dislocation. Over the years, coming back has become easier. There are challenging jobs and business opportunities plus television, air travel, telephones and faxes. The process has become virtually seamless.

Perhaps that's why more people are returning. Many of today's repatriates are here on assignment for international firms. Others are here to set up businesses. They retain their ties abroad – their place in the sun. India stands to gain from them.

...erve

...is "back to serve".

★ To provide the government and non-governmental organisations with a pool of experts for serving in advisory and consulting roles.

★ Create, develop and strengthen

Return of

It is not that the exodus of Indian talent, which has been taking place over the last three decades, has stopped. Far from it. But young professionals have increasingly started trickling back to India, and there is reason to sit up and take notice.

However, it is not the new, upbeat business prospects of India alone that are responsible for this turn-around but a combination of emotional and practical reasons that is bringing the NRI back to the country of his birth. If financial and professional constraints kept him away earlier, the dawn of a new economic climate in India has made it easier for him to indulge hitherto impractical desires like being with his ageing parents or giving his children cultural roots.

The return of Dr Anil R. Wani, 44, is a case in point. An ophthalmologist who left India in 1977 after his post-graduation and spent five years in the U.K. and another eight in the Middle East, he is now well settled in Bangalore. Wani returned with his wife and children not only because he had reached the "maximum level of employment with no further prospects of promotion", but also because of "the children's education" and because his parents, who live in Nagpur, were imploring him to "return to his motherland". Wani, who came back in 1988, is the president of the Returned Non-Resident Indians' Association (see box).

Thirty-eight-year-old R.R.Jain, now managing director of R.S.Software which had a turnover of Rs 10 crore in 1993-'94, not only returned to India but to Calcutta after 11 years in the US. However offensive this connotation may be to die-hard Calcuttans, one has to agree that to someone used to the lifestyle in downtown Los Angeles, it would take more than a determined resolve to subject oneself to the civic mess of India's eastern metropolis. His reason? He wanted to "spend some time" with his ageing parents. "My father built a very strong Indian base for me," he says with pride. "I have done the same for my 12-year-old son – he may go anywhere but will always look forward to returning to India." In return for all the emotional plenitude, Jain doesn't mind the hardship of living in a 7000- square-feet penthouse in Calcutta, but bemoans the fact that "the environment is so polluted we cannot walk around".

Industrialist Kiran S. Gowdar, 44, from Bangalore, who returned in 1980 after a six-year stint in the...

Jaydev Raja, president, Coca-Cola India

"Greater professionalism and work ethics are evident now. It has been a very challenging and exciting move"

that he can have "the best of both worlds" as he gets to live in his own country, travel abroad extensively and interact with the best brains in the business.

However, several NRIs who left India to fast-forward the ascent of their career graphs are coming back for exactly the same reason as they left, with a job in familiar environs being an added incentive. For instance, Sandeep Kohli, the 37-year-old head of Indian operations of Kentucky Fried Chicken, was "looking for more exciting things to do" while posted out in Taiwan with the American Express Bank when "the opening at KFC came by". "India happened to be the place they wanted me for," he says. "It was not so much a desire to return as the job itself that spurred me to accept the offer. The fact that my posting would be...

Sandip Kohli, managing direc...

"It was not so much a... the job itself...Be... hometown is the...

taking to water and a fish out of it.

Jaydev Raja, 42-year old president of Coca-Cola India, is a case in point. Raja began his career with the Coca-Cola Company in 1979 as marketing controller...

The Culture of Pastiche : Existential Aestheticismin the Contemporary Hindi Novel

By: Jaidev

Indian Instiute of Advanced Studies, Shimla

Price : Rs.250

A statue with blind eyeballs

***U.S. Saberwal** analyses Jaidev's study of post-modernist Hindi writers*

This new work of Jaidev is the outcome of the time (1989-91) he spent as a fellow at the Indian Institute of Advanced Studies, Shimla. He explores here the controversial zone of inter-cultural contact and its vitiated products if the dialogue takes place along non-cultural power lines rather than cultural ones. The study is especially pertinent in the current scenario, where inter-cultural contact has degenerated into cultural cannibalism and aesthetic production has become integrated into commodity production generally. The result of the virtual inundation of the Third World countries with cultural artifacts manufactured in the West is, what the author calls – a 'Culture of Pastiche'.

Pastiche, as Frederick Jameson reminds us – is a statue with blind eyeballs. If parody was the style of high modernism, pastiche is the style of this post modern age. But devoid of parody's subversive impulses, the overall co-ordinates of the fiction of pastiche lie in the structural logic of consumerism.

In the Indian context, the author enquires into the fictions of four of the pre-eminent modernist Hindi writers – Nirmal Verma, Mridula Garg, Krishna Baldev Vaid and Mohan Rakesh. And using a sophisticated post – structuralist vocabulary compares the influence which the western lore of modernism and existentialism had on their work.

If Verma, Garg and Vaid fetishize these codes and their uncritical adaptation of these leads to pastiche, then the novels of Mohan Rakesh problematise these codes in our context. In the lengthy introduction the author writes in depth about modernism and existentialism, tracing the roots to Kant, Kierkegaard and Romanticism.

He lists the formal features of aesthetic existentialism and its conditions of possibility in fin de siecle Europe. The lore of existentialism and modernism which projects alienation as a value, considers morality as a function of one's sensibility, values the individual at the expense of the community and arrogantly dismisses the ideal of an organic, shared culture, conflicts with what the author terms as the 'Pan-Indian structures of feeling' and hence these codes should not be unduly privileged in our context.

The rest of the book compares the work of the four novelists as regards their adoption of these cultural codes. Nirmal Verma's novel, *Ek Chitda Sukh* (A Rag of Happiness) is interrogated extensively for its intertextuality, self consciousness and form. All the characters in the novel are alienated and cut-off from their socio-historical, familial roots. Their self-disgust with the conditions around them is cultivated as a form of narcissistic self indulgence which precludes any possibility of praxis.

Mohan Rakesh

Mridula Garg



Krishna Baldev Vaid



Nirmal Verma

Pastiche results in this otherwise carefully crafted novel because of its unnecessary installation of western codes on their culture-specific terms in an altogether different social situation. The novels of Mridula Garg *(Uske hisse ki dhoop, Main aur Main, Chittkobra)* are dismissed as cultural flotsam cluttered with western motifs. *Chittkobra* especially, represents the culture of pastiche in all its horror, flaunting anuthentic codes floating free of any social context. The trendy feminism depicted in her novels, with the heroines steeped in patriarchal discourses is amateurish and can only be a liability to the woman's cause in the Third World.

The oeuvre of Vaid is discussed in its entirety, from the promising beginnings with *Uska Bachpan* to the massive western pastiche in his later avant-garde works like *Dard la Dava* and *Kala Collage*. His caustic portrayal of Indian realities is self indulgent, rivalled perhaps only by Nirad Chaudhuri.

His heroes are Beckett, Henry Miller, Philip Roth and Norman Mailer among others and he imitates only the superficial trappings of their work which means a catalogue of perversities while their style and compassion escapes him. Beckett with his dense intertextuality is a major influence on Vaid, though he does not rigorously follow him till the Beckettian end. Vaid festishizes absurdity and void in a contextless way which gives a peculiar flatness to his characterizations. For Jaidev, in Vaid, pastiche develops an arrogance for which there are no precedents in Hindi fiction.

The fictions of Mohan Rakesh are strikingly different. Creatively using the western influences, he questions them incessasantly, deflating them by a subtle sense of irony instead of brashly legitimising them. Self-reflexivity is not brandished for its own sake. His two novels discussed here, *Andhere band kamre* and *Na Aane Wala kal* offer an instance of the purposive adoption of western codes keeping our own truths in sight.

While the first novel borrows features from the *Great Gatsby*, the second one is read as Rakesh's interrogation and interpretation of Camus's *The Outsider*. Manoj, the protagonist in *Na Aane Wala Kal*, is a Meursault pastiche. But lacking an aetiology which led to the emergence of *The Outsider* ideology in the West, the hero's 'absurd' project in Indian context only leads to anomalous behaviour. But Rakesh does not project Manoj as a grand hero on the scale of Meursault but as a seduced being, a victim of cultural pastiche.

Jaidev is not hostile to a mature interaction with the western culture nor is he opposed to the borrowing of modernist codes from the West, but he protests against their fetishization which results in pastiche. His is a plea or cultural care though not for cultural chauvinism or determinism. Arguing against the polarity of life and art in view of the massively poor realities in our case, he calls for a Versohnung (reconciliation between opposites) between art and life. An Indian novel can be an existentialist and a modernist text without being a western pastiche as are the fictions of a Ananthamurthy or a Renu.

The book could have been enlarged to be a cultural critique by including a discussion of the factors which accord such a privileged place to the culture of pastiche in third world countries. If the intellectuals in these countries continue to, as Derek Walcott puts it gently in one of his early poems:

Conceive the birth of White cities in a raindrop and the annihilation of races in the prism of the dew

instead of envisioning a meaningful rooted culture, very soon what we would be left with will be the unbearable ennui of a homogenised culture of pastiche.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कविता

मोहन राणा

भोजवासा

मैं सुन रहा हूँ इस संगीत को
बदली भरी शाम
और यह मुझे ले जा रहा है
पीछे कहीं
एक यात्रा में
एक जगह
यह ले जा रहा है मुझे शैवालों
भूमिगत नदियों को
ठंडी गर्म धाराओं के भीतर से
उसमें स्पर्श हैं लवणों के
खारे पानी की गंध है
समुद्र की आवाज है।

मैं सुन रहा हूँ इस संगीत को जिसके
स्वर उभरते हैं
दृश्यों की तरह खिड़की से
एक सफेद समय की दीवार पर
वे बदलते हैं प्रवासी पक्षियों की लंबी उड़ान में
रुक जाते हैं कभी आंगन में दोपहर की तरह,
वे बदल रहे हैं लगातार
गुस्से से भरे
एकाएक बदलते बादलों की छाया में
जो उतरती है तलहटी में,
मैं अपने पांवों की ओर देखता हूँ
धूल से सने वे थके हुए हैं
और बर्फ से जली स्याह धरती है
कई रास्ते खो चुके हैं इसमें
और जगहें भी,
ग्रीष्म में प्रकट होती हैं यहाँ
थोड़ी दूब कुछ झाड़ियाँ।

सरसराहट किसी पक्षी के पंखों की
रुक चुका है संगीत या सो गयी है
कैसेट-रिकार्डर की बैटरियाँ ठंड से
पिघलता हुआ पानी गूंगा है
घर बह रहा है अंधेरे में लगातार

★

पाला

पानी के पाइप बुड़बुड़ाते रहते हैं दिनभर,
उबले आलुओं में बदलते हैं हम तुम
अस्तव्यस्त न कुछ कह पाते हैं
न सुनना चाहते हैं
एक अंतहीन क्रिसमस भोज के बाद,
सुई की नोक भी नहीं हिला कोहरा बाहर
जैसे भूल गया हो रास्ता
जैसे गिर पड़ा इस पाताल लोक में
दिनभर वह लगाता रहा मदद की गुहार
पर नहीं निकला कोई बाहर,
वह ठिठुरता रहा सख्त पाले में
सेब की टहनियों से उलझता
हरे मैदान में भटकता

पाले गिरफ्त में रहेगी यह शाम भी
गर्म और ठंडे पानी के पाइप बुड़बुड़ाते रहे हैं
मुझे जरूरत महसूस होती है एटलस की
पड़ोसी से जाकर पूछूं
चाय की पत्ती और दुनिया की हालत
या बनाऊँ गुड़ का हलवा।

एनी बेसेंट और सभ्यता का संकट

कृष्णनाथ

आज का संकट सभ्यता-संस्कृति का संकट है। यह संकट भी विश्वव्यापी है। इस संकट के क्षण में आज से प्रायः 100 साल पहले शुरू किये गये श्रीमती एनी बेसेंट के शिक्षा के क्षेत्र में काम को देखने से कुछ प्रकाश मिल सकता है। यह इसलिए भी कि प्रायः 100 साल पहले 1893 ई. में श्रीमती एनी बेसेंट भारत आयीं। उनके भारत आगमन के शताब्दी वर्ष में यह देखना शायद अप्रासंगिक न हो।

श्रीमती ऐनी बेसेंट ने अपनी आत्मकथा में 'संशय के तूफान' का जिक्र किया है। ईसाई कर्मकाण्ड में निष्ठा और सत्य निष्ठा में उन्हें लगा कि वे ईसाई कर्मकाण्ड में सचमुच निष्ठा नहीं रख सकतीं। तो उन्होंने पति, परिवार और बच्चों का स्नेह, घर-द्वार सब छोड़ा, किन्तु सत्य निष्ठा नहीं। उस संशय के तूफान में उन्होंने एक दीप जलाया।

इस दीप की रोशनी में उन्होंने और द्वंद्वों के बीच भी मार्ग ढूंढ निकाला। भारत में 1893 में जब वे आयीं तो ब्रिटिश राज कायम हो चुका था। उन्हें भारत से ब्रिटेन का सम्बन्ध, जिन भी स्थितियों में हुआ हो, परस्पर—उपकारक दीखा। अंग्रेज और अन्य गोरी जातियों के लिए पूर्व के दर्शन और साधना को उन्होंने मुक्तिदायी माना। अंग्रेजों को उन्होंने भारतीयों के साथ समता और शिष्टता से पेश आने को कहा। उधर भारतीयों को आत्मसम्मान और आत्मगौरव न खोने और अंग्रेजों से समानता के स्तर पर बरतने को कहा। पश्चिम की कार्यकुशलता वगैरह भी सीखने को प्रेरित किया। अपने प्राचीन धर्म-संस्कृति के गौरव को, आत्मसम्मान को न खोकर, देशभक्ति के साथ विश्वबन्धुता कायम करने के लिए युवक-युवतियों को प्रोत्साहित किया। जो हो, भारत-ब्रिटेन का यह सम्बन्ध उन्हें जैसे नियति द्वारा परस्पर हितकारी ही लगा था। (इस बारे में दो राय हो सकती हैं।)

फिर, उन दिनों अंग्रेजी राज में भारत के एक वर्ग को अंग्रेजी भाषा, शिक्षा, व्यापार, रीति-रिवाज के अनुकरण में फायदा दिखा। उसमें अन्धानुकरण और स्वामिभक्ति और अपनी संस्कृति का तिरस्कार एक ओर था। दूसरी ओर विशाल किन्तु मौन बहुमत अंग्रेजी राज आ गया है और अंग्रेज के राज में सूरज नहीं डूबता, यह मान कर विवश हो जैसे अपनी खोल में सिमटने लगा था। जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है। अंग्रेजी राज और सभ्यता को वह कोई श्रेष्ठ नहीं मानता था, लेकिन उसका कब्जा अपने में सिमट रहा था। अपनी रूढ़ियों में और ज्यादा जकड़ रहा था।

श्रीमती ऐनी बेसेंट ने इस द्वंद्व के बीच जैसे एक पुल बनाया। पूर्व-पश्चिम के बीच समन्वय करने की चेष्टा की। अंग्रेजी सभ्यता के अंधानुकरण की बजाय सनातन धर्म की श्रेष्ठता को पहचानने पर बल दिया। जब उनके जैसी विशिष्ट अंग्रेज महिला

तो फिर रास्ता क्या है?

और यूरोप भर में प्रसिद्ध वक्ता ने यह कहना शुरू किया तो इसका असर पड़ने लगा। जो लोग अपने खोल में सिमट गये थे, उन्हें धीरे-धीरे अपने स्कूल-कालेजों के जरिए बाहर आने का अवकाश और अवसर दिया। इसलिए भारत आने पांच वर्ष के अन्द ही डाक्टर भगवान दास, श्री उपेन्द्र नाथ बसु आदि के सहयोग से 1898 में सेन्ट्रल हिन्दू कालेज, स्कूल की स्थापना की। यही सेन्ट्रल हिन्दू कालेज आगे चलकर पंडित मदन मोहन मालवीय के काशी विश्वविद्यालय का केंद्र बना। फिर थ्यासॉफिकल शिक्षा के लिए देश के विभिन्न भागों में स्कूल, कालेज खोले। राष्ट्रीय शिक्षा का अभियान चलाया। प्राथमिक शिक्षा को नागरिक का अधिकार माना। सेन्ट्रल हिन्दू कालेज में

★

शायद पहले से मुस्लिम या अंग्रेज आक्रमणों से ज्यादा भयावह आक्रमण टेलीविजन का है। यह तो जैसे घर-घर में घुसा है। और जैसे इसका कोई विकल्प नहीं है। इसने हमारी पसंद, दिनचर्या, संस्कार, आतिथ्य वगैरह को जितना प्रभावित किया है, उतना किसी बाह्य आक्रमण ने नहीं। पूर्व की जो भी योग आदि की विद्या, उपासना पद्धति वगैरह है, वह इसके आगे फीकी पड़ रही है।

★

उन्होंने धर्म की पढ़ाई को अन्य भौतिक विज्ञान, इतिहास, भूगोल, भाषा आदि के साथ रखा। स्काउट आंदोलन को भी अपने स्कूलों और देश में चलाया। कैडेट कोर बनायी। प्रोजेक्ट प्रणाली, खेलकूद, संगीत आदि की शिक्षा की व्यवस्था शुरू की। आज यह सामान्य है किन्तु उन दिनों यह भी उनकी ही देन थी। वैसे ही जैसे कि कर्नल ऑलकॉट ने पंचम बच्चों के लिए अड्यार (मद्रास) में स्कूल चलाया। श्रीमती बेसेंट ने सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल शुरू किया। इन सबका वर्णन-विश्लेषण एक अलग शोध का विषय है। हालांकि एक शोधकर्ता ब्रदर माइकेल गोम्स ने मुझे अड्यार में बताया कि सेन्ट्रल हिन्दू कालेज के दिनों की सामग्री उपलब्ध नहीं है। बिना आधारभूत सामग्री के कुछ निष्कर्ष निकालना कठिन है।

यहां शिक्षा जगत में उनके ऐतिहासिक योगदान का ही कुछ सैद्धांतिक विश्लेषण हो सकता है। इसमें पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण और रूढ़िवादिता की खोल में घुस जाने की अतियों को बरज कर उन्होंने जैसे एक प्रकार का मध्यम मार्ग अपनाया। मध्यम मार्ग दोनों का मध्य या बीच-बीच का नहीं। दोनों ही अतियों या अंतों को बरज कर सम्यक मार्ग, समन्वित मार्ग अपनाया है।

प्राच्य और पाश्चात्य ज्ञान-विज्ञान के बीच समन्वय का उन्होंने प्रयास किया। उसमें भी प्राच्य अध्यात्म विद्या का विशेषकर उपनिषद्, गीता और योग का और बौद्ध अष्टांगिक मार्ग आदि का उन्होंने बड़ा मान किया। डाक्टर भगवान दास के सहयोग से सनातन धर्म की 'टेक्स्ट बुक' बनाई। गीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। और अपनी अपूर्ववक्तृता आदि पर फिर से विश्वास पैदा

किया। इन पर कुछ शायद ज्यादा ही बल दिया। उधर, हिन्दू समाज की रूढ़ियों, छुआछूत, बाल विवाह, समुद्र यात्रा के निषेध वगैरह को भी बिना कटुता पैदा किये कुतरने की युक्ति की। इन सबका क्या प्रभाव हुआ? उनका भारतीय समाज के पुनर्जागरण में और शिक्षा में क्या योगदान है? इसको कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करने का यह अवसर है। ठीक-ठीक मूल्यांकन तो ज्यादा गम्भीर, गहन शोध सामग्री के आधार पर संभव है. लेकिन कृतज्ञता के लिए ठोस सामग्री नहीं, भावना बस है।

100 साल बाद, 1993 में आज, अभी क्या स्थिति है? क्या शिक्षा का, सभ्यता का संकट आज भी वैसा ही है या उससे भिन्न किन्तु उससे ज्यादा गम्भीर, बल्कि मारक बन गया है?

आज अंग्रेजी राज नहीं है, लेकिन जिस पश्चिमी सभ्यता का वह औजार था, वह पश्चिमी सभ्यता आज पहले से ज्यादा हावी है। प्रायः सारी दुनिया उसके प्रभाव में है। अपनी छवि और छाप पर विश्व को चलाने में आधुनिक सभ्यता पृथ्वी छोर तक व्याप्त है, अब अन्तरिक्ष की ओर अग्रसर है। जो इस छवि, छाप-तिलक को नकारते हैं वे जैसे छूटे हुए लोग, खब्ती, पिछड़े बन कर पड़े रहने को अभिशप्त हैं। आज अंग्रेजी का ज्ञान पहले से घटा है, किन्तु उसकी ललक बढ़ी है। विश्व के बाजार और मन पर कब्जा करने की पश्चिम की आर्थिक-सांस्कृतिक कूटनीति ज्यादा सूक्ष्म स्तर पर काम कर रही है। ऐसे में पश्चिम का पहले से ज्यादा, भद्दा अनुकरण हो रहा है। इसे 'टेक्नॉलॉजी ट्रांसफर', कार्पोराइट, सांस्कृतिक विनिमय, पर्यटन, चमकीली, पत्र-पत्रिकाओं, फिल्मों और सबसे ज्यादा टेलीविजन के कार्यक्रमों से बढ़ावा मिल रहा है। शायद पहले से मुस्लिम या अंग्रेज आक्रमणों से ज्यादा भयावह आक्रमण टेलीविजन का है। यह तो जैसे घर-घर में घुसा है। और जैसे इसका कोई विकल्प नहीं है। इसने हमारी पसंद, दिनचर्या, संस्कार, आतिथ्य वगैरह को जितना प्रभावित किया है, उतना किसी बाह्य आक्रमण ने नहीं। पूर्व की जो भी योग आदि की विद्या, उपासना पद्धति वगैरह है, वह इसके आगे फीकी पड़ रही है। सी.एन.एन., स्टार टी.वी., बी.बी.सी. जैसे मन पर छा गया है। 'चित्रहार' राष्ट्रीय ध्यान योग बन गया है। पूरा परिवार इसे आसेतु हिमालय एकटक देख रहा है। इसके बाद यह पीढ़ी वही नहीं रहने वाली है। हमारी हालत तो और बुरी है। पश्चिमी समाज तो खुले सेक्स और हिंसा के लिए जैसे-तैसे तैयार है। वैसे त्रस्त वह भी है और पूर्व से, विशेषकर भारतीय, तिब्बती, जापानी गुरुओं से कुछ शांति, कुछ 'योग-तंत्र', ज़ेन सीखना चाहता है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि सारा पश्चिम जैसे अपनी भौतिकता से, अपनी समृद्धि से, भोग से ऊब गया है और हमारी शरण मांग रहा है। 'योग-तंत्र' ज़ेन वगैरह हैं। लेकिन हाशिए पर हैं और उपभोग की अनेक सामग्रियों, सेवाओं में से एक हैं। एक सृजनशील अल्पमत अवश्य इन प्राच्य विधाओं और साधनाओं की ओर उन्मुख है। इसमें नयी विश्व-व्यापी सम्भावना दीखती है।

अब अगर आज की स्थिति का यह संक्षिप्त चित्रण आपको स्वीकार है तो ठीक, अन्यथा इसे खारिज कर दें। लेकिन अगर यह मोटा-मोटी स्वीकार है तो इसका नतीजा यह है कि आज पश्चिमी सभ्यता-संस्कृति का प्रभुत्व 1893 से कहीं ज्यादा है या कम से कम मुझे दीखता है। ऐसे में भी वे ही दो अंत फिर दीखते हैं। एक तो जो पश्चिम की चकाचौंध की अंधी दौड़ में हैं। दूसरे, जो अपने ही खोल में सिमट रहे हैं। कछुए की तरह अपने अंगों को बटोर रहे हैं या तोक्यो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तनाका की तरह मानने को अभिशप्त हैं कि हम जापानी तो दौड़, दौड़, दौड़ में पड़ गये हैं। शायद आप भारतीय इससे बचे हैं। अभी भी काल के वश में नहीं, काल को अपने वश में रखते हैं। तो शायद आप कुछ कर सकते हैं। पता नहीं, लेकिन अगर ये दोनों ही अतियां स्वीकार नहीं हैं तो फिर रास्ता क्या है?

1 अक्टूबर, 1993 को विद्यापीठ मोमबत्ती द्वारा बेसेंट हाल, कमच्छा, वाराणसी में आयोजित श्रीमती ऐनी बेसेंट के जन्म दिवस पर मुख्य अतिथि के पद से दिये गये वक्तव्य के आधार पर प्रस्तुत।

अबकी दीवाली पर जब हर कोई मिठाइयाँ बाँटे तो आप बाँटिये ऐसा उपहार जो आपका सद्भाव जताये, संबंधों को मज़बूत बनाये. यानी अपने ग्राहकों और बिज़नेस-सहयोगियों को दीजिए - टाइटन या टाइमेक्स घड़ी का शानदार उपहार।

टाइटन क्वॉर्ट्ज़ घड़ी सालों-साल तक आपकी याद दिलायेगी तो टाइमेक्स की खास अन्तर्राष्ट्रीय स्टाइल दिल को छू जायेगी. इन दोनों में से कोई भी दीजिए-आपका उपहार आपकी सूझ-बूझ, सुरुचि और प्यार की निशानी बन जायेगा. प्यारी भावनाओं को जताने की जो खूबसूरत अदा इनमें है वह भला मिठाइयों में कहाँ!

टाइटन और टाइमेक्स घड़ियों के खज़ाने में हैं - ८०० से भी ज़्यादा मॉडेल्स. और इनकी कीमतें हैं : ३९५ रु. से ७३५० रु. तक. और सबसे फायदेमन्द बात तो यह है कि १००० रु. तक के उपहार, 'आय-कर से मुक्ति' के खर्चे में शामिल किये जा सकते हैं.

TITAN QUARTZ

आज ही अपने नज़दीकी टाइटन शोरूम/शॉप में पधारिए और अपनी पसंद का यादगार उपहार चुनिये.

TIMEX QUARTZ

अधिक जानकारी के लिए कृपया टाइटन इन्डस्ट्रीज़ लि., गोल्डन एन्क्लेव, टावर 'अ'., एयरपोर्ट रोड, बैंगलूर ५६० ०१७ से संपर्क करें

Ogilvy&Mather Direct 65

ब्रिटेनिया सेलिब्रेशन केक्स. तरह-तरह के स्वादिष्ट केक, एक विशेष उपहार पैक में. बीत जाएगा त्योहार, पर बनी रहेगी इसकी यादगार.

Enterprise/Bic/BIL/153/HIN

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पदार्थ की चौथी अवस्था भी होती है

सामान्य रूप से हमें पदार्थ की तीन अवस्थाओं का ज्ञान है: ठोस, द्रव एवं गैस। सारे ड्से पदार्थ जो कि अपना निश्चित आकार रखते हैं, ठोस कहलाते हैं। ड्से पदार्थ जो कि अपना आयतन तो स्थिर रखते हैं पर बदल लेते हैं, द्रव कहलाते हैं। ड्से पदार्थ जिनका न तो आकार ही स्थिर होता है और न ही आयतन, गैस कहलाते हैं। गैसीय पदार्थ अपने आप को संग्रह करने वाले बर्तन का आयतन एवं आकार के रूप में ग्रहण कर लेते हैं। एक अत्यंत सामान्य उदाहरण पानी का है। ठोस के रूप में यह बर्फ कहलाता है, जिसका आयतन एवं आकार दोनों ही उस विशिष्ठ तापक्रम पर स्थिर होते हैं। द्रव के रूप में यह पानी कहलाता है। पानी का आयतन स्थिर होने पर भी यह कटोरी में रखने पर कटोरी का या बाल्टी में रखने पर बाल्टी का सा आकार ग्रहण कर लेता है। गैसीय अवस्था में यह वाष्प कहलाता है जिसका न तो आकार ही निश्चित है और न ही आयतन।

अमूमन सभी ठोस पदार्थों का तापक्रम बढ़ाये जाने पर पहले वह द्रव रूप में परिवर्तित होते हैं। और यदि तापक्रम और अधिक बढ़ाया जाए तो यह द्रव, गैस में परिवर्तित हो जाता है। सन् 1879 में विलियम क्रुक्स ने बताया कि यदि गैस का तापक्रम और अधिक बढ़ाया जाए तो उसके गुणों में एकाएक काफी अधिक परिवर्तन आ जाते हैं। उन्होंने अपने प्रयोगों से इस बात की पुष्टि की कि अत्यधिक तापक्रम पर गैसों का आयनीकरण हो जाता है और गैस पूर्णतः या आंशिकतः आयन एवं इलेक्ट्रॉन के रूप में एक मिश्रण बन जाती है। उन्होंने इसे पदार्थ की चौथी अवस्था का नाम दिया। इसे सन् 1921 में वैज्ञानिक टॉक्स तथा लैंगमूर ने 'प्लाज्मा' कहा। प्लाज्मा एक ग्रीक शब्द है जिसका अर्थ है 'जिसे कोई स्वरूप दिया जा सके।'

जब तक हमें ब्रह्माण्ड के विषय में अल्प जानकारी थी, पदार्थ की इस चौथी अवस्था पर काफी कम अनुसंधान हुए। आज हमें जानकारी है कि वास्तव में ब्रह्माण्ड तो प्लाज्मा का ही बना है। इसका 99 प्रतिशत से अधिक भाग प्लाज्मा के रूप में ही है। कहना तो संभवतः यही उचित है कि प्लाज्मा पदार्थ की सर्वव्यापी अवस्था है। कारण स्पष्ट है। ब्रह्माण्ड में अनन्त दूरियों तक बिखरे तारों की सतहों के तापक्रम 5000 डिग्री केल्विन से 70,000 डिग्री केल्विन तक है। इस तापक्रम पर गैस के परमाणु आयनित होकर आयन एवं इलेक्ट्रॉन के समूहों के रूप में ही रह सकते हैं। यही वह अवस्था है, जिसे हम प्लाज्मा के नाम से जानते हैं।

पदार्थ की प्लाज्मा अवस्था में मुक्त इलेक्ट्रॉन होने के कारण यह विद्युत की सुचालक होती है। अत्यधिक तापक्रम होने के कारण यह समस्या थी कि इसके अनुसंधान एवं इसके संभावित उपयोगों के लिये इसे रखा कैसे जाएगा? पर शीघ्र ही इसका भी जवाब मिल गया। प्लाज्मा को चुम्बकीय क्षेत्र में परिसीमित एवं उसके द्वारा संकुचित किया जा सकता है।

प्लाज्मा की जानकारी ने मानव के सामने विकास के कई रास्ते खोल दिये हैं। सूर्य से होने वाला पराबैंगनी विकिरण हमारे भूमंडल के 70 कि.मी. ऊपर के वायुमंडल को आयनित रखता है। दूर संचार की दृष्टि से भू मंडल का यह ऊपरी स्तर, जो कि प्लाज्मा के रूप में है, काफी महत्वपूर्ण है। अतः इसके गुणों के अध्ययन ने दूर संचार के क्षेत्र में एक क्रान्ति का सूत्रपात किया।

हमारे सूर्य की अनन्त ऊर्जा का स्रोत नाभिक संलयन की अभिक्रिया है। पर, प्रयोगशाला में नियंत्रित नाभिक संलयन के लिए करोड़ों डिग्री केल्विन तापक्रम की आवश्यकता है। इस तापक्रम पर पदार्थ सिर्फ प्लाज्मा अवस्था में ही हो सकता है अतः इस अनन्त ऊर्जा के दोहन के लिए प्लाज्मा पर अन्वेषण कार्य प्रगति पर हैं।

संभवतः प्लाज्मा पर नियंत्रण पाकर मानव प्रकृति पर बहुत बड़ी विजय पा सकेगा।

शैलेन्द्र नाथ भटनागर

अर्द्धचन्द्रः निष्कलुष मन का प्रतीक



अर्द्ध चंद्र से बना वैदिक ओंकार

महाकवि बाणभट्ट (648 ई.) ने अपनी प्रसिद्ध रचना हर्ष चरित के मंगलाचरण में शिव की स्तुति करते हुए यह लिखा है कि जो शिव त्रिभुवन रूपी नगर के नवनिर्माण के मूल स्तंभ है, जिनके ऊँचे मस्तक पर चन्द्रमा का चँवर शोभा दे रहा है, उन्हें नमस्कार। शिव द्वारा ऐसे टेढ़े चन्द्रमा को सिर पर चढ़ा रखने की बात तुलसीदासजी से भी छिपी नहीं है। वह भी गुरु शंकर की इस उदारता को देखकर रामचरित मानस के मंगलाचरण में उनकी वंदना किए विना नहीं रहते। इस अर्द्धचन्द्राकार को शिव ने ही नहीं, गणेश ने भी धारण कर रखा है। यह अर्द्धचंद्राकार है क्या?

इस प्रतीक का भेद तो तब खुला, जब मैक्डोनल और व्यूहलर जैसे विदेशी पंडितों की इस भ्रामक स्थापना के खिलाफ- कि पुराने भारतीय लोगों को लिपि का ज्ञान नहीं था, इन लोगों ने ईसा पूर्व पाँचवीं शताब्दी में बाहर से लिपि उधार ली थी' सुप्रसिद्ध लिपिविद् वालावलकर ने भारतीय लिपि के विकास का 'अर्द्धेन्दु सिद्धान्त' दिया। इन्होंने कहा- कि गणपति अथर्वशीर्ष में भारतीय लेखन की प्रक्रिया बतायी गयी है।

गणपति अथर्वशीर्ष में बताये गये अर्द्धचन्द्राकार से वालावलकर ने सभी वर्णाक्षरों की आकृतियाँ बनाकर एक चार्ट प्रस्तुत कर दी थी। और यह सिद्ध कर दिखाया था कि वर्णमाला की आकृतियाँ जैसे तैसे नहीं बनीं, इनका आकार सुनिश्चित है। माहेश्वर-सूत्र इन वर्णों के आकार, उच्चारण और वर्गीकरण का सुदृढ़ आधार देता है। इस खोज से भाषा की ध्वनि और लिपि का अन्तर्सम्बन्ध स्पष्ट हो गया।

सभी वर्णाक्षर ध्वनियाँ शिव के डमरू से उत्पन्न हुईं मानी जाती हैं अद्‌भुत है यह डमरू भी। दो विपरीत दिशाओं में मुड़े अर्द्धचन्द्राकारों को आपस में मिला दीजिए- डमरू तैयार। सारा खेल अर्द्धचंद्रकार में है। कहते हैं, शिव ने ताण्डव करते हुए नौ और पाँच बार यानी कुल चौदह बार डमरू बजाया, जिससे अ इ उ ण-ऋ लृ क-ए ओङ- खफ छ ढ थ- शष स र् ह ल् अक्षरवर्ण निकले। यही है माहेश्वर सूत्र, जिस पर विचार-वाङ्मयों का इतना बड़ा पर्वत पाठकों के सामने खड़ा चुनौती दे रहा है, जिसे अर्द्धचंद्र ने लिपि देकर बाँध रखा है। माहेश्वर सूत्र और गणपति अथर्वशीर्ष पर आधारित लिपि के अर्द्धेन्दु सिद्धान्त पर ही भारत की सभी भाषाओं की लिपियाँ विकसित हुई हैं। हमारे देवताओं का रूपाकार भी एक भाषा है यह कोई व्यर्थ कपोल कल्पना नहीं है यही है कि हम उसे पढ़ना भूलते जा रहे हैं।

हर्ष चरित के मंगलाचरण में वर्णित शिव के भाल पर शोभित चंद्रमा के चँवर के विषय में दी गयी एक टिप्पणी में यह बताया गया है कि 'प्राचीन वास्तुकला' में एक स्तंभ के ऊपर लगी अर्द्धचन्द्राकृति शैव प्रतीक रूप में प्रचलित थी। उक्त स्तुति में शिव को त्रिभुवन के निर्माण का मूल स्तंभ कहा गया है। स्पष्ट है कि यह स्तंभ शिव के ऊँचे मस्तक का और उसके शीर्ष पर लगी



बोलते प्रतीक

चंद्राकार आकृति उनके मस्तक पर शोभित चंद्रमा का द्योतक है। इस आकृति को अन्य प्राचीन पुरा मुद्राओं और छठीं शताब्दी ईसा पूर्व के सोहगरा ताम्र अभिलेख में देखा जा सकता है। इस प्रतीक की प्राचीनता निर्विवाद है।

प्रत्याशा, प्रयास और प्राप्ति ये तीन बिन्दु हैं जिनमें संसार नाच रहा है। मनुष्य इच्छा करता है, उसकी पूर्ति के लिए जानकारियाँ हासिल करता है, प्रयत्न करता है और काम्य वस्तु की प्राप्ति करता है। भौतिक जगत में यह आकृति निरंतर चल रही है। अधिदैविक जगत में भी सृष्टि स्थिति और लय का यही त्रिबिन्दु सक्रिय है। यही त्रिभुवन या तीन लोक कहे जाते हैं।

जैसे मनुष्य के देह-पिंड में मन है, वैसे ही ब्रह्मांड का मन चंद्रमा है। जैसे वासनाओं से भरे हुए मन वाले मनुष्य को महत्व नहीं दिया जाता, वैसे ही कालिमा लगे चन्द्रमा को भी महत्व नहीं दिया जाता। समाधिस्थ योगी के निजी स्वार्थों वाले मन का अंत हो जाता है। इसके बाद एक और मन उदित होता है। जिसमें करुणा-परोपकार-दया-क्षमा इत्यादि श्रेष्ठ गुण होते हैं। इसी मन से शिवत्व प्रकट होता है। ठीक इसी प्रकार श्रेष्ठ विद्वानों-कवियों-रचनाकारों का मन भी होता है, जिसमें कलुष नहीं, बल्कि विचार और छंद होते हैं यह क्षीण मन है- काफी दुबला पतला, जो अपने स्वार्थों के लिए नहीं लड़ सकता। पर, विचारों के लिए किसी को नहीं छोड़ता। मनुष्य का जैसा मन होता है, विचार होता है वह वैसा ही प्रयास करता है, वैसा ही अपना संसार बनाता है। योगी का दयामय मन संसार का आलजाल नहीं बटोरता। विद्वानों -रचनाकारों का मन संसार का कबाड़ा नहीं सहेजता। यह बात उन रचनाकारों के विषय में कही जा रही है जो अभाव में कवि कलाकार नहीं बने हैं, धनार्जन और सुविधाभोग के लिए विद्वानों की पंक्ति में नहीं लगे हैं। उनके विषय में यह बात कही जा रही, जो स्वभाव से ही शिव संकल्पी हैं। ऐसा व्यक्ति क्षीण वासनाओं का होता है, उसमें सिर्फ सात्विक इच्छाएँ शेष होती हैं। उसका चिदाकाश संकुचित नहीं होता, अपितु दूर-दूर तक खुला होता है। ऐसा व्यक्ति दुर्लभ होता है। ऐसे व्यक्ति का संसार भी विरल होता है- क्षीण।

ऐसे परोपकारी निष्कलुष मन का ही प्रतीक अर्द्धचंद्राकार है। ब्रह्माण्ड में इस मन का द्योतक है दूज का चंद्रमा। पता नहीं, किस काल से यह आस्था चली आ रही है कि द्वितीया के चंद्रमा के दर्शन से श्रीवृद्धि होती है, मनोवांक्षाएँ पूर्ण होती हैं। यह माना जाता है कि सात्विक चित्त की इच्छाएँ अवश्य ही पूर्ण होती हैं। इसी अभिप्राय से हम आज भी ऐसे दुबले-पतले चंद्रमा को देखने का व्रत लेते हैं, इसे कल्पतरु मानते हैं। दुखद तो यह है कि आकाश के दूज के चंद्रमा को धर्म रुचि के लोग अवश्य झाँक लेते हैं, पर धरती के कल्पतरुओं-श्रेष्ठ विचारवालों की उपेक्षा किए बिना नहीं रहते।

इस शैव प्रतीक में शोषण और हिंसा से मुक्त होकर सद्‌विचारों की दिशा में चलने का संदेश है। दूसरों पर शासन करना, स्वेच्छाचारी होना यह ऊँचे मन का लक्षण नहीं है। सबसे ऊँचे मनवाला वह है, जो जगत हित में विषपायी है, शिव संकल्पी है। कितना सुखद लगता है कि आज भी उन्हीं लोगों की यादों में [illegible] की आँखें भर आती हैं, जो परोपकारी होते हैं, किसी तानाः [illegible] लिए होते भी होंगे, तो घड़ियाली आँसू।

प्रम [illegible]

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मेष: इस सप्ताह के पूर्वार्ध तक विशेष प्रयासों के बावजूद कार्य सिद्धि में विलम्ब होता रहेगा। रवि से बुध तक धन का अपव्यय तथा अवांछित व्यक्तियों के कारण मानसिक तनाव बढ़ सकता है। गुरु को कोई शुभ समाचार मिलेगा। शनि तक समय अनुकूल होता जायेगा। घर परिवार के सदस्यों का सहयोग भी लाभान्वित करेगा।

वृष: इस सप्ताह की शुरुआत और आखिरी दिनों में विशेष आशावर्धक गोचर है। सोम तक किसी शुभ संदेशपत्र से क्रियात्मक आयाम बनेंगे। तदुपरान्त बुध तक कुछ मतिभ्रम के कारण स्वजनों से प्रतिरोध रहेगा। गुरु को बौद्धिक लाभ होगा। शनि तक यथेष्ट धन प्राप्ति भी होगी।

मिथुन: विशेष प्रयासों का प्रतिफल मिलने में इस सप्ताह विलम्ब अधिक होगा। रवि और सोम को व्यर्थ की दौड़भाग और अस्थिरता के कारण खेद झेलना होगा। मंगल को पराक्रम सिद्धि का दिन है अतः महत्वपूर्ण कार्य तत्परता से नियोजित कर लें। शनि तक व्यस्तता के बावजूद मनोविनोद भी बढ़ेंगे।

कर्क: प्रतिस्पर्धा के कारण इस सप्ताह विशेष उपलब्धि योग है। रवि से मंगल तक सभी कार्य यथासमय पूरे हो जायेंगे। बुध को शुभ समाचार उत्साहित करेगा। शनि तक रचनात्मक कार्यों का सुपरिणाम भी मिलेगा।

सिंह: इस सप्ताह यात्रा में कष्ट की [illegible]भावना रहेगी। रवि से मंगल तक कार्य [illegible]लता में संदेह रहेगा। बुध से गुरु तक [illegible] स्तर के लाभ की प्राप्ति होगी। त[illegible] शनिवार तक उदर विकार अथवा धन के [illegible] से मनस्ताप रहेगा।

[illegible] पख आनन्द से ओत-प्रोत गोचर [illegible] तक बारंबार लाभ के

की अपेक्षा रहेगी।

धनु: अत्यधिक दौड़भाग और परिश्रम के बावजूद इस सप्ताह आपको निराश एवं अवसाद का सामना करना होगा। रवि से बुध तक अपने काम से काम रखें। गुरु को किसी महत्वपूर्ण कार्य में सहायक व्यक्ति से मुलाकात होगी। शनि तक आश्वासनों के बल पर कुछ मायूसी कम होगी।

मकर: आर्थिक कार्यों के निष्पादन के लिए सप्ताह विशेष उल्लेखनीय रहेगा। रवि से बुध तक बौद्धिक कार्य की सफलता का हर्ष रहेगा। गुरु को शारीरिक कष्ट की आशंका रहेगी। शनि तक समय बारंबार फायदा पहुंचायेगा। अतः गतिशील रहना ही अभीष्ट होगा।

त्यौहार व्रत :

11 अप्रैलः ईष्टर सण्डे (क्रिश्चियन सम्प्रदाय)। गुरुतेग बहादुर जयन्ती (सिख संप्रदाय), 13 अप्रैलः वैशाखी मेला (पंजाब)। मेल संक्राति (गंगा स्नान पर्व)। गुरु अर्जुनदेव जयन्ती (सिख), 14 अप्रैलः शीतलाष्टमी व्रत (कालाष्टमी), 17 अप्रैलः बरुधिनी एकादशी व्रत (सबका)। श्री बल्लभाचार्य)

केवल आनन्द जोशी

यह अन्तर्राष्ट्रीय फोन कॉल है. सामान्य अन्तर्राष्ट्रीय फोन शुल्क ही लागू. वर्ल्ड फोन



CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विदेश

पाक को ऋण

मनीला: एशियाई विकास बैंक ने पुरानी नीति से हटते हुए इस बार पाकिस्तान को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के लिए दो करोड़ पचास लाख डालर का ऋण देने का निर्णय किया है। पाकिस्तान की जनसंख्या वृद्धि दर इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। बैंक की ओर से जारी एक वक्तव्य के अनुसार इस ऋण परियोजना से पाकिस्तान को इस शताब्दी के अंत तक अपनी जनसंख्या वृद्धि दर को 3.1 प्रतिशत से कमकर 2.6 करने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। पाकिस्तान की जनसंख्या में इतनी तेजी से वृद्धि हो रही है कि अगले 20 वर्षों में इसके दुगुना होने की संभावना है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि दर हालांकि 1980 के दशक में 6.5 प्रतिशत थी, लेकिन जनसंख्या वृद्धि दर अधिक होने के कारण लोगों का जीवनस्तर ऊपर नहीं उठा। परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रसार तथा सूचना, शिक्षा और संचार को बढ़ावा दिया जायेगा।

हथियार बेचने पर सजा

आग्सबर्ग (जर्मनी): एक जर्मन कंपनी के प्रबंधक वेंकटरमणन को एक करोड़ अस्सी लाख डालर मूल्य का हथियार इराक को अवैध रूप से बेचने पर साढ़े तीन वर्ष की कैद की सजा सुनायी गयी है। वेंकटरमणन भारतीय मूल का है। वेंकटरमणन को जर्मन कानूनों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इन कानूनों के तहत बिना परमिट के सेना के उपयोग में आने वाले हथियारों के व्यापार और उनके निर्यात पर प्रतिबंध है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि उसकी कंपनी ने 1987-1988 में ईरान-इराक युद्ध के दौरान इराक को कारतूस साफ करने के उपकरण निर्यात किये थे। अभियुक्त ने माना कि ईराक पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध लगने के एक वर्ष बाद 1991 के अंत में इराक को ये उपकरण भेजे गये। उसे इराक के स्कड-बी और स्टाइक्स प्रक्षेपास्त्रों के लिए डिटोनेटरों के गैर-कानूनी निर्माण तथा भंडार रखने का भी दोषी पाया गया।

एड्स संक्रमण का नया तरीका

वाशिंगटन: डाक्टरों ने एड्स के एक अद्भुत मामले का पता लगाया है जिसमें शिशु घर में रहने वाला एक बच्चा दूसरे बच्चे से एड्स से संक्रमित हो गया। एन.बी.सी. न्यूज के अनुसार, इन बच्चों की उम्र दो और पांच वर्ष के बीच है। एक बच्चे का खून दूसरे बच्चे के शरीर से लग गया और एड्स कीटाणु उसके शरीर में प्रवेश कर गये। न्यूजर्सी के एक अस्पताल के इन डाक्टरों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी।

विस्फोट में कर्मचारी का हाथ

पेइचिंग: चीन के मध्यवर्ती हुनान प्रान्त के एक रासायनिक कारखाने में नवम्बर के अन्त में हुए विस्फोट में 61 व्यक्ति मारे गये और 21 व्यक्ति घायल हो गये। विस्फोट के पीछे एक कर्मचारी का हाथ बताया जाता है। इस विस्फोट की खबर आज दी गयी। 'चाइना डेली' की खबर के अनुसार यह विस्फोट 26 नवम्बर को नानलिंग केमिकल वर्क्स एण्ड इक्सप्लोसिव फैक्ट्री में हुआ। विस्फोट से आसपास के भवन भी ध्वस्त हो गये। 59 व्यक्तियों की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गयी। इनमें 17 महिलाएं भी शामिल थीं। विस्फोट कारखाने के एक कर्मचारी ने किया जो इसमें 6 वर्ष तक काम कर चुका था।

थापा मिशन का नेतृत्व करेंगे

संयुक्त राष्ट्र: नेपाल के मेजर जनरल कृष्ण नारायण थापा संयुक्त राष्ट्र इराक-कुवैत पर्यवेक्षक मिशन का नेतृत्व करेंगे। कल रात यह घोषणा की गयी। 54 वर्षीय जनरल थापा मेजर जनरल तिमाई दिबुआमा का स्थान लेंगे जो वापस घाना लौट रहे हैं। अभी इस मिशन के तहत एक बांग्लादेशी बटालियन तैनात है। मेजर जनरल थापा को बल कमांडर नियुक्त किया गया है जबकि जनरल दिबुआमा 'प्रमुख सैन्य पर्यवेक्षक' के पद पर तैनात थे।

उ. कोरिया तैयार

वाशिंगटन: उत्तरी कोरिया ने परमाणु क्षमता के मुद्दे पर विवाद निपटारे के अमेरिकी प्रस्ताव का औपचारिक उत्तर दे दिया है। न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार प्योंगयोंग ने अपने परमाणु संयंत्रों के अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षण का प्रस्ताव रखा है। समाचारपत्र ने क्लिंटन प्रशासन के सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि कोरियाई प्रस्ताव हालांकि अमेरिकी मांग पर पूरा नहीं उतरता लेकिन इसे गत शुक्रवार संयुक्त राष्ट्र संघ में उत्तरी कोरियाई प्रतिनिधि ने अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों के समक्ष रखा।

राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने 1992 का बी.सी. राय राष्ट्रीय पुरस्कार योजना आयोग के सदस्य प्रो. जे.एस. बजाज को राष्ट्रपति भवन में शनिवार को दिया।

ऊंची अदालतों में जजों की नियुक्तियों में देरी नहीं होगी

प्रमुख संवाददाता

नयी दिल्ली, 4 दिसम्बर।

अदालतों में लम्बे समय से लम्बित मामलों और न्यायिक प्रक्रिया को सरल व प्रभावी बनाने के लिए मुख्यमंत्रियों और मुख्य न्यायाधीशों की दो दिवसीय बैठक में अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये हैं।

इन प्रस्तावों में जजों के तबादलों और नियुक्तियों से लेकर न्यायालयों के आधुनिकीकरण तक तथा अदालतों द्वारा जारी किये जाने वाले अंतरिम आदेशों सम्बन्धी मुद्दे शामिल हैं।

विधि, न्याय एवं कम्पनी मामलों के केन्द्रीय राज्यमंत्री एच.आर. भारद्वाज ने इसे अपने प्रकार की विशेष एवं ऐतिहासिक बैठक की संज्ञा देते हुए कहा कि इसमें भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर भी विचार किया गया।

उन्होंने बताया कि न्यायालयों में आने वाले मुकदमों का निर्णय जल्दी से जल्दी करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने से लेकर न्यायालयों के आधुनिकीकरण और जजों की नियुक्तियों और तबादलों पर प्रक्रिया को सयमबद्ध करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

उन्होंने बताया कि नियुक्तियों और तबादलों के सम्बन्ध में 32 प्रस्ताव सरकार के पास आ चुके हैं। इस सम्बन्ध में जिस स्तर पर भी प्रस्ताव की स्वीकृति की जरूरत होगी, उसके लिए समय निर्धारित कर दिया जाएगा और यदि उस निर्धारित समय में राज्य सरकार या अन्य कोई स्तर अपनी सिफारिश नहीं देता है, तो उसे स्वीकृत ही समझा जाएगा।

बैठक में पारित सिफारिशों के अनुसार ऊंची अदालतों में जजों की नियुक्ति के लिए स्थान रिक्त होने चार महीने पहले कार्यवाही शुरू की जाए। उच्च न्यायालय में जजों की नियुक्ति के मामले में निचली अदालतों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये, जो अधिकतम 40 प्रतिशत तक हो।

प्रत्येक उच्च न्यायालय में जजों की संख्या के सम्बन्ध में समय-समय पर समीक्षा की जाए तथा जजों की नियुक्ति करते हुए अधिक से अधिक ध्यान दिया जाए।

इतना ही नहीं, बैठक में यह भी सिफारिश की गयी कि प्रत्येक उच्च न्यायालय में अन्य राज्यों से कम से कम एक-तिहाई जजों की नियुक्ति करने की नीति प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित की जाये। कुछ विशेष मामलों को छोड़कर वरिष्ठ अदालतों के जजों को जांच आयोग में नियुक्ति नहीं की जाए।

विवाह सुलझाने के कुछ तरीकों-आपसी बातचीत, बीच-बचाव आदि को भी काम में लाने का प्रयास किया जाए तथा जिला एवं नगर अदालतों में दो लाख रुपये तक के विवाद सुने जाने की इजाजत दी जाए।

बैठक ने सिफारिश की है कि उच्च न्यायालय मामलों का ऐसा वर्गीकरण भी करे, जिससे पता लगे कि कौन-सा मामला एकल जज या कौन-सा डिवीजन बैंच द्वारा सुना जाना है।

मिग-27 व जगुआर का आधुनिकीकरण होगा

रंजीत कुमार

खडकवासला, 4 दिसम्बर।

भारतीय वायुसेना ने अपने मिग-27 और जगुआर प्रहारक विमानों के बेड़े का भी आधुनिकीकरण करने की योजना बनायी है। इन विमानों में बेहतर किस्म के राडार और इलेक्ट्रानिक उपकरण लगाये जायेंगे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एस.के. कौल ने आज यहां एक बातचीत में इस आशय के संकेत दिये।

भारतीय वायुसेना ने अपने मिग-21 लड़ाकू विमानों के आधुनिकीकरण की योजना को एक साल पहले ही मंजूरी दे दी है, लेकिन रक्षा मंत्रालय अब तक इस आशय का निर्णय नहीं ले सका है कि मिग-21 विमानों के आधुनिकीकरण में किस विदेशी कम्पनी का सहयोग लिया जाये।

वायुसेना प्रमुख ने बातचीत में कहा कि मिग-27 और जगुआर विमानों के आधुनिकीकरण की दीर्घकालीन योजना है। सम्भवतः इस योजना को मिग-21 का आधुनिकीकरण शुरू करने के बाद ही लागू किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मिग-27 विमान नासिक स्थित हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स (हैल) लि. के कारखाने में रूसी मिकोयान कम्पनी के सहयोग से बनाया जाता है। भारतीय वायुसेना के बेड़े में मिग-27 किस्म के अब तक सौ से भी ज्यादा विमान शामिल हो चुके हैं। मिग-27 को पहली बार भारतीय वायुसेना में पिछले दशक के आरम्भ में शामिल गया गया था।

मिग-27 के पहले गहन भेदी प्रहारक विमान जगुआर को 1979 में ब्रिटेन की कम्पनी ब्रिटिश एरोस्पेस से खरीदा गया था। बाद में इस विमान को ब्रिटिश कम्पनी के लाइसेंस के आधार पर भारत में बनाया जाने लगा। जगुआर और मिग-27 विमान दुश्मन के इलाके में काफी भीतर जाकर बमवर्षा करने की क्षमता रखते हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जब तक भारत में विकासाधीन हल्के लड़ाकू विमान (एल.सी.ए.) परियोजना फलीभूत नहीं हो जाती है, तब तक भारतीय वायुसेना को अपने पुराने विमानों के आधुनिकीकरण से ही काम चलाना होगा।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान अपने लड़ाकू विमानों को चीन के सहयोग से आधुनिकीकरण के कार्यक्रम को काफी अर्से से लागू कर रहा है। उसने चीन से आधुनिकीकृत एफ-7 लड़ाकू विमान हाल के वर्षों में सौ से भी अधिक संख्या में खरीदे हैं।

भारतीय रक्षा विशेषज्ञों को आशंका है कि पाकिस्तान पर से अमेरिका द्वारा प्रेसलर कानून उठा लेने से पाकिस्तान के लिए अमेरिका से एफ-16 लड़ाकू विमानों को हासिल करना आसान हो जायेगा। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय वायुसेना द्वारा जवाबी कदम उठाना लाजिमी है। वित्तीय संकटों के कारण चूंकि भारतीय वायुसेना को नये लड़ाकू विमान मुहैया नहीं कराये जा सकते, इसलिए पुराने विमानों में नये उपकरण लगाकर उसे पहले से अधिक उपयोगी बनाये जाने के अलावा भारतीय वायुसेना के पास कोई चारा नहीं है। मिग-27 और जगुआर विमानों में नये राडार और इलेक्ट्रानिक उपकरण लगाये जाने से इन विमानों की मारक और रक्षात्मक क्षमता तो बढ़ायी ही जा सकेगी, इनका जीवनकाल भी बढ़ाया जा सकेगा।

वायुसेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एस.के. कौल यहां पुणे के पास राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन.डी.ए.) के 85वें पाठ्यक्रम के उत्तीर्ण कैडेटों की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करने आये थे। यहां कैडेटों को सम्बोधित करते हुए वायुसेनाध्यक्ष ने सशस्त्र सेनाओं में आपसी सहयोग पर बल दिया, क्योंकि भविष्य में कभी भी लड़ाई सेनाओं में निकट के सहयोग से ही लड़ी जा सकेगी।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 85वें पाठ्यक्रम में इस साल 236 कैडेट उत्तीर्ण हुए हैं। ये कैडेट अब थलसेना, वायुसेना और नौसेना की अलग-अलग अकादमियों में भर्ती होंगे। थलसेना और वायुसेना के वर्तमान प्रमुख जनरल बी.सी. जोशी और एयर चीफ मार्शल कौल राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के एक ही बैच के सहपाठी रहे हैं। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के कैडेट विभिन्न सेनाओं में जाते हैं, इसलिए वायुसेनाध्यक्ष ने कैडेटों से कहा कि वे भविष्य में भी आपस में सम्पर्क बनाये रखें।

उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि वर्तमान थलसेनाध्यक्ष से उनका नियमित सम्पर्क रहा है। इस तरह से सम्पर्क से सेनाओं में बेहतर तालमेल विकसित होता है।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के भव्य मार्चपास्ट के बाद आज वायुसेना के तीन जगुआर विमानों और छह मिग-21 विमानों ने आकृति उड़ान में शानदार फ्लाई पास्ट किया। कैडेटों का यह समारोह तीन दिनों तक चलता है, जिसमें वे खेलकूद, घुड़सवारी आदि का प्रदर्शन करते हैं। पासिंग आउट परेड देखने के लिए कैडेटों के माता-पिता भी आमंत्रित किये जाते हैं।

नेताओं की गुटबाजी से कांग्रेस डूबी

ओमप्रकाश तपस

नयी दिल्ली, 4 दिसम्बर।

राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेसी नेताओं की आपसी गुटबाजी के कारण ही कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले पिछड़ गयी। इसी खींचतान के कारण अंततः सरकार बनाने में भी कांग्रेस सफल नहीं हो सकी। अब सरकार न बनने के कारण राज्य के कांग्रेसी नेता एक-दूसरे को इसके लिए दोषी बता रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि नेताओं की आपसी खींचतान के कारण ही निर्दलीय विधायकों को कांग्रेस में वापस नहीं लाया जा सका। ज्ञातव्य है कि 21 निर्दलीय विधायकों में से 17 पुराने कांग्रेसी हैं। पर्यवेक्षकों का मानना था कि कांग्रेस से सम्बद्ध रहे निर्दलीय विधायकों को वापस घर लौटाया जायेगा और जनता दल के समर्थन के साथ सरकार बनायी जायेगी। लेकिन गुटबाजी के कारण ऐसा नहीं हो सका।

17 निर्दलीय पर पुराने कांग्रेसी विधायकों का संबंध प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष परसराम मदेरणा, नवल किशोर शर्मा और हरिदेव जोशी से था। तीनों ही नेता अपने विरोधी को राज्य के मुख्यमंत्री पद पर नहीं देखना चाहते थे। इसी कारण से विधानसभा में नेता पद का चुनाव देर तक टलता रहा और इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी के समर्थक निर्दलीय विधायक राज्य के भाजपा नेता भैरोंसिंह शेखावत के साथ चले गये। श्री शेखावत ने कांग्रेस से सम्बद्ध निर्दलीय विधायकों के ठहरने का इंतजाम राज्य के भाजपा कार्यालय में ही किया था। कांग्रेस नेताओं का इनसे सम्पर्क नहीं हो रहा था। श्री जोशी समर्थक निर्दलीय विधायकों को अपने खेमे में लाने के लिए ही हरिदेव जोशी को विधायक दल का नेता बनाया गया। पर इसके बाद भी निर्दलीय विधायक कांग्रेस में वापस नही आये और दल-बदल के रिंग मास्टर केन्द्रीय पर्यवेक्षक भजनलाल मात खा गये।

राजस्थान के एक प्रमुख नेता का कहना है कि इस बात की जांच की जानी चाहिए कि कांग्रेस के 17 बागी लोग किन नेताओं के समर्थन से चुनाव लड़े और कांग्रेस व अन्य प्रत्याशियों को हराकर चुनाव जीते। आरोप है कि आपसी गुटबाजी के कारण राज्य के बड़े नेता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के बजाय अपने निर्दलीय प्रत्याशियों को समर्थन दे रहे थे। ऐसा करके उन्होंने पार्टी का अनुशासन तोड़ा।

आपसी गुटबाजी के कारण कांग्रेस के प्रमुख नेता अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीयों को चुनाव लड़वा रहे थे। उनकी ताकत इसी में खर्च हो रही थी कि दूसरे गुट का अधिकृत प्रत्याशी भी हारे और इसी कारण राज्य में कांग्रेस के दर्जनों प्रत्याशी हार गये। ज्ञातव्य है कि राजस्थान कांग्रेस में दो प्रमुख गुट हैं। इनमें एक गुट में परसराम मदेरणा और केन्द्रीय सरकार में शामिल मंत्री भी हैं। जबकि अन्य गुट में नाथूराम मिर्धा, हरिदेव जोशी और दिल्ली के नेता हैं। राज्य में करीब आधे दर्जन नेता मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदार थे और इसके लिए दूसरे गुटों को किसी भी हद तक नीचा दिखाना चाहते थे।

सूत्रों का कहना है कि निर्दलीय विधायक केन्द्रीय नेतृत्व से बहुत नाराज थे। इनमें हरियाणा के मुख्यमंत्री भजनलाल, केन्द्रीय नेता जी. के. मूपनार, अहमद पटेल इत्यादि भी हैं। एक निर्दलीय विधायक ने इस संवाददाता से कहा कि दिल्ली से आये नेताओं के कारण ही राज्य में कांग्रेस चुनाव हार गयी।

अगला हिन्दी सम्मेलन त्रिनिदाद में आयोजित होगा

पोर्ट लुई, 4 दिसम्बर (भाषा)। चौथा विश्व हिन्दी सम्मेलन आज यहां इस आह्वान के साथ संपन्न हुआ कि विश्व भर में बसे हिंदी भाषी हिंदी को संयुक्त राष्ट्र में उसका उचित दर्जा दिलाने के लिए अपनी सरकारों से आग्रह करें। सम्मेलन में इस आशय का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। अगला विश्व हिंदी सम्मेलन मध्य अमेरिकी देश त्रिनिदाद में आयोजित होगा।

त्रिनिदाद के प्रतिनिधि श्री रीवेन्द्रनाथ पंडित ने प्रस्ताव रखा कि 1995-96 में वहां भारतीय मूल के लोगों के आगमन की डेढ़ सौवीं वर्षगांठ मनायी जायेगी और इस अवसर पर यह सम्मेलन वहां आयोजित किया जाये। सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों ने सहर्ष यह प्रस्ताव स्वीकार किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि तथा मारीशस के उपराष्ट्रपति ने अपने काव्यात्मक भाषण में मारीशस में उतरे हिंदी के सितारों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री ने प्रेम के कारण यहां अपने सद्भावना शिष्टमंडल को भेजा। समापन समारोह को भारत के सरकारी शिष्टमंडल के नेता तथा महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष मधुकर राव चौधरी और केन्द्रीय गृह उपमंत्री रामलाल राही ने भी संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी को सबसे पहले भारत में ही उसका उचित स्थान मिलना चाहिए, तभी विश्व में उसे उचित स्थान मिल पायेगा। लंदन विश्वविद्यालय के डा. रूपर्ट स्नेल ने इंग्लैंड में हिन्दी की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि वहां हिन्दी का मतलब है फिल्में। इंग्लैंड में बसे भारतीयों में हिन्दी इसलिए जीवित है क्योंकि लोग हिन्दी फिल्में देखते हैं।

सम्मेलन की साहित्य समिति के उपाध्यक्ष डा. मुनीश्वर लाल चिंतामणि ने कहा कि हिन्दी विश्व भर में फैले भारतीय मूल के लोगों के बीच सांस्कृतिक सेतु का काम कर सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि विश्व हिन्दी सम्मेलन का मुख्य सचिवालय भारत में स्थापित किया जाये और इसकी शाखायें विश्वभर में हों। डा. चिंतामणि ने कहा कि हिन्दी को साधन सामग्री के अलावा निष्ठावान आदर्शवादी कार्यकर्ताओं तथा नये रक्त और नये उत्साह की जरूरत है।



CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सूफी काव्य परम्परा का स्वरूप

विद्यानिवास मिश्र

सूफी चिंतन में जात और सिफत दो वास्तविकताओं की चर्चा आती है, जात पर सत्ता की आभ्यन्तर वास्तविकता है और सिफत ग्राह्य। कुछ सम्प्रदाय जैसे कुजिदिया और अशारिया जात को ही वजूद या सत्ता मानते हैं, जबकि सूफिया इसे वजूद से अलग मानते हैं। अतः जात की खोज और सिफत के माध्यम से खोज प्रेममार्गी का परम उद्देश्य है। पर सत्ता की जात की पहली पहचान ही सिर्फ है जो शान्त समुद्र में लहर की तरह है और यह पहचान होती तब है जब आदमी अपनी इयत्ता समझ लेता है। इस प्रकार आदमी परम सत्ता का एक लघु संस्करण है, यह पिण्ड ब्रह्म का ही संकुचित रूप है। यह इसलिए एक संकुचित होने पर विस्तार की आकांक्षा करे और निरन्तर की आकांक्षा करते ही पर सत्ता की ओर अभिमुख हो जाये। सूफी साधना में अभिमुख करने में सबसे अधिक सहायक होता है जिक्र (स्मरण या ध्यान) विशेष कर नाम और नामों की। यह जिक्र शुरू में मुखर रहता है, धीरे-धीरे अन्तर्मुखी होता जाता है। यही फिर जब और गहराई में पहुंचता है तब जिक्र और जाकिर (ध्यान और ध्यान करने वाला) दोनों गायब हो जाते हैं। केवल ध्यान का आस्वाद भर बचा रहता है। इसी को जिक्रशही भी कहते हैं। इसके ऊपर एक अवस्था है जिसमें सालिक अपने को खो देता है और ईश्वर को अपने रूप में समीप देखने लगता है। वह सोचता है कि मैं तो नहीं हूं, पर वह है। यह ध्यान की अवस्था जिक्रशही है। यह व्यवस्थाओं का तारतम्य वैष्णव रागानुगा प्रीति जैसा ही है और कबीर के प्रेम में भी देखा जा सकता है। ध्यान से तन्मयता प्राप्त होती है और तन्मय होकर फिर सुध आती है कि उसी में खो गया है। पहली बूंद समुद्र में समाती है फिर समुद्र ही बूंद में समा जाता है। साहित्य में सूफी दर्शन की सभी सीढ़ियां नहीं मिलती हैं। इसका केवल यही अर्थ है कि प्रेम कथानक काव्य पहले है, दर्शन इसके लिए ब्याज है। यह दिव्यप्रेम के भाव में सराबोर करने के लिए है न कि साधना की शिक्षा देने के लिये।

मैं तो ऐसा मानता हूं कि भक्ति और भक्ति काव्य में एक मौलिक अन्तर है। भक्ति काव्य का रस केवल भक्त को ही नहीं मिलता है, किसी भी सहृदय पाठक को मिलता है उसके लिए एक विशेष दीक्षा या अनुग्रह उतना आवश्यक नहीं

है कि हम सूफी काव्य को समझने के लिए जितना भी प्रयत्न करें कि यह एक अन्योक्ति विधान है जिसमें नायिका परसत्ता है, नायक परसत्ता का चाहक है। संदेह देने वाला गुरु है। वही रास्ता दिखलाता है। विघ्न-बाधा के रूप में आने वाला पात्र माया शैतान है। अन्योक्ति में मन उतना नहीं रमता जितना वर्णनों की सरसता में रमता है। यह वर्णन अन्योक्ति के अर्थ के बिना मनोरम है।

इन काव्यों के लिए विशेष रूप से लोगों ने कथारस सुना या पढ़ा या एक ऐसी प्रेमानुभूति में डूबने के लिए पढ़ा जिसमें पढ़ने-सुनने वाला आदमी एक क्षण के लिए एक विचित्र संसार में स्थापित कर दिया जाता है, जब विरह की ज्वाला का वर्णन जायसी जैसा कवि ही करता है, सूरज विरह की आग में डूबकर लाल हो जाता है, वन टेसू के फूलों से दहक उठता है। समस्त वनस्पति जीवन यसना से रंगा गया, जप-तप सब उस राग में रंग गये और उस राग की ऐसी वर्षा हुई कि धरती गेरु हो गयी। सभी पखेरुओं के पंख लाल हो गये। सारा अस्तित्व लाल हो गया। सारी इच्छाएं लाल आग बन गयीं। गगन में बादल भी लाल हो गये।

सूरज बूड़ि उठा होई ताता। औ मजीठ टेसू बन राता।।
भा बसन्त, राती बनसपती। औ राते सब जोगी जती।।
भूमि जो भीजि भयेहु सब गेरु। औ राते तहं पंखिपखेरु।।
राती, सती, अगिनि सब काया। गगन मेघ राती तेहि छाया।।

राग का यह प्रसार एक इन्द्रियगोचर चित्र प्रस्तुत करता है और अतीन्द्रिय अनुभव को ऐन्द्रिय अनुभव में रूपान्तरित कर देता है। कविता इसीलिए मोहक होती है। यह अपरिचय से प्रारंभ नहीं होती। यह अपरिचित को भी परिचय में बांधने की आकांक्षा से प्रारंभ होती है। क्योंकि यह मनुष्य की सोयी हुई उस आकांक्षा को जगाने का काम करती है जो अपनत्व के विस्तार के लिए सहज रूप में बहा है।

मैंने जानबूझकर, इसीलिए केवल संक्षेप में सघन की बात की है क्योंकि अनुराग बांसुरी और हंस जवाहिर इन दो काव्यों को छोड़कर कहीं भी अन्योक्ति विधान के लिए बल नहीं दिया गया है। केवल इन्हीं दो काव्यों के पात्रों के नाम, पड़ावों के नाम आदि भी रूपात्मक हैं। संस्कृत में प्रबोधचन्द्रोदय नाम का एक नाटक है जिसमें अद्वैत के अनुभव की प्रक्रिया को नाटकीय कथानक में पिरोया गया है। नूर-मुहम्मद के अनुराग बांसुरी में जीव नामक राजा है,

अन्तःकरण नामक उसका पुत्र है, उसके साथी हैं—संकल्प, विकल्प और चिन्ता, उसकी धर्मपत्नी है महामोहिनी। वह एक श्रवण नामक ब्राह्मण कन्या सर्वमंगलाकी प्रशंसा सुनकर मोहित हो जाता है। अन्तःकरण को जीव चाहता है कि सर्वमंगला से विरचित हो, पर वह और अनुरक्त हो जाता है। स्नेह गुरु उसकी हठता देखकर प्रसन्न हो जाते हैं और उसको प्रेममार्ग में दीक्षित करते हैं तथा उसे उपदेशी नामक साथी दे देते हैं। अन्तःकरण तोते को लेकर सनेगार की ओर चलता है। रास्ते में बाधा आती है। स्नेहगार पहुंचकर वह सर्वमंगला का ध्यान करता है। उधर सर्वमंगला को भी स्वप्न होता है कि कोई प्रेमी उसकी तलाश में है और वह प्रेमी से मिलने के लिए व्याकुल हो जाती है। तोता सहायक होता है और इसके बाद दोनों का मिलन हो जाता है। इसमें रूपक विधान इतना स्पष्ट है कि कोई मानवीय स्पर्श दिखलायी ही नहीं पड़ता। यह सूचना भी सोद्देश्य रचना है क्योंकि कवि की इसमें प्रतिज्ञा है—

हिन्दू मग पर पावन राखें। का जो बहुतैं हिन्दी भाखैं।

यह धार्मिक प्रचार बहुत कुछ उसी स्तर का है जिस स्तर का प्रचार ईसाई पादरियों द्वारा संस्कृत में रूपांतर करके किया गया। पर अचरज की बात यह है कि अनुराग बांसुरी के लेखक नूरमुहम्मद की दूसरी रचना इन्द्रावती इससे बिलकुल भिन्न है। उसमें विचित्र प्रकार के स्वप्न अभिप्राय हैं और उसके अन्त में उसके मिलन की अस्थिरता ही है।

राजकुंवर की मृत्यु अचानक होती है और उसके बाद उनकी दोनों रानियां सती हो जाती हैं।

कासिम शाह की हंस जवाहिर रचना भी कुछ हद तक मृगावती, पद्मावत की परंपरा से दूर अन्योक्ति विधान को महत्व देने वाली रचना है जिसमें नायक का नाम हंस, नायिका का नाम जवाहिर है उस नायिका के पिता का नाम आलम शाह है, उसकी सखी का नाम शब्द नामक पक्षी है जो जवाहिर को उसके उपयुक्त प्रेमी को मिलाने में सहायता पहुंचाती है। इसमें विचित्र घटना यह है कि जिनदिलौर से जवाहिर का पिता जवाहर का शादी करना चाहता है। उसी जिनदलौर की बहिन से बाद में शादी भी कर लेता है। पर इस काव्य में उतना सघट अन्योक्ति विधान नहीं है जितना अनुराग बांसुरी में। ये दोनों रचनायें काव्य की दृष्टि से कम प्रभावोत्पादक हैं। सामान्य पाठक जिन गुणों से इस प्रकार की नयी काव्य विधा की ओर आकृष्ट हुआ उन लोगों की कुछ-कुछ चर्चा पहले कर चुका हूं। अब उदाहरण देकर विशद चर्चा करूंगा।

पहला गुण है कि लोक कल्पना के अनुसार पवन, पक्षी, पुष्प को अपने सहचर के रूप में पाना, उन्हें संदेश वाहक बनाना और उन्हें अपने अनुमान का साक्षी ही नहीं साझेदार बनाना। कुतुबन में मृगावती के प्रिय को संदेश देने की विधि बतलायी है और जो विधि गोपियों ने विरह गीत में अपनायी या तुलसीदास ने राम के विरह वर्णन में अपनायी। यही विधि कुतुबन ने भी अपनायी क्योंकि वह विधि एक विशाल लोक अनुभव से प्राप्त विधि थी।

पवन संदेशा ले रे चालहु भंवर किन।
मालति यह रे अवस्था कहियहु तुम्ह बिन।
जयमाला करि नाऊं जगत ही जिय रहई।

निसि बासुर बिबि तौस पीय गुन हिय दहई।

—मृगावती

दूसरी मोहक विशेषता है कि लोक में मनाये जाने वाले उत्सव रीति रिवाजों का सरस चित्रण बारहमासा के माध्यम से खेतिहर जीवन के कार्य-कलाप और अनेक प्रकार की गतिविधियों के बीच बिरहिणी की वेदना दोनों के बीच संग्रन्थन मिलता है। वह पारम्परिक होता हुआ भी बहुत अनूठा है। सबसे सटीक बारहमासा पद्मावत और नूरजहां का है जो नागमती की विरह के वर्णन के प्रसंग में है। पद्मावत में सूर्य नक्षत्रों के अनुसार कार्य-कलाप के सुन्दर चित्र हैं—

बरसे मघा झकोरि झकोरी। मोर दुइ नैन चुवै जस ओरी।।
पुरवा लागि भूमि जल पूरी। आक जवास भई तस झूरी।।
सखिन्ह रचा पिउ संग हिंडोला। हरियर भूमि कुसुंभी चोला।।

पद्मावत

इसमें ग्राम्यचित्र मिलता है, या गृहिणी की याद आती है, उस सबका परिपाक ख्वाजा अहमद के नूरजहां में हुआ है, जिसमें गृहिणी नायिका गुलबास अपना विरह वर्णन करती हुई सारे कार्य-कलाप गिना जाती है जिसकी पिछवापी में उसकी उदासी गहरा जाती है। बारहमासा मैं पूरा का पूरा उद्धृत कर रहा हूं। यह आषाढ़ से शुरू होता है और जेठ के आगभभूका आकाश में अन्त होता है। आर्द्रा नक्षत्र में जमीन में बीज डालकर और घर छाकर लोगों को निश्चिंतता होती है और

इसलिए प्रेम का रस पीने का अधिकारी वह है जो जलकर मरे और मरकर जीये और इसकी कथा ऐसी विचित्र है जो कुछ सुने वह होश खो बैठे। इस रसमय प्रेम कथा को सुनते ही चित्त और चेतना सब भूल जाते हैं, जो सुनता है उसकी आंखें आंसू से भर जाती हैं और आंसू सब कलुष धो देता है। मृगावती की कहानी जान लें तो दूसरी कहानी की आवश्यकता नहीं। सात समुद्र के पानी बराबर स्वाती की धार चातक-चित्त में कहानी बनकर भर गयी है। ऐसी परिपूर्णता का दावा जो इन कवियों ने किया वह थोथा नहीं है क्योंकि इन कवियों ने सम्पूर्ण मानव संभावना का मंथन किया है। सौन्दर्य की हर लहर पहचानी है और सम्पूर्ण मन से सम्पूर्ण सौन्दर्य के लिए अपना ही मंथन किया है, बार-बार मंथन किया है। एकनिष्ठता की कठिन से कठिन परीक्षा की है। ऐश्वर्य और निश्चिंतता को बार-बार दांव पर रखवाया है। वर्ण्य इस सबके बाद भी जो मिलता है वह इतना अधिक होता है कि मिलना टिक नहीं पाता, ज्योति ज्योति में समा जाती है, रह जाती है केवल प्रेम कहानी।

बिरहिणी की एकान्त व्यथा बढ़ जाती है। सावन लगते ही झूले भी पड़ते हैं बीज लहलहा उठते हैं, सुहावनी घटा घिर आती है और झरी लग जाती है, सुहागिन स्त्रियां तरह-तरह शृंगार करती हैं, सरोवर उमड़ने लगते हैं। उस समय प्रिय के बिना मैं बावली घूम रही हूं। पता नहीं वे कहां हैं। ताल-तलैया सब भर गये हैं, केवल अकेली मैं सूख रही हूं:

अद्रा बीज भूमि जा बोना। मंदिर छाइ सब जग सुख सोना।
देखि-देखि मन जग के लेखा। आपु सुखी सब जग सुख देखा।।
लगेउ आइ के सावन मासा। चढ़ि हिंडोल धनि लगि अकासा।।
लहकहि बीज जगत हरिआने। घुमरि घटा सावन झरिआने।।
करहिं सिंगार सोहागिन नारी। बिना कंथ धन भै मतवारी।।
सावन भरि सरवर उमड़ाने। कंथ बिदेश कहां अरुझाने।।
भरि गये ताल, तलावरि पानी। सूखी रही बिनु कंथ सआनी।।

(पद्मावत)

इसके बाद आता है भादों। विकट अंधियारी छा जाती है। मघा चढ़ते ही नगाड़ा बज उठता है। सागर, ताल सभी उमड़ उठते हैं। मगर, मत्स्य चारों ओर उछलने लगते हैं। इसमें बिछड़ और सताता है। बिना प्रिय के नाव कौन पार लगाये। मघा की झरी में अपनी नाव टूटी है। घाट बीहड़ है। इस अगम अथाह बाढ़ में मैं डूबना चाहती हूं। प्रिय कब आओगे:

भादौं विकट भयउ अंधियारा। आइ मघा चढ़ि दीन नगारा।।

सागर ताल सभी उमड़ाने। मगरमछ चहुं दिसि उलझाने।।

पार लगावै।।
मघा आइ झरि लायहु बूटी। बीहड़ घाट नाव है टूटी।।

कुवार मास बीता। कातिक आ गया, उजाला छा गया। आकाश निर्मल है। तारे छिटक रहे हैं, जमीन में बीज छींटे गये। संसार ने आशा के बीज बो दिये, पर प्रिय ने आशा पूरी नहीं की। मैं पंथ देखती हुई रात दिन बैठी हूं। चित्रा नक्षत्र ने चित्त ही पी लिया। भोग विलास तोड़कर प्रिय के स्मरण पर पड़ी रही। पपीहा रह-रह के विरह और जगा रहा है। सब की तो आशा पूरी हो जाती है, जल स्थिर हो जाता है, स्थल स्थिर हो जाता है, लेकिन बिरहिणी के काम स्थिर नहीं होते।

भयहु अंत मास कुवारा। कातिक मास लाग उजियारा।।
निरमल गगन सो छिटकै तारा। डारेउ बीज भूमि सब सारा।।
जग आसा के बीज बहावा। धन आसा के आस न लावा।।
रोग सबहरि बैठि यह नारि। देखै निसि दिन पंथ जोहारी।।
पचिह रटिकै करइ हुलासा। आइ सेवाती पूजै आसा।।
सब थिर भयेउ पाकै पीऊ। पै थिर भयउ न बिरहिन जीऊ।

पूस लगा पाला पड़ने लगा। प्रिय के बिना धनिया कांपने लगी। सभी प्रिय के कण्ठ में छिप गयी। मैं अकेले पछता रही हूं। रात कटती नहीं। सूर्य डूबते ही भय घेरने लगता है। क्या उन देशों में सर्दी नहीं पड़ती। न रात प्रिय के बिना कटती है और न यह भूत सी ठण्ड कटती है, न प्रीति छूटती है, न विरह कम होता है:

लाग पूस पेउ तुसारा। कांपै धनि बिनु पिउ सोउनारा।।
सभै नारि पिउ कंठ लुकानी। धन अकेले लखि के पछितानी।।
बिरहिन जाड़ काल होइ घेरा। सेज सूनि धन पिउ पिउ टेरा।।

अंत में आता है जेठ। जमीन तपती है, बिना प्रिय के घर सूना लगाता है। लूह हहकारने लगती है। पसीने से वस्त्र भीग जाते हैं और पानी टपकने लगता है। एक तो जेठ तन में आग लगाता है और दूसरी ओर प्रिय मन में आग लगाता है:

लागेउ जेठ तपन भुई दूना। बिना कंथ के मंदिल सूना।।
उठे लूक तपि पवन हहाई, चीर चुऔ दुख सही न जाई।।
एक तौ उठे बिरह कै लूकी। दूजे दीन जेठ तन फूंकी।।

ये बारहमास उस नायिका के विरह से जुड़े हैं जो शुद्ध रूप से लौकिक है। इन कवियों ने लोक की उपेक्षा नहीं की है। असाधारण गृहस्थ जीवन

कि जो सौतों में नोक-झोंक होती है। उनमें जो व्यंग्य का तीखापन रहता है और फिर दिनों का लक्ष्य एक होता है। इसीलिए एक समझौता होता है और दोनों एक आलम्बन के रूप हो जाते हैं। वह क्या मानव जीवन में सहज साहचर्य के परिणत नहीं है? इसी प्रकार जिस ब्यौरे में तमाम उत्सवों, संस्कारों के ठाठ-बाट का वर्णन है। यह रूप सम्पूर्ण जीवन में सम्पृक्तता ही सिद्ध करता है।

इस लोकभूमि पर ही इन कवियों की कथायात्रा होती है। यह कथा एक झंकार बनकर रह जाती है। रूपक जहां का तहां चला जाता है। घटनाएं जाने कहां चली जाती हैं, पर कहानी रह जाती है। यह कहानी ही मुख्य प्रयोजन है और सब ब्याज है जिनके कारण कहानी लिखी गयी है। कुतुबन से लेकर ख्वाजा अहमद ने प्रेम के आस्वाद का एक से एक मनोरम वर्णन किया है। वर्णन अलौकिक होते हुए भी जो लोक जीवन से ही होकर चला है। कुतुबन ने मृगावती में कहा है कि जब तुम प्रेम साधने चले हो तो पहले अपने को तलवार के दो भागों में चीर दो, एक भाग तुम रहो, एक भाग प्रिय रहे, तब तुम प्रेम का स्वाद समझ सकोगे। हर्ष में प्रेम नहीं रहता। जितना आदमी अपने को देता है उतना ही पाता है। इसलिए सम्पूर्ण देने पर सम्पूर्ण मिलता है। प्रेम बड़ी ऊंची चढ़ाई है, बड़ी कठिन चढ़ाई है। यह आसानी से चढ़ी नहीं जाती। प्रेम एक खतरनाक खेल है जिसे खेलना हो अपने सिर को पासा बनाकर खेले। प्रेम के ऊंचे कंगूरे पर चढ़ने के लिए सिर के बल चढ़ना पड़ता है। सिर को पैर में छिपा कर हाथ ऊपर करने से वहां हाथ पहुंच पाता है। सिर अर्थात अपना अहम उतार करके यह चढ़ाई चढ़ी जाती है—

जब तुम अहि प्रेम के साथा, आपहु खांड़ि करहु दुइ आधा।
प्रेम सबाद सोइ पै बूझा, आपहि मेटि ओहि पै सूझा।।
कुतुबन कगूंरा प्रेम का ऊंचा अति रे उतंग
सीस न दीजइ पावतर कर न पहुंचइ खंग

पद्मावत के रतनसेन ने ऊंची सांस लेकर एवं निराश होकर कहा है कि प्रेम का मार्ग कठिन और दुर्गम है, किन्तु जो प्रेम का खेल खेलता है, उसके दोनों जग बन जाते हैं। प्रेम का मधु दुख में ही रहता है, जो उसे चखना चाहेगा उसे मृत्यु का दंश झेलना होगा। जो सीस उतार कर प्रेम पंथ पर नहीं आता वह इस पृथ्वी पर क्यों उत्पन्न हुआ। प्रेम के पंथ पर मैंने सिर डाल दिया है तो अब पैर पीछे नहीं हटना है। यह तो निश्चित है कि सभी दुख तभी तक है जब तक प्रेमास्पद मिलते नहीं। हजारों जनम के दुख मिट जाते हैं—

राजे लीन्ह ऊभ भरि सांसा

ऐसे बोल जनि बोल निरासा।
भलेहि पैग है कठिन दुहेला,

दुख भीतर जो पैग मधु राखा,
गंजन मरन सहै जौ चाखा।
जेइ नहिं सीस पैग पथ लाना,
सो पृथिवी मह काहे को आवा।
अब मैं पैग पंथ सिर मेला,
पांव न डेलु राखु कै चेला।
पैग बार सो कहै जो देखा,
जेइ न देख का जान बिसेखा।
तब लगि दुख प्रीतम नहिं भेंटा,
मिला जो जरम के दुख मेंटा।

(पद्मावत, जायसी ग्रंथावली)

एक ओर तो यह प्रणय शरीर को जला डालती है तो दूसरी ओर एक अपार सुख मिलता है, फिर एक अपार दुख मिलता है क्योंकि प्राण भी विरह और संयोग के हिलोर में चढ़ता-उतरता रहता है। जब विरह की आग बुझती है तो स्वर्ग से लेकर पाताल तक झुलसा देती है और जब आशा में बढ़ने लगती है तो कभी कभी यह प्रीति-बेलि चढ़ जाती है तो दूसरी बेलि नहीं पनपने पाती। एक निष्ठता हो तो निश्चय ही यह बेलि अमृत फल देती है:

हीरामनि जौं देखी नारी,
प्रीति बेलि उपरी हिंग भारी।
कहेसि कस न तुम्ह होहु दुहेली,
अरुझी प्रेम प्रीति की बेली।
प्रीति बेलि जनु अरुझै कोई
अरुझे मुये न छूटे सोई।
प्रीति बेलि जैसे तनु डाढ़ा,
पलुहत सुख बाढ़त दुख बाढ़ा।
प्रीति बेलि संग बिरह अपारा,
सरग पतार जहां तेहि झारा
प्रीति बेलि केई अमर बोई,
दिन दिन बाढ़े खीन न होई,
प्रीति अकेलि बेलि चढ़ि छावा
दोसरि बेलि न पसरै पावा।

(पद्मावत)

मंझन ने मधुमालती में प्रेम की अनिर्वचनीयता की बात इस प्रकार कही है कि इस प्रेम में विरह की पीड़ा या तो विधाता जानते हैं या शरीर ही जानता है और मैं इसका वर्णन करने चलूं तो करना पाऊंगी। हजारों जीभ होती और चारों युगों तक वर्णन करती तब भी वर्णन पूरा नहीं होता। जिसके हृदय में प्रेम उदित होता है उसमें प्रियतम के लिए जगह होती है और सब जलकर खाक हो जाते हैं। विचित्र दशा होती है। इस प्रेम के दुख में तिल-तिल कर मरना होता है। धन, राज्य, यौवन सब का गर्व चला जाता है—केवल प्रेम बच जाता है:

बिरह कठिन कोई जान न पीरा, कै बिधि जान कै जान शरीरा।
पैग अगिनि जेहि जिय उदगाई, प्रीतम राखि और संग जरई।
पैग दुक्खसम दुख सेउं भारी, तिल तिल सहस मरन देवहारी।
राज गरब धन जीवन गएउ, जब सैउं जीउ बिरहवश गएऊ।

(मधुमालती)

मधुमालती में इसी को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जो प्रेम के पंथ में चढ़ता है वह जीवन खो देता है। क्योंकि या तो जीव होगा या प्रियतम। संसार में दैव जिसको विरह देता है उसको सुख और दुख अपार दिखलाता है। एक ओर विरही के लिए त्रिभुवन प्रकाशमान हो उठता है तो दूसरी ओर जीवन समुद्र की तरह अथाह हो जाता है। मरजीवी होकर डूबने पर ही माणिक मिलता है और इस विरह के कारण पथिक त्रिभुवन का दूल्हा हो जाता है—यह सौभाग्य सबको नहीं मिलता।

प्रेम पंथ जो चढ़ जिउ सोई, कै जिउ होइ कै प्रीतम होई।
जेहि-जग देव विरह दरसावे, सम दुख सुख तेहि डीठि देखावै।।

(मधुमालती)

जायसी ने प्रेम की महिमा का वर्णन और भी विस्तार से किया है—प्रेम पवित्र चीज से बनता है और यह शक्ति देता है कि वह क्षीर सागर, दधि सागर सब पार कराये। प्रेम के हृदय में सत्य का संचार होता है, वह सत्य हृदय में रहता है, आंखों में घोलित होता है। समुद्र में गोते लगाते हुए भी गम नहीं होता—उसके लिए आग चंदन हो जाती है। दुख दर्द डरकर भाग जाते हैं। प्रेम के विरह जलने से जीवन व्यर्थ नहीं जाता:

जो हहिं नेह के बाउर तिन्हहि धूप न छांह।।
हो अब कुशल एक पै भागो,
पैग पंथ सत बांधि न खांगो।
जो सत हिए तो नयनहि दिया,
सुमुंद न डरै पैठि मरजिया।
जेहि जियं प्रेम चंदन तेहि आगी,
प्रेम विहून फिरहिं डरि भागी।
पैग की आगि जरै जो कोई,
ताकर दुख न अंबरि होई।

इसलिए प्रेम का रस पीने का अधिकारी वह है जो जलकर मरे और मरकर जीये और इसकी कथा ऐसी विचित्र है जो कोई सुने वह होश खो बैठे। इस रसमय प्रेम कथा को सुनते ही चित्त और चेतना सब भूल जाते हैं, जो सुनता है उसकी आंखें आंसू से भर जाती है और आंसू सब कलुष धो देता है। मृगावती की कहानी जान लें तो दूसरी कहानी की आवश्यकता नहीं। सात समुद्र के पानी बराबर स्वाती की धार चातक-चित्त में कहानी बनकर भर गयी है। ऐसी परिपूर्णता का दावा जो इन कवियों ने किया वह थोथा नहीं है क्योंकि इन कवियों ने सम्पूर्ण मानव संभावना का मंथन किया है। सौन्दर्य की हर लहर पहचानी है और सम्पूर्ण मन से सम्पूर्ण सौन्दर्य के लिए अपना ही मंथन किया है, बार-बार मंथन किया है। एकनिष्ठता की कठिन से कठिन परीक्षा की है। ऐश्वर्य और निश्चिंतता को बार-बार दांव पर रखवाया है। वर्ण्य इस सबके बाद भी जो मिलता है वह इतना अधिक होता है कि मिलना टिक नहीं पाता ज्योति ज्योति में समा जाती है। रह जाती है, केवल प्रेम कहानी।

वैसे तो उसे दुखान्त कहा जाय जबकि विरह रस का छिड़काव विरही को सम्बल देता है—कैसे इसे सुखान्त कहा जाय—जब यह प्रणय बना रह जाय—इतने अन्तःसंघर्ष के बाद भी मेरा प्रिय चार दिनों के लिए मिला। क्या इतनी ही मनुष्य की नियति है—प्राप्ति नहीं। परन्तु को नियति का ऐसा मनोरम पक्ष है जो मनुष्य शरीर को साधन धाम बनाती है। उसे देवताओं के लिए स्पृहणीय बनाती है। इस मनोरम पक्ष में सबसे पहली बात है—रमणीयता की पहचान। मनुष्य को दो आंखें मिली हैं जिनसे वह रमणीयता की परख करता है और उस रमणीयता से अभिभूत होकर कुछ और हो जाता है। यह रमणीयता चाहे प्रकृति में हो, शरीर के सौन्दर्य में हो, शरीर के शृंगार में हो, एक दूसरे से भिन्न नहीं है। जब जायसी कहते हैं।

बिगसा कुमुद देखि ससि रेखा, भई जहंआप जहां जो देखा
पावा रूप रूप जस चहा, ससि मुख सहुं दरपन होई रहा।

पद्मिनी जब सरोवर में नहा रही है—उसकी शशि रेखा जैसी ललाट जिसने भी देखी, उसकी कान्ति उसमें समा गई। उसे मनचाहा रूप मिल गया। पद्मिनी का शशि-मुख सबके लिए सौन्दर्य दर्पण हो गया, नयन ने देखा कमल बन गया, पानी ने देखा स्वयं शरीरी बन गया। जिसने हंसी देखी वह हंस बन गया, जिसने दांतों की द्युति देखी उसके हाथ में हीरे के नग आ गये। इस प्रकार सौन्दर्य है ही मंगल विधान के लिये। कहीं कहीं विरह की अतिशयोक्ति में कुछ ऐसे चित्र हैं जो हमें मनोरम नहीं लगते।

पारम्परिक उपभावों का प्रयोग करते हुए भी इन कवियों ने कई स्थलों पर अद्भुत नवोन्मेष का परिचय दिया है। एक ओर पद्मिनी के सौन्दर्य से लज्जित होने वाली सूची है।

पद्मिनी गवन हंस गये दूरी, कुंजर लाज मेल सिर धूरी।
बदन देख घटि चंद समाना, दसन देखि कै बीजू लजाना।।
खंजन छपे देखि कै नैनां, कोकिल छपी सुनत मधु बैना।

पद्मिनी की गति देखकर हंस छिप गये, हाथी लजा गया, उसने सिर पर धूल डाल लिया, मुख देखकर चन्द्रमा अन्धकार में समा गया। दांतों की द्युति देखकर बिजली लजा गयी। आंखों को देखकर खंजन छिप गया, बैन सुनकर कोयल छिप गयी, बांह देखकर कमल का मृणाल छिप गया और जांघ देखकर कदली छिप गयी। दूसरी ओर मधुमालती में रूप का मंगलमय प्रसार चित्रित होता है तो बहुत से रूपों में समा जाता है। इसी रूप से अनेक भाव रूप प्रकट हो जाते हैं। यही रूप सागर में मोती हो जाता है। यही रूप फूलों में महक के रूप में समा जाता है। इसी रूप रस के प्यार बिखरे हैं, तो यही रूप संसार में छा जाता है। यही रूप सूर्य और शिशु के रूप में प्रकट होता है। यही रूप आदि अंत, मध्य मय है। यही रूप का ध्यान का आलम्बन है। इसे पूरित रख पाने के लिए अपने को गंवाना पड़ता है।

इहै रूप परगट बहु रूपा, इहै रूप बहु भाउ अनूपा।
इहै रूप सम नैनन्ह मोती, इहै रूप सम सागर मोती।
इहै रूप सम फूलन्ह बासा, इहै रूप रस भंवर बेराखा।।
इहै रूप ससिहर और सूरा, इहै रूप जग पूरो अपूरा।
इहै रूप अंत आदि निदाना, इहै रूप धरि धर सो पियाना
इहै रूप जलधर ओ महिअर, भाउ अनेप देखाउ

(मधुमालती)

इस प्रकार की उक्तियों में एक सहज भाव से तन मन पर छा जाने वाले सौन्दर्य का प्रसार बड़े मांगलिक उद्देश्य से किया गया है। संसार की नश्वरता का ध्यान रहते हुए भी सब कुछ का रूपान्तर दो मुट्ठी भर राख में हो जाना है— यह जानते हुए भी जीवन की सार्थकता इसी में मानते हैं। यह रूप-वितान भोग के लिए नहीं—तप के लिए है, संयम के लिए है, समग्रता की उपासना के लिए है। इसीलिए इन कवियों के प्रेम पियासे नायक उसी समय तक अपनी दूसरी विवाहिता पत्नी की उपेक्षा करते हैं अन्यथा उस सांसारिक पत्नी की व्यथा समझते हैं—उसे भरपूर प्यार देते हैं। यह पक्ष इन कवियों ने सामाजिक मंगल के लिए ही रखा है। इन कवियों का अन्य पक्ष भी उल्लेखनीय है—दिव्य प्रेम की तैयारी करते हुए भी ममता का मर्म स्पर्शी लगाव इनसे नहीं छूटता।

जब पद्मिनी अपना मैका छोड़ने लगती है तो वह इतने सहज ढंग से विलगाव को व्यक्त करती है जैसे लगता है कि साधारण गांव की लड़की किशोर सपनों का संसार छोड़ रही है। आंखें भर आती हैं, नैहर छूटना, नैहर छूटने के दिन बड़े कचोटते हैं, कितनी सखियां, सहेलियां छूट रही हैं—आज अकेले जाना पड़ रहा है। जो यह सुख देखा वह सपनों का लेखा हो जायेगा। सखियों भेंट कर लो मैं वहां जा रही हूं जहां जाकर फिर आना नहीं होता। अब बिछोह आ गया है—

गहबर नैन आस भरि आंसू, छसड़ब यह सिंघल केलासू।
छाड़िउ नैहर चलिउ बिछोई, एहि रे दिवस कहां तब रोई।।
छाड़िउ आपनि सखि सहेली, दूरी गवन तजि चलिउं अकेली।
नैहर आई काह सुख देखा जनु होइगा सपने कर लेखा।।
मिलहु सखि हम तहंवा जाही, जहां जाइ पुनि आउब नाही।।
हम तुम मिलि एकै संग खेला, अंत बिछोह आनि जिउ मेला।।

इस प्रकार मानवीय ममता, मानवीय संकल्प, तप, त्याग, प्रेम, आध्यात्मिक अनुभूति और संसार में रहते हुए शिफ्त में रहते हुए दिव्य प्रकृति का पहचान करने वाली यह काव्यधारा हिन्दी में एक विशिष्ट अध्याय रखती है। काश इस काव्यधारा का वाचन और व्याख्यान फिर वैसे ही गांवों में हो जैसा ख्वाजा अहमद के समय तक अवध के गांवों में होता था। काश! गांवों में भी वह कथा रस की प्यास जगती।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वयं आकाश शब्द का मूल अर्थ भलीभांति खुलना है। पूजा में इसीलिए आकाश के प्रतीक के रूप में फूल का उपयोग करते हैं। हम फूल इस भाव से चढ़ाते हैं कि अपने को पूरी तरह खोल कर रख रहे हैं, अपना खुलापन अपने आराध्य को सौंप रहे हैं, ताकि हमारा खुलापन सुरक्षित रहे।

०००००००

हमने उस देश की पहचान के ऊपर एक आवरण चढ़ा दिया राष्ट्र का, राष्ट्र के ऊपर, जैसा पहले कह चुके हैं राज्य का आवरण चढ़ा दिया जाय, राज्य के ऊपर भी राज्य पर शासन करने वाली पांच साला, तीन साला या डेढ़ साला सत्ता का आवरण चढ़ा दिया। देश की पहचान एकदम बिसर गयी। एकता तो देश के कारण थी। एकता भी बिसरने लगी। एकता की बात करने से एकता नहीं आयेगी, वह देश की गहरी अर्थवत्ता को पहचानने से अपने आप आयेगी।



देश और महादेश (आकाश): शास्त्रों में

विद्यानिवास मिश्र

हम पहले ही कह चुके हैं कि लोकव्यवहार और शास्त्र में देशकाल की अवधारणा के बारे में कोई मौलिक अंतर नहीं है। शास्त्र इन अवधारणाओं को तार्किक और अधिक परिच्छिन्न रूप में परिभाषित करता रहा है। पहले स्पेस की समतुल्य अवधारणाओं को लें। हमारे यहां इसके लिए तीन शब्द हैं—आकाश अनन्त अछोर निरपेक्ष देश है, उसका अर्थ है अभिव्याप्त होना, निर्बाध रूप से खुला होना। वह महाशून्य भी है, पर शून्य का अर्थ खालीपन या रिक्तता नहीं है, शून्य का अर्थ है रिक्तता को भरने वाला। जहां कुछ नहीं दिखता उसे भरना यही आकाश का काम है। गणित में शून्य खाली स्थान नहीं है, वह खाली लगने वाले स्थान की पूर्ति है। एक प्रकार से जिसकी परिभाषा नहीं कर सकते, पर

भारतीय चिन्तनधारा-4

जिसके बिना संख्या की पूर्ति नहीं हो सकती, उसके लिए शून्य की अवधारणा की गयी। हमारे यहां इस प्रकार के पूरक खाली जगह को भरने वाले के रूप में लोप की अवधारणा पहले हुई। महान वैयाकरण पाणिनि ने इसकी परिभाषा दी— 'अदर्शनं लोपः' किसी सत्ता का रहना पर उसका न दिखना ही लोप है, उदाहरण के लिए 'लड़की स्कूल गयी' इस वाक्य में लड़की के आगे अविकारी एक वचन की विभक्ति है, उसकी प्रतीति शून्य रूप में हो रही है। यह शून्य न मानें तो लड़कियां बहुवचन के जोड़ में एक वचन के लिए क्या होगा, यह खाली रह जायेगा। और भाषा खालीपन बरदाश्त नहीं करती। इसी प्रकार हम 1, 1/2, 1/4, 1/8......1/8 करोड़, 1/8 अरब को विभाजित करते चले जायें अन्तिम विभक्त पदार्थ क्या होगा, उसे कुछ नहीं कहने के बजाय हम कहते हैं शून्य है।

इसी प्रकार की अवधारणा आकाश है, जिसमें नक्षत्र हैं, नीहारिकायें हैं, ग्रह हैं, पर वह स्वयं सबके बाहर है और सबके भीतर है। एक छोटे से आंगन का आकाश है, बड़े का आकाश है। कोई खाली जगह सृष्टि में नहीं है। आकाश की अवधारणा अप्रमेय, अनन्त अविभाज्य, निराकार और सकल सत्ता के अधिष्ठान के रूप में है। हमारा कोई भी दर्शन रिक्तता या खालीपन को अवसर नहीं देता, जो सबसे अधिक खाली दिखता है, वही परिपूर्ण होता है। मंदिर में गर्भगृह में केंद्रीय विग्रह के अलावा दीवालों पर कोई मूर्ति नहीं होती क्योंकि एक मूर्ति ही सब स्थान को भर रही है, वहां और कुछ नहीं है, यह भान कराना लक्ष्य होता है। समस्त खाली दिखने वाले अन्तराल संयोजन की आकांक्षा से भरे हुए हैं। जितना ही जो सबसे अलग होता है, उतना ही वह सबका हो जाता है और उसमें सब आश्रय पाने लगते हैं।

इस प्रकार आकाश ऐसे महादेश या असीम **स्पेस** की अवधारणा है देश और लोक सापेक्ष और परिमेय देश है। इस आकाश का गुण कहा जाता है शब्द। शब्द या ध्वनि की तरंगें आकाश की प्रतीति हैं ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार लहरें समुद्र की प्रतीति हैं। शब्द को नित्य मानें या गूंज के रूप में प्रवाही मानें एक के बाद दूसरी गूंज में रूपान्तरित होने वाला मानें, वह खोता नहीं। इसलिए रूप, रस, गन्ध, स्पर्श ये सब किसी न किसी ऐसे मूर्त आधार से जुड़े रहने के कारण, उस मूर्त आधार के सीमित होने के कारण सीमित सत्ता रखते हैं। परन्तु शब्द का आधार आकाश है, वह रहता है, कभी जागृत, कभी सुषुप्त। सुषुप्त इसलिए कि किसी न किसी उपाय से उसे जगाया जा सकता है। हमें आकार ठीक ठीक स्मृति में भी नहीं दिखायी देता, पर आवाज बहुत साफ सुनायी देती है। हमारे शास्त्र शब्द को और विशेष करके उसके अमूर्त बीज रूप नाद को बहुत महत्व देते हैं। बौद्ध, जैन, सिख, हिन्दू-इन सभी के विभिन्न मतों में वेद के प्रामाण्य के बारे में सहमति न भी हो, ओंकार या प्रणव के बारे में सब एक हैं। इसी ओंकार से आरंभ है, इसी में लय है। प्रत्येक साधक को इसका ध्यान करना चाहिए, ताकि वह अपनी निजता का व्यापकता में लय करके स्वयं नया कुछ हो सके, जो सबमें व्याप्त होने की क्षमता रख सके। हमारे सभी आगम शास्त्र और उनमें निर्धारित उपासना पद्धतियां जो नाद के अनुसन्धान पर बल देती हैं और व्यक्त उच्चरित शब्द के अभ्यास (जप) से शुरू करके उपांशु जप में जाती हैं, जिसमें शब्द दूसरे को नहीं सुनायी पड़ते, सिर्फ अपने को सुनायी पड़ते हैं, फिर मानस जप की स्थिति में जाते हैं, उस समय ओंठ-जीभ किसी में चेष्टा नहीं होती। इसके भी आगे की गहराई में प्रवेश करते हैं तो अजपा जप में प्रवेश करते हैं, अनाहत नाद (अनहद) में प्रवेश करते हैं, तब समस्त व्यापार (ऐन्द्रिय, मानस, बौद्धिक या चैतस) नादमय हो जाता है।

इस आकाश के अनेक नाम हमारे यहां मिलते हैं, सब इसकी अलग-अलग आभासमान प्रतीतियों के द्योतक हैं इसका एक नाम है ख, जिसका अर्थ है खोदा हुआ नया भरने के लिए खाली किया हुआ। क का अर्थ जल है, क का अर्थ सृष्टा भी है। उपनिषदों में इसी से कहा गया है कं ब्रह्म खं ब्रह्म यह जो भरता है, वह भी ब्रह्म है, यह जो भरा जाता है, वह भी ब्रह्म है।

आकाश का दूसरा नाम है नभ। इसी का सजातीय शब्द है नाभि। इसका अर्थ है सबको खींचने वाला, सबको प्रभावित करने वाला, सबका सन्धायक, सबको जोड़ने वाला। आकाश की एक भूमिका यह भी है कि पृथक दिखने वाले लोकों को जोड़ता है। आकाश का तीसरा नाम है अम्बर। इसका अर्थ आवरण है, इसीलिए अम्बर का अर्थ वस्त्र भी है। यह सबको घेरे हुए है। आकाश का द्योतक शब्द है **द्यौः** जिसका अर्थ है **प्रकाशमान**। द्यौः एक लोक का भी वाचक है पर आकाश के आलोक से भरने वाले रूप का भी वाचक है। आकाश का वाचक **शून्य** है, शून्य का मूल अर्थ सूज कर बढ़ने वाला। किसी पीड़ा में, चोट में सूजन होती है, वह भरने वाली पीड़ा की ही पहचान होती है। आकाश में खाली होने की पीड़ा ही उसका सम्भरण बनती है। **आकाश** का वाचक शब्द एक और है **गगन** जो अनुरणनात्मक शब्द है, जैसे **गंगा** है जिसमें आवाज गूंजती रहती है, निरन्तर कलकल निनाद होता रहता है, वह गगन है, उसी में नक्षत्रों का संगीत छिड़ा हुआ है। उसी में आदि स्फोट है, उसी स्फोट से प्रकट हुआ प्रकाश है। स्वयं **आकाश** शब्द का मूल अर्थ भलीभांति खुलना है। पूजा में इसीलिए आकाश के प्रतीक के रूप में फूल का उपयोग करते हैं। हम फूल इस भाव से चढ़ाते हैं कि अपने को पूरी तरह खोल कर रख रहे हैं, अपना खुलापन अपने आराध्य को सौंप रहे हैं, ताकि हमारा खुलापन सुरक्षित रहे।

इन सब अर्थों का स्मरण निरन्तर न भी होता है, इनका संस्कार जब संस्कृत मन में होता है तो जीवन के प्रति हमारी दृष्टि सहज ही खुली बनी रहती है। अब हम देश और लोक को लें। देश का अर्थ है इंगित करना या होना। जिस दिश् धातु से यह बना है, उसी से दिशा है, उसी से आदेश, निर्देश, निदेश, प्रदेश, विदेश, संदेश, उपदेश, अनुदेश जैसे शब्द भी हैं। सब में कुछ निश्चितता है, सीमित होने का भाव है, एक दूसरे से कुछ अलग परिभाषित होने का भाव है। विशेष होने का भाव है। देश कुछ कर्तव्य दिशाओं का संकेत है, हम इस देश में हैं, हमारा यह आचार हो, जो इसके अनुकूल हो। हम इस देश के वासी हैं, जहां कोयल बोलती है, वसन्त आता है, मोर बोलते हैं, वर्षा आती है, खंजन आते हैं, शरद आती है। इस देश का ऐसा ऋतुचक्र है, इस देश में पानी की बड़ी प्रतिष्ठा है, यह नदी मातृक देश है। इस देश के सिर पर हिमालय जैसे गौरवशाली पर्वत की छाया है। इस देश का कुल बहुत बड़ा है, जाने किन-किन को समेटे हुए है। देश का एक रूप है, पूरब, पच्छिम, उत्तर, दक्खिन की सापेक्ष पहचान। दूसरा रूप है इन सबमें समानता और प्रोतता का मान। इसी का स्मरण करने के लिए स्नान के जल में सात नदियों के जल का आवाह होता है, इसी पर बल देने के लिए जहां भारत को भरत (सम्भरण करने वाले) से जोड़ा जाता है, वहीं उसे कुमारी खंड भी कहा जाता है, भारत के एक छोर पर कुमारी कन्या सुदूर कैलाश में रहने वाले शिव को पाने की आराधना कर रही है। इस देश की अवधारणा दूरी की अवधारणा नहीं। दूरियों को ऐसे भावों से पाटने की अवधारणा है। यही नहीं, शास्त्र बराबर कहते हैं कि **देशकाल** का ध्यान रखते हुए विधिसम्यक करो। इसका तात्पर्य यह है कि जैसे अपने देश के अनुकूल कुछ है, वैसे ही दूसरे देश के अनुकूल कुछ और हो सकता है। उसे भी हमें समझना चाहिए। अपने देश को जो गहराई से समझेगा, वह दूसरे देशवासी के देशप्रेम को भी समझ सकेगा। इस प्रकार देश की अवधारणा अन्ततः महादेश की अवधारणा बनती है, देशप्रेम देश के साथ आसक्ति ही नहीं, यह आसक्ति का अतिक्रमण भी है। हमें अभ्यास कराया जाता है कि छोटे से देश में असीम देश को स्थापित करते रहे, हरेक छोटा-बड़ा मंदिर (मनुष्य का हो या देवता का या निराकार परम सत्ता का), वह असीम देश का ही अपकर्षित लघु रूप होता है। हर घर के हर कोने में कोई न कोई देवता है, ऊपर-नीचे देवता है, हर घर विराट का ही एक विग्रह है, इसलिए हर घर पवित्र है, देहली के भीतर जाते ही सम्पूर्ण सत्ता में प्रवेश है, संपूर्णता की प्रक्रिया में भरे पूरे होने के भाव में प्रवेश है। देव मंदिर भी देवता का घर नहीं, देवता का विग्रह है। देश की यह अवधारणा मन में बैठी रहती है तो अपने आप में कुछ निरपेक्ष रूप में पवित्र या अपवित्र नहीं होता। एक सजग प्रयत्न ही पवित्रता लाता है। शरीर के अंग-अंग में, घर के किसी कोने में, किसी चौराहे पर, नदी किनारे किसी स्थान में, किसी वृक्ष के नीचे हम महादेश का आवाहन कर सकते हैं या दूसरे शब्दों में सीमित देश के मूल स्वभाव का आवाहन कर सकते हैं और वह अंग, वह स्थान पवित्र हो जाता है, दिव्य हो जाता है। दिव्य आसन पर दिव्य होकर ही दिव्यता की आराधना हो सकती है। इसलिए देश कोई भौगोलिक या ऐतिहासिक प्रत्यय या भाषिक प्रत्यय नहीं है, एक बरसों तक साथ रहने के कारण कुछ साझेदारियों का प्रत्यय है। उस देश की पहचान खो गयी, इसीलिए आज देश की भौतिक एकता की बात दुहराया करते हैं। हमने उस देश की पहचान के ऊपर एक आवरण चढ़ा दिया राष्ट्र का, राष्ट्र के ऊपर, जैसा पहले कह चुके हैं राज्य का आवरण चढ़ा दिया जाय, राज्य के ऊपर भी राज्य पर शासन करने वाली पांच साला, तीन साला या डेढ़ साला सत्ता का आवरण चढ़ा दिया। देश की पहचान एकदम बिसर गयी। एकता तो देश के कारण थी। एकता भी बिसरने लगी। एकता की बात करने से एकता नहीं आयेगी, वह देश की गहरी अर्थवत्ता को पहचानने से अपने आप आयेगी।

यहां यह स्मरणीय है कि वेदों में महादेश माता भूमि की वन्दना है, हे मां तुम्हारे आश्रम में नाना प्रकार की बोली बोलने वाले, नाना प्रकार की आचार पद्धतियां निभाने वाले लोग रहते हैं, वे लड़ते-झगड़ते हैं, हर्ष मनाते हैं पर सब तुम मां के कारण पृथ्वी की सन्तान हैं, पार्थिव हैं और पृथ्वी के सहज स्वभाव की साझेदारी के कारण एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। हे मां, हमसे कोई द्वेष न रखें। पुराणों में कर्मभूमि भारत की अवधारणा है, जो विशाल यज्ञवेदी है, जो प्रत्यंचा चढ़ा हुआ धनुष है, जिसकी परिभाषा कहती है।

विज्ञेयो भारतो देशो भारती यत्र सन्ततिः।

वही भारत देश है, जिसकी सन्तान (आगे वाली पीढ़ियाँ) उत्तरोत्तर भारतीय होती हैं, ज्ञान की निरन्तर आगे बढ़ती धारा होती है। देश की पहचान सत्य की खोज की विस्तार साधना से होती है और आगे आने वाली पीढ़ी में अटूट विश्वास से होती है। वह देश आज नहीं दिखायी पड़ रहा है, कोई बात नहीं। वह कहीं हमारे भीतर है, ऊपर आयेगा और शीघ्र आयेगा।

लोक की चर्चा विशद रूप में हम आगे करेंगे, क्योंकि लोक ही देश और महादेश (आकाश) को जोड़ने की विधि है। यहां इतना ही संकेत करना पर्याप्त है कि लोक का मूल अर्थ है देखना, प्रत्यक्ष अनुभव करना, ऐन्द्रिय अनुभव करना। वह प्रक्रिया है पहचानने की। इस पहचान के विविध रूप हैं। जो संसार प्रत्यक्ष अनुभव गोचर हो रहा है, वह लोक है। प्रत्यक्ष अनुभव में आने वाला विश्व हमारे लिए महत्व रखता है। इसमें रहने वाले लोग भी लोक हैं। उन्हीं के द्वारा तो प्रत्यक्ष होता है, उस लोक में सभी चराचर प्राणी और अप्राणी हैं तथा इन सबके बीच अन्तर्धारा की तरह बहने वाला एक दूसरे के लिए उमड़ाव भी लोक है। लोक व्यवहार को चलाने का एक आयाम है। तात्कालिक रूप से वही सांसारिक लौकिक कार्यों का नियामक होता है। यह लोक भाव ही देशकाल की अवधारणा को सौष्ठव प्रदान करता है, यही देश काल की पहचान कराता है और वही उनके परे जाने की प्रेरणा भी देता है। अगली कड़ी में हम इसी तत्व की कुछ विस्तार से चर्चा करेंगे।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नाम परिवर्तन

मैं मधु पत्नी श्री दौलतराम, निवासी बी-35, ईस्ट उत्तम नगर, नई दिल्ली, अपना नाम मधु से बदल कर रजनी रख लिया है। (एडी-80077173)

मैं बनवारीलाल सुपुत्र श्री भजनलाल निवासी 5/424 दक्षिणपुरी नई दिल्ली ने अपना नाम बदलकर सुनील कुमार रख रहा हूं। भविष्य में मुझे सुनील कुमार के नाम से जाना जाये। (सी-80077109)

I LIEUTENANT CHETAN SAMADAR OF 50 ARMED regiment son of Major General Gurbaksh Singh resident of B-44 New Rajinder Nagar New Delhi informs all concerned that I have changed my name to Chetan Gurbax as per affidavit (80076594)

I, LT.COL.V CHANDRA R/O 296 DHAULA KUAN Part-II have changed my son's name from Vaibhav Chandra to Vaibhav Chandra Mathur. (80075711)

I.PRAHLAD CHAND S/O SHRI KAILASH CHAND R/O A-1/301 safdarjung Enclave NewDelhi 110029 have changed my nane to Prahlad Chand Agarwal in future I shall be known as Prahlad Chand Agarwal. (80077095)

मैं उत्तम कुमार पुत्र श्री हलधर परीड़ा निवासी 2034, सेक्टर-37, अरुण विहार, नोएडा (उ.प्र.) ने अपना नाम बदलकर उत्तम कुमार परीड़ा रख लिया है। (सी-80076534)

ऋण सम्बन्धी

बिना जमानत 1,00,000/- तक उद्योग हेतु कम ब्याज आसान किस्तों में भुगतान पर ऋण उपलब्ध, सतीश, 2245192 (सी-80076164)

10,000/- से 50,000/- तक 3,500/- वेतन पाने वाले सरकारी, सहसरकारी कर्मचारियों को एवं 10,00,000/- तक प्रापर्टी, शेयर, गोल्ड, विकासपत्र तथा सरकारी सिक्योरिटी पर तुरन्त ऋण उपलब्ध, सतीश, 2245192 (सी-80076172)

बैंक ब्याज पर 100% तक 15 वर्ष तक की आसान किस्तों में भुगतान पर पहली अटार्नी पर भी मकान, फ्लैट खरीदने, बनाने हेतु दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, गुड़गांव में ऋण उपलब्ध, सतीश, 2245192 (सी-80076168)

ऋण उपलब्ध उद्योग, व्यापार, वाहन, मशीनरी, गृहनिर्माण/खरीद हेतु प्रापर्टी पर, नकद ऋण एवं कंसलटेंसी, ए-115, वकील चैंबर, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92 (सी-80075627)

बैंकलोन 50000/— तक बैंक कर्मचारियों को बिना जमानत 10,00,000/— और ऊपर प्रापर्टी गिरवी रखकर मकान खरीदने/ बनाने (पहली पावर आफ अटारनी मान्य) व्यापार बर्किंग केपिटल फैक्ट्री मशीनरी हेतु ऋण उपलब्ध। रनजीत भाटिया (2 से 7 बजे) बी-233 न्यू रनजीत नगर नयी दिल्ली-110008 फोन 5700372, 2225043 (एडी-1344)

युवक/युवतियों को 1,00,000/- ऋण बिना गारंटी उपलब्ध कराया जाता है। मिलें: एस.एम. कन्सलटेन्ट 1/20, तीसरी मंजिल आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002 (सी-80077083)

किराये हेतु

आश्रम में 10×25 और 10×20 के हॉल हल्के कर्मशियल काम हेतु किराये के लिए मिलें 138, आश्रम, नयी दिल्ली, फोन: 631199 शर्मा। (सी-80076041)

खन्ना मार्केट तीस हजारी में ट्रांसपोर्ट कार्य हेतु किराये पर। हिस्सेदारी पर फोन सहित जगह उपलब्ध है संपर्क डा. अरोड़ा, फोन: 2200168, 2425164 (सी-80075704)

हमारे पास नांगलराया पंखा रोड पर ग्राउन्ड तथा प्रथम मंजिल पर एक्सपोर्ट/गारमेन्ट कार्य हेतु 4000 वर्गफुट के दो हाल आवश्यक सुविधाओं सहित वाजिब रेटों पर उपलब्ध है। (अनुभवी पार्टी से कार्य साझेदारी में भी हो सकता है) सम्पर्क करें: टी.के. इन्टरनेशनल फोन: 5411455-5462153-5502603 (एडी-80077183)

किराये हेतु 1. यूसुफ सराय मेन मार्किट प्रथम मंजिल 16' × 23', दो हाल टायलेट सहित। आफिस एक्सपोर्टर हेतु उपयुक्त 2. उत्तम नगर मेन मार्किट, हस्पताल रोड बेसमेन्ट 30' × 30' ...

मोटर वाहन

न्यू शक्ति मोटर्स 5411097, 5465062, 5460698, टाटा 407, 608, कैंटर, माजदा, मैटाडोर, जीप महेन्द्रा, कार, बस खरीदें/बेचें, 37/6, कम्युनिटी सेंटर नारायणा, फेज-I (एम-80076167)

गोरखपुरिया मोटर्स, 5408312, 5407724, 5408797, 5407839, 5409317 एसटीए बसें, टाटा 407, 608, कैन्टर, माजदा, ट्रक, कार, खरीदें/बेचें, लोन सुविधा। 58/25, अशोक नगर, तिलकनगर, नई दिल्ली-110018 (एम-80075607)

सचदेवा मोटर्स 5407711, 5409712, 5409356, एसटीए/ट्रूरिस्ट बसें, ट्रक, टाटा 407, कैंटर, कार, खरीदने/बेचने हेतु मिलें: फाइनेंस सुविधा उपलब्ध 58/9, अशोकनगर तिलकनगर, नई दिल्ली-18 (शनिवार अवकाश) (एम-80077127)

AMBASSADOR DELUXE NOVA ON ROAD 1991 done only 38000 km. Excellent original condition. for immediate sale. Please phone 572*363. (80076190)

BUSINESS PREMISES

ADVERTISE YOUR PRODUCTS THROUGH PRINTED stepney covers Quality assured Krishna advertising ph 2261824, 2270618 (80076333)SNGM

FOR SALE FREE HOLD INDUSTRIAL SHED FACING park with power 300 sq. metre near Dilshad Garden. G.T. Road, Shahdra Contact. 2202137, 2201089 (M77125)

यात्रा संबंधी

चलो चलो चलो

अमरनाथ जी की बर्फानी यात्रा

2×2 पुशबैक लक्सरी कोच फेयर रु. 1000/-

संपर्क : मेघा टूर एण्ड ट्रैवल्स,

186, मोहन सिंह मार्किट, आईएनए,

फोन: 4633142, 4691497

(सी-80076783)

परामर्श

शराब/अफीम, व सभी प्रकार के नशे छोड़ने/बिना बतायें छुड़ाने हेतु निशुल्क परामर्श लें-डा. अरोड़ा, बी-1088, सेक्टर-1, अवंतिका, रोहिणी, फोन: 7171362, 7271362 (एन-80075720)

वाल पेपर

वाल पेपर 3/- मद्रासी दाना 4/- शाईन दाना 6/- लेकरदाना 8/- एल्युमीनियम डोर 90/- कारपेट 20/- फ्लोरिंग, सिलिंग टाईल्स, सीनरीज। फोन: 3284207, 3286030 (सी-80075332)

पुस्तक/पत्रिका

बी.काम., बी.ए. दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्कृष्ट सफलता हेतु पढ़ें-'साक्षिकी : सिद्धांत और विधियाँ' एस. के. पब्लिशर्स, 660/10, कृष्णा कालोनी, गुड़गांव (हरियाणा)। (सी-80073461एससी)

पेस्ट कंट्रोल

हर प्रकार के कृमि कीटों मच्छरों, दीमक (10 वर्ष गारंटी) चूहों काक्रोच से छुटकारा पाने का सबसे सस्ता और प्रभावशाली उपाय करने वाले सरकारी मान्यता प्राप्त उपाध्याय पेस्ट कंट्रोल संपर्क : 7411351, 7248646 (सी-80075135)

READYMADE GARMENTS

WE ARE MANUFACTURER AND WHOLE SALER OF Bawa suit in textile range 30/- to 200/- contact M.R. Ajay Hosiery 9/6915 Gandhi Nagar Delhi Phone 2426546 (80076100)

MULTIPLE VACANCIES

REQUIRED FINISHER FOR TRANSFORMER FACTORY. Salary or contract basis. Contact immediately A.K.Electronics, L-15, Gali No.25, Mahendra Park, Adarsh Nagar, Delhi 110 033 (80076886)

OTHER VACANCIES

FOR ANY KIND OF JOB POST YOUR BIODATA (mention special ability if any) to Box 53095, Times of India, NewDelhi-110002. (AD76739)

WANTED DYNAMIC YONG CREATIVE MINDED female media executive office assistant. For Ad-Agency write Madhyam Sewa F-136 B, Luxmi Nagar Delhi 92 Phone 2434277. (80077019)

OFFICE & GODOWN

FOR RENT 1. YUSUF SARAI MAIN MARKET, FIRST floor 18' X 23', two halls with toilets. Sutiable for office, exporters 2. Uttam Nagar main market, Hospital road, basement 30' X 30' two sides open. Sutiable for shop, office, godown exporters. Either on rent or for sale. Ashok Jain phones 668793, 6867404 (80076290)

LANGUAGE COURSES

LEARN ENGLISH CONVERSATION AND SHORTHAND Special Concession to Deserving Candidates. The Newway Institute, R-11, Modeltown-III Delhi-9 (80077018)

ADVERTISING & DESIGNING

SANCHAR VIGYAPAN SEWA F-136 B LUXMI Nagar Delhi-92 Contact for computer designing, booking of advertisement in any paper - Any lanuguage. No service charges Ring - 2434277 (80077023)

MODELLING

WANTED MALE FEMALE ARTIST FOR MODELING Films Serials please cont Adam and Eve B-52 Amar Colony Lajpat Nagar- IV Delhi ph 6429942 Ext-8 (80077477)

वैवाहिक

27/178/5000 पांच तारा डीलक्स होटल में दिल्ली में नियुक्त प्रतिष्ठित परिवार के त्यागी निर्व्यसन युवक हेतु वास्तव में ही सुंदर और सुशिक्षित त्यागी वधू चाहिए। निजी मकान है। प्रतिदेय जन्मपत्री और फोटोग्राफ सहित लिखें बाक्स 52869 टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80075469 एमटीजीआर)

मित्तल गोत्र मैट्रिक 23/170/4000 युवक अपना व्यवसाय दिल्ली में हेतु सुशील गृहकार्य में दक्ष सजातीय कन्या चाहिए। लिखें बाक्स 52619 टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-110002 (एडी-80074670)

29 वर्षीय 5' 2" स्नातक सुंदर निःसंतान तलाकशुदा कन्या हेतु वर चाहिए (केवल गुप्ता परिवार) लिखें/मिलें: आर. के. गुप्ता 46 एच पाकेट ए-1 मयूर विहार फेस-3, नई दिल्ली-96 (सी-80074759 एसएमजीएम)

भटनागर 24/164 पतली सुंदर गृहकार्य दक्ष मैट्रिक कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए दहेज नहीं शीघ्र विवाह लिखें बाक्स 52628, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-74694 एसएनजीएम)

जाटव, 29/ 165/3500/- सरकारी सेवारत युवक हेतु सुंदर सरकारी सेवारत वधू चाहिए। अपना मकान, दहेज नहीं। लिखें बाक्स 51368, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 ...

जाट युवक, दिल्लीवासी, ड्राफ्ट्समैन, 24/173/3000/-, गोरी, लंबी वास्तव में सुंदर कन्या चाहिए लिखें बाक्स 51689, टाइम्स आफ इंडिया, नयी दिल्ली-2 (सी-80071150एसएनजीएम)

यादव निःसंतान तलाकशुदा 38-1/2, 6' हेतु सुंदर, लंबी, शिक्षित, अविवाहित, तलाकशुदा, विधवा वधू चाहिए एक बच्चा वाली स्वीकार्य। जाति बंधन नहीं। लिखें बाक्स 51376, टाइम्स आफ इंडिया, नयी दिल्ली-110002 (सी-80069804जीएनजीटी)

178/39 तलाकशुदा यादव हेतु तलाकशुदा, अविवाहित, विधवा, निःसंतान, सुंदर लंबी वधू चाहिए। कोई बंधन नहीं। लिखें बाक्स 51394, नवभारत टाइम्स, नयी दिल्ली-110002 (सी-80069882जीएनजीटी)

अग्रवाल विधुर 44 वर्षीय 5 बच्चे (3 लड़के दो लड़कियाँ) उम्र 8 से 18 के लिए सुंदर गरीब बेसहारा गृहकार्य में निपुण सजातीय वधू चाहिए संपर्क करें-अशोक, दिल्ली, फोन: (घर) 7189140, (दुकान) 522754 (सी-80076868जीएनजीटी)

गढ़वाली ब्राह्मण ग्रेजुएट कन्या दिल्ली टेलीफोन्स में कार्यरत 25/152/3000/- बाएं हाथ में मामूली कंपन हेतु गढ़वाली/कुमाऊंनी सजातीय वर चाहिए शीघ्र विवाह लिखें बाक्स 52904, नवभारत टाइम्स, नयी दिल्ली-110002 (सी-80075582)

जाटव 24/159 स्नातक व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त सुंदर सुशील गृहकार्य निपुण कन्या हेतु सजातीय सुयोग्य सरकारी/बैंक/अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठान में अधिकारी इंजीनियर इत्यादि पद पर कार्यरत वर चाहिए। दिल्लीवासी को वरीयता शिक्षित परिवार पिता उच्च बैंक अधिकारी लिखें बाक्स 53185, टाइम्स आफ इंडिया, नयी दिल्ली-2 (सी-80076682एसएनजीएम)

धीमान ब्राह्मण 26-1/2/178 बी.कॉम. दिल्ली में निजी व्यवसाय संपन्न परिवार प्रभावी व्यक्तित्व युवक हेतु सजातिय पारिवारिक सुंदर सुशील वधू चाहिए दिल्लीवासी कार्यरत को प्राथमिकता विवरण सहित शीघ्र लिखें बाक्स 53145, टाइम्स आफ इंडिया, नयी दिल्ली-2 (सी-80076528एसएनजीएम)

अग्रवाल ग्रेजुएट निसंतान, निर्दोष तलाकशुदा 30/162 गोरी आकर्षक घरेलू स्लिम लड़की के लिए वर चाहिए। लिखें बाक्स 52934, टाइम्स आफ इंडिया, नयी दिल्ली-2 (सी-80075079एसएनजीएम)

24-22 वर्षीय कानपुर/दिल्ली स्थित कार्यरत विशेन क्षत्रिय युवकों के लिए सुंदर, सुशील, शिक्षित वधू चाहिए। लिखें बाक्स 52952, नवभारत टाइम्स, नयी दिल्ली-110002 (सी-80075766जीएनजीटी)

विश्वकर्मा, धीमान ब्राह्मण 24/153 इंटरमीडिएट डिप्लोमा गारमेंट्स डिजाइन निपुण, ब्यूटीशियन स्वव्यवसायरत सुंदर कन्या हेतु वर चाहिए। लिखें बाक्स 52938, नवभारत टाइम्स, नयी दिल्ली-110002 (सी-80075722जीएनजीटी)

अरोड़ा भुटानी लड़का, 29 वर्षीय/ 5' 7'' इंटर पास, अपना करोबार आय 5000 सुंदर, सुशील लड़की चाहिए फोटो सहित शीघ्र संपर्क करें। बी-183 झिलमिल कालोनी शाहदरा, दिल्ली-95 (सी-80076847)

26/162/3500 दिल्ली में सरकारी अस्पताल में फार्मासिस्ट गौर वर्ण आकर्षक प्रजपति युवक हेतु गोरी सुंदर सरकारी सेवारत टीचर वधू चाहिए। अपनी तीन मंजिला कोठी है। लिखें बाक्स 52800 टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80075319 एसएनजीएम)

27/173/3000 सरकारी सेवारत जाटव युवक हेतु गोरी, लंबी सुंदर वधू चाहिए। कार्यरत को वरीयता फोटोग्राफ (प्रतिदेय) सहित लिखें बाक्स 52675 टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80074883 एसएनजीएम)

48/155 एम. एस सी फीजिक्स सरकारी कर्मचारी पी एण्ड टी विभाग में नियुक्त वेतन 5000 सदा प्रथम श्रेणी रही कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए। दिल्लीवासी को वरीयता। उत्तम विवाह लिखें बाक्स 51374, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80069785)

लंबे आकर्षक बी. काम 28/175/4100 सरकारी कर्मचारी युवक हेतु सिंधी स्मार्ट दिल्लीवासी माध्यम वर्गीय परिवार की कार्यरत वधू चाहिए। सरकारी कर्मचारी/टीचर को वरीयता। विस्तृत विवरण प्रतिदेय फोटोग्राफ और जन्मपत्री सहित लिखें बाक्स 51923 टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-80071974)

हिंदु नाई धन्मेश 24/154 स्मार्ट 12वीं हिंदी स्टैनो ...

21 वर्षीय 165, 12वीं पास कम्प्यूटर डिप्लोमा अ. जाति-जाटव दिल्ली स्थित कन्या के लिए सुयोग्य वर, पिता आफिसर लिखें बाक्स 52947 नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-80075758)

गढ़वाली राजपूत कन्या 30/160 से.मी. बीए, बीएड कार्यरत 3000/- प्राप्त सरकारी स्कूल में स्थायी अध्यापिका हेतु सुयोग्य गढ़वाली/कुमाऊंनी वर चाहिए, लड़की के पिता प्रथम श्रेणी आफिसर सेवानिवृत्त। जन्मकुंडली एवं विवरण सहित लिखें बाक्स 52973 नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-80075840 एसएनजीएम)

आकर्षक व्यक्तित्व, राजपूत, 28 वर्ष, 178 से.मी., निजी व्यवसाय, युवक हेतु सुन्दर वधू चाहिए। जाति बन्धन नहीं। सम्पर्क करें राकेश कुमार, 787, मुकीमपुरा, सब्जी मंडी, दिल्ली-7 (एम-80075947 जीएनजीटी)

हिन्दू नाई 25/151/3000/- एम.एससी. बी.एड. सरकारी अध्यापिका सुन्दर सुशील कन्या हेतु सजातीय, सुयोग्य, सरकारी सेवारत वर चाहिए। दिल्लीवासी को प्राथमिकता। लिखें बाक्स 52569 नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (सी-80074437 जीएनजीटी)

जिंदगी आखिर क्या है? बहुत से लोग कहते हैं वैज्ञानिकों के पास भी इसका जवाब नहीं, लेकिन वैज्ञानिकों का एक बड़ा वर्ग मानता है कि जिंदगी के सफर की कहानी सितारों से शुरू होती है, यह कहानी बड़ी दिलचस्प और रोमांचकारी है तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के कोई दर्जन भर क्षेत्रों के दुरूह तकनीकी शब्दजाल में लिपटी हुई जहां-तहां बिखरी हुई है। इसे एक लड़ी में पिरोकर प्रस्तुत कर रहे हैं **रमेश दत्त शर्मा:**

'थोड़ा-सा पदार्थ लो, गर्म करते हुए हिलाते जाएं और फिर उसे खदबदाते देखते रहें......' यह है जीवन के उद्भव का आधुनिक आख्यान। ऐसा माना जाता है कि बाकी काम पूरा किया गुरुत्वाकर्षण, विद्युतचुम्बकत्व, नाभिकीय महाबल और अल्पबल ने। इस क्रिया ने उन बुनियादी यौगिकों को जन्म दिया, जिनके मालमेल से जीवन का निर्माण करने वाली आधारभूत इकाइयां बनीं। ये इकाइयां थीं न्यूक्लिइक एसिड जो शर्करा और क्षारकों के अणुओं के खास तरह से जुड़ने से बनती हैं। प्रोटीन जो अमीनोएसिडों की लड़ियां कही जा सकती हैं और उनके साथ ही लाइपिड और कार्बोहाइड्रेट। विशिष्ट न्यूक्लिइक एसिडों ने विशिष्ट प्रोटीन के निर्माण कार्य का संचालन शुरू किया। जिन न्यूक्लिइक एसिड और प्रोटीनों ने आपस में मिल कर अपनी जैसी दूसरी प्रतिलिपियां बनाने में सफलता प्राप्त की, वे बनी ही नहीं रहीं, बल्कि अपने आपको परिस्थितियों के अनुसार ढालकर पनपती चली गयीं। इनके चारों ओर झिल्लियां बनीं। फिर इन सबने मिलकर पहली-पहली कोशिकाओं का रूप लिया और तमाम जटिल कोशिकाओं से मिलकर बने हम।

सितारों से शुरू हुए जिंदगी के इस सफर की कहानी बड़ी रोमांचकारी है और वैज्ञानिक अनुसंधान के कोई दर्जन भर क्षेत्रों के दुरूह तकनीकी शब्दजाल में लिपटी हुई जहां-तहां बिखरी हुई है। कलिंग पुरस्कार से सम्मानित विज्ञान लेखक नाइजेल काल्डर ने अपनी पुस्तक 'टाइम स्केल' में इसे एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया है। सूरज और उसके सौर-परिवार से भी पहले जब अंतरिक्ष में रासायनिक दृष्टि से अति सक्रिय कार्बन के परमाणु बिखर गये थे, तो उसी तारों की राख में जीवन की यह चिनगारी भी छुपी हुई थी, जो कालांतर में जीवन की उस कड़ी से आ जुड़ी, जिसने अंत में मानव को विकसित किया।

चार अरब 55 करोड़ वर्ष पहले की बात है। सूरज अभी पैदा ही हुआ था। उसके चारों ओर बिखरी ब्रह्माण्ड-धूल में से धरती सिमटती आ रही थी। इस नवजात ग्रह की बाहरी परतों में ...

... इस सौर सामग्री से ही यह कारवां बना, जिसमें विविध परमाणुओं के संगम से कार्बन पर आधारित अणु बने और इस तरह जीवन के उद्भव की भूमिका तैयार हुई। पृथ्वी के इन्हीं आदिम अणुओं से वे प्राचीन अणु विकसित हुए, जिनकी अटूट परंपरा आज की जीवाणु कोशिका ही नहीं मानव-कोशिका के जीवद्रव्य में भी ढूंढी जा सकती है।

बड़े बारीक बदलाव हुए आज के जैविक अणुओं में, लेकिन फिर भी यह पहचान बाकी है जो आदिकालीन अणुओं से उनके रिश्ते को साफ करती है। 'आण्विक काल निर्धारण' से अणुओं में विकास संबंधी परिवर्तनों का कालक्रम निश्चित किया जा चुका है। इसके फल-स्वरूप अब हम अपने पूर्वजों के बारे में तारीखों सहित पूरा ब्यौरा दे सकते हैं कि आज दिखायी देने वाली जीवों में बेशुमार विविधता कैसे पनपी। इसमें यह जंतु-जगत भी शामिल है, जिसके हम भी एक अंग हैं।

जीवन की आण्विक पूंजी में एक निश्चित क्रम में संजोयी हुई उप-इकाइयों की शृंखला होती है, वैसे ही, जैसे कि किसी भी कूट या सांकेतिक संदेश में अक्षरों का एक निश्चित क्रम होता है। जो सूक्ष्मजीव, पौधे और जंतु आज उन आदिम अणुओं की विरासत के मालिक हैं। उनके विकास के लंबे इतिहास में एक उप-इकाई की जगह दूसरी उप-इकाई लग जाने से छापे की भूलों की तरह परिवर्तन इकट्ठे होते गये। उदाहरण के लिए एक अणु है—साइटोक्रोम, जो श्वसन-क्रिया से जुड़ा है। इसमें हर पांच करोड़ वर्ष में उप-इकाइयों के क्रम में एक उप-इकाई बदलती गई है। जीवाश्मों के अध्ययन से पता चलता है कि जब आण्विक भेद पनपे, तभी विकास के दौरान जीव-जंतुओं में वंशगत या जातिगत परिवर्तन हुए। 'साइटोक्रोम-सी' के अतिरिक्त माता-पिता के गुण संतान में लाने की प्रक्रिया से जुड़े 'आर एन ए' (राइबोन्यूक्लिइक एसिड) को भी अणुओं के अध्ययन पर आधारित कालनिर्धारण में प्रयुक्त किया गया। इस आधार पर जीवन के विविध स्वरूपों में ...

आधुनिक कोशिका जो कुदरत की अनूठी कृति है स्वयं में पूर्ण इसी के केन्द्र में गुणसूत्र के रूप में लिपटा रहता है डीएनए

वानर से नर तक की विकास-यात्रा



हर शाम जब बम्बई को चाहिए १८०० मेगावाट बिजली, तो इसे कौन उपलब्ध करा सकता है?

अगले दस वर्षों में भारत की विद्युत शक्ति आवश्यकता १६०,००० मेगावाट तक पहुंच जाएगी। इस मांग की पूर्ति के लिए विचार करना, योजनाएं बनाना और उन्हें कार्यान्वित करना अब आवश्यक हो गया है।

गांधार में, ABB द्वारा एन टी पी सी के लिए स्थापित किया जा रहा एक टर्नकी ६५० मे. वा. कम्बाइन्ड साइकल पावर संयंत्र, विद्युत् शक्ति उत्पादन, संचरण और वितरण में ABB की जानी - मानी विश्वव्यापी सक्षमता का सबूत है। पश्चिम भारत की भावी विद्युत् शक्ति आवश्यकताओं की पूर्ति में यह संयंत्र अत्यन्त सहायक सिद्ध होगा।

विद्युत् शक्ति। एक और क्षेत्र जिसमें ABB तकनालॉजी आपके जीवन को महत्वपूर्ण रूप से बदल रही है।

ABB ग्रुप के ८००० से भी ज़्यादा लोग, भारत में दस स्थानों पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं, देश की विद्युत - शक्ति समस्याओं को सुलझाने के लिए। और भारत को एक सुनहरे, सार्थक भविष्य की ओर ले जाने के लिए। एक ऐसे अटूट विश्वास के साथ, जिसे जगा सकती है, केवल प्रौद्योगिकीय क्षमता।

ABB.

ABB भारत। भारतीय ऊर्जा से अपनी शक्ति जोड़ रहे हैं, आठ हज़ार भारतीय।

- विद्युत् - शक्ति उत्पादन
- विद्युत् - शक्ति संचरण
- विद्युत् - शक्ति वितरण
- औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स व प्रणालियां
- परिवहन
- पर्यावरणीय प्रणालियां

ABB
ASEA BROWN BOVERI

कहानी

प्रतिभा राय

मूर्ति

जुलूस पास आ रहा है। विशाल जुलूस। सैकड़ों लोगों की भीड़ चल रही है। पताका, फूल, गाना-बजाना, हो-हल्ला, शोर-गुल सबका ध्यान आकर्षित कर रहा है।

जनसमुद्र में एक पालकी सजी है, जो तैरती आ रही है, मानो विजय पताका चल रही है। पालकी में कौन है? देवता? देवता तो काठ, पत्थर धातु, निर्मित होते हैं। उनके लिए इतना उच्छ्वास कहाँ होता है?

जुलूस में आगे अनेक युवक-युवतियाँ। युवकों में तो आजकल ऐसा भगवत् प्रेम नहीं हो सकता। तो कौन है? कोई योगी? साधक या महापुरुष? नहीं... जुलूस में कोई चेला-चपाटी या साधु-संत भी नहीं दिखते। तो कोई महान नेता है? चारों ओर घेरा डाले लोगों में नेता का कोई अंगरक्षक भी नहीं दिखता, न कोई नजदीकी आदमी। तो विवाह की बारात? पालकी में दूल्हा है कोई? कहाँ? पटाखे, रोशनी, सिनेमा के गीतों की ताल पर होने वाला डिस्को भी नहीं दिख रहा।

सब उत्तेजित हैं, पर उल्लसित नहीं। उद्विग्न, अस्थिर। और नारे लग रहे हैं, हमारी मांगें पूरी हों, पूरी हों।

> किसी ने भीड़ में से बताया, 'छात्रों की हड़ताल के जुलूस में अचानक भगदड़ मच गयी। शांति बनाये रखने के लिए पुलिस को गोली चलानी पड़ी। सामने यह लड़का पड़ गया। एक गोली में खोपड़ी खुल गयी। वहीं ढेर। अच्छा लड़का था... हीरा था... आखिर शहीद हो गया।' आखिरी की बातें सुनते-सुनते बादामी को होश नहीं रहा। वहीं गिर पड़ी।

> सचमुच बिशा विवेकी है। मां का दुख-दर्द समझता। बस्ती के और लड़कों की तरह पान-बीड़ी कुछ नहीं खाता। पढ़ाई न की, पेट भूखा रहे, पर वह पढ़े-लिखे लड़कों की तरह अपने पैंट-कमीज साफ-सुथरे रखता। चुपचाप अपने रास्ते आता-जाता। सोच-विचार कर बोलता। जनम से सुनता आया फालतू बातें, ...

दुकानदार ने पालकी की ओर हाथ उठाया। बादामी पागल-सी बेटे को ढूंढ़ रही है। बेटा, कहां गया? उसने पूछा, 'कहां है बेटा?'

'तेरा बेटा... वो... तो शहीद हो गया।' दुकानदार दर्द भरे स्वर में कह रहा है। बादामी को कोई दुख नहीं। पूछा, 'शहीद क्या होता है।'

कविता

उषा भसीन

आग

मेरी मां के चूल्हे में
आग
बुझती नहीं
दबा दी जाती है।

गर्म राख के आगोश में
चिनगारी
रात भर
सुलगती है
तो भोर भए
तारों की छांव में
मेरी मां
बांस की फुंकनी में
सांस फूंक-फूंककर
चिनगारी को आग बना देती है।

यहां
महानगरी में
वह आग कहां?
यहां तो आग
हाथों से जलाकर
हाथों ही से
सुबह-शाम बुझायी जाती है
उसमें प्राण कौन फूंकता है
तभी उसमें
उपले की आग का
दाह
नहीं होता।

मत सिखलाओ तुम मुझे
नित-नित
जल-जलकर बुझने
और
बुझ-बुझकर जलने का
यह सिलसिला
मेरी मां ने
मुझे
उस
चूल्हे पर रोटी सेंक खिलाई है
जिसमें आग
कभी नहीं बुझती।
और मुझे
सुलगाना आता है।

रचना हमेशा नयी ही रहती है

प्रख्यात ओड़िया कथाकार प्रतिभा राय से अमरेंद्र मिश्र की बातचीत

... संस्मरण, रिपोर्ताज, धर्म पर भी लिखा। प्रतिभा राय ने कई मौकों पर समाज-सुधार के प्रति अपने दृष्टिकोण को अपनी रचनाओं के माध्यम से हमारे सामने रखा। समाज के खोखलेपन, दिखावटीपन, बाह्याडम्बर, आत्मप्रदर्शन की वे सदा विरोधी रहीं। उनकी 'ईश्वर' कहानी उनके मंतव्य को प्रकट करती है।

'द्रौपदी' उपन्यास में नारीत्व का एक आह्वान है। विश्व में अब तक कोई ऐसी नारी नहीं हुई जो याज्ञसेनी द्रौपदी की तरह यातना, लांछन, मानसिक संकट एवं संघर्ष के सामने हुई हो। इस उपन्यास के संबंध में प्रतिभा राय का कहना है—'मुख्यतः मैंने व्यासदेव रचित महाभारत का ही सहारा लिया है। ओड़िया में सारलादास की महाभारत का भी कुछ प्रभाव मुझ पर पड़ा है। इसके अलावा कुछेक काल्पनिक घटनाओं, चरित्रों का समावेश मूल कथानक में किया गया है। जगह-जगह मूल महाभारत के प्रवाह को ...

... उसको महसूस करके मैं पुलकित हो रही हूं।

इस पुरस्कार की जब घोषणा हुई और मुझे बताया गया तो जरूर कुछ अप्रत्याशित-सा लगा। बाद में प्रसन्नता हुई।

* याज्ञसेनी उपन्यास, जिसे पुरस्कृत किया गया है, यह 'द्रौपदी' शीर्षक से अनूदित होकर हिंदी में आया था। आपका दूसरा महत्वपूर्ण उपन्यास 'कोणार्क' भी हिंदी में आ चुका है और मुझे लगता है कि इन्हीं दोनों उपन्यासों ने आपको हिंदी क्षेत्र में भी पर्याप्त ख्याति दिलाई। क्या आप भी ऐसा ही मानती हैं?

मैं महसूस करती हूं। कहानियां तो पहले भी आयीं, पर 'द्रौपदी' (उपन्यास) उनसे भी पहले आया था। 'कोणार्क' बाद में आया। दोनों की ही पृष्ठभूमि ऐतिहासिक है। इन दोनों कृतियों को पढ़ने के बाद हिंदी के पाठकों ने ढेर सारी बधाइयां दीं—दूसरे देशों से भी पाठकों ने अपने मंतव्य भेजे। 'कोणार्क' उपन्यास पढ़ने के ...

> 'द्रौपदी' (उपन्यास) उनसे भी पहले आया था। 'कोणार्क' बाद में आया। दोनों की ही पृष्ठभूमि ऐतिहासिक है। इन दोनों कृतियों को पढ़ने के बाद हिंदी के पाठकों ने ढेर सारी बधाइयां दीं—दूसरे देशों से भी पाठकों ने अपने मंतव्य भेजे। 'कोणार्क' उपन्यास पढ़ने के बाद जिन लोगों ने ओड़ीशा आने के बाद कोणार्क देखा उन्हें वह जरूर कुछ अलग लगा। इस उपन्यास में कोणार्क नर्तकी के एक नृत्य का चित्रण है.......मुझे याद है कि बंबई के एक शिल्पी ने अपनी प्रदर्शनी में उस नर्तकी को उसी तरह 'विजुअलाइज' किया जैसा कि उपन्यास में उसे मिला।

बातचीत

अनुवाद : शंकरलाल पुरोहित

किताब

अपने ढंग का पहला प्रयास

आज हिंदी में प्रकाशित होनेवाली पत्र-पत्रिकाओं (भले ही इनमें अधिकांश लघु-पत्रिकाएं हो हों) की संख्या देखकर सामान्य हिंदी प्रेमी पाठक का प्रसन्न होना स्वाभाविक है, पर इससे पाठकों को कुछ समस्याएं भी होती हैं। क्योंकि सामान्य व्यक्ति की तो बात ही क्या, बड़े-बड़े पुस्तकालय भी सभी पत्रिकाएं नहीं खरीद सकते। अतः किसी भी सामान्य पाठक को सभी पत्रिकाएं देखने के लिए नहीं मिल सकतीं और इस कारण उसे यह भी पता नहीं चल सकता कि किस पत्रिका में क्या, कब छपा?

खेद है कि हिंदी में इस प्रकार के महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथों के प्रकाशन की ओर अभी तक किसी का ध्यान नहीं जान पड़ता है। ऐसी स्थिति में यदि कोई सामान्य प्रकाशक ऐसी कोई पुस्तक प्रकाशित करने का साहस करता है तो उसका यह प्रयास निश्चय ही प्रशंसनीय कहा जाएगा। 'नई धारा के चालीस वर्ष' भी एक ऐसी ही पुस्तक है और इसके लिए प्रकाशक बधाई के पात्र हैं।

ज्ञातव्य है कि नई धारा का प्रकाशन रामवृक्ष बेनीपुरी के संपादकत्व में अप्रैल, 1956 में शुरू हुआ था। तब से अब तक यानी पिछले 43 वर्षों से यह पत्रिका मासिक रूप में नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है और आज यह संभवतः हिंदी की सबसे पुरानी साहित्यिक पत्रिका है। वर्तमान में इसके प्रधान संपादक उदयराज सिंह हैं।

... पर इनकी विषय सूचियां उपलब्ध नहीं हैं। इस क्षेत्र में 'नई धारा के चालीस वर्ष' पहला प्रयास है और इसके लिए प्रकाशक निश्चय ही बधाई के पात्र हैं। इससे भी अधिक प्रशंसनीय एवं अन्य प्रकाशकों के लिए अनुकरणीय बात यह है कि लगभग 300 पृष्ठों की ऐसी उपयोगी और अपरिहार्य पुस्तक का मूल्य केवल 25 रु. रखा गया है, जो पुस्तक की विषय वस्तु देखते हुए निश्चय ही बहुत कम है।

किताब: नई धारा के चालीस वर्ष (प्रकाशित रचनाओं की सूची), संपादक: ... कुमार, प्रकाशक: नई धारा, अशोक प्रेस, पटना-14

उर्मिला जैन

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सरोकार

सिंघुघाटी सभ्यता और जैन स्थापत्य कला की यात्रा

सिंधु घाटी सभ्यता से ही भारतीय मूर्तिकला और स्थापत्य के वैभव के प्रमाण मिलते हैं। मोहनजोदड़ो-हड़प्पा, कालीबंगा और आहड़ की खुदाई में टेराकोटा मे मूर्ति शिल्प की सुंदर रचनाएं मिली हैं। उन्हीं में एक टेराकोटा में जंगल में एक साधु कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़ा है। उससे आगे एक सांड़ है। मुद्रा की उभरी सतह में सबसे नीचे कतार में सात मानवाकृतियाँ हैं। साधु के सामने एक व्यक्ति पूजा कर रहा है। टेराकोटा की इस मुद्रा को लेकर दो विचार हैं। पहला यह कि यह जैन आचार पद्धति की है। उन्होंने कायोत्सर्ग का अर्थ जैन तीर्थंकर ऋषभदेव से लिया है। सांड़ (वृषभ) की मौजूदगी ने उसे और पुष्ट किया है। इसके अलावा ऋषभदेव के काल में ब्राह्मी लिपि का प्रचलन भी एक प्रमाण बना। दूसरे विचार वाले इससे असहमत हैं।

इस टेराकोटा मुद्रा के बाद लगभग डेढ़ हजार वर्षों का इतिहास रहस्य के घेरे में है। इसके बाद सीधे-सीधे एक लंबी छलांग के बाद ईसा पूर्व सातवीं सदी में दाखिल होते हैं उसमें तेरापुर के लयणों में पार्श्वनाथ की प्रतिमाएं मिलती हैं पौराणिक आख्यानों के अनुसार कलिंग के राजा करकुंड ने पार्श्वनाथ की प्रतिमाओं का निर्माण करवाया। ईसा पूर्व छठी सदी में चित्रित पात्र-मृत्तिका भाण्ड आदि का भण्डार मिलता है। ये सभी प्राचीनकाल की राजघाट (काशी), अहिच्छत्र, हस्तिनापुर और कौशाम्बी की खुदाई के उपहार हैं। ये प्राचीन नगर पार्श्वनाथ के जीवन से जुड़े हुए थे।

चंद्रगुप्त मौर्य का मथुरा (मधुरा) प्राचीनकाल में जैन साधुओं का केन्द्र था। ग्रीस के राजदूत मेगस्थनीज मथुरा को तक्षशिला जाने वाले व्यापार का प्रमुख केन्द्र मानते थे यही कारण रहा कि मथुरा में यूनानी, पश्चिम एशियाई और दूसरी संस्कृतियों का संगम हुआ। उस समय मथुरा में सोने से बने और रत्न जड़े स्तूपों का उल्लेख मिलता है इस बहुमूल्य स्तूप का निर्माण देवी कुबेरा ने करवाया। मथुरा के कंकाली टीले की खुदाई से प्राप्त पुरावशेष स्तूपों के स्थापत्य सौंदर्य का बखान करते हैं। ये सभी स्तूप ईसापूर्व दूसरी-तीसरी सदी के हैं।

स्तूप के प्रवेश द्वार पर सरदल के सामने से अर्द्धमानव, दो अर्द्धपक्षी और पांच किन्नरों की छवि उभारी है। बीच में फूलों के हार और फूलों के गुच्छे हैं। यूनानी आदि रूप किन्नरों के रूप में दिखाई दिये हैं। यहाँ पंखधारी मानव रूपाकार फारसी और असीरियाई प्रभाव की अभिव्यक्ति करते हैं।

इन स्तूपों में साधु कठोर जीवन बसर करते थे। इसके बावजूद स्तम्भों पर विलासप्रियाएं और कामोत्तेजक नारी आकृतियाँ हैं। पुरातत्वशास्त्री डॉ. अमलानंद घोष के अनुसार सभी धर्मों की मूर्तिकला में यक्षी, सेविका, नायिका, अप्सरा, सुर-सुंदरी या अलस कन्याएं, या जो भी उन्हें कहें, वे अकेली या मिथुनों के रूप में मिलती हैं। इन मूर्तियों में रतिक्रीड़ा, सोमपान करता युगल, बालों को संवारती युवती, रूप सज्जा में लगी युवती, आनंदनर्तन करते जोड़े आदि की उत्कीर्ण कृतियाँ शामिल हैं। इनके अलावा आध्यात्मिक अनुष्ठान के लिए फूल, मालाएं आदि लेकर जाते स्त्री-पुरुषों का शिल्पांकन है।

तोरण स्तम्भों की सीध में एक चौकोर फलक पर सर्पभक्षणाकार कृति ऊपर का सारा भार सम्भालने का भ्रम देती है। इसमें शिल्पकार ने सिर मानव का और शरीर सांप का बनाया है। यह भारतीय यूनानी मूर्तिकला का सुंदर समन्वय है। इसके दूसरे फलक पर मकर के मुँह में मत्स्य (मछली) है। सरदल में गरुड़ विचित्र तीन फणवाले सांप को चोंच में दबाये है। सांप गरुड़ की गर्दन से लिपट रहा है। प्रवेश द्वार के एक तोड़े पर एक दास पर आमन्त्रण भाव में राजकन्या खड़ी है। दूसरे तोड़े पर हाथी के सिर पर अप्सरा स्वागत कर रही है। तोरण शीर्ष में तीन आधे गोलाकार फलक हैं। उनमें वानस्पतिक विसर्पी बेलों की पच्चीकारी है। एक फलक पर कुछ तीर्थंकरों सांप, मछली और मकर पर सवार हैं। उनके ये आलंकारिक वाहन मोहक हैं। एक बालक मकर के मुँह को खींच रहा है। एक विमान को हंस उड़ा रहा है।

स्तूप की पादपीठों पर तीर्थंकरों की प्रतिमाएं स्थापित की गयीं। सम्राट कनिष्क से पहले आद्यतीर्थंकरों की उत्कीर्ण मूर्तियाँ विद्यमान हैं। कनिष्क काल निर्मित तीर्थंकरों की मूर्तियाँ सादगीपूर्ण हैं। उनमें कहीं कोई नाम नहीं है। उन्हें सर्पफण के छात्र, वृषभ, कंधे तक लहराते बालों से पहचाना जा सका। मूर्तिकारों ने चमत्कारिक हाथों से कहीं सिर पर नवचंद्राकार घूंघट, कुंडलित घुंघराले और उलझी लटों के बाल हैं, तो कहीं मुण्डित सिर हैं। पादपीठ पर धर्मचक्र बना है कुछ मे धर्मचक्र नहीं भी है। प्रतिमाओं में चौमुखी मूरत विशेषता रखती है। उसके चारों तरफ तीर्थंकरों की प्रतिमाएं आकर्षक लगती हैं। स्तूप में पार्श्वनाथ, ऋषभनाथ, नेमीनाथ और महावीर की मूर्तियां जैन आचार शास्त्र, चार कषाय से मुक्ति आदि के आध्यात्मिक आदर्शों को परिलक्षित करती थीं।

कुषाण और उसके बाद की सुंदर भेंट तीर्थंकर नेमीनाथ की प्रतिमा है। नेमीनाथ भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के चचेरे भाई थे। इसकी विशेषता यह है कि नेमीनाथ की भव्य मूरत के पीछे श्रीकृष्ण बलराम लुभावनी मुद्रा में हैं। मूर्तिकारों ने बलराम का छत्र सात फणों वाला शेषनाग दिखाया है। बलराम के चार हाथों की रचना की गई है। एक हाथ में हल है। भगवान श्रीकृष्ण पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सुदर्शन चक्र और गदा धारण किये हैं। दुखद यह है कि भगवान श्रीकृष्ण के चार में से दो हाथ खण्डित हो चुके हैं।

शोधकों के अनुसार तीर्थंकर महावीर मथुरा आये। वे यक्ष सुदर्शन के भण्डीर उद्यान में ठहरे। उन्होंने आध्यात्मिक प्रवचन दिये। मथुरा में पावन श्रीसुपार्श्व स्तूप का उल्लेख मिलता है। इसे पार्श्वनाथ के मथुरा आने के बाद ईंटों से सुदृढ़ किया गया। वास्तुकौशल की दृष्टि से स्तूप में पूर्व और पश्चिम का मेल हो रहा था। उत्तरपश्चिम से पश्चिम एशियाई संस्कृति भारतीय सांचे में ढल रही थी। मूर्तिकारों ने अपनी कला के लिए मथुरा के समीपी सीकरी, तांतपुर और रूपबास के लाल सुर्ख चित्तीवाले बलुआ पत्थर को चुना। उन्होंने प्राचीन यक्ष प्रतिमाओं की शैली को माध्यम चुना। उनमें यक्षी आर्यवती का शिल्प वशीकरण करता हुआ है। कुछ शोधक यक्षी आर्यवती को ही भगवान महावीर की मां त्रिशला मानते हैं। इसका निर्माणकाल 15वीं ईस्वी का है। यक्षी आर्यवती मुड़े घुटने (समपद) की अभयमुद्रा में खड़ी हैं। उनकी एक सेविका चंवर डुला रही है। दूसरी सेविका सिर पर छत्र लगा रही है। तीसरी सेविका हार लिये है। समय के थपेड़ों से यह खिरने लगी है। मूर्ति फलक के निचले भाग का विवरण लगभग नष्ट हो गया। खिरने से फलक की सुरुचिसम्पन्नता बहुत कम हो गयी है।

कंकाली टीले के स्तूप की खुदाई की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि विद्या की देवी सरस्वती की मूर्ति है विडम्बना यह है कि देवी सरस्वती की मूर्ति का सिर टूट चुका है और गायब है। सरस्वती जी एक आयाताकार चौकी पर बैठी है। उसके हाथ में पुस्तक है। मूर्तिकार ने सरस्वती जी की मूर्ति में बहुत कम चिन्हों का प्रयोग किया है। यह ईसा पूर्व विद्यार्जन की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित करती है। प्राचीनकाल के प्रमाणों में कलिंग के चैतिचक्रवर्ती महाराजा खारवेल का शिलालेख भी एक है। यह ईसापूर्व पहली सदी का है। खारवेल मगध के शासक नंदराज द्वारा लूटकर ले जायी गयी तीर्थंकरों की प्रतिमा वापस लाये थे। इस तरह अकेले कंकाली टीले के स्तूप में ईसापूर्व की तीन सदियों की संस्कृति की बिखरी कड़ियां मिली हैं। उनसे पता चलता है कि शिल्प और स्थापत्य लगातार विकास की राह पर चल रहा था। प्रारंभ मे मूर्तिकार शरीर संरचना पर अधिक ध्यान नहीं देते थे। आदिम शिल्पकला का प्रभाव चौड़े कंधे, वक्ष और भावाभिव्यक्तिहीन मुखाकृति से साफ झलकता है। शिल्पकला की मूरत विषयवस्तु—यक्ष, यक्षी, इंद्र, इन्द्राणी, नागराज, क्षेत्रपाल, जैन देवनिकाय, तीर्थंकरों के जीवन के प्रसंग, भक्त, तीर्थंकरों, प्राकृतिक चित्रण, कल्पना के विचित्र जीवजन्तु और सौंदर्य अलंकरण रहती थी। अक्सर शिल्पी जनसामान्य के जीवनक्रम की प्रमुख घटनाओं को विषयवस्तु में गूंथता था। इससे मूर्तिफलक रुचिकर और आकर्षक दिखाई देता था। भरहुत और सांची के बौद्ध विहारों की तुलना में ये स्तूप भव्य किन्तु सादगीपूर्ण थे।

मथुरा का कंकाली टीला : दूसरी-तीसरी शती का जैन स्तूप

जैन स्तूपों की निर्माण परम्परा गुप्तकाल के आरम्भ तक अपना दम तोड़ने लगी थी। सिंधुघाटी सभ्यता से ईसा सदी की शुरुआत तक के जैन स्तूप, मंदिरों आदि की कालगणना एक जटिल समस्या है। यह अवश्य है कि जैन आख्यानों में इस दौरान स्थान-स्थान पर जैन देवालय स्तूप निर्माण का उल्लेख मिलता है। लेकिन उनके पुरावशेष नहीं मिलते। जहाँ मिले हैं, वहाँ धार्मिक शंकुल (कॉम्प्लेक्स) के निरन्तर सौंदर्यीकरण-जीर्णोद्धार से काल गणना कठिन हो गयी है। ईसा पूर्व में जैन मंदिरों में भी गर्भगृह के सामने ध्वज स्तम्भ परम्परा के प्रमाण मिले हैं। मध्यप्रदेश के विदिशा बेसनगर के उत्खनन में गरुड़ स्तम्भ मिला। मंदिर के पुरावशेष में एक ही पंक्ति में स्तम्भों की नींव (बुनियाद) है। कुछ जैन मंदिरों के सामने एक ही तीर्थंकर की अलंकृत प्रतिमाओं के मानस्तम्भ चौंकानेवाले हैं। ईसापूर्व तीसरी-चौथी सदी में जैन साधुओं के निवास के उद्देश्य से पहाड़ों-चट्टानों को काटकर निर्माण किया जाता था। गुफाओं का अपना रहस्यलोक है। गुफाओं में पत्थर की शिला को शैय्या की तरह उपयोग किया जाता था। इन गुफाओं में शिल्पकला का दुर्लभ खजाना मिला है। ईसापूर्व चौथी सदी में जैन धर्म ने लंका और अफगानिस्तान में अपने पैर फैलाये।

प्राचीन भारतीय संस्कृति की शास्त्रीयधारा शैलोत्कीर्ण गुफाओं में देखने को मिलती है। पर्वतीय चट्टानों को काटकर बनाए गए विहार रोमांचित करते हैं। ये ईसा पूर्व की ललित कलाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा देती हैं। इतिहासकार रोमिला थापड़ मानती हैं कि जैन विचार ईसा पूर्व सातवीं सदी में प्रचलित हो चुका था। जैन धर्म के धार्मिक उपदेशों को लिपिबद्ध करने आदि का काम ईसा पूर्व पांचवीं से तीसरी सदी के बीच हुआ। भगवान महावीर के उपदेशों के प्रभाव ईसा पूर्व छठी सदी के सोलह प्रमुख राज्यों में रहा इनमें गंगा का मैदानी इलाका खासतौर पर शामिल था।

तीर्थंकर महावीर के भ्रमण स्थलों की कृत्रिम गुफाएं इसी काल की हैं। ये कोसम (वर्तमान कौशाम्बी) और पभोसा (इलाहाबाद) में हैं। कोसम की गुफा का मुख बमुश्किल तीन फुट का है। गुफा के अंदर रेंगकर ही जाया जा सकता है। गुफा में दो शिलालेख मिले। शिलालेखों के अनुसार इनका निर्माण राजा बृहस्पतिमित्र के मामा आषाढसेन ने करवाया। कालगणना में राजा बृहस्पतिमित्र ईसा पूर्व के थे। गुफा के भीतर पत्थर की शिला ही शैय्या का काम देती थी। शिला के एक तरफ तकियानुमा ऊपरी सतह है।

गुफा का स्थापत्य बताता है कि वर्षों में बलुआ पत्थर की भारवाहक क्षमता को मद्देनजर रखकर तराशा गया।। इसके भागों को चटटानों मे ही सीढ़ियां दरवाजे बनाकर जोड़ा गया। प्राचीनकाल की साधना पद्धति की झलक इसकी छत की कम ऊंचाई देती है। यानी साधक केवल बैठकर ही साधना करे। छत खड़े होने पर छोटी पड़ती है। इसके प्रवेशद्वार भी संकरे हैं। उनमे लेटकर ही घुसना सम्भव है। गुफा के अंदर कला का अद्भुत खजाना है। उसकी पार्श्वभित्तियां, मुखभाग, बरामदे, छतों के टोड़े आदि पच्चीकारी और संगतराशी से सजे हैं। उन पर सुंदर मूर्तियां भी हैं। विहार के आवासीय कक्षों में उभरी सतह की तीर्थंकर की प्रतिमाएं हैं। शैय्या का काम देने वाली पत्थर की शिला है।

उदयगिरि की रानी गुफा, हाथी गुफा और खण्डगिरि की अनंत गुफा में चट्टानों का तात्कालीन स्थापत्य कला शैली से रूपविन्यास किया गया। उनमें रोशनी और हवा के लिए विशेष व्यवस्था देखने को मिलती है। इसका भूतल में कुछ अधिक ही ध्यान रखा गया है। उनकी चौखटों आदि मे छिद्र होते थे। यही क्रम गवाक्षों में दोहराया गया। गुफा में देहरी और सरदल तल के बरामदे में श्रृंगारिक भावों को शिल्पकारों ने संगीतकारों की सुरताल पर थिरकती अप्सराओं तथा नृत्यांगनाओं के मूर्तिफलक जसीवता से संजोये हैं। नृत्यांगनाओं के शरीर एकदम गतिमान हैं। बरामदे की देहरियों पर अर्धवृत्ताकार लताएं-पुष्पों का चित्रांकन है। उसके दोनों ओर द्वारपाल तथा देव कन्याएं स्वागत में मधुर मुस्कान बिखेरती लगती हैं। उदयगिरि की गुफा के मुखभाग में कल्पवृक्ष के पूजन का भव्य दृश्य है। मंचपुरी मे एक राज परिवार को अनुष्ठानिक कार्य करता दिखाया है। रानी गुफा के निचले तल में दिग्विजयी महाराजा के विजय अभियान का दृश्य है।

गुफाओं की छतों ढलुआं काटकर पानी निकास का बंदोबस्त किया गया था। अर्धगोलाकार विहार की तक्षशिला प्रस्तर खण्डों को झिरियों से गूंथी हैं उनके ऊपर खड़ंजा है। वास्तुकारों ने स्तम्भों और सरदलों को भी बखूबी जोड़ा है। इन जैन विहारों में साधुओं-मुनियों के सोने और प्रवचनार्थ एक शिला रखी है। यह भी देखने को मिला कि मूर्तिकारों/शिल्पकारों ने मानवाकृतियों में आंचलिकता को परिलक्षित किया। आंचलिक शक्लों की भावाभिव्यक्ति असरदार है। पशु चित्रों में शिल्पियों ने कल्पनाशीलता की लम्बी उड़ान भरी है। इनका शिल्प भरहुत और सांची से एक कदम आगे है।

लोहानीपुर में ई.पूर्व पहली दूसरी सदी की मिली दो मूर्तियों के सिर खंडित हैं। सुंदर भुजाएं टूट चुकी हैं। धड़ों के रूपाकार आदिम यक्षों के अनुरूप हैं। यह दूसरी सदी के कालखण्ड के शिल्प पर खरी उतरती है। दूसरी खंडित प्रतिमा की पालिश मौर्यकाल से मेल खाती है। लोहानीपुर में छिद्रयुक्त चांदी की मुद्रा और ईंट का फलक भी मिले। भोजपुर के चौसा में पकलीं कुषाण युग से आद्यगुप्त काल और गुप्त युग की मूर्तियों के भण्डार मिले हैं। भोजपुर में 18 कांस्य प्रतिमाएं मिलीं। उनमे से 16 तीर्थंकरों की हैं। ये ज्यादातर कायोत्सर्ग अथवा पद्मासन मुद्रा में हैं। उनका आकार-प्रकार, बनावट, चेहरे-मोहरे उनके निर्माणकाल का ब्यौरा देते हैं। प्रतिमाओं मे कुछ का शरीर आनुपातिक नहीं है। लोकस्वरूपों के अनुरूप उनके शरीर के अंग जैसे पैर हाथ और दूसरा हिस्सा पतला है। ये आदिमयुग की याद दिलाती हैं।



लोहानीपुर से प्राप्त पहली शती की दुर्लभ पार्श्वनाथ प्रतिमा

दक्षिण में ईसापूर्व दूसरी से पहली सदी की शैलोत्कीर्ण गुफाएं-मांगुलम, मुत्तुप्पाट्टि, तिरुप्परंकुरम, वरिच्चियूर, अजगरमिलै, करुंगालक्कुड़ि, कीळवलवु, तिरुवादवूर, विकिरमंगलम्, मेट्टुपट्टि, मरुकलतले और शित्तन्नवासल में स्थित हैं। इसी काल के अभिलेख मदुरै का मांगूलम के हैं। ये ब्राह्मी लिपि में हैं। मदुरै की पर्वतमाला से दक्षिण उत्तर अर्काट, चिंगलपट, चोलदेश से पाण्ड्य राज तक जैन देवालय बिखरे हैं। यह सिलसिला चेरदेश (वर्तमान केरल) तक कंजुगुमली पर्वत पर मांगुलम गुफाएं हैं। ये ईसापूर्व दूसरी सदी की हैं। इनकी संरचना ब्राह्मी अभिलेखों के अनुसार चेरअरै के कारोबारी ने करवायी।

सुब्रह्मण्य के आराधनास्थल पर नौवीं सदी के भवनों का समूह (शंकुल) है। कुन्नूतर की गुफा का संबंध ईसा पूर्व दूसरी सदी से है। इसमें चैत्यवास के दौरान प्रवचन के शिलालेख मिले हैं। उनके अलावा कचण भी मिला। कचण एक तरह की सोने (शयन) शिला है। यह पाठ अध्ययन केन्द्र में उपयोग में ली जाती थी। अजमरमलै में भी ब्राह्मी उत्कीर्ण शिलालेख प्राप्त हुआ। ईसा पूर्व दूसरी सदी के अभिलेखों में भगवान मुरुग और भगवान विष्णु की अर्चना का विवरण मिलता है। नीलक्कोट्टै के सिद्धों की पहाड़ी सिद्धमलै की मेट्टुपट्टि गुफा का अपना सौंदर्यलोक है। उनमें शयन शिला के नीचे कमल की पंखुड़ियों को उभारा गया।

ये जैन विहार सादगीपूर्ण आचार के कठोर अनुशासन का अनुशीलन (पालन) करते थे। स्थापत्यविदों ने इन्हें केवल साधुओं के मननचिन्तन केन्द्र के रूप में विकसित किया था। यह आलम है कि ब्राह्मी लिपि के अभिलेख भी इनके बारे में अधिक जानकारी नहीं देते हैं।

राम शास्त्री

सुचित्रा

'सुरखाब' के पर देखे हैं आपने

आपने 'सुरखाब के पर लगाना' वाली कहावत तो सुनी ही होगी। सुरखाब दरअसल एक सुंदर पक्षी है। इसके रंग-बिरंगे पर पक्षी-प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। विभिन्न देशों में इसके परों को सिर पर धारण करने की प्रथा भी है। इसे चकई-चकवा या कोक-कोकी के नाम से भी जाना जाता है।

इसका कद दो-ढाई फुट तक होता है। नर सुरखाब के शरीर का रंग नारंगी, भूरा या सुनहला होता है। सिर और गर्दन बादामी रंग की होती है। गले के चारों ओर एक काली कंठी होती है। पीठ का पिछला हिस्सा व दुम का रंग काला होता है। डैनों पर काले, हरे, सफेद आदि कई तरह के रंग होते हैं। मादा का रंग भी लगभग इसी तरह का होता है, पर गले में नर की तरह कंठी नहीं होती।

ये अक्सर जोड़ा बांध कर नदी या तालाब के किनारे रहते हैं। इन्हें जल में रहना विशेष पसंद है। नर-मादा एक-दूसरे को बहुत प्यार करते हैं। अक्सर ये जब रात्रि में एक-दूसरे से अलग हो जाते हैं, तो इनकी चीख-पुकार को आसानी से सुना जा सकता है। रात भर एक-दूसरे को पुकारते ये जल में इधर-उधर भटकते रहते हैं। शीतकाल की रात में नदी के किनारे रहने वाले लोग इन्हें कांको-कांको की ध्वनि निकालते नदी में विचरण करते देख सकते हैं। एक ओर से नर चिल्लाता है तो दूसरी ओर से मादा।

ये नदी के किनारे झाड़ियों में अपना घोंसला बनाते हैं और वहीं अंडे-बच्चों की सेवा भी करते हैं। जल में और जल के किनारे रहने वाले कीड़े-मकौड़े आदि इनकी पेट-पूजा के काम आते हैं।

इनकी आवाज इतनी कर्कश होती है कि सुनने वालों को पसंद नहीं आती है, पर इनकी शारीरिक सुंदरता से बरबस ही लोग आकर्षित हो जाते हैं।

बहुत-से लोग इन्हें पसंद करते हैं, परंतु यह दुःख की बात है कि इनके सुंदर परों के कारण उनकी बुरी नजर सदा उन पर रहती है।

किशोर श्रीवास्तव



भविष्यफल

रविवार 14 मार्च से शनिवार 20 मार्च तक

मेष: आर्थिक कार्यों के निष्पादन के लिए सप्ताह विशेष उल्लेखनीय रहेगा। रवि से बुध तक बौद्धिक कार्य की सफलता का हर्ष रहेगा तथा घर के वरिष्ठ सदस्यों के भाग्योदय का हर्ष प्राप्त होगा। गुरु को शारीरिक कष्ट की आशंका रहेगी। शनि तक समय बारंबार फायदा पहुंचायेगा। अतः सक्रिय रहें।

वृष: एक साथ कई प्रकार के प्रयोजनों की सिद्धि देने वाला सप्ताह है। सन्तान पक्ष से शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। रवि को भोगविलास में व्यय हो सकता है। सोम से बुध तक व्यावसायिक लाभ के अवसर मिलेंगे तथा शनि तक सामाजिक अथवा राजनैतिक प्रतिष्ठा प्राप्ति भी आपको होगी। किसी विशिष्ट सज्जन से मुलाकात का हर्ष मिलेगा।

मिथुन: सप्ताह के शुरुआत में एक-दो दिन तनाव के हैं। उसके बाद शेष समय आनन्ददायक होगा। सोम तक किसी से अकारण नहीं उलझें। बुध तक आंशिक परिश्रम अवांछित व्यक्तियों के कारण मानसिक तनाव बढ़ सकता है। गुरु को किसी शुभ समाचार का प्रभाव आपको उत्साहित रखेगा। तदनन्तर तक समय अनुकूल होता जायेगा तथा घर परिवार के सदस्यों का सहयोग साहचर्य भी लाभान्वित करेगा।

सिंह: इस सप्ताह में शुरुआत और आखिरी दिनों में विशेष फलदायक ग्रह गोचर है। सोम तक किसी शुभ संदेश पत्र से क्रियात्मक आयाम बनेंगे। तदुपरान्त बुध तक कुछ मतिभ्रम अथवा गलतफहमी के कारण स्वजनों से प्रतिरोध रहेगा। गुरु को बौद्धिक लाभ होगा। तदनन्तर शनि तक यथेष्ट धन प्राप्ति भी होगी। प्रयासों में सिद्धि भी होगी।

कन्या: विशेष प्रयासों का प्रतिफल मिलने में इस सप्ताह विलम्ब अधिक होगा। रवि और सोम को व्यर्थ की दौड़भाग और अस्थिरता के कारण खेद और अवसाद झेलने होंगे। मंगल को पराक्रम सिद्धि का दिन है। महत्वपूर्ण कार्य को तत्परता से नियोजित कर लें। उसके उपरान्त शनि तक व्यस्तता के बावजूद मनोविनोद भी बढ़ेगे। सहयोगी सक्रिय रहेंगे।

तुला: प्रतिस्पर्धा के कारण इस सप्ताह विशेष उपलब्धि का योग है। रवि से मंगल तक सभी कार्य यथासम्भव पूरे हो जायेंगे। छिटपुट स्रोतों से भी धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। बुध को शुभ समाचार उत्साहित करेगा। तदुपरान्त शनि तक रचनात्मक कार्यों का सुपरिणाम भी मिलेगा। ख्याति और समृद्धि का भाग्योदय गोचर है।

वृश्चिक: इस सप्ताह यात्रा में कष्ट अथवा दुर्घटना आदि की सम्भावना रहेगी। रवि से मंगल तक कार्य सफलता में संदेह रहेगा। बुध से गुरु तक साधारण स्तर के लाभ की प्राप्ति होगी। तदुपरान्त शनि तक उदर विकार अथवा ख्याति बढ़ेगी। बुध और गुरु को कुछ पारिवारिक दुश्चिन्ताएं व्यग्र रखेंगी। तदुपरान्त शनि तक मित्रों का समागम और विशेष प्रकार का रहन-सहन एवं सुविधायें आपको लाभान्वित करती रहेंगी।

मकर: वाणिज्य व्यवसाय की सिद्धि के लिए यह सप्ताह विशेष उपलब्धिकारक है। आजीविका प्राप्त जातकों को विशेष पद प्रतिष्ठा मिलने का हर्ष भी रहेगा। रवि से बुधवार तक समय निरन्तर उन्नतिगामी है। गुरु को दाम्पत्य कष्ट अथवा सहयोगी को परेशानी रहेगी। शुक्र एवं शनि को नये कार्यभार से व्यस्तता विशेष रहेगी।

कुंभ: राजकीय पक्ष से लाभ प्राप्त करने के लिए सप्ताह विशेष अनुकूल है। रचनात्मक सृजन एवं साहित्य संगीत में अभिरुचि रहेगी। कई जातक अवकाश लेकर मनोरंजक यात्रा भ्रमण का सुख उठायेंगे। सोम से बुध तक समय अनुकूल लाभ देगा। गुरु से शनि तक वातावरण में विशेष बदलाव की अपेक्षा रहेगी।

मीन: अत्यधिक दौड़-भाग और परिश्रम के बावजूद इस सप्ताह आपको निराशा एवं अवसाद का सामना करना होगा। रवि से बुध तक अपने काम से काम रखना ही अभीष्ट होगा। गुरु को किसी महत्वपूर्ण कार्य में सहायक व्यक्ति से मुलाकात होगी।

त्यौहार एवं व्रत:

15 मार्च: शीतलाष्टमी, वर्षातापरम्भ (जैन), शहादते-हजरत-अली (मुस्लिम), 18 मार्च: पापमोचनी एकादशी व्रत, 19 मार्च: जुमातुल विदा (मुस्लिम), 20 मार्च: महाविषुव दिवस।

केवल आनन्द जोशी

फोन से जानें अपनी जन्म कुंडली

जगजीत उप्पल द्वारा साप्ताहिक भविष्यवाणी

☎ 001 609 426 28+

51 मेष 52 वृषभ 53 मिथुन
54 कर्क 55 सिंह 56 कन्या
57 तुला 58 वृश्चिक 59 धनु

मनो भविष्यवाणी
मनो-विश्लेषण द्वारा भविष्य जानिये।
☎ 001 609 426 6537

सच्चा प्यार पाइये

आगई!

नये ज़माने की नयी सौगात पॉलिमर पेन्सिलें

...दो सौ साल बाद पेन्सिलों में ज़बरदस्त क्रान्ति

18 वीं सदी में पेन्सिल के आविष्कार के बाद से, पेन्सिल-निर्माण में कोई नयी बात पैदा नहीं हो सकी थी! पेन्सिल, सिर्फ़ लकड़ी के टुकड़ों के बीच क़ैद कार्बन की एक सलाई हो कर रह गयी थी. क्रान्ति आख़िर कबतक न आती! आ ही गयी वुडसेवर स्विस तकनीक द्वारा तैयार पॉलिमराइज़्ड लीड कोर वाली पेन्सिलें. नया अन्दाज़ लिये, कई आकर्षक रंगों में. बेशक, सौ साल बाद पेन्सिलों की दुनिया में ज़बरदस्त क्रान्ति. यानी बदलती दुनिया के साथ क़दम मिलाता आज का उत्पादन वुडसेवर.

MAKUNE SOLMEX
WOODSAVER
THE NO WOOD, ENVIRONMENT FRIENDLY PENCIL
CERTIFIED NON TOXIC



मेरा गाँव

नीम की
हरियाली छाँव,
मेरा गाँव।
घुटनों के जोड़ों में पीर...रात कटे नहीं
एक डेग अँगनाई...दूसरा ओसारे में
और थके पाँव,
मेरा गाँव।

पहली जमात से आखिरी जमात तक
बेकारी, भुखमरी, ठोकर...सौगात
सपनों के कुम्हलाए चेहरे ज्यों बुझता अलाव
मेरा गाँव।

मैले नाखूनों की चुटकी हशीश भरी
खोखले इरादों का ख्याली पुलाव
मेरा गाँव।

सीता का निष्कासन, गौरी का दाह
मुखिया, सरपंच के दोहरे प्रपंच का
फर्जी चुनाव
मेरा गाँव।

दँवनी के गीतों का ऐसा अकाल
माटी के मानुख को माटी मोहाल
चितकबरी ठठरी कालू के हाथ लगी
रँभाते छौने के आँसू दरियाव,
मेरा गाँव।

बूढ़े बरगद की पात आँख पुरनम-सी
झूठे दिलासों के चिथड़े सहेजता
ढँके माथ तो खुल रह जाएँ पाँव
यह? यही मेरा गाँव...?

ऋता शुक्ल

टीका-टिप्पणी

अश्रद्धालुओं का श्रद्धा निवेदन

ठाकुरप्रसाद सिंह

सारी दुनिया में समाजवादी विश्वासों की जैसी भर्त्सना हो रही है, उसे देखते हुए वह गोष्ठी भी नितान्त अर्थहीन नहीं लगती, इस देश में मार्क्सवाद की प्रारंभिक शिक्षा सामान्य जन को राहुलजी ने दी थी। हमारे जैसे बच्चे उसी दूध पर पले थे। 'भागो नहीं दुनिया को बदलो' वाला वाक्य उन्हीं के चलते घर-घर का सन्देश बना था। आज उनकी शताब्दी के समय सारी दुनिया में एकदम विरोधी हवा बह रही है। ऐसे समय छपरा में चुनाव के दौरान राहुलजी द्वारा अपने भाषण में प्रयुक्त एक ग्रामीण उक्ति बहुत याद आती है: जे मन तोरना नगर उजरलीं। सूना कहली पीपर। ते मन तोरना अरवत बानी। हथवा लेहले मूसर। अर्थात जिस किसान-जन विरोधी लोगों ने नगर उजाड़ डाला और पीपल ठूंठ कर डाला वे फिर आ रहे हैं—हाथ में मूसल लिये हुए।

प्रिय सम्पादक जी,

कलकतिया 'भारत जीवन' के प्रकाशन की शतवार्षिकी बहुत नजदीक जानकर यह पत्र शिवशम्भु की चिट्ठी के लेखक श्री शिवशम्भु की स्मृति को समर्पित कर रहा हूं। शिवशम्भु के पूर्वज जिन दिनों हरियाणा छोड़कर कलकत्ते की ओर चले, उन्हीं दिनों मेरे पूर्वज भी आजमगढ़ के भयंकर असराह से विस्थापित हुए। उनमें जो हिम्मती थे—डामर-मिरिच, ट्रिनीडाड, फिजी, कनाडा तथा अमेरिका तक चले गये। जो कुछ कम हिम्मती थे, सिंगापुर, रंगून, मांडले तक पहुंचे या किसी रूप में अंडमान में बस गये। जो और कम साहसी थे, वे कलकत्ते में दरवानी करने लगे, बोझ खींचने लगे। मेरे पूर्वज बनारस से आगे नहीं बढ़ सके। वे थे भी बहुत छोटे-छोटे। घर के प्रधान के स्वतंत्रता की लड़ाई में मर जाने पर उनकी विधवा ने देवर के अत्याचार से घबरा कर गोद के दो बच्चों कोई लेकर रात के अंधेरे में घर छोड़ दिया और सोलह कोस चलकर बनारस चली आयी। ग्रहण-स्नान के लिए जिस घर में वे वर्षों से आश्रय लेती रहीं, वही घर उनका शरणस्थली बना। आज वही घर मेरे परिवार की छह पीढ़ियों का निवास-स्थल है।

मैं केवल इसी अधिकार के नाते स्वयं को शिवशम्भु की छठी पीढ़ी में रखने नहीं जा रहा—कारण मुझमें वह साहस कहां कि अपने समय के महाप्रभु को भी डांट सकूं और लार्ड कर्जन के अपने समय के 'ग्रेटेस्ट शो' यानी दिल्ली दरबार को 'बुलबुलों का ख्वाब' कह सकूं। मैं तो इतना कमजोर हूँ कि श्री नरसिंह राव के इस कथन पर भी ऐतबार कर लेता हूं। जब वे बंगाली बाबुओं की आक्रामक मुद्रा में अगली बार बहुत सख्त कदम उठाने की बात सरकारी अफसरों से कहते हैं। 'भारत जीवन' के एक सम्पादक बाबूराव विष्णु पराड़कर भी हुए थे। उनकी डायरी के पन्ने पलटने का सौभाग्य इस गरीब शिवशम्भु की छठी पीढ़ी को भी प्राप्त हुआ है। इसमें कुछ बहुत बेधक उद्धरण और श्लोक पण्डित जी ने लिख रखे थे। उन्हीं उद्धरणों के बल पर कह सकता हूं कि जो चाकू उंगली नहीं काट सकता, वह पेंसिल भी नहीं बना सकता। जिस पुरुष के स्नेह से स्त्री विभोर न हो अथवा जिसके दुस्सह क्रोध से जल न जाये, उस पुरुष को लेकर वह क्या करे? श्लोक में ऐसे पुरुष को 'षण्ण' कहा है, जिसका अर्थ मैं कोशकारों के ऊपर छोड़ता हूं; स्वयं दुर्विनीत क्यों बनूं?

बचपन में 'हंस' मासिक के इर्द-गिर्द चक्कर लगाता था। प्रेमचन्द कुछ ही वर्ष पूर्व गये थे। काशी में सरदार गर्दिश का सन्नाटा था; कारण प्रसाद भी चले गये थे, फिर आचार्य शुक्ल भी। हम लोग उस काशी की गंध खोजते घूमते थे, तभी 'हंस' कार्यालय में कई लोग मिल गये। श्रीपतराय (यानी प्रेमचन्द जी के बड़े पुत्र) सरस्वती प्रेस के मालिक थे, शिवदान सिंह चौहान के बाद प्रेमचन्द के छोटे पुत्र श्री अमृतराय ने 'हंस' का संपादन संभाला। वहां उन दिनों श्री शमशेर बहादुर सिंह थे, कहानी में, श्यामू संन्यासी प्रकाशन में, जगत शंखधर प्रबंध में, रामप्रताप त्रिपाठी सर्कुलेशन में और त्रिलोचन जी 'हंस' में। श्रीमती शिवरानी देवी उन दिनों 'प्रेमचन्द घर में' पुस्तक पर काम कर रही थीं। श्री कमलापति मिश्र उनके सहायक थे। इसके अलावा वे घर के भी कुछ काम निपटाते। प्रातःकाल भिगोया हुआ चना बंटता था और लोग क्वींस कालेज में दौड़ लगाते थे। कुछ दिन प्रेस का इंतजाम देखने श्री गजानन माधव मुक्तिबोध भी सरस्वती प्रेस में रहे, पर उनका खासा समय बनारस की इकलौती काटन मिल में हड़ताल कराने में खर्च होता। श्रीपत राय ने अपनी टेबुल के पीछे कबीर का यह दोहा लिखवा रखा था: रूखी सूखी खाइके ठंडा पानी पीउ। देखि पराई चूपड़ी जनि ललचावे जीउ।

इस दोहे को सार्थक करने के लिए वे दोपहर को उसी टेबुल पर अपना लंच लेते थे। सुबह भीगा चना खाकर निहायत कम वेतन पाने वाले लोग उन्हें चुपड़ी खाते देखते रहते थे। मैंने एक दिन श्रीपतजी से कहा कि या तो सबको लंच खिलाइए या फिर यह दोहा दीवार पर से हटा दीजिए। श्रीपतजी ने मुझे कसकर घूरा और फिर चपरासी बुलवा कर दोहा हटवा दिया।

वहीं श्रीपत जी के 'बसईपुर विला' में मैंने पहली बार श्री राहुलजी के दर्शन किये। एक कुर्ता, एक पाजामा और एक ओवरकोट—बस इतनी ही कुल सम्पत्ति थी उनके पास। कोई कहीं जाने आवे तो तैयार होने की बात कहकर कमरे में जाते थे। उनके जाते ही अमृतराय व्यंग्य करते, 'ओवरकोट लेने गये हैं, बस।'

उनसे मेरा मन तुरंत जुड़ा, पर उनका मुझसे कुछ दिन बाद जुड़ा। मेरे आग्रह पर वे एक दिन मेरे घर खाना खाने आये। आये तो उद्विग्न से घर निहारते बैठे रहे। मैं परेशान कि कैसे उन्हें प्रकृतस्थ करूं? बहुत पुराना घर, चुनार के पत्थरों से जड़ा हुआ, पर दरवाजे, खिड़कियां, छतें सब नितान्त पुरानी, सीलनभरी, उदास। मुझे अपनी गरीबी लज्जाजनक लगी... तभी राहुलजी ने पूछा कि इस घर में एक बहुत गौरवर्ण की वृद्धा महिला थीं, बहुत धार्मिक, रोज गंगास्थान करती थीं।

मैं चौंक पड़ा, क्यों वे मेरे बचपन में मरी मेरी परदादी की याद कर रहे थे। मैं कुछ पूछूं तब तक उन्होंने स्वयं ही बताना शुरू किया। बचपन में घर से भागकर संस्कृत पढ़ने वे बनारस ही आये थे। बनारस में मेरे मोहल्ले के जागेश्वर मठ में वे एक विद्यार्थी के रूप में रहे। अपने भोजन और वृत्ति के लिए वे मेरे मोहल्ले में आते थे। तभी इस पुराने घर की मालकिन ने उन्हें पकड़ लिया। भीतर बरामदे में बिठाकर वे उन्हें भोजन कराती थीं और उनकी सहायता भी। वे जब तक उस मठ में रहे, वह वृद्धा उनकी सबसे बड़ी प्रशंसिका थीं। यह जानकर कि मैं उसी वृद्धा का पौत्र हूं राहुलजी की स्फटिक जैसी चमकदार आँखें भर आयीं। मैं पितृविहीन हूँ, यह जानकार वे उदास हो गये, फिर बोले, 'कभी मेरी आवश्यकता पड़े तो कहना। मैंने तुम्हारी परदादी का अन्न खाया है।'

सम्पादक जी, मैं खासा अपढ़ आदमी हूं, नया साहित्य तो मेरे पल्ले पड़ता ही नहीं। कभी बनारस में प्रगतिशील लेखक संघ की संस्थापना मैंने श्री अमृतराय के साथ की थी और उसके पहले प्रादेशिक सम्मेलन में भी लखनऊ जाकर सम्मिलित हुआ, पर अब संघ के निर्णायक वे हैं, जो तब इलाहाबाद अधिवेशन के बाहर काले झण्डे दिखाने वाले लोगों के हाथ थे, जिन्होंने राहुलजी की अध्यक्षता में होने वाले उस अधिवेशन के प्रतिवाद में मेरे विरुद्ध मेरे ही साप्ताहिक में लेख लिखे थे और जोर डलवाकर उसे छपवाया भी था।

कल दिल्ली में हुई राहुल शताब्दी समारोह की पहली सभा का विवरण पढ़कर मैं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के इस वातानुकूलित कक्ष में रात भर सो नहीं सका। शिवशम्भु ऐसे विचलित होने वाले क्षणों में भांग छानकर खाट पर सो सकते थे, पर डॉक्टरों से घिरे इस माहौल में जब मुझसे रोज सवेरे पूछा जाता है कि आप कौन-सा नशा लेते हैं तो मैं करूँ भी तो क्या करूँ? सारी दिल्ली पीकर मदहोश पड़ी है और पूछा जा रहा है कि यह व्याधि मेरे किस नशे का परिणाम है?

मैं अगर कहूं कि उनका पिया मेरे सिर पड़ा तो डॉक्टर क्यों मानेगा? वह तो यह भी नहीं मानेगा कि मेरी अनिद्रा और पढ़े ब्लड प्रेशर का कारण हरभजन सिंह का वह भाषण है, जो उन्होंने राहुल शताब्दी के उद्घाटन के अवसर पर दिया। वैसे तो हरभजन सिंह बहुत बड़े प्रगतिशील हैं, पर राहुलजी के प्रति उनकी समझ की दरिद्रता से मैं चकित हूँ। उस समारोह में दिग्गज प्रगतिशील तो थे नहीं न नागार्जुन, न उनके जैसे दूसरे लखटकिया भाषा इतिहास विद् डॉ. शर्मा। दिल्ली में होते हुए भी वे लोग क्यों नहीं थे, इसका रहस्य तो अकादमी के सचिव ही जानें, पर यहाँ डा. विद्यानिवासजी मिश्र भी थे। वे राहुलजी के साथ वर्षों रहे। वे लोग होते तो डॉ. हरभजन सिंह की मौलिकता का तत्व खुलता। उन्होंने जानबूझ कर प्रगतिशीलों की 'बी' टीम मैदान में उतारी थी। श्री केदारनाथ सिंह तब तो काशी में थे नहीं, पर विष्णु चन्द्र तो थे, उनकी असहनीय बेचैनी कहां चली गयी थी? त्रिलोचनजी का वहां होना न होना विशेष मतलब नहीं रखता। जैसे 'हंस' कार्यालय में होते हुए भी वे नहीं होने जैसे थे। वे यदि चाहते तो डॉ. हरभजन सिंह की इस उक्ति का प्रतिवाद कर सकते थे कि जातीय स्मृति भूलने के प्रयत्न के कारण राहुलजी की स्मृति चली गयी थी। मैंने अपनी चिट्ठी में जो संस्मरण शुरू में सम्मिलित किया है, वह अकारण नहीं है। राहुलजी इस जाति को कितना प्यार करते थे, कितना आदर, यही बताने के लिए वह बात हठवश मैंने कही है। इलाहाबाद में वे श्री उदयनारायण तिवारी के अलोपीबाग वाले मकान पर टिकते थे। संगम नहाने वाली भीड़ के मार्ग पर स्थित उस मकान से वे माघ-स्नान करने वालों को देखते तथा उन्हें रोककर उन्हीं की बोली में बात करते।

मेरे पूर्वजों के गांव की कुलदेवी 'वल्हना' के धाम पहुंचने पर उन्होंने मेरे पुरोहितों से, जो धाम के भी पुजारी थे, मूर्ति पर पड़े कपड़े के पचासों रंगीन आवरण हटवाकर देखा तो वह मूर्ति भगवान गौतम बुद्ध की निकली, भूमिस्पर्श मुद्रा वाली। उनकी विद्रोहिणी आँखें चमकीं, पर देश-काल-विश्वास का ध्यान रखकर उन्होंने उस भूमि पर लेटी पड़ी मूर्ति को नमस्कार करके उसे उसी तरह कपड़ों से ढका रहने दिया। वे परम क्रांतिकारी निर्मोही थे, पर उन जैसा मोही व्यक्ति भी मेरे देखने में नहीं आया। काशी में डॉ. मंगलदेव शास्त्री संस्कृत कालेज के प्रिंसिपल थे, राहुलजी जब नगर में होते, उनके बंगले पर जरूर जाते और उनसे तरह-तरह की बातें करते। मैं कम से कम दस-बारह ऐसी गोष्ठियों का गवाह हूँ। शास्त्रीजी का लड़का राजेश मेरा कक्षा का साथी था, बी.ए. में उसने विश्वविद्यालय भर में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त किये थे। उस अवसर पर राहुलजी का आनन्द देखते बनता था।

एक बार किसी सज्जन ने गोहत्या का प्रश्न उठाया तो राहुलजी ने मुस्कराते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों को तो पहले इससे कोई ऐतराज था नहीं। वे सज्जन लाल हुए तो राहुलजी ने भवभूति के 'उत्तर रामचरित' नाटक के वाल्मीकि आश्रम में गाय के बछड़े काटे जाने का उल्लेख किया। यह खुराक कुछ कमजोर लगी तो उन्होंने 'मेघदूत' के चर्मण्यवती प्रसंग का उल्लेख किया, जिसे कालिदास ने 'रन्तिदेवस्य कीर्ति' कहा है। यह चर्मण्यवती गायों के चर्म से गिरी हुई रक्त की बूदों के प्रवाह से ही बनी थी। आज की चम्बल, ऐसे अस्तित्व में आयी, यह बाद सुनकर वे सज्जन चुप हो गये, पर राहुलजी ने उन्हें आधे घंटे तक समझाया कि हम यह नहीं कहते कि आज भी यह सब कोई मतलब रखता है। निश्चय करने से पहले जानना चाहिए और राहुलजी इसी जानने में सहायता करते रहे। राहुलजी के घुमक्कड़ व्यक्तित्व को उनकी अपूर्णता की छटपटाहट भी कहा गया है। यह भी एक आविष्कार ही है। इस दृष्टि से तो भगवान गौतम बुद्ध सहित सभी महान आत्माएं अतृप्त और अपूर्ण थीं। कुछ नया पाने के लिए मातृ मूल्यों से दूर गये होते राहुलजी तो इस देश को इतनी गहराई से समझ नहीं सके होते। डॉ. हरभजन सिंह को अपने मारमूल्य की चिन्ता होनी चाहिए। वे, लगता है कि सब कुछ भूल गये हैं या भूल जाना चाहते हैं।

राहुलजी में श्रद्धा का अभाव हो, न हो। उनकी शताब्दी मनाने वालों में उसका कोई चिह्न मुझे नहीं मिला। भारत सरकार और केन्द्रीय अकादमी के बदले यह कार्य दिल्ली की स्थानीय अकादमी से लिया गया, यही राहुलजी के सम्मान के अनुरूप नहीं था। फिर उसे अनजान और अश्रद्धालुओं के हाथों सौंप दिया गया, इसके लिए किसको दोष दिया जाये?

सारी दुनिया में समाजवादी विश्वासों की जैसी भर्त्सना हो रही है, उसे देखते हुए यह गोष्ठी भी नितान्त अर्थहीन नहीं लगती, इस देश में मार्क्सवाद की प्रारंभिक शिक्षा सामान्य जन को राहुलजी ने दी थी। हमारे जैसे बच्चे उसी दूध पर पले थे। 'भागो नहीं दुनिया को बदलो' वाला वाक्य उन्हीं के चलते घर-घर का सन्देश बना था। आज उनकी शताब्दी के समय सारी दुनिया में एकदम विरोधी हवा बह रही है। ऐसे समय छपरा में चुनाव के दौरान राहुलजी द्वारा अपने भाषण में प्रयुक्त एक ग्रामीण उक्ति बहुत याद आती है: जे मन तोरना नगर उजरलीं। सूना कहली पीपर। ते मन तोरना अरवत बानी। हथवा लेहले मूसर। अर्थात जिस किसान-जन विरोधी लोगों ने नगर उजाड़ डाला और पीपल ठूंठा कर डाला वे फिर आ रहे हैं—हाथ में मूसल लिये हुए।

इस दुनिया के जिन तथाकथित मार्क्सवादियों ने नगर के नगर उजाड़ डाले और जिन्होंने रूस ऐसा विशाल पीपल भी ठूंठा कर डाला, वे इस देश में भी आ गये, हाथ में मूसल लिये हुए।

डॉ. हरभजन सिंह तथा उनके साथी इसी नयी भूमिका में अवतीर्ण हो रहे हैं।

सम्पादक जी, पत्र बहुत लम्बा हो गया, पर क्या करूं? मैं राहुलजी पर बातें करूं और कलम न रुके तो क्या करूं?

आपका
ठाकुर प्रसाद सिंह

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यातायात सुविधा पर एक नजर

दिल्ली के नागरिकों की समस्या को देखते हुए दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चलाने की व्यवस्था को लागू करने पर हालांकि अभी तक कोई विचार तो नहीं हुआ है, लेकिन भविष्य मे उसकी संभावनाएं हैं। फिलहाल दिल्ली मे यातायात की दिक्कतों को देखते हुए दिल्ली परिवहन निगम को सामान्य बसों के अतिरिक्त रेडलाइन, ग्रीनलाइन व ह्वाइट लाइन जैसी सेवाएं शुरु की गयी हैं और अब शीघ्र ही ब्लू लाइन बसें सड़कों पर उतरेंगी, जिनका उद्देश्य है कारों से सफर करने वाले यात्रियों को सुविधा प्रदान करना। पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक क्षेत्र में रिक्शा आदि की भीड़भाड़ को कम करने के उद्देश्य से धुआँ रहित बैटरी बसें चलाने की भी योजना है। इसके साथ ही स्पेशल बसों को चलाये जाने की भी संभावनाएं हैं, ताकि गृहणियों को घरेलू वस्तुएं खरीदने के लिए करोलबाग, चांदनीचौक जैसी जगहों पर आने मे दिक्कतें न हों। यात्रियों की सुविधा के लिए 500 मोटर बाइकों के लिए भी लाइसेंस जारी किए जायेंगे। भीड़ाभाड़ को कम करने के लिए ऐसे विकल्प लाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि लोग अपने निजी वाहनों को घर से न लेकर चलें। इस समय दिल्ली की सड़कों पर प्रतिदिन अनुमानतः 20 लाख वाहन चलते हैं।

दिल्ली परिवहन निगम की बसों के रूट पर एक बस के बाद दूसरी बस चलने के लिए 30 से 60 मिनट के अंतराल मे अब भारी बदलाव आया है। फलस्वरूप अब यात्रियों को ज्यादा देर तक बस स्टैंड पर खड़ा नहीं रहना पड़ेगा और न ही यह शिकायत रह जाएगी कि ड्राइवर बस स्टैंड पर बसें नहीं रोकता है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या है रेडलाइन बसों में प्रतियोगिता के आधार पर दौड़भाग करना और फिर दुर्घटना की ज्यादा संभावना। इन समस्याओं से निपटने के लिए अब तक कोई ठोस कदम तो नहीं उठाये गये हैं, लेकिन विचार-विमर्श जारी है। अब सवाल यह है कि सरकार इन सुविधाओं से उठने वाली असुविधाओं पर कब तक नियंत्रण पा सकती है। पहले जब रेडलाइन बसें चलाने की बात चल ही रही थी, तो दिल्ली यातायात प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी का कहना था कि इन सेवाओं के साथ मोबाइल सुविधा भी लागू की जाएगी, ताकि यात्रियों को वह परेशानी न हो जिसका सामना यात्रियों को आज करना पड़ रहा है।

कलूड़ा अभिनव



जान जलाना. पर आरमाडा हो तो बात ही कुछ और है.

इसमें इतनी खुली जगह है कि दस लोग तक आराम से सफ़र कर सकते हैं और



ए.सी. और स्टिरिओ आपने लगवाया हो तो सफ़र और भी आरामदेह बना सकते हैं.

प्युजो डिज़ाइन का इसका २११२ सी.सी. इन्जन आपको जहाँ चाहें, वहाँ ले जाये. समुद्र के किनारे. जंगलों में. पहाड़ों पर. १५.७ कि.मी. प्रति लीटर डीज़ल* पर आप चाहें तो सहारा की सैर कर आयें.

आरमाडा शहरी रास्तों पर भी उतने ही आराम से चलती है. और इसका टर्निंग सर्कल इतना कम है कि तंग मोड़ों पर भी आरमाडा आसानी से मुड़ सकती है.

इन्हीं खूबियों ने बनाया है आरमाडा को हरफ़नमौला सवारी (आरमाडा फ़ोर-व्हील ड्राइव में उपलब्ध है).

आज ही आरमाडा बुक कीजिये.

यह वाक़ई सायादार गुलिस्तान से कम नहीं.

Mahindra ARMADA

मिज़ाज जीपं का. तहज़ीब कार की.

एक साल की असीमित माइलेज वॉरंटी • सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाइए - यह आपकी ज़िंदगी और मौत का सवाल है • *एआरएआई द्वारा प्रमाणित ६० कि.मी. प्रति घंटा की रफ़्तार से • एमएंडएम लि. भारत में जीप रजिस्टर्ड ट्रेड मार्क के लाइसेंस प्राप्त उपयोगकर्ता हैं.

Enterprise/M&M/5 Hn

बिहार: पटना: लॉली सेन एंड कं., ६५५३३२/६५५०३१; **धनबाद:** राहुल उद्योग विनियोग, ८२२३०१/८२२३०३; **रांची:** रांची ऑटोमोबाइल्स, २२७७०; • **हरियाणा:** गुड़गांव: स्टर्लिंग मोटर कं., ३२००१; **फरीदाबाद:** स्टर्लिंग मोटर कं. ८२१६३४४ **रोहतक:** विनय मोटर कंपनी, ७४५६७; • **नई दिल्ली:** संघी मोटर्स, ५२५२९९, स्कायलाइन ऑटोमोबाइल्स, ७७७६२७७/७७७६२७८, त्रिकुटा ऑटोमोबाइल्स, ६४१३२४१/६४४६३७५; • **राजस्थान:** **बीकानेर:** ओरिएण्टल ऑटोमोबाइल्स लि., २७०१६; **जयपुर:** कें. एस. मोटर्स प्रा. लि., ७७३११/७३८२०; • **यू.पी.:** **इलाहाबाद:** यूनाइटेड ऑटोमोबाइल्स, ५६२७७/५४१४४/५२९९२; **फ़ैज़ाबाद:** अमित ऑटो सेल्स, २७२९; **गाजियाबाद:** विगसन्स ऑटोमोबाइल्स, ८७१३८८६/८७१०५०८/८७१६९९५; **लखनऊ:** जीप सेल्स कॉर्पोरेशन, २३३८१४/३८१२०२/२३७१४६; नारायण ऑटोमोबाइल्स, २४२४६६/२४८९१२/२४४३८६.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आज के दिन समय हमें अवकाश दो

विद्यानिवास मिश्र

अट्ठाईस नवम्बर को महाराग पूर्णिमा होगी। इस पर क्या लिखें, कैसे लिखें, यही मन में मन्थन चल रहा था। इसी बीच कुछ बहुत ही प्रबुद्ध और अधीत बन्धुओं ने एक प्रश्न किया—हिन्दू शास्त्रों में (दर्शन या धर्म से सम्बद्ध सभी शास्त्रों में) दूसरे मतों के बारे में चर्चा क्यो नहीं है यहाँ से भी यात्री बाहर गये, उनके दूसरे देशों के बारे में अभिलेख क्यों नहीं हैं, ग्रीस, ईरान, इराक, अरब देश, रोम, बावेस (बेबेलोनिया) आदि के सन्दर्भ तो हैं, पर इन देशों के चिन्तन के उद्धरण क्यों नहीं मिलते? क्या यह जानबूझ कर दूसरों के ज्ञान और दूसरों की आस्था की अनदेखी करना है या यह इस देश का अन्यापन है? बौद्ध दर्शन के ग्रन्थों में न्याय मीमांसा वेदान्त के खंडन हैं, न्याय मीमांसा वेदान्त के ग्रन्थों में बौद्ध दर्शन के सिद्धान्तों का खण्डन है। अफलातून, अरस्तू, प्लातिनोस, रूमी, हाफिज, आगस्टीन जैसे विचारकों के मतों का खण्डन-मण्डन क्यों नहीं मिलता? इनसे जुड़े दूसरे प्रश्न भी मन में उठे। उन्नीसवीं सदी के बाद ही क्यों ईसाई मत और इस्लाम के सिद्धान्तों पर विवाद शुरू हुआ? ज्योतिष, गणित और कीमियागिरी (रसशास्त्र) में विदेशी ज्ञान के प्रति कृतज्ञता अवश्य जतलायी गयी है, ईरानी तसव्वुरों से भी कई बारीकियाँ सीखी गयीं। विदेश से आये कला सर्जकों की छाप भी यहाँ वहाँ जरूर दिखायी पड़ती है। परन्तु वैचारिक स्तर पर क्यों केवल भारतवर्ष से निर्यात हुआ, बाहर से आयात क्यों नहीं हुआ?

ये सारे प्रश्न बड़े गंभीर प्रश्न हैं। सरल उत्तरों से कि हमारा स्वभाव ही ऐसा है कि हम झगड़ना नहीं चाहते, हम अपनी बात लादना नहीं चाहते, इसलिए हम इन पचड़ों में नहीं पड़े, काम नहीं चलेगा। तुरंत प्रतिप्रश्न होंगे, फिर आपस में क्यों लड़ें-झगड़ें, बौद्ध क्यों भिड़े वेदान्तियों से, जैन क्यों भिड़े भागवतों से? शैव क्यों भिड़े वैष्णवों से? यदि दूसरा समाधान यह दिया जाता है कि जिसे अपने लिए सार्थक समझा, वह विचार, वह प्रविधि हमने ले ली और शेष हमने छोड़ दी। जो विचार हमारे विचारों के प्रतिरूप थे उन पर क्या चर्चा करते, जो हमसे विपरीत थे, हमने यही मान लिया कि अलग अलग रास्तों से सत्य की खोज होती है, हरेक समुदाय को सत्य की खोज और अपने ढंग से खोज का अधिकार है, हम उस रास्ते को नहीं अपनाते, पर हम उसका खंडन भी नहीं करते। यह समाधान भी इसलिए कमजोर है कि मुस्लिम शासकों की छत्रछाया में रहते हुए विद्वानों ने अरबी-फारसी-तुर्की का अध्ययन किया, पंडितों द्वारा अरबी फारसी अनूदित ग्रन्थ भी मिलते हैं, क्या उनमें नैतिक साहस नहीं था कि मसीही मजहबों के सिद्धान्तों को यदि नहीं स्वीकार कर सकते थे तो उनके कारण भी बतलाते; शासन तंत्र स्वीकार करके और शासन तंत्र की आधारशिला शरीअत न स्वीकार करना कुछ अटपटा सा लगता है। किसी न किसी प्रकार की शुतुर्मुगी चाल लगती है।

ये प्रश्न समुद्र मन्थन के विष की तरह दो तीन

मध्ययुग के महारास को छोड़ें आधुनिक युग के असंख्य खण्डरासों की ओर आयें, जहाँ नृत्य बिक रहा है, कुशल से कुशल नृत्यांगना या नर्तक अपनी कला की प्रस्तुति करते करते निढाल हो रहा है और ठूंठ दर्शक है कि वह केवल कुछ गोलाइयों में ही उलझा हुआ है, पदविन्यास नहीं देख पाता, मुद्रायें नहीं देख पाता, मुखमुद्रायें नहीं देख पाता, उसे नृत्य देखना ही नहीं है, उसे संगीत सुनना ही नहीं है, उसे या तो अपनी हैसियत का प्रमाण देना है या अपनी दमित वृत्तियों की दमित तृप्ति करनी है। आमोद-प्रमोद का अर्थ ही बदल गया है।

दिन खौलते रहे, खौलते रहे, कुछ समाधान नहीं मिल रहा था। फिर मैं महारास के बारे में भी सोचने लगा। क्या कारण है कि मुस्लिम शासकों की छत्रछाया में ही ऐसा विशाल आन्दोलन सारे भारत में व्याप्त हो गया कि उसने मजहबों की पद्धतियों का अतिक्रमण किया और मनुष्य को सहज मनुष्य के रूप में लिया जो सब कुछ को तुच्छ समझ कर अपने मन के मनुष्य (मनेर मानुश) से मिलने के लिए बेचैन हो उठता है। क्या यह केवल पलायन था, क्या इसमें कोई अमुखर निषेध नहीं था कि हमें राजकीय सत्ता की सत्ता ही नहीं स्वीकार है, हमारी सत्ता तो कण-कण में है, वह सिंहासन पर नहीं है, वह हमारे बीच में है हमारे 'आगे पीछे है, हमारे आजू बाजू है। क्या यह रस प्लावन बस खामख्याली या कोई नये नशे का नुस्खा है। यदि नशे का नुस्खा होता तो पूरा का पूरा भक्ति आन्दोलन मर्यादित आचार के बारे में, संयंत्र के बारे में, सेवाव्रत के बारे में अपने-अपने व्यवसाय में कुशलता के बारे में इतना सजग और सक्रिय क्यों होता? जिस प्रेमाभक्ति में सराबोर गोपियाँ महारास में सम्मिलित होती हैं, वह प्रेमाभक्ति श्रीकृष्ण के ब्रज से प्रस्थान करने के बाद गोपियों को कर्म से विरत नहीं करती, न उन्हें एक क्षण भी श्रीकृष्ण से विलग करती है, प्रत्युत यही प्रेमाभक्ति उनके दैनन्दिन कर्म को ऊबाऊ और विरस नहीं रहने देती, श्रीकृष्ण की लीलाओं के गान से जोड़कर बहुत सार्थक और सरस बना देती है, उनके कर्म में चैतन्य आ जाता है। इस भक्ति को नशा या सम्मोहन कैसे कहें? श्रीराम और श्रीकृष्ण से जुड़े स्थानों की परिक्रमा को पागलपन कैसे कहें, क्या उस परिक्रमा के व्यापार में यह निहित नहीं है कि कुछ देर के ही लिए सही आरामतलब से आरामतलब आदमी सामान्य होकर अत्यन्त अकिंचन होकर बाहर से एकदम निष्परिग्रह होकर लीला-लोक में प्रवेश करता है और स्थल के चैतन्य से संस्पृष्ट हो जाता है।

विचारधारा साहस करके दूसरी ओर मुड़ी, मुझे लगा कि महारास एक बड़ा संकेत है। वहां एक केन्द्र नहीं, श्रीकृष्ण जितने केन्द्र में हैं, उससे अधिक वृत्त की परिधि में हैं, उनके चारों ओर भी नृत्य हो रहा है, वे स्वयं अपने चारों ओर व्याप्त होकर नाच रहे हैं। केन्द्र का यह विकेन्द्रीकरण भारतीय मेधा की मूल भित्ति है। बड़ा से बड़ा हो केन्द्र, उसे एक हम रहने नहीं देते, उसे अनेक बना के छोड़ते हैं, उसे अनेक के साथ नचा के छोड़ते हैं। महारास में एक दूसरा भी संकेत छिपा हुआ है। यह महारास बन्द बड़े कमरे का नृत्य नहीं, इसमें जोड़े नहीं बदलते, इसमें कोई साज-बाज नहीं कोई दर्शन नहीं, कोई तट नहीं, केवल धारा और ऐसी धारा जो अपने ऊपर पड़ी पदचाप से बालू का रसरूपान्तर हो, कोई प्रकाश योजना नहीं, चांदनी से सब नहाये हुए हों, चांदनी स्वयं नहायी हुई हो रास की रस वर्षा से। महारास हरेक को निमंत्रण है विशाल के साथ जुड़ने का, जुड़कर गतिशील होने का, गतिशील होते हुए लयात्मक होने का लयात्मक होते हुए एक पूरा छन्द बनने का, जिसमें व्यक्ति निरा व्यक्ति या व्यक्ति विशेष नहीं बनने पाता पर एक दूसरे की विशेष शोभा

अवश्य बन जाता है। महारास निमन्त्रण है ऐसे खुलेपन का, जिसमें न कोई बाहर है न भीतर, सब एक विशाल वृत्त बना रहे हैं, जो कहीं बीच से टूटता नहीं और जिसमें सब लय तो बनते हैं, पर कोई भी विलय नहीं होता। मध्ययुग स्वप्न की दिशा नहीं, पराजय की ग्लानि नहीं, वह अपराजेय विशालतर भाव की शोभायात्रा है। उसमें विशेष की विशेषता छीन ली जाती है, श्रीकृष्ण का राजसीपन राजसीपन नहीं रहने पाता, उनकी विराटता विराट नहीं रहने पाती, उनका प्रभुत्व प्रभु नहीं रहने पाता। फिर शाहंशाहों की वहाँ क्या बिसात? सूर ने जब अकबर के समक्ष अपनी लाचारी सुनायी कि हम कैसे आपके ऊपर कुछ पद रचें:

नाहिंन रह्यो उर में ठौर
नन्दनन्दन अछत कैसे आनिए उर और।
चलत चितवन दिवस जागत सपन सोवत राति
हृदय तें वह स्याम मूरति छन न इत उन जाति।

क्या करें भीतर कोई जगह खाली नहीं बची, नन्दनन्दन वहाँ जम गये हैं, चलता हूँ, देखता हूँ, जागता हूँ, सोता हूँ सपने देखता हूँ, सब जगह वे ही वे हैं, एक क्षण भी मुझे नहीं छोड़ते।

इस उत्तर पर हर शाहंशाही निरूत्तर हो जायेगी, अधिक से अधिक वह यही कह सकती है, तुम अनलहक ही कहते रहोगे तो तुम्हारी गति सरमद की होगी, पर सरमद का सर कलम होना शाहंशाह की हार ही तो होगी।

मध्ययुग के महारास को छोड़ें आधुनिक युग के असंख्य खण्डरासों की ओर आयें, जहाँ नृत्य बिक रहा है, कुशल से कुशल नृत्यांगना या नर्तक अपनी कला की प्रस्तुति करते करते निढाल हो रहा है और ठूंठ दर्शक है कि वह केवल कुछ गोलाइयों में ही उलझा हुआ है, पदविन्यास नहीं देख पाता, मुद्रायें नहीं देख पाता, मुखमुद्रायें नहीं देख पाता, उसे नृत्य देखना ही नहीं है, उसे संगीत सुनना ही नहीं है, उसे या तो अपनी हैसियत का प्रमाण देना है या अपनी दमित वृत्तियों की दमित तृप्ति करनी है। आमोद-प्रमोद का अर्थ ही बदल गया है। इसलिए केवल नृत्यशालाओं में ही नहीं, समस्त सर्जन-क्षेत्रों में यही खण्डरास चल रहा है, यही गीत फरोशी चल रही है, सर्जन जीवन की बात करता है, पर जीवन में रहता नहीं। इसलिए जीवन ही प्रश्न बना हुआ है, जीवन की सार्थकता ही प्रश्न बनी हुई है, सर्जन प्रश्नकर्ता है। सर्जन स्वयं प्रश्न से बाहर है।

ऐसी स्थिति जब आती है तब या तो अपने-अपने हिस्से का आसमान कुछ असामान्य रूप से बड़ा हो जाता है या फिर कुआँ ही मेढक हो जाता है, समाज ही दुख भोगने वाला और दुख रचनेवाला दोनों पर चढ़ कर बैठ जाता है। पर आधुनिकता का यह परिदृश्य यहीं तक नहीं है, वह निरर्थकता में चरम परिणति तक पसरता है और तब अपने आप जितने क्षण भोग के (चाहे जैसे भी भोग के हों) मिलें, वे ही महत्वपूर्ण रह जाते हैं। उस समय भोगने वाला नहीं सोचता कि भोग जीवन में ही है, वह जीवन के निरर्थक हो जाने पर सार्थक कैसे होगा। जब से ये विचार उठने लगे, तब से आधुनिकता का प्रत्यावर्तन होने लगा है, भले हो उसे नाम उत्तर आधुनिकता दिया जाय। वस्तुतः वह अपने को पूरी तरह समझने का संकल्प उगाता है। पूरा होने की कल्पना ही अपने आप अपने अतीत अपने भविष्यत् और अपने वर्तमान का समग्र आकलन बन जाती है।

यहीं से हम एक बार फिर महारास की ओर चलें, क्या अब भी महारास चल रहा है। अरे यहाँ तो देश और काल ठहर गये हैं या शायद लटका दिये गये हैं। महारास होगा तो अपने आप सनातन होगा, वह इसलिए घटना नहीं, घटना की न चुकने वाली सम्भावना है। महारास ऐसी सम्भावना है कि उस सम्भावना के कारण हम प्रतिकूल से प्रतिकूल परिस्थिति में रहते हुए उसे नकार कर रह सकते हैं, वह सर्दी-गर्मी-बरसात से हमारी सुरक्षा ही नहीं, वह सर्दी-गर्मी-बरसात का निचोड़ भी है। हमारे मित्र ने जिन प्रश्नों से हमारे भीतर प्रश्नों का खण्डरास रचा दिया था, उन प्रश्नों का एक उत्तर शायद यह भी है कि किसी भी प्रतिकूल या बाह्य की उपस्थिति से आतंकित आशंकित क्यों हों, वह रहे, हम रहें, हमारा उसका सम्पर्क रहे, संवाद होता रहे, बस हम पर सवार हो, इसके पहले उसे सवारी के लिए हम न मिलें, हमारा कोई अलग अस्तित्व मिल जाय, जिसे हम जब आवश्यकता होती है, शवयात्रा के वस्त्र की तरह उतार कर घर के बाहर रख देते हैं, नये संस्कार के लिए।

इस प्रकार अपने को तात्कालिक से खींच कर सनातन में स्थापित करते रहने से अपने आप उत्तर हो जाता है। जब से पूरे अस्तित्व से हमने उत्तर देना शुरू किया अर्थात उन्नीसवीं सदी की तथाकथित प्रबुद्धता से प्रेरित होकर उत्तर देना शुरू किया, खंडन शुरू किया, तब से हम जाल में फंसते गये।

ज्ञान केवल संग्रह नहीं है, वह छंटाई भी है, वह पेराई भी है और पेरकर जो तेल बनता है, उससे नये दीपक के प्रकाश की व्यवस्था भी है। जहाँ प्रकाश की निरन्तरता रखनी है, वहाँ जितने कलावन्त गुनवन्त हुए, जितने कवि हुए, जितने साधक हुए, सबकी ज्योति एक दूसरे की ज्योति में मिली, दिये अलग थे, बाती अलग थी पर ज्योति तो एक ही थी। तब क्या आवश्यकता कि बातियों का भी ब्यौरा रखा जाता। ज्ञान का चरम लक्ष्य होना है, कुछ ऐसा होना है जो पर के लिए दूसरे के लिए होना है, ज्ञान सम्पत्ति नहीं, शक्ति नहीं, ज्ञान तो बस तप कर रोशनी बनना है, रोशनी अपने लिए नहीं होती, पर के लिए होती।

इसीलिए भारतवर्ष ने समस्त प्रतिकूल परिस्थितियों में साधना की एकान्विति आधुनिक

ज्ञान केवल संग्रह नहीं है, वह छंटाई भी है, वह पेराई भी है और पेरकर जो तेल बनता है, उससे नये दीपक के प्रकाश की व्यवस्था भी है। जहाँ प्रकाश की निरन्तरता रखनी है, वहाँ जितने कलावन्त गुनवन्त हुए, जितने कवि हुए, जितने साधक हुए, सबकी ज्योति एक दूसरे की ज्योति मे मिली, दिये अलग थे, बाती अलग थी पर ज्योति तो एक ही थी। तब क्या आवश्यकता कि बातियों का भी ब्यौरा रखा जाता। ज्ञान तो बस तप कर रोशनी बनना है, रोशनी अपने लिए नहीं होती, पर के लिए होती।

युग में भी नहीं छोड़ी, रामकृष्ण परमहंस, महात्मा गांधी, रमण महर्षि, रामतीर्थ और अरविन्द इसके प्रमाण है। आज महारास की रात की सुबह मैं यदि रुपये पैसे की तरह ज्ञान की पूंजी जोड़ने का व्यापार स्थापित कर दूं तो क्या क्षति होगी? मित्रों का प्रश्न हम गठरी में अलग रख देते हैं। हमारे ऊपर आज दांव है। हम कभी न कभी दांव देंगे ही देंगे। आज हमें छुट्टी दें।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विदेश

रुश्दी क्लिंटन भेंट से ईरान खफा

वाशिंगटन : अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और ब्रिटिश लेखक सलमान रुश्दी की हाल ही में हुई मुलाकात से इस्लामी देश और खासकर के ईरान काफी नाराज है। ईरान की न्यायपालिका के प्रमुख ने इस मुलाकात पर प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि श्री क्लिटन इस्लामी देशों में एक तिरस्कृत व्यक्ति हो गये हैं। श्री आयतुल्ला मोहम्मद यजदी ने कल यहां तेहरान यूनीवर्सिटी में कहा कि सलमान रुश्दी को अहमियत देकर श्री क्लिंटन ने खुद नफरत को चुना है। राष्ट्रपति क्लिंटन और सलमान रुश्दी के बीच मुलाकात हुई है जबकि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने रुश्दी से मुलाकात करने से साफ इनकार कर दिया था।

अमेरिकी विदेश विभाग ने विदेशों में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को अपने दूतावासों के माध्यम से सचेत किया है कि व्हाइट हाउस में हुई इस मुलाकात के बाद आतंक अथवा उपद्रव भी हो सकता है।

दो भारतीयों को मृत्युदंड

सिंगापुर : सिंगापुर के उच्च न्यायालय ने मादक पदार्थों की तस्करी के अपराध में दो भारतीय नागरिकों को मृत्युदंड दिया है। सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी है। 32 वर्षीय इंजीनियर बोविंद राजुला मुरली और 45 वर्षीय व्यवसायी अमुरुतन चेंचैया को 7 जून 1989 को गिरफ्तार किया गया था। सिंगापुर ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने यह खबर दी। इन दोनों ने 325 ग्राम हेरोइन सिंगापुर के केन्द्रीय मादक पदार्थ ब्यूरो के एक अधिकारी को बेचने का प्रयास किया।

सिंगापुर के मादक पदार्थ निरोधक कड़े कानूनों के तहत 15 ग्राम से अधिक हेरोइन और 30 ग्राम से अधिक कोकीन की खरीदफरोख्त करने पर मौत की सजा का प्रावधान है। 1975 में कड़े कानून लागू किये जाने के बाद से 40 से अधिक लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के जुर्म में मृत्युदंड दिया जा चुका है।

विद्रोहियों से वार्ता

लुसाका : अंगोला सरकार और यूनिटा विद्रोहियों ने कल देश में खूनी संघर्ष समाप्त करने के लिए प्रत्यक्ष बातचीत की। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्षों में पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी प्रत्यक्ष बातचीत है। इन दोनों बैठकों में संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष एलिओन ब्लोनादिन बेये मौजूद नहीं थे। वह पिछले 15 नवम्बर से शांति वार्ता की अध्यक्षता कर रहे थे।

एक हफ्ते में 37 की हत्या

किगाली : रवांडा में संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक मिशन के कमांडर ने कल बताया कि देश के उत्तरी क्षेत्र में गत सप्ताह 37 व्यक्तियों की हत्या कर दी गयी। संयुक्त राष्ट्र के जांच दल ने 37 व्यक्तियों के मारे जाने और दो के घायल होने की पुष्टि की है, हालांकि हमलावरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पायी है। हमलावरों ने किराम्बो में किये इस नरसंहार के लिये राइफलों पिस्तौलों और खंजरों का इस्तेमाल किया। नरसंहार की जांच के आदेश दे दिये गये हैं।

विमान अपहरण की कोशिश विफल

पेइचिंग, : 'चाइना ईस्टर्न एयरलाइन्स के एक विमान के चालक दल ने विमान के अपहरण के प्रयास को कल असफल कर दिया। चीन की समाचार एजेंसी सिन्हुवा के अनुसार गाओ गुआंगकी नाम के एक व्यक्ति ने पूर्वी तटीय शहर नानचिंग से फूजहाओ जा रहे इस विमान का कल अपहरण करने का प्रयास किया। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि उसके पास कोई हथियार था या नहीं। चालक दल ने किसी प्रकार अपहरण के प्रयास को विफल किया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष चीन के सात विमानों को अपहृत करके ताइवान ले जाया गया है।

अराफात का आग्रह

स्टाकहोम : फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के अध्यक्ष यासिर अराफात ने कहा है कि गाजा पट्टी में शांति बनाये रखने में उनको इस्राइली सेना के मुकाबले कम दिक्कत होगी। उन्होंने इसके साथ ही इस्राइलियों से आगामी 13 दिसंबर तक अधिकृत क्षेत्र से सेना हटाने का आग्रह भी किया है। उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन और इस्राइल सरकार के बीच हुए शांति समझौते के तहत इस्राइल की सेना अगले महीने से अधिकृत क्षेत्र से हटना शुरू कर देगी। इस बीच शांति समझौते का विरोध करने वाले फिलिस्तीनियों ने गत सितंबर से अब तक फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के पांच शीर्ष नेताओं की हत्या कर दी है, इन स्थितियों के मद्देनजर श्री अराफात ने कल स्वीकार किया कि गाजा पट्टी में शांति बनाये रखने में उन्हें कुछ दिक्कतें आयेंगी। इस बीच, फिलिस्तीनी गुटों तथा फिलिस्तीनियों और इस्राइली लोगों के बीच हिंसा को देखते हुए प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन ने संकेत दिया है कि इस्राइली सेना को वहां से हटाने की कार्रवाई कुछ समय के लिए टाली जा सकती है। श्री अराफात कल नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड और डेनमार्क की यात्रा पर हैं।

प. सहारा में जनमत संग्रह नहीं

संयुक्त राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र महासचिव बुतरस ग़ाली ने कहा है कि पश्चिमी सहारा के भविष्य के बारे में इस वर्ष जनमत संग्रह कराना संभव नहीं होगा क्योंकि वहां मतदाताओं की वैधता के बारे में गतिरोध पैदा हो गया है। पश्चिमी सहारा स्पेन का पूर्व उपनिवेश है। मोरक्को के शाह हसन और पश्चिमी सहारा के दि पोलिसारियो फ्रंट अगस्त 1988 में पश्चिमी सहारा की जनता को आत्मनिर्णय और स्वतंत्रता का अधिकार देने पर सहमत हो गये थे। जनमत संग्रह के बाद पश्चिमी सहारा या तो स्वतंत्र हो जायेगा या मोरक्को का हिस्सा बन जायेगा। लेकिन खनिज समृद्ध इस क्षेत्र की जनता में वास्तविक निवासी और मतदान के हकदार व्यक्तियों की पहचान करने में दिक्कतें आ रही हैं। श्री ग़ाली ने सुरक्षा परिषद में कल कहा कि इस क्षेत्र के भविष्य को तय करने वाला जनमत संग्रह अभी नहीं कराया जा सकता।

उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा आगे

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किशनपुर निर्वाचन क्षेत्र से बसपा के श्री मुरलीधर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के श्री विश्वम्भर पासी से 681 मतों से आगे चल रहे हैं।

करछना निर्वाचन क्षेत्र से बसपा के श्री नंद लाल पटेल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जद के श्री रेवती रमण सिंह से 3483 मतों से आगे चल रहे हैं।

खेकड़ा से सपा के श्री मदन भैया अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के श्री रूप चौधरी से 5000 मतों से आगे चल रहे हैं।

कादीपुर निर्वाचन क्षेत्र से बसपा के श्री भगेलूराम अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के श्री रामचंद्र चौधरी से 800 मतों से आगे चल रहे हैं।

रानीखेत से भाजपा के श्री बचीसिंह रावत अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के श्री रमेश चंद्र से 3000 मतों से आगे।

नवाबगंज निर्वाचन क्षेत्र से बसपा के श्री निजामुद्दीन अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के श्री प्रभाशंकर पांडे से 5000 मतों से आगे चल रहे हैं।

रामनगर (बस्ती) निर्वाचन क्षेत्र से सपा के श्री बाबूराम वर्मा अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के श्री अनूप पांडे से 1352 मतों से आगे चल रहे हैं।

सोरांव निर्वाचन क्षेत्र से बसपा के श्री हीरामणि पटेल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के श्री बहादुर पटेल से 8820 मतों से आगे चल रहे हैं।

शिकारपुर क्षेत्र से भाजपा के श्री राम प्रसाद अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जद के श्री नाथूलाल से 300 मतों से आगे चल रहे हैं।

सिरायू से बसपा के श्री सजीवन निर्मल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के श्री प्रकाश चंद कैथवार से 8560 मतों से आगे चल रहे हैं।

सोहाबन निर्वाचन क्षेत्र से सपा के श्री अवधेश प्रसाद अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के श्री रामू प्रियदर्शी से 2000 मतों से आगे।

शाहबाद निर्वाचन क्षेत्र से सपा के श्री जगत सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के श्री स्वामी परमानंद से 1100 मतों से आगे चल रहे हैं।

जसवंत नगर निर्वाचन क्षेत्र से सपा के श्री मुलायम सिंह यादव अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के श्री दर्शन सिंह यादव से 800 मतों से पीछे चल रहे हैं।

गोवर्धन से भाजपा के श्री अजय कुमार अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जद के श्री प्रेमसिंह से 3128 मतों से आगे चल रहे हैं।

मिजोरम : भंवर में फंसी कांग्रेस की नैया

हर्षदेव

इसे विडम्बना ही कहना होगा कि मिजोरम में कांग्रेस ने अपने ही हाथों अपनी नैया डुबोने का काम किया है। इसमें जो कसर बाकी रह गयी थी, इसे कांग्रेस अध्यक्ष पी.वी. नरसिंह राव के शुक्रवार के चुनावी दौरे ने पूरा कर दिया।

इस छोटे से सुंदर पर्वतीय सीमांत राज्य में मंगलवार को तीसरी विधानसभा के लिए मतदान होगा। कुल 121 उम्मीदवार मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी राज्य में पहली बार आठ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हालांकि मुख्य मुकाबला कांग्रेस और मिजो नेशनल फ्रंट के बीच है। कांग्रेस ने मिजो जनता दल से चुनावी तालमेल किया है। मुख्यमंत्री लाल थनहवला के नेतृत्व में वह सत्ता में वापस लौटने की जी-तोड़ कोशिश कर रही है, लेकिन उसकी हर कोशिश ने उसके पांव कमजोर किये हैं।

ऐन चुनाव के वक्त कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं के दौरों से राज्य की पढ़ी-लिखी और केन्द्र के हाथों तिरस्कार की भावना से पीड़ित जनता को अपने जख्मों पर नमक का अहसास हो रहा है। युवा मिजो संगठन और गिरजाघर के पदाधिकारी इन चुनावों को फिजूल खर्च और शोरशराबे से मुक्त रखने का अभियान चलाये हुए हैं। इसी अभियान का एक अच्छा नतीजा यह है कि विभिन्न राजनीतिक दल एक ही मंच से चुनाव सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इन मंचों पर प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों से उनके क्षेत्र की समस्याओं तथा विकास संबंधी लक्ष्यों के लिए सवाल जवाबों का दौर चलाया जा रहा है। अभियान संचालकों ने सभी दलों के नाम अपील जारी करके कहा है कि वे परस्पर चरित्रहनन न करें। गिरजाघर से जारी अपील में कहा गया है कि चुनाव में हर प्रत्याशी को दस लाख रु. खर्च की छूट सीमा के बावजूद वे फिजूलखर्ची न करें क्योंकि इससे भ्रष्टाचार पनपता है।

इन अपीलों की पृष्ठभूमि में ही कांग्रेस नेताओं के घूमधड़ाके वाले दौरों को लेकर जनता खासी नाराज है। असम के मुख्यमंत्री हितेश्वर साइकिया तथा पूर्वोत्तर के अन्य कांग्रेस नेताओं के आए-दिन हो रहे दौरों के विरुद्ध मिजोनेशनल फ्रंट ने चुनाव आयोग को शिकायत भी भेजी। शिकायत में कांग्रेस नेताओं पर जनता को चुनाव के मौके पर लुभाने-ललचाने और बहकाने का आरोप लगाया गया है।

राज्य की जनता की इसी मानसिकता के कारण कांग्रेस अध्यक्ष का शुक्रवार का चुनावी दौरा न तो भीड़ आकर्षित कर सका और न इस दौरे से कांग्रेस के पक्ष में कोई सार्थक या सकारात्मक संदेश निकाला। इस पर भी हद तब हुई, जब प्रधानमंत्री ने अपनी पार्टी से सीधा मुकाबला कर रहे मिजो नेशनल फ्रंट को अपने भाषण में जिक्र तक नहीं किया। वे उस भाजपा की ही बखिया उधेड़ने में लगे रहे, जो राज्य में पहली बार मतदाताओं से परिचय कर रही है और 40 में से केवल आठ स्थानों पर लड़ रही है।

क्या प्रधानमंत्री को इन स्थितियों की जानकारी नहीं थी? ऐसा मान लेना तो अपने ही सामान्य ज्ञान की हंसी उड़ाना होगा। पर्यवेक्षकों का मानना है कि प्रधानमंत्री ने अवश्य ही किसी सुविचारित योजना के अनुसार ऐसा किया। संदेह यह है कि, पूर्वोत्तर में भी कश्मीर की तरह अपनी चलाते रहे राजेश पायलट के खैर ख्वाहों के पंख कतरने के लिए श्री राव ने यह समरनीति अपनायी। इस संदेह को इस तथ्य से भी बल मिलता है कि राजेश पायलट को मिजोरम की पूरी चुनावी प्रक्रिया से अलग ही रखा गया। पहले स्थिति यह थी कि शायद ही कोई महीना ऐसा जाता था, जब श्री पायलट पूर्वोत्तर के किसी न किसी राज्य के काम में दखल देने न जाते हों।

कारण जो भी रहा हो, कांग्रेस की मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी के विरुद्ध प्रधानमंत्री की ठंडी चुप्पी से राज्य की जनता को यही संदेश मिला है कि वह खुले दिल-दिमाग से अपनी सरकार का चुनाव करे। प्रधानमंत्री के अलावा राज्य में हितेश्वर साइकिया तथा केन्द्रीय मंत्री पूरनो संगमा और मार्गरिट अल्वा चुनावी दौरा कर चुकी हैं। दूसरी ओर मिजोनेशनल फ्रंट को पूरी तरह क्षेत्रीय नेताओं पर ही निर्भर रहना पड़ा है।

मिजोरम के चुनाव में इस बार दो मुख्य मुद्दे जनता के सामने रखे गये हैं। स्थिर और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार। ऐन मौके पर मिजो जनता दल को अपने पाले में फुसलाने में कांग्रेस के सफल रहने के बावजूद मिजो नेशनल फ्रंट के लिए कई अनुकूल बातें हैं। पहले मिजोजनता दल और फ्रंट का तालमेल होने वाला था, लेकिन वित्तमंत्री मनमोहन सिंह ने पूर्वोत्तर के अपने पिछले दौरे के मौके पर उसने नाकाम कर दिया था। कांग्रेस को मिजोरम में भी अन्य राज्यों की तरह भितरघात का कमोवेश सामना करना पड़ेगा। कुल मिलाकर ये चुनाव राज्य में विद्रोह और आतंकवाद के मौजूदा बुखार की दिशा भी तय करेंगे।

डी.डी.ए द्वारा

व्यावसायिक प्लाटों की नीलामी

स्थान : डी.डी.ए. का नीलामी हॉल ब्लाक-डी, भूतल, विकास सदन, (आई.एन.ए. मार्किट के निकट) नई दिल्ली-110 023

दिनांक : 28/12/93
समय : 11.30 पूर्वाह्न

प्लाट नं०	क्षेत्रफल वर्ग मीटर में	स्वीकृत माला संख्या	तल का कुल क्षेत्रफल वर्ग.मी. में	उपयोग
जिला केन्द्र, वजीरपुर				
ए-8	1054-50	13	7670-70	दुकान/कार्यालय
ए-9	1054-50	11	5082-20	दुकान/कार्यालय
जिला केन्द्र, लक्ष्मीनगर				
7	798-76	11	9553-102	कार्यालय
8	399-53	7	2891-04	कार्यालय
कम्यूनिटी सेन्टर, राजौरी गार्डन, ब्लाक-जे				
1	2600-00	12	11137.50	दुकान/कार्यालय
कम्यूनिटी सेन्टर, जनकपुरी, ब्लाक-बी				
54	578-00	8	4624.00	दुकान/कार्यालय

नियम व शर्तें

निलामी के विस्तृत नियम व शर्तें और प्लाटों के विवरण "फॉर्मस सेल्स काउन्टर नं० 11" भूमितल डी-ब्लॉक, विकास सदन नई दिल्ली से दिनांक 9-12-93 से सभी कार्य दिवसों पर 10.30 बजे पूर्वाह्न से 1.30 बजे अपराह्न तक और 2.30 बजे से 3.30 बजे तक 5/- रु. देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

विस्तृत जानकारी के लिये सम्पर्क करें-

जगदीश चन्द्र, निदेशक (व्यावसायिक भूमि)
प्रथम तल, ब्लॉक-ए, विकास सदन (नजदीक आई.एन.ए. मार्किट) नई दिल्ली-110 023 फोन : 4698564

दिल्ली विकास प्राधिकरण
हम गौरव के साथ भारत की राजधानी का निर्माण करते हैं।

बेनजीर 'हकीकत' स्वीकारें : जैल

जम्मू, 27 नवम्बर (वार्ता)। पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने आज कहा कि पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो को कश्मीर की वास्तविकता को स्वीकार करने का साहस दिखाना चाहिए ... एक इस्लामी देश की दुबारा प्रधानमंत्री बनी हैं उन्हें उसी साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तानी जनता को शिमला समझौते के पीछे की सूझबूझ के बारे में समझना चाहिए। जिससे भारत और ... नहीं है और मित्रता तथा सहयोग आपसी हित में हैं।

श्री जैल सिंह के अनुसार मरहूम शेख अब्दुल्ला सच्चे धर्मनिरपेक्ष के तथा कश्मीर को भारत के अंग के रूप में देखना चाहते थे। पूर्व ...

इसरो से पाबंदी हटाने के लिए अमेरिकी शर्तें

नयी दिल्ली, 27 नवम्बर (भाषा)। प्रतिबंधों को हटाने से संबंधित दो महीने पहले रखे ... उन्होंने वल्र्डनेट के लिए भारतीय तथा ...

गुलामी का दस्तावेज

डॉ. राममनोहर लोहिया के सहयोगी रहे किशन पटनायक 1962 में जब समाजवादी पार्टी के टिकट पर लोकसभा में पहुँचे थे, तब समाजवादी युवजन सभा के अध्यक्ष थे और संसद में सबसे कम उम्र के सांसद। लेकिन खर्च पर सीमा की बहस हो या चीन के हाथों मिली पराजय पर सरकार की खिंचाई या फिर अंगरेजी हटाने का सवाल, उन्होंने अपनी अद्‌भुत वाक्‌कला और तर्क शक्ति से सबको हैरान कर दिया था। लोहिया की मौत के बाद लोहिया विचार मंच, फिर जेपी आंदोलन और अब समता संगठन में सक्रिय श्री पटनायक लगातार जनआंदोलन से जुड़े रहे हैं। आजकल वे अनेक छोटे राजनैतिक संगठनों को मिलाकर बने जन आंदोलन समन्वय समिति के माध्यम से नए दाम को बनाने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही वे डुंकेल प्रस्तावों के रूप में उपस्थित गुलामी के खतरे तथा सरकार की ऋणदाता संस्थाओं से मिलीभगत के खिलाफ चेतना जगाने के लिए बने 'आजादी बचाओ' आंदोलन के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़े हैं। पुराने समाजवादियों, गांधीवादियों, सर्वोदयी, छात्र युवा संघर्ष वाहिनी तथा अन्य छोटे संगठनों के इस आंदोलन ने पिछले दिनों दिल्ली में हुई किसान संगठनों की रैली में हिस्सा लिया था। इसी में हिस्सा लेने आए पटनायक से की गई बातचीत के मुख्य अंश:

डुंकेल प्रस्ताव क्या है। और आप लोग इसका इतना प्रबल विरोध क्यों कर रहे हैं?

'गैट' के अध्यक्ष आर्थर डुंकेल का यह प्रस्ताव दरअसल पूरी दुनिया के संसाधनों और बाजारों तक अमीर देशों और उनकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पहुँचने का रास्ता आसान करने का बहाना है। इसके साथ ही बौद्धिक संपदा की रक्षा के नाम पर इन कंपनियों और अमीर देशों के हितों की रक्षा की व्यवस्था भी करा देता है। इससे तीसरी दुनिया में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अब तक हुई सारी प्रगति पर पानी फिर जाएगा, वहां के शोध और अनुसंधान बेमानी हो जायेंगे, सारी खेती, सारे उद्योग, सारे व्यापार पर अमीर देशों का कब्जा हो जाएगा। हम सिर्फ उनके इशारों पर उनके लिए काम करेंगे और जो थोड़ी-बहुत कमाई होगी, वह भी उनके सामान को ही खरीदने पर खर्च कर देंगे।

एक मामले में साफ रहने की जरूरत है कि अति शक्तिशाली और कमजोर के बीच खुली प्रतिद्वंद्विता नहीं चल सकती। सो जब तक दुनिया में इतनी बड़ी असमानता है और व्यापार-उद्योग-विज्ञान के सारे नियम-कानून अमीर देशों के हक में हैं, तब तक बराबरी के मुकाबले की बात करना असल में कमजोर को मार डालने का षड्यंत्र है। एक डालर का मूल्य जब 30 रुपए से ज्यादा हो तो हम व्यापार में क्या खाकर अमेरिका से मुकाबला करेंगे?

अपनी सरकार का रुख आपको कैसा लगता है?

सरकार की क्यों, बुद्धिजीवियों का समूह भी गुलाम हुए बगैर गुलामों जैसा व्यवहार करने लगा है। मनमोहन सिंह से लेकर वित्त मंत्रालय के सारे प्रमुख अधिकारी विश्व बैंक और मुद्रा कोष के कर्मचारी रह चुके हैं। इन्हें अभी भी पेंशन के नाम पर वहां से मोटी रकम मिल रही है। इस मंडली का चुनाव ही बताता है कि असल बागडोर नरसिंह राव की जगह कहीं और है। मेरा मानना है कि मनमोहन सिंह की जगह जनता का वोट पाकर आने वाला कोई भी दूसरा आदमी वित्त मंत्री होता तो इतनी बेशर्मी नहीं करता। लेकिन विपक्ष की भूमिका तो और हैरानी पैदा करती है।

डुंकेल के बारे में सरकार के रुख पर बोलिए, आम रुख पर नहीं।

आम रुख अलग नहीं है। उसी से साफ होता है कि डुंकेल पर सरकार कुछ भी नहीं करने जा रही है। जितनी गोपनीयता वह बरत रही है और जिस गलत निष्कर्षों वाली 'समरी' (डुंकेल प्रस्ताव का संक्षिप्त रूप) उसने वितरित की है, उससे भी उसकी मंशा का पता चलता है। जाखड़ और पाइलट जैसे एकाध लोग कभी कुछ बोलते हैं तो मात्र किसानों का वोट पाने के उद्देश्य से ही।

अगर डुंकेल वाला मसला अभी तक लटका है तो उसका एक बड़ा कारण तो अमीर देशों के किसानों का विरोध है। दूसरा कारण अमेरिका में चुनाव की व्यस्तता और यूरोप की एकता के रास्ते में खटर-पटर हो जाना ही है।

खेती पर इन प्रस्तावों का क्या असर होगा?

खेती पर ही सबसे बुरा असर होगा। किसान को हर बार नया बीज लेना होगा। वह अपनी पैदावार से बीज नहीं रख सकता। फिर बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीज के साथ उनके खाद और कीटनाशक लेने की बाध्यता बनी रहेगी और बाजार जब खुला होगा तो हम अमेरिकी जानवरों के लिए सोयाबीन भले उगा दें, अन्य मामलों में कहीं भी बराबरी नहीं कर पायेंगे।

लेकिन शरद जोशी जैसे किसान नेता तो डुंकेल प्रस्ताव का समर्थन करते हैं?

मैं नहीं मान सकता कि जोशी इतने मोटे हैं कि वे सारा खेल नहीं समझते। वे भी विदेशी नौकरी छोड़कर आए हैं। अगर इतना खुलकर वकालत कर रहे हैं तो उसके अलग कारण होंगे। और सरकार ने जिस तरह की गोपनीयता बनाए रखी है उससे किसान कुछ भी नहीं जान पाए हैं। एक तो सारा कुछ गुप्त रखा जा रहा है और जो चर्चा होती है वह भी मुख्यतः अंगरेजी में है।

चीन जैसा देश भी तो इन प्रस्तावों के पक्ष में है। वह 'गैट' में वापसी के लिए हाथ-पांव मार रहा है।

देखिए चीन वाली बात अपने यहां जानबूझकर प्रचारित की जा रही है। यह सरकार के स्वार्थ में है। पर यह नहीं बताया जा रहा है कि डुंकेल प्रस्तावों को मान लेने के बाद चीन में 10 करोड़ से ज्यादा लोग बेरोजगार हो जाएंगे।

तो क्या चीन की तरह सार्वजनिक क्षेत्र में पैसा झोंककर रोते रहा जाए? सार्वजनिक क्षेत्र की अकुशलता का बोझ कब तक उठाया जा सकता है?

अकुशलता का सवाल एकदम अलग है और इसके चलते सब कुछ निजी क्षेत्र और इस बहाने

जगह यह गुला[illegible] प्रस्ताव और धारा सुपर 301 के माध्यम से अमेरिका अपने यहां बैंकिंग और बीमा जैसे क्षेत्रों को खोलना चाहता है। और हम लोग भी इतनी जल्दी भूल गए हैं कि 1971 तक ये निजी क्षेत्र में ही थे और बैंकों का राष्ट्रीयकरण किन परिस्थितियों में करना पड़ा।

जिस गैर जिम्मेवारी के साथ यह तथाकथित उदारता ला रही है उसका सबसे बड़ा सबूत प्रतिभूति घोटाला है। हजारों करोड़ रु. किस छू मंतर से उड़ गए सभी जानकर भी अनजान बने हुए हैं।

क्या उदारीकरण की जरूरत एकदम नहीं है?

देखिए लाल फीताशाही को खत्म करना और देश की गुलामी को दावत देना दो अलग-अलग चीजें हैं। इनको साथ मिलाना घातक है। फिर लाल फीताशाही हटाने के नाम पर मनमानी करने की छूट भी नहीं मिलनी चाहिए। सरकार ने विकास के लिए दीर्घकालीन निवेश करना बंद कर दिया है। एक तरह से इसकी जिम्मेवारी लोगों पर डाल दी है जो अपनी बचत को सीधे निवेश करें। यह एक नीतिगत बदलाव है। होना भी चाहिए। पर लोगों का निवेश व्यवस्थित हो, इसे लेकर कोई चंपत न हो जाए, उनके पैसों से प्रतिभूति घोटाला न हो जाए, यह सब देखना सरकार की जिम्मेवारी हो जाती है क्योंकि एक बड़ी जिम्मेवारी उसने छोड़ दी है। पर अपने यहां इन सबका कोई हिसाब ही नहीं रह गया है।

डुंकेल प्रस्ताव के मान लेने के बाद किन अन्य क्षेत्रों पर बुरा असर होगा?

खेती के बाद सबसे ज्यादा प्रभाव दवा उद्योग पर पड़ेगा। दवाएँ एकदम से महंगी होंगी। कुछ तो शायद आम आदमी की पहुँच से बाहर हो जाएंगी। बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सबकी शायद इतनी कीमत वसूली जाने लगेगी कि आम आदमी के लिए ये चीजें भी 'लक्जरी' बन जाएंगी। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति पर पानी फिर जाएगा। सरकार अब चाहे जो उदारता बरत कर बाहर की तकनीक लाए पर उसे अभी तक हुई प्रगति पर डुंकेल के माध्यम से शिकंजा कसने का हक नहीं है।

किशन, क्यों हम सिर्फ अभावों, गरीबी और ऐसी चीजों की ही बात करें, क्यों नहीं हम खूब पैदा करने, खूब उपयोग की सोचें? क्यों नहीं हर आदमी के पास कार, फ्रिज, एयर कंडीशनर, रंगीन, टी.वी., वी.सी.आर. होने की बात करें?

क्योंकि यह सब असंभव है। दुनिया भर के लोगों का पेट भरे, उन्हें पर्याप्त कपड़े मिले, शिक्षा और चिकित्सा मिलें, छोटा भी सही घर मिलें, इतना भी संभव नहीं होता फिर इतनी चीजों की बात ख्याली पुलाव भर है। अब तो वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं कि पृथ्वी के सारे संसाधन बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में भी सक्षम नहीं है। कभी गांधी इसे सूत्र रूप में कहते थे कि पृथ्वी हर किसी की जरूरत तो पूरी कर सकती है लेकिन एक भी आदमी के लोभ को नहीं पूरा कर सकती। आप जिन चीजों के नाम गिना रहे हैं ये लोभ वाली ही हैं। दरअसल यही भ्रम फैलाकर अमीर देश दुनिया भर पर डुंकेल का फंदा डालना चाहते हैं।

प्रस्तुति : अरविन्द मोहन

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीमती हताशा और बच्चे

कविता

श्रीराम वर्मा

वे एक स्त्री हैं, सम्पूर्ण स्त्री: ममतालु स्त्री।
इसीलिए कंगारू हैं।
वे चाहती हैं ओझल न हों बच्चे उनकी आँखों से
(उन्हीं के नाते तो वे नक्षत्रदीपित नीली रात हैं।)
वे हर काम खुद करती हैं
समय पर सुई की नोंक की तरह
सबको चुभती चलती रहती हैं
नींद में भी—कुत्ता नींद में
हरेक का घुन-घुन ख्याल रखती
चाहती हैं सदा बने रहें पड़े रहें
उनके पेट की थैली में बच्चे...

उनकी घबराहट के दलदल में
आत्मनिर्भर नहीं हो पाये बच्चे
उनकी जड़ों में माँ का ममता-जल इतना है
कि बच्चे टुंडे-बुच्चे हो गये हैं
सदाबहार दलदल के पेड़।
(जिन्हें नकबइठे पुल के पास अनाथ सुखंडी
देखा जा सकता है।)

बच्चे पढ़ाकू हैं। भले है
ज्ञान की करते हैं बड़ी-बड़ी बातें
पर इस वैज्ञानिक-व्यावसायिक दुनिया के
बन नहीं पाये
उपयोगी विज्ञापन।
डरते हैं निकलते ·
अपने पालतू कुत्ते से डरते हैं।
गोजर नहीं मार सकते।
और ये अक्सर बिलखती हैं
चिंता में लीन अहोरात्र घुलती
बीमार रहती थकती
सोचती रहती हैं:
जो चाहा, वह हो नहीं पाया।
बच्चे कुछ करते नहीं
बाप कोई दिशा नहीं देता
सब स्वार्थी हैं
एक गिलास पानी नहीं ले सकते।
अपनी रुमाल तक साफ नहीं कर सकते।
चाय बनाने की कौन कहे।
सड़कछाप हो गये हैं। भीख माँगेंगे।

उनकी ज़बान कतरनी की तरह चलती है
एक-एक अक्षर भट्ठे की तरह धधकता है।
उनका दिल सूर्य की तरह धड़कता है।
वे उषोदय में सुनहली जलती रेत-विस्तृति-सी
लाल धर में गूँजती हैं लाल-लाल।

बच्चे कोई भी काम करें,
उन्हें कमी नज़र आती है।
बच्चे बिनबताये कहीं जायँ
तुरन्त बेगैरत मनबढ़ू करार दिये जाते हैं
उन्हें डरी आँखों गिनना पड़ता है
इंतजार की घड़ियाँ
काल रोके वे ध्रुवतारा हो जाती हैं
एक पैर पर खड़ी।

लौटते ही बच्चे डाँट खाते
कहने लगते हैं: माँ, अशुभ मत सोचा करो।

हम छोटे नहीं हैं। तुम बोलती हो तो भीतर
मरुभूमि के छल उग आते हैं दूर तक
देखो, आसमान को तिजोरी में
बंद नहीं किया जा सकता।

चिंता में थकी ममतालु श्रीमती हताशा
समझती हैं मुझे कोई प्यार नहीं करता।
नस-नस से निढाल वे पड़ जाती हैं
बिस्तर पर पड़ते ही
छह जातीं आँखें उनकी ढकनी की तरह
उन्हें ढक लेती हैं।

बच्चे डरते जगाते हैं
कहीं माँ बेहोश न हो गयी हों।
बच्चे माँ को बाप से ज्यादा चाहते हैं।
माँ आँखें खोलतीं आधी
ढप लेतीं पलकें पल में
नीमहोशी में वे
नील नदी की (अपनी) मरुभूमि
देखना नहीं चाहतीं।
वहाँ भविष्य का दृश्य आलोकित है
सुप्रभव नवल-सुन्दर संभारसम्पन्न
नीसन।

सहजता की आँच का कवि

किताब

जवरीमल्ल पारख

'पृथ्वी की आँच' युवा कवि तुलसी रमण का दूसरा काव्य संग्रह है। पहला 'ढलान पर आदमी' 1986 में प्रकाशित हुआ था। नये काव्य संग्रह में कवि की 1986 के बाद की कविताएँ संग्रहीत हैं। तुलसी रमण की कविताओं में अनुभवों का जो संसार मौजूद है उसमें वैसा तनाव और तल्खी नहीं है जो इधर की कविताओं की परिचित विशेषता रही है, परन्तु उनमें जो सहजता और उष्णता है, उसका महत्व कम नहीं है। वे पहाड़ के वासी हैं, इसलिए उनकी कविताओं में उसकी पदचाप का प्रतिध्वनित होना स्वाभाविव है। लेकिन ये पहाड़ अकेले नहीं हैं, उनके साथ है मनुष्य का भरा-पूरा संसार।

संग्रह में कुल 48 कविताएँ संकलित हैं, जिन्हें कवि ने पाँच शीर्षकों में प्रस्तुत किया है। कवि का अनुभव क्षेत्र प्रमुखतः हिमाचल प्रदेश का है और कवि वहाँ के जीवन की मुश्किलों से कतराता नहीं है। जीवन के प्रति गहरा लगाव ही इसका कारण है। वह हमें एक ऐसी दुनिया में ले जाता है जहाँ प्रकृति और मनुष्य एक-दूसरे के साथ कदम मिला कर चल रहे हैं और जब ऐसा नहीं होता, तब जो मुश्किलें आती हैं, उसे भी कवि ने अपनी कविताओं का विषय बनाया है। प्रकृति, पहाड़ के जीवन का ऐसा अंग है जिसके बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। तुलसी रमण के यहाँ प्रकृति के जो रूप मौजूद हैं, वे जीवन की तरह ही सहज हैं। इस संग्रह की पहली ही कविता है 'आसमान'। यह वर्षा के बारे में है। वर्षा जो पहाड़ में जीवन को संभव बनाती है, परन्तु यही वर्षा जब विकराल रूप धारण कर ले तो सब कुछ नष्ट करने की क्षमता भी रखती है।

मेरे देश में वर्षा का नाम है आसमान। वर्षा के देवता का नाम है आसमान। आसमान जब देता है तो। छप्पर फाड़कर। और जब रूठता है तो तोड़कर। इस अपेक्षाकृत लम्बी कविता में कवि ने पहाड़ में जीवन का जो वैविध्यमय चित्र प्रस्तुत किया है उसके पीछे की शक्ति यही आसमान है-आसमान जो वर्षा का देवता है। इसमें पहाड़ को सैलानियों की नजर से नहीं देखा गया है, और न ही शहरी बाबुओं की नजर से। यहाँ कवि की भावनाएँ गाँव-देहात में रहने वाले लोगों के कठोर जीवन से भी तादात्म्य स्थापित कर लेती हैं।

रूठ गया है वर्षा का देवता। अपने में जमा पड़ा आसमान। जमीन पर ही सूख गई रोपाई। नहीं सूंघी हवा ने कलजीरी की महक। कंठों में ही दबे रहे 'रीलू' के बोल। मक्की में नहीं आई मिंजर। चम्बा हुआ अचम्भा। कहाँ गये कैलाशों के वासी। खोया कहाँ रानी सूही का बलिदान।

जब किसी कवि को साधारण जन के कठोर जीवन की धड़कनें सुनाई देने लगती हैं तो वह दमन और उत्पीड़न की चीखें भी सुनने से कैसे बच सकता है। पहले हत्याकांड और फिर दस-दस हजार रुपये के अनुदान, शायद यही वह अंतर्विरोध है जो कवि को 'सिंहासन के नीचे' जैसी कविता रचने को प्रेरित कर सका है। इस कविता में करुणा और व्यंग्य दोनों के स्वर घुले-मिले हैं और उसी से उभरती है स्थिति की विडंबना।

'सम्राट की मुस्कान' शीर्षक कविता में सत्ता के नीचे पिसते आदमी की कराह है। यद्यपि कवि का स्वर काफी संयत है, परन्तु उसकी सच्ची सहानुभूति को सहज ही पहचाना जा सकता है।

'बर्फ के शहर में' शीर्षक कविताओं में शिमला की स्मृतियाँ हैं। शिमला जिसका एक अतीत भी है और वर्तमान भी। यहाँ शिमला सिर्फ सैलानियों का 'हिल स्टेशन' नहीं है, न ही अंग्रेजों की ग्रीष्मकालीन राजधानी। परन्तु इन दोनों की स्मृतियाँ संजोये यह शहर उन गरीब और साधारण लोगों का भी है जिनके बिना इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कवि शिमला के विविध रूपों और रंगों को उकेरते हुए उस इतिहास को याद करता है जब यहाँ 'शहर' नहीं था: यहाँ थे 'राजा जुनगा के तेरह गाँव' और जहाँ गोरों ने बसाया था एक शहर, सिर्फ अपने लिए। जहाँ हिन्दुस्तानियों को



अपने गुलाम होने का एहसास और तीखे रूप में होता था। इस शहर के साथ कवि का गहरा आत्मीय रिश्ता है जो इन कविताओं में गहरे लगाव के साथ प्रस्तुत हुआ है। खास बात यह है कि कवि शिमला का वर्णन करते हुए उसे ऐसी विशिष्टता भी नहीं देता कि वह कुछ 'अनोखे' रूप में हमारे सामने आए। कवि के साधारण जीवन की तरह साधारण बन कर ही शिमला इन कविताओं में विशिष्ट बना है और यह सिर्फ शिमला के लिए ही सच नहीं है। तुलसी रमण की कविताओं में पहाड़ का सौंदर्य इसी साधारणता के साथ व्यक्त हुआ है। यह अवश्य है कि कवि की अभिव्यक्ति-शैली में भी वही साधारणता है जो कथ्य के अनुरूप है, परन्तु कवि की सीमा भी है।

इस संग्रह का तीसरा खंड 'देवदार की गंध में औरतें' कवि की संवेदना का वह पक्ष व्यक्त करता है जिसका संबंध औरतों के अन्धेरे जीवन से है। लेकिन कवि औरतों की ताकत से भी पूरी तरह वाकिफ है: **औरतें कुदालियाँ हैं पृथ्वी से खेलती हुई।**

खेतों में, खलिहानों में काम करती इस औरतों की ऊर्जा का ताप इस खंड की कविताओं की शक्ति है और इस दृष्टि से ये कविताएँ संग्रह की सबसे प्रभावशाली कविताएँ हैं। **औरतें दरातियाँ हैं। प्रखर और चमकती हुई** 'कुदालियाँ और 'दरातियाँ' कहते हुए जैसे कवि स्त्री की उस रूढ़ तस्वीर को तोड़ रहा है जहाँ वह नाजुक, कमसिन और खूबसूरत होकर ही कविता का विषय बन पाती थी। कवि की स्मृति में वह ग्रामीण स्त्री है जिसके श्रम से ही पहाड़ में जीवन संभव बना है। घर और खेत दोनों जगह उसी के खून-पसीने से जिन्दगी को गति मिलती है। वही जीवन-दर-जीवन जिन्दगियों को संभव बनाती है और अपनी विरासत बच्चों को सौंपकर अतीत में लीन हो जाती है: **भरे परिवार में। चूल्हे के पीछे बैठी। एक हाथ में चिमटा। दूसरे में कड़छी लिये। आग से आग जलातीं। आस्था की गठरियाँ। भव्य हैं दादियाँ अब हमें मर जाना चाहिए। कभी कांपती-सी कहती हैं। और अच्छी तरह पकड़ लेती हैं। साथ चलते बच्चे का हाथ (आग और दादियाँ)**

तुलसी रमण की कविताओं में पहाड़ की अनेक स्मृतियाँ हैं, अनेक रूप हैं। इन्हीं में रचा-बसा है कवि के सपनों का संसार। जो सिर्फ कवि का नहीं है। तुलसी रमण की कविताओं में अनुभव की सच्चाई है और उसकी पवित्र आँच ही कविताओं को महत्वपूर्ण बनाती हैं। यह सही है कि कवि में वह कलात्मक प्रौढ़ता अभी नहीं आई है जो रचना को स्थायित्व देती है। परन्तु वैसा अनगढ़पन भी नहीं है जो रचना को कमजोर बनाती है। खास चीज है बड़बोलेपन से बचते हुए अपनी बात को पूरी सहजता से कह सकने का आत्मविश्वास। यह आत्म विश्वास ही कवि की शक्ति है जो उसकी कविताओं के प्रति विश्वास पैदा करती है।

❒ पृथ्वी की आँच (कविता संग्रह) ❒ : लेखक: तुलसी रमण ❒ : वाग्देवी प्रकाशन, बीकानेर ❒ : प्रथम संस्करण, सितम्बर, 1991 ❒ मूल्य: साठ रुपये मात्र ❒ :पृष्ठ : 96

गहरे भावबोध के उत्कृष्ट संस्मरण

ज्योतिष जोशी

आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री हिंदी कविता की गौरवमयी शृखंला के कवियों में से एक हैं। संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी सहित कई भारतीय भाषाओं पर समान अधिकार रखनेवाले श्री शास्त्री न केवल कवि, बल्कि कई विधाओं में समान गति से लिखनेवाले अन्यतम साहित्यकार और आचार्य हैं। कविता, गीतिनाट्य, उपन्यास, कहानी, नाटक, निबंध, आलोचना, संस्मण और लघुकथा आदि विधाओं में उन्होंने पचास से अधिक मानक कृतियों की रचना की है, लेकिन दुर्भाग्य से हमारे हिंदी आलोचक उन्हें अपेक्षित महत्व नहीं दे सके हैं। उन्हें छायावादी संस्कारों का साहित्यकार मानकर हमेशा हासिये पर रखने की कोशिश की गई है, लेकिन इससे उनके महत्व में कमी नहीं आती। उनकी कृतियाँ ही उन्हें महत्वपूर्ण बनाती हैं और बनाती रहेंगी।

आलोच्य कृति 'अष्टपदी' उनके आत्मकथ्यात्मक संस्मरणों का सातवाँ भाग है, जिसमें उन्होंने अपने जीवन के अंतरंग और अनछुए प्रसंगों को तो उद्घाटित किया ही है, साहित्य के कुछ विवादास्पद प्रसंगों को भी उठाया है और उस पर गहरा चिंतन-मनन किया है। इस दृष्टि से उनका यह सातवाँ संस्मरण निश्चित रूप से उल्लेखनीय और पठनीय है। यह कृति किसी अध्याय या खंडों में विभक्त न होकर निरंतर प्रवाहित होती है। संस्मरण का आरंभ 'आठ डग और' नामक भूमिका से होता है, जिसमें शास्त्रीजी ने अपने संस्मरणों की जमीन और प्रसंगों की चर्चा की है। कहा है—'अष्टपदी' उन्हीं मौजों की अगली मेखला है। इसमें मैंने अपने अँधेरे की तपिश चिराग को भी दिखा दी है, चाँद को भी। यह मेरे जीवन की समीक्षा भी है, और जीवन-दर्शन भी।' कहना न होगा कि शास्त्री जी ने इन्हीं भावभूमियों पर इस कृति की रचना की है। कुछ प्रसंगों को देखना यहाँ प्रासंगिक होगा।

तुलसी और वाल्मीकि के राम पर चिंतन करते हुए शास्त्रीजी कहते हैं कि मैं बाल्मीकि के राम को मानता हूँ। उसके साथ, उनके पीछे चलना अच्छा लगता है। अध्यात्म रामायण के राम तात्विक सत्ता हैं। तुलसीदासजी के राम घट-घट में कम, घाट-घाट पर अधिक दिखाई देते हैं। आपको घाट-घाट का पानी पीना पसंद है तो आइए, भक्ति, ज्ञान, वैराग्य जो चाहिए, पीजिए। तुलसीदास जी प्याऊ पर बैठे हैं, पिलाते नहीं थकते। छक कर पीजिए। तुलसीदासजी को रामनामांकित प्रसाद पर तुलसीदल छोड़ते देर नहीं लगती, इसके विपरीत बाल्मीकि हैं, जिन्होंने उठते-बैठते चलते-फिरते राम को जैसा देखा-भाला है, वैसे का वैसा पेश कर दिया है।

यह बहुत लंबा प्रसंग है। फिर भी, तुलसी और बाल्मीकि के राम इस चिंतन की तुलना कर पाना साधारण बात नहीं है। तुलसी के राम सामान्य जन से राग रखते हुए भी दूर हैं, जबकि बाल्मीकि के राम उसके पारिवारिक सदस्य हैं। इस प्रसंग को यहीं छोड़कर आगे चलते हैं।

सुंदर कवित्व की चर्चा करते हुए आचार्य जी लिखते हैं कि आप भारतीय काव्य परंपरा के अतिरिक्त होमर, दाँते, शेक्सपियर, मिल्टन, गेटे और टैगोर सबको पढ़ जाइए, किन्तु सुंदरकांड के समान सुंदर कवित्व कहीं देखने को न मिलेगा। भावना, कल्पना और अनुभूति का ऐसा उदात्त और विराट् सम्मिश्रण विश्व साहित्य में कहीं नहीं है। यह बात वही कह सकता है जो विश्व साहित्य की उत्कृष्ट काव्य परंपरा से परिचित हो। कहना न होगा कि हमारे बड़े आलोचकों—आचार्य शुक्ल, डॉ. नगेन्द्र से लेकर रामविलास शर्मा तक का मत भी कुछ ऐसा ही है।

निराला पर नजर गड़ाते हुए कुतुबमीनार की याद आ जाती है। पहले तो विष्णुध्वज कुतुबमीनार बन गया। निराला के विभिन्न रूपों और मान्यताओं पर आचार्य ने लिखा है कि एक निराला वह है, जिन्हें मार्क्सिस्ट जैसा उजागर करने का श्रेय एक मात्र रामविलास शर्मा को प्राप्त है। दूसरे वे हैं कि जिनके अनुसार वे युग के लिए अप्रासंगिक हो चुके हैं। तीसरे हैं जो 'कुकरमुत्ता' को सर्वहारा का प्रतीक बताते हैं और चौथे निराला वे हैं, जो यहां अधलेटे पड़े हैं उनके घर।

इसी तरह न जाने कितने प्रसंगों और घटनाओं के माध्यम से दिनकर, मैथिलीशरण और दूसरे बड़े कवियों तथा राजनेताओं और अन्य विवादास्पद और 'गहरे प्रश्नों पर गहन चिंतन किया है। भाषा ऐसी है, जो सीधे दिल में उतरती जाए। संक्षेप में, यह कृति हर हिंदी प्रेमी के लिए संग्रहणीय है।

❒ किताब: अष्टपदी (संस्मरण)
❒ लेखक: जानकीवल्लभ शास्त्री प्रकाशक: प्रीति मंदिर प्रकाशन, शाहदरा, दिल्ली-32 ❒ मूल्य: 150 रुपए।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विदेश

फिलिस्तीनी बंदी रिहा होंगे

तेल अवीव (एपी)। इस्राइल के प्रधानमंत्री यितजाक राबिन ने कहा है कि फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया जायेगा। फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के नेता लगातार इन कैदियों की रिहाई की माँग कर रहे हैं। इस्राइल टेलीविजन पर शुक्रवार को श्री राबिन ने कहा कि रिहा किये जाने वालों की संख्या, पहचान और समय के बारे में आगामी सप्ताह फिलिस्तीनियों के साथ होने वाली वार्ता में विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया जायेगा। इस्राइल की जेलों में करीब 11 हजार फिलिस्तीनी बंदी हैं। इस्राइल और फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के बीच हुए समझौते में हिरासत में लिये गये लोगों के बारे में हालांकि स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन यदि बड़ी संख्या में कैदियों की रिहाई नहीं हुई तो इससे फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन का रुतबा फिलिस्तीनियों में कम होने की आशंका है।

प्रतिबंध हटाये जायें: लीबिया

न्यूयार्क (पूल मैप)। लीबिया के विदेश मंत्री उमर हल मौतासेर ने उनके देश के खिलाफ लागू संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को तत्काल हटाने की माँग की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए लीबियाई प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख ने कहा कि प्रतिबंधों के कारण लीबिया को अरबों डालर की हानि उठानी पड़ी है। उन्होंने उन देशों की नीतियों की आलोचना की, जिन्होंने लाकरबी कांड के समाधान के लिए कठोर कदम उठाये। अल मौतासेर ने कहा कि ये कदम संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने इस बात को दोहराया कि उनका देश लाकरबी बम कांड की जांच में सहयोग देने को तैयार है। लीबिया चाहता है कि दोनों संदिग्ध अभियुक्तों पर निष्पक्ष और कानून सम्मत तरीके से मुकदमा चलाया जाये।

द. अफ्रीका को 9 करोड़ डालर

ब्रुसेल्स (पुल तांजुग)। अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष नेल्सन मंडेला की अपील पर यूरोपीय समुदाय ने दक्षिण अफ्रीका के विकास के लिए नौ करोड़ डालर जारी किये हैं। श्री मंडेला ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध हटाने का आह्वान किया था। बेल्जियम के विदेश मंत्री तथा यूरोपीय समुदाय के मंत्रिस्तरीय परिषद के अध्यक्ष बिली क्लेज ने कहा कि इसके अलावा अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले प्रथम स्वतंत्र और लोकतांत्रिक चुनाव के लिए यूरोपीय समुदाय 52 लाख डालर की मदद देगा।

इराक में सैकड़ों सुन्नी गिरफ्तार

निकोसिया (एपी)। इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के सुरक्षा बलों ने सुन्नी मुस्लिम समुदाय के उन सैकड़ों प्रमुख सदस्यों को हिरासत में ले लिया है जो लंबे समय तक उनका समर्थन करते रहे हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ की गयी इस कार्रवाई से यह संकेत मिलता है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के तीन साल के प्रतिबंधों और विश्व समुदाय से लंबे अर्से तक अलग-थलग रहने के कारण इराक के वे लोग भी सद्दाम हुसैन के विरोध में खड़े हो रहे हैं जो उनके समर्थक माने जा रहे थे। राजधानी बगदाद में हर जगह गुप्तचर पुलिस के जवान मौजूद हैं हालाँकि अभी यह कहना मुश्किल है कि सद्दाम हुसैन से सुन्नी समुदाय के मोहभंग से उनकी सत्ता को चुनौती मिल सकेगी या नहीं क्योंकि उनका शासन तंत्र पर पूरा नियंत्रण है। इराक में मात्र 15 प्रतिशत सुन्नी मुसलमान हैं परन्तु दशकों से उनका इराक पर वर्चस्व कायम है।

लंदन में तीन जगह बम फटे

लंदन (रायटर)। उत्तरी लंदन के विभिन्न भागों में शुक्रवार की रात तीन बम विस्फोट हुए। विस्फोट से कुछ इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों को विश्वास है कि विस्फोट में आयरिश रिपब्लिकन आर्मी का हाथ है। उत्तरी लंदन की प्रमुख सागेपल कार्नर रोड के निकट आधी रात से पूर्व एक विस्फोट हुआ। बम एक कार में रखा हुआ था। दो अन्य विस्फोट पश्चिमी हैमस्टेड इलाके में हुए और एक दमकल केन्द्र बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने तलाशी के लिए विस्फोट के आसपास के इलाकों को सील कर दिया।

यूनीसेफ मुख्यालय वहीं रहेगा

न्यूयार्क (एपी)। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) का मुख्यालय न्यूयार्क शहर में ही रहेगा। वेस्चेस्टर काउंटी के उपनगर न्यूरोशेल ने तीन वर्ष पूर्व यूनीसेफ के मुख्यालय को अपने यहाँ लाने का प्रयास शुरू किया था। उसने यूनीसेफ से मात्र तीन लाख तीस हजार डालर का किराया लेने की पेशकश की थी। यूनीसेफ ने शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि उसका मुख्यालय न्यूयार्क में ही रहेगा क्योंकि न्यूयार्क में मुख्यालय होने पर न्यूरोशेल की पेशकश के बावजूद उसे प्रतिवर्ष 33 लाख डालर की बचत होगी। वक्तव्य में यूनीसेफ के कार्यकारी निदेशक जेम्स ग्रांट ने कहा है कि मुख्य बात यह है कि मुख्यालय को न्यूरोशेल ले जाने पर यूनीसेफ की सक्रियता प्रभावित होगी।

प्रधानमंत्री अगले साल फरवरी में जर्मनी जायेंगे

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर।

प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव अगले वर्ष फरवरी के आरंभ में जर्मनी की राजकीय यात्रा पर जायेंगे। जहां वह द्विपक्षीय सम्बन्धों को मजबूत बनाने के अलावा अंतरराष्ट्रीय समस्याओं पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

जर्मनी की संघीय संसद की अध्यक्ष श्रीमती डा. रीटा सुत्समुथ ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उनका देश भारत से आर्थिक सम्बन्ध मजबूत बनाने के अलावा अंतरराष्ट्रीय महत्व के अन्य मुद्दों पर भी सहयोग करने को तैयार है। भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा इस दिशा में कारगर होगी। प्रधानमंत्री की इस यात्रा की तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं।

प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री राव की यह दूसरी जर्मन यात्रा होगी। इससे पहले वह प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर सितम्बर 1991 में जर्मनी गये थे। श्री राव ने वहां भारत महोत्सव का उद्घाटन किया था।

श्री राव की यह यात्रा पिछली फरवरी में जर्मनी के चांसलर श्री हेलमुठ कोल की भारत यात्रा के जवाब में होगी। श्री कोल ने उन्हें तब जर्मनी यात्रा का आमंत्रण दिया था।

श्रीमती सुत्समुथ यहां जर्मनी के एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। इसके अलावा दो अन्य प्रतिनिधिमंडल भी भारत से संबंधों को दृढ़ करने के लिए इन दिनों यहां आये हुए हैं।

श्रीमती सुत्समुथ ने अपनी यात्रा के दूसरे दिन यहां आज राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा से भेंट की। आधे घंटे की मुलाकात में राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने की अभी काफी संभावनाएं हैं।

जर्मन संसद की अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव, विदेश मंत्री दिनेश सिंह, लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल तथा विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी से भी भेंट की। श्रीमती सुत्समुथ ने कहा कि प्रधानमंत्री से उनकी बातचीत कश्मीर समस्या तथा मानवाधिकार के प्रश्नों पर हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, कश्मीर समस्या का द्विपक्षीय समाधान करने को उत्सुक है। मानवाधिकारों के मामले में प्रधानमंत्री ने मानवाधिकार आयोग के बारे में सरकार द्वारा तैयार विधेयक तथा आयोग के गठन का जिक्र किया।

विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने जर्मन नेता को आश्वस्त किया कि उनकी पार्टी आर्थिक सुधारों को अधिक तेजी से लागू करने के पक्ष में है। जहां तक कश्मीर का सवाल है, उनकी पार्टी वहां हर नागरिक को समान अधिकार दिये जाने के पक्ष में है। लेकिन श्रीमती सुत्समुथ ने कहा कि उनकी वार्ता प्रमुख विपक्षी दल के नेता से हुई है। पता नहीं अन्य गुटों की सोच क्या है।

श्रीमती सुत्समुथ ने कहा कि भारत ने पर्यावरण के क्षेत्र में तकनालाजी का बहुत विकास किया है। जर्मनी इस क्षेत्र में सहयोग करने को उत्सुक है। भूकंप पीड़ितों के बारे में श्रीमती सुत्समुथ ने कहा कि उनकी सरकार ने पीड़ितों की मदद के लिए लगभग दो करोड़ रुपये की नकद सहायता दी है। इसके अलावा भूकंप क्षेत्र के अध्ययन के लिए उसने अपने भूकंप विशेषज्ञ भेजे हैं। ये उस क्षेत्र का सर्वे करेंगे तथा भविष्य की स्थिति का अध्ययन करेंगे। ये भूकंप-सह्य मकान बनाने में भी मदद देंगे।

सोमालिया संकट के हल के लिए फ्रांस की तैयारी

मोगादिशू, 9 अक्टूबर (एजेंसियाँ)। सोमालिया संकट के राजनैतिक समाधान के लिए फ्रांस सभी सम्बद्ध पक्षों का नया सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका भी सोमालिया में अपने सैनिकों पर हमलों को रोकने के लिए उग्रवादी नेता फराह अदीद के साथ समझौता करना चाहता है।

इस बीच मोगादिशू में दर्जनों विस्फोट हुए। बागी नेता फराह अदीद के गढ़ समझे जाने वाले इलाके में आग की लपटें दिखायी दीं। अपुष्ट समाचारों के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के सैनिक उस राजमार्ग को अपना निशाना बना रहे हैं, जहाँ से अदीद के समर्थक संयुत राष्ट्र के सैनिकों पर घात लगाकर हमला करते हैं।

फ्रांस ने इथोपिया और इरीट्रिया की पहल का समर्थन किया है। इन दोनों देशों ने मार्च में आदिस अबाबा में हुए सम्मेलन की तर्ज पर नये सम्मेलन का विचार रखा है, जिसमें सोमालिया के सभी सम्बद्ध पक्ष विचार- विमर्श कर सकें। फ्रांस ने सोमालिया में किसी राजनैतिक हल ढूँढ़ने का उद्देश्य न होने तथा वहाँ संयुक्त राष्ट्र अभियान की आलोचना की है।

फ्रांसीसी विदेश मंत्री फ्रांस्वा लेतोरां ने वृहस्पतिवार को कहा था कि सोमालिया में अभियान अपने वास्तविक मकसद से भटक गया है और वहाँ आपसी संघर्ष बढ़ने जा रहे हैं।

इस बीच अमेरिका से मिली खबर में बताया गया है कि राष्ट्रपति क्लिंटन अदीद से यह पेशकश करने वाले हैं कि वह अमेरिकी सैनिकों पर हमले रोक दे और बदले में अमेरिकी सेना उसे पकड़ने की मुहिम रोक देगी। उनकी ओर से एक प्रतिनिधि राजनयिक समाधान की बातचीत के लिए सोमालिया जा रहा है।

श्री क्लिंटन ने कल यह संकेत भी दिया कि वह सोमालिया की समस्या का राजनैतिक समाधान निकालने की प्रक्रिया में अदीद की भागीदारी स्वीकार करने को तैयार है।

ध्यानाकर्षण: दिल्ली में बिक्री करने वाले समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत व्यापारी एवं संगठन

बिक्री-कर विभाग
नई दिल्ली

विभिन्न वृहत-कक्षों/होटलों/स्टाल्स/प्रदर्शनी स्थलों पर प्रदर्शनियाँ/घटाई दरों पर विक्रियों के माध्यम से विक्रय करने वाले समस्त व्यापारियों/संगठनों की सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि बिक्री-कर देने के लिए उनकी कर-देयता दिल्ली बिक्री-कर अधिनियम, 1975 की धाराएँ 3 एवं 4 के अन्तर्गत बनती है।

02. उपरोक्त प्रावधानों का अनुपालन करने में असफल होने पर वे उक्त अधिनियम की धारा 50 के अन्तर्गत अर्थदण्ड की कार्यवाही हेतु उत्तरदायी होंगे।

03. ऐसे सभी व्यापारियों/संगठनों को उनके भले के लिए सलाह दी जाती है कि वे अवांछित प्राविधिक कठिनाइयों से बचने के लिए तथा बिक्री-कर अधिनियम के अनुसार बिक्री-कर एकत्रित करने एवं विभाग के पास जमा करने के लिए अपने सामान्य व्यापार स्थलों से भिन्न प्रदर्शनी एवं विक्रय स्थलों को आरंभ किए जाने की तिथि से पर्याप्त समय पूर्व उनके सम्बन्ध में विभाग को सूचित करें।

04. कृपया स्मरण रखें कि कानून की अज्ञानता कोई बहाना नहीं है और न ही इसे स्वीकार किया जाएगा।

सूप्रनि-1336-93

आयुक्त: बिक्री-कर
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली सरकार
'एल' ब्लाक, विकास भवन
नयी दिल्ली द्वारा
जनहित में जारी किया गया

भारतीय रेलवे
चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स
पोः चित्तरंजन
जिला : वर्दवान, पिन : ७१३३३१
पश्चिम बंगाल

निविदा सूचना क्र. डीवाई. सीई/कन्./-10/93-94

निम्नवर्णित कार्य के निष्पादनार्थ वास्तविक ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र पर मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:—

निविदाएँ उप मुख्य अभियंता (निर्माण), चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, चित्तरंजन के कार्यालय में 17-11-1993 को 14-30 बजे तक प्राप्त की जाएंगी तथा इस प्रकार प्राप्त निविदाएँ उसी दिन तदनुसार 17-11-1993 को 15-00 बजे इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी। निर्धारित निविदा प्रपत्र उप मुख्य अभियंता (निर्माण), चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, पी.ओ. चित्तरंजन, जिला वर्दवान, पश्चिम बंगाल,

दूर संचार विभाग

निविदा सूचना सं. 03/93-94

जाती हैं जो उसी दिन अप. 3-30 बजे इच्छुक

निविदा आमंत्रण सूचना

जाती हैं। निविदाएं 22-10-93 को ...

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गोवा की हरी-नीली पट्टी



विद्यानिवास मिश्र

गोवा पार्टियों का स्वर्ग बना, उसके कारण सुन्दर समुद्र तट बाजार बन गया है। बहुत कम नीरव एकान्त समुद्र तट रह गया है, जहाँ बालू में बैठकर चुपचाप अनन्त की भाषा के बोल पढ़े जा सकें। हरियाली विलास का अभिशाप बनने की ओर है। समृद्धि की सहज परिणति कही जाय या धार्मिकता का ह्रास कहा जाये, गोवा में शराबखोरी वृद्धि पर है और इसका प्रभाव आमोद-प्रमोद की प्रकृति पर भी पड़ रहा है।

बड़े अनमने भाव से गोवा जाना हुआ। गोवा दो तीन बार और गया हूं, पर इस बार जब जाने का कार्यक्रम बना तो सोचा था गोवा की हरियाली और गोवा के तटवर्ती समुद्र की नीलिमा को भर आँखों निहारूँ और कुछ खास न करूँ। पर उसी दिन महाराष्ट्र क्या पूरे देश के ऊपर एक हादसा हुआ, लातूर क्षेत्र में महाविनाश उपस्थित हो गया। उससे प्रमोद का मन तो रहा नहीं, बस गोवा आना जाना रहा। पहले दिन मंडोभी (मांडवी) के किनारे किनारे दूर (गांवों में 20-25 किलो मीटर भी देश का सीमान्त हो जाता है) मंदिरों के नगर प्रियोल गया, उसी के पास मराठी-कोंकणी के साहित्यकार श्री रवीन्द्र केलेकर के घर गया। रवीन्द्र जी का घर गोवा वास्तु क्या भारतीय वास्तु का सुन्दर उदाहरण है, बड़ा आंगन, चारों ओर चौड़े बरामदे, बरामदों के बाद कमरे, सब तरफ रोशनी और हवा गर्मी में भी पंखे की कम से कम जरूरत, घर के पीछे नारियल, सुपारी, काजू, आम के बाग, लम्बे चौड़े घर में स्वयं गृहपति का छोटा सा प्रकोष्ठ, जिसमें पुस्तकें ही पुस्तकें हैं, सब कुछ बहुत सुरुचिपूर्ण और सादा, इस घर को देखकर अपने गांव के घर की याद आयी। रवीन्द्र जी पुराने समाजवादी मित्र हैं। उनसे काका कालेलकर और लोहिया जी के बारे में चर्चा हुई। रास्ते में मंगेश, शान्ता दुर्गा और महालसा देवी के दर्शन किये।

धूप बहुत तीखी हो गयी थी, नंगे पैर के तलवे जलने लगे थे। सरकिट हाउस लौटा। रास्ते में मंडोवी के किनारे का जीवन निरखता रहा। बड़ा शान्त, बड़ा निश्चिन्त। कहीं भी भागदौड़ नहीं थी। बड़ा मन होता था, बस कुछ देर कुछ बेसिलसिले की बात किसी से हो, पर कहां ऐसा भाग्य? सह्याद्रि तो ऊपर बम्बई से केरल के छोर तक फैला हुआ है, उसमें ऊंचाइयां ज्यादा नहीं हैं, शायद इसीलिए तो सह्य नाम नहीं पड़ा! सह्य अर्थात् जिसकी चढ़ाई सही जा सके। सह्य मध्यभाग में गोवा है, पुराना नाम गोमन्तक। सात वाहनों, चालुक्यो, कदम्बों के चिह्न तो अब बहुत नहीं रह गये, पुर्तगाली शासकों की मतान्धता के कारण, पर जो भी हैं, वे स्थापत्य के सुन्दर उदाहरण हैं। तांवड़ी सुरला में कदम्बों का बनवाया मन्दिर है, यह पणजी से 45 किलोमीटर है। होयसाल शैली का यह मन्दिर आग्नेय पत्थरों से बना पूर्ण सुरक्षित मंदिर है, प्रियोल के मंदिर तो बाद में बने हैं।

गोवा में पुर्तगालियों ने गिरजाघरों का जाल बिछा रखा है, पणजी से कुछ ही दूर पुर्तगाली स्थापत्य के कुछ सुन्दर नमूनोंवाले गिरजाघर हैं। गिरजाघर की बनावट का कुछ प्रभाव नये बने मन्दिरों पर भी है। गोवा की जनता जीवन को सहज ढंग से जीने वाली इतमीनानी जनता है, पर साथ ही बड़ी श्रद्धालु है। काजू के फल के रस से या दूसरे फलों के रस से बनी फेनी नाम की शराब की दीक्षा शायद पुर्तगालियों ने इतनी दी कि गोवा में सबसे अधिक समय तक पुर्तगाली दुर्दान्त शासन बना रहा। 1961 के अन्त में जाकर भारतीय जनता के प्रतिरोध से और स्वयं गोवा के कुछ स्वाभिमानियों के बलिदान से गोवा मुक्त हुआ। और ऐसे मुक्त हुआ कि पुर्तगाली की छाप बस गिरजाघरों तक या सड़कों के नाम तक रह गयी, अन्यथा पुर्तगाली बोलने वाले वे ही हैं, जिनकी उम्र ढल चुकी है। गोवा के लोगों में अपनी कोंकणी के लिए बड़ा अभिमान है, पहले रोमन में इसे लिखने वाले कुछ आग्रही थे, पर अब देवनागरी को अधिकांश लोगों ने स्वीकृति दे दी है। अंग्रेजों के जाने और पुर्तगालियों के जाने में अन्तर है, अंग्रेज छोड़ कर गये, कुछ बने रहे और अपनी चाल चलते रहे, आते जाते रहे, परन्तु पुर्तगाली खदेड़े गये, जितना सोना जवाहरात था, सब उठाकर भाग गये। इसलिए पुर्तगालियों से सम्पर्क टूट गया। हां अब फिर कुछ आने लगे हैं और गोवा के रसोइये भी पुर्तगालीभाषी देशों, ब्राजील, अंगोला, पुर्तगाल खेप के खेप जाने लगे हैं।

पुर्तगालियों ने अत्याचार तो बहुत किये और उन्होंने गोवा की सांस्कृतिक चेतना को भी बहुत दवाया, पर वे स्वयं भूमध्यसागरी जलवायु के लोग थे, उन्होंने आमोद-प्रमोद की कुछ जरूरत से ज्यादा ही सीख दी। प्रकृति भी गोवा में उदार है। खाने को इतने रसीले फल, इतना बढ़िया चावल और तरह तरह की मछलियां देती हैं। आमोद-प्रमोद यहां के जीवन का अंग है, समुद्री हवाओं की थपकी भी आलस भाव जगाती हैं और लोग तिपहरी की नींद लेने के अभ्यासी हो गये हैं।

इधर गोवा पार्टियों का स्वर्ग बना, उसके कारण सुन्दर समुद्र तट बाजार बन गया है। बहुत कम नीरव एकान्त समुद्र तट रह गया है, जहाँ बालू में बैठकर चुपचाप अनन्त की भाषा के बोल पढ़े जा सकें। हरियाली विलास का अभिशाप बनने की ओर है, वहीं जानने को मिला। पहले लोग शराब पीते थे, तो शराब के अधीन नहीं हुए थे, अब अधीन होते जा रहे हैं। पर्यटकों की कृपा कही जाये, समृद्धि की सहज परिणति कही जाये या धार्मिकता का ह्रास कहा जाये, गोवा में शराबखोरी वृद्धि पर है और इसका प्रभाव आमोद-प्रमोद की प्रकृति पर भी पड़ रहा है।

गोवा के समुद्र तट धूप स्नान के बहाने अब कुछ अधिक ही मुक्त हो गये हैं। बहुत अति हो जाने पर नशीली रंगरेलियों पर नियंत्रण की कोशिश की गयी। पर जब तक प्रकृति के साथ दूसरे प्रकार का सम्बंध नहीं होता, जब तक उपभोग और सहभागिता का अन्तर लोगों पर उजागर नहीं होता, तब तक कोई भी रोक कारगर नहीं होगी। समुद्र के किनारे जो अनुभव सहज होते हैं, वे बड़ी गहराइयों में आदमी को ले जाते हैं। असीम नीले जल का विस्तार किस तरह उजले फेनों में टूटता हुआ आता है, सावधान न हों तो आपको भिगो सकता है और कुछ और असावधान हुए तो अपने साथ खींच भी ले जाता है। ऐसे समुद्र को चढ़ाव उतार की अछोर बेंकिमाओं को देखना, लहरों का संगीत सुनना और बाजू के नारियल-कुंजों के भीतर से आती तेज हवा का उत्तर सुनना आदमी को जीवन की अतल गहराइयों में ले जाता है। वहां जाकर आदमी छोटा सा स्व नहीं रह जाता, उसका स्व तो इतने विशाल के लास्य में और कभी कभी इसके तांडव में जाने कहां विलीन हो जाता है। ऐसे समुद्र के मनोरम तट को बाजार बना देना बाजार भी कैसा? बहुत रंगबिरंगे और कलाहीन कलाकारी की डिजाइनों वाले कपड़ों का, बहुत ही घटिया खाद्य-प्रेम सामग्री का और अत्यंत अपरूप अंगों के प्रदर्शन का बाजार ऐसे स्थलों पर प्रीतिकर नहीं लगता। पर्यटन उद्योग का यही तो अभिशाप है कि सौन्दर्य भी कचरा हो जाता है। आदमी घूमने जाता है, अपने प्रिय लोगों के साथ घूमने जाता है तो क्या केवल इसलिए वह आसपास की सुन्दरता से आसपास की विपुलता से अपने को विच्छिन्न कर ले, सिर्फ फोटो खिंचा कर या कहीं अपने नाम अंकित कर अपनी हाजिरी दर्ज करा ले और वहाँ से कुछ क्षणों के उन्माद की छाप लेकर चला जाये? क्या उसे अपने आनन्द को उस विशाल आनन्द का अंश नहीं बनाना चाहिए और बजाय अपनी उपस्थिति अंकित करने के, अपने ऊपर ऐसे मनोरम स्थल की उपस्थिति नहीं अंकित करनी चाहिए?

मैं लम्बे समय तक अपेक्षाकृत कम भीड़भाड़ वाले समुद्रतट पर बैठे-बैठे ही यह सब भी सोच रहा था, कभी-कभी कुछ बच्चे समुद्र के द्वारा फेंकी कुछ चीजों को बटोरते दिखायी पड़ जाते हैं, कभी कभी दूर मछुआरों की नावें दिख जातीं, पश्चिम जलधि. पर कभी-कभी धूप नाचती दिखायी पड़ती, कभी पत्थरों पर टकराती लहरों के साथ उछलती हुई मछलियों की छटपटाहट दिख जाती, और मुझे लगता था यही सब तो मिल कर जीवन है। कुछ छटपटाहट, कुछ चमक, कुछ 'चढ़ाव' कुछ उतार, कुछ संगीत, कुछ-कुछ क्रंदन, कुछ डूबना, कुछ तिरना, कुछ खोना, कुछ पाना और सांझ होते ही गेरुई आभा से मंडित हो जाना, विराग के राग में नहा उठना, यही तो सार्थक जीवन का क्रम है। गोवा गया था तो मन बेहद उदास था, कुछ तो भूकम्प की त्रासदी की छाया से, कुछ ऐसे अनमनेपन से जो बराबर भीड़ में रहने पर आता ही रहता है। लगता था कि संवाद की स्थिति इतनी चुकती जा रही है कि अब किसी से हंसना-बोलना, बतियाना सब समाप्त हो रहा है। केवल उपचार पसरता जा रहा है। साहित्यिक भी मिलते हैं तो अचानक या तो बहुत गंभीर हो जाते हैं या फिर इतने छिछले हो जाते हैं कि उस पानी में शब्दों की नाव चलाना मुश्किल हो जाता है। नाव तो बहाव में चलती है।

अपने कर्तव्य को निभाना था। गोवा में कोंकण रेलवे बन रही है। कुछ उलझनें अकारण खड़ी की गयीं। समुद्र तट के बाजू से लाइन जाय, तट की शोभा को कुछ और नष्ट करे। कुछ लोगों ने कहा कि नहीं थोड़ी सी दूर से जाय, कुछ कम पुल बनाने पड़ें। आखिर गोवा की चौड़ाई ज्यादा तो नहीं और कहीं से भी समुद्र तट एक घंटे में पहुंचा जा सकता है। इसमें लोगों को साम्प्रदायिकता की गन्ध आयी, प्रति साम्प्रदायिकता भी उभरी। उधर साधनों का यह हाल है कि लागत बढ़ती जा रही है, साधन जुट नहीं पा रहे हैं। लगता नहीं है कि दो तीन वर्षों के पहले कोंकण रेलवे के मध्यभाग का निर्माण हो सकेगा।

एक दूसरा कर्तव्य राष्ट्रभाषा के अधिवेशन का उद्घाटन करना था। वह भी एक पांच सितारा होटल में। गांधी जी का जन्मदिन, पांच सितारा होटल और राज्यभाषाधिकारियों की सभा को उद्बोधन देना, सब कुंछ बहुत असमंजस भरा, दूसरी ओर मन में गहरा विषाद कि मनुष्य क्यों इतना नकली होता जा रहा है, क्यों अपने सहज भाव को छिपाने के इतने कौशल सीख रहा है। चेहरे को रंगने पर इतना समय क्यों खर्च रहा है? यह सब कुछ होते हुए भी दांव तो देना ही था। दिया, कैसा उसका फल हुआ, यह जानने का भी अवसर नहीं था, तुरन्त हवाई पत्तन भागना था। रास्ते में फिर समुद्र की भंगिमायें दूर से देखीं और दबोलिम हवाई पत्तन पहुंच गया। विदा भी बड़ी हड़बड़ी में लोगों से ली। पत्तन के प्रतीक्षालय में बैठकर आकलन करता रहा, गोवा में क्या खोया, क्या पाया।

हिसाब लगाने बैठा तो लगा हिसाब क्या लगायें अब रोकड़बाकी लेकर करेंगे क्या। इस छोटी सी काल-तरी में तो कुछ जायेगा नहीं, हमारी मेहनत की कमायी फसल की कुछ सुनहली बालियां भर जायेंगी, मैं स्वयं किनारे छोड़ दिया जाऊंगा। उतना ही उस तरी में जायेगा, जितना मेरा दिया हुआ अपना मैं होगा। सोचना यह चाहिए कि मैं कितना दे पा रहा हूं और इस भाव से दे पा रहा हूँ कि मैं दाता नहीं हूं, मैं तो कर्जदार हूँ, भरपाई कर रहा हूँ।

गोवा की हरी पट्टी, बुलाती है, आओ संगी आओ, पास आओ और उसकी नीली पट्टी बरजती है, पास न आओ, पास आओगे तो अपना अस्तित्व खो दोगे। इन दोनों के आकर्षण-विकर्षण में डेढ़ दिन न मुझे हरियाली का विश्राम मिला, न उस नीली जलराशि के तट को छूने की और तट से भागने की बेचैनी मिली। इतना ही है जितना निःस्व होकर गया था, उससे कहीं अधिक निःस्व होकर लौटा। स्वत्व तो लगता है, केवल मृगतृष्णा है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दुर्घटना में मरे श्रमिक के परिवार को मुआवजा

नगर संवाददाता

नयी दिल्ली, 19 दिसम्बर। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने दरियागंज में मोटरसाइकिल के साथ टकर में मारे गये मजदूर के परिवार को तीन लाख 84 हजार रुपये देने का आदेश दिया है।

न्यायाधीश आर.सी. चोपड़ा ने यह फैसला आठ माह की सुनवाई के बाद सुनाया। उल्लेखनीय है कि मोटर दुर्घटनाओं में दावे के मामले आमतौर पर तीन से पांच साल लग जाते हैं। उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता नाम न देने का विशेष आग्रह है का कहना है कि इस स्थिति को देखते हुए यह मामला काफी तेजी से निपटाया गया है।

दरियागंज की सब्जीमण्डी में मजदूर राम पदारथ पासवान 5 फरवरी 1993 को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी।

दरियागंज के सुभाषमार्ग को पार करते समय तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा जाने के कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह मोटर साइकिल मुहम्मद असलम चला रहा था। वह इस मोटरसाइकिल का मालिक भी था। प्रत्यक्षदर्शी गवाहों ने बताया था कि मोटरसाइकिल सवार तेज गति से और अंधाधुंध चला आ रहा था।

मजदूर राम पदारथ पासवान की मृत्यु हो जाने से उसकी पत्नी श्रीमती लच्छो पासवान तथा दो बच्चे योगेन्द्र और रेखा के जीवन यापन का सहारा खत्म हो गया। राम पदारथ हर माह दो हजार रुपये कमाता था और इसमें से 1600 रुपये अपनी पत्नी को खर्चे के लिए भेजता था। इस आधार पर न्यायाधिकरण में पांच लाख रुपये के मुआवजे का दावा किया गया था।

न्यायाधीश आर. सी. चोपड़ा के निर्णय में कहा गया है कि 30 वर्षीय राम पदारथ अभी 20 साल और ठीक प्रकार काम कर सकता था। उसकी पत्नी 28 वर्ष की और बच्चे 10 वर्ष और 5 वर्ष की उम्र के हैं। इस आधार पर इसकी पत्नी को 20 वर्ष के लिए 1600 रुपये मासिक की आर्थिक हानि हो गयी। यह राशि तीन लाख 84 हजार रुपये बनती है।

निर्णय में यह भी कहा गया है कि इस राशि पर मोटरसाइकिल सवार को 17 मार्च, 1993 से 12 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा।

न्यायाधिकरण ने इस दावे के निपटारे के साथ अपने निर्णय में कहा है कि कुल राशि में से 2 लाख 34 हजार रुपये मृतक की पत्नी को तथा 75-75 हजार रुपये दोनों बच्चों को दिये जायेंगे। न्यायालय ने एक और महत्वपूर्ण निर्देश भी भुगतान के बारे में दिया है। इसके अनुसार भुगतान की जाने वाली 75 प्रतिशत राशि बैंक में जमा कर दी जाये ताकि मृतक के आश्रितों को हर माह इसका ब्याज मिलता रहे। पत्नी को 15 साल बाद और बच्चों को 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर बैंक से पूरी राशि प्राप्त करने का अधिकार रहेगा।

भारत के परमाणु संयंत्रों से रिसाव का खतरा नहीं

नयी दिल्ली, 19 दिसंबर (नस)। राजधानी में विज्ञान और कानून विषय पर चल रही संगोष्ठी में आज परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डाक्टर आर. चिदम्बरम ने आश्वासन दिया कि भारत के किसी भी परमाणु संयंत्र में विकिरण रिसने का कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि विश्व ने नाभिकीय हथियारों के नियंत्रण के बारे में नेहरूजी के विचार अपनाये होते तो जो समस्याएं हम देख रहे हैं, वे पैदा ही नहीं होतीं।

गोष्ठी में हैदराबाद से आये डा. पुष्प भार्गव ने एड्स और जेनेटिक का पता लगाने के लिए नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कानून बनाने की बात रखी। डा. भार्गव ने नयी जैविकी और स्वास्थ्य समस्याओं के लिए नये कानून पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने डुंकेल प्रस्ताव को मान लेने के बाद भारत में दवाओं के दाम बीस गुना तक बढ़ने की आशंका व्यक्त की।

पर्यावरण और राष्ट्रीय कानून के प्रोफेसर पी. लीलाकृष्णन तथा प्राकृतिक संपदा के बारे में डा. अशोक जैन ने अपने विचार व्यक्त किये।

गोष्ठी में आये विद्वानों की आम राय यही थी कि विज्ञान के क्षेत्र में नयी नयी खोजों से ऐसी सामाजिक समस्याएं खड़ी हो रही हैं, जिनसे बचने के लिए नये कानून बनाने बहुत जरूरी हैं।

कल इस गोष्ठी का उद्घाटन पूर्व विज्ञान मंत्री पी.आर. कुमारमंगलम ने किया था। इसमें जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डा. चिरंजन भारिया, सी.एस.आई.आर. की डा. उषा मेनन, विज्ञानी डा. नित्यानंद आदि महत्वपूर्ण व्यक्ति भाग ले रहे हैं।

प्राथमिकी में दर्ज धाराएं बदलने का आरोप

नगर संवाददाता

नयी दिल्ली, 19 दिसंबर। बदमाशों ने 61 हजार रुपये नकद और सोने के जेवर लूट लिये, लेकिन पुलिस ने रपट नहीं लिखी। दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर तीन माह बाद नांगलोई थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। लेकिन अभियुक्तों को जमानत की सुविधा प्रदान करने के लिए पुलिस ने मुकदमे की धाराएं बदलकर हल्की धारा वाली नयी रपट पेश कर दी। इस पर सभी अभियुक्तों को व्यक्तिगत मुचलके पर छोड़ दिया गया।

देश की राजधानी में भी पुलिस से इस प्रकार के व्यवहार की कल्पना नहीं होती। लेकिन राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने इस मामले की जानकारी दस्तावेजों सहित आज पत्रकारों को दी। उन्होंने इस बारे में एक पत्र प्रधानमंत्री को लिखकर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

वालीनगर के सोमनाथ गुप्ता इस साल 25 अगस्त को 'आध्यात्मक मानव केन्द्र, नांगलोई' के अध्यक्ष एस.एस. गुप्ता के साथ स्कूल से बाहर आ रहे थे तो कुछ बदमाशों ने उनके पास से 61 हजार 500 रुपये, सोने की चैन, हीरे का नेकलेस और दो अंगूठियां लूट लीं। श्री गुप्ता और एक कर्मचारी को बुरी तरह पीटा गया। इन दोनों की लहूलुहान कि स्थिति में दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान नांगलोई पुलिस ने श्री गुप्ता का बयान तो दर्ज किया, लेकिन कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया।

थाने में बात न सुने जाने पर श्री गुप्ता ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की और परिणामस्वरूप घटना के तीन माह बाद न्यायमूर्ति वाई.के. सब्बरवाल और न्यायमूर्ति आर.एल. गुप्ता के आदेश पर 26 नवंबर 1993 को मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 395, 397, 342, 504 और 34 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इसमें डकैती डालना, अवैध रूप से बंदी बनाना और जान से मारने की धमकी देना शामिल है।

इस नामजद रपट के दो अभियुक्तों ने महानगर दंडाधिकारी गुलशन कुमार के न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन किया, लेकिन इसे नामंजूर कर दिया गया। आरोप लगाया गया है कि बाद में पुलिस ने इस मुकदमे की धाराओं को बदल दिया।

गंभीर अपराधों के स्थान पर हल्के अपराधों की धाराएं लगा दी गयीं। इस एफ.आई.आर. के आधार पर अभियुक्तों को सत्र न्यायाधीश के यहां से आसानी से जमानत मिल गयी। इतना ही नहीं, इन दोनों को 10 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

श्री रवीन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि पहले दर्ज मुकदमे की धाराओं में अपराधी को आजीवन कारावास की सजा मिल सकती थी।

इस बारे में नांगलोई थाने से संपर्क किया गया, लेकिन थानाध्यक्ष उपलब्ध नहीं थे और ड्यूटी अधिकारी ने इस मामले में कोई जानकारी होने से इनकार कर दिया।

मुक्त विश्वविद्यालय के नये भवनों की योजना

नयी दिल्ली, 19 दिसंबर (नस)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय उच्च प्रौद्योगिकी मान-सामान भवनों की वास्तुशिल्प योजना शीघ्र ही लागू करेगा। इस योजना का इस्तेमाल शैक्षिक सामग्री तैयार करने के लिए किया जायेगा।

विश्वविद्यालय प्रवक्ता के अनुसार इस योजना के अंतर्गत विभिन्न विषयों के विद्यार्थी, शिक्षक और विशेषज्ञ आपस में संपर्क कर सकेंगे और देश भर से प्राप्त प्रस्तुतों और प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण और विचारों का आदान प्रदान कर सकेंगे। नये-नये शोधों की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी इससे छात्रों के बीच एक कक्षाकक्ष जैसा वातावरण पैदा होगा और वह स्वयं को दर्शक ही नहीं, बल्कि कार्यक्रम में भागीदार समझ सकेंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि मानव संसाधन मंत्री अर्जुन सिंह 22 दिसंबर को विश्वविद्यालय के नये परिसर में कर्मचारी आवास कालोनी की आधारशिला रखेंगे। निर्माण कार्य के प्रथम चरण में, स्टाफ क्वार्टरों के अतिरिक्त तकनीकी भवनों का निर्माण किया जायेगा जिसमें पुस्तकालय, कम्प्यूटर प्रभाग, संचार प्रभाग और विद्यालयों के लिए भवन और कैफेटेरिया विश्राम गृह एवं छात्रावास, विपणन परिसर, बैंक, डाकघर, स्वास्थ्य केन्द्र आदि सामान्य सुविधाएं शामिल हैं।

दिल्ली में भी महामस्तकाभिषेक

नयी दिल्ली, 19 दिसंबर (नस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना ने कहा है कि उनके शासन में भ्रष्टाचार को नहीं पनपने दिया जायेगा। श्री खुराना दिल्ली में 'कुंद-कुंद भारती' आश्रम में भगवान गोमटेश्वर बाहुबली के मस्तकाभिषेक समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में राजगुरुओं की प्रथा रही है। पहले राजा, अपने राज्य के संचालन में गुरुओं और ऋषि-मुनियों से दिशा- निर्देश प्राप्त करते थे। इस कारण वे निरंकुश नहीं हो पाते थे।

इससे पहले समारोह में तिलक और शाल से मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के कलश से भगवान बाहुबली की मूर्ति का अभिषेक किया गया। समारोह का आयोजन 'कुंद-कुंद भारती' द्वारा आचार्य विद्यानंद जी महाराज के सानिध्य में किया गया।

धमका कर फिरौती मांगने वाले दो युवक गिरफ्तार

नभाटा समाचार

गाजियाबाद, 19 दिसम्बर। विधवा को उसके बेटे का अपहरण करके हत्या करने की धमकी देकर फिरौती मांगने वाले दो लोगों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम वीरपाल और योगेन्द्र हैं। वे दोनों अभियुक्त सगे भाई हैं। फिरौती के रूप में पचास हजार रुपये मांगे गये थे।

पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार जैन ने बताया कि स्थानीय शास्त्री नगर के मकान (नम्बर एस बी-13) में हरबीरी देवी अपने पुत्र आलोक (16 वर्ष) के साथ रहती है। वीरपाल ने डेढ़ वर्ष पूर्व इस घर में बिजली की फिटिंग की थी। योगेन्द्र शास्त्री नगर में टेम्पो चलता था। अतः उनकी जान- पहचान हरबीरी से थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत दस दिनों में इन्होंने हरबीरी को तीन पत्र लिखकर धमकियां दी और फिरौती मांगी। पत्र भेजने के बाद दोनों भाई हरबीरी देवी के घर आकर हमदर्दी दिखाते रहे। वह यह कहते रहे कि हमने पुलिस को खबर कर दी है, परन्तु ऐसे मामले में पुलिस क्या कर पायेगी। रुपया दे देना ही ठीक रहेगा। जबकि उन्होंने पुलिस में कभी सूचना नहीं दी। इसीलिए पुलिस हरबीरी के घर कभी पूछताछ करने भी नहीं गयी। हरबीरी यह विश्वास करके बैठ गयी कि पुलिस वास्तव में कुछ नहीं करेगी, वरना पूछताछ करने तो आती।

हरबीरी को कल एक और पत्र मिला। इसमें कहा गया था कि रविवार की सुबह सात बजे कमला नेहरू नगर में विशेष केन्द्रीय विद्यालय के समीप पुलिया पर रुपयों से भरा ब्रीफकेस रख आओ। कल अचानक हरबीरी के घर उसका पिता जगमाल आ गया था। उसने कविनगर थाने में मामले की जानकारी दी।

श्री जैन ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से जगमाल को एक अटैची देकर कमला नेहरू नगर में बताये गये स्थान पर भेजा गया। सादे कपड़ों में पुलिस लगा दी गयी थी। जगमाल एक पुलिया पर अटैची रख आया। दोनों अभियुक्त भाई एक साथ आये। अटैची वीरपाल ने उठायी। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों अभियुक्तों से पूछताछ के बाद वह कापी भी बरामद कर ली गयी, जिसमें से कागज फाड़ कर वे पत्र लिखा करते थे।

तनाव: कब्रिस्तान की जमीन पर अल्पसंख्यक समुदाय के एक गुट द्वारा कथित रूप से कब्जा करने के प्रयास से दो गुटों में तनाव है। दोनों गुट एक ही वर्ग के हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लुहारपुरा में एक युवक की मृत्यु हो गयी थी। उसका शव दफन करने के लिए लोग पटेल मार्ग स्थित कब्रिस्तान पहुंचे। वहां ताला लगा हुआ था। कब्रिस्तान की चाबी लेने कुछ लोग मुतवल्ली मोहम्मद आबिद के घर गये। उसने इस जमीन को अपनी बताते हुए चाबी देने से मना कर दिया। इस बात को लेकर दो गुटों में तनाव हो गया। कई घंटे के बाद पुलिस ने चाबी लाकर दी और शव दफन किया गया।

टक्कर: एल्ट सेंटर के समीप डी.टी.सी. की बस (डी बी पी 627) बिजली के खम्बे से टकरा गयी, जिससे बस चालक लखपत सिंह तथा कंडक्टर जगदीश घायल हो गये। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार बस का स्टेयरिंग जाम हो गया था, जिससे बस मुड़ने की बजाय खम्बे से टकरा गयी। जिले के साथली गाँव के पास साइकिल सवार विक्रम सिंह (22 वर्ष) मोटर साइकिल से टकरा कर गया और उसकी मृत्यु हो गयी।

लुटेरे ने घर में घुसकर एक को मारा

गाजियाबाद, 19 दिसंबर (नस)। जिले के बाबूगढ़ कस्बे में कल रात एक दर्जन से अधिक लुटेरों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा तीन लोगों को घायल कर दिया। लुटेरे बिना लूटपाट किये ही फरार हो गये।

मृतक पवन कुमार (21 वर्ष) धनोरा मंडी मुरादाबाद का निवासी था। वह यहां अपने भाई रमनलाल के घर आया हुआ था। घायलों में रमनलाल का बेटा अरविंद तथा पड़ोसी लक्ष्मण शामिल हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लुटेरों ने रमन लाल बजाज के घर पर हमला किया था। उन्होंने चौकीदार बहादुरसिंह को गोली मारकर उसे घायल कर दिया। पवन ने लुटेरों का मुकाबला करने का प्रयास किया था। लुटेरों ने उसे गोली मार दी। पवन ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। गोलियों की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने लुटेरों को घेर कर उन पर पथराव किया।

इस घटना के विरोध में उत्तेजित लोगों ने आज बाबूगढ़ थाने का घेराव किया। पुलिस किसी लुटेरे का पता नहीं लगा सकी है।

ASIAN POLYTECHNIC
FOR WOMEN
E-99, Mansarover Garden ND-15
Tel: 5440352
ADMISSION NOTICE
(WINTER SESSION)
Session from Jan '94
Admission is open to 10th+ candidates for DIPLOMA in:
Fashion Designing

धर्म के नाम पर राजनीति रोकनेवाला यज्ञ हो: ज्ञानी

नभाटा समाचार

गाजियाबाद, 19 दिसम्बर। भारत के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने लोगों से अनुरोध किया कि वे धार्मिक ग्रंथों में दिये गये उपदेशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थानों से आशा यह की गयी थी कि वे इंसान को पवित्र कार्यों की तरफ लगायेंगे, परंतु उनका उपयोग लोगों की धार्मिक भावनाएं भड़काने के लिए होने लगा।

ज्ञानी जैल सिंह कनावनी गाँव के पास गत एक माह से चल रहे विश्व शांति ज्ञान यज्ञ के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इसमें कांग्रेस प्रवक्ता वी.एन. गाडगिल, शहरी विकास मंत्री श्रीमती शीला कौल, सांसद सुनील दत्त, फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार तथा अकबर खान आदि मौजूद थे। इसमें दो हजार साधुओं ने भाग लिया।

ज्ञानी जी ने कहा कि प्रत्येक अच्छाइयाँ तथा बुराइयाँ मौजूद रही हैं। साधु-संतों ने समाज कल्याण के लिए सदैव आगे बढ़कर मार्ग दर्शन किया है। मनुष्य को ईश्वर का स्वरूप मानकर उसकी सेवा करनी चाहिए। उन्होंने संतों से अनुरोध किया कि कोई ऐसा यज्ञ भी किया जाना चाहिए, जिससे धर्म के नाम पर कोई राजनीति नहीं की जा सके।

मनुष्य की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सभी धर्मों में पवित्र धर्म है। यह आवश्यक नहीं कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा अथवा गिरजाघर जाया जाए। यदि न जा सकें, तब गरीबी अथवा जुल्म के कारण आँसू बहा रहे बच्चे के आँसू पोंछने के लिए किये जाने वाले काम से भी ईश्वर भक्ति का फल मिलता है। इंसान का कर्म पवित्र होना चाहिए। इससे

'मनोभाव का असर स्वास्थ्य पर भी'

नयी दिल्ली, 19 दिसंबर (नस)। अस्वस्थ मानसिकता, प्रदूषित वातावरण, घृणा, हिंसा, लालच जैसे बुरे विचारों से मन, शरीर तथा

देश में शांति के लिए संस्कृत के प्रचार पर बल

से गुरुओं और ऋषि-मुनियों से दिशा- निर्देश प्राप्त करते थे। इस कारण वे निरंकुश नहीं हो पाते थे।
इससे पहले समारोह में तिलक और शाल से मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के कलश से भगवान बाहुबली की मूर्ति का अभिषेक किया गया। समारोह का आयोजन 'कुंद-कुंद भारती' द्वारा आचार्य विद्यानंद जी महाराज के सानिध्य में किया गया।
पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार जैन ने बताया कि स्थानीय शास्त्री नगर के मकान (नम्बर एस बी-13) में हरबीरी देवी अपने पुत्र आलोक (16 वर्ष) के साथ रहती है। ... इन्होंने हरबीरी को तीन पत्र लिखकर धमकियां दी
धर्म के नाम पर राजनीति रोकनेवाला यज्ञ हो: ज्ञानी
'मनोभाव का असर स्वास्थ्य पर भी'
देश में शांति के लिए संस्कृत के प्रचार पर बल
ASIAN POLYTECHNIC FOR WOMEN E-99, Mansarover Garden ND-15 Tel: 5440352 ADMISSION NOTICE (WINTER SESSION) Session from Jan '94 Admission is open to 10th+ candidates for DIPLOMA in: Fashion Designing

टेलीफोन अदालत में मामले निपटाये गये

नयी दिल्ली, 19 दिसम्बर (एस)। दिल्ली महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड ने उपभोक्ताओं के लिए आज 26वें टेलीफोन अदालत का आयोजन किया।

निगम के प्रवक्ता के अनुसार, अदालत में 757 मामले पंजीकृत किये गये थे। इनमें से 719 मामलों का निपटारा अदालत शुरू होने से पूर्व ही हो गया। शेष मामलों का निपटारा आज अदालत में किया गया।

निगम के मुख्य महाप्रबंधक एल.सी. अग्रवाल ने अदालत की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि अधिक राशि का बिल भेजे जाने के मामलों से बचने के लिए उपभोक्ता अपने फोन में एसटीडी लॉक की सुविधा मुफ्त लगवा सकते हैं। उसे वह खुद ही नियंत्रित भी कर सकते हैं।

वि.वि. में हस्तक्षेप को रोकने का आग्रह

नयी दिल्ली, 19 दिसम्बर (एस)। समाजवादी शिक्षक संघ ने कुलपतियों से अपील की है कि वे अपने सम्मेलन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बढ़ते हस्तक्षेप का विरोध करें।

शिक्षक संघ के प्रवक्ता डा. हरीश खन्ना ने बताया कि अनुदान आयोग के बढ़ते दबाव के कारण विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त होती जा रही है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भारतीय इतिहास की अप्सरा नाभि

• कुबेरनाथ राय

'अभिज्ञान शाकुंतलम्' पढ़ने के बाद कुछ बातें मन में अपने आप उदित होती हैं। प्रथम तो यह कि भारतीय सौंदर्य बोध प्रकृति के सहज और सुन्दर उपदेश से ही जुड़ा चलता है और उसका ही प्रतीक है शकुन्तला। यह विन्ध्य भारतीय आरण्य-लक्ष्मी और निसर्ग श्री की सारी शोभा, सारी सरलता और धैर्य एवं तपस्या को धारण किए है। इसमें तप और तितिक्षा है परन्तु अवदमन या गलित आत्मक्षयी आसक्ति के लिए कोई स्थान नहीं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय इतिहास की विकास धारा में एक इच्छा शक्ति या काम शक्ति निरन्तर सक्रिय है, जो हमारी जातीय आकृति और प्रकृति को दल प्रतिदल प्रस्फुटित करती हुई हमें एक स्वतंत्र चरित्र देती है, जिसकी संज्ञा 'नव्य आर्य' या 'भारतीय आर्य' है। इस नव्य आर्य की आकृति महाकाव्य-संस्कृति से प्रारम्भ होकर तिलक, गांधी-रवीन्द्रनाथ तक अविच्छिन्न रूप में विद्यमान है और यह आकृति अपने अन्तरराष्ट्रीय 'नार्डिक' रूप से जो तेजस्वी के साथ-साथ घोर खूंखार भी है, सर्वथा भिन्न है। कालिदास के दो नाटक 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' और 'विक्रमोर्वशीयम्' इसी ऐतिहासिक प्रक्रिया का एक संकेत देते हैं जिसे पण्डितों ने आर्य-आर्येतर समन्वय में कहा है। आर्य-आर्येतर नस्लों का यह सामाजिक और सांस्कृतिक समन्वय ही वैदिकोत्तर युग की भारतीयता की जन्मभूमि है। भारतीयता संस्कृति के प्रागैतिहास का नाभिचक्र रचती है। हिमालय के अन्दर बसने वाली किरात, निषाद मिश्रित संस्कृति जिसका पौराणिक परिचय यक्ष, गंधर्व और अप्सरा सभी साथ-साथ जुड़े हैं और संभवतः ये स्वयं में एक मिश्रित नस्ल है जो आर्यों के (जिनके पौराणिक प्रारूप हैं मानव और देव गण) मधुर सम्पर्क में आ चुके थे। विशेषतः महाभारत में आर्य-शाखा के चन्द्रवंशियों की तो प्रमवयोनि ही रचती है अप्सरा-संस्कृति। कालिदास के उपर्युक्त दोनों नाटक जिनकी नायिकाएं शकुन्तला और उर्वशी हैं, इसी ऐतिहासिक संकेत को बड़ी मोहक शैली में प्रस्तुत करते हैं। इनमें उर्वशी तो स्वयं ही अप्सरा है और शकुन्तला है अप्सरा-कन्या।

पुराणों से लेकर लोक कथाओं तक के [illegible] संस्कारों के कारण अप्सरा शब्द हमारी सहज कल्पना में एक मोह-वीणा की तरह बजने लगता है और काम प्रलोभन का एक वातावरण इसमें मन में रच देता है। लोक साहित्य में आजकल ज्यादातर अप्सरा की [illegible] बात 'परी' ही आती है। परियां सद्‌असद्‌, अच्छी-बुरी दोनों किस्म की होती हैं। तो भी उनकी महिमा दिव्य लोक विहारिणी अप्सरा से नीचे है। [illegible] हिन्दुस्तान (उर्दू) तथा सिर पर बड़ा भारी जूड़ा बांधे 'भूतिनी' (जूड़ाधारिणी) की तुलना में वे ऊपर की [illegible] जाती हैं। ले देकर परी अप्सरा के [illegible] है और यह कल्पना ही कल्पना है जबकि अप्सरा [illegible] देवी जाति है, अपदेवता नहीं। [illegible] किन्नर-गंधर्व की तरह भारतीय इतिहास की एक विस्मृत कड़ी है, ज्ञान-[illegible] कल्पना नहीं है। यह अप्सरा एक ऐतिहासिक वास्तविकता का अतिशय अलंकृत रूप है और पुराणों की कुंदनी-अंगराग और सलमे सितारे से इतना अधिक इसे अलंकृत कर दिया गया है कि इसकी मानवीयता पहचानी ही नहीं जाती। तथ्य तो यह है कि अप्सराएं भारतीय इतिहास की कल्पित नहीं जीवंत मातृकाएं हैं। मेरा तात्पर्य अप्सरा शक्तियों और अप्सरा पीठ की उन मानवी प्रतिनिधियों से है जो इतिहास के आदिम काल में जीवित नारियां थीं और आदिम आर्य को उत्तर कुरु तथा हिमालय के पुष्पाच्छादित अंचलों में मिली थीं। भारतीय साहित्य में अप्सरा का वर्णन कुछ इस तरह से हुआ है कि वह जब कभी सम्मुख आती है तो अपने दिव्य रूप और काम प्रलोभन को ही लेकर आती है। अप्सरा उतरी मानो भगवती कृपा ही मंद पग उतरी और जल-थल पर, हृदय पर, जहां भी उसके चरण पड़े वहां-वहां अरुण वर्ण जलजात खिल उठे। अप्सरा उतरी मानो दूध-धवल चांदनी में स्नान करा गयी। अप्सरा उतरी मानो दसों दिशाओं में विह्वल-विकल बांसुरी बज उठी। काम भाव की सारी मनोस्थितियों से जुड़ी है यह अप्सरा। इसके नाम में ही इसकी प्रकृति का संकेत मिलता है। अप से 'सरित', यानी संचरण करती हुई निकलती हुई, किसी जलचर हंस की तरह या जल से निकलती हुई, उत्पन्न हुई जलजात कमल की तरह। प्रसिद्ध भाषा वैज्ञानिक डॉ. सुकुमार सेन ने इसका अर्थ किया है, जलधारा की भांति सरकती या प्रवाहित होती हुई। 'वेदों में 'सृ' धातु का अर्थ तैरना या संचरण करना नहीं था। उस समय 'सृ' धातु का अर्थ होता था, प्रवाहित होना और यह अर्थ पकड़ने पर 'अप्सरा' का अर्थ नदी या जल धारा ही होता है। (डॉ. सुकुमार सेन, अमृत दुर्गा पूजा 1983 के विशेषांक में) चाहे जो अर्थ लें, परन्तु सारे अर्थों में यह नदी-जल से जुड़ी सत्ता है। नदी और अप्सरा की प्रकृति में साम्य भी है। नदी अर्थात् जलवती, रसवती, सोमवती। नदी किसी ग्राम, देश या कूल से बंधकर नहीं रहती। वह जन-जन की तृषा बुझाती है। वह किसी रसोई घर की कठलौई या चलपात्र में कैद कर के नहीं रखी जा सकती। नदी राजा का स्वर्ण कलश और गरीब का मृत्तिका घट दोनों को भरती है। बस, पास पहुंच जाना चाहिए और किनारे से उतरकर अवगाहन करने का साहस हो जाना चाहिए। नदी की कोई जात-पात नहीं। अतः यदि कोई ललित निबंधकार या कवि नदी की ओर तृषित लोचनों से देखते हुए कह बैठे, नदी! तुम अप्सरा हो, तो वह गलत नहीं, तथ्य का गाढ़ ही बोल रहा है, क्योंकि अप्सरा में नदी के ये सारे गुण विद्यमान हैं। नदी पार्वती की बहन है तो अप्सरा सागर संभवा लक्ष्मी और अमृत की सहोदरा है। तो भी नदी और अप्सरा में कुछ भेद है अवश्य। नदी अपने सारे-सारे मुक्त विचरण के बावजूद दोनों तटों या कूलों के बीच अनुशासित रहती है क्योंकि है तो वह महासती पार्वती की ही बहन। परन्तु अप्सरा चंचला लक्ष्मी की सहोदरा होने के कारण 'अ-कूल' और 'अकुल' रहती है। वह किसी मर्यादा के नियमों से बंधी नहीं चलती। वह मनुष्य लोक की नहीं दिव्य लोक की निवासिनी है। इसकी सहोदरा लक्ष्मी को घर में तथा इसके भाई अमृत को घट में बांधकर नहीं रख सकता है जो देवता हो या दैत्य प्रकृति का ही तरह लक्ष्मी और अमृत को घर और घट में बांधकर रखे। यदि वह नारी के जोर से ऐसा करता है तो अमृत वारुणी बन जायेगा और लक्ष्मी खूंखार कालिका। इसीलिए अप्सरा, लक्ष्मी और अमृत देवलोक की सत्ताएं हैं। अवश्य ही अप्सरा बार-बार इस मृत लोक में लोभी लालची मनुष्यों और उद्योग तापसों के बीच उतरती है और उनकी अंतः प्रकृति के अनुसार भूमिका लेती है। परन्तु धरती उसे बांधकर रख नहीं पाती। वह अपनी भूमिका निभाकर पुनः लौट जाती है : गंधर्व लोक को जो देव लोक का ही कत्थक टोला है। परन्तु यह सब पुराणों की कवि कल्पनाएं हैं। आधुनिक विद्वान कुछ और ही कहते हैं। उनका कहना है कि ये मिथकीय दिव्य नारियां वस्तुतः आर्येतर कुल कन्याएं या 'वृन्द कन्याएं' हैं। जो 'थान' के देवता का प्रतीक और उसकी मुख्य पुजारिणी होती थीं। पुराणों की भाषा में मानव और देवता का अर्थ आर्य मानव ही है। शेष आर्येतर मानवी के मिथकीय प्रारूप हैं : यक्ष, असुर, नाग, किन्नर, गंधर्व आदि। ये मानवी 'कुल-कन्याएं' अपने प्रेमी आर्य पुरुषों को भावातिरेक के कारण मनोमयी दिव्य सत्ता लगी होंगी। यदि यह सत्य है तो पुरुरवा की उर्वशी और दुष्यन्त की शकुन्तला भारतीय संस्कृति की आर्येतर योनि 'अर्थात्' मातृकुल की प्रतीक है। द्वापरकालीन भारत की सांस्कृतिक योनि तो आर्येतर ही है।

आधुनिक भारतीय संस्कृति उस महाभारतीय संस्कृति या महाभारतीय द्वापरकालीन संस्कृति की ही सीधे-सीधे उत्तराधिकारिणी है।

वैसे तो माना जाता है कि गंधर्व गणों की नारियां ही अप्सरा होती हैं। ये गंधर्वगण दैवी शक्ति से सम्पन्न होते थे। इसके मुख्य देवता थे कंदर्प या काम। 'काम' शब्द तो 'कं' के ही आकार युक्त रूप 'कां' का विकसित रूप लगता है। 'गं' और 'कं' दोनों शब्दों का अर्थ होता है 'जलधारा' और वस्तुतः दोनों एक ही किरात, निषाद 'ध्वनिग्राम' के विवर्तन हैं तथा अप्सरा का अर्थ भी ले सकते हैं। अथर्ववेद में गंधर्व को 'गां गांवाणी धारयति' कहकर परिभाषित किया गया है। 'गां' का अर्थ यहां 'वाक्' लाया जाता है। 'गां' का अर्थ नदी और 'वाक्' दोनों होता है 'सरस्वती' की तरह। वस्तुतः नदी के सारे वैदिक पर्याय 'वाक्' यानी 'सरस्वती' के पर्याय हैं। गंधर्व अप्सराओं को धारण करते हैं 'अर्थात् साथ रखते हैं तथा सरस्वती के 'संगीत' रूप को भी। वस्तुतः सरस्वती भी मूल रूप में लक्ष्मी और गंगा यमुना की तरह आदि लोक धर्म की 'अप्सरा' ही रही होंगी। सरस्वती का वाहन हंस, लक्ष्मी का आसन कमल, गंगा का वाहन मकर और यमुना का कच्छप, ये सभी के सभी या तो जलचर हैं अथवा जलजात। ये सभी 'अप्' तत्व से जुड़े हैं। ये सबकी सब आदिम लोक धर्म की (चाहे आर्य लोकधर्म हो या आर्येतर लोकधर्म अप्सरा ही रही होंगी। बाद में पौराणिक चिन्ता के वि[illegible] के साथ-साथ इनका उन्नयन हुआ होगा। एक समय रहा होगा जबकि नदी और जलाशयों की देवियों के रूप में ये अप्सराएं लोकधर्म में प्रतिष्ठित रही होंगी। प्रत्येक अप्सरा पीठ या 'थान' पर उसकी मानवी प्रतिनिधि रहती होगी। उस थान की मुख्य पुजारिणी 'कन्या' जिन्हें 'कुल कन्या' कहते थे और हमारे आदिम नायकों की प्रेमिकाएं थे उन दिव्य भावसत्ताओं के मानवी प्रारूप ही रही होंगी। यही कारण है कि एक ही उर्वशी या एक ही रम्भा सतयुग, त्रेता, द्वापर तीनों युग में मौजूद लगती है।

भारतीय इतिहास के प्रागैतिहासिक काल खण्ड में उपस्थित जातियां, देवता, असुर, यक्ष और किन्नर- गंधर्व- अप्सरा को हम क्रमशः इतिहास के आर्य, द्रविड़, निषाद और किरात का मनोमय रूप या अनुस्मृति बिम्ब मान सकते हैं। अवश्य ही किन्नर, गंधर्व, अप्सरा संभवतः विशुद्ध किरात न होकर मिश्रित आर्य-किरात या निषाद-किरात (किन्नर, किम्पुरुष) भी हो सकते हैं। आर्य-द्रविड़ संस्कृतियां तो भारत भूमि में शुरू से ही मिश्रित रूप में मौजूद हैं। आर्यों के सर्वश्रेष्ठ देवता इन्द्र की शची ही असुर कन्या है। भारत में आर्य-द्रविड़ संघर्ष से पूर्व ही एक संघर्ष और घटित हो चुका था। इन दोनों नस्लों में सीरआमू की घाटी में वंक्षु की उपत्यका में और वर्तमान ख्वारेज्म प्रदेश में (राहुल, मध्य एशिया का इतिहास) भारतीय आर्य भारत में प्रवेश के पूर्व ही घटने की प्रक्रिया में आ गया था। पुराणों में वर्णित देवता और असुर इसी विमिश्र आर्य-द्रविड़ उत्तराधिकार की अनुस्मृतियां हैं।

गंधर्व भूमि वर्तमान गांधार तक ही सीमित न होकर समस्त उत्तर कुरु तथा हिमाचल तक फैली थी। इसी भूमि में आर्यिक कन्याओं का भी निवास हो गया था। इसी आर्यिक आर्य के लोकधर्म की किसी उर्वशी (जो उषा-शक्ति की प्रतिरूप भी थी) लोक देवता का स्थान बदरी वन में था और जीवित उर्वशी इसी स्थान या पीठ की 'कुल कन्या' होगी। बदरी वन का दूसरा नाम देविका वन और तंत्र ग्रंथों के अनुसार इसकी अधिष्ठात्री है उर्वशी। यह उर्वशी 'देवी' है जैसे ऊषा रात्रि और श्री देवियां हैं, नहीं बल्कि उससे ही इस लोकायत धर्म की देविका (लघु देवी) है। इसी उर्वशी पीठ की किसी 'कुलकन्या' या 'वृन्दकन्या' से जो गन्धर्वों के संरक्षण में था पैदा था ऐलपुरुरवा। उससे जन्म हुआ 'आयु' का। आयु के ही वंश में उत्पन्न हुआ था दुष्यन्त जो किसी अप्सरा से नहीं बल्कि अप्सरा की बेटी शकुन्तला से प्रणयबद्ध हो गया और इस प्रकार उत्पन्न हुआ कुरुकुल का पूर्वज राजर्षि भरत। प्रसिद्ध युधिष्ठिर, भीमार्जुन आदि वीर इसी के वंशज थे और उन्हें महाभारत में भारत विशेषणों से सम्बोधित किया गया है। यही नहीं इस वंश के आदि पुरुष ईल की कथा में भी कुछ ऐसे ही विमिश्रण का संकेत है। राजा ईल हिमालय भूमि में मृगया करने गया। वहां एक ऐसे वन में जा फंसा जहां रास्ता ही भटक गया। वह जा पहुंचा चन्द्रमा पूजक जनजातियों (निषाद या यक्ष) के किसी भगवती पीठ पर जहां पर पुरुष का अनुप्रवेश वर्जित था। ईल को वहां की पुजारिणी कुल कन्याओं ने नारी वेश में बांधकर रखा और कुछ दिन बाद ईल को भी वहीं मौज मिलने लगी। फिर तो वह छह मास नारी वेश में वहां पर रहता था और छह मास पुरुष वेश में आर्यावर्त में राजा बनकर रहता था। इसी प्रदेश में उसे संभवतः किसी कुल कन्या से एक सन्तान हुई पुरुरवा जिसे घोषित रूप में कहा गया कि यह नारी वेशधारी राजा ईल की सन्तान है इसका पिता मनुपुत्र ईल है चन्द्रपुत्र बुध। इस प्रकार ऐल पुरुरवा चन्द्रवंश की प्रथम सन्तान हुआ। वस्तुतः चन्द्र शक्ति को भगवती के रूप में पूजने वाली जनजातियों की किसी पीठाश्रित कन्या तथा आर्य पुरुष की सन्तान था पुरुरवा। परन्तु आर्यों में चन्द्र था पुलिंग देवता, अतः ईल को ही इला घोषित करके उपर्युक्त मिथ की रचना हो गयी।

द्वापर युग विष्णु के सोम रूप का अवतरण काल है। यह विष्णु का स्मर रूप है। इस युग में इच्छा शक्ति या काम शक्ति जिसका बीज मंत्र है 'क्लीं', पूरे इतिहास में महासमन्वय की प्रेरक शक्ति के रूप में सक्रिय थी। बार-बार आर्येतर संस्कृति प्रेमिका का मोहक बाना धारण कर आती है और पुरुष आर्य को अपने गर्म-गर्म प्रेमपाश में बांधती है। फल होता है रक्तवीर्य के मिश्रण के साथ-साथ मन और संस्कारों का मिश्रण। इसी मिश्रण की महागाथा रचते हैं पुराण और महाभारत। महाभारत हमारे प्राकृइतिहास और 'इतिहास' के बीच की कड़ी है। इसी मध्यान्तर काल खण्ड में हमारे इतिहास का यथार्थ प्रसवित हुआ है। त्रेता संस्कृति हमारा आदर्श है तो द्वापर संस्कृति हमारा यथार्थ, ऐसा भारत के विद्वान समवेत कण्ठ से स्वीकारते हैं।

मनुष्यों और अप्सराओं की इन प्रेम कथाओं में भारत के समूह मन में निरन्तर लीला करती हुई इच्छा शक्ति या 'क्लीं' का ही खेल व्यक्त हो रहा है। यह इच्छा शक्ति ही भारतीय जाति के महासमन्वय के मूल में है। **कालीदास सही अर्थ में राष्ट्रीय कवि इसलिए भी हैं कि इस महासमन्वय के दो केन्द्रीय आख्यानों को उन्होंने अपने नाटकों का विषय बनाया है। उनके ये दोनों नाटक 'विक्रमोर्वशीयम्' और 'शाकुन्तलम्' भारतीयता के जन्म रहस्य का उद्‌घाटन करते हैं। इन नाटकों का विषय ही है भारतीयता की प्रसव-कथा।**

(लेखक की शीघ्र प्रकाश्य पुस्तक 'उत्तर कुरु' से)

निर्बन्ध

बिस्मिल की आत्म कथा

जी.पी.नागर

उन्नीस दिसम्बर, 1927 को वन्दे मातरम् तथा 'भारत माता की जय' कहते हुए रामप्रसाद बिस्मिल फांसी के तख्ते की ओर बढ़े, चलते समय वह कह रहे थे—

मालिक तेरी रज़ा रहे
और तू ही तू रहे,
बाकी न मैं रहूं,
न मेरी आरजू रहे।
जब तक तन में जान,
रगों में लहू रहे,
तेरा ही जिक्र या
तेरी ही जुस्तजू रहे।

इसके बाद उन्होंने अंग्रेजी में कहा:

मैं ब्रिटिश साम्राज्य का विनाश चाहता हूं। फिर वह तख्ते पर चढ़े और एक मंत्र का जाप करते हुए फंदे से झूल गये।

बिस्मिल का जन्म सन् 1897 में तथा मृत्यु सन् 1927 में हुई। इन तीस सालों में से उन्होंने ग्यारह वर्ष क्रांतिकारी कार्यों में व्यतीत किये। किन्तु इस आयु में ही उनकी बुद्धि परिपक्व हो चुकी थी। कांग्रेस ने तो सन् 1929 के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज्य का जो नारा दिया वह बिस्मिल अपनी आत्मकथा में सन् 1927 में ही दे चुके थे। कांग्रेस ने आवडी अधिवेशन में समाजवादी ढांचे के समाज को अपना लक्ष्य करार दिया जबकि बिस्मिल जिस हिन्दुस्तानी रिपब्लिक एसोसिएशन के नेताओं में से एक थे उसके संविधान में यह लक्ष्य इन्हीं शब्दों में वर्णित था।

भाषा तथा भाव की दृष्टि से बिस्मिल की आत्मकथा एक अनूठी कृति है। हिन्दी साहित्य में ऐसी कोई अन्य कृति नहीं है। बनारसीदास चतुर्वेदी ने इसकी तुलना जूलियस फ्यूचिक की पुस्तक 'फांसी के तख्ते से' के साथ की है। शहीद फ्यूचिक ने भी अपने ये नोट्स अपनी काल कोठरी में अधिकारियों की नजर बचाकर कागज के टुकड़ों पर पैन्सिल से लिखकर एक पहरेदार के हाथों जेल से बाहर भेजे थे। इस घटना से 17 वर्ष पूर्व बिस्मिल ने अपनी फांसी की कोठरी में अपनी आत्मकथा रजिस्टर के आकार के कागजों पर पैन्सिल से लिखी थी। इन कागजों को उन्होंने एक सहृदय जेल वार्डर के द्वारा गोरखपुर के कांग्रेसी नेता दशरथ प्रसाद द्विवेदी के पास भेजा। पूरी आत्मकथा तीन किश्तों में बाहर आई। अन्तिम किश्त तो बिस्मिल की फांसी के एक दिन पहले ही आई थी। बिस्मिल की यह आत्मकथा अन्त में गणेश शंकर विद्यार्थी के पास पहुंची, जिन्होंने उसका प्रकाशन किया। बिस्मिल ने जिस कोठरी में आत्मकथा को लिखा उसका वर्णन भी उन्हीं के शब्दों में प्रस्तुत है—

'सरकार की इच्छा है कि मुझे घोट-घोट कर मारे। इसी कारण इस गर्मी में साढ़े तीन माह बाद अपील की तिथि नियत की है। साढ़े तीन माह तक फांसी की कोठरी में मैं भूंजा गया। यह कोठरी पक्षी के पिंजरे से भी खराब है। मैदान में बनी है। किसी प्रकार की छाया नहीं है। प्रातःकाल आठ बजे से रात्रि के आठ बजे तक सूर्य देवता की कृपा से तथा रेतीली जमीन होने से अग्नि-वर्षा होता रहता है। नौ फुट लम्बी तथा 9 फुट चौड़ी इस कोठरी में केवल 6 फुट लम्बा तथा तथा 2 फुट चौड़ा द्वार है। पीछे की ओर भूमि के आठ या नौ फुट की ऊंचाई पर एक दो फुट लम्बी तथा एक फुट चौड़ी खिड़की है। इसी कोठरी में भोजन, स्नान, मल मूत्र त्याग तथा शयनादि होता है। मच्छर अपनी मधुर ध्वनि रात भर सुनाया करते हैं। बड़े यत्न से रात्रि में तीन अथवा चार घंटे निद्रा आती है। किसी किसी दिन एक-दो घंटे ही सोकर निर्वाह करना पड़ता है। मिट्टी के पात्रों में भोजन दिया जाता है। ओढ़ने बिछाने को दो कम्बल हैं। बड़े त्याग का जीवन है। साधना के सब साधन हैं। प्रत्येक क्षण शिक्षा दे रहा है- 'अन्तिम समय के लिए तैयार हो जाओ। परमात्मा का भजन करो।' 'मुझे तो इस कोठरी में बड़ा आनन्द आ रहा है इसमें यह सुयोग मिला कि अपनी कुछ अन्तिम बात लिखकर देशवासियों को अर्पण कर दूं। सम्भव है मेरे जीवन के अध्ययन से किसी आत्मा का भला हो जाये।'

अपनी पूज्य माताजी के विषय में लिखते हुए बिस्मिल की कलम ने कमाल ही कर दिया:

'इस संसार में मेरी केवल एक तृष्णा है। एक बार श्रद्धापूर्वक तुम्हारे चरणों की सेवा कर अपने जीवन को सार्थक बना लेता। किन्तु यह इच्छा पूर्ण होती दिखाई नहीं देती और तुमको मेरी मृत्यु का दुखपूर्ण संवाद सुनाया जाएगा। मां, मुझे विश्वास है कि तुम यह समझ कर धैर्य धारण करोगी कि तुम्हारा पुत्र माताओं की माता-भारत माता-की सेवा में अपने जीवन को बलि वेदी को भेंट कर गया तथा उसने तुम्हारी कोख को कलंकित नहीं किया। अपनी प्रतिज्ञा में दृढ़ रहा। जब स्वाधीन भारत का इतिहास लिखा जाएगा तब उसके किसी भी पृष्ठ पर उज्ज्वल अक्षरों में तुम्हारा भी नाम लिखा जाएगा। जन्मदात्री, वर दो कि अन्तिम समय भी मेरा हृदय किसी प्रकार विचलित नहीं हो।'

वास्तव में बिस्मिल की माता ने अपूर्व धैर्य का परिचय दिया। उनकी फांसी के एक दिन पहले क्रांतिकारी शिव वर्मा तथा अपने पति के साथ वह बिस्मिल से मिलने गईं। उनको देखकर बिस्मिल रो पड़े, किन्तु उनकी माता की आंखों में आंसू नहीं थे। वे ऊंचे स्वर में बोलीं—

'मैं तो समझती थी कि मेरा बेटा बहादुर है जिसके नाम से अंग्रेज सरकार भी कांपती है। मुझे नहीं पता था कि वह मौत से डरता है। यदि तुम्हें रोकर ही मरना था तो व्यर्थ इस काम में आये।' बिस्मिल ने आश्वासन दिया। आंसू मौत के डर के नहीं बल्कि मां के प्रति मोह के थे।

आत्मकथा में बिस्मिल ने जो कुछ भी लिखा है अपने सीने के खून से लिखा है। कहीं कहीं तो उनका गद्य उच्च कोटि के काव्य की सीमा तक पहुंच जाता है।

बिस्मिल की आत्मकथा में स्पष्टवादिता है। अपने संगठन की त्रुटियों का उल्लेख है, साथियों की खरी आलोचना है। भविष्य के लिए सलाह है कि किसान तथा मजदूरों को संगठित कर जमींदारों तथा पूंजीपतियों के शोषण को समाप्त कर समाजवादी समाज की स्थापना की जाये।

आत्मकथा के पठन से, बिस्मिल की निर्भीकता, दृढ़ता, लगन तथा नेतृत्व का प्रभाव पड़ता है, वहां उनके मनुष्यत्व ने भी गहरी छाप छोड़ी है। वह विश्वासघात करके आसानी से जेल से भाग सकते थे किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने भागने के अनेक अवसरों को जान बूझकर छोड़ दिया।

किश्तों में बाहर आईं। अन्तिम किश्त तो बिस्मिल की फांसी के एक दिन पहले ही आई थी। बिस्मिल की यह आत्मकथा अन्त में गणेश शंकर विद्यार्थी के पास पहुंची, जिन्होंने उसका प्रकाशन किया। बिस्मिल ने जिस कोठरी में आत्मकथा को लिखा उसका वर्णन भी उन्हीं के शब्दों में प्रस्तुत है—

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...टक होली के
जाते हैं, जिनमें
विदेशी ही होते

'होली' के नाम
यह पर्व बंगाल
नाम से मनाया
...तिनिकेतन' में
'वसंत उत्सव'।
...रिकल्पना स्वयं
की थी। शांति
...विद्यालय होने
...त्सव' में किसी
...जक अश्लीलता
होती, बल्कि
...ाह्लाद को मन
तक पहुंचकर
...शेष बल दिया

...रे वाली साड़ी
...र सफेद धोती-
पर केसरिया
...यं में वसंत को
जीते हुए नाचते-गाते हैं। फूलों से बने आभूषण और जगह-जगह रखे फूलों के गुच्छे संपूर्ण वातावरण को एक अजीव आकर्षक सुगंध से भर देते हैं। परंपरागत गीतों-नृत्यों के अलावा रवींद्र संगीत, लोक-नृत्य आदि की भी खूब बहार उड़ती है।

'वसंत उत्सव' के दौरान नृत्य-संगीत का घंटों चलने वाला कार्यक्रम अब हालांकि एक शामियाने के तले होता है और हजारों दर्शक खुले मैदान में खड़े होकर इस उत्सव में शरीक होते हैं, पर गुरुदेव के

आने वाले वर्ष में आप काफी परिवर्तन करना चाहेंगे। नये कार्य का शुभारंभ भी कर सकते हैं। निर्यात-आयात से जुड़े हैं, तो अच्छा लाभ अर्जित करने की संभावना है।

आर्थिक दृष्टि से वर्ष अच्छा है। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक स्तर पर सुख समृद्धि बढ़ेगी। परिजनों पर खुलकर खर्च करेंगे और आमोद-प्रमोद पर व्यय बढ़ने लगेगा। परिवार में विवाह या शिशु जन्म हो सकता है।

अप्रैल का माह बहुत अच्छा नहीं है। अतः महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पूर्व अपने निर्णयों का पूर्वावलोकन अवश्य कर लें। तात्कालिक रूप से आर्थिक कठिनाइयां पेश आ सकती हैं। परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। स्वंय के स्वास्थ्य की ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। मई-जून-जुलाई के माह अच्छे परिणाम प्रदान करेंगे। रोजी-रोजगार प्राप्त करने की दिशा में किये गये प्रयास सफल सिद्ध होंगे। वर्तमान नौकरी में पदोन्नति होने की संभावना है। यदि अन्यत्र नौकरी ढूंढ रहे हैं तो प्रयास बढ़ायें, सफलता मिलेगी। व्यापार की दृष्टि से उक्तावधि अनुकूल है। वर्तमान व्यवसाय में बढ़ोतरी और नये कार्य का शुभारंभ भी कर सकते हैं। अधिकारियों, सहयोगियों के साथ अच्छा तालमेल रहेगा। यदि बैंक या किसी वित्त संस्थान से ऋण लेना चाह रहे हैं, तो आपको सफलता प्राप्त होगी। रचनात्मक कार्यों से जुड़े हैं, तो अपनी गतिविधियों में प्रगाढ़ता लायें, सफलता आपके साथ रहेगी।

अगस्त का महीना प्रतिकूल है। बनते कार्यों में व्यवधान देखने को मिलेंगे। व्यर्थ के झगड़े-झंझट खड़े हो सकते हैं। व्यय की अधिकता भी बढ़ने लगेगी। पूंजी निवेश सम्बन्धी निर्णय भी इस अवधि में नहीं लेने चाहिए। किसी आपसी जन का व्यवहार मानसिक वेदना प्रदान कर सकता है। सितम्बर-अक्टूबर-नवम्बर के माह आपको बहुत अच्छे परिणाम देंगे। स्वयं की सूझबूझ से लिये गये परिणाम दूरगामी फल देने में सहायक सिद्ध होंगे। धन की दृष्टि से समय अच्छा है। आय का कोई अतिरिक्त स्रोत भी प्राप्त हो सकता है। जमीन-जायदाद, वाहन का क्रय कर सकते हैं। परिवार की भौतिक सुख-सुविधाओं पर भी व्यय का योग बन रहा है। परिवार में कोई मंगल कार्य भी सम्पन्न होगा। आपके संपर्क क्षेत्र में वृद्धि होगी और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ भी मेलजोल बढ़ेगा। निकटस्थ स्थान की यात्रा हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी।

दिसम्बर का महीना मिले-जुले परिणाम प्रदान करेगा। सहज कार्यों को करने के लिए भी अत्यधिक प्रयत्न करने पड़ेंगे। जोखिम उठाने से हानि हो सकती है, अतः ध्यान रखें। दुर्घटना के प्रति भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। जनवरी-फरवरी-मार्च के महीने अच्छे व्यतीत होंगे। पूर्व में आये गतिरोधों का अंत होगा। लेखन, साहत्यि, कला आदि से जुड़े हैं तो स्वयं को प्रतिष्ठित करने में सफल रहेंगे। पैतृक सम्पत्ति सम्बन्धी कोई मामला कोर्ट में विचाराधीन है तो वह आपके पक्ष में सम्पन्न हो जाएगा। विरोधियों के षड्यंत्र आपके खिलाफ असफल रहेंगे। कार्य क्षेत्र से जुड़ी हुई समस्याएं नियंत्रण में आने लगेंगी और आपके प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी। पारिवारिक सुख समृद्धि बनी रहेगी और संतान पक्ष की ओर से सुख प्राप्त होगा। अप्रत्याशित रूप से यात्रा कर सकते हैं, जो लाभदायक रहेगी।

• अजय भाम्बी

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



मिलि खेलत फाग
बढ़ यौं अनुराग
सुराग सनी
सुख की रमकै।
कर कुंकुम लै
करि कंजमुखी
प्रिय के दृग
लावन को धमकै।

◦ रसखान

कम्प्यूटर से चित्रित मनु पारेख की पेंटिंग

...-डैक संस्थान में इसका तेजी से विकास होता आ रहा है। इस ...शन जिस्ट टेक्नालाजी ने भारतीय लिपियों-भाषाओं में ...म्प्यूटर-कार्य करने के लिए और भी कई महत्वपूर्ण साधन ...कसित किये हैं। विभिन्न भारतीय लिपियों में, और कुछ विदेशी लिपियों में भी, कार्य करने के लिए कार्ड बनाए हैं, शब्द-संशोधन के लिए स्पेल-चेकर तैयार किए हैं, इलेक्ट्रॉनिक शब्दकोश बन रहे हैं, डेस्क टॉप पब्लिशिंग के लिए देवनागरी तथा अन्य कुछ लिपियों के खूबसूरत फांट बनवाए हैं, शब्द-संसाधन के लिए कई किस्म के पैकेजेज उपलब्ध हुए हैं।

कम्प्यूटर का प्रयोग करने में लेखक के लिए अनेक सुविधाएं हैं। वह शब्दों को, वाक्यों को, मनमर्जी से बदल सकता है, स्थानांतरित कर सकता है। वह अपने लेखन को संशोधित व संपादित कर सकता है, कम्प्यूटर से जुड़े टेलीप्रिंटर से उसकी प्रतियां प्राप्त कर सकता है, भविष्य के उपयोग के लिए कम्प्यूटर के स्मृति-भंडार में उसे सुरक्षित रख सकता है, फ्लापी पर उतारकर उसे दूसरे स्थान पर भेज सकता है।

सारांश यह कि भारतीय भाषाओं के शब्द-संसाधन के लिए वे सभी उन्नत साधन उपलब्ध होने जा रहे हैं, जो कि अंग्रेजी के लिए उपलब्ध हैं। ये कम्प्यूटर-साधन लिपि, भाषा और लेखन-कर्म को निश्चय ही काफी प्रभावित करेंगे।

कम्प्यूटर का प्रयोग करने में लेखक के लिए अनेक सुविधाएं हैं। वह शब्दों को, वाक्यों को, मनमर्जी से बदल सकता है, स्थानांतरित कर सकता है। वह अपने लेखन को संशोधित व संपादित कर सकता है, कम्प्यूटर से जुड़े टेलीप्रिंटर से उसकी प्रतियां प्राप्त कर सकता है, भविष्य के उपयोग के लिए कम्प्यूटर के स्मृति-भंडार में उसे सुरक्षित रख सकता है, फ्लापी पर उतारकर उसे दूसरे स्थान पर भेज सकता है।

कई चित्रकार भी अब कम्प्यूटरों का उपयोग करने लगे हैं, हालांकि वे स्वीकार करते हैं कि यह साधन उनके सृजन को बेहतर नहीं बनाता, मगर लेखन-कर्म की बात निराली है, कम्प्यूटर लेखन-कार्य में निखार पैदा करता है, लेखक को अधिक समर्थ बनाता है। आधुनिक पत्रकारिता के लिए तो कम्प्यूटर उसी तरह

पृष्ठ 5 पर जारी

...शकर
...टे दांतों पर.

...भी सोने से पहले
...था कि यहां उसने
...ने लगे... उसके

और कीटाणुओं के हमले से आपके दांतों को बचाए रखता है.

ताकि आपके दांत रहें मज़बूत और स्वस्थ.

...होता है. जैसे ही
...काम बंद कर देता
...हैं.
...जो ब्रश करने के



अपनी लाड़ली के दांत नये पेप्सोडेंट जर्मी-चेक से ब्रश करवाइए...

...युक्त एकमात्र

और अपनी नन्ही राजकुमारी को चैन की नींद सुलाइए.



...रहे ... ब्रश करने के घंटों बाद भी.

LINTAS HLL PEP 201 258 HI

ओड़िया कविता

रमाकांत रथ की दो कविताएं

रमाकांत रथ ओड़िया के अत्यंत महत्वपूर्ण कवियों में हैं। परंपरा और आधुनिक दृष्टि का अनोखा मेल उनकी कविता में है। एक गतितत्व भी है। उनकी कविता सूक्ष्म-संवेदनों के लिए खासतौर पर पहचानी जाती है। हाल ही में उन्हें के.के. बिड़ला फाउंडेशन का 'सरस्वती सम्मान' प्राप्त हुआ है और पिछले दिनों ही वह साहित्य अकादेमी के उपाध्यक्ष चुने गए हैं। यहाँ प्रस्तुत हैं उनकी दो कविताएँ।

प्रेम पत्र

अब असंभव है तुम्हें चिट्ठी लिख पाना
चाहता हूँ कितना खोलूँ खिड़की

जी भरकर पीऊँ समुद्र-पवन
फिर बैठूँ लिखने जो दुनिया का
सबसे आवेगपूर्ण प्रेम पत्र हो और उसका हर पैराग्राफ
वर्णन करे एक सुवासित स्वप्न
उस स्वप्न के कुछ-कुछ आलोकित गलियारों से
मैं तुम्हारे होने की जगह जाता
वह चिट्ठी पढ़ने के बाद
मैं जानता हूँ तुम समझ जाती

मृत्यु का शीतल दुर्ग तोड़ने का जादू
मेरी साँसों में सारी ऋतुएँ स्थित हैं,
जाड़े की रात में ढूँढोगी यदि बेला
वह मिलेगा मेरे आत्म समर्पण में।

किंतु असंभव है अब
तुम्हें चिट्ठी लिख पाना,
केवल स्वप्न में अथवा
स्वप्न-सा निरर्थक लगने में
तुम दिखोगी, जब आँखें
खुली होंगी और अंग प्रत्यंग
मेरी सचेत इच्छानुसार चलेंगे
तुम बनोगी इतिहास,
एक प्रागैतिहासिक शहर
जो दब गया समुद्र तले और
जिसकी बिखरी एकाध ईंटें
पड़ जाएँगी किसी दर्शक की दृष्टि में।

मैं भी बदल गया काफी।
मैंने तुम्हें खोया या खोया
मेरे जैसा दिखनेवाले मेरे अन्य रूप ने?
उसकी आवाज मेरी आवाज-सी थी
जबकि उसमें थी शीतलता, प्रच्छन्न, विद्रूप।

वह रूप मैं होऊँ या वह हो
मेरी आत्मा के छुपे अंगार से बनी
एक प्रतिमूर्ति,
मेरा नाम आज उसका नाम है
उसे मिलेगी आज दुनिया भर की सहानुभूति,
मैं अंधेरी रात में
एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ तक चलता रहूँगा,
पूरा आकाश भरा होगा तारों से
न जाने कितनी दूर
और किस समयांत में
मैं बनूंगा वह पत्र-लेखक
कई देहांत के बाद
जिसकी इतर सत्ताएँ मर जाएँगी,
निर्मल अतीत के साथ एकाकार होगा
शून्य भविष्य।

मुझे लगता है
शुरू हो गया है मेरा देहांत
झरने के कल-कल बहते शब्दों में
संभावना निमंत्रण कुछ भी नहीं है, सिर्फ
एक शरीर के ध्वस्त होने के बाद का
विलाप सुनाई देता है और
मेरे प्रेमपत्र की भाषा भी
सुनाई देती है अस्पष्ट स्वरों में।

यशोदा

तुझे मैं सुला लूंगी
अपनी छाती के कंटीले वन में,
उलझे बालों को तेरे
सँवार दूंगी,
रेगिस्तानों की हवा से
पहना दूंगी तुझे
समुद्र और पूरा आसमान
खेलने को दूंगी तुझे
निर्वासितों की उँसासें।

चले जाएंगे हम दोनों
एक रोग-शून्य जगह,
जहाँ बच्चे खेलते होंगे
अस्पताल के खाली कमरों में
जहाँ मेरा भाग्यफल
अलग होगा और
तेरा भाग्यफल होगा
हर रोज बँधा
मेरे आँचल से।

यहाँ तेरी ढुंढाई होती है
आँसुओं और आसक्ति भरी धुंध में,
तू तो बैठा मुस्कुरा रहा है
इतनी बड़ी लहर पर
कोई देख नहीं पाता,
रोते-रोते सूज जाता है मुंह
सभी देखते हैं
केवल गाय के झुंड को लौटते
उसके पीछे एक शून्य स्थान।

मैं तुझे देखती हूँ साफ-साफ
आग-सा दिखता है लप-लप
मेरे पागलपन का अति मनोरम स्वप्न
रात भर दिन भर दिखता रहे
तू तो एक नीलकंठ है
बैठा है मैदान के पेड़ पर
कोटि कोटि हैं रूप तेरे,
एक से बढ़कर एक सुंदरता में।

यहाँ के लिए कोई रास्ता-घाट नहीं,
फिर भी
मैं कैसे आई यहाँ?
यहाँ पृथ्वी के सारे लोग, सारे पशु-पक्षी
मेरे और तेरे अंदर हैं,
सारी नदियाँ, पेड़ और पर्वत
बन गए केवल एक नदी, पेड़ पर्वत
विश्राम कर रही हूँ मैं उस पेड़ तले
तुझे चिपकाए अपनी गीली छाती से
गा रही हूँ गीत तेरे लिए,
पर नहीं जानती
वह गीत सुनाई दे रहा है मेरे स्वर में या
मेरे बेटे के स्वर में।

अनुवाद : राजेंद्रप्रसाद मिश्र

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मूल्य-एक रुपया

75565 दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी

सदस्य सं०

अवधि

विभाग/ब्रांच

घर के पते की पुष्टि के लिए अपना राशन कार्ड साथ लाइए

सदस्यता आवेदन पत्र

श्री/~~श्रीमती/कु०~~ चेतन पाण्डेय नाम पिता/~~पति~~ लीलाधर पाण्डेय

आयु २०४+ व्यवसाय छात्र पद

शिक्षा २० उत्तीर्ण कक्षा तथा रोल नं० २०२; कब से सदस्य हैं

व्यवसाय/विद्यालय का पता केन्द्रिय विद्यालय नोएडा सै० २४

घर का पता २०१३/२४ नोएडा

स्थाई पता बाड़ी गाढ़, ग्राम भट कोट जिला अल्मोड़ा (उ०प्र०

मैंने लाइब्रेरी के नियम पढ़ लिये हैं तथा उनके पालन करने का वचन देता/देती हूँ।

नोट:-कृपया इस कार्ड को मोड़े नहीं

आवेदक के हस्ताक्षर (दिनांक सहित)

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

18 वर्ष तक की आयु के आवेदक के पिता/अभिभावक के लिए

आवेदक से सम्बन्ध मित्र पद ________ कार्यालय/व्यवसाय का पूरा पता

मैं लाइब्रेरी के नियमाधीन आवेदक के लिए उत्तरदायी हूँ।

अभिभावक के हस्ताक्षर

परिचायक के लिए

मैं आवेदक के हस्ताक्षर तथा अन्य विवरणों का सत्यापन करता हूं और लाइब्रेरी नियमाधीन सदस्यता के लिए सिफारिश करता हूं

पूरा नाम तथा पता

पद तथा मोहर

फोन नं०

हस्ताक्षर

एक/दो/तीन सदस्यता प्राप्त हुआ/हुए।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मूल्य-एक रुपया

7556/ दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी

सदस्य सं०

अवधि

विभाग/ब्रांच

घर के पते की पुष्टि के लिए अपना राशन कार्ड साथ लाइए

सदस्यता आवेदन पत्र

श्री/~~श्रीमती/कु०~~ चेतन पाण्डेय नाम पिता/पति लीला धर पाण्डेय

आयु १५+ व्यवसाय छात्र पद

शिक्षा ११ उत्तीर्ण कक्षा तथा रोल नं० १२ ; कब से सदस्य हैं

व्यवसाय/विद्यालय का पता कैम्ब्रिज विद्यालय, नोएडा से० २७

घर का पता १६३२/२७ नोएडा

स्थाई पता बाड़ी गाड़ ग्राम० भट कोट जिला अल्मोड़ा उ०प्र०

मैंने लाइब्रेरी के नियम पढ़ लिये हैं तथा उनके पालन करने का वचन देता/देती हूँ।

नोट:-कृपया इस कार्ड को मोड़े नहीं

आवेदक के हस्ताक्षर (दिनांक सहित)

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

18 वर्ष तक की आयु के आवेदक के पिता/अभिभावक के लिए

आवेदक से सम्बन्ध पिता पद निजी आवेदक कार्यालय/व्यवसाय का पूरा पता

मैं लाइब्रेरी के नियमाधीन आवेदक के लिए उत्तरदायी हूँ।

अभिभावक के हस्ताक्षर

परिचायक के लिए

मैं आवेदक के हस्ताक्षर तथा अन्य विवरणों का सत्यापन करता हूं और लाइब्रेरी नियमाधीन सदस्यता के लिए सिफारिश करता हूं

पूरा नाम तथा पता

पद तथा मोहर

फोन नं०

हस्ताक्षर

एक/दो/तीन सदस्यता प्राप्त हुआ/हुए।

कृष्ण-तत्व

जगदीश जोशी

वंशी विभूषित करान्नव नीरदाभात्
पीताम्बरादरुण-विम्ब-फलाधरोष्ठात्
पूर्णेन्दुसुन्दरमुखादरविन्द-नेत्रात्
कृष्णात्परं किमपि तत्व महं न जाने ।।

अद्वैत सिद्धि के प्रणेता मधुसूदन सरस्वती को कृष्ण का तत्व नहीं मालूम तभी तो सारा वर्णन करने के बाद निरूपाय होकर युग मनीषी तत्ववेत्ता कहता है कि कृष्ण का तत्व क्या है मैं भी नहीं जानता।

जरा गौर करिये, इस तत्व की सारी बारीकियों के साथ मामले की दुरुहता सामने आ जाती है। कृष्ण नाम पर प्रसिद्धि मिली यशोदा को। जन-मन में यशोदानंदन अधिक समीप है बजाय देवकी पुत्र के। वसुदेव के पुत्र होने से कृष्ण वासुदेव जरूर कहलाये, लेकिन नन्दलला अधिक प्रचलित है। सोलह हजार पटरानियों का मालिक गोपियों के महारास का एकमात्र अभिनेता और सूत्रधार दोनों है। रुक्मिणी, सत्यभामा, जाम्बवती, प्रतिष्ठित और वरिष्ठ महारानियां हैं, लेकिन तीन लोक का स्वामी राधा के चरणों का दास है। उसके अपने से पराया उसे अधिक नजदीक है। आत्म-विसर्जन का प्रतीक कृष्ण देवता हो या न हो, किन्तु लोक में समाहित अद्भुत शक्ति का सशक्त प्रतिबिम्ब है।

वैसे भी किसी देश के इतिहास को समझने के लिए पुराणों का अध्ययन जरूरी है। इतिहास एक इतिवृत्त है और पुराण भावनाओं के निरन्तर विकास का एक अजस्र प्रवाह। इतिहास पुलिनों में बांध कर चलने वाली लीला है, तो पुराण तरंगोद्वेलित आनन्द का महासागर। पुराणों से देश के जन का मानस परिलक्षित होता है। पुराणों का आख्यायिकायें सत्य हो या नहीं, लेकिन कल्पना जनमानस की भावना का सही प्रतिबिम्ब होती है।

इसी संदर्भ में देश के अग्रणी मौलिक विचारक डॉ. राममनोहर लोहिया ने कहा हैः

'मनुष्य की शारीरिक सीमा उसका चमड़ा और नख है। यह शारीरिक सीमा उसे अपना एक दोस्त, एक माँ, एक बाप, एक दर्शन वगैरह देती रहती है। किन्तु समय हमेशा इस सीमा के बाहर उछलने की कोशिश करता रहता है, मन ही के द्वारा उछल सकता है। कृष्ण उसी तत्व और महान प्रेम का नाम है, जो मन को प्रदत्त सीमाओं को उलाँघता, उलाँघता सब में मिला देता है, किसी को अलग नहीं रखता, क्योंकि कृष्ण तो घटनाक्रमों वाली मनुष्य लीला है, केवल सिद्धान्तों और तत्वों का विवेचन नहीं, इसलिये उसकी सभी चीजें अपनी ओर एक सीमा में न रहकर दो और निरापनी हो जाती है। यों दोनों में ही कृष्ण का तो निरापनाही है, किन्तु लीला के तौर पर अपनी माँ, बीबी और नगरी से पराई बढ़ गयी है। पराई को अपनी से बढ़ने देना भी तो एक मानी में अपने को खत्म करना है।'

लोहिया ने कृष्ण तत्व को पकड़ने का प्रयास किया, किन्तु गाँधी ने तो कृष्ण तत्व को मूर्त रूप देने की हरसंभव चेष्टा की। कौन याद नहीं करता कान्हा को, जिसने इन्द्र का, आसमानी देवता का बहिष्कार करने का निर्णय लिया? इन्द्र भी मामूली नहीं थे, मूसलाधार बारिश शुरू हो गयी। प्रलय का समाँ बाँधने का प्रयास। विद्रोही गोपों को सबक देने का निर्णय। लेकिन कान्हा अपनी छिंगुरी में गोवर्धन उठाये रहा और इन्द्र परास्त हो गया। खूब दुखी होना कृष्ण की छिंगुरी और गोवर्धन का बोझ, विदेशी बहिष्कार, नमक का सत्याग्रह, चम्पारण और खेड़ा के आन्दोलन गाँधी ने भी तो ललकारा था विदेशी शासकों को, गौरांग देवों को। बाहरी शासकों के बजाय देशी लोकतंत्रीय व्यवस्था के लिए गाँधी ने क्या नहीं किया?

पुराण और मिथक भले कल्पना हो, लेकिन वह देश की आत्मा का दर्पण है। उस दर्पण में देखनी है तस्वीर। गाँधी ने उस दर्पण में कृष्ण की गोवर्धन लीला को देखा और अपने कर्म में उतारा इतिहास का एक नया अध्याय शुरू हुआ।

योगीश्वर ही था न कृष्ण, वैसा स्थितप्रज्ञ रहा। कुछ पता न चला और द्रौपदी की चीर बढ़ती गयी, हजार हाथियों के बल वाले दुशासन की भुजायें चीर खींचते-खींचते थक गयीं, लेकिन कृष्ण का पता नहीं। काम हो गया, लेकिन नायक पीछे ही रहा।

महाभारत दुनिया का सबसे बड़ा और गंभीर महाकाव्य है, उसके नायक हैं कृष्ण और नायिका हैं कृष्णा द्रौपदी। कृष्ण और कृष्णा की धुरी पर सारा कथानक चल रहा है। दोनों का रिश्ता भी विलक्षण है। न वे पति-पत्नी हैं और न प्रेमी-प्रेमिका। केवल सखा-सखी हैं। सखा-सखी की धुरी पर विश्व का सबसे बड़ा महाकाव्य घूमता है। आज तो हालत यह है कि महाभारत के देश में बाप-बेटी, माँ-बेटा, भाई-बहन यदि साथ चलें तो लोग छीटे कसने लगेंगे। लेकिन याद रखिये द्रौपदी न तो राधा है, रुक्मिणी और न सत्यभामा। वह पांचाली है और कृष्ण की मित्र। द्रौपदी का चरित्र ही महाभारत को दुनिया के महाकाव्यों में शीर्ष स्थान दिला देता है। ऐसा पात्र सामान्य कवि के लिए कल्पनातीत है। सखा-सखी ऐसा पवित्र और अन्योन्याश्रित सम्बन्ध विश्व की किसी संहिता में तलाशने पर भी नहीं मिलेगा।

कृष्ण भारती काव्य में और सामान्य जीवन में प्रणय और आनन्द का देवता है। प्रेम का अजस्र स्रोत प्रति पल प्रवहमान है। माता से, प्रेमिकाओं से, मित्रों से, सखियों से, यहाँ तक कि स्थावर जंगम से वह एक अटूट नेह की डोर से बँधा है और अपने कल्पान्त के बाद भी बाँधता चला जा रहा है। चाहे सूर हो, रसखान हो, मीरा हो, उद्धव शतक का गायक रत्नाकर हो या भक्ति काल के कवियों की श्रृंखला हो, कौन उस प्रेमानन्द में उन्मत्त नहीं हुआ है। इन्द्र को भगाने वाला देवता धरती का नृत्य-कर्ता है। महज रास में नहीं, महारास में। रस आनन्द दोनों को आत्मसात कर निरन्तर निसृत करते रहने की कला के धनी का नाम कृष्ण है। कृष्ण का विछोह रुलाता है। नयन निश दिन बरसते हैं, लेकिन कृष्ण कहीं नहीं रोता। भावना का देवता खुद बहाव में नहीं बहता, अपनी स्थितप्रज्ञता को मूर्तरूप दे देता है।

एक तरफ प्रेम, आनन्द, रस संचार दूसरी ओर महाभारत के युद्ध के नगाड़े और बजता पाँचजन्य। लेकिन कृष्ण का रस सूखा नहीं था उसने सारे दर्शन को कविता में कह कर एक नयी स्थापना कर दी। गीता काव्य है और दर्शन भी, लेकिन केवल दर्शन नहीं।

कृष्ण बंधनहीन पूर्णता का प्रतीक है। वह सोलह कलाओं का देवता है। वह मनुष्य होते हुए भी हर काम को पूर्णता से करता है। चाहे वंशी की तान हो, महारास का नृत्य हो, द्रौपदी का चीर-हरण प्रसंग हो, महाभारत का युद्ध हो, शिशुपाल का वध हो, गीता का ज्ञान हो, हर कदमों पर पूर्णता उसके कदम चूमती है। कर्तव्य के सामने सम्बन्धों का कोई मूल्य नहीं है। मामा कंस और अर्जुन के भाई दुर्योधन वगैरह एक ही कठघरे में हैं। भीष्म वध के लिए शिखण्डी को बैठा देना युधिष्ठिर से 'अश्वस्थामा हतः' कहला कर 'नरो वा कुंजरो वा' में शंख बजा देना यह सब कृष्ण की राजनीति की पूर्णता के परिचायक हैं।

कृष्ण के नाम और कृष्ण तत्व का जो चमत्कार है वह सारी भौतिक और राष्ट्रीय सीमाओं से तोड़कर एक आनन्द लोक का पक्ष निर्माण करता है। आज भी दुनिया में कृष्ण के अनुयायियों, भक्तों की तन्मयता का कोई सानी नहीं है। उसमें न तो कर्मकाण्ड है, न कोई बंधन और न अहिष्णुता की कड़वाहट एक मस्ती है चाहे वह चैतन्य महाप्रभु की रही हो या नरसी मेहता की या प्रभुपाद भक्ति वेदान्त की।

लेकिन केवल मस्ती आनन्द ही भर पूर्ण स्वरूप नहीं। पूर्णता का बहुआयामी होना जरूरी है ताकि कृष्ण तत्व के समीप पहुँचा जा सके। गाँधी ने प्रयास किया था और काफी हद तक सफलता भी मिली थी, लेकिन फिर भी आत्मविसर्जन का कृष्ण तत्व अभी मानवता से काफी दूर प्रतीत होता है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जसपाल सिंह ने मेरे ऊपर मिट्टी का तेल उड़ेल दिया और मेरी सास सुमित्रा देवी, जेठानी जसवीर कौर तथा ननद सुरजीत कौर

भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत अभियुक्त पति को मृत्युदंड तथा अन्य पांचों अभियुक्तों को उम्र कैद की सजा सुनायी।

'प्राइवेट स्कूलों में फीस की सीमा निर्धारित हो'

नभाटा समाचार

नयी दिल्ली, 15 फरवरी।

दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चरतीलाल गोयल ने दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में फीस की उच्चतम सीमा निर्धारित करने की मांग की है। भाजपा नेता ने उच्चतम न्यायालय के पिछले दिनों दिये गये फैसले को दिल्ली में कड़ाई से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया है ताकि राजधानी में शिक्षा के व्यावसायीकरण पर रोक लग सके।

श्री गोयल ने कहा है कि दिल्ली में अनेक स्कूल कैपीटेशन फीस के नाम पर भारी रकम वसूल कर रहे हैं। छात्रों से भवन निर्माण, परिवहन, खेल-कूद आदि शीर्षों के अंतर्गत नियमित रूप से अधिक फीस ली जाती है। उन्होंने कहा कि राजधानी में ऐसे लगभग 500 मान्यता प्राप्त और 2000 से अधिक गैर मान्यता प्राप्त स्कूल हैं जो प्रतिमाह 100 रुपये से लेकर 500 रुपये फीस लेते हैं। यह फीस 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों से वसूल की जाती है, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा पाने का अधिकार है।

भाजपा नेता के अनुसार यह शिक्षा संस्थाएं वाणिज्यिक आधार पर चलती हैं और शिक्षा का व्यापार करके भारी मुनाफा कमाती हैं। खातों में हेराफेरी करके ये संस्थाएं आयकर भी अदा नही करतीं। प्राइवेट स्कूलों में अध्यापकों को भी कम वेतन देकर शोषण किया जाता है। उन्होंने कहा कि पब्लिक स्कूल अच्छी शिक्षा देने के इच्छुक माता-पिता की भावनाओं का नाजायज फायदा उठाती हैं।

ग्रामीणों को पूरा पानी नहीं मि

नभाटा समाचार

नयी दिल्ली, 15 फरवरी।

सांसद सज्जन कुमार ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि हैदरपुर जलशोधक संयंत्र का दूसरा चरण पूरा होने पर ग्रामीण क्षेत्रों, अनधिकृत व पुनर्वास बस्तियों को उनके हिस्से का पानी नही दिया गया तो वे नागरिकों के आन्दोलन में उनका साथ देंगे।

राजपुरी तथा पटेल गार्डन में डेसू द्वारा निर्मित सब-स्टेशनों के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व जल की नियमित आपूर्ति के लिए वे उपराज्यपाल व जल संसाधन मंत्री से आग्रह कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि यह दोनों कालोनियां 1981 से पहले की बनी हैं। इसलिए निगम यहां बिजली व पानी दे रहा है। दोनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता पूर्व महानगर पार्षद चौ. मुख्त्यार सिंह ने की। इस अवसर पर युवा इंका महासचिव मुकेश शर्मा भी उपस्थित थे।

सज्जन कुमार ने बताया कि आगामी अप्रैल-मई तक हैदरपुर जल संयंत्र के दूसरे चरण का एक भाग चालू हो जायेगा। उससे 50 एम.जी.डी. पानी मिल सकेगा।

प्रतियोगिता : लक्ष्मीबाई कालेज की संगीत संस्था 'राजेश्वरी' की ओर से 18 और 19 फरवरी को शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पंडित भानामल मेमोरियल ट्राफी और सुचेत कोचर मेमोरियल ट्राफी क्रमशः शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं को दी जायेगी।

धरना : आजादपुर मंडी के माशाखोरों का धरना आज 11वें दिन भी जारी रहा।

दिल्ली माशाखोर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरु सुरेन्द्र विग ने बताया कि मंडी प्रशासक ने सड़क चौड़ी करने के बहाने सैकड़ों माशाखोरों को उजाड़ दिया तथा उन्हें भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है।

माशाखोरों की एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तत्कालीन उपराज्यपाल एच.के.एल. कपूर ने माशाखोरों को स्थायी करने के लिए परमिट बांटे थे और अब मंडी प्रशासक उन्हें उजाड़ रहे हैं। जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाती, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

स्थापना दिवस : प्रिन्स पब्लिक स्कूल ने गत शनिवार को बुद्ध विहार चरण दो में अपना छठा स्थापना दिवस मनाया। समारोह का उद्घाटन शिक्षाधिकारी के.के. गर्ग ने किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा बनाये गये माडलों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी।

इस अवसर पर पूर्वांचल महासंघ के महासचिव बब्बन यादव भी एवं श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ओ.पी. अस्थाना भी उपस्थित थे। विद्यालय के संस्थापक राजेन्द्र सोलंकी ने विद्यालय की गतिविधियों के बारे में बताया।

हस्तकला प्रदर्शनी : नेहरू बाल समिति के महिला प्रतिभा विकास केन्द्र की प्रथम वर्षगांठ पर आगामी बुधवार से केन्द्र के त्रिलोकपुरी स्थित परिसर में महिला हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय खेल एवं युवा राज्य मंत्री मुकुल वासनिक करेंगे। इस केन्द्र में दो सौ बालिकायें विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण ले रही हैं।

धरना दिया : देश के विभिन्न भागों में हुए दंगों के विरोध में आज 'रेजिस्टेंस मूवमेंट' के कार्यकर्ताओं ने जन्तर-मन्तर पर धरना दिया तथा प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में पूर्वी दिल्ली के दंगापीड़ितों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने तथा दोषियों को दंडित किये जाने की मांग की गयी है।

महानगर विविधा

मांग : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य सतपाल जी महाराज ने पेशावर कांड के हीरो चन्द्रसिंह गढ़वाली को मरणोपरान्त भारत रत्न की उपाधि देने की मांग की है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि इससे गढ़वाली समाज ही नहीं, बल्कि देश के तमाम धर्मनिरपेक्ष सोच के लोग स्वयं को सम्मानित महसूस करेंगे।

विकलांगों को सहायता : 'आसरा' नामक संस्था विकलांग लोगों को साइकिलें तथा कृत्रिम अंग प्रदान करेगी। संस्था ने इच्छुक लोगों से 2675, बारादरी, बल्लीमारान, दिल्ली-6 के पते पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये हैं।

नेत्र शिविर : सांसद बैकुंठलाल शर्मा 'प्रेम' ने आज भोलानाथ नगर में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। शिविर का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा के शाहदरा मंडल ने किया है। इस अवसर पर श्री प्रेम ने इस तरह के शिविर गरीब बस्तियों में लगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

जन्मोत्सव : दिल्ली योग सभा ने योगेश्वर मुलखराज जी महाराज का जन्मोत्सव 13 व 14

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शुभकामनाओं सहित :
*
श्री शाम सुन्दर पाल
नगर पार्षद
आर्यनगर, करतारपुर वार्ड नं. 11
प्रधान श्री गुरु रविदास सभा (रजि.), करतारपुर।

New
Hamam
Extra lather!
Extra smoothness!
Available in 100 gms & 150 gms
A TATA PRODUCT
M/S SAHNI TRADERS

With Best Wishes & Heartily Congratulations on
Kartarpur Supplement
RAJINDRA & BROTHERS
(REGD.)
CAMSLATE WALE
MANUFACTURERS OF:
HIGH CLASS FURNITURE &
ORDER SUPPLIER
NEW VISHWA KARMA MARKET, KARTARPUR
S.T.D. CODE- 018283
Phone: Off.- 2081 Factory- 2251

...का। 80 से 90 तक के दशक में इस पत्रकार का मुख्य कार्य था करतारपुर शहर की, करतारपुर वासियों की समस्याओं को हिन्दी, पंजाबी, उर्दू भाषी समाचारों के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाना। जालन्धर फील्ड प्रैस रिपोर्टर एसोसिएशन के सीनियर उपाध्यक्ष पद पर आरूढ़ व करतारपुर किरयाणा यूनियन के प्रधान पद का भार संभाले श्री मनमोहन साहनी का चेहरा करतारपुर व इलाके के हर जन से सु-परिचित था, परंतु न जाने करतारपुर की किस समस्या की गहरी सोच उनके दिल पर गहरा असर कर गई कि उनका रक्तचाप इतना बढ़ गया कि मौत के विशाल हाथों ने उन्हें आ दबोचा। उन्हें सरवाईकल हैमोरेज के बहाने मौत 13 अप्रैल 1990 को 42 साल की अल्पायु में अपने साथ ले गई। जिसकी जरूरत इस जहां में ज्यादा! जन्नत को उनकी चाहत हद से ज्यादा!! उनके इस अधूरे कार्य को आगे बढ़ाने में अब उनके बेटे श्री बोध प्रकाश साहनी अपनी अनथक कोशिशों से उनकी दिखाई राहों पर चलने का प्रयास करते हुए करतारपुर परिशिष्ट निकाल रहे हैं। —डा. यशपाल गुप्ता
बारादरी बाजार, करतारपुर।

...जरूरत है तथा यह एक लग्जरी वस्तु नहीं रही। जि... तरह सरकार ने अमन-शांति कायम करके पंजाब ... तरक्की की तरफ बढ़ाया है, उसी तरह फर्नी... उद्योग पर सामान्य बिक्री कर लगा कर उद्योग ... सुधारने में हमें सहयोग दें।

—श्री गुरदयाल, फर्नीचर उद्योगप...

इनसे मिलिए

डा. भीमसेन जगोटा

श्री तिलक राज (जे.ई.)

HEARTIST CONGRATS
By
M/s LAKHPAT RAI AGGARWAL & SONS
Manufacturers:- **High Class Modern Furniture**
Exporters & Specialist in Interior Decorator
G.T. Road, KARTARPUR
Ph. Off- 2260, Resi- 2220

PEPSI
With Best Compliments from:-
PRASHAR BROTHERS
DEALERS IN:- **PEPSI FOOD.**
PANJON LTD., VMC & NPC LTD.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भानगढ़ के विनष्ट बाजार का एक दृश्य। (छाया : भूरज एन. शर्मा)

इंडोनेशियाई कहानी



अक्लमन्द म...

सुमात्रा द्वीप में एक मजदूर रहता था। वह बहुत ही अक्लमन्द था, इतना अक्लमन्द कि उसका नाम ही 'अक्लमन्द' पड़ गया था।

सुमात्रा में एक राजमहल बन रहा था। उस स्थान के पूरब की ओर एक गांव था और पश्चिम की ओर भी। दोनों गांव पांच-पांच मील के अन्तर पर थे। दोनों गांवों से मजदूर सुबह काम पर आते और शाम को घर लौट जाते। एक सप्ताह बीतने पर उन्हें मजदूरी मिलती। मजदूरी के बारे में किसी को कोई शिकायत नहीं थी।

कुछ दिनों के बाद अक्लमन्द भी पश्चिम दिशा वाले गांव से काम पर आने लगा। जब उसे काम करते सप्ताह बीत गया तो मजदूरी मिलने वाले दिन उसे विचार आया कि किसी तरकीब से मजदूरी अधिक वसूल की जाए। सोचते-सोचते उसे एक तरकीब सूझ गयी।

वह अपने गांव वाले मजदूरों के पास जाकर बोलाः 'क्यों न हम मिलकर अधिक मजदूरी की मांग करें?'

मजदूरों में से एक बोलाः 'यदि हम मांग करते हैं तो पूरबी गांव के मजदूर भी मांग करेंगे। क्यों न हम दोनों गांवों के मजदूर इकट्ठे मिलकर अधिक मजदूरी की मांग करें। इससे हम अपनी बात दृढ़ता से कर सकेंगे। भलाई भी दोनों ही गांवों के मजदूरों की होगी।

अक्लमन्द बोलाः 'तुम अपने गांव के लोगों की बात सोचो। तुम्हें दूसरे गांव के लोगों की भलाई से क्या मतलब?'

एक और मजदूर बोलाः 'चलो भइया, तुम्हारी बात सही, पर हम पश्चिम वालों में ऐसी कौन सी बात है कि हम अधिक मजदूरी की मांग करें।'

अक्लमन्द बोलाः 'यह तुम मुझ पर छोड़ दो। बस तुम सब इतना करो कि मेरे साथ चल पड़ो।'

सभी मजदूर उसके साथ चल पड़े, और बड़े अधिकारी के आफिस के बाहर चुपचाप खड़े हो गये। अधिकारी हैरान कि आज तक तो मजदूर इस तरह से इकट्ठे होकर उसके पास कभी नहीं आये। इन्हें ठीक मजदूरी मिलती है। किसी को कोई शिकायत नहीं। आखिर बात क्या है?

इसी बीच पूरबी गांव के मजदूर भी, यों ही वहां आकर, थोड़ी दूरी पर खड़े हो गए।

वह आफिस से बाहर निकल आया। पूछाः 'क्या बात है मजदूर-भाइयो?' पर सभी...

उसने फिर पूछा तो सभी अक्लमन्द की ओ...

देखने लगे। अधिकारी ने उससे पूछा ...

नम्रता से बोलाः 'हम सभी पश्चिमी गांव...

अपनी मजदूरी बढ़वाने आए हैं।'

'पश्चिमी गांव वालों की क्यों? यदि ...

रोटी की रामकहानी

जानकारी

बच्चों, रोटी से तो तुम सभी परिचित होगे, लेकिन क्या तुम जानते हो कि रोटी की शुरुआत कब और कैसे हुई। रोटी-मर्मज्ञों का कहना है कि गेहूँ की रोटी सबसे पहले मिस्र में 5700 वर्ष ईसा पूर्व तैयार हुई थी। न्यूयार्क के मेट्रोपालिटन म्यूजियम में एक 3500 वर्ष पुरानी मिस्री रोटी रखी है।

आजकल रोटियां गोल होती हैं, लेकिन प्राचीनकाल में रोटियां तिकोनी, चौकोर, टावर के आकार की, मछली के आकार की और न जाने किस-किस आकार की होती थीं।

मिस्र के फरऊनों को जब पिराभिडों में दफनाया जाता था, तब उनके साथ नौकर-चाकर, हीरे-जवाहरात तथा सभी आकार-प्रकार की रोटियां भी दफनायी जाती थीं। रोचक तथ्य है, मिस्र में चपाती का इस्तेमाल रुपये के रूप में होता था तथा वेतन चपातियों के रूप में दिया जाता था।

प्राचीन भारत में रोटी का इतना चलन नहीं था, जितना चावल का, वेदों में चावल का उल्लेख है पर रोटी या गेहूँ का नहीं, ऋग्वेद में 'अपूप' का वर्णन अवश्य आता है, जिसका अर्थ है 'घी में तली मीठी रोटी'। यह मिट्टी के तवे पर

डिश एंटीना

डिश एंटेना एक ऐसा यंत्र है, जो उपग्रहों के द्वारा दिए गए संकेतों को ग्रहण करता है। इसकी आकृति छातानुमा होती है। इस आकृति की विशेषता यह होती है कि यह अपने ऊपर पड़ने वाली सामानान्तर तरंगों को अपने नाभिक या केन्द्र पर केन्द्रित कर लेती है। इसके इस गुण का प्रयोग उपग्रहों से परावर्तित संकेतों को एकत्र करने में किया जाता है। चूंकि उपग्रहों द्वारा परावर्तित संकेतों की तीव्रता काफी कम होती है, इसलिए यदि साधारण एंटेना का प्रयोग किया जाये, तो चित्र स्पष्ट नहीं दिखाई देता है। डिश एंटेना में सभी संकेत एक विशेष स्थान पर केन्द्रित होता है, जिससे चित्र अत्यन्त स्पष्ट दिखाई देता है। डिश एंटेना में एक ऐसा यंत्र लगाया जाता है, जो कि उपग्रह के तरंगों की तीव्रता को बढ़ा देता है, इसे एम्पलीफायर' कहते हैं।

मनोरंजन भारती

एक आरा...

जीव जगत

अजगर एक बहुत ही सुस्त और आल... सर्प माना जाता है। यह भारी शरीर वा... विषहीन सर्प है। 'अजगर करे न चाकरी' वा... कहावत को यह चरितार्थ करते हुए एक ही ज... पर घंटों पड़े रहना पसन्द करता है। इस... नजदीक जो भी शिकार स्वयं पहुंच जाता है, उ... निगल लेता है, या फिर कभी रास्ते चलते जो... नजर आता है उसे हजम कर डालता है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इतिहास को फंदा बना देना

भारत के मीलपत्थर

सूर्यकान्त बाली

जगदीश चन्द्र बोस भारत के एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्होंने एक प्रयोग किया और साबित किया कि पेड़ पौधों में भी मनुष्यों और पशु पक्षियों की तरह प्राण होते हैं, वे भी मनुष्यों व पशु पक्षियों की तरह हर्ष शोक से प्रभावित होते हैं तथा मान-अपमान के प्रति बड़े संवेदनशील होते हैं। उन्होंने एक दिन दो पौधे रोपे। रोज वे एक पौधे की खूब तारीफ करते, उसे पुचकारते, उसे खूब फूलने-फलने का आशीर्वाद देते। दूसरे पौधे को हर रोज कोसते, दुत्कारते और मानो शाप देते रहते कि तू नहीं फूलेगा, नहीं फलेगा और बस यूँ ही उजड़ जाएगा।

नतीजा क्या हुआ? जिस पौधे को वैज्ञानिक बोस पुचकार और आशीर्वाद दे रहे थे, वह क्रमशः लहलहा उठा, खूब फूला, खूब फला। जिस पौधे को वे लगातार दुत्कार रहे थे, रोज कोस रहे थे, शाप दे रहे थे, वह मुरझा गया, उभरा ही नहीं, फिर फूलता कहाँ से फलता कहाँ से?

अगर यकीनन पौधे भी मनुष्यों की तरह प्राणवान और संवेदनशील होते हैं तो इसमें क्या शक है कि पुचकारे और दुलारे जाने पर मनुष्य भी पौधे की तरह खिल-उभर सकता है और दुत्कारे-कोसे जाने पर वह भी अधमरा होकर फिर मरणासन्न हो सकता है।

जो बात पौधों के लिए सच है, पशु पक्षियों के लिए सच है, मनुष्यों के लिए सच है, वही बात मनुष्यों के समाजों, जातियों और राष्ट्रों के लिए भी सच है। आखिर कैसे कोई समाज, कैसे कोई देश एक बड़े नेता की उद्दाम, उदात्त और प्रेरणा से भर देने वाली वाणी सुनकर खड़ा हो जाता है? और कैसे कोई समाज और देश जब लगातार बरसों, दशकों, सदियों तक उस वाणी को नहीं सुनता तो वह मर-सा जाता है, कहीं खो जाता है, भुला दिया जाता है! कैसे कोई कृष्ण, कोई तीर्थंकर, कोई चाणक्य, कोई बुद्ध, कोई शंकराचार्य, कोई समुद्रगुप्त, कोई महाराणा प्रताप, कोई शिवाजी, कोई कबीर, कोई तुलसीदास, कोई नानक, कोई महात्मा फुले, कोई बंकिम, कोई तिलक, कोई महात्मा गाँधी, कोई जयप्रकाश मुर्दा समाज में जान डाल देता है तो कैसे जब इनमें से कोई आवाज सुनने को नहीं मिलती तो समाज रेंगना शुरू कर देता है, वह छुआछूत के नशे का शिकार हो जाता है, अपने राष्ट्र शरीर को टुकड़े-टुकड़े करने का खूँखार शौक पाल लेता है? इतना संवेदनशून्य हो जाता है कि अपने को चुभोई जा रही गुलामी की सुई की चुभन को भी महसूस नहीं करता?

जिस पौधे को एक खाँटी प्रयोग के तहत दुत्कार और कोस कर जगदीश चन्द्र बोस ने पाया कि वह पौधा सूख कर काँटा हो गया और फिर खत्म हो गया, वैसे ही पिछले करीब तीन-साढ़े तीन सौ वर्षों से इस देश की प्रतिभा पर शासन करने वाले पश्चिमी विद्वानों, उनके राजनीतिक प्रतिनिधियों और उनके भारतवंशी मानसपुत्रों ने इस देश के कोमल मन को इतना कोसा है, उसे इतना धिक्कारा-दुत्कारा है, उसे छोटा समझने को इतना मजबूर किया है, उसे इतना पतित-दीन-दरिद्र साबित किया है कि हम भारतवासी अपनी निगाह में खुद ही गिर गए हैं। हमें वह कहा गया जिसे कहने की कोई जरूरत कतई नहीं थी। हम पर वे चीजें थोपी गईं जो हमने न कभी की थीं और न कही थीं। हमारे भीतर वे अवगुण तलाश दिए गए जिनका अस्तित्व ही नहीं था। कुछ गुण तो हमारे अन्दर भी होंगे, कुछ बात तो हमारे में भी होगी कि यूनान-मिस्र-रोमाँ के इस जहाँ से मिट जाने के बावजूद हमारी हस्ती नहीं मिटी? पर उन गुणों पर, उन खूबियों पर, उन खासियतों पर खड़िया पोत दी गई। हमारे उन तमाम मीलपत्थरों पर जहाँ सही इबारत लिखी थी, उसे मिटाकर पता नहीं क्या क्या लिख दिया गया। हमारे एक मील पत्थर पर लिखा था—संस्कृत। उसे मिटाकर वहाँ लिख दिया गया—अंग्रेजी। हमारे एक मीलपत्थर पर लिखा था—मराठी। उसे मिटाकर लिख दिया गया—अंग्रेजी। हमारे एक मीलपत्थर पर लिखा था—तमिल। उसे मिटाकर वहाँ लिख दिया गया—अंग्रेजी। हमारे एक मीलपत्थर पर लिखा था—बंगाली, एक पर लिखा था हिन्दी, एक पर लिखा था पंजाबी, उर्दू, गुजराती, उड़िया, असमिया, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम, डोगरी, कश्मीरी, सिन्धी, सिरायकी। सब पर खड़िया पोतकर लिख दिया गया—अंग्रेजी, अंग्रेजी, अंग्रेजी। हमारे एक मीलपत्थर पर लिखा था—कालिदास। उसे मिटाकर वहाँ लिख दिया गया—शेक्सपियर। हमारे एक मीलपत्थर पर लिखा था—कुचिपुड़ि। उसे मिटाकर वहाँ लिख दिया गया-रॉक। एक पर लिखा था—वीणा। उसे मिटाकर वहाँ लिख दिया गया—गिटार। यानी हमारे हर मीलपत्थर पर कुछ न कुछ हमने लिखा ही था। पर उसे मिटा दिया गया या बिगाड़ दिया गया। एक पर हमने लिखा था—शंकराचार्य। उसका अर्थ वहाँ लिख दिया गया—बौद्धों की समाप्ति। एक पर लिखा

था—कबीर। उसके पास एक इबारत लिख दी गई—हिन्दू या मुसलमान? और अपने इन मीलपत्थरों के सहारे हम अपने जिस भारतवर्ष नामक राष्ट्र को पाने के लिए बढ़ रहे थे, और जब हमें वह मीलपत्थर मिला जिस पर हमें हजारों सालों से बताया जा रहा था कि लिखा होगा—भारतवर्ष, पर जब हम वहाँ पहुँचे तो लिखा मिला—इण्डिया। और जब हमने उस इण्डिया को अपना भारतवर्ष बनाने की आजादी की लड़ाई लड़ी तो हमें नतीजा मिला—इण्डिया और पाकिस्तान। और जब बचे खुचे इण्डिया को हमने फिर से भारतवर्ष बनाने के मीलपत्थर गाड़ने का काम शुरू किया तो अचानक जमीन में से एक मीलपत्थर निकला—हम द्रविड़ हैं, हम हिन्दी और उत्तर भारत का आधिपत्य नहीं सहेंगे। अचानक एक और पत्थर जमीन में से निकल आया, जिस पर लिखा था—हम सिख हैं और हम भारत से अलग होना चाहते हैं। ऐसी ही इबारतों वाले कुछ और पत्थर भी निकल आए और हम उन्हें पढ़ने को मजबूर थे।

तो दो बातें हुईं। मीलपत्थर पर अपने आप कुछ नहीं लिख जाता। उस पर प्रयत्नपूर्वक लिखा जाता है। वे अपने आप जमीन में से नहीं निकल आते। उन्हें कोशिश करके गाड़ना पड़ता है। अगर हमें एक खास तरह के मीलपत्थर पढ़ने को मिले हुए हैं और थोड़ी-सी जमीन खोदने पर एक खास तरह के मीलपत्थर वहाँ हमें मिल जाते हैं तो जाहिर है कि भारत के मीलपत्थरों को बिगाड़ने की, उनकी दुर्गति करने की, और कुछ खतरनाक मीलपत्थरों को जमीन के भीतर भविष्य में निकलने के लिए गाड़ने की कोशिश सफलतापूर्वक की जा चुकी है। दूसरी बात। हम इन नकली मीलपत्थरों को पढ़कर उन्हीं में मगन रह जाएँ, उबर ही न पाएँ, हमारे दिल-दिमाग और भावना व सोच वैसे ही बन जाएँ, इसका भी पूरा इन्तजाम किया जा चुका है। यानी यूनान-मिस्र-रोमाँ की तरह हम भी जहाँ से मिट जाएँ, इसका खुलासा और खासा मुकम्मल इन्तजाम हो चुका है।

और यह काम इतिहास के जरिए हुआ है। हमारे इतिहास में कुछ चीजों की अद्भुत-विचित्र व्याख्याओं के जरिए हुआ है। कुछ अतिमहत्वपूर्ण चीजों को दरी के नीचे दबा देने के जरिए हुआ है। कुछ अनावश्यक चीजों को बेजा महत्व देने के जरिए हुआ है। इतिहास तो तथ्यों और घटनाओं का एक बेजान सिलसिला होता है। उसकी रचनात्मक व्याख्या कर उसके सहारे ऊपर चढ़ने की रस्सी हम उसे बना सकते हैं तो उसकी अभिशप्त व्याख्याएँ कर उसे गले का फन्दा भी हम बना सकते हैं। हमें हमारे इतिहास की ऐसी ऐसी अभिशप्त व्याख्याएँ सुनाई गई कि हमारा ही इतिहास हमारी ही गर्दन में फन्दा बनाकर बाँध दिया गया है। नमस्कार करने को मन करता है प्रबन्धकाव्यों और पुराणों को लिखने वाले मुनि-कवियों को। कैसे सारे देश में घूम-घूमकर वे इस देश के इतिहास की मीठी स्मृतियों को, हमारी अद्भुत जातीय घटनाओं को, हमारे विलक्षण आंदोलनों को, जीवन के प्रति क्रमशः विकसित हुए हमारे दृष्टिकोण को और उसकी कई तरह की व्याख्याओं को लोगों के बीच गाथाओं, उपमाओं, दृष्टान्तों की सहायता से सुना गए, ऐसा सुना गए कि हमें अपना सारा इतिहास आज भी याद है, और ऐसा याद है कि कितना पानी सिर के ऊपर से गुजर गया, पर हमारी हस्ती मिटाए नहीं मिटी। पर हमारे पश्चिमी शोषक, जो हमें सिखाने का गरूर लेकर आए थे, पर घोर अहंकार के मारे जिन्हें अपने अलावा किसी की कोई बात ठीक ही नहीं नजर आती थी, हमें समझाने लगे कि हमें तरीके से अपना इतिहास लिखना भी नहीं आता। फिर उन्होंने हमारा इतिहास लिखने का दम्भ किया और उसी दम्भ में हमारे मीलपत्थरों से मनमाना खिलवाड़ करने का छल वे कर गए। वे चूंकि सयाने थे, छली थे इसलिए, इसलिए अपनी पढ़ाई और अपने संस्कारों के जरिए हमें उन नकली मीलपत्थरों को ही असली मान कर पढ़ने का चश्मा भी पहना गए। तो समझदारी किसमें है? वही चश्मा पहने रहा जाए या भारत के मीलपत्थरों पर की गई पुताई को पौंछ कर जरा उस इबारत को पढ़ा जाए जो हमने ही लिखी थी, खुद अपने हाथों लिखी थी?

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वर्ष १९९१ के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार दक्षिण अफ्रीका की मशहूर कथा लेखिका नाडीन गार्डिमर को देने की घोषणा की गई है। खुद 'श्वेत' हो कर भी 'अश्वेतों' के अधिकार और आजादी के लिए उन्होंने लगातार आवाज उठाई है। ऊपरी तौर पर उनकी रचनाएं राजनैतिक नहीं लगतीं लेकिन गहराई से देखने पर उनकी रचनाओं में स्पष्ट राजनीति देखना मुश्किल नहीं है।'

अश्वेतों के समर्थन में खड़ी एक गोरी लेखिका

विजय कुमार

साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कारों का रुख अब यूरोप और अमेरिका की धरती से हटकर यदा-कदा तीसरी दुनिया के मुल्कों की ओर भी होने लगा है। वर्ष १९९१ के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार दक्षिण अफ्रीका की प्रख्यात कथाकार नाडीम गार्डिनर के नाम घोषित हुआ है। १९८६ में नाइजीरिया के कवि-नाटककार वोले शोयिंग के रूप में पहली बार किसी अफ्रीकी लेखक को नोबेल पुरस्कार दिया गया था। पश्चिम के नकचढ़ आलोचक भी अब यह स्वीकार करने लगे हैं कि अफ्रीका, लातीनी अमरीका और एशिया के कुछ मुल्कों में इस समय असाधारण साहित्य लिखा-जा रहा है जो अपने अनुभव की शक्ति और नैतिक दृष्टि इन देशों में साधारण मनुष्य की जीवन यंत्रणा और उसके दारुण संघर्ष से प्राप्त करता है।

६८ वर्षीया नाडीम गार्डिनर अफ्रीकी लेखिका होते हुए भी कई अर्थों में दूसरे अफ्रीकी लेखकों से अलग है। वे गोरी चमड़ी वाली लेखिका हैं और रंगभेद की नीति का डटकर विरोध करती हैं। यह स्थिति उन्हें दक्षिक अफ्रीका में अपने ही सम्पन्न और प्रभुत्व शाली वर्ग में अकेला बना देती है। रंगभेद नीति के विरुद्ध लिखते हुए भी उन्हें दक्षिण अफ्रीका के जुझारू अश्वेत लेखक समुदाय की शत प्रतिशत सहानुभूति और प्रशंसा नहीं मिल सकी है, क्योंकि अन्याय और असमानता के विरुद्ध उनके लेखन को एक सुविधा सम्पन्न लेखक की मात्र बौद्धिक सहानुभूति के रूप में देखा जाता रहा है। तमाम तरह की प्रतिकूल परिस्थितियों में मानसिक स्तर पर बहुत जटिल संवेदनाओं को जीती हुई यह लेखिका पिछले पांच दशकों से लिखती रही है और इस दौरान उसने १० महत्वपूर्ण उपन्यास और २०० से अधिक कहानियाँ लिखी हैं। नाडीम गार्डिनर के लेखन की ताकत केवल गहरी कलात्मकता और सूक्ष्म संवेदनशीलता नहीं, बल्कि एक असाधारण ढंग का नैतिक साहस और गहरी राजनीतिक प्रतिबद्धता भी है। उन्होंने एक उथल-पुथल और तूफान से भरे समय में तमाम तरह के अंतर्विरोधों को अपनी अंतरचेतना पर झेला है। वे पुरुष प्रधान समाज में अकेली साहसी महिला हैं। वे बहुसंख्यक अश्वेत समाज में एक ऐसी गोरी महिला हैं जिसकी मानवीय संवेदना को हमेशा संदेह की निगाहों से देखा जाता है। वे विकसित पूंजी वाले एक घोर संकीर्ण समाज में उग्र सुधारवादी का जीवन जीती रही हैं। एक ओर उनमें अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रखरता है तो दूसरी ओर अपनी वर्गगत स्थिति को गहरा अपराध बोध भी है। ये सारी बातें उनके लेखन में अजीब से विडम्बना बोध और जटिलता को जन्म देती हैं। उनका लेखन मानवीय स्वतंत्रता और न्याय के लिए एक निरंतर लगाई जाने वाली गुहार की तरह है।

जोहान्सबर्ग में जन्मी गार्डिनर की पढ़ाई लिखाई विटवाटरस्टेंड विश्वविद्यालय में हुई और विश्वविद्यालयीन डिग्री हासिल करने के पहले ही उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी। १९४९ में प्रकाशित उनकी कहानियों के पहले संग्रह 'फेस टू फेस' ने साहित्यिक हलकों में सबका ध्यान आकर्षित किया। गोरी चमड़ी वाले समाज की सदस्य होते हुए भी उन्होंने इन कहानियों में अपने समाज की संकुचित मनोवृत्ति, भोग विलास, संवेदनहीनता और आंतरिक क्षय पर तीखी टिप्पणी की थी। साथ ही इन कहानियों में लेखिका को अपने ही समाज में अकेले पड़ते जाने की एक बेचैनी भी छिपी हुई थी। इसके बाद गार्डिनर के लगातार कुछ महत्वपूर्ण उपन्यास आए 'द लायिंग डेज' (१९५३), 'ए वर्ल्ड ऑफ स्ट्रेंजर्स' (१९५८), 'ओकेजन फॉर लविंग' (१९६३), 'द लेट बुर्जुआजी वर्ल्ड' (१९६६), 'ए गेस्ट ऑफ ऑनर' (१९७१), 'द कन्जरवेशनिस्ट' (१९७४), 'बर्जर्स डॉटर' (१९७९) और 'जुलाइज पीपुल' (१९८१) उनके प्रमुख उपन्यास हैं। गार्डिनर के जिन कहानी संग्रहों की खूब चर्चा हुई, उनके नाम हैं- 'द सॉफ्ट वॉयस ऑफ सर्पेंट' (१९५२), 'सिक्स फीट ऑफ द कन्ट्री' (१९५६), 'फ्राइडेज फुट प्रिंट' (१९६०), 'नॉट फार पब्लिकेशन' (१९६५), 'लिविंग स्टोन कम्पेनियंस' (१९७२) और 'ए सोल्जर्स एम्ब्रेस' (१९८०)। गार्डिनर को 'गेस्ट ऑफ ऑनर' पुस्तक पर जेम्स टेट ब्लैक पुरस्कार और 'कंजरवेशनिस्ट' पर इंग्लैंड का प्रख्यात बूकर पुरस्कार मिल चुका है। इसके अलावा उन्हें 'द ग्रेंड एगल डिंओर' नामक अंतरराष्ट्रीय फ्रांसीसी पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। १९८१ में उन्हें स्कॉटिश आर्ट्स काउंसिल की नील ज्युन फेलोशिप भी प्राप्त हुई।

गार्डिनर के लेखन में बहुत तीव्र किस्म की तात्कालिकता है। गैर-बराबरी और शोषण को न्यायोचित ठहराने वाले एक बर्बर समाज में मनुष्यता और समानता के लिए संघर्षरत यह जीवन-दृष्टि लेखिका का अपने परिवेश के साथ बहुत जटिल किस्म का वैयक्तिक और सामाजिक संबंध बनाती है। १९६८ में उनके उपन्यास 'द लेट बुर्जआजी वर्ल्ड' पर दक्षिण अफ्रीका की गोरी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। विलक्षण बात यह है कि राजनीतिक आंदोलनों और प्रतिरोध की विचारधारा से गहरे जुड़े होकर भी गार्डिनर का लेखन विचारधारा के सतही प्रचारवाद और दिखावटी आक्रामकता से कोसों दूर है। यह लेखन ऐतिहासिक प्रक्रिया को समझने की गहरी बेचैनी से युक्त है।

नाडीम गार्डिनर में १९वी सदी के रूसी कथाकारों वाले गुण हैं। वे अपने परिवेश की बहुत छोटी और महीन हरकतों पर अपना ध्यान केंद्रित करती हैं। अपनी संवेदनशीलता में यह गद्य हमें तुर्गनेव और चेखव के संसार की याद दिलाता है। उनका कथा संसार एक शोकान्तिका की तरह है। जैसे एक मृत समाज की शव परीक्षा की जा रही हो।

नाडीम गार्डिनर के अद्भुत गद्य की मिसाल हाल ही में प्रकाशित हुए उनके एक कथासंग्रह 'द सोल्जर्स एम्ब्रेस' की कुछ कहानियों में देखी जा सकती है। इस संग्रह में एक कहानी 'द टमीटरी' में लेखिका बहुत शिद्दत के साथ अपने बचपन के उन दिनों को याद करती है, जब वह एक छोटे से कस्बे में अपनी माँ के साथ रहती थी। कहानी में गोरे और अश्वेत मजदूरों के स्वभाव और उन पर पड़ने वाले परिवेशगत दबावों का बहुत सूक्ष्म अध्ययन है। यहाँ बहुत दैनंदिन संसार के साधारण से प्रतीत होने वाले ब्यौरों की ऐसी सघनता है जिसे हमारे समय के एक महान कथाकार बोरवेज ने 'संवेदना का प्रति-संसार' कहा है। इसी तरह इस संग्रह में एक छोटी कहानी है 'ए लायन ऑन द फ्री वे' जिसमें रात की निस्तब्धता, पशुओं की आवाज और मन के भीतर घुमड़ती एक बेचैनी को बहुत तीव्र संवेगात्मकता के साथ आपके सामने रखा गया है। भाषा की यह लय एक 'जादुई यथार्थवाद' के तरीके से आपको घेरती है। कहते हैं कि अच्छा गद्य अपने चरम क्षणों में कविता की सघनता तक पहुंच जाता है। गार्डिनर के यहां हम ऐसे गद्य का स्वाद चखते हैं।

साठ के दशक में दक्षिण अफ्रीका में लांगा-शार्प विले नामक एक भयानक दमन चक्र चला था। गोरी सरकार ने इमरजेंसी की घोषणा करते हुए किसी भी तरह के लेखन पर पाबंदी लगा दी थी। इस दमन चक्र के दौरान उस समय वहाँ चल रहे अधिकांश साहित्यिक आंदोलन नष्ट हो गए। अश्वेत लेखकों को या तो जेलों में ठूंस कर मार डाला गया या उन्हें निष्कासित कर दिया गया। प्रतिहिंसा, यंत्रणा, पाशविक बल प्रयोग और एक गहरी अंधेरी खामोशी के इस दौर में जो चंद गोरे लेखक अपनी जान जोखिम में डालकर सृजनरत रहे, उनमें नाडीम गार्डिनर का नाम सबसे प्रमुख है। इस दमन-चक्र के कारण ही साठ, सत्तर और अस्सी के दशक में दक्षिण अफ्रीका में कविता अधिक लिखी गई क्योंकि कविता में बात को संक्षेप में और प्रतीकात्मक तरीके से कहा जा सकता था। ऐसे में नाडीम गार्डिनर का सारे जोखिम उठाकर लगातार अपने कथाजगत में सक्रिय रहना लेखन और सृजन के प्रति उनकी गजब की आस्था को दर्शाता है। उनका लेखन एक तरह से उस दौर का दस्तावेज है। बहुत अपरिचित, मर्मांतक वेदना को तो हमारे सामने रखती ही हैं, वे नस्लों के बहुत अजीब और तकलीफदेह संकट को भी बहुत आत्मिक स्तर पर हमें समझाती है। उन्होंने एक जगह अपने लेखक होने की स्थिति के बारे में लिखा है, 'हमने बहुत तरीके से यह जाना है कि वर्तमान दौर मनुष्य की चरम एब्सर्डिटी का दौर है, जिसमें सारे अर्थ शायद चुक लिए गए हैं।'

तीसरी आँख

सताये हुए लोगों ... थ्री ... न

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देस परदेस

१३ अक्टूबर, १९९१ नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली

महाभियोग को चुनौती

वह महाभियोग प्रस्ताव को सदन के विचारार्थ रखें। उनका कहना है कि संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि अध्यक्ष महाभियोग प्रस्ताव पर एक बार गौर कर लेने के बाद उसे अस्वीकृत करें।

सुप्रीम कोर्ट जल्दी ही याचिका पर सुनवाई शुरू कर यह निश्चय करेगा कि मामले को आगे बढ़ाया जाए या नहीं। प्रेमदास के विरोधी उन पर भ्रष्टाचार, टेलीफोन टैपिंग और तानाशाही भरा रवैया अपनाने का आरोप लगाकर उनके विरुद्ध महाभियोग चलाना चाहते हैं।

श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष ने महाभियोग प्रस्ताव अगस्त में स्वीकार कर लिया था। इसका यह अर्थ लगाया जा रहा था कि वह इसे चर्चा और मतदान के लिए संसद में पेश करेंगे। लेकिन बाद में उन्होंने इसे अस्वीकृत कर दिया।

नाव को लेकर असोपेश में

मैदान के अन्दर उतरना चाहिए। मैदान में जाने का फैसला मेरा अपना होगा, क्योंकि आडवाणीजी से लेकर भाजपा के सभी लोगों ने मेरे प्रति विश्वास प्रकट किया है, जिस पर मुझे निर्णय लेना ही पड़ेगा।

यह पूछे जाने पर कि यदि कांग्रेस की ओर से फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना चुनाव लड़ते हैं तो इस हालत में आप क्या करेंगे?

शत्रुघ्न ने कहा : वैसे तो कांग्रेस ने अभी निर्णय नहीं किया है कि उनका प्रत्याशी कौन होगा फिर भी यदि इस बार भी राजेश खन्ना चुनाव लड़ते हैं तो मैं व्यक्तिगत रूप से उनके खिलाफ नहीं रहूंगा। क्योंकि वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। मैं भाजपा के प्रत्याशी के तौर पर वहां रहूंगा और वह कांग्रेस से तो विरोध कांग्रेस का होगा। इस तरह वह मेरे खिलाफ नहीं, भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ रहेंगे।

...स्ट नेता का निध...

पब्लिक नोटिस · PUBLIC NOTICES · पब्लिक नोटिस · PUBLIC NOTICES · पब्लिक नोटिस · PUBLIC NOTICES · पब्लिक

निविदाएँ

पश्चिम रेलवे
महत्वपूर्ण सूचना

निविदा सूचना सं. एस/२३/९१ दिनांक १६-९-९१ का शुद्धिपत्र

कृपया उपरोक्त निविदा सूचना में निम्नलिखित आयटम शामिल कर लें—

(१) क्रमांक: ४९५
निविदा सं. एवं विवरण—एस/११/९१/५३८१ एवं ५३८२ (i) निविदा प्रपत्र के साथ दिए गए विनिर्देशानुसार सेल्फ प्रिंटिंग टिकेट यूनिट, प्रमात्रा—५३० नग (ii) निविदा प्रपत्र के साथ दिए गए विनिर्देशानुसार १० यूनिट्स के लिए उपयुक्त सेल्फ प्रिंटिंग टिकेट मशीन फेस का कार्य। प्रमात्रा— ५३ नग, नियत तिथि— ११-११-९१, निविदा शुल्क— रु. २००/-

(२) कृपया क्रमांक ४८५ में प्रमात्रा ३,४०० नग के स्थान पर ३४००० नग पढ़ें।

(१५४९९६)

प्रेस सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता, 'के' प्रखंड, केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग, नई दिल्ली, पहली मंजिल, आई.पी. भवन, 'बी' विंग द्वारा निम्नांकित कार्यों के लिए के.सा.नि.वि. में अभिस्वीकृत एवं ग्राह्य ठेकेदारों/फर्मों एवं अभिस्वीकृत सूची में समुचित श्रेणी के ठेकेदारों/फर्मों से दिनांक २२-१०-९१ को अप. ३ बजे मुहरबंद वस्तु दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अप. ३-३० बजे खोली जाएंगी।

(१) वर्ष ९१-९२ के दौरान पटियाला हाउस, नई दिल्ली में प्रिफैब्रिकेटेड बिल्डिंग की विशेष मरम्मत (सबहैड : छत की ग्रिडिंग और मड फास्का की रिटेरेसिंग)

अनुमानित लागत : रु. २,०१,७२१/-
धरोहर राशि : रु. ५,०४३/-
प्रपत्र : सा.नि.वि.-८
समयावधि : २ माह

(२) वर्ष ९१-९२ के दौरान देव नगर, नई दिल्ली में खाली 'ई' टाइप क्वार्टरों की निगरानी व अभिरक्षा (सबहैड : सुरक्षा गार्डों की व्यवस्था करना)।

अनुमानित लागत : रु. २,७०,०००/-
धरोहर राशि : रु. ६,७५०/-
प्रपत्र : सा.नि.वि.-८
समयावधि : १२ माह

क्र.सं. १ कार्य के ...
द्वारा दिल्ली में इस प्र...
मड फास्का और टा...
रहे हों, संतोषजनक ...
...। इन कार्यों

निविदाएं

निविदा सूचना

अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दो भागों में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कार्यालय से निविदा मूल्य नकद/बैंक ड्राफ्ट जमा करके दिनांक २८-१०-९१ तक प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदाएं दिनांक २९-१०-९१ को सायं १५-०० बजे तक इस कार्यालय में स्वीकार की जाएंगी। तथा उसी दिन १५-३० बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा संख्या : टी.एस.७/ई.टी.डी.जे/९१-९२
कार्य का विवरण : १३२ के.वी.सब-स्टेशन के अनुरक्षण के लिए आवश्यक बिजली के सामान तथा स्पेयर पार्टस इत्यादि की आपूर्ति।
धरोहर राशि : रु. १०००/-
निविदा मूल्य : रु. ५०/-

धरोहर राशि रु. १०००/- बैंक ड्राफ्ट.एफ.डी.आर. द्वारा अधिशासी अभियंता, विद्युत प्रेषण खण्ड, झांसी के नाम देय हो जमा करना अनिवार्य है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को एक या सभी निविदाएं बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(वी.एल.शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत प्रेषण खण्ड,
उ.प्र.राज्य विद्युत परिषद, झांसी
(१५५६३३)

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता, सा.नि.वि. प्रखंड सं. १६ (दि.प्र.) नई दिल्ली द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए के.सा.नि.वि. के स्वीकृत एवं ग्राह्य ठेकेदारों तथा सै.अ.से. डाक एवं तार की समुचित श्रेणी की स्वीकृत सूची के ठेकेदारों से ३०-१०-९१ को अप. ३ बजे तक मुहरबंद लिफाफे में प्रतिशत दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अप. ३-३० बजे खोली जाएंगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु.	धरोहर राशि रु.	प्रपत्र सं.	निविदा शुल्क	अवधि	बिक्री/खुलने की तिथि
(१)	रानी बाग, दिल्ली में जी.एस.एस.एस. में अर्द्धस्थायी ढाँचे का निर्माण करना। सबहैड: १० कक्षाओं का निर्माण करना।	४४१९२७/-	१००००/- (मांग जमा रसीद के रूप में)	सा.नि.वि. ७	१००/-	४ माह	२८-१०-९१/ ३०-१०-९१
(२)	औचन्दी, दिल्ली में जी.एस.एस.एस. में अर्द्धस्थायी ढाँचे का निर्माण। सबहैड: ८ कक्षाओं का निर्माण।	३५४५०६/-	८८६३/-	सा.नि.वि. ७	१००/-	४ माह	२८-१०-९१/ ३०-१०-९१

शर्तें एवं निविदा प्रपत्र रु. १००/- (केवल सौ रु.) (अप्रतिदेय) का नकद भुगतान करने पर २८-१०-९१ तक सभी कार्य दिवसों में अप. ४ बजे से पूर्व इस कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

हस्ता./- (वी.एल. शर्मा),
अधिशासी अभियंता, सा.नि.वि. प्रखण्ड सं. १६ (दि.प्र.),
१२वीं मंजिल एमएसओ बिल्डिंग, नई दिल्ली।
(१५५१५१)

कार्यालय अधिशासी अभियंता, सर्वे एवं अन्वेषण, लिफ्ट खंड प्रथम, इं.गां.न.प., रावतसर।

निविदा सूचना

निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा राज. के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके आगे अंकित दिनांक को मुहरबंद निविदाएं पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं, जो कि निविदा खुलने की तिथि से २ दिन पूर्व तक बेची जाएंगी व निविदा प्राप्ति के निर्धारित दिनांक को सायं ३ बजे तक प्राप्त करके उसी दिन सायं ४ बजे सभी उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जाएंगी। कार्यों का पूर्ण विवरण किसी भी कार्य दिवस को निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि रु.	निविदा शुल्क रु.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा खुलने का दिनांक
१.	साहवा लिफ्ट नहर के कि.मी. ३३ से ३४ तक मिट्टी खुदाई एवं लाइनिंग का कार्य।	१०.८०	२१६००/-	१००/-	६ माह	२५.१०.९१
२.	चक ६ एस. टी. जी. पर भट्टा लगा कर स्वयं के कोयले, नाली बैड की मिट्टी, पानी से निर्मित कर साइज ३०× १५× ५ से.मी. की पकी टाइलें (इंगांनप के मानक अनुसार) साहवा लिफ्ट नहर के निम्न कि.मी. पर आपूर्ति करना।					
I	कि.मी. ३१ से ३१.७५०= ५ लाख	४.८३	९६६०/-	१००/-	३ माह	
II	कि.मी. ३१.७५० से ३३= ५ लाख	४.८५	९७००/-	१००/-	३ माह	
३.	चक ३ एस. टी. जी. पर भट्टा लगा कर स्वयं के कोयले, नाली की मिट्टी, पानी से निर्मित कर साइज ३०× १५× ५ से.मी. की पकी टाइलें (इंगांनप के मानक अनुसार) साहवा लिफ्ट नहर के कि.मी. ३३ से ३४ तक आपूर्ति करना= ५ लाख।	४.८१	९६२०/-	१००/-	३ माह	
४.	इंगां मुख्य नहर की आर.डी. १४३२ से १४४८ ...८" व्यास के एम ... लाइन कैरिज व ... के साथ ...) से ...	[illegible]	१३०००/-	१००/-	३ माह	

संस्था जिसे हम लगभग खो चुके हैं

भारत के मीलपत्थर

सूर्यकान्त बाली

यज्ञ को लेकर आज हालत क्या है? हालत यह है कि अगर कहीं यज्ञ हो रहा हो तो, यानी बड़े तामझाम वाला कोई बड़ा यज्ञ हो रहा हो तो हमारी प्रतिक्रियाएं दो तरह की होती हैं। चूंकि आठ हजार साल पहले मनु द्वारा चलाई गई और सदियों-दर-सदियों विकसित हुई इस यज्ञ संस्था के उत्तराधिकारी हम हैं, इसलिए यज्ञ भारत के स्वभाव में है, हमारे रक्त में उसके संस्कार प्रवाहित हो रहे हैं और हम उस यज्ञ के प्रति, यानी बड़े तामझाम वाले उस बड़े यज्ञ के प्रति एक रहस्य से सराबोर आदर भाव से भर जाते हैं, देखने चले जाते हैं, बिना आमंत्रण के ही उसमें शामिल हो जाते हैं और जब उठते हैं तो अनुभव करते हैं कि कुछ प्राप्ति हुई। पर क्या पाया, खास पता नहीं चलता, क्योंकि हम दो टूक कह नहीं सकते, जान नहीं पाते कि जो यज्ञ हमने देखा, हम जिसमें बरबस शामिल हो गए वह क्या था, क्यों था, उससे कौन-सा उद्देश्य कैसे पूरा हुआ। ठीक इसलिए हमारी दूसरी प्रतिक्रिया गैर-जानकारी की, संशय की और अविश्वास की होती है। हो रहे यज्ञ के प्रति एक खास तरह का रहस्य भरा आदर भाव हमें उसकी ओर खींचता है तो उसके बारे में निपट गैर-जानकारी हमें उसके प्रति संशयालु बना देती है। पर आदर और संशय से भरे वही हम लोग अपने घरों में, संस्थानों में, यहां-वहां, शादी-ब्याह के मौके पर छोटे-छोटे यज्ञ, जिसे हम हवन कहते हैं, करते रहते हैं और इस हवन को लेकर हम इतने सहज होते हैं कि न तो इसके प्रति हमारे मन में कोई अतिरिक्त आदर भाव होता है और न ही हम तीव्र संशय बोध से ग्रस्त होते हैं।

ऐसा क्यों है? यज्ञ हमारे स्वभाव का इस कदर अभिन्न अंग सहस्राब्दियों से बना हुआ है कि हम आदतन उसे करते रहते हैं, पर उसके बारे में जानते खास नहीं, इसलिए एक अबझ इज्जत तो उसकी करते हैं, पर एक अमुखर संशय भी हमें घेरे रहता है। ऐसा क्यों है? ऐसा इसलिए है कि आज से नहीं, कई सौ सालों पहले से बल्कि कुछ हजार साल पहले से हमने यज्ञ संस्था पर नया शोध करना बंद कर दिया है। इसलिए परंपरा से मिली एक संस्था हमारे पास है, हमारे स्वभाव में रची पची एक संस्था हमारे पास है, इस पर लिखा ब्राह्मण ग्रंथों का एक साहित्य हमारे पास है, उसका पूरा तामझाम भी हमें जगह-जगह लिखा मिल जाता है, पर चूंकि उसके बारे में कोई ठोस, ठीक और हमारे तर्क को प्रामाणिक तरीके से शांत कर देने वाली आसान सूचनाएं हमारे पास नहीं, सीधी-सादी जानकारियां हमारे पास नहीं, इसलिए बेशक हम इसे नकार नहीं पा रहे हैं और किए जा रहे हैं पर पूरी तरह जानते नहीं इसलिए उसके प्रति हमारे मन में इज्जत पूरी है तो शक भी पूरे हैं।

अगर यज्ञ को एक व्यक्ति मान लिया जाए तो जाहिर है कि वह एक चेतना-विहीन, ममी-कृत शरीर के रूप में, मिस्र के पिरामिडों में पड़े हुए राजाओं के ममी-कृत निर्जीव शरीरों की तरह उपलब्ध है। चूंकि इसकी चेतना से हमारा परिचय नहीं, पर इसका शरीर हमारे पास है इसलिए हम यहां-वहां से इकट्ठा कर एक सूचनाओं का लघु पर्वत ही इस निर्जीव शरीर के अंग-प्रत्यंगों के बारे में खड़ा कर सकते हैं। मसलन हमारे साहित्य में इस बात की ठोस जानकारियां हैं कि भारत की धरती पर स्थापित किए गए पहले राजा मनु ने यज्ञ संस्था की शुरुआत की। ऋग्वेद में इस तरह के संदर्भ जगह-जगह बिखरे पड़े हैं। जैसा कि हर संस्था का हश्र होता है, इस यज्ञ संस्था का भी आगे चल कर हश्र यह हुआ कि इसमें कई तरह की बनावटें, तामझाम उलझनें आदि पैदा हो गई, पर जाहिर है कि मनु ने इसकी शुरुआत एक सरल विधि के रूप में ही की होगी।

क्यों की होगी? ठीक इसी सवाल के जवाब में कई तरह की बातें हमारे साहित्य में और जानकारों की सभा-गोष्ठियों में पढ़ने-सुनने को मिल जाती हैं। हो सकता है कि मनु जैसा आला दिमाग अपने चारों ओर बिखरी प्रकृति को देख कर इतना प्रसन्न हो गया हो कि उसके मन में उसके साथ मैत्री भाव पैदा हो गया हो। जब धरती पर हर इंच पर ही खेती न हो रही हो, कदम-कदम पर नहीं बल्कि जरूरत भर के थोड़े-से ही कल-कारखाने हों, पानी को नहरों से निकाल कर नदियों को आज की तरह नालियां न बना दिया हो, घने जंगल हों और चारों ओर प्रकृति का सुखद वातावरण हो, तो ऐसे में प्रकृति से एकाकार हो जाने की इच्छा को अस्वाभाविक कैसे मान सकते हैं? पर मनु ने इस इच्छा को यज्ञ का रूप दे दिया, यानी प्रकृति हमें इतना दे रही है हमें भी उसके प्रति समर्पण भाव रखना चाहिए, कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए, ऐसा विचार हम लोगों को दे दिया तो जाहिर है कि तब से प्रकृति और मनुष्य के बीच दो दूरस्थ इकाइयों का नहीं बल्कि एक-दूसरे से जुड़ी, एक-दूसरे को समर्पित और एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता भाव से जुड़ी इकाइयों का रिश्ता बन गया होगा।

जिन मंत्रों के माध्यम से प्रकृति और मनुष्य के बीच यह रिश्ता कायम किया गया उन्हें यजुष कहते हैं और यजुष की सहायता से जब अग्नि में आहुति डाली जाती थी तो उस संपूर्ण विधि को यज्ञ कहा गया। यजुष् गद्य में होते थे और आगे चल कर इन्हीं यजुष मंत्रों के संग्रह को यजुर्वेद नाम दिया गया। बेशक हमारी स्मृति में ऋग्वेद का नाम चारों वेदों में सबसे पहले अंकित है और इसलिए यह जानकर कुछ लोगों को आश्चर्य और कुछ लोगों को क्रोध हो सकता है कि यजुर्वेद के मंत्रों को ऋग्वेद के मंत्रों से ज्यादा पुराना कैसे माना जा सकता है। परंतु भारत की तमाम वैदिक परंपरा इस बात की गवाही देती है कि मनु की कुछ ही पीढ़ियों के बाद यानी बहुत जल्दी ही गद्य में लिखे जाने वाले यजुष् मंत्रों की रचना शुरू हो चुकी थी और इनके सैकड़ों वर्षों के बाद जब विश्वामित्र ने वर्तमान अजमेर के पुष्कर तीर्थ में सविता अर्थात सूर्य की उपासना में बुद्धि की प्राप्ति के लिए गायत्री मंत्र रचा तो वह इस धरती पर लिखा गया प्रथम वैदिक पद्य काव्य बन गया जो अपनी इस विशेषता के कारण कुछ ही समय में लोगों की जुबान पर चढ़ गया और हर नगर गांव में छा गया।

मनुष्य अपने इस स्वभाव से बेबस है कि उसे अगर कहीं से भनक भी लग जाए कि एक कोना ऐसा है जहां से उसकी इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है तो वह अपनी पूरी शक्ति के साथ उस कोने को रिझाने में लग जाता है और वहां पैदा हुए एक कल्पवृक्ष की कल्पना में खो जाता है। प्रकृति के साथ मैत्री, उसके प्रति समर्पण और उसके प्रति कृतज्ञता के भाव से जो यज्ञ पद्धति शुरू की गयी थी वही यज्ञ क्रमशः अनेक प्रकार की कामनाओं की पूर्ति का माध्यम बना दिया गया। यह जानकर कितना आश्चर्य होता है कि शुरू में यज्ञकर्ता के मन में हद दर्जे का समर्पण था और यज्ञ में डाली गई, यजूष् मंत्रों और ऋचाओं के उच्चारण के साथ डाली गयी आहुति के अंत में वह कहता था कि मैं जो आहुति डाल रहा हूं वह मैंने डाल दी और इससे मेरा अब कोई नाता नहीं रहा—इंद्राय अथवा अग्नये या सोमाय या फिर किसी भी देवता के लिए आहुति डालने के बाद यज्ञकर्ता कहता था कि स्वाहा अर्थात मैंने कह दिया, इदम् न मम यानी इससे अब मेरा कोई नाता नहीं है। परंतु आगे चल कर उसका अपनी आहुति से इतना ज्यादा लगाव हो गया है कि वह देवता से अर्थात प्रकृति की विभिन्न शक्तियों से कई तरह की कामनाएं पूरी करने के लिए यज्ञ करने लगा, आग्रह करने लगा। हम जानते हैं कि दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए पुत्र-कामेष्टि यज्ञ किया था। राम का अश्वमेध यज्ञ कम प्रसिद्ध नहीं। उतना ही मशहूर युधिष्ठिर का राजसूय यज्ञ है जिसमें कृष्ण की अग्रपूजा हुई थी और इसी यज्ञ में कृष्ण ने शिशुपाल का वध किया था।

यज्ञों का नाम सुनेंगे तो हैरान रह जाएंगे। कहीं दर्श है तो कहीं पौर्णमास है कहीं स्वर्ग प्राप्ति के लिए तरह-तरह के यज्ञ हो रहे हैं तो कहीं विभिन्न कामनाओं की पूर्ति के लिए एक साल, दो साल, बारह साल के यज्ञ हो रहे हैं। यज्ञों के विभाग बना दिए गए। कुछ यज्ञ पाकयज्ञ कहलाए, कुछ हविर्यज्ञ कहलाए तो कुछ सोमयाग और इनमें सोमयाग को सबसे अधिक महत्वपूर्ण माना गया। कामनाओं की पूर्ति के चक्कर में यज्ञों को इतना पेचीदा बना दिया गया कि यज्ञों की तरह अग्नि भी कई तरह की मान ली गयी, जैसे गार्हपत्य अग्नि, आहवनीय अग्नि, दक्षिणाग्नि। अचानक लोगों को यह लगने लगा कि अगर देवता को खुश करना है तो उसे वही चीज दो जो उससे हम मांग रहे हैं। पशु चूंकि उस समय की सबसे बड़ी सम्पत्ति थे, इसलिए पशुओं को पाने के लिए यज्ञ में पशुबलि होने लगी और इस तरह एक सीधा-सच्चा मनुष्य और प्रकृति के बीच बना एक सरल संबंध, वह संबंध जिसे यजुष् के सहारे यूं ही सरल गद्य के माध्यम से बखान दिया जाता था, उस संबंध में अर्थात उस यज्ञ में हिंसा का बोलबाला हो गया। इतना हुआ कि एक आवाज उठने लगी कि असली यज्ञ वही है जिसमें हिंसा न हो। इसलिए यज्ञ को अध्वर (ध्वर यानी हिंसा और अध्वर यानी जहां हिंसा न हो) बनाने और कहने पर जोर दिया जाने लगा जबकि यज्ञ में हिंसा के समर्थक एक झूठा नारा देने में लग गए कि 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' यानी यज्ञों में की जाने वाली हिंसा हिंसा ही नहीं होती। पहले मनुष्य यजुष् के माध्यम से प्रकृति से सीधा संवाद कर लिया करता था किंतु धीरे-धीरे एक नहीं बल्कि चार-चार पुरोहितों की व्यवस्था कर दी गई और इस तरह यज्ञ जटिल, महंगे, उलझन भरे, कहीं-कहीं हिंसा से परिपूर्ण और इस तरह अजीब से हो गए। एक सीधी-सादी संस्था तमाम तरह के जंजालों और प्रपंचों का पर्यायवाची बन गई।

देश के बुद्धिमान लोगों ने तब भी यह कोशिश की कि यज्ञ को सुधार कर उसे ठीक और मौलिक रास्ते पर वापस लाया जाए। संस्कृत में ब्रह्म का एक अर्थ है वेद और ब्रह्म अर्थात वेद की व्याख्या को 'ब्राह्मण' शब्द दिया जाता है जो वर्ण और जातिवादी ब्राह्मण से अलग है। तो यज्ञों को ठीक करने के लिए और उनका सही मर्म समझाने के लिए उस समय के विद्वानों ने ब्राह्मण ग्रंथों की रचना की जिनमें यज्ञ के संदर्भ में वेदों का सही अर्थ समझाने की कोशिश उन जानकारों ने अपने हिसाब से की और प्रकृति के साथ ब्रह्मांड के रहस्यों का अपनी भाषा और शैली में उद्घाटन किया। परंतु लगता यह है कि यज्ञों को जटिल और कठिन बनाने वाली लॉबी इतनी ताकतवर हो चुकी थी कि उसने उन ब्राह्मण ग्रंथों को भी वह महत्व नहीं दिया जिस महत्व के वे लायक थे।

तो नतीजा क्या निकला? सिर्फ नुकसान ही नुकसान। चूंकि पुराने भारत की यज्ञ लॉबी ने ब्राह्मण ग्रंथों का उचित सम्मान नहीं किया, इसलिए ये ग्रंथ क्रमशः लुप्त होते गए और अब बहुत कम ब्राह्मण ग्रंथ उपलब्ध हैं जिन्हें समझना सचमुच में एक टेढ़ी खीर है। यज्ञ चूंकि जटिल और प्रपंचों का पुलिंदा हो गए थे इसलिए उनका दीर्घायु रह पाना वैसे ही संभव नहीं था। जो अंतिम यज्ञ भारतवासियों की स्मृति में अंकित है वह गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त का अश्वमेध यज्ञ है जो उसने भारत दिग्विजय के लिए किया था। यानी ब्राह्मण ग्रंथ पूरी तरह से नहीं बच पाए और यज्ञ संस्था भी आत्महत्या कर बैठी। परंतु इसके साथ-साथ जो भरपूर नुकसान हुआ वह यह था कि यज्ञ संस्था के माध्यम से भारत में जिस तेजी से ज्योतिष शास्त्र, भाषा शास्त्र और ज्यामिती शास्त्र विकसित हो गए थे उनका विकास भी रुक गया और वे जहां थे वहीं उनको पूर्णविराम लग गया। एक संस्था को खो देने से समाज कितनी चीजों को खो देता है उसका नमूना चाहिए तो यज्ञ संस्था को देखिए जिसे हम लगभग खो चुके हैं। पर आखिरी लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जटिल यज्ञ संस्था हमसे एक न एक दिन छिन ही जानी थी, पर अब जबकि विज्ञान और तर्क की प्रतिष्ठा देश और दुनिया में नए सिरे से हो रही है, क्या इस खो चुकी एक संस्था पर भी कोई शोध प्रासंगिक है या नहीं? है, क्योंकि बेशक हम उसे आज खो चुके हों, यह संस्था आज भी हमारे रक्त और हमारे स्वभाव में है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



पानी

विज्ञान कथा

'विनय, गाँव आकर कैसा लग रहा है?' प्रसाद जी ने पूछा।

विनय ने कोई उत्तर नहीं दिया। वह जमीन में गड़े लोहे के पाइप की ओर एकटक देखे जा रहा था, जिसके मुँह से पानी की मोटी धार निकल रही थी। वह पहली बार गाँव आया था। इससे पहले उसने जमीन से कभी इस तरह पानी निकलते नहीं देखा था।

'विनय।' प्रसाद जी ने फिर पुकारा।

'जी?' इस बार विनय ने चौंक कर अपने पिता की ओर देखा।

'क्या सोच रहे हो?' उन्होंने पूछा।

'पिताजी, मैं सोच रहा था कि अगर हमारे पैरों के नीचे की जमीन एकाएक टूट जाए तो हम लोग सीधे पानी में जा गिरेंगे, क्या जमीन के नीचे पानी का तालाब या टैंक होता है?'

'नहीं विनय', प्रसाद जी को हंसी आ गई, धरती के नीचे पानी उस तरह नहीं होता है, जिस तरह तुम कल्पना कर रहे हो। जमीन के नीचे पानी मिट्टी की विभिन्न परतों में पाया जाता है।'

'मिट्टी की परतें?' विनय ने दोहराया।

'हाँ', प्रसाद जी ने समझाया, 'यदि जमीन की खुदाई की जाए तो हम पाएंगे कि मिट्टी हर कहीं अपनी बनावट में एक-सी नहीं होती है। अलग-अलग मोटाई की परतें जैसे—चिकनी मिट्टी, मिट्टी-कंकड़, मिट्टी-बालू, बारीक बालू, मोटी बालू आदि जमीन के नीचे मिलती हैं। जमीन के नीचे पानी इन्हीं बालू वाली परतों में पाया जाता है।'

'पिताजी, जमीन के नीचे ये परतें कैसे बन जाती हैं?' विनय ने पूछा।

'वर्षों पहले जब धरती बन रही थी, बड़ी-बड़ी नदियों द्वारा मिट्टी-बालू को अपने साथ ला-लाकर जमा किया जाता रहा, जिसके फलस्वरूप इन परतों का निर्माण हुआ। चट्टानी इलाकों में ये परतें भिन्न प्रकार की होती हैं।'

'कमाल है।' विनय बुदबुदाया।

वे दोनों ट्यूबवैल के नजदीक आ गए थे। डीजल इंजन के चलने से तेज शोर हो रहा था।

'जमीन के नीचे से पानी उठाने या खींचने के लिए पम्प की जरूरत होती है।' प्रसाद जी ने विनय को बताया,'यहाँ पम्प को इस डीजल इंजन की सहायता से चलाया जा सकता है।'

'बिना पम्प के जमीन में से पानी नहीं निकाला जा सकता?' विनय ने पूछा।

'लोगों को बिना पम्प के जमीन में से पानी

> 'वर्षों पहले जब धरती बन रही थी, बड़ी-बड़ी नदियों द्वारा मिट्टी-बालू को अपने साथ ला-लाकर जमा किया जाता रहा, जिसके फलस्वरूप इन परतों का निर्माण हुआ। चट्टानी इलाकों में ये परतें भिन्न प्रकार की होती हैं।'

निकालते हुए तुमने अक्सर देखा होगा, इसके लिए कुओं, रहट, हैंडपम्प आदि का प्रयोग किया जाता है।'

विनय गहरी सोच में डूब गया था।

'पिताजी', एकाएक उसने उत्सुकता से पू[छा], 'महाभारत के टी.वी. सीरियल में अर्जुन धरती [में] तीर मारकर पानी निकाल देते हैं और पानी ज[मीन] से फव्वारे की तरह निकलने लगता है। बिना प[म्प] के पानी कैसे निकलने लगता है?'

प्रसाद जी ने प्रशंसाभरी दृष्टि से विनय [की] ओर देखा।

'मुझे खुशी है कि तुमने अपना पूरा ध्या[न] विषय पर केन्द्रित कर रखा है।' प्रसाद जी ने खु[श] होते हुए कहा, 'टी.वी. में दिखाई जाने वा[ली] बहुत-सी बातें ठीक उस रूप में नहीं होती हैं जै[सी] दिखाई देती हैं। फिर भी अर्जुन के गाँडीव ध[नुष] से धरती छेदने वाली घटना से तुमने मेरा ध्या[न] पाताल तोड़ कूप या उत्स्रुत कूप (आर्टीसि[यन] वैल) की ओर आकृष्ट कराया है। कुछ कूप ऐ[से] भी होते हैं जिनसे पानी बिना किसी पम्प की म[दद] से अपने आप जमीन पर बहता है। इस तरह [के] कूप हर जगह नहीं बनाए जा सकते हैं। इन[के] निर्माण के लिए जमीन के नीचे मिट्टी की पर[तों] एवं पानी की एक विशेष प्रकार की दशा [या] स्थिति होना अनिवार्य है।'

'मतलब?' विनय के चेहरे से साफ जाहिर [हो] रहा था कि उसकी समझ में यह बात नहीं आ र[ही] है।

'अपने आप बहने वाले कूप के लिए जमी[न] के नीचे मिट्टी की दो सख्त परतों के बीच पा[नी] वाली परत का होना जरूरी होता है—ठीक कि[सी] सैंडविच की तरह। ये मिट्टी की परतें अभेद्य हो[ती] हैं यानी पानी इनके आर-पार नहीं आ [जा] सकता। इन परतों के बीच पानी अत्यधिक द[बाव] में रहता है और यदि जमीन से पानी की परत त[क] छेद किया जाए तो पानी दबाव के कारण [ज]मीन की सतह तक चढ़कर बहने लगता है। इस प्र[कार] के कूप को ही पाताल तोड़ कुआँ या स्वतः [बहने] वाला कूप कहते हैं।'

'पानी फव्वारे के रूप में जमीन से [कैसे] निकलने लगता है?' विनय ने फिर पूछा।

'मिट्टी की दो सख्त परतों के बीच दब[ाव के] कारण। इसे समझने के लिए तुम एक गु[ब्बारा] लो, उसे बिना फुलाए उसमें सु[ई से] सावधानीपूर्वक एक छेद कर दो, फिर उसमें [पानी] भर लो। क्या होगा?' प्रसाद जी ने पूछा।

'पानी उस छेद से फव्वारे के रूप में नि[कलने] लगेगा।'

'बिल्कुल ठीक।' प्रसाद जी ने कहा, '[इस] प्रयोग में गुब्बारे की झिल्ली के कारण उस[के] भीतर का पानी दबाव में रहता है। जमीन में सख[्त] मोटी मिट्टी की परतों के कारण ऐसा होता है।'

'समझ गया.... बिल्कुल समझ गया' विनय ने कहा। नई जानकारी के कारण उसकी आँखें खुशी से चमक रही थीं।

सुकेश साहनी

जीव जगत

बड़ी चालाक होती है लोमड़ी

लोमड़ी एक ऐसा जीव है, जिसे अत्यंत धूर्त और चालाक माना जाता है। लोमड़ी की दो प्रजातियां ही प्रमुख रूप से पायी जाती हैं—एक तो लाल लोमड़ी और एक देशी लोमड़ी।

लाल लोमड़ी हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में दिखलायी देती है। जबकि देशी लोमड़ी जंगलों में घूमती दिखाई दे सकती है।

लाल लोमड़ी का रंग कुछ-कुछ चमकीला पीला या काला भी होता है। पूंछ पर सफेद रंग पाया जाता है, जिसकी वजह से यह आसानी से पहचान ली जाती है। यह अधिकतर 50 से 75 से.मी. तक लम्बी होती है। वजन में 5 से 7 किलोग्राम तक मिलती है। लाल लोमड़ी की कुछ प्रजातियां तिब्बत और लद्दाख में भी पाई जाती हैं। भारत वर्ष में जो जातियां मिलती हैं, उनमें पुसिला, प्रिफोथी और मोन्टाना प्रमुख हैं।

देशी-लोमड़ी सभी जगह मिलती है। यह आकार में कुछ छोटी होती है। लंबाई भी 35 से.मी. से 50 से.मी. तक पायी जाती है। सबसे

निकलती है। यह अपने रहने के लिए गुफा जैसी मांद बना लेती है। फुर्सत के समय, आलसी जीवों की तरह पड़ी रहती है। एक मांद में नर तथा

लोमड़ी अपने शिकार के मामले में भी चतुर होती है। यह अधिकतर रात के समय में ही मांद से निकलती है। लेकिन हमेशा यह जरूरी नहीं

> लोमड़ी बहुत कम झुन्ड में मिलती है। यह अकेले ही चुपचाप अपने शिकार की टोह में निकलती है। यह अपने रहने के लिए गुफा जैसी मांद बना लेती है। फुर्सत के समय, आलसी जीवों की तरह पड़ी रहती है। एक मांद में नर तथा मादा दोनों ही बच्चों की देखभाल करते हैं। मादा लोमड़ी एक बार में 4 या 5 बच्चों को जन्म देती है। लगभग एक वर्ष में बच्चा चलने फिरने के काबिल हो जाता है।

लोमड़ी की आदत होती है कि यह सूनी-बस्तियों में अचानक घुस बैठती है और मौका देखकर अपना शिकार पकड़ लेती है। इसे शहर के पास वाली, जंगली जगह पसंद होती है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Q41. 'Cookie Jar' was the original name of which famous comic strip?

Q42. What is a Camel with one hump called?

Q43. We all have heard of P.G. Wodehouse. What does P.G. stand for?

Pelham Grenvill

Q44. In the Trojan War, who was the commander in Chief of the Greek forces?

Q45. What is PERIPLANET[illegible]RICANA better known as?

Cockroach

Q46. Which American character actor was known as the 'Man of Thousand Faces'?

Q47. What was Elizabeth Taylor's last film?

Q48. The word 'money' is derived from the patron Goddess of roman mint. What is her name?

Moneta

Q49. Who is Bat Man's Butler?

Q50. Which is the largest living cell in the world?

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Q39. Which countries official name is 'ELLENIKI DEMOCRATIC'?

Finland

Q40. Which comic character is the citizen of Marsailles?

tin-tin ? Possibility

Q41. 'Cookie Jar' was the original name of which famous comic strip?

Q42. What is a Camel with one hump called?

Q43. We all have heard of P.G. Wodehouse. What does P.G. stand for?

Pelham Greanvil

Q44. In the Trojan War, who was the commander in Chief of the Greek forces?

Q45. What is PERIPLANE[illegible] [illegible]CANA better known as?

Cockroach

Q46. Which American character actor was known as the 'Man of Thousand Faces'?

Q47. What was Elizabeth Taylor's last film?

Q48. The word 'money' is derived from the patron Goddess of roman mint. What is her name?

Moneta

Q49. Who is Bat Man's Butler?

Q50. Which is the largest living cell in the world?

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पहले पृष्ठ का शेष

तेरी भौंह की मरोर तें...

मुंह किए श्याम वर्णी कृष्ण खड़े हैं, पीताम्बर, मुकुट और बाँसुरी धारण किये, सामने यमुना है और पीछे हरित पुष्पित वृक्ष। दूसरी ओर मुंह फेरे राधा बैठी हैं, बीच में खड़ी सखी उन्हें समझा रही है। राधा का रूप अप्रतिम है, मीन-सी बड़ी-बड़ी आँखें, नुकीली नाक, सुडौल शंख-सा मुंह, लाज से सिमटे कपोल, अधखिले फूल से अधर, पतली टहनी सी झुकी बाँह और नाजुक हथेली की तरह कमल पर रखे पाँव। केश से कटि तक बल खाई राधा की मानिनी देहयष्टि और उस पर झुकी बंकिम टहनियों में अद्भुत भाव साम्य है।

रूपवती मानिनी राधा को मनाती सखी और न मानती राधा का यह रूपायन राधा के मौन मान का बोलता चित्रण है।

राजपूत शैलियों में जो महत्व किशनगढ़ और मेवाड़ का रहा वही महत्व पहाड़ी शैलियों में गढ़वाल और कांगड़ा का था।

गढ़वाल शैली के महान चित्रकार मोलाराम थे जिन्होंने राधा-माधव की विभिन्न भंगिमाओं के सुंदर चित्र उकेरे। सन् 1800 में मानिनी राधा का एक सुंदर चित्र मोलाराम ने बनाया। अन्य गोपियों के साथ कृष्ण के रास रचाने को लेकर क्षुब्ध हुई राधा बैठी हैं और अपराधी भाव से कृष्ण राधा के पाँव धो रहे हैं। इस चित्र में बड़े सांकेतिक और व्यंजनापूर्ण ढंग से मोलाराम ने राधा के मानिनी रूप को चित्रित किया है। कृष्ण के सामने राधा ने अपने रोष को प्रकट करने के लिए घूंघट काढ़ लिया है। पृष्ठभूमि में मंदार के वृक्ष हैं जो मोलाराम की कलम की अपनी विशेषता है। राधा का चेहरा एक चश्म है, घूंघट की ओट लिए राधा का रूप लावण्य अत्यंत मनोहारी है। लम्बी काली भौंह, वैसी ही नीचे झुकी आँखें, लम्बी नाक में अलंकृत नथनी और सुघड़ कान में लंबी लटकती बाली। राधा के बैठने की मुद्रा बड़ी लुभावनी है। लाल मंदार से ढंकी और झुकी डाली की तरह, मानभाव से बैठी राधा ऐसी दीख पड़ती हैं जैसी पल्लवित पलाश से झुकी कोई डाल अपने वसंत से रूठ गई हो।

प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम बॉम्बे में गीत गोविन्द पर आधारित कांगड़ा शैली का 18वी सदी का बेहद मनोहारी लघुचित्र है जिसका आकार 33.5×22.5 से.मी. है। संभवतः यह इस

जयदेव से बिहारी तक और निहालचंद से मोलाराम तक जिन साहित्य मनीषियों और कलाकारों ने राधा को अपनी कलम में बाँधा, उन्होंने राधा भाव में प्राण रस घोल दिया फिर इस कलम ने चाहे शब्द गूंथे हों या रंग।

संग्रहालय के सर्वश्रेष्ठ चित्रों में से एक है। इस चित्र में एक ओर कृष्ण कुंज में बैठे हुए हैं, दूती उन्हें संदेश दे रही है। नाना प्रकार के पुष्पों, लताओं और पक्षियों से भरपूर प्रकृति का समूचा सौंदर्य चारों ओर अपनी उत्कृष्टता के साथ बिखरा है। हल्के नीले रंग के कृष्ण की भावप्रवण उत्सुकतापूर्ण भंगिमा अनूठी है। दूसरी ओर राधा एक वृक्ष के नीचे पुष्प दलों से सज्जित शैया पर बैठी हैं। एक हाथ ऊपर की ओर उठा हुआ है, मानभाव के कारण वे कृष्ण की ओर देख भी नहीं रहीं, उनका अद्भुत सौंदर्य कांगड़ा शैली की सारी सौंदर्य दृष्टि को साकार करता है। राधा को अपने रूप का गुमान भी है और मान भी लेकिन वे लजीली हैं, सजीली हैं, उत्कंठित हैं, आतुर हैं और अधीर भी लेकिन यह मान का अवरोध माधव मिलन में बड़ा बाधक है। अद्भुत चित्र है यह वे मानिनी भी दीख पड़ती हैं लेकिन ऐसी भी जैसे वे बस मन जाने को आतुर बैठी हों।

यह चित्र एक क्षणिकता के स्थायित्व में परिवर्तित हो जाने का अनुपम रूपायन है। भारतीय साहित्य और कला के संसार में राधा का यह मानभाव बड़े मनोहारी रूप में रूपायित हुआ है। यों यह मानभाव हम सभी में विराजा है लेकिन जाने क्यों यह राधा-सा मानभाव नहीं है, राधा-सा मानभाव हो तो कोई रूठे भी तो सिर्फ प्रेम के लिए निश्छल प्यार के लिए और अंततः मान जाने के लिए भी।

कोशिश करें कि राधा सा मानभाव मन में सँजो लिया जाए क्योंकि मानने से ही मन के मान का सम्मान बना रहता है।

मन जाना ही मानभाव की अंतिम रचनात्मक परिणिति है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिस तेजी से सड़कों पर वाहनों का बोझ बढ़ रहा है, उसी तेजी से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की संख्या। समाचार-पत्रों में रोजाना छपने वाली सड़क दुर्घटनाओं के आँकड़े तो चौंका देने वाले होते हैं। इन सड़क-दुर्घटनाओं के पीछे सबसे बड़ा हाथ यातायात के नियमों का जाने-अनजाने उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों का होता है— चाहे वह वाहन चालक हो या पैदल चलने वाला यात्री।

इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए जन-सामान्य में यातायात के नियमों और सड़क-सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली में चार ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्कों की स्थापना की है। जो मुख्यतः बच्चों को प्रशिक्षित करने की दृष्टि से बनाये गये हैं। लेकिन यातायात के नियमों को जानने के इच्छुक वयस्क व्यक्ति भी इन पार्कों में आकर जानकारी हासिल कर सकते हैं।

दिल्ली में सबसे बड़ा ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क पंजाबी बाग (रिंग रोड) पर बना हुआ है। यह पार्क वास्तव में ट्रेनिंग पार्क बनाने की श्रृंखला में दूसरे स्थान पर आता है, जिसका निर्माण 1978 में किया गया था। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 1974 में सबसे पहले अपने उद्देश्य की पूर्ति बाबा खड़ग सिंह मार्ग (कनॉट प्लेस) पर एक बने बस-स्टैण्ड, रेड लाइट, जेबरा क्रॉसिंग, चौराहों पर लगे, ट्रैफिक पोस्ट भी बने मिलेंगे। जो आम सड़क की तरह ही बनाये गये मॉडल होते हैं। इन पार्कों में कार्यरत ट्रैफिक ट्रेनिंग प्रशिक्षक जो कि ट्रैफिक पुलिस अधिकारी होते हैं। आने वाले बच्चों को सड़क का प्रयोग करने के नियम पहले मौखिक रूप से बताते है। फिर उन नियमों

को खुद एवं बच्चों द्वारा पालन करवा कर के मुख्य भवन, संग्रहालय, अस्पताल, स्कूल, चिड़ियाघर के मॉडल बनाये गये हैं। तो दूसरी ओर यहाँ हवाई जहाज एवं हेलीकॉप्टर के मॉडल भी बच्चों को आकर्षित करते है।

इन मॉडलों को बनाने के पीछे ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का उद्देश्य मात्र पार्क का आकर्षण बढ़ाना ही नहीं, बल्कि दिल्ली जैसे महानगर में इन भवनों और दर्शनीय स्थलों के सामने

शरीर, मुद्रा, लक्षण, इन्द्र, आनंद, वीर, देव, चक्रवर्ती, राजचक्रवती जैसे शब्दों का प्रयोग होना शुरू हो गया। पवित्र नदी गंगा के बारे में प्राचीन काल से ही मंगोलिया में गीत उपलब्ध है जिनकी पंक्तियां हैं:

'ए मेरी गंगा मइया।
मैं तेरा आभारी हूँ
क्योंकि—
तुझमें ही मेरी उत्पति है,
तुझमें ही मेरा विनाश है,
फिर भी तू माता है,
तू माता है—
इसलिए तू पवित्र है,
तू परम पावन है,
क्योंकि तू निरंतर बहती है—
तू मेरी माता है....'

आज से करीब दो हजार साल पहले हुन जाति मंगोलिया में राज्य करती थी। चीन की दीवार से लेकर रूस की बेकाल झील तक हुनों का साम्राज्य फैला हुआ था। यह कहना तो मुश्किल है कि इन हुनों में मंगोलिया के कौन-सी जाति अथवा उपजाति सम्मिलित थी लेकिन इतिहास यह अवश्य मानता है कि मंगोल और हुन में रक्त के संबंधों। मंगोलिया में तुर्क, मानचू, चीनी, थारगोत, बुरियाद, खाजाक आपस में मिलजुल

सूर्यकान्त बाली

दार्शनिक-राजा की परम्परा के प्रवर्तक

तीर्थंकर ऋषभदेव

आप नदी में नहाने के लिए निकलें और नदी पर घाट बना हो या नहीं, इससे कितना फर्क पड़ जाता है। घाट बना हो तो आप आराम से नहा लेते हैं और न बना हो तो फिसल जाने के डर की गठरी सिर पर लादे आप जैसे तैसे ही स्नान कर पाते हैं। घाट न बना हो तो आप चाहते हैं कि काश यहाँ घाट होता, तो कितना आराम होता। पर अगर घाट बना हुआ हो तो क्या कभी आप उस सत्पुरुष के बारे में भी सोचते हैं, जिसने घाट बनाया?

नहीं सोचते, पर इससे घाट बनाने वाले का महत्व तो कम नहीं हो जाता। इसलिए कल्पना कीजिए कि जैन परंपरा में और आगे चलकर पुराणों में, खासकर भागवत महापुराण में अगर भगवान ऋषभदेव की स्मृति सुरक्षित न होती तो हम भारतवासी आज कितने वंचित होते? कभी जान ही नहीं पाते कि देश के ज्ञात इतिहास के शुरुआती दौर में, अर्थात मनु की पाँचवीं पीढ़ी में ही एक ऐसा राजा इस देश में हो गया जिसने राजपाट तो पूरी कुशलता और अक्लमंदी से चलाया ही, देश में कई तरह से कर्मण्यता और ज्ञान का प्रसार किया ही, वह खुद भी ऐसा महादार्शनिक था कि जिसने साबित किया कि कैसे इस दुनिया में रहकर भी दुनिया से ऊपर रहा जा सकता है और ऐसे महामानव को अगर जैन परंपरा ने प्रथम तीर्थंकर और भागवत परंपरा ने विष्णु का अवतार मानकर समान रूप से भगवान ऋषभदेव कह दिया तो इसमें हैरान नहीं होना चाहिए।

पर यकीन मानिए कि हमारे इस कथन को पढ़कर हर कोई इस बात पर हैरान हो रहा होगा कि इसमें कौन सी नयी बात है कि एक राजा था, वह दार्शनिक भी हो गया? आखिर अम्बरीष भी राजा था और भक्त भी था, जनक भी राजा था और ब्रह्मवेत्ता भी था। सिद्धार्थ गौतम भी तो बुद्ध बनने से पहले राजकुमार थे। वैसे ही महावीर भी जिन और तीर्थंकर बनने से पहले राजकुमार थे और अगर ये दोनों राजकुमार घर बार छोड़कर निकल न जाते तो क्या महान राजा-दार्शनिक न होते?

जरूर होते। पर चूँकि इस तरह के राजा दार्शनिकों की एक लम्बी परंपरा हमारे देश में है, इसलिए हमें इसके प्रवर्तक के महत्व का पूरा पता नहीं चल रहा। चूँकि घाट बना पड़ा है और हम निश्चिंत होकर नदी में नहा रहे हैं, इसलिए हमें घाट बनाने वाले के उस महत्व की वैसी याद ही नहीं आ रही। अतः जिस समाज को अव्यवस्था के प्रलय से निकालने के लिए मनु ने भारत के ज्ञात इतिहास में पहली बार राजा का पद ग्रहण कर समाज और शासन के लिए नियम बनाए हों, कहीं ऐसी राजसत्ता निरंकुश होकर उसे जन्म देने वाली प्रजा पर ही अत्याचार होने न लगे, उसे रोकने के लिए आद्य वशिष्ठ ने राजदंड पर ब्रह्मदंड का संयम ओढ़ाने का महान विचार इस देश को दिया हो, उस समाज में कुछ ही वक्त में एक अद्भुत राजा हो जाए जो अपने राजदंड को अपने ही ब्रह्मबल से खुद ही संयत करने की नई परंपरा का सूत्रपात कर दे तो क्या ऐसा प्रवर्तक राजा-दार्शनिक हमारे प्रणाम का पात्र नहीं बन जाता? चूँकि ऐसे राजा-दार्शनिकों की एक परंपरा हमारे पास है, चूँकि घाट बना पड़ा है, इसलिए उसका महत्व हमें उस हद तक दर्ज नहीं हो रहा और जहाँ ऐसी परंपरा नहीं होती, ऐसा घाट नहीं होता वहाँ ऐसे प्रवर्तक का कितना महत्व हो सकता है, इसके लिए याद कीजिए प्लेटो के 'फिलॉसफर किंग' के विचार को, जिस पर यूरोप आज भी कैसा फिदा है, क्योंकि इस विचार का मूर्तरूप बने किसी शासक की उन्हें आज भी तलाश है, और पता नहीं कब तक तलाश रहेगी।

हमारे देश में ऐसे विराट व्यक्तित्व दुर्लभ हैं जो एक से अधिक परंपराओं में भी समान रूप से मान्य और पूज्य हों। भगवान ऋषभदेव उन दुर्लभ महापुरुषों में से एक हैं और संभवतः सबसे पुराने। जहाँ जैन परंपरा उन्हें अपने तीर्थंकरों की श्रेणी में पहला मानती है वहाँ भागवत परंपरा में उन्हें विष्णु के चौबीस अवतारों में से एक माना गया है। बाकी तमाम वर्णन लगभग समान है। वे आग्नीध्र राजा नाभि के पुत्र थे और उनकी माता का नाम मेरुदेवी था जिन्हें जैन परंपरा मरूदेवी कहती है। जैन मत में ऋषभदेव को प्रथम राजा माना जाता है तो भागवत परंपरा में उन्हें मनु से पाँचवीं पीढ़ी कहा गया है। दोनों परंपराएँ उन्हें इक्ष्वाकु वंशी और कोसलराज मानती हैं और समान रूप से कहती हैं कि ऋषभदेव को जन्म से ही विलक्षण सामुद्रिक चिह्न प्राप्त थे और वे शैशव काल से ही योगविद्या में प्रवीण होने लगे थे। जैन परंपरा पर लगभग मुहर लगाते हुए अनेक पुराण कहते हैं कि ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। जब देह त्याग की परम इच्छा से ऋषभदेव दक्षिण चले गए तो वहाँ कुकट अथवा कीकट नामक पर्वत के जंगलों में आग लग जाने से उनका भौतिक शरीर दग्ध हो गया (भागवत पुराण पाँचवाँ स्कंध, अध्याय-6, गद्य श्लोक-7)।

यह सब विवरण तो ठीक है। पर इसमें नोट करने लायक मजेदार बात यह है कि अगर जैन परंपरा में इस महादार्शनिक की सांसारिक कर्मण्यशीलता पर ज्यादा बल मिलता है, तो भागवत परंपरा में इस विशिष्ट राजा की दिगम्बरता, उनके परमहंस होने की सचाई पर कहीं ज्यादा जोर दिया गया है और जाहिर है कि भगवान ऋषभ का पूरा परिचय इन दोनों परंपराओं को पढ़ने से ही हो पाता है। मसलन जैन परंपरा में कुलकरों की एक नामावलि मिलती है जिसमें ऋषभदेव पंद्रहवें तो उनके पुत्र भरत सोलहवें कुलकर माने गए हैं। कुलकर एक तरह से वे विशिष्ट पुरुष हैं जिन्होंने सभ्यता के विकास में कोई खास योगदान किया। सिर्फ नमूने के तौर पर जान लिया जाए तो तीसरे कुलकर क्षेमंकर ने पशुओं का पालन करना सिखाया, पाँचवें कुलकर सीमंधर ने सम्पत्ति की अवधारणा दी और उसकी व्यवस्था करना सिखाया, ग्यारहवें कुलकर चंद्राभ ने कुटुम्ब की परंपरा डाली। इस परंपरा में पंद्रहवें कुलकर ऋषभ ने एक नहीं बल्कि अनेक विधियों से समाज को अपना अद्भुत योगदान किया। असि यानी युद्धकला, मसि यानी लेखनकला, कृषि, विद्या, वाणिज्य, शिल्प के प्रवर्तन के जरिए भगवान ऋषभ ने समाज जीवन में पता नहीं कितना कुछ कर डाला। क्या लगता नहीं कि उन्होंने जीवन को लगभग पूर्ण बना डाला? जो लोग भारत में लेखन कला को बहुत बाद में शुरू हुआ मानते हैं उनके लिए निवेदन यह है कि वे कृपया ऋषभदेव की पुत्री ब्राह्मी के बारे में परिचय प्राप्त करें जिनके माध्यम से पिता ऋषभदेव ने लेखन कला का इस देश में इतने पुराने समय में प्रवर्तन कर डाला था। यूँ ही नहीं भारत की प्राचीनतम लिपि को ब्राह्मी लिपि कहा जाता।

अब इससे एकदम अलग हटकर भागवत परंपरा की ओर चलें तो वहाँ ऋषभदेव को परमवीतराग, दिगम्बर, परमहंस और अवधूत राजा के रूप में जबरदस्त गुणगान शैली में, मानो लिखने वाला श्रद्धा से सिर झुकाए बैठा हो, बताया गया है। ऐसा नहीं कि उनके सांसारिक जीवन को लेकर वहाँ कोई खड़िया पोत दी गई है जैसे कि जैन परंपरा में भी ऋषभदेव के दार्शनिक पहलू पर कोई कम बल नहीं दिया गया है। पर बात तो ज्यादा जोर देने की है और भागवत परंपरा में विस्तार से बताया गया है कि आध्यात्मिक चिंतन की उच्चतम सीमा पा लेने के बाद राजा ऋषभ ने अंततः अजगर की वृत्ति धारण कर ली थी। यानी वे अजगर की तरह पड़े रहते और जो खान पान उन्हें लेटे-लेटे मिल जाता, या न मिल जाता, उसी में तृप्त रहते।

★

भगवान ऋषभदेव उन दुर्लभ महापुरुषों में से एक हैं और संभवतः सबसे पुराने। जहाँ जैन परंपरा उन्हें अपने तीर्थंकरों की श्रेणी में पहला मानती है वहाँ भागवत परंपरा में उन्हें विष्णु के चौबीस अवतारों में से एक माना गया है। बाकी तमाम वर्णन लगभग समान हैं।

★

क्या कोई राजा ऐसा हो सकता है? नहीं हो सकता न? अगर हो तो क्या कोई प्रजा उसे क्षणभर के लिए भी उस पद पर सहन करेगी? नहीं करेगी। और अगर ऋषभदेव को स्वीकार ही नहीं किया गया, पूजा भी गया, तो जाहिर है कि भगवान ऋषभ ने एक ऐसी अद्भुत परंपरा का प्रवर्तन किया जिसे पुराणों में ही नहीं ऋग्वेद में भी यत्र तत्र स्मरण किया गया है। ऋग्वेद में एक शब्द मिलता है वृषभ। विशेषण के रूप में इसका अर्थ है श्रेष्ठ। परंतु शब्द ऋषभ हो या वृषभ उसमें उच्चारण की सुविधा के कारण कोई अंतर नहीं पड़ता और बात एक ही है। इसलिए ऋग्वेद में वृषभ या ऋषभ के श्रेष्ठ राजा और दार्शनिक होने के अद्भुत कर्म का उल्लेख एकाधिक बार आया है। एक स्थान पर तो ऋषभदेव का सम्बंध कृषि और गोपालन के संदर्भ में मिलता है जो जाहिर है कि जैन परंपरा को ही पुष्ट कर रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि जैन परंपरा के सभी तीर्थंकरों में अकेले भगवान ऋषभदेव को केशी, अर्थात सिर के लम्बे बालों के युक्त होने के कारण केशी कहा गया है। तीर्थंकर ऋषभदेव की एक प्रतिमा भी ऐसी मिली है जिसमें उनके लम्बे सुंदर केश कंधों से भी नीचे तक लटक रहे हैं और वे स्वयं दिगम्बर अवस्था में हैं। इस प्रतिमा का समय आज से दो हजार साल पहले कुषाणकाल में माना जाता है और ऋग्वेद के दसवें मंडल में एक सूक्त (संख्या 136) सिर्फ केशी को लेकर है और उसमें केशी का भी जो काव्यमय वर्णन मिलता है उसे आप चाहें तो ऋषभदेव के विलक्षण गुणों के साथ जोड़कर देख सकते हैं और जो चाहें निष्कर्ष निकाल सकते हैं।

तो कहाँ पहुँचे? यहीं कि भगवान ऋषभदेव बेशक प्रथम तीर्थंकर हैं और विष्णु के अवतार हैं, पर उन्हें यह अद्भुत गौरव इस देश के लोगों ने उनके द्वारा किए गए इस अद्भुत योगदान के लिए दिया कि किस प्रकार एक राजा प्रजा के कल्याण की चिंता में दिन रात एक करता हुआ भी आत्म ज्ञान की परम अवस्था को छू सकता है। उन्होंने एक ऐसा घाट बना दिया जिस पर चलने की अपेक्षा आगे चलकर हर राजा से की गई और कुछ तो उस पर चले भी। पर घाट बनाने वाले का सम्मान क्या हमने किया? किया। पर अगर संदर्भ आज का हो तो पूछना पड़ेगा क्या उतना किया जितना एक घाट बनाने वाले का करना होता है? अगर नहीं किया तो क्या बिगड़ा है? देश अपने पास है, देश की परंपरा अपने पास है, ऋषभ की मीठी स्मृतियाँ अपने पास हैं, तो क्यों न बने भगवान ऋषभ हमारी आज की संसद के आदर्श?

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लकड़हारा और सफेद हाथी

बाल कहानी

रामपुर में हरिया नाम का एक गरीब लकड़हारा रहता था। वह कठोर परिश्रमी और ईमानदार आदमी था। एक बार हरिया ने सपने में देखा। घने जंगल में पीपल के नीचे जहां रोज दोपहर में वह खाना खाता है, वहां एक सफेद हाथी हरी घास और पत्तियां खा रहा है। गजराज के समीप ही सूखी लकड़ी का एक गट्ठा और सोने की एक अशर्फी रखी हुई है।

सुबह जब हरिया जंगल पहुंचा, तो पीपल के नीचे उसे सूखी लकड़ी का एक गट्ठा और अशर्फी मिली। हरिया ने सोचा शायद ईश्वर ने उसकी मदद की है। इसलिए गजराज के लिए हरी घास और पत्तियां इकट्ठी कर खाने को सामने रखी और सोने की अशर्फी जेब में रख ली, फिर लकड़ी का गट्ठा ले कर वह गांव की ओर चल दिया।

उस दिन हरिया को सूखी लकड़ी से अच्छी आय हुई। दूसरी रात हरिया को पुनः वही सपना दिखायी दिया।

अगली सुबह जब हरिया जंगल गया, तो उसे पीपल के नीचे फिर एक लकड़ी का गट्ठा और सोने की एक अशर्फी मिली। उसने अशर्फी अपने पास रख ली और ईश्वर का धन्यवाद अदा करता हुआ हरी पत्ती और घास एकत्रित करने लगा। फिर सूखी लकड़ी का गट्ठा ले कर वह गांव चला आया। उस दिन भी उसे लकड़ी की बिक्री से अच्छी आय हुई।

हरिया को रोज ही वही सपना दिखायी देने लगा और सूखी लकड़ी के साथ सोने की अशर्फियां मिलने लगीं। कुछ ही दिनों में उसके पास पर्याप्त धन एकत्रित हो गया और वह प्रसन्नतापूर्वक रहने लगा।

हरिया ने अपने पास जमा अशर्फियां जमींदार को बेच दीं। जमींदार ने हरिया से अशर्फियों का रहस्य पूछा, तो उसने सब कुछ सच-सच बता दिया। जमींदार ने हरिया लालच दे कर फंसाना चाहा। अतः उसने कहा, 'हरिया, क्या भरोसा कल से तुम्हें वह स्वप्न न आये... तब तुम्हें अशर्फियां मिलना बन्द हो जायेंगी...' यह सुन कर हरिया सोच में पड़ गया।

जमींदार ने हरिया से कहा, 'भैया... तुम अपना सपना मुझे बेच दो और बदले में जो चाहो ले लो... हरिया को बात पसन्द आ गयी... उसने सपने के बदले दो बीघा जमीन, दो जोड़ी बैल, एक बगीचा और एक हजार रुपया मांगा... जो जमींदार ने उसे दे दिया...'

सपने का सौदा हो जाने पर अगली रात हरिया को सपना नहीं आया। हरिया जमीन, बैल और रुपया पा कर आनन्दपूर्वक रहने लगा। अब उसे लकड़ी काटने की आवश्यकता न थी।

उधर जमींदार को सपने में गजराज ने दर्शन दिये और कहा, 'जमींदार तुमने लालच में आ कर एक गरीब आदमी को लूटा है, अतः तुम्हें अशर्फियां नहीं मिलेंगी।' उसके बाद जमींदार को सपना नहीं दिखायी दिया।

जमींदार अपने ही जाल में फंस गया था। पर, वह बहुत चालाक था। जमींदार ने गांव के लोगों से सम्पर्क किया और बताया, 'मैंने हरिया को

अगली सुबह जब हरिया जंगल गया, तो उसे पीपल के नीचे फिर एक लकड़ी का गट्ठा और सोने की एक अशर्फी मिली। उसने अशर्फी अपने पास रख ली और ईश्वर का धन्यवाद अदा करता हुआ हरी पत्ती और घास एकत्रित करने लगा। फिर सूखी लकड़ी का गट्ठा ले कर वह गांव चला आया।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चित्रः हेमंत चौहान

मीठी तान सुनाती बुलबुल

जीव जगत

बुलबुल एक ऐसी चिड़िया है जो अपनी सुमधुर कूक के लिए प्रसिद्ध है। इसके बोल इतने मीठे होते हैं कि इसे 'गानेवाली चिड़िया' भी कहते हैं। मधुर स्वर वाली बुलबुल एक फुर्तीली चिड़िया है जो ज्यादातर झुंड में रहना पसंद करती है। हमारे देश में बुलबुल उत्तर से [illegible] भर फुदकने वाली यह चंचल बुलबुल प्रायः झुंड के साथ ही रहती है। और पहाड़ी जंगलों के साथ ही कभी अचानक शहरीबाग बगीचों में भी पहुँच जाती हैं। इसके शरीर का ऊपरी भाग पीला होता है और निचला भाग हरा- पीला होता है। इसके पंख गाढ़े भूरे रंग के होते हैं। इसकी चोंच की जड़ से आँखों के ऊपरी हिस्से तक एक पतली सी गहरी रेखा दिखाई देती है।

[illegible] जाता है। यह झाड़ियों तथा खर पतवार वाले नम जंगलों में रहती है। घने जंगल इसे पसन्द नहीं बस्तियों के करीब नागफनी वाले कांटेदार झुरमुट में यह अक्सर पहुँच जाती है। गुजरात से बंगाल तक के मध्यवर्ती क्षेत्र में पायी जाने वाली यह मछरिया बुलबुल मूलतः दक्षिण भारत की निवासी है। शेष भारत में यह बहुत कम दिखाई देती है।

अन्य बुलबुलों के मुकाबले कद में काफी छोटी किन्तु आसानी से पहचानी जा सकने वाली मछरिया बुलबुल की आँखों के ऊपर की भौं टेढ़ी होती है तथा उसके आसपास सफेद पट्टी बनी होती है। इसके शरीर का ऊपरी हिस्सा हरा [illegible]

विश्वामित्र ने ऋग्वेद का पहला, गायत्री मंत्र रचा

सूर्यकान्त बाली

अगर शरीर की तरह हमारे मन के भी रोम होते तो विश्वामित्र का नाम सुनते ही हमारे शरीर ही नहीं मन को भी रोमांच हो आता। कोई अचानक विश्वामित्र का नाम ले तो बरबस हमें याद आ जाता है वह महापुरुष जिसने राम और लक्ष्मण को ऐसी शानदार शस्त्रविद्या दी कि न केवल दोनों भाइयों ने मारीच-सुबाहु जैसे दुर्दम्य राक्षसों का वध कर दिया बल्कि यह विश्वामित्र की दी कि हुई अस्त्र विद्या का ही प्रताप था कि सीता-स्वयंवर में राम ने शिव का धनुष हाथों हाथ आनन-फानन उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ा दी। रोमांच उस विश्वामित्र कथा को सुनकर भी हो जाता है जिसमें विश्वामित्र की अभूतपूर्व तपस्या का वर्णन मिलता है कि तपोलीन मुनिवर अचानक मेनका अप्सरा के मोह में फँसकर कामलीन हो गए जिससे एक कन्या शकुन्तला का जन्म हुआ, जिसका पुरुषवंशी राजा दुष्यंत से विवाह हुआ और जिन शकुन्तला दुष्यन्त का पुत्र इतिहास प्रसिद्ध भरत हुआ, जिसके वंश में आगे चलकर कौरव-पाण्डव हुए।

इतना भर तो ठीक है। पर हमारे समाज के कथानायक विश्वामित्र के साथ दो बड़े भारी अन्याय हुए हैं, इतने भारी कि उनके बोझ तले विश्वामित्र का इस देश की सभ्यता को किया गया एक अभूतपूर्व विलक्षण योगदान, यानी उनके द्वारा की गई गायत्री मन्त्र की रचना को ही हम लोग भुला बैठे। एक अन्याय पुराणों ने किया है तो दूसरा अन्याय हमारे इतिहास और विचार को विकृत करने में खासी रुचि लेने वाले पश्चिमी विद्वानों ने किया है। विश्वामित्र का वसिष्ठों से दो बार संघर्ष हुआ। एक संघर्ष अयोध्या के राजा सत्यव्रत त्रिशंकु के और उसके पुत्र हरिश्चन्द्र के समय हुआ और दूसरा संघर्ष तब हुआ जब पुरुवंशी सुदास के विरुद्ध दस राजाओं ने एक महासंघ बनाकर (दाशराज) युद्ध किया और सुदास से हारे। पहला संघर्ष विश्वामित्र ने देवराज वसिष्ठ से ब्राह्मणत्व पाने के लिए किया था और वह एक तरह से तपःसंघर्ष था जिसमें वसिष्ठ ने विश्वामित्र को ब्राह्मण मानने से इनकार कर दिया। पर विश्वामित्र ने गायत्री मन्त्र बनाकर एक ऐसा नया अद्भुत कर्म कर दिया था कि वे पूरे देश में ब्राह्मण स्वीकार कर लिए गए और अन्ततः वसिष्ठ को भी उन्हें ब्राह्मण मानना पड़ा। यह घटना मनु से करीब ग्यारह सौ वर्ष बाद की और राम से करीब बारह सौ वर्ष पहले की है। दूसरा संघर्ष विश्वामित्र ने शक्ति वसिष्ठ से उसकी कामधेनु गाय लेने के लिए किया, पर गाय लेने में सफल नहीं हुए। दाशराज युद्ध के समय की यह घटना राम से करीब डेढ़ सौ वर्ष बाद की है। यानी दो संघर्ष हुए और दोनों संघर्षों में तेरह सौ से ज्यादा वर्षों का अन्तर है, पर पुराणों ने दोनों को मिलाकर एक कर दिया और ऐसा एक किया कि देश इस बात को भूल ही गया कि विश्वामित्र ने गायत्री मन्त्र की रचना कर एक नई बौद्धिक क्रान्ति देश में ला दी थी।

दूसरा अन्याय पश्चिमी विद्वानों ने किया जो आर्यों को एक नस्ल मानने और उनके बाहर कहीं से भारत आने के दो झूठ की तरह एक तीसरे झूठ को प्रतिष्ठित करने में लगे थे कि इस देश में ब्राह्मण और क्षत्रिय हमेशा आपस में लड़ते रहे हैं। वसिष्ठ (ब्राह्मण) और विश्वामित्र (क्षत्रिय) के संघर्ष को वे इस का सबसे पुराना उदाहरण बनाकर परोसते रहे और इस झूठ के दबाव में हमारे विद्वान याद ही नहीं कर पाए कि विश्वामित्र ने आखिर इस देश को दिया क्या।

थोड़ा आगे बढ़ें, इससे पहले फुटनोट के तौर पर दो बातें जान लेने में कोई हर्ज नहीं। विश्वामित्र—मेनका का प्रसंग पुराणों के जरिए हमारे जहन में आज तक बसा है। हालांकि इतिहास के क्रम में उसे फिट करने में कई दिक्कतें आती हैं। दिक्कतें भुला दें तो यह प्रसंग पहले यानी गायत्री मंत्र बनाने वाले विश्वामित्र का हो सकता है जो उनके जीवन के उत्तरार्ध में कहीं घटा होगा और जिन विश्वामित्र ने रामलक्ष्मण को शिक्षा दी थी वे उस विश्वामित्र के तत्काल पूर्ववर्ती होंगे जिन्होंने शक्ति वसिष्ठ से कामधेनु के लिए संघर्ष किया। जाहिर है कि जिस तरह वसिष्ठों की एक कुल परम्परा है जिसमें सभी को वसिष्ठ कहा जाता है वैसे ही विश्वामित्रों की भी एक पूरी वंश परम्परा है जहां सभी को विश्वामित्र कहा जाता है। दोनों ही सप्तर्षियों में गिने जाते हैं, पर दोनों के कालक्रम में फर्क यह है कि जहां वसिष्ठों की नामावली मनु के एकदम बाद हुए राजा इक्ष्वाकु के समय से ही, यानी आज से आठ हजार साल पहले से मिलना शुरू हो जाती है वहीं विश्वामित्रों के कुल का प्रारम्भ उससे ग्यारह सौ वर्ष बाद यानी आज से करीब सात हजार साल पहले होता है

और अगर युगों का एक साधारण, लगभग, अनुमान लगाना हो तो कह सकते हैं कि वसिष्ठों का उदय कृतयुग अर्थात सत्ययुग के शुरू में हुआ तो विश्वामित्रों के उदय के साथ ही त्रेता युग की भी शुरुआत होती है जब इस देश के महामंत्र गायत्री मंत्र की रचना हुई।

इस पृष्ठभूमि के बाद अब आराम से आगे बढ़ा जा सकता है। प्रथम विश्वामित्र की कथा वास्तव में संघर्ष के महत्व की, संकल्प की अदम्यता की, इच्छा शक्ति के प्राबल्य की और मन की अपराजेयता की वह कथा है जिसमें आग से तप कर निखरे सोने की तरह विश्वामित्र ने अपने लक्ष्य को पाने के लिए घोर मानसिक और बौद्धिक तप किया और विजय पाई। इन महान विश्वामित्र का असली पहला नाम विश्वरथ था। वे राजा कुशिक के पुत्र थे और पिता के बाद खुद कान्यकुब्ज के शासक बने। कुछ विवरणों के मुताबिक वे कुशिक के पौत्र और गाथिन के पुत्र थे। जब विश्वरथ कान्यकुब्ज (आज के कन्नौज) पर शासन कर रहे थे तब अयोध्या में सत्यव्रत का राज चल रहा था जिसे हम त्रिशंकु के नाम से जानते हैं। बस इसमें मजेदार बात यह है कि विश्वरथ और सत्यव्रत त्रिशंकु गहरे दोस्त थे और अपनी अपनी तरह के जबर्दस्त झक्की भी थे। विश्वरथ के राजकाल में कोई खास रुचि थी नहीं और हर वक्त बौद्धिकता में लीन रहने वाले विश्वरथ की महत्वाकांक्षा एक ही थी कि उन्हें ब्राह्मण मान लिया जाए पर वक्त के सर्वाधिक

> **हमारे आज के कथानायक विश्वामित्र के साथ दो बड़े भारी अन्याय हुए हैं, इतने भारी कि उनके बोझ तले विश्वामित्र का इस देश की सभ्यता को किया गया एक अभूतपूर्व विलक्षण योगदान, यानी उनके द्वारा की गई गायत्री मन्त्र की रचना को ही हम लोग भुला बैठे। एक अन्याय पुराणों ने किया है तो दूसरा अन्याय हमारे इतिहास और विचार को विकृत करने में खासी रुचि लेने वाले पश्चिमी विद्वानों ने किया है।**

पूजनीय ऋषि कुल के प्रमुख देवराज वसिष्ठ को यह बात स्वीकार नहीं थी। तर्क यह था कि पहले तपस्या करके दिखाओ तो ब्राह्मण मानने की बात उठे। उधर सत्यव्रत त्रिशंकु की झक यह थी कि उसके कुलगुरु देवराज वसिष्ठ कुछ ऐसा यज्ञ करें कि वह (त्रिशंकु) सीधा अपने शरीर के साथ ही स्वर्ग पहुंच जाए। यह भला कैसे हो सकता था? सो देवराज वसिष्ठ ने मना कर दिया।

यानी विश्वरथ और त्रिशंकु दोनों मन मसोस कर रह गए और दोनों का कारण एक ही था—देवराज वसिष्ठ? त्रिशंकु तो कुछ कर नहीं पाया, पर विश्वरथ ने ठान ली कि यह राजकाज क्या होता है? तप करेंगे और ऐसा तप करेंगे कि वसिष्ठ को आखिर उन्हें ब्राह्मण मानना ही पड़ेगा। तय करते ही विश्वरथ ने राजपाट त्याग दिया और ऐसा त्यागा कि उनके बाद कान्यकुब्ज का कोई राजवंश ही नहीं मिलता। वे अपने परिवार को लेकर आज के गुजरात-सौराष्ट्र इलाके में, जिसे उन दिनों सागरानूप कहा जाता था, चले गए। वहां लम्बी तपस्या करने के बाद भी जब वसिष्ठ ने उन्हें ब्राह्मण नहीं माना तो विश्वरथ ने, जो अब तक विश्वामित्र हो चुके थे, कुरुक्षेत्र में सरस्वती नदी के तट पर रूषुंग तीर्थ पर तपस्या का एक दूसरा दौर चलाया। वसिष्ठ को उससे भी संतोष शायद नहीं हुआ। विश्वामित्र भला कहां मानने वाले थे? वे राजस्थान के अजमेरु (अजयमेर) इलाके में पुष्कर तीर्थ पर सविता (सूर्य) की उपासना में लग गए और वहीं उन्होंने गायत्री मंत्र की रचना की—ततसवितुर्वरेण्यम, भर्गो देवस्य धीमहि, धियो यो नः प्रचोदयात् अर्थात हम सूर्य के उस परम तेज पर ध्यान लगाते हैं जो हमें बुद्धि प्रदान करे। इस मन्त्र रचना का निष्कर्ष एक ही था कि विश्वामित्र का ब्रह्मबल जग चुका था। इस मंत्र रचना के समय तक वसिष्ठ ने विश्वामित्र को राजर्षि तो मान लिया था, पर चौबीस अक्षरों वाले इस गायत्री मंत्र का असर इतना विलक्षण था कि जब जनसामान्य में इस मंत्र का चलन हो गया तो बरबस वसिष्ठ को उन्हें ब्राह्मण मानना पड़ा।

ऐसी क्या बात थी इस मंत्र में? थी, तभी तो यह मंत्र हिमालय से समुद्र तक और सिन्धु से ब्रह्मपुत्र तक सारे भारत के लोगों का अपना एक स्वाभाविक मंत्र बन गया है जैसा कि कोई दूसरा मंत्र नहीं बन पाया है। मनु ने आज से आठ हजार साल पहले यज्ञ संस्था की शुरुआत की। उनके डेढ़-दो सौ वर्षों के बाद गद्य में लिखे जाने वाले यजुष मंत्रों की रचना शुरू हुई जो यजुर्वेद में संकलित हैं। पर मनु के करीब ग्यारह सौ वर्ष बाद यानी आज से करीब सात हजार वर्ष पहले त्रेतायुग के आरम्भ में विश्वामित्र ने पहली बार एक ऐसा मंत्र रचा जो कविता में, ऋचा में, छन्द में था, जिसमें चौबीस अक्षर थे, जिसमें गेयता थी और जो यज्ञ के लिए नहीं, बल्कि सूर्य से बुद्धि की तीव्रता की प्रार्थना के लिए रचा गया था। वह गेय यानी गाने लायक था इसलिए उसे गायत्री कहा गया और गाने लायक होने के कारण वह लोगों की जुबान पर सहसा चढ़ गया और आज तक चढ़ा हुआ है। गायत्री मंत्र ऋग्वेद के तीसरे मंडल के 62वें सूक्त (3.62) में संकलित है।

तो कैसे मालूम पड़ा कि यह पहली ऋचा है, ऋग्वेद का पहला मंत्र है? ऋग्वेद के करीब दस हजार मंत्रों का संकलन करीब एक हजार सूक्तों में है। इन सूक्तों की रचना जिन ऋषियों द्वारा की गई है, शोधकर्ताओं ने गहरा अनुसंधान करके उनका कालक्रम तय किया है और उस श्रृंखला में हमारे महानायक विश्वामित्र का नाम सर्वप्राचीन है जिनका पहला मंत्र गायत्री है। वैसे तो वसिष्ठों का उदय विश्वामित्रों से एक हजार साल पहले हो चुका था, पर वसिष्ठों ने यानी वसिष्ठ कुल के मैत्रावरुण वसिष्ठ ने पहला सूक्त विश्वामित्र के करीब तेरह सौ साल बाद अर्थात दाशराज युद्ध के बाद रचा (ऋग्वेद 7.22)। ऋग्वेद की पोथी खोलेंगे तो उसमें आपको पहला मंत्र कोई और ही नजर आएगा। पर याद रहना चाहिए कि वेदों में मंत्रों का संकलन कालक्रमानुसार नहीं है। क्रम किस आधार पर तय हुआ, वेदव्यास के मन में इस क्रम को बनाने का क्या कारण था, इसे आज तक कोई नहीं जान पाया। पर आज लोगों ने रिसर्च कर डाली है और उसी रिसर्च ने विश्वामित्र को ढूंढ निकाला है जिसने हम भारतवासियों को ऋग्वेद का पहला, गायत्री मंत्र दिया। तो धन्य कौन हुआ—विश्वामित्र या हम या हमारा भारत देश? जवाब है—सभी।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्तिम इच्छा

कोरियाई लोक-कथा

एक समय की बात है कि किसी तालाब में एक विधवा मेंढकी रहती थी, जिसका सिर्फ एक ही बेटा था। वह बहुत ही शरारती था। सारा दिन उछल- कूद मचाता रहता और अपनी माँ का कहना बिल्कुल नहीं मानता था। माँ जो कुछ कहती, उसका उल्टा ही करता। यहाँ तक कि माँ उससे कहती, पूरब की ओर जाओ तो वह पश्चिम की ओर चल पड़ता। वह जिस काम के लिए मना करती, वह वही करता। मेंढकी अपने बेटे की इस आदत से बहुत परेशान रहती, क्योंकि वह उसकी बात पर बिल्कुल ध्यान नहीं देता। यदि वह उससे कहती कि जाकर पहाड़ पर कुछ काम कर आ, तो वह सीधे नदी में कूद पड़ता और घंटों उसमें तैरता रहता।

इसी तरह दिन बीतते गए। धीरे-धीरे मेंढकी भी बूढ़ी हो गयी। बुढ़ापे में उसकी चिन्ता और बढ़ गयी। वह दिन-रात फिक्र करती रहती कि उसके मरने के बाद बेटे का क्या हाल होगा? इसी चिन्ता में एक दिन वह सख्त बीमार पड़ गयी और उसे लगा कि उसका अन्त अब निकट आ गया है। उसे अपने निठल्ले बेटे के लिए बड़ा दुःख था।

एक दिन जब उसकी हालत बहुत खराब हो गयी तो उसने अपने बेटे को पास बुलाया और कहा, 'बेटे, अब मैं पल-दो पल की मेहमान हूँ। मेरी एक इच्छा है। मैं चाहती हूँ कि मेरे मरने के बाद तुम मुझे पहाड़ पर मत दफनाना। यहीं नदी के किनारे ही दफना देना।'

मेंढकी जानती थी कि उसका बेटा उसकी इच्छा के विपरीत ही करेगा। असल में वह पहाड़ पर ही दफन होना चाहती थी।

परन्तु मेंढकी की अन्तिम इच्छा भी पूरी नहीं हुई। उसके मरने के बाद उसका मेंढक बेटा बहुत दुःखी हुआ और माँ के बिछुड़ने पर बहुत रोया। उसे अपनी गलतियों का अहसास भी हो गया कि वह अपनी माँ का कहना कभी नहीं मानता था। अन्त में उसने निश्चय किया कि वह अपनी माँ की अन्तिम इच्छा अवश्य पूरा करेगा। अतः उसने अपनी माँ को नदी के किनारे ही दफना दिया।

अब जब कभी वर्षा होती तो उसे चिन्ता सताने लगी कि कहीं माँ की कब्र वर्षा में बह न जाय। वह कब्र के किनारे घंटों बैठकर रोता और पछताता।

कहते हैं कि इसीलिए जब कभी बरसात का मौसम आता है तो मेंढक टर्र-टर्र करने लगते हैं।

रतन चंद 'रत्नेश'



गर्मियों के मौसम में पर्वतीय—प्रदेश कुमाऊं और गढ़वाल में जहां घिंगारू, फिगोड, हिसाल और मेल नाम के जंगली फलों की भरमार होती है, वहीं इन जंगली फलों में 'काफल' नाम से जाना जाने वाला छोटा सा लाल रंग का मोती की तरह चमकता हुआ फल भी मिलता है, अपने आकर्षक रंग-रूप ओर अनोखे स्वाद के कारण पहाड़ की लोक संस्कृति के साथ तो जुड़ा ही है, बल्कि पिछले कई वर्षों में पर्यटकों में भी अपनी पहचान बना चुका है। इसके अलावा 'काफल' पहाड़ों के गरीब निवासियों के लिए रोजी रोटी का साधन बन गया है।

वनस्पति जगत में 'काफल' मिरिकेसी कुल का सदस्य है, और वैज्ञानिक शब्दावली मे मिरिका इस्कलेन्टा नाम से जाना जाता है। काफल का वृक्ष हिमालय के पहाड़ी ढलानों में 1500-2500 मीटर की ऊंचाई पर फलता-फूलता है। इसकी ऊंचाई 50 से 60 फुट की रहती है। इसकी छाल गहरी भूरी व काली होती है। काफल के वृक्ष की छाल ज्वर व सिरदर्द में भी उपयोगी पाई गई है। इसके अतिरिक्त काफल का वृक्ष भूमि की जल धारण क्षमता को भी बढ़ाता है और अस्थाई ढालों में भू-क्षरण

जीव जगत

दादाजी ने बचपन में एक बार जुगनुओं के बारे में अजीब बात बतायी थी कि जुगनू भगवान के जासूस होते हैं। अंधेरी रातों में अपनी रोशनी लेकर वे यह देखने के लिए घूमते रहते हैं कि कोई बच्चा शैतानी तो नहीं कर रहा। जब हम थोड़ा बड़े हुए तो दीदी से पता चला कि जुगनू और कुछ मछलियों में दुश्मनों से बचाव के लिए चमकने का गुण होता है। ऐसा उनके विज्ञान शिक्षक ने बताया है। मुझे यह बात बड़ी दिलचस्प लगी। हमने सोचा, चलो विज्ञान शिक्षक से ही विस्तार से इस बारे में पूछा जाय ताकि पता चल सके कि दादाजी की बात सच है या सिर्फ कहानी।

विज्ञान शिक्षक ने बताया कि बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्म जीवों से लेकर मछलियों, जुगनुओं और फायर फ्लाई तक कई ऐसे खास प्राणी हैं, जिनमें अंधेरे में चमकने का गुण होता है। चमकने की यह क्रिया जीव-संदीप्ति कहलाती है।

बहुत पहले से ही जीवों की इस अनोखी

जहां विज्ञान को गुणते हैं

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र को 'एक महल सबके सपनों का' कहा जाता है। यहां वैज्ञानिक मॉडलों का अद्भुत संगम है। राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र में सूचना-क्रान्ति दीर्घा कम्प्यूटर-युग में आकर समाप्त होती है। वहीं बनी है एक कम्प्यूटरशाला। आजकल इस कम्प्यूटरशाला में झांकने पर एक अनोखा ही दृश्य नजर आता है। यहां कम्प्यूटर के सामने बैठकर दस-पन्द्रह बच्चों की निगाहें एकदम कम्प्यूटर के दृश्यपटल (स्क्रीन) पर हैं। और छोटी-छोटी अंगुलियां कम्प्यूटर के कुन्जीपटल (की-बोर्ड) पर लगातार चल रही हैं। जैसे ये सब बच्चे पृथ्वी से छोड़े गये किसी उपग्रह का यहां से नियन्त्रण-संचालन कर रहे हों।

ऐसा ही दृश्य विज्ञान केन्द्र के तलघर में बनी इलेक्ट्रानिकीशाला में भी देखने को मिलता है। यहां करीब दस बच्चे अपनी-अपनी नोटबुक में बने परिपथ-चित्रों (सर्किट-डॉयग्राम) की मदद से इलेक्ट्रानिकी में प्रयुक्त होने वाले सूक्ष्म पुर्जों को एक सर्किट शीट पर हाथ में इलेक्ट्रानिक रॉड लेकर जोड़ रहे हैं और बार-बार वोल्टमीटर से इसे जांच रहे हैं। यहां बच्चों के समूहों में कोई समूह 'चोर अलार्म' बना रहा है। कोई 'आपातकालीन अलार्म' बना रहा है। और कोई 'इलेक्ट्रिक पियानो' बना रहा है।

ये दृश्य राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र की कम्प्यूटरशाला और इलेक्ट्रानिकीशाला में गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के लिए संचालित 'कम्प्यूटर ज्ञान कार्यक्रम' और 'रचनात्मक योग्यता कार्यक्रम' के हैं। यहां बच्चों को गर्मी और सर्दी की छुट्टियों में एक ओर कम्प्यूटर के बारे में मौलिक ज्ञान दिया जाता है, तो दूसरी ओर बच्चों को इलेक्ट्रानिकी सिद्धान्तों के आधार पर वैज्ञानिक-मॉडल बनाने का मौका दिया जाता है।



लिखने-टाइप करने से लेकर कई प्रकार की गणनाओं और विश्लेषणों के लिए कम्प्यूटर एक आवश्यक साधन बन गया है। इसके बारे में प्रत्येक व्यक्ति को ज्ञान रखना आवश्यक सा हो गया है। बच्चों को इस काम में पहले से ही जानकारी देकर उनका कम्प्यूटर ज्ञान का आधार तैयार करना इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य है। इस कार्यशाला में दो सप्ताह तक बच्चों को कम्प्यूटर संचालन की मौलिक जानकारी जैसे एमाल्स-डोस संचालन तन्त्र तथा कम्प्यूटर की बेसिक कार्यक्रम भाषा से अवगत कराया जाता है।

यह सब सिखाते समय ध्यान रखा जाता है कि उनके साथ विद्यालयों की तरह कोई बंधन नहीं रखा जाये। यहां बच्चों को उनकी मंशा और कार्य क्षमता के अनुसार स्वयं दिमाग और हाथ चलाने का भरपूर मौका दिया जाता है। प्रतिदिन कुछ समय सिद्धान्तों की जानकारी देने के बाद उन्हें खुला छोड़ दिया जाता है कि वे अब इन्हें कम्प्यूटर पर प्रयोग करें। बताये गये सिद्धान्तों के अनुसार संचालन में जब दिक्कत आती है तो बच्चों की सहायता दी जाती है। इस प्रशिक्षण के

इलेक्ट्रानिकीशाला में चल रही कार्यशाला के बारे में इसके संचालक तथा राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र के शिक्षा सहायक श्री अजय अग्रवाल बताते हैं कि इस कार्यशाला का आयोजन ग्रीष्मकालीन अवकाश में किया जाता है। बच्चों ने जो कुछ विज्ञान का ज्ञान विद्यालय की कक्षाओं में अर्जित किया है, उसको वे यहां आकर स्वयं अपने हाथों प्रयोग करके रचनात्मक रूप दे सकें। बच्चे अपनी जानकारी तथा यहां पर दी गयी सामग्री के आधार पर वैज्ञानिक मॉडल बनाते हैं। बच्चा कक्षा में जो पढ़ता है उसे रचनात्मक रूप देने की प्रवृत्ति विकसित करने का यहां मौका दिया जाता है।

विज्ञान की शिक्षा तब तक अधूरी है, जब तक कि अर्जित ज्ञान को प्रयोग के आधार पर सिद्ध करके उसे रचनात्मक रूप नहीं दिया जाता है। इस कार्यशाला के माध्यम से बच्चों में यहां विज्ञान के ज्ञान को पूर्णता में परिवर्तित करने का अवसर प्रदान किया जाता है। यह रचनात्मक कार्यशाला कभी इलेक्ट्रानिकी पर होती है तो कभी भौतिकी, यान्त्रिकी और जीवविज्ञान पर आधारित होती है।

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र के निदेशक श्री पी.के. भौमिक का कहना है कि आज के वैज्ञानिक युग में बच्चों के मानसिक स्तर के साथ-साथ बौद्धिक स्तर भी काफी ऊंचा होता जा रहा है। लेकिन पर्याप्त साधनों के अभाव में कई प्रतिभाशाली बालकों की प्रतिभा अन्दर ही अन्दर तड़पती रह जाती है। इन्हीं तड़पती हुई प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करना राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र का ध्येय है।

यहां आठवीं से ऊपर के छात्र प्रवेश ले सकते हैं, दिल्ली से बाहर के छात्रों को हमारी सलाह है कि वे भी अपने-अपने शहरों में ऐसी गतिविधियों

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

DLF Delhi Contact ... Nagar Ph-2250307 (417190)

SALE/ PURCHASE OF PROPERTIES IN AND AROUND Chanakyapuri, Friends Colony, Vasant Vihar ... Contact Subhash Chandra ... Delhi Phone 239101, 230296 ... 3209258

ATTENTION NRIs OWNERS. WANTED IMMEDIATELY PURCHASE FLAT IN IFS APARTMENTS MAYUR VIHAR. WRITE BOX NO. 72938 TIMES OF INDIA, NEW-DELHI-110002. (414646)

AVAILABLE 125 GAJ PLOT IN MOHAN GARDEN ... Properties L-32 Rampark Road, Mohan Garden, Uttam Nagar. 5593666 (406545)

RAJOURI GARDEN 490 SQ. YDS. BEAUTIFULLY BUILT ... Contact 5431244, 5188447 ... (AD418594)

DLF ANKUR VIHAR PLOTS AVAILABLE 200, 250, 316, 400, fully developed (Ready Registry) ... 6871781 (M4156990)

DLF ANKUR VIHAR PLOTS 200, 250, 316, 400 (FREE-hold), road, water, sewer, electricity completed ... Malviya Nagar, New Delhi-110017. 6871781 (M415628)

TIMES MATRIMONIALS

[illegible]

TIMES MATRIMONIALS

MANGLIK

24 / 172 ARORA, MANGLIK BUSINESSMAN INcome in five figures, handsome boy seeks beautiful homely Manglik girl. Contact: 7262102. (AD419260)GNGT

MANGLIK MATCH FOR HIMACHALI RAJPUT SANdal Gotra Manglik boy 28/ 169/ 5000 Service Central Government undertaking (IOC). Father retired, own house. Horoscope must, latest colour photograph returnable. Write Box No. 72533 NavBharat Times, NewDelhi-110003. (415564)GNGT

BENGALI

ALLIANCE FOR HANDSOME BRIGHT ENGINEER (IIT) MBA (IIM) 29/181 Senior position in reputed company. Established status SC family, Senior Govt. Position. Pretty PG convented Bengalee bride solicited. Caste no bar. Write Box 73048, Times of India, NewDelhi-110002. (AD419062)SNGM

BRAHMIN

ALLIANCE INVITED FOR SMART SARYUPARIN Brahmin 28 / 167 bank P.O. from really beautiful convent educated girl offers from Lucknow Kanpur etc. preferred. Write Box L 20529, Times of India, Allahabad-211001. (TLB109315)

BEAUTIFUL, EDUCATED, FAIR MATCH FOR Sanadhya Brahmin 5'8" / 26 / 7000, senior executive M.E. (Industrial Management) in foreign collaboration company. Correspond with resume photograph. Caste no bar. Write Box 72865, Times of India, NewDelhi-110002. (M418057)SNGM

GAUR SANADHYA ALLIANCE INVITED FOR SMART gorvarn computer engineer 23 / 165 / 7500 employed own agriculture farm, own PCO. Write Box C-5133, Times of India, Jaipur. (J5133)

KUMAONI BRAHMIN GIRL FOR SMART BOY 29/169/4300 Govt. servant. Write with horoscope. Write Box 72904, Times of India, NewDelhi-110002. (AD418343)SNGM

MAITHIL BRAHMIN VATSA GOTRIA 27/ 184, M.SC, Delhi Police sub-inspector handsome boy seeks tall, slim, beautiful, homely girl, preferably B.Ed. Write details with returnable photo to Box No. 73063 Times Of In dia, NewDelhi-110002. - (419165)SNGM

MATCH FOR GAUR BRAHAMIN BOY 29/ 175 M.SC (Statistics) and Diploma Computers. Well settled. Highly educated family based Rajasthan. Girl's merit only criterion. With photograph Write Box No. 72112 Times Of India, NewDelhi-110002. (412053)SNGM



SUITABLE MATCH FOR 23 / 167 / 5000 BRAHMIN Dixit boy. Girl should be beautiful ambitious intermediate homely. Write advertiser P.B. 7216 New-Delhi -110002. With horoscope, bio-data, colour photo returnable. (418929)GNGT

WANTED SUITABLE GARHWALI BRAHMIN BRIDE FOR Garhwali Brahmin Defence Officer M.Sc. (Gold Medalist) 28/183 handsome write with photograph and horoscope. Write Box 71975, Times of India, NewDelhi-110002. (M411139)SNGM

ALLIANCE INVITED FOR A VERY HANDSOME ATTRACTIVE DECENT TEETOTALLER BOY 30/175 MONTHLY EARNING FIVE FIGURES. FATHER RETD. I.P.S. M.P. BASED HIGHLY EDUCATED & REPUTED FAMILY FROM A VERY ATTRACTIVE WELL EDUCATED DECENT DOMICILE GIRL OF A ...

KHATRI

PROBLEM IN HEARING (DEAF), ALLIANCE INVITED for Punjabi, Arora, 31 yrs, 181, 5000/- technically qualified, computer assistant in Govt. undertaking own flat, no demands. Full details of girl and Write Box No. 72096 Times Of India, NewDelhi-110002. (411952)SNGM

PROBLEM IN HEARING (DEAF), ALLIANCE INVITED for Punjabi Khatri 31 1/2, 181, 5000/- diploma holder computer assistant in Govt. undertaking, own flat, no demands. Send details of girl Write Box No. 71753 Times Of India, NewDelhi-110002. (409593)SNGM

KSHATRIYA

ALLIANCE INVITED FOR BHADORIA RAJPUT BOY 27 / 5'10" / B.E. civil / Govt. job / brothers officers from reputed Rajput family. Write Rajesh Singh Bhadoria 14/5 Sanjay Complex, Phase-II, Bhopal. Phone 64164. (M410488)SNGM

ALLIANCE INVITED FROM HIGH STATUS FAMILY FOR HANDSOME ENGINEER, RAJPUT (THAKUR) BOY 27 / 176, INDEPENDENT FLOURISHING BUSINESS, MONTHLY INCOME FIVE FIGURES. FATHER HIGH GOVT. OFFICIAL WITH M.P. GOVT. EARLY DECENT MARRIAGE. WRITE BOX 72994, TIMES OF INDIA, NEW DELHI- 110002.

(C418754)SNGM

CONVENT EDUCATED RAJPUT (KSHATRIYA) GIRL below 25 for public school educated under grad. business settled (Gujarat), Royal family. Apply with bio-data. Write Box 1016-B, Times of India, Ahmedabad-380007. (AHG2438X)

HANDSOME RAJPUT BOY FORM BIHAR 28/ 185 Computer Science Graduate (MIS) U.S. Green Card holder settled in U.S.A seeks homely cultured, adjustable in joint family, educated, convent educated not necessary, fair, slim, beautiful tall girl. Write with photograph & telephone. Write Box No. 73040 Times Of India, NewDelhi-110002. (419011)SNGM

SUITABLE EMPLOYED MATCH FOR GARHWALI RAjput Delhi- Police Sub- Inspector boy, 27/ 5000/ 169 teacher preferred. Write Box No. 72424 Times Of India, NewDelhi-110002. (414927)SNGM

SUITABLE MATCH FOR A HANDSOME GARHWALI Rajput boy 29/180 cms. MA customs inspector. Write box 72956, Times of India, NewDelhi-110002. (M418581)SNGM

WANTED TALL ONLY GORI CONVENT 23/25 AGE group for handsome Merchant Navy officer foreign shipping 30 / 176. Photo horoscope must. Write Box L 20538, Times of India, Lucknow-226001. (TLB109329)

MUSLIM

ALLIANCE FOR 25 YEARS U.S.A. CITIZEN ENGINEER boy from U.P. belonging Shaikh Sayed Sunni family permanent settled in U.S.A. fair looking girl M.B.B.S. doctor or degree in engineering talented in household. Photo and bio-data requested. Wite Naiyer Abdullah S17/141 Nadesar Varanasi-221002. (VTLB57522)

SIKH/PUNJABI

MATCH FOR FAIR HANDSOME PUNJABI BOY 25 / 171 doctor at Bangalore planning nursing home in Bangalore. Girl M.B.B.S. / doing M.B.B.S. very good looking convent educated. Write Box L 1127, Times of India, Allahabad-211001. (ATLB57921)

WANTED VERY BEAUTIFUL, FAIR, VEGETARIAN GIRL for 27 / 168 electronics engineer boy high status family. Father owning factory in Bombay. Write Box 72395, Times of India, NewDelhi-110002. (M414702)SNGM

TAMIL

ALLIANCE FROM SMART BROADMINDED WELL qualified established Brahmin boys for 25 years post graduate attractive Tamil Iyengar girl Bharadwaj Uthradam. Photograph returnable. Write Box 73074, Times of India, NewDelhi-110002. (AD419254)NTSL

VADAMAL NITHRUPAKASYAPAM UTHIRADAM divorcee 31/170/5000, PA Defence Ministry Delhi seeks graduate employed girls. No divorcees. Write Box 73044, Times of India, NewDelhi-110002. (AD419030)HMSR

VAISH/JAIN

HOMELY BEAUTIFUL AGARWAL (BISA) GIRL FOR B.Tech (Textile) Garg 26/ 5'9 working with German Co. Emoluments four figures. Write Box No. 73170 Times Of India, NewDelhi-110002 (419796)SNGM

ALLIANCE FOR EDUCATED AGARWAL BOY 33 / 165 having own established furnishing interior business with showroom in posh locality Lucknow proposal from good looking educated cultured family girl. Write Box L 20549, The Times of India, Lucknow-226001. (TLB109351)

ALLIANCE INVITED FOR VAISH BOY 25 / 183 / 71 / B.Tech. Roorkee, TISCO salary five figure. Girl should be from status family convented 165 cm. Engg. graduate / Comp. science or science P.G. Subcaste no bar. Write Box L 1157, Times of India, Allahabad-211001. (ATLB57965)

ALLIANCE INVITED FROM REPUTED AGRAHARI Agarwal family for 28 / 180 M.E.S. civilian class I gazetted officer (Asst. ex-engineer). Write with biodata horoscope photograph to B. P. Agrahari, North Jatepur, near Kalimandir, P.O. Gorakhpur-273015. (TLB109121)

BEAUTIFUL HOMELY MATCH FOR HIGH STATUS CONVENTED VAISH BOY 32 / 162 DECENT INCOME DIVORCEE NO ENCUMBRANCES. CASTE / DOWRY NO BAR. DIVORCEES EXCUSE ...

MATCH FOR 27 YEARS, 160 PH.D. (BOTANY) beautiful girl qualified, employed preferred. Write Box 1455, Times of India, Patna-1. (PAT141092)

ROMAN CATHOLIC SPINSTER, GRADUATE 29 / 5'2" slim, fair, charming working for reputed firm invites correspondence from well settled R.C. bachelors with sober habits. Send replies J. F. Rosario, Bldg 9 Flat 303, Premjyot Housing Complex, opp. T.A.S.A. B.P.T. Yard, Bombay-400043. (BYSC165358)

SETTLED GROOM FOR 29 / 155 SLIM FAIR BEAUTIful M.S. L.S.W. university topper LL.B. English speaking job minded homely Ambastha girl. Write A. K. Sinha, Sr. Agronomist, Nawab Colony, Bhagalpur-1. (PAT142189)

STATUS MATCH FOR 27 / 161 M.A. B.ED., SMART brilliant working Kanyakubj girl. Write to Prof. Ojha 190 Road 'D' Sonari West, Jamshedpur-11. (PT142050)

VERY FAIR BEAUTIFUL SLIM 29 / 164 CONVENTED Brahmin girl respectable North Indian family. Caste no bar. Write Box 1533, Times of India, Patna-1. (PAT142108)

COSMOPOLITAN

ALLIANCE INVITED FOR KUMAON SETTLED BEAUTIful homely sober Gaur Brahmin girl 35 / 5'3" M.A. B.Ed. teacher in public school. Write Box 72419, Times of India, NewDelhi-110002. (M414824)SNGM

ALLIANCE INVITED FROM QUALIFIED PROfessionals for tall, fair, beautiful Punjabi Hindu Brahmin graduate girl 28 / 164, all four brothers engineers. Caste no bar. Write Box 2106, Economic Times, Calcutta-700069. (CAL86981)

ALLIANCE INVITED FOR BEAUTIFUL 26 / 5'2" CENtral Govt. officer Koli (Weavers) S.C. girl B.A. LL.B. D.P.M. Caste no bar. Write Box 72866, Times of India, NewDelhi-110002. (M418062)SNGM

ALLIANCE INVITED FOR TALL FAIR 24/169 MA M.Phil Jat Defence Officer daughter convent educated through first class defence / government Officer preferred. Write Box C 5183, Times of India, Jaipur. (J5183)

I AM PUNJABI 30/ 5'6, SLIM ATTRACTIVE M.A. B.LIB Tr. Degree doing M.Phil UGC qualified, invites suitable alliance below 35 years self correspondence welcome. Caste no bar. SC/ ST please Excuse. Write Box No. 72733 Times Of India, NewDelhi-110002. (417135)SNGM

JATAV 23 + / 155 B.SC(HONS) FAIR, SLIM, beautiful, girl Doing Interior Designing Diploma. Respectable family. Father Class-I. Belongs to Rajasthan but settled in Delhi. Write Box No. 73152 Times Of India, NewDelhi-110002. (419637)SNGM

JATAV SUITABLEL EMPLOYED BOY FOR FAIR, smart, girl 24/ 5' B.A., B.Ed D.Lib.Sc, doing MA. Father retired Gazetted Officer. Contact Mr. Mukesh/ J.N. Singh T.No. 719853, 756710, 242-A Maliwara Ghaziabad-201001. (419520)SNGM

MATCH FOR SAXENA GIRLS 30 / 5' / TEACHER & 32 / 5' running beauty parlour. Sub-caste no bar. Write Box L 21258, Times of India, Lucknow-226001. (TLG59369)

MATRIMONIAL ALLIANCE INVITED FOR NORTH INdian Hindu girl doing M.S. (Gyn.) 25 years 160 cm, slim and fair complexion, preference for P.G. / doing P.G. medico. Caste no bar. Write Box L 20553, Times of India, Lucknow-226001. (VTLG57524)

POETESS, LECTURER, YOUNGER LOOKING, SLIM Bihari Kayastha girl 34½ / 5'2" / 2500 Ph.D. Physics from B.H.U. Direct response invited from broadminded professionals family. No caste bar. Write Box 72887, Times of India, NewDelhi-110002. (M418221)NTSL

TEETOTALLER, NON-SMOKER, MEDICO MATCH from respectable Jat family for fair, pretty, Indian values girl 23/159, completing M.D. May '96. Father Doctor in America. Write Box 72133, Times of India, NewDelhi-110002. (M412159)SNGM

DOCTORS

M.D. / M.S. MATCH FOR ATTRACTIVE BRAHMIN medico girl 27 / 166 completing post graduation next year in Gynaecology. Write Box C-5131, Times of India, Jaipur. (J5131)

SUITALE MATCH FOR CONVENT EDUCATED BEAUTIful Punjabi Arora 23/155 M.B.B.S. Pursuing higher studies, belonging to highly educated affluent family. Write Box 72698, Times of India, NewDelhi-110002. (M416807)SNGM

OTHER PROFESSIONALS

ALLIANCE INVITED FOR JAT GIRL 23 / 162 / 7000 B.E. (COMPUTER) EMPLOYED IN MULTINATIONAL COMPANY. FAIR CHARMING AND CULTURED. PROFESSIONALLY QUALIFIED EMPLOYED PREFERRED. WRITE BOX 72330, TIMES OF INDIA, NEW DELHI-110002. (M413537)SNGM

NRI/ GREEN CARD

WANTED A SUITABLE MATCH FOR 21/160 AMERICAN CITIZEN GIRL PREFER DOCTOR TECHNICAL ENG. EARLY MARRIAGE. CONTACT DELHI 5725967 5751160. (417966)NTSL

MANGLIK

KUMAONI BRAHMIN BOY FOR 27/156 M.A., B.ED. girl well versed in household affairs. Write with horoscope. Write Box 72909, Times of India, New-Delhi-110002. (AD418353)SNGM

MANGLIK MATCH FOR FAIR SLIM KHATRI GIRL 28½ / 156 B.Sc. B.Ed. doing computer diploma from Delhi. Write Box 72874, Times of India, New-Delhi-110002. (M418115)SNGM

SC/ST

OFFICER / ENGINEER MATCH FOR CHAMAR EMployed beautiful M.Sc. girl 24 / 155 / 4000. Father Govt. officer Delhi settled. Write Box 72408, Times of India, NewDelhi-110002. (M414793)SNGM

BRAHMIN

23 YEARS 156 CMS MA FINAL SOCIOLOGY Sanadhya Brahmin beautiful gori homely cultured girl father district forest officer IFS Madhya Pradesh Cadre. Decent marriage. Write Box 72755, Times of India, NewDelhi-110002. (M417297)SNGM

ALLIANCE FOR KUMAONI BRAHMIN GIRL BEAUTIful 30 / 168 M.Sc. B.Ed. teacher Central School Dehradun. Father retired officer. Write Box 72812, Times of India, NewDelhi-110002. (M417743)SNGM

ALLIANCE FOR KANYAKUBJA BRAHMIN FAIR smart intelligent convent educated girl M.Sc. Chem. 25 / 159 from well settled qualified non-Bhardwaj gotra boys. Write Box L 21262, Times of India, Lucknow-226001. (TLG109525)

ALLIANCE INVITED FOR 22/ 161 ONLY GIRL, FAIR, brilliant, beautiful, cultured, Brahmin, Pandey, doing M.A. early marriage. Dowry seekers excuse please write with horoscope complete biodata to Advertiser P.B.7216 New Delhi-110002. (419442)GNGT

FOR GARHWALI BRAHMIN BEAUTIFUL, CULTURED graduate working girl 26 / 157 / 3000. Send horoscope and full particulars to Box 72663, Nav Bharat Times, NewDelhi-110002. (M416558)GNGT

KANYAKUBJA BRAHMIN SETTLED MATCH FOR 26 / 157 fair homely M.A. B.Ed. first divisioner girl doing management diploma. Write Box L 12917, Times of India, Lucknow-226001. (TLG108987)

KANYAKUBJA MATCH FOR BEAUTIFUL M.SC. FOOD Nutrition B.Ed. all first 25 / 155 / 2250 Central. Decent marriage. Write Box L 7037, Times of India, Kanpur-208001. (KTLG59806)

KUMAONI BRAHMIN UPPER CASTE MATCH FOR convented fair slim first class M.Sc. B.Ed. girl 23/157 write with complete bio-data horoscope to Box C 5175, Times of India, Jaipur. (J5175)

MATCH FOR BEAUTIFUL, CONVENT EDUCATED, Gaur Brahmin girl 28/ 162, Ph.D Physics, brilliant career, working as Scientist in Central Government premier research institute, 7200/-. Status family. Decent marriage. Write Box No. 73035 Times Of India, NewDelhi-110002. (418981)NTSL

MATCH FOR SANADHYA BRAHMIN 28 / 5'2" M.A., B.Ed. wheatish beautician diploma cultured family girl preference Govt. / bank officer / executive. Write Box L 7029, Times of India, Kanpur-208001. (KTLG58395)

PROFESSIONAL PREFERABLY ENGINEER C.A. ...

BRIDES WANTED FOR

29 / 171 PRACTISING CHARTERED ACCOUNTANT having fairly large clientele, seeks girl well educated, (professional's exclusive) fair, pleasing natured with good communication skills. Apply with photograph, horoscope & Tel. No. to Box D 315-K, Times of India, Bombay-400001. (BYD9166059)

ALLIANCE BOMBAY BASED RAJASTHANI BRAHMIN Boy 27 / 6' / 10,000 educated well-to-do financially sound, impressive personality. Caste no bar. Write Box S 071-C, Times of India, Bombay-400001. (KHSC009090)

ALLIANCE INVITED FOR BOY 33 YRS. HAIR COMmunity Cannanore District having well established business in Bombay with own flat from parents of good looking graduate girls. Apply with horoscope to Box R 522 K, Times of India, Bombay-400001. (BYSC165356)

ALLIANCE INVITED FOR POST GRADUATE widower Sindhi boy 30 / 167 having one daughter. A class business in Indore, income in five figures, from girls belonging to reputed family with good education background. No dowry. Write with full details and photographs (returnable) to Box 264 R, Times of India, Bombay-400001. (INBR165699)

MAHARASHTRIAN DIVORCEE ISSUELESS BOY handsome healthy 29 / 5'10" printing technologist own profitable business flat required suitable girls. No bars. Phone No. 4096518, 4095831. Write Box C 670 K, Times of India, Bombay-400001. (BYDR161274)

SEEKING MATCH FOR AMERICAN (U.S.) SPIRItually minded, multi-cultural, handsome, vegetarian, U.S. / Europe educated professor in Major U.S. University, periodically in India for research 42 / 178 in Bombay until early May, from spiritually minded / devotional, intelligent, highly educated, culturally aware, beautiful slim vegetarian girl 26-37, willing to settle in America. No bar. Send bio-data / current photo to J. F. Rosario, Bldg 9, Flat 303, Premjyot Housing Complex, opp. T.A.S.A., B.P.T. Yard, Bombay-400043. (BYSC165773)

COSMOPOLITAN

ALLIANCE FOR GURJAR 29 / 5'6" / 5000/-, M.Com. Raj. Govt. employee from reputed family. Write Box C-5190, Nav Bharat Times, Jaipur. (J5190)

ALLIANCE INVITED FOR SMART SINDHI BOY 27/ 160 well settled own business 4000/-. Send bio-data photograph (returnable). Early marriage. Caste no bar. Write Box No. 72159 Times Of India, New Delhi-110002. (412376)SNGM

CULTURED EDUCATED MATCH ANY CASTE/ PROV. for Delhi Punjabi Khatri, doctorate, bachelor 39 / 175, 10,000, mature, caring, widows welcome. Early simple marriage. Write Box No. 73046 Times Of India, NewDelhi-110002. (419056)SNGM

EXCEPTIONALLY BEAUTIFUL MODEST SLIM AND TALL GIRL FROM MIDDLE CLASS CULTURED FAMILY FOR HANDSOME WELL ESTABLISHED LUCKNOW BASED KURMI KSHATRIYA NON-SMOKER TEETOTALLER BOY 28 / 171 / ES PROFESSIONAL PHYSICS TEACHER (B.TECH. M.TECH. FROM I.I.T.) EARNING 4 LACS PER ANNUM. CORRESPOND WITH FULL PARTICULARS AND RECENT PHOTOGRAPH (RETURNABLE). NO BAR. WRITE BOX L 12239, TIMES OF INDIA, LUCKNOW-226001. (TLB108810)

JATAV BOY 27 / 167 / 5000, B.COM, BANK EMPLOYEE, SMART, FAIR, INTELLIGENT, (FLAT ALLOTED IN SOUTH DELHI) EDUCATED, CULTURED, WELL SETTLED FAMILY, EMPLOYED GIRL PREFERRED. WRITE BOX NO. 72267 TIMES OF INDIA, NEWDELHI-110002. (413013)SNGM

JATAV BOY, GOVT. EMPLOYEE, STATUS FAMILY, 27 / 172 / 3500 seeks beautiful employed girl. Issueless divorcee / widow upto 28 also write I. S. Nirmal, LIC Office, Najibabad, District Bijnor-246763. (M413132)SNGM

MITTAL BOY 23/165 OWN BUSINESS IN DELHI income five figures own house for beautiful homely girl. Early marriage. Write Box 72795, Times of India, NewDelhi-110002. (417586)SNGM

MUDALIAR HINDU 32 / 176 / 3500 / PGDCA SEEKS employed girl above 168 cms. Caste, language no bar. Reply Post Box 5415, Times of India, Madras-600006. (MAD517703)

NEEDS BROADMINDED GIRL FOR BRAHMIN BOY aged 32 years legal consultant practising in Delhi also income four figures. Caste no bar. Write Box L 1162, Times of India, Allahabad-211001. (ATLB57975)

WANTED WORKING GIRL FOR 35/ 180 HIGHER secondary Mahar Maratha boy own small business early marriage caste no bar contact E-5, South Moti Bagh New Delhi 6870018. (418556)SNGM

MUSLIM

ATTRACTIVE FAIR SLIM TALL SOPHISTICATED SUNNI Pathan girl 22/ 5'5 religious homely convent-educated, post graduate diploma in business management, belongs to cultured old Zamindar landed family of western U.P. invites proposal from well qualified professional/ businessman/ Govt. Official India/ abroad, preferably Pathan, Syed. Please respond with full bio-data and preferably with returnable photograph. Write Box No 71458 Times Of India, NewDelhi-110002. (408188)SNGM

DELHI SUNNI MUSLIM PARENTS INVITED PROPOSAL, daughter 24/ 162 M.Sc. sober, fair, good looking family educated, respectable. Father Senior Officer. Write Box No. 72092 Times Of India, New-Delhi-110002. (418748)NTSL

PROPOSALS FROM SUNNI MUSLIMS SYED SHEIKH etc. invited for 22 yrs. good looking tall (163 cm.) post graduate trained in household chores, cultured and well mannered daughter of senior class I officer. Doctors, engineers, officers and established professionals. Write Box L 11502, Times of India, Lucknow-226001. (TLG108140)

SUNNI MUSLIM FAIR HOMELY HAMAAZI GIRL 30 / 161 qualified Govt. teacher, educated family. Father, brother officer. Employed graduates. Write Box 72635, Times of India, NewDelhi-110002. (M416470)SNGM

DOCTORS

MEDICO ALLIANCE FOR FAIR, SMART HANDSOME Aggarwal boy 27 / 172 doing MD (General Medicine), educated status family. Send bio-data with photograph (returnable). Write Box C-5140, Times of India, Jaipur. (J5140)

MEDICO MATCH FOR KUMAONI BRAHMIN BOY M.B.B.S. doing M.D. (Path) 28 / 166. Write Box L 21235, Times of India, Lucknow-226001. (TLB109504)

ENGINEERS

ACCOMPLISHED JAIN / AGARWAL MATCH FOR ...

[illegible]

साहित्य-संस्कृति

साहित्य अकादमी पुरस्कार अर्पण समारोह के दूसरे दिन 22 फरवरी को देश की 22 भाषाओं के लेखकों ने अपनी पुरस्कृत कृतियों, अपने रचना संसार और जीवन पर आलेख पढ़े। इन आलेखों के जरिए आज के भारतीय साहित्य का समय रेखांकित होता है। हिन्दी के पुरस्कृत कवि **अशोक वाजपेयी** का हम संपूर्ण आलेख छाप रहे हैं, बाकी कुछ लेखकों का सार संक्षेप।

पाव भर जीरे में ब्रह्मभोज

नवीं कक्षा पास करने के बाद जो गर्मियाँ पड़ी थी, उनमें हमारे पैतृक गाँव में हम दो भाइयों का उपनयन संस्कार हुआ था। सागर में हम लोग राजापुर-गढ़ेवा गए थे, जहाँ उन दिनों हमारे पिता के ताऊ आदि रहते थे। बरसों बाद यह गाँव के एक सम्भ्रान्त परिवार में बड़ी घटना थी। उसके अनुरूप विशद आयोजन की तैयारी चल रही थी। चूँकि लगभग समूचे गाँव का ही भोज होना था, पुरा-पड़ोस की बहुत सारी स्त्रियाँ आजी की मदद करने में सक्रिय थीं। तरह-तरह की चीजें आ-जा और सहेजी जा रही थीं। एक अधेड़ सी स्त्री ने, जिनका नाम सिरीमती था और जो मसालों आदि का काम सम्हाले थीं, पाया कि जीरे की मात्रा जो शायद दहीबड़ों आदि में भी डालना थे, काफी कम है। उन्होंने आजी से आकर कहा: 'ई पाव भर जीरा माँ का बरमभोज होई?' यह प्रश्न भी था और प्रबंध की अपर्याप्तता और शायद आजी की कंजूसी पर टिप्पणी भी।

आज इतने बरसों बाद, लगभग चालीस बरसों तक कलम घसीटने के बाद सोचता हूँ कि क्या लेखक या कवि बनने के लिए जितनी पूँजी चाहिए उतनी लेकर इस अभियान पर निकला था? अपने पास क्या-कितना है इसका सही अन्दाज किसी तरुण को शायद ही हो पाता हो। उसको तो कतई नहीं जो एक निम्न मध्यवर्गीय परिवार से, बिना किसी कविता-परम्परा या संस्कार को उत्तराधिकार में पाये, शुद्ध दुस्साहसिकता के चलते कवि बनने की आकांक्षा और उद्यम कर रहा हो। शब्दों से खेलने, उनका कोई विन्यास करने और अपने थोड़े से अनुभव को समझने की कोशिश करने के अलावा उसके पास और था भी क्या? इस तरह दूसरों से कुछ अलग हुआ जा सकता है शायद ऐसी उम्मीद रही होगी। इधर कविता पर दूसरे इतना छा गये हैं और वह इतनी पराक्रान्त है कि यह याद करना जरूरी है कि कविता दूसरों से अलग होने, उनसे मुक्त होने के लिए भी लिखी जाती है। अक्सर हम दूसरों को, और अपने को भी, उनसे अलग होकर या छिटक कर ही बेहतर और गहरे में समझ-सहेज पाते हैं। ढंग तो बहुतेरे हैं, पर कविता अन्ततः अपने और दूसरे को समझने-सहेजने का ही एक ढंग है।

पाव भर जीरे से आप बहुत देर तक भोज नहीं कर-करा सकते। उसमें आप क्या जोड़ पाते हैं इस पर निर्भर करता है कि किस तरह की बढ़त आपकी कविता में होती है। कविता का जीरा-नमक आपकी जिन्दगी है, आपके अनुभव हैं, भाषा में आपका भरोसा है, शब्दों में आपकी उम्मीद और कौशल की सूक्ष्मता और परिष्कार है। दूसरे के साथ आपके बनते-बिगड़ते सम्बन्ध हैं। जैसे हम कविता से असीम को पकड़ने-घेरने की चेष्टा करते हैं वैसे ही कविता में हम अपनी सीमा पहचानने की ओर भी जाते हैं। कविता में बढ़त तभी होती है, जब यह पहचान और चेष्टा साथ-साथ हों।

शुरू में लगता है कि हमारे अनुभव या कि जिन्दगी का कुछ ही है जो कविता में जा सकता है। बढ़त का एक प्रमाण यह भी है कि हम धीरे-धीरे जानते जाते हैं कि प्रायः ऐसा कुछ भी नहीं है जो कविता में न जा सकता हो। हम कोशिश करते हैं कि बहुत सा वह भी जो बचपन में या पहले, इस समझ या कौशल के अभाव में, कविता से बाहर छूट गया हो उसे कविता के अहाते में ला सकें। अकसर हम धीरे-धीरे ही यह जान पाते हैं कि कविता को पूरी जिन्दगी चाहिए। उसका काम, जैसे कि प्रेम का भी, भरी-पूरी जिन्दगी से कम से पूरा नहीं पड़ता। यह भी होता है कि हम कई बार कविता से ही यह जान-समझ पाते हैं कि हमारे पास भरी-पूरी जिन्दगी है, अपने हर्ष-विषाद, सुखों-दुखों, तनावों और अन्तर्विरोधों से भरी और घनी। औरों के बारे कहना मुश्किल है पर कवि तो जिन्दगी को कविता के माध्यम से ही पाता और जानता है।

शायद कविता अपनी आत्मा का भूगोल काफी शुरू में ही तय कर लेती है। मैं जिस परिवार-मुहल्ले में पला-बढ़ा, जिस तरह के लोग और सम्बन्धों का गुंथाव मैंने वहाँ जाना उसी सबने मिलकर लगभग अटल और स्थायी

अशोक वाजपेयी

रूप से मेरे मन में एक पड़ोस बसा दिया। बल्कि पड़ोस की धारणा मेरे कविता संसार का बुनियादी भूगोल ही बन गई। मुझे लगता है कि वही सच है जो पड़ोस में है: वही जिसे आप छू सकते हैं, जिसके साथ आप गप लगा सकते हैं, जिस पर भरोसा कर सकते हैं, जहाँ लौटकर इत्मीनान से जा सकते हैं और जहाँ सब कुछ एक-दूसरे के आसपास है। मनुष्य के पास प्रकृति, प्रकृति के पास भाषा, भाषा के पास प्रेम, प्रेम के पास मृत्यु, समय के पास अनन्त, पृथ्वी के पास आकाश आदि। कविता हमें ऐसे पड़ोस में रसने-बसने का अवसर देती है जिसमें सुदूर और अनदेखा भी बिलकुल पास और आत्मीय लगने लगता है। इतिहास, अतीत, काल, ब्रह्माण्ड, सूर्य, चन्द्रमा आदि सब सिमटकर घरेलू उपस्थिति बन जाते हैं। पड़ोस में उपस्थिति और अनुपस्थिति का एक अटूट सा झिलमिल होता है: मेरी कविता का भूगोल यही पड़ोस, यही झिलमिल है। गालिब की उक्ति है— 'हर चन्द कहें कि है, नहीं है।'

यों तो बीसवीं शताब्दी में महान सत्यों के नाम पर या उनके मोह में पड़कर भयानक दैत्याकार व्यवस्थाएँ बनी-बिगड़ी हैं और अकल्पनीय नरसंहार हुए हैं। पर मुझे महान सत्यों के विकराल या उदात्त वास्तु ने कभी नहीं लुभाया। मैं शुरू से 'छोटी दुनिया' में ही रमा रहा हूँ। अन्तरंग और आत्मीय सचाइयों के मुहल्ले में ही मेरी कविता अपना घर बनाने-बसाने की कोशिश करती रही है: उसी पड़ोस में जहाँ किसी छोटे से छोटे सच को भी खराब न जाने देने का जतन हो और उसके लिए जगह हो और जहाँ यह महान् सत्यों से रौंदा या अतिक्रमित न किया जा सके। बड़े सत्यों के चकाचौंध संसार में मेरी कविता छोटी सचाइयों के लिए कुछ रोशन, कुछ मुबहम सही, जगह तलाशने-बचाने की जुर्रत करती रही हो।

जब कविता में अपने को पहचानना शुरू किया तो उस समय लिखी जा रही नई कविता ने रोजमर्रा के जीवन ने दखल देना शुरू ही किया था। अन्यथा कविता की दुनिया और दैनन्दिन दुनिया एक-दूसरे से काफी अलग और दूर मानी जाती थीं। पर नए मूल्यों के लिए संघर्ष की पाठशाला में यह सीखा कि रोजमर्रा की जिन्दगी में अपनी सुन्दरता, आभा और अर्थमयता है जो कविता का उपजीव्य हो सकती है। कहीं नहीं वहीं में इस पाठ का शायद एक सयाना और किसी हद तक पका हुआ रूप है। हमें अपने जीने-मरने के अर्थ की, अपने बुनियादी अध्यात्म की खोज कहीं और नहीं यहीं, इसी हर दिन बिगड़ती-सम्हलती जिन्दगी में करना और पाना है। आसक्ति और रति के सच से लेकर नश्वरता और अनुपस्थिति के सच तक जीवन की निपट साधारणता में सामना करने की चेष्टा इन कविताओं में है। अनादि-अनन्त, शब्दार्थ, निषेध, ब्रह्माण्ड आदि अनेक गूढ़ दार्शनिक प्रत्ययों को भी इसी दिन-ब-दिन की सहजता में समझने-पाने की कोशिश भी की गई है। शायद जिजीविषा के कुछ अवसाद-भरे, कुछ लगाव-भरे पहलू यहाँ प्रगट हैं।

कविता एक ओर भाषा में जीना है तो दूसरी ओर भाषा की स्मृति है। अगर अन्तर्ध्वनियाँ न हों तो भाषा का कोई संयोजन कविता नहीं हो सकता। लय अन्तर्ध्वनि का ही प्रकार है। कविता निरे जीवनानुभव से नहीं, बल्कि दूसरों के काव्यानुभव से सीखकर भी लिखी जाती है। ऐसे अनुभव, हो सकता है, कई लगभग अदृश्य तहों में, लगभग अविवक्षित अर्थच्छटाओं में ओझल हो जायें, पर उनका होना कविता को सघन करता है। कोई भी कविता अन्ततः दूसरी कविताओं के पड़ोस में होती है, वहीं उसे अपनी जगह खोजना और पाना होता है। कविता की महिमा, उसकी जरूरत और उसकी सम्भावना में दूसरे कवियों और कविताओं से लगातार सहायता और भरोसा मिलता रहा है। उनके लिए सहज और असमाप्य कृतज्ञता मन में है। कविता न होती तो अकेले होने की हिम्मत, शब्दों की सर्जनात्मकता से भी सामाजिक होने का आश्वासन और सारे संसार के मूलतः कल्पसृष्टि होने का आश्चर्य मेरे जीवन में न होते। यों किसी भी जीवन की कवि अवज्ञा नहीं कर सकता क्योंकि जो भी जीवित है या कि जीवित रहकर व्यतीत है वह कवि के लिए वरेण्य है। फिर भी, जीवन में थोड़ी सी गरिमा और पवित्रता पाने का दुस्साहस कविता के बिना सम्भव न होता। जो थोड़ा सा आदमी अभी भी, मैं उम्मीद कर सकता हूँ, मुझमें बचा है वह कविता की ही बदौलत है। वही कहीं नहीं वहीं से उसी की असह्य अपवित्रता से सही, शब्दों को प्रणाम करता हूँ, शब्द न होते तो मनुष्य होने का अर्थ भी नहीं होता। न पाव भर जीरा बाधा है और न ही ब्रह्मभोज देने की इच्छा गलत है। इच्छा जब तक है, तभी तक कविता है। कविता, कम से कम मेरी कविता, पाव भर जीरे से ही ब्रह्मभोज है। वह कंजूस की महत्वाकांक्षा नहीं, अपर्याप्त का दुस्साहस जरूर है।

हर लेखक की होती है अपनी आवाज

सैयद मुस्तफा सिराज

शीलभद्र

डॉम मोरेस

मजहर इमाम

शेषेन्द्र शर्मा

सैय्यद मुस्तफा सिराज
(बंगला कथाकार)

लेखन अनिवार्यतः एक खास तरह का कौशल मांगता है, जिसे एक लंबी प्रक्रिया द्वारा हासिल किया जा सकता है। एक लेखक किसी पेड़, मेढ़क या अन्य पशु की तरह पैदा नही होता। लेखक एक मनुष्य होता है और मनुष्य अपने समय और समाज की उपज होता है। अतः इस परिप्रेक्ष्य में व्यक्ति और समाज दोनों की कुछ अपरिहार्य भूमिकाएं होती हैं। ज्यादा स्पष्टता से कहूं तो एक लेखक को मधुमक्खी की तरह एक विकासवादी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इस प्रक्रिया में उसे पीड़ा और यंत्रणा झेलनी होती है, क्योंकि यह उसका दूसरा जन्म होता है। और मैं विश्वास करता हूं कि एक लेखक का जन्म भाषा के इतिहास में एक नये अध्याय की शुरूआत होती है। भाषा? हां। एक वास्तविक लेखक ही भाषा का इस्तेमाल कर सकता है, उसे विभिन्न सतहों पर मोड़ सकता है और अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए उसे टाल सकता है। वह अपनी जरूरतों के मुताबिक भाषा के कई छुपे तत्वों को चुनता है। वह ऐसा क्यों करता है? क्योंकि वह अपनी ही वाणी में कुछ संप्रेषित करना चाहता है। एक वास्तविक लेखक की अपनी वाणी होनी चाहिए। वह दूसरों की आवाज में नहीं बोल सकता। साहित्य के लंबे इतिहास में बहुत सारी प्रतिध्वनियां सुन सकते हैं। हम उन सबको शामिल नहीं करते। एक वास्तविक आवाज भाषा के विभिन्न आयाम खोल सकते हैं।

अधूरे हैं शब्द
शीलभद्र *(असमिया कथाकार)*

मैं लिखता हूं क्योंकि मैं अपने आस-पास की स्थितियों से उपजे हुए अहसासों को अभिव्यक्त करना चाहता हूं। कभी-कभी मैं अतीत के 'नॉस्टैल्जिक' पुनर्सृजन में बह जाता हूं जैसा कि मेरी कहानी 'मधुपुर बहादुर' में हुआ है। मैं वह मधुपुर (मेरी जन्मस्थली गौरीपुर) देखना चाहता हूं जो अब वहां नहीं है। मैं उन लोगों से मिलना चाहता हूं जो वैसे नहीं हो सकते जैसे कभी हुआ करते थे। मधुपुर आज बहुत-बहुत दूर है। मुझे स्टेनबैक के शब्द याद आते हैं: 'तुम दुबारा कभी घर नहीं लौट सकते।'

जो मैं कहना चाहता हूं, उसे अभिव्यक्त करने में अपने शब्दों की अपर्याप्तता मुझे हताश करती है। मैं अपनी अनुभूतियों के निकट, बेहद निकट जाता हूं, मगर कभी उन्हें उनके शुद्ध रूप में पकड़ नहीं पाता। ज्यादा से ज्यादा उनके आस-पास पहुंच पाता हूं। कभी-कभी कोई अनुभूति उन्ही शब्दों से विरूप हो जाती है जो उसे अभिव्यक्त करने के लिए इस्तेमाल किये जाते हैं। लेकिन मेरा प्रयास ज़ारी है। मैं इस आशा के साथ प्रयासरत हूं कि मैं जो कहना चाहता हूं उसके ज्यादा से ज्यादा करीब पहुंच सकूंगा।

भाषाओं में बढ़े संपर्क
डाम मारेस *(अंग्रेजी के कवि)*

मुझे यह सोचकर अच्छा लगता है कि कई प्रतिरोधों के बावजूद अंग्रेजी एक भारतीय भाषा के रूप में स्वीकार कर ली गयी है, खासकर एक साहित्यिक भाषा के रूप में।......हाल ही में मैंने 'इजरायली इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन' की ओर से शांति पर लिखी गयी हिब्रू की लगभग सौ कविताओं का अंग्रेजी अनुवाद किया है।......हिब्रू बहुत कम लोगों द्वारा पढ़ी और बोली जाने वाली भाषा है और इजरायल का अनुवाद संस्थान, जिसे विदेश मंत्रालय से अनुदान मिलता है, इजरायली साहित्य को जापान और चीन सहित विश्व भर में पहुंचाने में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मैं चाहता हूं कि भारत में भी ऐसा कोई निकाय गठित हो, जो न सिर्फ भारतीय साहित्य का विश्व की दूसरी भाषाओं में बल्कि विभिन्न भारतीय भाषाओं का एक-दूसरे में भी अनुवाद करवाए।'

एकाकार होने की कोशिश
मजहर इमाम *(उर्दू)*

मेरी कविता विश्वास और अविश्वास, संतोष और असंतोष की अभिव्यक्ति है। यह आधुनिक मनुष्य और आधुनिक समाज की जटिलताओं को प्रस्तुत करती है। मगर रचनात्मक प्रक्रिया सफल नहीं है अगर यह सुंदर और नेक की ओर नहीं ले चलती। मेरे लिए यह अपने स्व को समझने और तलाशने तथा इसके माध्यम से बाहरी दुनिया से एकाकार होने की कोशिश भी है।

कविता की इकाई रूपक
शेषेन्द्र शर्मा *(तेलुगु)*

जीवन कविता की ज्योति जलाता है। कवि वर्तिका की तरह होता है जो ऊष्मा और प्रकाश देने के लिए जलता है। सूर्य सिर्फ दृष्टिगत चीजों को ही दिखा सकता है, मसलन इमारतें, वृक्ष, नदियां, पक्षी, पहाड़, व्यक्ति आदि-आदि। मगर दूसरी ओर कविता हर्ष-विषाद के साथ जीवन को, जीवन के रहस्यों को, जीवन के संघर्षों को और अंततः इसके समाधानों को सामने लाती है। रूपकों में भरकर विवेक दिया जाता है। रूपक कविता की आधारमूल इकाई होते हैं।

सिंध की माटी की महक
कला प्रकाश *(सिंधी)*

मैंने अपनी मां खो दी। मैंने अपनी मातृभूमि सिंध को खो दिया। जीवन के तूफानों ने मुझे विपन्न-असहाय, अकेला और ध्वस्त छोड़ दिया। आज जिस सांस ने मेरी जिंदगी बचाए-बनाए रखी है, वह मेरी मातृभाषा है—सिंधी, एक भव्य विरासत और गौरवपूर्ण अतीत की एकमात्र यादगार, भाषा जिसमें सिंध की माटी की महक है। मुझे गर्व है कि मैं इस भूमि का हिस्सा हूँ—भूमि जिसने शाह अब्दुल लतीफ भिटाई, शेख अयाज और नारायण श्याम जैसे कवियों को जन्म दिया। आज हम वैश्विक शांति और समृद्धि की एक नयी हासिल अवधारणा की बात करते हैं। यही अवधारणा सत्रहवीं शताब्दी में सिंध के कवियों की आत्मा की पुकार होकर आयी थी।

भाषा को जीवन मानता हूं
दिलीप चित्रे *(मराठी कवि)*

भाषा मेरे लिए जीवन का ही एक अभिव्यंजक पक्ष है और यह एक तरह का जीवन है जिसमें वैयक्तिक और सामाजिक अविच्छेध रूप से मिले हुए हैं। मैं जीवन को भाषा के रूप में ही दर्ज करता हूं और भाषा में ही जीवन से संवाद करता हूं। यही वजह है मैं उन मानवकृत शक्तियों द्वारा अपने भाषाई वातावरण के विनाश से बुरी तरह विचलित हूं, जिन्हें किनारे किया जाना चाहिए। भाषा मर रही है। मानव-समाज में इसकी भूमिका बहुत दूर तक केंद्रीय नहीं रह गयी है। भाषा के साथ-साथ वे बहुत सारे मानवीय संस्थान भी मरते हैं, जिनमें भाषा ने जीवन का एक भाव भरा है। भाषा से वंचित हम विवेकशून्य उपभोग और आध्यात्मिक अपक्षय के नये 'प्रतिमान' स्थापित करेंगे। मानव के अतीत और भविष्य से हम अपनी निरंतरता का अहसास भी खो बैठेंगे।

केंद्रीय विषय मनुष्य
के. गोकुल दास प्रभु
(कोंकणी कथाकार)

सभी भारतीय भाषाओं का लेखन अपने साथ कुछ खास गुण ले आता है, जो उनके बोलने वालों में विशेष रूप से होते हैं। यह मेरे साथ भी होता है जब मैं लिखता हूं। कोंकणी का सांस्कृतिक लोकाचार, इसके रीति-रिवाज, पहनावे का चलन, खान पान और त्योहार, संबंधों और शुभकामनाओं के शब्द-यह सारी चीजें जीवंत रूप से लेखन-प्रक्रिया में चली आती है। मगर इस प्रक्रिया की सतह पर अपने सामाजिक वातावरण के साथ वे मानव हैं जो समूचे भारतीय साहित्य की केंद्रीय 'थीम' रहे हैं। व्यक्ति की दुर्दशा, मानव मात्र की समस्याएं, सामाजिक संघर्ष, आध्यात्मिक खोज, नैतिक मूल्य और सांस्कृतिक परंपराएं किसी भी लेखक की चिंता होती है। मैं इस चिंता में उनके साथ जुड़ता हूं।

वेदना की आंच है रचना
रमेश पारेख *(गुजराती कवि)*

'एक साहित्यिक व्यक्ति के रूप में मैं 1967-68 से लिखता आ रहा हूं और वह प्रक्रिया आज भी जारी है। स्पष्टतया यह कहा जा सकता है कि साहित्यिक विधाओं में मैं गीतों और गजलों के नजदीक रहा हूं। चूंकि छंदों से मुझे लगाव रहा है, मैंने कुछ कविताएं संस्कृत छंदों में भी लिखी हैं।

रचना इच्छा और वेदना की नीली आंच है जो जलती और जलाती है। हम जानते हैं कि जलना-जलाना एक-दूसरे से जुड़ी हुई चीजें हैं। जब कोई चीज जलाई जाती है, उसका अस्तित्व समाप्त नहीं हो जाता। यह दूसरे स्वरूप में स्थापित हो जाती है।

मानववाद की परिपूर्णता
गुरुचरण पटनायक *(उड़िया लेखक)*

मानववाद की परिपूर्णता सिर्फ साहित्य की आत्मा की मुक्ति में ही संभव है। आत्मा की मुक्ति का मार्ग समानता, बंधुत्व और प्रेम से होकर जाता है। और चूंकि असमानता के रास्ते से कभी समानता हासिल नहीं की जा सकती, समानता के अभाव में बंधुत्व और प्रेम दिवास्वप्न होकर रह जाते हैं, अतः साहित्य को वह सिद्धांत, दर्शन और मार्ग तलाशना है जिनका प्राकृतिक प्रवाह समानता की ओर ले जाए।

प्रस्तुतिः प्रियदर्शन

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Dear,

CHETAN,

Pardon me for the liberty I have taken though I don't possess any right to invade in your personel feelings yet I felt the need to say a few words which guide my way through my journey of life.

Yours is a very impressionable age and a crossing bridge to a new life. There is a no point looking back with regret when you have taken a wrong turn which of course! you haven't and I simply cannot let it happen to my worthy friend. To sit and brood is even now my habit but I separate work from play and always remember Rabindranath Tagore's words "YOU CANNOT CROSS THE BRIDGE MERELY BY STANDING AND STARING AT THE WATER. DON'T LET YOURSELF INDULGE IN VAIN WISHES"!

Although I have not made a brilliant success of myself but for me it's not a question of being better than somebodyelse but better than what I thought I could be. That's what integrity demands. There are times I understand, when it's hard to believe in the future. when we are temporarily just not

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Dear,

CHETAN,

Pardon me for the liberty I have taken though I don't poses any right to invade in your personel feelings yet I felt the need to say a few words which guide my way through my journey of life.

Yours is a very impressionable age and a crossing bridge to a new life. There is a no point looking back with regret when you have taken a wrong turn which of course! you haven't and I simply cannot let it happen to my worthy friend. To sit and brood is even now my habit but I separate work from play and always remember Rabindarth Tagore's words "YOU CANNOT CROSS THE BRIDGE MERELY BY STANDING AND STARING AT THE WATER. DON'T LET YOURSELF INDULGE IN VAIN WISHES".

Although I have not made a brilliant success of myself but for me it's not a question of being better than somebodyelse but better than what I thought I could be. That's what integrity demands. There are times, I understand, when it's hard to believe in the future. when we are temporarily just not

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

brave enough. When this happens, concentrate on the present. Cultivate le petit bonheur (a little cheer) until courage returns. Look forward to the beauty of the next momement, the next hour, the promise of a good meal, sleep, a book, a movie. The likelihood that tonight the stars will shine and tomorrow the sun will shine. Sink roots into the present until the strength grows to think of tomorrow.

Postpone your pleasure so as to get a rich future dividend. Imagine your future and plan out today, execute your plans and work towards your goal. Educate yourself, don't get tempted to avoid these hard years of study and sweat as many others are. Abraham Lincoln could have been destroyed by his seeming ordinariness. He came from a poor background and had an ungainly appearance. Instead he went on to greatness with self respect for himself and courage in his stride.

At end the end, I leave you with two of my favourite quotes of Martin Luther King,

Whatever your life's work is, do it well. A man should do his job so well that the living, the dead and the unborn could do it no better.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

If it falls your lot to be a street sweeper, sweep streets like Michelangelo painted pictures, like Shakespeare wrote poetry, like Beethoven composed music; sweep streets so well that all the hosts of heaven and earth will have to pause and say, "Here lived a great street sweeper, who swept his job well"

CATHY BETTER:

Each day that we wake is a new start, another chance. Why waste it on self-pity, sloth and selfishness?

Roll that day around on your tongue, relish the taste of its freedom. Breathe deeply of the morning air, savour the fragrance of oppor-tunity. Run your hands along the spine of those precious 24 hours and feel the strength in that sinew and bone.

Life is raw material. We are artisans we can sculpt our existence into something beautiful or debase it into ugliness. It's in our hands.

With a wish that you have the very best of everything in life.

[signature]

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कविता

निराला तीन चित्र

डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र

रेखांकन : प्रमोदकुमार दुबे

उत्थान

गौर वर्ण
प्रतिभा-दीपित मुख
कंधों पर केशों का नर्तन,
रसमाती अरुणागी आँखें
जाने किन सपनों में खोई ।
गर्वोन्नत वह वक्ष,
कि जिसने कितने भाव
नग्न रह कर झेले थे ।
मलयानिल के सदृश,
कला की जुही-कली से
क्रीड़ा करने दूर देश से चलकर आये ।
वे कवि के सोने-से दिन थे,
मनोहरा लगती थी जगती
विकच सरोजमयी-सुषमा से,
सुधा-समन्वित ।

संघर्ष

परम पुनीत प्रणय की प्रतिमा
भग्न हो गई,
धूल मिलीं
विकसित सरोज की सब पंखुड़ियाँ;
विरह-दग्ध यौवन मतवाला,
वैरागी बन हुआ निराला ।
लिये हृदय में धंसा कलाशर,
मर्मान्तक पीड़ा सहते भी
क्षणभर शिथिल न होने पाया
वरद भारती का आराधन ।
भारत भर में गूँज उठा तब,
प्रिय स्वतंत्र रच,
अमृत मंत्र नव,
जागो फिर एक बार !
जागो फिर एक बार !

निर्वाण

सफल शक्ति का अभिनव पूजन !
पूर्ण सहज अद्वैत-निरूपण !
सकल विश्व की व्यथा—
स्वयं अनुभूत बना ली !
नर की नरक-मुक्ति को व्याकुल,
कर हालाहल-पान, स्वयं शिवरूप हो गये
चिर-समाधि में लीन हो गया औघड़दानी
पतित-पावनी के शुभ तट पर !
अब भी जाने क्यों लगता है,
जिसकी लहरों में रह-रह कर,
धीमे से कोई गाता है,
'बांधो न नाव इस ठाँव बन्धु !
पूँछेगा सारा गाँव बंधु !'

क्या किया

क्या किया तुमने,
किया जीवन व्यथित सारा,
पूछते हैं आज बीते साधना के दिन ।
आज भी मानव बहुत छोटा, निरा झूठा,
शीश रखकर भी न जाने क्यों गिरा झूठा?
एक सुविधा के लिए जीता है असुविधा-
सत्य समझा ही नहीं, यह सिरफिरा, झूठा,
क्या किया तुमने,
घोर हत्या की—
हृदय की,
पूछते हैं आज कुंठित भावना के दिन ।
आदमी यह सोचता जो वह नहीं करता,
जो न भोजन है, उसी से पेट को भरता,
पेट भरना एक सच,
केवल सच नहीं है,
आदमी जीता हुआ हर रोज क्यों मरता?
क्या किया तुमने,
भावना को मौत दे दी,
पूछते हैं गीत की आराधना के दिन ।
जो लिखा है उस तरह से गा नहीं पाया,
क्या पुराना, क्या नया, सब एक ही माया,
शून्य युग है,
फिर मूल्य की क्या बात करनी,
निर्दयी के द्वार पर जब आदमी आया,
क्या किया तुमने,
सत्य को मन दे न पाये,
पूछते हैं आज मन की कामना के दिन ।
क्या किया तुमने!

मधुर शास्त्री

वास्तविकता

नहीं रख सकते हम
वास्तविकता से दूरी
पास रहकर भी
सभी कुछ अपना नहीं होता ।

गरम दूध से जलने पर
गरम दूध पीना तो नहीं छूटा
हां, जलना सीख लिया
दीपक की लौ की भांति
छलना सीख लिया
द्वीपतल में छिपे
अंधियारे की तरह ।

इसीलिए
इच्छाओं की माला बुनते
स्वप्नों की छाया में
एक सत्र, एक युग
बीत जाता है
वास्तविकता
परास्त नहीं होती
हमारे सामने सत्य बनी
नृत्य करती है ।

सुरेशचन्द्र शुक्ल

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बातचीत

जन्मदिन (12 फरवरी) पर विशेष

सारी रचनाएं ग्रंथावली के रूप में देखने की इच्छा है

वरिष्ठ कवि आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री से शरद रंजन शरद की भेंटवार्ता

अपार सम्पदाओं तथा श्रेष्ठ संस्कृति की धरती बिहार में अच्छे साहित्यकारों की कभी कमी नहीं रही। इसी श्रेष्ठता की कड़ी हैं आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री। वर्ष 1916 की 15 फरवरी (माघ शुक्ल द्वितीया) को जन्मे तथा 1935 से लिखना शुरू करनेवाले आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री वैसे बहुत कम व्यक्तियों में से एक हैं, जिन्होंने साहित्य की करीब-करीब सभी प्रमुख विधाओं में कलम चलायी है। इनकी लिखी 50 से ज्यादा पुस्तकों में डेढ़ दर्जन काव्य-कृतियां हैं, बाकी गद्य हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि आठ साल तक मुजफ्फरपुर संस्कृत कालेज (तब वह बिहार का एकमात्र संस्कृत महाविद्यालय था) में प्राध्यापकी करने वाले आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री ने लेखन कार्य संस्कृत में ही शुरू किया तथा महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के कहने पर वे हिन्दी लेखन क्षेत्र में उतरे।

आचार्य शास्त्री ने जब लिखना शुरू किया, तब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अपने चरम पर आने को आतुर था, जबकि छायावादी युग उत्तर छायावाद की तरफ मुड़ चुका था। उत्तर छायावादी कवियों में हरिवंश राय बच्चन, गोपाल सिंह नेपाली तथा पंडित नरेन्द्र शर्मा ने जानकीवल्लभ जी से बहुत पहले लिखना शुरू कर दिया था। शिवमंगल सिंह सुमन तथा शम्भुनाथ सिंह को आचार्य शास्त्री का बिल्कुल समकालीन माना जा सकता है।

प्रसाद, पन्त, निराला और महादेवी की छत्रछाया में लिखना शुरू करने वाले आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री की प्रथम काव्यकृति 'काकली' संस्कृत में थी। इसके बाद आचार्य जी ने 'बंदी मंदिरम्' (खंड काव्य) तथा 'इला पद्मम्' लिखा। उनके महाकाव्य 'राधा' की देश भर में खूब चर्चा हुई तथा उसे उच्चस्तरीय कृति बताया गया। आचार्य जी ने संस्मरणात्मक किताबें भी खूब लिखीं, जिसका सबसे ताजा उदाहरण है— 'अष्टपदी'। संस्कृत तथा हिन्दी के विद्वान आचार्य जी की अंग्रेजी तथा उर्दू में भी अच्छी पैठ है। आजकल वे गजलें खूब लिख रहे हैं। आलोचकों का मानना है कि उत्तर छायावादी काल के जो भी प्रमुख साहित्यिक हस्ताक्षर रहे, उन पर खासकर शुरुआत में छायावादी कवियों की छाप जरूर रही। एक कवि के तौर पर आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री पर भी इसका प्रभाव पड़ा?

बातचीत के क्रम में शास्त्री जी इस प्रश्न का सीधा-सा उत्तर देते हैः मेरा काम है इनका प्रभाव बचाना, इनसे प्रभावित होना नहीं। यह सही है कि मैंने निराला जैसे महाकवियों की छत्रछाया में लिखना शुरू किया, लेकिन मेरा साहित्य इनकी 'छाया' नहीं रहा।

आचार्य शास्त्री इससे भी आगे बढ़कर कहते हैः सच बात तो यह है कि उत्तर छायावादी युग का प्रभाव भी मुझ पर नहीं रहा। मैं दरअसल निर्वैयक्तिक वैयक्तिकता का कामल रहा हं। मेरा लेखन तथा वाचन, दोनों अलग रहा है, किसी से इसका मेल नहीं।

साहित्य के विभिन्न वादों और धाराओं के सम्बन्ध में आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री का ख्याल हैः ऐसा है कि सहूलियत के लिंए आदमी किसी धारा या वाद के साथ जुड़ता है। मैं सहूलियतपसन्द नहीं रहा, इसलिए अकेला पड़ गया। वैसे, यह भी सच है कि हम किसी धारा को

और मुक्तिबोध...? बताते हैं वेः इनका साहित्य बहुत मनोयोग से नहीं पढ़ा है मैंने। इसलिए ज्यादा कुछ बोलने का अधिकारी नहीं हूं। फिर जरा चुप रहकर कहते हैं : बात यह है कि मैं कविता का अनिवार्य गुण उसका रस मानता हूं। लेकिन मुक्तिबोध की कविता में उस तत्व का, जो आदमी के भीतर 'प्लेजर' (आनन्द) पैदा करे, उसका नितान्त अभाव है। उसमें व्याकरण ज्यादा है, कविता कम। मुक्तिबोध दरअसल विचारों के कवि हैं, अज्ञेय भी हैं, मगर इनमें रस है।

रोक नहीं सकते। भले ही इससे साहित्य सीमित हो जाए। इसका कारण यह है कि मनुष्य भिन्न-भिन्न प्रकृति के होते हैं और उनकी सीमा भी होती है। वे किसी न किसी से जुड़कर रहना चाहते हैं, व्यक्ति, समाज या विचारधारा से।

प्रख्यात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर के साथ आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री

हम अक्सर यह कहते हैं कि भारतीय संस्कृति दुनिया में सर्वश्रेष्ठ रही है। इसमें साहित्य की क्या स्थिति रही है?

इस सवाल पर आचार्य शास्त्री कहते हैः संस्कृति तो एक फ्रेम है। इससे ढलकर जो बात आती है, वह साहित्य है। अगर संस्कृति उन्नत होती है तो साहित्य भी श्रेष्ठ रहेगा ही।

साहित्य, जो आजकल लिखा जा रहा है, उसकी क्या स्थिति है?

शास्त्री जी बहुत बेलाग ढंग से जवाब देते हैः आज तो सही अर्थों में साहित्य है ही नहीं। बहुत तात्कालिक है यह, आज है, कल समाप्त हो जायेगा। जिन अर्थों में कालिदास से सूरदास तक के लेखन को हम साहित्य कहते हैं, वह अब है कहां?

खासकर आज के कवि-कर्म के बारे में आप क्या सोचते हैं?

आचार्य शास्त्री झट से कहते हैः आज कोई कवि नहीं है, कवि कहना-कहलाना फैशन हो गया है आजकल।

आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री ने कुछ समय पहले कुछ ऐसा ही वक्तव्य दिया था, जिसको लेकर काफी शोर मचा था। उन्होंने कहा थाः निराला के बाद हिन्दी में कोई कवि हुआ ही नहीं। इस बयान की व्याख्या करते हुए आचार्य शास्त्री पहले संस्कृत का एक उद्धरण प्रस्तुत करते हैः काव्येषु माघः कवि कालिदास, अर्थात् कविता लिखने वालों में माघ सबसे बड़े और कवियों में कालिदास।

शास्त्री जी फिर मामले को साफ करते हुए कहते हैः देखिए, मेरे वक्तव्य को ठीक से समझा नहीं गया। मैंने सिर्फ इतना कहा है कि निराला के बाद हिन्दी में कोई कवि नहीं हुआ— यह तो नही कहा कि कविता लिखने वाला कोई नहीं हुआ। लेकिन कविता लिखना एक बात है और कवि होना दूसरी। जहां तक निराला की बात है, वह कविता जीते थे। बाकी कवि.. कविता लिखते हैं।

क्या निराला से पहले भी कवि नहीं हुए?

इस सवाल के जवाब में आचार्य शास्त्री तुलसी, सूर, मीरा आदि का नाम लेते हैं। कबीर के बारे में पूछने पर वह कहते हैः देखिए, कुछ लोग युग के व्याख्याता होते हैं और कुछ व्यक्ति दूरदर्शी तथा कुछ भविष्यदृष्टा होते हैं। कबीर दरअसल दूसरे वर्ग के थे। वे अपने काव्य से बाद की कह गये, इनका युग अब आ रहा है।

तुलसी से तुलना करते हुए कई लोग कबीर को बेहतर कवि मानते हैं। इस पर शास्त्री जी कहते हैः इस तरह की बात ठीक नहीं। कवि सिर्फ कवि होता है— उसकी अपनी एक अलग विशेषता होती है। तुलसी जहां समन्वित जीवन के कवि हैं, वहीं कबीर जीवन में वैराग्य दिखाकर लोगों को सुधारने की कोशिश करते हैं।

कई लोग तुलसीदास को ब्राह्मणवादी मानते हैं। इस पर आचार्य शास्त्री तर्क देते हैः वेद-वेदान्त से प्रारम्भ कर मानवीय जीवन तक पहुंचने वाले तुलसी अंतिम कवि हैं। इसी गुण के कारण उन्हें ब्राह्मणवादी कहना गलत है।

आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री कहते हैं: मुझे लगता है कि अगर स्वयं रवीन्द्र नाथ ठाकुर से ही पूछा जाता कि कौन-सा गीत राष्ट्रगान के उपयुक्त है, तो वे 'वंदे मातरम्... को ही चुनते।' मेरा मत है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से भी पूछा जाता तो वे भी राष्ट्रगान के रूप में 'वंदे मातरम...' का ही नाम लेते न कि 'जन-गण-मन...' का।

निराला के बाद के कवि-साहित्यकारों में आप किसी का नाम लेना चाहेंगे? इस सवाल के जवाब में आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री अज्ञेय का नाम लेते हैं। वे कहते हैः निराला के बाद इन्होंने भी काफी अच्छा काम किया, पर 'कंटेंट' के लिहाज से दोनों में फर्क है। अज्ञेय ने केवल पश्चिम को हिन्दी में लिया, जबकि निराला विदेशी तत्व लेकर भी भारतीय कवि बने रहे।

दिनकर को आप किस रूप में लेते हैं?

दिनकर तो बड़े सौभाग्यशाली और लोकप्रिय थे। बड़ा लौकिक व्यक्तित्व था उनका। उनमें जनता और सरकार को एक साथ सम्मोहित करने की शक्ति थी। एक लिहाज से बिहार के एकमात्र कवि दिनकर ही हुए।

नागार्जुन के बारे में कई बार पूछने पर— शास्त्री जी कुछ कहकर रुक कर थोड़ा सोचते हैं। कहते हैः देखिए, नागार्जुन की कविताओं में 'कंटेंट' खबरों वाले होते हैं। इनकी रचनाओं में पत्रकारिता वाले गुण अधिक हैं, स्थायी साहित्य कम। तात्कालिक प्रभाव ज्यादा है।

और मुक्तिबोध...? बताते हैं वेः इनका साहित्य बहुत मनोयोग से नहीं पढ़ा है मैंने। इसलिए ज्यादा कुछ बोलने का अधिकारी नही हूं।

फिर जरा चुप रहकर कहते हैं : बात यह है कि मैं कविता का अनिवार्य गुण उसका रस मानता हूं। लेकिन मुक्तिबोध की कविता में उस तत्व का, जो आदमी के भीतर 'प्लेजर' (आनन्द) पैदा करे, उसका नितान्त अभाव है। उसमें व्याकरण ज्यादा है, कविता कम। मुक्तिबोध दरअसल विचारों के कवि हैं, अज्ञेय भी हैं, मगर इनमें रस है।

अन्य साहित्यकारों के बारे में राय देने का आग्रह करने पर शास्त्री जी जैनेन्द्र का नाम लेते हैं। कहते हैः प्रेमचन्द्र की धाक वाले युग में जैनेन्द्र ने अलग लिखकर दिखा दिया। वैसे, इन्होंने भ्रष्ट साहित्य भी लिखा, पर इनकी अभिव्यक्ति का ढंग अपना था।

रवीन्द्र नाथ ठाकुर के विषय में आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री कहते हैः उनका मन था कि सारी दुनिया के लोग उन्हें अपना कवि मानें। दुनिया के किसी आदमी ने नहीं कहा कि भारत को जानना हो तो टैगोर को पढ़ो— यह बात विवेकानंद के लिए कही गयी। राष्ट्रीय गान (जन-गण-मन...) प्रकरण पर आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री कहते हैः मुझे लगता है कि अगर स्वयं रवीन्द्र नाथ ठाकुर से ही पूछा जाता कि कौन-सा गीत राष्ट्रगान के उपयुक्त है तो वे 'वंदे मातरम्... को ही चुनते।' मेरा मन है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से भी पूछा जाता तो वे भी राष्ट्रगान के रूप में 'वंदे मातरम...' का ही नाम लेते न कि 'जन-गण-मन...' का।

शास्त्री जी, आजकल तो आप गजलें भी खूब लिख रहे हैं। इस बात पर पहले वे एक शेर कहते हैः बनाकर फकीरों का हम भेस गालिब/ तमाशा-ए-अहले-करम देखते हैं।' फिर बताते हैः मैंने तो हिन्दी के अलावा संस्कृत में भी गजलें लिखी हैं।

अब आगे क्या इरादा है? यह एक आम सवाल उन्हें जैसे छू जाता है। कहते हैः देखिए मैं एकदम अकेला हूं। कोई व्यक्ति नहीं, जो मेरी सारी रचनावली दुनिया के सामने रख दे। मेरी ख्वाहिश यही है कि अपनी सारी किताबों का एक रंग-रूप में प्रकाशन हो,एक हजार पृष्ठों वाला मेरा 'राधा' महाकाव्य भी एक वाल्यूम में छपे। वैसे, अनवरत लिखते रहने की इच्छा है, जीवन भर!

तीन गीत

आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री

एक

केसर-कुङ्कुम का लहका दिगंत है।
गन्ध की अनंत वेदना वसन्त है।।
चीर उर न और बौर-बावरी,
मुरझे मन-वन की ओ अ[illegible]गीती बाँसुरी।

गीत था अतीत बुझे द्वीपों-दीप का,
मोती अनबिधाँ मुदी-मुदी सीप का,
धूल-धूल वर्तमान धूप-तपा तीखा,
चीख-चीख कर हँसना-रोना है सीखा,
गोपन मन भावी का कांचनार है।
'कब फूले ? क्यों मुरझे?'-बेकरार है।।

उजले दिन, हरख साँझ-झाँवरी।
थके-थके पाँव, अभी बहुत दूर गाँव री।।

दो

रंग-भरे स्वर, ताल गन्ध की।
कसीं हरी-सुनहरी शिराएँ,
हँसमुख ऋतु के प्राण-गन्ध की।
तोड़-तोड़ मिट्टी की परतें
अङ्कुर सुंदरता के उगते,
चिर-किरनीले पंख-पखेरू
स्पर्श मलय के नभ में चुगते;
फिसल गई-सी हिम-तट से
सहमी शबनम अँखुओं में दुबकी,
पड़ी उषा के गन्ध की वसन में-
सलवट आनंद-छन्द की।
रंग-भरे स्वर, ताल गन्ध की।।

तीन

फूल न हम पतझार के।
झुके वृन्त पर नहीं खिले,
पवन-इशारे नहीं हिले;
रंग-गन्ध से दिये दीप बन-
मौसम के शृङ्गार के।
फूल न हम पतझार के।।

अपनी नैया खे निकले;
लहर -पेंग भरते निकले;
चक्कर में सबः 'राह रोकते
क्यों न भँवर मँझधार के?'
फूल न हम पतझार के।।

हर सुख में दुख साथ रहा,
लिए हाथ में हाथ रहा;
दुर्दिन के पल-छिन गुजरे,-
दिन ज्यों कि तीज त्यौहार के।
फूल न हम पतझार के।।



लड़े अँधेरों से हरदम,
एक न दूजे से था कम;
किरण-रंगे हौंसले सहमते-
क्या नीहार निहार के?
फूल न हम पतझार के।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और शास्त्रीजी के कुछ गीत।
* कृष्ण बिहारी मिश्र की कविता-निराला

रविवार्ता
नवभारत टाइम्स, 13 फरवरी 1994 महानगर

रवीन्द्रनाथ और आंबेडकर को लेकर एक बहस
* वर्ग पहेली, भविष्यफल और चित्रकथा

बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में भारतीय राष्ट्र-राज्य के निर्माण को लेकर गंभीर बहसें हुई थीं। मुख्य रूप से गांधी-नेहरू, गाँधी-रवीन्द्रनाथ और गांधी-आंबेडकर के बीच हुई बहसों का ही प्रतिफल है —आज का भारत। साहित्य अकादेमी ने वार्षिक संगोष्ठी के रूप में इस बहस को फिर उठाया है। इसी बहस को एक अलग तरीके से उठाने की कोशिश है 'रविवार्ता' की यह आवरण कथा

आज का भारत एक बहस

बलराम, मंजरी चतुर्वेदी, राजकुमार भारद्वाज और कुमार सच्चिदानंद के साथ गोविंद सिंह



रेखांकित : उदयशंकर गंगोपाध्याय

हम आजादी के 47 वें वर्ष से गुजर रहे हैं, लेकिन जिस तरह की समस्याएँ आज हमारे मार्ग में आ रही हैं, उन्हें देखकर क्या सचमुच लगता है कि हम स्वाधीनता आंदोलन के दौर में आई रुकावटों को ठेल आए हैं? यह ठीक है कि हमने आजादी पा ली, पर क्या हम वाकई आजाद हो पाए हैं? जिस राष्ट्र राज्य की नींव 1947 में रखी गई थी क्या आज उसमें जगह-जगह दरारें नहीं दिख रहीं? जिस हिंसा के खिलाफ गाँधी जीवन भर अपने आपसे ही लड़ते रहे और जिस पर विजय पाकर अंग्रेजों को निकाल बाहर करने का साहस उन्होंने जुटाया, आज वही हिंसा हमारे राष्ट्र जीवन के अंग-प्रत्यंग में व्याप्त नहीं दिखाई देती? जिस छुआछूत को मिटाने और समाज में एकता व समरसता कायम करने का सपना गाँधी ने देखा था, आज वह समरसता जगह-जगह से कटी-फटी व विशृंखलित नहीं दिखाई पड़ रही? भाषा, परम्परा और शिक्षा के बल पर एक समग्र हिन्दुस्तानी व्यक्तित्व के सृजन की अदम्य लालसा हमारे राष्ट्र निर्माताओं में थी, क्या वह व्यक्तित्व आज पश्चिमी तौर-तरीकों के सामने खुद को अदना सा जीव महसूस नहीं कर रहा? इतने सारे प्रश्न एक साथ फन उठाये पहले कभी नहीं दिखायी दिये, तो क्या हम आज भी वहीं हैं, जहाँ से हमने अपनी यात्रा आरंभ की थी? यह इसलिए भी सही लगता है कि इन तमाम सवालों पर पहले भी बड़ी ईमानदार बहसें हो चुकी हैं। गाँधी, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, [redacted] और नेहरू से बड़े विचारक या चिन्तक तो आज नहीं हैं, उनकी ईमानदारी पर भी शायद ही किसी को शक हो। यही नहीं उन बहसों के हल भी निकले थे जिनको आधार मानकर भारतीय राष्ट्र-राज्य का महल खड़ा किया गया था। परंतु सवाल उठता है कि आखिर क्यों इतनी जल्दी वह महल आज जीर्ण-शीर्ण दिखाई दे रहा है? क्यों आजादी के साढ़े चार दशक बाद आज फिर कुछ स्वार्थी तत्व उन्हीं बहसों को खड़ा कर रहे हैं और उनकी आड़ में देश व समाज को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं? साहित्य अकादेमी ने इस वर्ष अपने वार्षिक साहित्योत्सव की राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय यही रखा है, जिससे साबित होता है कि ये सवाल आज कितने ज्वलंत हैं?

इसमें कोई संदेह नहीं कि आधुनिक भारत के निर्माताओं में गाँधी और नेहरू का नाम सर्वोपरि है। गाँधी का इसलिए कि वह स्वाधीनता संग्राम के केन्द्रीय पुरुष थे और नेहरू का इसलिए कि

परिकल्पना के सवाल पर भी यही बात लागू होती है। स्वाधीनता की लड़ाई के दौर में गाँधी के अलावा जो महामानव हुए, उनमें रवीन्द्रनाथ ठाकुर भी थे, चूँकि वे मूलतः एक कवि-कलाकार थे, इसलिए उनकी दृष्टि एक सौंदर्यवादी की दृष्टि थी। श्रीकृष्ण जैसे सर्वगुण संपन्न व्यक्तित्व के निर्माण की उनकी कल्पना थी। गाँधी के विचारों से वे प्रभावित हुए और गाँधी उनके विचारों से। लेकिन आज उनके बनाए विश्व भारती का ही बुरा हाल है। तीसरा सवाल सामाजिक बिखराव का है। आज एक बार फिर दलित बनाम सवर्ण का प्रश्न गंभीरता से

के दौर से देश और दुनिया गुजर रही है, उसमें गाँधी अत्यंत प्रासंगिक हो गए हैं। वरिष्ठ साहित्यकार **निर्मल वर्मा** मानते हैं : भारतीय संस्कृति और सभ्यता को जब तक हम अलग-अलग इकाइयों के रूप में स्वीकार करते रहेंगे, तब तक हम उन्हें जोड़नेवाली सत्ता को नकारते रहेंगे, जो 'राष्ट्रीयता' का बोध है। स्पष्ट ही भारतीय संस्कृति और परम्परा के संदर्भ में राष्ट्रीयता का स्वरूप भी बदला है। यह उस आत्म केन्द्रित, संकीर्ण और आक्रामक अवधारणा से अलग है, जो यूरोप में 'नेशन स्टेट' के विकास के साथ उत्पन्न हुई थी। यह केवल

हम जीवन और सृष्टि के प्रति भारतीय दृष्टि कहते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि बिना सार्वभौमिक हुए वह भारतीय नहीं हो सकती, जैसा रवीन्द्रनाथ ठाकुर कहते थे, किन्तु सही अर्थों में सार्वभौमिक तभी हो सकती है, जब उसकी जड़ें भारतीय परम्परा बोध में अन्तर्निहित हों, जैसा गाँधी और अरविंद मानते आये थे। अपने समस्त मतभेदों के बावजूद ये मनीषी इससे सहमत थे कि बीसवीं सदी में पश्चिमी सभ्यता की चुनौती का सामना भारत केवल अपनी संस्कृति के धरातल पर ही कर सकता है।

साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष और कन्नड़ के

कोई अक्षय पात्र नहीं है जो हम इसका दोहन करते जाएँ। गाँधी की दृष्टि में एक संपूर्णता है। वे समाज, बल्कि निसर्ग के हर पहलू पर विचार करते हैं और सबके बीच एक संतुलन की आवश्यकता पर बल देते हैं।

गाँधी और रवीन्द्रनाथ की तुलना करते हुए हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार **विष्णु प्रभाकर** बताते हैं : गाँधी ने रवीन्द्रनाथ को एक पत्र में लिखा, आम देशवासी या किसान को संगीत की नहीं, रोटी की जरूरत है। ऐसा नहीं कि गाँधी संगीत के विरोधी थे लेकिन वह जानते थे कि पहली जरूरत रोटी है, सवाल उपयोगिता का था।

कथाकार **कमलेश्वर** कहते हैं :'गाँधी की दृष्टि सदियों की विषमता को मिटाकर सामाजिक एकीकरण कर राष्ट्र को मूर्त करने की थी, जबकि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर पढ़े-लिखे एक सुसंस्कृत राष्ट्र की कल्पना करते हैं।

प्रख्यात समाजशास्त्री **श्यामाचरण दुबे** मानते हैं : गाँधी और रवीन्द्रनाथ के विचारों में कुछ भिन्नता अवश्य थी, लेकिन अनेक क्षेत्रों में उनकी संवेदनाएँ एक जैसी भी थीं। चूंकि गुरुदेव कवि थे और कविता देश व काल की सीमाओं को स्वीकार नहीं करती। साहित्य को वे संस्कृतियों के बीच मेल मानते थे और उसके

बल्कि विश्व नागरिक बनने का अवसर मिलता था। गुरुदेव, गाँधी के दर्शन से भी प्रभावित थे। उन्होंने 'श्रीनिकेतन' की स्थापना ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से की थी। गाँधीजी भी संकुचित दृष्टि से 'राष्ट्रवादी' नहीं थे। वे बाह्य सांस्कृतिक प्रभावों पर भी कोई रोक नहीं लगाना चाहते थे। उनका आग्रह केवल यह था कि हमारी सांस्कृतिक नींव पक्की हो और हम इतर सांस्कृतिक प्रभावों से अपनी अस्मिता खो न बैठें। गाँधी जी व्यावहारिक थे जबकि रवीन्द्रनाथ में कवि की संवेदनशीलता थी पर देश की पुनर्रचना के प्रश्नों पर उनमें कोई मूलभूत अन्तर नहीं था। पंजाबी के वरिष्ठ साहित्यकार **हरभजन सिंह** कहते हैं :रवीन्द्रनाथ ठाकुर जैसी स्वस्थ दृष्टि वाला व्यक्ति भारत को फिर नहीं मिल सका। कवि लोग अपने देशवासियों को एक स्वप्न दे देते हैं। स्वप्न को वास्तविकता में चरितार्थ करना स्वयं देशवासियों का काम होता है। यही उनका योगदान है।

जहाँ तक सभ्यता के प्रश्न पर गाँधी और नेहरू के बीच मतभेदों और गाँधी की परिकल्पनाओं को स्वाधीन भारत में साकार करने का प्रश्न है, ज्यादातर विचारक यही मानते हैं कि नेहरू यदि चाहते तो देश को गाँधी के मार्ग पर ले जा सकते थे। **विष्णु प्रभाकर** के शब्दों में : गाँधी संसार के इतिहास में अकेला आदमी है, जिसने जनता को अपूर्व शक्ति दी और ऊपर उठाया। जनता को जगाने के लिए पहले उन्होंने खुद को जनता में विलीन किया। गाँधी पूरी जिंदगी 'राम-राम' भजते रहे, क्योंकि हमारा देश सदियों से राम-नाम का पागल रहा और वह इसलिए कि राम मानव-विकास का चरम बिंदु हैं, यही वजह है कि वह स्वीकार्य हो गया। यह तो मात्र एक उदाहरण है। जब हम देश के संदर्भ में गाँधी और नेहरू की बात करते हैं तो यह मानना होगा कि बाद के वर्षों में यह सवाल गाँधी या नेहरू का हो गया। जहाँ गाँधी कृषि सभ्यता के पोषक थे, नेहरू औद्योगिक सभ्यता के, गाँधी औद्योगीकरण के खिलाफ नहीं थे लेकिन वे किसानों की बिना पर औद्योगीकरण नहीं चाहते थे। गाँधी की सभ्यता की अवधारणा भी मिट्टी से जुड़ी है, इसलिए उनके सत्य के प्रयोग भी बदलते रहते हैं। अव्यवहार्य चीज उनके शब्दकोश से हटती चली जाती है। जबकि नेहरू संयोग से पश्चिम में रहे। उनकी सभ्यता की अवधारणा भी

बड़ा होते हुए भी अन्तर्विरोधों में फंसे रहने के कारण वे कोई निर्णय नहीं कर पाये, यही उनकी विफलता रही।

अनन्तमूर्ति मानते हैं कि नेहरू भावात्मक स्तर पर तो पश्चिम के प्रति आक्रामक नजर आते हैं। लेकिन वैचारिक तौर पर वे उसी पर निर्भर हैं। जबकि गाँधी वैचारिक तौर पर पश्चिम की भर्त्सना करते हैं और भावात्मक स्तर पर वसुधैव कुटुम्बकम को मानते हैं। **श्यामाचरण दुबे** भी इस अंतर को स्वीकारते हैं, उनके शब्दों में, 'अपने उत्तराधिकारी के रूप में नेहरू जी का

भारत में राष्ट्रीय भावना का विकास संस्कृति के उन समस्त उपादानों के साथ जुड़ा है, जिसे हम जीवन और सृष्टि के प्रति भारतीय दृष्टि कहते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि बिना सार्वभौमिक हुए वह भारतीय नहीं हो सकती, जैसा रवीन्द्रनाथ ठाकुर कहते थे, किन्तु सही अर्थों में सार्वभौमिक तभी हो सकती है, जब उसकी जड़ें भारतीय परम्परा बोध में अन्तर्निहित हों, जैसा गाँधी और अरविंद मानते आये थे।

नामांकन स्वयं गाँधी जी ने किया था। गाँधी जी की हत्या पर नेहरू ने कहा था कि हमारे जीवन से प्रकाश चला गया। गाँधी और नेहरू के बीच अगाध स्नेह था, यह भी स्मरणीय है। नेहरू जी की शिक्षा विज्ञान के क्षेत्र में हुई थी और अपने अध्ययन-चिन्तन से उन्होंने अपनी विशिष्ट इतिहास दृष्टि विकसित की थी। गाँधी जी की तरह वे भी भारत को आत्मनिर्भर बनाना चाहते थे। उनकी दृष्टि में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मानव जीवन को प्रभावित कर उसे आकार देते हैं। इसलिए भारत उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता।

बाँसुरी

जी. शंकर कुरुप

लीला-भाव से जीवित गीतों को गानेवाले
दिशा और काल की सीमाओं से निर्बन्ध
हे महामहिमामय!
मैं जनमा था अज्ञात-अपरिचित
कहीं मिट्टी में पड़े-पड़े नष्ट हो जाने के लिए,
किन्तु तेरी वैभवशालिनी दया ने
मुझे बना दिया है बाँसुरी
चराचर को आनन्दित करनेवाली।

मानव अहंकार की उद्दाम लहरों का उछाल
अश्रुसिक्त नेत्रों के नील कमल,
दैन्य-दारिद्र्य के
वर्षाकालीन मेघों की काली छाया,
सांसारिक पापों के भँवर-जाल
इन सब को साथ लिये-लिये बहती रहे
मेरे अंदर की संगीत-कल्लोलिनी
यह सरिता है प्रभु!
हो सकता है कि कल यह वंशी,

तू ने अपनी साँस की फूँक से
उत्पन्न कर दी है प्राणों की सिहरन
इस निःसार खोखली नली में।

मन को मगर कर देनेवाले
अखिल विश्व के अनोखे गायक!
तू ही तो है
जो मेरे अन्दर गीत बनकर बसा है,
अन्यथा क्या बिसात थी
इस तुच्छ जड़ वस्तु की
किंचित भी कर सकती राग-आलाप
इस प्रकार हर्षोल्लास से भरकर।

मंद-हहास का मनोरम नवल-धवल फेन,
प्रेम प्रवाह की कलकल मन्द ध्वनि,

मूक होकर काल की
लम्बी कूड़ेदानी में गिर जाये
या यह दीमकों का आहार बन जाये
या यह मात्र एक चुटकी राख के रूप में
परिवर्तित हो जाये।
तब कुछ ही ऐसे होंगे
जो शोक-निःश्वास लेकर
गुणों की चर्चा करेंगे
लेकिन लोग तो प्रायः बुराइयों के ही
गीत गायेंगे।
जो भी हो
मेरा जीवन तो तेरे हाथों समर्पित होकर
सदा के लिए आनन्द-लहरियों में
तरंगित हो गया,
धन्य हो गया।
1929

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कवि सीताकांत महापात्र की कविताएं

ज्ञानपीठ

दिसम्बर 1943 में वाराणसी में अखिल भारतीय प्राच्यविद्या परिषद् का बारहवां अधिवेशन चल रहा था। कुछ अग्रगण्य भारतीय विद्याविद् भारतीय संस्कृति और साहित्य के अध्ययन विषयक कतिपय पक्षों पर निजी रूप में विचार-विनिमय कर रहे थे। संस्कृत के योगदान की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा करते हुए उन्होंने अनुभव किया कि दर्शन, धर्म, संस्कृति और साहित्य में हमारी उपलब्धियों और धरोहर के संपूर्ण स्वरूप की संस्तुति तभी हो सकती है, जब पालि, प्राकृत, अपभ्रंश और अर्धमागधी आदि की साहित्य-निधि का भी अनावरण हो। इस अध्यवसाय की कठिनता का अनुभव करते हुए उन्होंने साहू शांति प्रसाद जैन से अनुरोध किया एक ऐसे संस्थान की स्थापना का, जो इस अभाव की पूर्ति कर सके। साहूजी ने जो सकारात्मक उत्तर दिया, वह भारतीय विद्या और संस्कृति के प्रति उनकी हार्दिक श्रद्धा के अनुरूप ही था।

14 फरवरी, 1944 को एक न्यास के रूप में भारतीय ज्ञानपीठ का घोषणा-पत्र पंजीकृत हुआ, जिसमें उसका उद्देश्य इस प्रकार अंकित हुआ: 'ज्ञान की विलुप्त, अनुपलब्ध और अप्रकाशित सामग्री का अनुसंधान और प्रकाशन तथा लोक-हितकारी मौलिक साहित्य का निर्माण।' अनुपलब्ध साहित्य के प्रकाशन से अभिप्राय था कि जो अत्यंत मूल्यवान जैन साहित्य प्राचीन शास्त्र भंडारों में अपेक्षित पड़ा हुआ है, वह न प्रकाश में आता है, न उसका अध्ययन होता है—यहां तक कि उसके विषय में जानकारी भी उपलब्ध नहीं है—उस पर शोध-कार्य हो और उसे प्रकाश में लाया जाये। भारतीय परम्परा, विशेषकर जैन परम्परा में प्रत्येक व्यक्ति को देव-शास्त्र-गुरु का महत्व संस्कारगत प्राप्त है। देव और गुरु के साथ शास्त्र की पूजा को संयुक्त करके ज्ञान की सुरक्षा का प्रबंध किया गया है। जहां भी जैन मंदिर या मठ हैं, वहां उसके साथ छोटा-बड़ा शास्त्र भण्डार भी निर्मित किया जाता है।

शास्त्र-दान इस परंपरा का अंग था। इसलिए सैकड़ों शास्त्रों की प्रतियां तैयार करते रहते थे, और श्रावक-श्राविकाएं पूजा-उपवास-व्रत जब सम्पन्न करते थे, तो मंदिरों के साधुओं और पंडितों को शास्त्र-दान देते थे। आज भी कहीं-कहीं यह परंपरा चलती है। एक बात और भी है—आतताइयों और विधर्मियों ने इतने शास्त्र जलाये और मन्दिरों को नष्ट-भ्रष्ट किया कि मंदिर के पुजारी या अधीक्षक शास्त्रों को प्राणों की तरह बचाकर छिपाकर रखते थे। देश का दुर्भाग्य कि इतिहास का चक्र ऐसा घूमा कि धर्मायतन और शास्त्र लाखों-लाखों की संख्या में ध्वस्त हो गये।

ज्ञानपीठ की स्थापना के तत्काल उपरांत जिस प्राचीन महाग्रंथ के प्रकाशन का कार्यक्रम हाथ में लिया गया, वह मूडबिद्री (कर्नाटक) के एक मंदिर में शताब्दियों से विद्यमान ताड़पत्रीय पाण्डुलिपि थी। उसमें क्या अंकित है, यह अज्ञात था। यात्री उसके दर्शन किया करते थे और मात्र इतने से ही संतुष्ट हो जाते थे। साहू शान्ति प्रसाद

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

की स्थितियों का भी बड़ा ही मार्मिक चित्रण किया है। कवियों की वाणी में गूंजती इस लोकपर्व की सरस गाथा मन को अनुरागी बनाती है। इन कविताओं में रंग खेलते राधा-कृष्ण हो या सामान्य नायक-नायिका सब प्रेम के रंग में रंगे नजर आते हैं।

तो अरसई
ी लला

उस समय परदेश गये पति की ... की क्या अवस्था हो सकती वह इस वियोगिनी के शब्दों में ...ए :—

मोर कन्त दुरन्तर छाए प्रीति ...र लागे
फागुन है सीख फाग बहार,
रंग अबीर, अन्तर के बिसार।
सब दिनों में सूख मूल के दिन,
त्यागी पिया मेल परवीन।

"मेरे प्रियतम दूर देश में गये , मुझे प्रीति के वाण लग रहे हैं। हे सखि, फागुन आ गया है, विरहिन को यह मस्ती भरा त्यौहार भी वैरी के समान प्रतीत होता है, परन्तु नवयुवतियों की अन्य टोलियां कब मानने वाली हैं। वे लोगों पर रंगों के साथ-साथ प्रेम रस की वर्षा करती हुई सुरीले कंठों से गान गाती है

होली खेले नंदलाल फागुन आ गया।
भर पिचकारी मोरी अंगिया पै ड़ारि,
चोली भिगोई मोरी भीग गयी सारी,
जो बन पैं जीवन छा गया, फागुन आ गया।
सास कहे तू घर से ना जाना
रास्ते में मिलेगा तुझको कान्हा
बांह पकड़ नहला गया, फागुन आ गया।

केसर, अबीर और गुलाल का नीर तैयार कर सुजान ने बरसाने में कितनी सुन्दर होली सजायी है।

होरी है, सुजान रचो आली सुन श्यामा श्याम,
केस अबीर ले गुलालमीर खेरी है।
होरी है सुभग मद अंतर सुगंधीन में,
कृष्ण राधिका पेचाय कीन्हीं वरजोरी है।
जोरी है समाज फाग दोउ और भांति–भांति,
बसन सुरंग रंग रंगीनि में बोरी है।
अनूप कवि नंदलाल-लाल ग्वालने ही,
कहे अजु होरी बरसाने अस्ते होरी है।

एक होली में मस्त गोरी पर चुपके से रंग डाल दिया गया, उसकी बात भी तो सुनिए, रंग से सराबोर

केशर गार रंग चन्दन की पिचकारी लला।
भर पिचकारी मोरे सन्मुख मारी,
भर पिचकारी मोरे सन्मुख मारी,
भीज गयी झूना सारी लला।

रात भर होली की धूम मची रही, गुलाल आकाश रंगता रहा, अबीर की नदियां बहती रहीं। इधर लपक-झपक में सारी देह थकान के मारे चूर हो गयी है। कपोलों पर रोली की लाली, आंखों में नींद की खुमारी, अबीर से सनी अलकें, झण्झपाती पलकें– इनका सुंदर चित्र उपस्थित किया है महाकवि पद्माकर ने :—

गोकुल में गोपिन गोविन्द संग खेली फाग,
राति भरि प्रात समे ऐसी छवि छलकै।
देह भरी आलस, कपोल रस रोरी भरे,
नींद भरे नयन कछुक झपैं पलकैं।
लाली भरे अधर, बहाली भरे मुख पर;
कवि "पद्माकर' बिलोके को न लाल को
भाग भरे लाल छम ओ सुहाग भरे सब अंग,
भीक भरी पलकें, अबीर भरी अलकें।

और इस प्रकार प्रसन्नता के सागर में डुबकियां लगाने के पश्चात होली पूरे वर्ष भर के लिए विश्राम करने चली जाती है और लोग कुछ टीस लिए विरह की, कुछ उल्लास लिए मिलन की प्रतीक्षा करते हैं आगामी वर्ष की होली का।

• ब्रह्म देव

मधु टपकावत आये हैं ह...
रंग जमावत आये हैं हम,
गौरैया के घोंस...
फुदक-

फाग सुनावत आये हैं हम
मधु टपकावत आये हैं ह...
टेरैं भुजेंगा ठा...
डरिया

रंग बरसावत आये हैं हम
मधु टपकावत आये हैं ह...
बांध के पगड़ी ...
मटक-

चहका गावत आये हैं ह...
मधु टपकावत आये हैं ह...
प्यारी-प्यारी भ...
घर में

कर्ज चुकावत आये हैं ह...
मधु टपकावत आये हैं ह...



... की होली

... है।

की जाती है।

विधि-विधान की गरिमा कायम रखते हुए प्रत्येक संथाली गांव से एक बुजुर्ग जोड़ी को जिन्हें 'नायके ' कहते हैं, इस दौरान जजमान बनाया जाता है। ये जजमान हर तरह से पवित्र होकर पूजा-स्थलों की लिपाई के बाद अन्य आदिवासियों के साथ पूजनार्चन की सामग्री को जलाशय से शुद्ध करके लाते हैं। पीसी हुई मेथी और सरसों के तेल से इन्हें एक बार फिर पवित्र किया जाता है। फिर नायके जोड़ी को हंडियो 'पोचाई' पिलाकर सारे संथाली अपने चारों देवताओं की मूर्तियों के समक्ष नाचते-गाते और आमोद मनाते हैं।

तुरही-नगाड़े की आवाजों से सारा जंगल गूंज उठता है। सर्वत्र सुगंध सर्वत्र उल्लास और पक्षियों का कलरव ! देवताओं को प्रसन्न को प्रस्तुत होती हैं। ऐसे विवाह संथाली आदिवासियों में सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं।

आमोद-प्रमोद का यह कार्यक्रम सारी रात चलता है। पूर्णिमा की गूंजती-महकती-थिरकती रात के बाद जब पौ फटती है, तब संथाली संखुए की पहली मंजरी गिरकर अपने देवताओं को चढ़ाते हैं। इस मौके पर नवविवाहितों की ओर से 'बाहा' नृत्य किया जाता है और जंगली सुअर की खाल को टेसू के पानी में भिगोकर देवताओं पर छिड़का जाता है। बाकी बचे पानी को संथालियों की भीड़ पर फेंक दिया जाता है।

इन फुहारों से तर-ब-तर हो जाने वाले संथाली को चूंकि सौभाग्यशाली माना जाता है, इसलिए इस टेसू-जल से भींगने के लिए उनमें होड़ लगी रहती है। करीब डेढ़ महीने तक की नित्य पूजा के दौरान इकट्ठे

शांतिनिके...

देश-भर में होली मनायी जाती है हर और जगह इसको मनाने का अपना एक अलग अंदाज है। परंपराओं के रथों पर चढ़कर सदियों से चले आ रहे इसके लोक-प्रसिद्ध अंदाजों में इस शताब्दी ने भी होली मनाने का अपना जो एक अलग अंदाज जोड़ा है, वह है 'शांतिनिकेतन' की होली। विश्वकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा प्रकृति की गोद में शिक्षा-व्यवस्था के लिए स्थापित इस विद्याश्रम में मनायी जाने वाली निराली-अनूठी होली की विश्व-ख्याति का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अमेरिका

यहां भी बंधुआ मजूरी

भारतीयों के घरों में नौकर-नौकरानियों का उत्पीड़न

▶ *लक्ष्मी को दो महीने तक एक घर में ताले में बंद रखा गया, क्योंकि जिनके यहां वह नौकरानी थी, वे लोग उस दौरान घर से बाहर गए थे. बाद में पड़ोसियों ने देखा कि हर रोज बाथरूम की सफाई करते वक्त क्लोरिन के इस्तेमाल से लक्ष्मी के हाथ खराब हो गए थे.*

▶ *उमा को सुबह 7 बजे से लेकर आधी रात तक 'जानवर की तरह' घरेलू कामों में खटने को मजबूर किया जाता. उसके हाथ जब छिल गए तो टूथपेस्ट रगड़ने की सलाह दी गई.*

घरेलू नौकरों के उत्पीड़न की ये दिल दहला देने वाली दास्तान कुवैत की नहीं, बल्कि दुनिया के सर्वाधिक संपन्न समझे जाने वाले देश अमेरिका की है. घरेलू नौकरों के उत्पीड़न की जांच करती सीएनएन की ताजा रिपोर्ट 'फेसेज़ ऑफ स्लेवरी' (दासता के चेहरे) में यही तथ्य सामने आया कि बंधुआ मजदूरी प्रथा न सिर्फ जीवित है, बल्कि फल-फूल रही है. और उत्पीड़न का शिकार होने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं.

शीला एक संपन्न भारतीय परिवार के यहां घरेलू नौकरानी थी. वे लोग चार महीने के लिए भारत आए तो उसे चेतावनी दे गए कि घर से बाहर कदम न रखे. लेकिन जब उसने उनके दुर्व्यवहार की शिकायत की और अपना वेतन मांगा तो उसे घर से बाहर निकाल दिया गया. बेसहारा शीला ने एक आश्रयस्थल में शरण ली. जब वह बीमार पड़ गई तो उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया. बाद में अस्पताल के अधिकारियों और मानवाधिकारों की पैरवी करने वाले संगठनों ने उसके मालिक पर दबाव डाला कि शीला की भारत वापसी के टिकट की व्यवस्था करे.

दरअसल, ज्यादातर मामले उन घरेलू नौकरों के हैं, जो न्यूयॉर्क की दक्षिण एशियाई महिलाओं की मदद करने वाली संस्था 'सखि' के पास मदद मांगने आए. उनकी कहानी चौंका देने वाली तो है ही, यह भी याद दिलाती है कि उत्पीड़न के कई वहशी तरीके हो सकते हैं.

ज्यादातर घरेलू नौकरों को प्रतिमाह 170 डॉलर जितना वेतन रुपयों में (5,332 रु.) दिया जाता है. लेकिन महज 500 रु. देने के मामले भी कम नहीं हैं. प्रायः रुपयों में दिया जाने वाला यह वेतन भारत में इन नौकरों के परिवारों को भेजा जाता है. 'सखि' के साथ काम करने वाली अनन्या भट्टाचार्य कहती हैं, "मालिकों का रवैया कुछ इस तरह होता है—हमने तुम्हारे टिकट के पैसे दिए, तुम्हारे वीसा के पैसे भरे, अब पैसे किस बात के?"

आव्रजन संबंधी पर्याप्त कागजात न होने से घरेलू नौकर मालिकों की मर्जी के गुलाम होकर रह जाते हैं

विडंबना तो यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप में सस्ते मजदूर इफरात में मिल जाते हैं. इस वजह से यह मालिकों के लिए अच्छा बाजार है. एक बार अमेरिका पहुंच जाने पर घरेलू नौकर मालिक की मर्जी के ही गुलाम हो जाते हैं. वे वहां नितांत अकेले पड़ जाते हैं, दूसरे उनके पास आव्रजन से संबंधित पूरे कागजात भी नहीं होते.

वेतन तो खैर न्यूनतम है ही, इन नौकरों को चौबीसों घंटे चाकरी पर रहना पड़ता है. 'सखि' के साथ काम करने वाली सेसिला केस्टेलिनो मदद के लिए आई माया का किस्सा बताती हैं, "वह एक घड़ी भी आराम से नहीं बैठ सकती थी. दरअसल उसे आदत ही नहीं थी कि कमरे में कोई और व्यक्ति काम कर रहा हो, और वह आराम फरमाए." उत्पीड़न की एक और शिकार उमा चार वर्ष तक घरेलू नौकरानी रही. आखिर अमानवीय व्यवहार से बचने के लिए वह घर से भाग आई.

कुछ मालिक ऐसे भी हैं, जो नौकरों के साथ बरताव तो अच्छा करते हैं, लेकिन वेतन नाममात्र का ही देते हैं. अनन्या कहती हैं, "नौकरों के साथ नरमी से पेश आने वाले मालिकों का मानना है कि कम वेतन की भरपाई वे अपने अच्छे व्यवहार से कर देते हैं."

न्यूयॉर्क के श्रम विभाग के मुताबिक, श्रमिक एक घंटे के काम के बदले कम-से-कम 4.25 डॉलर के हकदार हैं. हफ्ते में 40 घंटे से ज्यादा काम करने पर हर अतिरिक्त घंटे के लिए वे दैनिक मजदूरी का डेढ़ गुना पाने का दावा कर सकते हैं. लेकिन दक्षिण एशिया से आने वाले ज्यादातर नौकर घर की चारदीवारी में ही रहते हैं. बाहरी दुनिया से न उनका कोई संपर्क होता है, न ही उन्हें इस बात का एहसास होता है कि उन्हें मदद देने वाली कोई संस्था मौजूद भी है. फिर अशिक्षित होने के कारण भाषा भी बड़ी बाधा बन जाती है.

'सखि' इन सताए लोगों की मदद को आगे आने वाली पहली संस्था है. इसके लिए इसने 'सेंटर फॉर इमीग्रेंट्स राइट्स' नाम की संस्था से हाथ मिलाया है. पूरे दस्तावेजों के अभाव में इन नौकरों को वापस उनके देश भेज देने की धमकी दी जाती है. 'सखि' उन्हें कानूनी मदद लेने की सलाह देती है. विडंबना तो यह कि इन नौकरों का शोषण करने वाले वे लोग हैं, जो ऊंचे समाज की शान समझे जाते हैं.

ऐसे कुछ मामले उजागर होते हैं तो अमेरिका में बसे भारतीयों की चेतना को आलोड़ित कर देते हैं, लेकिन ज्यादातर मामले इन आप्रवासियों की रसोई की दीवारों में ही दबे पड़े हैं. —लविना मेलवाणी, न्यूयॉर्क में

(पहचान छुपाने के लिए कुछ लोगों के नाम बदल दिए गए हैं.)

आदमकद

सूर्यबाला

'मेरे संधि पत्र,' 'दीक्षांत' जैसे महत्वपूर्ण उपन्यास और 'एक इंद्रधनुष जुबैदा के नाम' जैसा कहानी संग्रह देने वाली सूर्यबाला लंबे अरसे से साहित्य रचना में लगी रही हैं. प्रस्तुत कहानी औरत के आत्मविश्वास का दस्तावेज मानी जा सकती है.

न सुंदरता, न लुनाई! न लोच, न भंगिमाओं का जादू!

सिर से पैर तक चिकना आबनूसी रंग और सख्त-मजबूत काठी का एक आदमकद शरीर.

आखिर कहां तलाशी जाए औरत इस समूची बेलज्जती के बीच?

हां, ठीक, काली, ठोस, कलाइयों में दो-चार मैल खाई चूड़ियां और नाक में पीले सोने की नक्काशीदार बेसर!

चलो, हो गई औरतपने की शिनाख्त?

हुई या न हुई, 'वह' धोई-पछारी किनारीदार धोती का छोर कमर में खोंसे, माथा ढांपे, पीतल के बड़े-बड़े हंडे-परातों को पुराने अचार की फांकों से रगड़-रगड़कर चमकाया करती. या फिर अपनी पुख्ता, बलिष्ठ बांहों से आंगन के बंबे की काई काछा करती या रसोई-भंडार के जालों की झाड़पोंछ.

आंगन के कोने में ईख की ढेरी लगी होती. बच्चे गंडेरियों के लिए पिनपिनाते. कामचोर नौकर बहाने बना-बनाकर टाल जाते. सुनती-सुनती वह अचानक टखनों तक साड़ी समेट, बड़ा-सा धारदार चाकू लिये आंगन के बीचोबीच बैठ जाती और खचाखच्च गंडेरियां छील-छीलकर थाली में ढेर लगाती जाती. बच्चे टूट पड़ते. फिर खुद भी एक कटोरे में थोड़ी गंडेरियां ले, आंगन में एक तरफ बैठ चूसने लग जाती. उस दौरान अगर बाहर से कोई मर्द खखारकर जनाने में आने की सूचना देता तो वह आंचल से पूरा मुंह ढांप गरदन घुमा लेती. लेकिन गंडेरियां चूसने की प्रक्रिया बदस्तूर चलती रहती.

कभी-कभी नौकरों-चाकरों के बेलौस हंसी-मजाक पर अचानक हंस भी पड़ती. जैसे काले पत्थर पे शक्कर फुटाने. लेकिन जल्दी ही शक्कर फुटाने समेट वापस अपने झाड़-फटकों, हंडे-परातों में शामिल हो जाती.

> **अपनी बदसूरती, अपना शरीर उसके लिए एक स्वीकारा हुआ सच था. एक ऐसा सच जिसके लिए वह कतई जिम्मेदार न हो. तब शर्मिंदगी या दयनीयता कैसी?**

घर की आदमजातों से ज्यादा ये हंडे-परात ही गवाह थे उसकी मौजूदगी के.

और इस तरह कायम थी वह पूरे वजूद के साथ.

लाजवंती मायके आती तो उसकी छोटी बच्ची 'उसे' देखते ही बिदकने लग जाती.

"नईं, मैं इस बेशर वाली के हाथ से मालिश नईं करवाऊंगी. मैं इसके हाथ की छिली गंडेरियां बिलकुल नईं खाऊंगी, न इसके..."

"इसके' नहीं, इनके," लाजवंती झिड़कती.

"और बेशर वाली नहीं, मामी."

"मामी? धत...वैसेई?—जे भी कोई मामी हुई?—तुम्हारी भी मामी, मेरी भी मामी, रमेसरे की भी मामी और झुनिया की भी मामी..."

और मामा! कैसा गंदा-संदा-सा पाजामा—आधी कटी, आधी बढ़ी मूंछें, न कोट, न पैंट, न जूते, न मोजे. दफ्तर दौरे भी नहीं जाते, जो मामा, चाचा लोग जाया-आया करते हैं. ये तो कचहरी भी बस तभी जाते हैं जब नाना को कोई स्टांप पेपर या नकल मंगवानी होती है या फिर म्यूनिसिपैलिटी में कल-पानी के टैक्स की भरपाई लिखानी होती है.

बाकी तो सिरफ घड़ी-घड़ी नुक्कड़ तक जाकर अपनी फटीचरी चप्पलों में टांके लगवाते ही देखा है. या फिर झिलंगी खटोली पे लेटे-लेटे जेबें टटोलते उठते हैं और नाना से पैसे मांग, पनदरीबे से खैनी-सुपारी लाने निकल जाते हैं. जाते वक्त दिखाने के वास्ते जनानखाने के पास आ एकदम नाना-मामा के अंदाज में पूछते हैं... "बाहर जा रहा हूं, कुछ चाहिए—यानी साग-भाजी, नमक-तेल या फिर चना-चबेना ही भुनवाना हो...रमेसरा क्या जाएगा? ठुर्री भुनवा लाता है भाड़ से. मैं अपने सामने रज्जू भड़भूजे से फरहरी मक्की भुनवाता हूं... राशनवाला भी कह रहा था 'मामा! शुक्कर तक बिलायती गेहूं आएगा. जांच के ले जाना नहीं तो शनीचर को अनंत चतुर्दशी और इतवार का इतवार—दोनों दिन दुकानबंदी.' पूछ अपनी मां से धोबियाने भी जाना हो तो पनदरीबे से लौटती बेर..."

यानी समूची जिंदगी भाड़ से धोबियाने और धोबियाने से पानदरीबे की चौहद्दी के बीच नापी-तौली. बाकी बचे समय में चौके से ओसारे, ओसारे से लकड़ियों वाली कोठरी...ठंडी की ठंडी, एकांत का एकांत...

"मामा का आरामेखास," बड़े दद्दा लिहाड़ी लेते.

मजेदार बात तो यह कि इस आरामेखास से संडास या ओसारे की तरफ जाते हुए कामता मामा बाकायदा दूसरे मर्दों की तरह खखारते भी थे, जबकि घर में एक भी ऐसी बहू-बेटी नहीं थी जो मामा के अदब में माथा या मुंह ढांपती हो...सिर्फ इस खखार पर अकेली 'वह' जहां, जैसी भी होती, अपना पूरा चेहरा आंचल से ढांप लेती. न अदब से, न शर्म से और न संकोच से बल्कि एक सपाट बेलज्जती से, कि क्यों किसी को किसी बदमजा एहसास से गुजारा जाए. बावजूद इसके कि खखारने वाला उसका अपना ब्याहा आदमी ही होता.

अपनी बदसूरती, अपना शरीर उसके लिए एक स्वीकारा हुआ सच था. एक ऐसा सच जिसके लिए वह कतई जिम्मेदार न हो. तब शर्मिंदगी या दयनीयता कैसी?...इसलिए वह न लजाती, न सकुचाती और न घराघर टेसुए ही बहाती. यह सब जैसे उसके उसूल के खिलाफ था. आखिर क्यों जबरदस्ती पीछे पड़कर रो-घिघिया, आरजू-मिन्नत कर मर्द का दुलार या दुतकार बटोरी जाए? बस जो है, वो है.

ज्यादती लोगों की थी जिन्होंने जबरदस्ती उसकी बदसूरती के साथ दया भाव का शुमार कर उसे एक नकारे के साथ बांध दिया था. इस तथ्य से भी वाकिफ था पूरा कुनबा. एक तरफ हद की बदसूरत, दूसरी तरफ एक बोदी किस्म की चरम अकर्मण्यता. पलड़ा बराबर.

लेकिन यह पलड़ा जबरदस्ती बराबर किया गया था क्योंकि काहिली ईश्वरप्रदत्त नहीं थी. न किसी अपंग, अपाहिजा की लाचारी ही. पूरे-पूरे साबुत हाथ-पैरों वाली मानुस जात की पाली हुई एक लत थी यह. शुरू से अनाथ और 'बेसहारे' के नाम पर इस रिश्तेदार से उस रिश्तेदार के टुकड़ों पर मुफ्तखोरी में पलते चले जाने की लत. यह लत बड़ी गमखोर होती है. काफी कुछ सह ले जाती है. इसकी आड़ में उपेक्षा के पलड़े पर तुले रोटी के टुकड़े

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हंसते-हंसते पचा ले जाता है आदमी. कोई-न-कोई नाता-रिश्ता भी जुड़ ही जाता है. यूं भी हर आए-गए के लिए गृहिणी का 'भाई' हो जाना सबसे ज्यादा आसान पदवी होती है. वाही मिल गई कामता को. और बड़ी होती लाजवंती तथा भाई-बहनों के लिए वह 'कामता मामा' के ओहदे का दावेदार होता चला गया.

अगली पीढ़ी का 'मामा' होने का गौरव प्राप्त होते ही वह तदनुसार व्यवहार भी करने लगा. इसलिए कामता मामा भाड़ से मक्की भुनाने या लतरी चप्पल में गांठें लगवाने वाली बात पर अम्मा से उसी सयानेपन से सलाह-मशविरा करते जिस तरह बाबू जी मुकदमे के नए मसलों पर.

सबसे बड़ा ताज्जुब यह कि व्याह के बाद मामी की आदमकद आबनूसी काया पर भी उनकी प्रतिक्रिया सर्वथा अप्रत्याशित. न कभी गुस्साना, न झुंझलाना और न सस्ती-महंगी, प्रीति-प्यार की इशारेबाजी ही. उलटे पत्नी के रूप-रंग, कद-काठी का परिचय था, एक बोदे किस्म की निश्चिंतता-सी ही कि चलो ठीक है, दुनियादारी का तकाजा था, सो हो गई ब्याह-सादी! अब कोई उंगली उठा के कह तो नहीं सकता कि भला क्यों नहीं व्यापता इसे इस ब्याहता का मोहजाल. जिंदगी जैसे गुजरती रही वैसे ही बसर होती रहेगी. बिना किसी जोरू-जाते, चूल्हे-चक्की के बवेले के.

इस सिद्धांत पर अमल करते हुए खान-पान की बेला, रसोई की पीढ़ी पर बैठकर 'जीमना' और ओसारे की खटोली पर लेटकर 'बेताल-पचीसी' का शांति पाठ करना, स्थायी तौर पर मामा की दिनचर्या के अविभाज्य अंग बन गए थे.

सभी चित्र : बिमल सरकार

छठे-छमासे लाजवंती ही मायके आने पर मां से जिक्र छेड़ती, "कामता मामा, सारे दिन खटोली पे ऊंघते बेताल-पचीसी पढ़ा करते हैं. बाबू जी से कहो, इन्हें खतियाने में, कपड़ों की आढ़त पे ही लगवा दें... और कुछ नहीं, तो खैनी-तंबाकू भर के ही... पैसों की बात नहीं पर जरा हाथ-पैरों में हरकत तो हुआ करेगी...."

हालांकि लाजवंती अच्छी तरह जानती थी कि आढ़तों, दुकानों और बही-खातों पर बिठाकर मामा के हाथ-पैरों में हरकतें लाने की कोशिश अब तक नाकामयाब ही रही है. कहीं आढ़तों की गली की चखचख उन्हें सूट नहीं करती, कहीं धन्ना सेठों के बही-खातों का हिसाब बेढब होता और कहीं साथ वाले मुनीम की कमीज बस्वाती होती. इसी बीच धोबियाने, पनदरीबे जाने और मकई-चने भुनवाने जैसे कितने बेहद जरूरी काम भी इकट्ठे हो गए होते... यह सब करीने से निवटाकर वे वापस अपनी खटोली पर....

ओसारे के एक कोने में कल्लू कुत्ता पसरा होता, दूसरे में कामता मामा. फर्क सिर्फ इतना कि कल्लू कुत्ता कभी भूंक-भांक भी लिया करता, मामा वो भी नहीं.

इधर 'वह' सुबह नीम अंधेरे से गई रात तक मसाले और खटमीठी चटनियां पीसती. उड़द की बड़ियां और गेहूं का दलिया बनाती. गन्ने की गंडेरियां निकालती. पिछवाड़े नीबू, अनारों के थाले बांधती. लौकी की बेलें चढ़ाती... और सन्नाटी दुपहरिया में चुपचाप एक कोने में बैठ बड़े मनोयोग से अपनी किनारीदार धोतियों की फटी खोंचें मिला-मिला के सिला करती.

एक बार पूरे पौने घंटे की मेहनत के बावजूद फटे खोंचे मिलाए नहीं जा सके, नदी के दो किनारों की तरह. इसके पहले कि लाजवंती मायके इसकी खबर दे और मां अपनी अधपहनी, रंग-उधड़ी साड़ियों में से एक-दो भरपूर दया भाव से उसके हवाले करे, वह सुबह-सबेरे गांव जाने को तैयार. बरसों पहले छूट गए बाप, दानों के दो-चार बीघे ऊसर और छप्पर-छाजन तलाशने.

दो दिनों के बाद लौटी तो बोरी भर मकई के साथ कच्ची छींट की दो धोतियां और गांव के दर्जी से सिलाया पेटीकोट. मामा के लिए भी पट्टेदार पाजामा और कमीज.

मामा ने देखा, बड़ी बारीकी से सिलाई के टांके और बटन की मजबूती जांची. फिर पहन कर पूरी निश्चिंतता से खटोली पे लेट, बेताल-पचीसी संभाल ली.

लाजवंती और ज्यादा जब्त न कर पाई, "ये धोतियां और कमीज-पाजामा तो मामा तुम्हारी तरफ से होना चाहिए था. आज घर-गृहस्थी हुई, कल को बाल-बच्चेदार बनोगे.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बेहाथ-पैरों वाला मर्द भी कोई मर्द. आदमी जरा, चार पढ़े-लिखों के बीच उठे-बैठे तो हाथ-पैर हिलाने का हुनर आए... जिंदगी कोई जूठे पत्तल की तरह चाटकर फेंक देने की चीज थोड़ी हुई...अपनी कमाई के चार पैसों का सुख कारूं के खजाने से बढ़कर...''

मामा थोड़ी देर शेखचिल्ली के नए कारनामे के पन्ने उलटते, गुटुर-गुटुर सुनते रहे, फिर लाजवंती को अपने हाथ-पैरों का हुनर दर्शाने के लिए झट पैरों में चप्पलें डालते थैला संभाल लिया.

''जरा खतराने होकर आता हूं. मां से पूछो, कुछ सौदा-सुलुफ...''

लाजवंती ने छौंका लगाया, ''सौदा-सुलुफ कुछ नहीं लाना. अलबत्ता खैनी-तंबाकू के पैसे चाहिए तो बाबू से ले लो.''

मामा जान छुड़ाते-से थैला लटकाए चल दिए.

लाजवंती ने देखा, 'वह' खंभे से टिकी दरवाजे से बाहर होते थैले को देखती बैठी थी. लाजवंती से नजरें मिलीं तो चौंक के कतरा ली. होंठ भिंचे थे, दृष्टि अवहेलित—तुम लोग सिर्फ अपना-अपना ही क्यों नहीं देखते? क्यों बैठे-बिठाए पूरी तरह ढंपी राख में से चिनगारी कुरेदने की कोशिश करते रहते हो? यह समझने में तुम्हें कितना समय और लगेगा कि इस राख के नीचे भी राख ही है, कहीं कोई चिनगारी, गरमाहट तक नहीं... तुम्हारी जिंदगी क्या हमारे जिक्र के बिना नहीं चल सकती?

वह बेगैरत है तो है. मेरा मर्द मर्द है. रहने दो उसे, जैसा भी वह है. मेरी आंखों के सामने मत छोटा करो उसे. औरत के लिए इससे बड़ी जहालत कोई दूसरी नहीं कि सारी उम्र वह अपने आदमी की काहिली और बोदेपन पर ली जाती, लिहाड़ी बरदाश्त करती रहे....

लेकिन लाजवंती की 'बाल-बच्चेदार' वाली बात किसी पतंग की तरह उसके जेहन में अटककर फड़फड़ाती रही. जरूर उस पूरी आदमकद औरत ने खुद से खुद कहा होगा, ''कि आखिर इतना मर्द तो यह है ही कि मुझे एक औलाद बख्श सके.''

और उसने सचमुच औलाद सहेज ली अपने अंदर, एक तटस्थ बेपरवाही और पूरी अधिकार भावना से.

लोग भौंचक! अरे यह पेट से? बड़ी छुपी रुस्तम निकली... वही क्यों, यह कामता भी तो...खुसफुसियों और अटकलों की तानाकशियां चलती रहीं. और वह उसी के बीच पूरी मुस्तैदी से पीतल के हंडों पर अचार की फांकें रगड़ती रही. नीबू-अनारों के थाले बांधती रही.

फिर भी लोगों की नजर में फर्क पड़ ही रहा था. तजुर्बेकार निगाहें तौल रही थीं. और कितने दिन-महीने. यह जच्चगी में बैठेगी ही. इसे भी देखभाल, रखरखाव की जरूरत पड़ेगी. और उसके बाद दो के बदले तीन भूखे पेटों का इंतजाम.

कहना नहीं पड़ा. गठरी-मुठरी बांध, एक सुबह उसने गांव जाने की तैयारी कर डाली. कामता मामा को सलाह दी गई कि पहलौठी की आसन्नप्रसवा इस तरह अकेली नहीं छोड़ी जाती. इसलिए साथ-साथ गांव जाकर अपनी गृहस्थी बसाएं.

वह चली गई! थोड़े ही दिनों में घर के हंडे-परात झंवाने लगे. नीबू-अनारों के थाले सूखने लगे. उन्हें सींचने वाली पुख्ता, बलिष्ठ बांहें गांव का उधड़ा छप्पर छवाने लगीं. आंगन, ओसारे की गोबर से लिपाई होने लगी. देहरी दीवारों पर गेरू से मोर-मोरनी और चांद-सूरज उकेरे जाने लगे.

लाजवंती मायके आती तो सुनती, 'कामता-बो' ने ऊसर में अरहर उगा डाली. उसने चने-मटर की पौध रोपी है. उसने छप्पर पर तोरई, सेम और पीले कुम्हड़े की बेल चढ़ाई है.

कामता-बो ने अपनी पीले सोने वाली बेसर बेचकर हल खरीदा है.

उसने अपनी छप्पर के ऊपर नजर-गुजर बचाने के लिए काली हांडी औंधाई है.

खुली हवा और ताजी सब्जियों का झोल पी-पीकर कामता का रंग निखर आया है.

सिलसिला आगे बढ़ा. वह सौर में पड़ी है. उसने बेटा जना है. बेटा उस-सा आबनूसी नहीं, कामता-सा गेहुंआ है.

लेकिन कुछ ही दिन बीतते-न-बीतते खबरों ने जैसे पलटा-सा खाया. इतना कि उनमें सच-झूठ अलग-अलग खतियाना मुश्किल पड़ता गया.

खबर मिलती कि बेसर बेचकर लाया गया हल मामा ने वापस बेच दिया है. सगर्व सीना फुलाकर उसे न्यायोचित ठहराते हुए कहते हैं, ''सौर का सरंजाम जुटाना था न...''

पैसे हाथ में आए तो सोचा लगे हाथों खैनी-ज़र्दा भी मंगवा लिया जाए. कोई शहर जाता हो तो पुलिस चौकी वाले चौराहे से 'किस्सा-ए-गुलबकावली' भी. पुरानी वाली चूहों ने कुतर डाली.

कामता मामा इंतजार करते रहे कि बस अब 'वह' सौर से बाहर आए तो कुएं से पानी खींचे. रहट चलाए. खेतों की गुड़ाई करे. यहां गांव में हर बात के लिए कुएं से पानी खींचना, शहर की बात ही और. दम के दम बंबे का पानी, दम के दम पनदरीबे का महमहाता सुर्ती-ज़र्दा. बेकार औरत जात की बात मानी. गांव चले आए. दिन को तो फिर भी ठीक, पर रात को 'बेताल-पचीसी' पढ़ने में रोसनी कम पड़ती है. पढ़े-लिखों की यही तो मुश्किल.

ऊपर से गांव-जवार के बूढ़े-जवानों की बात बेबात नसीहतें अलग नाक में दम किए रहती हैं—सब काम भले औरत से कराओ. फसल उगा दी उसने. अब कम-से-कम रात की रखवाली तो करो.

अपने भरसक तो की ही रखवाली. बस

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ंजे की चिलम जरा ज्यादा भर गई. आंख ाकी रह गई... अब चोर रातोरात फसल ूट ले गए... पके कुम्हड़ों के ढेर बनबिलाव ़बाद कर गए. कद्दू, तोरई के पीले फूल ़झा गए. थाले सूख गए.

ऊपर से फूस का छप्पर भी उघड़ गया था. ब क्या घर, क्या बाहर.

इसलिए कामता मामा अफीम की खुमारी पुलिया पर सोए पड़े रहते. बगल में पढ़े-ाखे की शिनाख्त करती 'बेताल-पचीसी' या किस्सा-ए-गुलबकावली' दबी रहती.

खबरें अब चौंकाती कम, उदगारतीं ज्यादा. कारे का साथ, समझो नरक का वास. 'वह' ामता मामा के पास बेटा सुलाकर कुएं से ानी भरने गई थी. बच्चे ने घुटनों चलकर ल्हे की गरम राख में हाथ डाल दिया. स्पताल में इलाज के लिए आई थी.

वह रहट से मकई जवारी सींच रही थी, च्चा नांद के पानी में गरदन डाल लटक गया. ामता था तो पास ही, पर गांजे की पिनक में! ायु थी! बच गया बच्चा.

दिन खिंचते गए. खबरें भी अपनी ताजगी ोती गईं. सच-झूठ और अफवाहों की भी पनी मियाद. एक ही आदमी की खबर ाखिर कहां तक और कितने चाव से सुनी ाए?...फिर सबके अपने-अपने झमेले. सबके ायाजाल. निबटेंगे सब अपने-अपने तरीके , अपने-अपने जंजाल से.

• • •

धीरे-धीरे खबरें बासी पड़ती-पड़ती खत्म ो गईं. नई पीढ़ी पढ़ी और बेपढ़ी, दोनों पने-अपने हिसाब के रोजगार तलाशने हरों की तरफ रवाना हो गई. कस्बा अब रसाती जूड़ी-बुखारों और ंधियायी रात उमड़ती ासियों का इश्तिहार बन गया. सिर्फ शहर से कस्बे में आए नीऑर्डरों पर किए जाने वाले स्तखतों की फेहरिस्त लंबी ोती गई. घर-घर में एक से ालात. बच्चों की तोतली ल्लपों और रज्ज-गज्ज की गह अब सिर्फ डाकिये का इंतजार. एक-दूसरे ी खबर लेने-देने वाला अब कोई नहीं.

तभी एक सुबह कस्बे के एक छोर पर बने ाजवंती के घर का कुंडा खड़का.

देहरी पर अपने बच्चों की उंगली थामे ड़ी थी 'वह' काली चट्टान के आदिम भित्ति-शिल्प-सी.

"मामी... तुम!... मामा कहां हैं?"

उसने गली के मुहाने पर खड़े इक्के की ओर इशारा किया.

लाजवंती ने देखा इक्के पर एक मुर्दा बंधा ा.

कांपकर सिहर गई लाजवंती.. लेकिन पलकें उठाईं तो सामने की सपाट, रुंधी दृष्टि कह रही थी—जिंदा यह कब था?...

उसने बच्चे को आगे किया, "इसे यहीं तक के लिए लाई थी..श्मशान से लौटते मुझे दुपहर हो जाएगी."

"लेकिन...तुम अकेली," लाजवंती की आवाज़ अभी तक कांप रही थी, "ठहरो, किसी को साथ किए देती हूं—"

"नहीं, गांव के दो आदमी साथ हैं, इक्केवाला मानता नहीं था न. अकेली औरत जाने किसका मुर्दा उसके इक्के पर छोड़, शहर की किसी गल्ली में गायब हो जाए."

वह इक्के पर चढ़ मुर्दे की बगल में चुपचाप बैठ गई.

लाजवंती बच्चे के साथ लौट पड़ी.

दोपहर ढले वह लौटी. नहाई और लाजवंती की दी हुई धोती पहनकर एक किनारे आ बैठी.



न रुदन, न विलाप. न क्षोभ, न विषाद. अजीब सनाका खायी-सी स्थिति. लाजवंती खुद एक पत्थर-सी. अंततः उठी और सहमते-सहमते खाने की थाली लाकर उसके सामने रख दी.

औरत के लिए इससे बड़ी जहालत कोई दूसरी नहीं कि सारी उम्र वह अपने आदमी की काहिली और बोदेपन पर ली जाती लिहाड़ी बरदाश्त करती रहे..

उसने चुपचाप थाली खींच ली, और एक-एक कौर तोड़कर इस तरह निगलने लगी जैसे इस वक्त की सबसे बड़ी जरूरत यही थी.

फिर लोटा भर पानी पिया और वहीं दीवार से ढरक गई.

लाजवंती पास आ बैठी.

"क्या हुआ था?"

"बिच्छू ने काट खाया."

"ज़मीन पर सोए रहे होंगे, खाट नहीं थी?"

"मैंने इस बार की अरहर बेचकर खाट के पैसे जुटाए थे."

"फिर? नहीं लाए खाट?"

"खाट तो मैं ही ले आती, लेकिन पैसे चुपचाप नसे-पानी में खरच आया."

"नदी पार वाले गांवों में जहरीले कीड़े-मकोड़ों का उत्पात है भी बहुत..."

लेकिन लाजवंती ने सुना था, उसने अपने घर के चारों ओर जहरीले कांटों की बाड़ लगाई थी. मजाल है जो कोई कीड़ा-मकोड़ा या जानवर मुंह मार सके. बिच्छू-गोजरों के डर से मूंज की रस्सियां बंट-बंटकर छीके चढ़ाए थे. खाने-पीने का सब कुछ उसी में टांग रखती थी. खटोली नहीं आ पाई तो अपने बेटे को टूटे किवाड़ों के फट्टे जोड़कर सुला देती थी. पर 'वह' तो नशे की पिनक में पुलिया पे जा ढरकता था.

"क्या करोगी, नदी पार का गांव," लेकिन कहने के साथ ही लाजवंती ने सिहरकर देखा—नदी पार के गांव में रहने वाली उस औरत की आंख का सारा पानी सोखा जा चुका था. वहां कुछ न बचा था, सूखी रेत के सिवा...

उसी रेत के सूखे बवंडर में खूंटे-सी गड़ी थी उसकी दृष्टि!

लाजवंती ने ढूंढ़-ढांढ़कर फिर कुछ शब्द

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तजवीजे...

"जानती हूं, पहाड़-सी जिंदगी पड़ी है तुम्हारे सामने... क्या कर सकता है कोई..."

उसे अचानक जैसे कुछ याद हो आया. उसने फट से रेत के बवंडर के बीचोबीच से अपना खूंटा उखाड़ा और लाजवंती की तरफ पलटी. जैसे कह रही हो, "जिंदगी के पहाड़ों की परवाह नहीं मुझे. मुझमें कूवत है. मेरा एक घर है. मेरे दो हाथ."

और एक-एक शब्द पर ठहरकर बोली, "मुझे सिरफ इस बच्चे की फिकर है..."

एक लम्हे को अटककर रुकी. फिर सामने खड़ी लाजवंती को भरपूर नजरों से तोलती हुई पूछ बैठी, "तुम...तुम रख सकोगी मेरे बच्चे को?

"कोई लाचारी वाली बात नहीं. 'वह' जिंदा होता, तब भी मैं अपने बच्चे को उसके साये तले नहीं पालती. शायद तुम्हारे पास ही लाती. यहां स्कूल में भरती करा दो... मुफ्त में नहीं. जो खर्च करना, उसका राई-रत्ती हिसाब देना. पाई-पाई चुकाऊंगी. गांव में अरहर, मकई उगाऊंगी. अमरूद, अनार उतारूंगी. सौ-पचास के तो कुम्हड़े लौकी ही हो जाएंगे....

"गांव का घर-खेत भी संभालूंगी और यहां तुम्हारा चूल्हा-चौका, घर-आंगन भी... पीछे के झाड़े-खंखाड़ साफ कर फल-फूल के पौधे रोप दूंगी."

लाजवंती विमुग्ध सुने जा रही थी. उसकी ही सारी बातों के बीच कुछ जगमगाते शब्दों का जादू उसे आह्लादित किए जा रहा था...उस सम्मोहित आह्लाद से भरपूर लाजवंती देख रही थी उसकी झंवाई पड़ी कलसियां चमचमा रही हैं... पिछवाड़े नीबू-अनारों के थाले लहलहा उठे हैं... आंगन के चारों तरफ पीले फूलों वाली लतरें झूल रही हैं... लाजवंती सराबोर थी, उस कल्पित सुख में, "इस घर को अपना ही घर समझो... तुम्हारे बच्चे को कोई कष्ट नहीं होने पाएगा यहां."

दूसरी ओर 'वह' खुद भी किसी दुःस्वप्न से मुक्त होती हुई-सी कह रही थी...

"किसी की चहेती, लजीली औरत बनकर दिखा पाना मेरे बस में नहीं था... यह काया सबसे बड़ी बाधा थी मेरे लिए. लेकिन मां बन कर दिखा पाना तो मेरे हाथ में है न... मां-बेटे के बीच कभी बदसूरत काया बाधा नहीं बनती. यह बहुत बड़ा फर्क है, 'मर्द' और औलाद में..."

लाजवंती ने देखा—उसका छह साल का बेटा जाने कब का जागकर सहमा-सा मां के पल्लू से चिपका खड़ा था.

"चलती हूं." उसने बच्चे की उंगली थाम ली... "छप्पर उधड़ गया है मेरा.. और मुझे दूसरे हल का भी इंतजाम करना है." ■

उपन्यास

आख्यान की मुक्ति

प्रयोगधर्मी मगर पठनीय भी

हरिया हरक्यूलीज़ की हैरानी: मनोहर श्याम जोशी
किताब घर
दरियागंज, दिल्ली
कीमतः 50 रु.

जिन्होंने मनोहर श्याम जोशी का बहुचर्चित उपन्यास 'कुरु-कुरु स्वाहा' या 'कसप' पढ़ रखा था, उन पाठकों और आलोचकों की अपेक्षा फिर से किसी वैसे ही उपन्यास की थी. लेकिन मनोहर श्याम जोशी की विशेषता ही यह है कि वे बिना प्रयोगवादी हुए हर बार अपनी नई कृति में कुछ ऐसा नया कर जाते हैं कि जो पाठक या आलोचक उन्हें प्रेमचंद या इलाचंद्र जोशी की परंपरा में रखने को कमर कस चुके होते हैं उनकी समझ में यह नहीं आता कि अब उन्हें इतालो कैल्विनो या उम्बर्तो एको के साथ रखें या सतत प्रयोगधर्मी दुरुह और लगभग अपठनीय कृष्ण बलदेव वैद के खाने में.

लेकिन पठनीयता जोशी जी की रचनाओं की पहली विशेषता है. 'हरिया हरक्यूलीज की हैरानी' में तीव्रता है, संक्षिप्ति है और आख्यान में दुर्लभ स्वतंत्रता. सवा सौ पृष्ठ की यह उपन्यासिका आख्यान की मुक्ति और स्वायत्तता का संभवतः पहला सर्जनात्मक प्रमाण है. आख्यान की मुक्ति का आशय यह कि यह उपन्यास हिंदी के तमाम उपन्यासों की तरह किसी बाहरी सामाजिक यथार्थ, इतिहास, दर्शन या अध्यात्म को व्यक्त करने वाला 'साधन' नहीं है. यह उपन्यास कोई 'जरिया' नहीं है. यह उपन्यास वह 'मालगाड़ी' बनने से इनकार करता है जिसके वैगन तमाम प्रकार के बाह्य उत्पादों से भरे रहते हैं.

आख्यान इस उपन्यास में स्वयं 'साध्य' है, वह स्वयं 'लक्ष्य' है. जिन्होंने रिचर्ड बाख की अत्यंत लोकप्रिय कृति 'इल्यूजंस' पढ़ रखी हो उन्हें उस समुद्री पक्षी के अनुभव के बारे में पता होगा जो अन्य पक्षियों की तरह अपनी 'उड़ान' को दाना खोजने या भोजन जुटाने का साधन मानने की जगह, 'उड़ान' को ही साध्य बना लेता है. और फिर शुरू होता है उड़ान के नए-नए प्रयोगों, अनुभवों, सुखों और जोखिमों का एक अप्रतिम घटनालोक. 'हरिया हरक्यूलीज़ की हैरानी' को जो पाठक हरिया की जीवन गाथा या किसी विशेष कालखंड के सामाजिक यथार्थ के बखान का साधन मानकर पढ़ना चाहेंगे उन्हें घनघोर निराशा हाथ लगेगी.

हरिया हरक्यूलीज़ का आख्यान एक नए तरह के पाठ में विद्यमान है. इस नए पाठ में प्रवेश की पहली शर्त है किसी भी तरह की प्रचलित पाठ-रूढ़ि को तिलांजलि. तथाकथित यथार्थवादी या कतिपय प्रयोगवादी पाठ-पद्धति को अपनाते हुए 'हरिया हरक्यूलीज़..' के पाठ में प्रवेश नहीं किया जा सकता, न उसके अर्थ संकेतों को डि-कोड किया जा सकता है. यह रचना अतीत की अन्य रचनाओं की स्मृति को विस्थापित करती हुई अपनी स्मृति के लिए जगह बनाती है. इसीलिए यह एक अपूर्व उपन्यास है जिसकी स्मृति अतीत में नहीं भविष्य में है.

कहने के लिए इस उपन्यास की कथा हरिया की कथा है, जो अपने पिता गिरवाण दत्त जी के पांच बेटों में अकेला जीवित बचा है और उस पर अपने बड़े भाइयों के परिवारों की परवरिश की ही नहीं, अपने तिरासी वर्षीय बीमार और अंधे पिता की सेवा का समूचा भार है. वह मूढ़ अथवा मंदबुद्धि है और उसके पिता उसे 'मदुआ' अथवा बुद्धू कहकर पुकारते हैं. 'हरक्यूलीज़' उसका उपनाम इसलिए पड़ा क्योंकि यह उसकी उस साइकिल का ब्रांड है जिस पर वह चलता था.

पुस्तक अंश

हरिया हरक्यूलीज़ की हैरानी की कहानी तब तक रहेगी जब तक हमारी बिरादरी रहेगी क्योंकि हैरानी के बिना कहानी नहीं होती और कहानी के बिना बिरादरी नहीं.

किसी भी अन्य उपन्यास में हरिया का चरित्र मार्मिक ढंग से श्रवण कुमार जैसा हो सकता था या फिर आसानी से औपनिषदिक दर्शन में ढलकर वह एक और नचिकेता बन सकता था. तब यह उपन्यास हरिया की कथा कहने वाला औसत उपन्यास होता. लेकिन इस आख्यान का साध्य स्वयं आख्यान ही है इसलिए शीर्षक तथा कथा में बार-बार हरिया के उल्लेख के बावजूद यह उपन्यास हरिया का चरित गान नहीं है. संभवतः किसी भी चरित्र, कथा या आख्यान की अवस्थिति काल में होती है, इसीलिए यह आख्यान कुछ दूर तक काल की संक्रांति का

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आख्यान है.

हरिया एक ऐसे समय में है, जिसे उत्तर आधुनिक काल कह सकते हैं. उसके रुग्ण और वृद्ध पिता उस समय में अटक गए हैं जो ब्रिटिश राज का औपनिवेशिक युग था. हरिया मंद बुद्धि नहीं है, बल्कि औपनिवेशिक अतीत तथा उत्तर आधुनिक युग के बीच संवाद जारी रखने के लिए साइकिल में भागता-भागता उसका मस्तिष्क काल के इन दो असंबद्ध ध्रुवों के बीच पूरी तरह आक्रांत हो चुका है. हरिया की अपनी कोई स्मृति नहीं है. वह पिता की स्मृति और आज के समय में उन स्मृतियों के अवशेषों के बीच डोलता एक आक्रांत और दुर्धर्ष पात्र है. "वह बिना घिनाए, बिना अघाये, बिना घबराए मरते हुए रोगी की सुश्रूषा कर सकता था और मरने के बाद बहुत कायदे से, हिसाब से, उसे फूंक और फुंकवा सकता था. अकसर लोगबाग टिप्पणी करते थे कि हरिया पिछले जन्म में डोम रहा होगा." लेकिन विडंबना यह है कि हरिया डोम नहीं है. अगर ऐसा होता तो वह अपने पिता गिरवाण दत्त के अतीत को वर्तमान में फूंककर पितृऋण से मुक्त हो चुका होता. हरिया तो पिता द्वारा रखे गए, किसी मठ से चुराकर लाए गए रहस्यमय पिटार को झांक लेता है और फिर अपने पिता के अतीत में किए प्रवेश कर जाता है.

उपन्यास का आधे से ज्यादा हिस्सा किसी दंत्यकथा की निर्मिति और व्युत्पत्ति की खोज करता है. यह हिस्सा हमेशा 'गू-मूत' की बात सोचने वाले मूढ़मति हरिया के किसी आधिभौतिक गाथा के नायक में, किसी लीजेंड में बदल जाने का आख्यान है. यही वह हिस्सा भी है जो किसी कुटुंब, समुदाय, बिरादरी या लोगों की सामूहिक स्मृति में किसी आख्यान की व्युत्पत्ति तथा निर्मिति की रोचक प्रक्रिया को प्रगट करता है.

'रॉशोमन' की तरह यह उपन्यास भी किसी 'सत्य' की उपलब्धि के साथ कथा का विसर्जन नहीं करता बल्कि एक ही घटना के असंख्य सत्यों की बहुलता और विपरीतता को प्रस्तुत करता चलता है. किसी भी सिद्ध और प्रमाणित होते सत्य का संहार करते हुए वह एक अन्य सत्य को प्रस्तुत करने लगता है, फिर उसको भी ध्वस्त कर देता है. कथा और कथातत्व के ऐसे निरंतर संहार के बीच से उपजता हुआ आख्यान अपने लिखे जाने के लिए जिस सामर्थ्य और सर्जनात्मक कौशल की मांग रखता है, यह कहते हुए हमें गर्व होना चाहिए कि हमारी भाषा हिंदी में कम-से-कम एक रचनाकार ऐसा है.

कथा लेखन के इस वामन लोक में 'हरिया हरक्यूलीज़' का आना एक 'मेगा ऑथर' की हमारे समय में मौजूदगी का प्रमाण है. और जो कथाकार 'उत्तर आधुनिक नैरेटिव' की खोज में कहीं विदेश गए हुए हों उन्हें फिलहाल अपनी भाषा में लौट आना चाहिए और 'ह. ह. है.' को एक बार जरूर पढ़ना चाहिए. —उदय प्रकाश

नाट्य आलोचना

पूरक पुस्तक

नाट्य रचना संसार का मूल्यांकन

नयी रंग चेतना और हिंदी नाटककार
जयदेव तनेजा
तक्षशिला प्रकाशन, दरियागंज, दिल्ली
कीमत : 200 रु.

प्रायः यह प्रश्न उठता है कि हिंदी प्रदेश के रंग निर्देशक मौलिक हिंदी नाटकों की अपेक्षा अनुवादों, रूपांतरणों आदि को प्राथमिकता क्यों देते हैं. वह भी ऐसी स्थिति में जबकि एक मोटे अनुमान के अनुसार लगभग दो-ढाई सौ नए नाटक हिंदी में लिखे जाते हैं.

कहने को तो हिंदी प्रदेशों में व्यावसायिक रंगमंच का अभाव, दर्शक-वर्ग की न्यूनता, रंगकर्मियों की उपेक्षा, दूरदर्शन और फिल्मों का आक्रमण, सरकारी संरक्षण और सहायता की कमी जैसे कारण अकसर गिनाए जाते हैं परंतु इस बात की चर्चा बहुत कम होती है कि हिंदी नाटककार सशक्त मौलिक रचना नहीं दे पाता. कारण?

विजय तेंदुलकर का मानना है कि अच्छे नाट्य लेखन के लिए "नाटक का माध्यम खून में उतर जाना चाहिए, संज्ञा पर उसकी छाप उठनी चाहिए—तभी कोई लेखक अच्छा नाटक लिख सकता है." परंतु नाटक का माध्यम खून में उतरना तो दूर, हिंदी नाटककार से कोसों दूर रहता है.

आदिकाल से लेकर आज तक हमारे पास महान नाटककारों की तो एक श्रृंखला है, लेकिन किसी महान रंगकर्मी के नाम और काम की वैसी जानकारी हमारे पास नहीं है. इस वस्तुस्थिति से नाटककार में एक प्रकार की एरोगैंस आ गई. जयशंकर प्रसाद ने कहा है, "रंगमंच के संबंध में यह भारी भ्रम है कि नाटक रंगमंच के लिए लिखे जाएं. प्रयत्न तो यह होना चाहिए कि नाटक के लिए रंगमंच हो." हिंदी नाटक के आधुनिक युग प्रवर्तक भारतेंदु ने तो नाटक लिखने, करने और देखने वालों को एक साथ जाग्रत करने की कोशिश की थी.

बीसवीं शताब्दी के छठे और सातवें दशक में नाटककार का वर्चस्व रहा. धर्मवीर भारती, मोहन राकेश, सुरेंद्र वर्मा, विजय तेंदुलकर, बादल सरकार, गिरीश कारनाड की नाट्य कृतियां और मंचन अविस्मरणीय रहे. परंतु आठवें, नौवें दशक में निर्देशक का पलड़ा भारी रहा. विख्यात नाट्य निर्देशक-संगीतकार ब.व. कारंत का कहना था कि "नाटककार रंगमंच के लिए अनिवार्य नहीं है... नाटककार निरंतर थियेटर से बाहर होता जा रहा है...हमें तो सिर्फ एक आइडिया की जरूरत है, जो कविता, कहानी या कहीं से भी मिल सकता है."

जयदेव तनेजा ने कारंत के कथन को नाटककारों को "बाहर का व्यक्ति" मानने की खतरनाक मानसिकता कहा है जिसके कारण नाटककार और निर्देशक के बीच खाई बढ़ने लगी. प्रख्यात नाट्य समीक्षक नेमिचंद्र जैन का मानना भी यही है कि "यह आकस्मिक नहीं है कि रंगकार्य के मौजूदा नवजागरण में कुछ समय पहले जिस उत्साह और ललक के साथ हिंदी के रचनाकार रंगमंच की ओर आकर्षित हो रहे थे, उसमें कमी आई है. अनेक रंगकर्मियों के भाषा संबंधी अज्ञान और श्रेष्ठता भाव के कारण उनसे कोई संवाद स्थापित करने में हिंदी का कवि कथाकार ही नहीं, नाटककार भी कठिनाई का अनुभव करता है."

इस विषय पर विस्तृत चर्चा हेतु जयदेव तनेजा ने अपनी इस पुस्तक में एक ओर तो विषयपरक निबंध लिखे हैं, जैसे—'रंगशिल्प और नाटककार,' 'काव्य रूप के बहाने से,' 'काम संबंधों की कमनीयता' आदि. उसके साथ ही हिंदी के मूर्धन्य नाटककारों, जगदीश चंद्र माथुर, धर्मवीर भारती, मोहन राकेश, लक्ष्मी नारायण लाल, शंकर शेष, सुरेंद्र वर्मा, भीष्म साहनी, शरद जोशी और नंद किशोर आचार्य के जीवन चरित्र के साथ-साथ प्रमुख रचनाओं के बहाने पूरे रचना संसार का मूल्यांकन करने का प्रयत्न किया है. विशेष रूप से 'राकेश की रंग-भाषा और मूल नाट्य बिंब' लेख बहुत ही सारगर्भित बन पड़ा है.

पुस्तक अंश

अविच्छिन्न रंगपरंपरा और व्यावसायिक रंगमंच से रहित और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भयंकर मार से सर्वाधिक पीड़ित होने के बावजूद आज का गंभीर हिंदी नाटक न केवल जिंदा है. बल्कि...उपेक्षणीय भी नहीं है.

जयदेव तनेजा जैसे कंप्यूटर पर काम करते हैं. एक ओर तो वे 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के प्रथम संस्करण तथा दूसरे संस्करण में 'मां' शब्द के बाद अर्द्धविराम लगाकर संवाद की लय और बलाघात को अधिक सुनिश्चित करने और 'उसे' को 'उन्हें' करने से आए अंतर की चर्चा करते हैं (पृष्ठ 42), दूसरी ओर 'आधे अधूरे' में संस्कृत के तत्सम और अंग्रेजी शब्दों की संख्या (80-80 शब्द) उर्दू-फारसी के शब्द 27 गुणा अधिक

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बिलकुल मुफ्त!!
इंडिया टुडे
होली विशेष
(15 मार्च '95 के साथ)

हर बार की तरह इस बार भी रंग बरसेगा, गुलाल उड़ेगा, भंग पिसेगी, झांझ बजेगी और हर बार की तरह इस बार भी इंडिया टुडे 'होली विशेष' होली के रंग में उमंग भरने को, कुछ को छेड़ने, कुछ को चिढ़ाने और आपको गुदगुदाने के पूरे इंतजाम के साथ आएगा. हिंदी साहित्य के कुछ चुनींदा व्यंग्यकारों की कलम से स्याही की जगह हास्य-व्यंग्य के रंग फूटेंगे. आप भीगने को तैयार रहें!!
इंडिया टुडे 15 मार्च '95 का अंक खरीदना न भूलें

इंडिया टुडे

(कुल 218 शब्द) नोटिस में लाते हैं. 'काम संबंधों की कमनीयता' में सुरेंद्र वर्मा की भाषा तथा बिंबों पर प्रभावशाली पकड़ की भी वे चर्चा करते हैं.

यह पुस्तक वास्तव में जयदेव तनेजा की पूर्व प्रकाशित 'आधुनिक भारतीय रंग परिदृश्य' की पूरक कृति है जिसमें उन्होंने शंभू मित्र, अल्काजी, हबीब तनवीर, सत्यदेव दुबे, कारंत जैसे लगभग 35 भारतीय निर्देशकों के जीवन काल तथा उल्लखेनीय प्रस्तुतियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है.

ये दोनों पुस्तकें हर रंगकर्मी और रंगकर्म प्रेमी के लिए अनिवार्य हैं. केवल एक बात अखरती है जब हर अध्याय के अंत में वह शिक्षक की तरह 'सार' देते हैं. और कभी-कभी तो भर्ती का मसाला भी रहता है जैसे चर्चित पुस्तक में 'हिंदी एकांकीः ऐतिहासिक रंग-यात्रा तथा रामकुमार वर्मा,' भुवनेश्वर, धर्मवीर भारती, मोहन राकेश की रचना व्याख्या अच्छी होते हुए भी इस पुस्तक के उद्देश्य-डिजाइन से मेल नहीं खाती. —जे.एन. कौशल

निबंध संग्रह

हालात की पड़ताल

सामाजिक विद्रूपों पर करारी चोट

ऐसा भी सोचा जाता है
हरिशंकर परसाई
वाग्देवी प्रकाशन
नई दिल्ली-2
कीमतः 85 रु.

हरिशंकर परसाई के व्यंग्य पढ़ते हुए ऐसा अकसर महसूस होता है कि वे मनुष्य को संवेदना के धरातल पर लाकर उसे एक खास मुकाम न सही, एक मनुष्य का दर्जा जरूर दिलाना चाहते हैं. उनके इस निबंध संग्रह में भी यही फिक्र है. इन निबंधों में परसाई जी समाज और समाज से जुड़े तमाम विद्रूपों और समस्याओं को देखते हैं. यह देखना एक व्यंग्यकार के साथ-साथ एक चिंतक का देखना भी है, जो चिंतन के जरिये अभिव्यक्त होता है. यहां गालिब का एक शेर याद आता हैः

बाजीचाए इतफ़ाल है दुनिया मेरे आगे
होता है शबो-रोज तमाशा मेरे आगे.

परसाई जी इस तमाशे के पीछे खड़ी विसंगतियों को रफा-दफा नहीं करते, उन पर कसकर प्रहार करते हैं. इस पुस्तक में संग्रहीत निबंध तीन प्रकार के हैं. भारतीय समाज की रूढ़ियों, धार्मिक कर्मकांडों, जादू-टोनों और जातिवाद पर प्रहार करते लेख. दूसरे प्रकार के निबंधों में सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार है. तीसरे प्रकार के निबंधों में कुछ महान साहित्यकारों और विचारकों पर लेख हैं.

जातिवाद ने लोगों को खेमों में विभक्त कर दिया है. अपनी-अपनी जातियां, अपने-अपने बाड़े. परसाई जी इस दायरे में बंद लोगों के लिए एक चुस्त और सटीक शब्द का इस्तेमाल करते हैं—सैंक्चुअरी यानी रक्षित क्षेत्र. वे लिखते हैं, "लोगों में अपनी-अपनी सैंक्चुअरी में रहने की प्रवृत्ति बढ़ रही है." इसी प्रकार रचनाकार तथा दूसरे मातबर लोगों में अपने समारोह खुद आयोजित करने तथा स्वयं को सम्मानित करने की जो लालसा जागृत हो रही है उस प्रवृत्ति को उन्होंने आड़े हाथों लिया है. इसी तर्ज पर उनका एक और लेख उन लोगों पर है जो अपनी प्रसिद्धि और यश अर्जित करने के लिए कितने बौने हो जाते हैं. 'क्या अतिथि देवता नहीं रहा' निबंध में उन्होंने मेहमान और मेजबान के बीच के कम होते रिश्ते को गंभीरता से विश्लेषित किया है.

'विदेशी धन के साथ और क्या आएगा?' लेख में परसाई जी ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों के फैलते शिकंजे पर चिंता व्यक्त की है. संग्रह का यह बेहतरीन लेख है. उपभोक्तावाद बल्कि उत्तर आधुनिकतावाद में मनुष्य का दर्जा क्या होगा? जो स्थान मनुष्य का है, वहां धन खड़ा हो जाएगा. समाज को मनुष्य नहीं बल्कि धन संचालित करेगा.

परसाई जी के निबंधों को पढ़ते हुए उनके अनुभवों और जानकारियों पर आश्चर्य होता है. 'अध्यक्ष महोदय! (मिस्टर स्पीकर)' निबंध में उन्होंने न सिर्फ भारत बल्कि ब्रिटेन की संसद में रोचक जानकारियां देते हुए इस दुख को व्यक्त किया है कि मौजूदा वक्त में संसदों पर राजनीति हावी हो रही है और शालीनता की कमी खटकती है.

'विवेकानंद के क्रांतिकारी विचार' निबंध में विवेकानंद के प्रति परसाई जी सही समझ प्रस्तुत करते हैं. परसाई जी के अनुसार विवेकानंद एक क्रांतिकारी विचारक थे, उन्हें केवल धर्म प्रचारक मानना गलत है.

इसी प्रकार इकबाल, ओ हेनरी और चेखव पर लेख हैं. इकबाल के विषय में पाकिस्तान का भ्रामक प्रचार तथा पाकिस्तानी कट्टरता पर तीखा प्रहार है. ओ हेनरी पर परसाई जी ने समीक्षात्मक लेख लिखकर बड़ा काम किया है. इसी प्रकार 'चेखव की संवेदना' लेख में चेखव के व्यक्तित्व, कृतित्व और उनकी संवेदनशीलता को बड़े महीन रूप से रेखांकित किया है.

इस संग्रह से गुजरते हुए यह एहसास निरंतर होता है कि ये निबंध उस व्यंग्यकार/निबंधकार के हैं जो निबंध लिखते हुए बार-बार भारतीय अस्मिता की पहचान कराते हुए मनुष्य की तकलीफों और सामाजिक स्थितियों पर दो-टूक राय देता है. —ज्ञान प्रकाश विवेक

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस दौरान फूलों का त्यौहार मनाते हैं। 'वाहा पोरोव' नामक यह त्यौहार वसंत पंचमी से शुरू हो जाता है, और होली के दिन अपनी पूर्णता पर पहुंचता है। इस दौरान संथालियों में फूलों के प्रति श्रद्धा इतनी गहरी है। कहते हैं कि कभी इस भूल की सजा में 'माराड बुरू' देवता के सामने वलि तक दे दी जाती थी। जमाने की रफ्तार के साथ वलि की इस प्रथा में अब आमूल तब्दीली हो गयी है, पर फूलों से रिश्ता वैसा शिव से काफी मिलता- जुलता है। 'गोसाई एरा' पार्वती हैं, 'मोडेको तुरुइको' कामदेव हैं और 'जाहेर एरा' मातृशक्ति। फूलों के त्यौहार यानी 'वाहा पोरोव' के दौरान इन्हीं चारों की परंपरागत ढंग से पूजा

पर्व त्यौहारों का वास्तविक अर्थ ही यह है, कि हम जिन्दगी की कुछ घड़ियां हर्ष उल्लास के साथ विता दें। हर आदमी कामना करता है, कि बीत जाए सम्पूर्ण जीवन एक पर्व की तरह। किसी भी त्यौहार पर्व के भीतर कहानी कुछ भी हो, उसका मूल भाव होता है जीवन की उस घड़ी को आनन्द के साथ विता देना, भूल जाना मन के संकीर्ण विकार और प्रफुल्लित हो जाना किसी त्यौहार पर्व में पर्व बनकर। अपनी खुशियां उत्साह आत्मीयता और एकता का भाव आदि प्रदर्शित करने के लिए पूरे भारत वर्ष के कई त्यौहार पर्वों में एक आकर्षक और रंगीन पर्व है होली। देश- भर में बड़ी उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाता है रंगों का यह त्यौहार, वसन्त ऋतु के आगमन पर। पूरे देश की तरह पहाड़ों में भी मनायी जाती है होली एक विशेष उत्साह पूर्ण शैली में।

यहां एक ओर पहाड़ों का हंसता हुआ शीतल मनमोहक सौन्दर्य-ऐसे में ऋतुराज वसन्त का आगमन तथा इसी के स[illegible] गाती, घूघूती [illegible] हंसती लाल- [illegible] डालियां—तव [illegible] जाने लगती हैं

सूरिया [illegible]
हार गयो
लाज हमारी
अर्जुन [illegible]
जीत गयो
हमारी।

पहाड़ों [illegible] आत्म विभोर [illegible] रंगों से अधिक के बोलों से [illegible]

रंग

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पिचकारी बिहारी
तहां अधिकारी
करी ब्रजवारी
बधू पर।
पीईन पयोधरतैं
उल्टी लौ परी
सब केसर
लाल के ऊपर॥

◦ बिहारी



CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Hindi Usage

THE recent decision by the Delhi government to make Hindi the only language in official matters is bound to revive the controversy over the subject. The idea is not new, and in fact Sahib Singh Verma, the education minister was quoted in a newspaper in November 1994 saying that the government "would scrap English upto class V". The Prime Minister, Mr Narasimha Rao, and the Vice-President, Mr K R Narayanan, have in the past suggested making Hindi the link language in the country.

The assumption behind the latest move is that a vast majority of people living in the Capital are fluent in Hindi. While a large number of people may be comfortable in Hindi, there are many who are not. Past records show that the forcible imposition of Hindi has not been favourably received in many regions; the example of Tamil Nadu being most prominent. In fact, the issue rocked Parliament too when some ministers from the southern states took offence on being 'forced' to speak in Hindi.

The capital of the country is considered cosmopolitan. And at a time when efforts are on to woo foreign investments, it remains a puzzle as to how the Delhi government will communicate or sign deals in Hindi. It can only be hoped that the government gives greater thought to this sensitive issue before formalising this change in the legislature. If the aim is to promote Delhi as an urbane, sophisticated city and first among equals, this may not be the right way to go about it.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पर प्रदर्शन

र्वाई करनी चाहिए। अन्यथा भारतीय समाज प्रतिक्रिया पाकिस्तान के लिए घातक होगी। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान कार ने साम्प्रदायिक उन्माद को रोकने का स ही नहीं किया। उल्टे प्रधानमंत्री नवाज फ ने भारत के विरुद्ध जेहाद का नारा लगा ा। इसी के फलस्वरूप भारतीय राजनयिक व डोगरा के कराची स्थित घर पर हमला ा। भारत के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप का ध करते हुए ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि स्तानी प्रचार तुल ने अयोध्या की घटनाओं तोड़ मरोड़ कर पेश किया और इस्लामिक में भारत विरोधी माहौल बनाने की कोशिश गई। इस पर पाकिस्तान बांग्लादेश और अन्य लम देशों में तीव्र प्रतिक्रिया हुई।

उत्तर प्रदेश शासन की भर्त्सना: भाजपा बद श्री बी.एल. शर्मा 'प्रेम' ने श्रीराम जन्मभूमि दर में श्री रामलला के दर्शनों पर पाबन्दी लगाने भर्त्सना करते हुए कहा है कि इससे केवल ोध्या ही नहीं, सम्पूर्ण विश्व के हिन्दुओं में धिक असंतोष फैलेगा। उल्लेखनीय है कि ालय के आदेश से ही श्रीरामलला के दर्शनों े पाबन्दी हटाई गई थी। उन्होंने प्रदेश प्रशासन ाग्रह किया है कि वह श्रीरामलला के दर्शनों लगाई गई रोक तत्काल हटाएं, अन्यथा स्थिति त्रण से बाहर हो जाएगी।

कांग्रेस नेता की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

गाजियाबाद (नस)। दादरी में कांग्रेस के तथा वकील चन्द्रपाल नागर की हत्या करने आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर ा। उनके नाम मनोज कुमार तथा नरेंद्र हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार गुप्ता ने ाया कि चन्द्रपाल दादरी के गाँव कुढ़ी खेड़ा का वाला था। उसकी हत्या गाँव में एक जमीन विवाद में हुई। हत्या के आरोप में गिरफ्तार भी गाँव कुढ़ी खेड़ा का रहने वाला है



हरीनगर में डी.डी.ए. के फ्लैटों में रहने वालों ने अपने घरों के बाहर बने पार्कों पर अतिक्रमण कर लिया है। वे इन पार्कों का उपयोग पार्किंग

दंगाग्रस्त इलाकों में अल्पसंख्यकों के साथ पुलिस ज्यादती का आरोप

नभाटा समाचार

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) की दिल्ली समिति ने आरोप लगाया है कि पूर्वी दिल्ली के दंगाग्रस्त इलाकों में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ ज्यादती की है। समिति ने इस सिलसिले में दिल्ली के उपराज्यपाल को एक ज्ञापन दिया है। सचिव कामरेड अपर्णा ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने सीलमपुर-जाफराबाद क्षेत्रों में निर्दोष व्यक्तियों को दंगाई बताकर उन्हें मारा-पीटा तथा काफी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में गोली चलाने की कोई आवश्यकता नहीं थी, लेकिन पुलिस ने 'निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलायीं। साथ ही पुलिस के सामने दंगाइयों ने अल्पसंख्यकों के मकानों में आगजनी की।

समिति ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कई बार आश्वासन दिये जाने के बावजूद अयोध्या में विवादास्पद ढाँचा तोड़ दिया गया। यह सब पूर्व नियोजित ढंग से हुआ जिसके लिए भाजपा और कांग्रेस समान रूप से जिम्मेवार है।

कामरेड शमशुल इस्लाम का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से सरकार मस्जिद-मंदिर विवाद खड़ा कर लोगों का ध्यान देश की विकट आर्थिक स्थिति से हटाना चाहती है तथा देश को साम्राज्यवाद के हवाले करना चाहती है। जब भी इन आधारभूत मुद्दों के लिए जन आंदोलन होता है तो सामने साम्प्रदायिक मुद्दे ले आये जाते हैं। वर्तमान में भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम भारत को कर्ज देने से संबंधित मामलों की छानबीन करने भारत आयी है तो लोगों का ध्यान बँटाने के लिए उन्हें विभाजित कर दिया गया। समिति ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम को वापस जाने की मांग की है। इस सिलसिले में कल मुद्रा कोष के दिल्ली स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन करने का भी निर्णय लिया गया है।

पार्टी ने दिल्ली के कामगारों से अपील की है कि वे साम्प्रदायिक सद्भावना फैलाते हुए आधारभूत मुद्दों के लिए लड़ें। पार्टी ने मांग की है कि अयोध्या में तोड़े गये ढाँचे की जगह फौरन मस्जिद का निर्माण कराया जाये तथा प्रधानमंत्री और विभिन्न हिन्दू संगठनों के बीच हुए सभी संवादों को जनता के सामने लाया जाये।

दिल्ली के उपराज्यपाल को दिये ज्ञापन में पार्टी ने मांग की है कि दिल्ली के कर्फ्यूग्रस्त इलाकों में सभी लोगों को जन वितरण प्रणाली तथा सुपर बाजार की दर पर जरूरी सामान वितरित किया जाये। दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूरों को कर्फ्यूग्रस्त इलाके में काम-काज करने की अनुमति दी जाये, कर्फ्यूग्रस्त इलाके में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें तथा क्षेत्र में अनावश्यक रूप से गोलीबारी करने वाले पुलिसकर्मियों को दंडित किया जाये।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वतंत्रता संघर्ष में उर्दू पत्रकारिता का योगदान –(2)

प्रमिला शर्मा

दिल्ली काफी लंबे समय तक उर्दू का गढ़ बनी रही, इसलिए पत्र-पत्रिकाओं ने उसे ही अभिव्यक्ति का माध्यम स्वीकार किया और शेरो-शायरी की भाषा में ही क्रांतिकारी भावना की अभिव्यक्ति की। आजादी की आग को जन-जन में भड़कानेवाले पत्रों में लाहौर से निकलनेवाले उर्दू साप्ताहिक 'भारत माता' का नाम उल्लेखनीय है, जिसकी प्रतियों को पुलिस ढूँढ़-ढूँढ़ कर जब्त करती थी। उसके सम्पादक मुंशीराम सेवक को 10 वर्ष, श्यामदास वर्मा को 10 वर्ष और नंदगोपाल चोपड़ा को 5 वर्ष का कठोर कारावास दंड मिला था।

मुरादाबाद से 'मौलवी जियाउलहक' दारुल उलूम नामक उर्दू साप्ताहिक निकालते थे। देशभक्ति के इस प्रेस को सरकार ने जब्त कर लिया और राजद्रोह फैलाने के अपराध में सम्पादक को 5 वर्ष का कठोर कारावास दंड दिया। इस सप्ताहिक के जो 28 अंक निकले, उन सबको राजद्रोहात्मक साहित्य कह कर जब्त कर लिया गया।

लाहौर से ही प्रकाशित समाचार पत्रों में उर्दू साप्ताहिक 'हिन्दुस्तान' का नाम उल्लेखनीय है, जिसके संस्थापक सम्पादक लाला दीनानाथ ने राजद्रोहात्मक लेख के आरोप में 10 वर्ष का कठोर कारावास दंड भुगता। 1937 में उत्तर प्रदेश के पहले शिक्षा मंत्री बने प्यारेलाल शर्मा इस पत्र के सम्पादक के साथ गहराई से जुड़े थे। उनके सम्पादन में 'हिन्दुस्तान' के 31 अंक प्रकाशित हुए, जिनमें से 11 तो प्रेस से निकलते ही पुलिस ने जब्त कर लिये। आखिर में 1910 में प्रेस को जब्त कर लिया गया और पत्र से दस हजार रुपये जमानत के माँगे गये। परिणामतः यह अखबार भी बन्द हो गया।

अविभाजित पंजाब में आन्दोलनों को सहयोग देने वाले अनेक पत्र निकले, पर उनका रिकॉर्ड आज पूरी तरह उपलब्ध नहीं है। स्मरणीय है कि स्वामी श्रद्धानंद का साप्ताहिक 'सधर्म प्रचारक' 1907 में उर्दू से ही हिन्दी में आया। उर्दू और हिन्दी में एक साथ निकलनेवाले पत्रों में 'मजहरुल सरूर' का नाम काफी पुराना है, जिसे भरतपुर के राजा ने 1849 में मासिक रूप से प्रकाशित कराया था। 1840 में मध्य प्रदेश से 'ग्वालियर' अखबार प्रकाशित हुआ, जिसे मौलाना इमदाद साबरी ने उर्दू का अखबार माना है तो बेंकट लाल ओझा ने हिन्दी समाचारपत्रों में शामिल किया है। इसी प्रकार इन्दौर से निकलनेवाले साप्ताहिक 'मालवा' अखबार में पृष्ठ के आधे भाग में हिन्दी और आधे में उर्दू में समाचार छपते थे।

उर्दू पत्रकारिता के इतिहास में 'मालवा अखबार' का नाम विशेष उल्लेखनीय है। 6 मार्च 1849 को प्रेम नारायण टंडन ने इन्दौर से उसका प्रकाशन शुरू किया जो आठ पृष्ठों का था। प्रत्येक पृष्ठ पर आधे में हिन्दी और आधे में उर्दू में समाचार छपते थे।

इसी दिशा में 1883 में भोपाल से ही दूसरा उल्लेखनीय साप्ताहिक उर्दू में प्रकाशित हुआ— 'सदाकत' जिसके सम्पादक थे अब्दुल करीम ओज़। भोपाल में रह कर भोपाल रियासत के अत्याचारों का खुलासा छाप कर जनता का पक्ष लेनेवाले ओज़ को अगले ही वर्ष नवाब ने रियासत से निकाल दिया, तो उन्होंने होशंगाबाद को अपना मुकाम बनाया और वहाँ से 'ओज़-ए-नख्श' नामक दूसरा उर्दू साप्ताहिक निकाला, जो नर्मदा की उत्ताल तरंगों-सा निर्भीक था।

हिन्दुओं और मुसलमानों के मनों में मज़हबी ज़हर डालनेवाली अंग्रेजी चाल का पर्दाफाश करनेवाले उर्दू साप्ताहिक 'ताज' का नाम विशेष उल्लेखनीय है। 1920 में ताजुद्दीन अहमद ने जबलपुर से उसका प्रकाशन किया था।

जनसामान्य में तो हिन्दी और उर्दू का कोई झगड़ा नहीं था, पर अंग्रेजों ने अपनी कूटनीति से जैसे धर्म के नाम पर हिन्दुओं और मुसलमानों को लड़ाने की कोशिश की, ठीक वैसे ही उर्दू को मुसलमानों की और हिन्दी को हिन्दुओं की भाषा कह कर प्रचारित किया। इस षड्यंत्र का ही परिणाम था कि 1945 में हिन्दी साहित्य का सम्मेलन हैदराबाद में बुलाने की बात हुई तो निज़ाम शासन ने यह कह कर सम्मेलन की अनुमति नहीं दी कि 'हिन्दी एक विदेशी भाषा है' और उसका सम्मेलन यहाँ आयोजित नहीं हो सकता।' इसी तरह उर्दू को भी 'राजा से सम्बन्धित भाषा' माना गया— 'इस देश में दो भाषाएँ प्रचलित हैं एक नाम हिन्दी, जिसे कुंजड़े से लेकर महाजन तक, हरवाहे से लेकर राजा तक बोलते हैं और वही देश की भाषा है। दूसरी उर्दू है। यह प्रायः उन लोगों की बोली है जो राजा से कुछ सम्बन्ध रखते हैं और इसकी पढ़ाई यही है कि जहाँ तक हो सके फारसी, अरबी शब्द अधिक हों इसी कारण यह सर्वसाधारण की समझ में नहीं आती। इन दिनों देशी और विदेशी भाषाओं को एक कहना वैसा ही है जैसे अंग्रेजी और हिन्दी को।' (हिन्दी प्रदीप, सितम्बर, 1882)।

अंग्रेजों ने उर्दू को प्रोत्साहित कर न केवल हिन्दी को पीछे हटाने का प्रयास किया, बल्कि अरबी और फारसी युक्त उर्दू के माध्यम से यहाँ की संस्कृति में रचे-बसे मुसलमानों को आम जनता से काटने की भी कोशिश की। भारतेन्दु कालीन साहित्य ने जो 'निज भाषा प्रचार' की नीति अपनायी, उसके पीछे अंग्रेजों की इस कूटनीति चाल को विफल करना ही लक्ष्य था। भारतेन्दु जब 'उर्दू का स्यापा' जैसी रचना करते हैं, तब उनकी सीधी लड़ाई उस 'बनावटी उर्दू' के साथ होती है जो राजा की पालकी पर बैठी अपने ही लोगों को हीन भावना से देख रही है।

उर्दू पत्रकारिता के इस राष्ट्रीय स्वर को स्वर देनेवाले अनेक सम्पादक धर्म की दृष्टि से मुसलमान भी नहीं थे। उर्दू का सम्बन्ध सिर्फ मुसलमानों से जोड़नेवाले या तो तथ्यों की वास्तविकता से अपरिचित हैं अथवा जानबूझ कर विधेयात्मक पक्ष को दबाना चाहते हैं। मुंशी दयानारायण निगम ने कानपुर से 'जमाना' (1903) और 'आजाद' (1912) जैसे पत्र निकाले, जो हर वर्ग और सम्प्रदाय से जुड़े थे। आनंद नारायण मुल्ला की देशप्रेम से प्रेरित, साम्प्रदायिकता का घोर विरोध करनेवाली मार्मिक नज्में 'जमाना' में गौरव से छपीं और बहुत सराही गयीं।

उर्दू यदि मात्र मुसलमानों की भाषा होती, तो क्या 'जैन हितोपदेशक' (1892) 'जैन प्रचारक' (1908), 'जैन प्रदीप' (1912) जैसे जैन धर्म और समाज सुधार के पत्र उर्दू को अभिव्यक्ति का माध्यम बनाते? 'आर्य' मासिक (1908) हो या 1936 में प्रकाशित 'गुरुकुल जनरल' इनमें उर्दू माध्यम से ही अपनी बात खुल कर कही गयी है। कहने को तो धार्मिक पत्र थे, पर राष्ट्रीयता की धारा इनमें अंतर्निहित थी। 'जैन प्रदीप' के जून 1930 में प्रकाशित लेख 'भगवान महावीर और महात्मा गाँधी' को सरकार ने आपत्तिजनक मान कर 1000 रु. की जमानत माँगी और न देने पर उसका प्रकाशन बंद कर दिया। उसके सम्पादकीय बहुत प्रखर होते थे। बाबू ज्योति प्रसाद जैन ने 'जैन प्रदीप' (जिल्द 18, नवम्बर 5-6, मई-जून 30) में लिखा—

'... मौजूदा हुकूमत ने हिन्दुस्तान के तमाम सनतोहिरफत पर पानी फेर दिया है। किसानों पर टैक्स, गल्ले पर टैक्स, घी-खंड टैक्स, दूध-दही पर टैक्स, बरतन-भांडे पर टैक्स, कपड़े पर टैक्स, खाने के सामान पर टैक्स, पीने के सामान पर टैक्स, रोटी-पानी पर टैक्स, यहाँ तक कि नमक जैसी कारआमद चीज पर भी टैक्स। इन टैक्सों की ज्यादती से हिन्दुस्तान इस कदर दब गया है कि छह करोड़ हिन्दुस्तानी एक वक्त भरपेट नहीं खा सकते।... गरीब किसान गर्मी-सर्दी में सदा तकलीफ उठा कर कड़कड़ाती धूप में बदन को लका कर, रातदिन जाग-जाग कर और भूखा-प्यासा रह कर जो कुछ जिन्स पैदा करता है, उसका ज्यादातर हिस्सा तो लगानकी नजर कर देता है। बाकी बचे-खुचे में कर्ज की अदायगी और दीगर लोगों की नजर ब्याज का भुगतान। इस बेचारे पर क्या बचता है? यह मालूम करना है तो गाँव में जा कर मालूम करो, जहाँ देखोगे कि गरीब किसान के चूल्हे पर बर्तन नहीं, छान पर फूल नहीं, तन पर कपड़ा नहीं और पेट को पेट भर रोटी नहीं। लेकिन यह सब कुछ होते हुए भी हुकूमत के आगे रोता है, भूख-प्यास का सवाल पेश करता है तो बिना किसी पूछताछ किए जेल ठूंस दिया जाता है। ललता प्रसाद अख्तर हों या आग और शोले जैसे प्रखर नज्मे लिख कर स्वतंत्रता की चेतना जगानेवाले 'रविश' सिद्दीकी जैसे पत्रकार वस्तुतः ये सब 'पूर्ण स्वराज्य' पाने के सपने को पूरा करने की दिशा में उठे विभिन्न कदम ही कहे जायेंगे। हसरत मोहानी ने अलीगढ़ से 'उर्दू-ए-मुअल्ला' नामक साहित्यिक मासिक पत्रिका निकाली जिसका मूल तेवर ब्रिटिश विरोधी था। वस्तुतः उर्दू के माध्यम से स्वतंत्रता आन्दोलन में अपनी आहुति देनेवाले 'हिन्दुस्तानी' थे— 'हिन्दू' या 'मुसलमान' नहीं। हिन्दी-उर्दू का, हिन्दू-मुसलमान का कोई झगड़ा नहीं। ललता प्रसाद 'अख्तर' के उर्दू पाक्षिक 'परिवर्तन' (1926) में छपे देशभक्ति के अमर तरानों को कैसे नकारा जा सकता है— 'मेरी माताओं चरखा चला लो। लाज भारत की अब तुम बचा लो? क्या यह 'उर्दू' विदेशी कह कर नकारी जा सकती है?

ललता प्रसाद 'अख्तर' का यह 'परिवर्तन' उर्दू पाक्षिक 1926 में सहारनपुर से प्रकाशित हुआ, जिसका ध्येय 'स्वतंत्रता' के लिए नवयुवकों को प्रेरित करना था। उसमें छपे लेखों और देशभक्ति के तरानों ने अंग्रेजों को इतना विचलित किया कि सम्पादक को जेल भेज दिया गया। 'परिवर्तन के प्रथम अंक (23 मार्च 1926) के सम्पादकीय में लिखा गया— अखुबत! तुम सबके सब एक ही फौज के जंग आजमा सिपाही हो। चाहे तुम किसी सरजमीन में रहो, मगर तुम्हें जहाँ कहीं ऐसा नेकनफस शख्स नजर आये जो इन्साफनेकी और सचाई के लिए तलवार हाथ ले, वह तुम्हारा भाई है। ऐसे लोग जो बच्चों के बाप हों, अपने लड़कों से अपने वतन का हमेशा जिक्र करते रहें कि वह पहले क्या था, अब क्या है और उसको आइन्दा क्या होना चाहिए। इन्हें बुजुर्गों के कारनामे सुनाओ जो तुम्हारे मुल्क को जान से ज्यादा अजीज रखते थे और जिन्होंने अपनी कौम की बहबूदी के लिए रंजो-तकलीफ, जोरो-सितम सभी कुछ झेले और पेशानी पर शिकन तक न आयी। तुम भी इन नौजवानों के दिलों में बेइंसाफी और जुल्म का मुकालबा करने को ताकत पैदा करो।

गाँधी जी ने अंग्रेजों के बोये इस विष बीज को जड़ से उखाड़ने के लिए ही 'हिन्दुस्तानी' की बात कही। उर्दू किसी भी दृष्टि से विदेशी और विजातीय भाषा नहीं है। यह तो अंग्रेजों ने अपनी कूटनीति के कारण 'मन को मन से जोड़नेवाली भाषा' की शक्ति को 'मन में मन को तोड़ने की ताकत' बनाने का खतरनाक खेल खेला। अंग्रेजों के शासन को तो हमने हटाया, परन्तु उनकी फूट डालने की नीति के अंतर्गत हिन्दी और उर्दू के सवाल को ले कर जनमानस में जो जहर घोला गया था, उसे दूर करने की पूरी कोशिश की गयी।

भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में उर्दू के इन समाचारपत्रों की गौरवपूर्ण भूमिका है, जिन्होंने आजादी की चिनगारी को मशाल में बदल दिया। आवश्यकता इस बात की है कि खोज कर इन प्रारंभिक उर्दू पत्र-पत्रिकाओं को, आवश्यकतानुसार अनुवाद करा कर भी, पुनः प्रकाशित किया जाये, ताकि खुले उजाले में इनका सही मूल्यांकन किया जा सके।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और अन्य बीमारियों का कारण बनते हैं। डा. चोपड़ा के अनुसार कीटनाशकों के तत्व मां के दूध, डिब्बाबंद दूध, दूध की क्रीम व वनस्पति तेल इत्यादि में पाये जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व भर में 21 हजार व्यक्ति इन कीटनाशकों की वजह से अंधेपन का शिकार हुए हैं।

आई.एम.ए. नई दिल्ली शाखा के अध्यक्ष डा. के.के. अग्रवाल ने ज्यादा से ज्यादा नेत्र बैंक खोले जाने पर बल दिया जिससे ग्रामीण इलाकों में कर्निया की आवश्यकता को पूरी की जा सके। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के नेत्र रोग विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा. एल.पी. अग्रवाल ने बच्चों की आंखों की देखभाल किये जाने पर विशेष बल दिया क्योंकि देश भर में आंखों की समस्या बचपन में ही शुरू होती है।

मंदिर से मुकुट चोरी

नयी दिल्ली, 24 जुलाई (नस)। दिलशाद गार्डन में रेडक्रास मंदिर के निकट स्थित शिवशंकर मंदिर से कल रात मुकुट आदि चोरी हो गये।

पुलिस के अनुसार चोर जाली तोड़कर चांदी का सामान चोरी करके ले गये। इस मंदिर की स्थापना कुछ महीने पहले ही की गयी थी। मंदिर समिति भी आपसी गुटबाजी की शिकार है।

पीट का झूठा न की निंदा

टेलीफोन विभाग के अधिकारियों ने प्रशांत विहार व रोहिणी क्षेत्र के अधिकांश टेलीफोन जानबूझ कर खराब कर दिये हैं।

पानी की निकासी: पालम से भाजपा विधायक धर्मदेव सोलंकी ने आज प्रातः अपने विधान सभा क्षेत्र के राजनगर पार्ट-2 में पानी की निकासी का कार्य आरंभ कराया। श्री सोलंकी ने मटियाला गांव में सी.सी. सीमेंट की गलियां बनाने के कार्य का भी शुभारंभ कराया। ककरौला गांव में बस स्टैंड की सड़क के निर्माण का कार्य शुरू कराया। रावता गांव में खड़ंजे डालने का

क्षेत्रों में अलग- अलग गिरोह हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र बांट रखे हैं। पुलिस के कई दारोगा इन अपराधियों को पहचानते हैं। परन्तु पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कोई बड़ी वारदात होने से पहले नहीं करती।

बिजली की आंखमिचौली के खिलाफ चक्का जाम

नयी दिल्ली, 24 जुलाई (वस)। शादीपुर के सैकड़ों नागरिकों ने आज पटेल नगर मुख्य मार्ग पर गत तीन दिनों से लगातार चल रही बिजली की आंखमिचौली के विरोध में अपने गुस्से का इजहार करते हुए एक घंटे तक यातायात जाम किया।

क्रुद्ध नागरिक क्रांति चौक पर एकत्रित हुए और वहां से 'गली-गली में शोर है, डेसू वाले चोर हैं' आदि नारे लगाते हुए पटेल नगर मुख्य मार्ग तक गए और मुख्य मार्ग के दोनों ओर जमीन पर बैठ गए। उन्होंने आन्दोलन को शांतिपूर्ण रखा व किसी वाहन चालक को परेशान नहीं किया।

आन्दोलन का नेतृत्व श्री धीरेन्द्र प्रताप, सजपा नेता चौ. ब्रह्मप्रकाश और कांग्रेस नेता संजय कुमार ने किया।

कालकाजी में झुग्गी गिरी एक मरा, तीन घायल

नयी दिल्ली, 24 जुलाई नस)। कालकाजी में एक झुग्गी के गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी तथा तीन घायल हो गये।

पुलिस के अनुसार अलकनंदा झुग्गी-झोंपड़ी कैम्प में जयवीर भाटी की निर्माण सामग्री की दुकान है। इसके समीप ही उसने एक झुग्गी बना रखी थी, जिसमें चार मजदूर रहते थे। कल रात अत्यधिक वर्षा से झुग्गी-झोंपड़ियों में पानी भर गया और झुग्गी की दीवार गिर गयी। दीवार गिरने से अब्दुल रहमान (22) दब कर मर गया तथा अब्दुल इमाम, खलील और शमशेर अली घायल हो गये। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 337/304 ए के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अन्य लोगों के दर्जनों फोन आने लगे हैं।

नोएडा पुलिस दावा कर रही है कि अजय के अपहरण में उसके ड्राइवर मार्टिन, गिरधर के अलावा कुछ और लोग भी शामिल हैं। इनके बारे में ठोस सबूत मिल जाने का दावा भी पुलिस कर रही है।

उल्लेखनीय है कि अजय के अपहरण के बाद उसकी फिरौती के लिए दस लाख रुपये मांगे गये थे। अब फिरौती के लिए मांग करने वाले टेलीफोन आने भी बंद हो गये हैं। पुलिस अजय की तलाश में एटा, इटावा तथा बंगाल के कई क्षेत्रों में होकर वापस आ गयी है। परन्तु कार चालक मार्टिन का कहीं कुछ पता नहीं चला।

चालक मार्टिन ही अजय को स्कूल लेकर जाता था और स्कूल से वापस भी लाता था। वारदात के दिन भी वह अजय को स्कूल से लेकर चला था। बाद में मार्टिन द्वारा प्रयुक्त कार छलेरा गांव के पास खड़ी मिल गयी थी।

खोड़ा कालोनी से अपहृत बालक के मामले में शकील ने अपने रिश्तेदार आजाद को नामजद कराया हुआ है। पुलिस आजाद तथा उसके

को नामंजूर

गाजियाबाद, 24 जुलाई (नस)। रामजन्म भूमि न्यास के संयोजक आचार्य रामनाथ सुमन ने कहा है कि हिन्दू समाज सरकार द्वारा स्थापित किसी भी न्यास को स्वीकार नही करेगा। भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या में उसी स्थान पर बनेगा जहां राम लला विराजमान है।

आचार्य सुमन आज यहां राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित श्री गुरु दक्षिणा उत्सव में स्वयं सेवकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के मंदिर निर्माण का निर्णय देश के विभिन्न स्थानों पर सम्पन्न हुई पांच धर्म संसदों में उपस्थित बारह हजार संतों ने किया है। प्रधानमंत्री की यह घोषणा कि विश्व हिन्दू परिषद द्वारा मंदिर निर्माण नहीं करने दिया जायेगा, पूरे हिन्दू समाज को एक चुनौती है। इसका उत्तर प्रत्येक हिन्दू देगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव अयोध्या को मक्का खुर्द बनाने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

ये भी पाया कि दमा और टी.बी. जैसे रोग तेजी फैल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रदूषण की रोकथाम के कारगर उपाय नहीं किये गये और धूम्रपान की लत को त्यागा नहीं गया तो फेफड़े के मरीजों की संख्या दिल्ली में देश के अन्य महानगरों की अपेक्षा सर्वाधिक हो जायेगी।

शिविर के संचालन में शौकीन पारचा अशोक सूरी और राजेश गौड़ आदि स्थानीय लोगों ने सक्रिय सहयोग दिया।

नयी दिल्ली, 24 जुलाई (स)। शृंगेरी मठ के शंकराचार्य श्री श्रीभारती तीर्थ ने कहा कि वैदिक और संस्कृत विद्वानों को अपने पुत्रों को संस्कृत तथा वेद ज्ञान दिलाने में प्राथमिकता देनी चाहिये।

B.Ed
J.P. COLLEGE
H.O. R-69, Model Town-III, 7137313, 7121763
B.O. Kiran Garden Bus Stand Uttam Nagar 5508748
B.O. 21, Virsavarkar Block, Shakarpur, 2433365
B.O. Rama Market, Pitampura Delhi, 7271880



st prize
BPL
लिरिल 2000 सिरीज

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संत-साहित्य के अध्येता: आचार्य परशुराम चतुर्वेदी

उमेश चन्द्र चतुर्वेदी

गंगा की पावनधारा के संसर्ग में रही मिट्टी ने ऐसे अनेक विभूतियों को पैदा किया है, जो स्वभाव से गंगा की स्नेहिल धारा से ओत प्रोत तो थे ही, साधुमना और निश्छल भी थे। सुदूर पूर्वी उत्तर प्रदेश की माटी ने समय-समय पर ऐसे महामना लोगों को पैदा किया भी है।

'हिन्दी साहित्य की भूमिका' जैसी कृति के लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी गंगा की माटी की ही उपज थे। गंगा के इस पार स्थित है, हजारी बाबा का गाँव ओझवलिया और ठीक दूसरे किनारे पर स्थित है— जँवहीं। गंगा के दियारे के नाम से बलिया जनपद के इस क्षेत्र को उजड्ड तथा नीरस माना जाता है। इसी नीरस भूमि ने 25 जुलाई, 1894 को एक ऐसे शिशु को जन्म दिया, जिसके रगों में राष्ट्र प्रेम की जाज्वल्यमान चेतना बहती थी और वह साधुमना, गहन खोजकर्ता और वैष्णवधर्म का चिंतक भी था। ऐसी विशिष्टताओं से युक्त उस व्यक्ति का नाम हिन्दी साहित्य के इतिहास में पंडित परशुराम चतुर्वेदी के रूप में अंकित हो चुका है।

चतुर्वेदी जी की प्रारंभिक शिक्षा के मात्र दो वर्ष ही गाँव पर पूरे हुए थे। बाद में उनके मामा ने उन्हें बलिया शहर के गवर्नमेंट हाई स्कूल में दाखिल करा दिया। गवर्नमेंट स्कूल में पढ़ाई के दौरान सन् 1911 में वंदेमातरम् आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने के कारण उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया, तब वे सातवीं कक्षा के विद्यार्थी थे। अलबत्ता उन्हें बाद मे किसी तरह से वापस दाखिला मिल गया। इस गवर्नमेंट स्कूल ने ही बालक परशुराम के मन मे रानाडे, गोखले तथा चन्दावरकर सरीखे क्रांतिदर्शी समाज सुधारकों के प्रति श्रद्धा जगा दी। इससे उनकी क्रांतिचेतना को जबर्दस्त दृष्टि मिली। फिर तो मन में सोया रचनाकार जाग उठा और क्रांति-दृष्टि से युक्त राष्ट्रीय रचनाएं बाहर निकलने लगीं। यहीं से सन् 1914 में एस.एल.सी. की परीक्षा पास करके चतुर्वेदी जी प्रयाग पहुँचे। यहाँ नरेंद्र देव, बाबूराम सक्सेना, धीरेन्द्र वर्मा, सुमित्रानंदन पंत, द्वारिका प्रसाद मिश्र, दुलारे लाल भार्गव जैसे व्यक्तियों के संपर्क में आये। इस समय तक उनकी रचनाएँ मर्यादा, प्रताप, कवि कौमुदी आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होने लगी थीं।

काशी पंडितों की नगरी है। दार्शनिकता, पंडिताई और संन्यास को काशी ने विस्तृत आयाम दिये हैं। संयोग देखिए — इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाला विद्यार्थी एम.ए. दर्शन शास्त्र से करने काशी आ गया। यहाँ उनके विचारों पर दार्शनिक अध्ययन का प्रभाव पड़ना शुरू हो गया। सुकरात, रामतीर्थ तथा शंकराचार्य के दार्शनिक चिंतन में वे इतना डूबे कि घर वालों को चिंता होने लगी। दार्शनिकता ने उनके ओजस्वी राष्ट्रवादी विचारधारा को गंभीरता प्रदान की और वे धीरे-धीरे अपनी सांस्कृतिक विरासत की ओर झांकने लगे।

एम.ए. करने के बाद वे पुनः प्रयाग पहुंचे। वहां से उन्होंने वकालत की पढ़ाई पूरी की और सन् 1929 में बलिया आकर प्रैक्टिस भी करने लगे। लेकिन स्वभाव से दार्शनिकता नहीं मिटी। दार्शनिकता के ही चलते लेखन में राष्ट्रवादी तत्वों की बजाय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक तत्वों का समावेश होने लगा।

'हिन्दी साहित्य की भूमिका' जैसी कृति के लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी गंगा की माटी की ही उपज थे। गंगा के इस पार स्थित है, हजारी बाबा का गाँव ओझवलिया और ठीक दूसरे किनारे पर स्थित है—जँवहीं। गंगा के दियारे के नाम से बलिया जनपद के इस क्षेत्र को उजड्ड तथा नीरस माना जाता है। इसी नीरस भूमि ने 25 जुलाई, 1894 को एक ऐसे शिशु को जन्म दिया, जिसके रगों में राष्ट्र प्रेम की जाज्वल्यमान चेतना बहती थी और वह साधुमना, गहन खोजकर्ता और वैष्णवधर्म का चिंतक भी था। ऐसी विशिष्टताओं से युक्त उस व्यक्ति का नाम हिन्दी साहित्य के इतिहास में पंडित परशुराम चतुर्वेदी के रूप में अंकित हो चुका है।

मध्यकाल में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई संतों ने अपनी निःस्वार्थ ज्ञानधारा की पयस्विनी बहायीं थी। लेकिन कुछ दुर्योगो के चलते यह धारा इतिहास के पन्नों में उचित स्थान नहीं पा सकी। यह कष्ट पंडित चतुर्वेदी को सालता रहता था। लेकिन यह कार्य बहुत दुष्कर था। फिर भी चतुर्वेदी जी ने हार नहीं मानी। गाँव-गाँव, मठों-महंथ-गद्दियों की धूल छानने में उन्हें रस आने लगा। इसके चलते कई मित्रों ने उनका उपहास भी किया। हिन्दी के मूर्धन्य बाल साहित्यकार स्वर्गीय रामसिंहासन सहाय 'मधुर' उन्हें 'गड़े मुर्दे उखाड़ने वाला' विशेषण देते थे। तीस के दशक में एक बार ऐसे ही कार्यवश आचार्य क्षितिमोहन सेन बलिया पधारे थे। उन्होंने इस संबंध में मधुर जी से सहायता हेतु एक व्यक्ति की मांग की। फिर मधुर जी ने अपने विशेषण से आचार्य चतुर्वेदी का परिचय क्षितिमोहन सेन से कराया। श्री सेन को जब ज्ञात हुआ कि चतुर्वेदी जी ने ऐसे संत-कवियों पर कार्य किया है, जिनका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं है, तो वे बहुत प्रसन्न हुए। 'उत्तरी भारत की संत परंपरा' नामक इस शोध ग्रंथ की व्यापकता और गहराई ने धीरेन्द्र वर्मा को यह कहने पर मजबूर कर दिया कि अपने विषय का यह विश्वकोश है। यह कृति उत्तरी भारत के बेनाम संत-कवियों की जीवनी, काव्य यात्रा तथा काव्यगत विशिष्टताओं से इतनी गहराई में परिचय कराती है कि महामहोपाध्याय गोपीनाथ कविराज को भी प्रशंसा करनी पड़ी। आचार्य क्षितिमोहन सेन तथा विनोबा भावे की दृष्टि में भी यह अद्वितीय एवं मानक ग्रंथ है। इसका प्रकाशन सन् 1951 में हुआ था। इस ग्रंथ की महत्ता इसी बात से ज्ञात होती है कि समस्त उत्तरी भारत के मठों-महंथ गद्दियों और मंदिरों में इसे धार्मिक ग्रंथ के रूप में आदर प्राप्त है। इस पुस्तक को उस समय का महत्वपूर्ण मंगला प्रसाद पारितोषिक तो प्राप्त हुआ ही, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद ने भी अखिल भारतीय ग्रंथ पुरस्कार से सम्मानित किया।

भारतीय सांस्कृतिक इतिहास के पुनरुत्थान में वैष्णव धर्म का विशिष्ट योगदान है। व्यक्ति की स्वातंत्र्य चेतना के साथ-साथ मानवता का पाठ भी इस धर्म ने पढ़ाया। दूसरी बात यह है कि सहिष्णुता की भावना से यह धर्म ओत-प्रोत रहा है। सामाजिक वैषम्य के बीच तालमेल बैठाने का कार्य बखूबी इसने किया। हिन्दू धर्मावलम्बियों के आपसी एवं बाहरी संबंधों को सहज एवं सहिष्णु बनाने में इसने अहम भूमिका निभायी। हिन्दी का समस्त भक्ति साहित्य इसका उदाहरण है। हिन्दी भक्ति-साहित्य को समझने के लिए वैष्णव धर्म की भूमिका एवं महत्ता को समझना आवश्यक है। पंडित जी इस तथ्य से भली-भाँति अवगत हैं। अपनी 'वैष्णव धर्म' पुस्तक में उन्होंने इसके सभी पहलुओं पर सांगोपांग विचार किया है।

भारतीय साहित्य की सांस्कृतिक जड़ें बहुत गहरे तक पहुँची हुई हैं। इसका स्वरूप सिर्फ राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्वीय भी है। वस्तुतः संस्कृति मात्र संस्कार नहीं, जातीय जीवन की एकात्मकता का परिचायक भी है। आचार्य चतुर्वेदी के विचार इस विषय में भी निबंधों के रूप में समय-समय पर प्रस्फुटित होते रहे हैं। इन निबंधों का ही एक संग्रह है—'भारतीय साहित्य की सांस्कृतिक रेखाएँ, जिसका प्रकाशन सन् 1955 में हुआ था।

कबीर को परखने वाले हिन्दी विद्वानों में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। किन्तु आचार्य चतुर्वेदी को इस संबंध में वह महत्ता नहीं मिल पायी, जिसके वे हकदार थे। यह कैसा संयोग है कि कबीर की वाणी को समझने वाले ये दोनों विद्वान बलिया की पावन धरती को अतिपावन करती गंगा के दो किनारों के वासी थे। इस संबंध में उन्होंने दो पुस्तकें 'कबीर साहित्य चिंतामणि' और 'कबीर साहित्य की परख' की रचना की है। उनकी जन्मशती वर्ष में इन पुस्तकों का पुनः मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

आचार्य चतुर्वेदी ने कुल पच्चीस पुस्तकों की रचना की थी, जो उनके जीवनकाल में प्रकाशित भी हो गयी थीं। पेशे से वकालत जैसी जटिल व्यवसाय से जुड़े चतुर्वेदी जी द्वारा संत साहित्य की चिंतनधारा में डूब जाना, आचार्य चतुर्वेदी के एक-दूसरे ही व्यक्तित्व का परिचय कराता है।

उनकी कविताएँ तथा डायरी के पृष्ठ अप्रकाशित रह गये हैं। जन्मशती वर्ष में उनका प्रकाशन किया जाना आवश्यक है। एक छोटे नगर में बैठकर अपने साहित्य एवं परिवेश को उन्होंने किस तरह समझा और महसूस किया था यह उनकी डायरी के पृष्ठों के प्रकाशन के बाद ही ज्ञात हो सकता है।

हिन्दी की श्रीवृद्धि के लिए 'बलिया नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना में उनका योगदान कम नहीं था, 3 जनवरी, 1979 को हुई उनकी मृत्यु के बाद बलिया नागरी प्रचारिणी सभा लगातार श्रीहीन होती जा रही है। जन्मशती वर्ष में यह संस्था अपनी साधर्कता को प्रमाणित करने के लिए उचित कदम उठाये, वही आचार्य चतुर्वेदी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पुण्यतिथि (३० दिसंबर) पर विशेष

रघुवीर सहाय की कुछ अप्रकाशित कविताएँ

रघुवीर सहाय : ९ दिसंबर, १९२९ — ३० दिसंबर १९९०

पिछले वर्ष दिसम्बर के आखिरी दिनों में रघुवीर सहाय का देहावसान एक ऐसी क्षति थी जिसका अहसास उत्तरोत्तर गहराता गया है। विश्व और भारत तेजी से बदलने की कामना कर रहे हैं और इस कामना में जो एक उठाईगीर आपाधापी जुड़ गई है उसे रघुवीरजी स्पष्ट रूप से देख लेते। उनका जाना हिन्दी कविता को तो विपन्न कर ही गया—हालाँकि अधिकांशतः उन्हीं से प्रेरित कुछ नई आवाजें थोड़ी-बहुत उम्मीद भी बँधाती हैं—लेकिन विचार तथा पत्रकारिता में हिन्दी की लड़ाई को कुछ और निहत्थी छोड़ गया। आज शायद रघुवीरजी स्वयं सोचते कि हिन्दी और भारतीय जनसाधारण के कई पहचाने पक्षधर इतने झूठे और दोमुँहे भी क्यों हैं। क्या हमारी भाषा और बिरादरी रीढ़हीन, आत्मसम्मानहीन और अपने लिए लड़नेवालों के दुश्मनों की निर्मितियाँ हैं? रघुवीर सहाय की पहली बरसी पर सबसे पहले हम अपने पाखंडों और धूर्तताओं को देखने की शुरुआत क्यों न करें?

यहाँ हम जो प्रस्तुत कर रहे हैं उसमें हैं रघुवीरजी की पहली कविता तथा अंतिम कविता और गद्य-पंक्तियाँ। हो सकता है यह पहली और अंतिम न हों लेकिन हिंदी की एक प्रखरतम प्रतिभा के प्रारंभ और उत्कर्ष की प्रतीक तो हैं। रघुवीर सहाय की विकास-यात्रा खालिस निजी है और हिंदी-केन्द्रित है क्योंकि उसमें उद्धरणों का रोब न तो गालिब किया जाता है और न बर्दाश्त। उनका समूचा साहित्य भय और अपमान से मुक्ति का साहित्य है। यह मुक्ति मौकापरस्त गिरोहवादी छद्म क्रांतिकारिता से नहीं आती, जीवन को अपनी कठोरतम शर्तों पर जीने से उपजती है। रघुवीर सहाय के कृतित्व पर भक्तोचित एकाधिकार जताने से पहले हम सबको पूछना पड़ता है कि हम उसके काबिल हैं भी या नहीं या सिर्फ उसका रोजगार करने चले हैं?

बड़े देशों की राजनीति

देश पर मैं गर्व करने को कहता हूँ
उनसे जो अमीर हैं बड़े स्कूलों में पढ़े हैं
पर उन्हें गर्व नहीं है
गर्व है भूखे प्यासे अधपढ़े लोगों में
राष्ट्रीय गौरव रह गया है अंतरराष्ट्रीय राजनीति में मोहरा बनकर
पड़ोसी को हराने में, यह गर्व मिटता है
यदि पड़ोसी और हमारी जनता की दोस्ती बढ़ती है
बड़े देशों की राजनीति करने के लिए अपनी जनता को
तनाव में रखना पड़ता है।

रघुवीर सहाय की हस्तलिपि में उनकी पहली कविता

"अंत का प्रारम्भ"

22.8.46

मधुर यौवन का मधुर अभिशाप मुझको मिल चुका था
फूल मुरझाया छिपा कांटा निकल कर चुभ चुका था
पुण्य की पहचान लेने, तोड़ बन्धन वासना के
जब तुम्हारी शरण आ. सार्थक हुआ था जन्म मेरा
क्या समझ कर कौन जाने, किया तुमने त्याग मेरा
अधम कह कर क्यों दिया इतना निठुर आघात है यह
अंत का प्रारम्भ है यह
जगत मुझको समझ बैठा था अरे धर्मात्मा क्यों?
पाप यदि मैंने किए थे तो न मुझको ज्ञान था क्यों?
आज चिंता ने प्रकृति के मुक्त परों को पकड़ कर
नीड़ में मेरी उमंगों के किया अपना बसेरा
हो गया गृहहीन, सहज-प्रफुल्ल यौवन-प्राण मेरा
खो गया वह हास्य अब अवशेष केवल लाश है यह
अंत का प्रारम्भ है यह
है बरसता अनवरत बाहर विदूषित व्यंग जग का
और भीतर से उपेक्षा का तुम्हारा भाव झलका
अनागमित हैं आपदाएँ क्योंकि जग में मैं अकेला
इस विकल मन को लिए, जीवन कुआँर है भार मेरा
बुझ गए सब दीप घर के कालरात्रि गहन नहीं है
दीख पड़ता मृत्यु का केवल प्रकाशित मार्ग है यह
अंत का प्रारम्भ है यह.

(रचना तिथि: २२-८-४६ अप्रकाशित)

अब तक 'कामना' रघुवीर सहाय की पहली कविता मानी जाती रही है। वह कविता ७ अक्टूबर, ४६ को लिखी गई थी। रघुवीरजी की एक पुरानी डायरी में 'अंत का प्रारंभ' इधर मिली है। यह कविता 'कामना' से पहले की है, इसलिए इसे ही अब पहली कविता कहना चाहिए।

मुश्किल समय

दस बरस और जियूं और उन्हें अपने सामने देखूं
'मरता देखूं इसी उम्मीद में कि एकाकी
वे नहीं होंगे। अपने दुर्दिन में
हम एक मुश्किल समय में जीते हैं
जिसमें जीते जी बच निकलना बहुत संभव है
काट ले जाते हैं लंगराते हुए कैद कठिन
और समझते हैं कि इतिहास जीत आए हैं

यह वही व्यक्ति है, प्रतिमान वही हैं इसके
सिर्फ जो आदमी था इसकी कसौटी वो नहीं
इसके दुखते हुए घावों से दर्द गायब है

गद्य का अंतिम टुकड़ा

लेखक का जीवन और उसका साहित्य दोनों उसी की रचना हैं। दोनों की तुलना करना अवैज्ञानिक है। हम यही कर सकते हैं कि उसके जीवन को जानें और उसमें उसके द्वारा दिए गए साक्ष्यों के आधार पर पूर्णता खोजें। यही हम उसके साहित्य के साथ भी कर सकते हैं। पर तब जीवन और साहित्य दोनों से मिले अलग-अलग साक्ष्यों को एक दूसरे का विकल्प मानने की ओछी हरकत न करें। जीवन साहित्य से कहीं अधिक मूल्यवान है।

पर मैं अपने जीवन का जो कुछ बताता नहीं हूँ वह मेरे जीवन का मूल्यांकन करने के लिए आपके जानने योग्य भी नहीं है।

(२५ दिसंबर, ९०)

आजकल बसों में

आजकल बसों में बूढ़े दिखते हैं ज्यादा
लड़कियां जिनकी उम्र शादी की हो गई
पर शादी नहीं हुई बांह में हाथ डाले जाती हैं
दुःखी और थकी हुई।

देह में कितनी बार कितने उफान आते हैं
बचपन की याद फिर सपनों की और फिर जी सकने की
एक बार अपनी जवानी
पर इससे छिपते और भागते हैं लोग
क्योंकि अब उन्हें अपना बचपन सुंदर नहीं लगता
आज के ऐश्वर्य की तुलना में।

नेहरू ने कहा कि सब भ्रष्ट हो गया है
यह ठीक किया साहस किया
पर यह साहस नहीं था
लोग इसे पहले ही जान चुके थे
यह था केवल स्वीकार कि मैं पिछड़ गया समाज को
समझने में।

नेता कुछ नहीं बता रहा है जो जनता नहीं देखती
और यह तो बिल्कुल नहीं बता रहा कि यह जो पतन है
वह किस अर्थनीति का परिणाम है
वह केवल उसी नीति में विरोध की बात करता है
जिसका मतलब है कि वह जो शासक है उसके समान ही
बनने की बातें कर रहा है
सिर्फ यह अंतर अवश्य है कि वह भ्रष्ट नहीं होगा
एक बार नेता का पतन राजनीति के द्वारा बदला नहीं जा सकता
जब तक कि राजनीति बदली नहीं जाए।

चैती

चैती गा रही है
उच्चारण शुद्ध है
गमक लीन हो गई है सधी लय में
मांग में सिंदूर है
हाथ से सम पर ताल देती है संगतकारी को बताती है
पर उछाह को बांधे रहती है
भले घर की बहू का कठोर अनुशासन।

कुछ अन्य कविता पंक्तियाँ

यही एक देह मुझे लेकर नहीं जाना है
बाकी रह जाएगी यही देहांत तक
यही कटी-पिटी मेरी पंक्तियों भरी कापी

(मई, १९९०)

* * *

औरत की पीठ उसका इतिहास है
उस पर जुल्म का असर वहां देखो
अपने सीने को अगर उसने छिपा रखा हो

* * *

तुम निंदा के जितने वाक्य निंदा में कहते हो
वे निंदा नहीं रह गए हैं और केवल तुम्हारी घबराहट बताते हैं

* * *

भाषा के भविष्य पर भाषण करके उठे शिक्षा के उपमंत्री
बूढ़ा खड़ा हुआ
कहा मेरे पेट में बायगोला है साहब दवा करवा दो

* * *

क्रांतिकारी नेता की ऊंचे वर्गों में लोकप्रियता कम हो गई
कारण कई थे
एक तो ऊंचे वर्ग कुछ बरसों से और भी सुरक्षित हो गए थे
दूसरे क्रांतिकारी भी उसी वर्ग में पहुंच गया था।

* * *

घोड़ा बिना सवार के
गली में दौड़ता जाता है
मुड़कर देखता है मुझे

* * *

पहले वह मुस्कुरा कर हंसी दबा कर हंसती थी
अब जोरों से हंसती है
इतने वर्षों में वह थक गई औरत है
बच्चों की तरह घबराती है
हम अपनी कम अक्ल से ही कहते हैं 'बच्चों की तरह'
इतने बरस सह सके होने की ताकत का बिखरना उसे घबराता है
यह बच्चों का सा नहीं बड़ों का सा है।

जाँच

एक बड़ी विपत्ति के छोटे-छोटे दौरों में कौन अच्छा कौन बुरा
इसकी जाँच नहीं हो सकती
लोग जितना अधिक वर्तमान को पहचान रहे हैं उतना कम
भविष्य को और उससे भी कम अतीत को। तब नेता का
यह कथन कि छोड़ो यह वर्तमान लोगों को उकसा रहा है कि अतीत को
भूल जाएं और भविष्य के लिए शंकाग्रस्त हो। यदि शासक अपने कामों से
पराजय को प्राप्त हो तो वह जनता की जीत नहीं है, वह एक और पतन के लिए
एक और भ्रष्टाचार में छूट के लिए किसी और नेता को मौका देने की बात है।

रघुवीर सहाय की हस्तलिपि में उनकी आखिरी कविता

चेहरे की सिकुड़ने

थकी हुई औरत के चेहरे की सिकुड़नें
किसी एक जीवन की लंबी गलतियों की
आवृत्ति करते हैं
इनको [illegible]
क्योंकि जीवन के [illegible]
[illegible]

25-12-90

प्रस्तुति विमलेश्वरी स

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महानगर
नवभारत टाइम्स
२९ दिसंबर, १९९१

रविवार्ता

१९९२ की चुनौतियाँ

१९९१ गया और दो दिन बाद १९९२ आ जाएगा। गया साल राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक उथल-पुथल का वर्ष रहा; इराक द्वारा कुवैत पर कब्जा और फिर अमेरिकी नेतृत्व में 'मित्र राष्ट्रों' द्वारा इराक का दमन; दुनिया में कायम होता अमेरिकी प्रभुत्व; सोवियत संघ में हुए नाटकीय तख्ता-पलट में ग्लासनोस्त व पेरेस्त्रोइका के मसीहा मिखाइल गोर्बाचौफ की नजरबंदी और यानायेव का नेतृत्व संभालना और फिर तीन दिन में ही तख्ता-पलट की कार्रवाई का विफल होना, रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्त्सिन का वर्चस्व और अंतिम परिणति के रूप में टुकड़ों में बँटा सोवियत संघ(?) हमारे सामने है; दुनिया के मानचित्र पर नया यूरोप भी धीरे-धीरे नई शक्ल अख्तियार कर रहा है, दुनिया में नए समीकरण उभर रहे हैं। इन तमाम अंतर्राष्ट्रीय दबावों के चलते हम एक बेहद नाजुक मोड़ पर खड़े हैं। बीते साल हमारी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था ने हमें विश्व में नए समीकरण तलाशने को विवश किया। राजनीतिक स्तर पर भी यह साल कम गहमागहमी भरा नहीं रहा। मध्यावधि चुनावों के दौरान ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की जघन्य हत्या कई प्रश्नचिह्न छोड़ गई है। बिना बहुमत वाली कांग्रेस सत्ता में बनी हुई है। विपक्ष के नाम पर सिर्फ भा.ज.पा. ही सक्रिय दिखती है, वह भी किसी गहन आर्थिक-राजनीतिक रणनीति के बजाय रथयात्रा व राम मंदिर जैसे मुद्दों तक ही सीमित है। इस तरह १९९१ एक खोखलापन हमारे सामने छोड़ गया है। राष्ट्र जीवन के अंग-प्रत्यंग में एक तदर्थवाद हावी है। स्थायी रणनीति, या दूरगामी परिणामों को मद्देनजर रखते हुए कोई कार्य-योजना बन रही हो, ऐसा नहीं लगता। इसलिए १९९२ हमारे लिए कम चुनौतीभरा नहीं है। राष्ट्र के सम्मुख इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हमने रविवार्ता का यह अंक संयोजित किया है। विविध क्षेत्रों में सक्रिय दस प्रतिनिधि बौद्धिकों के विचार यहाँ प्रस्तुत हैं :

वित्त मंत्री मनमोहन सिंह : अर्थव्यवस्था में खुलेपन के पक्षधर

उदारवाद का फल मिलेगा नए वर्ष में

डी.एच. पै पाणंदीकर

महासचिव—फिक्की

अर्थ, वाणिज्य व व्यवसाय के क्षेत्र में वर्ष १९९१ जोखिमपूर्ण किन्तु युगपरिवर्तन का वर्ष साबित हुआ है। वित्त मंत्री श्री मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियाँ बड़े उद्योग-धंधों के लिए चुनौतीपूर्ण रही हैं। यही वजह है कि यह वर्ष व्यवसाय व अर्थ जगत में भारत के लिए अनेक उतार-चढ़ाव से भरा साबित हुआ है। अब जबकि यह वर्ष अपने अंतिम मुकाम पर है, इसका वाणिज्यक विश्लेषण करना अनिवार्य सा प्रतीत होता है। मेरी राय में वर्ष १९९२ में भी भारतीय उद्योग धंधे को विदेशी उद्योग-व्यापार के मुकाबले कठिन प्रतियोगिता का सामना करना पड़ेगा।

वर्ष १९९१ में केंद्रीय वित्त मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा पेश बजट पर भी गौर करना जरूरी है। उसकी कुछ महत्वपूर्ण बातें हैं, विदेशी व्यापार की नीति में कायाकल्प, नई उद्योग-नीति, सार्वजनिक उद्योगों की नई भूमिका एवं बाह्य निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए उस निवेश के प्रति एक सम्मानजनक उदार नीति। ये प्रयास सार्थक माने जा सकते हैं, किन्तु दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि अब तक इसका ठोस परिणाम शायद नहीं आया है।

वर्तमान सरकार द्वारा देश की अर्थव्यवस्था को लाइसेंसों एवं अन्य प्रशासनिक बंधनों से मुक्त करना भी वर्ष १९९१ की भारतीय अर्थजगत में एक अभूतपूर्व घटना मानी जाएगी। मेरे ख्याल में इसलिए ऐसा किया गया ताकि देश के उद्योग धंधों में आपसी प्रतियोगिता आए ताकि वह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दूसरे देशों के उत्पादनों का सामना कर सकें। इसके कुछ अच्छे परिणाम आए भी हैं किन्तु जिस निर्यात लक्ष्य को ध्यान में रखकर ये घोषणाएं हुईं, उसका आंशिक लाभ ही अब तक प्राप्त हुआ है।

वर्ष १९९१ के प्रारंभ से ही भारत को गंभीर भुगतान असंतुलन के संकट से गुजरना पड़ा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव भारत के बड़े उद्योगों पर पड़ा। इसकी वजह हम वर्ष १९९० में भारत में रही गंभीर राजनीतिक अस्थिरता को मान सकते हैं।

भुगतान संतुलन के बाद समस्या मुद्रास्फीति की बढ़ती दर भी रही। वर्ष १९९० में यह दर जहाँ १२.१ प्रतिशत थी, वहीं नवंबर १९९१ में यह दर बढ़कर १३.६ प्रतिशत हो गई। मुद्रास्फीति पर काबू न पाने के कारण हमारा निर्यात लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर सरकार को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

वर्ष १९९२ में भी इन चुनौतियों का असर भारतीय उद्योग धंधों पर रहेगा। इसकी पूरी संभावना है। नई उद्योग नीति में कुछ और उदारवादी घोषणाएँ सरकार को करनी चाहिए। आज उद्योग धंधों के लिए आवश्यक कच्चे माल के आयात पर जो कठिन शर्तें हैं, उससे बड़े उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वर्ष १९९०-९१ में 'हिन्दुस्तान मोटर्स' और 'बजाज स्कूटर्स' का उत्पादन आधा हो गया। इसकी वजह भी यही थी। हमें अपने आयात लक्ष्य को और भी यही थी। हमें अपने आयात लक्ष्य को और भी कम करना होगा एवं निर्यात लक्ष्य की सीमा जो १८ प्रतिशत रखी गई है, उसके पीछे तेजी से दौड़ लगानी होगी। लेकिन इसकी वजह राह में रोड़े हैं, उन्हें दूर करना निहायत जरूरी है। जिस कच्चे माल का आयात हम विदेशों से करते आ रहे हैं, उसे कम करना होगा।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि वर्ष १९९१ में भारत सरकार द्वारा घोषित उदारवादी औद्योगिक नीति का वांछित लाभ हमें १९९२ में मिलेगा। लेकिन आवश्यक है कि सरकार ईमानदारी से इस दिशा में सही कदम उठाए ताकि नूतन वर्ष में उद्योग धंधों को वे चुनौतियां नहीं झेलनी पड़ें, जो वर्ष १९९१ में झेली गईं।

प्रस्तुति : प्रदीप कुमार पंसारी

ली पंग व नरसिंह राव : कभी यह एशिया भी एक होगा?

विदेश नीति को नया मोड़ देना होगा

एस.के. सिंह

पूर्व विदेश सचिव

किसी भी देश की विदेश नीति उस देश की आर्थिक व भौगोलिक परिस्थिति एवं अन्तरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर निर्भर करती है। यही बात भारत पर भी लागू होती है। मेरी नजर में विदेश नीति का संबंध देश की आंतरिक स्थिति पर भी निर्भर करता है। वर्ष १९९० के उत्तरार्द्ध एवं ९१ के पूर्वार्द्ध में देश के सामने भयावह परिस्थितियाँ थी। मन्दिर एवं मंडल का प्रकोप देश की जनता पर पूरी तरह छाया हुआ था। आर्थिक स्थितियाँ बद से बदतर होती गईं। सरकार इन्हीं मुद्दों से जूझती रही। वी.पी. सिंह एवं चन्द्रशेखर सरकार का ध्यान विदेश नीति की ओर केन्द्रित ही नहीं हो पाया। इन दो प्रधानमंत्रियों के बस में जनता थी ही नहीं। वर्ष १९९१ के पूर्वार्द्ध में ही एक अल्पमत सरकार के सामने असम, कश्मीर, आंध्र [illegible] नक्सलवाद जैसी समस्याएँ मुँह बाए खड़ी थीं। इसलिए इस सरकार के वश का नहीं था कि विदेश नीति को कोई दिशा दे सके।

पड़ोसी देशों से संपर्क एवं संबंध सुधारने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा सके। ऐसा इसलिए भी हुआ कि वर्ष १९९१ में अन्तरराष्ट्रीय व्यवस्था मे व्यापक बदलाव आया। रूस में साम्यवाद की दीवार ढह गई। विश्व में नए समीकरण की संभावनाएँ प्रबल होती गईं। सोवियत संघ में आए बदलाव के कारण हमारे पश्चिमी देशों के मित्र कहने लगे कि इससे भारत का काफी नुकसान हुआ है। लेकिन मेरा मानना है कि उन देशों का भी उतना ही नुकसान हुआ है, जितना भारत का। वजह स्पष्ट है। अब हमें आधुनिक हथियारों के लिए अन्य राष्ट्रों के सामने मुँह नहीं खोलना पड़ता। अब हम खुद टेक्नालॉजी का विकास कर रहे हैं एवं शस्त्र निर्माण कर रहे हैं।

वैदेशिक संबंध पड़ोसी देशों पर भी निर्भर करते हैं। हमारे पड़ोसी राष्ट्रों में भी यह वर्ष उथल-पुथल वाला रहा। पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार (बर्मा), भूटान, बंगलादेश, नेपाल इसके उदाहरण हैं। उदाहरण के लिए नेपाल में लोकतंत्र की बहाली के बाद भारत के संबंधी और बेहतर हुए। उसी तरह श्रीलंका की युनाइटेड नेशनलिस्ट पार्टी में हुए आपसी मनमुटाव का खामियाजा भारत-श्रीलंका संबंधों पर भी पड़ा। अभिप्राय यह है कि पड़ोसी देशों की आंतरिक स्थिति यदि सुदृढ़ होगी तो हमारे संबंध उनसे बेहतर होंगे।

वर्ष १९९२ में विदेश नीति को एक नया मोड़ देना होगा। हमारे सामने पड़ोसी राष्ट्रों से संबंध सुधारने की सबसे बड़ी चुनौती होगी। खासकर श्रीलंका एवं पाकिस्तान से इस दिशा में सार्थक प्रयास करना होगा। मुझे लगता है कि १९३६ में आर्नल्ड टॉयनबी ने लिखा था कि संसार के विदेशी मामलों का संचालन अंततोगत्वा ब्रिटिश साम्राज्यवाद नहीं कर सकता। यह संचालन अमेरिका, रूस, चीन और हिन्दुस्तान के हाथ में आने वाला है।

इस समय विदेश नीति के मामले में हम मुसीबत में हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम भी काफी तेजी से बदल रहा है। बेहतर यह होगा कि १९९२ में देश की आंतरिक स्थिति को ज्यादा सुदृढ़ करें और पड़ोसी राष्ट्रों से संबंधों को मधुर बनाएँ।

चुनौतियों के घने बादलों के बीच से ही आशा की किरणें भी मिलेंगी

अलग तरीके से कुछ करने की जरूरत है!

नेमिचन्द जैन

प्रख्यात नाट्य आलोचक

यह वर्ष हिन्दी रंगकर्म के लिए न तो बहुत सुखद रहा, न ही बहुत दुखद। सिवाय इसके कि ओम शिवपुरी को यह वर्ष हमसे छीन ले गया। रंगमंच में कोई खास गिरावट आई हो, ऐसा भी नहीं लगता। वस्तुतः भारतीय, खासतौर पर हिन्दी रंगमंच ठहराव की स्थिति में है। जहां कल था, आज भी वहीं है। इसके पीछे हैं रंगमंचीय अभिव्यक्ति की कठिनाइयाँ। ऐसा होना स्वाभाविक है। विधाओं के जीवन में एक दौर उभार का आता है, इसके बाद गिरावट आती है। फिर एक दौर पठार का आता है। हिन्दी रंगमंच इन दिनों उसी पठार पर है।

दूरदर्शन धारावाहिकों के विस्फोट से कुछ ऐसा माहौल बना कि बड़ी संख्या में रंगमंच के निर्देशक और अभिनेता दूरदर्शन की ओर मुड़ [illegible]। मेरी दृष्टि [illegible] कोई बुरी बात नहीं है क्योंकि रंगमंच और दूरदर्शन में कोई वैर-भाव नहीं है। ये परस्पर एक दूसरे के पूरक हैं। इसका प्रमाण हैं वे दूरदर्शन अभिनेता, जिन्होंने रंगमंच के माध्यम से ही अपनी छवि बनाई और अभिनय की ऊँचाइयाँ हासिल कीं, लेकिन रंगमंच उनकी आजीविका का आधार नहीं बन सकता, आजीविका का आधार बना है दूरदर्शन। इसीलिए मैं कहता हूँ कि इनमें बुनियादी विरोध नहीं है, लेकिन रंगमंच के कच्चे-पक्के ढेर सारे लोग दूरदर्शन की लाइन में लग गए, वह रंगमंच के लिए बुरा हुआ और आज कोई महत्वाकांक्षी निर्देशक नाटक करना चाहे तो उसे अभिनेता [illegible] मिलते। रंगमंच में इस वर्ष भी यह स्थिति [illegible] रही। १९९२ में मुझे लगता है कि इस स्थिति [illegible] एक सुखद परिवर्तन होगा। ७-८ लोगों से बातचीत के आधार पर यह बात मैं कह रहा हूँ। उनकी बातें बैरोमीटर का काम कर रही हैं। इस दौरान दूरदर्शन पर काम करते-करते लोगों को लगा कि अगर पहचान बनेगी तो रंगमंच पर काम करके ही, वरना टी.वी. से बचे समय का वे क्या करें। हर सही कलाकार को रंगमंच पर ही संतोष मिलता है।

पिछले दिनों श्रीराम सेन्टर ने आठ नए नाटककारों की एक कार्यशाला आयोजित की, उनमें से चार नाटक देखकर लगा कि इनमें संभावना है [illegible] नई दृष्टि [illegible] संरचनात्मक समझ [illegible] नाटक [illegible] लिखते हुए गए गया है। इन चार नाटकों को १९९२ में किया जाएगा तो शायद कुछ बात बने।

रंगकर्म के संबंध में, खासकर हिन्दी रंगकर्म के संबंध में जरूरी है कि जो है, उससे आगे बढ़ा जाए।

तीस-चालीस साल की कोशिशों के बाद शौकिया रंगकर्म को जिस मुकाम पर पहुँचाया गया है, उससे आगे अब नियमित रंगकर्म का सिलसिला शुरू हो। हिन्दी केन्द्रों में नियमित प्रदर्शन हों। जब तक प्रदर्शनों की निरन्तरता नहीं बनती, तब तक इसे एक महत्वपूर्ण कलारूप के रूप में बनाए नहीं रखा जा सकता। न ही इसका विकास किया जा सकता है। दोनों स्तरों पर दर्शकों का लगाव जरूरी है। जब तक दर्शकों का लगाव नहीं होगा, तब तक रंगकर्मी भी खुद को निखार नहीं सकेंगे।

मेरी राय में १९९२ या उससे भी आगे के कई वर्षों की मुख्य चुनौती यह है कि हिन्दी के अधिक से अधिक केन्द्रों में स्थाई रंगमंडल बनें, जिन्हें केन्द्रीय तथा प्रादेशिक सरकारें भरपूर मदद दें। स्थानीय निगमों तथा व्यावसायिक घरानों के साधनों का भी उपयोग स्थाई रंगमंडलियाँ बनाने में हो तो इसमें कोई बुराई नहीं है। और अब रंगकर्मियों के बीच इस पर भी चर्चा होनी चाहिए कि आज हमारे रंगकर्म की विशिष्टता क्या है? हमारा सौ-डेढ़ सौ वर्ष का रंगकर्म पश्चिम की रंग शैली को मॉडल बना कर होता रहा है, लेकिन अब अगर दूरदर्शन और केबल टीवी जैसे समर्थ संचार माध्यमों के सामने रंगकर्म को टिके रहना है तो एक अलग दृष्टि, अलग स्वरूप बनाकर काम करना होगा। फिल्म या दूरदर्शन के समान्तर जैसा रंगकर्म दूर तक जीवित रखना मुश्किल होगा, क्योंकि रंगसृष्टि यथार्थ का भ्रम नहीं पैदा करती, बल्कि यह एक नया ही यथार्थ रचती है, जिसकी अपनी स्वतंत्र भाषा और स्वतंत्र उपादान हैं, जो अपने आपमें विशिष्ट है। इसलिए कुछ अलग तरीके से किए बिना काम नहीं चलेगा, क्योंकि कलासृष्टि के रूप में यह रंगसृष्टि के जीवन और मरण का प्रश्न है। १९९२ की चुनौती यह भी है कि रंगकर्म के क्षेत्र में इस बात को सब लोग न तो गंभीरता से महसूस कर रहे हैं और न ही कुछ खास करते दिख रहे हैं।

प्रस्तुति : [illegible]

साहित्य: आस्था का गहराता संकट

केदारनाथ सिंह

वरिष्ठ कवि

साहित्य के सामने आज कौन-सी चुनौतियां हैं, इस पर गहराई से विचार करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि इस दिशा में शुरुआत थोड़ी बहुत हुई है। पर विस्तार से चर्चा नहीं हुई है। संचार माध्यमों के बढ़ते हुए दबाव को मैं उतनी बड़ी चुनौती नहीं मानता, जितना कुछ विचारक मानते हैं। जहां संचार माध्यमों का, विशेषकर टी.वी. या अन्य यांत्रिक माध्यमों का अत्यधिक विकास हो चुका है, उन देशों में भी साहित्य जीवित है और अपनी पूरी ताकत के साथ जीवित है। साहित्य नामक अनुशासन में जो एक अंतर्निहित लचीलापन है, वह उसे किसी भी विषम परिस्थिति से जूझने में मदद देता है। और मेरा विश्वास है कि जनसंचार माध्यमों की ओर से आने वाली चुनौतियों का भी साहित्य अपने इसी अंतर्निहित लचीलेपन के साथ कारगर ढंग से सामना करेगा जो कि किसी हद तक आज कर रहा है।

साहित्य में चुनौतियों की एक लंबी सूची गिनाई जा सकती है और वह मेरा यहाँ उद्देश्य नहीं है। मेरे निकट सबसे बड़ी चुनौती आज लेखक के सामने [illegible] है वह आस्था के संकट की चुनौती है। पिछले कुछ वर्षों में बड़ी तेजी से विश्व राजनीति के पटल पर कुछ मूलभूत परिवर्तन घटित हुए हैं, जिनका गहरा असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। भारत जैसे विशाल देश के लेखक होने के नाते हम उन परिवर्तनों को अपने खास संदर्भ में जाँचने-परखने की जरूरत महसूस करते हैं और थोड़ी बहुत इस दिशा में हरकत दिखाई भी पड़ती है। दशकों से कुछ ऐसे बुनियादी मूल्य, जिन्होंने बहुत दूर तक साहित्य को प्रेरित और संचालित किया था, उनके सामने पिछले दिनों प्रश्नचिह्न लगाए गए हैं और यदि हम आँख मूँद कर इन प्रश्नों का सामना करने से कतराएँगे तो यह हमारी कमजोरी होगी। और इससे हमारी सोच और संवेदना की पूरी बनावट में कहीं फाँक भी आ सकती है। इसलिए मैं महसूस करता हूँ कि इन आसन्नघटित परिवर्तनों के बीच हमें नए सिरे से अपने चिरपोषित मूल्यों की जाँच पड़ताल करने की जरूरत है। हमारे समाज में और खासतौर से २०वीं सदी के इस अंतिम चरण में ऐसा करना समस्त कलाओं के स्वस्थ विकास के लिए किसी हद तक आवश्यक है।

जन्म शताब्दी पर

चंद्र सिंह गढ़वाली से वे या

१९७० से ही चंद्रसिंह गढ़वाली [illegible] से मिलने का मन था, पर मौका १९७६ में मिला। २८ जनवरी, '७६ को जब मैं कोटद्वार पहुंचा, तो अपने को कौतूहल और उत्साह से भरा पाया। सोचता था कैसे होंगे चंद्रसिंह गढ़वाली?

कई चक्कर लगाने के बाद ३० जनवरी की शाम लगा कि वे घर में हैं, क्योंकि दरवाजे खुले थे। बाहर से उनका कमरा एक दुकान की तरह लगता था। कमरे में एक झुर्रीदार चेहरेवाला बूढ़ा आदमी लिहाफ ओढ़े बैठा था। मुझे आता देख लिहाफ हटाया तो फौजी बनियान पहना दिखा, बंदरछाप टोपी और चश्मा भी। फोटो तो देखा था, अतः पहचानने में देर नहीं हुई। मैंने प्रणाम कहा तो छोड़ दिया लिहाफ उन्होंने फिर ओढ़ लिया और जाड़े से अपने को बचाते हुए अपनी कमजोर आँखों से शाम के धुँधलके में वे मुझे देखने लगे और पहचानने की निरर्थक कोशिश करने लगे। खड़े-खड़े मैंने कहा कि मैं अल्मोड़े से आया हूँ। उनके चेहरे में कोई विशेष भाव उस कम रोशनी में नहीं पढ़ा जा सका। वे कुछ गणमणाट सा करते हुए कहने लगे तो मैंने कह डाला कि मैं कुमाऊँ विश्वविद्यालय का शोध छात्र हूँ। उन्होंने बैठो कहा तो मैं आज्ञा पालन कर बैठ गया। मैं सोच ही रहा था कि उजाले के लिए पूछूँ तो उन्होंने मुझसे 'उठो' कहा। मैं हड़बड़ाकर उठा, यह मान कर कि स्टूल में कुछ टूटने लायक रहा होगा।

वे बोलेः वो बटन है, बिजली जलाओ। मैंने बटन दबाया। कमरा रोशन हो गया। अब मैं उनको और समस्त कमरे को देख सकता था। वे चुप बैठे रहे। फिर कान में सुनने का यंत्र लगाने लगे। शायद ये क्षण उन्होंने मुझे कमरे का निरीक्षण करने के लिए दिए होंगे।

छोटा सा कमरा। एक तखत, एक मेज तथा एक सोफा कमरे में था। एक रैक में उनका प्रिय साहित्य रखा था। किताबों-पत्रिकाओं के साथ कुछ फाइलें भी। कीलों में कुछ कपड़े टंगे थे। एक कील पर भगतसिंह स्टाइल की टोपी थी। दीवार पर क्रम से लेनिन, स्टालिन, राहुल, भगतसिंह, नेहरू (के साथ स्वयं), वी.वी. गिरि (के साथ स्वयं), नागेन्द्र सकलानी, हेमवतीनंदन बहुगुणा तथा दिवंगत पत्नी भागीरथी देवी के फोटो टंगे थे। तखत पर मोटी चादर बिछी थी। मेज पर किताबों की बगल में तीन दाने अमरूद के आपस में बातचीत सी कर रहे थे, जिनमें से एक बुजुर्ग (पका) लग रहा था। मैंने यह सब देखा। कुछ चीजें पुनः देखीं; जैसे भगतसिंह और नागेन्द्र सकलानी के फोटो। अंत में मेरी नजर तखत के करीब ही रखी लाठी पर गई। इन चीजों में रम सकना मेरे लिए मुश्किल था। चंद्रसिंह गढ़वाली के बिना ये सब सामान अर्थहीन ही थे। मैंने उनकी [illegible] उपस्थिति किस तरह अर्थवत्ता रच डालती है। ब्रेख्त की एक कविता के हिस्से भी मेरे भीतर धक्का-मुक्की सी करने लगे।

'दीवार की फोटुओं को देख लो', वे बोले। [illegible] सिवाय भागीरथी देवी के। उन्होंने सुनने की मशीन कान में डाली।

'अच्छी बात है, बैठो।' वे बातचीत करने के मूड में शायद आने लगे थे। मैं उनके तखत पर ही बैठ गया और टेप तैयार कर लिया। अपनी ८५ साल की जिंदगी के तमाम हिस्से वे बताते चले गए। ये सब बातें परिचित थीं। फिर भी पता नहीं क्यों हर बार उनकी कहानी अधिक नई, आकर्षक और ताजा लगती थी। उनके मुख से उनकी कहानी और उनका जमाना सुनना एक दुर्लभ अनुभव था क्योंकि कहानी सुनते समय उनके चेहरे पर भी कहानी पढ़ी-देखी जा सकती थी। सभी भाव, रंग, रस चेहरे पर आते-जाते रहते थे।

मैंने कहा कि दादा जी यह कहानी इतनी ताजगी भरी हुई होने पर भी सभी के द्वारा जानी जाती है। मैं कुछ अचर्चित पक्षों को छूना चाहता हूँ। पहले बताइए कि पेशावर की बगावत क्या एक व्यक्ति की कार्रवाई थी?

हमारे संस्कारों में फासिस्ट तत्व हैं। हम बेगार लेते हैं। हरिजनों को दबाते-ठगते हैं। क्या यह नीचता नहीं है। गड़बड़ कहाँ नहीं है? बंद समाज में ज्यादा गड़बड़ होती है, चाहे पता सबको नहीं चलता।

नहीं भाई, यह तो एक सामूहिक काम था। जरूर मुझे एक महत्वपूर्ण रोल अदा करना पड़ा था। हरकसिंह धपोला की भूमिका कम समझते हो क्या? वह तो मेरा सलाहकार था। हाँ, इतना जरूर था कि मैं आर्य समाज से प्रभावित था तो कोई गाँधी और स्वराज्य आंदोलन से। पर इन प्रभावों से मैं और हम सभी कौंसियस हुए थे।

आर्य समाजी थे तो कम्युनिस्ट क्यों बने?

पहले कटोरे का पानी लोटे में उँड़ेल दो। शिकार पक रहा है सादा। कटोरे में ठंडा पानी डाल दो, फिर होगी बात, मैंने आज्ञा पालन किया। [illegible] अपनी जगह बैठ गया।

हर विचार की अपनी बर्कत होती है और उमर भी। शुरू में मुझे साम्यवाद कैसे पचता? और



स्व. चंद्रसिंह गढ़वाली

बातचीत

शेखर पाठक

फिर गढ़वाल में जब आर्य समाज पहले पहुँचा तो मुझ पर असर पड़ना ही था। पर बाद में लगा कि विचारों की दुनिया कंगाल नहीं है और भी बड़े विचार हैं और स्वाभाविक था कि मैं कम्युनिस्ट बन गया। यदि यशपाल, रमेश सिन्हा से मुलाकात न होती या पी.सी.जोशी का साथ न मिला होता, तब भी देर-सवेर मैं यही बनता। बाद में सी.पी.एम. का हो गया मैं, क्योंकि यही असली है। यद्यपि मैं पार्टी का काम नहीं करता, पर मेम्बर हूँ। विचारधारा है। एक बार पार्टी में बात हुई कि चन्दरसिंह काम नहीं करता तो पी.सुन्दरैया बोला कि यह (चंद्रसिंह) जो काम करता है, जनता उसके साथ होती है। उसके पीछे जनता है। अखबार हैं। कौन कौम्युनिस्ट अपने मुलुक के लिए काम नहीं करता?

[illegible]

वे सहज बताते रहेः तुम्हें पता नहीं? या तुम्हें कम लगता हो, काम करता रहा। भरत नगर बसाओ, दूधातोली में उत्तराखंड विश्वविद्यालय बनाओ, सड़क बनाओ, तराई में जमीन की गड़बड़ ठीक करो। सब कुछ हुआ नहीं पर लगा रहा।

अकेले तो विचार आते हैं, ऐसे काम अकेले नहीं होते?

अरे भाई, विचार की भूख जनता में है कहाँ? मैं कांग्रेसी होता तो गले में फूल और बंगले में घर होता और मैं बूढ़ा-बीमार यदि जवान नहीं भी तो सेठ तो हो ही जाता। पर कम्युनिस्ट थे। सरकार तो खैर खतरनाक समझती ही थी, जनता से बहुत ज्यादा प्यार नहीं मिला। पर तुम लोगों [illegible] मिलेगा। छात्रों को अब समझने लगी है [illegible] वे कुछ भावुक से थे।

[illegible]

बहुतों के साथ रहे। कि[illegible] आप पर?

गाँधी का असर [illegible]

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गणतंत्र दिवस

नए साल में सबसे पहले
आया लो गणतंत्र दिवस।
बड़ी खुशी से करते हम सब
इस अवसर की अगवानी,
नए रास्ते, नई दिशाएं
नया जोश है, नई कहानी।
एक सुहाने मौसम जैसा
आया लो गणतंत्र दिवस।
चलो कहें मिलकर हम सारे
हम सब भारतवासी हैं,
फूट नहीं पड़ सकती हममें
हम अटूट, अविनाशी हैं।
आशाओं की किरणों जैसा
छाया लो गणतंत्र दिवस।
नया वर्ष आते ही जागा
बच्चों में उल्लास नया,
घर-घर को मिल गया अनूठा
हास और परिहास नया।
मधुर कंठ से हर बालक ने
गाया लो गणतंत्र दिवस।

प्रमोद जोशी

भालूजी की परेड

गणतंत्र दिवस परेड देखने,
भालूजी दिल्ली आए
देख वहाँ की भीड़-भाड़ को
मन में अपने घबड़ाए

सड़कों की भूल-भुलैया में
भालूजी जा भटके
जाना किधर समझ न पाए
बोल गले में अटके

भालूजी खुद ही परेड सब
लगे वहाँ पर करने
भीड़ बड़ी हो गई इकट्ठी
लगीं तालियाँ बजने

भालूजी बोले-आओ सब,
आगे कदम बढ़ाएं
प्यारा है यह गणतंत्र दिवस
मिलकर इसे मनाएं।

कृष्णकांत तैलंग

डाक टिकटों पर

गणतंत्र के प्रहरी

आज से ठीक ४२ वर्ष पहले स्वतंत्र भारत का नया संविधान लागू हुआ। इसके अनुसार हमारे देश को एक राष्ट्रीय ध्वज, एक राष्ट्रगीत तथा एक राष्ट्रपति प्राप्त हुए।

१९५० से लेकर अब तक कुल ८ व्यक्तियों ने देश के इस सर्वोच्च पद का गौरव बढ़ाया है। २६ जनवरी, १९५० को इस पद को सुशोभित करने वाले हमारे प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे, जिन्होंने १३ मई, १९६२ तक लगभग १२ वर्षों तक इस पद को अद्वितीय गौरव से प्रतिष्ठित किया। इस पद से मुक्त होने वाले दिन भारतीय डाक तार विभाग ने आपके सम्मान में एक विशेष डाक टिकट जारी किया। ३ दिसम्बर ८४ को उनकी जन्म शताब्दी पर डाक तार विभाग ने एक और डाक टिकट जारी किया।

इस पद पर चुने जाने वाले दूसरे राष्ट्रपति थे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, जो १३ मई, १९६७ तक पूरे ५ वर्ष इस पद पर रहे। इसी वर्ष आपके ७९वें जन्म दिवस ५ सितम्बर को एक विशेष डाक टिकट निकाला गया। ११ सितम्बर, १९८९ को डाक तार विभाग ने भारत के इस महान मानवतावादी के सम्मान में दूसरा डाक टिकट जारी किया।

डॉ. राधाकृष्णन के पश्चात डॉ. जाकिर हुसैन ने यह पद संभाला। कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उनका निधन ३ मई, १९६९ को हो गया। मृत्यु के चालीसवें दिन ११ जून, १९६९ को इनकी स्मृति में २० पैसे का एक विशेष टिकट जारी किया गया।

इसके बाद श्री वी.वी. गिरि ने ३ मई, ६९ से २० जुलाई, ६९ तथा श्री मोहम्मद हिदायतुल्ला ने २० जुलाई ६९ से २४ अगस्त ६९ तक देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। तत्पश्चात २४ अगस्त, १९६९ को वी.वी. गिरि को भारत का चौथा राष्ट्रपति चुना गया।

२४ अगस्त, १९७४ को पदमुक्ति वाले दिन श्री गिरि के सम्मान में एक विशेष डाक टिकट जारी किया गया।

दिल्ली में १३ मई, १९०५ को जन्मे श्री फखरुद्दीन अली अहमद को २४ अगस्त, १९७४ को भारत का पाँचवाँ राष्ट्रपति बनाया गया,

२२ मार्च, १९७७ को एक विशेष डाक टिकट जारी किया।

अरविन्द जैन

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कितनी भाग-दौड़ करते हैं और संपादक कितना दिमाग खपाता है और उसे बढ़िया बनाने का यत्न करता रहता है। साथ ही यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि कितने विज्ञापन अखबार को मिल रहे हैं। विज्ञापन उसी अखबार को मिलते हैं जो ज्यादा से ज्यादा पढ़ा जाता है। अधिकांश उर्दू अखबार इसीलिए लड़खड़ा जाते हैं कि उन्हें विज्ञापन या तो न के बराबर प्राप्त होते हैं या होते ही नहीं। इस संदर्भ में राज्यसभा के सांसद और **'अखबार-ए-नौ'** के संपादक मुहम्मद अफजल ने कुछ रोचक आँकड़े एकत्रित किए हैं। उनके अनुसार वर्ष 1990 में अंग्रेजी अखबारों को लगभग छह करोड़ रु. के विज्ञापन दिए गए। हिंदी के समाचार पत्रों को लगभग



कविता

महेश आलोक

घोड़े

घोड़े अस्तबल में हैं और दुखी हैं
घोड़े दुखी हैं क्योंकि उनमें विनोद-वृत्ति नहीं है
घोड़ों में विनोद-वृत्ति नहीं होती।

अस्तबल में चार रंग के घोड़े हैं हिनहिनाते हुए
आम तौर पर चार रंग के घोड़े पाए जाते हैं
सफेद और भूरे और काले और चितकबरे
घोड़ों के प्रचलित रंग यही हैं
काले घोड़े की नाल बहुत फायदेमंद है
ज्योतिषियों की सुलभ प्रजाति इस तथ्य से असहमत
नहीं है।

घोड़े अस्तबल में हैं और दुखी हैं
वे पैरों को थोड़ा पीछे करते हैं
अपनी नाल से पृथ्वी को थोड़ा दबाते हैं हिनहिनाहट में
दुख को पूरे वजन के साथ लाने के लिए।

घोड़ों को खिलखिलाकर हंसते या मुस्कराते नहीं देखा
किसी ने
घोड़ों ने भी नहीं।
उनकी गणना तेज दौड़ने वाले पशुओं में होती है,
इसलिए सिर्फ उनके दांतों और खुरों में अधिक
दर्द होता है
इसका सीधा अर्थ यही है
कि उनमें सोचने की क्षमता नहीं होती
इसलिए कल्पनाशील होने का तो सवाल ही
पैदा नहीं होता
अगर किसी प्रथम पुरुष को राज्याभिषेक के बाद
पहले ही दिन घोड़े खींचते हैं
तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

चूंकि घोड़ों में सोचने की क्षमता नहीं होती
इसीलिए उनमें विनोद-वृत्ति नहीं होती
इसीलिए उनमें पालतू और वफादार जैसे विशेषणों को
खारिज करने की प्रवृत्ति नहीं होती
शायद इसीलिए धूमिल जैसा कवि कह सका :
घोड़े सिर्फ लोहे का स्वाद जानते हैं
क्योंकि उनके मुंह में लगाम है।

और लो, कविता की अंतिम पंक्ति तक आते-आते
घोड़े अस्तबल में नहीं हैं
इतना भद्दा मजाक सिर्फ घोड़े ही कर सकते हैं
सचमुच घोड़ों में विनोद-वृत्ति नहीं होती।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कहानी

भिक्खु

कमरा मिल सकता है। उसने कहा था। मैंने सोत्साह कहा, 'थैंक्यू मिसेज क्रैफर।' उसने झिड़कते हुए कहा, 'मिसेज नहीं, मिस क्रैफर।'

एक अलग मरियम

हम लोगों के साथ-साथ रहते हुए कई ऋतुएं बदलीं। हम तीनों की घनिष्ठता बढ़ती गई। सभी प्रसन्न, पर एक सुबह शेखरन बेहद उदास था। ब्रेकफास्ट टेबुल पर भी उदास रहा। मिस क्रैफर ने सचिन्त भाव से पूछा, 'तुम्हारा तबीयत ठीक नहीं लगता शेखरन। बोलो, क्या बात है?'
मैंने भी मिस क्रैफर के वाक्य को लगभग उसी तरह दोहराया तो शेखरन रो पड़ा। मिस क्रैफर ने मुझे उद्दिष्ट कर कहा, 'योर फ्रैन्ड इज क्राइंग।'
मैंने उठकर शेखरन के कंधे पर हाथ रख कर प्यार से पूछा, 'कुछ तो बोलो शेखरन, श्योर योर प्रॉब्लम विद अस। हम रास्ता खोज ही लेंगे।'

कविता

केदारनाथ सिंह

पोस्टकार्ड

यह खुला है
इसलिए खतरनाक है।
खतरनाक है
इसलिए सुन्दर।
इसे कोई भी पढ़ सकता है
इस पर लिखा जा सकता है कुछ भी
बस, एक ही शर्त है कि जो भी लिखा जाय
पोस्टकार्ड की अपनी स्वरलिपि में लिखा जाय।
पोस्टकार्ड की स्वरलिपि
कबूतरों की स्वरलिपि है।
असल में यह कबूतरों की किसी भूली हुई
प्रजाति का है
उससे टूटकर गिरा हुआ एक पुरातन डैना।

एक कोरा पोस्टकार्ड
खुद एक संदेश है
मेरे समय का सबसे रोमांचक संदेश।

तुम दावा नहीं कर सकते
कि जो तुम्हें अभी-अभी देकर गया है डाकिया
वह तुम्हारा
और सिर्फ तुम्हारा पोस्टकार्ड है।

पोस्टकार्ड का नाता है
लिखना असल में दिखना है
समूची दुनिया को।
इसका रंग
आदमी की खाल से बेहद मिलता है
यह कितना अद्भुत है
और कितना भयानक कि आदमी की खाल
लिखने के लिए उतनी ही खुली है
और वैसी ही नंगी
जैसा पोस्टकार्ड।



प्रश्नकाल

पूछो यह दिन है कि रात
पानी है
कि टिटिहिरी की चीख
दिल्ली है कि दौलताबाद
पूछो।

पूछो कि इस समय शहर में
समय कम और मक्खियां अधिक हैं
पूछो कि पूछने से पृथ्वी पर
बनने लगता है समय।

पूछो कि पूछनेवालों की सूची में
नहीं है तुम्हारा नाम
पूछो, चाहे खुद से ही पूछो
मगर पूछो जैसे वायुयान का चालक
पृथ्वी से पूछता है
जैसे पृथ्वी पूछती है तारों के राडार से
पूछो।

पूछो कि पूछने से भाषाएं
जिन्दा रहती हैं।

पूछो कि दुनिया बदलती जा रही है
पूछताछ-दफ्तर में
मगर पूछो, पूछो कि किस तरह पूछें
कि कुछ अलग
कुछ खुली
कुछ बेहतर दिखाई पड़े दुनिया।

किराये पर दिए गए दूसरे कमरे में भी एक भारतीय था। दक्षिण का एम. शेखरन। युवा, गम्भीर और कोमल। मेरी तरह वह भी शाकाहारी था। इस बात की जानकारी मुझे पहले ही दिन हो गयी थी, जब हम दोनों मिस क्रैफर के डाइनिंग रूम में मिले। मिस क्रैफर ने उसे फ्रूट जूस, दूध, दलिया और टोस्ट सर्व किए थे। मुझे भी वह सब परोसा था, पर साथ में आधे उबले अंडे भी। मिस क्रैफर भी अपना नाश्ता लेकर साथ बैठी थीं। मैं अंडों के अलावा सब कुछ खाकर मिस क्रैफर के नाश्ता खत्म होने का इंतजार पेपर नैपकिन से मुंह पोंछते हुए करने लगा तो बोलीं 'तुम भी अंडा नहीं खाता।'

मैंने विनम्र भाव से कहा, 'मैं शायद बताना भूल गया कि मैं

...पुरस्कृत करती।

एक ओर मैं मिस क्रैफर से स्वतंत्रता बरतने लगा था तो दूसरी ओर शेखरन की मुझ पर निर्भरता बढ़ चली थी। लंच और डिनर हम बाहर ही करते, पर खाने की जगहों में आमिष आहार को देखते ही उसकी भूख मर जाती। अब तक मैं अपने कमरे में कुछ न कुछ लिया करता था, पर जाने शेखरन को कैसे पता चल जाता और वह मेरे पकाए भोजन को सार्थक करने को उपस्थित हो जाता। इडली, दोसा और सांभर का जन्मजात स्वाद भूलकर मेरे बनाये आलू के पराठों में उसकी दिलचस्पी बढ़ चली थी। मैं इसे अपना पाक-कौशल भर मानता रहा। पर जब मुझे पता चला कि

'तुम्हारा दोस्त तो ठीक है न। जाने क्यों वह यंगमैन मुझे निरा बच्चा लगता है। तुम उसका ख्याल रखता है न?'

एक दिन मिस क्रैफर के ऐसी ही चिंता व्यक्त करने पर मैंने कह दिया था, 'वह खूब खुश रहता है। आप चिंता न करें उसकी। उसे एक गर्ल फ्रैन्ड मिल गयी है। वह उसका पूरा ख्याल रखती है।'

मैंने आशा तो की थी कि यह सुनकर मिस क्रैफर प्रसन्न होंगी, पर परिणाम विपरीत हुआ। वह गंभीर हो उठीं। फिर अपराध भाव से ग्रस्त सी बोलीं, 'मैं किसी लड़की को यहां नहीं आने देती, शायद इसी से तुम्हारा दोस्त खुश नहीं रहता। उससे बोलना कि वह अपनी गर्ल फ्रैन्ड को अपने कमरे में ला सकता है।'

मिस क्रैफर के इस निर्णय पर मुझे आश्चर्य हुआ, पर वह आश्चर्य और निगूढ़ हुआ, जब मैंने उसके चेहरे पर विषाद की झाईं

अनजाने ही उस दुखद प्रसंग की याद दिला दी। मन खिंचा कि शायद अब उसकी आंखें नम हो उठेंगी, गला रुंध जाएगा, पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। फिर भी, मैंने कहा, 'आई एम सॉरी क्रैफर टु हिअर ऑल दिस'।

पर उसने सहज भाव से कहा, 'आई नेवर फील सॉरी फॉर दि डैड। मरे हुए के बारे में क्या सोचना। जो जिन्दा है। उसके बारे में फिकर कर सकता है तो करो।'

एक क्षण को तो मैं स्तब्ध होकर मिस क्रैफर की आंखों में क्रूरता खोजने लगा था, पर वहां वैसा कुछ न था। सिर्फ कोमलता थी। फिर भी मैं अपने आप से उलझा रहा था। कई दिनों तक। सोचता, शायद उसके नाम और जीवन दर्शन का उत्स दो डाइस से खेले जाने वाले जुए के खेल क्रैप में है।

उठकर खड़ी हो गई थीं। कुछ देर तक तो उलझन में रहीं, फिर शेखरन की पीठ पीछे आकर उसके दोनों कंधों पर आश्वस्ति भरे हाथ रखकर बोलीं, 'डू नॉट वरी शेखरन, डू नॉट वरी। तुम्हें कहीं नहीं जाना पड़ेगा। तुम कभी नहीं जाओगे। तुम मुझसे शादी करोगे।

हम दोनों शादी करेंगे। तुम नया वीसा पा जाओगे। तुम यहीं अमेरिका में रहोगे। मेरे पास। हां, मेरे पास, इस छत के नीचे।'

शेखरन आश्वस्त, मैं चकित। मैंने वृद्धा मिस क्रैफर को देखा तो वह मुझे सब औरतों से अलग लगी। मरियम-सी। करुणा में, कहीं मरियम से भी अलग। मैंने मान लिया कि अब वह कपाट भी खुल जाएगा, जो पिछले चालीस बरसों से बन्द है।







2
* भिक्खु की कहानी
* केदारनाथ सिंह की कविता
* बेंगलूर पुस्तक मेले पर विशेष सामग्री
* और समीक्षाएँ

रविवार्ता

नवभारत टाइम्स, 31 जनवरी, 1993

3
* नाट्य निर्देशक ब.व. कारंत से सुरेश अवस्थी की भेंट
* आड्रे हेपबर्न की याद
* फाग को उठाएगा कौन

किसी भी बड़े अन्तरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव में पिछले दो महायुद्धों से संबंधित कुछ फिल्में न हों, यह असंभव है। योरोपीय मन के लिए ही नहीं, विश्व स्तर पर, इस सदी का शायद सबसे भयानक और कँपा देने वाला अनुभव ये दोनों महायुद्ध रहे हैं। इन युद्धों की विभीषिका ने अपने को सभ्यता और संस्कृति में अग्रणी मानने वाले योरोपीय समुदाय के मन में अपने प्रति जिस गहरे सन्देह और पूरी प्रगति के अर्थ को ही लेकर जिस तरह के बेचैन करते रहनेवाले सवालों को जन्म दिया है उसकी अनेक झलकें योरोप में लगातार बनती रहनेवाली युद्ध संबंधी फिल्मों में देखी जा सकती हैं।

विशुद्ध मानवीय स्तर पर महायुद्धों का अनुभव एक ऐसा आईना है जिसमें हम एक ओर अगर मनुष्य की हिंसा भावना का सबसे स्थायी और शायद सबसे सरलीकृत रूप पाते हैं तो दूसरी ओर ऐसी जटिल ग्रन्थियाँ भी हैं, जो उसकी स्वाभाविक आक्रामकता को सामाजिक स्तर पर अनेक तरह से प्रकट करती हैं। युद्धों का अनुभव मनुष्य जाति के लिए न केवल ऐतिहासिक है बल्कि पौराणिक है। युद्ध भावना के पीछे जिस सुरक्षा और असुरक्षा की मिलीजुली चेतना काम करती है, उसमें आतंक फैलाने या आतंकित होने के बीच अत्यन्त सारगर्भित अन्तर है—इन्हीं अन्तरों के बीच शायद मनुष्य ने कभी-कभी बुद्धिमत्ता और ज्ञान के सबसे मार्मिक प्रसंग भी रचे हैं। 'महाभारत' के बीच गीता जिस गहरे आत्म मंथन और आत्मान्वेषण का नतीजा है, वही शायद मनुष्य जाति के विकास का वह दूसरा समानान्तर इतिहास है जिसने उसे उसी के आतंक और बर्बरता से बचाने की कोशिश की है। युद्ध-विषयक फिल्मों और कलाओं को भी उसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण कोशिश मानते हुए इस फिल्म समारोह की दो फिल्में मुझे खासी प्रभावशाली लगीं।

जर्मन फिल्मकार वोल्कर शोएनडॉर्फ की 1976 में बनी 'द फेटल ब्लो' जो मार्गरीत योर्सनर के उपन्यास पर आधारित है तथा फ्रेन्च फिल्म 'स्नो एण्ड फायर', जिसके निर्देशक हैं क्लोद पीनोतू और जो 1991 में बनी।

युद्ध सम्बन्धी फिल्मों का अगर एक मोटा वर्गीकरण करें तो उपरोक्त दोनों फिल्में बौद्धिक वर्ग की विचारशील ढंग की फिल्में मानी जायेंगी। इनसे भिन्न कोटि में हम इराक-ईरान युद्ध से सम्बन्धित ईरान के फिल्मकार शहराम असदी की 'अविनार' जैसी फिल्म रख सकते हैं जो युद्ध के विरुद्ध भावनात्मक स्तर पर हमें आन्दोलित करती है। और तीसरा वर्ग शायद इस बार दिखायी गयी जर्मन फिल्मकार हेल्मूट डाएट्ल की 'श्टोन्क!' फिल्म की हास्य-व्यंग्य शैली का बनता है जो चार्ली चैपलिन की 'द ग्रेट डिक्टेटर' की परंपरा में रखी जा सकती है। ये सभी फिल्में युद्ध के विरुद्ध सशक्त टिप्पणियाँ प्रस्तुत करती हैं।

'द फेटल ब्लो' में मुख्य पात्र एरिक और सोफी हैं। सोफी की भूमिका में मार्गरीत वॉन ट्रोटा स्वयं एक कुशल फिल्मकार के रूप में भी प्रसिद्ध हैं तथा इस फिल्म का आलेख बनाने में भी सहायक रही हैं। किसी सुदूर गाँव में एक बड़े मकान में युद्ध के पक्ष-विपक्ष का जटिल घटनाचक्र चलता है, साथ ही निजी स्तर पर एरिक और सोफी के बीच प्रेम और उपेक्षा का वह उलझनों भरा द्वन्द्व भी जिसमें अन्ततः एरिक सोफी को गोली मार देने के लिए मजबूर होता है। एक ओर वह सोफी के प्रति गहरा लगाव महसूस करता है दूसरी ओर उसके असामान्य व्यवहार से विक्षुब्धता भी। सोफी एरिक से जिस प्रकार का एकनिष्ठ प्रेम चाहती है उसके लिए, उसे लगता है, एरिक की युद्ध जनित मानसिकता बनी ही नहीं है। शायद दोनों ही एक-दूसरे के बारे में कुछ सही, कुछ गलत, धारणाओं के कारण एक त्रासद अन्त पर पहुंचते हैं।

इतालवी फिल्म 'विक्स' का एक दृश्य

आस्ट्रेलियाई फिल्म 'नन एंड द बैंडिट' का एक दृश्य

युद्ध का छायापट

नयी दिल्ली में 20 जनवरी को समाप्त हुए चौबीसवें अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव में कई फिल्में ऐसी थीं जो युद्ध की छाया में मानवीय कार्य व्यापार को दर्शाती थीं और कई ऐसी, जिनके केन्द्र में स्त्रियाँ थीं। इन्हीं दो तरह की फिल्मों की विवेचना हिंदी के सुपरिचित कवि-कथाकार और फिल्मों के भी गंभीर अध्येता **कुंवर नारायण** यहाँ की है। दरअसल विश्व-सिनेमा में इन दोनों तरह की फिल्मों के माध्यम से हम कई सिने प्रवृत्तियों को भी जाँच-परख सकते हैं। यहाँ प्रस्तुत दोनों लेख ऐसी ही एक जाँच-परख करते हैं और विश्व सिनेमा के कई नए-पुराने आयामों को उजागर करते हैं। ये लेख इस तथ्य को भी रेखांकित करते हैं कि सिनेमा के लिए साहित्य की कसौटियाँ भी कितनी जरूरी हैं।

शोएनडार्फ की फिल्म का तानाबाना बहुत अनूठा नहीं है। महायुद्ध के दौरान माताहारी जैसी फिल्मों के घटनाचक्र की एक धुँधली-सी छाया इस फिल्म पर मँडराती रहती है—एक जगह फिल्म में 'माताहारी' का जिक्र भी आता है, पर वह प्रसंग इस फिल्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। फिल्म के मूल अभिप्राय को शायद एरिक और सोफी के मनोविज्ञान के उन सूक्ष्म तंतुओं में पकड़ना चाहिए जहाँ प्रेम और युद्ध के बीच इतनी पतली विभाजक रेखा होती है कि थोड़ी-सी नासमझी भी मनुष्य को बिल्कुल नष्ट कर दे सकती है। ग्रीक त्रासद नाटकों के लिए ह्यूब्रीस (या हेकड़ी/घमंड) शब्द आया है। मनुष्य की घोर अहमन्यता ही अंततः उसके विनाश का कारण बनती है। एरिक और सोफी एक-दूसरे को ही नहीं, उससे अधिक शायद अपने आप को नष्ट करते हैं, क्योंकि दोनों ही एक-दूसरे को एक दूसरे की नहीं सिर्फ अपनी-अपनी शर्तों पर पाना चाहते हैं—और इस चाहने में मानो प्रेम भी एक भयानक युद्ध में बदल जाता है। प्रेम उनके बीच संभव नहीं हो पाता क्योंकि दोनों के बीच उत्सर्ग और शान्ति का कोई संतुलन नहीं बन पाता।

क्लोद पीनोतू की 'स्नो एण्ड फायर' 1991 में बनी फ्रेंच फिल्म है। दोनों फिल्मों के निर्वाह में समय और देश के फर्क का स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है। फिल्म का आलेख निर्देशक ने दानिएल थाम्पसन के साथ तैयार किया जो फिल्म की पूरी बनावट के साथ निस्संदेह बेहतर व्यवस्थित है। कथानक में 'फेटल ब्लो' से कई मानों में एक ऊपरी समानता है। अगस्त 1944 से मई 1945 के बीच फ्रांस युद्ध के उस विषम समय से गुजर रहा था जब नाजियों से पेरिस की रक्षा की, और आलसेस में युद्ध की निर्णायक घटनायें घटीं। युद्धों के प्रथम दृश्यों में गहरी सजीवता और विवरणों में सतर्कता है। इस अत्यन्त पेचीदा पृष्ठभूमि के साथ उससे भी अधिक एक गहन और जटिल प्रेम कथा को इस तरह बुन ले जाना कि दोनों स्तरों पर दो भिन्न प्रकार के संघर्षों के रेशे बिल्कुल साथ-साथ उभरते चले आएं—शायद इस फिल्म के आलेख, निर्देशन और अभिनय तीनों के पक्ष में पूरी तरह प्रशंसनीय है। एक ओर क्रीस्तीन के प्रति मीशेल और ज्हाक के अत्यन्त मार्मिक प्रेम का त्रिकोण है तो दूसरी ओर फ्रांस को बचाने के लिए तीनों का त्याग और दृढ़ संकल्प। कथानक अद्भुत कुशलता से दो भिन्न स्तरों पर अपनी शक्ति को बनाये रखता है तथा उतनी ही कुशलता से दोनों स्तरों के बीच आवाजाही को भी संभालता है—एक दूसरे की कीमत पर नहीं बल्कि दोनों को दो विषम परिस्थितियों में डालकर उनकी भीतरी शक्ति को और भी उभारते हुए। यह फिल्म इस बार की उत्कृष्ट फिल्मों में अपनी खास जगह बनाती है।

युद्ध सम्बन्धी अधिकांश फिल्मों में यह दृष्टव्य है कि उनमें युद्ध के मनोविज्ञान की अपेक्षा मनुष्य की निजी कोमल भावनाओं पर अधिक दबाव डाला गया है। वीरता, शौर्य जैसे गुणों की अपेक्षा प्रेम और त्याग जैसे गुणों का प्रमुखता पाना कहीं न कहीं उन मानवीय मूल्यों की सिफारिश है जिनके बिना हम युद्ध पर विजय नहीं पा सकते। शायद इस माने में हंगरी के प्रसिद्ध फिल्मकार इस्तवान साबो की नयी फिल्म 'स्वीट एम्मा, डियर बोबे' विभीषिका के अर्थ को सामूहिक आक्रामकता के खिलाफ एक बिल्कुल निजी और मानवीय प्रसंग के स्तर पर परिभाषित और स्थापित करना चाहती है। दो सहेलियां एम्मा और बोबे एक स्कूल में साथ पढ़ाती हैं और साथ ही एक कमरे में रहती हैं। एम्मा स्कूल के हेडमास्टर से प्रेम करती है पर वह उससे प्रेम नहीं करता। वह कुंठा अनुभव करती है, फिर भी आशा को बनाये रखती है। बाद में पता चलता है कि उसकी सहेली बोबे का चरित्र संदिग्ध है जिसके कारण उसे स्कूल और होस्टल में एम्मा का कमरा छोड़ना पड़ता है। बिल्कुल निराश बोबे कमरे की खिड़की से कूद कर आत्महत्या कर लेती है। मरती हुई बोबे से एम्मा के ये बिलखते शब्द अत्यन्त मार्मिक गहराइयों को छूते हैं कि 'नहीं, बोबे नहीं, जिंदगी से सामना करने का यह तरीका हरगिज नहीं है...!' एम्मा को भी स्कूल छोड़ना पड़ता है और बाद में हम एम्मा को रेलवे स्टेशन पर चिल्ला-चिल्लाकर अखबार बेचते देखते हैं—'आज की ताजा खबर...!' वह जिन्दगी से हार मानने को कतई तैयार नहीं।

कहीं साबो इस सचाई को उसकी पूरी गरिमा में स्थापित करने में सफल होते हैं कि असली युद्ध शायद हमारे बाहर नहीं हमारे अंदर है, और असली साहस का मतलब दूसरों को नीचा दिखाना नहीं, अपनी हीनभावना और आत्मदया पर विजय पा सकना है।

चिकुर गरई जलधारा। अभिमुख डरि जनु रोवई अँधियारा।
जहँ जहँ झलकत अंग। तहँ तहँ बिजुरि तरंग

स्त्री की नग्नता को लेकर जो छवियाँ इस फिल्म-समारोह-1993 में सामने आईं उन्होंने मन में कई तरह के सवाल उठाये। भारतीय संस्कृति अगर नग्नता को लेकर किंचित संकोची है तो इसका कारण यह नहीं कि पाश्चात्य 'न्यूड्स' के प्रदर्शन की कला ज्यादा साहसिक और निडर है। साक्षात् 'कामसूत्र' को ही मन्दिरों पर अंकित कर देने वाली हिम्मत से पाश्चात्य कला का साहस अभी भी बहुत पीछे ही है। शायद उस मांसल से थककर ही एक दूसरी तरह की कला का विकास हुआ तो स्थूल से हटकर उस प्रेम की आत्मा तक पहुँचने की कोशिश की जो केवल देह नहीं—उससे परे भी एक सौन्दर्य है। दैहिक से आत्मिक की ओर रुझान बहुत कुछ धार्मिक कलाओं के उदय के साथ जुड़ा रहा है—भारत में भी और योरोप में भी। योरोपीय कलाओं में हम स्त्री की छवि में उस अन्तर को होमर की हेलेन या अफ्रोदीत की मूर्ति और दांते की बिआट्रिस में देख सकते हैं। यह स्त्री की रोमांटिक छवि के उदय का समय था, जिसका एक रूप हम प्री-रफेलाइट (रोज़ेटी) कला में भी देखते हैं।

जिन समाजों और संस्कृतियों में आज भी धार्मिक सवेदना का दबाव अधिक है—जैसे इस्लामिक समाजों में या किसी हद तक भारतीय समाज में—वहाँ स्त्री की छवि अभी भी अपने रोमांटिक

चीनी फिल्म 'फाइव गर्ल्स एण्ड ए रोप' का एक दृश्य

स्त्री और आज का सिनेमा

विद्यापति की 'सद्यःस्नाता' से भारतीय फिल्मों की झिझकती हुई 'अवस्त्रा' तक स्त्री के देह की यात्रा दिलचस्प है। 'माया मेम साहब' या 'इमाक्यूलेट कन्सेप्शन' की हिम्मत करती हुई भारतीय नायिकाओं पर अगर मुझे बिल्हण या कालिदास न याद आकर विद्यापति याद आये तो इसका एक कारण है। संस्कृत काव्य के मांसल और खुले रति प्रसंगों तक पहुँच पाना अभी बहुत दूर की बात है। अगर भारतीय सिनेमा उनकी ओर लौट रहा है—पश्चिम की 'न्यूड्स' की ओर नहीं!—तो शायद वह अभी मध्यकाल तक पहुँचा है जहाँ विद्यापति 'सद्यःस्नाता' को देखते तो हैं पर खुलकर नहीं! ढिठाई से, पर लुके-छिपे, पानी पर पड़ी उसके बिम्ब को एक सुन्दर रूपक में बाँधते हैं:

संस्करण से मुक्त नहीं है। लेकिन बीसवीं सदी का योरोप 'धार्मिक' से जिस 'औद्योगिक' और 'वैज्ञानिक' के तरफ की भौतिक यात्रा है उसने पुनः एक बार स्त्री के दैहिक पक्ष को प्रधानता दी। क्लासिकल युग (प्राचीन ग्रीस और भारत) स्त्री के दैहिक पक्ष में और इस युग के चित्रणों में, एक ऊपरी समानता है। पर जहाँ क्लासिकल कलाओं में 'नग्नता' विशुद्ध मानवीय स्तर पर व्यक्त है, बीसवीं सदी की 'नग्नता' या 'न्यूड्स' औद्योगिक और व्यावसायिक इरादों से जुड़ती है। आज के सिनेमा में भी स्त्री की इस 'मानवीय' और 'व्यावसायिक' छवियों के बीच फर्क साफ देखा जा सकता है।

(पृष्ठ 3 पर जारी)



CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

2
- उपेन्द्र सक्सेना की कहानी
- श्याम दिवाकर की कविता
- भारतीय साहित्य की झलक
- और समीक्षाएं

रविवार्ता

नवभारत टाइम्स, 14 फरवरी, 1993

3
- डिसैंटी मिलेटन की संघावनाएं
- एम.एस. सत्यू से मुलाकात
- बालसाहित्य के लिए जिम्मेदार कौन
- और पहेलियां

आयोजन

16 फरवरी से केन्द्रीय साहित्य अकादेमी का वार्षिक पर्व 'साहित्योत्सव' (फेस्टिवल ऑफ लेटर्स) शुरू हो रहा है। 1954 में जब साहित्य अकादेमी की स्थापना हुई थी तब डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था, भारतीय साहित्य एक है, यद्यपि वह विविध भाषाओं में लिखा हुआ है। तब साहित्य अकादेमी का लक्ष्य भी यही था—साहित्य में एकता को स्थापित करना।

इन चार दशकों में साहित्य अकादेमी ने अनेक पड़ाव तय किये हैं और आज यह एकता के साथ-साथ भारतीय भाषाओं की विविधता को भी बराबर महत्वपूर्ण मानती है, अर्थात विविधता के बीच से ही एकता उभर कर आएगी। इसी केन्द्रीय उद्देश्य को लक्ष्य में रखकर 'साहित्योत्सव' मनाया जाता है, भारत की विभिन्न भाषाओं के प्रतिनिधि रचनाकारों, को एक साथ सम्मानित करके, एक मंच पर बुलाकर, मिल-बैठकर साहित्य की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा करके एकता का प्रयास होता है। देश की 22 भाषाओं को बराबरी की नजर से देख और उनके भीतर से सर्वश्रेष्ठ साहित्य को चुनकर बाहर लाना अपने आप में कम मुश्किल नहीं है। साहित्योत्सव के अवसर पर इस विशाल साहित्य वाटिका में से चुनकर कुछ फूल हम यहां प्रस्तुत कर रहे हैं:

प्रस्तुति: गोविंद सिंह

हिन्दी उपन्यास

ढाई घर

मैं यानी भास्कर राय विसर हरी राय—अपने बेटे रघुबर की बातें सुनता हूं, कुछ कह नहीं पाता। एक तो मेरे सिर के ऊपर से निकल जाती हैं, दूसरे कभी कुछ कहा हो तो अब कहूं। जब विसर था तो कुछ कहने का सवाल ही नहीं आता था। अब पिता हूं [illegible]

[illegible] इसलिए कहता हूं क्योंकि भास्कर राय हूं और तब भी भोगता था और अब भी भोगता हूं। तब से अब तक यही समझकर बैलगाड़ी के नीचे चल रहा हूं कि गाड़ी को चलाने वाला मैं ही हूं—तब जुता था अब हांकता हूं—हंसी आती है—हांकने की बात सोचकर। हालांकि कभी-कभी लगता है कंधे खाली नहीं, जुआ यथावत् रखा है। पर एक बात कहूं कहीं-न-कहीं राय होने की [illegible]

[illegible] है—मन करता है 'सफेद' की तरह दोनों पैरों पर सीधे खड़े होकर हिनहिनाने लगूं—उसे उन्होंने मारा था—ये मुझे मार देंगे—क्या फर्क पड़ता है। इनकी ताकत उनसे कम थोड़े ही है। मैं तो कमजोर ही हुआ हूं.... पर इस भास्कर राय को कहीं से बाहीं भी दोनों हाथों से रास खींचे बैठा है।

जहां तक रघुबर की बात है—कभी-कभी हिनहिनाता है, दौड़ता है—फिर उसके रस्से उसे जकड़ लेते हैं। मुझे लगता है कम-से-कम यह तो उन्हें किसी-न-किसी दिन तोड़ेगा—वो नहीं तो आगे वाले....। कभी-न-कभी तो प्रजा होने के अहसास से और जनतंत्र के भाग्य विधाता बनने के भ्रम से सब मुक्त होंगे।—सवाल यही है, कब?

गिरिराज किशोर

मराठी आत्मकथा

उठाईगीर

एक बार हम लोग करीब नौ दिन से भूखे थे। केवल पानी पीकर जी रहे थे। तब बाबा एक आना कहीं से उधार ले आये। एक छटांक गुड़ वह ले आया और एक बर्तन में काफी पानी डालकर उसमें उस गुड़ को उबाला गया। बाद में इस गुड़ के पानी को हम सबने पी लिया।

उस दिन बाबा हम सबको अपनी बाहों में लिए रोने लगा। उन दिनों मैं दिनभर घूरे पर भटकता। इमली के बीज या आम की गुठलियों को इकट्ठी करता, उन्हें भुनकर खाता। कभी-कभार बाबा या दादा किसी दूसरे गांव जाकर सुअर के किसी पिल्ले को पकड़ कर ले आते। उसे भूनकर सब लोग खा लेते। पेट की इस आग से परेशान मैं कई बार चक्की के दो पाटों पर नमक छिड़ककर उन्हें चाटता।

कई बार तो स्थिति इससे भी बदतर हो जाती। तब दादा, भाऊ, अन्ना, नारूया, तुलसीराम, भीमा सब इकट्ठे होकर दूर किसी खेत में जाते। जहां अच्छी फसल खड़ी हो, उसे पहले ही देख आते। रात में वहां चोरी-छिपे घुसकर भुट्टे, हरी मिर्च, फलियां तोड़कर ले आते। रात में ही चोरी का बंटवारा होता। इस चोरी का पता सवेरे किसी को न हो इसलिए रात में ही भुट्टों को रौंदकर दाने निकाले जाते। चूल्हा सुलगाकर ये कच्चे दाने भुने जाते। चोरी का कोई संकेत न मिले, इसलिए भुट्टों के अवशेष जलाए जाते। उतनी रात औरतें उन दानों को कूटतीं। तब तक मैं चूल्हे पर बड़े बर्तन में पानी रखता। कूटे हुए दाने पकाए जाते और तीन-चार दिन की भूख इस तरह बुझाई जाती। परंतु पेट की आग इससे पूरी बुझती नहीं। सवेरे उठने पर मैं चूल्हे के आसपास बिखरे दानों के कणों को चुन-चुनकर खाता। उन दिनों दो-दो महीनों तक मुझे रोटी नहीं मिलती थी।

[illegible]

से रहेगी, ऐसा हमारे गांव के लोग सोचते। इस कारण इन गांवों के लड़कों की काफी मांग थी। उन्हें लड़की देने के लिए काफी स्पर्धा होती।

हमारी बिरादरी में इन गांवों की प्रतिष्ठा थी। 'उठाईगीरों का कस्बा', 'चोरों का भाड़गांव' आदि नामों से ये गांव जाने जाते। हमारे गांव के लोग केवल आषाढ़ श्रावण में चोरी करते। बाकी दिनों में ये भीख मांगते। मजदूरी तो इन्हीं मिलती ही नहीं थी। मेरा एक भाई और नारूया—जिसे तुलसीराम ने खरीद लिया था—दोनों ही चोरी करना सीख गए थे। मेरी बिरादरी के संभा, भीमा और पांडुरंग के पास गधे थे। वे आठ पंद्रह दिन में एक बार गधों को साथ लिए चक्की टांकने जाते। कुछ मजदूरी मिलती। उनका ठीक था। जब वे काम पर से आते तो पूरी गली भरी हुई लगती।

जिधर देखो उधर गधे और कुत्तों की भीड़। वे काम पर गए कि गली में एकदम खामोशी। तुलसीराम, संभा, पांडुरंग और लिंगा जब लौटते तब हम लोग उनके साथ देर रात तक गपशप करते रहते।

तुलसीराम, संभा कई अनुभव सुनाते। क्या-क्या खाते रहे, कितनी शादियों में गए आदि। शिवणी के पटेल की औरत ने बड़े-बड़े लोटों में किस प्रकार छांछ और मोटी-मोटी रोटियां दी थी, रमजेनपुर की शेवंता ने किस प्रकार भरपेट पुरण-पोली (मीठी रोटियां) खिलाई इसका वर्णन वे करते। उनकी बातचीत सुनकर मुंह से लार टपकने लगती। इच्छा होती कि मैं भी स्कूल छोड़कर इनके संग निकलूं। बाद में पता चलता कि तुलसीराम जानबूझकर ये झूठी बातें हमें बतलाता है। हम भूखे जो थे।

लक्ष्मण गायकवाड़

उड़िया उपन्यास

घरडीह

मंत्री बनने की योग्यता पर सोच रहा था। क्या है, मगर वह योग्यता? मुझ में नहीं है? कुछेक पास करना जरूरी होता होगा शायद। विश्वविद्यालय से कोई खिताब? मगर जो मंत्री-संत्री बने हैं, उनके पास है कोई डिग्री, उपाधि? नहीं। उलटे आलोचना तो यहां तक हुई कि जो लड़का पढ़ा न लिखा, बार-बार फेल हुआ— उसके मां-बाप को चिंता की जरूरत नहीं। क्योंकि वह मंत्री बनने जा रहा है, निश्चित रूप से।

और इधर खूब अच्छा पढ़-लिखकर भी कई लोग मंत्री नहीं बन सके। त्याग है, स्वतंत्रता आंदोलन में धन, जन, मन से भाग लिया है। यूनिवर्सिटी की अच्छी डिग्री है। फिर भी मंत्री बन नहीं सके। कई उदाहरण हैं। निर्मल बाबू की बात याद आ गयी।

निर्मल बाबू ने तो एम.ए. ला पास किया है। एम.ए. में फर्स्ट क्लास। फिर मंत्री तो नहीं बने। उनकी तुलना में रंजू के पिता तो निहायत बौने हैं। क्योंकि वे गोपबंधु दासजी के दल के आदमी हैं। सत्यवादी राष्ट्रीय विद्यालय से जुड़े थे। चाहते तो डिप्टी मैजिस्ट्रेट बन जाते। फिर अंग्रेजी में एम.ए.। चाकरी नहीं की। असहयोग आंदोलन में कूद गये। फिर नमक सत्याग्रह। फिर अगस्त क्रांति। सब में जेल भरते रहे। डिप्टी न सही प्रोफेसर बनते। और कुछ न सही, वकालत करते। घर पर विधवा मां है सिर्फ। धान कूटकर पढ़ाया है, बेटा प्राइमरी से लेकर बी.ए. तक छात्रवृत्ति पाता रहा। अकेली है मां। मां के आंसू कभी सूखते नहीं। चली गयी। बेटा जेल में। गंगाजल तक बेटे के हाथ से न ले सकी। न मुखाग्नि दी।

आज वह कहां है? क्या त्याग नहीं किया? सिर्फ रंजू के पिता ने त्याग किया है? जो मोटर में बैठे धूल उड़ाते चले जाते हैं। और वो?

चरखे की पेटी हाथ में झुलाते यहां से वहां और वहां से यहां। धूप-बरसा की कोई परवाह नहीं। मन में यह शांति है कि मैं सूत्रयज्ञ कर रहा हूं। सूत्रयज्ञ पूरा किये बिना वे खाना नहीं खाते। अपने हाथ से काते सूत के कपड़े पहनते हैं। खरीद कर नहीं। कपड़े भी खुद धोते हैं। आज भी। साठ के उस पार हो गये। कोई दिखावा नहीं। आडंबर नहीं। न गुस्सा, न अहंकार। बस—'मैं सूत कातता हूं।'— इसी गौरव में सारी आशा-अभिलाषाओं की समाधि हो गयी।

देश ने उन्हें क्या दिया? लोग नहीं चाहते वैसे लोगों को। वोट बाक्स खाली पड़े होते हैं इनके। वे पैसा बांट नहीं पाते टाउटरों के [illegible] कहते हैं— 'कोई सड़ा-गला-पुराना कंकाल फॉसिल है। अजायबघर में रहने लायक है यह' और लोग भी शामिल हो जाते हैं उस हंसी में। निर्मल बाबू कुछ नहीं समझ पाते। सरल हृदय। उनका खयाल है कि ये लोग मुझे देखकर खुश हो रहे हैं। आदमी के मन का पाप उन्हें नहीं छू पाता। उनकी धारणा है कि आज भी सब गांधी को चाहते हैं। मानते हैं। जैसे उन्होंने गांधी के मत को सहज और सरलता से अपना लिया है, वैसे ही। तभी तो सोचते हैं वे— रोज नियम से चरखा कातने की बात को लोग खूब महत्व देते होंगे। लेकिन वो तो हंसी की बात बन जाती।

उनके पास मकान नहीं इस शहर में। देहात में है घर। बस एक झोपड़ी। कभी कोई बड़े नेता नहीं जाते वहां। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कोई मेला नहीं लगता वहां। न कोई धान का कुठल्ला है। प्रचार कौन करे? गांधीवाला कहकर कोई परवाह नहीं करता उनकी। ऐसे लोगों को गांधीवादी कहा जाता है— यह भी कई लोगों को पता नहीं।

गांधीवादी तो सारे मंत्री हैं। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री... असली गांधीवाले तो वे हैं। क्योंकि अक्तूबर दो को वे ही जयंती मनाते हैं। तीस जनवरी को सराध करते हैं, साल में दो बार सूत भी कातते हैं। चरखा कबाड़खाने से निकलता है। फिर रामधुन में भाग लेते हैं। लोग जानते हैं कि ये गांधीवाले हैं। क्योंकि उनके हाथ में अखबार है। फोटो छापकर बता देंगे कि वे ही हैं गांधी के धरम के बेटे।

और गांधीवाले कुछ हैं जो क्षमता की राजनीति से बाहर हैं। गांधी तो कांग्रेस के सदस्य न होकर भी कांग्रेस के नेता थे। मगर ये कांग्रेस के नेता नहीं, कार्यकर्ता नहीं और सदस्य भी नहीं। खुद को कई नामों से परिचित करवाते हैं, फिर भी लोग कहते हैं कुंभीपटिया (गेरुवे वस्त्र वाले एक प्रकार के संन्यासी) लोगों के बाद उड़ीसा के इतिहास में इनका स्थान सुरक्षित है। इसका कोई विरोध नहीं कर सकता। ये क्षमता में रहने को राजी नहीं। क्षमता के विरुद्ध अंगुली उठाने में भी संकोच है। मगर हैं ये विप्लवी। सामाजिक अन्याय के विरुद्ध सदा आवाज उठाते हैं।

नित्यानंद महापात्र

साहित्योत्सव की परम्परा

फरवरी 1985: रचनात्मकता और पर्यावरण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
फरवरी 1986: भारतीय साहित्य (अंग्रेजी और अंग्रेजी अनुवाद) पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी
फरवरी 1987: महाभारत पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी
फरवरी 1988: बढ़ती तकनीकी युग में लेखक और उसके पाठक
फरवरी 1989: स्वतंत्रता और लेखक
फरवरी 1990: वर्णनात्मकता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी
फरवरी 1991: भारतीय साहित्य: शताब्दी के अंत में आकलन
फरवरी 1992: वाचिक और शाब्दिक परम्परा
फरवरी 1993: भारतीय युवा लेखन-पर्व

साहित्योत्सव-1993

16 फरवरी: अकादेमी' 92 प्रदर्शनी
17 फरवरी: पुरस्कार अर्पण समारोह
18 फरवरी: लेखक सम्मेलन
18 फरवरी: संवत्सर व्याख्यान 1 और 2 : सहृदय की अवधारणा-विद्यानिवास मिश्र
20-23 फरवरी: भारतीय युवा लेखन-पर्व और काव्य प्रस्तुति। सहभागी विद्वान : भालचंद्र नेमाड़े, जया मिश्र, असद जैदी, एच. एस. शिवप्रकाश, डी. विनयचंद्रन, देवाशीष गोस्वामी, प्रयाग शुक्ल, प्रकाश भाती, वैदेही, लक्ष्मण गायकवाड़, सुदीप बनर्जी, आनंद लाल, प्रेम प्रकाश, अरुण डेरे, मिलिंद एस. बोकिल, सुबोध सरकार, मकरंद परांजपे, अंजन [illegible]
[illegible]
20 फरवरी: [illegible]
22 फरवरी: [illegible]
23 फरवरी: [illegible]

भारतीय साहित्य का वसंतोत्सव

[illegible]

बांग्ला उपन्यास

कलकत्ते के पास

विशाल भवन, पर बिल्कुल सूना-मानो काटने को आ रहा हो। एक को छोड़ सारे कमरे बंद। पर फिर भी श्यामा डर से सिहर जाती थी- यह सिहरना मानो स्वयं में ही एक विभीषिका हो! देवन और राधारानी के चले जाने के बाद से ही क्षमासुन्दरी भी चुप-सी हो गयी थीं, बोलती कम थीं। चुपचाप रोती और आंसू पोंछती रहती थीं। और कभी-कभी आहें भरतीं-लंबी और ऊंची आहें। श्यामा को सूझता न था क्या कहे और कैसे सहारा जताये, सो वह भी चुप ही रहती। वह तीव्र और असहनीय नीरवता तभी टूटती, जब उसका मुन्ना रो उठता था; पर इस डराने सूनेपन में बाल-स्वर के रोने की गूंज एक झूठी अस्वाभाविकता ला देती कि श्यामा डर कर चुप उसे कराने की कोशिश में लग जाती थी।

क्षमासुन्दरी कई बार श्यामा से कह चुकी थीं, 'बेटा ही जब मां से मुंह मोड़ ले, तो तुम पराये घर की होकर क्यों कष्ट भोगती हो बेटी! तुम्हारी क्या जिम्मेदारी! इससे अच्छा तो तुम कलकत्ते वापस चली जाओ बेटी। मेरे दिन जैसे-तैसे कट ही जाएंगे।'

पर श्यामा किसी भी तरह राजी न होती; कहती, 'तो फिर आप भी चलें मेरे साथ कलकत्ते। मेरी मां आपको सर आंखों पर रखेंगी।'

क्षमासुन्दरी संकोच के साथ कहतीं, 'यह मुझे पता है बिटिया। पर इस उमर में दो मुट्ठी दानों के लिए बेटे के ससुराल में बैठ जाना! इससे बड़ी लज्जा की बात और क्या हो सकती है बहू! नहीं यह मुझसे न होगा।'

मुहल्ले के लोग बेटी के नाम पर धिक्कारते थे। उनकी यह सहानुभूति श्यामा के कानों पर तीर जैसी चोट करती थी। पर वह कहे क्या! उसका पति, उसके जेठ जो कुछ हैं, जो भी उनका [illegible]

[illegible] उसके लिए तो पति का प्रतिरूप स्पष्ट याद रखना कठिन होता जा रहा था। अगर याद था, तो केवल इतना ही कि वह सुंदर है- और उसकी संगति व सहचारिता से प्राप्त सुखानुभूति! कुछ घड़ियों में पति का कोई भी दोष उसे याद न रहता था। वह केवल चाहती थी [illegible]

इसी तरह कुछ और महीने बीत गये। एक दिन अचानक कलकत्ते से मां का पत्र आ पहुंचा- उमा का ब्याह है; श्यामा को भेजना संभव है क्या? यदि है, तो रामरूपि किसी को भेज सकती है, उसे लिवा ले जाने के लिए।

क्षमासुन्दरी ने पत्र पढ़कर बहू की ओर देखा, 'बहूरानी, क्या [illegible]'

उमा, उसकी जुड़वा बहन! शैशव और बाल्यावस्था की सहेली, एक ही डाली में खिलते हुए दो फूल! वह उमा, जिसे पल भर भी अलग होती देख श्यामा तड़प उठती थी। मां के दोनों ओर सोती हुई, मां के वक्ष के ऊपर से दोनों एक-दूसरे के हाथ पकड़े रहती थीं। उमा मानो उसके अपने ही अस्तित्व का एक दूसरा स्वरूप ही थी। उसी उमा का ब्याह! श्यामा का तन-मन, उसकी सारी सत्ता, उसी क्षण अपने कलकत्ते में अपने ही उस छोटे-से दो-मंजिले घर की ओर पंख फैलाकर पहुंचने के लिए तड़प उठी, जिसकी छत और बरसाती के साथ उन दोनों के बचपन की सैकड़ों स्मृतियां घुल-मिलकर एक हो गयी थीं।

पर उसी उमा के ब्याह में उसका जाना असंभव था। बहू को मौन देखकर क्षमासुन्दरी ने उसे सहमति ही समझी। एक उदास सी मुस्कान के साथ बोली, 'सोचती हूं कन्यादान में क्या दोगी? प्रतिष्ठा के लिए कुछ न कुछ तो देना ही चाहिए, कम से कम कुंवारी-भात में एक साड़ी तो देनी ही देनी है!'

पृष्ठ-2 पर जारी.

बांग्ला कविता

आह्वान

सीमान्त पर तनी हैं तलवारें
निर्वस्त्र देश के सीने में दहका जाती हैं आग
प्रभुता के नशे में चूर हैं बूट।

अहंकार से ऐंठे चेहरे का चुरुट
समूह में बंधे जनता के हुंकार-ज्वार में
पलक झपकते डूब जायेगा।

हम लोगों के मुट्ठीबंद हाथ के जवाब में
मुक्ति की दीवार खड़ी हो जायेगी जोरदार विरोध में
काले कुहासे में नजर पड़ गयी है धुंधली
सदियों से सींची गयी नफरत खाकी वर्दी में
और इस्पाती झिलम वाली देह से
बढ़ती चली आती है आस्तीन।

कर्ज में डूबे किसानों के घर-घर में कुण्डली मारे बैठा है अकाल
भारी रोष है, इसीलिए
हल जोत नहीं पाते जमीन, ढीली पड़ी हैं दोनों हाथों की मुट्ठी।
बस्ती के नीचे हिस्से के होंठों पर है जम्हाई
तन गयी है, बेसहारा दरिद्र घर में भूखी मौत की भृकुटी।

खामोश हैं करोड़ों कण्ठ के गान,
गुस्त और बीमार पड़ी है धमनी—
थम गयी है जोरदार खन्ती
अब भी तुम काहिल बने बैठे हो।
सोये दोस्तों को जगाओ, खून में उनके आग जले अब,
बन्दी सेनापति, और आज तरकस है खाली।

'अग्निकर्ष' से

सुभाष मुखोपाध्याय

खून निकलते मसूड़े.

इन्हें नज़रअंदाज़ करने का

नतीजा हो सकता है, दाँत गँवा देना.

है तो यह ताज्जुब की बात मगर सच्ची: दाँतों की सड़न के मुकाबले मसूड़ों के रोग की वजह से दाँत गिर जाना ज़्यादा आम बात है.

आप के मसूड़ों और दाँतों के बीच बैक्टीरियल प्लाक के जमाव से इस की शुरुआत होती है. नतीजा यह कि मसूड़े सूज जाते हैं और उन से खून आने लगता है. वक्त के साथ, बैक्टीरिया दाँत और मसूड़ों के बीच के टिश्यूज़ पर हमला कर, सहारा देने वाली हड्डी को कमज़ोर बना देते हैं जिससे कि दाँत गिर जाता है.



इसलिए अगर आप के मसूड़ों से खून आता है तो इस समस्या का इलाज फ़ौरन शुरु कर दीजिए.

प्रस्तुत है नया मेंटाडेंट जी

मसूड़ों की सुरक्षा के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय खोज. नया मेंटाडेंट जी एक टूथपेस्ट है जिसमें 2 ऐंटी -बैक्टीरियल ऐजेंटों का मिश्रण मौजूद है.

यह अनोखा डबल ऐक्शन आप के मसूड़ों के किनारों से प्रवेश कर प्लाक हटाता है. मसूड़ों की सूजन को और उन से खून

निकलना बंद करने में मदद करता है. यहां तक कि ब्रश करने के समयों के बीच प्लाक के दोबारा जमाव को भी रोकता है. अत: हर बार जब आप मेंटाडेंट जी से ब्रश करते हैं, आप के मसूड़ों को पूरा पूरा इलाज मिलता है.

मेंटाडेंट जी डॉक्टरी जाँच द्वारा प्रमाणित है जिससे मसूड़ों से बार बार निकलता खून कम से कम 90% तक बंद हो जाता है.

इस के अतिरिक्त यह आप के दाँतों की सड़न से सुरक्षा कर के



उन्हें मज़बूती देता है.
मेंटाडेंट जी से नियमित ब्रश कीजिए. क्योंकि मसूड़े स्वस्थ मजबूत तो दाँत भी स्वस्थ मजबूत.

NEW BREAKTHROUGH
MINT FLAVOUR
mentadent G
for gum protection
CLINICALLY PROVEN FORMULA

मसूड़ों को स्वस्थ रखने के लिए डॉक्टरी जाँच द्वारा प्रमाणित टूथपेस्ट

दाँतों के सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए कम से कम छह महीने में एक बार अपने डेंटिस्ट से अवश्य मिलें.
अधिक जानकारी के लिए मेंटाडेंट साइंस डिवीजन, पो. ऑ. बॉक्स 541, बंबई - 400 001 को लिखें.

हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड का एक उत्कृष्ट उत्पादन

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कहानी

राजेन्द्र सक्सेना

भीतर का आदमी

उस दिन गाड़ी काफी लेट चल रही थी। दिसम्बर की शाम वैसे भी जल्दी गहराने लगती है। अभी छह ही बजे थे, लेकिन बाहर अंधेरा छाने लगा था।

दूसरे दर्जे के उस स्लीपर कोच में खिड़की के सहारे बैठे दिवाकर बाबू एक एक कर स्टेशन से गुजर रहे थे। उनकी यह व्यग्रता पत्नी से छिपी नहीं थी। दमयन्ती ने अन्ततः पूछ ही लिया, 'कब तक पहुंचेंगे? शाम तो नहीं हो गई?'

'कुछ नहीं कह सकते। अभी तो किशनगढ़ भी नहीं आया है।' दिवाकर बाबू ने कहा। फिर सामने बैठे सरदारजी से पूछा—'यह आज का पेपर है न साहब?'

'जी हां।' सरदार जी ने उत्तर दिया।

'अब अजमेर में कर्फ्यू तो नहीं है?'

'नहीं। कर्फ्यू नहीं है।' सरदारजी ने अखबार दिवाकर बाबू को दे दिया।

'आप अजमेर जा रहे हैं?' सरदारजी के पास बैठे हुए एक प्रौढ़ सज्जन ने पूछा।

'जी हां। और आप?'

'मुझे तो आगे जाना है। अजमेर में कहां जाएंगे?'

'फाईसागर रोड। जनता कालोनी। वहां मेरे लड़के की पोस्टिंग हुई है। पहली बार जा रहे हैं।'

'स्टेशन से काफी दूर है न?' दमयन्ती ने पूछा।

'जी हां यही कोई आठ किलोमीटर दूर है। आपने बेटे को अपने पहुंचने की सूचना तो दे दी है न?'

'जी हां।'

'पर आजकल डाक का भरोसा नहीं है। तार ही दूसरे तीसरे दिन पहुंचता है।' प्रौढ़ सज्जन ने टिप्पणी की।

'सुनो जी, अगर सुरेश को हमारी चिट्ठी नहीं मिली, तो क्या करेंगे। अनजान जगह है फिर ऊपर से यह दंगा।'

'पहुंचेंगे तब देखेंगे।' दिवाकर बाबू झुंझला कर बोले—'मैंने तो कहा था, अभी कुछ दिन ठहरकर चलेंगे। अब चिन्ता के मारे तुम मरी जा रही हो।'

'ठहर कर जाने से क्या होता? फिर बहू के पूरे दिन हो चुके हैं। सुरेश ने तुरंत पहुंचने को लिखा था। न जाने कब मेरी जरूरत आ पड़े। फिर अपने किस दिन के लिए होते हैं।' दमयन्ती के मन में फिर एक आतंकित प्रतीक्षा शुरू हो गई थी। उन्हें लगने लगा था, वे देर से पहुंची हैं, और बहू को सचमुच कुछ हो गया है। एक गहरी आशंका सिर उठाने लगी।

दिवाकर बाबू ने अखबार उलट पलट कर देखा। फिर उसे तहा कर सरदारजी को लौटा दिया। उसे पढ़ने में उनका मन ही नहीं लगा। आजकल क्या भरोसा? कब, और कहाँ, क्या हो जाए साहब। सारा माहौल ही बिगड़ा हुआ है।' दिवाकर बाबू ने कहा। तभी ट्रेन की अचानक गति धीमी पड़ने लगी और रेंगती हुई वह रुक गई।

'क्या हुआ' दमयन्ती ने पूछा।

'शायद सिग्नल नहीं हुआ है।' दिवाकर बाबू ने आश्वस्त करना चाहा।

'हां साहब, कभी भी, कहीं भी, और कुछ भी हो सकता है।' बात सरदारजी से दिवाकर बाबू ने कही थी, किन्तु उत्तर उन्हीं प्रौढ़ सज्जन ने दिया था।

अब दिवाकर बाबू ने सरदारजी को गौर से देखा जो निर्लिप्त भाव से बैठे हुए थे। पता नहीं? शायद यह खालिस्तान समर्थक हो? आतंकवादी भी हो सकता है। कौन जाने?

'आप दिल्ली में क्या करते हैं साहब।' सरदारजी की तटस्थता दिवाकर बाबू को खलने लगी थी।

'दिल्ली में मेरा ट्रांसपोर्ट का बिजनेस है।' कहते हुए सरदारजी अपनी सीट से उठ गए और डिब्बे का दरवाजा खोलकर झांकने लगे।

ट्रेन का इस प्रकार निर्जन में खड़े रहना दिवाकर बाबू को बहुत खल रहा था। फिर वे उन प्रौढ़ सज्जन को घूरने लगे। पता नहीं। यह कौन है। पहनावा तो हिन्दू जैसा जान पड़ता है। भाषा भी हिन्दी है। किन्तु लहजा उर्दू का है। शायद मुसलमान भी हो सकते हैं। 'आपका शुभ नाम क्या है भाई साहब?' उन्होंने पूछ ही लिया।

'नाचीज को शकील अहमद कहते हैं। और आपका इस्मशरीफ?'

'मैं दिवाकर हूं। दिवाकर शर्मा।'

दिवाकर बाबू को अफसोस हुआ, वे सज्जन हिन्दू क्यों नहीं निकले? उनके मन में एक असुरक्षा की भावना पुनः उदय होने लगी। इंजन ने एक लम्बी सीटी दी, और एक झटके के साथ ट्रेन फिर चल पड़ी। वे प्रौढ़ सज्जन कुछ मुस्कुराए और फिर दमयन्ती के चेहरे को निहारते हुए बोले—'मिसेज शर्मा काफी परेशान दिखाई दे रही हैं।'

'ऐसी परेशानी की तो कोई बात नहीं भाई साहब। किन्तु आप जानते हैं, औरतों का दिल वैसे ही जरा कमजोर होता है। दरअसल इन्हें अपने बहू-बेटे की कुछ अधिक ही चिन्ता है। फिर इस दंगे के समाचार ने और भी फिक्रमंद कर दिया है इन्हें।'

'आप फिक्र न करें। अल्लाह सब अच्छा ही करेगा। फिर दुनिया में आदमीयत अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है शर्मा साहब। अच्छे इंसान को अच्छे इंसान मिल ही जाते हैं। इन सारे बटवारों से आदमीयत का बंटवारा तो नहीं हो जाता। हरगिज नहीं।'

'आपका विचार बहुत अच्छा है। फिर भी आज के जमाने में इस सबकी उम्मीद बहुत कम की जा सकती है।' दिवाकर बाबू के मन में हिन्दू और मुस्लिम प्रश्न को लेकर पुनः एक भावनात्मक द्वंद्व उठने लगा था।

'अरे साहब, हिन्दू और मुसलमान सभी एक नाव पर सवार हैं। एक का अहित होगा तो दूसरे का हित कहां महफूज रहेगा? फिर आप तारीख उठाकर देखिए, हमारे इस मुल्क में हिन्दू-मुसलमानों में हमेशा झगड़ा रहा है, ऐसा तो नहीं है। आपस में मेल-जोल और मुहब्बत भी रही है। यह दरार तो सियासत करने वालों ने पैदा की है। मैं तो अपने को आज सबके बीच 'इनसिक्योर' फील नहीं करता।'

'वह बीता हुआ कल था भाई साहब। कालेज के दिनों में मेरे भी कई मुस्लिम दोस्त थे। बहुत अजीज। अब वैसे रिश्ते कहां रहे हैं?' मन ही मन दिवाकर बाबू उस मोहक अतीत में खोने लगे थे। सचमुच तब वह कैसा जुड़ाव था? एक मोहबंध? तब उन संबंधों में न कोई निषेध था, और न वर्जना? वह कितना स्वाभाविक था? त्यौहारों, उत्सवों और खुशी और गमी में कैसी साझेदारी थी? कुछ क्षणों के लिए उस अतीत की कल्पना कर उन्होंने आंखें मूंद लीं। और फिर वर्तमान में वे लौट आए थे।

दमयन्ती को इस बातचीत में जरा भी रुचि नहीं थी। वे बराबर खिड़की के उस पार अंधेरे में दृष्टि गड़ाए बैठी थीं कि कब अजमेर का स्टेशन आए और कब वे बेटे के घर पहुंचें।

'आपकी घड़ी में क्या बजा है?' यह निरर्थक प्रश्न वे फिर पूछ रही थीं, निरर्थक इसलिए कि हर आधे घंटे के बाद वे पति से यही पूछती रहती थीं।

'सात बज चुके हैं।' दुविधाग्रस्त दिवाकर बाबू को घड़ी देखकर समय बताना अच्छा नहीं लग रहा था।

अन्ततः ट्रेन स्टेशन पर पहुंच ही गई। डिब्बे से उतरकर दिवाकर बाबू ने चारों तरफ अपनी दृष्टि दौड़ाई। उनकी निगाहें सुरेश को खोज रही थीं। 'आया सुरेश?' दिवाकर बाबू स्वयं अटैची और होल्डाल उतार रहे थे। उनके पीछे-पीछे ट्रेन से उतरते-उतरते दमयन्ती पूछ रही थी। 'दिखाई नहीं दिया।' बुझे-बुझे स्वर में दिवाकर उत्तर दे रहे थे। जिस स्टेशन पर कुलियों की भरमार रहती थी, वहां आज कोई कुली भी दिखाई नहीं दे रहा था।

ट्रेन से उतरने-चढ़ने वाले यात्री भी गिने-चुने थे। जगह-जगह पुलिस नजर आ रही थी। किसी तरह अपना सामान उठाए दिवाकर बाबू गेट पर टिकट देकर बाहर हाल में पहुंचे।

'शायद सुरेश को चिट्ठी नहीं मिली?' दमयन्ती ने फिर कहा। 'ऐसा ही लगता है।' वे बोले। फिर पास खड़े पुलिस वाले से उन्होंने पूछा 'शहर में कर्फ्यू तो नहीं है भाई?' पुलिसमैन ने उन्हें ऊपर से नीचे तक देखा। फिर उत्तर दिया, 'जी नहीं, रात के नौ बजे तक कोई कर्फ्यू नहीं है।' दिवाकर बाबू ने सड़क के उस पार देखा लोग जल्दी आ जा रहे थे। कुछ कारें और आटोरिक्शा तेजी से इधर-उधर दौड़ रहे थे। सभी को कहीं न कहीं जाने की जल्दी थी। सामने के क्लॉक टावर में आठ बज रहे थे। दिवाकर बाबू सर्क्यूलेशन एरिया का पूरा चक्कर लगा चुके थे कोई आटोरिक्शा खाली दिखाई ही नहीं दे रहा था। अगर नौ बज गए तो पूरी रात स्टेशन पर ही बितानी पड़ेगी। फिर आठ किलोमीटर जाने में समय भी तो लगेगा। वे मन ही मन चिंता में डूबे जा रहे थे। तभी एक आटोरिक्शा उन ओर आता दिखाई दिया। उनकी आंखों में आशा की एक किरण जैसे चमक उठी।

रेखांकन: उदयशंकर

'आटोरिक्शा खाली है?' वे लगभग दौड़ते-दौड़ते उस ओर पहुंचे।

'जी हां।' दिवाकर बाबू आटोरिक्शा चलाने वाले को भरपूर दृष्टि से देख रहे थे।

'कहां जाइएगा?'

'फाईसागर रोड, जनता कालोनी।' कहते-कहते दो तरह के विचार उनके मस्तिष्क में कौंध गए। शायद आटोरिक्शा वाला मना ही कर दे। शायद गरजमन्द समझकर मनमाने पैसे वसूल करे? फिर दंगा फसाद के दिनों में लोग नाजायज फायदा उठाते ही हैं।

'जरूर चलेंगे साहब।'

'आपसे ज्यादा नहीं लेंगे। वही बीस रुपये। रेट से ज्यादा नहीं है।'

अब आटोरिक्शा वाला नीचे उतर कर आ खड़ा हुआ था।

'ठीक है, हम बीस ही रुपये देंगे। दमयन्ती ने कहा और वह आटोरिक्शे में बैठने को हुई। किन्तु दिवाकर बाबू की नजर अब भी आटोरिक्शा वाले के चेहरे और पहनावे पर गड़ी हुई थी। वे उसे भांपने लगे, यह हिन्दू है या मुसलमान। सूरत से तो हिन्दू लग रहा है। पर मुसलमान भी हो सकता है। आजकल पता ही कहां चलता है? सोचते-सोचते उनका सिर चकराने लगा। वे समझने की कोशिश कर ही रहे थे कि दमयन्ती ने कहा—'अब सोच क्या रहे हो। देखो आठ से ज्यादा बज रहे हैं।' फिर जल्दी-जल्दी सामान रखकर वे आटोरिक्शा में जा बैठे।

'आज आपका अकेले का आटोरिक्शा ही दिखाई दे रहा है।' दिवाकर बाबू शिकायत करने के लहजे में बोले।

'जी हां। शहर में तीन दिन से लगातार कर्फ्यू था। आज ही कर्फ्यू में नौ बजे तक की ढील दी गई है। मैं भी नहीं निकलता, किन्तु मजबूरी थी। कब तक घर में बैठा रहूं? खाने को रोटियां भी चाहिए।'

'घर में कौन-कौन है भाई' दिवाकर बाबू ने आरोपित अपनत्व से पूछा।

'बीवी है, चार बच्चे हैं और एक बुढ़िया, वह भी तपेदिक की मरीज है हुजूर।'

दिवाकर बाबू को अब विश्वास होने लगा, हो न हो, यह आटोरिक्शे वाला मुस्लिम ही होगा। 'तुम्हारा नाम क्या है भैया?' उन्होंने हिम्मत करके पूछ ही लिया।

'जी मुझे रहमान कहते हैं।'

आटोरिक्शे वाले का उत्तर सुनकर पति-पत्नी दोनों ही फिर चिन्ता में डूबने लगे। 'आजकल किसका भरोसा किया जाए।' मन ही मन दिवाकर बाबू को एक विचित्र बेचैनी का अनुभव होने लगा।

अचानक पास की गली में भागते हुए लोग दिखाई दिए और चीखें सुनाई पड़ने लगीं। उनको देखादेखी बदहवास से लोग सड़क पर भी दौड़ते नजर आने लगे। दूकानदार अपनी दुकानों के शटर गिराने लगे। देखते-देखते सड़कें वीरान हो गईं।

'शायद फिर दंगा हो गया है हुजूर'—रहमान की आवाज कांपने लगी थी—'मगर आप जरा भी फिक्र न कीजिए। मैंने आपको अपने आटोरिक्शा में चढ़ाया है तो मंजिल तक पहुंचा कर ही दम लूंगा। दुनिया में ईमान भी कोई चीज है हुजूर।'

कहते-कहते रहमान मियां ने अपना आटोरिक्शा पीछे की तरफ मोड़ लिया। और कुछ ही पलों में एक तंग गली में आटोरिक्शा जा घुसा।

समवेत स्वर में चीखें फिर सुनाई देने लगीं थीं। दूर से आती हुई। 'भागो जल्दी दंगा हो गया है।' बगल में किसी ने भागते-भागते सावधान किया और तभी आटोरिक्शा तेजी से दौड़ते-दौड़ते उछला। दिवाकर बाबू गिरते-गिरते बचे। फिर उन्हें लगा कि किसी ने जैसे उनकी पीठ में छुरा भोंक दिया है। और वे जमीन पर गिर पड़े हैं, खून से लथपथ। दमयन्ती चित्कार कर रो पड़ी है। और उस जाड़े में भी पसीने से उनका शरीर भीगने लगा था। रहमान मियां ने आटोरिक्शा का गीयर बदलते-बदलते कहा—'कितना बड़ा पत्थर था हुजूर। इस अंधेरे में दिखाई नहीं दिया। आपको जरूर तकलीफ हुई होगी।'

आटोरिक्शा वाले की इस बात से दिवाकर बाबू जैसे किसी दुःस्वप्न से उबर रहे थे। उन्हें एहसास होने लगा, वे नाहक परेशान हो गए थे।

'यह लीजिए साहब। जनता कालोनी यही है। मकान नम्बर क्या है?'

और दिवाकर बाबू टुकर-टुकर रहमान मियां की तरफ देख रहे थे। जैसे कुछ भी कहने की शक्ति नहीं थी उनके पास।

कविता

श्याम दिवाकर

गाँव, चौपाल और गाँव का मुखिया

गाँव
गोबर की ढेर पर
उग आया कुकुरमुत्ता/अलग-थलग
समय की धार से कटा हुआ
पर अपने-आप में सार्थक
जीवन-रस से/परिपूर्ण होने का/भ्रम पाले हुए।

चौपाल
गाय-बैलों का तबेला
याकि घुड़साल
सुगिया की फटी अंगिया में
झांकती आँखें
रस पाने लगी है जहाँ
कानाफूसी कुटेव और कामुकता में
कभी-कभी
चैता और कजरी
के बोल पर ऊँघता होने
न होने के बीच/डोलता हुआ।

गाँव का मुखिया
सत्ता की रखैल
खेत से खलिहान तक
दनदनाता हुआ
सबके दुःख/सुख में
आँसू बहाता हुआ
दुखिया/सुखिया/मुनिया/मिनिया/
या किसी और-और को
अपने होने का
अहसास
दिलाता हुआ/आज भी जीता है।

जागेगा गाँव
सुलगेगा चौपाल
और जलकर/छार-छार होगा
मुखिया।

पंजाबी उपन्यास

दुखांत

सर्किट हाउस वापस आकर मैंने अपनी पत्नी से जिक्र किया। उसकी मर्जी थी कि जब तक ठीक ढंग का घर न मिले, हमें सर्किट हाउस में ही रहना चाहिए। दो कमरों में गुजारा होगा? मिलने-मिलाने वालों का भी तो खयाल करना है।

लेकिन कमरे तो तीन थे। तीसरा कमरा बरामदे को ढककर बनाया गया था। तीन आदमी बैठे तो चौथे के लिए गुंजाइश नहीं रहती थी। उस जैसे ही कमरे— सामने वाले फ्लैट में तो वह औरत बैठी थी। दूध से भरी छलक रही जिसकी छातियों में से एक बच्चा दूध पी रहा था। एक और बच्चा दूध पी रहे बच्चों से जरा बड़ा सामने खड़ा अपना अधचबाया बिस्कुट मां के दांतों में ठिका रहा था और उससे बड़ी एक लड़की पीढ़ी के पीछे खड़ी मां के बालों में कंघी कर रही थी। घने काले गज-गज लम्बे बाल उससे सम्भाले नहीं सम्भलते थे।

और मेरी राय थी, ये फ्लैट हमें अपने हाथों से नहीं जाने देना चाहिए। एक दिन, दो दिन और फिर मेरी पत्नी भी राजी हो गयी। सर्किट हाउस के एक कमरे से अपने दो कमरे तो हर हालत में बेहतर थे, मैं उसे बार-बार याद दिलाता था। और फिर इस फ्लैट में तो तीन कमरे थे, तीसरा छोटा ही सही, पर कमरा तो था।

और हम उस फ्लैट में आ गये।

फ्लैट में आए बाद में और हमारा दम पहले घुटने लगा। मेरी पत्नी बार-बार खफा होती, बार-बार कुढ़ने लगती। दरी-कालीन बड़े थे, लेकिन कमरे छोटे थे। पलंगों को अन्दर करना मुश्किल था। बड़े सन्दूकों को टेढ़ा करके अन्दर घुसाया गया, रेफ्रिजरेटर के लिए कोई जगह नहीं थी, क्योंकि बरामदा इस घर में नहीं था। बरामदे की कुर्सियों का क्या किया जाए? हार कर मैंने कालीन रेफ्रिजरेटर, बरामदे की कुर्सियां, मेज और शेष ढेर-सा फर्नीचर दफ्तर के गोदाम में जा रखा। अब मेरी पत्नी को समझ न आती कि सोने का कमरा कौन-सा बनाए, खाने का कमरा कौन-सा और गोल कमरा कौन-सा। 'कमरे तो बीच में दो हैं,' वह बार-बार कहती। कमरे दो क्यों थे? बरामदे को ढककर बनाए कमरे से बैठक का काम लिया जा सकता था।

एक दिन, दो दिन और हमने अपने आपको फ्लैट की मजबूरियों के मुताबिक ढाल लिया। कुछ अपनी जरूरतों को कम कर लिया, कुछ अपने मन को समझा लिया।

एक तो फ्लैट तंग था, दूसरे ये पड़ोसी शोर कितना करते थे। हर समय चीख-पुकार मची रहती— सुबह-शाम। इधर से दिन निकलता, उधर से वे नौकर को आवाजें देने लग जाते। नौकर उठते-उठते उठता, लेकिन मालिक एक बार पुकारता और फिर जैसे उसका मुंह बन्द ही न होता। आवाजें लगाता खफा होने लगता। मेरी पत्नी सुनती और कानों में उंगलियां दे लेती। यूं ही एक दिन सुबह मैं दफ्तर जा रहा था कि पीछे से किसी कारण एक बच्चे ने उसे आवाज दी— 'बापूजी!' और बापूजी ने लौटकर उसे दायें-बायें चांटे मारने शुरू कर दिये। काम पर जा रहे उसे पीछे से आवाज क्यों दी गयी थी? बच्चा चीखा। दूसरा उसे छुड़ाने के लिए बढ़ा, उसको भी एक-दो लग गये। और फिर घर में कोहराम मच गया। इस तरह का शोर हर वक्त होता रहता। मेरी पत्नी बार-बार मुझे कहती, मैं उसे समझाऊं। इस तरह हर समय चीख-पुकार मचाना कोई शराफत नहीं थी। मैं हमेशा [illegible] ... पड़ोसी हमें दिख जाता, शिकायत मेरे होंठों तक आती, पर वो चित्र— पीढ़े पर एक औरत बैठी। दूध से भरी छलक रही जिसकी छातियों में से एक बच्चा दूध पी रहा। एक और बच्चा दूध पी रहे बच्चे से जरा बड़ा सामने खड़ा अपना अधचबाया बिस्कुट मां के दांतों में टिका रहा और उससे बड़ी एक लड़की पीढ़े के पीछे खड़ी मां के बालों की कंघी कर रही। घने काले गज-गज लम्बे बाल उससे सम्भाले नहीं सम्भलते— ये चित्र मेरी आंखों के सामने आता और मुझे सब कुछ भूल जाता। मैं अपने पड़ोसी के मुंह की ओर देखता रहता। वह मेरी आकर देखकर मुस्करा देता।

एक तो शोर बहुत करते थे, दूसरे गन्दे थे,— बेहद गन्दे। [illegible] कोई रहता है।

सुबह-शाम चूल्हा सुलगाकर सीढ़ियों में रख देते। धुआँ टूटकर जैसे हमारे घर में आ घुसता। हम खिड़कियां बन्द करते, लेकिन धुआं तब भी भर जाता। हर रोज मेरी पत्नी खफा होती, हर रोज मैं कुढ़ता। सीढ़ियां तो जैसे उनकी निजी जायदाद हों। सीढ़ियों के [illegible] का फालतू सामान वहाँ जमा किया हुआ था। मुर्गे-मुर्गियां शाम को यहीं आकर बैठते थे, यहीं बीठें करते थे। और जो जगह बचती थी, उस पर बाबूजी की साइकिल रहती थी। सीढ़ियाँ उतरते-चढ़ते उनके बच्चे दीवारों पर अनाप-शनाप जो मन में आता, लिखते रहते। कहीं किसी फिल्मी गाने के कोई बोल, कहीं कोई गाली, जो उन्होंने किसी से सीखी होती। सीढ़ियों में ही बच्चे खेलते थे, एक-दूसरे से लड़ते पट-पट सीढ़ियां उतर जाते, खट-खट सीढ़ियां चढ़ आते। सीढ़ियों में ही थूकते थे, नाक साफ करते थे। घर से मार खाकर आये, घंटों बैठकर रोते रहते। और सीढ़ियां चढ़कर ऊपर वाले स्थान पर उनका नौकर विराजमान होता, अँधेरे-सवेरे सोया रहता था या उसका बिस्तर बदबू छोड़ रहा होता।

कर्तार सिंह दुग्गल

बांग्ला उपन्यास

कलकत्ते के पास

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

'माँजी, मुझे नहीं जाना है।'

'नहीं जाना है? क्यों बेटी?' पूछ तो लिया, क्षमासुन्दरी के स्वर में जो शंका व्यक्त हुई, वह मानो इस कारण से कि बहू कहीं यह निर्णय बदल न डाले।

आँखें नीची कर श्यामा ने कहा, 'क्या पहनकर जाऊँ माँजी? गहने तो सब वहीं पड़े हैं- हैं भी या नहीं, इसका भी क्या पता! बनारसी साड़ी तक वहीं छोड़ आई हूँ। कितनों को जवाब दे पाऊँगी माँजी! और फिर, आपके बेटे के बारे में भी क्या बताऊँगी? कन्यादान वाली बात तो है ही! इसके अलावा, आपको किस के पास अकेली छोड़ जाऊँ?'

'खैर, वह तो कहानि की दो रात यहां लेटने के लिए कहा जा सकता है। पर बाकी बातें तो...?' कहकर चुप हो गयीं और फिर एक लंबी सांस लेकर बोलीं, 'खोटे भाग्य तुम्हारे बहू! चलना सगी बहन का ब्याह और तुम्हारी माँ का अंतिम शुभ-कार्य- उसमें भी जाना न हो पायेगा! मेरे भी फूटे करम जो तुम्हें भेज नहीं पा रही हूँ। सही ही तो है, क्या पहनकर जाओगी? कन्यादान भी क्या करोगी। और तुम्हारी माँ के लिए भी क्या कहूँ- उन्होंने दिया तो कम न था!'

फिर थोड़ी देर बाद, उसकी पीठ सस्नेह सहलाती हुई बोलीं, 'हाँ बेटी, एक बात कहनी थी। पति के बारे में बात करते हुए 'फलाने का बेटा' या 'फलाने का बाप' तुम्हें नहीं कहना चाहिए। इससे निंदा होती है।'

अगले कुछेक दिन श्यामा खोई-खोई रही, सम्मोहन जैसी अवस्था में रही। उसकी देह केवल यहाँ रही, आत्मा मानो [illegible] सब कुछ उसकी आँखों के सामने ही हो रहा हो। जरूरत नहीं, आँखें मूंदकर वहाँ चलती हुई घटनाओं को अनुभव करने की। चाहे आँखें यहाँ की किसी चीज या व्यक्ति पर लगी हुई हों, पर दीखती है वहाँ की कोई घटना। दीदी आई है, साथ में जीजाजी और मुन्ना! बड़ी मौसीजी भी अपने नामी लोटे को साथ लिये बैठी हैं, रसोई की चौखट पर-बाल-विधवा हैं, मन में आग की ज्वाला समाये, आज यहाँ कल वहाँ आना-जाना करती हैं, चैन से कहीं टिक पाना उनके लिए संभव नहीं; इस विशाल विस्तृत संसार में कोई सहारा नहीं, उस विशाल लोटे को छोड़, न ही है कोई आश्रय और न ही कोई संपत्ति! तीन-चार बेकन्नी की थान-साड़ियां और वही लोटा-यही है उनकी कुल संपत्ति, कुल घरबार!

ब्याह का दिन जितना नजदीक आता गया, श्यामा की आकुलता उतनी ही बढ़ती गई। क्षमासुन्दरी उसे देखतीं और आड़ में आँसू पोंछतीं। ब्याह के दिन श्यामा अस्थिर हो उठी। सुबह होते ही उसके रोने के स्वर से क्षमासुन्दरी की नींद टूट गयी। बाहर आयीं और देखा कि श्यामा भूमि पर पड़ी बिलख-बिलख कर रो रही है-आज सारा धैर्य टूट चुका है, आँसुओं पर कोई रोक असंभव है। क्षमासुन्दरी बोलें न बोल पायीं कोई शब्द ही न था उनके पास, सहारों का। उन्होंने केवल उसके पास बैठकर, उसका सिर बरबस ही अपनी गोद में रख लिया। श्यामा सारी रात सो ही न पायी थी। रात जागतीं, जब सारी पड़ोसन, सहेलियाँ, बहुएँ सब्जी काट रही थीं, तो उस समय श्यामा भी मानो वहीं थी- तो फिर नींद कैसी! और, जब जल-सहन की घड़ी आयी तो वह रोके न रुक पाई! उमा का ब्याह और श्यामा वहाँ नहीं! यह भी संभव हो गया!

गजेंद्र कुमार मित्र

सिंधी आत्मकथा

मेरे जीवन के सुनहले रुपहले पन्ने

हिन्दुस्तान में आने के बाद सबसे पहले हम जोधपुर गये। वहाँ से बड़ौदा आ गये, बाद में उठकर बम्बई चले आये। बम्बई से हर साल एक माह के लिए हम महाबलेश्वर जाकर रहते थे। कभी-कभी माथेरान या लोना वाला भी जाते थे। महाबलेश्वर जाने के लिए पूना भी जाना पड़ता था। नया अनुच्छेद सन् 1960 के बाद 'अखिल भारत सिन्धी बोली और साहित्य सभा' से सम्बन्धित होने के कारण यात्राएं करनी पड़ती थीं या फिर सम्मेलन, लेखक सेमिनार, या नाटक उत्सव करने के कारण किसी न किसी शहर में जाना पड़ता था। इसीलिए गांधीधाम, अहमदाबाद, जयपुर, अजमेर, उज्जैन, इन्दौर, भोपाल, बैरागढ़, जूनागढ़, लखनऊ, कानपुर, कलकत्ता, बैंगलोर, नड़ियाद, माउंट आबू, आदि स्थानों पर जाना पड़ा। दौरा करते समय मस्तानी बनकर फिरना पड़ता था। रात को बस में, दिन में बैठक और शाम को उत्सव। अधिकांश यात्राएं कीरत बाबाणी के साथ कीं। उत्तम या मालती के साथ तो केवल सम्मेलन के निमित्त, बम्बई से सम्मेलन वाले शहर तक ही जाना होता था। मालती अनावश्यक रूप से काम नहीं लेता था, किन्तु कीरत को काम के सिवाय कुछ सूझता ही नहीं था। मिन्थियत के आन्दोलन निमित्त जहाँ कहीं भी कीरत के साथ जाना पड़ा है, वहाँ शहर घूमना तो क्या, सूंघना भी नहीं होता था। वहाँ केवल मीटिंग वाली जगह ही देखने को मिलती है।

सिन्धीतर लोगों की तरफ से लेखक-सम्मेलन का जब निमंत्रण आता था तो मैं केवल प्रपत्र लिखकर भिजवा देती थी। कभी-कभी सर्व-लेखिका सम्मेलनों में शामिल होती थी। इस सिलसिले में नैनीताल व हैदराबाद दक्खिन जाना पड़ा। सिन्धीतर साहित्यकारों की ओर से सम्मान मिलने की स्थिति में एक बार पूना, दूसरी बार अचल कांजी (कोल्हापुर) और तीसरी बार नैनीताल भी गयी थी।

[illegible] जीवन और कामकाजी जीवन को मैं कभी भी मिलाती नहीं हूँ। [illegible] भ्रमण का एक भी स्थान नहीं देखा। अहमदाबाद में लगभग पच्चीस-तीस बार गयी हूँगी, वहाँ केवल दयाल मोटवाणी के घर और धर्मशाला जहाँ मीटिंग या संगोष्ठी का आयोजन होता, के अतिरिक्त तीसरा स्थान नहीं देखा।

इसीलिए परिवार के सदस्यों के साथ अलग से घूमने-फिरने के लिए निकलती हूँ। उस समय मैं कामकाजी व्यक्ति से नहीं मिलती हूँ। जब व्यक्तिगत तौर पर घूमने निकलती हूँ तब कश्मीर, शिमला, ऊटी, गोवा आदि की तरफ ही घूमने जाती हूँ।

सन् 1949 में मेरा भाई मोती सिंगापुर गया और सन् 1955 में धमू हाँगकाँग गया। मैं 1960 में पहले सिंगापुर फिर हाँगकाँग गयी। उस समय मैं सिन्ध मॉडल स्कूल की नौकरी छोड़कर गयी थी। मैंने सोचा, दोनों में से किसी एक स्थान पर रहने का निश्चय करूँ, लेकिन मैं हाँगकाँग से मनीला जा ही रही थी तब प्रिंसिपल अजवाणी का पत्र वहाँ पहुँचा कि आकर 'ईन्टरव्यू' दो! मेरे भाइयों ने बहुत रोका, परन्तु मैं भारत लौट आयी और पार्ट-टाईम बान्द्रा नेशनल कॉलेज और पार्ट-टाईम कामर्स कॉलेज (चर्चगेट) में नौकरी शुरू कर दी।

उसके बाद हिन्दुस्तान के बाहर कई बार गई हूँ। पूरब में सिंगापुर, हाँगकाँग, बैंकाक, जापान, मलयेशिया, इण्डोनेशिया आदि तथा पश्चिम में इंग्लैण्ड, फ्रांस, स्पेन के 'कैनरी आइलैण्ड्स, इत्यादि देशों का भ्रमण किया है।

अनेक बार विचार आता है कि अब बस, इसके बाद बाहर नहीं जाऊँगी, लेकिन एक तो पैरों में शनिश्चर है और दूसरा भाई टिकट भेज देता है, जिसके कारण प्रायः बाहर जाती रहती हूँ।

घूमते समय लड़की की भाँति सभी स्थान और सभी बातें भाइयों के साथ-साथ देखती हूँ। एक बार जापान में मुझे होटल में छोड़, मेरे भाई 'ब्लू फिल्म' देखने गये। मुझे बताया तक नहीं कि कहाँ जा रहे हैं। बस नौ बजे ही ओसाका के रॉयल होटल में मुझे छोड़कर कहा, 'तुम अपने कमरे में जाकर सो जाओ!' मैंने अपने कमरे में प्रवेश किया ही था कि फोन आया कि अमुक चीज देखोगी? 'हाँ' करने पर मुझे ले गये, परन्तु मुझे कोई खास मजा नहीं आया कि ये देख क्या रहे हैं! कभी लड़कियों की टाँगें तो कभी...पेरिस में नाइट क्लब्स के टिकट एक साथ थोक में लेते हैं तो सस्ती पड़ती हैं। हम लोगों के साथ दो बसों में अमेरिकी यात्री भी थे। जब चौथी क्लब में देख रहे थे, तब उनमें से अनेक उसे देखने में दिलचस्पी ही नहीं ले रहे थे। पाँचवीं क्लब में तो देखने के बदले सभी खाने-पीने में लग गये। फ्रेंच शराब या शैम्पियन के बड़े प्याले, हर सैलानी को निःशुल्क मिलते हैं और अन्तिम क्लब में आलीशान डिनर। मैंने उनसे कहा कि सामने झरने में 15-16 नग्न युवतियाँ तैर रही हैं, उनकी ओर तुम्हारा ध्यान आकृष्ट नहीं होता? तो वे हँसने लगे। बोले, अमेरिका में इस प्रकार की क्लबें नहीं हैं, लेकिन क्या हमने यह सब देखा नहीं?

एक विद्यालय की शिक्षिका थी। मैंने उससे पूछा तुम क्यों आयी हो? बोली-'जैसे तुम आयी हो! संसार में जो कुछ चल-फिर रहा है, उसे देखने में क्या हर्ज है?'

पोपटी रामचंद हीरानन्दाणी

अंग्रेजी उपन्यास

साँप और रस्सी

5-4-54: नहीं, मुझे ईश्वर की नहीं, बल्कि गुरु की जरूरत है। 'हे प्रभु, मेरे गुरु, मेरे प्रभु,' मैं इस कष्टकर सर्दी की रात में चिल्ला पड़ा। आखिरी रात थी; अप्रैल की हवाएँ चलने लगी थीं, लक्समबर्ग के पेड़ क्रंदन कर रहे थे। तुम उन्हें वैसे ही सुन सकते थे जैसे कुमारी अंतरीप में देवी के तीन महासागरों को। 'प्रभु, प्रभु, मेरे गुरु, पधारो, मुझे बताओ, मुझे स्पर्श करके मुझ पर कृपा करो,' मैं चिल्लाया, सत्य की सुन्दर झाँकी। 'प्रभु, मेरे प्रभु।'

मैं नहीं जानता कि मैं कहाँ गया था, लेकिन मैं वहाँ प्रसन्न था, क्योंकि वह धूप वाले सुहावने दिन और विस्तृत श्वेत नदी की तरह मुक्त और व्यापक था। मैं वाराणसी पहुँच गया था- वाराणसी मैं गंगा में से निकला था और ज्योतिर्मय संसार को, अपने घर को देखा। मैंने चाँदी की नौका देखी और केवट का चेहरा मैं जानता था। मैं उसका चेहरा जानता था जैसे कोई गहरी नींद में भी अपना चेहरा जानता है। उसने मुझे पुकारा और कहा, 'पुत्र, बहुत देर हो गई है, बहुत देर। मैंने तुम्हारी बहुत प्रतीक्षा की है। आओ, हम चलें।' मैं चला गया, और मेरे बंधु, मेरे मित्र, मैं कहता हूँ कि मैं वापस नहीं आऊँगा। मैं वहाँ गया हूँ जहाँ से कोई वापस नहीं आता। वापस आने के लिए तुम नहीं होंगे। क्योंकि यदि तुम हो तो तुम कहाँ वापस आ सकते हो? मेरे भाई, मेरे बंधु, क्या तुम्हें सूर्य का प्रकाश दिखाने के लिए मोमबत्ती की जरूरत है? मैंने दूसरा सूर्य देखा है; यह लाखों सूर्यों से भी उज्ज्वल है। यह नदी-तट पर बैठता है, यह सत्य के निराकार रूप में है; यह बिना चले चलता है, बिना बोले बोलता है, बिना अंग संचालन के गति करता है, बिना कोई नाम दिए व्यक्त है, जो ज्ञात है उसका उद्घाटन करता है। मैं इसे सत्य के पास ले जाया गया और उसका दास बन गया। मैंने इसके पावन चरणकमलों की सुगंध को चूम लिया और स्वयं को शिष्य कहा।

यह घटना, यह घटना बहुत पहले घटी थी- ओह, इतनी पहले कि जब से मैंने स्वयं को जाना है। जब से सत्ता ने अपने आपको सत्ता के रूप में जाना है, मैंने इसे जाना है। यही वह उपहार है जो याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी को दिया था, यही वह उपहार है जो गोविन्द ने शंकर को दिया था। यही वह उपहार है जो उसने, मेरे प्रभु ने, मुझे दिया। प्रभु, मैं इसके योग्य बन सकूं। प्रभु, स्वामी! हे सत्यधाम!

राजा राव

तेलुगु कहानी

स्वर्ण कमल

एडुकोंडलु तालाब में उतरा। शरीर को मिट्टी से रगड़कर धोता रहा। बारिश में भीगे सिर को मलकर तालाब के जल में डुबकी लगाते संतुष्टिपूर्वक स्नान किया। अपने वस्त्रों को शरीर पर निचोड़ते हुए तालाब की मेड़ पर आ पहुँचा।

तब तक बाल भास्कर आसमान पर थोड़ा और ऊपर सरक आया था। कमल पुष्पों को अंगोछे पर सूर्य के अभिमुखी बनाकर सजाता गया; तब तक सारे कमल खिल गये।

एडुकोंडलु केवल दस संख्या तक की गिनती जानता है। उसने दस-दस के हिसाब से गिनती की। योग—सौ कमल थे।

एडुकोंडलु ने विस्फारित नयनों से एक बार उन फूलों का अवलोकन किया।

उन अरुण व श्वेत कमलों पर सूर्य किरणें इस प्रकार चमचमा रही थीं, मानो उन पर सोने का पराग छिड़क दिया गया हो। उसकी आँखों को थोड़ी देर के लिए वे पुष्प स्वर्ण कमल ही प्रतीत हुए।

ओह, तब तो ये सब स्वर्ण पुष्प हैं! स्वर्ण कमल पुष्प हैं! उसका मन आनन्द के मारे नाच उठा।

क्या ये पुष्प मुखिया के पोते के द्वारा पूजा किए जाने वाले विनायक के लिए हैं?

एडुकोंडलु का मन हताश हो गया।

आज तक उसने कभी पूजा नहीं की और न किसी के द्वारा पूजा करते हुए देखा ही था।

एडुकोंडलु के मन में एक भावना-लहरी कौंध गयी। ऐसे रमणीय पुष्पों से वही स्वयं पूजा करे तो?

उसकी देह में भय का संचार हुआ और ऐसा प्रतीत हुआ कि उसकी रीढ़ की हड्डी में बिजली का तार छू गया हो! उसकी देह में रोमांच हो उठा।

पुनः उसने अपने आपको सँभाल लिया। [illegible] याद उसे एक संदेह हुआ।

पूजा करने के वास्ते विनायक कहाँ?

विनायक के बिना पूजा कैसे की जाये?

विद्युत की भाँति एक भावना मन में उदित हुई।

जमीन पर जल छिड़क कर दो वर्ग गज का क्षेत्र साफ किया। अपनी उँगली से विनायक का चित्र खींचने का प्रयत्न किया।

विनायक कैसे होंगे?

बैठने की मुद्रा में चित्र खींचने का प्रयत्न किया। चित्र खींचते-खींचते आखिर उसने अपने मन में कल्पना की, विनायक की सूंड अमुक प्रकार की होगी। तब उसने 'ओ' वर्ण की भाँति चित्र खींचा। फिर उसने दो वर्ग गज के क्षेत्र को कमल पुष्पों से भर दिया। उस दृश्य को देख वह पुलकित हो उठा।

स्वर्णिम पराग छिड़क दिया गया हो। कमल पुष्पों पर सूर्य की किरणें इस प्रकार दमक रही हैं, मानो उन पर एडुकोंडलु का हृदय अनिर्वचनीय आनन्द से उत्फुल्लित था। उसके नयनों में प्रसन्नता द्युतिमान थी। उसका शरीर पुलकित हो रहा था।

एडुकोंडलु ने उन पुष्पों के सामने लेटकर साष्टांग दण्डवत् किया। दोनों हाथ माथे पर रखकर प्रणाम किया।

'भगवान! हे भगवान! ये स्वर्ण पुष्प हैं। स्वर्ण कमल हैं। मैं आपको अर्पित करने के लिए कष्ट उठाकर ले आया हूँ।'

उसने अपनी आँखें बंद कर लीं।

उन बंद आँखों में स्वर्ण कमल तैर रहे हैं।

आँखें खोलकर देखा—वे ही स्वर्ण कमल प्रत्यक्ष थे—जिधर दृष्टि पड़ी, सर्वत्र स्वर्ण कमल दर्शित हो रहे हैं।

आई. सरस्वती देवी

हाल के वर्षों में साहित्य अकादेमी पुरस्कार प्राप्त रचनाकारों की रचनाओं से उद्धृत।

लघुकथा

औरत से भी बड़ी बला

कथा तो कोई नयी नहीं है। बात भी पुरानी है, बाबा आदम के जमाने की। हाँ, सन्दर्भ कुछ नया है, पर उतना नया भी नहीं है। कारण कि गालिब का जमाना अब हमारे लिए काफी कुछ पुराना पड़ चुका है।

गालिब वैसे तो कोई कथाकार नहीं थे, लेकिन कथा से उनका रिश्ता बहुत करीबी था, इतना करीबी कि वे कई कथाओं के नायक ही नहीं, जन्मदाता भी रहे। ऐसी ही एक कथा है।

हुआ यह कि एक दिन मिर्जा गालिब को अपना घर बदलने की सूझी और जब सूझी तो उपयुक्त घर की तलाश शुरू हो गयी।

दिल्ली में मकानों की तंगी हमेशा से रही है। सो, गालिब को भी मकान के लिए बहुत पापड़ बेलने पड़े। उनके एक दोस्त ने उनके लिए जो घर उपयुक्त समझा, उसे देखने के लिए एक दिन मिर्जा गालिब जा पहुँचे। घर का सब कुछ तो उन्होंने देख लिया, लेकिन जनानखाना नहीं देख सके। देखते भी कैसे, उनकी बेगम साथ जो नहीं थीं। मकान मिलने के लिए जमानियां तब भी जरूरी हुआ करती थीं। अपनी बेगम को साथ लेकर एक दिन फिर उसे देखने के लिए गये और बेगम को जनानखाने भेज दिया।

जनानखाना देखकर थोड़ी देर बाद बेगम साहिबा लौटीं तो उनका मुँह फूला हुआ था। गालिब ने उनका मुँह यों अकारण फूल जाने का कारण पूछा तो वे बोलीं, 'लोगों का कहना है कि इस घर में बहुत बड़ी बला है।'

'आपसे भी बड़ी?'

'क्या मतलब?' बेगम ने सतर्क होते हुए कहा।

'हसीन औरत से भी बड़ी कोई और बला होती है क्या?'

'इस घर में वही तो है।' गालिब की बेगम ने तपाक से कहा और मुस्कराती हुई चल दीं।

बलराम

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कविता

श्रीकांत जोशी

शिखर से

शिखर! सुनो
तुम्हारे कलंकों और कारनामों से
इस भूखण्ड के करोड़-करोड़ जन
हजार-हजार सत्तासीन मन
बे-ईमान हो उठे हैं
विभागों, संस्थाओं, सेनाओं
और सेवाओं के अधिपति।
सामान्य भृत्य,
सड़क-सड़क सहमते हुए जीवन
अपने उजले-उजले दामनों के बावजूद
आत्महीन, संशयाक्रान्त और बेगुमान हो उठे हैं।
सोचते हैं भाल में खोदेते हुए सलवटें
जिसे सगरमाथा की तरह हिमोज्ज्वल होना था
वह ही काले अंधकारों से बदतर बदबूदार है
हम ही क्यों रहें धवल नवल
क्यों न लें उत्कोच

क्यों न दें साथ उस आतंकजन का
जो शराफत के साथ खूंखार है?
यहाँ तो, सुन रहे हो न शिखर?
धधक रही है घर-घर
शताब्दियों से बुभुक्षा—
जो मिटायी न जा सकी स्वाधीनता की जय से,
हमें हक है बे-ईमान होने का
तुम्हारी वजह से!
पर नहीं
हरगिज नहीं
टूक-टूक होकर भी टुकड़ों पर नहीं टूटेंगे हम
हटा कर रहेंगे तुम्हें और तुम्हारी गन्दगी
यह राष्ट्र कभी नहीं कर सकता तुम्हारी बन्दगी।
हम खड़े रहेंगे अपने पैरों
अपने अभय से,
स्वच्छ करके रहेंगे
विक्रमादित्य का आसन
अपनी आदमीयत
अपने ईमान
याने
अपने भारतवर्ष की जय से।
शिखर! सुनो!!

समय बोध

अब कुछ ऐसा समय-बोध है
जिन संकेतों में प्रकाश है
उनका पल-पल पर विरोध है।

शपथ किरण की किन्तु गुहाओं
से भय-कंपित शंखनाद हैं
एक सचाई के विरोध में
तरह-तरह के तंत्र, वाद हैं
प्रमुख मार्ग पर सन्नाटे हैं
गुप्त पथों पर सबके आश्रय
मुख पर चिकने चुस्त मुखौटे
मन में कायर विवश क्रोध है।
अब कुछ ऐसा समय बोध है।

व्यक्ति लुप्त है किन्तु भीड़ के
आचरणों के सब ही कायल
किसे फिक्र है भीड़, भीड़ है
रीढ़ जहां रहती है घायल

कुछ को दुख है उनका बर्तन
अब भी 'थोड़ा-सा' खाली है।
शब्द-अर्थ के संयोगों में
दुर्निवार अंतर्विरोध है।
अब कुछ ऐसा समय बोध है।

जहां वास्तविक भूख वहां पर
संघ नहीं, आवाज नहीं है।
उनका कैसा कल क्या परसों
जिन लोगों का 'आज' नहीं है।
शिखर -शिखर पर उछल रहा है
बेमिसाल अंधा बौनापन।
कोने-कोने में शक के गढ़

भय से अनगढ़ नयी पौध है।
अब कुछ ऐसा समय बोध है।
जिन संकेतों में प्रकाश है
उनका पल-पल पर विरोध है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कविता

श्रीकांत जोशी

शिखर से

शिखर! सुनो
तुम्हारे कलंकों और कारनामों से
इस भूखण्ड के करोड़-करोड़ जन
हजार-हजार सत्तासीन मन
बे-ईमान हो उठे हैं
विभागों, संस्थाओं, सेनाओं
और सेवाओं के अधिपति।
सामान्य भृत्य,
सड़क-सड़क सहमते हुए जीवन
अपने उजले-उजले दामनों के बावजूद
आत्महीन, संशयाक्रान्त और बेगुमान हो उठे हैं।
सोचते हैं भाल में खोदेते हुए सलवटें
जिसे सगरमाथा की तरह हिमोज्ज्वल होना था
वह ही काले अंधकारों से बदतर बदबूदार है
हम ही क्यों रहें धवल नवल
क्यों न लें उत्कोच

क्यों न दें साथ उस आतंकजन क़ा
जो शराफत के साथ खूंखार है?
यहाँ तो, सुन रहे हो न शिखर?
धधक रही है घर-घर
शताब्दियों से बुभुक्षा—
जो मिटायी न जा सकी स्वाधीनता की जय से,
हमें हक है बे-ईमान होने का
तुम्हारी वजह से!
पर नहीं
हरगिज नहीं
टूक-टूक होकर भी टुकड़ों पर नहीं टूटेंगे हम
हटा कर रहेंगे तुम्हें और तुम्हारी गन्दगी
यह राष्ट्र कभी नहीं कर सकता तुम्हारी बन्दगी।
हम खड़े रहेंगे अपने पैरों
अपने अभय से,
स्वच्छ करके रहेंगे
विक्रमादित्य का आसन
अपनी आदमीयत
अपने ईमान
याने
अपने भारतवर्ष की जय से।
शिखर! सुनो!!

समय बोध

अब कुछ ऐसा समय-बोध है
जिन संकेतों में प्रकाश है
उनका पल-पल पर विरोध है।

शपथ किरण की किन्तु गुहाओं
से भग्न-कंपित शंखनाद हैं
एक सचाई के विरोध में
तरह-तरह के तंत्र, वाद हैं
प्रमुख मार्ग पर सन्नाटे हैं
गुप्त पथों पर सबके आश्रय
मुख पर चिकने चुस्त मुखौटे
मन में कायर विवश क्रोध है।
अब कुछ ऐसा समय बोध है।

व्यक्ति लुप्त है किन्तु भीड़ के
आचरणों के सब ही कायल
किसे फिक्र है भीड़, भीड़ है
रीढ़ जहां रहती है घायल

कुछ को दुख है उनका बर्तन
अब भी 'थोड़ा-सा' खाली है।
शब्द-अर्थ के संयोगों में
दुर्निवार अंतर्विरोध है।
अब कुछ ऐसा समय बोध है।

जहां वास्तविक भूख वहां पर
संघ नहीं, आवाज नहीं है।
उनका कैसा कल क्या परसों
जिन लोगों का 'आज' नहीं है।
शिखर -शिखर पर उछल रहा है
बेमिसाल अंधा बौनापन।
कोने-कोने में शक के गढ़

भय से अनगढ़ नयी पौध है।
अब कुछ ऐसा समय बोध है।
जिन संकेतों में प्रकाश है
उनका पल-पल पर विरोध है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

फांसी की कला और शैली : एक विवेचन

श्रीलाल शुक्ल

लगभग पचीस साल पहले आस्ट्रेलिया में मुख्य न्यायाधीशों की एक सभा में पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस कार्नेलियस ने सुझाव दिया कि सजा के तौर पर अपराधियों के शरीर के अंग काट देने चाहिये और उसके लिये सर्जरी की आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जाना चाहिये। इससे लोगों का मनोरंजन तो हुआ पर सुझाव को अनदेखा कर दिया गया। वास्तव में यह सुझाव उस निर्भीक न्याय व्यवस्था पर आधारित है जो बदले की भावना से लबरेज है और निस्सन्देह इसमें इस्लामी परम्पराओं का भी योगदान है। साथ ही इसमें आधुनिक शल्यक्रिया के प्रयोग की भी बात है। एक तरह से यह प्राचीन और अर्वाचीन का सुखद समन्वय है। अफसोस है कि भारत तक में जहाँ ऐसी नयी पुरानी चीजों की खिचड़ी हजम करके समन्वयवादी होने का गर्व किया जाता है, इस सुझाव की खपत नहीं हुयी।

अब इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस मार्कण्डेय काटजू ने एक दूसरा सुझाव दिया है। बलात्कार और हत्या के एक क्रूरतापूर्ण मामले में अभियुक्त की जमानत नामंजूर करते हुये उन्होंने राय दी कि ऐसे जघन्य अपराधों में अपराधी को सार्वजनिक स्थान पर फांसी दी जानी चाहिये। ऐसा कहकर उन्होंने कोई आदेश नहीं दिया, न न्यायिक व्यवस्था ही बदली, सिर्फ सुझाव भर दिया। अब इसे मनोविज्ञान का दूषित प्रभाव कहें या कुछ और, अपराधी के प्रति हम इतना दयालु होने लगे हैं कि खुद उन्हीं के सहयोगी न्यायमूर्तियों ने इसे भावना का आवेग बताकर छोड़ दिया। पर मैं इस सुझाव से पूर्णतः सहमत हूं, जस्टिस कार्नेलियस से भी काफी हद तक सहमत था।

इसके कई कारण हैं। पहला तो यह कि मैं विधायिका को झगड़ालू, कार्यपालिका को भ्रष्ट और न्यायपालिका को विश्वसनीय मानने का आदी हूं, अतः उसकी बात से सहमत पहले हो ...

... कारण यह है पर पहले छठे कारण को कुछ और स्पष्ट कर दिया जाए।

पारम्परिक इस्लामी न्यायविधि में सार्वजनिक स्थलों पर अपराधी को कोड़े लगाने, उसका अंग भंग करने या उसे फांसी पर चढ़ाने का निषेध नहीं है। हमारी प्राचीन दण्ड व्यवस्था भी इसमें पीछे नहीं है। गड़बड़ी ब्रिटिश दण्ड पद्धति ने की जिससे जेल की चहारदीवारी के भीतर अपराधियों को दण्डित करने का चलन चला। इसलिये आज जब कई तरह से अल्पसंख्यकों को दण्डित करने का मनोबल गिराने की कुछ लोग साजिश कर रहे हैं तो सजा के मामले में यह नयी व्यवस्था उन्हें भरोसा दिलायेगी कि यहां सार्वजनिक रूप से सूली पर चढ़ाकर प्राचीन भारतीय परम्परा को ही नहीं इस्लामी परम्परा को भी छाती से लगाया जा रहा है। वैसे हमारी इस समन्वयवादी दण्ड विधि से पाकिस्तान पर भी अच्छा प्रभाव पड़ेगा। इस प्रकार फांसी की मध्यकालीन शैली अपनाकर

कुछ जमीन पर, कुछ हवा में

दोनों देशों में हम उस सद्भावना की नींव डालेंगे जो हम किताबों और पत्रिकाओं के आदान प्रदान तक में नहीं दिखा पाये हैं। हमारे पारस्परिक सद्भाव की शुरुआत अब नयी शैली की फांसी से होगी जो वस्तुतः दोनों संस्कृतियों की पुरानी शैली है। अब सातवां कारण सुनिये। यह कुछ कलात्मक है यानी नाट्यकला से संबंधित है। खुले चौराहे पर भीड़ के सामने अपराधी को फांसी देने से नाटक पैदा होगा। हो सकता है कि कोई अचानक जल्लाद के पांव पकड़ ले और कहने लगे कि फांसी मुझे दी जाय, असली खूनी मैं हूं। पुराना साहित्य ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। 'मृच्छकटिक' नाटक में चारुदत्त सूली पर चढ़ाया जाने वाला था, अचानक शोर मचा कि वसन्तसेना का गला शकार ने दबाया है और चारुदत्त की बला शकार के गले मढ़ी गयी। 'अन्धेर नगरी चौपट राजा' में तो सार्वजनिक बातों के बहाव में बाबा के चेले की जगह खुद राजा ही सूली पर चढ़ गया। उधर 'चौरपंचाशिका' में जो चोर राजकुमारी के कक्ष में घुसने के जुर्म में सूली पर चढ़ाया जा रहा था वह राजकुमारी के साथ रतिप्रसंग पर रस से लबालब कविता सुनाकर सजा से तो छूटा ही बोनस में राजकुमारी को भी ले गया। फांसी के सार्वजनिक आयोजन की ये कई सम्भावनाएं हैं, जिनका नाट्यकला की उन्नति की आशा के साथ मैं स्वागत करता हूं।

कैदखाना और बुलबुल की आवाजें

मौलाना अबुल कलाम आजाद अहमदनगर के किले में जब नजरबंद थे तो उन्होंने अपने दोस्त ... को कई खत लिखे थे। ... खत 'गुबारे खातिर' के नाम से एक किताब की सूरत में छपे। ... 1959 में प्रकाशित हुआ। ... (22 फरवरी) ... मौलाना का ... याद दिलाता है।

किलए-अहमदनगर
11 अगस्त, सन् 1942 ई.

मुकद्दस (पवित्र) दिन समझा जावे। मसीहियत और इस्लाम ने भी यह तातील कायम रखी। सो हमारे हिस्से में भी सब्त का दिन आया अगर हमारी तातीलें इस तरह बसर हुईं गोया ख्वाजा शीराज के दस्तूर उल अमल (कार्यक्रम) पर कार (काम) बंद रहे।

न गोयमत कि हमा साल मयपरस्ती कुन
सिह माह मय खुर ओ नुह माह पारसा मीबाश

(मैं तुझसे यह नहीं कहता कि पूरे साल भर शराब पी बल्कि तीन महीने शराब पी और नौ महीने त्याग और संयम का जीवन बिता)

वक्त के हालात पेशे-नजर रखते हुए इस तनासुब पर गौर करता हूं तो ताज्जुब होता है। इस पर नहीं कि सात बरस आठ महीने कैद ओ बंद में क्यों कटे? इस पर कि सिर्फ सात बरस आठ महीने ही क्यों कटे?

नाला अज बहरे-रिहाई न कुनद मुर्गे-असीर
खुरद अफसोस जमीने के गिरफ्तार न बूद।

(पिंजरे में बंद पंछी रिहाई के लिए चीख-पुकार नहीं करता बल्कि इस बात का अफसोस करता है कि जिस जमाने में आजाद था काश कि वो भी गिरफ्तारी का जमाना होता।)

वक्त के जो हालात हमें चारों तरफ से घेरे हुए हैं उनमें इस मुल्क के बाशिंदों के लिए जिंदगी बसर करने की दो ही राहें रह गयी हैं। बेहिसी (अनुभूतिहीन) की जिंदगी बसर करें या अहसासे-हाल (परिस्थितियों की अनुभूति) की। पहली जिंदगी हर हाल में और हर जगह बसर की जा सकती है, मगर दूसरी के लिए कैदखाने की कोठरी के सिवा और कहीं जगह न निकल सकी। या सब, अगर इन कर्दा गुनाहों की सजा है।

सन् 1916 में जब यह मुआमला पेश आया तो मुझे पहली मर्तबा मौका मिला कि अपनी तबीयत के तास्सुरात (प्रभाव) का जायजा (जांच) लूं। उस वक्त उम्र के सिर्फ सत्ताइस बरस गुजरे थे। 'अलहिलाल', 'अलबलाग' के नाम से जारी था दार-उल इरशाद कायम हो चुका था। जिंदगी की गहरी मशगूलियतें चारों तरफ से घेरे हुए थीं। तरह तरह की सरगर्मियों में दिल अटका हुआ था और इरादों और ख्वाहिशों की गर्मजोशी से बोझल था। अचानक एक दिन दामन झाड़कर उठ खड़ा होना पड़ा और मशगूलियत की डूबी हुई जिंदगी की जगह कैद ओ बंद की तन्हाई (एकांतता) और बेतअल्लुकी (संबंध विच्छिन्नता) इख्तियार कर लेनी पड़ी। बजाहिर इस नागहानी (अप्रत्याशित) इन्कलाबे-हाल (परिस्थिति का परिवर्तन) में तबीयत के लिए बड़ी आजमाइश होनी थी। लेकिन वाकया यह है कि नहीं हुई। आबाद घर छोड़ा और एक वीराने में जा बैठे रहा।

नुकसां नहीं जुनूं में, बला से हो घर खराब
दो गज जमीं के बदले, बयाबां गरां नहीं।

लेकिन फिर कुछ अर्से के बाद जब इस सूरते हाल (परिस्थिति) का रद्दो-बदल शुरू हुआ तो मालूम हुआ कि मुआमला इतना सरल न था जितना इब्तदाये हाल की सरगर्मियों में महसूस हुआ था। और उसकी आजमाइशें अभी गुजर नहीं चुकीं, बल्कि अब पेश आ रही हैं।

—अबुल कलाम

किलाये-अहमद नगर
2 मार्च, सन् '43 ई.

सदीके मुकर्रम

...

—अबुल कलाम

साहित्य अकादेमी से छपी पुस्तक 'गुबारे खातिर' से साभार

साम्प्रदायिकता के बरक्स कलाकार बिरादरी की साँसत

विष्णु नागर

जवाब पाते हैं। लेकिन सवाल यह है कि इसे सुनाये कैसे? पहल कैसे और कहाँ से की जाये?

फिलहाल इस सांसत में पड़े लेखक-कलाकार आज के हालात पर वक्तव्य जारी कर रहे हैं। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिलकर बम्बई के हालात पर अपनी परेशानी बता रहे हैं। ...

Electrical Appliances/ SPARES Mfrs./Suppliers
We need Mixer-Juicer Grinder, Washing Machine and other Electrical Appliances and Spare Parts ... Reputed ...
G.E. Post Box 5767 New Delhi-110 055

सुखमय विवाहित जीवन के लिए
हीरो फार्मेसी (रजि.)

PII शेव का

दो बड़े शायर, दो बड़ी किताबें

दिल्ली की हिंदी अकादमी ने हाल ही में 'रिंदे मीर' और 'यादगारे गालिब' प्रकाशित की हैं। ...

संस्कृति समाचार

18 फरवरी को त्रिवेणी कला संगम में ...

—प्र.शु.

आनंदग्राम में सौंदर्य शास्त्रीय विभाजन पर चर्चा

...

वि.भा.

भारत सरकार

वाणिज्य मंत्रालय

उद्योग भवन, नयी दिल्ली

नीलाम सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी हेतु यह सूचित किया जाता है कि वाणिज्य मंत्रालय 22-2-93 को ठीक अप. 3-00 बजे उद्योग भवन, नयी दिल्ली के खुले लान में बेकार/पुरानी-अप्रचलित फर्नीचर वस्तुओं यथा लकड़ी की मेजों, कुर्सियों सोफा सैट्स, अलमारियों, जूट मैटिंग्स, डोर क्लोजर्स, ब्रीफकेसिज, कालीनों, गलीचों, दरियों (कारपेट्स, ड्रगेट्स) फाइल कैबिनेट्स, रैक्स, स्टील की मेजों, स्टील की अलमारियों, स्टील की कुर्सियों इत्यादि का निपटान करेगा। उपरोक्त वस्तुओं का नीलाम 'जैसा है जहाँ है' तथा 'भुगतान करो और ले जाओ' आधार पर मैसर्स शिवालिक ऑक्शन मार्ट, डी-6/120, तिब्बिया कॉलेज, करोलबाग, नयी दिल्ली-110005 द्वारा किया जायेगा।

बोलीदाता द्वारा लगायी गयी बोली उपयुक्त न समझे जाने की स्थिति में बिना कोई कारण बताये उसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। वाणिज्य मंत्रालय के कर्मचारी उपरोक्त नीलाम में भाग लेने हेतु ग्राह्य नहीं होंगे।

डीएवीपी 639 (16) 92

SUNDROP
SUPER-REFINED SUNFLOWER OIL
Thanks to a bumper harvest, oil prices are coming down. We are pleased to pass on this benefit to our consumers.
REVISED PRICE LIST *
(With immediate effect)

1 Lt PET Bottle	Rs. 39.75
2 Lt Jar	Rs. 78.50
5 Lt Jar	Rs. 189.75
5 Lt Wunder-Pac	Rs. 184.75



* Prices indicated are maximum retail prices (inclusive of all taxes). Retailers are at liberty to charge lower rates. This offer is valid in all states except W Bengal and Bihar

निराला अन्दाज़!
अब और ज़्यादा!
मुफ़्त!
एक अतिरिक्त ट्विन ब्लेड
7 O'CLOCK PII
FREE
Offer open till stocks last, on specially marked packs only.
7 O'Clock PII शेव का बेजोड़ अन्दाज़ अपनाइए। इसके बेजोड़ डिज़ाइन वाले ट्विन ब्लेड से शानदार शेव, हर दिन प्रतिदिन। जल्दी कीजिए। आज ही एक पैक खरीदिए। और एक अतिरिक्त ब्लेड मुफ़्त ले जाइए!
7 O'CLOCK
एक सुहाने दिन का पहला आनन्द

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जमीन-जायदाद

मोटर वाहन

ज्योतिष सम्बन्धी

नाम परिवर्तन

जेनरेटर बिकाऊ

मंदिर निर्माण में विलंब राम इच्छा से : नृत्य गोपाल

प्रकाश दुबे

भोपाल, 20 फरवरी।

संतों ने तो सोचा था कि कल्याण सिंह की सरकार के साथ केन्द्र सरकार भी गिरे परंतु अयोध्या से दूरी होने के कारण वह बच गयी। श्री राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने अपने मन की बात कहते हुए यह टिप्पणी की।

नैमिषारण्य में संत समिति की बैठक में भाग लेने के बाद ओंकारेश्वर जाने के लिए भोपाल में कुछ समय ठहरे महंत नृत्य गोपाल दास ने कहा कि यदि केन्द्र सरकार गिर जाती तो राम मंदिर के निर्माण में तेजी आ जाती। वैसे भी केन्द्र सरकार कगार पर है। बांध टूट रहा है। उत्तर प्रदेश की कल्याण सिंह सरकार निकट थी, इसलिए पहले गिर गयी। महंत ने कोई समय सीमा तो घोषित नहीं की परंतु बड़ी ही निश्चिंतता के साथ भविष्यवाणी की मुद्रा में कहा- वह भी गिर जायेगी। जो मकान जितना छोटा होता है, उतनी जल्दी ढह जाता है। बड़े मकान के गिरने में ज्यादा समय लगता है। मंदिर के बनने में विलम्ब के पीछे भी वे राम की इच्छा मानते हैं। उन्होंने कहा- 'रामो विग्रहवान धर्मः'। पहले हिंदुत्व के मंदिर का निर्माण हो जाये, बाद में बाकी काम होते रहेंगे।

बाकी स्थानों पर पहले मंदिर बनता है और बाद में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। अयोध्या में मूर्ति है। मंदिर निर्माण के लिए सामग्री है। ढांचा ढह जाने के बाद वहां निर्माण का श्रीगणेश हो चुका है।

राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष केन्द्र सरकार के इस विचार से सहमत नहीं हैं कि अलग ट्रस्ट बनाकर मंदिर बना दिया जाये। क्या इससे यह साबित नहीं होता कि मंदिर की बनिस्बत न्यास ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है? इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने नभाटा संवाददाता से कहा- करोड़ों रुपये मंदिर बनाने के लिए जमा किये जा चुके हैं। विश्व जनमत न्यास के साथ है। लाखों शिलाएं आ चुकी हैं। फसल आ जाने के बाद दूसरा कोई दावा करने लगे यह ठीक नहीं है। नया न्यास बनाने के बजाय केन्द्र सरकार को सद्‌बुद्धि आ जाये और वह मंदिर बनवाने लगे तो ज्यादा अच्छा होगा।

महंत इस टिप्पणी से उत्तेजित नहीं होते कि मंदिर बनाने के बजाय संत-महंत कांग्रेस और भाजपा के पचड़े में फंस गये हैं? कांग्रेस में अर्जुन सिंह जैसे लोग हैं, जो बाबर जैसे आक्रांता के नाम पर मस्जिद बनवाना चाहते हैं जबकि इस्लाम में किसी व्यक्ति के नाम पर इबादतगाह नहीं बन सकता। कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण में लगी हुई है। इसलिए मंदिर बनाने में सहयोग करने वाली भाजपा को संत महंतों ने आशीर्वाद दिया। विवादास्पद ढांचे के टूटने पर किसी प्रकार का खेद प्रकट करने के बजाय महंत मानते हैं कि भारत में एक और पाकिस्तान बनाने की परिकल्पना ढांचे के साथ ही ध्वस्त हो गयी है।

नैमिषारण्य में संत समिति ने नवरात्र उत्सव मनाने का निश्चय किया है। मंदिर तथा हिंदुत्व के प्रचार के लिए इसका उपयोग होगा। साधु संत परिक्रमा करेंगे, जन जागरण तथा ध्वजारोहण कार्यक्रम होंगे। यह अभियान कांग्रेस के खिलाफ जाने वाला है, इसमें किंचित संदेह नहीं है। कांग्रेस की दो नावों की सवारी यानी मंदिर और मस्जिद एक साथ बनाने की घोषणा का इन सभाओं में विरोध होगा 6 दिसम्बर की घटना के बाद महंत नृत्य गोपाल दास या साधुओं की प्रधानमंत्री से बात नहीं हुई है और न साधु इस बारे में कोई पहल करने वाले हैं।

उन्हें लगता है कि केन्द्र में बैठी सरकार यह नहीं समझना चाहती कि कम से कम हिंदुओं का तिरस्कार न किया जाये। छह दिसम्बर के कारण दंगे फैलने तथा अनेक हिंदू मुसलमानों की जान जाने के तर्क का विरोध करते हुए वे कहते हैं कि ईरान, अफगानिस्तान, इराक सभी जगह झगड़े हो रहे हैं। वहां न तो मस्जिद टूटी है और न मंदिर बन रहा है। इसलिए अयोध्या में विवाद कर या मस्जिद बनाकर व्यर्थ समय और धन खराब करने की जरूरत नहीं है।

महंत ने स्पष्ट किया कि एकता के नाम पर अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा के अंदर मस्जिद नहीं बनने दी जायेगी। इस संबंध में स्वामी वामदेव के कथित बयान को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा - वामदेव जी का कहना सिर्फ यही था कि एकता के लिए मस्जिद बनाना आवश्यक है। तो दिल्ली के जामा मस्जिद से लगकर मंदिर क्यों नहीं बना देते? उन्होंने जामा मस्जिद पर किसी प्रकार का दावा पेश नहीं किया। यों तो तीन हजार मंदिर टूटे हैं। परंतु देश में राष्ट्रीयता जगाने तथा 7-8 सौ वर्ष की गुलामी के संस्कार मिटाने के लिए अयोध्या में मंदिर बनाना आवश्यक है। मथुरा या काशी हमारी विशेष सूची में नहीं है। अयोध्या के राम मंदिर को बनाने में दस से पन्द्रह वर्ष लगेंगे।

जद (अ) की कार्यकारिणी की बैठक 23 फरवरी को

नयी दिल्ली, 20 फरवरी (विस)। श्री. अजित सिंह की अध्यक्षता वाले जनता दल (अ) ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 23 फरवरी को बुलायी है। बैठक में देश की आर्थिक व राजनैतिक स्थिति पर विचार होगा। इसके एक दिन पहले 22 फरवरी को पार्टी के संसदीय दल की बैठक बुलायी गयी है जिसमें बजट सत्र में पार्टी की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

'अखबार कर्मियों के वेतन में सुधार की व्यवस्था शीघ्र'

नयी दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)। समाचार पत्र उद्योग में काम करने वाले पत्रकारों एवं गैर-पत्रकारों के वेतन में संशोधन के लिए सरकार शीघ्र ही एक स्थायी व्यवस्था करने जा रही है। पत्रकार संघ (आइ.जे.यू.) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के समापन सत्र में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री के.पी. सिंह देव ने आज यह जानकारी दी। श्री सिंहदेव ने बताया कि श्रम मंत्रालय ने वेतन संशोधन के लिए एक स्थायी व्यवस्था करने की प्रक्रिया तय कर ली है तथा इसे शीघ्र ही कैबिनेट के सामने स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

उनके मुताबिक श्रम मंत्रालय ने अखबार के कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना को भी अंतिम रूप दे दिया है।

अपनी दो दिवसीय बैठक में पत्रकार संघ ने यह प्रस्ताव पारित किया कि यदि 12 मार्च तक समाचार पत्र उद्योग के लिए एक स्थायी वेतन संशोधन व्यवस्था की घोषणा नहीं की जाती तो उस दिन को 'काला दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

पाक विश्वास का माहौल पैदा करे : भारत

नयी दिल्ली, 20 फरवरी (विस)। भारत की ओर से आज पाकिस्तान से कहा गया है कि वह सार्थक द्विपक्षीय बातचीत के लिये विश्वास का वातावरण उत्पन्न करने में मदद करे।

गृहमंत्री शंकर राव चव्हाण ने यह बात पाकिस्तान के उच्चायुक्त रियाज हुसैन खोकर से कही, जो आज यहां उनसे मिलने आये थे।

बीस मिनट की इस मुलाकात में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय हितों के अनेक मामलों पर चर्चा की। गृहमंत्री ने कहा कि भारत शिमला समझौते के अंतर्गत पाकिस्तान के साथ सभी विवादास्पद मामलों का हल चाहता है।

वामपंथी दलों की आज की बैठक में आगामी बजट सत्र में इन दलों की रणनीति पर विचार किया गया। कल राष्ट्रीय मोर्चा वामपंथी दलों की संयुक्त बैठक में इस पर आगे और विचार होगा। इन दलों के नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के इस निर्णय की आलोचना की है कि वह संसद की बैठक नहीं चलने देगी। वामपंथी नेताओं का मत था कि देश की मौजूदा कठिन परिस्थितियों में देश की संसद को चलने देना चाहिए ताकि देश की जनता के सामने आ रही कठिन समस्याओं पर बहस की जा सके।

बैठक में देश में सांप्रदायिकता की बिगड़ती स्थिति, कीमतों में वृद्धि, त्रिपुरा चुनाव में संतोष मोहन देव की भूमिका, डंकल प्रस्ताव, अयोध्या पर श्वेत पत्र, औद्योगिक रुग्णता, बेरोजगारी, दिल्ली में रैलियां करने पर आम प्रतिबन्ध, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के पुनर्गठन, असम तथा कश्मीर की स्थिति पर चर्चा होगी।

बैठक में माकपा के श्री सामनाथ चटर्जी, श्रीमती सुशीला गोपालन, श्री सुकोमल सेन तथा फारवर्ड ब्लाक के श्री चित्तबसु ने भाग लिया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के बिना कोल राव से मिले

नयी दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)। जर्मनी के चांसलर डा. हेल्मुट कोल ने आज प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव से बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दूसरी बार मुलाकात की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार बिना किन्हीं सहायकों के दोनों नेताओं के बीच हुई एक घंटे की बातचीत में कल सरकारी स्तर पर हुई वार्ता के परिणामों की समीक्षा की गयी।

दोनों नेताओं में कल भी अकेले में 75 मिनट की बातचीत हुई थी। डा. कोल की आज की प्रधानमंत्री से बिना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के हुई मुलाकात आज की उनकी दिनचर्या का अंतिम कार्यक्रम थी।

अभिभाषण के बहिष्कार का फैसला

नयी दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन 22 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

पब्लिक नोटिस

PUBLIC NOTICES

नीलाम सूचना

नीलाम सूचना

उखाड़े गए दरवाजों/खिड़कियों की चौखटें तथा पैनल्स, एम.एस. ग्रिल्स जहां है जैसे हैं आधार पर 3 मार्च, 1993 को अप. 3 बजे गोवा सदन, 18, अमृता शेरगिल मार्ग, नयी दिल्ली-110003 में नीलाम-बिक्री द्वारा बेचे जाएंगे। आइटम्स का सरकारी मूल्य (अपसेट वैल्यू) रू. 33,113/- है। नीलाम से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को धरोहर राशि रू. 1000/- नकद रूप में जमा कराने होंगे। इच्छुक पार्टियां 24 फरवरी 1993 तक किसी भी कार्य दिवस में आइटम्स का निरीक्षण कर सकती हैं तथा नीलाम के नियम एवं शर्तें भी प्राप्त कर सकती हैं।

हस्ता./- (अंशु प्रकाश)
स्थानिक आयुक्त
गोवा सरकार, नयी दिल्ली
(डी-289501)

निविदाएं

मुर्गी के ताजे अण्डे हेतु निविदा

1 अप्रैल 1993 को प्रारम्भ छह माह हेतु रोजाना 25,000 नग मुर्गी के ताजा अण्डों की आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं 5 मार्च 1993 तक क्रय प्रबन्धक, ब्रिटेनिया इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, 33 लॉरेंस रोड, दिल्ली-110035, के पास जमा करें। दूरभाष: 7187184 (3 लाइन)

निर्माण हेतु अधोलिखित आइटम के संभरणार्थ प्रख्यात संभरणकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं के साथ धरोहर राशि एनबीसीसी लि. के पक्ष में देय बैंक ड्राफ्ट के रूप में अथवा नकद रूप में अवश्य संलग्न की जाए।

आइटम का विवरण:

प्री-कास्ट/आरसीसी कार्य के लिए अधोलिखित व्यास वाले स्टील का आईएसआई विनिर्देशन के समनुरूप संभरण:

व्यास तथा प्रमात्रा:

(i) 4 एमएम व्यास एम.एस. वायर: 3 मी. टन;

(ii) 6 एमएम व्यास एम.एस. राउण्ड: 25 मी. टन

निविदा कागजात की कीमत: रु. 50/-

धरोहर राशि: रु. 10,000/-

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि: 27-2-93

निविदा खोले जाने की तिथि-समय: 2-3-93 को अप. 3-30 बजे।

उपरोक्त आइटम्स के लिए निविदा कागजात उपरोक्त कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान प्राप्त किए जा सकते हैं। विधिवत भरे हुए निविदा प्रपत्र इस प्रकार प्रेषित किए जाएं कि निविदा खोले जाने के समय से एक घंटा पूर्व अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पहुंच जाएं। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताए प्रमात्रा में कमी अथवा वृद्धि करने तथा किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

परियोजना प्रबंधक

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता, ओखला फ्लाईओवर प्रोजेक्ट डिवीजन, लो.नि.वि. (दिल्ली प्रशासन), नई दिल्ली द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के निष्पादनार्थ के.लो.नि.वि. के अभिस्वीकृत एवं ग्राह्य ठेकेदारों ...

भारत अन्तरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण

निविदा आमंत्रण सूचना

विमानपत्तन निदेशक की ओर से प्रबंधक (भण्डार एवं क्रय), भा.अ.वि.प्रा., इं.गां. अ. विमानपत्तन, नई दिल्ली-37 द्वारा निम्नवर्णित आइटम की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से ...

न्यायिक ढांचे को प्रभावी बनाने की योजना

कार्यालय संवाददाता

लखनऊ, 20 फरवरी।

केंद्रीय विधि एवं कम्पनी मामलों के राज्य मंत्री हंसराज भारद्वाज ने कहा है कि केंद्र सरकार ने न्यायिक व्यवस्था के ढांचे को प्रभावी व बेहतर बनाने के लिए 500 करोड़ रुपये की योजना बनायी है। इसके तहत राज्यों को न्यायालयों के आधुनिकीकरण और न्यायिक प्रशासन के ढांचे को मजबूत बनाने के लिए अधिक संसाधन दिये जायेंगे। पांच साल के लिए बनायी गयी इस योजना में आधा खर्च राज्य को उठाना होगा। बाकी केंद्र सरकार देगी। साथ ही अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए संसद में विधेयक पेश किया जायेगा।

श्री भारद्वाज ने न्यायिक प्रशासन में गुणवत्ता बढ़ा कर त्वरित गति से लोगों को न्याय दिलाने की वकीलों से अपील की। उन्होंने कहा कि इसके लिए वकीलों व जजों को एक होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश व वकीलों की समस्याओं को हल करने के लिए और कोई तो आगे आयेगा नहीं। उन्हें अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। वे ऐसे पेशे में हैं जहां उनका कोई सेवायोजक नहीं होता। उन्हें कर्मचारियों की भांति किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा नहीं प्राप्त है। इसलिए बार काउंसिल तथा बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए एक कोष स्थापित करें। इस कोष में सरकार भी अपना अंशदान कर सकती है। इसी तरह सहकारी आवास समिति बना लें, तो केन्द्र सरकार उन्हें भूमि दिलाने की भी कोशिश कर सकती है।

श्री भारद्वाज ने बताया कि विधि मंत्रालय ने अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के लिए एक विधेयक के प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया है। न्यायालयों पर बढ़ रहे दबावों व उनकी कार्यदशा को सुधारने के लिए सभी राज्यों को जी.एस.मलीमठ रिपोर्ट लागू करने को कहा गया है। मुकदमों के निस्तारण में देरी को देखते हुए लोक अदालतों व परस्पर समझौतों से विवाद हल करने की व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। केंद्र सरकार का विचार है कि जो अदालतें 6 दिन काम करती हैं, उनमें एक दिन समझौते व सुलह करा कर विवाद निपटाये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों को भी एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि किस प्रकार के मामलों में अपील की जाये और किनमें नहीं। अनावश्यक विवाद नहीं चलने चाहिए।

उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों को विभिन्न प्रकार के मुकदमों को श्रेणीबद्ध करके उनकी एक साथ सुनवाई करनी चाहिए जिससे कि एक प्रकृति के हजारों मुकदमों का एक साथ निपटारा हो सके। उन्होंने अदालतों की कार्यप्रणाली में तेजी लाने के लिए कम्प्यूटरों और 'वर्ड प्रोसेसर' लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता व दण्ड प्रक्रिया संहिता में भी आवश्यक संशोधन होने हैं। सभी उच्च न्यायालयों में एक समान नियम होने चाहिए।

जसवंत सिंह ने राव का भोज निमंत्रण ठुकराया

नयी दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)। भाजपा सांसद जसवंत सिंह ने प्रधानमंत्री द्वारा भेजे गये भोज के एक निमंत्रण को आज अस्वीकार कर दिया। श्री पी.वी. नरसिंह राव ने यह भोज जर्मन चांसलर हेल्मुट कोल के सम्मान में गत रात्रि दिया।

श्री जसवंत सिंह ने कहा है कि उनका मानना है कि ऐसा कोई भी निमंत्रण सिद्धांतः संसद में विपक्ष के नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता सिकंदर बख्त के नाम भेजा जाना चाहिये था।

उन्होंने अफसोस जाहिर करते हुए कहा : निमंत्रण देने में इस तरह की राजनीति के लिये मैं तैयार नहीं हूं। जब यह सरकारी समारोह है और राजकीय अतिथि के सम्मान में दिया जा रहा है, तब यह केवल स्थापित औपचारिकताओं के लिये ही नहीं, बल्कि मूलभूत प्रजातांत्रिक कर्तव्यों के तहत संसद में विपक्ष के नेता को भेजा जाना चाहिए था।

छह खाड़कू मरे

चंडीगढ़: पंजाब में कल रात में विभिन्न मुठभेड़ों में छह खाड़कू मारे गये। मजीठा पुलिस जिले के कोट खेरा गांव के निकट मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का माझा क्षेत्र का प्रमुख बिरसा सिंह मारा गया। उसकी हत्या के कई मामलों में तलाश थी।

HOTELS & HEALTH RESORTS

FACTORY, WORKSHOP & SITES

मशीनरी बिकाऊ है

पुस्तक पत्रिका

एजेन्ट/एजेन्सी

क्रोशिया सम्बन्धी

TO LET

LOST & FOUND

BUSINESS PREMISES

मशीनरी

WALL PAPERS

ब्यूटी पार्लर

मेडिकल

व्यक्तिगत

प्रभु यीशु तथा उनकी शिक्षा साहित्य की जानकारी निःशुल्क प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित पते पर प्रार्थना पत्र दीजिए। कैथोलिक पुस्तक केंद्र सेट माइकल गिरजाघर, प्रसाद नगर, नई दिल्ली-110005 (सी-38518)

फिल्म संबंधी

फर्नीचर

किराए हेतु स्थान उपलब्ध

मशीनरी एण्ड टूल्स

छह खाड़कू मरे

स्व रोजगार समिति
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
ई-26-29, फ्लैटेड फैक्टरीज काम्पलेक्स,
झण्डेवालान, नयी दिल्ली-110055

निविदा सूचना

आयुक्त (उद्योग), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार तथा अध्यक्ष स्व-रोजगार समिति द्वारा समिति के उत्तीर्ण होकर निकलने वाले प्रशिक्षणार्थियों के लिए टूल किट्स तथा टूल बैग्स के संभरण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

विस्तृत नियम एवं शर्तें तथा औजारों (टूल्स) की सूची-प्रमात्रा तथा विनिर्देशन से युक्त समिति के उपरोक्त पते पर स्थित कार्यालय से रु. 10/- के भुगतान के विरुद्ध प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदाएं उपरोक्त कार्यालय में 4 मार्च, 1993 को अप. 3 बजे तक प्राप्त की जाएंगी तथा उसी दिन अप. 3-30 बजे खोली जाएंगी।

समिति के अध्यक्ष के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त कर सकने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता./- (सी.बी. मेश्राम)
संयुक्त निदेशक,
उद्योग तथा समिति महाप्रबन्धक
सू.प्र.नि.-233/93
(डी-289933-I)

सेन्टॉर होटल
इं.गां.अं. विमानपत्तन
नई दिल्ली-110037

सेन्टॉर होटल, इं.गां.अं. विमानपत्तन, नई दिल्ली द्वारा तौलियों (होटल का नाम यानि सेन्टॉर बुना हुआ) की आपूर्ति हेतु मुहरबंद/बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं. सीएचडी/टी/93/46

आयटम्स: नहाने के तौलिये

आकार: 30 इंच × 60 इंच लगभग

हैण्ड टॉवल: आकार: 16 इंच × 24 इंच लगभग

बाथमैट्स: आकार: 20 इंच ×30 इंच लगभग

पूल तौलिए: आकार: 64 इंच × 36 इंच आकार (बिना बुने हुए) सफेद एवं नीली लाइनें

अनुमानित लागत: रु. 3,00,000/-

नियम एवं शर्तों सहित निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (यानि सोमवार से शुक्रवार तक) रु. 50/- का भुगतान करके ऊपर दिये पते पर क्रय विभाग से प्राप्त किए जा सकते हैं।

निविदादाता 01-03-93 को अप. 3-15 बजे निविदा खुलने के समय चाहे तो वहां उपस्थित रह सकते हैं।

(डी-289224)

नेशनल बिल्डिंग्स कन्स्ट्रक्शन कार्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
उत्कृष्टतापरक दल
एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार
भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली-110003

भारत अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण
इन्दिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन टर्मिनल-II
शुद्धिपत्र

निविदा सूचना

निविदाएं

क्र.	वाहनों का विवरण	रजिस्ट्रेशन नम्बर	माडल
1.	स्वराज मजदा मिनी ट्रक	डीबीएल 7424	1987
2.	बजाज मैटाडोर	डीडीएल 5286	1989
3.	मिनी बस मिसुबिशी आयशर	डीएल-IV 0280	1989

हस्ता./- एम.सी. गुप्ता मैनेजर (टीएलडी)
दिल्ली वित्त निगम,
सरस्वती भवन, ई ब्लाक, कनाट प्लेस, नयी दिल्ली
(डी-290097)

निविदा सूचना

हरियाणा के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवर्णित कार्य के निष्पादनार्थ हरियाणा लो.नि.वि. भवन तथा पथ शाखा के अभिस्वीकृत ठेकेदारों/अभिस्वीकृत श्रम एवं निर्माण सहकारी समितियों से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा आमंत्रण का विवरण अधोलिखितानुसार है:

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु.	धरोहर राशि रु.	कार्य के समापन की अवधि	निविदा प्राप्ति की तिथि
(1)	जिला फरीदाबाद में दिल्ली-मथुरा एनएच-2 के कि.मी: 25.600 में 8 मीटर स्पैन स्लैब कल्वर्ट का निर्माण।	58.00 लाख	1,16,000/- 58,000/-	5 (पांच) माह	10-3-93 को अप. 3 बजे

निविदाएं निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर ही प्रस्तुत की जाएं। निर्धारित निविदा प्रपत्र, निविदा आमंत्रण सूचना की अनुसूची सहित रु. 150/- (रु. 50/- + 100/-) का क्रमशः निविदा प्रपत्र तथा निविदा आमंत्रण सूचना की कीमत के तौर पर नकद अप्रतिदेय भुगतान करने पर प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर राशि अधोहस्ताक्षरी के पदनाम में फरीदाबाद स्थित किसी अनुसूचित बैंक में देय, मांग जमा/ट्रेजरी चालान के रूप में अवश्य संलग्न की जाये। निविदाएं 10-3-1993 को अप. 3 बजे तक प्राप्त की जाएंगी तथा उसी समय इच्छुक ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री निविदा प्राप्ति की तिथि से एक दिन पूर्व तदनुसार 9-3-1993 को बंद कर दी जाएगी। धरोहर राशि के अभाव में कोई निविदा प्रपत्र जारी नहीं किया जाएगा।

निविदा प्रपत्र बिक्री/प्राप्ति की तिथि को अवकाश पड़ जाने की स्थिति में निविदा प्रपत्रों की बिक्री/प्राप्ति आगामी कार्य दिवस में की जाएगी।

हस्ता. अधिशासी अभियन्ता,
आंचलिक प्रखण्ड क्र. II
(एनएच वर्क्स) फरीदाबाद
डी.पी.आर. हरियाणा
(डी-289247)

सप्ताह का साक्षात्कार

'रैलियों पर प्रतिबन्ध आपातकाल की याद दिलाता है'

भाकपा के महासचिव इन्द्रजीत गुप्त से सुरेश शर्मा की बातचीत

भाकपा महासचिव इन्द्रजीत गुप्त ने रैलियों पर पाबन्दी लगाये जाने पर कड़ी आपत्ति की है। वे इसे अभिव्यक्ति की आजादी का दमन मानते हैं। राव सरकार के बारे में उन्हें लगता है कि वह सब तरफ से संकटों में है। यथा समय कांग्रेस का एक हिस्सा टूट भी सकता है। वर्तमान संकटपूर्ण माहौल में वे मध्यावधि चुनाव की मांग नहीं करते, लेकिन अयोध्या घटना के बाद जिन राज्यों में सरकारें बर्खास्त की गई हैं, उनमें उन्होंने तुरन्त चुनाव की मांग की है। उनका कहना है कि इन राज्यों में अगर चुनाव हुए तो राम लहर के बरक्स महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी को वे अपने दल का चुनाव मुद्दा बनाएंगे। उनका ख्याल है कि आने वाला बजट आम जनता को परेशानी में डालेगा। समकालीन परिदृश्य के अन्य कई मुद्दों पर इन्द्रजीत गुप्त से बातचीत के अंश:

❑ क्या आपको लगता है कि राव सरकार गहरे संकट में है? इस संकट की परिणति क्या होनेवाली है?

• राव सरकार कई स्तरों पर संकटों से घिरी है। आर्थिक और राजनैतिक संकट तो पहले से ही था। अब कांग्रेसियों के बीच महत्वाकांक्षा की निर्णायक लड़ाई शुरू हो गयी है। इससे उनके आपसी संबंधों में भी संकट पैदा हो गया है। यह व्यक्तिगत संकट पिछले कुछ हफ्तों से बढ़ता ही जा रहा है। कांग्रेसी एक दूसरे का सिर फोड़ने को उतारू हैं। उड़ीसा, केरल और महाराष्ट्र में जो घटनाएं हुईं और हो रही हैं, वे इस बात का उदाहरण हैं। नरसिंह राव प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं। उन्हें इस संकट से दल को निकालना चाहिए वरना ये प्रवृत्तियां उस मंजिल की ओर जा रही है जहां कांग्रेस टूट सकती है।

❑ वर्तमान परिस्थिति में कांग्रेस के टूट जाने के क्या परिणाम होंगे?

• कांग्रेस अगर महत्वाकांक्षा की लड़ाई के मुद्दे पर टूट जाये तो इसका बुरा असर पड़ेगा। वैसे कांग्रेस पार्टी को राजनैतिक संघर्ष के माध्यम से तोड़ा जाये तो दूसरी बात होगी। प्रधानमंत्री नरसिंह राव के सोच में इधर एक खतरनाक प्रवृत्ति दिखाई पड़ रही है। उन्हें लगता है कि हिंदू समाज में जो धार्मिक भावना का उभार आया है उसे संतुष्ट नहीं किया गया तो उनके दल को पराजय का मुंह देखना पड़ेगा। उन्हें यह अहसास हो गया है कि सिर्फ अल्पसंख्यक ही नहीं बल्कि हिंदू भी उनके विरुद्ध हो गये हैं इसलिए श्री राव साम्प्रदायिकतावादियों से सीधी टक्कर नहीं लेना चाहते। नीति संबंधी उनके तमाम ढीलेपन का कारण यही है।

❑ क्या परिस्थितियां हमें मध्यावधि चुनाव की ओर नहीं ले जा रही हैं?

• मध्यावधि चुनाव के बारे में अभी निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। सरकार अगर बहुमत में है तो हम चुनाव की मांग क्यों करें? देश का अंदरूनी माहौल भी बिगड़ा हुआ है।

❑ लेकिन छह दिसम्बर की घटना के बाद जिन राज्यों में बहुमतवाली भाजपा सरकारें बर्खास्त कर दी गईं, वहां चुनाव कराये जाने के बारे में आपके क्या विचार हैं?

• इन राज्यों में जल्दी ही कानूनी समय सीमा के अंदर चुनाव कराना ही पड़ेगा। उससे राव सरकार बच नहीं सकती। इन राज्यों में जल्दी चुनाव कराये जाने चाहिए। राज्य सरकारों को इतनी जल्दबाजी में बर्खास्त नहीं किया जाना चाहिए था। अगर इन राज्य सरकारों को बर्खास्त करना ही था तो पहले जनता को विश्वास में लेकर कारण बताते कि इन कारणों से राज्य सरकारों को बर्खास्त करना जरूरी हो गया है।

❑ बर्खास्त सरकार वाले राज्यों में आप चुनाव के पक्षधर हैं। अगर वहां चुनाव हुए तो आप किन मुद्दों के साथ मतदाता के बीच जाएंगे?

• हम आर्थिक मुद्दों पर अपने अभियान को केन्द्रित करेंगे। रोजी, रोटी और महंगाई की असहनीय स्थिति का अहसास कराया जायेगा। भाजपा मंडल सिफारिशों का प्रसंग भी आयेगा। भाजपा सरकारें इन राज्यों में सत्ता में थी। जाहिर है हम उसके कार्यकलाप का मूल्यांकन भी करेंगे। इसके अलावा भाजपा द्वारा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की जो कोशिश चल रही है उसके खिलाफ भी ... किये जायेंगे। लेकिन मंदिर-मस्जिद के मुद्दे ... ज्यादा नहीं उछालेंगे। मंदिर-मस्जिद से ... आदमी का पेट नहीं भरेगा। धर्म निजी ... है। उसमें राजनैतिक हस्तक्षेप गलत है। ... सबसे अधिक गरीब हो गया है।

❑ गैर भाजपा और गैर कांग्रेसी चुनाव ... की चर्चा चल रही है। आपका दल ... एक घटक के रूप में उसमें शामिल ...

... तरह का मोर्चा बन रहा है, इसकी ... नहीं है। दलीय समीकरण देखकर ... होने की बात सोची जायेगी।

... आपको भी लगता है कि ऐसे ... को शामिल करना ठीक नहीं? ... महीनों में कांग्रेस पार्टी या ... सामने आयी है वह दूसरे ... के खिलाफ है, यह ... है। लोगों का विश्वास ...



फोटोः चन्द्रकांत

वे दे सकते हैं।

❑ मार्च के अंत में तो आप लोगों की राष्ट्रीय अभियान समिति ने भी रैली की घोषणा की है। पाबंदी की हालत में आप कैसे रैली करेंगे।

• मुझे नहीं लगता कि भाजपा की प्रतिबंधित रैली के बाद मार्च के अंत तक यह पाबंदी जारी रह पायेगी। असल में सभी दलों की रैली पर पाबंदी तो एक संतुलन दिखाने के लिए है।

❑ आपको कैसा बजट आने की उम्मीद है?

• मेरा अनुमान है कि आने वाले बजट में आम लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी। उस पर नये करों का बोझ बढ़ने वाला है। असल में नया बजट मुद्रास्फीति परक होगा। हाल में जो आर्थिक कदम उठाये हैं वे नितांत जन विरोधी हैं। पूरा बजट नई आर्थिक नीति के दुष्परिणाम से निर्धारित होगा।

❑ ऐसे बजट पर आज का विपक्ष अगर एकजुट होकर समर्थन न दे तो सरकार को इस्तीफा देना पड़ेगा। इस बारे में आप क्या सोचते हैं?

• देखिये, सरकार गिराने न गिराने के प्रश्न पर और भी कई बातें सोचनी पड़ती हैं। इस सरकार को गिराने से पहले यह जिम्मेदारी के साथ सोचना होगा कि आगे कौन सरकार बनायेगा, क्या नई स्थितियां पैदा होंगी। शून्य में सरकार गिराना सार्थक सोच नहीं माना जायेगा।

❑ अभी इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हमीदन को इद्दत के बाद भी दूसरी शादी तक गुजारा भत्ता देने का फैसला किया है। कुछ मुस्लिम संगठन इसे शरीयत में दखल मानते हैं। आपको क्या लगता है?

• तलाकशुदा महिला को हर हाल में आजीवन गुजारा भत्ता मिलना चाहिए। अगर मुस्लिम भाइयों को लगता है कि इस फैसले से शरीयत में दखल हो रहा है तो उन्हें उसमें सुधार करना चाहिए। शाहबानो के मामले में राजीव गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय का फैसला उलटा न होता तो आज इस प्रश्न पर दूसरा माहौल होता। कई इस्लामी मुल्कों में बदलते हुए समय के अनुरूप इस्लाम ने अपनी अनेक सामाजिक पद्धतियों में संशोधन किये हैं।

❑ किन कारणों से सोवियत जनता एल्त्सिन की समर्थक हो गयी?

• सोवियत संघ में कई तरह की असंगतियां ... थीं। लोगों के मौलिक अधिकार दबा ... दिये गये थे। एक दलीय व्यवस्था थी। भिन्न ... विचार के लोगों के लिए कोई जगह नहीं थी। ... किसी सरकारी फैसले या निर्देश के खिलाफ ...

फांसी की कल... एक ...

श्रीलाल शुक्ल

लगभग पचीस साल पहले आस्ट्रेलिया में मुख्य न्यायाधीशों की एक सभा में पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस कार्नेलियस ने सुझाव दिया कि सजा के तौर पर अपराधियों के शरीर के अंग काट देने चाहिये और उसके लिये सर्जरी की आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जाना चाहिये। इससे लोगों का मनोरंजन तो हुआ पर सुझाव की अनदेखा कर दिया गया। वास्तव में यह सुझाव उस निर्मम न्याय व्यवस्था पर आधारित है जो बदले की भावना से लबरेज है और निस्सन्देह इसमें इस्लामी परम्पराओं का भी योगदान है। साथ ही इसमें आधुनिक शल्यक्रिया के प्रयोग की भी बात है। एक तरह से यह प्राचीन और अर्वाचीन का सुखद समन्वय है। अफसोस है कि भारत तक में जहां ऐसी नयी पुरानी चीजों की खिचड़ी हजम करके समन्वयवादी होने का गर्व किया जाता है, इस सुझाव की खपत नहीं हुयी।

अब इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस मार्कण्डेय काटजू ने एक दूसरा सुझाव दिया है। बलात्कार और हत्या के एक क्रूरतापूर्ण मामले में अभियुक्त की जमानत नामंजूर करते हुये उन्होंने राय दी कि ऐसे जघन्य अपराधों में अपराधी को सार्वजनिक स्थान पर फांसी दी जानी चाहिये। ...

साम्प्रदायिकता के बर... बिरादरी ...

विष्णु नागर

दो बड़े शायर, दो बड़ी किताबें

हिन्दी अकादमी, ...

सप्ताह का साक्षात्कार

'रैलियों पर प्रतिबन्ध आपातकाल की याद दिलाता है'

भाकपा के महासचिव इन्द्रजीत गुप्त से सुरेश शर्मा की बातचीत

भाकपा महासचिव इन्द्रजीत गुप्त ने रैलियों पर पाबन्दी लगाये जाने पर कड़ी आपत्ति की है। वे इसे अभिव्यक्ति की आजादी का दमन मानते हैं। राव सरकार के बारे में उन्हें लगता है कि वह सब तरफ से संकटों में है। यथा समय कांग्रेस का एक हिस्सा टूट भी सकता है। वर्तमान संकटपूर्ण माहौल में वे मध्यावधि चुनाव की मांग नहीं करते, लेकिन अयोध्या घटना के बाद जिन राज्यों में सरकारें बर्खास्त की गई हैं, उनमें उन्होंने तुरन्त चुनाव की मांग की है। उनका कहना है कि इन राज्यों में अगर चुनाव हुए तो राम लहर के बरक्स महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी को वे अपने दल का चुनाव मुद्दा बनाएंगे। उनका ख्याल है कि आने वाला बजट आम जनता को परेशानी में डालेगा। समकालीन परिदृश्य के अन्य कई मुद्दों पर इन्द्रजीत गुप्त से बातचीत के अंशः

❐ **क्याा आपको लगता है कि राव सरकार गहरे संकट में है? इस संकट की परिणति क्या होनेवाली है?**

• राव सरकार कई स्तरों पर संकटों से घिरी है। आर्थिक और राजनैतिक संकट तो पहले से ही था। अब कांग्रेसियों के बीच महत्वाकांक्षा की निर्णायक लड़ाई शुरू हो गयी है। इससे उनके आपसी संबंधों में भी संकट पैदा हो गया है। यह व्यक्तिगत संकट पिछले कुछ हफ्तों से बढ़ता ही जा रहा है। कांग्रेसी एक दूसरे का सिर फोड़ने को उतारू हैं। उड़ीसा, केरल और महाराष्ट्र में जो घटनाएं हुईं और हो रही हैं, वे इस बात का उदाहरण हैं। नरसिंह राव प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं। उन्हें इस संकट से दल को निकालना चाहिए वरना ये प्रवृत्तियां उस मंजिल की ओर जा रही है जहां कांग्रेस टूट सकती है।

❐ **वर्तमान परिस्थिति में कांग्रेस के टूट जाने के क्या परिणाम होंगे?**

• कांग्रेस अगर महत्वाकांक्षा की लड़ाई के मुद्दे पर टूट जाये तो इसका बुरा असर पड़ेगा। वैसे कांग्रेस पार्टी को राजनैतिक संघर्ष के माध्यम से तोड़ा जाये तो दूसरी बात होगी। प्रधानमंत्री नरसिंह राव के सोच में इधर एक खतरनाक प्रवृत्ति दिखाई पड़ रही है। उन्हें लगता है कि हिंदू समाज में जो धार्मिक भावना का उभार आया है उसे संतुष्ट नहीं किया गया तो उनके दल को पराजय का मुंह देखना पड़ेगा। उन्हें यह अहसास हो गया है कि सिर्फ अल्पसंख्यक ही नहीं बल्कि हिंदू भी उनके विरुद्ध हो गये हैं इसलिए श्री राव साम्प्रदायिकतावादियों से सीधी टक्कर नहीं लेना चाहते। नीति संबंधी उनके तमाम ढीलेपन का कारण यही है।

❐ **क्या परिस्थितियां हमें मध्यावधि चुनाव की ओर नहीं ले जा रही हैं?**

• मध्यावधि चुनाव के बारे में अभी निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। सरकार अगर बहुमत में है तो हम चुनाव की मांग क्यों करें? देश का अंदरूनी माहौल भी बिगड़ा हुआ है।

❐ **लेकिन छह दिसम्बर की घटना के बाद जिन राज्यों में बहुमतवाली भाजपा सरकारें बर्खास्त कर दी गईं, वहां चुनाव कराये जाने के बारे में आपके क्या विचार हैं?**

• उन राज्यों में जल्दी ही कानूनी समय सीमा के अंदर चुनाव कराना ही पड़ेगा। उससे राव सरकार बच नहीं सकती। इन राज्यों में जल्दी चुनाव कराये जाने चाहिए। राज्य सरकारों को इतनी जल्दबाजी में बर्खास्त नहीं किया जाना चाहिए था। अगर इन राज्य सरकारों को बर्खास्त करना ही था तो पहले जनता को विश्वास में लेकर कारण बताते कि इन कारणों से राज्य सरकारों को बर्खास्त करना जरूरी हो गया है।

❐ **बर्खास्त सरकार वाले राज्यों में आप चुनाव के पक्षधर हैं। अगर वहां चुनाव हुए तो आप किन मुद्दों के साथ मतदाता के बीच जाएंगे?**

• हम आर्थिक मुद्दों पर अपने अभियान को केन्द्रित करेंगे। रोजी, रोटी और महंगाई की असहनीय स्थिति का अहसास कराया जायेगा। मंडल सिफारिशों का प्रसंग भी आयेगा। भाजपा सरकारें इन राज्यों में सत्ता में थी। जाहिर है हम उसके कार्यकलाप का मूल्यांकन भी करेंगे। इसके अलावा भाजपा द्वारा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की जो कोशिश चल रही है उसके निहितार्थ भी [illegible] किये जायेंगे। लेकिन मंदिर-मस्जिद के मुद्दे [illegible]म ज्यादा नहीं उछालेंगे। मंदिर-मस्जिद से आदमी का पेट नहीं भरेगा। धर्म निजी [illegible] है। उसमें राजनैतिक हस्तक्षेप गलत है। [illegible] सबसे अधिक गरीब ही मरता है।

❐ **[illegible] गैर भाजपा और गैर कांग्रेसी चुनाव [illegible]ी चर्चा चल रही है। आपका दल [illegible]क घटक के रूप में उसमें शामिल [illegible]**

[illegible] तरह का मोर्चा बन रहा है, इसकी [illegible]े नहीं है। दलीय समीकरण देखकर [illegible] होने की बात सोची जायेगी।

❐ **[illegible]आपको भी लगता है कि ऐसे [illegible]को शामिल करना ठीक नहीं?**

• [illegible]न महीनों में कांग्रेस पार्टी या [illegible] सामने आयी है वह दुखद [illegible]ता के खिलाफ है, यह [illegible]हुई है। लोगों का विश्वास [illegible] भी तो द्वंद्व चल रहा है। [illegible]भी तुरन्त नहीं कहा जा [illegible]क इतना तो जरूर होगा

❐ **क्या यह भाजपा नेताओं को आपकी सलाह है?**

• कम-से-कम वाजपेयी जी को तो यह सुझाव दे ही सकता हूं। छह दिसम्बर की घटनाओं से वे बहुत दुखी हुए थे। पार्टी को सार्थक सलाह वे दे सकते हैं।

होगा?

• रैली पर पाबंदी सरकार की बेईमानी है। यह जनतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। यह आचरण वैसा ही है जैसा सरकार ने आपातकाल में किया था। सरकार की चालाकी यह भी है कि भाजपा के बहाने सभी दलों की रैलियों पर पाबंदी लगा दी है ताकि कुछ दिन प्रतिपक्ष की आवाज दबी रहे। लेकिन लोगों को गूंगा बनाकर आप राजनैतिक समस्या हल नहीं कर सकते। भाजपा की रैली से कोई खतरा नहीं है, ऐसा नहीं। लेकिन उस खतरे से निबटने के लिए पहले प्रशासन और कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए था। इस पाबंदी से भाजपा को ही लाभ होगा।

❐ **25 फरवरी को भाजपा रैली निकालने के लिए कटिबद्ध है। सरकार किसी भी तरह उसे रोकना चाहती है। आपको नहीं लगता कि इससे टकराव होगा?**

• टकराव की काफी संभावना है लेकिन इससे किसी को लाभ नहीं है। इस टकराव से देश का माहौल और भी बदतर होगा। अब भी भाजपा नेता अगर यह समझने की कोशिश करें कि टकराव के बदले वे प्रतिरोध का दूसरा तरीका धरना और सत्याग्रह आदि अपनाएं तो परिस्थितियां काबू में रहेंगी। रैली करें लेकिन जहां पुलिस उन्हें रोके वहां टकराएं नहीं बल्कि धरने पर बैठ जायें।



फोटोः चन्द्रकांत

❐ **मार्च के अंत में तो आप लोगों की राष्ट्रीय अभियान समिति ने भी रैली की घोषणा की है। पाबंदी की हालत में आप कैसे रैली करेंगे।**

• मुझे नहीं लगता कि भाजपा की प्रतिबंधित रैली के बाद मार्च के अंत तक यह पाबंदी जारी रह पायेगी। असल में सभी दलों की रैली पर पाबंदी तो एक संतुलन दिखाने के लिए है।

❐ **आपको कैसा बजट आने की उम्मीद है?**

• मेरा अनुमान है कि आने वाले बजट में आम लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी। उस पर नये करों का बोझ बढ़ने वाला है। असल में नया बजट मुद्रास्फीति बजट होगा। हाल में जो आर्थिक कदम उठाये हैं वे नितांत जन विरोधी हैं। पूरा बजट नई आर्थिक नीति के दुष्परिणाम से निर्धारित होगा।

❐ **ऐसे बजट को आज का विपक्ष अगर एकजुट होकर समर्थन न दे तो सरकार को इस्तीफा देना पड़ेगा। इस बारे में आप क्या सोचते हैं?**

• देखिये, सरकार गिराने न गिराने के प्रश्न पर और भी कई बातें सोचनी पड़ती हैं। इस सरकार को गिराने से पहले यह जिम्मेदारी के साथ सोचना होगा कि आगे कौन सरकार बनायेगा, क्या नई स्थितियां पैदा होंगी। शून्य में सरकार गिराना सार्थक सोच नहीं माना जायेगा।

❐ **अभी इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हमीदन को इद्दत के बाद भी दूसरी शादी तक गुजारा भत्ता देने का फैसला किया है। कुछ मुस्लिम संगठन इसे शरीयत में दखल मानते हैं। आपको क्या लगता है?**

• तलाकशुदा महिला को हर हाल में आजीवन गुजारा भत्ता मिलना चाहिए। अगर मुस्लिम भाइयों को लगता है कि इस फैसले से शरीयत में दखल हो रहा है तो उन्हें उसमें सुधार करना चाहिए। शाहबानो के मामले में राजीव गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय का फैसला उलटा न होता तो आज इस प्रश्न पर दूसरा माहौल होता। कई इस्लामी मुल्कों में बदलते हुए समय के अनुरूप इस्लाम ने अपनी अनेक सामाजिक पद्धतियों में संशोधन किये हैं।

❐ **किन कारणों से सोवियत जनता एल्तिसन की समर्थक हो गयी?**

• सोवियत संघ में कई तरह की असंगतियां पनप गयी थीं। लोगों के मौलिक अधिकार दबा दिये गये थे। एक दलीय व्यवस्था थी। भिन्न विचार के लोगों के लिए कोई जगह नहीं थी। किसी सरकारी फैसले या निर्देश के खिलाफ बोलने का मौका नहीं था। आर्थिक व्यवस्था का केन्द्रीकरण हो गया था। [illegible]

फांसी [illegible]

श्रीलाल शुक्ल

लगभग पचीस साल पहले आस्ट्रेलिया में मुख्य न्यायाधीशों की एक सभा में पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस कार्नेलियस ने सुझाव दिया कि सजा के तौर पर अपराधियों के शरीर के अंग काट देने चाहिये और उसके लिये सर्जरी की आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जाना चाहिये। इससे लोगों का मनोरंजन तो हुआ पर सुझाव को अनदेखा कर दिया गया। वास्तव में यह सुझाव उस निर्भीक न्याय व्यवस्था पर आधारित है जो बदले की भावना से लबरेज है और निस्सन्देह इसमें इस्लामी परम्पराओं का भी योगदान है। साथ ही इसमें आधुनिक शल्यक्रिया के प्रयोग की भी बात है। एक तरह से यह प्राचीन और अर्वाचीन का सुखद समन्वय है। अफसोस है कि भारत तक में जहां ऐसी नयी पुरानी चीजों की खिचड़ी हजम करके समन्वयवादी होने का गर्व किया जाता है, इस सुझाव की खपत नहीं हुयी।

अब इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस [illegible] काटजू ने एक दूसरा सुझाव दिया है। बलात्कार और हत्या के एक क्रूरतापूर्ण मामले में अभियुक्त की जमानत नामंजूर करते हुये उन्होंने राय दी कि ऐसे जघन्य अपराधों में अपराधी को सार्वजनिक स्थान पर फांसी दी जानी चाहिये। ऐसा कहकर उन्होंने कोई आदेश नहीं दिया, न न्यायिक व्यवस्था ही बदली, सिर्फ सुझाव भर दिया। अब इसे मनोविज्ञान का दूषित प्रभाव कहें या कुछ और, अपराधी के प्रति हम इतना दयालु होने लगे हैं कि खुद उन्हीं के सहयोगी न्यायमूर्तियों ने इसे भावना का आवेग बताकर छोड़ दिया। पर मैं इस सुझाव से पूर्णतः सहमत हूं, जस्टिस कार्नेलियस से भी काफी हद तक सहमत था।

इसके कई कारण है। पहला तो यह कि मैं विधायिका को झगड़ालू, कार्यपालिका को भ्रष्ट और न्यायपालिका को विश्वसनीय मानने का आदी हूं, अतः उसकी बात से सहमत पहले हो जाता हूं सोचता बाद में हूं। दूसरा कारण यह कि फांसी का सजायाफ्ता अपराधी तो पहले से ही मरा हुआ है उसे चौराहे पर फांसी चढ़ाने से अगर जनता के मन में सजा की दहशत पैदा की जा सकती है तो यह फायदा क्यों न उठाया जाय। तीसरा कारण अगर हत्या और बलात्कार जैसे वहशियाना जुर्म समाज में हो रहे हैं तो वैसी ही सजा या वैसे ही वहशियाना ढंग की सजा देने से [illegible]

साम्प्रदायिकता [illegible] बिर[illegible]

विष्णु नागर

6 दिसम्बर और उसके बाद की घटनाओं ने कवियों, कथाकारों, कलाकारों, संगीतकारों की रचनात्मक बिरादरी को एक अजीब साँसत में डाल दिया है। साँसत यह नहीं है कि वे किस तरफ जायें—हिंदू कट्टरपंथ के साथ जायें या धर्मनिरपेक्ष मूल्यों में अपनी आस्था को बनाये रखें। लगभग एक स्वर से लेखक-कलाकार धर्मनिरपेक्षता के साथ हैं और कट्टरपंथियों के विरुद्ध हैं।

लेकिन रचनात्मक बिरादरी की साँसत यह है कि मौजूदा हालत में वह हस्तक्षेप किस तरह करे? संकट इतना घनीभूत है कि अपने समाज और राजनीति की हलचलों से अक्सर अछूते रह कर अपनी कला में निमग्न रहने वाले कलाकार भी परेशान हैं। सौभाग्य से इनमें बम्बई के फिल्म जगत के लोग भी हैं।

सबसे पहली बात जो सर्जनात्मक बिरादरी को लग रही है, वह यह है कि यह समय एकांत साधना का नहीं है हालांकि हर कलाकार अंततः अपने लिए ऐसी ही स्थिति चाहता है। वह अपनी कला के लिए पूरी ऊर्जा और पूरा समय देना चाहता है। संगीत, कला, नृत्य में किसी हद तक यह स्थिति है भी। तमाम युवा एवं वरिष्ठ कलाकार अपना पूरा समय, श्रम और शक्ति इसी में लगा रहे हैं। इसके नतीजे किस रूप में और क्या सामने आ रहे हैं, यह एक अलग बहस का विषय है। लेकिन ताजा स्थितियों में असुरक्षा और अशांति, अविश्वास और अंधेरा इतना बढ़ चुका है कि उससे कलाकार बिरादरी के एकांतिक साधक भी विचलित हो उठे हैं। उनमें यह अहसास बढ़ गया है कि विशेष रूप से हिन्दू समाज का सम्प्रदायीकरण इतना होता जा रहा है कि देश की धर्मनिरपेक्ष आस्थायें खतरे में हैं।

दो बड़े शायर, दो बड़ी किताबें

दिल्ली की हिंदी अकादेमी ने हाल ही में 'जिक्रे मीर' और 'यादगारे गालिब' प्रकाशित की हैं। 'जिक्रे मीर', महाकवि मीर की आत्मकथा है और 'यादगारे गालिब' मौ. अल्ताफ हुसैन 'हाली' की लिखी हुई गालिब की जीवनी है। दोनों ही पुस्तकें ऐतिहासिक महत्व रखती हैं। मीर और गालिब की शायरी तो जमाने से लोगों के दिलो-दिमाग में बैठी हुई है ही, स्वयं इन दोनों शायरों की जिंदगी भी लोगों को आकर्षित करती रही है। मिर्जा गालिब पर बनी फिल्म और टी.वी. सीरियल इसी क्रम का एक प्रमाण है। इन शायरों की जिंदगी से जुड़े हुए ढेरों किस्से भी प्रचलित रहे हैं। इन किस्सों का आधार ये दोनों किताबें भी रही हैं।

ये दोनों किताबें इन बहुत बड़े शायरों की जिंदगी का ही नहीं, इनके जमाने का भी प्रामाणिक दस्तावेज हैं। इन दोनों का ही जमाना काफी उथल-पुथल वाला रहा था और उस जमाने की कई घटनाएं इनमें दर्ज हैं। 'हाली' स्वयं बड़े शायर थे और गालिब का उनके प्रति प्रेम भी बहुत था। 'यादगारे गालिब' दरअसल गालिब की जीवनी तो है ही, उनकी शायरी की आरंभिक समीक्षा भी है। [illegible]

18 फरवरी को [illegible] दोनों पुस्तकों का लो[illegible] उन्होंने कहा कि इमा[illegible] भूलना चाहिए कि लेख[illegible] इमारतें खड़ी करते हैं [illegible] सकता। इस अका[illegible] अपने खराब स्वास्थ्य [illegible]



मौ. अल्ताफ [illegible]

हिन्दी अ[illegible]

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

2 3 4
❑ बटरोही की कहानी
❑ शिव प्रसाद सिंह के साथ भेंटवार्ता
❑ राजेन्द्र प्रसाद पांडेय की कविता
❑ नीलगिरि के चाय बगानों में

रविवार्ता

नवभारत टाइम्स, 28 फरवरी, 1993

5 6 7
❑ एक थैक महिलाओं का अपना
❑ पदार्थ की चौथी अवस्था भी होती है
❑ विज्ञान टिप्पणियाँ
❑ पीपल, जिसकी हर चीज औषधि है

उत्तर पूर्व का नाम सुनते ही हमें कुछ आशंका सी होने लगती है। लगातार आंदोलनों, झगड़ों, आतंककारी गतिविधियों और पृथकतावादी नारों की आशंका। लेकिन पूर्वोत्तर की सात बहनों में मेघालय भी है जो अपनी नैसर्गिक छटा, शांतिप्रिय लोगों और चेरापूंजी की बरसात के लिए विश्वविख्यात है। हाल ही में वहां चुनाव हुए हैं। मेघालय के राज्यपाल मधुकर दिघे की शीघ्र प्रकाश्य पुस्तक 'मेरी लोकयात्रा' मेघालय का अंतरंग चित्र प्रस्तुत करती है। उसके कुछ अंशः

सभी चित्रः शशि सहाय

मेघों के देश में



पूर्वांचल की सात बहनों असम, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम व मेघालय के निवासियों व उनकी विशेषताओं के संबंध में जानने की उत्सुकता इन दिनों भारत के अन्य हिस्सों में बढ़ रही है। असम, मणिपुर तथा त्रिपुरा के संबंध में तो थोड़ी बहुत जानकारी लोगों में है, वह भी पर्याप्त नहीं परन्तु शेष राज्यों अरुणाचल, नागालैंड, मिजोरम एवं मेघालय के बारे में अजीबोगरीब धारणायें देश में प्रचलित हैं।

मेघालय के साथ भी ऐसा ही हुआ। यह राज्य उत्तर-पूरब-पश्चिम में असम राज्य और दक्षिण में बांग्ला देश से घिरा हुआ है। लगभग 25 हजार वर्ग किलोमीटर का यह प्रदेश तीन प्रमुख आदिवासी जातियों का मूल स्थान जाना जाता है: खासी, जयन्तिया और गारो। राभा आदि दो-तीन और आदिवासी जातियां भी यहां रहती हैं, परन्तु उपरोक्त तीन जातियों ही प्रमुख हैं। खासी और जयन्तिया लगभग एक सी हैं। कहा जाता है कि 'हैन्युट्रेप' (सात झोपड़ियों) के ये वंशज हैं। यहां यह किंवदन्ती प्रचलित है कि ईश्वर ने जब मनुष्य की कई जातियां पृथ्वी पर भेजने हेतु बनायीं तो सबसे पहले - हैन्युट्रेप के सोलह परिवार पैदा किये। ये सोलह परिवार सर्वप्रथम स्वर्ग में ही रहते थे और कुछ अरसे के बाद भगवान ने इनमें से सात परिवारों को पृथ्वी पर भेजा। जिस सीढ़ी से ये परिवार पृथ्वी पर ही निवास करना पड़ा। ये ही सात परिवार 'हैन्युट्रेप' खासी जाति के लोगों के पूर्वज थे और बाद में ये लोग बढ़ते-बढ़ते खासी, जयन्तिया पहाड़ों के पूरे क्षेत्र में फैल गये। इनकी भाषा मानखोमेर व गारो लोगों की भाषा तिब्बती-बर्मी है।

इस किंवदन्ती का कुछ विद्वान यह भी अर्थ लगाते हैं कि शुरुआत में खासी, जयन्तियों के सोलह दल (कबीले) उत्तर से, मंगोलिया या चीन से निकलकर देशान्तर गमन करते हिन्दचीन, ब्रह्मदेश व थाईलैंड के रास्ते भारत में घुसे थे। इस प्रयाण में 9 परिवार पिछड़ गये और संभवतः अरुणाचल की ऊंची पर्वत श्रेणी में ...

आकर बस गये। विद्वानों का यह भी कहना है कि यह देशांतरगमन ईसा के दो-ढाई हजार वर्ष पूर्व हुआ।

खासी जाति मातृप्रधान जनसमूह है। स्त्री वंशक्रम के अनुसार ही सम्पत्ति का उत्तराधिकार आता है। किसी खासी मुखिया या 'सीएम' का उत्तराधिकारी उसका पुत्र न होकर उसकी बहन का पुत्र होता है। प्यार और निगरानी पिता से और अधिकार तथा जायदाद मामा से। कैसा संतुलन साधा गया है। यहां नारियां ही सामाजिक और आर्थिक जीवन के केन्द्र में हैं। परन्तु अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक विषयों की तुलना में आधुनिक युग के राजनीतिक जीवन में उनकी उतनी अधिक दिलचस्पी नहीं पायी जाती, यह भी आश्चर्यजनक है।

इस बात की पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि आज ही नहीं, पुराने जमाने में भी स्त्रियों को खासी दरबार में हिस्सा लेने या बोलने का अधिकार नहीं था और आज भी नहीं है। बल्कि अब तो स्त्रियां विधानसभा में चुनकर आती हैं और शासन के मंत्री पद पर भी विराजमान होती हैं। ऐसा लगता है, स्त्रियां जमीन जायदाद व पैतृक सम्पत्ति तथा वंश चलाने के लिए ही केवल अधिकारिणी हैं। उन्हीं के नाम से वंश चलता है, मातृ-सत्तात्मक समाज व्यवस्था के कारण।

मेघालय-मेघों का आलय नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर एक रमणीय प्रदेश है और इसीलिए इसको भारत का स्कॉटलैंड कहा जाता है। सन् 1991 की जनगणना के अनुसार यहां की जनसंख्या लगभग 18 लाख हो गयी है। नागालैंड, मिजोरम और मेघालय आदिवासी बहुसंख्यक हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग दो सौ आदिवासी जातियां हैं। इनके भी रहन-सहन के तरीके व रीति-रिवाज, उनकी संस्कृति एवं सभ्यता, उनके विशिष्ट रोजगार-धंधे और विभिन्न प्रकार की भाषाएँ, रंग-बिरंगे पहनावे मानो रंगीन फूलों का कोई गुलदस्ता हो। स्वाभिमानी, परन्तु बहुत ही भोले-भाले, ईमानदार, परन्तु सशंक, विभिन्नता के बावजूद भारतीय मूल संस्कृति और धर्म से जुड़े हुए ये लोग हैं, ऐसा मुझे लगता है।

मैंने विभिन्न आदिवासियों में विचरण करते हुए तथा उनसे ... पाया कि महात्मा गांधी, जिनकी कई अनेक ...

शिष्यायें इस क्षेत्र में उनके विचारों का प्रचार करती रही हैं, के अतिरिक्त चार ही केवल ऐसे व्यक्ति हैं जिनके नामों से पूर्वोत्तर क्षेत्र के आदिवासी परिचित हैं। अरुणाचल, असम और मणिपुरवासियों में डा. लोहिया, नागालैंड, मिजोरम में जयप्रकाश नारायण प्रधानमंत्री के पद पर आसीन रहे पंडित जवाहर लाल नेहरू और इन्दिरा गांधी को लगभग संपूर्ण क्षेत्र जानता है।

पहाड़ियों, घाटियों और जंगलों में रहने वाले ये लोग आपकी भाषा भले ही न जानते हों, परन्तु बुद्धि और ज्ञान से मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों से वे निम्न नहीं हैं, यह मैं दावे के साथ कह सकता हूं। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, मधुर स्वरों का संगीत बिखेरती नदियां, बड़े-बड़े झरने, सुरम्य घाटियां, केले, अनान्नास, संतरे, काजू, काफी के झुरमुटों से लेकर रबड़, सुपारी और सौ-सौ फुट ऊंचे चीड़ वृक्ष, अनेक प्रकार के वन्य-पशु, हाथी, हिरन, शेर क्या नहीं है मेघालय में। चूना और कोयला ही नहीं, अनेक प्रकार के खनिज पदार्थ यहां बहुतायत में पाये जाते हैं। हीरा-तराशने वाले और लोहे से भी अधिक मजबूत-सीलमनाइट के पहाड़ जो दुनियां में कदाचित ही कहीं पाये जाते हैं, मेघालय में मौजूद हैं। यूरेनियम जैसी अमूल्य धातु तथा अनेक प्रकार की जड़ी-बूटियों की अनगिनत किस्में यहां पर मौजूद हैं। जयन्तिया पहाड़ों में मेघालय के जोवाई जनपद के इलाके में जितनी सुन्दर और अच्छी किस्म की हल्दी पायी जाती है, वैसी अन्य किसी जगह दुनियां में नहीं पायी जाती।

मैंने जैसा ऊपर कहा है केले, अनान्नास, संतरा, काजू, काफी और चाय के उत्पादन की यहां काफी अच्छी गुंजाइश है। मेघालय में संतरा, केला और अनान्नास काफी अच्छे किस्म की पैदा होती है। इसके अलावा आलू और साग-सब्जी का भी यहां अच्छा उत्पादन होता है। डॉ. लोहिया ने 35-40 वर्ष पूर्व कहा था और देश के प्रधानमंत्री को भी सलाह दी थी कि संपूर्ण मध्य हिमालय क्षेत्र और नागालैंड, मिजोरम तथा मेघालय की पहाड़ियों में यदि फलों के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जावे तथा फल उत्पादन की ... उत्पादित फलों से सारे देश की जनसंख्या को फल खिलाया जा

पृष्ठ-5 पर जारी

जैसे ही राजू ने ब्रश करना ख़त्म किया कि कीटाणु फिर से पैदा होने लगे.

और इस वक़्त तो उन्हें अच्छी ख़ासी मदद भी मिल रही है क्योंकि कुछ भी मीठा खाने से आपके मुंह में कीटाणु और भी तेज़ी से बढ़ने लगते हैं. दांतों पर लगातार हमला करके उनको नुक़सान पहुंचाते हैं.

आप ही बताइये, ऐसे में वो टूथपेस्ट किस काम का जो ब्रश करना बंद करते ही कीटाणुओं से लड़ना भी बंद कर दे? या जो ज़रूरत की घड़ी में ही काम न आए?

लेकिन वाक़ई एक टूथपेस्ट ऐसा है जो ब्रश करने के बाद भी कीटाणुओं से लड़ता रहता है...

नया पेप्सोडेंट. जर्मी-चेक फ़ॉर्मूला युक्त एकमात्र टूथपेस्ट. जो ब्रश करने के घंटों बाद भी कीटाणुओं से सचमुच लड़ता रहता है.

और कीटाणुओं के हमले से आपके दांतों को बचाए रखता है.

ताकि आपके दांत रहें मज़बूत और स्वस्थ. तो अपने लाड़ले को नये पेप्सोडेंट से ब्रश करवाइए जिससे सालों बाद भी वह आइसक्रीम का मज़ा ले सके.

कीटाणुओं से लड़ता रहे ... ब्रश करने के घंटों बाद भी.

LINTAS PEP AS 202 256 HI

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कहानी

बटरोही

यह कहानी एक यात्रा-रिपोर्ताज है, जिसके सारे स्थान, चरित्र और घटनाएं एकदम सत्य हैं। फिर भी, यह रचना कहानी इसलिए है, क्योंकि पाठक इसे सत्य होते हुए भी कल्पना ही मानेंगे -

हिडिम्बा के गाँव में

यों तो 'खोपड़ी' नाम व्यंग्य में रखा गया था, लेकिन वास्तव में भी यह प्रासंगिक। इन्हीं पर्वतों-जंगलों के बीच पैदा हुआ था यह, कुछ ऐसी परिस्थितियाँ आती चली गयीं कि अपने क्षेत्र के रहस्यों ने इसे देश के चोटी का मानव-विज्ञानी बना दिया। इसके माँ-बाप ने एक आम पहाड़ी बच्चे की तरह ही उसका नाम रखा होगा, लेकिन उसका वास्तविक नाम तो लोग भूल गये, धीरे-धीरे उसके व्यक्तित्व के अनुरूप नया नाम प्रसिद्ध हो गया। उसकी खोपड़ी ही जैसे उसका सारा शरीर थी। ऐसी-ऐसी बातें कहता, अपनी बातों के समर्थन में ऐसे तर्क पेश करता कि लोग खंडन कर ही न पाते। वह चलता तो भी लगता जैसे खोपड़ी जा रही है, भोजन करता तो भी खोपड़ी ही दिखायी देती। खोपड़ी के अलावा उसमें कुछ और दिखायी ही न देता था।

इसके 'खोपड़ी' नामकरण का एक और कारण था। मानव विज्ञानी होने के नाते यह पता नहीं किस जमाने के नर-मुंड-कंकाल एकत्र करता और उनकी उम्र तय करता रहता। हजार वर्ष से नीचे तो यह बात ही नहीं करता। हजार, चार हजार वर्ष, महाभारत काल, पाषाण युग, चरागाह युग आदि व्याख्याओं के साथ यह मित्रों को मानव खोपड़ियाँ दिखाता रहता। खोपड़ियाँ दिखाते-दिखाते यह खुद 'खोपड़ी' बन गया था।

चम्पावत के पास गंडक नदी के किनारे स्थित हिडिम्बा मंदिर के बारे में उसने कुछ ऐसे तथ्य बताये कि पहाड़ों का 'अंधकार युग' नयी सम्भावनाओं के साथ उजागर होने लगा। गंडक नदी के किनारे कहीं खुदाई में उसे एक खोपड़ी मिली थी जिसके विश्लेषण के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुँचा था कि भीमसेन की पत्नी हिडिम्बा पिशाच जाति की पहाड़ी कन्या थी, जिसके पिता हिडिम्ब का राज्य पूर्वी कुमाऊँ से ले कर गढ़वाल होता हुआ हिमाचल प्रदेश के उत्तर-पूर्व तक फैला हुआ था। राजधानी चम्पावत में थी।

महाभारत काल में पड़ोस के राज्य हस्तिनापुर के राजकुमार भीमसेन ने जब हिडिम्ब राक्षस को मारा तो अपनी माँ के कहने पर भीम ने हिडिम्ब की पुत्री हिडिम्बा से विवाह किया और हिडिम्बा को राज्य सौंप कर वह वापस हस्तिनापुर लौट गया। खोपड़ी के अनुसार गंडक नदी के किनारे स्थित हिडिम्बा का मंदिर अपनी प्रिय रानी के स्मरण में हजारों वर्षों से चला आ रहा है।

हमें खोपड़ी के तर्क यद्यपि अटपटे लग रहे थे, फिर भी मंदिर देखने का प्रस्ताव हमने इसलिए स्वीकार कर लिया कि यदि उसे खुद को राक्षसों-पिशाचों की संतान कहलवाने में कोई एतराज नहीं है तो हमें क्यों होने लगा?

'मगर, राक्षसों-पिशाचों के मंदिर तो कहीं देखे नहीं गये हैं, हिडिम्बा राक्षसी का मंदिर कैसे सम्भव है?' इस तरह की जिज्ञासा व्यक्त करने पर खोपड़ी का पीरी उत्तर था: यह सब आर्यों की कारस्तानी है। आर्य मध्य एशिया से इसी रास्ते भारत आये। यहाँ आते ही उन्होंने पहले से निवास कर रही जातियों से अपनी अधीनता स्वीकार करने के लिए कहा, जिन्होंने बिना युद्ध किए अधीनता स्वीकार कर ली, वे देवता बना दिए गये और जिन वीर जातियों ने आर्यों की अधीनता स्वीकार नहीं की, उन राक्षस, दानव और पिशाच जातियों को [illegible] घोषित कर दिया गया। पहाड़ों पर ही रहने वाले गंधर्व, किन्नर, यक्ष और नाग जातियाँ देवता बना दी गयीं और यहाँ की दूसरी वीर जातियाँ असामाजिक राक्षस ...

खोपड़ी आर्यों को चरागाह काल की कुटिल 'औरत जाति' मानता था। उसके अनुसार आर्यों के आगमन के बाद आर्य संस्कृति इसी प्रकार श्रेष्ठता का एकमात्र प्रतीक बन गयी, जैसे अंग्रेजों के जाने के बाद आंग्ल भाषा-संस्कृति ने भारत की सारी देशीय भाषा-संस्कृतियों को असभ्यता और पुरानेपन का पर्याय बना दिया।

जिस दिन खोपड़ी मुझे ले कर चम्पावत पहुँचा, गंडक में काफी पानी था। बरसात शुरू हो चुकी थी, लेकिन उस दिन बादलों के बावजूद पूरे दिन वर्षा नहीं हुई।

चम्पावत की धरती में राजधानी का वैभव आज भी महकता हुआ दिखायी दिया। अब वह ठीक-ठाक-सा शहराती कस्बा है, मगर चार-पाँच किलोमीटर आगे जंगल में घुसते ही बहुत साफ अनुभव होता है कि हम आदिवासियों के बीच पहुँच गये हैं। फुंगर शब्द उस इलाके का सबसे पुराना गाँव है, जिसके दक्षिणी छोर पर घटोत्कच का एक भव्य मंदिर है। लोहे के गंडासों, बघनखों और घंटियों से घिरा यह मंदिर बाँज, देवदार, चुरांश, कत्नीज आदि के भारी-भरकम पेड़ों से घिरा हुआ है। मंदिर के अन्दर कोई मूर्ति नहीं, एक आयताकार कुण्ड है जिसके तल पर घटोत्कच का निवास माना जाता है। सम्भवतः वह एक लम्बी सुरंग है। सदियों से मान्यता है कि कुण्ड में कितना ही जल या दूध चढ़ाया जाये, वह भरता नहीं। अकाल के समय इलाके के लोग कुण्ड में दूध चढ़ाते हैं। 'कुण्ड जब दूध से भर जाता है, देवता का श्राप थम जाता है और आकाश में बादल घिर कर बरसने लगते हैं।'

फुंगर के लोग सीधे, सरल, धर्मभीरु और वचन के पक्के हैं। घरेलू नौकरों और दरबानों के रूप में आज इनकी पूरे देश में साख है। ऊँची उठी हुई पहाड़ियों की जड़ पर गाँव बसा है और गाँव को करीब-करीब छूती हुई उत्तरवाहिनी गंडक नदी है।

'यहाँ सब कुछ परम्परा के विपरीत है...' खोपड़ी ने बताया, 'पहाड़ों पर किसी नदी का दक्षिण से उत्तर की ओर बहना एक जीता-जागता आश्चर्य है, लेकिन गंडक इस क्षेत्र की एकमात्र उत्तरवाहिनी नदी है। आदमी तो आदमी, यहाँ प्रकृति भी नियमों के विरुद्ध, अपनी मर्जी से चलती है।'

फुंगर से गंडक की दूरी करीब एक किलोमीटर का उतार है। रास्ते में धान-बासमती के खेत नहीं हैं, जैसा कि अनुमन तलाऊ पहाड़ी जमीन पर होते हैं, अनेक तरह की झाड़ीनुमा कँटीली बूटियों के पौधे बिखरे पड़े हैं। बीच-बीच में इक्के-दुक्के देवदार के पेड़ हैं या फिर जाने कहाँ से एकाध आम और पीपल के मैदानी वृक्ष घुस आये हैं।

हिडिम्बा का मंदिर एक गुफा की शक्ल में था। खोपड़ी भूगर्भ विज्ञान का भी विद्यार्थी रहा था। मंदिर के ऊपर झुके देवदार के पेड़ वाले एक विशालकाय बूढ़े पेड़ के बारे में उसने बताया कि इस वृक्ष की उम्र डेढ़-दो सौ वर्ष से अधिक नहीं है, लेकिन यहाँ पर इसी जाति के वृक्ष हिडिम्बा के जमाने से रहे होंगे। सम्भव है कि यह क्षेत्र अतीत काल में राजघराने का पूजास्थल रहा हो। मंदिर का स्थान डेढ़-दो हजार वर्ष पूर्व पहाड़ की चोटी पर रहा होगा। धीरे-धीरे भूस्खलन और नदी के द्वारा लायी गयी मिट्टी ने इस फुंगर पहाड़ी को जन्म दिया होगा। कभी अतीत में जो पर्वत-शिखर था, आज वह घाटी बन गया है और प्रकृति ने स्वयं ही अपना एक नया लोक बसा लिया है।

पहाड़ों में सवर्णों के गाँव पहाड़ के मध्य या शिखर पर होते हैं और सूर्य वालों के लिए एक-दो असवर्ण [illegible] जाता है, जिनके घर सवर्णों के गाँव के नीचे, किसी गंदी-कीचड़युक्त घाटी में होते हैं। असवर्णों के घर के आसपास कोई मंदिर नहीं होता, न कोई पवित्र पेड़।

हिडिम्बा मंदिर के पास ही एक पुराना पहाड़ी घर था - पत्थर की दालवाँ छत और बेडौल पत्थरों से बेतरतीब से चिना हुआ दोतल्ले का मकान। मुख्य दरवाजे के दोनों ओर आदमकद खिड़कियाँ भी थीं और मकान से थोड़ा हट कर पीपल का एक वृक्ष।

मुझे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। जब सब कुछ परम्परा के विरुद्ध है तो ऐसा भी हो ही सकता है। लेकिन मंदिर के पास पहुँचने पर

○○○

खोपड़ी के कुछ इसी तरह के कयास चल रहे थे कि पीपल के तने के पास खड़ी वह बूढ़ी औरत कुंथी हमारी ओर देख रही थी, जैसे हमारी ही प्रतीक्षा में खड़ी हो। लगता था, कुछ कहना चाहती थी वह बूढ़ी औरत। ऊपर फुंगर गाँव के प्रधान के बाड़े पर बरतन मलती हुई कुंथी भी कुछ कहना चाहती थी, मगर हम तो परदेसी थे। हमारे साथ उसका क्या काम हो सकता था?

○○○

खोपड़ी ने बताया कि यह घर फुंगर गाँव की ही एक बेटी का है जो अपने बेटे के साथ यहाँ रहती है। खोपड़ी ने औरत का नाम कुंथी बताया, जो फुंगर गाँव के एक खाते-पीते किसान की बेटी थी। पिता अब नहीं रहे, लेकिन उसके तीन भाई सेब-आड़ू और मालपाती का व्यापार करते हैं। चम्पावत में विकास खंड के खुल जाने से फलों के बेहतर बीज और दवाएँ उपलब्ध होने लगे थे, उसी अनुपात में फलों की उपज और गुणवत्ता में भी वृद्धि हुई थी।

[illegible] सरकारी अनुदान में बरती जाने वाली धाँधली के बारे में बताया। हम लोग शहर से आये थे, प्रधान ने सोचा होगा। सरकारी महकमे के बड़े अफसर हैं। उसने अपनी दुख भरी दास्तान बताते हुए कहा कि महीनों तक चम्पावत के चक्कर लगाने पड़ते हैं, उस पर भी जितने रुपयों पर अंगूठा लगाया जाता है, उसका आधा हिस्सा हमें मिलता है। बाकी सारा हिस्सा ब्लॉक वाले खा जाते हैं।

हम लोग चाय पी रहे थे, मकान से लगे बगीचे के कोने पर बरतन मलती हुई औरत रह-रह कर हमारी बातों में रुचि लेती लग रही थी। 'आप तो नैनीताल से आये हुए साहब लोग हैं ...' ग्राम प्रधान ने जब चापलूसी भरे लहजे में कहा तो मैंने महसूस किया कि वह औरत एकाएक चौंकी थी और जल्दी-जल्दी काम निबटाने लगी थी। लगा, जैसे कि वह हमसे कुछ बातें करना चाहती हो। सिर पर टिका हुआ धोती का पल्ला उसने थोड़ा ठीक किया और जैसे कनखियों से देखते हुए हमारी बातें सुनने लगी।

'अभागन है ...कुंथी अभागन ...' ग्राम प्रधान ने मुझे उस औरत की ओर [illegible] नदी किनारे के पीपल के पास रहती है।'

प्रधान के दालान से पीपल, मकान और मंदिर के हिस्से झुरमुटों के बीच दिखाई दे रहे थे। चारों ओर घना जंगल था - ऊंचे पर्वत-शिखरों तक पटा हुआ। तीन-चार मील के व्यास तक कोई और गाँव नहीं था। सामने के शिखर पर से एक-दो मकान झाँक रहे थे। घने पेड़ों के बीच वहाँ पर और भी कई मकान होंगे। एकदम सामने दिखाई दे रही वह चोटी पैदल रास्ते से चार-पाँच मील से कम नहीं रही होगी।

ग्राम प्रधान बड़े उत्साह से अपनी सेब की पैदावार के बारे में बता रहा था। कुंथी बरतन धोकर उन्हें दालान की दीवार पर उल्टा रख कर नीचे नदी की ओर चली गयी थी। साठ-पैंसठ के आसपास उम्र रही होगी उसकी, लेकिन शरीर में अभी भी स्फूर्ति थी। चेहरे पर झुर्रियाँ उभरने लगी थीं, लेकिन चाल में किशोरियों का-सा हुलास साफ दिखाई देता था।

'कुंथी यहाँ अकेली क्यों रहती है, प्रधान जी', मैंने पूछा तो ग्राम प्रधान अपना चेहरा लगभग बिगाड़ कर बोला, 'पाप कर बैठी [illegible] सुन्दर लड़की थी कुंथी। शादी भी तय हो गयी थी। महीना भर भी नहीं था शादी में कि पेट से दिखायी देने लगी अभागन।'

'हम लोग तब छोटे थे, ये सब बातें क्या समझते साहब। ...एक दिन गाँव के कुछ लोग इसे मारते-मारते नीचे गंडक तक ले गये और घायल हालत में नदी में डाल आये। ...' प्रधान सहज ढंग से बता रहा था, 'जाने कैसे बच गयी कुलच्छिनी अपना पाप ढोने के लिए। पीपल के पेड़ तले भैरव का मंदिर है, उसी में रहने लगी। हम बच्चे तब पशुओं के ग्वाले जाते तो अपने खाने में से उसे भी दे आते। तब हम क्या जानते थे कि ये अभागन अपने पाप को ढोने के लिए जिन्दा है। ...जिस भैरव के मंदिर में हम दिनदहाड़े घुसते डरते थे, ये अभागन उसमें रात को रहने लगी।'

ग्राम प्रधान ने बताया कि उसी गुफानुमा घर में उसका लड़का पैदा हुआ, जो अब चालीस बरस का है। कुंथी ने अपना और अपने बच्चे का पालन पोषण अकेले दम पर नदी किनारे किया। लोगों को तो पता तक नहीं कि वह क्या खाती-पीती रही। नदी से मछलियाँ मार कर, कंद-मूल [illegible] किसी तरह अपने और बच्चे को जिन्दा रखा और फिर पता नहीं कब वह गाँव के ही खेतों में काम करने लगी। पेट भरने के लिए अनाज मिल जाता था, बिना मजदूरी के दो-दो मजदूर मिल गये थे गाँव वालों को। दिन भर कस कर काम लेते और शाम को हर घर से एक रोटी और एक-दो लोटा मट्ठा मिल जाता। फुंगर के सवर्ण कुंथी और उसके पुत्र के साथ असवर्णों का-सा व्यवहार करते। भोजन हाथ में नहीं, जमीन पर रखकर दिया जाता, दूध-दही पर उनकी दृष्टि तक न पड़े - यह ध्यान रखा जाता था। इस तरह की कठिन जिन्दगी जीते हुए भी दोनों का शरीर स्वस्थ कैसे बना हुआ है - यह गांव वालों की चिन्ता और चर्चा का विषय रहता।

हम लोग नदी किनारे मंदिर के पास पहुँचे तो गंडक का शोर काफी तीखा महसूस हुआ। नदी की गर्जना फुंगर में भी सुनाई दे रही थी, लेकिन वहाँ इतनी तीखी नहीं थी।

.... कितनी ही बार इस भैरव मंदिर में चीखी होगी कुंथी; प्रसव के समय चीखी होगी, उसके बाद इस दुनिया में आये नये जीव के बाप के लिए चीखी होगी, गाँव वालों के लिए चीखी होगी, कोई जंगली जीव-जन्तु घुसा होगा घर में, तब चीखी होगी, लेकिन जब नदी की चीख फुंगर में ही नहीं सुनाई देती तो कुंथी की चीख सुनने वाला कौन था वहाँ? उत्तरवाहिनी नदी में गर्जना नहीं होनी चाहिए, लेकिन अगर गंडक की चीख कुंथी की चीख से कमजोर होती तो फुंगर के लोग कैसे जान पाते कि कुंथी अपनी संतान के साथ जिन्दा है। तब कुंथी कैसे ललकार पाती फुंगर-वासियों को? अपने अनाम प्रेमी को और अपने ही नियमों के विरुद्ध चलने वाली प्रकृति को!

क्या कभी ललकारा होगा कुंथी ने फुंगर के लोगों को? कि देख लो फुंगर के लोगो, जिसे तुम पाप कह रहे हो वह मेरी ही नहीं, तुम्हारी जिन्दगी का भी सहारा है - आज मेरे कारण ही वह जिन्दा है और उसके कारण जिन्दा हूँ मैं। और हमारे कारण जिन्दा हो तुम लोग। साठ-पैंसठ साल की बूढ़ी माँ कुंथी उन्हीं गाँव वालों के घर जूठे बरतन मलती थी, जिन्होंने उसे अपनी ओर से मार डाला था। अपने हत्यारों के खेतों-जंगलों में पसीना बहा कर माँ-बेटे पूरे गाँव को जिन्दा रखे हुए थे। क्या कभी अपना अधिकार माँगा होगा कुंथी ने? माँगा तो अवश्य होगा, मगर गंडक की तीखी गर्जना में क्या वह आवाज फुंगर तक पहुँच भी पाई होगी।

खोपड़ी हिडिम्बा मंदिर के मूल ढाँचे के बारे में विस्तार से बता रहा था। मूल मंदिर में, आगे आने वाली सदियों में किस तरह बदलाव आता चला गया होगा - इसके सूक्ष्म ब्यौरे पेश कर रहा था खोपड़ी। आश्चर्य चकित कर देने वाली बात यह थी कि मंदिर के प्रतीक परवर्ती आर्यों के थे। शक्ति पीठों के तांत्रिक प्रतीक - लोहे के त्रिशूल तथा लौह-शलाकाओं पर कतार टिके हुए दीपक ...इस मंदिर में हिडिम्बा को भी देवी-भगवती का एक रूप माना गया था। भगवती, यानी दुष्टों का दुख हरने वाली, सारी सृष्टि का संहार अपने आप में समेटने वाली दुर्गा ...अन्यथा इस निर्जन घाटी में फुंगर के आदिवासियों की सुध लेने वाला था ही कौन?

मेरा ध्यान खोपड़ी के इन तर्कों पर नहीं था कि किस तरह परवर्ती आर्यों ने अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाले पैशाची-राक्षसों को भी देवयोनि में डाल दिया। खोपड़ी बता रहा था कि हिडिम्बा इसलिए देवी बन गई क्योंकि उसने आर्य भीमसेन की वासना को शान्त किया। उसने आर्यों के लिए एक ऐसा बेटा जना जो वक्त पर उनका सहायक बना। खोपड़ी के अनुसार महिलासुर, घटोत्कच या [illegible] प्राण गँवा कर आर्य जाति के पराक्रम की रक्षा की। अंग्रेज युग के रायसाहबों की तरह थे ये लोग।

मेरा ध्यान देवदार-बाँज के घने झुरमुटों से एकाएक प्रकट होती सर्पाकार उत्तरवाहिनी गंडक पर था, जो चुपके से भैरव मंदिर को छूती हुई तेज गर्जना के साथ हमारे सामने से गुजरती चली गई थी। गंडक में जब पानी चढ़ जाता होगा, भैरव मंदिर का निचला तल पानी में डूब जाता रहा होगा। कुंथी तब भी अपने बेटे के साथ जिन्दा थी, हम लोगों के लिए यह सचमुच अचरज की बात थी।

भैरव का सम्बन्ध शिव के साथ रहा है। भैरव शिव का एक गण है। अतः भैरव मंदिर के साथ शिवजी का मन्दिर भी होना चाहिए। हम लोग शिव मंदिर की तलाश में भैरव मंदिर की ओर बढ़े। शिव मंदिर कहीं दिखाई नहीं दिया। हमारे लिए यह सचमुच अचम्भा था। अगर शिव मंदिर नहीं है तो भैरव का मंदिर कैसे स्थापित हो गया? कहीं यह मंदिर हिडिम्बा के किसी सेवक का तो नहीं? लेकिन हिडिम्बा का सेवक भैरव कैसे हो सकता है? सम्भव है, यह भी आर्यों का कोई षड्यंत्र रहा हो कि मूल नाम तो गायब कर दिया गया हो और भैरव का प्रचलित नाम ही वे चलन में ले आये हों। ...

खोपड़ी के कुछ इसी तरह के कयास चल रहे थे कि पीपल के तने के पास खड़ी वह बूढ़ी औरत कुंथी हमारी ओर देख रही थी, जैसे हमारी ही प्रतीक्षा में खड़ी हो।

लगता था, कुछ कहना चाहती थी वह बूढ़ी औरत। ऊपर फुंगर गाँव के प्रधान के बाड़े पर बरतन मलती हुई कुंथी भी कुछ कहना चाहती थी, मगर हम तो परदेसी थे। हमारे साथ उसका क्या काम हो सकता था?

चालीस वर्ष इस डरावने भैरव मंदिर में एक और मानव देह के साथ काट ले जाने वाली यह औरत साक्षात् भैरवी लग रही थी। तब बीस-पच्चीस वर्ष की युवती रही होगी कुंथी, जब पेट के अपने भार के साथ उसे गंडक की तेज धारा में फेंक दिया होगा उसके पिता ने। कैसे उसे गंडक की धारा ने किनारे लगाया होगा और कैसे उसने भैरव मंदिर में आश्रय खोजा होगा। आगे की ओर कुछ ही दूरी पर गंडक की दो धाराएँ अलग-अलग हो गई थीं और फिर एक मोड़ पर पुनः मिल गई थीं। युगों से वहाँ पर श्मशान घाट था। नदी किनारे हर रात प्रेतात्माएँ भटकती रहती होंगी। जिन्दा आदमियों को तो चुनौती दी ही थी कुंथी ने, मृत आत्माओं को भी जीवन भर चुनौती देती रही थी वह अकेली औरत। लगा, जैसे सचमुच वह भैरव मंदिर की भैरवी थी।

जैसे चालीस वर्ष पूर्व की भैरवी कुंथी खड़ी हो पीपल के पेड़ तले। गाँव-इलाके की न जाने कितनी मृतात्माओं के तर्पण किये गये होंगे इस पीपल पर और पीपल ने सारी आत्माओं के दुष्कर्म अपने शरीर में समेट कर उन्हें मुक्ति प्रदान की होगी। बीस वर्ष की वह आदिम युवती कुंथी भी जैसे मुक्ति प्रदायिनी पीपल-सी हमारे सामने खड़ी थी ...सुडौल-स्वस्थ शरीर ...जाँघे की उद्दाम आकांक्षा और मध्ययुगीन गणिकाओं की भाँति सारी सृष्टि को अपने-आप में समेट लेने का आकांक्षी उन्नत वक्षस्थल! सचमुच वह भैरवी थी - एक साथ सृष्टि, संहार और मुक्ति प्रदान करने वाली भैरवी।

कुंथी जैसे पीपल के नीचे खड़ी हमें ही ललकार रही थी। जैसे पिछले चालीस वर्षों में संचित आक्रोश की आग धधकना चाह रही थी उसमें, जो किसी भी क्षण इस घने जंगल में दावानल की तरह भड़क सकती थी।

हमारी आशा के विपरीत, बहुत संकोच भरे स्वर में, अपनी ऊटपटांग भाषा में उसने कुछ कहा, जिसे पहाड़ी होने के कारण हम समझ गये। उसका आशय था कि क्या हम नैनीताल से आये हैं?

स्वीकृति में सिर हिलाने पर उसने अपने माथे का पल्ला थोड़ा और आगे किया। फिर उसी विनम्रता से बोली, 'खाना बन गया है। खाकर जाना।'

कुंथी के व्यक्तित्व का आतंक मन पर और अधिक गहराता चला जा रहा था। मैं उससे कुछ पूछना ही चाहता था कि उसने अंतरंग भाव से वह अपनी टूटी-फूटी दनपुरिया कुमाऊँनी में बोली, 'अपने ही तो घर से आये हो तुम लोग। बिना खाये-पिये जाओगे तो पाप हमारे सिर चढ़ेगा। उनको तो तुम जानने ही वाले ठहरे। नैनीताल के ही तो हुए वो भी।'

'कौन? किसकी बात कह रही हो?' खोपड़ी ने पूछा। 'वही, इसके बाबू ...' बड़े संकोच के साथ बोल पाई वह।

'क्या नाम है इनका?'

'इसके बाबू तो बता रही हूँ...' सहज आत्मीयता के साथ कुंथी बोली, 'नैनीताल से ही तो आये थे। आप लोग पहचानते ही होंगे। चालीस बरस हो गये अब तो। ...ससुराल से आये हो। बिना खाये कैसे जाने दूँगी?...'

पता नहीं वह कुंथी ही थी या पीपल वृक्ष से निकली हुई उसकी प्रेतात्मा ...मैंने पहली बार महसूस किया कि खोपड़ी भी मानो डर गया था। उसने मेरा हाथ पकड़ा और पलट कर तेज कदमों से हिडिम्बा मंदिर की ओर चल पड़ा।

अंतरंग भाव से वह अपनी टूटी-फूटी दनपुरिया कुमाऊँनी में बोली, 'अपने ही तो घर से आये हो तुम लोग। बिना खाये-पिये जाओगे तो पाप हमारे सिर चढ़ेगा। उनको तो तुम जानने ही वाले ठहरे। नैनीताल के ही तो हुए वो भी।' 'कौन? किसकी बात कह रही हो?' खोपड़ी ने पूछा। 'वही, इसके बाबू ...' बड़े संकोच के साथ बोल पाई वह।

○○○

कविता

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय

बेहतर भाषा की तलाश में

वह कुछ यूँ ही माहौल था
'हम-हम' करती पार्टियों का
चुनावी दंगल
या फिर
उपासना-सुपासना की आड़ में
रोटियाँ जुटानेवालों का गढ़ा
कोई पर्व
बहरहाल
यहाँ शब्दों पर शब्द गड्डमड्ड थे
समुद्र में मीठा पानी
ओसाई के खलिहान में निर्धूलि
आप पा सकते थे
पर इन शब्दों के अर्थ नहीं।

नपुंसकों के नाजायज बच्चों से ये शब्द
एक दूसरे पर पिले पड़े थे
अपनी-अपनी विरासत सही सिद्ध करने को
ऐसे में मुझे आना पड़ा जंगल की ओर
खोये शब्दों के अर्थों के साथ
बेहतर भाषा की तलाश में।

इधर दूर-दूर तक फैला पठार था
गँवई की निश्छल ईमानदारी सा सपाट
गरीब माँ के दिल-सा खुला
और अल्प वेतनभोगी की पत्नी सा कड़ा
जिस पर मेरे पैर
तवे पर रोटियों से पड़ रहे थे।





अन्तरात्मा को गिरवी रखकर मिले
चापलूसी के धन पर
राजनीति में किसी छुटभैये की तरह
मैं आगे बढ़ रहा था।

यहाँ मुझे मिला था वह फूलों भरा वृक्ष
जो अपनी सारी संवेदनाओं के साथ
पैरों पड़ी धरती पर झर रहा था
अब मर रहा था मेरा आक्रोश
रूपगर्विता विधवा की मौत।

मुझे इस तरह न मरने दो
वह रिरियाया
'तुम मरोगे नहीं
सब-कुछ को पूरी आंखों से देखो
मेरी हरियाली की तरह
दिल खोलकर पसीजो
मेरे पत्तों पर ओस की बूँदों की तरह
और हाड़ फोड़कर फलो
इन टहनियों पर चिपके
मेरे वंशवृक्षों की तरह...'

'नहीं, नहीं, नहीं,
ऐसा नहीं हो सकता
आखिर मैं मनुष्य हूं।'
मैंने कहा।

वह विचलित हो उठा
और मौन की सुभाषा के सुन्दरतम् गुच्छे
एक-एक कर झड़ने लगे
मेरी आँखों के ऐन आगे।

पीढ़ियों को विभाजित करने के षड़यंत्र खूब हुए!

प्रख्यात कथाकार शिवप्रसाद सिंह से दामोदर पांडेय की बातचीत

बातचीत के पूर्व की भूमिका भी बातचीत जैसी ही स्वाभाविक होनी चाहिए, इसलिए घुमावदार भाषा का चक्कर छोड़कर सीधे ढंग से कहूं तो ठीक होगा। गुजरे वर्ष के पहले दिन अपने डी.लिट. शोध के संदर्भ में वाराणसी पहुँचा था। काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर एवं हिंदी विभागाध्यक्ष तथा निदेशक श्रद्धेय डॉ. वासुदेव सिंह से विचार-विनिमय के पश्चात यात्रा की सफलता से गद्गद् मन ने विचार किया कि काशी में आकर और शिव का प्रसाद नहीं पाया तो मेरी यह यात्रा अधूरी रहेगी। बस फिर क्या था, पहुंच गया गुरुधाम कालोनी, फ्लैट नं. 13, शोध छात्रा को निर्देशित करते हुए एक भव्य व्यक्तित्व के दर्शन हुए - चिर-परिचित, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के भूतपूर्व हिन्दी प्रोफेसर, 'नीलाचांद' पर साहित्य अकादमी पुरस्कार और अब व्यास सम्मान से सम्मानित और पुरस्कृत कथाकार डॉ. शिवप्रसाद सिंह।

'कैसे आना हुआ?'

'आया था, डी.लिट्. शोध के संदर्भ में गुरुजी (वासुदेव सिंह) से मिलने, सोचा, आपका भी दर्शन-लाभ प्राप्त कर लूं।'

'बहुत सुन्दर। बैठिये। आपके शोध का विषय क्या है?'

'नयी कविता पर पाश्चात्य प्रभाव।'

'विषय तो बहुत व्यापक है।'

'जी हाँ, इसी से संबंधित दो बातें आपसे करने की इच्छा थी। आज्ञा हो तो ...

शोध-छात्रा को चले जाने का निर्देश करते हुए बोले, 'पन्ना खा लें। ... हाँ, अब कहिए?'

'प्रायः देखने में आता है कि प्रगतिवादी खेमे के साहित्यकार प्रयोगवादी खेमे के साहित्यकारों को और प्रयोगवादी प्रगतिवादी खेमे के साहित्यकारों को खरी-खोटी सुनाते रहते हैं और सभी 'नयी कविता' में अपना विलयन भी करते हैं। बड़ा अजीब लगता है। आपकी धारणा क्या है?

कन्टेम्पोरेरी लिटरेचर के बारे में हमेशा ऐसी विषम परिस्थितियाँ आती रही हैं। ऐसा नहीं है कि मध्यकालीन काव्य में बहुत आसानी के साथ किसी मतवाद का कोई रूप स्पष्ट होता हो। जैसे-तुलसी और कबीर को ही लीजिए, उस समय की मतवादी धारणाएँ-सत्ता के प्रति जो थीं, उसमें भी पर्याप्त संघर्ष था। यह बिल्कुल गलत धारणा है कि इन दोनों में संघर्ष नहीं था, एक-दो जगह नहीं, बल्कि कई-कई जगहों पर तुलसी और कबीर में मिलता है। निर्गुण के बारे में तुलसी ने भी कहा है और सूरदास ने तो 'निर्गुण कौन देस को बासी' तक कहा है। कबीर जब अपने आराध्य को भरतार, स्वामी, पति के रूप में पुकारते हैं तो उनके दिमाग में निराकार स्वरूप के साथ-साथ उसकी क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं भी मिल जाती हैं, इसलिए शत-प्रतिशत कहना गलत होगा कि कबीर केवल निराकार के ही आराधक हैं।

नयी कविता में दो प्रकार के मतवाद हैं। समकालीन का मतलब क्या है? साठोत्तरी का मतलब क्या है? नई कविता का मतलब क्या है? तीनों नाम खूब चल रहे हैं। कभी-कभी वे लोग जो हर चीज को समकालीन कहते हैं। यानी 1950 के बाद के वे लोग, जो आज भी सक्रिय हैं, उनको कहाँ रखा जाए? वे सारे के सारे इस कालावधि को ही समकालीन मान लेते हैं। चूंकि वे समकालीन हैं, नई के साथ जुड़े हुए हैं, इसलिए वे आज भी नये हैं। इसलिए नई का अर्थ यदि 1950 से लेकर अब तक है तो कम से कम उसके नाम पर कोई झगड़ा नहीं है, लेकिन नई का मतलब बाद वाले स्वीकार नहीं करते, ऐसा वे केवल अपनी अलग आवाज दिखाने के लिए करते रहे हैं। सन् 43 में प्रकाशित 'तारसप्तक' को पढ़ने से लगता है कि अज्ञेय के मन में कहीं भी यह नहीं था कि वह एक ऐसी यात्रा करने जा रहे हैं, जो प्रगतिशीलता तक सीमित रहेगी या व्यक्तिवादी हो जायेगी। सभी अपनी-अपनी राहों के अन्वेषी हैं, मात्र इतनी विचारधारा अज्ञेय के मन में थी। उसका यह रूप नहीं था, जो बाद में झूठे तरीके से फैलाया गया कि अज्ञेय एक अमेरिकी एजेन्ट हैं या कि एक खास वाद को लेकर चलते हैं। कालान्तर में तो आप देखेंगे कि सारे के

सारे आरोप इतने झूठे हो गये कि चेकोस्लोवाकिया, रूस और अन्य कम्युनिस्ट देशों में खुला-खुलाकर अज्ञेय के भाषण होने लगे। आखिर अज्ञेय में कोई ऐसी खास बात रही होगी, जो लगती है कि इण्डिया की है, इण्डियननेस है, जिसका प्रतिनिधित्व अज्ञेय करते हैं। रामविलास का कथन किसी जमाने में लोगों को हास्यास्पद लगता था कि हिन्दी का अधिकांश साहित्य शुरू से ही प्रगतिमूलक ही है, भारतेन्दु से लेकर यहां तक या वह जिस किसी तक गया, हिन्दी साहित्य कभी भी बुर्जुवा विचारधारा को लेकर नहीं चला, खास तौर से आधुनिक काल में। रामविलास शर्मा स्पष्ट कहना चाहते हैं कि सब प्रगतिशील हैं। ये जो संघर्ष शुरू हुआ है, वह एक खास प्रकार के मतवाद से।

मुझे याद पड़ रहा है कि एक खास प्रकार की तैयारी के साथ सन् 1957 में इलाहाबाद में साहित्यकार सम्मेलन हुआ। झगड़े की स्थिति पैदा हो जाने के कारण गोष्ठियाँ अलग-अलग बँटकर हुईं। कहानी गोष्ठी के सभापति यशपाल जी थे। कविता गोष्ठी अलग हो रही थी। मुक्तिबोध वगैरह कहानीवाली गोष्ठी में बैठना ज्यादा पसन्द करते थे, क्योंकि सोफाउन्द कहानीकार सुन बन गया था। मैं बताऊँगा कि झगड़े की जड़ क्या थी? उसमें कम्युनिस्ट पार्टी का कल्चरल सेल (जिसमें नरेश मेहता भी थे) ये दिखाना चाहता था कि कम्युनिस्ट पार्टी की सफलता का एक रूप जो है, वह सम्मेलन से है, जबकि उनके पम्फलेट पर विचार करते हुए कह दिया गया था कि यह इलाहाबाद लेखक सम्मेलन मात्र है। यह साम्यवादी या प्रगतिवादी लेखक सम्मेलन नहीं और बाद में जब गलत रिपोर्ट आयी तो लोगों ने जमकर उसका विरोध भी किया तथा साहित्यकार सम्मेलन ही सब जगह लिखा गया। उसी समय एक यह भी धारणा थी कि जो नया है, वह ज्यादा झुक रहा है विदेशी संस्कृति की ओर और कुछ झुका-झुका लग रहा है व्यक्तिवाद की ओर। नयी कविता में विलयन नहीं करते हैं तो उसका सीधा अर्थ यह है कि कालविभाजन वे नहीं स्वीकार करते कि बीच में साठोत्तरी कविता या कि अस्तित्ववादी कविता या अकविता ये क्या हैं? सच तो यह है कि साठोत्तरी या कुछ पैंसठोत्तरी भी कह लेते हैं। अजीब स्थिति यह है कि नई कविता का प्रगतिवाद का आरम्भिक ग्रामीण संस्कृति, सहज समाज, सहज मन और प्रकृति को ले देकर जो मोटा-मोटा रूप बनता है, वह यही कि यह खास प्रकार के ग्राम सहज जीवन और उसके आकर्षण, कुछ ऐसी नई अनछुई शब्दावली, जो ताजा लग रही थी, का विवरण है। नई कविता के रूप में जब वह डेवलप हुई तो तीनों सप्तकों और उसके बाद के कवियों को मिलाकर साठ-पैंसठ के बाद का जो सारा साहित्य है वह सब विखण्डन और विभेद का साहित्य बन जाता है। सेक्सी साहित्य की प्रवृत्ति कविता में तो मिलती है, साथ ही ऐसी उड़ान कहानी में अकहानी के माध्यम से, सचेतन कहानी के माध्यम से भरने का प्रयास किया गया है। उस दस-पंद्रह साल के काल में इतना कशमकश है कि कोई धारा स्पष्ट दिखलाई नहीं पड़ती और जो दूसरी उल्लेखनीय बात है, वह है- बिखराव।

आपने 'नयी कविता' और 'नयी कहानी' दोनों को मिलाकर बात कही है, इससे मुझे लगा कि नयी कविता और नयी कहानी से संबंधित बातें पहले ही करनी चाहिए थी, क्योंकि मूलतः आप कहानी विधा से संबद्ध हैं। नयी कविता और नयी कहानी के संदर्भ में कुछ कहें।

मैं भी यही चाहता था, लेकिन आपको अपना शोध शीर्षक याद रहा, प्रश्न भी उसी से शुरू किये, खैर, कोई बात नहीं। एक बड़ा भ्रम यह भी है कि हम लोग यह मानकर चलते हैं कि कहानी और कविता की यात्राएं बहुत जुदा-जुदा हैं, यह बहुत गलत धारणा है। यदि आप ध्यान से देखेंगे तो इलाहाबाद के आस-पास जो कवि-कथाकार आये थे, उन दोनों ने लोकतत्व और ग्राम अनुभूतियों को महत्व दिया। वे चाहे धर्मवीर भारती हों, सर्वेश्वरदयाल सक्सेना हों, केदारनाथ सिंह हों। कभी-कभी तो प्रगतिवादी लेखक भी उस जमाने में (जो सप्तकों में नहीं आते हैं) ग्रामीण वातावरण की ताजगी और आंचलिक ढंग में रहा करता था। इसके बाद नयी कहानी शब्द रूढ़ हुआ। आज के हिसाब से देखें तो सन् 50 चूंकि ऐतिहासिक रूप से पूरी शताब्दी का मध्य बिन्दु है, ऐतिहासिक घटना भी है कि सन् 47 में देश आजाद हुआ, इसलिए सन् 50 को मानने में कई तत्व सहायक हैं। इसके बाद जो उत्तर शती शुरू होती है। उस सबको एक साथ लेकर देखें तो उत्तरशती में ही नई कविता और नई कहानी नाम पड़े लेकिन नई समीक्षा नाम की कोई चीज नहीं आयी।

नई कहानी सन् 51 से चलती है। सन् 80-85 या सन् 90 को ही ले लीजिए, इस पीढ़ी का क्या रूप है? हमारी कहानी वाली पीढ़ी जो थी, प्रेमचन्द से अपने को जोड़ती थी, बीच में जैनेन्द्र तथा इलाचंद जोशी से नहीं जोड़ती थी। अज्ञेय से भी नहीं जोड़ती थी, वह सीधे अपने को प्रेमचन्द से ही जोड़ती थी, यानी एक पीढ़ी, जो बीचवाली पीढ़ी है, वह उसको छोड़कर संबंध स्थापित करती थी एक पीढ़ी पीछे के प्रेमचन्द से। उसी प्रकार साठोत्तरी कथा या साठोत्तरी कविता, ये दोनों जोड़ते हैं उस पीढ़ी को, जो बीच में आजकल चल रही है। नई कविता में तीन पीढ़ियाँ इस समय हैं: नई कविता वाली, साठोत्तरी और समकालीन पीढ़ी, जिसमें साठोत्तरी नहीं जुड़ती है नई कविता से, वह जुड़ना चाहती है उस कविता से, जो समकालीन है, जिसका एक रूप है जो साफ दिखलाई पड़ता है, तो मुश्किल यह पड़ गई है कि नवीनता के बहाने पैंसठोत्तरी विभाजन किया गया। ये पन्द्रह साल काफी होते हैं एक नई पीढ़ी को बदलने के लिए। बदल भी जाना चाहिए, तभी कोई हमको भी पूछेगा तो सीधी सी स्थिति दिखलाई पड़ती है कि समकालीन कविता पहले की अपेक्षा ज्यादा सशक्त हाथों में है। बटरोही या उस जमाने की जो ये पीढ़ी थी, सोचने पर बड़ा कष्ट होता है कि ग्राम कथा का ही एक आदमी था बटरोही और एक खास प्रतिभामूलक शक्ति उसके साथ जुड़ी हुई है, लेकिन उसे एक खास तरह की धारा का प्रतिनिधि मानकर उसकी प्रशंसा या निन्दा की जाती है। एक खास प्रकार का अर्थ निकाला गया। उनको खास तरीके से षड्यंत्र के तहत विभाजित करने के प्रयास हुए

नए प्रकाशन

- ❒ शामिल होता हूं (कविता संग्रह) ❒ **कविः** मलय ❒ **प्रकाशकः** पहल प्रकाशन, 101, रामनगर, आधार ताल, जबलपुर-482004 ❒ **मूल्यः** 70 रुपये।
- ❒ निमित्त मैं (कविता संग्रह) ❒ **कविः** मोती भुवानिया ❒ **प्रकाशकः** राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लिमिटेड, 2/38, अंसारी मार्ग, दरियागंज, नयी दिल्ली-110002 ❒ **पृष्ठः** 205 ❒ **मूल्यः** 100 रुपये।
- ❒ रघुवीर सहाय (रघुवीर सहाय के जीवन और कृतित्व पर समीक्षात्मक लेखों का संग्रह) ❒ **संपादकः** विष्णु नागर और असद जैदी ❒ **प्रकाशकः** आधार प्रकाशन, 372/सेक्टर-17, पंचकूला-134109 (हरियाणा) ❒ **पृष्ठः** 212 ❒ **मूल्यः** 100 रुपये।
- ❒ दिया दीपदान (उपन्यास) ❒ **उपन्यासकारः** देवेन्द्र सत्यार्थी ❒ **प्रकाशकः** प्रवीण प्रकाशन, 1/1079, महरौली, नयी दिल्ली-110030 ❒ **पृष्ठः** 236 (डिमाई) ❒ **मूल्यः** 125 रुपये।
- ❒ हिन्दी बाल साहित्यः परम्परा और प्रयोग ❒ **संपादकः** अशोक कुमार सिंहल ❒ **प्रकाशकः** अनुराग प्रकाशन, 1/1073 डी, महरौली, नयी दिल्ली-110030, ❒ **पृष्ठः** 180 (डिमाई) ❒ **मूल्यः** 120 रुपये।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आंदोलन वापस लेने की अपील

नगर संवाददाता

नई दिल्ली, 21 सितंबर।
ऑल इण्डिया इण्डियन मेडिसिन ग्रेजुएट ोसिएशन ने एक सम्मेलन में इण्डियन डेकल एसोसिएशन से उनके खिलाफ चलाए रहे अभियान को वापस लेने की अपील की मेडिकल ग्रेजुएट एसोसिएशन का यह मेलन गांधी शान्ति प्रतिष्ठान में किया गया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. आर.एस. चौहान कहा कि आई.एम.ए. को अन्य चिकित्सा द्ति के डाक्टरों का सम्मान करना चाहिए। होने कहा कि आई.एम.ए. के डाक्टर टकराव रास्ता अपना रहे हैं जो कि मरीजों के हित में ीं है। उल्लेखनीय है कि आई.एम.ए. के ाधिकारियों ने पिछले दिनों मेडिकल ग्रेजुएट क्टरों को भी नीम-हकीम कहा था।

डा. आर.एस. चौहान ने सम्मेलन में कहा कि को पंचवर्षीय कोर्स में आयुर्वेद, यूनानी शिक्षा अलावा दिल्ली के प्रमुख अस्पतालों में ोपैथी पद्धति की शिक्षा भी दी जाती है।

पूर्णता प्रमाण पत्र समिति की बैठक करने का निर्देश

नई दिल्ली (स)। दिल्ली नगर निगम के ुक्त पी.वी. जयकृष्णन ने निगम के सभी क्षेत्रों र सप्ताह क्षेत्रीय पूर्णता प्रमाण पत्र समिति की क करने का निर्देश दिया है।

निगम के प्रवक्ता के अनुसार निगमायुक्त ने निर्देश सभी क्षेत्रीय उपायुक्तों व सहायक ुक्तों को दिए हैं। उल्लेखनीय है कि निगम ने ल ही में पूर्णता प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया सरल करने की घोषणा की थी। इसी के तहत ी क्षेत्रों में पूर्णता प्रमाण-पत्र समिति का गठन या गया।

विभिन्न क्षेत्रों में इन बैठकों का कार्यक्रम इस कार रहेगाः शहरीः बुधवार दोपहर तीन बजे, विल लाइंसः गुरुवार चार बजे, नजफगढ़ः क्रवार तीन बजे, शाहदरा (उत्तरी): सोमवार दो , शाहदरा (दक्षिणी): शुक्रवार ग्यारह बजे, दिल्लीः गुरुवार तीन बजे, दक्षिणीः बुधवार र बजे, पश्चिमीः शुक्रवार साढ़े चार बजे, ोलबागः मंगलवार, शुक्रवार तथा रोहिणीः

स्कूटर चोर पकड़े गए

नई दिल्ली (स)। शाहदरा क्षेत्र में पुलिस ने कूटर चोरी के आरोप में तीन व्यक्तियों को रफ्तार किया है। उनके पास से चार स्कूटर भी रामद किए गए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जितेन्द्र वर्मा, पंकज स्तोगी और महेश को कल गिरफ्तार किया गया। नके पास से शाहदरा क्षेत्र से चुराए गए दो तथा नसरोवर पार्क और गांधी नगर से चुराया गया क एक स्कूटर बरामद किया गया। उन्हें आज ट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पवन कुमार की अदालत पेश किया गया। पंकज रस्तोगी को दो दिन की लिस रिमांड पर भेजा गया है।

सदर बाजार के दंगा

शांति

पूर्वी गोकुलपुरी के नगर निगम आदर्श विद्यालय के सामने का यह गड्ढा स्कूल में आने वाले बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। प्रायः बच्चे इसमें गिर जाते हैं। पर शायद नगर निगम इस 'आदर्श' स्थिति को बदलना नहीं चाहता है। छाया : एस.के. शर्मा

महानगर टेलीफोन

विदेशों से बातचीत कराने के मामले की सी.बी.आई. जांच

नगर संवाददाता

नई दिल्ली, 21 सितम्बर।
दिल्ली महानगर टेलीफोन निगम व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लाइनों से चोरी-छिपे विदेशों से बातचीत कराए जाने के कथित मामले की केन्द्रीय जांच ब्यूरो से जांच करा रहा है। ब्यूरो ने मामले की जांच का कार्य अपने हाथों में लिया है।

चांदनी चौक से निर्वाचित भाजपा सांसद ताराचन्द खंडेलवाल ने हाल ही में एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया था कि दिल्ली गेट एक्सचेंज के कुछ कर्मचारी जामा मस्जिद क्षेत्र के गेस्ट हाउसों को चोरी-छिपे चावड़ी बाजार के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लाइनों से पाकिस्तान और खाड़ी देशों में बातचीत करवाते हैं। इससे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लाखों रुपए के बिल आ रहे थे।

दिल्ली महानगर टेलीफोन निगम के सूत्रों ने बताया कि श्री खंडेलवाल के सार्वजनिक आरोप लगाए जाने से पहले ही यह मामला केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया गया था। सूत्रों का कहना था कि यह तो जांच-पड़ताल के बाद ही पता चलेगा कि वास्तविक दोषी कौन है।

राजधानी में टेलीफोन की छह लाख से अधिक लाइनें हैं। ये लाइनें मौजूदा टेलीफोन एक्सचेंजों की क्षमता से कहीं अधिक हैं। सूत्रों ने

रहा है, वहां छोटी-मोटी परेशानियां होना स्वाभाविक है। उनका कहना था कि इस विशाल नेटवर्क के बावजूद राजधानी में ऐसी बड़ी घटना कभी नहीं हुई, जिससे पूरा तंत्र ही डगमगा गया हो।

टेलीफोन निर्देशिका में मोटे-मोटे अक्षरों में प्रकाशित पंक्तियों पर भारी बिलों के भुगतान किए जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि मामले पर गौर किया जा रहा है और इस पर उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अन्तिम फैसला होने तक बेकसूर उपभोक्ताओं के टेलीफोन कनेक्शन नहीं काटे जाएंगे।

श्री त्रिखा ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे शुक्रवार को टेलीफोन सेवाओं में किसी भी गड़बड़ी पर सीधे वरिष्ठ अधिकारियों से मिल सकते हैं।

मिट्टी में दबकर मजदूर की मृत्यु

नई दिल्ली (स)। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल परिसर में सीवर की खुदाई करते समय आज सुबह एक मजदूर की मिट्टी में दब जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने सफाई ठेकेदार उमाशंकर के खिलाफ लापरवाही के कारण हुई मौत का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

नकली डालर रखने के आरोप में युवक पकड़ा

नई दिल्ली (स)। दक्षिण दिल्ली की विशेष पुलिस दस्ते ने नकली डालर रखने के अभियोग में तमिलनाडु निवासी युवक चिनलंगन को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1500 अमेरिकी नकली डालर बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार सूचना के आधार पर कल लाजपत नगर स्थित लाल साई मार्केट में छापा मार कर चिनलंगन को गिरफ्तार किया है। जाली अमेरिकी डालर चलाने वाले गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

24 जुआरी गिरफ्तार : उत्तरी जिला पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के अभियोग में 24 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दांव पर लगे 3068 रुपए नकद बरामद हुए हैं।

मज़ा लीजिए!

रु. 2.50
की छूट

~~रु 24.00~~
रु. 21.50 प्रति
300 ग्राम

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हिन्दी की लड़ाई लोकतंत्र की लड़ाई है

ہندی کی لڑائی
لوکتنتر کی لڑائی
ہے

शंभूनाथ सिंह

पिछले वर्षों की तरह इस बार भी 14 सितम्बर को देश के सरकारी विभागों और उनके अधीन उपक्रमों में हिंदी दिवस की रस्म पूरी की गई और महात्मा गाँधी से ले कर राम मनोहर लोहिया तक के लंबे-लंबे उद्धरणों का जाप करते हुए हिंदी को देश की राजभाषा, संपर्क भाषा, व्यवहार भाषा और न जाने क्या-क्या बना डालने की कसमें खाई गईं। इस तरह के टोटके हर साल 14 सितम्बर को किए जाते हैं, क्योंकि इसी दिन हिंदी को राजभाषा का दर्जा देकर सरकारी कामकाज में उसके अनिवार्य प्रयोग का फैसला किया गया था। यह अलग बात है कि इस फैसले में इतने किन्तु-परन्तु जोड़ दिए गए कि 'संघ की राजभाषा' या सह-राजभाषा आज भी अपनी अर्थवत्ता की तलाश में भटक रही है। लेकिन हिंदीवाले इतने से ही संतुष्ट हैं कि हर सरकारी महकमे में एक अलग से 'हिंदी प्रकोष्ठ' बन गया है, जिसकी मारफत कुछ लोगों को दोयम दर्जे की ही सही, सरकारी नौकरियाँ मिल जाती हैं। हालाँकि उसमें भी अंग्रेजी की अनिवार्यता बरकरार है, क्योंकि हिंदी अधिकारी से ले कर हिंदी स्टेनो तक के लिए अंग्रेजी की अच्छी जानकारी आवश्यक है। इस तरह सत्ता की कुर्सी पर अंग्रेजी की रस्सियों से बँधी हुई हिंदी की दासता की वर्षगाँठ साल-दर-साल समान संवेदनहीनता के साथ मनाई जाती रहती है। मजे की बात यह है कि इस एक दिन के उत्सव में वे तमाम लोग भी शामिल होते हैं जिन्हें साल के तीन सौ चौसठ दिन हिंदी में हँसना भी गवारा नहीं होता।

यह एक संयोग नहीं कि इस सरकारी हिंदी दिवस का वास्तविक हिंदी समाज से कोई सीधा रिश्ता नहीं है, क्योंकि सरकार की हिंदी और समाज की हिंदी में वही फर्क है जो अंग्रेजी और हिंदी में है। सामान्य आदमी के लिए आज भी यह हिंदी उतनी ही दुर्बोध, जटिल, अपाच्य और डरावनी है जितनी की अंग्रेजी। यह नकली हिंदी है, जिसका मिजाज सत्तारूढ़ अंग्रेजियत के अधिक अनुकूल है। इसीलिए इसके राज्याभिषेक दिवस पर हिंदी समाज में कोई स्पंदन नहीं होता। उलटे गैर-हिंदी समाज इसे आशंका और भय की निगाह से देखता है और इसी क्रम में वहाँ हिंदी विरोध की भावनाएँ प्रबल होती जाती हैं। यह अस्वाभाविक भी नहीं, क्योंकि यदि सत्ता के संरक्षण में हिंदी का वही चरित्र विकसित होता है जो अंग्रेजी का था और है, तो अंग्रेजी के साम्राज्य से हिंदी का साम्राज्य कैसे बेहतर हो सकता है? शासन और सत्ता की असली भाषा अंग्रेजी ने हिंदी समेत अन्य भारतीय भाषाओं के वाजिब हकों का निषेध किया है। यदि यही दिशा राजभाषा हिंदी की भी होती है, तो उसका विरोध अन्य भारतीय भाषाओं की ओर से ही नहीं, हिंदी वालों की ओर से भी होना चाहिए बल्कि हिंदी वालों की ओर से ज्यादा होना चाहिए, क्योंकि अंततः बदनामी तो इससे हिंदी भाषा की ही हो रही है। आत्मालोचना का यह साहस जब तक हिंदी वाले अपने अंदर विकसित नहीं करते, तब तक हिंदी की प्रतिष्ठा स्थापित नहीं हो सकती। देश की सबसे बड़ी भाषा होने के नाते औदार्य उसका सहज गुण होना चाहिए।

आखिर क्या वजह है कि मध्ययुग में भक्तिकालीन जनजागरण की वाहक और आधुनिक युग में स्वाधीनता संघर्ष की आवाज बनी हिंदी आज सत्ता के मठ में पहुँचकर निस्तेज और निर्जीव हो गई है? जो हिंदी अहिंदीभाषी भक्त कवियों को अपना संदेश जन-जन तक पहुँचाने के सबसे उपयुक्त लगी और स्वाधीनता आंदोलन के शीर्षस्थ नेताओं को आजादी हासिल करने और देशवासियों को अंग्रेजी शासन के खिलाफ एकजुट करने का सबसे कारगर हथियार लगी, वही हिंदी आज अहिंदी भाषियों के मन में संशय और भय का संचार करती है। इस बीच ऐसा क्या कुछ बदल गया कि आम के पेड़ पर धतूरे फलने लगे? हिंदी के इस रूपांतरण की जड़े आजादी के बाद के इतिहास में हैं। इसे इतिहास कहना भी थोड़ा अटपटा लगता है, क्योंकि यह इतने निकट का इतिहास है कि एकदम वर्तमान जैसा लगता है इस जीवित इतिहास में ही हिंदी दुर्दशा फली-फूली है। आजादी के बाद देश की सत्ता व्यवस्था का जो ढाँचा खड़ा किया गया, वह ऊपर से तो लोकतांत्रिक दिखाई देता था, लेकिन अपनी अंतर्वस्तु में निहायत अलोकतांत्रिक था। शुरूआती दौर में आंदोलन से निकले नेताओं और नई-नई आजाद हुई जनता को इसका एहसास भले न रहा हो, लेकिन आगे चल कर इसमें किसी को संदेह नहीं रहा कि देश में लोकतंत्र के नाम पर समाज के मुट्ठी भर कुलीनों ने पूरी व्यवस्था पर कब्जा कर लिया है। लोकलाज के भय से स्वराज के शुरूआती दिनों में स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वभाषा के जो थोड़े-बहुत दिखावे किए गए थे, उसी झटके में हिंदी राजभाषा के स्थान पर बिठा दी गई थी। वैसे गंभीर अंतर्विरोध तब भी कायम थे।

मसलन संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को राजभाषा घोषित करने के बाद यह कहा गया कि 15 साल तक यानि 1965 तक सारा सरकारी कामकाज हिंदी या अंग्रेजी किसी भी भाषा में चल सकता है, उसके बाद अंग्रेजी हटा दी जाएगी। लेकिन 1955 और 1960 में दो भाषा आयोग बना कर उनकी सिफारिशों की मारफत अंग्रेजी की निरंतरता बरकरार रखी गई और अनुच्छेद 348 में तो साफ-साफ कहा गया कि उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय और कानून की प्रामाणिक भाषा सिर्फ अंग्रेजी होगी। हद तो तब हो गई जब 1959 में जवाहरलाल नेहरू ने अहिंदी भाषी राज्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जब तक वे राज्य चाहेंगे, तब तक सरकार का काम-काज अंग्रेजी में चलता रहेगा। फिर 1967 में भारत सरकार ने 1963 के राजभाषा विधेयक में संशोधन पेश करते हुए यह प्रावधान ही कर दिया कि जब तक एक भी अहिंदी भाषी राज्य चाहेगा, संघ सरकार का कामकाज अंग्रेजी में चलता रहेगा।

देश के असली शासकों की भाषा अंग्रेजी है, क्योंकि उनकी जेहनियत अंग्रेजी है और जिस ढाँचे के तहत वे देश पर शासन कर रहे हैं, वह भी वही आजादी के पहलेवाला है। इसलिए किसी को यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि एक बार संविधान में लिख देने भर से, वह भी इतनी गोल-मटोल भाषा में, हिंदी राजभाषा हो जाएगी। संविधान के मुताबिक तो हम अलोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी गणराज्य हैं, लेकिन हम वास्तव में क्या हैं, यह सबको पता है। इसलिए अपने हकों के लिए संघर्ष के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। लेकिन यह संघर्ष भी टुकड़ों-टुकड़ों में किए जाने पर सफल नहीं हो सकता। यानि कुछ लोग लोकतंत्र बहाली के लिए संघर्ष करें और कुछ लोग धर्मनिरपेक्षता के लिए, कुछ लोग समाजवाद के लिए और कुछ लोग भारतीय भाषाओं के लिए। इस तरह के संघर्ष नक्कारखाने में तूती की आवाज बन कर रह जाएंगे और व्यवस्था का हाथी सबको रौंदता हुआ निकल जाएगा। इसलिए जब एक बार पता लग गया कि यह व्यवस्था जनविरोधी है, तो उसे अलग-अलग मोर्चों पर चुनौती देने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि उसके खिलाफ देश के कोने-कोने में बिभिन्न मुद्दों पर आंदोलित जनशक्ति को इकट्ठा कर एक समग्र आंदोलन छेड़ने की तैयारी करनी चाहिए। अन्यथा छोटे-छोटे विफल आंदोलनों से देश में हताशा का वातावरण बनेगा जिससे मनमाने शासकों की हौसला आफजाई के अलावा और कुछ नहीं होगा।

इस संदर्भ में हम भाषा आंदोलन का ही एक उदाहरण रखना चाहेंगे। पिछले चार सालों से संघ लोकसेवा आयोग के सामने प्रतियोगी परीक्षाओं से अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त करने और भारतीय भाषाओं को उनका वाजिब हक दिलाने के लिए अखिल भारतीय भाषा संरक्षण संगठन का अनशन चल रहा है, जो देश में अब तक किसी भी मुद्दे पर किए गए अनशनों से अधिक लंबा प्रतिरोध है। यदि यह अनशन कुछ और लंबा खिंचता है तो शायद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी दर्ज हो जाए। लेकिन आश्चर्य है कि अब तक न तो सरकार के कान पर जूँ रेंगी और न ही समाज में इससे कोई हलचल पैदा हुई। निष्कर्ष साफ है कि भाषा आंदोलन भी दूसरे तमाम आंदोलनों के साथ जुड़ कर ही अपने तार्किक निष्कर्ष तक पहुँच सकता है। जिस दिन देश में सचमुच लोकतंत्र स्थापित हो जाएगा, उसी दिन सहज रूप से लोकभाषा हिंदी भी देश की राज भाषा हो जाएगी और तब उसका स्वरूप भी अंग्रेजी की तरह अधिनायकवादी न हो कर लोकतांत्रिक होगा। अभी तो हालत यह है कि अंग्रेजी की कुसंगति में पड़ कर वह भी उसी के रंग-ढंग अपनाती जा रही है। इसका विडंबनात्मक पक्ष यह है कि वह अंग्रेजी जैसी सत्ता शक्ति संपन्न तो बन नहीं पाई, लेकिन एक सत्ताधारी भाषा के सारे अवगुण इसमें आ गए। इसलिए जो लोग यह चाहते हैं कि हिंदी को सचमुच देश की राजभाषा होना चाहिए, उन्हें सबसे पहले यह कोशिश करनी पड़ेगी कि देश में सच्चे अर्थों में लोकतंत्र कायम हो। जब तक लोकतंत्र की जगह अल्पतंत्र राज करता रहेगा तब तक अल्प संख्यकों की भाषा अंग्रेजी भी अनिवार्य रूप से काम रहेगी। हिंदी जन की भाषा है, इसलिए इसकी प्राण प्रतिष्ठा तभी हो सकती है जब देश में जनतंत्र बहाल हो जाए। अन्यथा अंग्रेजी की तरह अंग्रेजी भी हिंदी को सत्ता सुख की मरीचिका में भरमा कर उसे अन्य भारतीय भाषाओं के खिलाफ तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करती रहेगी।

सत्ता तंत्र की तरफ से हिंदी के बारे में सबसे बड़ा मिथक यह प्रचारित किया जाता है कि सह राजभाषा बनने की वजह से हिंदी के बूते रोजगार निर्माण के क्षेत्र में क्रांति आ गई है और इसलिए लोग अधिकाधिक हिंदी पढ़ने और उसकी डिग्रियाँ बटोरने के लिए सन्नद्ध हुए हैं। यदि हिंदी को यह राजाश्रय न मिला होता और सरकार द्वारा इसे लोगों के रोजगार और पेट से न जोड़ा गया होता तो शायद इसकी हालत भी उर्दू से बहुत भिन्न नहीं होती। लेकिन यह एक अर्ध सत्य ही है। पहली बात तो यह है कि सरकारी महकमों में हिंदी से संबंधित जो नौकरियाँ हैं, वे तब तक नहीं प्राप्त हो सकतीं जब तक अंग्रेजी भाषा का भी समानांतर ज्ञान न हो। इसलिए ये अवसर हिंदी और अंग्रजी के साझे खाते में जाएंगे, अकेले हिंदी के नहीं। दूसरी बात यह है कि सरकारी स्तर पर हिंदी की वजह से जितने लोगों को रोजगार मिलता है उसकी तुलना में निजी क्षेत्र में हिंदी की वजह से मिलने वाले रोजगार कहीं ज्यादा हैं। सिनेमा, उद्योग, पत्र-पत्रिकाएँ विज्ञापन व्यवसाय, पुस्तक प्रकाशन तथा साहित्य, कला, संस्कृति व जनसंचार के अन्य जितने भी रूप हैं उनसे जुड़े लोगों की संख्या देश के समस्त हिंदी अधिकारियों अनुवादकों और टाइपिस्टों की संख्या से कहीं अधिक है।

इस मुद्दे के कुछ और पहलू हैं। पहला यह कि सरकारी संस्थाओं के हिंदी कर्मियों की स्थिति दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसी होती है और पूरा कार्यालय उन्हें उपहास नहीं करुणा की दृष्टि से देखता है, जबकि निजी क्षेत्र में हिंदी माध्यम से काम कर रहे लोगों के काम की प्रकृति भिन्न होने के कारण वे अपनी प्रतिभा-क्षमता का काफी हद तक उपयोग कर पाते हैं, इसलिए उन्हें अपने काम से सम्मान भी मिलता है। निजी क्षेत्र में हिंदी के प्रति बढ़ती ललक की खास वजह हिंदी का विशाल बाजार है। जैसे-जैसे हिंदी की बाजार बाधा खत्म होगी, वैसे-वैसे निजी क्षेत्र में हिंदी के लिए रोजगार के अधिकाधिक अवसर खुलते जाएंगे। इस बाजारवाद के अपने खतरे हो सकते हैं, लेकिन जड़ता से गतिशीलता को बेहतर मानना पड़ेगा।

मौजूदा राजनैतिक-आर्थिक माहौल में उदारीकरण के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के रोजगार में जो तब्दीलियाँ आ रही हैं, उनसे यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए कि हिंदुस्तान के सार्वजनिक क्षेत्र के दिन अब गिने-चुने हैं। इसलिए पहली बात तो यह कि जब सरकारी संस्थान ही नहीं बच रहे हैं, तब उनके हिंदी प्रकोष्ठ क्या खाक बचेंगे। दूसरी बात यह कि निजीकरण की आँधी में जो संस्थान बच भी जाएंगे वहाँ सबसे पहले इन हिंदी प्रकोष्ठों पर ही गाज गिरेगी।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

2-3
• गोविंद मिश्र की कहानी
• रमेशचंद्र शाह की कविता
• दैवीय प्रसाद है तुलसी
• गुलेल हार गईः एक शब्द चित्र

रविवार्ता

नवभारत टाइम्स, 7 फरवरी, 1993

4-5
• बालकहानी— हंस कुमार तिवारी
• बाल कविताएँ
• ब्रह्मांड में भी लगे हैं कान
• अर्द्धनारीश्वर सिर्फ कल्पना नहीं
• विश्व प्रसिद्ध भविष्यवाणियाँ

विकास की आपाधापी

और प्रदूषण के जाल में छटपटाता इंसान

मनुष्य खुद अपने बुने जाल में फंस गया है। अपने ऐशो-आराम के लिए विकास की सीढ़ियां धड़ल्ले से चढ़ता गया, कुदरत को पैरों तले रौंदते हुए। नतीजा यह कि आज जिंदगी के लिए जरूरी साफ हवा और पानी दूभर हैं। प्रदूषण ने हमसे 'नीरोगी काया' तो छीनी ही है, 'मन' को भी बीमार कर दिया है। अगर हमें अपना अस्तित्व बचाना है, तो प्रदूषण के जाल को और ज्यादा फैलने से रोकना होगा। पर क्या दुनिया में ऐसा हो रहा है? प्रदूषण के विश्व व्यापी कहर की पड़ताल कर रहे हैं **जगदीप सक्सेना**।

स्कूल बैग के साथ प्राणवायु आक्सीजन का सिलेंडर लादे बच्चे। गैस मास्क लगाये सड़कों पर 'हवाखोरी' करते लोग। बोतलों में बंद साफ पानी के लिए लंबी-लंबी कतारें। अस्पतालों में सांस और दिल के रोगियों की अंधाधुंध भीड़। चमड़ी के कैंसर से परेशान लोग। कदम-कदम पर मानसिक चिकित्सकों की दुकानें। कुल मिलाकर बेहाल और परेशान जन-जीवन। इक्कीसवीं सदी में महानगरों का नजारा कुछ ऐसा ही होगा।

अब सवाल यह उठता है कि धरती की आबो-हवा को इस कदर बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार कौन है? हमारे सिवा और कोई नहीं। सुख-सुविधाएं जुटाने की अंधी दौड़ ने हमें इस भयावह मुकाम पर पहुंचा दिया है। हर जगह, हर वक्त ऊर्जा के इस्तेमाल से हवा में जहर घुलता जा रहा है। कल-कारखानों से निकला जहरीला कचरा पानी को बर्बाद कर रहा है। यही वजह है कि आज साफ हवा और पानी दूभर हैं। पहले हवा का ही मसला लें।

अंधाधुंध तादाद में बिजली, पेट्रोल और लकड़ी-कोयला फूंकने से हवा गंदलाती जा रही है। खासतौर से कार्बन डाइआक्साइड गैस से। ताजा आंकड़े बताते हैं कि हर साल धरती की हवा में 500 करोड़ टन कार्बन डाइआक्साइड घुल रही है। चालीस साल पहले इसकी सिर्फ एक तिहाई मात्रा ही हवा में आती थी।

यूं तो लकड़ी-कोयला जलाने से भी कार्बन डाइआक्साइड पैदा होती है, पर इसे बढ़ाने के मुख्य अपराधी मोटर कारें और हवाई जहाज हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि अटलांटिक महासागर को लांघने वाले हर हवाई जहाज से प्रति यात्री एक टन कार्बन डाइआक्साइड छोड़ी जाती है। इसी तरह एक मोटर कार साल भर में औसतन अपने वजन से चार गुनी कार्बन डाइआक्साइड पैदा करती है। मोटर वाहनों के अलावा तेजी से बढ़ती बिजली की खपत वायु प्रदूषण की दूसरी बड़ी वजह है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर यह सब कुछ इसी तरह चलता रहा, तो सन् 2030 तक इन वजहों से प्रदूषण क्रमशः पांच गुना और ग्यारह गुना बढ़ जाएगा।

कार्बन डाइआक्साइड सीधे हमारी सेहत पर कोई खास असर नहीं करती, पर इसकी अधिकता धरती को गर्मा कर जल-प्रलय का कारण बन सकती है। यह धरती की जलवायु में भी खतरनाक उलट-फेर कर सकती है। मोटर वाहनों के धुएं में हमारे तन-मन को नुकसान पहुंचाने वाले कई रसायन मौजूद होते हैं। जैसे कई तरह के हाइड्रोकार्बन, कार्बन मोनोआक्साइड गैस, नाइट्रोजन के आक्साइड और सीसा। हाइड्रोकार्बन चमड़ी का कैंसर पैदा करते हैं। इनकी वजह से ही आंखों में जलन और सांस की तकलीफें भी पैदा होती हैं। इससे दमा भी हो सकता है।

कार्बन मोनोआक्साइड गैस से शुरू में शरीर में सुस्ती आती है, फिर यह दिमाग पर भी चढ़ जाती है। फिर सिर दर्द करने लगता है। दिल पर दाब बढ़ता है। कोख में पल रहे शिशु को भी प्रदूषण का यह कहर झेलना पड़ता है। धुएं में मौजूद सीसा कैंसर के अलावा जिगर और गुर्दे के रोग भी पैदा करता है। इसका सबसे खतरनाक असर मानसिक विकास को रोकना है। बैंकाक में किये गये अध्ययनों से पता चला है कि अगर हवा में ज्यादा सीसा घुला हो, तो सात वर्ष की उम्र तक पहुंचते पहुंचते बच्चा औसत रूप से आई. क्यू. में चार अंक पिछड़ जाता है। नाइट्रोजन के आक्साइड

गंगा तट पर छोटे-बड़े कुल मिलाकर सौ ऐसे शहर हैं, जो अपना औद्योगिक कचरा और मल-जल गंगा में झोंकते हैं। इनमें से 27 शहरों की आबादी एक लाख से ऊपर है। कहा गया है कि अगर इन शहरों से प्रदूषण रोक दिया जाए, तो गंगा की 84 फीसदी गंदगी खत्म हो जाएगी। इनमें से कई शहर ऐसे भी हैं, जिनकी आबादी दस लाख से ऊपर है। ऐसा हर शहर हर रोज पांच लाख टन गंदा पानी, दो हजार टन ठोस कूड़ा-कर्कट और 250 टन वायु प्रदूषक उगलता है।

फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। लगातार इनके संपर्क में रहने से ब्रांकाइटिस और निमोनिया होने की संभावना बन जाती है।

कल-कारखानों से निकलने वाले धुएं में मौजूद जहरीले कण काफी समय तक हवा में तैरते रहते हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि बैंकाक, पेइचिंग, कलकत्ता और दिल्ली जैसे महानगरों में हवा में घुले जहरीले कणों की तादाद साल में 200 दिन स्वीकार्य सीमा से ऊपर रहती है। जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि ऐसा किसी भी हालत में सात दिन से ज्यादा नहीं होना चाहिए। एक मोटे अनुमान के अनुसार अगर वायु प्रदूषण को स्वीकार्य सीमा के भीतर लाया जाए, तो विकासशील देशों में हर साल तीन से सात लाख लोगों को अकाल मृत्यु से बचाया जा सकता है। इनमें से ज्यादातर लोग चीन और भारत से होंगे।

तेजी से बढ़ते उद्योगों और मोटर वाहनों की वजह से ही दिल्ली को देश का सबसे प्रदूषित नगर होने का गौरव (?) प्राप्त है। दुनिया के प्रदूषित नगरों में इसका चौथा स्थान है। दिल्ली की कुल हर रोज मोटर वाहनों का कोई 650 टन धुआं पीती है। कुल मिला कर यहां की हवा में हर रोज 2000 टन जहरीले कण घुल जाते हैं। यही वजह है कि अब दिल्ली की सड़कों पर 'गैस मास्क' लगाये लोग दिखने लगे हैं। यातायात पुलिस के सिपाही भी इनका इस्तेमाल करने लगे हैं। जहरीली हवा के कारण ही दिल्ली की तीस फीसदी आबादी सांस के रोगों से परेशान है। यहां सांस के रोगियों की तादाद राष्ट्रीय औसत से बारह गुना ज्यादा है। खास तौर से सर्दियों में सांस के रोगियों की तादाद आश्चर्यजनक रूप से बढ़ जाती है। कारण कि जहर घुली हवा तेजी से ऊपरी वायुमंडल तक नहीं पहुंच पाती। उसी हिस्से में बनी रहती है, जिसमें हम सांस लेते हैं। इस तरह नवंबर से फरवरी तक दिल्ली जहरीली गैसों का 'गैस चैंबर' बन जाती है। लगभग यही हाल बंबई, कलकत्ता और मद्रास जैसे महानगरों का भी है। मौजूदा हालात में हम महानगरों की इस त्रासदी को झेलने के लिए मजबूर हैं।

घर के भीतर भी जहरीली हवा से छुटकारा नहीं मिलता। विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि खास तौर से विकासशील देशों में घरों के भीतर की हवा भी सेहत के लिए कम खतरनाक नहीं है। ऐसा ज्यादातर लकड़ी-कोयला या भूसा चलाने की वजह से होता है। इसीलिए गांव देहात के घर इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। घर के भीतर का धुंआ खासकर महिलाओं और बच्चों पर हमला करता है। अनुमान है कि धुएं के कारण पनपे सांस के रोगों की बदौलत हर साल 40 लाख बच्चे मौत के ग्रास बन जाते हैं। जो बच रहते हैं, उन्हें भी ये रोग जिंदगी भर दबोचे रहते हैं और मौका मिलते ही उनके दिल की धड़कन रोक सकते हैं।

हाल में अमेरिका की 'लारेंस बर्कले लेबोरेट्री' से आयी एक रिपोर्ट बताती है कि आधुनिक 'बिल्डिंगों' में रहने वाले भी वायु प्रदूषण की जबर्दस्त चपेट में हैं। सच तो यह है कि चारों तरफ से बंद होने के कारण 'बिल्डिंगों' के भीतर बाहर की तुलना में जहरीले कणों का जमाव ज्यादा है। ये जहरीले कण दीवार के पेंट, कालीनों, ईंधन, सिगरेट के धुएं, एयर कंडीशनर और तरह-तरह के आधुनिक उपकरणों से उपजते हैं। ऐसी बिल्डिंगों में रहने वाले

(पृष्ठ तीन पर जारी)

खून निकलते मसूड़े.

इन्हें नज़रअंदाज़ करने का

नतीजा हो सकता है,

दाँत गँवा देना.

है तो यह ताज्जुब की बात मगर सच्ची: दाँतों की सड़न के मुकाबले मसूड़ों के रोग की वजह से दाँत गिर जाना ज़्यादा आम बात है. आप के मसूड़ों और दाँतों के बीच बैक्टीरियल प्लाक के जमाव से इस की शुरुआत होती है. नतीजा यह कि मसूड़े सूज जाते हैं और उन से खून आने लगता है. वक्त के साथ, बैक्टीरिया दाँत और मसूड़ों के बीच के टिश्यूज़ पर हमला कर, सहारा देने वाली हड्डी को कमज़ोर बना देते हैं जिससे कि दाँत गिर जाता है.

इसलिए अगर आप के मसूड़ों से ख़ून आता है तो इस समस्या का इलाज फौरन शुरु कर दीजिए.

प्रस्तुत है नया मेंटाडेंट जी

मसूड़ों की सुरक्षा के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय खोज. नया मेंटाडेंट जी एक टूथपेस्ट है जिसमें 2 ऐंटी-बैक्टीरियल ऐजेंटों का मिश्रण मौजूद है.

यह अनोखा डबल ऐक्शन आप के मसूड़ों के किनारों से प्रवेश कर प्लाक हटाता है. मसूड़ों की सूजन को और उन से ख़ून निकलना बंद करने में मदद करता है. यहां तक कि ब्रश करने के समयों के बीच प्लाक के दोबारा जमाव को भी रोकता है. अत: हर बार जब आप मेंटाडेंट जी से ब्रश करते हैं, आप के मसूड़ों को पूरा पूरा इलाज मिलता है.

मेंटाडेंट जी डॉक्टरी जाँच द्वारा प्रमाणित है जिससे मसूड़ों से बार बार निकलता ख़ून कम से कम 90% तक बंद हो जाता है.

इस के अतिरिक्त यह आप के दाँतों की सड़न से सुरक्षा कर के उन्हें मज़बूती देता है.

मेंटाडेंट जी से नियमित ब्रश कीजिए. क्योंकि मसूड़े स्वस्थ मजबूत तो दाँत भी स्वस्थ मजबूत.

NEW BREAKTHROUGH
MINT FLAVOUR
mentadent G
for gum protection
CLINICALLY PROVEN FORMULA

मसूड़ों को स्वस्थ रखने के लिए डॉक्टरी जाँच द्वारा प्रमाणित टूथपेस्ट

दाँतों के सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए कम से कम छह महीने में एक बार अपने डेंटिस्ट से अवश्य मिलें. अधिक जानकारी के लिए मेंटाडेंट सलाह डिवीज़न, पो. ऑ. बॉक्स 541, बंबई-400001 को लिखें.

HTA 1640

हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड का एक उत्कृष्ट उत्पादन

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नई इबारत

उपन्यास अंश

गोविन्द मिश्र

राजन के घर के सामने एक प्राचीन, विशालकाय बरगद का पेड़ था। ऊपर आकाश जैसा तना हुआ, शीतल, छायादार। खूब मोटा तना। जड़ें कहां-कहां तक फैली हुई थीं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल था। मोहल्ले के कई घर उन जड़ों के ऊपर होंगे, राजन का घर तो था ही। मोटी-मोटी जड़ें कहीं-कहीं जमीन से ऊपर पत्तोंवाली असंख्य डगालों के अलावा कई पतली-मोटी डगालें लटकती थीं। डगालों के निचले छोर पर रोएंदार नयी-नयी जड़ों के गुच्छे। नीचे की ओर झूलती ये डगालें, जैसे पेड़ ने अपने कई हाथ, सैकड़ों उंगलियां नीचे फैला दी हों, चाहो तो पकड़कर आ जाओ मेरी ऊंचाई तक।

बरगद का वह पेड़ राजन के घर के बाहर था, उसके परिवार का नहीं, सारी बस्ती का था...बड़ बाबा राजन के परिवार के सबसे बड़े सदस्य थे, बुजुर्गों-बूढ़ों से भी बड़े। घर में कोई भी बड़ा काम हो, सबसे पहले उनकी पूजा होती थी। नयी बहू आये, नया बच्चा हो...सबसे पहले बड़ बाबा का आशीर्वाद लेना। पेड़ पर चढ़ने की सख्त मनाही थी। बच्चों के मन में डर बैठा दिया जाता, ऊपर चढ़े, तो बाबा नीचे पटक देंगे या ऊपर ही पकड़ लेंगे और अपने में कहीं छिपा लेंगे। गर्मी की दोपहरी के सन्नाटे में लड़कों-बच्चों की जमात जड़ोंवाली डालों को पकड़कर झूलने का खेल खेलती थी। तब उन्हें ऐसा लगता जैसे बूढ़े बाबा की दाढ़ी में जहां-तहां चिपके हुए हैं, बाबा मुंह हिला देते हैं तो दाढ़ी गड़ जाती है।

बरगद की पेड़ की तरफ ही घर का मुख्य दरवाजा था। वहां से पिछवाड़े तक फैला लंबा-चौड़ा घर, पांच आंगनोंवाला। कमरों की तो गिनती ही नहीं थी। मुख्य दरवाजे से सटा बैठकखाना था, राजन के पिता का कमरा.....वकालत का दफ्तर और उनकी बैठकबाजी के लिए भी। बैठकखाने के पीछे घर का सबसे बड़ा आंगन था, जिसे गणेशजीवाला आंगन कहते थे। यहां मर्दों वाले कार्यक्रम होते, मुशायरा, कवि-सम्मेलन, मुजरा वगैरह। छोटी बैठकी हुई तो बैठकखाने में ही हो जाती। दूसरे नंबर पर बेलवाला आंगन था। यह नाम शायद इसलिए पड़ गया कि वहां बेल के कई पेड़ थे। इसके बाद कालीजी वाला आंगन। यह मुख्यतः बहू-बेटियों का आंगन था, जिसे धार्मिक कार्यों और शादी-ब्याह के लिए भी इस्तेमाल किया जाता। इन मौकों पर यहां बड़ी-बड़ी भट्ठियां खुदतीं। कालीजी वाले आंगन के एक तरफ सदरी दरवाजा था, जिसके ऊपर था नौबतखाना। खुशी के मौकों पर शहनाई यहीं से बजती थी। दूसरी तरफ हनुमानजीवाला आंगन था। यहां रामलीला, भांडों के नाच वगैरह होते। इसी आंगन में सन्नी बच्चों के साथ खेलते और खेल-खेल में उन्हें हनुमान चालीसा भी रटाते चले जाते- 'भूत-पिशाच निकट नहिं आवै, महाबीर जब नाम सुनावै...' सबसे पीछे फाटक के पास जो आंगन था, उसे फाटकवाला आंगन कहते थे। इस आंगन के एक हिस्से में बग्घी, टमटम, इक्का खड़े रहते। पास ही में छोटी-सी घुड़साल थी। राजन और दूसरे बच्चे खेलते-खेलते जब एक आंगन से दूसरे में आ जाते, तो लगता एक मोहल्ले से दूसरे में आ गये हों। कोई पतंग कट कर इस घर के पास आयी नहीं तो फिर घर का पार नहीं मिलता था उसे, किसी न किसी आंगन या छत में गिरेगी, बहुत बचेगी तो नौबतखाने में जा फंसेगी या बड़ बाबा पकड़ लेंगे।

एक घर में फैला पूरे का पूरा संसार। जोगेश्वरी के चारों लड़के उसी घर में रहते थे। सबसे बड़े मुंशी राधेलाल वकील, जिनके राजन समेत तीन लड़के और एक लड़की थी। दूसरे नंबर पर घनश्याम, जिनकी पत्नी घर में रामनगर वाली कहलाती थीं। तीसरे बांके, जिनकी पत्नी शिवपुरी वाली। चौथे सन्नी अविवाहित। शिवपुरी वाली अपने जमाने में नयी आई थीं, इसलिए उन्हें नइकी भी कहते थे, बच्चों के लिए नइकी चाची। जब ब्याह कर आयी थीं तो दो हाथ लंबा घूंघट। उनका मुंह देखने की कोशिश में बच्चे अपने सिर के बालों से खुल-खुलके कभी तक उनके घूंघट में घुस जाते। फिर दिखता गोरा-गोरा चेहरा, गोल गाल, बड़ी-बड़ी आंखें और नाक में मोटी कील। बच्चों को उन्हें देखने में कम, उनके घूंघट में घुसने में ज्यादा मजा आता था। बच्चों की इस शरारत में नइकी भी शामिल हो गयी थीं। उधर बच्चे फिर मुंह देखने को मचलते, इधर नइकी और लंबा घूंघट खींच लें...या घूंघट में पहले तो किसी को घुसने न दें, जो घुस आये उसे घूंघट में कैद कर लें। पहला बच्चा होने तक नइकी का यह खेल चलता रहा था। कब उनका घूंघट ऊपर आ गया, किसी को पता ही न चला।

हनुमानजी वाले आंगन में एक तरफ राधेलाल के दो चचेरे भाई और उनके परिवार भी रहते थे। हर परिवार की तरह उनके लिए भी अलग दो या तीन कमरे, साथ में एक बरामदा था। पूरे घर का चूल्हा एक था जिसमें कोई सौ लोगों का तो खाना रोज बनता ही था। बेलने और सेंकने के लिए दो-दो औरतों की पारी बंधी थी। दूसरे कामों के लिए भी ड्यूटी बंधी हुई थी। कामों के कम-बढ़ होने को लेकर औरतों में थोड़ा-बहुत तनाव चलते रहते थे, लेकिन वे बहुत तूल नहीं पकड़ पाते थे। इसलिए भी कि जोगेश्वरी एक कुशल बैंक मैनेजर की तरह औरतों की ड्यूटियां बदलती रहतीं—जो एक हफ्ते रोटी सेंकने के काम पर तो अगले हफ्ते सब्जी काटने पर।

बच्चों की छोटी-मोटी भीड़ एक आंगन से दूसरे आंगन दौड़ती रहती। मां-बाप को अपने बच्चे जरूर मालूम होते थे, लेकिन बच्चों को बड़े होने तक यह पता न चलता कि उनके मां-बाप कौन हैं। रामनगर वाली का लड़का राजन की अम्मा का लाड़ला था, और नइकी का लड़का छोटे राजन के पिता का मुंह लगा था। छोटे अपने मां-बाप की पहली संतान था लेकिन भाइयों की संतानों में वह सबसे छोटा था...इसलिए छोटे नाम पड़ गया। छोटे बैठकखाने में जब चाहे मुंशी राधेलाल की गोद में आ बैठता—वे चाहे जितना व्यस्त हों, चाहे जिन लोगों से घिरे हों, मुंशी राधेलाल काम करते जाते और छोटे के बालों में प्यार से हाथ भी घुमाते रहते। उनसे जो जिद छोटे कर सकता था, वह राजन भी नहीं। बच्चों के खाने-पीने, पहनने-ओढ़ने, खेलकूद में भेदभाव एकदम नहीं थे। सबेरे उन्हें रामधुन काका का इंतजार रहता। रामधुन मोहल्ले की एक मिठाई की दुकान में काम करते थे। वो सबेरे खोमचा लिये बस्ती के एक हिस्से में घर-घर जाते दिखाई देते थे ही दिन को दुकान में चाशनी तैयार करते दिखते, या दोनों मुट्ठियों से लड्डू बनाते हुए। दुकान में वे भले ही एक मामूली नौकर हों, मुंशी राधेलाल के बच्चों में वे रामधुन काका के नाम से ही जाने जाते। जैसे ही उनका खोमचा बड़ के पेड़ के नीचे आता, बच्चे चारों तरफ से उन्हें घेर लेते...और वे हर बच्चे को पकड़ाते चले जाते एक-एक दोना नाश्ते का—दोने में एक जलेबी या पेड़ा मिठाई में और एक कचौड़ी या समोसा नमकीन में। राधेलालजी की हिदायत थी कि उस समय न केवल घर के बच्चों, बाहर के भी जो हुए, उनको भी नाश्ता उसी तरह दिया जाए जैसे घर के बच्चों को।

प्रख्यात कथाकार गोविंद मिश्र

रेखांकन : एस.टी. शाह

पांच आंगनोंवाला घर

जोगेश्वरी की सास सब बच्चों की दादी अम्मा थीं, जोगेश्वरी स्वयं बड़ी अम्मा। राजन के बापूजी सब बच्चों के बापूजी और उसकी अम्मा सब बच्चों की अम्मा। छोटे उन्हें ही अपनी मां के रूप में जानता था, जो उसकी असली मां थी उन्हें सब बच्चों की तरह नइकी चाची कहता। रहने के लिए सबके अलग-अलग हिस्से थे, लेकिन कुछ कमरे ऐसे थे जो पूरे परिवार के इस्तेमाल में आते। रसोईघर तो था ही, एक कोठरी मुस्तकिल तौर पर सौर घर थी—इतने बड़े परिवार में किसी न किसी के बच्चा होता ही रहता था। इसी तरह फाटकवाले आंगन की तरफ एक ऐसी कोठरी थी जो जेठ की तपती दोपहरियों में भी ठंडी रहती। यह नवविवाहितों के लिए थी—सुहागवाली कोठरी।

दादी अम्मा बेल वाले आंगन की एक कोठरी में रहती थीं। उनकी उम्र का ठीक-ठीक हिसाब उन्हें क्या किसी को भी नहीं था। जब वे पूरी तरह स्वस्थ थीं तब भी कोई उनसे उनकी उम्र पूछता तो बिसे (बीस की गिनती) में हिसाब लगाते लगाते वे गलती कर जातीं और आखिर में कोशिश छोड़ देतीं। हिसाब लगाने में किसी की बरावरी पर घटनाओं को भी बिठाना पड़ता था...जैसे कि राधेलाल हुआ रहा तो उनका ब्याह हुए इतनी बिसी हो गयी थीं, या जब वे ब्याही गयी थीं तो इतनी बड़ी थीं तो अब तक कितनी बिसी हो गयीं। याद और गणित-इन दोनों पहियों को साथ चलना होता था...और दो में से एक चरमरा कर कहीं फंस ही जाता...और तब वे कोशिश छोड़ देतीं। लोगों का खयाल था कि वे एक सौ पांच के ऊपर ही थीं। शरीर चल रहा था लेकिन मस्तिष्क ने काम करना बंद कर दिया था। लहरियां आती थीं—ऐसे में वे अपने समय के बारे में टुकड़ों में बतातीं भी। 1857 की गदर के बारे में बोलती थीं—गोरे सिपाही भागते फिरे, (गोरों को भागते देखना किसी के लिए भी एक अजीबोगरीब दृश्य था....क्योंकि वे तो शासक थे!) एक तो भागता-भागता उनके घर के पिछवाड़े आ छिपा, बेहद डरा हुआ, बागियों के हाथ पड़ा तो मारा जायेगा। बहुत प्यासा था, दादी अम्मा की मां ने उसे झाड़ी के पीछे पानी पिलाया और पीछे ही पीछे भगा दिया था। ऐसा कुछ बताते-बताते दादी अम्मा की सुई कहीं अटक जाती, फिर-फिर करने लगती। वे भूल जातीं कि क्या कह रही थीं, उनका मस्तिष्क फिर उस पटरी पर लौट आता जहां इन दिनों वह इधर से उधर, उधर से इधर होता था, 'कछु गंधात है रे'.....वे कितनी तरह से कितनी दिशाओं में सूंघतीं, जैसे सूंघ कर टोह ले रही हों—कहीं कछु सड़त था।' टोलो-टोलो एकाएक झाड़ू लेकर दौड़ पड़तीं। अपनी कोठरी, कोठरी के बाहर ऐसे झाड़ू लगातीं जैसे गंदगी को छील-छीलकर बाहर फेंक देंगी, तभी दम लेंगी। उनकी कोठरी में बड़ी सींकों वाला एक झाड़ू बराबर रहता था। ऐसा लगता था कि दादी अम्मा की सुई गंधाने पर ही अटक कर रह गयी थी—क्या था जो गंधाता था, जो सड़ रहा था?

इस बात को छोड़ दिया जाए तो वह अब भी स्वस्थ थीं, आत्मनिर्भर भी। दोनों समय खाना खातीं। खाने का भी उन्हें बराबर ध्यान रहता। अपना बिस्तर स्वयं ठीक कर लेतीं। हां, अब पहचान नहीं पाती थीं लोगों को। जोगेश्वरी और राधे को ठीक-ठीक पहचानतीं, बाकी लोगों में गड़मड़ कर जातीं।

दादी अम्मा तो अब अपने कमरे में ही सिमट कर रह गयी थीं। इसलिए बड़ बाबा के बाद परिवार का सबसे बड़ा सदस्य बड़ी अम्मा यानी जोगेश्वरी थीं। घर में तो वे सर्वेसर्वा थी हीं, बाहर भी उन्हीं की चलती थी...क्योंकि मुंशी राधेलाल से अधिकार के स्वर में वे ही बोल सकती थीं। बड़ी अम्मा के बाद नंबर आता था मुंशी राधेलाल का—पुरुषों में मुखिया। सांवले रंग का सदा मुस्कराता चेहरा। यह मुस्कराहट आज के जमाने की व्यापारी या व्यावसायिक मुस्कराहट नहीं थी, जो चेहरे पर जब चाहे चिपका ली, जब चाहे उतार फेंकी। मुंशीजी की मुस्कराहट उनकी आत्मीयता, नेकदिली से उठती थी—पृथ्वी पर उनका हर छोटा-बड़ा, अच्छा-बुरा अपने हक से आदमी है। उसे आदमी समझो और आदमी की ही तरह उससे पेश आओ। वे सभी कलाओं के प्रेमी थे—नाच, गाना, शेरो-शायरी। थोड़ी-बहुत शायरी खुद भी करते थे....'अमित' तखल्लुस रख लिया था। चौड़ी पेशानी, किनारे-किनारे के बाल सफेद होते हुए....उम्र से पहले ही खोपड़ी पर चांद खुलती चली आ रही थी। घोड़ा उनका प्रिय जानवर था, रिक्शों का चलना शुरू हो जाने के बाद भी वे इक्के पर चलना पसन्द करते। इक्के पर या फिर पैदल। घनी अपनकी मूंछों को संवारते, हल्की तोंद को झुलाते, हाथ में चांदी की मूठ वाली छड़ी को लहराते बंद गले की शेरवानी और पायजामा पहने खरामा-खरामा से थोड़ा-सा ऊपर की चाल में चलते हुए उन्हें अलग से पहचाना जा सकता था। रास्ते में छोटे-बड़े सबको हाथ उठाकर सलाम-बंदगी करने की आदत थी—ऊपर वाला करे या न करे। इसी तरह घर में छोटे-बड़े, नौकर-चाकर सबसे बहुत ही कायदे से बात करना। जो आवाज घर में बहुत ही शांत और मीठे स्वर में सुनी जाती, वही मुशायरों और महफिलों में बुलंद हो जाती। एक बार बैठकखाने में मुशायरा चल रहा था। अपना कलाम पढ़ने के लिए एक शायर को बुलाया जा रहा था, लेकिन वे शराब इतना पी चुके थे कि उठ ही नहीं पा रहे थे। राजन को याद है—दूसरी तरफ से बापूजी गरजे थे— [illegible] । जो शराब से शायरी की तौहीनी करते हैं, वे इसी लायक हैं।

मुंशी राधेलाल घर के मुखिया थे, इसलिए उन्हें सबकी सुनना पड़ती थी। सन्नी अगर सारंगी में फंसा हुआ है, कुछ करता नहीं है तो जोगेश्वरी सन्नी की बजाय राधे को ही सुनातीं, 'तुम्हारे लाड़-प्यार ने बिगाड़ रखा है।' घनश्याम कभी भंग ज्यादा छान लेते और घर में तीन-तीन दिन पड़े रहते, तो रामनगरवाली मुंशीजी को गरियाती हुई आंगन-आंगन घूमती थीं 'भाई हैं तो यह तो नहीं कि सिर पर चढ़ा रखो, करते रहे चाहे जो कुछ। यह क्या कि नशा पत्ती किये घर में दिनों दिन पड़े रहे, फिर भी कोई कुछ नहीं कहेगा। निकम्मा बना दिया, घर चलाना पड़ता तो आटा-दाल का भाव मालूम हो जाता।'

राजन की मां, मुंशी राधेलाल की पत्नी, श्रीमती शांतिदेवी—यथानाम तथा गुण। उस मोहल्लेनुमा परिवार की वे सबसे सुंदर स्त्री थीं। जब ब्याह कर आयी थीं तो गोरे रंग पर उभरे तीखे नाक-नक्श घर भर में छाये रहते, जैसे साफ पानी में गहरे रंग का कमल सीधा उठा हुआ हो। इकहरे बदन और फुर्तीली होते हुए भी उनका मुख्य भाव चंचलता नहीं थी। जो देखता, उसमें भीतर तक शांति उतरती चली जाती। वे जिस घर से आयी थीं, वह राधेलाल के घर से ज्यादा सम्पन्न था, क्योंकि विवाह में पहल जोगेश्वरी की थी, जो इन चीजों में पूरा चौकस रहती थीं। उस घर में खाने-पीने, पहनने-ओढ़ने के मामले में इच्छा जाहिर करने भर की देर, शांति के लिए अलग से एक नौकरानी...लेकिन तब भी बहुत कुछ अपनी मां की मुस्तैदी के कारण और काफी-कुछ अपने व्यक्तित्व की वजह से शांति ने अपने को पराश्रित नहीं बनने दिया। आगे-आगे बढ़कर मां के साथ रसोई में काम करना....इस तरह खाना बनाने में वे चटक हो गयीं। खाना बनाने और उससे भी ज्यादा खाना खिलाने का उनका शौक मायके से ही था। शांति ने ससुराल में कदम रखते ही मायके के ठाट बाट मन से झाड़ डाले। यहां जैसे मां तो यहां साल के पीछे-पीछे, बराबरी के काम। आज चार बड़े बच्चों की मां होने के बाद भी यह कि जरूरत पड़ने पर पूरी रसोई अपने ऊपर ले लें, बिना नौकरों के घर के सारे काम संभाल लें। इसी तरह पहनने-ओढ़ने के बारे में भी शुरू से ही ऐसा बना लिया था कि जो सास या पति ला कर दे, उनकी अपनी कोई खास इच्छा नहीं।

उस घर में कुछ न कुछ होता रहता, बाहर के बीस-पच्चीस लोगों का खाना तो आये दिन बनता। बैठकखाने में कभी मुशायरा हो रहा है तो कभी कवि सम्मेलन। इसमें राजन जरूर जा बैठता, कवियों और शायरों की खातिरदारी में लग जाता। एक बार तो एक शायर के साथ खासी मुसीबत हो गयी थी। मुशायरे के बीच, आधी रात के समय वे बोले कि उन्हें हाजत आयी है। मुंशीजी ने राजन को कह दिया कि वह पाखाने के मग में पानी भर आये और शायर साहब को रास्ता दिखाये। जाड़े के दिन और आधी रात का समय। राजन को पानी फौरन ही नहीं मिला तो वह सोडे की एक बोतल ही पाखाने के मग में उंडेल आया—वह भी तो पानी था, [illegible] शायर साहब एकाएक पाखाने के भीतर से चिल्लाये थे—'अरे मार डाला'। आकर उन्होंने मुंशीजी से शिकायत की 'आपका यह छोकरा बड़ा शातिर है, पानी की जगह सोडा रख दिया और मुझे है बवासीर। मार डाला, हाय! हाय!! सुनते ही सब जोरों से हंस पड़े। राजन डर रहा था कि डांट पड़ेगी, लेकिन कुछ शायरों की नजरें उसे शाबासी दे रही थीं।

हनुमानजी वाले आंगन में रामलीला होती थी और बेलों वाले आंगन में कोठेवाली का नाच। बैठकखाना या आंगन.....ऐसे मौकों पर कंदीलों की रोशनी से भर जाते। कभी कभी नौटंकी भी होती थी.....पर वह घर के बाहर, बड़ बाबा के नीचे। चबूतरे पर बिछे कालीनों पर मोहल्ले के बड़े-बूढ़े बैठते, बैठकखाने में चिक डालकर औरतें। तीनों ओर से चबूतरे को घेर कर खड़े हो जाते पूरे मोहल्ले भर के लौंडे-लपाड़ी। सारा मोहल्ला घर के सामने की गली में उतरा आता।

लघुकथा

राजा दुबे

ईमानदार

उसे सामने पाकर मैं चौंका। मैं अचम्भित था और वो मुस्करा रहा था। मैं टिन के सूपड़े जैसे बर्तन से आटा नहीं उंड़ेल पा रहा था। मैं एकदम फ्रीज शॉट के माफिक जम गया था। उसने मेरी तन्द्रा तोड़ी, 'आटा दो बाबू, रुक क्यों गये?' मैंने झटपट आटा भरा सूप उसके झोले में उंड़ेल दिया। वो आगे बढ़ गया।

मैंने सूप अपने असिस्टेंट को थमाया और उसका पीछा किया। वो मुझे आता देख रुक गया।

'क्या बात है बाबूजी, आटा कुछ ज्यादा दे दिया क्या?' उसने बड़ी सहजता से पूछा। मैं हड़बड़ा गया।

'नहीं-नहीं, वो बात नहीं है'।

'तो फिर क्या बात है' उसने उतनी ही सहजता से पूछा। मैंने डरते-डरते पूछा, 'सात तारीख को शांतिनगर में दंगा करने वालों में तुम भी थे ना!'

'हां मैं भी था।'-उसने तीसरी बार भी उतनी ही सहजता से कहा।

मैं अब एक साथ भय और विस्मय दोनों ही अनुभूतियों में डुबकी लगा रहा था। मैंने हिचकते हुए पूछा, 'पुलिस ने नहीं पकड़ा तुम्हें?'

वो मुस्कराहट का एक्सटेंशन देखकर हंसा, 'पुलिस के पास मेरे खिलाफ रपट नहीं थी'।

उसने भेद भरी निगाह मुझ पर डाली, 'तुम रपट डलवा दो बाबू, तुमने तो मुझे दंगा करते देखा है!' मैं बुरी तरह घबरा गया।

मैं हाथ से छूटे ऊन के गोले के माफिक उलझ चुका था। वो अभी भी मेरे सामने खड़ा था। उसे मेरे जवाब का इंतजार था। मैं तेजी से अपने असिस्टेंट के पास लौटा। मैंने असिस्टेंट से टिन का सूप लगभग छीन लिया। मैं फिर दंगा पीड़ितों में आटा बांट रहा था। वो अभी भी मेरे पीछे था। मैं उस पर भड़क उठा, 'अब जाओ भी यार! देख नहीं रहे हो मैं दंगा पीड़ितों को राहत बांट रहा हूं।' वो फिर मुस्कराया और चल दिया।

मेरे तन-मन की लय टूट चुकी थी। हाथ आटा बांट रहे थे। मन उसके बेशर्म साहस की बुनियाद तलाश रहा था। वो दंगा करने वालों में भी शामिल था और दंगा पीड़ितों की पंक्ति में भी शामिल था। वो दोनों ही भूमिकाएं ईमानदारी से निभा रहा था। वो उन्माद से संचालित होकर दंगा कर आया और लालच से संचालित होकर राहत सामग्री ले गया। मैं दोनों ही मौकों पर गलत साबित हुआ। वहां मैं उसे दंगाई नहीं कह पाया और यहां उसे झूठा नहीं कह पाया। कौन ज्यादा ईमानदार है? वो सच्चा दंगाई और दुस्साहसी दंगा पीड़ित या मैं एक डरपोक अधिकारी और बेईमानी को पोषित करने वाला बुद्धिजीवी?

रमेश चन्द्र शाह

युग-साक्षी

मुझे नहीं है - तो, इससे क्या
सबको ही आशा है मुझसे।

यह मेरा दुःस्वप्न .... अयोध्या —
किसने सोचा था हारूँगा यहीं अन्ततः!

ऋष्यमूक साक्षी है, साक्षी
तात विभीषण की लंका भी
युद्ध नहीं था, कविता थी वह।

अब तो शेष
प्रजा है। मैं हूँ।

विदा ले चुका मेरा वह विश्वास मुझी पर
जो अभिन्न था पवनपुत्र सा
वैदेही सा।

क्रुद्ध हुआ था जब समुद्र पर मैं, तब कैसा
दौड़ा आया था सिर के बल।

अब पृथ्वी पर कोप
एक प्रहसन ही होगा।
देख रहा हूँ मैं नाटक का अंत अभी से
जिसे खेलना ही होगा पर,
मुझे अंत तक।

न्याय नहीं कर सकते वे नागरिक
साक्षी होगा
पहला ही कवि
इस वियोग का।

फिलहाल

फूटा एक रंग
अंधेरे का अंधेरे में
रात भर सोई सड़क
उठती दीवार सी
खोलती खिड़की एक
देखती अंधेरे में
रंगा हुआ आसमान
रंगों की हलचल थी सुबह कभी
रंगों की नींद रात
सपने दिखाती थी रंग के
रंग है अभी तो
फिलहाल यह अंधेरा
सड़क की आहट पर
टूटता हुआ आसमान
छूटता हुआ घर
टूटना नहीं है यह
छूटना नहीं है सिर्फ
हल्का पड़ जाता है
रंगों की तरह...
लौटता है घर आसमान को
लौटती हैं सड़कें
सड़कों को लपेट कर
लौटती एक दीवार ओढ़कर सड़कें
लौटते हैं रंग फिर
लौटता अंधेरा
लौटते हैं तारे
लौटते अनन्त घर
अनन्त आसमान में।

शब्द, बताओ

शब्द, बताओ
कहना क्या है?
शब्द, बताओ
गहना क्या है?
मेरा तुम्हें
तुम्हारा मुझे
उलहना क्या है?
शब्द, बताओ
कहना क्यों है?
शब्द, बताओ
सहना क्यों है?
तुमने हमको
हमने तुमको
पहना क्यों है?



विजयेन्द्र स्नातक

सूर और तुलसी जैसे महत्वपूर्ण हैं संत सुन्दरदास

हिंदी के मध्ययुगीन भक्ति-काव्य में निर्गुणोपासक संतों का, भारतीय चिन्तनधारा को जीवित रखने और व्यापक आयाम प्रदान करने में कई दृष्टियों से अमित योग रहा है। सन्त-परम्परा के इन्हीं निर्गुणोपासक भक्त कवियों में संत सुन्दरदास का विशिष्ट स्थान है। उनका साहित्य अपने युग की साहित्यिक प्रवृत्तियों तथा धार्मिक मान्यताओं का ही परिचायक नहीं है, वरन् उसमें सगुणोपासक भक्त कवियों तथा परवर्ती रीति कवियों की शास्त्रीय छटा के भी दर्शन होते हैं। संत सुन्दरदास उस युग के एक ऐसे प्रज्ञा पुरुष थे, जिन्होंने अपनी वाणी को शास्त्र सम्मत बनाकर लोकधर्म की मर्यादा में प्रस्तुत किया है। उनकी वाणी में वैसा ही वैदग्ध्य देखने को मिलता है, जैसा सूर-तुलसी आदि की रचनाओं में है।

हिन्दी-साहित्य के इतिहास ग्रंथों में निर्गुण काव्य-धारा के कवियों की गणना में सुन्दरदास का नामोल्लेख तो अवश्य मिलता है, किन्तु उनके विशाल साहित्य की यथोचित चर्चा नहीं है। पुरोहित हरिनारायण शर्मा ने सर्वप्रथम 'सुन्दरवाणी' के सम्पादन का कार्य सन् 1902 में प्रारंभ करके निरन्तर अनथक परिश्रम के बाद 'सुन्दर ग्रंथावली' नाम से सन् 1936 ई. में, सुन्दरदास रचित समस्त वांग्मय को प्रकाशित किया था। ग्रंथावली से पहले उन्होंने सुन्दरदास के सुन्दर सवैया पदों का संग्रह सन् 1918 में 'सुंदर सार' शीर्षक से नागरी प्रचारिणी सभा, काशी से निकाला था। ग्रंथावली प्रकाशित करते समय उन्हें पर्याप्त सामग्री सुलभ हो गयी थी और उसके आधार पर ही उन्होंने समग्र वाणी संग्रह को ग्रंथावली में समाविष्ट कर लिया था, पर वह ग्रंथावली वर्तमान समय में उपलब्ध नहीं है। निर्गुण भक्ति-साहित्य के प्रेमी विद्वज्जनों में सुन्दरदास के साहित्य को पढ़ने और भक्तित्व को जानने की उत्कट अभिलाषा को देखकर डॉ. रमेशचन्द्र मिश्र ने समग्र सुन्दरवाणी के पुनः प्रकाश का बीड़ा उठाया और लगभग नौ वर्ष के कठोर परिश्रम के बाद यह सारस्वत अनुष्ठान पूरा किया।

सुन्दरदास दादूपंथी संत थे। उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा के संतों से दादू पंथ का ज्ञान अर्जित किया था, किन्तु पंथ की संकीर्ण सीमाओं का अतिक्रमण कर उन्होंने तत्कालीन वैष्णव, शैव और शाक्त मतों का भी अध्ययन किया था। काशी में लगभग 18 वर्ष तक स्वाध्याय निरत रहकर वहां के पंडितों से वेदान्त और न्याय दर्शन आदि का भी विधिवत् अध्ययन किया था। अपने अध्ययन-प्रेम के कारण, खंडेलवाल वैश्य होने पर भी ये काशी के पंडितों के भी प्रिय हो गये थे। फलतः उन्हें ज्ञानार्जन के मार्ग में कोई बाधा नहीं आयी। सन् 1992 में 'सुन्दर ग्रंथावली' का प्रकाशन कई दृष्टियों से इसलिए भी उल्लेखनीय है कि पचास-पचपन वर्षों से पुरोहितजी द्वारा सम्पादित ग्रंथावली अनुपलब्ध थी और हिन्दी-साहित्य के इतिहास-ग्रंथों में निर्गुण काव्य धारा के भक्त कवियों को शास्त्र ज्ञान शून्य समझने की भूल दृढ़ से दृढ़तर होती जा रही थी। कबीरदास को छोड़कर किसी अन्य संत की वाणी को महत्व प्राप्त नहीं था। कबीर ग्रंथावली या कबीर-वाणी का प्रकाशन तो हिन्दी और हिन्दीतर भाषाओं में हुआ, किन्तु सुन्दरदास को संत परम्परा में भी वह स्थान नहीं मिल सका, जो उन्हें उच्च कोटि के संत और विदग्ध पंडित होने के कारण मिलना चाहिए था। 'सुन्दर ग्रंथावली' के अभाव में यह अन्याय निरन्तर वर्तमान रहा। अब 'सुन्दर ग्रंथावली' के प्रकाश में आने पर निर्गुणोपासक ज्ञानाश्रयी शाखा के संतों में सुन्दरदास का स्थान तत्वदर्शी, मेधावी, मनीषी संत के रूप में स्थापित हो सकेगा।

'सुन्दर ग्रंथावली' में संकलित ग्रंथों के शीर्षकों से पाठक को उनकी विषयवस्तु का बोध हो सकता है, किन्तु कुछ शीर्षक ऐसे हैं, जो मुख्य प्रतिपाद्य से भिन्न तत्व का भी बोध कराते हैं। 'सवैया ग्रंथ' का स्थान सुन्दरदास की रचनाओं में विशिष्ट रहा है। वास्तव में यह उपासना अर्थात् ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का ही ग्रंथ है। डॉ. मिश्र ने अपनी 'एक सौ बाइस पृष्ठों' की विस्तृत भूमिका में इस प्रकार की सभी गुत्थियों को सुलझाया है। इस विस्तृत भूमिका को पढ़कर ग्रंथावली में संकलित ग्रंथों के गूढ़ाशय का ही नहीं, वरन् समस्त तत्व दर्शन का बहुत ही स्पष्ट बोध होता है। सांख्य ज्ञान, योग ज्ञान, वेदान्त ज्ञान आदि प्रकरण दार्शनिक स्तर पर गहन चिन्तन-मनन की सामग्री देते हैं।

प्रस्तुत ग्रंथावली में सुन्दरदास रचित छोटे-बड़े अड़तालीस ग्रंथों का संकलन है। इनमें सभी ग्रंथों का कलेवर समान आकारवाला नहीं है। पदावली ग्रंथ सवा सौ पृष्ठों का है, तो सवैयान्तर्गत 'वचन विवेक को अंग' जैसे सात पृष्ठों के अध्याय भी हैं। संभवतः ये शीर्षक विषय-वस्तु की दृष्टि में रखकर किये गये हैं। गूढ़ार्थ रचना काव्य में चौबोला, प्रतिलोम अनुलोम, [illegible] आदि विभिन्न शैली की गूढ़ार्थपरक तेरह छोटी-छोटी रचनाएं भी हैं। चित्रकाव्य, विपर्यय को अंग (उलटबाँसी), अक्षर विचार आदि विषयों पर भी सुन्दरदास ने काव्य शैली में जो तात्विक विमर्श किया है, वैसा व्यापक और विशद विमर्श किसी निर्गुणोपासक संत ने नहीं किया। यह कम विस्मय की बात नहीं है कि संत सुंदरदास काव्य शास्त्र-विनोद के विषयों पर भी साधिकार लिखने में समर्थ थे। उनका यह काव्य शास्त्र-विनोद भी भक्ति-तत्व से संवलित है। पिंगल शास्त्र का उन्हें अच्छा ज्ञान था और उन्होंने अपनी रचनाओं में विविध प्रकार के छन्दों का प्रयोग कर इस ज्ञान का पांडित्यपूर्ण परिचय दिया है। उनका साहित्य भक्त कवियों के सदृश सौष्ठवपूर्ण, रीतिकालीन कवियों के सदृश लालित्य एवं माधुर्य भाव से भरा हुआ है। बहुभाषाविद् सन्त कवि सुन्दरदास की अभिव्यक्ति की प्रमुख भाषा परिनिष्ठित ब्रजभाषा ही रही है, यद्यपि राजस्थानी का पुट उसमें मिलता है। साथ ही गुजराती, पंजाबी, उर्दू-फारसी, पूर्वी बोली एवं संस्कृत-शब्दावली का भी उन्होंने प्रयोग किया है।

[illegible] अध्ययन कर उसे पाठकों के लिए सुगम बनाते हुए प्रत्येक ग्रंथ के प्रारंभ में, उसके सार तत्व को समझने के लिए 'प्रवेशार्थ' शीर्षक से जो लिखा है, वह पाठक के लिए अत्यन्त उपयोगी है। ग्रंथ के प्रत्येक पद के साथ नीचे 'चूर्णिका' दी गयी है जिसमें शब्दार्थ तथा कठिन संदर्भ को विवृत करने के लिए भावार्थ भी दिया है। यह कार्य निष्ठा का तो है ही, सम्पादक के गंभीर ज्ञान सापेक्ष अध्ययन का भी परिचायक है। इस प्रकार का संपादन विद्वता का सुन्दर निदर्शन कहा जा सकता है।

सन् 1992 के हिन्दी-प्रकाशनों में मध्ययुगीन साहित्य के पुनरुद्धार की दिशा में 'सुन्दर ग्रन्थावली' को मैं शोध और समीक्षा का सर्वोत्कृष्ट मानक ग्रंथ मानता हूं। संत सुन्दरदास के ज्ञान का क्षेत्र विस्तृत था। अध्यात्म, धर्म, दर्शन, काव्यशास्त्र और जीवनानुभवों से परिपूर्ण उनके ग्रंथ हमें चमत्कृत ही नहीं करते, वरन् अपने समकालीन संतों और भक्तों की श्रृंखला में सबसे अगली पंक्ति में खड़ा होने का गौरवपूर्ण अवसर भी प्रदान करते हैं। यदि इसी पद्धति से प्राचीन साहित्य का शोधपरक दृष्टि से सम्पादन और प्रकाशन किया जाए, तो ऐसे ज्ञान को प्रकाश में लाया जा सकेगा, जो अभी तक हिन्दी प्रेमी पाठकों के लिए गुप्त बना हुआ है। इस ग्रंथावली के प्रकाशन से यह भ्रम भी दूर हो सकेगा कि मध्ययुगीन पंथ और सम्प्रदायों की संकीर्ण सीमा में आबद्ध रहने के कारण सन्त कवि, ज्ञान और अनुभव के विस्तार में विचरण नहीं कर सके थे। दादूपंथी संत सुन्दरदास का रचना-संसार, दादू पंथ तक ही सीमित न होकर अद्वैत वेदान्त, सांख्य-योग आदि दार्शनिक सिद्धान्तों एवं लोक-व्यवहार तक फैला हुआ है। 'सुन्दर ग्रंथावली' के द्वारा यह तथ्य भी प्रकाश में आयेगा कि संत श्रृंखला के सभी भक्त कवि अपढ़ या शास्त्रज्ञान विहीन नहीं थे। सुन्दरदास जैसे महापंडित भी उस काल में विद्यमान ही नहीं थे, अपितु पूर्ण मनोयोग से काव्य के व्यापक फलक पर विविध विषयों की रचना कर रहे थे। इस अनुसंधानपूर्ण गंभीर सम्पादन के लिए हिन्दी जगत् को डॉ. रमेशचन्द्र मिश्र के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए।

❐ किताब : सुन्दर ग्रंथावली (दो भाग) ❐ संपादक : डॉ. रमेशचंद्र मिश्र ❐ प्रकाशक : किताब घर, दिल्ली-110002

दस्तक

इतिहास पर एक शोध पत्रिका

भारतीय इतिहास लेखन में पिछले दो दशकों में कई उल्लेखनीय मोड़ आये हैं। इतिहास लेखन में उच्चवर्गीय राजनैतिक इतिहास की जगह अब 'सामाजिक इतिहास', 'जनता का इतिहास', 'अनुनाशित समूहों का इतिहास' जैसी अवधारणाएं प्रचलित हुई हैं। इससे इतिहास में शासकों, तिथियों, शिकार गतिविधियों से अलग, जन जीवन, जन आंदोलन और संघर्षों के [illegible]

'ऋग्वैदिक समाज में संघर्ष वितरण और विभेदीकरण', इरफान हबीब का 'प्राक्-औपनिवेशिक और औपनिवेशिक भारत में संचय की प्रक्रियाएं', विवेकानंद झा का 'चंडाल और अस्पृश्यता का उद्भव', सुमित सरकार का 'गांधीवादी राष्ट्रवाद का तर्कशास्त्र', रवींद्र कुमार का 'जवाहरलाल नेहरू, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और फासीवादी विरोधी संघर्ष (1939-45)' आदि कई शोधपत्र हिन्दी में पहली बार बेहद महत्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध कराते हैं।

सुमित सरकार का लेख सविनय अवज्ञा आंदोलन और इसके बीच गांधी-इर्विन समझौते का विश्लेषण करके भारतीय राष्ट्रवाद के एक अंधेरे पहलू पर प्रकाश डालता है। यह बताता है कि किस प्रकार स्वाधीनता आंदोलन की कर्जा और उदार आकांक्षाएं अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाईं।

शोधपत्रिका में सैयद नुरुल हसन द्वारा खोजा गया एक [illegible]

[illegible]

चारु गुप्ता

अमेरिका से एक हिन्दी पत्रिका

हिंदी को लेकर जो चिन्ता हिन्दीतर क्षेत्रों में दिखाई पड़ती है, वह हिन्दी क्षेत्र में नहीं दिखती, चाहे देश के भीतर हो या बाहर, हिन्दी जहां अल्पसंख्या में है, वहां हिन्दीवाले बड़ी निष्ठा व मनोयोग से काम कर रहे हैं, इसी निष्ठा का एक उदाहरण है त्रैमासिक पत्रिका 'सौरभ' जो विश्व हिन्दी समिति न्यूयार्क (अमेरिका) से छप रही है।

'सौरभ' का पहला अंक (दीपावली, 1992) हमें देर से मिला है, लेकिन इसका जिक्र यहां करना इसलिए आवश्यक हो जाता है कि यह बड़ी ईमानदारी और निष्ठा से प्रवासी हिन्दी प्रेमियों को जोड़ने का काम कर रही है। अपने संपादकीय में रामेश्वर 'अशांत' ने यह विवाद खड़ा किया है कि स्वाधीन भारत में हिन्दी न पनप पाने के मूल में पंडित नेहरू की पश्चिमपरस्त नीतियां जिम्मेदार रही हैं।

पत्रिका में प्रवासी जीवन पर दो कहानियां-वेद प्रकाश सिंह की 'ग्रीन कार्ड' और हरचरण चावला की 'अनुभूति की जंजीर' छपी है, जो अपने शिल्प में कमजोर, बल्कि आसान होते हुए भी प्रवासी जीवन की पीड़ा को बहुत अच्छी तरह से व्यक्त करती हैं। पत्रिका में कोई दर्जन भर कविताएं, गीत, कुछ बाल रचनाएं और वंदे मातरम्, भगवान महावीर, दीपावली, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव आदि पर लेख भी हैं। पत्रिका में छपी सूचनाओं से पता चलता है कि समिति न्यूयार्क में हिन्दी भवन के निर्माण का प्रयास कर रही है। अमेरिका में रहते हुए ऐसे प्रयास निश्चय ही सराहनीय हैं।

❐ पत्रिका: सौरभ (त्रैमासिक पत्रिका) ❐ संपादक: रामेश्वर अशांत ❐ प्रकाशक: विश्व हिन्दी समिति, पोस्ट बॉक्स 325, फोर्ट हैमिल्टन स्टेशन, ब्रुकलिन, न्यूयार्क-11209 ❐ वार्षिक चंदा: 15 डालर।

गोविंद सिंह

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विज्ञान

जब से मनुष्य ने अपना होश संभाला है, वह पृथ्वी, समुद्र और आकाश के रहस्यों के बारे में जानने की कोशिश करता चला आ रहा है। इस कोशिश में उसने आँख और कान से लेकर रेडियो और राडार रिसीवरों तथा दूरबीनों के जरिए [illegible] में सुदूरतम झाँकने और सुनने का प्रयास किया। तमाम प्रयासों के बावजूद अंतरिक्ष में अन्य बुद्धिमान प्राणियों से मनुष्य की मुलाकात नहीं हो सकी। इसलिए उसने कल्पना का सहारा लिया है। पृथ्वी की सभी सभ्यताओं के पुराणों और लोक साहित्य में अन्य लोकों से आने वाले प्राणियों का मददगार देवी-देवताओं अथवा विनाशकारी दैत्यों के रूप में चित्रण हुआ है। उन्नीस से लेकर बीसवीं सदी तक जब आधुनिक विज्ञान ने करवट बदली तो साहित्य में एक नयी विधा का जन्म हुआ जिसे विज्ञान गल्प (साइंस फिक्शन) कहते हैं। इसके तहत एच.जी. वेल्स के उपन्यास 'लोकों का युद्ध' (वार ऑफ दि वर्ल्ड्स) में यदि पृथ्वी पर कब्जा करने के लिए आए मंगल ग्रह के प्राणियों का जिक्र है तो नवीनतम कार्ल सैगन के उपन्यास 'कान्टेक्ट' (संपर्क) में बीसवीं और इक्कीसवीं सदी के संधिकाल में पृथ्वीवासियों का संपर्क अपने से अधिक बुद्धिमान प्राणियों से होने का वर्णन है।

लेकिन सत्य यह है कि फिलहाल हमारा विज्ञान और उसके उपकरणों की क्षमताएँ बहुत सीमित हैं और ब्रह्मांड का आकार इतना बड़ा है कि हमारी खोज सफलता के निकट तो पहुँच नहीं पायी है, लेकिन इसे सर्वथा असफल भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि ऐसे अनेक संकेत मिले हैं कि मनुष्य अभी तक जो सोचता या कल्पना करता आ रहा है, वह सत्य भी हो सकता है।

जहाँ तक सैद्धांतिक बात है, यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि ब्रह्मांड में हम ही अकेले नहीं हैं। खगोलशास्त्री फ्रैंक ड्रेक को तो पूरा विश्वास है कि यह सदी खत्म होते-होते हमें ब्रह्मांड में स्थित किसी अन्य सभ्यता से सम्पर्क करने में अवश्य सफलता मिल जाएगी। ब्रह्मांड में हमारे जैसे या हमसे अधिक बुद्धिमान प्राणियों की उपस्थिति का आधार निम्न समीकरण है:

अभी तक ज्ञात नीहारिकाओं (नक्षत्र समूह) और राशियों (नीहारिका गुच्छों) में कितने नक्षत्र हैं, यह तो हमारी गिनती के बाहर है, क्योंकि नीहारिकाओं और राशियों की ही संख्या अनन्त है। फिर भी, हमारा सौर मंडल जिस नीहारिका (दूध गंगा या मिल्की वे) में स्थित है, उससे तो शुरुआत की ही जा सकती है।

दूध गंगा में 400 अरब नक्षत्र हैं, जिनमें कम से कम 10 प्रतिशत हमारे अपने सूर्य की उम्र के हैं और उसी की तरह के तत्वों से बने हैं।

इसका मतलब यह निकला कि दूध गंगा में 40 अरब नक्षत्र ऐसे हैं, जो हमारे सूर्य जैसे ही होने के कारण अपनी परिक्रमा करने वाले ग्रहों से भी सम्पन्न होंगे। अगर ऐसा है तो उन ग्रहों में पृथ्वी जैसे जीवनधारी ग्रह भी होंगे।

[illegible] (इन्फ्रारेड) कांच लगी उपग्रह दूरबीनों से मिली जानकारी के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि इन 40 [illegible] नक्षत्रों के चारों और घूमने वाले ग्रहों में से 10 प्रतिशत में पृथ्वी जैसा एक भी ग्रह है जो कि जीवित प्राणियों की उत्पत्ति के लिए न तो ज्यादा गर्म है और न ज्यादा ठंडा है तो चार अरब [illegible] जैसी पृथ्वियाँ हो ही गयीं।

पृथ्वी जैसे प्राणियों को जन्म देने के लिए आवश्यक तत्व यानी [illegible], अल्कोहल और अमीनो एसिड इन नक्षत्रों के [illegible] गैस के बादलों और इनसे आने वाले उल्कापिंडों में मौजूद पाए गए हैं।

अब जीवित प्राणियों को जन्म देने वाले तत्वों से युक्त चार [illegible] पृथ्वियों पर गौर किया जाए। यदि ऐसी पृथ्वियों में प्रति करोड़ दस में भी जीवित प्राणी हैं, तो इसका मतलब यह हुआ कि चार हजार प्राणियुक्त ग्रह हमारी दूध गंगा में हैं।

अब चाहे तो भरपूर कंजूसी करने के बाद भी यह मानने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए कि उपर्युक्त 4 हजार प्राणियुक्त ग्रहों में से 10 प्रतिशत में तो हमारे जैसे बुद्धिमान प्राणी होंगे ही। इससे यह नतीजा निकलता है कि कम से कम हमारे 400



ब्रह्मांड में लगा कान अर्थात रेडियो दूरबीन

ब्रह्मांडीय पड़ोसी तो हैं ही।

यह तो हुई हमारी अपनी एक नीहारिका की बात, जबकि खगोलशास्त्री अभी तक 100 अरब नीहारिकाओं के अस्तित्व का पता लगा चुके हैं। अब यह कैसे न माना जाए कि ब्रह्मांड में हम जैसे प्राणी सिर्फ हम ही नहीं हैं। लेकिन प्रश्न उठता है कि

ब्रह्मांड में भी लगे हैं कान

हमारा अपने पास और दूर के पड़ोसियों से सम्पर्क कैसे हो? अंतरिक्षयानों के जरिए तो हम ज्यादा से ज्यादा अपने अपने सौर मंडल और उसके निकटवर्ती एकाध नक्षत्र तक ही जा सकते हैं। दूरबीनों की सहायता से अनन्त की गहराइयों में थोड़ा-बहुत झांक सकते हैं, लेकिन यह झांकना भी पर्याप्त नहीं होगा, क्योंकि दूरबीन की आँख की क्षमता भी चाहे जितनी बढ़ जाए, ब्रह्मांडीय पैमाने पर अभी लाख-दो लाख वर्ष तो बचकानी ही रहेगी।

अब बचते हैं हमारे कान क्योंकि आवाज से ज्यादा सम्पर्क करने का कोई अच्छा और सुलभ साधन नहीं है। वैज्ञानिक इस बात पर लगभग एकमत हैं कि यदि कभी हमारा बाहरी अंतरिक्ष की अन्य सभ्यता से सम्पर्क हुआ तो उसका पहला चरण आवाज (ध्वनि संकेत) ही होगी। इसलिए ब्रह्मांड में बुद्धिमान प्राणियों की आवाज पकड़ने पर सारा जोर लगा हुआ है।

इसी दिशा में एक दैत्याकार कदम है, 'सेती योजना' जिसे 12 अक्टूबर, 1992 को सक्रिय किया गया। वैसे तो 'सेती' मिस्र के पौराणिक इतिहास का एक बहुत प्रसिद्ध राजा हुआ है, जिसकी बनवाई हुई इमारतें आज भी वैज्ञानिकों और वास्तुकारों को विस्मय में डाल देती हैं, लेकिन यहाँ हम जिस 'सेती' की बात कर रहे हैं, वह 'सर्च फॉर एक्स्ट्रा टेरिस्ट्रियल इंटेलिजेंस' (ब्रह्मांड में बुद्धिमान प्राणियों की खोज) का संक्षिप्त नाम है। यह योजना 1984 से शुरू हुई है और अब इसमें अन्य योजनाएँ भी शामिल हो गयी हैं, जिन पर मुख्य रूप से कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री फ्रैंक ड्रैक और अमेरिकी सरकार के 'राष्ट्रीय उड्डयन तथा अंतरिक्ष प्रशासन' (नासा) मिलजुल कर काम कर रहे हैं।

पिछली सदी के संधिकाल (1899) में जे.पी. मार्गन नामक एक उत्साही बैंकर ने एक योजना के तहत वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में रेडियो संकेत भेजने और सुनने के लिए एक विशालकाय रेडियो ट्रांसफार्मर बनवा कर दिया था। इससे 1939 में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक (विद्युत चुम्बकीय) संकेतों के जरिए ब्रह्मांड में रेडियो संदेश भेजे गए थे। प्रकाश गति (3 लाख किलोमीटर प्रति सेकेंड) से चलने वाले ये संकेत 11 सौ नक्षत्रों को पार कर चुके हैं, लेकिन हमारी पुकार का ब्रह्मांड में से किसी ने जवाब नहीं दिया है। 1974 में एक विशालकाय रेडियो-डिश के जरिए हमारे सौर मंडल की स्थिति, पृथ्वी पर रहने वाले प्राणियों और मनुष्यों के डी.एन.ए. का वर्णन करते हुए एक संकेत हरक्यूलिस नामक राशि की ओर प्रक्षेपित किया गया था। चूंकि हरक्यूलिस पृथ्वी से 25 हजार प्रकाश वर्ष दूर है, इसलिए अगर हमारे किसी ब्रह्मांडीय बंधु ने सुना भी और जवाब दिया भी तो उसे हम तक पहुँचने में 50 हजार साल लग जाएंगे।

ब्रह्मांडीय बंधुओं को संदेश भेजने में विद्यमान लम्बी प्रतीक्षा और कठिनाई को देखते हुए अब वैज्ञानिकों ने तय किया है कि संदेश भेजने के बजाए संदेश सुनने की ओर ही ध्यान लगाना ज्यादा आसान और जल्दी नतीजे देने वाला होगा। अतः इसी वर्ष, अति महत्वाकांक्षी 'सेती योजना' के तहत 12 अक्टूबर को 'नासा' ने प्यूरतोरिको के एरिसीबो नामक एक पर्वत पर स्थित संसार की विशालतम रेडियो दूरबीन को चालू किया है जो एक हजार फुट चौड़ी है। इसके साथ ही उत्तर अमेरिका के मोजव रेगिस्तान में इसी समय एक और विशाल रेडियो दूरबीन चालू की गयी। ये दोनों संयोजित रूप से हमारी दूध गंगा से आने वाली सभी आवाजों को सुनेंगी और उनके साथ लगे हुए संगणक उन आवाजों का विश्लेषण करके यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि कहीं इनमें से कोई आवाज हमें बुला तो नहीं रही है।

'सेती' योजना के इन दोनों रेडियो संकेत ग्रहण करने वाले इन उपकरणों का काम मीडियम वेव, शॉर्ट वेव, राडार और एफ.एम. आवृत्तियों (फ्रीक्वेंसीज) को सुनना नहीं है, बल्कि ये माइक्रो वेव फ्रीक्वेंसी (अतिसूक्ष्म तरंगों की आवृत्ति) को सुनेंगे, जहाँ से अब तक हमेशा मौन ही उत्तर मिला है। माइक्रोवेव फ्रीक्वेंसी पर केन्द्रित करने का कारण यह है कि अन्य सभी आवृत्तियों पर तमाम तरह की ध्वनियाँ आती रहती हैं जो स्थानीय वॉकी-टॉकी से लेकर अंतरिक्ष में विस्फोटित होने

■ ■ ■

यद्यपि अभी तक वैज्ञानिकों की ब्रह्मांडीय प्राणियों से बातचीत करने की इच्छा पूरी नहीं हुई है, लेकिन ऐसा कुछ जरूर हुआ है, जिससे उनकी यह इच्छा और भड़क उठी है। पिछले दो दशकों के अंदर अनेक राशियों से ऐसे संकेत मिले हैं, जिनकी कोई संतोषजनक व्याख्या नहीं की जा सकी है अर्थात् जो अभी तक सुनी गई और सुनी जाने वाली रेडियो ध्वनियों से भिन्न थे। मतलब यह हुआ कि ये वो संकेत थे, जिन्हें वैज्ञानिक बुद्धिमान प्राणियों के संकेत की परिभाषा में रखते हैं। दुख की बात यह है कि इनमें से कोई भी संकेत दोहराया नहीं गया।

■ ■ ■

वाले नक्षत्रों तक से पैदा होती हैं। वैज्ञानिकों का विचार है कि यदि ब्रह्मांड में विद्यमान कोई बुद्धिमान प्राणी हमें संदेश देना चाहेगा तो वह शोर-शराबे से भरी इन आवृत्तियों में अपनी आवाज न डुबो कर रेडियो वर्णक्रम ((स्पेक्ट्रम) के इस अतिशांत भाग के जरिए भेजेगा जो एक हजार से दस हजार मेगा हर्ट के बीच स्थित है और जिसे माइक्रोवेव आवृत्ति कहा जाता है।

रेडियो संकेत ग्रहण करने वाले इन दोनों उपकरणों के अलावा पसाडेना (कैलिफोर्निया) की जेट प्रोपेलशन प्रयोगशाला 'समस्त आकाश सर्वेक्षण' (ए.एस.एस.) नामक योजना के जरिए गोल्ड स्टोन घाटी में स्थित 34 मीटर की एक रेडियो दूरबीन और आस्ट्रेलिया के उपग्रह संकेत ग्रहण करने वाले एक एंटिना का समन्वय करेगी। इसके अंतर्गत दोनों मिल कर आकाश में अंग्रेजी के आठ का आकार बनाते हुए घूम कर हर प्रकार के ध्वनि संकेतों को सुनेंगे। इनसे जुड़े हुए संगणक प्रति सेकेंड 100 अरब गणनाएं करके यह ढूंढ़ निकालने की कोशिश करेंगे कि पृथ्वी और अंतरिक्ष से उठने वाली आवाजों में से कोई बुद्धिपूर्ण आवाज (इंटेलिजेंस सिग्नल) भी है या नहीं।

एक अन्य योजना के अंतर्गत पृथ्वी से 80 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित एक हजार सूर्य समान नक्षत्रों पर कान लगाये जाएंगे। इसमें दो अरब माइक्रोवेव चैनल्स की छानबीन की जाएगी।

1995 तक 'सेती' योजना में वेस्ट वर्जीनिया में स्थापित की जाने वाली 42 मीटर की ग्रीन बैंक नेशनल टेलीस्कोप नामक रेडियो दूरबीन और शामिल हो जाएगी, जिसके संगणक एक सेकेंड में एक करोड़ पचास लाख चैनलों को सुन कर उनका विश्लेषण कर सकेंगे। ये संगणक एक सेकेंड में पाँच करोड़ प्रयोग करके यह भी पता लगा लेंगे कि क्या कोई संकेत ऐसा है जो अभी तक सुने गए संकेतों से अलग है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि कोई भी ऐसा संकेत जो नैसर्गिक (ब्रह्मांडीय) प्राणियों की ओर से आया है, वह अपने को दोहरायाएगा जरूर। इसलिए इस प्रकार का संकेत मिलने पर रेडियो दूरबीन को उस चैनल से तनिक हटा कर फिर लगाया जाएगा। अगर संकेत दोहराया गया तो दूरबीन ड्यूटी पर तैनात वैज्ञानिकों को होशियार कर देगी और वे अन्य प्रकार के प्रयोग करके इस बात की पुष्टि कर लेंगे कि संगणकों द्वारा दिया गया नतीजा ठीक है या नहीं।

यद्यपि अभी तक वैज्ञानिकों की ब्रह्मांडीय प्राणियों से बातचीत करने की इच्छा पूरी नहीं हुई है, लेकिन ऐसा कुछ जरूर हुआ है, जिससे उनकी यह इच्छा और भड़क उठी है।

15 अगस्त, 1977 को अमेरिका के ओहायो राज्य स्थित रेडियो दूरबीन ने धनु राशि से उठने वाला एक ऐसा संकेत रिकार्ड किया, जिसको सुन कर एक वैज्ञानिक 'वाह!' कर उठा। लेकिन दुबारा यह दोहराया नहीं गया।

17 अक्टूबर, 1986 को मैसाच्यूसेट्स राज्य की एक रेडियो दूरबीन ने 40 अजीबोगरीब संकेत रिकार्ड किए जो अलग-अलग तरह के थे और इनमें से एक धनु राशि से भी आया था।

14 अगस्त, 1989 को इसी रेडियो दूरबीन पर कन्या राशि से उठने वाला एक संकेत मिला।

16 अगस्त, 1989 को मीन राशि से एक अनोखा संकेत फिर इसी रेडियो दूरबीन ने ग्रहण किया।

15 नवम्बर, 1989 को यहीं पर कैसियोपिया राशि से उठने वाला अद्भुत संकेत रिकार्ड किया गया।

नवीनतम संकेत 9 मई, 1990 को ओफियूकस राशि से आस्ट्रेलिया की पार्क्स रेडियो दूरबीन ने रिकार्ड किया जिसके बारे में खगोलशास्त्री एवं 'सेती' योजना के मुख्य प्रवर्तक फ्रैंक ड्रेक को पूरा विश्वास है कि यह किसी ब्रह्मांडीय बुद्धिमान प्राणी ने ही भेजा था!

जो भी हो हमारे कान तो अपने ब्रह्मांडीय बंधुओं की आवाज सुनने के लिए लगे ही हुए हैं। अगर हम उन्हें सुन सके तो शायद कभी देख भी सकेंगे। खगोलशास्त्री फ्रैंक ड्रेक और दावा शोबेल ने तो अपनी नई पुस्तक 'क्या वहाँ कोई है?' में यह अनुमान भी प्रस्तुत किया है कि अंतरिक्ष के प्राणी कैसे होंगे।

इन्दु अग्रवाल

हमारा सौरमण्डल ब्रह्माण्ड का एक छोटा सा हिस्सा है। सौर मण्डल में स्थित पृथ्वी ही मात्र ऐसा ग्रह है जहाँ जीवन की अनुकूल परिस्थितियाँ विद्यमान हैं। खगोलविद तथा वैज्ञानिक लम्बे समय से यह जानकारी जुटाने में प्रयासरत हैं कि ब्रह्माण्ड में कहीं और भी ऐसे ग्रह हो सकते हैं जिनमें जीवन की सभी अनुकूल परिस्थितियाँ हों।

न्यूयार्क स्थित हब्बल स्पेस टेलीस्कोप ने 15 नए तारों के चारों ओर फैली धूल और गैस की विस्तृत तस्तरियों के चित्र लिए हैं। खगोलविदों का कहना है कि ये चित्र सौर मण्डल के बाहर कोई और ग्रह होने के प्रबल प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। इन चित्रों को देखकर लगता है कि सौर मण्डल के बाहर ऐसे ग्रहों की उपस्थिति एक सामान्य बात हो सकती है। यह कल्पना कि सौर मण्डल के बाहर इन तारों के इर्द-गिर्द ग्रहों की उपस्थिति वैज्ञानिक दावों को आधार प्रदान करते हैं कि हमारी पृथ्वी के बाहर भी कहीं जीवन है।

हब्बल से प्राप्त चित्रों के आधार पर खगोलविद कहते हैं कि ऐसा लगता है कि जैसे हम पीछे जाकर उन परिस्थितियों का अवलोकन कर रहे हैं, जब 450 करोड़ वर्ष पूर्व सौरमण्डल का निर्माण हुआ था। चित्रों से जाहिर होता है कि नए तारों के चारों तरफ फैली धूल ने इतना चक्कर लगाया कि वह खिंचकर [illegible] तारों की तरह लगने लगे। फलस्वरूप पदार्थ चपटी तश्तरी (डिस्क) में परिवर्तित होने लगा। यह नियमित रूप से तारों के चारों तरफ चक्कर लगाने वाली तश्तरी बन गयी और सम्भव है ये धूल कण मिलकर ग्रह निर्माण का कारण बन सके।

इस खोज का उद्घाटन नेशनल एरोनॉटिक्स एण्ड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की तरफ से भी रॉबर्ट ओडेल ने किया जो राइस विश्वविद्यालय ह्यूस्टन में खगोलविद हैं। 'ओरियन नेबुला' पर टेलीस्कोप फोटोग्राफी का अध्ययन करते समय इन्हें

जीवन के संकेत मिल रहे हैं

इस तथ्य को भी ध्यान में रखना होगा कि अनन्त आकाश में स्थित 'ओरियन नेबुला' 1500 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है।

धूल कणों की तश्तरी में विद्यमान पदार्थ सम्भवतः बालू कणों के समान है, जिसे इन नए तारों के चारों तरफ देखा गया है। ये सभी तारे 10 लाख वर्ष से कम आयु के हैं। इनमें से कुछ तश्तरियाँ काफी चमकीली और साफ-साफ दिखाई देती हैं। प्रत्येक तारे के ग्रहनिर्माण के पूर्व की तश्तरी चपटी और अधिक विस्तृत दिखती हैं जो वर्तमान सौर मण्डल से बड़े आकार की है। ओडेल कहते हैं कि प्रत्येक तश्तरी में इतना पदार्थ तो है कि जिससे कम से कम सौर मण्डल के बराबर किसी ग्रहमण्डल का निर्माण तो किया ही जा सकता है। प्रारंभिक गणना के आधार पर इस मूल तारा परिक्षेत्र में 40 प्रतिशत नवीनतम तारों में इस तरह की तश्तरी विद्यमान है। अबसे ओरियन नेबुला को तारा निर्माण का एक आदर्श क्षेत्र समझा गया है, रचना की प्रारम्भिक अवस्था साफ तौर से सामान्य दिखाई देती है। ऐसा कहना है स्टीफन ई. स्ट्रोम का, जो मैसाच्युसेट्स विश्वविद्यालय में खगोलविद हैं और ग्रहों के विशेषज्ञ भी हैं।

'सौर मण्डल की उत्पत्ति के बारे में ये तश्तरियाँ हमारी जानकारियों के उन सूत्रों को फिर से जोड़ती हैं, जहाँ हम भ्रम में पड़ गए थे। इसी की तरह हमारे सौर मण्डल का भी निर्माण हुआ।'

नासा मुख्यालय में एक स्पष्टीकरण में ओडेल कहते हैं, 'खोज यह स्थापित करती है कि विभिन्न तारों के चारों तरफ मूल ग्रह निर्माण पदार्थ विद्यमान है। यह दिखाता है कि इनमें से कई तारों का अपना ग्रह मण्डल होगा।' वैज्ञानिकों को पहले विश्वास था कि ऐसी तश्तरियाँ केवल चार तारों में ही विद्यमान हैं। ये तारे हैं—बीटा पिक्टोरिस, अल्फा लेरए, अल्फा पिस्कीस, ऑस्ट्रनी और एप्सीलोन इरिडानी। ये तारे 'ओरियन नेबुला' में स्थित तारों की तुलना में अधिक पुराने हैं। बीटा पिक्टोरिस कम से कम 100 करोड़ वर्ष आयु का है। कुछ अध्ययन यह प्रकट करते हैं कि बीटा पिक्टोरिस के चारों तरफ विद्यमान पदार्थों में बालू कण जैसे पदार्थों की अपेक्षा कंकड़ के आकार के पदार्थ विद्यमान हैं।

यद्यपि कई अध्ययनों में गलती से कुछ अन्य तारों के इर्द-गिर्द ग्रहमण्डल होने की बातें कही गई हैं। लेकिन केवल एक ग्रहमण्डल होने के प्रमाण ही पुष्ट हैं। एक वर्ष पूर्व रेडियो खगोलविदों ने घोषणा की थी कि रेडियो तरंगों के मार्ग में आने वाली बाधाएँ एक टूटे हुए तारे के कारण आई हैं। उनका तर्क था कि दो या तीन और ग्रहमण्डल द्रव्य विद्यमान हैं, द्रव्य ग्रहपथ में घूमते समय अवशेष एक टूटे हुए तारे के थे। जिसे न्यूट्रॉन या पल्सार के नाम से जाना जाता है। यदि ये वास्तव में ग्रह हैं तो वैज्ञानिकों का कहना है कि यह असंभव है कि जीवन के लिए आदर्श स्थिति रखते हों।

फिर भी हब्बल के चमकदार चित्र यह दिखाते हैं कि ब्रह्मांड के इस क्षेत्र में अत्यधिक शक्तिशाली विस्फोट हुए, जहाँ मौलिक गैसें संघनित होकर तारों में बदल गईं। कुछ चित्र दिखाते हैं कि अणुओं से उत्पन्न हुई सुपरसॉनिक गति की हवा में गैसें पंखों के आकार में बह रही हैं। निकट के गर्म तारों के संपर्क से तश्तरी पदार्थ खौलने लगा और तब यह पदार्थ अनुकंपित हवा में पुच्छल तारे की तरह बहकर तारे के चारों तरफ चक्कर लगाने लगे।

शंकर सिंह भाटिया

ज्ञान-विज्ञान

भविष्यवाणियों का दिलचस्प संसार

भारत एक बार फिर महाशक्ति बनेगा

मानव-सभ्यता के आदिकाल से ही मनुष्य, आने वाले कल की चिन्ता में भविष्य के प्रति उत्सुक रहा है। शायद यही कारण है, विभिन्न कालखंडों में देश-विदेश के प्राचीन ग्रंथकारों, ऋषियों-मुनियों तथा काल-गणना का अध्ययन करने वाले अन्य साधकों ने अनेक भविष्यवाणियाँ की हैं, जो समय-समय पर सटीक सिद्ध हुई हैं। विश्व के अनेक धार्मिक ग्रंथों में (भी) प्रायः भावी योगायोग में घटित होने वाले घटनाक्रमों की ओर येन-केन-प्रकारेण संकेत मिलते हैं। हिन्दू ग्रंथों के अलावा इस्लाम, ईसाई तथा कुछ अन्य आस्थाओं के संदर्भ में कहा जाता रहा है कि 'प्रलय' या 'कयामत' का दिन आयेगा और उसके बाद सारे संसार के मृतक जी उठेंगे। तब उन्हें खुदा के सामने पेश होकर, जीवन भर किये अपने पापों और पुण्यों का हिसाब देना होगा। ऐसी भविष्यवाणियों में यद्यपि मानव को सदाचार का मार्ग अपनाने की शिक्षा दी गयी है। लेकिन प्रलयकाल अथवा महानाश के समय का निर्धारण जिस आधार पर किया गया है, लगता है, वह समय सन् 2000 के आसपास का ही है। अर्थात्, बीसवीं सदी के अंतिम दशक को सभी ने एकमत से विश्व के महानाश का समय सुनिश्चित किया है। एक ओर इस्लाम के अनुसार यह 'कयामत' का समय है, दूसरी ओर 'बाइबिल' की दृष्टि में। सिख धर्म में भी आने वाले समय को भयंकर रक्तपात का दौर कहा गया है। इसके अलावा अन्य विश्वविख्यात ज्योतिर्विदों एवं भविष्य-वक्ताओं ने भी इस संबंध में समय-समय पर भविष्यवाणियाँ की हैं।

ज्योतिष के प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'भृगु-संहिता' के बारे में कहा जाता है कि उसके पृष्ठ-चार-पाँच विभिन्न ज्योतिषियों के बीच पैतृक सम्पत्ति के रूप में बँट गये हैं। उनमें से एक होशियारपुर निवासी हैं, जिनके पास प्राचीनकालीन महर्षि भृगु द्वारा लिखित 'भृगु-संहिता' के कुछ पृष्ठ हैं। कुछ साल पहले उपर्युक्त ज्योतिषाचार्य ने, 'भारत पर विश्व प्रलय का प्रभाव' विषय पर 'भृगु-संहिता'—आधारित अपने विचार व्यक्त किये थे। उन्होंने भारत का नक्शा बनाते हुए यह दर्शाया था कि इस विश्व विनाश से प्रायः कोई क्षेत्र बचा न रह सकेगा, केवल जबलपुर के समीप भेड़ाघाट के आसपास का इलाका इस महानाश के दौरान सुरक्षित रहेगा। सन् दो हजार से पूर्व ही महाप्रलय जैसा दृश्य उपस्थित हो जायेगा और विश्व की आबादी केवल एक-चौथाई रह जायेगी।'

'भृगु संहिता' पर आधारित उनकी इस भविष्यवाणी को यद्यपि प्रकाशित नहीं किया गया, तथापि इस प्रकार के 'भविष्य-फल-कथन' समय-समय पर अन्य ज्योतिर्विदों ने भी किये हैं और उन्हें प्रकाशित भी किया जाता रहा है:

राबर्ट निक्सन इंग्लैंड के एक गाँव में पन्द्रहवीं शताब्दि में जन्मा वह युवक था, जिसने अपने जीवनकाल में बहुत-सी भविष्यवाणियाँ कीं और वे सभी सच्ची साबित हुईं। वह किसी भी एक वस्तु पर नजरें गड़ा कर भविष्य में होने वाली घटनाओं के दृश्य देखने लगता था। यहाँ तक कि उसने अपनी मृत्यु का दृश्य भी देखा और अपनी भविष्यवाणी के अनुसार ही उसे जान से हाथ धोने पड़े। उसकी भविष्यवाणियों का लेखा-जोखा सम्राट हेनरी के आदेशानुसार तैयार किया गया था। परन्तु आज वह उपलब्ध नहीं है। कहा जाता है, उसने सन् दो हजार के आसपास विश्व पर एक बहुत बड़ी आपदा आने के संदर्भ में भविष्यवाणी की थी और कहा था, इस दौर में असंख्य लोग कीड़े-मकोड़ों की तरह मारे जायेंगे।

इस संदर्भ में सर्वाधिक विस्तारपूर्वक नेस्त्रोदमस की भविष्यवाणियाँ हैं, जो आज भी उपलब्ध हैं और विश्व की अनेक भाषाओं में उनका अनुवाद भी हुआ है। नेस्त्रोदमस का जन्म सन् 1503 में एक यहूदी परिवार में हुआ था। फ्रांस और इटली के साथ ही उन्होंने भारत के बारे में भी अनेक भविष्यवाणियाँ की हैं। जहाँ उनकी अन्य भविष्यवाणियाँ पिछले पाँच सौ वर्षों में सही सिद्ध होती रही हैं, वहीं उनकी आगामी वर्षों के लिए की गयी, 'तृतीय विश्व युद्ध के दौरान' महानाश की भविष्यवाणी से संबंधित सच्चाई का आने वाले वर्षों में पता चलेगा। उन्होंने पाँच सौ वर्ष पूर्व ही श्रीमती इन्दिरा गाँधी के हाथों से सत्ता छिनने तथा पुनः उनके सत्ता में आने से लेकर उनकी मृत्यु तक की हू-ब-हू भविष्यवाणी कर डाली थी। इसी प्रकार राजीव गाँधी की हत्या के बारे में उन्होंने वही सब कहा था, जो घटित हुआ। भारत के बारे में उनका कथन है— 'सन् 1993 से सन् 2000 के बीच अनेक विनाशकारी घटनाएँ होंगी। आकाश से एक मील व्यास वाला उल्का पिंड समुद्र में गिरेगा, जिससे जल प्रलय जैसा दृश्य उपस्थित हो जायेगा। भारत सहित प्राचीन सभ्यता वाले अनेक देश इस जल प्रलय से प्रभावित होंगे। समुद्र तूफान का प्रभाव आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, फिलीपीस, कम्बोडिया, दक्षिण अफ्रीका, इराक आदि देशों को अपनी चपेट में ले लेगा। इसका प्रभाव आसपास के अन्य देशों पर भी पड़ेगा।'

अन्य अनगिन भविष्यवाणियों के अलावा नेस्त्रोदमस ने भारत के संदर्भ में आने वाले दौर का हवाला देते हुए लिखा है— 'सागर के नाम वाला धर्म चांद पर निर्भर रहने वालों के मुकाबले में अधिक पनपेगा (हिन्द महासागर के नाम अनुसार हिन्दू धर्म)। इसे ग्रस्त करेंगे दो लोग। तृतीय विश्व युद्ध के दौरान चीन तथा अरब देश एकजुट होकर युद्ध में उतरेंगे। कुछ समय के लिए भारत तथा कुछ अन्य देश उनके अधीन हो जायेंगे। उसके बाद भारत ही फ्रांस, जोर्डन तथा स्पेन को आजाद करायेगा। तीन ओर समुद्र से घिरा तथा समुद्र के नाम वाला देश (भारत) महाशक्ति के रूप में उभरेगा और विश्व पर अपना वर्चस्व स्थापित करने में सफल होगा।'

इसके अलावा नेस्त्रोदमस ने और भी भविष्यवाणियाँ की हैं, जो समय-समय पर सत्य ही साबित होती रही हैं। देखें, इस संबंध में अन्य विश्वविख्यात भविष्यद्रष्टा क्या कहते हैं:

हस्तरेखा विज्ञान के ज्ञाता और अनेक अतीन्द्रिय शक्तियों के स्वामी समझे जाने वाले कीरो ने सौ वर्ष पूर्व ही घोषणा कर दी थी— 'भारत का विभाजन होगा। इस देश के भीतर एक अन्य देश सन् 1947 में पैदा होगा और सन् 2000 तक पुनः उसका विलय भारत में हो जायेगा।' कीरो की इस भविष्यवाणी के संदर्भ में यह विचारणीय है कि क्या उस विभाजित हुए देश का भारत में विलय यों ही हो जायेगा? क्या तृतीय विश्व युद्ध का रक्तपात हुए बगैर ही इतनी बड़ी घटना हो जायेगी? निकट भविष्य में, यानी आगामी सात-आठ वर्षों के अंतर्गत कीरो की यह भविष्यवाणी कहाँ तक सत्य सिद्ध होती है, यह अभी दिल थाम कर देखना होगा।

अतींद्रिय शक्तियों के स्वामी पीटर हरकोस के बारे में कहा जाता है कि वह भविष्य को अपने सामने घटित होते हुए स्पष्ट रूप से देख लेता था। उसकी भविष्यवाणियों के अनुसार— 'अमेरिका तथा रूस की मिली-जुली सेनाएँ चीन से युद्ध करेंगी। जिस पर भी चीन उन्हें नाकों चने चबवा देगा। 1999 में समाप्त होने वाले इस विश्वयुद्ध के बाद भारत विश्व की त्रस्त मानवता को शांति और अध्यात्म का मार्ग दिखाएगा। भारत के आसपास विद्यमान छोटे राष्ट्र स्वेच्छापूर्वक भारत में अपना विलय करेंगे।'

चमकते गोलक में भविष्य देखने वाली अनेक महिलाओं ने भी इससे मिलती-जुलती भविष्यवाणियाँ की हैं। इनमें सर्वाधिक चर्चित भविष्यवक्ताओं में से एक हैं, जीन डिक्सन। भारत के संबंध में उन्होंने 'गाँधी जी की हत्या' विषयक भविष्यवाणी की थी और होने वाली घटना का ज्यों-का-त्यों वर्णन कर डाला था। भारत के बारे में उनका कथन है—'भारत के एक गाँव में एक ऐसा व्यक्ति पैदा हो चुका है, जो युद्ध और रक्तपात से त्रस्त मानवता को अध्यात्म और शांति का मार्ग दिखायेगा। रूस और अमेरिका मिलकर चीन से युद्ध करने को विवश होंगे। चीन कीटाणु-युद्ध करेगा, जिसमें असंख्य लोग मारे जायेंगे। भारत विश्व की महाशक्ति के रूप में उभरेगा।'

■ ■ ■

कुछ साल पहले उपर्युक्त ज्योतिषाचार्य ने, 'भारत पर विश्व प्रलय का प्रभाव' विषय पर 'भृगु-संहिता'—आधारित अपने विचार व्यक्त किये थे। उन्होंने भारत का नक्शा बनाते हुए यह दर्शाया था कि इस विश्व विनाश से प्रायः कोई क्षेत्र बचा न रह सकेगा, केवल जबलपुर के समीप भेड़ाघाट के आसपास का इलाका इस महानाश के दौरान सुरक्षित रहेगा। सन् दो हजार से पूर्व ही महाप्रलय जैसा दृश्य उपस्थित हो जायेगा और विश्व की आबादी केवल एक-चौथाई रह जायेगी।'

■ ■ ■

भारत की राजधानी दिल्ली का इतिहास यह दर्शाता है कि काल-गणना के अनुसार एक विशेष ग्रह-योग में यह अपना अस्तित्व खो देती है। ऐसा पहले भी विभिन्न कालांतरों में विशिष्ट ग्रह-योग के अंतर्गत होता रहा है। यहाँ तक कि इसका नाम तक मिट गया है और फिर, वह नये नाम से उभरी है।

कनाडा निवासी माल्वा डी का भविष्य-फल-कथन का तरीका अनूठा है। भविष्य जानने का इच्छुक व्यक्ति उनके पास अपने हस्तलेख में 'बाइबिल' की कोई एक पंक्ति लिख कर ले जाता है और उसे देखकर ही वह भविष्य बताती हैं। उन्होंने भी इस सदी के अंतिम दिनों में विश्वयुद्ध होने का उल्लेख करते हुए कहा है कि आने वाले समय में लोग अंतरिक्ष में यात्राएँ कर सकेंगे।

विश्व विख्यात भविष्यवक्ता पियो ने भी दुनिया के आने वाले दौर पर काफी रोशनी डाली है। उन्होंने घोषणा की है—'आने वाले युग में विश्व के 95 प्रतिशत लोग विषैली गैसों से लड़े गये युद्ध के परिणामस्वरूप रक्तचाप एवं अस्थमा आदि से ग्रस्त होंगे तथा अपंगों जैसा जीवन व्यतीत करेंगे।' उनकी भविष्यवाणी के अनुसार—'चीन इतना शक्तिशाली हो जायेगा कि उससे सारी दुनिया डरेगी। अरब-इजराइल तनाव बना रहेगा और अंत में अरब की ही हानि होगी। 1998 में प्रलय होगी और तब, एक नये युग का सूत्रपात होगा। भारत संसार का महानतम राष्ट्र बनेगा और सभी उसका अनुसरण करेंगे।'

इसी प्रकार अन्य अनेक ज्योतिषियों ने जो भविष्यवाणियाँ की हैं, उनके पारायण-आकलन से यही निष्कर्ष निकलते हैं कि शताब्दि के इस अंतिम दशक में विश्व में विध्वंसकारी महानाश का दृश्य उपस्थित होने की संभावना है।

भारत की राजधानी दिल्ली का इतिहास यह दर्शाता है कि काल-गणना के अनुसार एक विशेष ग्रह-योग में यह अपना अस्तित्व खो देती है। ऐसा पहले भी विभिन्न कालांतरों में विशिष्ट ग्रह-योग के अंतर्गत होता रहा है। यहाँ तक कि इसका नाम तक मिट गया है और फिर, वह नये नाम से उभरी है। इन्द्रप्रस्थ, मेहरौली, सीरी, तुगलकाबाद आदि नाम ऐसे हैं, जो कभी अपने विशेष कालों में हँसते-गाते शहर के रूप में जाने जाते थे, उसी प्रकार, जैसे आज दिल्ली है। कुछ काल-गणना करने वालों का कथन है—'वह समय आ गया है, जब 'दिल्ली' नाम भी इसी क्रम में इतिहास के पृष्ठों पर प्रतिबद्ध हो जायेगा।' सवाल यह है, क्या दिल्ली पर ऐसा कहर आसानी से हो जायेगा? क्या आज के अणु-परमाणु युग में विश्व विनाश हुए बगैर इसकी कल्पना की जा सकती है?

वीरकुमार अधीर

नए आविष्कार

अर्द्ध नारीश्वर मात्र कल्पना नहीं

महाकवि कालिदास के सुप्रसिद्ध ग्रंथ 'रघुवंश' के पहले सर्ग में अर्द्धनारीश्वर का जिक्र आता है, जो मूलतः भारतीय दर्शन की अर्द्धनारी की कल्पना की ही प्रेरणा है। यानि ऐसा शरीर, जिसका आधा भाग स्त्री का हो और आधा हो पुरुष का। आधे भाग में नारी सुलभ कोमलता हो और आधे में पुरुष की कठोरता। हाल ही में लंदन के व्हाइट इंस्टीट्यूट और इंपीरियल कैंसर रिसर्च फंड लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों ने इस कल्पना की सत्यता में नया अध्याय जोड़ा है।

अर्द्धनारीश्वर की कल्पना अब वैज्ञानिक सत्य बनकर सामने आयी है। चिकित्सकों ने इसे 'हर्माफ्रोडाइट' नाम दिया है। चिकित्सकीय परीक्षण बताते हैं कि इस प्रकार के शरीर में स्त्री और पुरुष दोनों का हिस्सा बराबर का होता है। इनमें दोनों ही लिंगों के अंश स्पष्ट होते हैं। यानि एक ओर पुरुष का चौड़ा बाल युक्त सीना हो और दूसरी ओर स्त्री का स्तन और कोमल भाग। इसी प्रकार एक हाथ में कोमलता, लचक, सौन्दर्य हो और दूसरा ठोस, पुरुष के अनुरूप हाथ। चेहरे पर भी स्त्री-पुरुष के मिश्रित प्रभाव पाए जाते हैं।

हाल ही में लंदन के व्हाइट हैड इंस्टीट्यूट के डाक्टर डेविड पेग और उनके साथियों ने तथा इंपीरियल कैंसर रिसर्च फंड लेबोरेटरी के पीटर गुडफेलो ने इस दिशा में महत्वपूर्ण शोध कार्य प्रकाशित किये हैं। इनकी रिपोर्ट बताती है कि शुक्राणु में पाए जानेवाले गुणसूत्र में एक्स-एक्स मादा का और एक्स-वाई पुरुष का अंश होता है। रिपोर्ट में वाई गुणसूत्र पर 'जिंक फिंगर' नामक एक नये जीन की खोज का जिक्र है जो लिंग निर्धारण करती है।

रिपोर्ट के अनुसार उभयलिंगी यानि हर्माफ्रोडाइट्स में एक्स-एक्स तथा एक्स-वाई दोनों ही होते हैं। मगर यहाँ भी गोरे-काले का भेद सामने आया है। काले अफ्रीकी लोगों में उभय लिंगी एक्स-एक्स का आधार लिये होते हैं, जबकि जापानी, अमेरिकी और भारत जैसे देशों में गोरे रंग वाले लोगों में उभय लिंगी एक्स-वाई गुणसूत्र समाये होते हैं।

जहां तक जनन अंगों का प्रश्न है, ऐसे शिशु शुरू में तो बालिका ही अधिक लगते हैं परन्तु बढ़ती उम्र के साथ उनके योनि मार्ग से शिश्न भी विकसित होने लगता है। इसी प्रकार आंतरिक भागों में अण्डकोष तथा वृषण दोनों ही समान रूप से मिलते हैं।

कुछ दशाओं में ऐसा भी पाया गया है कि एक लिंग अधिक स्पष्ट होता है, जबकि दूसरा अपने होने का मात्र आभास ही देता है।

भारतीय दर्शन के समान ही ग्रीक में हर्माफ्रोडाइट की कल्पना की गयी है। सच पूछिए तो हर्माफ्रोडाइट शब्द ही ग्रीक भाषा का दिया हुआ है। इसके पीछे एक रोचक गाथा इस प्रकार है। हर्मीस नाम का एक अत्यंत बलिष्ठ युवक था, जिसका विवाह एफ्रोडाइट नाम की एक रूपवान कन्या से हुआ। कुछ समय बाद उनके एक पुत्र हुआ। जो सौन्दर्य और बल में श्रेष्ठ था। माँ का सौन्दर्य अंश और पिता का बल लिये इस शिशु का नाम माता-पिता के नामों को मिलाकर 'हर्मा फ्रोडाइट्स' रखा गया। जब हर्माफ्रोडाइट्स ने जवानी में कदम रखा, तो उसके शरीर में रूप और बल के सामंजस्य ने अनोखा निखार ला दिया। इस जवान को तैरने का विशेष शौक था। घंटों नदी में तैरता रहता। एक दिन सेल्पमिस नाम की एक जलपरी उसके रूप जाल में आ फंसी। पहली नजर में ही हर्माफ्रोडाइट्स को दिल दे बैठी। उसने इस बाँके जवान के सामने प्रेम प्रस्ताव रखा, मगर उसने ठुकरा दिया। प्रेम के नाम पर आ पहुँची जलपरी सेल्पमिस नौजवान के पैरों पर पड़ कर गिड़गिड़ाने लगी। फिर भी उसका दिल नहीं पसीजा। मगर उसने हार न मानी। हर्माफ्रोडाइट्स को पाने के लिए उसने ईश्वर की [illegible] वरदान मांगने की ठानी। चूंकि सेल्पमिस उसके शरीर पर मोहित थी, अतः उसने वरदान भी वैसा ही माँगा। उसने इच्छा व्यक्त की कि उसका शरीर हर्माफ्रोडाइट्स के शरीर के साथ जोड़ दिया जाए, और हुआ भी ऐसा। जैसे ही हर्माफ्रोडाइट्स नदी में नहाने आया उसे किसी चुंबकीय आकर्षण ने ऐसा खींचा कि उसका शरीर सेल्पमिस के नारी शरीर से जुड़ गया। इस तरह से दोनों एक होकर नये रूप में आ गये और दो शरीर एक प्राण न होकर एक शरीर एक प्राण हो गये। और इस तरह हर्माफ्रोडाइट्स यानि अर्द्धनारीश्वर का जन्म हो गया।

प्रसिद्ध ब्रिटिश चिकित्सक फ्रेडरिक ड्रिमर ने इस दिशा में हुए अनुसंधान और भुक्तभोगी यानि द्विलिंगीय हस्तियों का लेखा-जोखा अपनी पुस्तक 'वेरी स्पेशल पीपुल' में दिया है। इसमें द्विलिंगी बाबी क्लार्क का जिक्र भी किया गया है। बाबी क्लार्क एक रूपवान और बलिष्ठ व्यक्ति था। उसका आधा भाग पुरुष जैसा था, और आधा भाग स्त्री जैसा। वक्ष पर एक ओर स्तन स्त्री का प्रतीक और दूसरी ओर चौड़ा सीना पुरुष का प्रतीक था। इसके अलावा चिकित्सकीय परीक्षणों में उसके शरीर में नर-मादा दोनों ही जनांग पाये गये। बाबी क्लार्क ने लंदन में कई स्थानों पर अपने शरीर की नुमाइश लगायी और कमाई भी की। उसका निमंत्रण यह भी रहता था कि जिस किसी का शक हो वह पचास सेंट की अतिरिक्त धनराशि देकर उसके शरीर को छूकर भी देख सकता है। इस 'मुआएने' में कुछ लोग ज्यादा छूट भी ले गये। कुछ ने बाबी

क्लार्क के स्त्री भाग में कुछ ज्यादा ही दिलचस्पी दिखायी तो बॉब का पुरुष भाग 'पौरुष भावना' से भर गया और अपने 'पार्टनर' की बेइज्जती का जवाब करारा दमदार मुक्का जड़कर दिया।

प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक जेम्स सी. कालमेन ने द्विलिंगी व्यक्तियों की भावना और विशेषकर यौन संबंधी भावनाओं को जाँचा-परखा है। जिसे उन्होंने अपनी पुस्तक 'एब्नार्मल साइकलाजी एंड माडर्न लाईफ' में प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार द्विलिंगी शरीर में दोनों लिंग पूरी तरह विकसित होते हैं। जहाँ तक भावना का सवाल है, वह शैशव में ही तय हो जाती है। यानि यदि बच्चे को कन्या रूप में पाला गया है तो उसमें बड़े होने पर भी स्त्री अंश अधिक होगा, यानि यही अंश पुरुष की अपेक्षा अधिक उभरेगा। ठीक यही स्थिति पुरुष रूप में मान्यता दिये गये शिशु में होगी।

परीक्षणों में पाया गया है कि ऐसे व्यक्तित्व 'सेक्स जीवन' में शून्य होते हैं। संतानोत्पत्ति का तो प्रश्न ही नहीं उठता। ऐसे लोगों को जीवन भर इस अभिशाप को ढोना पड़ता है। यानि न वे पुरुष हैं और न पूरी स्त्री, बल्कि दोनों हैं।

कुलदीप शर्मा

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

खलनायकी का सुधरता चेहरा

फिल्म 'पुलिस मुजरिम' में राजकुमार, विनोद खन्ना और परेश राज

हमारे फिल्मी खलनायकों को लेकर अमरीश पुरी ने एक इंटरव्यू में फरमाया है कि फिल्मों की सफलता में आधे से ज्यादा खलनायक का हाथ होता है। खलनायक न हो तो नायक क्या करेगा? किससे लड़ेगा? रावण न होता तो राम को कौन पूछता?

हिंदी फिल्मों में खलनायक अब काफी बदल गये हैं। कह सकते हैं कि वे काफी सुधरे हुए रूप में परदे पर आते हैं। काम वही है हिंसा, बलात्कार, तस्करी, हीरोइन से छेड़छाड़ और अंत में हीरो से पिटना या हथकड़ियां डाले हवालात में पहुंच जाना या जीप समेत खाई में गिर जाना।

सन् साठ के दशक में प्राण ने 'जिस देश में गंगा बहती है' में काली सरदार की भूमिका निभाकर खलनायकी को उस टिपिकल आइडियल से निकाला था, जब फिल्मों में कोई मूंछधारी जमींदार, लंपट पंडित या डरावने चेहरों के इर्दगिर्द खलनायकों का ताना बाना रचा जाता था। रहमान, प्रेमनाथ, अजीत ने बाद में खलनायकी का मोर्चा संभाल लिया और तस्करों के कारनामों के साथ-साथ खलनायकी ने काफी असरदार रंग दिखाए।

प्रेमनाथ ने अपनी एक अलग पहचान बनायी। लोफर, अमीर-गरीब में एक सनकी किरदार को निभा कर उन्होंने खलनायकी को हास्य से भी जोड़ा। इसी दौर में शामिल जीवन, कन्हैयालाल जैसे मशहूर खलनायक अपने विशिष्ट अंदाज में पेश होते रहे और प्रेम चोपड़ा जब खलनायकी के जौहर दिखाने लगे तो रेपसीन उनकी हर फिल्म का अनिवार्य हिस्सा हो गया। केंद्री, रंजीत और रजा मुराद भी एक की...

लेकिन कादर खान, शक्ति कपूर, अमरीश पुरी, कुलभूषण खरबंदा, गुलशन ग्रोवर, डैन धनोप्पा तक आते-आते खलनायकी काफी सुधरे और सहज रूप में पेश हुई। विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा ने भी खलनायकी की, मगर उनके चरित्रों पर उनका अपना व्यक्तित्व ज्यादा हावी रहा, इसलिए जो इमेज बनी, उसका लाभ देते हुए वे नायकों की पांत में आ गये और स्वीकारे भी गये।

मगर हर दौर में खलनायकों का अतिरंजित चेहरा सुधरता रहा है और समाज में हो रही घटनाओं से उनका व्यक्तित्व भी प्रभावित होता रहा है। क्रूरता और दहशत फैलाते इन किरदारों के संवरने में इसलिए भी मदद मिली, क्योंकि दर्शकों का एक बड़ा वर्ग ऐसे किरदारों को जल्दी आत्मसात कर लेता है।

चूंकि समाज में भी हिंसा को कहीं न कहीं एक स्वीकृति जरूर मिली है, बेशक यह स्वीकृति उन मुट्ठी भर लोगों ने दी हो, जो असली जीवन में परदे के पात्रों से कहीं ज्यादा निर्मम राक्षस हैं, मगर बदलते हुए जीवन मूल्यों के चलते अब खलनायकों को देखकर नफरत और घृणा से मुंह नहीं बिचकाया जाता। बल्कि आम दर्शक उस पात्र की गतिविधियों को स्वीकार्य ढंग से देखता है। हिंसा अब दिनचर्या में शामिल है।

एक जमाना था, जब प्राण को देखकर शूटिंग स्थल पर मौजूद दर्शक डर जाते थे और निजी जीवन में भी खलनायक को अपने बेदाग होने की सफाई देनी पड़ती थी। तब खलनायक खुल कर पार्टियों में शराब भी नहीं पीते थे और सिगरेट भी चोरी से पीते थे, किसे पता था कि वह बात नहीं रही। अब सिगरेट नायक की शान है और पीने की बात पर तो महानगरों से निकल कर गांव-कस्बों में भी एक तटस्थ स्वीकृति की मुहर लग चुकी है।

समाज में गरीबी अमीरी के परंपरागत मानदंडों के कारण जो ध्रुवीकरण हुआ है उससे कई वर्जित गतिविधियों को भी खुल कर अपनाया जाने लगा है। उग्रवादी अब एके-47 राइफलें रखते हैं और उनसे तनिक कम हिंसा में विश्वास रखने वालों के लिए त्रिशूल अनिवार्य-सा लगने लगा है।

खलनायक अगर फिल्मों में हिंसा का प्रतिनिधित्व करते हैं तो साफ तौर पर देखा जा सकता है कि समाज में भी चारों तरफ हिंसा की लहर है। कहीं हथियारों की हिंसा है तो कहीं वर्ग भेद एवं जातीय-धार्मिक कारणों से उपज रही वैचारिक हिंसा सिर उठाये है।

ऐसे में अब परदे पर आने वाला एक नकली पात्र नकली दृश्य करता हुआ भी असली लगने लगता है और पात्र यदि समाज को अनुसरण के लिए प्रेरित नहीं कर पाता है तो इसका कारण यही है कि आखिरकार उसका अंजाम बुरा होता है।

अभिनेता पुनीत इस्सर कहते हैं— 'अब ऐसा नहीं है कि खलनायक है तो देखते ही पत्थर मारो। आजकल लोग खलनायकों को भी जानने लगे हैं। आजकल दुर्योधन के प्रशंसक ज्यादा हैं। अब विलन चरित्र भूमिकाएं भी करते हैं तो लोग उन्हें स्वीकार लेते हैं।'

अब राजनीतिक खलनायक और अपराध जगत के माफिया सरगना की खलनायकी का जमाना है, जिन्हें लोग पहचानने लगे हैं।

रमेश शर्मा

हास्य कथा

बुढ़िया की टिकिया

कन्नौज से कानपुर के लिए प्राइवेट बस छूटी तो एक अंधी बुढ़िया ने कंडक्टर को बुलाकर कहा, 'बचवा, जब सुल्तानपुर आ जाय तो हमें बता देहेव।' अरौल में कंडक्टर को उसने फिर याद दिलाया, 'जब सुल्तानपुर आ जाय तो बता देहेव।' उतरीपुरा स्टेशन आने पर बुढ़िया ने फिर वही रट लगायी, 'बचवा, सुल्तानपुर आ जाय तो बता देहेव।' बार-बार की इस रट से कंडक्टर झुंझला पड़ा, 'का सुल्तानपुर-सुल्तानपुर चिल्ला रही हो बुढ़िया, सुल्तानपुर आ जाई तो बता देबै।'

कंडक्टर की झुंझलाहट से सहमी बुढ़िया अपनी सीट पर दुबक गयी। सुल्तानपुर में बस रुकी, सवारियां उतरीं और बस चल दी। सुल्तानपुर से एक किलोमीटर आगे निकल आने पर बुढ़िया ने फिर हिम्मत की और गुहार लगायी, 'बचवा, सुल्तानपुर आ जाय तो...'

कंडक्टर को एक जोरदार झटका-सा लगा। उसने सीटी मारी और खिसियाती हुई बस रुक गयी।

झल्लायी हुई आवाज में कंडक्टर ने बुढ़िया को फटकारा, 'अरी बुढ़िया, सुल्तानपुर तो निकरि गा, तोहरा अब ध्यानु आओ है।' इस बार बुढ़िया भी टर्राते हुए बोली, 'तब फिरि हमैं बताएव काहे नाँइ।' बुढ़िया का तेवर देखकर कंडक्टर ने आंखें तरेरीं और बुढ़िया को वहीं उतार देना चाहा, पर बुढ़िया अड़ गयी कि 'हमैं तो सुल्तानपुर लाई चलौ भैया।' बुढ़िया का अड़ना वाजिब था। साथ की सवारियों ने भी बुढ़िया का समर्थन किया, 'यहां जंगल में अंधी बेचारी कहां भटकेगी। गलती भी उसकी नहीं, आपकी ही है। सो, कंडक्टर को बस मुड़वानी पड़ी।

थोड़ी ही देर में सुल्तानपुर आ गया। यहां पहुंच कर बुढ़िया ने अपनी थैली से एक टिकिया निकाली और बिना पानी के ही गटक गयी।

तब कंडक्टर ने उसका हाथ पकड़ते हुए कहा, 'अरे बुढ़ी, अब तो उतरौ।'

तब बुढ़िया ने इत्मीनान से कहा, 'हमैं किन उतरै का चाही रहै। चलत बेरिया डाक्टर साहब बोले रहैं कि जब सुल्तानपुर आ जाय, तौ टिकिया खा लेहेव। सुल्तानपुर मा टिकिया खा लीनि। अब चलौ। हमैं तो कानपुर मा उतरै का है।' बुढ़िया की टिकिया की यह बात सुनकर पूरी बस ठहाका मारकर हंस पड़ी।

तितलियां को हम क्यों नहीं पकड़ पाते

घर बाहर के बाग बगीचों में फूलों पर मंडराती रंग बिरंगी तितलियों को पकड़ने के लिए किसका मन नहीं करता। उनकी तरफ दबे पांव बढ़कर हम जैसे ही उनकी तरफ हाथ बढ़ाते हैं, वे हमारी पकड़ में आए बिना फुर्र से उड़ जाती हैं। अनेक कोशिशों के बावजूद वे हमारी गिरफ्त में नहीं आतीं। हम सोचते हैं आखिर तितलियों को यह कैसे पता चल जाता है कि उन्हें पकड़ने के लिए हमारे हाथ उनकी ओर बढ़ रहे हैं।

सच्चाई यह है कि दुनिया के दूसरे प्राणियों की भांति तितलियों के भी आंख, कान, नाक और दिमाग आदि ज्ञानेन्द्रियां होती हैं, जिनके द्वारा वे ठीक उसी तरह सोचती, देखती व सुनती हैं जैसा हम करते हैं। तितलियों का स्नायुमण्डल मुख्यतः दो भागों में बंटा हुआ होता है। उनके दिमाग का सम्बन्ध उनके मेरुदण्ड से होता है जो कीट पतंगों की लम्बाई के अनुसार छोटा होता है।

उनके शरीर में थोड़े-थोड़े अन्तर पर संस्पर्श बिन्दु होते हैं, जिन्हें 'गैंगलिया' कहते हैं। ये अत्यंत संवेदनशील होते हैं। वस्तुतः ये ही तितलियों की जानकारी के मुख्य स्रोत हैं। इन्हीं की सहायता से वे बाह्य हरकतों को तुरंत पहचानकर प्रतिक्रिया करती हैं। उनका दिमाग भी उन्हीं संवेदनशील बिन्दुओं के आधार पर काम करता है। उनकी फुर्ती और सक्रियता से क्या हम यह अनुमान नहीं लगा सकते कि तितलियां भी दिमाग रखती हैं।

तटस्थ गोस्वामी

बिहार: धनबाद: लॉली सेन एंड कं., ६५५३३२/६५५०३१; राहुल उद्योग विनियोग, ८२२३०५/८२२३०३; रांची: रांची ऑटोमोबाइल्स, ... • हरियाणा: गुड़गांव: स्टर्लिंग मोटर कं., ३२००१; रोहतक: विनय मोटर कंपनी, ७४५६७; • नई दिल्ली: संघी मोटर्स, ५२५२९९, स्कायलाइन ऑटोमोबाइल्स, ७७७६२०७/... ऑटोमोबाइल्स, ६९१२२४१/६४४६३७५; • राजस्थान: बीकानेर: ओरिएण्टल ऑटोमोबाइल्स लि., २७०१६; जयपुर: के. एस. मोटर्स प्रा. लि., ७७३११/७३८२०; • यू.पी.: इलाहाबाद: ... /५२११२; फ़ैज़ाबाद: अमित ऑटो सेल्स, २७२१; गाज़ियाबाद: विगनस ऑटोमोबाइल्स, ८७१३८८६/८७१०५०८/८७१६११५; लखनऊ: जीप सेल्स कॉर्पोरेशन, २३३८१४/३८१२०२/२३७१४६; ... ऑटोमोबाइल्स, २४२४६६/२४८११२/२४४३८६.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Chetan Pandey
1932/37 NOIDA

The Editor
'Current Science Magazine
C.V. Raman Avenue
P.O. Bag 8005
Bangalore - 560080

Sub: To inquire the subscription rates of the mag. in the U.S.A.

Sir

I want to be regular subscriber of your esteemed Journal 'Current Science'. Since I am soon to leave for U.S., I want to be informed the amount charged for a single copy as well as for a yearly, two yearly, three yearly subscription.

[illegible]

Sanskrit Grammar

चेतन पाण्डेय
चेतन पाण्डेय
चेतन पाण्डेय
चेतन पाण्डेय

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

The Editor
'Current Science Magazine
C.V. Raman Avenue
P.O. Bag 8005
Bangalore - 560080

Chetan Pandey
1932/37 NOIDA

Sub: To inquire the subscription rates of the mag. in the U.S.A.

Sir [illegible]

I want to be regular subscriber of your esteemed Journal 'Current Science'. Since I am soon to leave for U.S., I want to be informed the amount charged for a single copy as well as for a yearly, two yearly, three yearly subscription.

[illegible]

Cabinet Secretariat
Government of India
New Delhi

Sanskrit Grammar

नैतन [illegible]
नैतन [illegible]
नैतन [illegible]
नैतन [illegible]

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

'मैं 'नीला चाँद' से आगे की बात सोचता हूँ'

शिवप्रसाद सिंह से प्रेमचंद जैन की बातचीत

हिंदी के जाने-माने कथाकार और चिंतक डॉ. शिवप्रसाद सिंह को पिछले दिनों दिल्ली में 'व्यास सम्मान' से अलंकृत किया गया। ~~यह सम्मान उन्हें 'नीला चाँद' उपन्यास पर प्राप्त हुआ है। इस~~ चर्चित-पुरस्कृत उपन्यास पर, और अन्य सवालों पर प्रस्तुत हैं उनके विचार।

हिन्दी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. शिवप्रसाद सिंह का कथाकार रूप आज पूर्ण चैतन्य और जागृत अवस्था में है। तो भी उन्हें मात्र कहानीकार, उपन्यासकार, कहना या मानना उनके साथ अन्याय करना होगा। उनके शोध-चिन्तन की ऊर्जा और विवेक 'सूर पूर्व ब्रजभाषा और उसका साहित्य', 'कीर्तिलता और अवहट्ठ भाषा', 'विद्यापति' और 'रसरतन' की लम्बी भूमिका में देखे जा सकते हैं। उनके शोध कार्य को पढ़कर पं. राहुल सांकृत्यायन ने अपने पत्र में 'हिन्दी को एक सबल पाँव मिला' लिखा था। अपनी अद्यावधि साहित्य-मात्रा में डॉ. शिवप्रसाद सिंह ने अपने गुरुवर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को कभी भी विस्मृत नहीं होने दिया है। चाहे बातचीत के क्षण हों अथवा लेखन के, कहीं न कहीं उनका प्रसंग अवश्यम्भावी है। 'नीला चाँद' 1988 में प्रकाशित उपन्यास है, जिसने हिन्दी साहित्य-जगत में एक स्फुरण सा पैदा कर दिया है। सर्वत्र चर्चित ही नहीं, [illegible] हो रहा है यह। 'नीला चाँद' संभवतः हिन्दी का प्रथम उपन्यास है जिस पर राष्ट्रीय स्तर के क्रमशः तीन पुरस्कार मिल चुके हैं। साहित्य अकादमी पुरस्कार, 1991; शारदा सम्मान 1992 और अब 'व्यास सम्मान' 1993।

12 मई 93 को डॉ. शिवप्रसाद सिंह को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सभागार में 'व्यास

साहित्य

सम्मान' से सम्मानित किया जा चुका है। सम्मान ग्रहण करने के लिए मंच पर जा रहे थे तो उन्हें शमशेर जी के देहावसान का दुःखद समाचार मिला। उनके चेहरे पर शोक के भाव पढ़े जा सकते थे। इंडिया इंटर नेशनल सेन्टर, नयी दिल्ली के क. नं. 46 में वापिसी पर शमशेर जी के विषय में देर रात तक चर्चा करते रहे।

मैंने उनसे पूछा : 'नीला चाँद' उपन्यास पर आपको तीन-तीन पुरस्कार मिल चुके हैं। प्रसन्नता होनी अस्वाभाविक नहीं है। कथ्य और शिल्प की दृष्टि से प्रत्येक उपन्यास का अपना अलग-अलग महत्व होता है। फिर भी अपने उपन्यासों में आप किस उपन्यास को श्रेष्ठ मानते हैं- और क्यों?

तुमने यह बात ठीक ही उठाई है कि 'नीला चाँद' पर तीन-तीन पुरस्कार मिले। यदि मैं कहूँ कि यह उपन्यास ठीक नहीं है तो झूठ लगेगा। अतः मैं कहूँगा कि 'नीला चाँद' उपन्यास से आगे निकल जाने वाले उपन्यास आयें। यह उपन्यास कलात्मक और मानव-मूल्य से जुड़ा है। उसका संदेश पूरी मानवता के लिये है। मानव का विश्वचेतना से कैसा सम्पर्क होता है। यह भी बताया गया कि सबसे स्थल क्षमता जो आदमी के पास है, वह इच्छा तो है ही। यदि इच्छाशक्ति को प्रवल बनाया जाये तो मानव-मूल्य स्थापित हो सकते हैं। मेरा तो यहाँ तक मानना है कि अहंकार को छोड़कर लेखक को आत्मविसर्जन करना पड़े तो लेखक को हिचकना नहीं चाहिये। 'नीला चाँद' के बाद यदि लोग 'औरत' उपन्यास से निराश होते हैं तो यह समझना चाहिये कि यह उपन्यास 'शैलूप' के साथ लिखा गया है। देखिये ना, 1988 में नीला चाँद', 'शैलूप', 1989 में और 1990 में 'मंजूशिमा' प्रकाशित हुई। 'मंजूशिमा' अपने ढंग की अलग कृति है-शैली और अन्य प्रकार से भी। उसकी तुलना में यदि कोई 'औरत' उपन्यास को देखेगा तो वह छोटा उपन्यास है। लेकिन आज जो औरतों को जलाने वाली घटनाएँ घटित हो रही हैं उनमें सैकड़ों नारियों की चर्चा तक नहीं होती। मैंने एक खास समस्या पर केन्द्रित यह उपन्यास लिखा है। वहाँ भी हिन्दू-मुस्लिम का सवाल है। किसी को यदि धर्मनिरपेक्षता का रूप देखना है तो वह जरूर चाचा को देख सकता है। मैंने ग्राम कथा आदि को न जाने कब का दूर फेंक दिया। मैंने उन नारियों के विषय में कहा है जो आग पर नहीं हैं, लेकिन जल रही हैं। अब यदि 'नीला चाँद' से आगे किसी को पढ़ना है तो उसे अच्छी तैयारी करनी होगी। मैं कालचक्र पर लिख रहा हूँ। यदि 1236 से 1303 तक का भारत देखना है तो उसे 'हनोज दिल्ली दूर अस्त' के दोनों खण्डों में प्रस्तुत कर रहा हूँ। प्रथम खण्ड 'कुहरे में युद्ध' आ चुका है। दूसरा शीघ्र आने वाला है। मैं तो इस 'नीला चाँद' की प्रसिद्धि और धूम को वहीं तक महत्वपूर्ण मानता हूँ, जहाँ तक मेरे पाठकों को वह दिल्ली सम्बन्धी उक्त दोनों कृतियों को गंभीरतपूर्वक पढ़ने के लिए प्रेरित करे।

लेकिन तुमने जो प्रश्न किया वो अभी भी अधूरा है। चूँकि जब तक मैं लिख रहा हूँ तब तक कैसे कह दूँ कि अमुक सर्वश्रेष्ठ है? मैं 'नीला चाँद' से नीचे उतरकर नहीं लिख सकता। इससे आगे की बात सोचता हूँ और इसका उत्तर 'वैश्वानर' ही देगा।

विविध क्षेत्रों में पुरस्कारों की संख्या में निरन्तर बढ़ोतरी हो रही है। इसे आप किस रूप में देखते हैं?

देखिये, प्रतियोगिता पुरस्कार हमेशा अच्छे होते हैं। लम्बी साहित्य सेवा के लिए दिये गये पुरस्कार हमें अच्छे नहीं लगते। प्रतियोगिता पुरस्कार में यह रहता है कि एक निश्चित कालावधि में यह रचना श्रेष्ठ पाई गई। भले ही किसी विवादास्पद रचना विशेष को पुरस्कार मिलता है। खेल-प्रतियोगिता में जब खिलाड़ी अपने श्रम से जीतकर पुरस्कार पाता है, या संगीतकार, कलाकार प्रतियोगिता पुरस्कार पाता है तो उसे प्रसन्नता होती है। इसलिये मैं कहूँगा कि पुरस्कारों की धूम है तो इससे पुरस्कारों की प्रतियोगिता बढ़ती ही है। इससे दुःखी वे होते हैं जो प्रतियोगिता लायक लिखते ही नहीं।

प्रसार-प्रचार माध्यमों के स्तर के विषय में आप कुछ कहना चाहेंगे?

स्तर के बारे में तो हमने हाल ही में बाहरी दुनियाँ के संघर्ष का तथ्य जब तक भीतर की

दुनियाँ से नहीं जुड़ता, तब तक सत्य नहीं बनता।

'कुहरे में युद्ध' की भूमिका में आपने उर्दू को अपनी दूसरी मातृभाषा लिखा है। हिन्दी की औपन्यासिक कृतियों में उर्दू के समावेश पर आप क्या सोचते हैं?

जैसे 'नीला चाँद' में तत्कालीन समाज के अनुकूल संस्कृत शब्दों को रखा गया है, उनका सरल अर्थ भी कोष्ठक में दे दिया गया है। उसी तरह से 'हनोज, दिल्ली दूर अस्त' के दोनों खण्डों में उर्दू की भरमार है। मैंने समान रूप से गद्य में संस्कृत और उर्दू शब्दों का प्रयोग किया है। यह एक मुश्किल काम तो है ही। सफलता या असफलता पाठकों के निर्णय पर निर्भर करती है।

आतंकवाद और साम्प्रदायिकता से देश भर भारी खतरे बढ़े हैं। आप एक विचारक और चिन्तक लेखक हैं, इस नाते उक्त खतरे से निजात पाने के लिये आप क्या सोचते हैं?

प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है और खतरे अनेक हैं। किन्तु काँटे को निकालने के लिये काँटा चाहिये, वैसे ही हमें स्वच्छ मन से, सही ढंग से एकजुटता का प्रयत्न करना चाहिये। हम भारत में 30 करोड़ मुसलमानों से अलग रहकर जी नहीं सकते। अपनी संस्कृति को देखिये। निःस्वार्थ मानव-सेवा, यातना और वेदना को दूर करने वाले कतिपय मूल्यों की शरणागति ही हमें आने वाले विप्लव से बचा सकती है। अर्थात् जब तक हम प्रकाशोन्मुखी निःस्वार्थ यात्रा का जीवन नहीं बिताते तब तक भारत की किसी भी उलझी समस्या का समाधान पाना मुश्किल है। अन्ध-प्रकृति के खिलाफ, तमस के खिलाफ जो भी सही मानव मूल्यों की लड़ाई है उसमें भाग लेना एकमात्र विकल्प है। जिसके द्वारा हम उलझी समस्याओं को सुलझा सकते हैं।

विलक्षण हैं हरिप्रसाद चौरसिया

मुकेश गर्ग

पिछले रविवार एक बार फिर पं. हरिप्रसाद चौरसिया का कलात्मक बाँसुरी-वादन सुनने का अवसर आया। यह शाम दिल्ली की साहित्य-कला परिषद द्वारा संगीत-नृत्य, रंगमंच, ललित कला आदि के विभिन्न कलाकारों और विद्वानों को 1992 के 'परिषद सम्मान' अर्पित करने के लिए राजधानी के फिक्की सभागार में आयोजित की गई थी। स्मरणीय है कि इस बार संगीत में हिन्दुस्तानी गायन के लिए रामपुर-सहसवान घराने के उस्ताद हफीज अहमद खाँ को और सितार के लिए सेनिया परम्परा के पं. देबू चौधुरी को सम्मानित किया गया है। नृत्य में भरतनाट्यम— गुरु श्री के.एन. दक्षिणामूर्ति और कथक नर्तकी श्रीमती शोवना नारायण को यह सम्मान मिला है।

पंडित हरिप्रसाद चौरसिया उन दो-चार कलाकारों में हैं, जिन्हें देश के सभी हिस्सों में बार-बार बुलाया जाता है। दिल्ली में तो आए दिन उनके कार्यक्रम होते रहते हैं। एक कलाकार इतना ज्यादा मंच पर दिखाई दे तो सुनने वालों में उसके कार्यक्रमों के प्रति कुछ उदासीनता पैदा हो जाना स्वाभाविक लगता है। पर कुछ अन्य कलाकारों की तरह पं. चौरसिया भी इसके अपवाद हैं। उनके कार्यक्रमों में श्रोता रहते हैं। इससे महत्वपूर्ण यह है कि वह जो कुछ बजाते हैं, वह इतना कलात्मक और निपुण होता है कि आम-ओ-खास सभी तरह के श्रोताओं पर अपना प्रभाव छोड़ता है। राग यमन, जोग और राग पीलू के प्रस्तुतीकरण से इसे एक बार फिर उन्होंने प्रमाणित किया।

बाँसुरी पर भारतीय संगीत बजाना अपने आप में कठिन काम है। इसके लिए फूँक और उंगलियों पर असाधारण नियंत्रण की जरूरत पड़ती है। चौरसिया जी का इन दोनों पर पूरा अधिकार है। जो कुछ वह सोचते हैं, बाँस की पोरी पर हू-ब-हू उतार देने में उन्हें जरा देर नहीं लगती। खड़े सुरों की द्रुत तानें बाँसुरी पर निकाल लेना किसी भी वादक के लिए आसान है। पर लय अत्यन्त तेज हो और तब हर सुर पर अलग-अलग नपी-तुली फूँक मारते हुए दानेदार की अलंकारिक मालाएँ बनाते चलना पं. चौरसिया जैसे महारथी के ही वश की बात है।

गमक की कब, कहाँ और कितनी मात्रा में जरूरत है, इसे उनका संवेदनशील कलाकार बड़ी बारीकी से पहचानता है।

राग की बढ़त का उनका तरीका बड़ा विविधतापूर्ण है। इस विविधता में सहजता कम चामत्कारिक ज्यादा है। पर, यह तो मानना ही पड़ेगा कि उनकी चामत्कारिकता ज्यादातर भाव में लिपटी हुई आती है। आतंकित करने के लिए विचित्रता पैदा करना उनकी शैली का अंग नहीं है। कभी ऐसा हो भी जाए तो अगले ही क्षण वह पुनः अनुभूति की गहराई में उतर जाते हैं।

चौरसिया जी को मंच की जबरदस्त पकड़ है। कौन-सा राग कहाँ-कितना बजाना है, कब विलंबित गत बजानी है, कब नहीं, इसका उन्हें पूरा ध्यान रहता है। माइक के तो वह बादशाह हैं। किस स्वर-वाक्य को, यहाँ तक कि वाक्य के किस सुर को माइक के कितने पास या दूर रखना है, इसकी बड़ी चतुर समझ उनके पास मौजूद है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वैवाहिक

प्रथम श्रेणी राजपत्रित अधिकारी का वेतन पा रहे लड़के, 38/170, पंजाबी अरोड़ा सुंदर इंजीनियर आर्यसमाजी तलाकशुदा अधिकारियों का परिवार, बॉक्स नं. एल-42511, नवभारत टाइम्स, लखनऊ 226001

एस पी (टी एल बी-9878)

एम.बी.बी.एस. खूबसूरत पंजाबी/हिन्दू खत्री युवक 24/170, जो यू.एस.ए. में व्यवस्थित होने के इच्छुक हैं, को ग्रीन कार्ड/नागरिकता प्राप्त कन्या के माता-पिता से वैवाहिक प्रस्ताव आमंत्रित हैं। लिखें: बॉक्स एल-50912, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001

एनजी (टीएलबी-10301)

प्रतिष्ठित सिख अरोड़ा परिवार की स्मार्ट, सुंदर, कान्वेंट शिक्षित 29 वर्षीय लम्बी, घरेलू कन्या अध्यापिका, मासूमतापूर्वक तलाकशुदा हेतु सुयोग्य वर चाहिए। बन्धन नहीं, लिखें: बॉक्स नं. एल-41807, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001 (एसपी (टीएलजी-9645)

खूबसूरत अग्रवाल गर्ग गोत्र बी. टेक, 24/168, उ.प्र. सरकार के उपक्रम में सहायक अभियंता हेतु सुयोग्य वधू चाहिए। लिखें: बॉक्स 42567, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001 वीजे (टीएलबी-10072)

वैज्ञानिक [illegible] (सरकारी) गोयल, 27/172/3000, पी.एच.डी. हेतु वास्तव में सुंदर, गोरी, लम्बी, सुशील शिक्षित कन्या चाहिए। लिखें: मित्रा, गौतम बुद्ध मार्ग, लखनऊ। वी जे (टीएलबी-10389)

कायस्थ युवक 27/166/3000 लोहिया ग्रुप में मार्केटिंग अधिकारी हेतु प्राथमिकता के तौर पर कार्यरत कन्या चाहिए। फोटोग्राफ सहित लिखें: बॉक्स एल-6109, नवभारत टाइम्स, माल, कानपुर।

के वाई (केटीएलबी-50570)

एल.आई.सी. सेवारत 29/167/3800 श्रीवास्तव युवक हेतु कायस्थ, वास्तव में इकहरी, सुंदर, गोरी, 26 वर्ष। 167 सें.मी. तक सेवारत कन्या चाहिए। लिखें: बॉक्स एल-42519, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001

केवाई (टीएलबी-9988)

प्रतिष्ठित परिवार मथुरा के अग्रवाल स्नातक युवक 27/174, बिजनेस कर रहे, लखनऊ में व्यवस्थित हेतु सुयोग्य वधू चाहिये। लिखें: बॉक्स एल-50220, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001 वी जे (टीएलबी-10131)

वैश्य युवक 28/5'8'' आई.आई.टी., बी. टेक भारत सरकार उपक्रम में सेवारत हेतु सुयोग्य वधू चाहिए। लिखें: बॉक्स 6102, नवभारत टाइम्स, माल, कानपुर।

वी जे (केटीएलबी-50557)

इंजीनियर 5'10''/26, अमेरिका में सेवारत हेतु उच्च शिक्षा प्राप्त सुंदर कुर्मी कन्या चाहिये। सम्पर्क करें: बॉक्स एल-50938, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001

कासमो (टीएलबी-10357)

स्मार्ट, गोरा इंजीनियर युवक 27/168/600 हेतु सक्सेना सुंदर दिखने वाली गोरी बिना सेवारत, शिक्षित कन्या चाहिए। लिखें: बॉक्स एल-12544, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001 केवाई (टीएलबी-9971)

सुन्नी मुस्लिम एम.कॉम. घाटी से वापस 30/5'8'' इकलौता, स्मार्ट, युवक, चाचा इंजीनियर चाची एम.बी.बी.एस., एम.डी. को सुंदर घरेलू शिक्षित कन्या पूर्णकालीन मेडिको की आवश्यकता है। जाति बंधन नहीं, लिखें: बॉक्स एल-50205, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001 एमएम (टीएलबी-10092)

खूबसूरत 5'9''/24 कम्प्यूटर व्यवसायिक एक वरिष्ठ अधिकारी का इकलौता पुत्र हेतु प्रतिष्ठित कायस्थ लम्बी गोरी स्नातक कन्या चाहिए। लिखें: बॉक्स एल-50904, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001

केवाई (टीएलबी-10259)

अत्याधिक उत्तम परिवार के खत्री आर्किटेक्ट 27/173/5000 हेतु सुंदर, शिक्षित कन्या चाहिए। फोटोग्राफ सहित लिखें: [illegible] 338 ई, कर्नलगंज, इलाहाबाद, फोन: 608843 केएस (एटीएलबी-50610)

गोरी, इकहरी, सुंदर कन्या 21/5'3'' एम.ए. प्रथम वर्ष, गृह कार्यों में दक्ष हेतु सुयोग्य वर चाहिए। उपजाति बंधन नहीं। लिखें: बॉक्स एल-42538, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001 केवाई (टीएलबी-9943)

कान्यकुब्ज ब्राह्मण 24/5'5'' मेडिसिन चिकित्सा [illegible] में पी.एच.डी. कर रही कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए। पूर्ण विवरण एवं जन्मांक सहित लिखें: बी.एन. त्रिवेदी, एम-298, [illegible]नगर, कानपुर-208011

बीआर (एकेटीएलबी-50585)

ब्राह्मण परिवार की 26 वर्षीय 5-1/2 की गृह कार्य में दक्ष स्नातक कम्प्यूटर प्रशिक्षित सुंदर, गोरी बालिका हेतु सेवारत कुलीन वर चाहिये। पूर्ण विवरण सहित शीघ्र विवाह हेतु आर.एस. गौड़, 3/41, विस्तार खंड 3, गोमतीनगर, लखनऊ से सम्पर्क करें। बीआर (टीएलबी-10407)

सक्सेना युवक 5'-3''/32 रेलवे में वरिष्ठ [illegible]

गोरा कायस्थ युवक 25/175/7000 लखनऊ में कार्यरत पिता उच्च अधिकारी हेतु अत्यधिक सुंदर कन्या चाहिए। सम्पर्क करें फोन: 230289, लिखें: बाक्स 50910, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001

केवाई (टीएलबी-10293)

वैश्य कन्या 22/5'3'' गोरी-इकहरी, बी.टेक इलेक्ट्रानिक्स हेतु सुयोग्य वर चाहिए। लिखें: बाक्स-6101, नवभारत टाइम्स, माल, कानपुर।

वीजे (केटीएलजी-50556)

डाक्टर एम. डी. कर रहे 26/167/5300 हेतु सुंदर, स्नातक, गोरी साफ रंग की सजातिय (गोल्ड स्मिथ) कन्या चाहिए। लिखें: बैजनाथ वर्मा, 169-बी, आजाद स्क्वायर, साउथ मालाका, इलाहाबाद। सीओ (एटीएलबी-50636)

प्रतिष्ठित परिवार के एम. डी. (मेडीसीन) जाटव 28/168 खूबसूरत युवक को लम्बी, सुंदर, कन्या चाहिए। मेडिको को प्राथमिकता। लिखें: बाक्स एल 50906

डीओ (टीएलबी-10276)

गोरा कान्यकुब्ज ब्राह्मण सर्जन एम. बी. बी. एस. एम. एस. 36/174/7000 हेतु मेडिको/प्रवक्ता वधू चाहिए। शीघ्र विवाह, फोटो, जन्मपत्री एवं विवरण सहित आवेदन करें बाक्स-6106, नवभारत टाइम्स, माल, कानपुर।

बीआर (केटीएलबी-50563)

श्रीवास्तव बी. एससी, बैंक सेवारत 32/158/8500 एवं सेवारत कन्या और एम. ए. बी. एड., 28/157 हेतु वर चाहिए। जाति बंधन नहीं, सम्पर्क करें: डा. श्रीवास्तव, 117/पी/118 काकादेव, कानपुर। (केटीएलबीजी-50560)

कान्यकुब्ज ब्राह्मण प्रतिष्ठित डाक्टर सुव्यवस्थित अच्छी आय 25-30 वर्ष आयु वर्ग की मेडिको/नान मेडिको कन्या चाहिए नर्सिंग होम चलाने हेतु योग्य मेडिको को प्राथमिकता लिखें: बाक्स एल-6105, दि टाइम्स ऑफ इंडिया, दि माल कानपुर। बीआर (केटीएलबी-50562)

उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित परिवार की गोयल 23/163/48 सुंदर, इकहरी, विज्ञान स्नातक, कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा हेतु उत्तम पदासीन व्यावसायिक वर चाहिए। लिखें: बाक्स एल-42506, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001 वीजे (टीएलजी-9863)

सुंदर अग्रवाल गर्ग कन्या 23/165 कान्वेन्ट शिक्षित, बी. आर्कीटेक्चर, दिल्ली में कार्यरत, पिता अवकाश प्राप्त सेना अधिकारी हेतु आर्कीटेक्ट/ इंजीनियर/ प्रोफेशनल/ एम. बी. ए. वर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें लिखें: बाक्स नं. एल-50936, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001 वीजे (टीएलजी-10352)

दो श्रीवास्तव युवक (आर्कीटेक्ट, इंजीनियर) 25/5'8'' इलेक्ट्रानिक इंजीनियर 23/6'3'' दोनों उत्तम व प्रतिष्ठित परिवार के है-हेतु सुंदर, स्मार्ट, कान्वेन्ट शिक्षित सेवारत कन्या चाहिए। लिखें: बाक्स एल-42539, नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001 केवाई (टीएलबी-9945)

20-1/2/155 स्लिम, स्मार्ट, सुंदर, आकर्षक नयन नक्श, कान्वेंट शिक्षित, दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.काम. (आनर्स) की अंतिम वर्ष परीक्षा दे रही, अग्रवाल (मित्तल) नान-मंगलीक कन्या हेतु सुस्थापित वर चाहिए। दिल्लीवासी प्रतिष्ठित परिवार। उद्योगपति/बिजनसमैन/ आई.ए.एस.अऔर इसी के समान सेवाओं में/सी.ए./एम.बी.ए./ इंजीनियर को वरीयता। अति उत्तम विवाह। पूर्ण विवरण सहित लिखें बाक्स 29590 टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-2970)

सुव्यवस्थित बिजनेस परिवार की 21 वर्षीय/164 से.मी., सुंदर, पंजाबी, खत्री स्नातक कन्या हेतु उच्च प्रतिष्ठित बिजनेस लॉबी वर चाहिये। शीघ्र विवाह। लिखें: बाक्स एल-50952 नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001

एसपी (टीएलबी-50686)

घरेलू एम.ए., बी.एड. 32/151, 30/156 बहनों हेतु सिंधी वर चाहिए। शीघ्र विवाह, लिखें: [illegible] डी-103, सेक्टर पी, अलीगंज लखनऊ। एमएन (टीएलबी-10238)

एम.एससी. सक्सेना एल.आई.सी. सेवारत युवक 26/172/3000 हेतु सुंदर, इकहरी, गोरी कन्या चाहिए। पत्राचार जन्मपत्री, रंगीन फोटो सहित करें। लिखें: बाक्स एल-42553 नवभारत टाइम्स, लखनऊ-226001

केवाई (टीएलबी-9999)

27/157से.मी./4500 अनुसूचित जाति बाल्मीकि लैक्चरर एम.ए.एम. फिल कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए दिल्लीवासी को प्राथमिकता जाति बंधन नहीं। लिखें: मकान नं. 10/112 बाड़ मोहल्ला, फरीदाबाद ओल्ड।

(सी-2916 एसएनजीएम)

अनुसूचित जाति बाल्मीकि 27/153 बी.ए., बी.एड. कन्या हेतु वर चाहिए। पूर्ण विवरण तथा गोत्र सहित लिखें: बाक्स 29584 नवभारत टाइम्स, नयी दिल्ली-2

(सी-2960 जीएनजीटी)

50/185/5000/-, पंजाबी अरोड़ा, मैट्रिक, विधुर निःसन्तान, निजी व्यवसाय, फ्लैट, दिल्ली निवासी, अकेले हेतु जीवन साथी चाहिए। लिखें: बाक्स नं. 29461, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (सी-0248 जीएनजीटी)

खण्डेलवाल युवक 28/168/मांगलिक, दिल्ली निवासी, निजी व्यवसाय, आय पांच अंकों में हेतु इकहरी, सुन्दर, सुशील कन्या चाहिये, फोटो विवरण और जन्मपत्री सहित लिखें: बाक्स 29458, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-2734 जीएनजीटी)

हिन्दू कश्यप लड़का 29/5'-6''/55 कि.ग्रा., एनडीएमसी सरकारी सेवा 3000/-, सरकारी सेवारत वधू, दहेज जाति नहीं। आई-33, लक्ष्मी नगर, सुभाष चौक, दिल्ली-92 (सी-2277 एसएनजीएन)

ब्राह्मण, सुंदर कन्या, आयु 25 वर्ष, लम्बाई 160, बी.एससी. बी.एड. हेतु वर चाहिए, दहेज बंधन नहीं, लिखें: बाक्स 29285, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002

(सी-2436)

बाल्मीकि सुंदर कन्या 23/160 सेमी., कानवेंट शिक्षित एल.एल.बी. प्रथम वर्ष हेतु वर चाहिए, फर्स्ट क्लास अफसर को मान्यता, लिखें: बाक्स 29288, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-110002 (सी-2447 एसएनजीएन)

गोयल गोत्र 27/160, दसवीं पास, गृह कार्य में दक्ष कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिये, लिखें: बाक्स 29434. नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2

(एम-22480 एसएनजीएन)

50/170/6500 पुलिस इंस्पेक्टर एवं 35/170/5000 एडवरटाइजर उच्चवर्गीय युवकों हेतु जीवनसाथी चाहिए, कोई बन्धन नहीं, राजकुमार अग्रवाल, भैरो बाजार, बेलनगंज, आगरा। (सी-2793 एसएनजीएम)

25-1/2/157 सुंदर, बहुत गोरी, पब्लिक स्कूल तथा सेंट स्टीफन्स में शिक्षित, फ्रेंच पढ़ी, एम.ए. फाइनल परीक्षार्थी, कुमार्कन हिल्स के राजपूत परिवार की कन्या हेतु वर चाहिए। जाति बन्धन नहीं। लिखें: बाक्स 29487, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2 (सी-2798)

अग्रवाल सिंघल गोत्र, तलाकशुदा, 25 वर्षीय इकहरा बदन, रंग साफ, एम.ए. पास कन्या हेतु सजातीय वर चाहिए, सम्पर्क करें: विनोद कुमार अनिल कुमार किराना मर्चेंट, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर। (सी-2411)

29/173, बी.काम., एल.एल.बी., व्यवसायरत, मांगलिक ब्राह्मण वशिष्ठ युवक, आय पांच अंकों में, दिल्ली में निजी मकान, हेतु सुन्दर, शिक्षित, सुसंस्कृत वधू चाहिए। लिखें: बाक्स 29269, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2

(एडी-26757 एसएनजीएम)

दिल्लीवासी कुर्मि (क्षत्रिय) 26/2700 एरो-इलैक्ट्रोनिक्स/कम्प्यूटर डिफेंस सेवारत हेतु वधू चाहिए। आयु/जाति बंधन नहीं। लिखें: बाक्स 29270, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-110002

(एडी-46525 एसएनजीएम-3)

चमार दो युवक एम.ए. सेवारत 22/175, बी.ए. सेवारत 20/180 हेतु सुन्दर लम्बी, शिक्षित सेवारत, बिना सेवारत कन्या चाहिए, दहेज नहीं, फोटो भेजें, पिता भूतपूर्व सेना अधिकारी, अब सिक्योरिटी अधिकारी, दिल्ली हरियाणा निवासी, मासिक आय 15,300, लिखें बाक्स: 29266, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (सी-0203 जीएनजीटी)

रौनियार वैश्य कन्या 22/5' 2'', गोरी, इकहरी, सुन्दर, बी.एससी. हेतु सुयोग्य वर चाहिए। लिखें: बाक्स 29050, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2

(सी-2078 एसएनजीएन)

सुन्दर गौर वर्ण, अच्छे स्वभाव वाली गौड़ ब्राह्मण, 26/160, पब्लिक स्कूल में टीचर हेतु सुस्थापित आदरणीय परिवार के वर को वरीयता। लिखें: बाक्स 29044, टी.ओ.आई., नई दिल्ली-110002

(सी-2054 एसएनजीएम)

घरेलू, शाकाहारी, कायस्थ लड़की 35/5' 2'' (स्टेट प्लानिंग आफिस, लखनऊ में इंस्पेक्टर), उन्नतिशील परिवार हेतु सुयोग्य वर चाहिए। लिखें: बाक्स 29047, टी.ओ.आई., नई दिल्ली-110002

(सी-2064 एसएनजीएम)

30/182 स्मार्ट, प्रिंटिंग एवं ट्रेडिंग व्यवसाय में प्रतिष्ठित बंसल परिवार के युवक हेतु सुन्दर घरेलू वैश्य वधू चाहिए। कार्यरत को वरीयता। शीघ्र विवाह। लिखें: बाक्स 29171, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-2

(सी-2219 एसएनजीएम)

39 वर्षीय तलाकशुदा पंजाबी खत्री व्यापार में संलग्न आय 7000 रु. मासिक व्यक्ति के लिये सुयोग्य कम उम्र [illegible]

अकेले, जैन, 45/160, जनसंपर्क अधिकारी तलाकशुदा, शाकाहारी, नशा न करने वाला हेतु जीवनसाथी चाहिए। सम्पन्न, सहयोगी स्वभाव, विश्वसनीय परिपक्व/विधवा, पूर्ण विवरण। फोटो सहित वास्तविक [illegible] की इच्छुक स्वयं पत्रव्यवहार करें। बच्चे और सन्तानोत्पत्ति अयोग्य भी स्वीकार्य। नौकरीशुदा/घरेलू/धर्म बन्धन नहीं। समस्त पत्रव्यवहार गुप्त रखा जायेगा। बाक्स 29178, टाइम्स आफ इंडिया, नई दिल्ली-110002

(सी-29178 एसएनजीए[illegible])

पंजाबी खत्री 29/175/8000 बी.ए. डिप्लोमा फ्रेंच इटालियन द्विभाषिया [illegible] दिल्ली में, टेलीफोन 5510728, बी-79, [illegible] गार्डन, नई दिल्ली-1100[illegible] जाति बन्धन नहीं। (सी-2145 एसएनजीए[illegible])

30/161/2500 एम.ए., बी. लिब, स्थाई सरकारी सेवा में, सक्सेना युवक हेतु सुयोग्य वधू चाहिए। जाति बन्धन नहीं। लिखें: बाक्स 29134, टाइम्स आफ इंडिया, दिल्ली-2 (सी-2175 एसटीजीओ[illegible])

आकर्षक 29/175/5300 लगभग, सनाढ्य ब्राह्मण लड़का दिल्ली हवाई अड्डे पर इण्डियन एयरलाइन्स में सेवारत हेतु अत्यन्त सुन्दर, आकर्षक 25 वर्ष से कम सनाढ्य गौड़ ब्राह्मण लड़की चाहिये। प्राकृतिक सुन्दर, [illegible] वर्ण कन्या के माता-पिता पहली बार में ही रंगीन फोटो सहित [illegible] जो वापिस कर दी जायेगी। सम्पर्क करें: पोस्ट बाक्स 885[illegible] वसन्त विहार, नई दिल्ली-110057

(सी-0108 एमटीजीओ[illegible])

30 वर्ष खत्री, मैट्रिक, अपना घर, व्यवसाय अच्छी आय, दाहिने पांव में मामूली नुक्स, बिना दहेज [illegible] हेतु वधू चाहिए। लिखें: बाक्स 2913[illegible], नवभारत टाइम्स, दिल्ली-110002 (सी-[illegible]19[illegible])

ऊँचे घराने से गोरी, खूबसूरत, पंजाबी [illegible] लड़की 27/160 आर्किटेक्ट [illegible] आर्किटेक्चर अहमदाबाद से। मशहूर आर्किटेक्ट्स के साथ काम करती है। फ्रेंच में डिप्लोमा किया है। [illegible] ही सम्पर्क करें। लिखें: बाक्स 5103-जी, टाइम्स ऑफ इंडिया, अहमदाबाद-380009 (एडीआर-303[illegible])

25 वर्षीय अरोड़ा, अण्डर मैट्रिक, अपना [illegible] स्वव्यवसाय, अच्छी आय, मामूली [illegible] हेतु [illegible] चाहिए। सम्पर्क: 5450934, पता: पी.[illegible] कुमार, 4/7[illegible] रमेश नगर, नई दिल्ली। (सी-174[illegible])

अग्रवाल गर्ग गौत्र 25/167 (मांगलिक) दिल्ली निवासी, निजी व्यवसाय व घर, आय पांच अंकों में, युवक [illegible] लिए सुन्दर, सुशील व गृह कार्य में दक्ष कन्या के [illegible] हेतु लिखें: बाक्स 29040, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (सी-203[illegible])

गौतम ब्राह्मण वास्तविक सुन्दर कन्या, 23/16[illegible] एम.ए. इक्नोमिक्स, बी.एड. हेतु राजपत्रित अफसर/इंजीनियर/डाक्टर/बैंक का अफसर/कलास [illegible] अफसर, ब्राह्मण वर चाहिये। पिता राजपत्रित अफसर। शीघ्र अच्छा विवाह। लिखें: बाक्स 29039, टाइम्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली-110002 (सी-2031 एसएनजीएम)

गुरसिख भाटिया 30/163/4000 स्मार्ट, अपना मकान/व्यवसाय (पहली पत्नी की 6 महीने में अकस्मात् मृत्यु) युवक हेतु वधू चाहिए, जाति बंधन नहीं, बाक्स 29037, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2

(एम-34[illegible] एसएनजीए[illegible])

जीवन संगिनी शौक चाहिये, जिस के बच्चा न होता हो। 41 वर्ष, 5300/-, [illegible] तलाकशुदा [illegible] पुरुष हेतु लिखें: बाक्स 2897[illegible], नवभारत टाइम्स, दिल्ली-2 (सी-[illegible]131 जीएनजी[illegible])

मैढ़ राजपूत लड़का 24/175 अति सुन्दर, [illegible] इलैक्ट्रानिक्स दिल्ली में अपना इलैक्ट्रानिक्स व्यवसाय, [illegible] राजपत्रित के लिए संभ्रान्त परिवार की अतिसुन्दर गौर [illegible] शिक्षित घरेलू कन्या चाहिये। लिखें: बाक्स 29084, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (सी-[illegible]123 जीएनजी[illegible])

कश्यप 40 वर्षीय विधुर, निजी [illegible], आय [illegible] अंकों में हेतु आवश्यकता है। सुन्दर, शिक्षित, गृह कार्य [illegible] जीवनसाथी की निःसन्तान, विधवा, तलाकशुदा भी [illegible] शीघ्र को वरीयता, जाति बन्धन नहीं, प्रथम [illegible] विवरण दें। फोन: 6838379. लिखें: बाक्स [illegible] नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2 (सी-[illegible]128 जीएनजी[illegible])

सरयूपारिणी ब्राह्मण, 27, 170, [illegible] स्नातक, निजी फैक्ट्री युवक हेतु सुन्दर, सुशील, गृहकार्य [illegible] वधू चाहिए। लिखें: बाक्स 29081, नवभारत टाइम्स, दिल्ली-2 (सी-[illegible]104 जीएनजी[illegible])

दिल्ली निवासी, पंजाबी गैर सिख [illegible] युवक 26/170 से.मी., अपना व्यवसाय हेतु सुन्दर लड़की चाहिये। लिखें: बाक्स 28964, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2

(सी-[illegible]126 जीएनजी[illegible])

लड़की चाहिए सुन्नी मुसलमान शादीशुदा लड़के के लिए उम्र 30 साल, मासिक आय 8000/- रु., लड़की खूबसूरत, शरीफ, कम से कम [illegible] पास, [illegible] तलाकशुदा, विधवा भी हो तो ठीक है। [illegible] लिखें: बाक्स 28950, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली-2

(एडी-[illegible]701 जीएनजी[illegible])

कुशवाहा (मौर्या) 29/158 [illegible]

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नई इबारत

कहानी

गिरिराज किशोर

इन्सान के अन्तर्विरोधों को समझना और उसकी कहानी कहना जोखिम का काम है। लेखक चाहे कितना भी सिद्धहस्त हो, वह भी अपने अन्तर्विरोधों का शिकार होता है। अगर न हो तो लिखे कैसे। कई बार लगता है कि लेखक के कंठ में उसके अपने गरल के साथ-साथ बाकी सबका भी गरल होता है। इसके बावजूद वह नीलकंठ नहीं, एक सामान्य इन्सान और लेखक है। इन्सान बने रहकर नीलकंठ बनना ज्यादा बड़ी उपलब्धि है। यह उसकी मजबूरी भी है और खुशकिस्मती भी। खुशकिस्मती इसलिए क्योंकि लेखक होना है तो इन्सान ही होना होगा। अपने पात्रों का थोड़ा बहुत गरल मेरे अपने कंठ में भी है जबकि मैं कोई बड़ा लेखक नहीं। कभी वह मुझे सुलाता है और कभी रुलाता है। लिखकर ही उससे बचने की कोशिश करता हूँ। उसके अलावा कोई और तरीका भी नहीं। पात्र चाहे सारे जग में घूम आये जैसे ही वह लेखक के अन्दर समाया तो लेखक और पात्र एक दिल हो गये। फिर वह बहुत कलियाता है। बातें आसानी से नहीं पचतीं। गरिष्ठ होती हैं। जब असहनीय हो जाती हैं तो अपना रंग लेकर बाहर आने का रास्ता खोजती हैं।

जिसकी यह कहानी है, अब तो मुझे यही कहना चाहिए, वह मैं ही हूँ या मेरे जैसा ही कोई और है। इतनी लम्बी-चौड़ी भूमिका के बाद अब कैसे अपनी बात से मुँह फेरूँ। लोग इससे डरते भी हैं। वह भी शायद कहीं न कहीं भयभीत रहता है। लोग उसे पुचकारते भी हैं। वह कभी शेर हो जाता है और कभी कुत्ता भी। कुत्ता कुत्ता नहीं होता। प्रवृत्ति होती है। वही दुम हिला सकती है, पाँव चाटती है, भौंकती है, हुश करने पर झपट सकती है। कभी-कभी जब वह यह सब नहीं करना चाहता या इससे ऊब जाता है तो शेर की योनि में आ जाता है। तब वह यह नहीं देखता सामने कौन है। अगर वह देखे तो शेर कैसा? तब वह हमला करता है। शेर का अप्रत्याशित हमला करना ही उसे शेर बनाता है। शेर होकर वह जानता कि कुत्ता बने रहकर दुम हिलाना उपलब्धियों का सबसे सूक्ष्म रास्ता है, कितनी बड़ी विडम्बना है। वह यह भी जानता रहता है कि शेर को कोई पालतू और हमराज नहीं बनाना चाहता। पता नहीं कब खूँखार हो उठे और दुश्मन में बदल जाये। कहते हैं एक बार एक जमींदार साहब ने शेर का बच्चा पाल लिया। वे उसे बड़े नाज से बगल में लेकर घूमने निकलते। लोग देखते। सोचते क्या बात है! उन्होंने उसे शुरू से निरामिष ही बना रखा था। एक दिन जमींदार साहब एक मूढ़े पर बैठे किताब पढ़ रहे थे। बायाँ हाथ नीचे लटका था। शेर का बच्चा पास बैठा उनका हाथ चाट रहा था। हर बड़े आदमी की तरह हाथ-पैर चटाना उन्हें अच्छा लगता था। सुना है शेर की जबान काफी खुरदुरी होती है। चाटते-चाटते उनकी हथेली में खून निकल आया। उन्होंने उधर देखा तो शेर का बच्चा खूँखार नजरों से उनकी तरफ देख रहा था। वे फौरन समझ गये कि शेर ने खून का स्वाद चख लिया। उन्होंने नौकर को आवाज दी कि जल्दी बन्दूक लेकर आये। जब तक नौकर आया तब तक वे अपना हाथ उसी तरह चटाते रहे। हाथ हटाते ही शेर उन पर हमला कर सकता था। हर शेर अपने स्वभाव को समझता है। शेर की सवारी हो या पालतूपन, कभी निरापद नहीं होता। कुत्ते की बात और है।

वह ज्यादातर दबकर ही रहा। सबकी सुनता और दुम हिलाता। अपने अफसरों से ठकुरसुहाती कहता। दो लात भी बर्दाश्त करने में उसे कोई एतराज नहीं था। अपने से वरिष्ठ लोगों के यहाँ सामर्थ्यानुसार सौगातें भी पहुँचाता रहता था। गलत-सही बात करने को भी कहते थे तो भले ही मन मसोसकर करे, हँसे-हँसे करता था, यह बात उसके लिए [illegible] वातावरण बनाने में सहायक होती थी। लेकिन कभी-कभी अपने आपसे चुपचाप झगड़ता भी था। तू यह सब क्यों करता है! तू आखिर इतना [illegible] क्यों है? अपने चेहरे के सारे नयन-नक्श मिटाने पर क्यों [illegible] है? पहचान के लिए चेहरे पर तेरा अपना क्या बचेगा? कोई [illegible] की है, नाक भले ही छोटी हो पर उसके [illegible] किसी और की हो ही नहीं सकती, मुस्कराते होंठ उसी के

> उसे पहली बार लगा कि आजादी की कल्पना तक कितनी भयावह होती है---उससे उठती लपटें जलाकर राख कर देती हैं जो उसे पहली बार छूने की जुर्रत करते हैं। वह हिंसक पशु -अब दम तोड़ रहा था—उसके मुँह से अस्फुट स्वर निकल रहा था—आजादी-आजादी -आजादी,हर सिम्त में उसे उच्चैश्रवा ही उच्चैश्रवा दिखायी पड़ रहा था—वह उससे आँखें चुराना चाहता था। पर कैसे?

होता तो क्या कोई ऐसा करता। इन्सान के सामने माथा रगड़ कर कोई समझे कयामत के दिन उससे रोशनी फूटेगी, भूल जा—। बैल का कंधा जुए से जैसे फूटकर वह निकलता है, वैसे न बहे तो गनीमत समझो।

वे लोग उसे किसी के पीछे भी लगा देते हैं तो वह शिकारी कुत्ते की तरह क्यों दौड़ पड़ता है? क्या शिकार उसका होता है? वह तो दांत भी नहीं लगा सकता। वह यह जरूर जानता था कि कुत्ते को अगर पता हो कि उसके पीछे उसका मालिक डंडा लेकर चल रहा है तो वह दूसरों के मोहल्ले में जाकर भी शेर बन जाता है। किसी के साथ भी दो-दो हाथ करने से नहीं डरता। अगर लिपटा-लिपटी भी हो जाये तो मालिक डंडा फटकार कर दूसरे कुत्ते को भगा देता है। भले ही वह अपने मौहल्ले का शेर हो। तब वह विजेता की तरह इठलाता हुआ चलता है। पर आदमी के मामले में वह यानी मालिक इस तरह के चक्करों से बचते हैं। अगर उसके आदमी को कोई जिबह भी कर दे तो चुप लगा जाता है। यह बात उसे इतना परेशान कर देती कि वह अपने आपको ही भंभोड़ने लगता। कभी हाथ में दाँत गड़ाता, कभी पाँव में, कभी गालों पर चपत लगाता—अरे कमबख्त मनुष्य की जून में कुत्ता बनकर क्यों अपने को लांछित कर रहा है। कई बार वह किचकिचाहट उस पर इतनी हावी हो जाती कि वह उन्हीं पर गुर्राने लगता जिनका वह पालतू कुत्ता था। हालांकि वह जानता था जो डंडा दूसरों पर चलता है वह उसके लिए भी उतना ही चंचल और स्वचालित हो सकता है। तब वह कोनों में छुपता-घूमता। मौका लग जाता तो पाँवों में भी लोट लेता। वे लोग आपस में कहते अब यह उतना भरोसेमंद नहीं रहा, सरकश और गुस्ताख होता जा रहा है। इससे पीछा छुड़ाना होगा। उसकी घबराहट और बढ़ जाती। दरअसल कई बार बिना काम-धाम रोटी मिलते जाना स्वतंत्रता के लिए बेड़ी बन जाता है। यह मोह इतना बड़ा होता है कि आसानी से छोड़ा नहीं जा सकता। वह फिर चिपकना शुरू कर देता, दुम हिलाने लगता। वे भी समझ जाते अपनी गलती समझ गया। लाइन पर आ गया। गलती मान लेना ही आदमी की आदमियत है। वही अक्लमंद जो मालिक की नजर को समझ कर अपने को सुधार ले। उसके अंदर फिर एक कांटा उभर आता है। यह क्या बात हुई? वह दर्द जब असहनीय हो जाता तो उसका ऊपर का होंठ खुल जाता और दाँत बाहर निकल आते---उसे जबरन उन्हें अन्दर करने पड़ते। काम उसे इतना थकाने वाला लगता कि उसकी हाँफ छूट जाती। आखिर वह कब तक अपने आपको इस तरह बन्द रखेगा? उसे भी साँस लेने के लिए खुली हवा चाहिए।

उस रोज एक बड़ा समारोह था। आजकल समारोह अन्दर से नहीं होते बाहर से होते हैं। सम्मानित स्थानों पर बैठे लोग दूसरों को सम्मानहीन जगहों पर पसरे देखकर अन्दर ही अन्दर प्रसन्न होते रहते हैं। अपने गलों में पड़ी मालाओं का मिलान दूसरों के माला विहीन गलों से करके खुश होते रहते हैं। समारोह की गरिमा तभी तक समझी जाती है जब तक सब स्वर एक ही सुर में बंधे रहते हैं। कोई नहीं चाहता कि कोई उनके समारोह के मूल स्वर को बिगाड़ दे। समारोह का जो प्रजापति था उसे लोगों ने उच्चैश्रवा का एक

से कुत्ता दौड़ मची थी। दरअसल सत्ता छोटी हो या बड़ी, तत्व [illegible] ही होते हैं। पूर्ववर्तियों का ऐसा दुर्भाग्य होता है कि नये आने वालों के संदर्भ में लोग यह सिद्ध करने पर तुल पड़ते हैं कि जैसे वह सब नाकाबिल थे। उनमें अच्छा-बुरा कुछ भी करने की सामर्थ्य नहीं थी। वे क्लीव थे। उच्चैश्रवा ने चन्द महीनों में वह सब कर दिया था। जो पूर्ववर्ती मिलकर भी सालों साल नहीं कर [illegible]। वह सोच नहीं पा रहा था कि ये सब आसमान की तरफ मुँह उठाकर जो कह सकते हैं सब कुछ कह लेंगे, तो वह क्या करेगा? पूर्ववर्तियों के नाम वह इस तरह मिटा रहे थे जैसे स्लेट पर बत्ती से लिखी इबारत। वह ऊपर से नीचे तक खदबदा रहा था। जब उसे लगा कि उच्चैश्रवा ऊपर से नीचे तक तर हो चुका। उसे अब धूप चाहिये तो वह मंच पर पहुँच गया। उच्चैश्रवा को प्रणाम किया। यह बात अलग है कि उसे इस बात का आज भी अफसोस है कि वह वहाँ बोलने क्यों गया? क्या बोलना था और क्या बोल गया। पहले तो उसका विद्रोह भौंक कर या दाँत दिखाकर शांत हो जाता था परन्तु अब वह सीमाएं तोड़कर उत्ताल तरंगों में बदलता जा रहा था।

पहले तो वह माइक पकड़े चुपचाप खड़ा रहा। एक क्षण को लगा वह लौट क्यों नहीं जाता। बिना बुलाये बोलने का क्या अर्थ। उसने देखा उच्चैश्रवा की नजर उसकी तरफ है। फिर सोचा जब आ ही गया तो बिन बोले चले जाना भी गलत होगा। पर क्या बोले? क्या वह भी वही कहे जो दूसरे ने कहा है। पहले के सब बेकार थे, अक्षम थे, उन्होंने जो किया वह नगण्य है। लोग यही कहेंगे कि यह भी खुशामदियों की भीड़ में से एक है। खुशामद बिना बेशर्मी के संभव नहीं होती। उसे लग रहा था जैसे अन्दर लार टपकाने वाला वह कुत्ता जो हमेशा मालिक के घुटनों पर पंजे रखकर मुँह चाटने को उद्यत रहता है, चिचिया रहा है। उसका गला जैसे किसी हिंसक पशु ने दबोचा हुआ है। वह उसकी पकड़ से छूटना चाहता है पर छूट नहीं पा रहा है। वह बेदम होने लगा। अपना गला दोनों हाथों से पकड़ लिया जैसे वह छुड़ाना चाह रहा हो। उसके देखते-देखते उस कुत्ते ने दो-तीन बार कूँ कूँ की और

लुढ़क गया। वह हिंसक पशु होंठों पर जबान फेरता हुआ अंगड़ाई लेकर उठ खड़ा हुआ। उसकी शक्ल भी वैसी ही थी जैसी उस कुत्ते की। पर आँखें खूँखार थीं, चेहरा डबल था। दाँत लम्बे और रक्त से सने थे। उसे लगा वह बाहर निकल आया तो उच्चैश्रवा को भंभोड़ डालेगा। उसने उसे समझाने की कोशिश की। आखिर वह कौन है? उसके अन्दर कहाँ से आ प्रकट हुआ? क्या पहले से उसके जीवाणु उसके अन्दर मौजूद थे। उसके अन्दर तो वह कुत्ता था जो भले ही कभी गुर्रा दे या दाँत दिखा दे अक्सर पैरों में लोटपोट होता रहता था। तलवे चाटता था। मालिक को नाराज देखा तो कोने में जाकर दुबक जाता था। यह विचित्र जीव जिसके कहीं कोई चिह्न नहीं थे। कहाँ से उदय हो गया? उसकी नजरें उच्चैश्रवा पर ठहरी थीं। उसके गले में जंजीर भी नहीं थी। न पट्टा था। वह चमत्कृत था और सहमा हुआ भी।

उसने एक नजर सब तरफ घुमायी जेसे सर्कस में कोई शेर करतब दिखाने से पहले जायजा लेता है। उसे अपनी आँखों से तारे फूटते हुए महसूस हुए जैसे जल रही हों। उसे लगा वह हिंसक पशु उस पर सवार हो गया। उसने दहाड़ना शुरू किया:हम आप-सब गुलाम हैं हमारे गलों में लम्बे-लम्बे तोड़े पड़े हुए हैं उनमें जंजीर बंधी है- वे जंजीरें उच्चैश्रवा की कुर्सी के पायों के नीचे दबी हुई हैं। गुलामी की हमारी पहचान खत्म हो चुकी,क्योंकि पैंतालीस वर्ष पूर्व हमारा एक तरह की आजादी से परिचय कराया गया था। यह आजादी एक मैदान है जिसमें हम छोड़ दिये गये हैं—एक बहुत बड़ा मैदान—उतनी ही बड़ी ये जंजीरें- जहाँ तक हम चाहें चर सकते हैं बशर्ते इस मैदान में इतनी घास हो जिससे हमारा पेट भर सके। हम आजादी के अहसास से तरबतर रह सकते हैं लेकिन हमने सुना है आजादी की चाहरदीवारियाँ नहीं होतीं—वह सिर्फ आजादी होती है—वहाँ कोई ऐसा खम्भा नहीं होता जिससे बंधे रहना पड़ता हो। हम सब एक दूसरे की आजादी के प्रति जागरूक हों, उसकी इज्जत करें। लेकिन हमें इस विस्तृत मैदान की सीमाओं में ही रहना होगा। इससे अधिक आजादी की मांग आजादी के दुश्मन समझी जाने लागती है—सब जगह यही



प्रख्यात उपन्यासकार गिरिराज किशोर जिन्हें 'ढाई घर' उपन्यास के लिए इस वर्ष का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला

होता है सब आजादी की बात करते हैं और गर्दनों या पाँवों में जंजीरें पहना देते हैं—जंजीरों का नाम है अनुशासन। आप लिखेंगे तो वही जो वे कहेंगे, खायेंगे तो वही जो वे देंगे, गायेंगे तो उन्हीं के बनाये आजादी के गीत जिनमें आजादी का उनका नजरिया होगा। हमारी जंजीर उच्चैश्रवा की कुर्सी के पायों से बँधी है उच्चैश्रवा की जंजीर किसी पुरन्दर नाम के व्यक्ति के हाथ में होगी। सब कहते हैं कि यह आजादी का अलमबरदार है, वह भी आजादी का अलमबरदार था जो दुनिया के हर मजलूम को आजादी का सपना दिखाते-दिखाते सारे सपने ही मिट्टी में मिला बैठा, उसने भी दीवारें खींच दी थीं, न उसके पास अजादी की सम्पूर्ण और मानवीय तस्वीर थी और न उसके पास है। सबके अपने-अपने अर्थ हैं। सत्य के अर्थ भिन्न कैसे हो सकते हैं। हर सत्य अपने में

> इस बार अंगरक्षक बढ़े जो काले लिबास से सुसज्जित थे। हाथों में बंदूकें थीं। उसने उन्हें धकेल दिया,'तुम्हारी बंदूकें मुझे नहीं डरा सकतीं- मैं जिन्दगी के डर से मुक्त हो चुका हूँ। मैं जानता हूँ कि इस शरीर की मौत कुछ नहीं, आत्मा की मौत है। देह की समाप्ति सिर्फ उधार में मिली जिन्दगी की वापसी है—कोई चाहे तो उससे भी आजाद हो सकता है। उच्चैश्रवा कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा।'

पूर्ण होता है। कुछेक लोगों की आजादी दूसरों को गुलाम बनाती है। हमारे हाथ पीछे बंधे हैं फिर भी हम आजादी का वन्दन कर रहे हैं।

उच्चैश्रवा हमारी आजादी का देवता है वह उस का उल्लंघन कर सकता है अपने लिए। हम अनुशासन में हैं, बंधे हुए जिससे कि हमारी आजादी बरकरार रह सके। वह हमारी आजादी बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आजादी का यह पैगम्बर-उच्चैश्रवा— अभी जवान है। हालांकि इसकी कमर [illegible]

अधिनायकवादी पैदा होते हैं वे दोनों हाथों से इन फकीरों को आजादी बांटते हैं—सब उनकी जय-जयकार करते हैं।

दो आदमी बढ़े उसे पकड़ने के लिए। उसने उन्हें झटक दिया हट जाओ, मैं आजाद हो गया—आजाद अपने संकल्प से हुआ जाता है। किसी के किये से नहीं। तुम मुझे बाँधकर नहीं रख सकते। खुदा जब नाराज होता है तो जिन्दगी लेता है हाकिम नाराज होता है तो रोजी। खुदा भी अगर वैसा ही अधिनायक है तो ले ले जिन्दगी—उच्चैश्रवा मेरे बच्चों को रोटी और पानी के बिना मार सकते हैं अब मैं गुलाम बनूँगा तो अपने ही अन्दर के डर से—नहीं तो मुझे कोई गुलाम नहीं बना सकता। मेरे अन्दर का वह कुत्ता मर गया जो मुझे टुकड़े-टुकड़े के पीछे दौड़ाता था, उसे ही डर था कहीं उसकी दूध रोटी न छिन जाये। चिचोड़ी हुई बोटियाँ उसकी जगह दूसरे कुत्ते को न डाल दी जायें।

इस बार अंगरक्षक बढ़े जो काले लिबास से सुसज्जित थे। हाथों में बंदूकें थीं। उसने उन्हें धकेल दिया 'तुम्हारी बंदूकें मुझे नहीं डरा सकतीं- मैं जिन्दगी के डर से मुक्त हो चुका हूँ। मैं जानता हूँ कि इस शरीर की मौत कुछ नहीं, आत्मा की मौत है। देह की समाप्ति सिर्फ उधार में मिली जिन्दगी की वापसी है—कोई चाहे तो उससे भी आजाद हो सकता है। उच्चैश्रवा कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा।'

लोग उसे घसीटने लगे। वह कहे जा रहा था,'ये सब कुत्तामार पलटन के सिपाही हैं, शेर के नजदीक नहीं आ सकते। क्योंकि शेर के स्वभाव से परिचित हैं। शेर तुम्हारे और तुम्हारी जिन्दगी के लिए खतरा बन जाता है। मैं जानता हूँ तुम सब मुझसे कितना डर गये हो। क्योंकि मैं तुम सबसे आजाद हो गया, अपने से आजाद हो गया। मुझे आजादी का अर्थ पता चल चुका।

उसकी आवाज चारों तरफ गूँज रही थी।

जब वह अपने में लौटा तो वह सोचने लगा कि कौन था? वह सब क्या बोल रहा था? क्या उसे नहीं मालूम था अधिनायक चाहे किसी भी किस्म का हो उसके सामने सब हुक्म बजानेवाले होते हैं—जब वह पूछता है कौन बोला तो सब चुप हो जाते हैं? जब वह कहता है नाचो तो सब नाचते हैं। गुलामों को आजादी की बात करने का कोई अधिकार नहीं होता। होता है तो उसी आजादी की जो वे तुम्हें देते हैं। जबान एक अचूक हथियार होती है। उसका संधान कई बार खुद को भी हताहत कर देता है। उसे लगा देर हुआ वह कुत्ता धीरे-धीरे कुलबुलाने लगा है। क्या वह फिर जी उठेगा? उस हिंसक पशु का क्या होगा जिसने उसकी गुलामी का तौक काट डाला था? कहीं वह किसी और नस्ल का कुत्ता तो नहीं था जो शेर की तरह दहाड़ना जानता हो और खतरा सूँघ छुप जाता हो? कहीं धोखा तो नहीं खा गया? नहीं, कुत्ता किसी भी नस्ल का क्यों न हो वह इस तरह नहीं दहाड़ सकता। स्वामी के सामने हर कुत्ता नम जाता है। इतने सारे लोग भयभीत हो उठे थे, उनके चेहरों पर काली रेखाएं खिंच गयी थीं। उच्चैश्रवा स्वयं सकते में आ गया था। क्या उसे उच्चैश्रवा के पास जाकर कहना चाहिये कि वह धोखा था, शेर का अभिनय था—उसे आजादी नहीं चाहिए—ऐसी चीज चाहने से क्या लाभ जो कभी मिल न सके। तुम्हारा दिया आजादी का यह खिलौना ही काफी है। बच्चों को सचमुच का हवाई जहाज नहीं दिया जाता, उसका खिलौना दे दिया जाता है—वे उसे ही असली समझ कर उड़ाते रहते हैं। मैं तुम्हारे भय के बिना जीवित नहीं रह सकता। वह मेरे जिन्दा रहने का आधार बन चुका है। रोटी की ललक उतनी ही तीव्र है—भूख में कोई कमी नहीं आयी। बहरूपिया समझकर माफ कर दो—बहरूपिया जितना सार्थक अभिनय करता है उतना ही सच्चा होता है। इनाम का हकदार।

क्या उच्चैश्रवा उसकी बात मानेगा। उसे वह हिंसक पशु शायद ही दीखा हो जो उस कुत्ते को पंजों में दबाये था। अगर वह नहीं माना तो उसका क्या होगा? वह उसके प्राणों के पीछे भी पड़ सकता है। उसकी आँखों में उस दहाड़ने वाले शेर के लाल डोरों की जगह भय के रेशे उभर आये थे। वह ऐसी गलती क्यों कर बैठा। जिसे वह चाहकर भी सुधार नहीं सकता। उसे लगा उसके गले में बंधी जंजीर खिंचती आ रही है। उसका पट्टा कसा रहा है। उसकी जबान सूखकर बाहर लटकती आ रही है। वह आँगन, जो आजादी का आँगन समझा था, [illegible] में बदल गया। उसे दम [illegible]

...से और ज्यादा नाराज कर देता। वह अन्दर ही अन्दर बिगड़ ...ता। इतने लोग घूम रहे हैं किसकी है अपनी नाक, सब अपने स्वामियों की नाक लगाये हैं, कौन अपनी आँखों से देख रहा है सबकी आँखों में दूसरों की नजर फिट किये हैं-माथा-हा-हा-माथे की खूब चलाई-रगड़ते-रगड़ते गट्टे पड़ गये हैं। अपना माथा

गिनती भी उच्चैश्रवा के दस हजार मंसबदारों में थी। वे सब लोग उच्चैश्रवा की विरदावली गाने में मग्न थे। जिन्हें शायद वे पहचानते भी न हों। वह उचक-उचक कर देख रहा था। उच्चैश्रवा की नजर उस पर पड़ जाये तो शायद उन्हें याद आ जाये वे उसे बुला लें। उच्चैश्रवा का कुछ ही समय पूर्व अभिषेक हुआ था तभी

आजादी की रक्षा करने के इसके उपकरण उतने ही नये हैं जितने तब थे जब वह आजादी का नम्बरदार बना था। इसने आजादी की ऐसी परिभाषा तैयार की है अगर आजादी को बने रहना है तो इन उपकरणों का बने रहना भी जरूरी है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। कवच-कुंडल की तरह जनतंत्रता का लबादा पहने हुए ही

जलाकर राख कर देती है जो उसे पहली बार छूने की जुर्रत करते हैं। वह हिंसक पशु अब दम तोड़ रहा था—उसके मुँह से अस्फुट स्वर निकल रहा था-आजादी-आजादी -आजादी-हर सिम्त में उसे उच्चैश्रवा ही उच्चैश्रवा दिखायी पड़ रहा था—वह उससे आँखें चुराना चाहता था। पर कैसे?

कविता

वशिष्ठ



टूटे ढांचे के मलबे पर

टूट गये न!
कहता था
इतना मत तनो
मनुष्य हो, मेरा मारा तागा मत बनो
पर तुम
एक काल्पनिक औकात बघारते रहे
बारंबार नकारते रहे मुझे
आखिर तुम टूट गये न!

भाग फूट गये भाषा के
तुम्हारे टूटने के साथ।
वे हाथ -
जिनमें लिये चलती थी वह
एक अमृत-कलश;
आज इतने अवश हो गये हैं
कि कमर से सरकती धोती भी नहीं संभाल पाते
जबकि
मातमी जुलूस में नारे लगाते लोग
उन्हीं से
टूटे हुए आदमशक्ल ढांचे को
जोड़ने की मांग कर रहे हैं।

दो दुख हैं मेरे लिए :
एक, तुम्हारा टूटना
दूजा, इन हाथों का खाली होना।
दो चुनौतियां हैं मेरे सामने
एक, तुम
दूजी, इन हाथों की रिक्तता।

मैं दोनों का
एक उत्तर दे सकता हूं
पर तब तक नहीं
जब तक
कोहरे के इस गहन वन में
झंझनाता मौसम
मुझे मौका नहीं देता
मलबा हटाने का।

चिन्तन से उठी आवाज का अखण्ड अपनापन

स्मृतिः जैनेन्द्र कुमार

कृष्णदत्त पालीवाल

रचनाकार जैनेन्द्र कुमार के बारे में सोचना शुरू करते ही पाठक को भारतीय सांस्कृतिक-सामाजिक परम्परा की एक ऐसी आवाज सुनाई देने लगती है जिसे भुला पाना कठिन है। इस सृजन स्वर में हमारी निर्वैयक्तिक परम्परा का मार्मिक चिन्तन रचा-बसा हुआ है। आसक्ति और अनासक्ति, संग्रह और अपरिग्रह, प्रेमराग और विराग, आत्मीयता और उदात्तता का इस आवाज में ऐसा विलक्षण संयोग रहा है, जिसमें आजादी के बाद के भारत के कसकते-कराहते अनुभवों का ऐसा हाहाकार है जो हमें सोचने को विवश भी करता है और विवशता के भीतर से शक्ति भी उत्पन्न करता है। समय और समाज का द्वन्द्व ही उनके चिन्तन की अर्थदीप्ति बना है। एक चिन्तक के रूप में जैनेन्द्र की प्रसिद्धि का एक कारण यह द्वन्द्व ही है। यह द्वन्द्व ही उनके कथाकार को एकालाप और संवाद के सतही कठघरों से बाहर निकालकर समाज के केन्द्र में खड़ा कर देता है। उनके चिन्तन में भारतीय दर्शन गांधी बनकर बोलता है। तप शक्ति गांधी के पास है और वही तपशक्ति जैनेन्द्र कुमार में करुणा पीड़ा-वेदना बनकर खौलती है।

हिन्दी संसार ने जैनेन्द कुमार को 'परख', 'सुनीता', 'त्यागपत्र', 'कल्याणी', 'विवर्त', 'जयवर्द्धन' जैसे उपन्यासों से तो निरन्तर सराहा और माना है कि उन्होंने प्रेमचन्द की कथा-परम्परा को गहराई दी है—प्रयोग की नवीन अर्थ भूमि से सम्पन्न किया है। पुराने उपन्यास के चौखटों को तोड़कर नया खुला सांचा दिया है—वह सांचा जिस पर बाद की हिन्दी की कथा-पीढ़ियां गर्व करती रही हैं और नए से नए कथा प्रयोग कर सकी हैं। जैनेन्द्र ने कथा भूमि को मनोविश्लेषणात्मक गुत्थियां सुलझाने की ओर प्रवृत्त किया। पर यह समझना भूल होगी कि वे यह सब फ्रायड बाबा के जादू से ही कर सके थे। पश्चिमी कथाकार डी.एच. लारेन्स भी उन्हें मोहते थे पर वे लारेन्स नहीं थे। उन पर रवीन्द्र नाथ और शरद की धमक भी गहरी है—पर वे अपने ही ढंग के कथाकार हैं। अनुकर्त्ता वे किसी के नहीं हैं, पढ़ा उन्होंने बहुतों को है—पढ़कर गुना भी है। उनमें बेहद आकर्षण प्रेमचन्द के प्रति है और विरोध भी। उनसे प्रेमचन्द ने जीवन के अन्तिम क्षणों में कहा था, 'आदर्श से काम न चलेगा।' जैनेन्द्र ने तपाक से कहा था—'आदर्श'। प्रेमचन्द को कहना पड़ा, 'बहस मत करो।' स्थिति यह बनी है कि जैनेन्द्र आगे चलकर प्रेमचन्द से भी ज्यादा यथार्थवाद-आदर्शवाद के चक्कर में पड़े हैं। पर उनके पास एक अलग दृष्टि है जो प्रेमचन्द से उन्हें जोड़ती भी है और अलग भी करती है। सामाजिक यथार्थ से खिसककर जैनेन्द्र वैयक्तिक यथार्थ पर उतरते हैं—तांत्रिकों की कला सीखकर मानव के अन्तर्मन में प्रवेश पाने को आतुर हैं और तकनीक से यह काम वे करते हैं। यह काम इतनी कुशलता से करते हैं कि वे भगवतीचरण वर्मा और इलाचन्द जोशी, अज्ञेय और ऋषभचरण जैन, चतुरसेन शास्त्री और वृन्दावन लाल वर्मा के बीच के सेतु बनते हैं। दो युगों के बीच वे संवाद सेतु बने हैं और मन्थनकाल की पीड़ा को भोगने वाले रचनाकार। टालस्टाय और गांधी उनके लिए दो नहीं हैं एक हैं। जैन दर्शन और हिन्दू दर्शन भी दो नहीं हैं—उनके लिए सब कुछ अद्वैत है। प्रेमचन्द गांधी दर्शन के राजनैतिक-सामाजिक पक्ष को छानते हैं—जैनेन्द्र गांधी दर्शन के दार्शनिक पक्ष को खौलाकर विचारों के तार उठाते हैं। गांधी—भारत की हजारों साल की चिन्तन परम्परा से उपजे महाप्राण पुरुष। जैनेन्द्र इसी गांधी चिन्तन को भीतर से परखते हैं। उनका सृजनात्मक व्यक्तित्व ऐसे युग में निर्मित हुआ था—जब असहयोग आन्दोलन अपने यौवन पर था। वे दो-तीन बार जेल गए थे और सत्याग्रह युग की मुक्त चेतना के पहरेदार बने। भारतीय संस्कृति के केन्द्र काशी विश्वविद्यालय में भरती हुए थे पर असहयोग आन्दोलन के कारण शिक्षा छोड़ दी थी। निर्धनता भोगी थी और मामा महात्मा भगवान दीन से सन्त परम्परा का प्रकाश पाया था। वे जीवन भर अपने सृजन कर्म में अहं-विसर्जन में प्रयत्नशील रहे।

जैनेन्द्र का शैशव नाना-मामा के संरक्षण और गुरुकुल की शिक्षा-दीक्षा में बीता था। मैट्रिक पास करके उच्च शिक्षा की सोची पर असहयोग आन्दोलन की लहरों में बह गए। फिर नागपुर-जबलपुर की हवा खाते दिल्ली आये। इसी समय उनका परिचय 'कर्मवीर' के यशस्वी सम्पादक और क्रान्ति धारा के काव्य नायक माखनलाल चतुर्वेदी से हुआ। जैनेन्द्र ने पत्रकारिता की और कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान के सम्पर्क में आए। स्वाधीनता संग्राम के दिन थे। 2 जनवरी, 1905 ई. को जन्मे जैनेन्द्र अब जवान थे और रचना कर्म में क्रांति का अर्थ समझने लगे थे। 'महलों ने दी आग झोपड़ी ने ज्वाला सुलगायी थी' जैसी काव्य पक्तियों का मर्म खुल गया था। माखनलाल चतुर्वेदी के साथ होने का अर्थ था—गणेश शंकर विद्यार्थी, माधवराव सप्रे की प्रेरणा-धारा को पाना। अपने में उसे भरकर देश को देना। इसी प्रेरणा के कारण जैनेन्द्र व्यवसाय-व्यापार में सफल न हो सके। कलकत्ता गए पर सृजन शक्ति की मातृ देवी को लेकर दिल्ली लौटे। यह मातृ-देवी या कहना चाहिए हिन्दी की दुर्गा-सरस्वती उन पर जीवन भर प्रसन्न रही। सोचने की उन्हें आदत थी और समस्याओं से जूझने का जीवट। प्रश्नों से उलझने में उन्हें जीवन रस आता था। उनके पास एक नचिकेता मन था, जो प्रश्न पर प्रश्न करने पर भी न थकता था न शान्त होता था। 'घायल की गति' उनकी जीवन भर रही। चिन्तन इतना गहन कि रात-दिन एक। वे सोते हुए जागते थे। जागते हुए सोना सीखा न था। चिन्तन प्रवाह इतना तीव्र कि हाथ से लिखना छोड़ना पड़ा, बोलकर लिखाते थे—चाहे उपन्यास हो या कहानी, निबन्ध हो या संस्मरण। कमाल यह था कि उपन्यास का कथा सूत्र शुरू करने के बाद भूलते न थे—पूरा अन्तर्योजन मन में बना लेते थे और मजाल है कि वह खण्डित हो सके। ऊपर से शिल्प सरल सहज लगता था—पर वे बड़े चौकस-चौकन्ने शिल्पकार थे। शिल्प की कसावट का 'त्यागपत्र' हिन्दी संसार में पहला अद्भुत उपन्यास है। एक-एक शब्द ठुका हुआ सतर्क। उपन्यास में निबन्ध की कला का उपयोग करने में माहिर। कथा और कथाओं के भंवर जाल में फंसना उन्होंने सीखा न था। इसीलिए लहरों का जल न उनकी आंखों में भरता है न रचना दृष्टि शिथिल पड़ती थी। 'अरथ अमित अति आखर थोरे' का उदाहरण उनका पूरा सृजन-कर्म है। 'समय और हम' तथा 'समय समस्या और सिद्धान्त' जैसे विशालकाय चिन्तनात्मक निबन्धों में एक सुकरात हर समय मौजूद रहता है जो प्रश्न से उलझता है और सुलझाते हुए विचारों को धूप सा साफ रख देता है। वे 'कहानीःअनुभव और शिल्प' में एक जगह कहते भी हैं—'मेरे लिए सब बातें एक बड़े प्रश्न और बड़े धर्म में समाई हैं। वह यह है कि अन्त में अहं को अखिल मे अर्पित और लीन हो रहना है।'

आज जैनेन्द्र को भुलाने या सराहने की जरूरत की बात नहीं है। बात है जैनेन्द्र को ठीक-ठीक समझने की,समझकर समझाने की। ताकि नयी पीढ़ी में समझदारी के बीज अंकुरित हो सकें। वह क्लासिकल संवेदना एक सृजन परम्परा का खमीर बन सके जो जैनेन्द्र को जगाए रही। वह जागरण हमारी पीढ़ी को जैनेन्द्र से ही नसीब हो सकता है। इसी दृष्टि से हमें जैनेन्द्र पर समग्र दृष्टि से विचार करना चाहिए। चिन्तनशील रचनाकार ही समय का पांव होता है—वही गति को बढ़ाता है,हर अंधेरे से लड़ने की शक्ति देता है।

जन्मः 2 जनवरी, 1905, निधनः 24 दिसम्बर, 1988

जैनेन्द्र कुमार के कुछ चुनिन्दा निबन्ध 'जड़ की बात' में रमेशचन्द्र शाह ने कहा है कि विचारों की पारदर्शिता जैनेन्द्र से सीखने लायक चीज है। उनके विचार बड़े कीमती होते हैं—दुःख है कि हिन्दी-संसार का इस ओर ध्यान कम गया है। जैनेन्द्र ने हिन्दी-निबन्ध को एक नया ढंग, नया रंग, नया रूप, नयी शैली दी है। यह बात भूलने की नहीं है कि कविता, कहानी आदि अनुभव से लिखे जा सकते हैं—पर निबन्ध नहीं लिखा जा सकता। यही कारण है कि निबन्ध को कवियों की कसौटी कहा गया है। अच्छा, खिला, प्रसन्न, सहज, सुविचारित, गद्य निबन्ध ही देता है। निबन्धकार के लिए विदग्ध बहुश्रुत होना अनिवार्य है। उसे बहुत कुछ को चिन्तन में पिरोकर परोसना पड़ता है। 'समय और हम' के जैनेन्द्रीय निबन्ध इस दृष्टि में हिन्दी-निबन्ध के मानदण्ड हैं। इन निन्बधों में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की बौद्धिक प्रचण्डता और आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की चिन्तन सहृदयता दोनों का रूप-रंग निखरे हुए रूप में मौजूद है। दरअसल जैनेन्द्र का कथाकार रूप इतने बड़े यश का अधिकारी रहा है कि उनके निबन्धकार और संस्मरणकार रूप पर पाठकों-विद्वानों का कम से कम ध्यान गया है जबकि उनका निबन्धकार संस्मरणकार रूप से कम बड़ा नहीं है। अद्भुत अनुपम चिन्तक हैं जैनेन्द्र। यह पता तो उनके निबन्धों से ही लगता है।

आज स्टार टी.वी. के युग में हम लोग जबकि कविता-कहानी-उपन्यास पढ़ने तक का समय नहीं पा पाते हैं तब इस युग में निबन्ध जैसी गम्भीर-विधा के पास कौन खट-खट करे। उपभोक्तावादी संस्कृति के युग में 'विचार' के प्रति न केवल आकर्षण घटा है बल्कि विचार का अवमूल्यन भी हुआ है। आधुनिकतावाद ने व्यक्तिवाद-भोगवाद को जोड़कर पाला है और उत्तर-आधुनिकतावाद तो साफ कहता है कि सभी विचार व्यर्थ हो गए हैं। सभी विचारधाराएं ठंडी हो गयी हैं। उनमें मानव को देने की ताकत नहीं रही। विकासवाद, मार्क्सवाद के पास तो जैनेन्द्र तब नहीं गए जब इनकी दोपहर तप रही थी।

फ्रायडवाद-गान्धीवाद के पास गए पर उनके हो न सके। अपने ही आत्मालोचन, आत्मान्वेषण और आत्म-चिन्तन में वे गर्क रहे। इतने गर्क कि विचारों के भीतर विचार भरने वाले जैनेन्द्र अमूर्तता तक चले गए। जिन्होंने उनके विचार प्रधान भाषण झेले थे वे उनका लोहा भी मानते थे और उनसे घबराते भी थे। उनका 'चिन्तक' इतना बलवान था कि समकालीन 'वाद' शास्त्र को वे फौरन पछाड़ देते थे। 'ये और वे' के संस्मरण साक्षी हैं कि उन्हें रामचन्द्र शुक्ल का 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' तक भाता न था—अपर्याप्त लगता था—जबकि आचार्य शुक्ल के अध्यन श्रम की जैनेन्द्र कद्र करते थे। जयशंकर प्रसाद हों या निराला, महादेवी वर्मा हों या प्रेमचन्द—कोई भी रचनाकार जैनेन्द्र को पूरी तरह जज्ब नहीं करता है—वे बराबर अपनी मौलिक शक्ति की चिन्तन अकड़ को बरकरार रखते हैं। बुद्धिवाद से अबुद्धिवाद की ओर जाते हैं और मौन को मथते हैं।

जैनेन्द्र का कल्पनाशील मन सृजन-चिन्तन को फेंटकर एकसार कर देता है। खण्ड-खण्ड अनुभवों को कवि की भांति उनकी कल्पना रूपविधायिनी शक्ति से आकार देती है। गुलामी उन्हें पसन्द नहीं है न बौद्ध की न वेदान्त की, न मार्क्स की न फ्रा... की, न टाल्स्टाय की न गांधी की—वे स्वतन्त्र स्वनिर्मित बौ... मुक्तावस्था की आग से निकले रचनाकर्मी हैं। वे कहते हैं—... निकट यथार्थ का उतना मूल्य नहीं जितना कल्पना का है। यथार्थ तो कुछ है नहीं। कल्पना ही का सब खेल है।" ... बात को समझाते हुए कहा, "वस्तुतः असलियत सबके ... स्तर में है, बाहर नहीं। धरती के ऊपर सब कुछ सुन्... आग है। असलियत में सबके भीतर आग है।"—... कटटों, 'सुनीता' उपन्यास की सुनीता, 'त्यागपत्र' ... नारी पात्र हो जैनेन्द्र उनमें सुलगते मिलते हैं। ... बड़ा प्रबल है, बड़ा विद्रोही, बड़ा तूफानी। जीव... हरिप्रसन्न नारी सुनीता के सामने तुच्छ है—इनके ... के सामने पानी भरता है। कबीर ही जैनेन्द्र में गाते ... पुरुष की नारी झमाझम पानी भरै।" जैनेन्द्र की अ... पलायनवाद-भाग्यवाद नहीं है,वह कठिन 'कर्म की र... यज्ञशाला शब्द से आपको आपत्ति हो तो कहिए वह प... लपट का क्रान्तिकारी रुख है। जैनेन्द्र के नारी-पात्र हार... हैं—टूटकर चल देते हैं पर अपनी संघर्ष गाथा की अमिट छोड़ जाते हैं। पुराने आलोचक जैनेन्द्र की नैतिकता, अ... नर-नारी दृष्टि पर विचार करते हैं और उन्हें ठीक से समझ न पाते। ठीक बात है कि पुराने संस्कार और पुराने मूल्य मानों से जैनेन्द्र को नहीं समझा जा सकता। नया ही उन्हें नए आधुनिक बोध की दृष्टि से समझ सकता है। पुराने यदि उन्हें समझ पाते तो 'सुनीता', 'परख', 'त्यागपत्र' को लेकर ही शीर्षासन न कर रहे होते। उनके निबन्धों से कन्नी न काटते। 'परख' का 'चोखेरबाली' तथा 'सुनीता' का 'घरे-बाहरे' से साम्य दिखाकर ही गर्दन न ... जाते। वे उस रचना-प्रक्रिया की भी तलाश करते जो हाथरस में देखी हुई रुग्ण, वृद्ध, अवश महिला के भीतर से 'त्यागपत्र' सिरजता है और एक ऐसी सामाजिक चीख रचना के भीतर से निकालता है कि उससे आज भी समाज थरथरा रहा है। प्रमोद ... जज कांप रहा है—हाड़ फोड़ कर निकला दर्द है—'त्यागपत्र' जो पूरे समाज का नंगापन उजागर कर देता है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

2
• गिरिराज किशोर की कहानी
• जैनेन्द्र के चिन्तन पर कृष्ण दत्त पालीवाल का आलेख

रविवार्ता

नवभारत टाइम्स, 17 जनवरी, 1993

3
• विश्व शाकाहार सम्मेलन: शाकाहार से ही बचेगी धरती
• एम टी.वी.: अश्लीलता का भरापूरा पैकेज

1992 की छाप

1992 को गए दो सप्ताह बीत चुके हैं और 1993 की चहलकदमी भी साफ सुनाई देने लगी है। 1992 ने हमें जो दुख दिए इनकी छाप हमारे आगामी कर्मों पर बराबर रहेगी। निश्चय ही 1993 की चुनौतियों का सामना करते हुए हम अपनी पिछली गलतियों से सबक ले सकते हैं। हमारे मन को 1992 ने किस तरह प्रभावित किया, इसका विश्लेषण कर रहे हैं समाज के विभिन्न वर्गों के जाने माने लोग।

अपनी कमजोरियों से ही नुकसान हुआ

स.के. सिंह

ख्यात राजनयिक

विदेशनीति के किसी भी पहलू को कोई देश पूर्णरूप से तय नहीं कर सकता। क्योंकि और देशों में जो घटनाएं हैं उनका असर हमारी राजनीति, अर्थनीति एवं अन्य संस्थाओं पर पड़ता है। लिहाजा सारे संसार में लोग जो कहते हैं आगे की 'पालिसी प्लानिंग' होनी चाहिए, वह होनी तो चाहिए लेकिन वह हो नहीं पाती। क्योंकि आपको क्या मालूम आगे आने वाले समय में रूस-अमेरिका या पाकिस्तान की क्या सांठ-गांठ होगी। विज्ञान और टेक्नोलाजी के सिलसिले में, संसार के आर्थिक संबंधों पर क्या असर होगा, हम कह नहीं सकते। उदाहरण के लिए सद्दाम हुसैन के पागलपन को ही ले लीजिए, उसकी सनक ने पूरी दुनिया को परेशानी में डाल दिया। पहले इस बारे में तो किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।

इस पहलू से यदि आप सोचें कि 1992 कैसा वर्ष था, मैं सोचता हूं कि 1992 किसी भी देश के लिए अच्छा वर्ष नहीं था। यूरोप में अगर आप देखें तो आप पाएंगे कि अधिकांश देशों-इटली, जर्मनी, बालकन-देशों और खुद ब्रिटेन में भी लोगों में जातिवादी भावना आ गई है। उसको व्यक्त करने के तरीके अलग-अलग रहे हैं। जैसे फ्रांस में लापेन का मूवमेंट चला, जर्मनी में 'एंटीफासे' आंदोलन चला। वहां विदेशियों और तुर्कों के खिलाफ नव नाजीवाद शुरू हो गया। जबकि सोचा यह गया था कि एकीकरण के बाद जर्मनी में इस तरह के आंदोलन की गुंजाइश नहीं होगी। यूरोप के कई अन्य देशों में भी ऐसे आंदोलन चले। ब्रिटेन में तो खासकर मुसलमानों के खिलाफ मुहिम शुरू हुई है। वहां आयरिश समस्या तो पहले से [illegible] यूगोस्लाविया लिए टीटो दुनिया से लड़े उसके भी टुकड़े हो गए। इसके पीछे निश्चित रूप से बाहर वालों का हाथ था। कम्बोडिया के हालात भी बहुत अच्छे नहीं रहे।

यदि इन सबको आप देखें तो मैं समझता हूं कि हमारे पंजाब या कश्मीर में उग्रवाद थोड़ा पहले शुरू हो गया था। हमने उससे निपटने में कोई उतावलापन नहीं किया। हम सोचते है कि इस दौरान खासकर राजीव गांधी के शासन काल में हमने ब्रिटेन, जर्मनी और जापान आदि देशों से अपने संबंध सुधारने की कोशिश की। यदि ये देश हमारे खिलाफ होते तो आज बड़ी मुश्किल पड़ती। इस समय हमारे देश में आंतरिक स्थिति ठीक नहीं है। आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। हम इस सूरतेहाल में भी नहीं है कि हम अपनी शक्ति प्रदर्शित कर सकें। लेकिन अभी दुनियां में हमारे ऊपर कोई हमला भी नहीं कर रहा है। सभी अपनी-अपनी समस्याओं में फंसे हैं।

इसके अलावा यदि देखा जाए तो पिछले वर्ष पूरी दुनिया में आर्थिक मंदी का दौर रहा है। जापान जैसे देश भी इसके शिकार हुए है। जर्मनी पर भी इसका असर ज्यादा ही रहा है। अमेरिका में बहुत ज्यादा घोटला हुआ है जिसकी वजह से उन्होंने बुश को हटा दिया। अगर यह सब देखें तो यह स्पष्ट होता है कि पूरे विश्व में राजनैतिक, आर्थिक, सामरिक और स्ट्रेटजिक दृष्टिकोण से कमजोरी का समय रहा है। इस दौरान जनमानस की गलत प्रवृत्तियां ज्यादा उभरी, सही प्रवृत्तियां दब गई। रूस में पूर्वी यूरोप में कोई संतुष्ट नहीं है।

जहां तक विदेशनीति का सवाल है, वह कोई गुलाब का फूल तो है नहीं जिसे जिस तरह चाहो सजा लो। यह तो विश्व की घटनाओं और अन्य देशों की स्थितियों के अनुरूप बनती बिगड़ती है। यदि हम सारी स्थिति को देखे तो हम यह कह सकते हैं कि हमारी अपनी कमजोरियों का नुकसान हमें राष्ट्रीय जीनव में अधिक हुआ है। अंतरराष्ट्रीय जीवन में हमें इससे सहानुभूति ही मिली है।

जहां तक अमेरिका में नेतृत्व परिवर्तन का प्रश्न है-मैं समझता हूं कि क्लिंटन की जीत का कोई खास असर हमारे देश में नहीं पड़ेगा। क्लिंटन को पहले अपनी आर्थिक नीति दुरुस्त करनी होगी। रेगन और बुश ने हाउसिंग, एजूकेशन और वेलफेयर पर खर्च, में जो कटौती की वह फिर शुरू करनी होगी। [illegible] पुनर्गठन होगा। लेकिन मेरा विचार है कि हमारे जैसे अमेरिका से संबंध रहे हैं। उस हिसाब से ठीक ही निभा जाएगा बशर्ते कि हम कोई बड़ी गलती न करें।

जहां तक रूस के बिखरने का प्रश्न है-उसका हमारे देश की आर्थिक स्थिति पर भारी असर पड़ा है। लुधियाना की हौजरी और आगरा का जूता उद्योग तो लड़खड़ा ही गया है। हमारे आपसी लेन देन, सैन्य हथियारों के कलपुर्जों की आपूर्ति व अन्य तकनीकी समझौतों पर भी खराब असर हुआ है।

यदि उसके बाद देखे तो दो फायदे भी हुए हैं। पहला यह कि अब किसी भी माल के साथ उसकी तकनीक देने के लिए भी वे तैयार हो गए हैं। दूसरा यह है-कि हालांकि रूस का जीवन दर्शन बरसों तक पूरी तरह साम्यवाद के असर में रहा है। वहां शिक्षा का प्रतिशत भी ज्यादा है। लेकिन फिर भी वहां अब [illegible] है। साथ ही उनकी जो उत्पादन क्षमता विभाजित हुई है वह हमारा लाभ ही करेगी। इसके अलावा यदि हम देखे तो इस विभाजन से अब मध्य एशियाई देश भी स्वतंत्र हो गये हैं। अब एक संतुलन आ गया है। इस संतुलन का हम अपने हित में कैसे प्रयोग करें यह हमारे ऊपर ही निर्भर है। अतः यह विभाजन ठीक ही है।

जहां तक हमारे देश की घटनाओं का सवाल है, दुनिया में उनका अच्छा असर नहीं पड़ा है। आगे भी खराब ही होगा। हमारे सत्य अहिंसा के सिद्धांतों की वजह से दुनिया हमको एक सहनशील देश समझती थी। अयोध्या में जो कुछ हुआ है उसने हमारी 'सहनशील' वाली छवि को आघात पहुंचाया है।

पाकिस्तान के साथ भी हमें अपनी क्षणे तुष्टा और क्षणे रुष्टा वाली छवि को ठीक करना होगा। अभी हम 'कनफ्यूज' है। हमें एक स्ट्रिक्ट लाइन तय करनी होगी वरना सुधार की गुंजाइश कम है।

वैसे कुल मिलाकर जहां तक हमारी विदेश नीति में खामियों का प्रश्न है-इसमें बहुत खामियां है। लेकिन मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा। क्योंकि मैं स्वयं चार साल तक इसका हिस्सा रहा हूं। बस इतना ही कहूंगा कि जब देश की आंतरिक स्थिति कमजोर हो तो विदेश नीति आगे नहीं चल सकती। हमारे देश की यही स्थिति है। यह स्थिति इसलिए है कि हमारे देश के सभी नेता छिछोरे हैं। और इन लोगों का पाखंड और जनता के साथ जो धोखाधड़ी है, उसने हर मोर्चे पर बंटाढार किया है।

प्रस्तुतिः अरुण दीक्षित



रेखांकनः नीलाभ

धर्म को शिक्षा से न जोड़ने का परिणाम

कपिला वात्स्यायन

प्रख्यात सांस्कृतिक चिंतक

मेरे मन में काल की बात है। उसकी गणना की बात है। हम उसका मूल्यांकन भी करते हैं तो काल की अवधि में करते हैं। लेकिन उसे एक बड़ी अवधि में देखा जाए तो जो 1992 में हुआ है, वह भूत के कारण भी हुआ है। हम इस धारणा से ग्रस्त रहे हैं कि जो वर्तमान या भविष्य होगा, वह भूत से प्रगतिशील होगा, प्रेरित होगा। लेकिन पिछले वर्ष दुनिया के सामने सबसे बड़ा जो विकल्प पैदा हुआ, वह यह कि काल के एक सोपान से दूसरे सोपान पर जाने की जो धारणा थी, वह टूट गई। मनुष्य हमेशा विकास करता जाएगा, यह धारणा सारे विश्व में खंडित हुई है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण सोवियत संघ का टूटना है। इस देश का सत्तर वर्ष के काल की ऐतिहासिक धारणा का संगठन विलुप्त हो गया।

यूएनडीपी ने भी माना कि अमेरिका प्रेरित भूमंडल का एक जो शब्द है, विकास, उसकी परिभाषा फिर से देनी पड़ेगी। अमेरिका, जिसने हमेशा अपने को प्रथम शक्ति माना, वैचारिक स्तर पर उसे अहसास हुआ कि एकरूपीकरण का सिद्धांत गलत है। उन्होंने बहुरूपीकरण को महत्व दिया।

राष्ट्रीय स्तर पर लें तो बहुत सालों बाद देश में अनेक जगह पर छोटे-छोटे संगठन बने और नई पीढ़ी ने रचनात्मक सोच के तहत काम किया। चाहे 'एकलव्य' वाले हों या तिलोकिया राजस्थान-महाराष्ट्र के कुछ स्वयंसेवी संगठनों के लोग-इनके काम पश्चिम के 'विकास' की अवधारणा के विरुद्ध हैं। चिंतन के स्तर पर हमें पूर्णत्व के भारतीय सिद्धांत की प्रासंगिकता का अहसास बहुत गहरे हुआ। सारी जातियां, जीव और धर्म एक दूसरे के पूरक हैं। उसी विराट के अंग-प्रत्यंग है और एक दूसरे पर अवलंबित है। ये निष्कर्ष आज नहीं तो कल राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज नीति में जरूर परिवर्तन लाएंगे।

हाल ही में जो कुछ हुआ, वह हिंदू-मुस्लिम संघर्ष नहीं कहा जा सकता। वह तो हमारी खंडात्मक दृष्टि का परिचायक है। हमने कहा कि केवल आर्थिक विकास होना चाहिए, लेकिन यह नहीं कहा कि मूल्यों का सामंजस्य होना चाहिए। मनुष्य किसी धर्म को निष्ठा से जिए, इस बात को शिक्षा की किसी भी नीति में स्थान नहीं [illegible] धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा में परिवर्तन लाने की जरूरत है। धर्म को राजनीति और विखंडन से जोड़ना गलत है।

जल्दबाजी में उठा एकतरफा कदम

वीरेंद्रकुमार भट्टाचार्य

अध्यक्ष, साहित्य अकादमी

बीता साल एक चुनौती भरा साल था। इस साल धर्म, लोकतंत्र, समाजवाद और सबसे अधिक राष्ट्रवाद की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती दी गई। यह चुनौती मोटे तौर पर यथास्थितिवादी तत्वों ने दी। इन शक्तियों ने हिंदू और मुसलमान के सांप्रदायिक सोच को बढ़ावा दिया। देश के विभिन्न समुदाय संकुचित ढंग से अलग-अलग संगठित होते रहे। वे लोकतांत्रिक समाजवाद, गांधीवाद या साम्यवाद की विचारधारा के अंतर्गत कतई गोलबंद नहीं हुए। इन विचारधाराओं की भी यह असफलता रही कि वे देश की संकुचित शक्तियों को राष्ट्रीय राजनीति की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बना सके। इस साल दबे-कुचले समुदायों में निराशा का भाव और गहरा हुआ। उन्होंने आतंकवाद और अलगाववाद से अपने को जोड़ना चाहा। वर्ष के अंत तक अयोध्या विवाद के प्रसंग में राजनीति के मंच पर हिंदुत्व और इस्लाम का टकराव सामने आया। देश की धर्मनिरपेक्ष और मानववादी बौद्धिक शक्तियां हिल गई। इन शक्तियों के पास सांप्रदायिक चुनौतियों से टकराने का कोई साधन नहीं था। राजनीति के संप्रदायोन्मुख हो जाने की वजह से मतदाता के स्तर पर कांग्रेस (इ) जैसी धर्मनिरपेक्ष पार्टी कमजोर हुई। सिर्फ अतीत के गौरव को याद करते हुए कोई जिंदा नहीं रह सकता। कला, धर्म, सांस्कृतिक विरासत आदि के बारे में रचनात्मक वैज्ञानिक और मानववादी दृष्टिकोण यह है कि उसकी स्थानीय विशेषताओं को अनिवार्य रूप से बरकरार रखा जाए।

1992 का साल धर्म की पराजय का साल है। सांप्रदायिक शक्तियों ने सत्ता पर कब्जा करने के लिए धर्म को अफीम की तरह इस्तेमाल किया ताकि यथास्थितिवाद को बढ़ावा दिया जा सके।

'हिन्दुत्व' से जुड़ी शक्तियों ने एकतरफा और जल्दबाजी में कदम उठाया। सारा देश दंगों की चपेट में आ गया। बांग्लादेश और पाकिस्तान में भी उसकी लहर पहुंची। क्या हिंदुत्व और इस्लाम मंदिर या मस्जिद तोड़ने तथा दंगे की इजाजत देते हैं? क्या किसी धर्म में मनुष्य से घृणा करने की इजाजत है। मैं उम्मीद करता हूं और मेरी प्रार्थना है कि 1993 का वर्ष धर्मों के बीच सच्ची बातचीत का वर्ष हो। इससे धर्मों की एकता स्थापित होगी।

1992 की साहित्यिक दुनिया के बारे में विचार करते हैं तो हम पाते हैं कि साहित्यिक पत्रिकाएं तेजी से बंद हो रही हैं। हिंदी में 'साप्ताहिक हिंदुस्तान' का प्रकाशन स्थगित होना दुःखद है तो बंग्ला में 'देश' जैसी पत्रिका का पाक्षिक होना तकलीफदेह। रचना की दुनिया में एक और घटना परेशान करने वाली है। साहित्य अकादमी भारत के स्वाधीन लेखकों की स्वायत्त संस्था है, लेकिन 1992 में सरकार ने इस स्वायत्तता में हस्तक्षेप करने के लिए पहल की। वह अकादमी के संविधान में संशोधन करवाकर उसके अध्यक्ष और जनरल कौंसिल के चुनाव में दखल देना चाहती है। अकादमी के आदि नियोजक पंडित नेहरू, डॉ. राधाकृष्णन और मौलाना आजाद इसके विरुद्ध थे। 1993 का वर्ष ऐसे हस्तक्षेपों के विरुद्ध संघर्ष का वर्ष होगा।

प्रस्तुतिः [illegible]

यूगोस्लाविया लिए टीटो दुनिया से लड़े उसके भी टुकड़े हो गए। इसके पीछे निश्चित रूप से बाहर वालों का हाथ था।

पुनर्गठन होगा। लेकिन मेरा विचार है कि हमारे जैसे अमेरिका से संबंध रहे हैं। उस हिसाब से ठीक ही निभा जाएगा बशर्ते कि

है। साथ ही उनकी जो उत्पादन क्षमता विभाजित हुई है वह हमारा लाभ ही करेगी। इसके अलावा यदि हम देखें तो इस

गुंजाइश कम है। वैसे कुल मिलाकर जहां तक हमारी विदेश नीति में खामियों

धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा में परिवर्तन लाने की जरूरत है। धर्म को राजनीति और विखंडन से जोड़ना गलत है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जम्मू तावी और कन्याकुमारी के बीच की दूरी कौन कम कर सकता है ?

ज़्यादा तेज़, सहज और सुरक्षित सफ़र। ABB तकनॉलजी के सहारे ही भारतीय रेल, आधुनिकीकरण के नए युग में क़दम रख रही है। वह भी, हज़ारों किलोमीटर की मौजूदा पटरियां बदले बग़ैर। हम इसे कहते हैं, स्टेट - ऑफ़ - द - आर्ट ऊर्जा दक्ष परिवहन प्रौद्योगिकी। आप कहेंगे, क्या ग़ज़ब! अपनी विशाल प्रौद्योगिकीय क्षमताओं और संसाधनों द्वारा ABB, भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल तेज़ - गति लोकोमोटिव विशेष रूप से डिज़ाइन कर रही है। आज भारत में चलने वाली डीज़ल और इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में हैं, ABB द्वारा सप्लाई किए हुए कई महत्वपूर्ण उपकरण - जैसे टैप चेंजर, टर्बो चार्जर, एसी ब्रेकर और आधुनिक सिग्नलिंग उपकरण।

परिवहन। एक और क्षेत्र जिसमें ABB तकनॉलजी आपके जीवन को महत्वपूर्ण रूप से बदल रही है।

ABB ग्रुप के ८००० से भी ज़्यादा लोग भारत में दस स्थानों पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं, आपका सफ़र सहज - सुहाना बनाने के लिए। और भारत को एक सुनहरे, सार्थक भविष्य की ओर ले जाने के लिए। एक ऐसे अटूट विश्वास के साथ, जिसे जगा सकती है केवल प्रौद्योगिकीय क्षमता।

ABB.

ABB भारत। भारतीय परिवहन को सही पटरी पर ला रहे हैं, आठ हज़ार भारतीय।

- विद्युत - शक्ति उत्पादन
- विद्युत - शक्ति संचरण
- विद्युत - शक्ति वितरण
- औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स व प्रणालियां
- परिवहन
- पर्यावरणीय प्रणालियां

असेया ब्राउन बोवेरी लिमिटेड, ३१, मिल्लर रोड, बैंगलूर ५६००५२

ABB
ASEA BROWN BOVERI

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Ancient coins of foreign countries

England
One penny (1928, 1920, 1914 and 1919)
Two Shilling (1948)
One Shilling (1947, 1957)
Three pence (1937)
Six pence (1962 and 1946)
½ New penny (1979

Canada (und. Eng)
One Cent (1985)

Ceylon (und. Eng)
10¢ (1944 and 1944)
5¢ (1945, 1945, 1945, 1943, 1942)
50¢ (1943, 1943)

East Africa (present Kenya) (und Eng)
10¢ (1942)
1 Shilling (1948)

Malaya and British Borneo (und Eng)
10¢ (1961)

Mauritius
10¢ (1971)

New Zealand (und Eng)
Six pence (1948)

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Seychelles (und Eng)
Half Rupee (1971)
USA
One Cent (1940
Philipines (und. USA)
One Centavo (1941)
Mocambique (und. Portugal)
50 Centavos (Gillette) (1951)
50 Centavos (Copper) (1957
Angola (und Portugal)
50 Centavos 1956
Afghanistan
25 pouly (1932)
10 pouly (1896)
5 pouly (1911)
Colombia
2 pesos 1979
Jordan
5 Fils (949)
Malta
1¢ (1972

19.6.90
The Supervisor

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भारतीय मृण्मूर्ति कला के पांच हजार वर्ष

माटी रे माटी, तेरे कितने रूप !

● डा. गायत्री नाथ पंत

छाया : एन. शाह सौजन्य, राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली

मातृ देवी : मोहनजोदड़ो (ई.पू. २३००)

हिरण्यधनुष के पुत्र भील बालक एकलव्य को तिरस्कृत कर विद्यादान से विमुख करने हेतु इतिहास भले ही द्रोणाचार्य को कभी क्षमा न करे, पर वह एकलव्य का सदैव ऋणी रहेगा जिसने गुरु द्रोण की मिट्टी की प्रतिमा बना कर, उसी के समक्ष अभ्यास कर, अक्षय कीर्ति प्राप्त कर ली। यह किसी भी भारतीय का सर्वप्रथम मिट्टी निर्मित व्यक्ति चित्र (पोर्ट्रेट स्कल्पचर) था, जिसे बनाया था उस निषाद बालक ने — बदले में दाहिने हाथ के अंगूठे की गुरु-दक्षिणा भी देनी पड़ी थी। वैसे भारत में मिट्टी की मूर्तियां बनाने की परंपरा एकलव्य से भी कई हजार वर्ष पुरानी है जो आज भी बदस्तूर जारी है। मृण्मूर्तियों का उद्भव नवपाषाण युग (नियोलिथिक, लगभग दस हजार वर्ष पूर्व) से माना जाता है जब मानव ने खानाबदोशी जीवन त्याग कर स्थायी जीवन जीना प्रारंभ किया, कृषि शुरू की, पशु पालने लगा और तभी जाने-अनजाने उसने मिट्टी की अनगढ़ मूर्तियां बना डालीं। बस शुरू हो गई एक कभी न खत्म होने वाली कहानी — माटी की मूर्तियों की कहानी।

तकनीकी तौर पर 'टेराकोटा' का अर्थ है 'पकी हुई मिट्टी की चीजें'। साधारण मिट्टी की प्रतिमाएं तो कुछ देर भी ठहर नहीं सकतीं — जरा धूप लगी, चिटक गई। जरा पानी पड़ा, गल गई। यहां जिस मृण्मूर्ति की कला की चर्चा है, वह 'टेराकोटा आख्यान' ही है। वह भी केवल 'टेराकोटा की मूर्तियों की दास्तान'। वरना मिट्टी के उपयोग, स्वरूप, वर्गीकरण तो 'हरि अनंत हरिकथा अनन्ता' ही है।

तो मृण्मूर्तियों की आदिजननी है मोहनजोदड़ो, हड़प्पा में पाई गई 'मातृदेव' सैकड़ों की संख्या में प्राप्त ये मूर्तियां इतनी अनगढ़, इतनी बेडौल, इतनी देहाती हैं कि विश्वास नहीं होता कि जिन हाथों ने 'मोहनजोदड़ो की कांस्य नर्तकी' का सृजन किया होगा क्या उन्हीं कारीगरों ने इन बेढंगी मातृदेवियों को भी निर्मित किया होगा। हां, यही ध्रुवीय विविधता है भारतीय संस्कृति में। आज की दीपावली में पूज्य मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश उतने ही अनगढ़ हैं — आज भी गांव-गांव में प्रतिस्थापित 'ग्राम देवता' उतने ही बेसुरे हैं। तो क्या हुआ ? इससे हमारी आस्था तो कभी कम नहीं हुई — हमारी निष्ठा तो कभी नहीं डगमगाई। मातृदेवियों के अलावा राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में सिंधुयुगीन अन्य तमाम प्रतिमाएं भी हैं, विशेष दृष्टव्य है एक गर्भवती महिला की नग्न मूर्ति। फल कुतरती हुई गिलहरी, पेड़ पर चढ़ते हुए बंदर, सिर हिलाते पशु, गुर्राते हुए बैल, ठोस पहियायुक्त बैलगाड़ी, तरह-तरह की सीटियां और खिलौने-सभी पकी हुई मिट्टी के — सभी एकदम वास्तविक। इन्हें हाथों से ही थपथपा कर बनाया जाता था और खुली भट्टियों में पका लिया जाता था।

तकनीकी रूप से मृण्मूर्ति निर्माण प्रक्रिया के चार सोपान हैं और प्रत्येक के कई उपसोपान भी। पहली बात है 'मिट्टी का चयन एवं उसे गूंधना'। यों तो इस काम के लिए कोई भी मिट्टी प्रयोग की जा सकती है पर नदी की तलहटी तथा कछारी (एलूवियल) भूमि से प्राप्त मिट्टी ज्यादा उपयोगी मानी गई है। मिट्टी चुन लेने के बाद उसमें से कंकड़, पत्थर आदि निकाल कर उसे साफ किया जाता है। इसे 'वाशिंग' कहते हैं। फिर उस मिट्टी को कूट कर समतल करके उसमें चावल की भूसी, राख, बालू, गोबर तथा गोंद मिलाया जाता है (मिक्सिंग) ताकि मूर्ति आसानी से न चिटके, न मुड़े, न टूटे। फिर इस मिश्रण में पानी डाल कर हाथ या पैरों से गूंधा जाता था (टेम्परिंग) और रोटी वाले आटे की भांति कड़ा कर लिया जाता था। अब दूसरा सोपान प्रारंभ होता है जिसे 'निर्माण प्रक्रिया' कहा जाता है (फार्मिंग प्रोसेस)। इसके अंतर्गत हाथ थपथपा कर, दबा कर बनाना (माडलिंग), किसी साये (एकतरफा अथवा दुतरफा) में ढाल कर बनाना (मोल्डिंग), किस अन्य रूप से चांपना, ऐंठना या गढ़ना (पिचिंग), कुंडली से बनाना (क्वायल बिल्डिंग), अथवा चाक का उपयोग करना (व्हील थ्रोयिंग) शामिल था। तीसरा सोपान है 'आग में पकाना' जिसके अंतर्गत आग का तापमान, भट्टी का स्वरूप, ईंधन का उपयोग तथा आक्सीकरण (आक्सीडाइजिंग) अथवा आग को घटाना (रिडक्शन) जैसी प्रक्रियाएं सन्निहित हैं। चौथा तथा अंतिम सोपान है साजसज्जा जिसमें शामिल है रंग का घोल लगाना (स्लिप), चित्र बनाना (पेंट), उकेरना, उभारना आदि (एप्लीकेशन) तथा चमक पैदा करना (ग्लेज़)। मिट्टी की मूर्तियां बनाने के औजार तथा उपकरणों में कुछ इस प्रकार हैं — लकड़ी के मुंगरी या थापी (बीटर्स), तरह-तरह के सांचे, तेजधार वाले औजार (ब्लेड) जिससे काटना, तराशना, खुरचना, उकेरना संभव हो ; चाक (जिससे शरीर या उसके किसी अंग का निर्माण किया जाता है) ; तरह-तरह के ठप्पे (स्टाम्प) आदि। कुम्हार के चाक का आविष्कार हड़प्पाकालीन युग में हो गया था, सांचों का प्रयोग मौर्यकाल (तीसरी शती ई.पू.) से प्रारंभ हुआ। पर उस समय ये एकतरफा थे, दुतरफे

गंगा : गुप्त काल (५वीं शती)

सांचे शुंगकाल (पहली-दूसरी शती ई.पू.) में प्रारंभ हुए और उनका बहुतायत से उपयोग हुआ। भट्टी का प्रयोग यों तो सिंधु सभ्यता से प्रारंभ हुआ पर तब ये भट्ठियां खुली हुई (पिट ओवन) चूल्हे जैसी थीं। यदि भट्टी बंद हो तो पकी हुई मिट्टी काली हो जाएगी, पर यदि भट्टी खुली हो तो मिट्टी के बर्तन या मूर्ति का रंग लाल या भूरा होगा। एन.बी.पी. (नार्थ इंडियन ब्लैक पालिश्ड वेयर) के समय भट्ठियां बंद थीं। रंग खनिज पदार्थों (मिनरल) या जैविक (आर्गेनिक पिगमेंट), फूल पत्तियों, आदि से प्राप्त किया जाता था। इन रंगों को पानी में घोल कर उसमें गोंद मिलाया जाता था। चमकदार (ग्लेजिंग) टेराकोटा यद्यपि मौर्यकाल में भी मिले हैं, पर मुगलों से पूर्व ग्लेजिंग बहुत दुर्लभ थी।

'सिंधु सभ्यता (२३०० ई.पू.) के बाद की मिट्टी की मूर्तियां इनामगांव तथा नेवासा (दोनों महाराष्ट्र) की खुदाइयों से प्राप्त हुई हैं जिनकी तिथि १५०० ई.पू. है। ये भी हाथ से बनी एवं खुरदरी हैं। लगभग साढ़े तीन हजार वर्ष पूर्व के एक खिलाड़ी की मूर्ति इस समय राजकीय



जहाज और नाविक (१८वीं शती)

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुरातत्व संग्रहालय, कलकत्ता में प्रदर्शित है तो पाकिस्तान की स्वात घाटी से प्राप्त १५०० ई.पू. की एक नारी प्रतिमा इस समय मेट्रोपोलिटन म्यूजियम आफ आर्ट, न्यूयार्क, अमेरिका में है ।

मिट्टी की मूर्ति में मौर्ययुग का विशेष योगदान है । पटना संग्रहालय में रखी हुई, बुलंदीबाग की खुदाई से प्राप्त २७¾से.मी. ऊंची लाल मिट्टी की, हाथ से बनाई गई 'नर्तकी' हाल ही में भारत महोत्सव के उपलक्ष्य में अमेरिका गई थीं । इसी संग्रहालय में १२¾से.मी. का 'मुस्कराते हुए बालक का शीर्ष' प्रदर्शित है, वह भी बुलंदीबाग से ही मिला है । ब्रुकलिन संग्रहालय, न्यूयार्क में भूरे रंग के एक 'भिक्षु' पद्मासन में बैठे हैं जो मौर्यशैली में तीसरी शती ई.पू. में मथुरा में, हाथ से निर्मित किये गये थे । पर इन सभी को मीलों पीछे छोड़ देती है वह 'नग्न नारी' जो इस समय म्यूजियम आफ फाइन आर्ट, बोस्टन, अमेरिका में विद्यमान है । भूरे रंग की, हाथ से, मौर्य शैली में, मथुरा में गढ़ी हुई यह निरावरण अनिंद्य सुंदरी मथुरा से बोस्टन कैसे पहुंची ? राम जानें या फिर तस्कर बंधु । मौर्ययुगीन मिट्टी की मूर्तियां कुम्राहार, चंद्रकेतुगढ़, पटना तथा तामलुक (सभी पूर्वी भारत में) से भी प्राप्त हुई हैं । ये अधिकांश में हाथ से निर्मित हैं ।

शुंग काल (पहली-दूसरी शती ई.पू.) के आते ही सांचे का धड़ाधड़ उपयोग होने लगा । पूरी मूर्ति तथा लंबे-लंबे फलक (पेनैल) सभी सांचों (मोल्ड) से बनने लगे । तामलुक, चंद्रकेतुगढ़, मथुरा, कौशाम्बी सभी स्थलों की खुदाइयों से शुंगकालीन मोल्ड में बनी मूर्तियां उत्खनन से प्राप्त हुई हैं । नारी प्रतिमा अभी भी पूरी तरह नग्न थी । दरअसल अभी तक भारतीय मूर्तिकार वह तकनीक नहीं ढूंढ़ पाया था जिससे वह नारी के गोपनीय अंगों को दिखा भी सके और अश्लीलता भी न दिखे । इस दिशा में यूनानी मूर्तिकार सिद्धहस्त थे । भारत में कुषाणकालीन मूर्तिकार ने नग्नता को कलात्मक रूप से छिपाने की कला ढूंढ़ निकाली जो बाद में गुप्तकाल में सर्वोच्च शिखर पर पहुंची । शुंगकालीन एक नारी आक्सफोर्ड के 'ऐशमोलियन संग्रहालय' में दर्शनीय है । २१ से.मी. ऊंची तथा १० से.मी. चौड़ी, तामलुक (पश्चिम बंगाल) में, दूसरी शती ई.पू. में, निर्मित इस अकेली तन्वंगी ने जितने आभूषण पहन रखे हैं वह उसके पहले और उसके बाद में किसी भी किशोरी ने नहीं पहने । सिर के ऊपर के शिरोवस्त्र में लगे पांच शखनुमा आभूषण (पंचचूड़), सिर के बालों में उलझी हुई मोतियों की लड़ियां, माथे से झूलती टीका, कान में लटकते हुए भारी एवं लंबे कर्णफूल, गले में विविध प्रकार के छोटे तथा लंबे तमाम हार, हाथ में बाजूबंद, कैयूर, कंगन, कमर में पांच लड़ियों वाली मेखला — कहां तक गिनाएं । वह रमणी न हो कर आभूषण की एक पूरी दुकान ही है । किसी दूतावास के कर्मचारी की कृपा या भारतीय कस्टम पदाधिकारी के योगदान से यह ललना आज आक्सफोर्ड में इठला रही है, वरना तामलुक में पड़ी सड़ती रहती ।

मांडला पट्टिका (८-९वीं शती)

सातवाहन नरेशों ने चार सौ वर्षों तक (दूसरी शती ई.पू. से दूसरी शती ई.) आंध्रप्रदेश एवं दकन में राज्य किया । यहां अधिकतर पशु प्रतिमाएं मिली हैं जो दुतरफे सांचे में ढाली गई हैं, पर अंदर से खोखली हैं । अब पोली प्रतिमाएं बनाने की परंपरा प्रारंभ हो गई । सातवाहन घोड़ों तथा हाथियों के काठी, हौदे, लगाम, अंकुश तथा साजसज्जा देखते ही बनती है । दक्षिण भारत में फिर कभी मिट्टी की इतनी उत्कृष्ट मूर्तियां नहीं बनीं — कम से कम अगले हजार-बारह सौ वर्षों तक तो कतई नहीं ।

उत्तर भारतीय कला इतिहास में कुषाणों का आगमन (प्रथम से तृतीय शती ई.) एक गुदगुदाने वाली घटना है । गान्धार (जो आज पाकिस्तान में है, आधा अफगानिस्तान में) कभी कुषाण साम्राज्य का भाग तथा कला और व्यापार का प्रमुख केंद्र था । यहां पत्थर, गच (स्टको) तथा मिट्टी की अनगिनत मूर्तियां बनीं । इन मूर्तियों पर रोमन, यूनानी, सीरियन, ईरानियन तथा मध्य-एशियाई प्रभाव स्पष्ट है । इसी समय भीमकाय (आदमकद से भी कई गुना बड़ी) प्रतिमाओं के निर्माण का उदय हुआ जो अंदर से खोखली थीं । तीन विशाल प्रतिमाओं (श्री लक्ष्मी, हरिति तथा कुबेर) के शीर्ष कौशाम्बी के एक मठ से मिले हैं ।

पगड़ी युक्त पुरुष शीर्ष (१-४थी शती)

वाराही शीर्ष (छठवीं शती)

बुद्ध : गांधार (तीसरी शती)

गुप्तकाल (चौथी-छठी शती ई.) तो था ही स्वर्णयुग । अब मिट्टी की मूर्तियों में बाह्य अलंकरण के स्थान पर उनकी शरीर रचना, हाव-भाव एवं आंतरिक गुणों को उभारने पर ज्यादा ध्यान दिया गया । राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में गंगा और यमुना की मिट्टी दो मानवाकार अद्भुत मूर्तियां हैं — 'न भूतो न भविष्यति' । ये दोनों अहिच्छत्र (बरेली, उत्तर प्रदेश) से प्राप्त हुई हैं एवं पांचवीं शती ई. में गुप्त शैली में निर्मित की गई थीं । बगैर किसी आधार के, शुद्ध मिट्टी की ये प्रतिमाएं भारतीय मृण्मूर्ति कला के कीर्तिमान हैं । मकर पर खड़ी हुई गंगा तथा कच्छप पर खड़ी हुई यमुना इतनी लावण्यमयी, इतनी रमणीय, इतनी आकर्षक हैं कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह जाता है । इसी संग्रहालय में गंगा-यमुना के पास ही अहिच्छत्र से ही प्राप्त 'शिव एवं पार्वती के शीर्ष', 'अर्द्धनारीश्वर का शीर्षभाग', 'व्रतलीन गौतम बुद्ध' आदि प्रतिमाएं भी प्रदर्शित हैं । इस समय लंबे-लंबे टेराकोटा पैनल (फलक) निर्मित किये गये जिनमें रामायण, महाभारत, स्वप्नवासवदत्ता, नलदमयंती, आदि कथाएं चित्रित हैं । मीरपुर खास (सिंध, पाकिस्तान) तथा देवनीमोरी (गुजरात) के बौद्ध मठ में बौद्ध जातक कथाएं तथा राजस्थान के रंगमहल में हिन्दू आख्यान टेराकोटा पैनल पर उकेरे गये हैं । दकन कालेज, पुणे में नागरी (राजस्थान से प्राप्त पांचवीं शती का गुप्तकालीन फलक है जिसमें एक बतख उकेरी गई है । किमबेल आर्ट म्यूजियम फोर्टवर्थ, अमेरिका में चार हाथों वाले मिट्टी के गणेश हैं जो एक लाल टाइल पर उभार कर बनाये गये हैं । गणेश की मूर्तियां बननी ही गुप्तकाल में प्रारंभ हुई थीं क्योंकि इसके पहले वे देवता माने ही नहीं गये थे, मात्र गण थे । अतः ५० से.मी. ऊंची और ६७ से.मी. चौड़ी यह 'गणेश टाइल' एक दुर्लभ कृति है । राजकीय पुरातत्व संग्रहालय, कलकत्ता में वाराही का शीर्ष है जो अपने तरह की सर्वप्राचीन तथा वाराही की सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा है । मिदनापुर (पश्चिमी बंगाल) में गुप्तकाल में, हाथ से निर्मित, ३० से.मी. ऊंची वाराही (विष्णु ने जब सुअर का रूप धारण कर धरती को रसातल से निकाला था तब लक्ष्मी वाराही बनी थीं) की यह प्रतिमा दुर्लभ भी है एवं असाधारण भी ।



मिथुन : महास्थानगढ़ (आठवीं शती)

युवा (छठवीं शती)

यक्षी : पं. पंचचूड़ा (ई.पू. २०० शती)

पाल वंश (छठी से बारहवीं शती ई.) बिहार के अन्तिचक तथा बांग्लादेश के पहाड़पुर तथा मैनामती नामक स्थलों पर ८-९ वीं शती में निर्मित इंटों के बौद्ध मठ पाये गये हैं जिन पर टेराकोटा फलक हैं और उन फलकों पर बौद्ध कथायें उत्कीर्ण हैं । ईंटों से बने तथा टेराकोटा फलक से सजे मंदिर देवनीमोरी (गुजरात), भीतरगांव, श्रावस्ती, अहिच्छत्र (सभी उत्तर प्रदेश), हारवान (कश्मीर), नागरी (राजस्थान), में भी मिले हैं ।

भारत के मुस्लिम शासकों के भले ही हम विविध कला क्षेत्रों में कितने भी ऋणी क्यों न हों, यह एक कटु सत्य है कि ग्लेज्ड टाइल को छोड़ कर मुस्लिम संस्कृति में टेराकोटा कला का कोई स्थान नहीं है । हिन्दू एवं बौद्ध धर्म के पतन के साथ ही मंदिरों तथा मठों को टेराकोटा फलकों से सजाया जाना समाप्त हो गया, पर लोककला के रूप में यह फलती-फूलती रही और आज भी जीवंत है । विक्टोरिया एंड एलबर्ट म्यूजियम, (लंदन) में दस सिर वाले रावण की प्रतिमा है जो २२×२७ से.मी. के फलक पर उत्कीर्ण है । यह १७वीं शती ई. में पश्चिमी बंगाल में बनाई गई थी । कलकत्ता विश्वविद्यालय के आशुतोष संग्रहालय में १८वीं शती में निर्मित एक टेराकोटा टाइल है जिसमें उभार कर जहाज तथा नाविकों को उत्कीर्ण किया गया है । तमिलनाडु में मिट्टी के 'अय्यनार' तथा 'वीरन' बनाने की परंपरा आज भी बरकरार है । तमिलनाडु के प्रत्येक ग्राम के मंदिर में ग्रामदेवता के रूप में अय्यनार स्थापित हैं जो घोड़े पर सवार, अस्त्र-शस्त्र से सज्जित ग्राम की रक्षा करते हैं।तमिलनाडु में ही पूजा-अर्चना, उत्सव तथा अंतिम संस्कार में विविध प्रकार के खोखले मिट्टी के बर्तन प्रयोग में लाये जाते हैं जिनके बाहर अक्सर वीरन की प्रतिमा बना दी जाती है । वीरन अय्यनार के सेवक हैं । दीपावली के गणेश-लक्ष्मी हों या तमिलनाडु के अय्यनार-वीरन, पश्चिमी बंगाल के बांकुरा नामक स्थान पर निर्मित लंबी गर्दन वाले घोड़े हों या गुजरात के हवेलियों के टेराकोटा पैनल ; गांवों के ग्रामदेवता हों या मेलों उत्सवों में बिकने वाले खिलौने ; पूजा-अर्चना के बर्तन हों या दीपलक्ष्मी, माटी की सुगंध भारतीय संस्कृति के रग-रग में रची बसी है ।

संदर्भ ग्रंथ

१. एमी.जी. पोस्टर	'फ्राम इंडियन अर्थ' (भारत महोत्सव के उपलक्ष्य में ब्रुकलिन संग्रहालय न्यूयार्क में हुई भारतीय मृण्मूर्ति प्रदर्शनी) (जनवरी १७ से अप्रैल २४, १९८६ तक का केटालाग)
२. बी. सरस्वती	'पाटरी मेकिंग कल्चर्स एंड इंडियन सिविलाइजेशन' (नई दिल्ली, १९७८)
३. एस.सी. काला	'टेराकोटाज इन दि इलाहाबाद म्यूजियम' (नई दिल्ली, १९८०)
४. गांगुली एवं गोस्वामी	'इंडियन टेराकोटा आर्ट' (न्यूयार्क, १९५९)
५. एम.के. धौलिकर	'मास्टरपीसेज आफ इंडियन टेराकोटाज' (बंबई, १९७७)

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



छाया : योग ज्वाय : ट्रिब्यून

दूर पहाड़ों पर, हो सकता है बर्फ पड़ रही हो । ठंड बढ़ रही थी । रात में आसपास का वातावरण धुंधला नजर आ रहा था । दूर से किसी चीज के हहराने की आवाज सुनाई पड़ रही थी । या तो कहीं नजदीक से झरने की आवाज फिसल कर आ रही थी या बर्फ की चट्टान के गलने की ।

सफर बावजूद

● सिद्धेश

प्रतियोगिता (प्रथम पुरस्कार)

पीछे मुड़ कर देखा । घाटियों की सर्पीली पगडंडियों पर चढ़ते हुए उसका दम फूल आया था । चढ़ाई शुरू होते ही एक तरफ पुख्ता दीवार की तरह टिका हुआ पहाड़, दूसरी तरफ हजारों फुट नीचे पसरा रंग-बिरंगे पेड़ों और फूल-पत्तियों से ढका वन्य-प्रदेश । तलहटियों के बीचोबीच निर्मल झरनों से बहता कल-कल ध्वनि करता स्फटिक की तरह पारदर्शी पानी का सैलाब । झरनों के पानी में मुंह लगाए या फिर चरवाहों की निगरानी में अठखेलियां करते बगल की चट्टानों पर सफेद-सफेद भेड़ों के झुंड दूर से सफेद-सफेद फूलों की तरह लग रहे थे ।

उसने फिर पीछे मुड़ कर देखा । सोमा अब भी एक चट्टान पर बैठी सुस्ता रही थी । उसने दूर से हांक लगाई, 'अरे, फिर बैठ गई ? अभी बहुत दूर तक चढ़ना बाकी है और तुम्हारी अभी से यह हालत है । शाम बीत जाएगी और पहुंच भी नहीं पाओगी ।'

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वतंत्रता संघर्ष में उर्दू पत्रकारिता का योगदान-(1)

प्रमिला शर्मा

स्वतंत्रता संग्राम में जो भागीदारी हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं की है, वही उर्दू पत्रकारिता की भी है। बीसवीं सदी के प्रारम्भ में उर्दू ही उत्तर भारत की आमफहम जबान थी। उस समय उत्तर भारत में देशभक्ति का प्रेरणास्रोत यही थी। यह आजादी की वह दीप शिखा थी, जिसने वतन पर निसार होने वाले सैकड़ों परवानों को आमंत्रण दिया। पंजाब और दिल्ली में उग्र देशभक्ति का माध्यम उर्दू समाचारपत्र थे। इनमें 'भारत माता', 'आफताब', 'आकाश', 'फ्रन्टियर', एडवोकेट, 'वन्दे भारतम्', 'हिन्दुस्तान' और 'पेशवा' अग्रगण्य थे।

1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में प्रकाशित होनेवाले राष्ट्रीय पत्रों में दिल्ली से प्रकाशित 'पयामे आजादी' का प्रमुख स्थान है। पर्याप्त साधन न होने और विपरीत परिस्थितियों में भी यह पत्र फरवरी 1857 में दिल्ली से देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में छपता था। सितम्बर 1857 में झाँसी से इसका मराठी संस्करण भी प्रकाशित किया जाने लगा। बाजीराव पेशवा के उत्तराधिकारी नाना साहब के मंत्री अजीमुल्ला खाँ ने 1854 में यूरोप में इसके प्रकाशन की योजना बनायी थी। अजीमुल्ला की भेंट लंदन टाइम्स के विशेष प्रतिनिधि सर विलियम हावर्ड रसैल से हुई थी, जिन्होंने अपनी पुस्तक 'द वार इन क्रिमिया' में लिखा कि भारत में राजनैतिक पत्रों के अभाव से अजीमुल्ला खाँ विशेष चिंतित थे।

जब सुन्दर लाल ने 'भारत में अंग्रेजी राज' लिखना शुरू किया, तो उन्होंने बी.डी. बसु को 'राइज ऑफ क्रिश्चियन पावर इन इंडिया' के हवाले से 'पयामे आजादी' के उद्धरण दिये। बाद में 1957 में क्रांति शती के सन्दर्भ में विशम्भर नाथ पांडे ने ब्रिटिश संग्रहालय में खोज करायी, परन्तु वहाँ भी इस अखबार के अंक नहीं मिल पाये। 'स्वतंत्रता संग्राम के पत्रकारों पर एक विशिष्ट लेख सत्यदेव विद्यालंकार का प्रकाशित हुआ, जिसमें उन्होंने लिखा, 'पयामे आजादी' के जो अंक ब्रिटिश संग्रहालय में 1936 तक सुरक्षित थे, उनसे पता चला है कि 'पयामे आजादी' के तीसरे अंक में भारत नरेशों की एकता के सम्बन्ध में अजीमुल्ला खाँ का एक बयान छपा था। इन्हीं अंकों से यह पता चलता है कि भारत के इस सबसे पहले सच्चे राष्ट्रीय पत्र का प्रकाशन फरवरी 1857 के करीब शुरू हुआ था और मिर्जा बेदारबखत (सम्भवतः सम्राट बहादुर के पौत्र) के दस्तखती परवाने से यह छपा करता था। यानी आजकल के अर्थों में बादशाह के हुक्म से मिर्जा बेदारबखत इस पत्र के सम्पादक, मुद्रक और प्रकाशक नियुक्त किये गये थे।' इस उद्धरण से पता चलता है कि 1936 तक ब्रिटिश संग्रहालय में इसके अंक सुरक्षित थे।

1858 में लंदन से 'द नैरेटिव ऑफ दी इंडियन रिवॉल्ट' नामक पुस्तक छपी, जिसमें 'पयामे आजादी' का एक उद्धरण दिया गया है, 'भाइयो, दिल्ली में फिरंगियों के साथ आजादी की जंग हो रही है। अल्लाह की दुआ से हमने उन्हें जो पहली शिकस्त दी है उससे वे इतने घबरा गये हैं, जितना किसी दूसरे वक्त वे दस शिकस्तों से नहीं घबराते। बेशुमार हिन्दुस्तानी बहादुर दिल्ली में आ-आ कर जमा हो रहे हैं। ऐसे मौके पर अगर आप वहाँ खाना खा रहे हैं तो हाथ यहाँ आ कर धोइए। हमारे कान आपकी ओर ही लगे हैं, जिस तरह रोजेदारों के कान मुअज्जिन की अजान की तरफ लगे रहते हैं। हम आपकी तोपों की आवाज सुनने को बेचैन हैं। हमारी आँखें आपकी दीदार की प्यासी सड़क पर लगी हुई हैं। आपका फर्ज है कि फौरन आइए।' रुहेलखंड की पलटनों से आजादी की जंग में शामिल होने की यह मार्मिक अपील प्रकाशित करना ब्रिटिश सत्ता को सीधी चुनौती देना ही कहा जायेगा।

'लंदन टाइम्स' के सम्पादक जॉन डिलेन के नाम सर विलियम रसेल ने जो पत्र लखनऊ से लिखा था, उसमें 'पयामे आजादी' में प्रकाशित सम्राट बहादुर शाह का एक एलान भी संलग्न था। स्वाधीनता संग्राम की रिपोर्ट देने के लिए लंदन टाइम्स ने सर विलियम रसेल को ही अपना विशेष संवाददाता बना कर भारत भेजा था। बादशाह का एलान 'पयामे आजादी' में छपा था, इस दृष्टि से यह पत्र आजादी का मुखपत्र भी कहा जा सकता है—'हिन्दुस्तान के हिन्दुओ और मुसलमानो, उठो, भाइयो, उठो।

'पयामे आजादी' की ताकत हिन्दू-मुस्लिम एकता की ताकत थी, जिससे अंग्रेजी सत्ता तिलमिला गयी। सर हैनरी कॉटन ने अपनी पुस्तक 'इंडियन एण्ड होम मेमायर्स' में लिखा है कि अंग्रेजों ने जब वापस दिल्ली पर कब्जा पाया, तो खोज-खोज कर उन सभी लोगों को फाँसी पर लटका दिया गया जिनके घरों से 'पयामे आजादी' का एक अंक भी मिला। सबसे दर्दनाक कहानी है 'पयामे आजादी' के सम्पादक बहादुरबख्त की। सर विलियम हॉवर्ड ने अपनी डायरी के दूसरे भाग में लिखा है, 'दिल्ली पर कब्जा करने के बाद 'पयामे आजादी' के सम्पादक मिर्जा बेदारबखत के बदन पर सूअर की चर्बी मल कर उन्हें फाँसी दे दी गयी। जनमानस की स्मृति में अजीमुल्ला खाँ के 'पयामे आजादी' के अनेक गीत हमेशा के लिए अमर हो गये हैं। लोकश्रुति के अनुसार यह गीत 'पयामे आजादी' के प्रथम अंक में छपा था।

आया फिरंगी दूर से ऐसा मन्तर मारा,
लूटा दोनों हाथों से प्यारा वतन हमारा।
आज शहीदों ने तुमको अहले वतन ललकारा,
तोड़ो गुलामी की जंजीरें, बरसाओ अंगारा।।
हिन्दू मुसलमाँ, सिख हमारा भाई-भाई प्यारा,
ये है आजादी का झंडा, इसे सलाम हमारा।।

स्पष्ट है कि जनमानस की दृष्टि में उर्दू और हिन्दी, हिन्दू और मुसलमान दोनों में कोई पार्थक्य नहीं था। जब बंगाल का विभाजन किया गया, उस समय भी यही नारा लगाया गया था - 'भाई भाई एक ठाई, भेद नाई भेद नाई।' आजादी की यह लड़ाई बहुत शीघ्र ही निर्णायक दौर में पहुँच जाती, यदि अंग्रेजों की भेद नीति की चाल हम विफल कर पाते। 1857 में घर-घर गाये जानेवाले राष्ट्रगीत में तो सारे भेद भुला कर 'हिन्दुस्तान' को सभी देशवासियों का 'पाक वतन' कहा गया था।

प्रसिद्ध क्रांतिकारी सूफी अम्बा प्रसाद और सरदार भगत सिंह के चाचा सरदार अजीत सिंह ने 'पेशवा' का सम्पादन किया। 'पेशवा' में प्रकाशित नज्में लोगों की जबान पर अमिट हो जाती थीं। प्रसिद्ध क्रांतिकारी नजम 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में हैं' सबसे पहले 1910 के 'पेशवा' में ही प्रकाशित हुई थी। 'पेशवा' के जिस अंक में यह नज्म प्रकाशित हुई, पुलिस ने उसकी सैकड़ों प्रतियाँ हॉकरों के हाथों से छीन लीं। पर जब्त होने के बावजूद यह नज्म भारत के असंख्य नवयुवकों के कंठ से निकल कर आकाश तक छा गयी। पुलिस के भय से उसका प्रकाशन रुकता नहीं था और वितरण इतनी तेजी के साथ किया जाता था कि पुलिस के पकड़ने से पहले ही उसके गीत गली-कूचों में सुनाई देने लगते थे। आखिर में इन दोनों ही सम्पादकों को अपना देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा और यह पत्र बंद हो गया। लाला दीनानाथ ने भी इस पत्र के सम्पादन में महत्वपूर्ण योगदान किया था।

1907 में जब 1857 की लड़ाई की अर्धशताब्दी मनायी गयी तो 9-11-1907 को शान्ति नारायण ने इलाहाबाद से उर्दू साप्ताहिक 'स्वराज्य' का प्रकाशन प्रारम्भ किया। 24 अक्तूबर 1910 को उसका अन्तिम अंक प्रकाशित हुआ। इस दौरान सरकार ने तीन बार तो प्रेस जब्त कर नीलाम किया और राजद्रोहात्मक लेख और कविताएँ प्रकाशित करने के कारण उसके आठ सम्पादक गिरफ्तार हुए और उन्हें कारागार मिला। वे इस प्रकार हैं :
1. संस्थापक सम्पादक शांति नारायण, 5 वर्ष सजा, 2. होती लाल वर्मा, 10 वर्ष सजा, 3. बाबूराम हरी, 21 वर्ष सजा, 4. मुंशीराम सेवक, लाहौर षडयंत्र के वारंट पर गिरफ्तार, 5. श्रीरामचरण, 30 वर्ष सजा, 6. नन्द गोपाल चोपड़ा, 30 वर्ष सजा, 7. लद्धाराम कपूर, 30 वर्ष सजा और 8. अमर चंद बम्बवाल, फरार घोषित।

इस तरह सबको मिलाकर कुल 125 वर्ष का कारावास दंड दिया गया। सात सम्पादकों को काले पानी भेजा गया। प्रत्येक अंक में सम्पादक के लिए विज्ञापन दिया जाता था, जिसमें सम्पादक का वेतन था—'जौ की दो रोटी और ठण्डे पानी का एक प्याला, साथ में जेल की लम्बी सजा।' इस पर भी सम्पादक पद के लिए अनेक आवेदक सदैव बने रहते थे। रौलेट कमेटी की रिपोर्ट में स्वीका[र] किया गया कि बिना विशेष कानून बनाये इसका प्रकाशन बंद करन[ा] असंभव हो गया है। 'स्वराज्य' के ग्राहकों को पुलिस धमकिया[ँ] देती, पर जैसे निर्भीक सम्पादक थे, वैसे ही निडर पाठक भी। काले पानी की सजा हो या फाँसी, उन्हें किसी का भी खौफ नहीं था। इस पत्र के ऊपर के सफे पर भारत माता की तसवीर होती थी और दोनों तरफ शेर थे, शेरों के हाथों में ताज था और वह ताज वे भारत माता के सिर पर रख रहे थे।

उर्दू पत्रकारिता का क्रान्तिकारी तेज गदर पार्टी के मुखपत्र 'गदर' में उजागर हुआ। भारत से बाहर रह कर क्रान्तिकारियों ने आजादी की मशाल को निन्तर जलाये रखा। सैन फ्रांसिस्को की एक बड़ी आम सभा में 1 नवम्बर 1913 को जहाँ एक ओर 45 हजार रुपये जमा कर इण्डिया लीग की स्थापना की थी, वहीं दूसरी ओर यह संकल्प लिया गया कि 1857 की स्मृति में 'गदर' नाम से समाचारपत्र प्रकाशित किया जाये। लाला हरदयाल की देख-रेख में उनके युगान्तर आश्रम से यह उर्दू साप्ताहिक निकलना शुरू हुआ, जो बाद में हिन्दी, मराठी और गुरमुखी में भी छपने लगा। करतार सिंह सराहवा, रामचन्द्र पेशावरी, महमूद अली, इनायत खाँ, जगत राम, पृथ्वी सिंह आदि इसमें सहयोगी थे।

लार्ड हार्डिंग बम कांड में जिन्हें फाँसी की सजा दी गयी, उन शहीदों में मास्टर अमीर चन्द का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। मास्टर अमीर चन्द दिल्ली से 'आकाश' नामक उर्दू साप्ताहिक निकालते थे।

'आकाश' का प्रत्येक अंक राजद्रोहात्मक घोषित कर सरकार ने जब्त कर लिया। उसके संपादकों में रामचन्द्र भारद्वाज भी थे, जिन्हें लम्बे कारावास की सजा दी गयी। अन्त में प्रेस ऐक्ट का शिकार हो कर 'आकाश' बंद हो गया। हार्डिंग बम केस के प्रमुख क्रान्तिकारी अमीर चन्द पहले मिशन स्कूल में अध्यापक नियुक्त हुए, पर अंग्रेजी शासन और संस्कृति के कटु विद्रोही ने शीघ्र ही इस पद से त्याग पत्र दे दिया और चरखेवालान में संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य पद को स्वीकार किया। देश की आजादी के इन दीवानों की दृष्टि में भारत में जन्मी और पली उर्दू भाषा भी उतनी ही अपनी थी जितनी संस्कृत। यही कारण है कि इस संस्कृत प्रेमी अध्यापक ने जब दिल्ली से अपना देशभक्तिपूर्ण साप्ताहिक पत्र 'आकाश' प्रकाशित किया तो उसकी भाषा उर्दू थी। मास्टर अमीर चन्द का निवास स्थान दरीबाँ कला में 'प्रेम धाम' के नाम से विख्यात था जिसमें हर जाति और धर्म के क्रान्तिकारी ठहरते थे। 4 मई 1913 से दिसम्बर 1913 के बीच 'लिबर्टी' के नाम से चार क्रान्तिकारी परचे छपे और गुप्त रूप से बाँटे गये। मई के परचे में छपा यह शेर तो बच्चे-बच्चे की जबान पर छा गया —

गाजियों में बू रहेगी जब तलक ईमान की।
तख्त लंदन तक चलेगी तेग हिन्दुस्तान की।।

(उत्तरार्ध कल

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



वेलकम कालोनी क्षेत्र में हुई हिंसा से प्रभावित तीन हजार लोगों ने निकटवर्ती कालोनी नवीन शाहदरा में लोगों के घरों एवं उपासना स्थलों में आश्रय लिया हुआ है। स्थानीय लोगों ने चालीस हजार रुपये खर्च करके इन आश्रितों के लिए भोजन, दूध व कपड़ों का भी इन्तजाम किया है। एक धर्मशाला की छत पर भोजन के लिए एकत्रित कुछ दंगा प्रभावित लोग। छाया : के.पी. रावत

दंगों से दिल्ली के उद्योग प्रभावित

नगर संवाददाता

नयी दिल्ली, 13 दिसम्बर। देशव्यापी दंगों के कारण दिल्ली के द्योग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। कई ोद्योगिक बस्ती में कई इकाइयां बन्द पड़ी हैं फिर उनमें अधूरा काम हो रहा है।

नारायणा, वजीरपुर और मायापुरी के द्यमियों के संगठनों ने बताया कि दिल्ली था निकटवर्ती इलाकों में कर्फ्यू लागू होने था सांप्रदायिक दंगे चलते रहने के कारण नेक मजदूर और टैक्नीशियन फैक्टियों में ुंच नहीं पा रहे हैं। इसके अतिरिक्त बाहर आने वाला माल भी ट्रकों की आवाजाही तबंधित होने के कारण पर्याप्त नहीं पहुंच ा है। बहुत-सा माल ट्रेनों के जरिये ाता-जाता था, मगर ट्रेनें आजकल लकुल खाली चल रही हैं।

सबसे बड़ी समस्या तैयार माल को ल्ली से बाहर भेजने और बेचने की है। हर के बाजार, खासतौर से पश्चिमी उत्तर देश के बाजार बुरी तरह दंगों की चपेट में । इसलिए एक तो समस्या तैयार माल को र भेजने की है। दूसरे माल को बाहर ने की भी है।

नोएडा : औद्योगिक क्षेत्र में खास पहचान नहीं बना पाया

एक संवाददाता

नोएडा, 13 दिसम्बर

नोएडा प्रशासन यह दावा करता है कि यहां 4000 से अधिक उद्योग कार्यरत हैं जबकि हाल ही में नोएडा प्रशासन और क्षेत्रीय विकास अधिकारी द्वारा किए गये सर्वेक्षण के अनुसार यहां केवल 1679 इकाइयां ही चालू हैं।

सूत्रों के अनुसार नोएडा फेस-I के सभी सेक्टर, फेस-II और फेस-III की 4775 उद्योगों में से 1679 उद्योग ही चालू अवस्था में हैं। 893 उद्योगों के सर्वेक्षण के अनुसार इन सभी 893 उद्योगों में 697 करोड़ रुपये की पूजी लगी है। इनका कुल उत्पादन 1403 करोड़ रुपये बताया गया है और इनमे 27989 कर्मचारी कार्यरत हैं।

नोएडा की स्थापना सन 1976 मे उ.प्र. औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 के अन्तर्गत हुई थी। यह सोच कर कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इसकी अपनी एक अलग औद्योगिक पहचान बने। इसलिए इसे अत्यधिक स्थानीय लोगों का प्रभुत्व है वो मनमानी दर से भाड़ा वसूल करते हैं।

उत्साही उद्यमी यहां विशेष महत्व रखते हैं, नए छोटे उद्यमी यहां के व्यवस्था के कारण अपनी पूंजी गंवाकर वापस जा चुके हैं। कुछ बड़े उद्यमी हैं जो दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से धन्धे बढ़ा रहे हैं। नोएडा के उद्यमियों ने अच्छे दिन भी देखे जब उन्हें बिक्री कर पर छूट मिलती थी अब यह छूट बंद है।

नोएडा के बिक्री कर अधिकारियों की यहां चांदी ही चांदी है, चाहे फार्म-31 का मामला हो या एसिसमेन्ट का या बिक्री कर छूट की हो। सभी में उद्यमियों को भुगतना पड़ता है। एस.आई.बी. विभाग विशेष रूप से हर छोटे-बड़े उद्योगों पर छापे मारने की कृपा कर रहा है और सौदेबाजी भी। ये उन उद्योगों पर मेहरबानी करते हैं जो प्रति वर्ष 40 करोड़ रुपये एक्साइज टेक्स देते हैं।

नोएडा के उद्योगों की सबसे बड़ी समस्या बिजली की है। बिजली का मूल्य अन्य राज्यों से अधिक वसूला जाता है। पावर कट के मामलों में जाती है गलत बिल भी भेजे जाते हैं तथा महीना भी वसूला जाता है।

नोएडा इन्टरप्रिन्योर्स एसोसिएशन के सूत्रों के अनुसार इस क्षेत्र के उद्योगों को सुचारू रूप से चलाने के लिए एन.सी.आर. तरीका ही एक मात्र उपाय है। एक जैसा टेक्स और दूसरे क्षेत्रों जैसी सुविधाएं। यहां बिजली के मूल्य भी ज्यादा हैं, पड़ोसी राज्यों में बिक्री कर नीति भी यहां से अच्छी है।

स्थानीय प्रशासन ने एक उद्यमी सहायक समिति बनायी है, जहां आज तक एक भी विवाद नहीं सुलझा।

KNITTED FABRIC

WE NEED AGENTS, BROKERS OR MANUFACTURERS TO PROCURE BLENDED FLEECE (KNITTED) FOR EXPORT ON CASH PAYMENT.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Coins of Ancient India

One 1/4 Anna, India

1862, 1936, 1936, 1939, 1940; 1941 (Copper)

Two Annas, India

1935 (Gillette)

1940 (Lead)

1944, 1944, 1943 (Bronze)

One Anna, India

1907, 1908, 1924, 1927, 1936, 1939, 1940 (Gillete

1942, 1943, 1944 (Bronze

Half Anna, India

1942, 1944, ~~1944~~ (Bronze)

1947 (Gillette)

One pice India

1944, 1954, 1950 (Copper)

1/2 pice, India

1916 (Copper)

1/12 Anna, India

1936, 1939 (Copper

One Rupee India

1906 (Silver

1947 (mixed Gillette and Silver)

Half rupee India

1943 (Silver)

8 Annas

1919 (Gillette)

1/2 rupee India

1950 ~~5~~ 1954 (Gillette)

20 paisa

1970, 1948, (Bronze)

50 paisa

1964 (Gillette)

2 paisa

1963 (Gillette)

1 paisa

1963, 1957 (Copper)

Goa (under Portugal)

1/2 rupia (1947) Gillette

One quarter anna (Bahawalpur)

1940 (Copper)

Quarter anna (Gwalior)

1928 and 1941

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Ancient coins of foreighn countries

England
One penny (1928, 1920, 1914, 1919)
Two shilling (1948)
One shilling (1947, 1957)
Six pence (1962, 1946)
Three pence (1937)
½ New penny (1979)
Canada (und England)
One ¢ (1935)
Ceylon (und. England)
50 ¢ (1943, 1943)
10 ¢ (1944 and 1944)
5 ¢ (1945, 1945, 1945, 1943, 1942
East Africa (present ~~to~~ Kenya) (und. England)
10 ¢ (1942)
1 Shilling (1948)
Malaya and British Borneo (und England)
10 ¢ (1961)
Mauritius
10 ¢ (1971)
New Zealand (und England)
Six pence (1948)
Seychelles (und. England
Halfrupee (1971)
USA
One ¢ (1940)
Philipines (und USA)
One Caro (1941
Mocambique (und Portugal)
50 centavos (Gillette) (1951)
50 centavos (Copper) (1957)
Angola (und Portugal)
50 Centavos (1955)
Afghanistan
25 poly (1932)
10 poly (1890)
5 poly (1911)
Columbia
2 pesos (1979)
Jordan
5 Fils (1949)

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Malta
1¢ (1972
South Arabia (present Yemen)
five fils (1964)
fifty fils (1964)
Qatar and Dubai
5 Dirham (1966)
Sierra Leone
5 ¢ (1964)
Saudi Arabia
50 Riyal (1924, 1926)
Some New Ones
4 Nephalese coins added

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Coins of Modern countries

Afghanistan 3
Algeria 1
Argentina 1
Australia 2
Austria 2
Bahrain 3
Bangladesh 3
Belgium 3
Bermuda 1
Brazil 2
Brunei 1
Burma 2
Canada 5
Central African Republic 1
China 1
Columbia 1
Coasta Rica 1
Cuba 1
Denmark 2
Djibouti 1
Egypt 1
Fizi 1
Finland 2
France 6
German Democratic Republic 1
Federal Republic of Germany 4
Greece 1
Hong Kong 1
India uncountable
Indonesia 2
Iran 4
Iraq 1
Italy 1
Jamaica 1
Japan 3
Jordan 2
Kenya 2
Korea 1
Kuwait 2
Leabnon 1
Luxemborg 1
Malawi 1
Malaysia 1
Malta 1

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Mexico 1
Mongolia 1
Mozambique 1
Nepal 1
Netherlands 2
New Zealand 1
Nicaragua 1
Nigeria 2
Norway 2
Oman 8
Pakistan
Panama 1
Peru 1
Philipines 4
Poland 1
Portugal 3
Qatar 1
Romania 1
Saudi Arabia 5
Singapore 5
Somaliland 1
South Africa
Spain 3
Srilanka 3
Sweden 1
Switzerland 1
Tanzania 3
Thailand 8
Turkey 5
Uganda 1
USSR 2
UAE 8
UK 10
~~USSR~~
USA 24
Urugway 1
Vatican City 1
Venezuela 1
Vietnam 1
North Yemen 1
South Yemen 2
Yogoslavia 4
Zambia 1

Order	Common name	No. species	Examples grouped in families
[illegible]	Perching birds; passerines	5 000	By far the biggest bird group, including sparrows, weavers; finches; tanagers, buntings; orioles; woodwarblers; honeycreepers; vireos; white-eyes; flowerpeckers; sunbirds; honeyeaters; starlings; shrikes; waxwings; wagtails, pipits; accentors; thrushes, flycatchers; wrens; mockingbirds; dippers; leaf-birds; bulbuls; nuthatches; treecreepers; tits, chickadees; bowerbirds; birds of paradise; wattlebirds; crows, jays, magpies; drongos; swallows, martins; larks; scrub-birds; lyrebirds; asitys; pittas; plantcutters; mahakins; cotingas; tapaculos; antbirds; ovenbirds; wood-creepers; broadbills.
[illegible]	Woodpeckers and relatives	400	Also barbets; toucans; honey-guides; jacamars; puffbirds.
[illegible]	Kingfishers and relatives	190	Also kookaburras; hornbills; todies; motmots; bee-eaters; rollers; hoopoes.
Co...ormes	Mousebirds	6	Also called colies.
...ogoniformes	Trogons	36	Single family. Tropical.
Apodiformes	Swifts and relatives	387	Also crested swifts; hummingbirds.
Caprimulg-iformes	Nightjars and relatives	94	Also frogmouths; potoos; owlet-frogmouths; oilbird.
Strigiformes	Owls	130	Barn owls; Strigid owls.
Cuculiformes	Cuckoos and relatives	147	Also roadrunners; turacos, plantain-eaters.
Psittaciformes	Parrot family	315	Also includes parakeets, macaws, cockatoos, lories, budgerigars.
Columbiformes	Pigeons and relatives	305	Also doves; sandgrouse.
Charadri-iformes	Gulls and relatives (mainly waders)	295	Also auks; skimmers; terns; skuas; sheathbills; seedsnipes; pratincoles, coursers; stonecurlews, thick-knees; crab plover; phalaropes; avocets, stilts; sandpipers; plovers; oystercatchers; painted snipes; jacanas.
Gruiformes	...anes and ...elatives	197	Also trumpeters; mesites; bustard or button quails; limpkin; rails, moorhens, coots; finfoots; seriamas; kagu; sun bittern; bustards.

Order	Common name	No. species	Examples grouped in families
Galliformes	Game birds	151	Fowl, partridge, pheasant; guineafowl, turkeys; grouse, capercaillie; curassows; megapodes, malee fowl; hoatzin.
Falconiformes	Birds of prey	271	Falcons: osprey; eagles, hawks; Old World vultures; American condors and vultures; secretary bird.
Anseriformes	Ducks and relatives	148	Also geese, swans; screamers.
Ciconiiformes	Storks and relatives	120	Also shoebill; hammerhead; ibises, spoonbills; flamingoes; herons; boat-billed heron.
Pelecani-formes	Pelicans and relatives	59	Also tropic birds; cormorants, shags; darters; gannets, boobies; frigatebirds.
Procellari-iformes	Albatrosses and relatives	91	Also shearwaters, fulmars; storm-petrels; diving petrels.
Sphenisc-iformes	Penguins	18	Examples of species: king; emperor; jackass; Adelie. All flightless.
Gaviformes	Divers	5	Also called loons.
Podiciped-iformes	Grebes	21	Examples of species: little grebe; great crested grebe.
Tinamiformes	Tinamous	50	Example of species: little tinamou of Brazil.
Casuariiformes	Emu and cassowaries	4	Single family of Australasian giant flightless birds.
Rheiformes	Rheas	2	Single family of giant flightless birds from South America.
Struthion-iformes	The ostrich	1	The world's largest living bird, living in Africa.
Apteryg-iformes	Kiwis	3	Small flightless New Zealand birds related to extinct giant moas.

A woodpecker finch uses a twig as a tool with which to extract an insect from bark.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri